
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य वाङ्मय

मरकर भी अमर हो गये जो



www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पं. श्रीराम शर्मा आचार्य वाङ्मय

मरकर भी अमर हो गये जो

सम्पादक
ब्रह्मवर्चस

प्रकाशक
अखण्ड ज्योति संस्थान, मथुरा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

प्रकाशक
अखण्ड ज्योति संस्थान
मथुरा - २८१००३

© सर्वाधिकार सुरक्षित

द्वितीय संस्करण १९९८

www.vicharkrantibooks.org

मूल्य १२५)

मुद्रक
जनजागरण प्रेस, मथुरा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

समर्पणम्

ॐ मातरं भगवतीं देवीं श्रीरामञ्च जगद्गुरुम् ।
पादपद्मे तयोः श्रित्वा प्रणमामि मुहुर्मुहुः ॥

मातृवत् लालयित्री च पितृवत् मार्गदर्शिका ।
नमोऽस्तु गुरुसत्तायै श्रद्धा-प्रज्ञा युता च या ॥

भगवत्याः जगन्मातुः, श्रीरामस्य जगद्गुरोः ।
पादुकायुगले वन्दे, श्रद्धाप्रज्ञास्वरूपयोः ॥

नमोऽस्तु गुरवे तस्मै गायत्रीरूपिणे सदा ।
यस्य वागमृतं हन्ति विषं संसारसंज्ञकम् ॥

www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

असम्भवं सम्भवकर्तुमुद्यतं प्रचण्डझञ्झावृतिरोधसक्षमम् ।
युगस्य निर्माणकृते समुद्यतं परं महाकालममुं नमाम्यहम् ॥

त्वदीयं वस्तु गोविन्द ! तुभ्यमेव समर्पये ।

विराट गायत्री परिवार एवं उसके संस्थापक-संरक्षक एक संक्षिप्त परिचय

इतिहास में कभी-कभी ऐसा होता है कि अवतारी सत्ता एक साथ बहुआयामी रूपों में प्रकट होती है एवं करोड़ों ही नहीं, पूरी वसुधा के उद्धार-चेतनात्मक धरातल पर सबके मनों का नये सिरे से निर्माण करने आती है । परमपूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य को एक ऐसी ही सत्ता के रूप में देखा जा सकता है जो युगों-युगों में गुरु एवं अवतारी सत्ता दोनों ही रूपों में हम सबके बीच प्रकट हुई, अस्सी वर्ष का जीवन जीकर एक विराट् ज्योति प्रज्ज्वलित कर उस सूक्ष्म ऋषि चेतना के साथ एकाकार हो गयी जो आज युग परिवर्तन को सन्निकट लाने को प्रतिबद्ध है । परमवंदनीया माताजी शक्ति का रूप थीं जो कभी महाकाली, कभी माँ जानकी, कभी मां शारदा एवं कभी माँ भगवती के रूप में शिव की कल्याणकारी सत्ता का साथ देने आती रही है । उनने भी सूक्ष्म में विलीन हो स्वयं को अपने आराध्य के साथ एकाकार कर ज्योतिपुरुष का एक अंग स्वयं को बना लिया । आज दोनों सशरीर हमारे बीच नहीं है किन्तु, नूतन सृष्टि कैसे ढाली गयी, कैसे मानव गढ़ने का साँचा बनाया गया, इसे शान्तिकुंज, ब्रह्मवर्चस, गायत्री तपोभूमि, अखण्ड ज्योति संस्थान एवं युगतीर्थ आँवलखेड़ा जैसी स्थापनाओं तथा संकल्पित सृजन सेनानी गणों के, वीरभद्रों की करोड़ों से अधिक की संख्या के रूप में देखा जा सकता है ।

परमपूज्य गुरुदेव का वास्तविक मूल्यांकन तो कुछ वर्षों बाद इतिहासविद, मिथक लिखने वाले करेंगे किन्तु, यदि उनको आज भी साक्षात कोई देखना या उनसे साक्षात्कार करना चाहता हो तो उन्हें उनके द्वारा अपने हाथ से लिखे गये उस विराट परिमाण में साहित्य के रूप में युग संजीवनी के रूप में देख सकता है जो वे अपने वजन से अधिक भार के बराबर लिख गये । इस साहित्य में संवेदना का स्पर्श इस बारीकी से हुआ है कि लगता है लेखनी को उसी की स्याही में डुबा कर लिखा गया हो । हर शब्द ऐसा जो हृदय को छूता मन को, विचारों को बदलता चला जाता है । लाखों करोड़ों के मनों के अंतःस्थल को छू कर उसने उनका कायाकल्प कर दिया । रूसो के प्रजातंत्र की, कार्ल मार्क्स के साम्यवाद की क्रांति भी इसके समक्ष बौनी पड़ जाती है । उनके मात्र इस युग वाले स्वरूप को लिखने तक में लगता है कि एक विश्वकोश तैयार हो सकता है, फिर उस बहुआयामी रूप को जिसमें वे संगठनकर्ता, साधक, करोड़ों के अभिभावक, गायत्री महाविद्या के उद्धारक, संस्कार परम्परा का पुनर्जीवन करने वाले, ममत्व लुटाने वाले एक पिता, नारी जाति के प्रति अनन्य करुणा बिखेरकर उनके ही उद्धार के लिए धरातल पर चलने वाला नारी जागरण अभियान चलाते देखे जाते हैं, अपनी वाणी के उद्बोधन से एक विराट गायत्री परिवार एकाकी अपने बलबूते खड़े रहते दिखाई देते हैं तो समझ में नहीं आता, क्या-क्या लिखा जाय, कैसे छन्दबद्ध, लिपिबद्ध किया जाय, उस महापुरुष के जीवनचरित को ।

आश्विन कृष्ण त्रयोदशी विक्रमी संवत् १९६७ (२० सितम्बर १९११) को स्थूल शरीर से आँवलखेड़ा ग्राम जनपद आगरा जो जलेसर मार्ग पर आगरा से पंद्रह मील की दूरी पर स्थित है, में जन्मे श्रीराम शर्मा जी का बाल्यकाल-कैशोर्य काल ग्रामीण परिसर में ही बीता । वे जन्मे तो थे एक जमींदार घराने में, जहाँ उनके पिता-श्री पं. रूपकिशोर जी शर्मा आसपास के दूर-दराज के राजघरानों के राजपुरोहित, उद्भट विद्वान, भागवत कथाकार थे किन्तु, उनका अंतःकरण मानव मात्र की पीड़ा से सतत विचलित रहता था । साधना के प्रति उनका झुकाव बचपन में ही दिखाई देने लगा । जब वे अपने सहपाठियों को, छोटे बच्चों को अमराइयों में बिठाकर स्कूली शिक्षा के साथ-साथ सुसंस्कारिता अपनाने वाली आत्मविद्या का शिक्षण दिया करते थे । छटपटाहट के कारण हिमालय की ओर भाग निकलने व पकड़े जाने पर उनने संबंधियों को बताया कि हिमालय ही उनका घर है एवं वहीं वे जा रहे थे । किसे मालूम था कि हिमालय की ऋषि चेतनाओं का समुच्चय बनकर आयी यह सत्ता वस्तुतः अगले दिनों अपना घर वहीं बनाएगी । जाति-पाँति का कोई भेद नहीं । जातिगत मूढ़ता भरी मान्यता से ग्रसित तत्कालीन भारत के ग्रामीण परिसर में एक अछूत वृद्ध महिला की जिसे कुष्ठ रोग हो गया था, उसी के टोले में जाकर सेवाकर उनने घरवालों का विरोध तो मोल ले लिया पर अपना व्रत नहीं छोड़ा ।

उस महिला ने स्वस्थ होने पर उन्हें ढेरों आशीर्वाद दिये। एक अछूत कहलाने वाली जाति का व्यक्ति जो उनके आलीशान घर में घोड़ों की मालिश करने आता था, एक बार कह उठा कि मेरे घर कथा कौन कराने आएगा, मेरा ऐसा सौभाग्य कहाँ। नवनीत जैसे हृदय वाले पूज्यवर उसके घर जा पहुँचे एवं कथा पूरे विधान से कर पूजा की, उसको स्वच्छता का पाठ सिखाया, जबकि सारा गाँव उनके विरोध में बोल रहा था।

किशोरावस्था में ही समाज सुधार की रचनात्मक प्रवृत्तियाँ उनने चलाना आरम्भ कर दी थीं। औपचारिक शिक्षा स्वल्प ही पायी थी किन्तु, उन्हें इसके बाद आवश्यकता भी नहीं थी क्योंकि जो जन्मजात प्रतिभा सम्पन्न हो वह औपचारिक पाठ्यक्रम तक सीमित कैसे रह सकता है। हाट-बाजारों में जाकर स्वास्थ्य-शिक्षा प्रधान परिपत्र बाँटना, पशुधन को कैसे सुरक्षित रखें तथा स्वावलम्बी कैसे बनें, इसके छोटे-छोटे पैम्फलेट्स लिखने, हाथ की प्रेस से छपवाने के लिए उन्हें किसी शिक्षा की आवश्यकता नहीं थी। वे चाहते थे, जनमानस आत्मावलम्बी बने, राष्ट्र के प्रति स्वाभिमान उसका जागे, इसलिए गाँव में जन्मे इस लाल ने नारी शक्ति व बेरोजगार युवाओं के लिए गाँव में ही एक बुनताघर स्थापित किया व उसके द्वारा हाथ से कैसे कपड़ा बुना जाय, अपने पैरों पर कैसे खड़ा हुआ जाय, यह सिखाया।

पंद्रह वर्ष की आयु में वसंत पंचमी की वेला में सन् १९२६ में उनके घर की पूजा स्थली में, जो उनकी नियमित उपासना का तब से आगार थी, जबसे महामना पं० मदन मोहन मालवीय जी ने उन्हें काशी में गायत्री मंत्र की दीक्षा दी थी, उनकी गुरुसत्ता का आगमन हुआ अदृश्य छायाधारी सूक्ष्म रूप में। उनने प्रज्ज्वलित दीपक की लौ में से स्वयं को प्रकट कर उन्हें उनके द्वारा विगत कई जन्मों में संपन्न क्रिया कलापों का दिग्दर्शन कराया तथा उन्हें बताया कि वे दुर्गम हिमालय से आये हैं एवं उनसे अनेकानेक ऐसे क्रियाकलाप कराना चाहते हैं, जो अवतारी स्तर की ऋषि सत्ताएँ उनसे अपेक्षा रखती हैं। चार बार कुछ दिन से लेकर एक साल तक की अवधि तक हिमालय आकर रहने, कठोर तप करने का भी उनने संदेश दिया एवं उन्हें तीन संदेश दिए- १. गायत्री महाशक्ति के चौबीस-चौबीस लक्ष के चौबीस महा- पुरश्चरण जिन्हें आहार के कठोर तप के साथ पूरा करना था। २. अखण्ड घृतदीप की स्थापना एवं जन-जन तक इसके प्रकाश को फैलाने के लिए समय आने पर ज्ञानयज्ञ अभियान चलाना, जो बाद में अखण्ड ज्योति पत्रिका के १९३८ में प्रथम प्रकाशन से लेकर विचार-क्रांति अभियान के विश्वव्यापी होने के रूप में प्रकटा तथा ३. चौबीस महापुरश्चरणों के दौरान युगधर्म का निर्वाह करते हुए राष्ट्र के निमित्त भी स्वयं को खपाना, हिमालय यात्रा भी करना तथा उनके संपर्क से आगे का मार्गदर्शन लेना।

यह कहा जा सकता है कि युग निर्माण मिशन, गायत्री परिवार, प्रज्ञा अभियान, पूज्य गुरुदेव जो सभी एक दूसरे के पर्याय हैं, की जीवन यात्रा का यह एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसने भावी रीति-नीति का निर्धारण कर दिया। पूज्य गुरुदेव अपनी पुस्तक 'हमारी वसीयत और विरासत' में लिखते हैं कि "प्रथम मिलन के दिन समर्पण सम्पन्न हुआ। दो बातें गुरु सत्ता द्वारा विशेष रूप से कही गई, संसारी लोग क्या करते हैं और क्या कहते हैं, उसकी ओर से मुँह मोड़कर निर्धारित लक्ष्य की ओर एकाकी साहस के बलबूते चलते रहना एवं दूसरा यह कि अपने को अधिक पवित्र और प्रखर बनाने की तपश्चर्या में जुट जाना- जौ की रोटी व छाछ पर निर्वाह कर आत्मानुशासन सीखना। इसी से वह सामर्थ्य विकसित होगी जो विशुद्धतः परमार्थ प्रयोजनों में नियोजित होगी। वसंत पर्व का यह दिन गुरु अनुशासन का अवधारण ही हमारे लिए नया जन्म बन गया। सद्गुरु की प्राप्ति हमारे जीवन का अनन्य एवं परम सौभाग्य रहा।"

राष्ट्र के परावलम्बी होने की पीड़ा भी उन्हें उतनी ही सताती थी जितनी कि गुरुसत्ता के आदेशानुसार तपकर सिद्धियों के उपार्जन की ललक उनके मन में थी। उनके इस असमंजस को गुरुसत्ता ने तोड़कर परावाणी से उनका मार्गदर्शन किया कि युगधर्म की महत्ता व समय की पुकार देख सुन कर तुम्हें अन्य आवश्यक कार्यों को छोड़कर अग्निकाण्ड में पानी लेकर दौड़ पड़ने की तरह आवश्यक कार्य भी करने पड़ सकते हैं। इसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाते संघर्ष करने का भी संकेत था। १९२७ से १९३३ तक का समय उनका एक सक्रिय स्वयं सेवक-स्वतंत्रता सेनानी के रूप में बीता, जिसमें घरवालों के विरोध के बावजूद पैदल लम्बा रास्ता पारकर वे आगरा के उस शिविर में पहुँचे, जहाँ शिक्षण दिया जा रहा था, अनेकानेक मित्रों-सखाओं-मार्गदर्शकों के साथ भूमिगत हो कार्य करते रहे तथा समय आने पर जेल

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

भी गये । छह-छह माह की उन्हें कई बार जेल हुई । जेल में भी वे जेल के निरक्षर साथियों को शिक्षण देकर व स्वयं अंग्रेजी सीखकर लौटे । आसन- सोल जेल में वे श्री जवाहर लाल नेहरू की माता श्रीमती स्वरूपरानी नेहरू, श्री रफी अहमद किदवई, महामना मालवीय जी, देवदास गाँधी जैसी हस्तियों के साथ रहे व वहाँ से एक मूलमंत्र सीखा जो मालवीय जी ने दिया था कि जन-जन की साझेदारी बढ़ाने के लिए हर व्यक्ति के अंशदान से-मुट्ठी फण्ड से रचनात्मक प्रवृत्तियाँ चलाना । यही मंत्र आगे चलकर एक घण्टा समयदान बीस पैसा नित्य या एक दिन की आय एक माह में तथा एक मुट्ठी अन्न रोज डालने के माध्यम से धर्मघट की स्थापना का स्वरूप लेकर लाखों-करोड़ों की भागीदारी वाला गायत्री परिवार बनाता चला गया, जिसका आधार था प्रत्येक व्यक्ति की यज्ञीय भावना का उसमें समावेश ।

स्वतंत्रता की लड़ाई के दौरान कुछ उग्र दौर भी आये, जिनमें शहीद भगतसिंह को फाँसी दिये जाने पर फैले जन आक्रोश के समय श्री अरविन्द के किशोर काल की क्रांतिकारी स्थिति की तरह उनने भी वे कार्य किये, जिनसे आक्रान्ता शासकों के प्रति असहयोग जाहिर होता था । नमक आन्दोलन के दौरान वे आततायी शासकों के समक्ष झुके नहीं, वे मारते रहे परन्तु, समाधि स्थिति को प्राप्त राष्ट्र देवता के पुजारी को बेहोश होना स्वीकृत था पर आन्दोलन से पीठ दिखाकर भागना नहीं । बाद में फिरंगी सिपाहियों के जाने पर लोग उठाकर घर लेकर आये । जरारा आन्दोलन के दौरान उनने झण्डा छोड़ा नहीं जबकि, फिरंगी उन्हें पीटते रहे, झण्डा छीनने का प्रयास करते रहे। उनने मुँह से झण्डा पकड़ लिया, गिर पड़े, बेहोश हो गये पर झण्डे का टुकड़ा चिकित्सकों द्वारा दाँतों में भींचे गये टुकड़े के रूप में जब निकाला गया तब सब उनकी सहनशक्ति देखकर आश्चर्य चकित रह गये । उन्हें तब से ही आजादी के मतवाले उन्मत्त श्रीराम मत्त नाम मिला। अभी भी आगरा में उनके साथ रहे या उनसे कुछ सीख लिए अगणित व्यक्ति उन्हें मत्त जी नाम से ही जानते हैं। लगानबन्दी के आँकड़े एकत्र करने के लिए उनने पूरे आगरा जिले का दौरा किया व उनके द्वारा प्रस्तुत वे आँकड़े तत्कालीन संयुक्त प्रान्त के मुख्य मंत्री श्री गोविन्द वल्लभ पंत द्वारा गाँधी जी के समक्ष पेश किये गये । बापू ने अपनी प्रशस्ति के साथ वे प्रामाणिक आँकड़े ब्रिटिश पार्लियामेण्ट भेजे, इसी आधार पर पूरे संयुक्त प्रान्त के लगान माफी के आदेश प्रसारित हुए । कभी जिनने अपनी इस लड़ाई के बदले कुछ न चाहा उन्हें सरकार ने अपना प्रतिनिधि भेजकर पचास वर्ष बाद ताम्रपत्र देकर शांतिकुज में सम्मानित किया । उसी सम्मान व स्वाभिमान के साथ सारी सुविधाएँ व पेंशन उनने प्रधान मंत्री राहत फण्ड, हरिजन फण्ड के नाम समर्पित कर दीं । वैरागी जीवन का, सच्चे राष्ट्र संत होने का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है ?

१९३५ के बाद उनके जीवन का नया दौर शुरु हुआ, जब गुरुसत्ता की प्रेरणा से वे श्री अरविन्द से मिलने पाण्डिचेरी, गुरुदेव ऋषिवर रवीन्द्रनाथ टैगोर से मिलने शांति निकेतन तथा बापू से मिलने साबरमती आश्रम, अहमदाबाद गये । सांस्कृतिक आध्यात्मिक मोर्चे पर राष्ट्र को कैसे परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त किया जाय, यह निर्देश लेकर अपना अनुष्ठान यथावत् चलाते हुए उनने पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रवेश किया जब आगरा में 'सैनिक' समाचार पत्र के कार्यवाहक संपादक के रूप में श्री कृष्णदत्त पालीवाल जी ने उन्हें अपना सहायक बनाया। बाबू गुलाब राय व पालीवाल जी से सीख लेते हुए सतत स्वाध्यायरत रह कर उनने अखण्ड ज्योति नामक पत्रिका का पहला अंक १९३८ की वसंत पंचमी पर प्रकाशित किया । प्रयास पहला था, जानकारियाँ कम थीं अत: पुन: सारी तैयारी के साथ विधिवत् १९४० की जनवरी से उनने परिजनों के नाम पाती के साथ अपने हाथ से बने कागज पर पैर से चलने वाली मशीन से छापकर 'अखण्ड ज्योति' पत्रिका का शुभारंभ किया जो पहले तो दो सौ पचास पत्रिका के रूप में निकली, किन्तु क्रमश: उनके अध्यवसाय घर-घर पहुँचाने, मित्रों तक पहुँचाने वाले उनके हृदय स्पर्शी पत्रों द्वारा बढ़ती-बढ़ती नवयुग के मत्स्यावतार की तरह आज दस लाख से भी अधिक संख्या में विभिन्न भाषाओं में छपती व एक करोड़ से अधिक व्यक्तियों द्वारा पढ़ी जाती है ।

पत्रिका के साथ-साथ 'मैं क्या हूँ' जैसी पुस्तकों का लेखन आरम्भ हुआ, स्थान बदला, आगरा से मथुरा आ गये, दो-तीन घर बदलकर घीयामण्डी में जहाँ आज अखण्ड ज्योति संस्थान है, आ बसे । पुस्तकों का प्रकाशन व कठोर तपश्चर्या, ममत्व विस्तार तथा पत्रों द्वारा जन-जन के अंत: स्थल को छूने की प्रक्रिया चालू रही । साथ देने आ गयीं

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

परमवंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा, जिन्हें भविष्य में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका अपने आराध्य इष्ट गुरु के लिए निभानी थी। उनके मर्मस्पर्शी पत्रों ने, भाव भरे आतिथ्य, हर किसी को जो दुखी था-पीड़ित था, दिये गये ममत्व भरे परामर्श ने गायत्री परिवार का आधार खड़ा किया, इसमें कोई सन्देह नहीं। यदि विचारक्रांति में साहित्य ने मनोभूमि बनायी तो भावात्मक क्रांति में ऋषियुगल के असीम स्नेह ने ब्राह्मणत्व भरे जीवन ने शेष बची भूमिका निभायी।

'अखण्ड ज्योति' पत्रिका लोगों के मनों को प्रभावित करती रही, इसमें प्रकाशित 'गायत्री चर्चा' स्तम्भ से लोगों को गायत्री व यज्ञमय जीवन जीने का संदेश मिलता रहा, साथ ही एक आना से लेकर छह आना सीरज की अनेकानेक लोकोपयोगी पुस्तकें छपती चली गयीं। इस बीच हिमालय के बुलावे भी आये, अनुष्ठान भी चलता रहा जो पूरे विधि विधान के साथ १९५३ में गायत्री तपोभूमि की स्थापना, १०८ कुण्डी यज्ञ व उनके द्वारा दी गयी प्रथम दीक्षा के साथ समाप्त हुआ। गायत्री तपोभूमि की स्थापना के निमित्त धन की आवश्यकता पड़ी तो परम वंदनीया माताजी ने जिनने हर कदम पर अपने आराध्य का साथ निभाया, अपने सारे जेवर बेच दिये, पूज्यवर ने जमींदारी के बाण्ड बेच दिये एवं जमीन लेकर अस्थायी स्थापना कर दी गयी। धीरे-धीरे उदारचेताओं के माध्यम से गायत्री तपोभूमि एक साधना पीठ बन गयी। २४०० तीर्थों के जल व रज की स्थापना वहाँ की गयी, २४०० करोड़ गायत्री मंत्र लेखन वहाँ स्थापित हुआ, अखण्ड अग्नि हिमालय के एक अति पवित्र स्थान से लाकर स्थापित की गयी जो अभी तक वहाँ यज्ञशाला में जल रही है। १९४१ से १९७१ तक का समय परमपूज्य गुरुदेव का गायत्री तपोभूमि, अखण्ड ज्योति संस्थान में सक्रिय रहने का समय है। १९५६ में नरमेध यज्ञ, १९५८ में सहस्रकुण्डी यज्ञ करके लाखों गायत्री साधकों को एकत्र कर उनने गायत्री परिवार का बीजारोपण कर दिया। कार्त्तिक पूर्णिमा १९५८ में आयोजित इस कार्यक्रम में दस लाख व्यक्तियों ने भाग लिया, इन्हीं के माध्यम से देश भर में प्रगतिशील गायत्री परिवार की दस हजार से अधिक शाखाएँ स्थापित हो गयीं। संगठन का अधिकाधिक कार्यभार पूज्यवर परमवंदनीया माताजी पर सौंपते चले गये एवम् १९५९ में पत्रिका का संपादन उन्हें देकर पौने दो वर्ष के लिए हिमालय चले गये, जहाँ उन्हें गुरुसत्ता से मार्गदर्शन लेना था, तपोवन नंदनवन में ऋषियों से साक्षात्कार करना था तथा गंगोत्री में रहकर आर्ष ग्रन्थों का भाष्य करना था। तब तक वे गायत्री महाविद्या पर विश्वकोश स्तर की अपनी रचना गायत्री महाविज्ञान के तीन खण्ड लिख चुके थे, जिसके अब तक प्रायः पैंतीस संस्करण छप चुके हैं। हिमालय से लौटते ही उनमें महत्वपूर्ण निधि के रूप में वेद, उपनिषद्, स्मृति, आरण्यक, ब्राह्मण, योगवाशिष्ठ, मंत्र महाविज्ञान, तंत्र महाविज्ञान जैसे ग्रन्थों को प्रकाशित कर देव संस्कृति की मूल थाती को पुनर्जीवन दिया। परमवंदनीया माताजी ने उन्हीं वेदों को पूज्यवर की इच्छानुसार १९९१-९२ में विज्ञान सम्मत आधार देकर पुनर्मुद्रित कराया एवं वे आज घर-घर में स्थापित हैं।

युग निर्माण योजना व 'युग निर्माण सत्संकल्प' के रूप में मिशन का घोषणा पत्र १९६३ में प्रकाशित हुआ। तपोभूमि एक विश्वविद्यालय का रूप लेती चली गयी तथा अखण्ड ज्योति संस्थान एक तपःपूत की निवास स्थली बन गया, जहाँ रहकर उनने अपनी शेष तप साधना पूरी की थी, जहाँ से गायत्री परिवार का बीज डाला गया था। तपोभूमि में विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जाता रहा, पूज्यवर स्वयं छोटे-बड़े जन सम्मेलनों, यज्ञायोजनों के द्वारा विचार क्रांति की पृष्ठभूमि बनाते रहे, पूरे देश में १९७०-७१ में पाँच १००८ कुण्डी यज्ञ आयोजित हुए। स्थायी रूप से विदाई लेते हुए एक विराट सम्मेलन (जून १९७१) में परिजनों में विशेष कार्य भार सौंप, परम वंदनीया माताजी को शांतिकुंज, हरिद्वार में अखण्ड दीप के समक्ष तप हेतु छोड़ कर स्वयं हिमालय चले गये। एक वर्ष बाद वे गुरुसत्ता का संदेश लेकर लौटे एवं अपनी आगामी बीस वर्ष की क्रिया पद्धति बतायी। ऋषि परम्परा का बीजारोपण, प्राण प्रत्यावर्त्तन संजीवनी व कल्प साधना सत्रों का मार्गदर्शन जैसे कार्य उनने शांतिकुंज में सम्पन्न किये।

सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थापना अपनी हिमालय की इस यात्रा से लौटने के बाद ब्रह्मवर्चस शोध संस्थान की थी, जहाँ विज्ञान और अध्यात्म के समन्वयात्मक प्रतिपादनों पर शोध कर एक नये धर्म वैज्ञानिक धर्म के मूलभूत आधार रखे जाने थे। इस सम्बन्ध में पूज्यवर ने विराट् परिमाण में साहित्य लिखा, अदृश्य जगत के अनुसंधान से लेकर मानव की प्रसुप्त क्षमता के जागरण तक साधना से सिद्धि एवं दर्शन-विज्ञान के तर्क, तथ्य प्रमाण के आधार पर प्रस्तुतीकरण तक। इसके

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

लिए एक विराट ग्रन्थागार बना व एक सुसज्जित प्रयोगशाला। वनौषधि उद्यान भी लगाया गया तथा जड़ी बूटी, यज्ञविज्ञान तथा मंत्र शक्ति पर प्रयोग हेतु साधकों पर परीक्षण प्रचुर परिमाण में किये गये। निष्कर्षों ने प्रमाणित किया कि ध्यान साधना मंत्र चिकित्सा व यज्ञोपैथी एक विज्ञान सम्मत विधा है। गायत्री नगर क्रमशः एक तीर्थ, संजीवनी विद्या के प्रशिक्षण का एकेडमी का रूप लेता चला गया एवं जहाँ ९-९ दिन के साधना प्रधान, एक-एक माह के कार्यकर्त्ता निर्माण हेतु युग शिल्पी सत्र सम्पन्न होने लगे।

कार्यक्षेत्र में विस्तार हुआ। स्थान-स्थान पर शक्तिपीठें विनिर्मित हुईं, जिनके निर्धारित क्रियाकलाप थे- सुसंस्कारिता, आस्तिकता संवर्धन एवं जन जागृति के केन्द्र बनना। ऐसे केन्द्र जो १९८० में बनना आरंभ हुए थे, प्रज्ञा संस्थान - शक्तिपीठ-प्रज्ञामण्डल-स्वाध्याय मंडल के रूप में पूरे देश व विश्व में फैलते चले गये। ७६ देशों में गायत्री परिवार की शाखाएँ फैल गयीं, ४६०० से अधिक भारत में निज के भवन वाले संस्थान विनिर्मित हो गये, वातावरण गायत्रीमय होता चला गया।

परमपूज्य गुरुदेव ने सूक्ष्मीकरण में प्रवेश कर १९८५ में ही पाँच वर्ष के अंदर अपने सारे क्रिया कलापों को समेटने की घोषणा कर दी। इस बीच कठोर तप साधना कर मिलना-जुलना कम कर दिया तथा क्रमशः क्रिया कलाप परमवंदनीया माताजी को सौंप दिये। राष्ट्रीय एकता सम्मेलनों, विराट दीप यज्ञों के रूप में नूतन विधा को जन-जन को सौंप कर राष्ट्र देवता की कुण्डलिनी जगाने हेतु उनने अपने स्थूल शरीर छोड़ने व सूक्ष्म में समाने की, विराट से विराटतम होने की घोषणा कर गायत्री जयन्ती २ जून १९९० को महाप्रयाण किया। सारी शक्ति वे परमवंदनीया माताजी को दे गये व अपने व माताजी के बाद संघशक्ति की प्रतीक लाल मशाल को ही इष्ट आराध्य मानने का आदेश देकर ब्रह्मबीज से विकसित ब्रह्मकमल की सुवास को देव संस्कृति दिग्विजय अभियान के रूप में आरंभ करने का माताजी को निर्देश दे गये।

एक विराट श्रद्धांजलि समारोह व शपथ समारोह जो हरिद्वार में सम्पन्न हुए, में लाखों व्यक्तियों ने अपना समय समाज के नव निर्माण, मनुष्य में देवत्व के उदय व धरती पर स्वर्ग लाने का गुरु सत्ता का नारा साकार करने के निमित्त देने की घोषणा की। परमवंदनीया माताजी द्वारा भारतीय-संस्कृति को विश्वव्यापी बनाने, गायत्री रूपी संजीवनी घर-घर पहुँचाने के लिए पूज्यवर द्वारा आरम्भ किये गये युगसंधि महापुरश्चरण की प्रथम व द्वितीय पूर्णाहुति तक विराट अश्वमेघ महायज्ञों की घोषणा की गयी। वातावरण के परिशोधन, सूक्ष्मजगत के नव निर्माण एवं सांस्कृतिक व वैचारिक क्रांति के निमित्त सौर ऊर्जा के दोहन द्वारा विशिष्ट प्रयोगों के माध्यम से विशिष्ट मंत्राहुतियों द्वारा सम्पन्न किये गये इन अश्वमेधों ने सारी विश्ववसुधा को गायत्री व यज्ञमय, वासंती उल्लास से भर दिया। स्वयं परमवंदनीया माताजी ने अपनी पूर्व घोषणानुसार चार वर्ष तक परिजनों का मार्गदर्शन कर सोलह यज्ञों का संचालन स्थूल शरीर से किया व फिर भाद्रपद पूर्णिमा १९ सितम्बर १९९४ महालय श्राद्धारंभ वाली पुण्य वेला में अपने आराध्य के साथ एकाकार हो गयीं। उनके महाप्रयाण के बाद दोनों ही सत्ताओं के सूक्ष्म में एकाकार होने के बाद मिशन की गतिविधियाँ कई गुना बढ़ती चली गयीं एवं जयपुर के प्रथम अश्वमेध यज्ञ (नवम्बर ९२) से छब्बीसवें अश्वमेध यज्ञ शिकागो (यू. एस. ए. जुलाई ९५) तक प्रज्ञावतार का प्रत्यक्ष रूप सबको दीखने लगा है।

गुरुसत्ता के आदेशानुसार सतयुग के आगमन तक १०८ महायज्ञ देवसंस्कृति को विश्वव्यापी बनाने हेतु संपन्न होने हैं। युग संधि महापुरश्चरण की अंतिम पूर्णाहुति उसी के बाद होगी। प्रथम पूर्णाहुति नवम्बर १९९५ में कार्त्तिक पूर्णिमा के अवसर पर युगपुरुष पूज्यवर की जन्मभूमि आँवलखेड़ा में मनायी जा रही है। उनके द्वारा लिखे गये समग्र साहित्य के वाङ्मय का जो सत्तर खण्डों में फैला है, विमोचन भी यहीं सम्पन्न हो रहा है। विनम्रता एवं ब्राह्मणत्व की कसौटी पर खरे उतरने वाले वरिष्ठ प्रज्ञापुत्र ही उनके उत्तराधिकारी कहे जायेंगे, यह गुरुसत्ता का उद्घोष था एवं इस क्षेत्र में बढ़ चढ़कर आदर्शवादी प्रतिस्पर्धा करने वाले अनेकानेक परिजन अब उनके स्वप्नों को साकार करने आगे आ रहे हैं। 'हम बदलेंगे-युग बदलेंगे' का उद्घोष दिग-दिगन्त तक फैल रहा है एवं इक्कीसवीं सदी-उज्ज्वल भविष्य, सतयुग की वापसी का स्वप्न साकार होता चला जा रहा है, यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

विषय सूची

विषय	पृष्ठ
अध्याय-१	
विश्व की महान महिलायें	
स्वतन्त्रता के लिये प्राण अर्पण करने वाली रानी दुर्गावती	१.१
उदारता और महानता की प्रतिमूर्ति महारानी अहिल्याबाई	१.१४
आदर्श वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई	१.२८
तत्त्व ज्ञान की संदेश वाहिका श्रीमती ऐनीबेसेण्ट	१.४१
भारतीय संस्कृति की अनन्य आराधिका भगिनी निवेदिता	१.५४
पीड़ित मानवता की सेविका फ्लोरेन्स नाइटिंगेल	१.६७
मातृभूमि की सच्ची सेविका श्रीमती सरोजिनी नायडू	१.८०
सेवा व्रत का आदर्श उपस्थित करने वाली अवन्तिकाबाई गोखले	१.९३
भारतीय नारियों के लिये आदर्श राष्ट्रमाता कस्तूरबा	१.१०६
समाज-सुधार और जन-सेवा में संलग्न जानकी मैया	१.११९
जातीयता और संस्कृति की संरक्षक गोल्डामेयर ।	१.१३२

विषय	पृष्ठ
अध्याय-२	
शौर्य और पराक्रम के कीर्तिस्तम्भ	
वीर शिरोमणि : दुर्गादास	२.१
स्वतन्त्रता के महान उपासक : महाराणा प्रताप	२.१४
शौर्य और धर्म-निष्ठा के प्रतीक : वीर शिवाजी	२.२७
पंजाब-केसरी : लाला लाजपत राय	२.४१
भारत माता के निर्भय सेनानी : सरदार पटेल	२.५४
स्वातंत्र्य यज्ञ के हुतात्मा : वीर सावरकर	२.६७
स्वाधीनता के पुजारी : सुभाषचन्द्र बोस	२.८०
अमर बलिदान के उन्नायक वीर-शिरोमणि चन्द्रशेखर आजाद	२.९३
मातृभूमि के सम्मान की रक्षा करने वाला क्रान्तिवीर भगतसिंह	२.१०७
स्वदेश और समाज के उद्धारकर्त्ता डॉ. सनयातसेन	२.११९
जन-क्रान्ति के अध्वर्यु : महापुरुष लेनिन	२.१३२
धार्मिक और सामाजिक क्रान्ति के अध्वर्यु कमाल पाशा	२.१४५
अध्याय-३	
जनजागृति के प्रणेता-ज्ञानक्रान्ति के अग्रदूत	
वन्दे मातरम् मन्त्र के प्रणेता : बंकिम चन्द्र	३.१
स्वाधीनता के मंत्रदाता : लोकमान्य तिलक	३.१३
धर्मप्राण-महामना : पं. मदनमोहन मालवीय जी	३.२६
साहित्यिक-ऋषि : रवीन्द्रनाथ टैगोर	३.४०
राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन	३.५३

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

भूमिका

जीवन जीते तो सभी हैं किन्तु अन्यान्यों की तरह पेट प्रजनन मात्र का जीवन न जीकर औरों के लिए कुछ करके संस्कृति-समाज-राष्ट्र की बलिवेदी पर चढ़ जाने वाले कुछ ऐसे होते हैं जो अपने आपको इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में अंकित करा अमर हो जाते हैं । ऐसे महामानव ऐसी देवियाँ जो मर कर भी अमर हो गयीं तथा जिनकी कीर्त्ति सदा के लिए अक्षुण्ण हो गयीं-प्रेरणा देते हैं हमें सत्पथ पर चलने की । ऐसी ही विश्व की कुछ महान महिलाओं शौर्य और पराक्रम के कीर्त्ति स्तम्भों तथा जन-जागृति के प्रणेता ज्ञान क्रांति के अग्रदूतों के जीवन वृत्तों के माध्यम से इस वाङ्मय में सबके समक्ष उदाहरण प्रस्तुत किये गये हैं । इनके जीवन से यदि हम प्रेरणा प्रकाश ले सकें तो हम भी स्वयं को सामान्य से असामान्य बना सकते हैं । आज सत्संग का श्रेष्ठतम रूप स्वाध्याय है- उन महामानवों के जीवनक्रम का जो हमारे बीच नहीं हैं, किन्तु जिनका जीवन जीती-जागती प्रयोगशाला-एक जगमगाता कीर्त्ति स्तम्भ रहा है । हमारी अनेकानेक समस्याओं का समाधान भी इन सब जीवन-वृत्तों को पढ़कर मिलता है, साथ ही आत्मिक-लौकिक प्रगति से लेकर राष्ट्र देवता की साधना-आराधना का मार्गदर्शन भी मिलता है ।

रानी दुर्गावती, अहिल्याबाई एवं लक्ष्मी बाई हमारे भारतवर्ष के इतिहास में ऐसा स्थान प्राप्त कर चुकी हैं कि हर स्त्री को अपने स्त्री होने पर गौरव हो सकता है । आज जब नारी को पद दलित-अपमानित-लज्जाहीन किया जा रहा है, इन तीनों के पराक्रम से-एकाकी पुरुषार्थ-बढ़े-चढ़े मनोबल से किये गये कर्त्तत्व हर नारी को प्रेरणा देते हैं अन्यान्य से लड़ने के लिए । मात्र विगत डेढ़ सौ वर्षों का इतिहास है इनका किन्तु ये सभी अमर हो प्रेरणा का स्रोत बन गयीं । अवन्तिका बाई गोखले, सरोजिनी नायडू , कस्तूरबा गाँधी, जानकी मैया भी इसी तरह हमारे लिए सदा प्रेरणा का स्रोत रहेंगी । समाज सेवा-राष्ट्र की सेवा-परतंत्रता से मुक्ति में भागीदारी में गृहस्थ जीवन किसी भी तरह बाधक नहीं, यह सभी इसका प्रमाण हैं । श्रीमती एनीबेसेण्ट एवं भगिनी निवेदिता (कुमारी नोबुल) मूलतः तन से विदेशी थीं किन्तु इनका अंतरंग भारतीयता के रंग में रंगा था । दोनों ने ही अपना पूरा जीवन तत्कालीन परतंत्र भारत में परिस्थितियों को अपने-अपने मंच से अध्यात्म के माध्यम से सुधारने में नियोजित कर दिया । जहाँ एनीबेसेण्ट "थियॉसॉफी" के रूप में सर्वधर्म समभाव के प्रतीक के आंदोलन के सर्वेसर्वा के रूप में उभरीं वहाँ स्वामी विवेकानन्द की शिष्या भगिनी निवेदिता ने अपनी गुरु-आराध्य सत्ता के कार्यों को-नारी जागरण के कार्यों को संपादित करने में अभावग्रस्त परिस्थितियों में रहकर स्वयं को खपा दिया । फ्लोरेंस नाइटिंगेल नर्सिंग आंदोलन की प्रणेता हैं । सेवा एक ऐसा धर्म है जो नारी अपनी संवेदना का स्पर्श देकर भली-भाँति सम्पन्न कर सकती है, इसका उदाहरण बनीं नाइटिंगेल ।

वीर शिरोमणि दुर्गादास, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी शिखरों पर पहुँचे हुए ऐसे पराक्रमी व्यक्तित्व हैं जिनके पुरुषार्थ की आधारशिला पर ही, भारतवर्ष जो आज का है, का इतिहास लिखा गया । ये न होते तो क्लीव-कायर-परस्पर लड़कर ही मिट जाने वाली हमारी बहुसंख्य जनशक्ति अपनी धर्म-संस्कृति को भूलकर लुप्त हो गयी होती । स्वयं तकलीफें सहकर जीवन भर रण-संग्राम में अनीति से लड़ते हुए जुझारू जीवन जीने वाले ये महामानव स्वतंत्र भारत के नींव के पत्थर हैं । लाला लाजपतराय का त्याग-बलिदान, सरदार पटेल, वीर सावरकर, आजाद, भगतसिंह, सुभाषचन्द्र बोस की राष्ट्रवेदी पर सर्वस्व न्यौछावर करने वाली शौर्य भरी शहादत हमारे इस सदी के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है । ये न होते तो शायद भारत एक अखण्ड राष्ट्र के रूप में आज की स्थिति में हमें न मिला होता । कम उम्र में ही फाँसी चढ़ जाने वाले भगतसिंह, आजाद हिन्द फौज बनाकर फिरंगियों से सतत संघर्ष करने वाले सुभाष एवं क्रांतिकारियों का जत्था बनाकर ब्रिटिश शासकों को भारत से जाने के लिए विवश करने वाले योद्धा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

चन्द्रशेखर आजाद को कौन भूल सकता है । डॉ० सनयात सेन, लेनिन व कमाल पाशा ने क्रमशः चीन, रशिया व तुर्की में वह कार्य कर दिखाया जो क्रांतिकारियों ने हमारे देश में किया । पूज्यवर की लेखनी से इनकी जीवनी नयी तूलिका के रंग में रंग गयी है ।

ज्ञान क्रांति द्वारा जन-जागरण करने वाले महापुरुषों में बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय (जिनने वंदेमातरम् गीत लिखा), जेल में गीता रहस्य लिखने वाले व सतत संघर्षरत लोकमान्य तिलक, बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय के संस्थापक पंडित मदनमोहन मालवीय का नाम शीर्षस्थान पर लिया जाता है । गुरुदेव कवीन्द्र रवीन्द्रनाथ टैगौर ने न केवल साहित्य द्वारा क्रांतिधर्मी वातावरण बनाया , अपनी विद्वता से नोबुल पुरस्कार भी पाया । राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन ने राष्ट्रीय नेशनल कांग्रेस में ऋषि की तरह सेवा करते हुए हिन्दी भाषा को जो स्थान प्राप्त कराया, वह चिरस्मरणीय रहेगा ।

विविधता से भरा यह जीवन वृत्तों का संग्रह निश्चित ही हर किसी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा ।

-ब्रह्मवर्चस

www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

|| विश्व की महान महिलायें ||

स्वतन्त्रता के लिये प्राण अर्पण करने वाली रानी दुर्गावती

मानव-सभ्यता के आदिकाल से नारी का कार्यक्षेत्र घर माना गया है । वही सन्तान की जननी, पालन करने वाली और संरक्षिका है । पुरुष को वह जैसा बनाती है, वह प्रायः वैसा ही बन जाता है । इस दृष्टि से यदि उसे मानव जाति की निर्माणकर्त्री कहा जाये तो कोई अतिशयोक्ति नहीं है। वैसे प्रकृति ने नारी को सभी प्रकार की शक्तियाँ और प्रतिभायें पूर्ण मात्रा में प्रदान की हैं, पर गृह-संचालन की जिम्मेदारी के कारण उसमें मातृत्व और पत्नीत्व के गुणों का ही विकास सर्वाधिक होता है । उसको अपने इस क्षेत्र से बाहर निकलने की आवश्यकता बहुत कम पड़ती है, पर जब आवश्यकता पड़ती है तो वह अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे महानता के कार्य कर दिखाती है कि दुनिया चकित रह जाती है ।

यद्यपि वर्तमान समय में परिस्थितियों में परिवर्तन हो जाने के कारण स्त्रियाँ विभिन्न प्रकार के पेशों में प्रवेश कर रही हैं और शिक्षा, व्यवसाय, कला, उद्योग-धन्धे, सार्वजनिक सेवा आदि अनेक क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में स्त्रियाँ दिखाई पड़ने लगी हैं । यद्यपि हमारे देश में अभी यह प्रकृति आरम्भिक दशा में है, पर विदेशों में तो करोड़ों स्त्रियाँ सब प्रकार के जीवन-निर्वाह के पेशों में भाग ले रही हैं । यदि, यह कहा जाये कि इंग्लैण्ड, अमेरिका, रूस आदि देशों की तीन-चौथाई से अधिक स्त्रियाँ गृह-व्यवस्था के अतिरिक्त अर्थोपार्जन और समाज-संचालन के अन्य कार्यों में भी संलग्न हैं, तो इसे गलत नहीं कहा जा सकता ।

पर एक क्षेत्र ऐसा अवश्य है, जिसमें हमारे देश तथा अन्य देशों की स्त्रियों ने बहुत कम भाग लिया है और वह है सेना और युद्ध का विभाग । हमारे देश में बहुत समय से नारी को कभी इस कार्य के लिये उपयुक्त माना ही नहीं गया और इसलिये उसका एक नाम 'अबला' भी रख दिया गया है । लोगों का ख्याल है कि अधिकांशतः घर के भीतर रहने से स्त्रियों में संघर्षता का वह गुण उत्पन्न ही नहीं हो पाता जो सैनिक कार्यों के लिये आवश्यक है ।

पर फिर भी कोई यह नहीं कह सकता कि स्त्रियाँ इस क्षेत्र में कुछ कर ही नहीं सकतीं । यद्यपि सामाजिक परिस्थितियाँ तथा नियमों के कारण ऐसे अवसर बहुत कम आते हैं, लेकिन समय-समय पर ऐसी वीरांगनायें उत्पन्न हुई हैं जिन्होंने वीरता तथा युद्ध सम्बन्धी कार्यों में पुरुषों से अधिक साहस और योग्यता दिखलाई है । ऐसी एक वीर नारी तो हमारे समय में ही हो चुकी है । वह थी झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई जिसने सन् १८५७ के स्वाधीनता-संग्राम के इतिहास में अपना नाम अमर कर दिया है । यद्यपि गदर में सैकड़ों ही सरदारों, राजाओं और नबाबों ने भाग लिया था, पर इतिहासकार मुक्त कण्ठ से स्वीकार करते हैं कि उनमें से किसी ने भी झाँसी की रानी से बढ़कर शौर्यता, वीरता का परिचय नहीं दिया । झाँसी के किले में और कालपी तथा ग्वालियर के युद्ध-क्षेत्रों में उसने जैसा पराक्रम और युद्ध सम्बन्धी कुशलता दिखाई उस पर मुग्ध होकर अंग्रेजी सेनाओं के मुख्य सेनापति और युद्ध-कला में निष्णान्त सर ह्यूरोज ने अपने संस्मरणों में स्पष्ट लिखा है कि "भारतीय विद्रोही दल में अगर कोई मर्द था तो वह झाँसी की रानी ही थी ।" इसीलिये हम आज भी गाँव-गाँव और गली-गली में बच्चों के मुख से भी सुनते रहते हैं—"खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी ।"

अकबर का मान-मर्दन करने वाली दुर्गावती

एक ऐसी ही वीरांगना आज से लगभग चार सौ वर्ष पहले भी हुई थी । उस समय भी सम्राट अकबर के दबदबे से बड़े-बड़े राजा उसके आधीन हो गये थे । जबपुर, जोधपुर, बीकानेर आदि के प्रसिद्ध क्षत्रिय नरेशों ने अकबर की आधीनता ही स्वीकार नहीं कर ली थी वरन् वे उसके सहायक भी बन गये थे । एकमात्र चित्तौड़ के महाराणा प्रतापसिंह को छोड़कर किसी राजा ने अकबर का सामना करने का साहस नहीं किया । पर उस समय भी नारी होते हुए भी रानी दुर्गावती ने दिल्ली-सम्राट की विशाल सेना

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

के सामने खड़े होने का साहस किया और उसे दो बार पराजित करके पीछे खदेड़ दिया ।

दुर्गावती कालिंजर के राजा कीर्तिराय की पुत्री थी । उनकी एकमात्र सन्तान यही थी और इसलिये उन्होंने उसे पुत्र के समान ही पाला था । उसने शस्त्र चलाने की शिक्षा बचपन से ही पाई थी और तेरह-चौदह वर्ष की आयु में ही वह सिंह, तेंदुआ आदि भयंकर वन जन्तुओं का शिकार करने लग गई थी ।

दलपतिशाह से विवाह

दुर्गावती के विवाह की घटना कम रोमांचकारी नहीं है । दलपतिशाह एक प्रसिद्ध, वीर और योग्य शासक था । उसके राज्य की व्यवस्था उत्तम थी और सुरक्षा की दृष्टि से भी उसकी सेना इतनी विशाल और समस्त साधनों से युक्त थी कि मुसलमान शासकों को उस पर आक्रमण करने का कभी साहस नहीं होता था । जब दलपतिशाह ने राजकुमारी दुर्गावती के रूप और वीरता की चर्चा सुनी तो उसने उसी को अपनी पत्नी बनाने का निश्चय किया । उसने पुरोहित और एक-दो सरदारों को कालिंजर भेजा कि वे राजा कीर्तिराय के सम्मुख इस प्रस्ताव को रखें । दुर्भाग्यवश कीर्तिराय कुछ पुराने ख्यालों के व्यक्ति थे और जात-पाँत की मर्यादा को ही सबसे बड़ी चीज मानते थे । वे महोबा के चन्देल राजाओं के वंशज थे, जिनके दरबार में आल्हा, ऊदल जैसे भारत प्रसिद्ध वीर रहते थे । यद्यपि उनका अन्त हुए पाँच सौ वर्ष बीत चुके थे, और इस बीच मुसलमानों ने हिन्दू धर्म और जाति की खूब दुर्गति की थी, पर कीर्तिराय उन लोगों में से थे, जो इन बातों से शिक्षा ग्रहण करने के बजाय पुरानी शान में ही डूबे हुए थे । उनको मालूम हुआ कि दलपति शाह उनकी अपेक्षा कुछ नीची श्रेणी का क्षत्रिय है, बस उन्होंने अन्य सब बातों की उपेक्षा करके इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए स्पष्ट कह दिया कि हम अपने से निम्न श्रेणी के क्षत्रिय को अपनी पुत्री नहीं दे सकते ।

जिस प्रकार दलपतिशाह, दुर्गावती के रूप, गुण की चर्चा सुनकर उसकी तरफ आकर्षित हुआ था, उसी प्रकार दुर्गावती भी उसकी प्रशंसा सुनकर अपने मन में उसे अपना पति बनाने का विचार करती रहती थी, पर उस समय यहाँ के क्षत्रियों की बुद्धि ऐसी विपरीत हो गई थी कि वे शादी विवाह के अवसर पर प्रायः लड़ाई-झगड़ा पैदा कर लेते थे । आल्हा-ऊदल की कथायें चाहे जितनी अतिशयोक्तिपूर्ण हों, पर इतना मानना पड़ेगा कि निम्नश्रेणी का होने के कारण अधिकांश राजा उनके साथ अपनी पुत्रियों का विवाह करने को राजी नहीं होते थे इसलिये उन्हें लड़कर ही अपनी पत्नियाँ प्राप्त करनी पड़ी थीं । इतना ही नहीं, इतिहास प्रसिद्ध महाराज पृथ्वीराज चौहान भी कन्नौज के राजा जयचन्द की पुत्री को स्वयंवर में से बलपूर्वक हरण कर लाये थे और इसी के प्रतिकारस्वरूप जयचन्द ने विदेशी आक्रमणकारी मुहम्मद गोरी को दिल्ली पर आक्रमण करने को प्रेरित किया था । पृथ्वीराज को पराजित कर लेने के उपरान्त पठान आक्रमणकारियों ने जिस प्रकार एक-एक करके भारत के समस्त राजाओं को पद-दलित किया और हिन्दू-धर्म के पवित्र स्थानों की जैसी दुर्दशा की वह भी इतिहास के पढ़ने वालों से छिपी नहीं है ।

सच पूछा जाये तो भारतवर्ष की पराधीनता का एक बड़ा कारण यहाँ के शासक वर्ग का यह झूठा अहंकार और जात-पाँत का भेदभाव ही था । इससे उनकी एकता नष्ट हो गई और वे छोटे-छोटे टुकड़ों में बँटकर तीन-तेरह हो गये । उनकी देखा-देखी उनकी प्रजा में भी ऊँच-नीच और छोटी-बड़ी जाति का विष फैल गया और समस्त देश एक संगठित शक्ति होने के बजाय छोटे-छोटे भागों में विभाजित लोगों की भीड़ की तरह हो गया । ऐसी दशा देखकर विदेशियों का आकर्षित होना स्वाभाविक ही था । वे धर्म, सामाजिक आचार-विचार, वेश, भाषा आदि सब दृष्टियों से एक समान थे और इस आधार पर पूर्णतः संगठित थे । जब उन्होंने देखा कि भारतवर्ष जैसा समृद्ध तथा सब प्रकार के साधनों से सम्पन्न देश ऐसे असंगठित और आपस में फूट रखने वाले लोगों के अधिकार में है तो उन्होंने उसे बलपूर्वक छीन लिया । यदि ऐसा न होता तो कोई कारण न था कि कुछ हजार आक्रमणकारी करोड़ों की आबादी वाले देश को कुछ वर्षों में पद-दलित करके यहाँ अपना शासन स्थापित कर सकते । बिहार के कई नगरों के लिये तो इतिहासकारों ने यहाँ तक लिखा है कि बख्तियार खिल्जी ने केवल अठारह सवारों को लेकर ही कब्जा कर लिया था ।

कीर्तिराय के अहंकारपूर्ण उत्तर को सुनकर दलपतिशाह को बुरा लगा और उसने एक शक्तिशाली सेना लेकर कालिंजर पर हमला कर दिया । कीर्तिराय भी वीर था, पर दलपति उसके मुकाबले में नई उम्र का जोशीला व्यक्ति था । उसने दो चार मुठभेड़ों के बाद ही जिनमें सैकड़ों वीर मारे गये कालिंजर पर अधिकार कर लिया । फिर भी उसने पराजित कीर्तिराय के प्रति किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया और उसकी कन्या दुर्गावती की उसी प्रकार याचना की मानो कोई बात ही न हुई हो । उसकी सज्जनता देखकर कीर्तिराय को अपनी करनी पर बड़ा पश्चाताप हुआ और उसने विधिपूर्वक दुर्गावती का विवाह उसके साथ कर दिया ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पुत्र का जन्म और पति का निधन

विवाह के पश्चात् दम्पति सुखपूर्वक अपनी राजधानी गढ़मण्डला में रहने लगे और एक साल बाद ही एक पुत्र का जन्म होने से उनकी प्रसन्नता का ठिकाना न रहा । पर होनहार को कौन जानता है ? दो साल बाद ही दलपतिशाह बीमार पड़े और कुछ ही समय में उनके जीवन का अन्त हो गया । दुर्गावती के शोक-संताप का ठिकाना न रहा । पति के न रहने पर उसने सती होकर उसी के साथ जाने का निश्चय कर लिया, पर दलपतिशाह के शुभचिन्तकों ने तीन वर्ष के राजकुमार के अनाथ हो जाने का भय दिखाकर उसे ऐसा कृत्य करने से सर्वथा रोक दिया । पुत्र के मुख को देखकर दुर्गावती को भी विवश होकर इसे स्वीकार करना पड़ा ।

पति के मरने पर दुर्गावती ने अपने पुत्र वीर नारायण को गद्दी पर बैठाया और स्वयं संरक्षिका के रूप में राज्य की व्यवस्था करने लगी । उसने यह कार्य ऐसे मनोयोग, योग्यता और परिश्रम से किया कि थोड़े ही समय में वहाँ की कायापलट हो गई । राजा के सुखी और सन्तुष्ट होने से राज्य का वैभव भी बढ़ने लगा और दुर्गावती का नाम चारों तरफ फैल गया । उसने राजकुमार की शिक्षा का भी बहुत अच्छा प्रबन्ध किया और स्वयं उसको हर तरह के हथियार चलाना और अपनी रक्षा करना सिखाने लगी । लोगों को आशा हो गई कि वीर नारायण अवश्य ही बड़ा होकर एक आदर्श नृपति बनेगा ।

स्त्रीत्व का अभिशाप

पर पर्दे के पीछे दुर्गावती के लिये एक नई विपत्ति सिर उठा रही थी । जैसे-जैसे उसके राज्य की समृद्धि बढ़ती जाती थी, चारों तरफ यश फैलता जाता था, वैसे ही वैसे उससे अनेक ईर्ष्या करने वाले भी पैदा होते जाते थे । अगर कोई पुरुष शासक ऐसी उन्नति करता तो सम्भवतः लोगों का ध्यान उसकी तरफ अधिक आकर्षित न होता, पर एक स्त्री का इतना आगे बढ़ना और अधिकांश पुरुष शासकों के लिये भी उदाहरण स्वरूप बन जाना उनको खटकने लगा । वास्तव में दलपतिशाह का देहान्त हो जाने पर आस-पास के शासकों ने तो उसके गौंडवाना राज्य को लावारिसी माल समझ लिया था कि यह अब हमारे ही अधिकार में आयेगा, पर जब दुर्गावती की शक्ति और सुप्रबन्ध बढ़ते जाने से उसकी स्थिति और भी मजबूत हो गई तो उनकी आँखें खुलीं, पहले तो मालवा के शासक बाज बहादुर ने गढ़मण्डला पर हमला किया, पर दुर्गावती ने उसे ऐसी करारी हार दी कि उसे अपना सब कुछ छोड़कर जान बचाकर भागना पड़ा । उसके बाद अन्य किसी छोटे शासक की यह हिम्मत न हुई कि गढ़मण्डला की तरफ आँख उठाकर भी देख सके ।

इस समय दिल्ली के तख्त पर अकबर विराजमान था, वह भी कम उम्र का ही था, पर परिस्थितियों ने उसे उसी उम्र में महत्त्वाकांक्षी और कूटनीतिज्ञ बना दिया था । उसने देखा कि अगर इस देश में जमकर सफलतापूर्वक शासन करना है तो यहाँ के प्रभावशाली व्यक्तियों से मिलकर ही चलना पड़ेगा । इसलिये उसने राजपूत राजाओं के साथ शादी-विवाह का प्रस्ताव किया और दो-एक स्थानों के शासकों से ऐसा सम्बन्ध स्थापित करके उनके पक्के हितैषी और मित्र भी बन गये, जो लोग इस तरह की चालों में न आये उनको ताकत के जोर से दबा दिया गया । उसने मालवा और बंगाल को अपने अधिकार में कर लिया था और अब गौंडवाना (मध्य प्रदेश) तथा दक्षिण की तरफ बढ़ने की कोशिश कर रहा था । रानी दुर्गावती ने भी उसके इरादों का अनुमान कर लिया था, पर इतने बड़े सम्राट का सामना करने की शक्ति गढ़मण्डला में थी नहीं । फिर भी रानी समय को निकालती हुई चुपचाप अपनी सैनिक शक्ति को बढ़ाती रही । उसने निश्चय कर लिया कि वह चाहे एक स्त्री ही है, तो भी अकबर के किसी अन्यायपूर्ण आदेश को नहीं मानेगी और न अपनी स्वाधीनता को सहज में नष्ट होने देगी ।

अकबर की दुरभिसन्धि

अकबर ने कड़ा (प्रयाग) के सूबेदार आसफखाँ को आदेश दे रखा था कि वह गौंडवाना राज्य का हाल-चाल लेता रहे और भीतर ही भीतर ऐसी तोड़-फोड़ करता रहे कि वह प्रदेश सहज में ही अपने अधिकार में आ जाये । आसफखाँ स्वयं ही गौंडवाना के वैभव को देखकर ललचा रहा था कि दिल्ली से सैनिक सहायता मिल जाये तो उसका एक ही बार में सफाया कर दिया जाये । उसने अपने गुप्तचर भेजकर रानी दुर्गावती के कुछ लालची और चरित्रहीन सरदारों को भी धन और पद का लोभ दिखाकर अपनी ओर फोड़ लिया ।

इतनी तैयारी की खबर पाकर अकबर युद्ध का बहाना ढूँढ़ने लगा । उसने सुन रखा था कि गढ़मण्डला का पुराना मन्त्री आधारसिंह बड़ा योग्य और स्वामिभक्त है और रानी की सफलता में उसका भी बड़ा हाथ है । बस उसने एक चाल सोची और दूत के हाथ एक पत्र दुर्गावती को भेजा कि वह मन्त्री आधारसिंह को दिल्ली भेज दे, जहाँ उससे कुछ शासन सम्बन्धी कार्य कराया जायेगा । अकबर का वास्तविक इरादा यह था कि अगर रानी आधारसिंह को भेजने से इन्कार करेगी तो इसी बहाने उस पर चढ़ाई कर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दी जायेगी और यदि वह दिल्ली आ गया तो उसे हर तरह का लालच दिखाकर अपनी तरफ मिला लिया जायेगा और उसी को आगे करके गौंडवाना पर आक्रमण किया जायेगा, जिससे वहाँ की प्रजा में भी फूट पड़ जाये ।

इस पत्र को पाकर रानी सोच-विचार में पड़ गई, वह अपने स्वामिभक्त मन्त्री को किसी प्रकार की विपत्ति में फँसने देना नहीं चाहती थी, पर वह यह समझती थी कि यदि वह बादशाह के आदेश को अमान्य कर देगी तो यही उसके लिये एक बहाना मिल जायेगा । अन्त में उसने यही निर्णय किया कि जब घटना एक दिन होनी ही है तो इसी समय क्यों न हो जाये । व्यर्थ में अपने सच्चे हितैषी मन्त्री के प्राण संकट में क्यों डाले जायें ? पर आधारसिंह ने स्वयं इस विचार से असहमति प्रकट की । उसने कहा कि अगर मेरे वहाँ जाने से यह बला टल जाये तो इससे अच्छा क्या होगा ? मैं कोई बच्चा या नमक हराम तो हूँ नहीं कि मुझे अकबर अपनी तरफ फोड़ ले । इसके बजाय दिल्ली जाकर मैं स्वयं उसकी योजना और चालों का पता लगाऊँगा और उनके निष्फल करने का भी प्रयत्न करूँगा । मैं आपके स्वाधीनता प्रेम का जिक्र उसके सामने अच्छी तरह कर दूँगा और समझा दूँगा कि गौंडवाना को जीतना उतना सहज नहीं है जितना उसने समझ रखा है । अगर वह किसी तरह मान जाये तो अच्छा ही है अन्यथा अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिये प्राण देना तो प्रत्येक स्वाभिमानी पुरुष का कर्त्तव्य ही है ।

रानी ने मन्त्री को रोकने की बहुत चेष्टा की, पर अन्त में उसका दृढ़ आग्रह देखकर वह चुप हो गई । दिल्ली पहुँचने पर आधारसिंह ने वही बात पाई जिसकी आशंका थी । अकबर ने पहले तो उसी को गौंडवाना का शासक अथवा अपना मन्त्री बनाने का लालच दिया, पर जब उस पर इसका कोई प्रभाव न पड़ा तो उसको जेलखाने में बन्द कर दिया । इसके बाद उसने आसफखाँ को शीघ्र ही गौंडवाना पर चढ़ाई की तैयारियाँ करने का आदेश दिया ।

यद्यपि इतिहास में अकबर को महान् कहा गया है और वास्तव में भारत में मुगल-साम्राज्य की जड़ को मजबूत करने वाला वही था । वह बड़ा दूरदर्शी और प्रतिभाशाली शासक था तथा बिना पढ़ा-लिखा होने पर भी उसने वह काम कर दिखाया जो सैकड़ों विद्वानों के लिये भी सम्भव नहीं । उसने एक तरफ अपना राज्य चारों तरफ खूब बढ़ाया और दूसरी तरफ, प्रजा की रक्षा और सुख-सुविधाओं में वृद्धि करके श्रेष्ठ शासक होने की ख्याति भी प्राप्ति की । वह पक्का साम्राज्यवादी था और उत्तर से दक्षिण तक तथा पूरब से पश्चिम तक सम्पूर्ण देश को अपने अधिकार में कर लेना चाहता था । इसमें उसे बहुत कुछ सफलता भी मिली ।

पर फिर भी रानी दुर्गावती पर चढ़ाई करने की उसकी कार्यवाही का समर्थन हम किसी भी प्रकार नहीं कर सकते । साम्राज्यवादियों के लिये अकारण ही दूसरे राजाओं पर चढ़ाई करना और उनका राज्य छीन लेना कोई नई बात नहीं है । सिकन्दर महान् और चंगेजखाँ जैसे शासकों ने ही दूर-दूर के देशों पर आक्रमण नहीं किया बल्कि हमारे भारतीय पुराणों में भी सैकड़ों चक्रवर्ती नरेशों का उल्लेख है जिन्होंने उस समय तक विदित सभी देशों पर अपनी प्रभुसत्ता स्थापित कर ली थी । इसका आशय यही निकलता है कि साम्राज्यवाद एक प्रकार का अभिशाप है, जो लाखों निर्दोष लोगों का संहार कर डालता है और लाखों का ही घर-बार नष्ट करके उन्हें पथ का भिखारी बना देता है ।

पर अकबर का गौंडवाना पर आक्रमण इस श्रेणी में भी नहीं आता । रानी दुर्गावती से कभी यह आशंका नहीं हो सकती थी कि वह अकबर की सल्तनत पर आक्रमण करेगी, या फिर शत्रुता ठानकर किसी प्रकार से हानि पहुँचाने का ही प्रयत्न करेगी । फिर स्त्री पर आक्रमण करना एक प्रकार से कायरता की बात समझी जाती है । दुर्गावती एक ऐसे प्रदेश में पड़ी हुई थी जो अर्द्धसभ्य मनुष्यों का निवास स्थान समझा जाता था, जो कि दिल्ली, आगरा जैसे सभ्यता के केन्द्रों से बहुत दूर था । उसका कैसा भी भला या बुरा प्रभाव मुगल साम्राज्य पर नहीं पड़ सकता था पर इनमें से किसी बात का विचार किये बिना उसने गौंडवाना को रौंद डालने का निश्चय कर लिया । सच है, धन और राज्य की लालसा मनुष्य को न्याय-अन्याय के प्रति अन्धा बना देती है । वह यह विचार कर ही नहीं सकता कि इसके लिये मुझे लोग भला कहेंगे या बुरा ? लोभ उसकी आँखों पर ऐसी पट्टी बाँध देता है कि उसे सिवाय अपनी लालसापूर्ति के और कोई बात दिखाई ही नहीं देती ।

परन्तु इस प्रकार का आचरण और आदर्श मनुष्य को कभी स्थायी रूप से लाभदायक नहीं हो सकता । उसका दूषित प्रभाव दूर-दूर तक पड़ता है और सब किये-धरे पर पानी फेर देता है । इस प्रकार के मामलों में प्रायः "जैसी करनी वैसी भरनी" की कहावत ही चरितार्थ होती दिखाई पड़ती है । राज्य के लोभ से ही अकबर के इकलौते बेटे जहाँगीर ने विद्रोह किया । जहाँगीर के बेटे खुर्रम ने और भी अधिक उत्पात मचाया और औरंगजेब ने तो राज्य पाने के लिये तीनों भाइयों का सिर काटकर बाप को भी सात वर्ष तक कैद रखा । कुछ विद्वानों ने लिखा है कि अकबर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

को किसी ने शाप दे दिया था कि तुम्हारे समस्त आगामी वंशज एक-दूसरे के शत्रु होंगे, पर हमारी मान्यता तो यही है कि, हम स्वयं जैसा आचरण करेंगे, वैसे ही संस्कार हमारी आगामी पीढ़ियों के भी बनेंगे । रानी दुर्गावती पर आक्रमण करने का कोई कारण न होते हुए भी केवल इस भावना से चढ़ दौड़ना कि हमारी शक्ति और साधनों का वह मुकाबला कर ही नहीं सकेगी तो उसे लूटा क्यों न जाये, उच्चता तथा श्रेष्ठता का प्रमाण नहीं माना जा सकता । यों तो डाकू-दल भी अपनी संगठित शक्ति और अस्त्र-शस्त्रों के बल पर लूटमार करते हैं और अपने को बड़ा बहादुर समझते हैं पर कभी किसी डाकू का अन्त अच्छा हुआ हो, यह आज तक नहीं सुना गया ।

आधारसिंह को कैद करना भी नीचता का ही कार्य माना जायेगा । एक दूसरे राज्य का व्यक्ति यदि आप पर भरोसा करके आपके यहाँ आता है तो उसके साथ किसी प्रकार का अनुचित व्यवहार करना श्रेष्ठ पुरुषों का कार्य नहीं । वह एक प्रकार से दुर्गावती के प्रतिनिधि अथवा दूत की हैसियत से दिल्ली आया था । दूत यदि कोई कठोर बात कह देता है, तो भी उसे अवध्य माना जाता है और उसे अपने यहाँ से राजी-खुशी घर जाने देना आर्य संस्कृति का एक नियम है । यवन-संस्कृति में अवश्य इसके विपरीत आचरण देखने में आता है । जैसा कि औरंगजेब ने शिवाजी को बहुत विश्वास देकर बुलाया, पर बाद में अपने यहाँ कैद कर लिया । इसी प्रकार का उदाहरण अकबर ने भी उपस्थित किया तो इसे उसके लिये कलंक स्वरूप ही कहा जायेगा । श्रेष्ठ व्यक्तियों को अपनी प्रतिज्ञा के विपरीत आचरण कभी नहीं करना चाहिये ।

गढ़मण्डला पर आक्रमण

अकबर का आदेश पाकर और यह जानकर कि अब आधारसिंह भी दिल्ली में कैद है, आसफखाँ ने चटपट चढ़ाई की तैयारी की और गौंडवाना राज्य में घुस गया, पर मुगल शासक फिर भी इस वीरांगना से सशंकित थे और उन्होंने एक साथ दो 'मोर्चों' पर आक्रमण करने की योजना बनाई । एक तरफ तो बादशाही फौज मार्ग में पड़ने वाले छोटे राजाओं तथा जागीरदारों आदि को दबाती हुई आगे बढ़ने लगी और दूसरी ओर बहुत से गुप्तचर समस्त रियासत में फैल कर प्रजा में रानी के विरुद्ध प्रचार करने और अकबर की उदारता, दानशीलता, गुणग्राह्यता की प्रशंसा लोगों को सुनाने लगे । साथ ही कुछ विशेष गुप्तचरों को इसलिये भेजा गया कि वे गढ़मण्डला के कुछ उच्च अधिकारियों और फौजी अफसरों को धन और पद का लालच देकर उन्हें अपनी ओर मिला लें । दुर्भाग्यवश भारत में ऐसे लोगों की कमी कभी नहीं रही । सन् ११०० में मुहम्मद गोरी के हमले से लेकर सन् १७५७ तक क्लाइव द्वारा बंगाल के शासक सिराजुद्दौला के पतन तथा जयचन्द और मीरजाफर जैसे देशद्रोही भी पैदा होते रहे जिन्होंने भारतभूमि पर आक्रमण करने वालों का प्रतिरोध करने के बजाय उनको सहयोग दिया और देश को दासता के बन्धनों में डालने का पाप कमाया । मुगलों को गढ़मण्डला में ऐसे कई देशद्रोही मिल गये, उनमें से बदनसिंह नाम का सरदार कुछ व्यक्तियों को लेकर अकबर से जा मिला और गढ़मण्डला के समस्त सैनिक रहस्य उसे बता दिये । इससे अकबर वहाँ के शक्तिशाली और कमजोर पहलुओं को अच्छी तरह समझ गया और उसने अपनी सेना में उन सभी साधनों तथा युद्ध-सामग्री की व्यवस्था कर दी जिसकी वहाँ आवश्यकता पड़ने वाली थी ।

तोपखाने का अभाव

एक तरफ दिल्ली के साधन सम्पन्न शासकों की तरफ से गढ़मण्डला को ध्वस्त करने की इस तरह की तैयारियाँ हो रही थीं और दूसरी ओर रानी दुर्गावती अपने पूर्वजों की भूमि की रक्षा के लिये प्राणपण से संलग्न थी । उसे इस बात का बड़ा खेद था कि उसके साथियों में ही कुछ "घर का भेदिया" बनकर शत्रु को आगे बढ़ने में मदद पहुँचा रहे हैं, तो भी वह अपने मार्ग से च्युत नहीं हुई । वह अच्छी तरह जानती थी कि मुगल बादशाह के साधनों की तुलना में गढ़मण्डला के साधन अल्प ही हैं, तो भी उसने अपने मन में एक क्षण के लिये भी न तो निराशा आने दी और न कायरता । उसकी दृष्टि अपने कर्त्तव्यपालन की तरफ थी, फिर उसका परिणाम चाहे जो कुछ निकले ।

मुगल सेना के आगे बढ़ने का समाचार पाकर रानी ने अपनी सेना को भी पूरी तरह तैयार हो जाने की आज्ञा दे दी, सिपाहियों की संख्या बढ़ाई गई और उनको कारगर हथियार दिये गये । इसके अतिरिक्त वह अपनी प्रजा में भी हर तरह से शत्रु का प्रतिरोध करने का उत्साह उत्पन्न करने लगी । वह स्वयं और उसका पुत्र वीर नारायण जो अब सोलह वर्ष का हो चुका था, चारों तरफ घूम-घूमकर सैनिक तैयारियों का निरीक्षण करते और उत्साहपूर्ण वार्तालाप से लोगों के साहस को बढ़ाते । अभी तक समस्त युद्धों में गढ़मण्डला की सेना ने जिस प्रकार वीरता दिखाकर विजय प्राप्त की थी उसकी चर्चा करके इस बार उससे भी अधिक जोर से लड़ने की सैनिकों को प्रेरणा देते । उन्होंने अपने व्यवहार और परिश्रम से लोगों में एक नई चेतना उत्पन्न कर दी, जिससे वे युद्ध-भावना से भरकर मरने-मारने को उद्यत हो गये ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

गढ़मण्डला की सेना की सबसे बड़ी कमजोरी तोपखाने का अभाव था । मुगल सैनिक तोप बनाने तथा चलाने में निपुण हो चुके थे और तोपों के जोर से ही अकबर के पितामह बाबर ने दिल्ली के पठान बादशाह इब्राहीम लोदी को हराकर अपनी हुकूमत कायम की थी । चित्तौड़ के सुप्रसिद्ध किले पर भी तोपों और बन्दूकों से ही विजय प्राप्त की गई थी पर अभी तक भारतीय राजा इस दिशा में ज्यादा प्रगति नहीं कर सके थे । पर्याप्त संख्या में तोपों का शीघ्र बना सकना सम्भव भी न था इसलिये गढ़मण्डला की सेना को सबसे ज्यादा भरोसा अपने तीर-कमान, तलवार, भाले आदि का ही था । बन्दूकों का प्रयोग भी वे करने लगे थे । रानी दुर्गावती तो बन्दूक से अचूक निशाना लगाती थी । उसके पास घोड़े और हथियारों की भी काफी संख्या थी और अभी तक इन्हीं के द्वारा गढ़मण्डला की सेना कई शत्रुओं को हरा चुकी थी ।

युद्ध का आरम्भ

जब शत्रु सेना काफी नजदीक आ पहुँची तो रानी दुर्गावती स्वयं घोड़े पर सवार होकर आगे बढ़ी । उस समय वह हाथ में नंगी तलवार लिये हुए साक्षात् दुर्गा की तरह ही दिखाई पड़ रही थी । उसने मुगलों की तोपों को व्यर्थ करने के लिये अपना मोर्चा ऐसे पहाड़ी स्थान पर लगाया, जहाँ तोपों के गोले उस स्थान तक पहुँच ही नहीं सकते थे, वह बीच में पहाड़ से टकराकर ही व्यर्थ हो जाते थे । इस प्रकार जब शत्रु की तोपें अपना बहुत-सा गोला-बारूद व्यर्थ में बर्बाद कर चुकीं, तब रानी ने मुगल सेना पर जोरों से हमला किया । उसने अपने सैनिकों में यह भावना भर दी थी कि हम धर्मयुद्ध कर रहे हैं अपनी मातृभूमि और घरों की रक्षा करना प्रत्येक मनुष्य का पवित्र कर्त्तव्य है, जो इस कर्त्तव्य-पालन से पीछे हटता है वह 'मानव' नाम का अधिकारी नहीं और निश्चय ही कुल कलंक कहा जाने योग्य है । मुगल सेना आततायी है, जो बिना कारण लूटमार के लालच से हमारे राज्य में घुस आई है । इसे मारकर खदेड़ देना ही हमारा कर्त्तव्य है ।

अपने सैनिकों को इस प्रकार उत्साहित कर रानी ने स्वयं मुगल सेना में घुसकर ऐसी मार-काट मचाई कि मुगल सेना के छक्के छूट गये । कहाँ तो वे गढ़मण्डला के धन को लूटकर ले जाने का स्वप्न देख रहे थे और कहाँ उन्हें प्राणों के ही लाले पड़ गये । हजारों लाशों से धरती के पट जाने पर बादशाही सेना में भगदड़ मच गई और आसफखाँ अपने कैम्प को कई मील पीछे हटा ले गया । रानी की सेना विजय का डंका बजाती हुई अपने कैम्प में वापस आई ।

युद्ध का दूसरा दौर

इस पराजय से आसफखाँ बड़ा दुःखी हुआ । उसकी गिनती मुगल साम्राज्य के प्रसिद्ध सेनाध्यक्षों में की जाती थी और इससे पहले वह अनेक राजाओं को जीतकर मुगल सम्राट के आधीन कर चुका था । अब एक स्त्री से हारकर वह अपना मुँह दुनिया को कैसे दिखायेगा । उसने इस बात को अपने लिये बड़ा अपमानजनक समझा और सारी बुद्धि लगाकर इसका प्रतिकार करने की युक्ति सोचने लगा । उसने नई सैनिक सहायता आने तक किसी चाल से युद्ध को स्थगित रखने का प्रयत्न किया । बादशाही पक्ष की तरफ से एक दूत सफेद झण्डा लेकर गढ़मण्डला की तरफ चला । उसके द्वारा आसफखाँ ने रानी के पास सन्धि का सन्देश भेजा था पर हार जाने पर भी उसने सन्धि की शर्तें ऐसी रखी थीं मानो विजय उसी की हुई हो । उसने रानी को लिखा कि, वीर नारायण को दिल्ली भेजा जाये और वह सम्राट अकबर की संरक्षकता में रहकर गौंडवाना का शासन कार्य करे तो मुगल सेना का आक्रमण रोका जा सकता है ।

इस शर्त को सुनकर रानी ने दूत को उसी क्षण लौट जाने को कहा, उसने कहा कि मैंने उसी समय मुगल सेना को राज्य के बाहर तक खदेड़कर उसकी छावनी (कैम्प) में आग नहीं लगा दी, इसका अहसान तो तुम नहीं मानते और उल्टा मेरे पुत्र को दिल्ली दरबार में हाजिर होने की माँग करते हो । आसफखाँ रानी का उत्तर सुनकर बड़ा लज्जित हुआ और मन ही मन आगे की चाल सोचने लगा । उसने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को बहुत लानत-मलामत दी कि तुम एक औरत के सामने से पीठ दिखाकर भाग आये और फिर भी बहादुरी का दम भरते हो । सब लोगों ने मिलकर फिर दूसरी बार हमला करने का निश्चय किया । उसी समय दिल्ली से कुछ नई सेना और तोपें आ पहुँचीं; इससे आसफखाँ की हिम्मत बढ़ गई और उसने अपनी सेना को पुनः मजबूती के साथ संगठित करके हमला करने का आदेश दिया ।

दूसरा आक्रमण

इस बार आसफखाँ ने अपने सिपाहियों को तोपखाने के पीछे चलने का संकेत किया । इधर रानी दुर्गावती मुगल सिपाहियों पर ही हमला करना चाहती थी । इसलिये उसने अपनी सेना को तोपों के सामने ही चलने की आज्ञा दी, यह बड़ा कठिन अवसर था । विपक्ष के सैनिक तो तोपों की आड़ लेकर लड़ रहे थे और गढ़मण्डला वालों को तोपों के अभाव में उनके गोले, गोली अपनी छाती पर झेलने पड़ रहे थे । इस तरह की असमानता का युद्ध अधिक समय

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

तक लड़ा जा सकना कठिन होता है । उस तीर-तलवारों के जमाने की बात तो जाने दीजिये, आजकल के वैज्ञानिक युग में होने वाले प्रथम विश्वयुद्ध (१९१४ से १९१८) में जब इंग्लैण्ड ने अकस्मात् टैंक (बख्तरबन्द मोटर) से हमला किया तो थोड़े ही समय बाद जर्मन सेना को आत्मसमर्पण करना पड़ा । उसके बाद जर्मन सेना बराबर दबती ही चली गई और कुछ महीनों में जर्मनी ने पराजय स्वीकार कर ली । उस अवसर पर जर्मन सेना के सर्वोच्च सेनापति, हिण्डेन बर्ग ने कहा था—"हम जनरल फ्राँक (मित्र सेनाओं का प्रधान सेनापति) द्वारा नहीं हराये गये हैं, वरन् जनरल "टैंक" ने हमको हराया है ।"

यही परिस्थिति उस समय गढ़मण्डला वालों के सामने थी । वे अब तक तीर, तलवार, भाले आदि से ही लड़ते आये थे । कुछ लोग पुराने ढंग की बन्दूकों का पयोग करना भी जान गये थे । लेकिन इन हथियारों से तोप का मुकाबला नहीं किया जा सकता था । तोप की मार दो-चार मील तक होती ही थी और उसका गोला जहाँ गिरता था वहाँ दस-पाँच आदमियों को मार ही देता था । उस समय तोपों की संख्या बहुत अधिक नहीं थी और तोप के बहुत भारी होने के कारण उनका इधर-उधर हटाया जाना भी कठिन होता था, पर उसकी भयंकर आवाज और गोलों द्वारा किले की दीवारों को टूटते देखकर लोगों में आतंक का भाव उत्पन्न हो जाता था, लेकिन दुर्गावती इससे न तो भयभीत हुई और न निराशा का भाव ही मन में लाई । उसने अपने सैनिकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि "यद्यपि हमारे पास तोपें नहीं हैं, पर उससे भी शक्तिशाली आत्मबल हमारे पास है, हम स्वदेश की रक्षा के लिये सत्य और धर्म के अनुकूल युद्ध कर रहे हैं, यह कम महत्त्व की बात नहीं है । याद रखो, सत्य की सदा विजय होती है, असत्य की नहीं । ये दस-बीस तोपें मातृभूमि के मतवालों को आगे बढ़ने से कदापि नहीं रोक सकतीं ।" यह कहकर उसने एक सवार (सेनानी) लेकर बड़ी तेजी के साथ तोपों पर धावा किया । यद्यपि इस संघर्ष में सैकड़ों वीर तोपों की भेंट चढ़ गये, पर रानी ने तोपों के पास पहुँचकर गोलन्दाजों का सफाया कर दिया । इस प्रकार तोपखाने को निष्क्रिय हुआ देखकर आसफखाँ घबराया । उस समय रानी थोड़े से साथियों को लेकर ही शत्रु दल में ऐसी मार-काट मचा रही थी कि बड़े-बड़े वीरों के होश उड़ गये । इतने में गढ़मण्डला की शेष सेना भी वहाँ आ पहुँची और बादशाही सेना पर ऐसी मार पड़ी कि वह प्राण बचाने के लिये फिर भाग खड़ी हुई ।

तीसरा आक्रमण और गढ़मण्डला का पतन

इस प्रकार दो आक्रमणों में रानी दुर्गावती ने शत्रु को अच्छी तरह हरा दिया, पर न मालूम किस कारण उसकी सेना ने दुश्मन की भागती हुई सेना का पीछा नहीं किया ? शायद इसका कारण क्षत्रियों का यह नियम था कि भागते हुए और शरणागत शत्रु को मारना धर्म के विरुद्ध है अथवा उनकी व्यवस्था किले के समीप ही लड़ने की हो, जहाँ से आवश्यकतानुसार युद्ध-सामग्री प्राप्त होती रहे और अवसर आने पर उसके भीतर पहुँचकर भी लड़ा जा सके । कुछ भी कारण रहा हो पर शत्रु को आधा कुचल कर छोड़ देने से वह प्रायः प्रतिशोध की ताक में रहता है और फिर से तैयार होकर आक्रमण कर सकता है । गढ़मण्डला के सेनाध्यक्षों से यही भूल हुई जिसके फलस्वरूप मुगल सेना एक के बाद एक करके तीन आक्रमण कर सकी और अन्त में सुयोग मिल जाने से उसने सफलता प्राप्त कर ली । क्षत्रियों ने युद्धों में जैसी वीरता दिखाई उसकी प्रशंसा इतिहास के पन्ने-पन्ने में लिखी हुई मिलती है, पर साथ ही साथ अवसर के अनुकूल कार्यप्रणाली न अपनाकर और केवल परम्पराओं के ही पीछे लगे रहकर उन्होंने जो बहुत बड़ी भूल की उसकी अबुद्धिमत्ता की आलोचना भी अनेक विद्वानों ने की है ।

महाराज पृथ्वीराज ने प्रथम बार के आक्रमण में मुहम्मद गोरी को हराकर पकड़ लिया था लेकिन बाद में कुछ लोगों की चिकनी-चुपड़ी बातों में आकर मुहम्मद गोरी के क्षमा प्रार्थना करने पर उसे छोड़ दिया । परिणाम यह हुआ कि उसने फिर से अधिक तैयारी के साथ आक्रमण किया और विजय मिलने पर पृथ्वीराज को मरवा ही डाला । हमारे नीतिकारों ने भी यही कहा है कि दुष्ट शत्रु पर दया दिखाना अपना और दूसरों का अहित करना है । आजकल के व्यवहार-शास्त्र का स्पष्ट नियम है कि, दूसरों को सताने वाले दुष्टजन पर दया करना, सज्जनों को दण्ड देने के समान है क्योंकि दुष्ट तो अपनी स्वभावगत क्रूरता और नीचता को छोड़ नहीं सकता, वह जब तक स्वतन्त्र रहेगा और उसमें शक्ति रहेगी, वह निर्दोष व्यक्तियों को सब तरह से दुःख और कष्ट ही देगा । इसलिये वर्तमान युग के एक बहुत बड़े दार्शनिक बर्नार्डशॉ ने एक लेख में स्पष्ट लिखा है कि, स्वभाव से ही दुष्ट और आततायी व्यक्तियों को समाज में रहने का अधिकार नहीं है । उनका अन्त उसी प्रकार कर देना चाहिये जिस प्रकार हम सर्प और भेड़िया आदि अकारण आक्रमणकारी और घात में लगे रहने वाले जीवों का कर देते हैं ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

विश्वासघातियों की करतूत

द्वितीय आक्रमण में विजय पाकर गढ़मण्डला की सेना उल्लास में आकर राग-रंग मनाने लगी और अनुशासन ढीला पड़ गया । उधर आसफखाँ दो बार हार जाने से बुरी तरह तिलमिला रहा था और अपने सभी सलाहकारों को इकट्ठा करके आगे की नई चाल सोच रहा था । उसी अवसर पर उससे मिले हुए गढ़मण्डला के विश्वासघाती कुछ व्यक्तियों ने उसके कैम्प में पहुँच कर खबर दी कि इस समय गढ़मण्डला की सेना राग-रंग में मस्त है, अगर इस समय आकस्मिक रूप से आक्रमण कर दिया जायेगा तो वह तैयार होने का भी अवसर न पायेगी और नगर पर कब्जा किया जा सकेगा । आसफखाँ तो ऐसे मौके की ताक में ही था, उसने उन घर के भेदियों को साथ लेकर उसी समय सेना को किले पर धावा बोलने की आज्ञा दे दी । जब यह समाचार रानी दुर्गावती को मालूम हुआ तो वह गम्भीर हो गई । घर के भेदियों का कुछ हाल तो उसे पहले से ही मालूम था, पर वे इस प्रकार प्रकट रूप से शत्रु से मिल जायेंगे इसका अनुमान वह न कर सकी थी । फिर भी युद्ध की अभ्यस्त होने के कारण वह घबड़ाने वाली न थी, उसने शीघ्रता में जितनी सेना इकट्ठी हो सकी उसे लेकर शत्रुओं को बीच में ही रोका और घमासान संग्राम आरम्भ हो गया ।

इस बार सेना में जो कमजोरी दिखाई पड़ती थी उसको पूरा करने के उद्देश्य से उसने अपने पुत्र वीर नारायण को ही सैन्य-संचालन का भार दे दिया । उसने सोचा कि अपने राजा को इस प्रकार आगे बढ़ते देखकर सैनिकों का उत्साह बढ़ जायेगा और वे पराक्रम से शत्रुओं के छक्के छुड़ा देंगे लेकिन इसका परिणाम कुछ उल्टा ही निकला । पुराने और बड़े-बूढ़े सेनाध्यक्षों को एक सोलह वर्ष के किशोर के आदेशानुसार कार्य करना अपमानजनक प्रतीत हुआ और उन्होंने अपना हाथ ढीला कर दिया । परिणाम यह हुआ कि वीर नारायण के अत्यन्त शौर्य दिखलाने और अकेले सैकड़ों शत्रुओं का सफाया करने पर भी मुगल सेना आगे बढ़ती गई और किले के फाटक के समीप पहुँच गई । रानी दुर्गावती कुछ दूरी पर युद्ध करती हुई इस स्थिति को देख रही थी और आश्चर्य कर रही थी कि ऐसा क्यों हो रहा है ? अन्त में एक सिपाही ने संकेत द्वारा उसे वास्तविक कारण बतलाया । यह सुनकर वह बहुत ही दुःखी हो गई । उसने तो अपने इकलौते अल्प-वयस्क पुत्र को इसलिये सबसे आगे लड़ने को भेजा था कि लोग त्याग और बलिदान के भाव को समझें और उन्हें पूरी शक्ति से जूझने की प्रेरणा मिले । लेकिन मनुष्य के हीन अहंकार तथा ईर्ष्यावृत्ति ने उसे कुछ और ही रूप दे दिया । मुगलों की नई सेना और युद्ध सामग्री के जोर से गढ़मण्डला उस दिन नहीं तो दूसरे दिन शत्रुओं के हस्तगत हो ही जाता, क्योंकि सेना में अव्यवस्था पैदा हो गई थी लेकिन इन पुराने सरदारों ने ऐसे कठिन अवसर पर झूठी शान के पीछे जो अकर्मण्यता दिखाई उसके लिये वे सदा निन्दा के पात्र बने रहे । उससे भीषण संघर्ष करना उनको भी पड़ा, पर रानी दुर्गावती तथा वीर नारायण का नाम आज चार सौ वर्ष बीत जाने पर भी आदर के साथ लिया जाता है, उनको देश का गौरव बढ़ाने वाला माना जाता है, वहीं उन हीन मनोवृत्तियों के सरदारों को घृणा के साथ ही याद किया जाता है । क्या यह उनका बड़ा दुर्भाग्य नहीं ?

इसी समय रानी ने वीर नारायण को बहुत से शत्रु-सैनिकों से अकेले लड़ते-लड़ते घोड़े से गिरते देखा । साथ ही समाचार आया कि तोपों की मार से किले की दीवार एक स्थान पर टूट गई है । उसने समझ लिया कि बस अब अन्त आ गया । वीर नारायण के वीरगति पाने से अब उसे जीवन से तनिक भी मोह नहीं रह गया था अतः वह चुने हुए तीन सौ सवारों को लेकर मुगल सेना पर टूट पड़ी । उसने सैकड़ों शत्रुओं को यमलोक पहुँचाया पर अचानक एक तीर आकर उसकी आँख में लगा, उसने उसे अपने हाथ से बाहर खींच लिया, इतने में दूसरा तीर गर्दन में लगा, इससे उसे असह्य वेदना होने लगी । उसी समय रानी ने आधारसिंह को सामने देखकर कहा "मैं अब रक्त निकलने से असक्त होती जा रही हूँ, मैं कभी नहीं चाहती कि शत्रु मुझे जीवित अवस्था में छू सकें इसलिये तुम तलवार से मेरी जीवन-लीला समाप्त कर दो ।" पर आधारसिंह इस बात को सुनकर काँप उठा और उसने भरे हुए कण्ठ से कहा—मैं असमर्थ हूँ, मेरा हाथ आप पर नहीं उठ सकता । रानी जोश में आ गई और मरते-मरते उठकर बैठ गई और अपनी कटार जोर से अपनी छाती में घुसेड़ ली । दूसरे ही क्षण उसकी निर्जीव लाश भूमि पर पड़ी दिखाई दी ।

इसके पश्चात् मुगल सेना को रोकने वाला कोई न रहा । उसने नगर में घुसकर बहुत मार-काट मचाई तथा गढ़मण्डला के खजाने तथा महलों की सम्पत्ति को लूट लिया । कहा जाता है कि वहाँ पर आसफखाँ को बहुत अधिक सोना, चाँदी, जवाहरात आदि मिले । उनका अधिकांश भाग उसने स्वयं रख लिया, केवल पन्द्रह हाथियों पर लूट का थोड़ा-सा भाग लदवाकर दिल्ली भेज दिया । गौंडवाना के गौरव का दीपक सदा के लिये बुझ गया और आज वह एक उजाड़ नगर के रूप में ही शेष है ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

दुर्गावती मर कर भी अमर है

दुर्गावती ने जिस प्रकार मातृभूमि की रक्षा के लिये विदेशी आक्रमणकारियों से युद्ध करके वीरगति पाई उस तरह की मृत्यु, शोक की नहीं बल्कि गौरव की बात मानी जाती है । अपने लाभ के लिये तो सभी प्रयत्न करते और संकट उठाते हैं, पर जो न्याय की खातिर अपनी प्रत्यक्ष हानि देखकर भी संघर्ष करते हैं उनकी गिनती महान पुरुषों में होती है । दुर्गावती अगर चाहती तो अकबर की आधीनता स्वीकार करके आजन्म सुखपूर्वक रह सकती थी, पर ऐसा करने में उसे अपना और अपने देश का अपमान जान पड़ा । हम जयपुर के राजा मानसिंह आदि को 'गद्दार' ही समझते हैं क्योंकि उन्होंने अकबर के राज्य को फैलाने और उसको मजबूत करने में ही अपनी समस्त वीरता और युद्ध कौशल को खर्च किया । इसका अर्थ यह है कि उन्होंने हिन्दुओं के प्रभुत्व का अन्त करके विदेशियों की जड़ें जमाने का वह कार्य किया जिसे कभी आदरणीय नहीं कहा जा सकता ।

इसके विपरीत भारत का बच्चा-बच्चा मेवाड़ के महाराणा प्रताप का यशगान करता है क्योंकि उन्होंने हर प्रकार के कष्ट सहन करके भी अकबर के साथ वर्षों तक संघर्ष किया और देश की स्वाधीनता की रक्षा के लिये अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया । हम शिवाजी को भी राष्ट्र-रक्षक की पदवी देते हैं क्योंकि उन्होंने औरंगजेब जैसे निष्ठुर और हिन्दुत्व के प्रबल विरोधी बादशाह का सामना किया और अल्प साधनयुक्त होते हुए भी जाति और धर्म के झण्डे को झुकने नहीं दिया । हम गुरु गोविन्द सिंह को देश का उद्धारक इसीलिये मानते हैं कि उन्होंने चारों पुत्रों का बलिदान स्वाधीनता की बलिवेदी पर कर दिया और मुगल बादशाह को सहयोग देना स्वीकार नहीं किया । यही कारण है कि सैकड़ों वर्ष बीत जाने पर भी इन सब वीरों के चरित्र आज भी पढ़े और पढ़ाये जाते हैं, उनकी जयन्तियाँ मनाई जाती हैं और आगामी पीढ़ियों को उनसे प्रेरणा लेने को कहा जाता है । उनकी गणना महापुरुषों में की जाती है । इसके विपरीत मानसिंह, जयसिंह आदि कितने भी सफल और सम्पन्न शासक क्यों न बन गये लेकिन उनको देश और जाति का विरोधी ही घोषित किया जाता है । चाहे उस समय वे बहुत बड़े पदवीधारी कहे जाते थे और उन्होंने इतना धन भी कमाया जोकि पीढ़ियों तक काम देता रहा, पर उनकी प्रशंसा में आज तक एक शब्द भी किसी के मुँह से सुनने में नहीं आया ।

रानी दुर्गावती भी इस दृष्टि से भारतीयता की रक्षक और स्वाधीनता के लिये अपना बलिदान करने वाली वीरांगना मानी जाती है । यद्यपि परिस्थितियों के कारण विदेशी शासकों के साथ उसका संघर्ष अल्पकालीन ही रहा, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी की तरह वह उन, जंगल और पर्वतों में घुसकर वर्षों तक संघर्ष न कर सकी, पर भारतीय स्त्रियों की तत्कालीन और आज की स्थिति को देखते हुए उसने जो कुछ किया वह उसे प्रथम श्रेणी के राष्ट्रीय वीरों की पंक्ति में बिठाने के लिये पर्याप्त है । जहाँ स्त्रियों को घर से बाहर निकलने का भी अधिकार नहीं है, जहाँ उनका सार्वजनिक जीवन में भाग लेना आलोचना का विषय बन जाता है, जहाँ थोड़ी-सी स्वतन्त्रता का रहन-सहन देखते ही लोग उनके चरित्र पर शंका करने लगते हैं, वहाँ दुर्गावती ने जो कुछ किया उसकी सौ मुखों से प्रशंसा की जाये तो भी कम है ।

यह भारतीय पुरुषों की बहुत बड़ी त्रुटि है कि उन्होंने स्त्रियों को ऐसे बन्धनों से जकड़ दिया है कि वे देश और जाति की प्रगति के लिये कोई महत्त्वपूर्ण कार्य कर सकने के योग्य ही नहीं रहीं । इससे हमारी आधी शक्ति ही बेकार नहीं हो गई वरन् अपने अज्ञान तथा जड़ता के कारण वह हमारे अग्रसर होने में भी हमें पैरों की बेड़ी के समान दिखने लगी । कौन नहीं जानता कि हमारे पिछले पचास वर्ष के स्वाधीनता आन्दोलन में लाखों व्यक्ति इच्छा और अभिलाषा रहने पर भी स्त्री और सन्तान के बन्धनों के कारण भाग नहीं ले सके । अगर स्त्रियाँ सुयोग्य और व्यवहारकुशल होतीं तो वे ऐसे अवसर पर घर का भार स्वयं संभाल कर पुरुषों को देशोद्धार के कार्य के लिये छुट्टी दे सकती थीं, पर जब हमने स्वयं ही उनको 'पिंजरे का पंछी' बनाकर रखा हुआ है तो हम उनकी शिकायत भी किस मुख से करें । ऐसी दशा में तो जो दस-पाँच देश तथा समाज की सेविकायें अपने प्रयत्न और साहस से निकल आईं उनको आज भारतीय इतिहास में अमरता प्राप्त हो गई ।

वीरांगनाओं में दुर्गावती का स्थान सर्वोच्च है

यह सब कुछ होने पर भी दुर्गावती ने युद्ध-क्षेत्र में जो वीरता और कौशल दिखलाया वह अद्वितीय है । हमको भारत तथा संसार की अन्य वीरांगनाओं का इतिहास भी मालूम है, लेकिन बहुत खोज करने पर भी ऐसी दूसरी नारी दिखाई नहीं पड़ी जिसने उसके समान वर्षों तक सुशासन करके सेना को इतना दृढ़ बनाया हो कि वह अकबर जैसे प्रसिद्ध सम्राट की शक्तिशाली फौज को दो बार पराजित कर सके । साथ ही अन्य किसी स्त्री ने युद्ध के खुले मैदान में उसके समान अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग करके प्रसिद्ध वीरों के छक्के छुड़ा देने का कठिन कार्य भी करके

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

नहीं दिखाया । इतिहास में वीराबाई, कर्माबाई आदि दो चार क्षत्राणियों के नाम ही पढ़ने में आते हैं जिन्होंने किसी आकस्मिक अवसर के उपस्थित हो जाने पर युद्ध-क्षेत्र में प्रत्यक्ष युद्ध करके शत्रु पर विजय प्राप्त की हो, लेकिन उनके सम्बन्ध में इतनी कम बातें ज्ञात हो सकी हैं कि उनके आधार पर उनका विशेष वर्णन नहीं किया जा सकता है । एक मात्र झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई ही गत सैकड़ों वर्षों के भीतर ऐसी निकली हैं जिन्होंने स्त्रियों के "अबला" कहे जाने वाले "कलंक" को मिटाने के लिये एक प्रशंसा के योग्य उदाहरण सामने रखा है । देश के स्वाधीनता संग्राम में एक महत्त्वपूर्ण कार्य करके अपनी आहुति देने की दृष्टि से इनका "दुर्गा" और "लक्ष्मी" में कोई अन्तर नहीं दिखता पर शस्त्र-संचालन में दुर्गावती ने जो जौहर दिखाया वह बेमिसाल है ।

संसार के पौराणिक इतिहास में किसी देश की महिला ने युद्ध में ऐसी वीरता और कौशल दिखाया हो इसका एक भी प्रसिद्ध उदाहरण पढ़ने में नहीं आया । हाँ, आधुनिक समय में विभिन्न देशों में ऐसी कितनी ही महिलायें सामने आई हैं जिन्होंने महत्त्वपूर्ण कार्य करके स्वाधीनता के लिये बलिदान दिया है । पर चूँकि इस समय युद्ध-क्षेत्र का रूप बदल गया है इसलिये तीर, तलवार या बन्दूक लेकर सैनिकों के दल से जूझने वाली महिलायें तो नहीं मिल सकतीं पर जिन्होंने स्वाधीनता प्राप्त करने के लिये शत्रुओं से संघर्ष किया है, उनके प्रहार सहन किये हैं और स्वयं प्रहार किया है, ऐसी वीरांगनायें नगण्य संख्या में ही मिलती हैं ।

ऐसी देशभक्त महिलाओं की सबसे अधिक संख्या रूस में पाई जाती है । वहाँ सत्तर-अस्सी वर्ष पहले जार का ऐसा अत्याचारी शासन कायम था कि करोड़ों की संख्या में प्रजा त्राहि-त्राहि कर रही थी । किसान, मजदूर, दुकानदार, छोटे सरकारी कर्मचारी सबकी हालत खराब थी और सब कष्ट पा रहे थे । प्रत्येक विभाग में भ्रष्टाचार का बोल वाला था जिससे प्रजा को घोर गरीबी में निर्वाह करना पड़ता था, यह दशा देखकर अनेक स्वाभिमानी युवक, युवतियों को जोश आया और उन्होंने इस अन्याय का खात्मा करने की प्रतिज्ञा की । लेकिन उनके पास इतने साधन तो थे नहीं कि वे फौज खड़ी करके अत्याचारियों पर आक्रमण कर देते । इसलिये वे बम और पिस्तौल लेकर गुप्त रूप से अत्याचारी अधिकारियों और स्वयं जार पर भी हमला करते थे । इनमें से सोफिया नाम की युवती ने जार पर ऐसा जोरदार आक्रमण किया कि वह भाग्यवश ही बच गया । जब सोफिया को गिरफ्तार किया गया तो उसको अपने दल का भेद खोलने के लिये अमानुषिक यातनायें दी; पर वह अन्त तक अटल बनी रही और प्रसन्नतापूर्वक फाँसी पर चढ़ गई । उसी की तरह की थर्रान आदि और भी बहुसंख्यक युवतियों ने क्रान्तिकारी कार्यों में भाग लिया और परिणामस्वरूप वर्षों तक रूस के "काले पानी" साइबेरिया में, जहाँ सैकड़ों मील तक बर्फ बिछी रहती है, घोर कष्ट सहन किये ।

द्वितीय विश्वयुद्ध (सन् १९३९ से १९४५) के अवसर पर भी जब जर्मन सेना ने अकस्मात् आक्रमण करके रूस के एक बड़े भाग पर कब्जा कर लिया और वहाँ के स्त्री-पुरुषों को घोर कष्ट दिये तब भी वहाँ अनेक स्त्रियाँ ऐसी निकलीं जिन्होंने जर्मन सेना की परवाह न करके उसके विरुद्ध संघर्ष किया । इनमें "जोया" की अठारह वर्ष की लड़की का नाम सबसे अधिक प्रसिद्ध है । उसके विषय में एक लेखक ने लिखा है—

"रूसी इतिहास की बीसवीं शताब्दी के चित्रपट पर "जोया" एक जीवित केन्द्र बिन्दु है, जिसने अपने देश की अन्धकारपूर्ण और भयावह घड़ी में मर्दानगी को चुनौती देकर शत्रु के नृशंस प्रहार अपने सुकुमार शरीर पर सहे और आजादी के लिये हँसते-हँसते प्राण विसर्जित कर दिये । तभी से जोया के जीवन-मृत्यु की अमरगाथा विश्व भर के लिये नवीन चेतना और शक्ति का उद्गम बन गई है । विभिन्न रूसी पत्रों में सैकड़ों लेख और निबन्ध इस अठारह वर्षीय किशोरी कन्या की बलिदान-कथा पर निकलते हैं । सार्वजनिक संग्रहालय (म्यूजियम) के लिये चित्रकार उसके चित्र बना रहे हैं । रूस का एक प्रसिद्ध नाटककार उस पर एक नाटक लिख रहा है । एक कवि ने लम्बी कविता लिखी है । दो प्रसिद्ध मूर्तिकार उसकी संगमरमर की मूर्ति बना रहे हैं और प्रख्यात् फिल्म् निर्माता उसके जीवन की कल्पित फिल्म बनाने में व्यस्त हैं । नगर, सड़कें, स्कूल, कारखाने, म्यूजियम उसके नाम पर खोले जा रहे हैं । रूसी लड़कियाँ जोया के दृष्टान्त से जीवन-पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा प्राप्त करती हैं ।"

एक सामान्य ग्रामीण लड़की की इतनी महिमा इसीलिये है कि उसने प्राणों की तनिक भी चिन्ता किये बिना अपने देश के शत्रुओं को नष्ट करने का हर तरह से प्रयत्न किया । वह पहले तो गुरिल्ला फौज में शामिल होकर जर्मन सेना को तरह-तरह से हानि पहुँचाने की कार्यवाहियाँ करती रही । फिर एक दिन जर्मन सेना की छावनी के पास जाकर उसमें आग लगाकर चली आई, पर जब उसे मालूम हुआ कि उसकी लगाई आग से बहुत थोड़ा नुकसान हुआ तो वह दूसरे दिन फिर आग लगाने चली, उसके साथियों ने उसे रोका भी, आज मत जाओ क्योंकि जर्मन सिपाही सतर्क होंगे, पर वह अपनी प्रतिज्ञा को पूरा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

करने को चल ही दी और आग लगाते हुए पकड़ ली गई । जर्मनों ने उसे पहले तो गुरिल्ला दल का भेद पूछने के लिये कोड़ों से खूब मारा तथा अन्य यातनायें दीं और फिर फाँसी पर चढ़ा दिया गया ।

अल्जीरिया की तीन "जमीला" नाम की युवतियाँ भी बहुत प्रसिद्ध हैं । वहाँ के देशभक्तों ने फ्रांस की आधीनता से छुटकारा पाने के लिये जो मुक्तिसंग्राम आरम्भ किया था उसमें ये अग्रगण्य थीं । ये एक के बाद एक आन्दोलन की नेत्री बनीं और ऐसे साहस से फ्रांसि की शासन सत्ता पर प्रहार किया कि सारा संसार चकित हो गया । इन तीनों को ही फ्रांस के जेलखानों में बन्द करके यातनायें दी गईं पर वे टस से मस न हुईं । अन्त में फ्रांस की सरकार को झुकना पड़ा और उसे अल्जीरिया को स्वतन्त्रता देनी पड़ी ।

हमारे भारत के क्रान्तिकारी दल में एक ऐसी ही कुमारी "कल्पना" हुई थी जिसने देश के स्वाधीनता संग्राम की सैनिक बनकर भरी सभा में बंगाल के गवर्नर पर गोली चलाई थी । संयोगवश वे बच गये, पर कल्पना को उस अपराध में दण्डित होकर अनेक वर्ष जेलखाने की भयानक कोठरी में बन्द रहना पड़ा था ।

नारी का दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता

इस प्रकार संसार में समय-समय पर कुछ महिलायें ऐसी सामने आती रही हैं, जिन्होंने देश और जाति की रक्षा के लिये पुरुषों की तरह ही सशस्त्र संघर्ष किया है और उसकी सफलता के लिये हर तरह की यातनायें सहन की हैं, प्राणों तक को अर्पण कर दिया है, पर यह कहना पड़ेगा कि इस प्रकार की साहसी और त्याग करने वाली नारियाँ अपवाद स्वरूप ही मानी जा सकती हैं । भारतीय क्रान्तिकारी दल के इतिहास में ही जहाँ भगतसिंह, चन्द्रशेखर आजाद, रामप्रसाद 'बिस्मिल', खुदीराम, शचीन्द्र सान्याल, वीर सावरकर आदि पचासों एक से बढ़कर एक शहीदों और वीरों के चरित्र चमक रहे हैं, वहाँ उसमें भाग लेने वाली दो-चार स्त्रियों का ठीक परिचय भी थोड़े ही लोग जानते हैं । यह बात नहीं कि नारियों में त्याग और बलिदान की भावनाओं का अभाव है । ये गुण उनमें पुरुषों की अपेक्षा अधिक ही पाये जाते हैं, पर आज तक ये गुण प्रायः निजी एवं छोटे से परिवार तक ही सीमित रह जाते हैं । स्त्रियों को जन्म से मृत्यु तक ऐसे संकीर्ण वातावरण में रखा जाता है और ऐसी ही शिक्षा-दीक्षा दी जाती है कि जिससे वे अपने से सम्बन्धित कुछ व्यक्तियों के सिवाय दूरस्थ अथवा अपरिचित लोगों के प्रति अपनेपन की भावना रख ही नहीं सकतीं ।

हम यह भी नहीं कहते कि नारी घर के क्षेत्र की उपेक्षा करके केवल सार्वजनिक क्षेत्र में तल्लीन हो जाये । वर्तमान समय में विदेशों की बहुसंख्यक और भारत की कुछ नारियों ने शिक्षा का आशय यह समझ लिया है कि घर के काम-धन्धे को त्यागकर फैशनेबिल गोष्ठियों और समारोहों में मनोरंजन किया जाये और वाहवाही हासिल की जाये । हमारी सम्मत्ति में यह कोई प्रशंसनीय बात नहीं । यह तो सम्भव है कि पिछले दस-पाँच हजार वर्षों में जिस प्रकार की अराजक-अवस्था से राजतन्त्र, राजतन्त्र से प्रजातन्त्र स्थापित् हो गया और अब अनेक बड़े-बड़े देशों में साम्यवादी समाज की स्थापना हो रही है उसी प्रकार नया युग बदलने पर किसी ऐसे समाज का निर्माण हो जिसमें स्त्री-पुरुष के भेद के आधार पर कार्य विभाजन की परम्परा उठ जाये और दोनों सुविधानुसार प्रत्येक काम में हिस्सा बँटाने लगें, पर यह एक ऐसी दूरवर्ती कल्पना है जिस पर अभी से वाद-विवाद करना निरर्थक है । अभी तो हम समाज के हित की दृष्टि से इतना ही कह सकते हैं कि स्त्रियों के दृष्टिकोण को परिवार हित से बढ़ाकर समाज हित के क्षेत्र तक अवश्य विस्तृत करना चाहिये । गाँधी जी के आन्दोलन के प्रभाव से सरोजिनी नायडू, सरला देवी चौधरानी, अवन्तिका बाई गोखले, जानकी बाई बजाज, राजकुमारी अमृतकौर, विजय लक्ष्मी पण्डित आदि जो थोड़ी-सी स्त्रियाँ सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने लग गईं तो उससे यहाँ के सामाजिक वातावरण में अद्भुत परिवर्तन हो गया । उनके उदाहरण से प्रेरणा प्राप्त करके लाखों अन्य नारियों के भी बन्धन ढीले हुए और समाज-सेवा के क्षेत्र में वही उपयोगी कार्य करने लगीं ।

रानी दुर्गावती का आदर्श चरित्र भी नारियों को यह शिक्षा देता है कि घर और परिवार की व्यवस्था में संलग्न रहते हुए भी उनको कूप-मण्डूक बनकर नहीं रहना चाहिये । उन्हें इतनी शिक्षा और योग्यता तो प्राप्त कर ही लेनी चाहिये कि किसी प्रकार की विपरीत परिस्थिति के सम्मुख आ जाने पर स्वयं उसका प्रतिकार कर सकें । हमें खेद से कहना पड़ता है कि वर्तमान समय में अधिकांश साधन सम्पन्न घरों की स्त्रियाँ इस दृष्टि से अपंग-सी बनी रहती हैं । जब तक समय अनुकूल रहता है वे मौज-शौक, फैशन, विलास में समय बिताती हैं, घर का काम नौकरों से करा लेती हैं, पर जब समय प्रतिकूल हो जाता है तो सिवाय रोने-झींकने और भाग्य तथा भगवान को दोष देने के अतिरिक्त कुछ नहीं कर सकतीं ।

श्री महादेव गोविन्द रानाडे ने एक बार एक ऐसी फारसी स्त्री का हाल बतलाया था "जिसका पति एक बड़ा व्यापारी था, लेकिन पति की मृत्यु के उपरान्त घर का वैभव

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

शीघ्र ही समाप्त हो गया और उसका लड़का सामान्य नौकरी करके घर का काम चलाने लगा । तब घर के खान-पान और रहन-सहन में बहुत अन्तर पड़ गया और वह सदैव इसी के लिये दुःखी होकर प्रलाप किया करती । एक बार श्री रानाडे से बात होने पर उसने कहा कि, मेरा लड़का सामान्य हालात में ही बड़ा हुआ है, इसलिये वह मामूली खाना पाकर राजी हो जाता है, पर मेरी पुराने समय की बिगड़ी हुई जीभ तो भोजन में दस तरह की चीज हुए बिना सन्तुष्ट ही नहीं होती ।" यह स्त्री न तो उद्योग और सुव्यवस्था द्वारा घर की सम्पत्ति की रक्षा ही कर सकी और न इतना संयम रख सकी कि जिह्वा के स्वाद की परवाह न करे । ऐसी स्त्रियों को अपना जीवन, भार मालूम पड़ने लगे तो इसमें क्या आश्चर्य है ।

रानी दुर्गावती एक राजा की पुत्री थी, जिसे शौक-मौज और सुख-साधनों की कोई कमी हो ही नहीं सकती थी, विवाह के बाद वह और भी बड़े राजा की पत्नी बनी जहाँ सैकड़ों दास-दासी उसकी आज्ञा की राह देखा करते थे, पर यह सब होने पर भी उसने अपने भीतर शक्ति और साहस उत्पन्न किया और बड़े-बड़े शासक और सेनाध्यक्ष उससे हार मान गये । इससे सिद्ध होता है कि उतना वैभव और पद पा लेने पर भी उसने अपने उद्देश्य को नहीं भुलाया था और अपना रहन-सहन तथा खान-पान वैसा ही रखा था, जिससे वह विलासी और निर्बल चित्त की न हो जाये, इसी श्रेणी की नारी संसार में कोई महत्त्वपूर्ण कार्य कर सकती हैं । वे सम्पत्ति और विपत्ति में अपना सन्तुलन कायम रखती हैं और कर्त्तव्यपालन से पीछे कदम नहीं हटातीं । सच्चे मनुष्य का भी यही कर्त्तव्य और धर्म होना चाहिये ।

भारतीय समाज में सुधार की आवश्यकता

किन्तु यह स्थिति तब तक नहीं आ सकती जब तक समाज के कर्णधार और मार्गदर्शक अपना दृष्टिकोण सही न कर लें । यद्यपि वैदिक काल में हमको नारी की पराधीनता अथवा उसका दर्जा निम्न होने का कोई संकेत नहीं मिलता । उल्टा कई महिलायें ऋग्वेद की 'ऋषि' मानी गई हैं और विवाह सम्बन्धी सूक्तों में नारी की सत्ता का बहुत प्रशंसनीय शब्दों में वर्णन किया गया है । वैदिक काल में वे स्वतन्त्रतापूर्वक समस्त-कर्म करती थीं और यज्ञों में भी भाग लेती थीं । वे घर की पूरी मालकिन और संचालक मानी जाती थीं । विदुषी स्त्रियाँ बड़े सम्मान के साथ सब जगह आदरणीय स्थान पाती थीं । उनमें से अनेक "ब्रह्मवादिनी" भी होती थीं जिसका आशय यह था कि वे अविवाहित रहकर अपना समस्त जीवन 'ज्ञान और अध्यात्म' की साधना में व्यतीत किया करती थीं, युद्ध-क्षेत्र में जाकर वीरता प्रदर्शित करने के भी कुछ स्त्रियों के उदाहरण मिलते हैं, जैसे दशरथ के साथ कैकेयी ने युद्ध में भाग लिया था । इस प्रकार भारतीय सभ्यता के उस स्वर्णकाल में स्त्रियों पर कोई प्रतिबन्ध न था और मुख्यतया गृह-व्यवस्था में लगे रहने पर भी वे आवश्यकतानुसार सार्वजनिक जीवन में भी सहयोग देती रहती थीं ।

लेकिन मध्यकाल में जब हमारे देश पर विदेशियों के आक्रमण होने लगे अथवा बहुसंख्यक व्यक्ति किन्हीं कारणों से अपना देश छोड़कर यहाँ आ बसे तो उनके संसर्ग से भारतीय सामाजिक स्थिति में भी अन्तर पड़ने लगा और स्त्रियों के अधिकार सीमित किये जाने लगे । खासकर मुसलमानों के आगमन के बाद तो यहाँ के शास्त्र-ग्रन्थों में "न स्त्री स्वातन्त्र्य मर्हति", "स्त्री शुद्रोन धीयताम", "अष्टवर्षा भवेद्", "गौरी" आदि ऐसे अनेक वाक्य सम्मिलित कर दिये गये जिनके कारण स्त्रियों की स्वतन्त्रता बहुत कुछ अपहरण कर ली गई और उनको घर के भीतर ही बन्द रहकर कैदी जैसा परतन्त्र जीवन व्यतीत करने को बाध्य किया गया । तभी से भारतीय समाज का वास्तविक पतन आरम्भ हुआ और तरह-तरह की हानिकारक रूढ़ियाँ और परम्परायें प्रचलित होने लगीं । उदाहरण के लिये प्राचीन समय में इस देश में पर्दे का कहीं नाम न था, पर मुसलमानों के अनुकरण से यहाँ के लोगों में भी यह प्रथा फैल गई और फिर देखा-देखी देश के सभी वर्गों में पर्दा-प्रथा प्रचलित हो गई । इसी प्रकार बाल-विवाह भी यहाँ कभी नहीं होता था, बड़ी आयु में सोच-समझकर विवाह करने की प्रणाली अधिकांशतः प्रचलित थी । हम प्राचीन ग्रन्थों में जिन स्वयंवरों के वर्णन पढ़ते हैं वे दस-बारह वर्ष की अवस्था में कभी सम्भव न थे । तभी रामायण में यह लिखा गया था कि सीता स्वयंवर के समय उसकी आयु अठारह वर्ष की थी ।

इस प्रकार स्पष्ट है कि हमारे समाज में प्रचलित अधिकांश सामाजिक कुरीतियाँ या तो संसर्ग से उत्पन्न हुई हैं या किसी सामाजिक परिस्थिति के कारण प्रचलित हो गई हैं । उनकी जड़ में कोई ऐसा धार्मिक सिद्धान्त या कारण नहीं है जिसके आधार पर उनमें सुधार करना या उनको त्याग देना "पाप" समझा जाये । सामाजिक प्रथायें सदा देश काल के अनुसार परिवर्तित होती रहती हैं, जो लोग या जातियाँ उनको शाश्वत या अमिट समझकर अपने को उनमें जकड़ लेते हैं वे स्वयं भी जड़ हो जाते हैं और उनकी प्रगति का क्रम रुक जाता है । भारतीय नारी की वर्तमान दशा इस तथ्य का एक जीता जागता प्रमाण है । जबसे वह बन्धनग्रस्त हो गई, उसे केवल पति की एक

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

"सम्पत्ति" या गृह-कार्य करने वाली "दासी" की तरह समझ लिया गया तब से भारतीय समाज में तरह-तरह के दोष बढ़ने लग गये और वह उन्नति के बजाय पतन की तरफ अग्रसर होने लग गया । क्योंकि सन्तान का पालन तथा उसके चरित्र का गठन अधिकांशतः माता के ऊपर ही निर्भर होता है । यदि माता ही अशिक्षित, कुसंस्काराच्छन्न और शक्तिहीन हुई तो सन्तान के सुयोग्य, सद्गुणी और शक्तिशाली होने की आशा कैसे की जा सकती है ? महात्मा गाँधी ने ठीक ही कहा है—

"स्त्री अबला नहीं है बल्कि वह अपनी शक्ति को पहचाने तो पुरुष से भी अधिक सबला है । वह माता के रूप में जिस प्रकार बालक को गढ़ती है और पत्नी होकर पति को जिस तरह चलाती है, बहुधा पुरुष वैसे ही बनते हैं । स्त्री वास्तव में साक्षात् त्याग की मूर्ति है । जब कोई स्त्री किसी काम में जी-जान से लग जाती है तो वह पहाड़ को भी हिला देती है ।"

वास्तव में भारतवर्ष का पतन तभी से आरम्भ हुआ जब से स्त्रियाँ अपनी शक्ति को पहचानना भूल गईं और अपने जीवन का उद्देश्य केवल चौका-चूल्हा और सन्तानोत्पादान ही समझने लगीं । जब कोई व्यक्ति या जाति किसी परिस्थिति में सैकड़ों वर्ष तक रह लेती है और उसकी अभ्यस्त हो जाती है, तो उसे वही स्वाभाविक और सुखकर जान पड़ने लगती है । यही दशा इस समय अधिकांशतः भारतीय स्त्रियों की हो गई है । उसने अपने को भगवान की तरफ से परतन्त्र, असहाय और अबला समझ लिया है और वह सोचती रहती है कि उसका कल्याण इसी में है कि वह घर के भीतर बैठी रहे और अपने हाव-भाव और सेवा से पति को प्रसन्न रखकर सुख-सामग्री प्राप्त करती रहे । यदि विचारपूर्वक देखा जाये तो यह स्थिति और मनोवृत्ति न तो सराहनीय है और न कल्याणकारी । स्त्री को भी अपने आपको समाज का एक उपयोगी अंग, एक कर्मठ सदस्य समझना चाहिये । उसे कोई भी कार्य केवल निजी स्वार्थ अथवा परिवार के लाभ की ही दृष्टि से ही नहीं करना चाहिये, वरन् इस बात का भी ध्यान रखना चाहिये कि वह समाज की दृष्टि से भी उपयोगी है या नहीं । जिस दिन वह इस तथ्य को हृदयंगम कर लेगी और संकीर्ण दायरे से निकल कर समस्त समाज के हित की दृष्टि से कार्य करने लगेगी, उसी दिन समाज की कायापलट होने में देर नहीं लगेगी, क्योंकि स्त्री में शक्ति का अभाव नहीं है, वरन् हमारे शास्त्रकारों ने तो उसे "शक्ति" का अवतार ही माना है । विदेशी विचारकों ने ऐसा ही बताया है । कार्लटन नामक विद्वान ने लिखा है—

"कौन-सी ऐसी ऊँचाई है जहाँ स्त्री चढ़ नहीं सकती ? कौन-सा ऐसा स्थान है जहाँ वह पहुँच नहीं सकती ? हजारों अपराध करो वह क्षमा कर देती है । जब किसी कार्य में जुट जाये तो संसार की कोई भी शक्ति उसे रोक नहीं सकती ।"

यदि हम रानी दुर्गावती के चरित्र पर ध्यान दें तो उक्त विद्वान् का कथन सर्वथा सत्य जान पड़ता है । उसने एक सामान्य स्त्री की स्थिति से अपने को इतना ऊँचा उठाया कि मुगल-साम्राज्य का गुणगान करने वाले इतिहास लेखकों ने भी उसके महत्त्व को स्वीकार किया । अकबर के मुख्यमन्त्री तथा उस युग के सर्वोच्च विद्वान एवं सुप्रसिद्ध ग्रन्थ "आइने अकबरी" के लेखक अबुल फजल ने लिखा है—

"दुर्गावती में अदम्य उत्साह था, उसकी कार्यक्षमता की बराबरी आसानी से नहीं हो सकती । वह अपने राज्य और प्रजा की रक्षा में सदैव तत्पर रहा करती थी । उसका निशाना कभी नहीं चूकता था, उसकी आदत थी कि जब कहीं कोई शेर दिखाई पड़े तो उसे मारे बिना वह जल तक ग्रहण नहीं करती थी । वह दूरदर्शिता तथा सूझ-बूझ में अच्छे-अच्छे राजनीतिज्ञों को भी मात करती थी ।"

एक भारतीय नारी के लिये जिसने अकबर के विरुद्ध शस्त्र ग्रहण किया और मुगल सेना को दो बार हराया हो, अकबर के सच्चे सहयोगी और हितचिन्तक अबुल फजल की यह स्वीकारोक्ति साधारण नहीं है । इससे हम विश्वास कर सकते हैं कि रानी दुर्गावती निःसन्देह उस जमाने के वीरों में अग्रगण्य और नारी जाति का मुख उज्ज्वल करने वाली महिला थी । उसने यह सिद्ध कर दिया कि पुरुषों की तुलना में स्त्रियों पर हीनता का जो आक्षेप किया जाता है वह निराधार ही है । स्त्रियाँ भी, अगर उनको उचित अवसर और धन प्राप्त हो, तो प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर सकती हैं । समाज और उसके संचालनकर्त्ताओं का कर्त्तव्य यही है कि स्त्रियों के प्रगति-पथ में लगे प्रतिबन्धों को दूर कर दें और जन-समुदाय को ऐसी शिक्षा दें, जिससे वे समाज सेवा के विविध कार्यों में स्त्रियों के प्रविष्ट होने का विरोध करना छोड़ दें । वर्तमान युग, समता का युग है—जब मजदूर पूँजीपतियों के बराबर अधिकार चाहते हैं तो कोई कारण नहीं कि स्त्रियों को केवल लिंग भेद के आधार पर उच्च और समाजोपयोगी विविध कार्यों से वंचित रखा जाये ।

यद्यपि रानी दुर्गावती ने जिस क्षेत्र में अपनी विशेषता प्रकट की थी, सशस्त्र संग्राम में बड़े-बड़े पुरुष सेनापतियों को शस्त्र-संचालन में जिस प्रकार हतप्रभ किया था, अब

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

उसका युग समाप्त हो गया है । अगर हम ऐतिहासिक दृष्टि से विचार करें तो झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई इस क्षेत्र में अन्तिम महिला थीं । अब नारियाँ तो क्या पुरुष सेनापति भी आमने-सामने के युद्ध में ऐसी वीरता नहीं दिखाते हैं । वे अपने कार्यालय में बैठकर ही बड़े-बड़े युद्धों का संचालन करते हैं । अपितु महान कार्यों के लिये नैतिक साहस, धैर्य और आत्म-त्याग आदि गुणों की अब भी वैसी ही आवश्यकता है, और हम कह सकते हैं कि यदि उपयुक्त वातावरण मिले तो भारतीय नारियाँ अब भी वैसे ही कार्य करके दिखा सकती हैं जैसे महारानी दुर्गावती, अहिल्याबाई और लक्ष्मीबाई ने किये थे । फिर यह भी नहीं समझ लेना चाहिये कि गत चार-पाँच सौ वर्ष के भीतर ये तीन नारियाँ ही पराक्रमी और देशभक्त हुई थीं । इतिहास में नील देवी, कर्माबाई, वीराबाई, कलावती, रानी भवानी आदि और भी अनेक वीर क्षत्राणियों का वर्णन मिलता है जिन्होंने घोर संग्राम करके शत्रुओं को पराजित किया था तथा और भी राजघरानों में अनेक वीरांगनायें इनकी समता करने वाली मिल सकती थीं, पर पर्दा-प्रथा और स्त्रियों का कार्यक्षेत्र घर के भीतर ही मान लेने की मनोवृत्ति ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया । सन्तोष की बात है कि अब समाज ने अपनी इस भूल को समझ लिया है और स्त्रियों को पुरुषों के समान सब प्रकार के अधिकार देने को सिद्धान्त रूप से स्वीकार कर लिया है । इस सम्बन्ध में एक प्रसिद्ध भारतीय विद्वान् ने कुछ समय पूर्व लिखा था—

"यह बात निर्विवाद सत्य है कि स्त्रियों को कानून द्वारा किसी भी धन्धे को करने से रोकना अनुचित है । उनको वे सभी अवसर मिलने चाहिये, जिससे वे राष्ट्र के बड़े से बड़े पद तक पहुँच सकें, परन्तु नारी के लिये यह कभी उचित न समझा जायेगा कि वे अपनी संख्या के अनुपातानुसार पुरुषों के समान नौकरियाँ माँगने लगें । मैं तो यह भविष्यवाणी कर सकता हूँ कि ऐसी परिस्थिति कभी उपस्थित हो ही नहीं सकती, चाहे स्त्रियों को कितने ही अधिकार क्यों न मिल जायें । उनमें से अधिकांश सदा यही मानेंगी कि 'घर' का बनना या बिगड़ना उन्हीं पर आधारित है और बिना घर के स्त्रियों और पुरुषों के जीवन की कृतकार्यता असम्भव है, पर जिन स्त्रियों के लिये घर बना सकना या घर पर रह सकना कठिन हो वे अवश्य नौकरी या कोई अन्य पेशा करेंगी और प्रत्येक सभ्य जाति का कर्त्तव्य है कि उनको वे सब अवसर दिये जायें जिससे वे ऊँचे से ऊँचे सम्मानयुक्त पदों तक पहुँच सकें ।"

संतोष की बात है कि जो विचार बहुत वर्ष पूर्व प्रकट किया गया था, आज कार्यरूप में परिणित हो रहा है । आज भारतीय स्त्री-स्वाधीनता की दृष्टि से किसी अन्य देश से पीछे नहीं और यहाँ की नारियाँ ऊँचे से ऊँचे पदों के उत्तराधिकार के दायित्व का योग्यतापूर्वक निर्वाह करके महारानी दुर्गावती तथा अहिल्याबाई जैसी महान देवियों का उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं ।

उदारता और महानता की प्रतिमूर्ति महारानी अहिल्याबाई

उज्ज्वल मन और उन्नत आत्माओं की चमक मनुष्य के व्यक्तित्व में अवश्य परिलक्षित होती है, जिसको बुद्धिमान व्यक्ति एक झलक में ही परख लेते हैं । इसीलिये मुख को अन्तर का दर्पण कहा गया है ।

इसी प्रकार के अपने आलोकित व्यक्तित्व और गुण गरिमा के कारण अहिल्याबाई एक दिन इन्दौर की महारानी बनीं किन्तु, महारानी बनकर भी अहिल्याबाई ने सेवा, सौम्यता, सरलता और सादगी की अपनी विशेषताओं का परित्याग नहीं किया । स्थिति अथवा अवस्था के बदल जाने पर जो व्यक्ति अपनी उन्नति के मूल आधारों का त्याग कर देता है, अन्ततः उसे पतन के गर्त में गिरना होता है अतएव, बुद्धिमान व्यक्ति अपने उन मूल कर्त्तव्यों को प्रतिकूल परिस्थितियों में भी नहीं छोड़ते हैं और बड़े से बड़ा मूल्य चुका कर, दृढ़ता, धैर्य और साहस के साथ उनकी रक्षा करते हैं ।

अहिल्याबाई का जन्म सन् १७३५ में महाराष्ट्र के पाथडरी नामक एक छोटे से गाँव में हुआ था । उनके पिता का नाम मनकोजी सिंधिया था । मनकोजी एक सामान्य गरीब आदमी थे, थोड़ी-सी भूमि, दो बैल और एक हल के बल पर उनकी नौका एक तरह से सूखे में चली आ रही थी । मनकोजी सच्चाई के साथ पूरा परिश्रम करते थे । जो कुछ पैदा हो जाता था उसी में सन्तोषपूर्वक अपनी गुजर-बसर चलाते हुए प्रसन्न रहा करते थे, नित्य प्रति भगवान की पूजा-अर्चना करना उनके जीवन का एक अंग

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

था । इसी उपासना की दिनचर्या ने उनको और उनके परिवार को संसार के सारे विकारों और माया-मोहों से बचाये रखा । घोर गरीबी में उनकी पवित्र जीवनधारा प्रसन्नतापूर्वक बही चली जा रही थी, उन्हें न तो कभी अभाव सताता था और न वे कभी लोभ से प्रभावित होते थे । उनके इसी शारीरिक तथा मानसिक तप के फलस्वरूप उनकी एकमात्र सन्तान अहिल्याबाई परमात्मा के कृपा-प्रसाद के समान सिद्ध हुई ।

अहिल्याबाई न तो अपूर्व सुन्दरी थी और न आकर्षक कलावती । वह एक सीधी, सरल और भोली-सी ग्रामीण कन्या थी । स्वभाव की नैसर्गिक सरलता तो उसे अपनी उस सन्तोषवृत्ति से मिली थी, जिसका विकास कर लेने से बाहरी परिस्थितियों में गरीब होते हुए भी मनुष्य अन्दर से बड़ा ही सम्पन्न और परिपूर्ण बना रहता है । अभाव तथा आवश्यकतायें अधिकांशतः मनुष्य की चपल वृत्तियों की उपज होती हैं, लोभ जिनमें उर्वरक का काम करके उन्हें विस्तृत ही नहीं कण्टकित भी बना देता है । ऐसे चपलवृत्ति के लोग अकारण ही अपने को निर्धन, अभावग्रस्त अनुभव किया करते हैं, वे जब भी किसी को नूतन प्राप्ति में देखते हैं, उनका हृदय तड़प कर कह उठता है—हाय, ये वस्तुयें हमारे पास नहीं हैं । यह व्यक्ति हमसे अधिक सम्पन्न तथा सुखी है । इतना ही क्यों बहुत बार तो वे अपनी उपलब्धियों को भी न्यूनता की दृष्टि से देखते हुए अपने को हठात् निर्धन तथा अभावग्रस्त अनुभव करते रहते हैं । ऐसे लोलुप तथा लिप्सालु व्यक्ति की स्थायी आवश्यकतायें तो कम नहीं ही होती हैं साथ ही उन्हें नित्य नई, कृत्रिम तथा अनावश्यक आवश्यकतायें घेरे रहती हैं । वह सदैव दुःखी तथा विपन्न ही बना रहता है, न तो उसे जीवन का आनन्द मिलता है और न प्राप्तियों का सुख ।

इसके विपरीत अपनी वृत्तियों में सन्तोष को समाहित कर लेने वाले स्थिर व्यक्ति की आवश्यकतायें प्राकृतिक सीमा तक ही प्रतिबन्धित रहती हैं, जिसके फलस्वरूप न तो उसे अभाव सताता है और न लिप्सा अथवा दयनीयता का दुर्भाव ही उसे आक्रान्त कर पाता है । आवश्यकताओं की कमी स्वयं ही अपने में एक सम्पन्नता है, एक ऐसी सम्पन्नता जिसका पोषण करने के लिये धन की आवश्यकता पड़ती है और न पदार्थों की ।

भोलापन उसकी आत्मा की वह शान्ति थी जो अधिक संसार लोलुप न होने से आप ही मिल जाती है । इस प्रकार आत्मा और मन के पवित्र होने से अहिल्याबाई का मन भगवान के पूजन में बहुत लगता था । वह नित्यप्रति नियम से शिवजी के मन्दिर में पूजा करने जाती थी । कोई भी बाधा, कोई भी कठिनाई और कोई भी परिस्थिति अहिल्या को उसके इस व्रत से विरत न कर पाती थी । मूसलाधार वर्षा के समय भी वह एक स्वस्थ बल्लरी की भाँति भीगती हुई अपने पथ पर चली जाती थी और शीतकाल में हिम-पात भी उसे अपने नियम से विचलित न कर पाता था । वह स्वयं ही दृढ़निष्ठा की प्रतिमूर्ति के समान अकम्पित गति से अपने नियम-निर्वाह की प्रसन्नता प्राप्त करती रहती थी । अहिल्याबाई की वह छोटी-सी पूजा ही उसकी संलग्नता, अखण्डता और ऐकान्तिकता से एक विशाल तपस्या के रूप में विकसित हो गई थी, जिसकी पूर्णता ने उसमें एक ऐसे तेज की स्थापना कर दी कि वह सामान्य-सी ग्रामीण कन्या देवी-सी प्रतीत होने लगी थी । लोग उसे आदर और भक्ति-भाव से देखने लगे थे ।

अहिल्याबाई की यह अटूट निष्ठा देखकर अनेक बार उसकी सहेलियाँ पूछा करती थीं—"अहिल्या ! तुम भोले बाबा की बड़ी सेवा करती हो । उनसे कौन-सा वरदान माँगना चाहती हो ।"

"मैं तो कोई भी दान-वरदान नहीं चाहती, यों ही जल-फूल चढ़ाकर चली आती हूँ ।" अहिल्या उत्तर देती ।

'कुछ माँगा जरूर करो'—सहेलियाँ कहतीं और उत्तर पातीं—"जब मुझे किसी वस्तु की आवश्यकता ही नहीं है तब माँगू क्या ?"

और वास्तव में उस सरलता एवं सन्तोष की प्रतिमा को कुछ चाहिये भी न था । सन्तोष जिसका धन हो और पवित्रता जिसका सम्बल, उस भाग्यवान् को फिर आवश्यकता भी क्या रह जाती है ? उसकी सम्पूर्ण याचकता, अकिंचनता और अधिकता आराध्य की अमोघ भक्ति से स्थानापन्न होकर सदा के लिये पन्तुष्ट हो जाती है और वह एक आलोकित आत्मा के साथ आनन्द से उस आध्यात्मिक अंश का आस्वादन किया करता है जो आलोक-परलोक सभी प्रकार के सुखों का आदि स्रोत होता है ।

किन्तु भक्त की निष्कामना भगवान में कामना बनकर गूँजने लगी । भगवान की इच्छा हुई कि अहिल्या रानी बने, फिर क्या था योग जुड़ गया । नहीं तो, कहाँ एक गाँव की किसी झोंपड़ी में पलने वाली अहिल्या और कहाँ इन्दौर की गद्दी । परमात्मा न तो अपने हाथ से किसी को कुछ देता है और न छीनता है । वह इन दोनों के लिये मनुष्यों की आन्तरिक प्रेरणा द्वारा परिस्थितियाँ उत्पन्न करा देता है, आप तटस्थ भाव से मनुष्यों का उत्थान-पतन देखा करता है ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

इन्दौर के महाराज मल्हार राव होल्कर, पूना आते समय मार्ग में पाथरी गाँव के उसी शिवालय के पास ठहरे जिसमें अहिल्या नित्य पूजन करने आती थी ।

प्रभात हुआ, पक्षियों के कलरव में कर्त्तव्यों की प्रेरणा मुखर हो उठी । ऊषादेवी ने प्राची दिशा में नई आशाओं और नूतन उत्साह का प्रतीक अपना केसरिया अंचल विस्तार किया, प्रातःकाल की पवित्र वायु ने प्राणों में नवस्फूर्ति का संचार किया, तालाबों में कमल और लताओं में फूल पुरुषार्थियों के भाग्य के समान खिल उठे, चारों ओर का वातावरण स्वास्थ्यपूर्ण सात्त्विकता से ओत-प्रोत हो उठा । मनुष्य जागे और उस देव-मुहूर्त में अपने नित्य-नैमित्तिकों में लग गये । निशाचर और असुर-वृत्ति के जीवों के पलक झँपने लगे और वे निभृत अंधकारों में आलसी के प्रारब्ध की भाँति जाकर सो गये ।

देवदूतों की प्रभात-फेरी के समान अहिल्या पूजा करने आई । मन्दिर के चारों ओर बड़ी चहल-पहल थी । हाथी, घोड़े, रथ और आदमियों की भीड़ ही भीड़ थी किन्तु, अहिल्या बिना किसी ओर देखे सत्पुरुषों के विचार की भाँति अपने लक्ष्य मूर्ति-मन्दिर की ओर, उपराम भाव से चलती गई । लोग मौन होते और मार्ग छोड़ते गये । कन्या ने नित्य की भाँति एकाग्र मन से यथावत पूजन किया और उसी अलिप्त भाव से वापस चली गई । उस पर न तो उस भीड़-भाड़ का ही कोई प्रभाव पड़ा और न वह दुचित्ती हुई, न उसके मन में किसी प्रकार के भय अथवा संकोच का भाव आया । वह निर्विकार भाव से आई और निर्विघ्न भाव से वैसे ही चली गई जैसे निष्काम-कर्मयोगी संसार में अपना कर्त्तव्यपालन कर प्रस्थित हो जाते हैं । अहिल्या अपनी गति में इतनी एकाग्र आई-गई जैसे वहाँ कोई था ही नहीं, सब ओर सन्नाटा और सूनापन था । उसको सबने आते-जाते देखा किन्तु, उसने जैसे किसी को नहीं देखा । यह उसकी मानसिक पूर्णता का लक्षण था जो आत्मस्थ एवं अचंचल व्यक्तियों में सहज ही सिद्ध हो जाता है ।

महाराज मल्हार राव ने भी देखा किन्तु, उनका देखना विचार क्रिया में बदल गया । वे सोचने लगे, क्या संसार में ऐसा भी सम्भव है कि महाराजा का वैभवपूर्ण शिविर लगा हो, चारों ओर घोड़े हिनहिना रहे हों, हाथी झूम रहे हों और कोई एक, वह भी साधारण-सी ग्रामीण लड़की आये और बिना किसी प्रभाव के इतने तटस्थ भाव से चली जाये, मानो वहाँ राजा तो राजा एक छोटा-सा प्राणी भी न हो । जबकि अच्छे से अच्छे स्थैर्यवान् राजवैभव को भय और विस्मय के भाव से देखने पर विवश होते हैं और कुछ नहीं तो कम से कम राजैश्वर्य असामान्य एवं अस्वाभाविक विशेषता के कारण कौतूहल का विषय तो होता ही है । महाराज होल्कर के हृदय में अहिल्या की यह तटस्थता, तन्मयता एवं निर्भयता श्रद्धा बनकर बैठ गई । वे बेचैन हो उठे ।

यह राजत्त्व पर सात्त्विकता की विजय थी । स्वत्व पर सन्तोष और अभीप्सा पर निस्पृहता की श्रेष्ठता थी । महाराज मल्हार राव का बेचैन होना स्वाभाविक ही था, जिस राज-वैभव को उन्होंने और उनके पूर्वजों ने नीति और शस्त्र दोनों के समन्वित प्रयत्न से संचय किया था और जिसके आधार पर वे एक महत्त्वपूर्ण स्थान पर प्रतिष्ठित थे उसका अवमूल्यन हो गया था । आज की घटना से हृदय की विशालता, गम्भीरता और आत्म-गौरव की महानता में उनका विश्वास और भी बढ़ गया था और वास्तविक वैभव मनुष्य के अन्तस् में निवास करता है, यह नूतन अनुभव भी उनके जीवन-चिन्तन में जुड़ गया था । निःसन्देह सात्त्विक भाव ही वह उपलब्धि है जो बिना किसी बाह्याडम्बर के मनुष्य को चिरसम्पन्न बनाये रखती है ।

महाराज मल्हार राव ने अपनी अशान्ति का चिरस्थायी हल निकाल लिया । किसी की महानता से होने वाली संतप्त प्रतिक्रिया के समाधान का इससे सुन्दर और कल्याणपूर्ण उपाय हो ही नहीं सकता कि उसकी महानता स्वीकार की जाये और उसे अपना बनाया या स्वयं उसका बन जाया जाये । इस प्रकार किसी की महानता का अनुबन्धन अपने से भी हो जाता है । आत्मभाव की स्थापना से किसी की वह महानता जो हीनतापूर्ण प्रतिक्रिया का कारण हो सकती है, सम्बन्धाभिमान का हेतु बनकर सन्तोषदायक हो जाती है, अहंकार की पीड़ा के स्थान पर गौरव-गरिमा का अनुभव होने लगता है । इसी आध्यात्मिक लाभ के कारण ही तो 'आत्मवत् सर्वभूतेषु' का शास्त्रों में प्रतिपादन किया गया है ।

महाराज मल्हार राव ने पता लगवाया और अहिल्या के पिता को बुलवा कर कहा—"सिंधिया ! मैं आपकी सुलक्षणा बेटी को अपनी पुत्र-वधू बनाना चाहता हूँ । आशा है आप मुझे निराश न करेंगे ।"

महाराज इन्दौर का इतना कह देना भी अधिक से अधिक था और यह एक सामान्य व्यक्ति पर महती कृपा थी तथापि गुणवती अहिल्या का मूल्य उनकी दृष्टि में इतना हो गया था कि एक बार शंका हुई कि कहीं मनकोजी इन्कार न कर दें । इसे ही तो कहते हैं—गुणज्ञता एवं गुणग्राहकता जो किसी निरस्तेय गुणज के लिये ही सम्भव है । महाराज मल्हार राव एक ऐसे ही उदार गुणज्ञ थे । उन्होंने दोहराया—"क्यों सिंधिया ! क्या मेरा प्रस्ताव····।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

महाराज का वाक्य पूरा भी न हो पाया था कि मनकोजी सहसा कह उठे—"नहीं ! नहीं ! महाराज ।"

मनकोजी आपे में ही न थे, महाराज की बात सुनकर उन्हें तारे दीखने लगे थे । सहसा कानों पर विश्वास ही न हुआ था, उनकी छोटी-सी जीवन परिधि में इतना बड़ा आलोक-पुंज अप्रत्याशित रूप से चमक उठा था कि वे चकाचौंध होकर इस प्रकार विस्मय विमूढ़ हो गये थे जिस प्रकार कोई असिद्ध साधक अकस्मात ही परमात्म-तेज पाकर आत्म-विभोर होकर समझ नहीं पाता कि यह क्या हो गया है ? तभी तो वे महाराज के प्रस्ताव का सहसा उत्तर न दे पाये थे । महाराज ने उन्हें आश्वस्त किया और वे ईश्वरीय अनुग्रह से प्रकृतिस्थ तथापि आनन्द-विह्वल सिद्ध के समान वापस चल दिये ।

मनकोजी भागे-भागे घर आये और उन्होंने सौ सपूतों से भी अधिक मूल्यवती अपनी बेटी को करुणाग्र गौरव से देखा । अहिल्या उस समय गौ का गोबर उठाकर हाथ धोने जा रही थी । पिता ने उसके दोनों हाथ पकड़कर खुद धुलाते हुए गद्‌गद् कण्ठ से कहा—"बेटा ! अब तेरे यह हाथ गोबर में कभी न सनेंगे । अब यह इन्दौर की राज-सत्ता में सहायक होंगे । अहिल्या को तो अपने पिता का यह क्रिया-कथन ही नहीं समझ में आया, उसकी माता भी विस्मय के साथ यह कहती हुई आ गई कि आज आप यह क्या कर रहे हैं और क्या कह रहे हैं ?

हाँ, ठीक कह रहा हूँ । इन्दौर के महाराज मल्हार राव होल्कर ने अहिल्या को अपनी पुत्र-वधू बनाने के लिये आज ही सबेरे तो मुझसे माँग लिया है, इसी याचना के लिये ही तो उन्होंने मुझे बुलाया था । अहिल्या सुनते ही कोठरी में भाग गई और वे दोनों उसे ऐसे देखते रहे मानो वे अहिल्या के माता-पिता होने योग्य न थे ।

माता-पिता बेटी की विदाई के विषय में कुछ बात करने ही वाले थे कि तब तक बाहर से आवाज आई, "मनकोजी ! कन्या को अभी जैसी बैठी हो भेज दीजिये, महाराज ने पड़ाव उठा दिया है ।" मनकोजी ने बाहर आकर देखा—चाँदी के डण्डों और जरीदार मखमली उहार की पालकी द्वार पर रखी हुई थी, महाराज का प्रधान-प्रबन्धक खड़ा प्रतीक्षा कर रहा था । साथ में अनेक दूत और सिपाही भी थे ।

अहिल्या के पास कोई और वस्त्र थे ही नहीं, बदलाये भी क्या जाते ? उसी सफेद मोटे गाढ़े की धोती में, जोकि वह पहने हुए थी, पालकी में आदर और आर्द्रतापूर्ण वातावरण में बिठा दी गई । सिसकती हुई अहिल्या को लेकर पालकी ऐसे चल दी जैसे अनासक्त कर्मयोगी की साधना उसके उत्सर्ग पुण्यों को पावन दिशा में ले जाती है और भारी हृदय से घर आकर मनकोजी ने अपने को ऐसा हल्का अनुभव किया कि मानो वे जीवन-मुक्त हो गये हों ।

अरे ! मनुष्य में देवत्व के प्रतिनिधियों ! अभ्युदय के प्रत्यूष-पर्व के समान सौभाग्य के प्रतीको ! सात्विकता की सन्तान सद्‌गुणो ! तुम्हारी जय हो ! तुम्हें अपनाकर जमीन का एक जर्रा भी आकाश का चाँद बन जाता है तब अहिल्या तो एक कन्या थी, पवित्र मानवी थी ।

महाराज होल्कर इन्दौर लौट चले । अहिल्या के आगे-आगे अपनी सवारी में वे इतने प्रसन्न, पुलकित एवं उत्साहपूर्वक जा रहे थे मानो दिग्विजय करके लौटे हों । राजधानी पहुँचकर मल्हार राव ने अहिल्या का विवाह अपने पुत्र खाण्डेराव के साथ कर दिया ।

अब अहिल्या इन्दौर की युवरानी बन गई थी । यद्यपि वह न तो राजपुत्री थी और न राज-घरानों से उसका कोई सम्पर्क ही रहा था । तथापि उसे राज-वधुत्व के निर्वाह में कोई कठिनाई नहीं हुई । उसके पास, शील, शालीनता, अनुशासन, विनम्रता, गम्भीरता और धीरता, आज्ञापालक के ऐसे मूल गुण थे, जिनके आधार पर किसी भी समाज और किसी भी स्थिति में सफलतापूर्वक व्यवहार किया जा सकता है ।

एक छोटी स्थिति से इतनी बड़ी पदवी पर आ जाने पर भी अहिल्या के हृदय में किसी प्रकार के अभिमान का अनुभव नहीं हुआ । उसने अभिमान के स्थान पर उत्तरदायित्व का ही अधिक अनुभव किया । ऐश्वर्यपूर्ण राजमहल की परिस्थितियों में पहुँचकर भी उसकी सादगी तथा सरलता में कोई अन्तर न आया । बल्कि उसके आगमन से राजमहल के वातावरण में ही सात्त्विकता का समावेश हो गया ।

युवरानी हो जाने पर भी स्थैर्यवती अहिल्या ने सादे वस्त्र, साधारण भोजन और सरल व्यवहार का परित्याग नहीं किया था । मनुष्य को अपनी उन्नति के आधारों का पता रहता है और जिनको पता नहीं रहता उनकी उन्नति एक योजनाबद्ध कार्यक्रम के अनुगत नहीं होती । वह एक आकस्मिकता, संयोग अथवा घटना मात्र होती है । ऐसी अनजान उन्नति पर मनुष्य का कोई नियन्त्रण नहीं रहता और वह जिस प्रकार संयोग के समान आती है वैसे ही घटना के समान बीत जाती है ।

इसका कारण यह होता है कि आयोजक व्यक्ति को अपनी उन्नति के कारणों तथा आधारों का ज्ञान नहीं रहता, अस्तु वह अपनी अस्त-व्यस्तता में उनकी रक्षा नहीं कर पाता । आधार उखड़ जाने से उसकी उन्नति का भवन

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

टूटकर गिर पड़ता है । इसके विपरीत जो कर्मयोगी अपने जीवन का विकास क्रमबद्ध योजना के अनुसार किया करते हैं उन्हें अपनी सफलता के कारण आधार ज्ञात रहते हैं और वे हर मूल्य पर उनकी रक्षा करके अपनी सफलता तथा उन्नति को स्थायी बना लेते हैं । इसी को बुद्धिमत्तापूर्ण जीवन-यापन कहते हैं ।

यद्यपि अहिल्या ने किसी अलभ्य जीवनोन्नति के लिये उसके आधार पर अपने सात्त्विक गुणों का आराधन नहीं किया था, यह उसके सहज स्वभाव के ही अंग थे तथापि, जब उसे न चाहते हुए भी अप्रत्याशित रूप से उन गुणों का पुरस्कार मिल ही गया तो अवश्य ही उसने उस पर विचार किया और समझ लिया कि यह सब सम्मान उसका नहीं उसके उन गुणों का है, जिन्हें वह अपने निश्छल तथा निर्लिप्त पद्धति के परिणाम स्वरूप निसर्ग क्रम से पा सकी थी, निदानस्वरूप वह अपनी उन्नति के उन आधारों के प्रति अधिकाधिक निष्ठावती हो गई और सावधानीपूर्वक उनकी रक्षा करने लगी । सावधानी अब उसके लिये अपेक्षित भी थी । एक तो वह अपने उस ग्रामीण जीवन से ठीक विपरीत परिस्थितियों तथा वातावरण में आ गई थी, जहाँ पूर्व जीवन में प्राप्त वातावरण उसके सात्त्विक तथा सरल गुणों का सहायक तथा सहयोगी था, वह वर्तमान स्थिति उसकी विरोधी न सही परीक्षक अवश्य थी । साथ ही अब वह अल्हड़ और निरपेक्ष जीवन क्रम से ऐसे महत्त्वपूर्ण स्थान पर आ गई थी, जिस पर रहकर मनुष्य का प्रत्येक कार्य एक अर्थ, एक प्रभाव और एक दूरगामी परिणाम रखता है । अतएव ऐसी अर्थ-द्योतक स्थिति में उदात्त उत्तरदायित्व ही सम्बल होता है जिसके निरीक्षण में ही हर कदम प्रमाणिक तथा निरापद रूप से उठा सकना सहज एवं सम्भव होता है । अहिल्या ने वह उत्तरदायित्व धारण किया और अपने उच्च आचरण के कारण किसी को यह अवसर न दिया कि कोई उसके वर्तमान को लेकर उसके पूर्व जीवन की ओर संकेत कर सकता । गुणवती अहिल्या को अपने ग्रामत्व के साथ राजत्व का सामंजस्य कर लेते देर न लगी । जो धैर्यवान अपने तथा अपनी प्रवृत्तियों पर नियन्त्रण कर सकने के अभ्यासी होते हैं वे किसी भी स्थिति में सन्तुलन बनाये रखने में सफल रहा करते हैं । उसने अपने आदि गुणों को छोड़ना तो क्या, प्रस्तुत परिवर्तन से और भी नूतन तथा महान बना लिया ।

अहिल्या के सारल्य में उसके सेवा भाव ने और भी चमत्कार पैदा कर दिया । उसने पति, सास, ससुर तथा अन्य गुरुजनों की सेवा इस एकाग्र मन से की कि वह सबकी प्राणप्यारी बन गई । उन्हें ऐसा अनुभव होने लगा कि यदि अहिल्या उनके जीवन में न आई होती तो कदाचित वे उस सुख, उस शान्ति और उस सन्तोष से अपरिचित रह जाते जो सत्संतानों से मिला करता है । अहिल्या की सेवा से द्रवित उस राजकुल का स्वाभाविक शासन का कठोर भाव बहुत कुछ विनम्र हो गया, जिसकी शीतलता उनके लिये एक नया अनुभव था । उन्होंने अपनी आत्मा में इस सत्य को स्वीकार कर लिया कि शासनजन्य अहंकार की अपेक्षा स्नेहजन्य शालीनता में अधिक सुख और गौरव है । अहिल्या ने कनिष्कों को इतना स्नेह और सेवकों को इतनी करुणा प्रदान की कि वे सब उसकी रक्षा के लिये अधिक सजग तथा अनुशासित हो गये । स्वामियों की सौम्यता और सेवकों की अनुशासनवृद्धि से राजमहल में जिस सन्तुलन का समावेश हुआ उसके कारण अब भय का नहीं मानवता का शासन स्थापित हो गया । राजमहल का आतंकपूर्ण तनाव शिथिल हो गया और सभी अपने-अपने स्थान पर एक स्वाभाविक सरलता का अनुभव करने लगे । एक दीपक के जल उठने से कक्ष की सारी वस्तुयें अपने सहज अस्तित्व में आ जाती हैं । एक अहिल्या के आगमन से यदि राजमहल के कृत्रिम जीवन में स्वाभाविकता का समावेश हो गया तो कोई आश्चर्य की बात नहीं । एक सत्य संसार को प्रभावित कर लेता है और एक मनुष्य समाज को बदल डालता है । सात्त्विकता से सुशोभित गुणों में ऐसी ही अपरिचित शक्ति तथा सुन्दरता होती है ।

इतना सब होने पर भी अहिल्या अपने पूर्व जीवन को कभी न भूलती थी । उसे अपनी उस गरीबी के प्रति बड़ी करुणा और ममता थी । उसकी इस विगत स्मृति ने उसमें गरीबों तथा अभावग्रस्त लोगों के प्रति न केवल दया ही बल्कि आदर भावना को भी विकसित कर दिया । उसे संसार के सारे गरीब अपने बन्धु जैसे अनुभव होते थे और वह यथासाध्य उनकी सहायता करती रहती थी । दया और दान-शीलता के गुण उसके पहले गुणों में जुड़कर स्थिर हो गये । पूजा का वह क्रम जो उसके जीवन का एक अंग बना हुआ था आज भी चल रहा था । आज की सम्पन्न स्थिति में भी उसने भगवान की पूजा के उपकरणों में वही फूल और जल ही रखे थे । उसने उनमें पकवान, मिष्ठान अथवा अन्य धन द्योतक वस्तुओं को शामिल नहीं किया था । अब वह अपनी प्रार्थना में इतना अवश्य कहने लगी थी कि "हे भगवान ! मैं आपकी वही अहिल्या हूँ, इस परिवर्तित स्थिति से उसे बदली हुई कोई दूसरी अहिल्या न समझें; और वह शक्ति देते रहें जिससे वह आजीवन वही सेविका बनी रहे जो अपने विगत जीवन में थी । इस धन, इस वैभव और इस सम्पदा का समुचित उपयोग तो कर सकूँ किन्तु, यह सब माया मुझमें भोगवृत्ति का दोष उत्पन्न न कर सके । आपने जो कुछ दिया, उसे आपका ही समझती

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

रहूँ और आपके ही मार्ग में उसका उपयोग करती रहूँ । अहंकार, दम्भ और वासनाओं के अभिशाप से बचाये रहें । मुझको ऐसी बुद्धि, ऐसा विवेक और ऐसी स्मृति दें कि मैं मानवता के सुन्दर गुणों से विरत न हो सकूँ ।"

अहिल्या ने अपने पूजा उपकरणों में वैभव का समावेश नहीं किया क्योंकि वह जानती थी कि ऐसा करने से उसके दोष से हृदय में अहंकार, सम्पन्नता तथा धनाढ्यता का भाव जाग सकता है । अधनता से प्रभावित भक्ति भाव में जो निर्वेद और जो आध्यात्मिक दैन्य रहा करता है जो कि परमात्मा की करुणा का सम्पादन करता है, न रहेगा । उसकी पूजा नीरस तथा भावनाहीन होकर निष्प्रभता के कारण हल्की हो जायेगी । धन से देवता की पूजा करने के बजाय वह उसको परमार्थ पथ में व्यय करने को अधिक उपयुक्त मानती थी । अहिल्या अपनी इस मान्यता को कार्यान्वित भी करती थी । अहिल्या को अपनी व्यक्तिगत वृत्ति राजकोष से मिलती थी, वह उसका बहुत बड़ा अंश तो परमार्थ एवं परोपकार में खर्च करती थी । वह भोजन करने से पहले कई भूखों को भोजन देती थी, नंगों को वस्त्र और आवश्यकताग्रस्त पात्रों को धन भी दिया करती थी । अनेक विधवाओं को सहायता और छात्रों को वृत्ति दिया करती थी । अहिल्या के इन सत्कर्मों ने उसको न केवल अधिकाधिक तेजवती ही बना दिया था बल्कि जनता में भी बड़ी ही श्रद्धा तथा लोकप्रियता का पात्र भी बना दिया था ।

परिस्थितियों के कारण अहिल्या को विद्याध्ययन का अवसर न मिल सका था । उसकी यह इच्छा मन में ही रह गई थी, पर ज्योंही उसकी परिस्थितियाँ उसके अनुकूल हुईं उसने अध्ययन का कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिया । इस प्रगति में उसे बहुत कुछ सहायता अपने पति खाण्डेराव से मिली तथापि, वह सहायता पर्याप्त नहीं थी, राज-काज के कारण बहुत बार खाण्डेराव कई-कई दिन तक अहिल्या को कुछ पढ़ा न पाते थे । अहिल्या ने अपनी यह इच्छा अपने ससुर पर प्रकट की, कहना था कि, तत्काल अहिल्या की पढ़ाई का प्रबन्ध कर दिया गया ।

जो वृद्ध महाशय अहिल्या को पढ़ाने आते थे, अहिल्या उनके प्रति बड़ा आदर का भाव रखती थी । एक छात्र के अनुशासन और विनम्रता के गुणों का वह पालन पूरी तरह करती थी । वह अपने गुरु के सम्मुख युवराज्ञी के रूप में कभी न आती थी । गुरु के सम्मुख उसका आगमन एक सुशील छात्रा तथा शिष्या के रूप में ही होता था । उसकी इस शिष्टता ने गुरु की सारी सद्भावनायें प्राप्त कर लीं, विद्यार्थी का अध्यवसाय और गुरु की सद्भावना जब दोनों ही अध्ययन काल में परस्पर जुड़ जाते हैं तब अध्ययनार्थी की प्रतिभा में सरस्वती का जागरण आप से आप होने लगता है । अहिल्या के साथ भी वैसा ही हुआ । उसे रोज का पाठ रोज ही याद होने लगा और इस प्रकार वह शीघ्र ही एक अच्छी विद्यावती बन गई । शिक्षा के प्रकाश ने अहिल्या के गुण-गौरव को और चमत्कृत कर दिया । अशिक्षा के एक दोष के कारण अहिल्या का जो गुणी जीवन अभी अपूर्ण-सा दीखता था वह जल्दी ही पूर्ण हो गया ।

सेवा, उत्तरदायित्व, कर्त्तव्यनिष्ठा और अब शिक्षा से प्रसन्न होकर मल्हार राव ने अहिल्याबाई को राजकाज की शिक्षा भी देनी शुरू कर दी । उन्हें पुत्र की अपेक्षा अपनी पुत्र-वधू के गुणों में अधिक विश्वास था, यह एक आदरपूर्ण उपलब्धि थी, एक गहरा सम्मान था तथापि, अहिल्या में इससे भी कोई मनोविकार न आया और यथावत् सौम्य, सरल तथा शालीन बनी रही ।

हल्के धरातल वाली स्त्रियाँ प्रायः पति से आगे बढ़ जाने पर दम्भी तथा निरंकुश हो जाया करती हैं और पति पर शासन करने का प्रयत्न किया करती हैं किन्तु अहिल्याबाई ऐसी हल्की अथवा उथली मनोभूमि वाली नारी न थी । उसमें भारतीय ललना का आदर्श कूट-कूट कर भरा हुआ था, वह दाम्पत्यजीवन में शासन भावना को पारस्परिक प्रेम के लिये अभिशाप समझती थी, वह जानती थी कि जो सुख, जो सन्तोष और जो शीतलता पारस्परिक प्रेम में होती है वह शासन अथवा अधिकार भावना में नहीं होती । वह शासन के मद पर दाम्पत्य सौम्यता को बलिदान करने वाली नारी न थी । सेवा के सुख का अनुभव कर लेने वाली सत्नारियाँ निरंकुशता की तीक्ष्णता को कभी पसन्द नहीं करतीं । जो सुख और जो सुरक्षा पति के आधीन रहने में होती है वह उच्छृंखल, निरंकुश अथवा स्वच्छन्द रहने में कहाँ ?

पति के प्रति पत्नी का सम्पूर्ण आत्म-समर्पण ही तो वह वशीकरण है जो पुरुष को नारी की सुकुमार मुट्ठी में दृढ़ता से ला दिया करता है । बुद्धिमती अहिल्या ललनाओं के इस जादू से अनभिज्ञ नहीं थी । अपनी प्रिया की महत्ता बढ़ते देखकर खाण्डेराव का प्रेम उस पर और बढ़ गया । वे यह सोचकर अधिक प्रसन्न तथा पुलकित रहने लगे कि राज्य संचालन में उनके लिये एक बहुत ही विश्वस्त, अभिन्न तथा अनुकूल साथी, सचिव एवं अन्तरंग साथी का निर्माण हो रहा है । सोने जैसी अहिल्या अलंकार के रूप में गढ़ी जा रही थी और उसकी अनुकूलता, उपयुक्तता एवं पात्रता पूर्णतः सिद्ध होती जा रही थी ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

बहू हो तो अहिल्या जैसी पर ससुर भी हो तो महाराज मल्हार राव जैसा, उदार तथा महान ! अहिल्या को राज-काज का व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिये, जब कभी वे किसी काम से बाहर जाते थे तो शासन सूत्र अहिल्या को सौंप जाते थे । अहिल्या इस उत्तरदायित्व का पूरी तत्परता, संलग्नता तथा सत्यता के साथ पालन करती थी । वह प्रमाद में पड़कर न तो किसी काम को कर्मचारियों पर टालती थी और न किसी काम में विलम्ब करती थी । जो काम जिस समय करना आवश्यक होता था उस काम को वह उसी समय ही करती थी । उतावली अथवा विलम्ब को वह अपने पास भटकने न देती थी । दीर्घ-सूत्रता अथवा उपेक्षा उसकी सीमा से बाहर की बात थी । काम छोटा हो अथवा बड़ा वह उसको एक जैसी तत्परता तथा लगनशीलता से किया करती थी । इसका परिणाम यह हुआ कि वह राज-काज में आश्चर्यजनक रूप से दक्ष हो गई । उसने प्रयत्नपूर्वक आत्मोत्सुकता से राज्य के सभी विभागों के कामों को प्रायः समझ-बूझ लिया था । अहिल्या को शासन-सूत्र देकर जाने के बाद जब महाराज मल्हार राव वापस आते थे तो पाते कि अहिल्या ने सौंपा हुआ काम इतनी निपुणता से किया है, जितनी कि उन्हें आशा न थी । इस प्रकार अवसर का लाभ उठाकर और अपनी समग्र मन, बुद्धि की शक्ति लगाकर अहिल्या जल्दी ही एक कुशल शासिका बन गई । श्रम एवं संलग्नता एक ऐसा आधारभूत गुण है जो अपने को आश्रित करने वाले को ऐसा कोई काम नहीं, जिसमें कुशल न बना दे । इन गुणों के धनी लोग सेवा से लेकर शासन और शिल्प से लेकर व्यापार तक के काम को एक ही तत्परता, लगन तथा पूर्णनिष्ठा के साथ समान रूप से ही किया करते हैं जिससे उन्हें किसी भी क्षेत्र में क्यों न डाल दिया जाये वे उसमें सफल होकर दिखला देते हैं । अहिल्या योग्य होती गई और मल्हार राव का विश्वास अपनी पुत्र-वधू की योग्यता में दिनो-दिन बढ़ता गया । अहिल्याबाई की यह प्रतिष्ठा उसकी उस कर्त्तव्यनिष्ठा का पुरस्कार ही समझना चाहिये जिसका विकास उसने अपने जीवन में क्रम से नियम एवं संयमपूर्वक किया था ।

विवाह के बाद अहिल्याबाई के एक पुत्र और एक पुत्री दो सन्तानें हुईं । जिनका नाम मालीराव और मुक्ताबाई रखा गया । इस प्रकार नौ वर्ष तक शिक्षा-दीक्षा के बीच आनन्द और उत्साह के साथ जीवन बिताने के बाद अहिल्याबाई की अग्नि-परीक्षा प्रारम्भ हुई । धैर्यवती अहिल्याबाई को जिस अग्नि-परीक्षा के बीच से गुजरना पड़ा उसमें से अविचलित रहकर निकल जाना उन जैसे ही लक्ष्यवान व्यक्तियों का काम है । अपने जीवन की अग्नि परीक्षाओं को अहिल्याबाई ने अपने उस आत्म-विश्वास एवं आत्म-संयम के बल पर ही उत्तीर्ण किया जिसका संचय उन्होंने सतत् उपासना के आधार पर किया था ।

उपासना के माध्यम से परमात्मा के समीप रहने वाले व्यक्तियों पर जिन गुणों का अनुग्रह होता है उनमें से धैर्य तथा सहिष्णुता मुख्य हैं । संसार में दुःखद घटनायें सदा सम्भाव्य मानी गई हैं, वे प्रायः सभी के जीवन में आती हैं, तथापि धीर व्यक्ति उनको सामान्य घटनाओं की तरह सहकर अपनी आत्मा को प्रभावित नहीं होने देते । अहिल्याबाई में धैर्य तथा सहिष्णुता की कमी नहीं थी । निदानस्वरूप वे हर दुःख, हर तकलीफ और हर असम्भाव्य को समान मन से सहन करती हुई अपने पवित्र कर्त्तव्य का पालन करती रही । जीवन और जगत् को ठीक से समझ लेने वाले बुद्धिमान व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में अपने को विचलित नहीं होने देते और ज्वाला के समान जलते हुए संयोगों के बीच से अप्रभावित हुए निकल जाते हैं ।

उन दिनों मराठे भारत में हिन्दू राज्य के विस्तार में लगे हुए थे और देश के लगभग सभी राजाओं से चौथ वसूल करते थे किन्तु भरतपुर के जाट राजाओं ने चौथ देने से इन्कार कर दिया । इस पर पेशवा के परामर्श से मल्हार राव ने अपने पुत्र खाण्डेराव को साथ लेकर भरतपुर पर चढ़ाई कर दी । जाटों के साथ इस लड़ाई में खाण्डेराव मारे गये ।

खाण्डेराव के खेत रहने का समाचार जब इन्दौर पहुँचा तो अहिल्याबाई के शोक का ठिकाना नहीं रहा । शोकावेग में सहसा उनका धैर्य जाता रहा और वे भावातिरेक में व्याकुल होकर विलाप करने लगीं । उन्होंने सोचा कि पति के न रहने से अब उनका जीवन निरर्थक निःसार हो गया है । एक पति तक ही संसार के सारे सम्बन्ध स्थिर तथा मधुर रहते हैं । पति के न रहने पर उसकी विधवा से सगे-सम्बन्धी तक दुर्व्यवहार करने लगते हैं ।

अपने दुःख का चिन्तन करते-करते अहिल्याबाई को हिन्दू-विधवाओं की दुर्दशा याद आ गई कि किस तरह उससे जीवन के सारे अधिकार छीन लिये जाते हैं । सब कुछ होने पर भी न तो उसे पेट भर भोजन दिया जाता है और न पूरे कपड़े । बचा-खुचा जूठा और छूटा खाकर जीवन भर तिरस्कारपूर्ण स्थिति में आयु के कठिन क्षण पूरे करने होते हैं । वह बेचारी इस दैवाघात से सारे पवित्र अनुष्ठानों तथा उत्सवों से वंचित कर दी जाती है । सभी लोग उसकी उपस्थिति, यहाँ तक कि उसका मुख देखना तक अपशकुन समझते हैं । सोचते-सोचते अहिल्याबाई निरपराध विधवाओं के लिये करुण हो उठीं । उनके मन

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

में आया कि समाज की यह कैसी उल्टी रीति है कि जो नारी पति के न रहने से निराश्रय तथा निराश हो गई है और जो सबसे अधिक दया, करुणा, संवेदना तथा सहानुभूति की पात्र है, समाज उसी को सबसे ज्यादा ठुकराता और अवहेलित करता है । अपने तात्कालिक संस्कारों के कारण अहिल्याबाई केवल इतना ही सोच पायी । इस समस्या के हल के विषय में उनकी विचारधारा आगे न बढ़ सकी और वे पुनः घूमकर अपनी व्यक्तिगत स्थिति पर आ गईं । उन्हें अपना शेष जीवन अन्धकार तथा आपदाओं से भरा दिखाई देने लगा । उन्होंने सोचा कि अब तक जो सास-ससुर तथा अन्य सम्बन्धी उसका आदर किया करते थे वे ही अब उसे तिरस्कार की दृष्टि से देखने लगेंगे । अहिल्या का आत्माभिमान घायल हो उठा और उन्हें तिरस्कारपूर्ण जीवन की अपेक्षा मृत्यु अधिक श्रेयस्कर लगी । निदानस्वरूप उन्होंने पति के शव के साथ सती हो जाने का निश्चय कर लिया ।

इस प्रकार विवेचना से भावना पर आते ही अहिल्याबाई का पति-प्रेम जो अब तक शोकातिरेक से स्तब्ध-सा अचेत पड़ा था, वह सहसा जाग उठा और वे विकल-विह्वल होकर आँसुओं से रो उठीं । उनकी ममतामयी सास ने उन्हें बहुत समझाया और धीरज बँधाया । शोकावेग शान्त होने पर अहिल्या ने सास को सती होने का निश्चय बतलाया ।

बहू का निश्चय सुनकर सास के शोक का पारावार न रहा, फिर भी वे उसके निश्चय को नारी का धर्म मानकर अधिक टीका-टिप्पणी न कर सकीं और महाराज के आने और उनकी अनुमति ले लेने का आग्रह किया ।

महाराज मल्हार राव युद्ध से वापस आये, जब उन्हें अपनी प्यारी पुत्र-वधू के निश्चय का पता चला तो उनका पुत्र-शोक दो गुना हो गया । वे सांत्वना देते हुए उसे सती होने से रोकने का प्रयास करने लगे और बोले—

"बेटी ! तू मेरी पुत्र-वधू ही नहीं है, मेरे दूसरे बेटे के समान है । यदि तू भी मुझे छोड़कर चली जायेगी तो तेरा यह वृद्ध पिता किसके सहारे अपना शोक भूल सकेगा ? यह मानता हूँ कि पति वियोग का दुःख असहनीय होता है और तू एक पतिव्रता पत्नी है, पति के प्रति तेरा यह प्रेम सम्माननीय है । तथापि उसकी अभिव्यक्ति आत्मघात द्वारा करना अधिक समीचीन नहीं है । पति भक्ति सती होकर आत्मघात करने में नहीं, वरन् ईश्वर प्रदत्त मानव-जीवन को अधिकाधिक उज्ज्वल एवं उत्कृष्ट बनाकर पति का गौरव एवं यश बढ़ाने में है । अहिल्याबाई को ससुर का तर्क एवं पूर्ण परामर्श शिरोधार्य कर सती होने का अपना निश्चय छोड़ना ही पड़ा ।"

ससुर के अनुरोध पर सती होने का निश्चय त्याग देने पर अहिल्याबाई का भावातिरेक जब प्रशमित हो गया तब उन्हें विचार आया—"निश्चय ही मानव-जीवन एक अलभ्य अवसर है । इसको यों ही नष्ट कर डालना ईश्वर के मन्तव्य से विश्वासघात करना है । यदि इसमें कोई मन्तव्य न होता तो शक्तियों, गुणों और विशेषताओं से परिपूर्ण मानव अस्तित्व का कोई अर्थ ही न होता । मानव-जीवन ईश्वर की ही एक छोटी अभिव्यक्ति है । इसे नष्ट कर डालने का किसी को भी अधिकार नहीं है ।"

"आत्मघात तो एक पाप है ही, साथ ही अन्य प्रकार से भी जीवन का विनाश करना एक अपराध है, जो मनुष्य अज्ञानवश विषय-वासनाओं, भोग-विलास की विभीषिकाओं में पड़कर इस मानव-जीवन का दुरुपयोग किया करते हैं वे भी इसका विनाश ही किया करते हैं । इसके अतिरिक्त जो लोभ, मोह, क्रोध अथवा अहंकार में पड़कर ऐसे काम किया करते हैं जिससे अन्य मनुष्यों अथवा प्राणियों को कष्ट हुआ करता है वे भी अपने मानव-जीवन को विनष्ट ही किया करते हैं ।"

लोभ के वशीभूत होकर प्रायः लोग अपनी शारीरिक, बौद्धिक तथा व्यावहारिक शक्तियों का दुरुपयोग कर धन-सम्पत्ति का संचय किया करते हैं । इसके लिये वे शोषण, छल, कपट और आडम्बर का आश्रय लिया करते हैं । चोरी, डकैती, भ्रष्टाचार आदि न जाने कितने गर्हित उपायों को ग्रहण किया करते हैं । उनके इन लोभ प्रेरित उपकृत्यों से न जाने कितने लोगों को कष्ट, हानि और शोक सहन करना पड़ता है । इन कुपरिणामक कार्यों को करने में जीवन का दुरुपयोग करना उसको नष्ट करना ही है ।"

बहुत बार लोग मोह में पड़कर धर्म-मार्ग का त्याग कर अधर्म-पथ पर चलने लगते हैं । शास्त्रों की अवहेलना और विद्वान् सन्तों तथा महात्माओं का तिरस्कार किया करते हैं । सच्चे, युक्त और हितकर वचनों का उपहास उड़ाया करते हैं । शान-शौकत, शेखी और प्रदर्शन में धन तथा प्रवृत्तियों का दुरुपयोग करते और हास-विलास, आमोद-प्रमोद अथवा मनोरंजन में समय तथा सामर्थ्य को व्यर्थ में गँवाते रहते हैं । समाज, राष्ट्र अथवा संसार के प्रति भी उनका कुछ कर्त्तव्य है, इस बात पर कभी भूलकर भी विचार नहीं करते, अपने निहित स्वार्थों में लिप्त एक अंधी जिन्दगी जीते रहते हैं । स्वार्थों में व्यवधान पड़ने पर शोक करते, रोते, चिल्लाते और आवेगों के वशीभूत होकर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अपराधों में प्रवृत्त हो जाते हैं । इस प्रकार का जीवन चलाना भी उसे नष्ट करना ही है ।''

अपनी हीन तथा निम्न वृत्तियों को तुष्ट करने के लिये लोग प्रायः अहंकार का पालन किया करते हैं । वे मद में इतने मत्त हो जाते हैं कि, इस बात का विचार ही नहीं रखते कि उनके अहंकार के नीचे दबकर कितने निरपराध तथा असहाय लोगों का बलिदान हो रहा है ? यदि धन है तो उसके बल पर लोगों को खरीदकर अपना अधीनस्थ बनाने में बड़प्पन अनुभव किया करते हैं । दूसरों की उन्नति तथा प्रगति देखकर जल उठना वे मनुष्य का सहज स्वभाव मानते हैं और दूसरों के विकास में बाधा डालना वे अर्थ अथवा राजनीति माना करते हैं । अपने दम्भ की तुष्टि में बड़ी से बड़ी सामाजिक, राष्ट्रीय अथवा मानवीय हानि कर डालने में किंचित संकोच नहीं करते । अपनी इस दुर्बलता पर जरा-सा आघात पाकर सर्प की तरह कुपित होकर अपना अथवा पराया अनिष्ट कर डालने पर तत्पर हो उठते हैं । इस प्रकार का आसुरी जीवन जीना भी जीवन को विनष्ट करना ही है । मनुष्य की यह सब अमानवीय प्रवृत्तियाँ पाप के ही अन्तर्गत आती हैं, जो इस लोक में तो शान्ति, सन्तोष, शीतलता, निश्चिन्तता अथवा निर्भयता का सुख नहीं ही अनुभव करने देती हैं, परलोक में भी सद्गति से वंचित कर देती हैं, जिससे इस लोक की शान्ति और परलोक की सद्गति अवरुद्ध हो वह सारी जीवन-पद्धति जीवन को नष्ट करने का अपप्रयास है जो न तो किसी प्रकार उचित है, न इसका अधिकार ही है और न यह उस परमपिता परमात्मा द्वारा क्षमा की जा सकती है । देर-सबेर उसका दण्ड मिलना निश्चित है ।

परमात्मा द्वारा प्रदत्त इस मानव-जीवन का सदुपयोग ही उसका सम्मान करना है । स्वार्थ का त्याग, परमार्थ का ग्रहण ही जीवन का सदुपयोग माना गया है । उपासना, सेवा और सत्कर्म ही परमार्थ-पथ के पावन प्रतीक हैं । अभाव एवं आवश्यकता से पीड़ित व्यक्तियों की सहायता करना, दीन-दुःखियों, निरुपाय एवं रोगीजनों की सेवा करना, अपने धन, अपने पुरुषार्थ, अपनी शक्ति, अपनी योग्यताओं को समाज की उन्नति तथा विकास में लगाना ही जीवन का सदुपयोग करना है । संवेदना, सौहार्द्र, दया, करुणा, प्रेम तथा क्षमा भावों का अपनी आत्मा में विकास करना ही मानव-जीवन का सम्मान करना है । दूसरे की सुख-सुविधा के लिये अपने सुख का उत्सर्ग कर देना ही आदर्श जीवन कहा गया है । निराशा, निरुत्साह, शोक-सन्तापों से अप्रभावित रहकर अपने कर्त्तव्य-पथ पर निरन्तर बढ़ते जाना ही जीवन का वास्तविक यापन है । संसार की सुख-शान्ति तथा सुन्दरता बढ़ाने के लिये ही परमात्मा ने यह मानव-जीवन प्रदान किया है । इसं मन्तव्य में ही इसको लगाये रखना जीवन की सुरक्षा तथा सम्मान करना है । वे सारे कर्म जिनसे आत्मा का विकास हो, परमात्मा का सामीप्य प्राप्त हो और संसार का हित-साधन हो, जीवन का सदुपयोग है, जिसका फल पुण्य, पावनता और अनन्त शान्ति के रूप में मनुष्य को मिलता है । इसके विपरीत सारे कर्म और सारे मन्तव्य जीवन का दुरुपयोग है, उसको नष्ट करना है । इस गम्भीर और यथार्थ विचार ने अहिल्याबाई की आत्मा में आध्यात्मिक प्रकाश भर दिया, जिससे उनका व्यक्तिगत शोक सार्वजनिक सेवा, करुणा तथा संवेदना के भावों में बदल गया । एक प्रकार से उनका आत्मिक, मानसिक तथा बौद्धिक कल्प-सा हो गया । जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण, परमार्थिक प्रथाओं में बदल गया ।

साध्वी अहिल्याबाई अब पुत्र और पुत्र-वधू दोनों के रूप में सास-ससुर की सेवा में उत्साहपूर्वक तत्पर हो गई । सेवा तो वह पहले भी करती थी पर अब उसकी सेवा में श्रद्धा-भक्ति जैसी गम्भीर भावना का समावेश हो गया था । सास-ससुर ने उसकी सेवा में उस ऊष्मा का स्पष्ट अनुभव किया जो अव्यक्त आँसुओं के प्रभाव से पति शोक का परिवर्तित स्वरूप ही था । उनकी आत्मा से अहिल्या के लिये शत-शत आशीर्वाद निकलते रहते थे किन्तु अहिल्याबाई की भाग्य परीक्षायें यहीं पर समाप्त नहीं हो गई थीं । कुछ समय बाद उत्तर भारत की एक मुहिम में कानवी पीड़ा से महाराज मल्हार राव की मृत्यु हो गई । अहिल्याबाई ने ससुर की मृत्यु का आघात भी अपने चिर सिद्ध स्थैर्य एवं धैर्य की सहायता से सम्भाल लिया । मोह की एक कड़ी और टूटने से वह अध्यात्म पथ पर एक कदम और आगे बढ़ गई । इस आघात से निराश होकर घर में पड़े रहने के स्थान पर अहिल्याबाई ने अपने पूज्य ससुर का प्रतिनिधित्व करके उनकी आत्मा को सन्तोष देने का निश्चय कर लिया । उन्होंने ससुर की पावन स्मृति में अनेक विधवाओं, अनाथों तथा अपंग लोगों को आश्रय दिया । मेधावी तथा प्रतिभाशाली कितने ही छात्रों के लिये छात्र-वृत्तियाँ नियुक्त कीं और अनेकों निराजीविका लोगों को काम पर लगवाया । निराश्रित माताओं और उनके बच्चों के पालन-पोषण के लिये अनेक प्रकार के छोटे-मोटे काम-धन्धों का प्रारम्भ कर दिया । इस प्रकार उन्होंने अनेक परोपकार के कार्यों द्वारा दिवंगत आत्मा का ऐसा हित साधन किया जिससे परलोकवासी के साथ इहलोकवासियों का भी हित हुआ ।

महाराज मल्हार राव की मृत्यु के बाद उनका नाती (पौत्र) मालीराव गद्दी पर बैठा किन्तु वह बड़ा विलासी,

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

क्रूर तथा स्वार्थी था । प्रजा का शोषण और उस पर अत्याचार करना उसका स्वभाव बन गया था । अहिल्याबाई को अपने पुत्र के इन कार्यों पर बड़ा दुःख होता था । उनकी हार्दिक इच्छा थी कि मालीराव को गद्दी से उतारकर किसी योग्य तथा उपयुक्त व्यक्ति को राजा बनाया जाये । सच्चे सूर व्यक्ति कर्माकर्म के विषय में अपने पराये का पक्ष-विपक्ष नहीं करते, वे लोकरंजन की दृष्टि से पराकाष्ठा तक न्याय तथा नियमशील रहा करते हैं । आत्मज होने पर भी अहिल्याबाई अपकर्मों के कारण मालीराव से असन्तुष्ट थीं । प्रजा के हित में वे उसे अधिकारच्युत कर देने पर विचार कर रही थीं कि तब तक इन्दौर की गद्दी खाली हो गई । केवल नौ महीने प्रजा का पीड़न करने के बाद मालीराव की मृत्यु हो गई । विषयी, विलासी और अत्याचारी का अल्पायु होना कोई अस्वाभाविक आश्चर्य का विषय नहीं है । इस प्रकार के अपपुरुष आत्मघातियों की गणना में ही आते हैं जो किसी समय भी अपने जीवन के अकाल समापन को प्राप्त हो जाते हैं ।

आगे कोई उत्तराधिकारी अथवा उपाय न होने से इन्दौर की बागडोर अहिल्याबाई ने अपने हाथों में ले ली और गंगाधर नामक एक व्यक्ति को मन्त्री बनाकर प्रजा की सेवा करने लगीं किन्तु, अहिल्याबाई का विश्वासपात्र गंगाधर बड़ा स्वार्थी और राज्य लोलुप निकला । अवसर न होने पर किसी का अस्वार्थी अथवा ईमानदार बना रहना कोई बड़ी बात नहीं है । विशेषता तो तब है जब अवसर हाथ आने पर भी निःस्वार्थ तथा ईमानदार बना रहा जाये । इसी में सच्चे चरित्र और सच्ची मानवता का मूल्यांकन निहित है ।

गंगाधर राव ने अहिल्याबाई को किसी बच्चे को गोद ले लेने और राज्य-सत्ता उसके अधिकार में सौंप कर भगवत्-भजन करने का परामर्श दिया । दूरदर्शिनी अहिल्याबाई वैसे तो भले ही उसके इस सद्दर्शी परामर्श को मान लेतीं किन्तु, उन्होंने गंगाधर राव के परामर्श के पीछे छिपी, स्वार्थपूर्ण दुरभि सन्धि को पहचान लिया था । उन्होंने अपना साहस सँभाला और गंगाधर राव का प्रस्ताव कठोरतापूर्वक अस्वीकृत कर दिया । साथ ही यह भी कह दिया कि राज्य के कार्यों में जो भी व्यक्ति अपने सुयोग्य गुणों का परिचय देगा मैं उसी को शासन सौंप दूँगी; किसी बच्चे को गोद लेने की आवश्यकता नहीं है । इस पर वह विश्वासघाती गंगाधर राव अपने चाचा रघुनाथ राव पेशवा को इन्दौर पर चढ़ा लाया ।

गंगाधर राव के इस विश्वासघात से अहिल्याबाई का तेज जाग उठा । उन्होंने सेनापतियों, नगरों के मुखियाओं तथा प्रतिनिधियों की एक सभा बुलाई और सर्वसम्मति से इन्दौर की शासिका बनकर तुकोजी राव के सेनापतित्व में पेशवा रघुनाथ राव के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी । पेशवा रघुनाथ राव अहिल्याबाई का यह साहस और दृढ़ता देखकर डर गया और बिना लड़े ही वापस चला गया ।

इन आकस्मिक अस्त-व्यस्तताओं के कारण राज्य में चोर-डाकुओं का बाहुल्य हो गया । उन्होंने उनका दमन करने के लिये घोषणा कर दी कि जो व्यक्ति इन अपराधियों का दमन करेगा उसके साथ वे अपनी बेटी मुक्ताबाई का विवाह कर देंगी । अहिल्याबाई की इस घोषणा में उनकी बहुत बड़ी दूरदर्शिता एवं बुद्धिमत्ता छिपी हुई थी । उन्होंने सोच लिया था कि एक तो इस प्रकार चोर-डाकुओं का दमन हो जायेगा, दूसरे वर की योग्यता तथा वीरता की परीक्षा हो जायेगी और तीसरे बेटी के विवाह के लिये राजनीतिक लोलुपता की सम्भावना समाप्त हो जायेगी । यह भी एक प्रकार से प्रणपूर्ण स्वयंवर का ही स्वरूप था ।

निदानस्वरूप एक साहसी नवयुवक यशवंत राव ने डाकुओं के दमन का बीड़ा उठाया और प्राणों की बाजी लगाकर उस महान् कर्त्तव्य को पूरा कर दिखलाया । अपनी घोषणा के अनुसार, अहिल्याबाई ने यशवन्त राव के साथ मुक्ताबाई का विवाह कर दिया ।

राज्य में शान्ति एवं व्यवस्था की स्थापना कर लेने पर अहिल्याबाई ने राज्य के सेठों, साहूकारों, व्यापारियों, शिल्पियों, कलाकारों, मजदूरों तथा अन्य आर्थिक क्षेत्र के व्यक्तियों को प्रोत्साहन दिया और व्यापार तथा शिल्पों में वृद्धि कराकर राज्य की उन्नति की । उन्होंने दूर-दूर से ईमानदार व्यापारियों को बुलाकर राज्य का व्यापार विकसित करने के लिये साधन तथा सुविधायें दीं । राज्य की आर्थिक दशा सुधर जाने पर अहिल्याबाई ने प्रजा के बहुत से कर हटाकर उन्हें आर्थिक उन्नति करने का अवसर दिया । विद्वानों, कवियों तथा लेखकों ने अहिल्याबाई से सहयोग पाकर अपनी-अपनी शत-शत रचनाओं द्वारा साहित्यिक भण्डार की श्रीवृद्धि की । इस प्रकार पुण्यवती अहिल्या की व्यवस्था में सब ओर सुख-शान्ति तथा उन्नति और विकास की प्रवृत्तियाँ दृष्टिगोचर होने लगीं तथापि, अभी उनकी अग्नि-परीक्षा समाप्त नहीं हुई थी । कुछ ही समय बाद थोड़े-थोड़े अन्तर से उनकी सास, पुत्री तथा जामाता की मृत्यु हो गई और वे संसार में सर्वथा अकेली रह गईं किन्तु, फिर भी अहिल्याबाई ने धैर्य न छोड़ा और अपने कर्त्तव्य पालन में तत्पर बनी रहीं । वे मुसीबत पर मुसीबत आने और दुःख पर दुःख देखकर भी न तो एक क्षण को आँसू बहाने बैठीं और न निष्क्रिय होकर अपने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कर्त्तव्यों से विमुख हुईं । जिसने आत्मा को अपना मित्र बना लिया होता है, अपने को कर्त्तव्य की वेदी पर समर्पित कर दिया होता है, परोपकार तथा परमार्थ को अपना ध्येय बना लिया होता है, वह अकेला रहने पर भी एकाकी नहीं रहता । पुण्य उसके सहचर होते हैं और परमात्मा उसकी रक्षा किया करता है ।

विधि-विधान के वशवर्ती शासन का जो उत्तरदायित्व अहिल्याबाई पर आ गया था; यद्यपि वह असंख्यों जटिलताओं और आशंकाओं से भरा हुआ था, तथापि उन्होंने उसे उत्साह, साहस तथा आत्मविश्वास के बल पर वहन किया । उन्होंने चारों ओर से अपने आपको समेट कर प्रजा की भलाई तथा उन्नति में लगा दिया । जो शासक मन-वचन-कर्म से जनता जनार्दन की सेवा में तत्पर रहता है, उसकी बहुत-सी राजनीतिक उलझनें आप से आप दूर होती रहती हैं । महारानी अहिल्याबाई ने प्रजा की सेवा ही अपना ध्येय बना लिया और उसी में तन, मन, धन से जुट गईं ।

संसार के सत्यों तथा आध्यात्मिक विकास ने यद्यपि अहिल्याबाई को बड़ी सीमा तक विरक्त बना दिया था तथापि, वे अनासक्त भाव से अपने सारे कर्म तथा कर्त्तव्य करती रहीं । उन्होंने सोचा कि यदि मैं राज्य-भार से विरत होकर केवल आत्म-साधन में लग जाती हूँ तो न जाने शासन-सूत्र कैसे हाथों में चला जाये और उस दशा में प्रजा का उत्पीड़न हो सकता है । प्रजा के उत्पीड़न की सम्भावना से तटस्थ होकर यदि मैं आत्मचिन्तन में निरत हो जाती हूँ तो कर्त्तव्यहीनता का दोष मेरी आत्मा के विकास को अवरुद्ध कर देगा और मैं उसी प्रकार परमार्थ लाभ की अनाधिकारिणी बन जाऊँगी जिस प्रकार अपने पारिवारिक तथा सामाजिक कर्त्तव्यों को हठात् त्यागकर संन्यास लेने वाला व्यक्ति अथवा तपस्या के लिये वनों, पहाड़ों में चले जाने वाले पलायनवादी । अपने वर्तमान उत्तरदायित्वों को त्यागकर आत्म-साधना करने वालों को मुक्ति कदाचित् ही मिल सकती है ।

इसके विपरीत जो गीता के अनुसार, अनासक्त भाव से अपने कर्त्तव्यों का पूर्णरूपेण श्रद्धा के साथ पालन करता रहता है और ऐसा करते हुए ही उसका शरीर छूट जाता है तब भी वह मोक्ष का अधिकारी बन जाता है । फिर चाहे उसने एकान्त में बैठकर आत्मचिन्तन किया हो या नहीं ।

इस प्रकार विवेकपूर्वक विचार करके महारानी अहिल्याबाई ने अपने लिये प्रवृत्ति मार्ग ही चुना । उन्होंने जनता के माध्यम से लोक-सेवा को अपना जीवन लक्ष्य बना लिया और उसी को परमार्थ साधन मानकर उसी में लग गईं । लोक-सेवा चाहे व्यक्तिगत रूप से की जाये अथवा किसी संस्था के माध्यम से, यदि उसका लक्ष्य आध्यात्मिक है, उसमें निहित भावना साधनावती है तो निश्चय ही यह पावन सांसारिकता ही संसार-संतरण का हेतु बन जाती है और ऐसे संसारी का हर काम परमार्थ कार्यों की सूची में अंकित कर लिया जाता है । अस्तु अहिल्याबाई लोक-चिन्ता में ही आत्म-चिन्तन की भावना लेकर प्रवृत्ति पथ से मोक्ष मार्ग की ओर चल पड़ीं ।

महारानी अहिल्याबाई ने सबसे पहले अपने पूरे राज्य का दौरा किया और उसी क्रम में जनता की आवश्यकताओं, कठिनाइयों, समस्याओं और विकृतियों का पता लगाया । उन्होंने देखा कि समाज में विधवाओं की दशा बहुत दयनीय है । पति के न रहने पर वह निराश्रिता, उसकी सम्पत्ति से सर्वथा वंचित कर भूखों मरने के लिये छोड़ दी जाती है । महारानी अहिल्याबाई को इस व्यवस्था में अत्याचार के सिवाय और कोई औचित्य दिखलाई न दिया । उन्होंने अनाथ, विधवाओं की भलाई के लिये विधवाओं के उत्तराधिकार का कानून बनाकर प्रचारित करना जिससे भिखारिणी-सा परमुखापेक्षी जीवन बिताने वाली विधवाओं को मानवोचित जीवन के अवसर के साथ अपना विकास और समाज के लिये उपयोगी बन सकने की योग्यता प्राप्त होने लगी । एक इसी राजनियम ने समाज में आत्महत्या, भ्रूणहत्या और व्यभिचार जैसे बहुत से पापों का दमन कर दिया ।

महारानी ने इसी नियम का पूरक, एक नियम दत्तक पुत्र के सम्बन्ध में बनाया । इस नियम के अनुसार कोई भी किसी बच्चे को गोद लेकर अपनी सम्पत्ति का उत्तराधिकार उसे दे सकता था । इस विधि ने समाज में बहुत से अनाथों को सनाथ बनाया और बहुत से बेसहारा स्त्री-पुरुषों को सहारे की व्यवस्था कर दी ।

विधि-विधान के अतिरिक्त महारानी अहिल्याबाई ने राज्य भर में बड़ी-बड़ी सड़कों का निर्माण कराया जिससे यात्रा और व्यापार में अभूतपूर्व सुविधा हो गई । ऊबड़-खाबड़ और औघट घाट से यात्रा करने पर जनता को जो कष्ट और चोर-लुटेरों का भय बना रहता था वह बहुत कुछ दूर हो गया । सीधी तथा प्रशस्त सड़कों के कारण बहुत-सा समय, श्रम, शक्ति तथा धन की बचत होने लगी, जिससे लोग उसे अन्य हितकर कार्यों में लगाने और अपने साथ समाज की उन्नति में सहायक होने लगे ।

उन्होंने सड़कों के किनारे बहुत से फलों तथा छायादार वृक्ष लगवाये और स्थान-स्थान पर कुओं की व्यवस्था की ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

राज्य के प्रमुख तथा यात्रा योग्य स्थानों पर बहुत-सी धर्मशालायें और अतिथिशालाओं का निर्माण कराया जिससे राज्य के मन्त्रियों का आवागमन बढ़ गया । संस्कृतियों के सम्मिश्रण से उनका विकास, तथानुसार होने लगा ।

धर्मशालाओं तथा अतिथिशालाओं के अतिरिक्त महारानी अहिल्याबाई ने जनता में धर्मभावना के प्रचार और उपासना की सुविधा के लिये बहुत से मन्दिरों की स्थापना कराई । उन्होंने ये मन्दिर न केवल अपने राज्य में ही बनवाये बल्कि दूर-दूर के बहुत से तीर्थों में उनका निर्माण कराया । इन्हीं मन्दिरों में उन्होंने धार्मिक साहित्य के पुस्तकालय तथा वाचनालय खुलवाये और दैनिक कथा वार्ता और कीर्तन की प्रथा प्रचलित कराई ।

महारानी अहिल्याबाई ने राज्य भर में फूलों और फलों के इतने बाग-बाटिकायें लगवाईं कि उनकी सम्पत्ति एवं सुन्दरता से ग्राम-ग्राम अलंकृत तथा सम्पन्न हो उठे । इतने तरह के फल राज्य में पैदा होते थे कि दुष्काल में भी लोगों को भोजन की कमी न रहती थी । उन्होंने राज्य की ओर से भी और प्रजा को निर्देश करके गौ-शालाओं की ऐसी प्रथा चला दी कि प्रायः घर-घर में गऊ का पालन तथा पूजन होने लगा जिससे दूध-दही और घी की सुविधा से बच्चे भरपूर स्वास्थ्य का लाभ उठाने लगे ।

इसके अतिरिक्त उन्होंने राज्य में न जाने कितने औषधालय, चिकित्सालय तथा दानशालायें खुलवाईं जिनमें, दीन-हीन, रोगी और विभुक्ष लोगों को सहायता दी जाती थी । पुस्तकालय, वाचनालय और पाठशालायें तो महारानी अहिल्याबाई की अभिरुचि तथा सेवा के प्रमुख विषय थे । उन्होंने विद्वानों, कवियों तथा शिल्पियों को राज्य की ओर से वृत्तियाँ दे-देकर साहित्य तथा कला-कौशल के विकास के लिये प्रोत्साहन दिया ।

कृषक कन्या होने से महारानी अहिल्याबाई किसानों की कठिनाइयों तथा समस्याओं से पूरी तरह परिचित थीं । उन्होंने किसानों के सुधार तथा विकास के लिये भूमि की नियमित व्यवस्था की । अत्याचारी तथा शोषक जमीदारों को हटाकर उनके स्थान पर अपने प्रबन्धक नियुक्त किये । पशुओं के लिये चारागाह और खाद के लिये निश्चित स्थान का नियम बनाने के साथ-साथ उन्होंने सिंचाई का समुचित प्रबन्ध कराया । गाँवों में आवश्यकतानुसार कच्चे-पक्के हजारों कुएँ बनवाये, रहट, ढेंकुली तथा नहरों की व्यवस्था की । स्थान-स्थान पर कच्चे तथा पक्के तालाब बनवाकर भी सिंचाई तथा पीने व नहाने-धोने के लिये पानी की स्थायी व्यवस्था कराई । उन्होंने लगान की दर और फसल के भाव निश्चित किये और पशु-विकास की जो भी व्यवस्था उस समय हो सकती थी, की ।

इन सब व्यवस्थाओं के साथ-साथ महारानी अहिल्याबाई ने जन-सहयोग से नगरों और गाँवों में समाज-सुधारक संस्थाओं की स्थापना कराई । यह संस्थायें लोगों में पारस्परिक सहयोग, सौहार्द्र तथा सामूहिकता की भावना का प्रचार किया करती थीं । इन्हीं संस्थाओं द्वारा समाज की ऐसी कुरीतियों, कुप्रथाओं तथा परम्पराओं के विरुद्ध प्रचार कर जनमत परिवर्तन करने का प्रयास किया जाता था, जिनको राज्य-प्रबन्ध अपने अधिकार में नहीं ले सकता था ।

इन शासन तथा समाज-सुधारों के साथ-साथ उन्होंने प्रशासन में भी कुछ कम सुधार नहीं किये । उन्होंने रद्दी, निकम्मे तथा अनावश्यक कल-पुर्जे प्रशासन तन्त्र में से निकाल कर फेंक दिये । भ्रष्टाचारी, उत्कोची, बेईमान, अयोग्य तथा विश्वासघाती राज-कर्मचारियों को न केवल निकाल बाहर ही किया बल्कि उनको दण्ड भी दिया । इसके अतिरिक्त उन्होंने राज्य-पदों पर से उत्तराधिकार की प्रथा हटाकर योग्यता का प्रतिबन्ध लगा दिया । उन्होंने राज्य में पदों की संख्या, उनकी प्रकृति तथा स्वरूप निश्चित किया और दक्ष कर्मचारियों की उपलब्धि के लिये शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थायें स्थापित कीं ।

इस प्रकार लगभग साठ वर्ष तक अध्यात्म भाव से जनता जनार्दन की सेवा और सुधार करने के बाद महारानी अहिल्याबाई पक्व अवस्था में जीवन की सार्थकता के साथ परमधाम सिधार गईं ।

ये इतिहास प्रसिद्ध महारानी अहिल्याबाई एक निर्धन किसान की बेटी थीं किन्तु, उन्होंने अपने गुणों के आधार पर इतनी बड़ी पदवी और प्रतिष्ठा पाई । जिन अनुकरणीय गुणों को उन्होंने एक बार ग्रहण कर लिया था फिर जीवन भर उन्हें नहीं छोड़ा । युवरानी, राज-वधू और स्वयं महारानी हो जाने पर भी अहिल्याबाई उसी प्रकार का सामान्य भोजन करतीं और साधारण कपड़े पहनती रहीं जिस प्रकार का भोजन, वस्त्र अपने प्रारम्भिक जीवन में उपयोग किया करती थीं । राज-वैभव, राजसुख, और राजमद उन्हें वैसे ही प्रभावित न कर सका जिस प्रकार चन्दन के वृक्षों में सर्पों के लिपटे रहने से उनका विष उनमें व्याप्त नहीं होता ।

कार्यभार से थककर जब महारानी अहिल्याबाई को मनोरंजन की आवश्यकता होती थी तो वे या तो विद्वानों के साथ बैठकर शास्त्रों अथवा साहित्य पर चर्चा किया करती थीं अथवा अश्वारोहण और शस्त्र-अभ्यास किया

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

करती थीं । अपने इस मनोरंजन के क्रम में ही वे एक अच्छी साहित्य-मर्मज्ञा और कुशल अश्वारोहिणी के साथ-साथ शस्त्र-संचालिका भी बन गई थीं । राज-प्रबन्ध और युद्ध-संचालन की कला स्वयं महारानी अहिल्याबाई ने अपनी प्रतिभा, मर्मज्ञता तथा सूक्ष्मदृष्टि के आधार पर प्रयत्नपूर्वक सीख ली थी ।

महारानी अहिल्याबाई के जीवन से जो सबसे बड़ी प्रेरणा हमको प्राप्त होती है वह 'कर्त्तव्य-परायणता' की है । साधारण अर्थ में कर्त्तव्य-परायण व्यक्ति संसार में बहुत से मिल सकते हैं । वे सभी राज्य-कर्मचारी जो अपना कार्य ईमानदारी और मुस्तैदी से करते हैं, कर्त्तव्य-परायण ही हैं । जो सैनिक समर-भूमि में निर्भय चित्त से दुश्मन का सामना करता है और प्राणों पर संकट आया देखकर पीछे पैर नहीं रखता, वह भी अवश्य कर्त्तव्य-परायण कहा जायेगा । जो विद्यार्थी आलस्य और प्रमाद को त्यागकर पूर्ण मनोयोग से विद्याभ्यास करता है और समस्त अनावश्यक शौकों को छोड़कर अपनी पूरी शक्ति परीक्षा में सफल होने में लगा देता है उसे भी कर्त्तव्य-परायण माना जायेगा ।

परन्तु इस प्रकार की कर्त्तव्य-परायणता प्रायः वेतन तथा किसी भावी लाभ की आशा से उत्पन्न होती है, इसलिये उसमें कोई विशेषता नहीं मानी जाती, पर महारानी अहिल्याबाई ऐसे सर्वोच्च पद पर थीं कि उनके लिये किसी प्रकार के लाभ अथवा धन प्राप्ति की भावना कर्त्तव्य-परायणता की प्रेरक नहीं हो सकती थी । संसार में तो प्रायः यह देखा जाता है कि, सम्पत्ति तथा शक्ति की इस प्रकार प्राप्ति होने पर सभी व्यक्ति उसके उपभोग की ओर प्रेरित होते हैं, जो लोग ऐसी स्थिति में पहुँचने पर मदोन्मत्त हो जाते हैं और उचित-अनुचित का ध्यान त्यागकर केवल आमोद-प्रमोद को ही जीवन का लक्ष्य बना लेते हैं, उनकी बात को छोड़ दीजिये पर सज्जन और कर्त्तव्यनिष्ठ माने जाने वाले व्यक्ति भी अपनी पदवी और सुरुचि के अनुसार उन साधनों का उपयोग अपने सुख के लिये करते हैं और कोई उनको बुरा भी नहीं बतलाता ।

लेकिन महारानी अहिल्याबाई उन इने-गिने मानव-रत्नों में से थीं जो सब प्रकार के साधन सामने रहने पर और ऊपर से किसी प्रकार का प्रतिबन्ध न रहने पर भी उनसे इस प्रकार पृथक बने रहते हैं जैसे जल में कमल । इतने बड़े राज्य की एकमात्र स्वामिनी होने पर भी उसका आहार-विहार तथा वस्त्र आदि वैसे ही साधारण थे जैसे सामान्य राज्य-कर्मचारी के । वह जमीन पर सोती थीं और एक मामूली सूती साड़ी पहनती थीं, किन्तु राज्य-कार्य में परिश्रम वह इतना अधिक करती थीं कि जितना चार कर्मचारी भी नहीं कर सकते । वह स्वभाव से उन मनोविकारग्रस्त व्यक्तियों में से भी नहीं थीं जिनको धन-संग्रह की सनक होती है और अपने स्वर्ण और रत्न-भण्डार को दिन पर दिन बढ़ते देख यों ही प्रसन्न हुआ करते हैं ।

वह अपने धन का प्रथम उपयोग तो राज्य-व्यवस्था को उत्तम और कार्यक्षम बनाने तथा प्रजा की सुख-सुविधा की वृद्धि करने में करती थीं और जो शेष बचता था उसे परमार्थ और परोपकार के कार्यों में खर्च कर डालती थीं । यदि यह कहा जाये कि जिस हिसाब से अन्य राज्य-कर्मचारियों को वेतन दिया जाता था, उसी हिसाब से वह अपने परिश्रम के बदले जो वेतन पा सकती थीं उससे चौथाई भी वह अपने लिये खर्च नहीं करती थीं । जब ईमानदारी और सच्चाई के साथ पूरा परिश्रम करते हुए उसके साथ त्याग का भाव भी रखा जाये तब वह निःसन्देह महामानवता का लक्षण हो जाता है । यही विशेषता महारानी अहिल्याबाई की कर्त्तव्य-परायणता में पाई जाती थी, जिसके कारण तत्कालीन हजारों राजा-रानियों में से केवल उसी को श्रद्धा की भावना से अभी तक याद किया जाता है ।

नारी जाति की महिमा को बढ़ाने की दृष्टि से महारानी अहिल्याबाई का स्थान अद्वितीय है । भारत ही नहीं संसार भर में नारी का स्थान घर-गृहस्थी तक ही सीमित माना गया है । यद्यपि आज युग बदल रहा है और नारियों को सब प्रकार के राजनैतिक और सामाजिक अधिकार पूर्ण मात्रा में मिल गये हैं, उनमें से कोई-कोई देश के सर्वोच्च पदों पर पहुँच गई हैं, पर अब भी ऐसी नारियों का अभाव ही है कि जिनकी योग्यता प्रशासनिक कार्यों के लिये असंदिग्ध हो । अब भी स्त्रियों को जो उच्च पद दिये जाते हैं, उसमें उनको आगे बढ़ाने के लिये सहायता का भाव मिला रहता है, यद्यपि न्याय की दृष्टि से राजनैतिक और सामाजिक क्षेत्र में प्रत्येक कार्य करने का अवसर देना उचित ही है, पर इस युग में भी अधिकांश पुरुष मन में यही समझते हैं और आपस में कहते भी रहते हैं कि स्त्रियाँ इन कामों को करने के लिये स्वभावतः उपयुक्त नहीं हैं ।

ऐसी अवस्था में आज से दो सौ वर्ष पूर्व जबकि स्त्री का कार्य-क्षेत्र निश्चित रूप से घर के भीतर माना जाता था और देश के अधिकांश भागों में पर्दे की प्रथा भी इतनी अधिक प्रचलित थी कि उसने स्त्रियों को प्रायः अकर्मण्य और सांसारिक ज्ञान से अपरिचित बना रखा था । महारानी अहिल्याबाई जैसी कर्मठ और सुयोग्य नारी का आविर्भाव एक प्रकार से आश्चर्यजनक ही था । फिर जन्म से उनको ऐसा कोई साधन प्राप्त न था, जिससे इतनी अधिक प्रगति

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

की आशा की जाती । वे एक बिल्कुल गरीब की पुत्री थीं । धन, विद्या, रूप, बल आदि जिन विशेषताओं से मनुष्य प्रायः आगे बढ़ा करते हैं वे भी इनमें न थे । फिर भी मल्हार राव जैसे दूरदर्शी शासक की दृष्टि अकस्मात् उन पर पड़ गई और उसने उनके आन्तरिक गुणों का आभास पाकर अपनी पुत्र-वधू बनाने का निश्चय कर लिया । इससे विदित होता है कि मनुष्य की आत्मिक पवित्रता, सरलता और सत्य की भावना ऐसे गुण हैं जो अनेक बाह्य विशेषताओं से अधिक प्रभावशाली सिद्ध होते हैं ।

यह भी प्रायः देखा जाता है कि जब कोई साधारण स्थिति का मनुष्य संयोगवश ऐसा उच्च स्थान पा जाता है तो वह अपनी अवस्था को भूलकर अभिमानी और स्वार्थी बन जाता है और अपनी सम्पत्ति और साधनों का स्वयं ही अधिकाधिक उपयोग करना चाहता है । ऐसे व्यक्तियों में से अनेक ऐसा भी सोचने लग जाते हैं कि जब हमारी गरीबी की हालत में किसी ने हमारी सहायता नहीं की तो अब हम क्यों किसी की सहायता करने की फिक्र करें ? ऐसे व्यक्ति निश्चय ही बड़े संकीर्ण और अदूरदर्शी होते हैं । वे इतना नहीं सोच पाते कि ऐसी सौभाग्य की स्थिति को अक्विल या अटल समझ लेना बुद्धिमानी नहीं है, न मालूम कब वह बादल की छाया की तरह विलीन हो जाये । इसलिये प्रशंसा और स्वहित की बात यही है कि ऐसा अवसर पाकर उसका सदुपयोग अधिकाधिक परोपकार और दूसरों के साथ भलाई के लिये ही किया जाये जिससे प्रत्येक परिवर्तित दशा में आत्मसन्तोष बना रहे ।

महारानी अहिल्याबाई का चरित्र इस दृष्टि से आदर्श था । बिना किसी प्रकार की महत्त्वाकांक्षा और चेष्टा के इतना बड़ा दर्जा पा जाने पर भी उनको अहंकार छू नहीं गया था । वे राजमहल में भी वैसी ही निःस्पृह भावना से रहती थीं जैसी कि अपने ग्रामीण कच्चे घर में । उनको जो कुछ धन, मान मिला उसका उपयोग उन्होंने सदैव दूसरों के हितार्थ किया । दीन, दुःखी, विधवायें, अनाथ, अकिंचन व्यक्ति उनकी करुणा के मुख्य आधार थे । इस प्रकार उन्होंने धन और सत्ता के सदुपयोग का एक ऐसा महान् आदर्श उपस्थित किया जिसकी गुणगाथा हमेशा गाई जायेगी । काश, हमारे अन्य राजा, बादशाह, छत्रधारी इस पथ पर चले होते तो यह पृथ्वी क्लेश और कष्टों के बजाय आनन्द और शान्ति का आगार बनी दिखाई पड़ती ।

महारानी अहिल्याबाई की दानशीलता आज तक प्रसिद्ध है और अनेक तीर्थ-क्षेत्रों में उनकी बनवाई धर्मशालायें, सदाव्रत, घाट आदि उनकी पुण्यध्वजा फहरा रहे हैं । कहा जाता है कि राज्य-संचालन से बचे समस्त धन पर अहिल्याबाई उसी समय तुलसी-दल रखकर उसे धर्म कार्यों में खर्च करने का संकल्प कर लेती थीं, जिससे बाद में कोई उसे अन्य निजी या स्वार्थसिद्धि के कार्यों में लगाने की चेष्टा नहीं कर सकता था । हो सकता है कि, आधुनिक शिक्षा से प्रभावित व्यक्ति प्राचीन दान-प्रणाली में किसी तरह का दोष-दर्शन करते हों, पर एक बात तो प्रत्यक्ष है कि इस मार्ग पर चलने से धन का अनावश्यक संग्रह न हो पाता था और धनी तथा निर्धन के बीच असमानता की खाई उतनी गहरी न हो पाती थी, जितनी कि आजकल है । वर्तमान समय में एक करोड़पति—अरबपति और दूसरा दस-पाँच रुपये के लिये भी मुहताज—ऐसी घोर असमानता का कारण किसी भी प्रकार प्राप्त धन को अपनी बपौती समझ लेना ही है । महारानी अहिल्याबाई ने अनेक लोकोपकारी कार्यों में धन का सदुपयोग करके उपर्युक्त दोष की जड़ ही काट दी थी ।

महारानी अहिल्याबाई के चरित्र से जो मुख्य निष्कर्ष निकलता है वह यही है कि समाज ने स्त्रियों तथा छोटे वंश के समझे जाने वाले व्यक्तियों की आज तक जो उपेक्षा की है, उसमें परिवर्तन किया जाये । संसार में सबको प्रगति और उन्नति का अवसर मिलना चाहिये और कोई सच्चे सद्गुणों का परिचय दे, उसकी उचित कद्र करनी चाहिये । इस तरह का व्यवहार करके हम संसार की और अपनी बड़ी सेवा कर सकते हैं । हमको निश्चित रूप से इस तथ्य को समझ लेना चाहिये कि, व्यक्ति और समाज का सबसे बड़ा हित इसी में है कि अधिकाधिक लोगों को सन्मार्ग—परमार्थ-पथ पर चलने की प्रेरणा और अवसर दिया जाये । संसार में सज्जनों, परोपकारियों, सेवा-भाव वालों की संख्या जितनी अधिक बढ़ेगी उतना ही मानव-जाति का कल्याण होगा और वह देवत्व की ओर अग्रसर हो सकेगी । महारानी अहिल्याबाई ने हम लोगों— विशेषतया नारी जाति के सम्मुख ऐसा उच्च और साथ ही सरल आदर्श उपस्थित किया है जिसका अनुसरण करके हम लोग भी महानता का वरण कर सकते हैं ।

सब प्रकार अधिकार सम्पन्न तथा गुणवती होने पर भी महारानी अहिल्याबाई में अभिमान, अहंकार अथवा मद छू तक नहीं गया था । वे आदि से अन्त तक अपने आन्तरिक जीवन में वैसी ही भोली, सरल और साध्वी बनी रहीं जैसी कि इन्दौर आने से पूर्व थीं । गुणों और कर्त्तव्यनिष्ठा में कितनी शक्ति होती है और उसके आधार पर मनुष्य कहाँ से कहाँ पहुँच सकता है अहिल्याबाई इसकी एक जीती-जागती उदाहरण हैं । धन्य हैं वे गुण और उनको धारण करने वाले वे गुणी जो इस जीवन में देवत्व पाकर जीवन की मुक्ति के अधिकारी बनते हैं ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

आदर्श वीरांगना : रानी लक्ष्मीबाई

सन् १८५७ का गदर भारतीय इतिहास की एक महत्त्वपूर्ण घटना है । पिछले एक हजार वर्षों से भारतवासी निरन्तर विदेशियों से दबते चले जाते थे । वीरता और शौर्य में तो वे किसी से कम नहीं थे, यहाँ के क्षत्रियों के समान निर्भय होकर लड़ने वाले सैनिक संसार में ढूँढ़ने पर भी मिलने कठिन थे, पर आपस की फूट और असंगठन के कारण उनको प्रायः पराजय और असफलता का ही मुख देखना पड़ता था । मुसलमानी शासनकाल में तो फिर भी वे समय-समय पर अपनी वीरता का चमत्कार दिखाते रहते थे, पर अंग्रेजी हुकूमत में सबको इस प्रकार बाँध दिया गया कि स्वतन्त्र रूप से हाथ-पैर हिलाना भी असम्भव हो गया । अंग्रेजों की नीति यही थी कि यहीं के सैनिकों और यहीं के साधनों से देश के एक-एक भाग को अपने अधिकार में करते चले जायें । फौजों के अफसर जरूर अंग्रेज रहते थे और तिहाई, चौथाई अंग्रेज सिपाही भी सावधानी की निगाह से साथ में रखे जाते थे, पर ज्यादातर परिश्रम और लड़ने का काम भारतीय ही करते थे ।

लगभग सौ वर्ष से इसी नीति से काम लेकर इन विदेशियों ने सन् १८५७ तक भारतवर्ष के नक्शे का लगभग पौन भाग लाल रंग में रंग दिया था । पीले रंग वाला भाग (देशी राज्य) कठिनता से चौथाई रह गये थे और उनकी स्वतन्त्रता भी दिन पर दिन सीमित की जा रही थी । गदर के पहले दस-पाँच वर्षों में अंग्रेज गवर्नर जनरलों ने देशी राज्यों को हड़पने की नीति को बहुत तेज कर दिया था । सतारा, नागपुर, अवध, झाँसी आदि कितने ही राज्य झूठे बहाने लगाकर अंग्रेजी हुकूमत में मिला लिये गये थे । अनेक छोटे जागीरदारों की भूमि पर भी सरकारी अधिकार कर लिया गया था । इसके सिवाय जिस प्रकार सम्भव हुआ प्रजा को लूटकर भारतवर्ष का धन इंग्लैण्ड पहुँचाया जा रहा था । इस प्रकार राजनीतिक आधिपत्य दृढ़ करने के साथ ही भारतीय धर्म और सभ्यता को भी दबाकर यहाँ ईसाइयत के प्रचार की चेष्टा की जा रही थी, जिससे लोगों में विरोध की भावना ही उत्पन्न न हो ।

इन सब कारणों से कई वर्षों से देश के भीतर असन्तोष का भाव बढ़ रहा था । उस समय प्रेसों और समाचार पत्रों का तो आजकल के समान प्रचार नहीं हुआ था, जिनके द्वारा वह असन्तोष प्रकट हो सकता और शासक वर्ग को उसकी गहराई का पता लग सकता, वह भीतर ही भीतर घुमड़ रहा था । अकस्मात् सिपाहियों को दिये जाने वाले कारतूसों में गाय और सूअर की चर्बी होने की अफवाह उड़ी और भारतीय सेनाओं का एक भाग विद्रोह करने पर उतारू हो गया । जिन लोगों के राज्यों और जागीरों को अन्यायपूर्वक छीना गया था उन्होंने भी इस आग को और भड़काने में सहयोग दिया । कुछ ही सप्ताह के भीतर देश के कई प्रान्तों में, करीब एक हजार मील तक फैले भू-भाग में विद्रोह की अग्नि धूँ-धूँ करके जलने लगी ।

झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई भी इसी भारतीय—स्वतन्त्रता के लिये आरम्भ किये गये रण-यज्ञ की एक विशिष्ट 'होता' थीं । यह नहीं कहा जा सकता कि इस योजना के गढ़ने में भी उनका हाथ था या नहीं ? अंग्रेज इतिहासकारों ने तो उनको भी इस घटना का उत्तरदाई बतलाया है और भारतीय लेखकों के मतानुसार उनको संयोगवश ही इसमें भाग लेना पड़ा । कुछ भी हो जब एक बार वे मैदान में आ गईं तो उन्होंने वह जौहर दिखलाये जिसकी शत्रु-मित्र किसी को आशा नहीं थी और तो क्या अंग्रेजी सेना के एक बहुत बड़े सेनापति सर ह्यूरोज ने, जिन्होंने झाँसी, कालपी और ग्वालियर में विद्रोहियों की बड़ी-बड़ी सेनाओं को हराकर फिर से अंग्रेजों की सत्ता कायम की थी और जिनसे घोर युद्ध करते हुए ही रानी लक्ष्मीबाई ने आत्मोत्सर्ग किया था, इनकी वीरता की मुक्तकण्ठ से सराहना की थी । उन्होंने इस सम्बन्ध में अपनी घोषणा में जो शब्द कहे थे वे आज तक इतिहास में अमर बने हुए हैं । उन्होंने लिखा था—

"शत्रु-दल (भारतीय विद्रोहियों) में अगर कोई सच्चा मर्द था तो वह झाँसी की रानी ही थी ।"

सर ह्यूरोज के इस कथन को पढ़, सहसा मुख से निकल जाता है—"रहिमन साँचे शूर कौ बैरिहु करें बखान ।" लक्ष्मीबाई झाँसी, कालपी और ग्वालियर तीनों ही स्थानों में सर ह्यूरोज की सेना से खूब लड़ी और उसे नाकों चने चबवा दिये । सच पूछा जाये तो अन्य सब 'विद्रोही सरदार' अंग्रेजी सेना के सामने एक भी जगह नहीं ठहरे, वहाँ लक्ष्मीबाई ने ही डटकर मुकाबला किया और बार-बार शत्रु की सेना का मुँह मोड़ दिया । वह तो एक तरफ उसके अल्प साधन और दूसरी ओर अंग्रेजों के पास नये-नये हथियारों का होना था, जिससे अन्त में विजयश्री अंग्रेजी सेना को मिली पर उस अकेली रानी ने जिस प्रकार सैकड़ों सैनिकों का मुकाबला करके बीसियों को धराशायी किया उसका उदाहरण उस युद्ध में दूसरा नहीं मिला ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

इसी से प्रभावित होकर, यूरोप के प्रसिद्ध रणक्षेत्रों के विजयी सेनापति और वीरों की सच्ची कदर करने वाले सर ह्यूरोज ने इस प्रकार के उद्‌गार प्रकट किये थे ।

जन्म और बाल्यावस्था

लक्ष्मीबाई के पूर्वज सतारा (महाराष्ट्र) के निवासी थे । जिस समय ईस्ट इण्डिया कम्पनी से हारकर पूना का पेशवाई शासन समाप्त हुआ, उस समय लक्ष्मीबाई के पिता मोरोपन्त ताँबे भी पेशवा बाजीराव (द्वितीय) के भाई चिम्नाजी अप्पा के यहाँ काम करते थे । कम्पनी से सन्धि हो जाने पर बाजीराव आठ लाख वार्षिक की पेंशन पाकर बिठूर में रहने लगे और उनके भाई अप्पा साहब ने काशीवास पसन्द किया । उनको भी कम्पनी की तरफ से पृथक पेंशन नियत की गई थी । मोरोपन्त भी उनके साथ काशी आये उनके निर्वाह के लिये अप्पा साहब ने ४० रु. मासिक नियत कर दिया था ।

मोरोपन्त की पत्नी भागीरथी बाई बड़ी सुन्दर और सद्‌गुणी स्त्री थी । इन दोनों पति-पत्नी में परस्पर बड़ा प्रेम भी था । लक्ष्मीबाई का जन्म १६ नवम्बर सन् १८३४ को काशी में हुआ पर जब उसकी आयु ३-४ वर्ष की थी तभी उसकी माता का देहान्त हो गया और पालन-पोषण का भार उसके पिता मोरोपन्त पर ही पड़ गया । उधर अप्पा साहब का देहान्त भी इसके कई वर्ष पहले हो चुका था और मोरोपन्त को जीवन निर्वाह में बड़ी कठिनाई हो रही थी । इस स्थिति में उन्होंने बिठूर में बाजीराव के आश्रय में रहने का निश्चय किया । बाजीराव ने उदारतापूर्वक उनको अपने यहाँ स्थान दिया और वे अपनी पुत्री को लेकर पेशवा के परिवार के साथ ही रहने लगे ।

जिस समय बालिका लक्ष्मीबाई बिठूर में पेशवाओं के महल में रहने लगी उस समय बाजीराव के दत्तक-पुत्र नाना साहब (जन्म १८२४), उनके भाई बाला साहब तथा भतीजे राव साहब भी वहीं रहते थे । बाजीराव ने इन सब बालकों की शिक्षा-दीक्षा की अच्छी व्यवस्था कर रखी थी । उनको पढ़ने-लिखने के साथ ही अस्त्र संचालन और घुड़सवारी की शिक्षा भी दी जाती थी । लक्ष्मीबाई (जिसका नाम उस समय मनुबाई था) यद्यपि आयु में छोटी थी, तो भी उन्हीं के साथ रहती थी और सब प्रकार की शिक्षा प्राप्त करती रहती थी । वहीं से उसे घुड़सवारी और शस्त्र चलाने का शौक लग गया, जो आगे चलकर उसे एक आदर्श वीरांगना बनाने वाला सिद्ध हुआ । पेशवा बाजीराव भी उसकी सुन्दर आकृति और भोलेपन को देखकर बड़े प्रसन्न रहते थे और उसे 'छबीली' कहकर पुकारते थे ।

लक्ष्मीबाई बाल्यावस्था से ही तेजस्वी और अपनी बात पर डट जाने वाली थी । जिस समय नाना साहब और राव साहब घोड़ों पर हवाखोरी को निकलते थे तो वह भी घोड़े पर सवार होकर साथ जाती थी । एक दिन नाना साहब हाथी पर बैठकर जाने लगे तो वह भी हाथी के लिये हठ करने लगी । बाजीराव ने भी बहुत कहा कि 'छबीली' को भी बैठा लो पर नाना साहब न माने । उधर लक्ष्मीबाई हठ करती ही जाती थी, इस पर मोरोपन्त को क्रोध आ गया और उसने कहा—"क्या तेरी तकदीर में हाथी पर बैठना लिखा है ? क्यों व्यर्थ में हठ करती है !" लक्ष्मीबाई ने तड़ाक से उत्तर दिया—"मेरे भाग्य में तो दस हाथियों पर बैठना लिखा है !" समय आने पर यह बात पूरी तरह सत्य हो गई । झाँसी की रानी होने पर वह नाना साहब से भी अधिक वैभवशालिनी बन गई ।

विवाह और वैधव्य

जिस समय लक्ष्मीबाई की आयु ८ वर्ष की हुई तो उसके पिता जाति प्रथा के अनुसार उसके विवाह की चिन्ता करने लगे । जब कानपुर में किसी से बातचीत पक्की न हुई तो बाहर खोज करने लगे । इसी समय झाँसी के राजा गंगाधर राव के लिये भी वधू होने के लायक कन्या की खोज की जा रही थी । इस कार्य के लिये आने वाले सरदारों को लक्ष्मीबाई उपयुक्त जान पड़ी और जिस वर्ष गंगाधर राव झाँसी के राज-सिंहासन पर आसीन हुए उसी वर्ष उनका विवाह-संस्कार लक्ष्मीबाई के साथ सम्पन्न हो गया ।

झाँसी का प्रान्त पहले बुन्देलखण्ड के सुप्रसिद्ध शासक महाराज छत्रसाल के अधिकार में था । उन्होंने उसे पूना के पेशवा बाजीराव (प्रथम) को उनकी सैनिक-सहायता के उपलक्ष्य में भेंट स्वरूप दे दिया था । सन् १७५६ में नागा साधुओं के गुरु इन्द्रगिरि ने उस पर अधिकार कर लिया पर बाजीराव उसको इस तरह छोड़ने वाले न थे, उन्होंने अपना एक सरदार कुछ सेना के साथ झाँसी भेजा जिसने इन्द्रगिरि को पूर्णरूप से पराजित कर दिया । उस समय झाँसी में इन नागा संन्यासियों के ४ मठ थे जिनमें एक हजार युद्ध कर सकने लायक साधु निवास करते थे । इन सबको प्रति मास चार रुपया राज्य की तरफ से मिलता था और इनका कर्त्तव्य था कि जब कभी युद्ध आरम्भ हो तो वह स्वयं मोर्चे पर पहुँच जायें । ये नागा संन्यासी अधिकतर धनुष-बाण से लड़ते थे । मराठा सूबेदारों ने भी इन चारों सैनिक संगठनों को, जिनका नाम 'आनन्त', 'आभात', 'आखात' और 'नाखात' था, कायम रखा ताकि समय पड़ने पर उनको युद्ध क्षेत्र में भेजा जा सके । सन् १७५७ के

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

विद्रोह में इन नागाओं ने भी लड़ने में मुख्य भाग लिया था ।

कुछ समय बाद बाजीराव ने रघुनाथ हरी नेवालकर को झाँसी का सूबेदार नियुक्त किया । ये एक वीर और सुयोग्य शासक थे और सन् १७७० से १७९४ तक २४ वर्षों में उन्होंने झाँसी के राज्य की इतनी उन्नति की और वहाँ पेशवा के शासन को इतना सुदृढ़ बना दिया कि उसने प्रसन्न होकर रघुनाथ हरी को ही झाँसी का पुश्तैनी सूबेदार बना दिया । जब वे अधिक वृद्ध हो गये तो उन्होंने सूबेदार के पद पर अपने भाई शिवराज भाऊ को नियुक्त कर दिया और स्वयं काशीवास करने को चले गये । इन्हीं शिवराव ने सन् १८०४ में लॉर्ड लेक के प्रयत्न से अंग्रेजी सरकार ने एक सुलहनामा लिख दिया था, जिसमें कहा गया था कि "शिवराब भाऊ और कम्पनी की सरकार आपस में सच्चे मित्र हैं और वे किसी भी आपत्ति के समय एक-दूसरे की सहायता करने को तैयार रहेंगे ।" साथ ही यह भी था कि "अब तक झाँसी के सूबेदार पेशवा सरकार के मातहत माने जाते हैं, उनका वह सम्बन्ध भी कायम रहेगा ।" यद्यपि यह सुलहनामा प्रत्यक्ष में निर्दोष जान पड़ता है पर लॉर्ड लेक की इस कूटनीति का यह परिणाम हुआ कि झाँसी का उदाहरण देखकर बुन्देलखण्ड के अन्य समस्त राज्यों ने भी एक के बाद एक अंग्रेज शासकों से समझौता कर लिया । जो राजा इसे अपनी स्वतन्त्रता के लिये हानिकारक मानते थे उनको भी अपनी सुरक्षा की दृष्टि से ऐसा ही करना पड़ा ।

कुछ समय बाद जब अंग्रेजों ने पेशवा बाजीराव (द्वितीय) को दबा लिया तो उससे सन्धि करते समय यह शर्त भी लिखा ली कि हमारी मातहती में झाँसी जैसे जो दूरवर्ती इलाके हैं, उन सब पर से हम अपना अधिकार छोड़ते हैं । यद्यपि पेशवा का शासन निर्बल पड़ जाने से ये सब 'सूबेदार' स्वयं ही पूर्ण स्वतन्त्र राजा बन गये थे और पेशवा को किसी प्रकार का 'वार्षिक कर' देना उन्होंने बन्द कर दिया था, तो भी नाममात्र के लिये वे 'पेशवाई' के अधीन अवश्य थे, परन्तु चालाक अंग्रेजों ने इस शर्त द्वारा, उनको पेशवा के बन्धन से मुक्त करके अपने साथ किसी भी प्रकार की 'सन्धि' कर सकने के स्थिति में ला दिया । अंग्रेजी सरकार के साथ सन्धि न कर सकने का एक बहाना था उसे भी दूर कर दिया गया ।

शिवराव भाऊ का देहान्त सन् १८१५ में हो गया । उसके बाद उनका पौत्र रामचन्द्र राव सूबेदार हुआ और १८३५ तक शासन करता रहा । उसका देहान्त होने पर उसके कई वर्ष बाद तक शासन में शीघ्रतापूर्वक परिवर्तन होते रहे और ४ वर्ष तक अंग्रेज सरकार ने अपना प्रतिनिधि झाँसी में रखकर वहाँ का शासन कार्य चलाया । इसके पश्चात् बहुत सोच-विचार कर लक्ष्मीबाई के पति गंगाधर राव को, जो शिवराव भाऊ के सबसे छोटे पुत्र थे शासन भार दे दिया गया । पर अब वे पूर्णतया अंग्रेजी सरकार के मातहत हो गये और उन्हें अपने यहाँ एक अंग्रेजी सेना की टुकड़ी रखना और उसके खर्च के लिये सवा दो लाख रु. वार्षिक देना स्वीकार करना पड़ा ।

झाँसी के राजाओं का यह इतिहास हमको बतलाता है कि किस प्रकार अपनी ही असावधानी और संगठन के अभाव से इस देश में अंग्रेजों के कदम धीरे-धीरे मजबूत होते गये और वे एक-एक करके राजाओं के राज्यों को अपने शासन में मिलाते चले गये । एक दिन वह भी था कि जब वे यहाँ व्यापारी के रूप में आये थे और सन् १७५३ तक 'एक दीन सेवक' की हैसियत से देहली के बादशाहों से छोटी-मोटी रियायतों के लिये पैरों पर सिर रखकर प्रार्थना किया करते थे । पर उसके सौ वर्ष बाद वे ही व्यापारी यहाँ के बड़े-बड़े राजाओं के साथ मनमाना बर्ताव करने लगे और झूठे बहाने निकालकर उनके राज्यों को आत्मसात करने लगे । अंग्रेजों की इन चालों को देखकर भी भारतवासी सावधान नहीं हुए और जिसको अंग्रेजों से अपना कोई लाभ सिद्ध होता दिखाई पड़ा वही उनका सहयोगी बनकर देशवासियों की जड़ काटने लगा । भारतवासियों में राष्ट्रीय भावना का यह अभाव ही इनके पतन का एक मुख्य कारण रहा है । अब यद्यपि देश स्वतन्त्र हो चुका है, तो भी यह त्रुटि पूरी तरह दूर नहीं हुई है । आज भी यहाँ के अधिकांश व्यक्ति राष्ट्रीय-हित के सम्मुख व्यक्तिगत हित को ही प्रधानता देने वाले मिलते हैं, जिससे भारतीय-समाज की उन्नति बहुत कुछ रुकी हुई है ।

लक्ष्मीबाई का वैवाहिक जीवन

लक्ष्मीबाई का विवाह गंगाधर राव से हो जाने पर उसके पिता तथा अन्य सम्बन्धी झाँसी ही जाकर रहने लगे । मोरोपन्त को दरबार में एक सरदार की पदवी दी गई और तीन सौ रु. मासिक वेतन मिलने लगा और लोग भी अच्छे पदों पर नियुक्त किये गये । गंगाधर राव एक अच्छी योग्यता वाले और प्रजाहितैषी शासक थे । उन्होंने सर्वसाधारण की भलाई के लिये अनेक कार्य किये । सबके साथ दयालुता का व्यवहार करने के कारण लोग उनको "काका साहब" कहकर पुकारते थे । उनके पश्चात् झाँसी के राज्य का क्या होगा इसका उन्हें बड़ा ख्याल रहता था, क्योंकि वे देख रहे थे कि निःसन्तान राजाओं के राज्यों पर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

अंग्रेजी सरकार किस प्रकार एक-एक करके अधिकार जमाती चली जा रही है ।

जब विवाह को ८ वर्ष व्यतीत हो जाने पर भी कोई सन्तान नहीं हुई तो उनका ध्यान धार्मिक कार्यों की तरफ गया और सन् १८५० में वे तीर्थयात्रा के लिये निकले । सबसे पहले काशी पहुँचे, फिर गया, प्रयाग आदि की भी यात्रा की । जहाँ कहीं गये वहाँ खूब दान-पुण्य किया । वहाँ से वापस आने पर लक्ष्मीबाई गर्भवती हुई और १८५१ में उसने एक पुत्र को जन्म दिया । इससे सबको अत्यन्त प्रसन्नता हुई और एक महीना तक नगर में बड़ी खुशियाँ मनाई गईं पर यह प्रसन्नता अल्पकालीन ही सिद्ध हुई क्योंकि तीन मास की आयु में ही बालक का देहावसान हो गया । गंगाधर राव को तो इससे इतना मानसिक कष्ट हुआ कि वे बीमार पड़ गये और उन्होंने खटिया पकड़ ली । बहुत कुछ इलाज किये जाने पर सन् १८५२ में स्वास्थ्य में कुछ सुधार जान पड़ा पर अब भी बीमारी पूरी तरह ठीक नहीं हुई थी जिससे उनको पथ्य-भोजन ही ग्रहण करना पड़ता था । अक्टूबर १८५३ में एक श्राद्ध के अवसर पर उन्होंने कुछ खा लिया जिससे रोग फिर एक दम बढ़ गया । परिणाम यह हुआ कि वे दशहरे के दरबार में भी आकर न बैठ सके । उस अवसर पर समस्त सरदारों और प्रतिष्ठित नागरिकों ने रानी लक्ष्मीबाई को विश्वास दिलाया कि उन सबकी सहानुभूति पूरी तरह से महाराज के साथ है, क्योंकि वे सदैव सबके सुख-दुःख का पूरा ध्यान रखते हैं और उन्होंने कभी किसी के साथ अन्यायपूर्ण या बुरा बर्ताव नहीं किया । सबने मिलकर महाराज की दीर्घायु के लिये भगवान् से प्रार्थना की ।

पर प्रजा की शुभाकांक्षायें और बड़े-बड़े वैद्य, हकीम तथा डॉक्टरों का इलाज, कुछ भी काम न आया । स्वास्थ्य दिन पर दिन गिरता ही गया और नवम्बर के दूसरे सप्ताह में यह जान पड़ने लगा कि अब महाराज का अधिक समय तक जीवित रह सकना सम्भव नहीं । यह देखकर लक्ष्मीबाई के पिता और राज्य-मन्त्री नृसिंहराव महाराज के पास गये और भविष्य में राज्य की व्यवस्था के सम्बन्ध में विचार किया गया । सोच-विचारकर यह तय हुआ कि अपने घराने के वासुदेव नेवालकर के पुत्र आनन्दराव को जिसकी आयु पाँच वर्ष की थी, दत्तक लेकर युवराज बना दिया जाये ।

महाराज ने अपनी हालत खराब होती देखकर इस कार्य को तुरन्त सम्पन्न किया और बुन्देलखण्ड के असिस्टेण्ट पोलिटीकल एजेण्ट मेजर एलिस को अपने हाथ से एक खरीता (राजकीय पत्र) दिया जिसमें कम्पनी-सरकार को यह सूचना दी गई कि उन्होंने आनन्दराव को दत्तक पुत्र के रूप में ले लिया है और उसका नाम दामोदर राव रखा है । पत्र में यह भी प्रार्थना की गई थी कि उनका देहावसान होने पर दामोदर राव को ही उनका उत्तराधिकारी माना जाये ।

जिस समय महाराज ने अपना वसीयतनामा असिस्टेण्ट पोलिटीकल एजेण्ट को दिया तो साहब का दिल भर आया और उन्होंने प्रतिज्ञा की कि वे अवश्य इसे स्वीकृत करा देंगे, पर जब वसीयतनामा और मेजर एलिस का पत्र पोलिटीकल एजेण्ट मेजर मैलकम के पास पहुँचा तो उन्होंने गवर्नर जनरल को अपनी तरफ से यह पत्र भेजा—

खेद के साथ सूचना दी जाती है कि झाँसी के महाराज २१ नवम्बर सन् १८५३ को परलोकवासी हो गये । मृत्यु से पूर्व महाराज ने पाँच वर्षीय एक बालक दामोदर राव को अपना दत्तक पुत्र बनाया और यह भी कहा कि यह लड़का हमारा नवासा है । परन्तु मुझे ऐसा विदित होता है कि यह लड़का महाराज रघुनाथ राव की दूसरी पुस्त से है और अंग्रेजी कानून के अनुसार, महाराज का चचेरा भाई है । जो वसीयतनामा महाराज ने मुझे भेजा है वह मैं साथ में भेज रहा हूँ । मुझे ऐसा विदित होता है कि महाराज ने अपने स्वर्गवास के समय दत्तक लेने का विचार किया पर इस कार्य पर झाँसी के अमीर लोग अवश्य खेद प्रकट करेंगे । उनको आशा थी कि महाराज गंगाधर राव के पश्चात् अंग्रेजों की देख-रेख में राज्य का प्रबन्ध होगा पर जब महाराज ने सोचा कि झाँसी के सूबेदार शिवराव भाऊ के वंश में जिसके साथ सरकार का पहला सन्धि पत्र लिखा गया था, कोई वारिस नहीं है तो उन्होंने यह दत्तक-पुत्र लिया । सरकार की जानकारी के लिये मैं महाराज की वंशावली भेज रहा हूँ, जिससे विदित होगा कि यह लड़का महाराज रघुनाथ राव के वंश का है ।

"मैंने २ नवम्बर को एक पत्र मेजर एलिस को भी भेजा था और वे उसी के अनुसार कार्यवाही कर रहे हैं । जब तक झाँसी के विषय में सरकार की पूरी स्वीकृति न आ जायेगी तब तक स्वर्गीय महाराज के दत्तक का कुछ भी विचार न किया जायेगा । झाँसी के राजा का अंग्रेजी सरकार से क्या सम्बन्ध है यह बतलाने को कुछ प्रमाण लिखे जाते हैं । इन पर विचार करने से मालूम होगा कि झाँसी के राजा को अपने राज्य का वारिस बनाने का अख्तियार है या नहीं ?"

इस पत्र से स्पष्ट है कि मैलकम साहब ने महाराज गंगाधर राव के मरते ही झाँसी के राज्य को अंग्रेजी अधिकार में करने का विचार कर लिया था । अपनी बात को

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

प्रमाणित करने के लिये उन्होंने यह दलील पेश की कि पेशवा बाजीराव ने सन् १८१७ के सुलहनामे के द्वारा झाँसी राज्य का पूरा अधिकार हमको दे दिया था और हमने ही शिवराव भाऊ के पौत्र को गद्दी पर बिठाकर उसे 'सूबेदार' के बजाय 'महाराज' का खिताब दिया था । उसके निःसंतान मर जाने पर राज्य के असली हकदार की तलाश की गई । उस समय शिवराव भाऊ के दो पुत्र (रघुनाथ राव और गंगाधर राव) जीवित थे, उन्हीं को एक के बाद एक राज्य का अधिकार दिया गया पर अब गंगाधर राव की मृत्यु हो जाने से उस वंश की इतिश्री हो गई और इससे आगे किसी को उनका उत्तराधिकारी नहीं माना जा सकता ।

महाराज गंगाधर राव ने अन्तिम समय में जिस बालक दामोदर राव को दत्तक लेकर रानी लक्ष्मीबाई को उसका अभिभावक नियत किया था उसके सम्बन्ध में मेजर मैलकम ने लिखा—"महाराज गंगाधर राव ने जिस स्त्री (लक्ष्मीबाई) को राज्य की व्यवस्था सौंपने की इच्छा प्रकट की है, वह हर तरह से योग्य है परन्तु इस समय की अवस्था को देखते हुए विश्वास है कि सरकार इस इलाके को अपने काबू में करेगी और रानी साहिब तथा उनके सम्बन्धियों को कोई अच्छा 'बजीफा' देकर आराम पहुँचायेगी । रानी साहिबा के लिये कितने रुपये की जरूरत होगी यह बतलाना बहुत कठिन है । चूँकि बुन्देलखण्ड में मराठों का यह आखिरी खानदान है, इसलिये सब बातों पर विचार करते हुए मैं यह परिणाम निकालता हूँ कि महारानी को ५००० रुपये वार्षिक से कम न दिया जाये ।"

अंग्रेज सरकार की नीति उस समय यही थी कि कम से कम जितनी रियायत देने से इस देश के पुराने शासक और प्रजागण शान्त रह सकें उतना उनको देकर शेष समस्त अधिकारों को उनसे छीन लिया जाये । खासकर जिस समय महाराज गंगाधर राव की मृत्यु हुई और उनके दत्तक दामोदर राव को रानी लक्ष्मीबाई की संरक्षकता में झाँसी राज्य का अधिकारी बनाने का प्रश्न उठा उस समय देश में लार्ड डलहौजी का शासन-चक्र चल रहा था । वे देशी राज्यों के विरुद्ध थे और एक-एक करके कितने ही राज्यों को अंग्रेजी शासन के अन्तर्गत ला चुके थे । इस समय ईस्ट इण्डिया कम्पनी का शासन इस देश में इतना जम चुका था और उसकी सैन्यशक्ति इतनी सुदृढ़ हो चुकी थी कि उसे देशी राजाओं की सहायता की कोई आवश्यकता नहीं रह गई थी । उसकी निगाह में वे अब केवल 'जमींदारों' की तरह रह गये थे, जो केवल छत्र, मुकुट और आभूषणों से सजधज कर सिंहासन पर बैठ जाते हैं और खजाने के रुपये को भोग-विलास के कार्यों में बर्बाद किया करते हैं । इसलिये अंग्रेज अधिकारियों ने यह निश्चय कर लिया था कि किसी भी राजा के निःसंतान मर जाने पर उसको दत्तक लेने का अधिकार न दिया जाये और उसका राज्य कम्पनी के शासन में मिला लिया जाये ।

इस नीति के अनुसार महाराज गंगाधर राव के मरते ही मेजर एलिस ने तुरन्त ही झाँसी के खजाने में ताला लगा दिया और गवर्नर जनरल की आज्ञा की प्रतीक्षा में राज्य का पूरा प्रबन्ध आपने हाथ में ले लिया । इस तरह चार महीने बीत गये, तो भी अंग्रेजी-सरकार का कोई हुक्म नहीं आया । यह देखकर रानी लक्ष्मीबाई ने सरकार के पास एक और खरीता भेजा जिसमें झाँसी के राजवंश और अंग्रेजी सरकार के बीच प्राचीन मित्रता का उल्लेख करते हुए दामोदर राव को राज्य का अधिकारी स्वीकृत किये जाने की प्रार्थना की गई थी । लॉर्ड डलहौजी ने इसे स्वीकार न किया और २७ फरवरी सन् १८५४ को एक घोषणा द्वारा झाँसी के राज्य को ब्रिटिश शासन में मिला लेने की आज्ञा दे दी । उन्होंने निर्णय किया कि झाँसी का राज्य स्वतन्त्र नहीं है, वरन् पारितोषिक के रूप में जागीर की तरह दिया गया था । अतः उसका कोई अधिकारी न होने की सूरत में वापस ले लेने का पूर्ण अधिकार है । उन्होंने यह भी दलील दी कि झाँसी-राज्य अन्य अंग्रेजी जिलों के बीच में पड़ता है और उसे अंग्रेजी शासन में ले लेने से राज्य-व्यवस्था में सुविधा रहेगी ।

जब अंग्रेज रेजीडेण्ट ने गवर्नर जनरल की इस घोषणा को रानी लक्ष्मीबाई को पढ़कर सुनाया तो रानी ने दृढ़ किन्तु मधुर स्वर से कहा—"मेरा झाँसी देगा नहीं !" उस समय रानी की इस दृढ़तापूर्ण वाणी का कोई परिणाम नहीं निकला । उनको ५ हजार की सालाना पेंशन, नगर के राजमहल में रहने का अधिकार मिला । पारिवारिक सम्पत्ति तथा आभूषणों आदि पर भी उनका स्वामित्व स्वीकार किया गया । झाँसी के खजाने से ६ लाख रुपये निकालकर दामोदर राव के नाम से अंग्रेजी खजाने में जमा कर दिये गये जो उसे वयस्क होने पर मिल सकते थे ।

लक्ष्मीबाई ने इस आज्ञा का बहुत विरोध किया और कई महीने तक पेंशन लेने से इन्कार कर दिया । उन्होंने उमेशचन्द्र बनर्जी नामक हिन्दुस्तानी वकील तथा एक यूरोपियन वकील को ६० हजार रुपये खर्च करके कम्पनी के 'बोर्ड ऑफ डाइरेक्टर्स' के पास अपील करने को लन्दन भेजा पर उसका भी कोई नतीजा नहीं निकला । तब विवश होकर उन्होंने पेंशन लेना आरम्भ किया । अब उनका अधिकांश समय पूजा-पाठ में व्यतीत होता था, जो समय बचता था उसमें वे घुड़सवारी और व्यायाम करती थीं । दामोदर राव को अपने पुत्र के समान ही प्यार करती थीं ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

७ वर्ष की आयु में दामोदर राव का यज्ञोपवीत संस्कार बड़ी धूम-धाम से किया गया । इसके लिये उसके नाम से जमा ६ लाख रुपये में से एक लाख रुपया निकाला गया । पहले तो सरकार ने कहा कि वे रुपये दामोदर राव के वयस्क होने पर ही दिये जा सकते हैं पर जब अधिक जोर दिया गया तो इस शर्त पर रुपया देने की आज्ञा दी गई कि उनको कुछ समय बाद फिर जमा कर दिया जाये । लक्ष्मीबाई ने भविष्य की बात को अनिश्चित समझकर इस शर्त को मानकर रुपया ले लिया, यह सन् १८५६ की बात है ।

देश में विद्रोह की अग्नि

सन् १८५७ में जनवरी के मास से ही भारतीय फौजों में अंग्रेजी अधिकारियों की कार्यवाहियों के विरुद्ध असन्तोष प्रकट हो रहा था । इसका तात्कालिक कारण तो बन्दूकों के लिये नये ढंग के चर्बी से चुपड़े कारतूस देना था, पर वास्तविक कारण तरह-तरह की चालों से देश में अंग्रेजी सत्ता का अधिकाधिक विस्तार किया जाना था । इससे यहाँ के कितने ही प्रधान व्यक्ति अंग्रेजों के विरोधी बन गये थे, जिनमें बिठूर निवासी नाना साहब प्रमुख थे । जब उनकी ८ लाख वार्षिक की पेंशन अन्यायपूर्वक रोक दी गई और झाँसी तथा अवध जैसे राज्यों को भी उन्होंने अंग्रेजों द्वारा जब्त किये जाते देखा तो उनके हृदय में भारत के देशी राजाओं को संगठित करके अंग्रेजों को मार भगाने की कल्पना उत्पन्न होने लगी । पहले तो उन्होंने इस सम्बन्ध में कई बार सब राजाओं को पत्र लिखे और फिर तीर्थयात्रा का बहाना करके सब जगह जाकर स्वयं राजाओं से मिले और उनसे इस सम्बन्ध में साठगाँठ की । अवध की राजधानी लखनऊ में तो हाथी पर उनका बहुत बड़ा जुलूस निकाला गया ।

सब लोगों से गुप्त रूप से विचार-विमर्श करके जून सन् १८५७ में विद्रोह आरम्भ करने की तिथि नियत की गई । पर भारतीय फौजों में असन्तोष अधिक बढ़ जाने से मेरठ के सिपाहियों ने १० मई को ही क्रान्ति का श्रीगणेश कर दिया, और वहाँ के समाचारों से कानपुर, झाँसी आदि सब स्थानों की देशी सेनाओं में उत्तेजना फैल गई । यद्यपि अंग्रेज अधिकारी यह नहीं जानते थे कि क्रान्ति की योजना भीतर ही भीतर कितनी अधिक फैल चुकी है । फिर भी वे सावधान हो गये और अपने स्त्री-बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचा दिया ।

कानपुर और झाँसी में विद्रोह का आरम्भ एक ही दिन—४ जून सन् १८५७ को हुआ । कानपुर में पूर्व निश्चित योजना के अनुसार ठीक आधी रात को तीन फायरों से संकेत देकर अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध-घोषणा की गई । उधर झाँसी में भी ४ जून को ही सेना के प्रधान अफसर कप्तान डनलप और टेलर को डाकखाने से लौटते समय रास्ते में ही मार दिया गया । इन विद्रोहियों के नेता रिसालदार कालेखाँ और तहसीलदार अहमद हुसैन थे । उन्होंने ८ जून को झाँसी के किले पर भी अधिकार कर लिया और उसके भीतर अपनी रक्षा के लिये एकत्रित ७५ अंग्रेज पुरुष, १६ स्त्रियाँ और २३ बालकों को मौत के घाट उतार दिया । उसके बाद उन्होंने रानी के महल को घेर लिया और खर्च के लिये धन माँगा । रानी ने कहा कि मेरे पास नकद रुपया तो नहीं है, कुछ आभूषण दे सकती हूँ । अन्त में एक लाख की कीमत के गहने देकर रानी ने उनको सन्तुष्ट किया । इसके पश्चात् समस्त विद्रोही सेना "खल्क खुदा का, मुल्क बादशाह का, अमल महारानी लक्ष्मीबाई का" नारा लगाते हुए दिल्ली की तरफ रवाना हो गये ।

झाँसी पर शासन

इस बात को निश्चय रूप से नहीं कहा जा सकता कि झाँसी में देशी सेना द्वारा विद्रोही होकर जो ११४ अंग्रेज स्त्री-पुरुषों को कत्ल किया गया उसमें रानी लक्ष्मीबाई का कितना हाथ था । यह तो सच है कि गदर के प्रमुख नेता नाना साहब से उनका पुराना सम्बन्ध था और झाँसी के राज्य का अन्यायपूर्वक जब्त किया जाना भी ऐसी घटना थी, जिसके कारण वे नाना साहब की योजना में सम्मिलित मानी जा सकती हैं । पर स्त्री होने और सेना के अधिकारियों से किसी प्रकार का सम्पर्क न होने के कारण ४ से ८ जून तक की घटनाओं में उनका कोई हाथ नहीं बतलाया जा सकता । इस अनुमान का समर्थन मार्टिन नामक अंग्रेज के उस पत्र से होता है जो सन् १८८६ में उसने लक्ष्मीबाई के दत्तक पुत्र दामोदर राव को भेजा था । यह अंग्रेज उस समय झाँसी में ही था और किसी प्रकार विद्रोहियों से बचकर निकल भागा था । उसके पत्र का एक अंश इस प्रकार है—

"तुम्हारी माता (लक्ष्मीबाई) के साथ बहुत बुरा व्यवहार किया गया । उनके बारे में जितना ठीक हाल मैं जानता हूँ उतना दूसरा कोई नहीं जानता । सन् १८५७ में जो अंग्रेज झाँसी में मारे गये, उस घटना से उसका कोई सम्बन्ध न था । इतना ही नहीं बल्कि किले में अंग्रेजों के बन्द हो जाने पर दो दिन तक वह उनको खाना भेजती रही । उसने कप्तान मारडन और कप्तान स्क्रीन को सलाह दी कि आप लोग सब स्त्री-बच्चों को लेकर ओरछा के राजा के पास चले जायें तो झाँसी की अपेक्षा सुरक्षित रहेंगे पर उस समय उन लोगों ने इस सलाह को न माना और

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अन्त में उन्हीं की सेना और जेल के लोगों ने उन सबको मार दिया ।''

एक अन्य लेखक ने भी लिखा है कि ''अंग्रेजों के किले में चले जाने के बाद महारानी छिपे तौर पर उनकी सहायता करती रहीं । उन्होंने हर रोज तीन-तीन मन आटे की रोटियाँ पकवाकर उनको भिजवाईं और भी जिस तरह सम्भव था उनकी रक्षा का प्रयत्न किया ।''

पर जब विद्रोहियों ने सब अंग्रेज शासकों को मार दिया और वे स्वयं भी शहर छोड़कर दिल्ली की तरफ चल दिये तो शहर को बिल्कुल अरक्षित देखकर उसका प्रबन्ध उनको अपने हाथ में लेना पड़ा । ऐसे समय में अनेक स्वार्थ-परायण और दूसरों की सम्पत्ति को लालच की निगाह से ताकते रहने वाले व्यक्ति उपद्रव खड़ा कर देते हैं । इन उपद्रवकारियों से अपनी रक्षा करने के लिये लक्ष्मीबाई को सेना की व्यवस्था करनी पड़ी और तोप, गोला, बारूद तथा अन्य हथियारों को तैयार करने के लिये कारखाना स्थापित करना पड़ा । महाराज गंगाधर राव के समय तक झाँसी के किले में इन सब अस्त्र-शस्त्रों का पूरा इन्तजाम था, पर उनकी मृत्यु के बाद अंग्रेजों ने उन सबको नष्ट कर दिया था जिससे रानी अथवा उसके पक्षपाती कभी अकस्मात् अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध लड़ने की तैयारी न करने लग जायें ।

रानी लक्ष्मीबाई को जून १८५७ से मार्च १८५८ तक कुल नौ-दस महीने झाँसी पर शासन करने का अवसर प्राप्त हुआ । इस बीच में वे बराबर बड़े अंग्रेज अधिकारियों को इस बात का विश्वास दिलाती रहीं कि मैं यह कार्य अपना अधिकार जमाने की मन्शा से नहीं कर रही हूँ, वरन् जब तक सरकारी अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण राज्य में उपद्रव और लूटमार का भय है तब तक के लिये मैंने शासन-व्यवस्था अपने हाथ में ले ली है पर अंग्रेजों ने उसकी बातों पर विश्वास नहीं किया और वे यही मानते रहे कि वह भीतर ही भीतर विद्रोहियों से मिली हुई है । परिणाम यह हुआ कि अन्त में रानी को वास्तव में विद्रोह में भाग लेना ही पड़ा और झाँसी का युद्ध ''सन् १८५७ के गदर'' का सबसे मुख्य संग्राम माना गया । यद्यपि दिल्ली के बादशाह, कानपुर के नाना साहब, लखनऊ की बेगम हजरत महल आदि उस समय विद्रोहियों के प्रधान नेता माने गये, पर आज उनका नाम केवल इतिहास के कुछ पाठकों को ही याद रह गया है, जब कि 'झाँसी की रानी' नगरों में ही नहीं गाँव-गाँव में प्रसिद्ध है । आज भी छोटे-छोटे बालक हर जगह यह गाते हुए दिखाई पड़ते हैं—

खूब लड़ी मरदानी वह तो—
झाँसी वाली रानी थी ।

इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता कि संसार में पूजा और प्रतिष्ठा, आत्म-त्याग और बलिदान की ही होती है । भारतीय स्वाधीनता की सन् ''सत्तावन की क्रान्ति'' में यद्यपि तात्या टोपे, कुँवरसिंह, नाना साहब आदि अनेक वीरों ने अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया और अपने को स्वतन्त्रता की वेदी पर बलिदान कर दिया, पर जिस तरह रानी लक्ष्मीबाई ने निशंक होकर शत्रु के सम्मुख युद्ध किया और बिना पीछे कदम हटाये तलवारों और बन्दूकों के सामने निर्भय होकर बढ़ती चली गई उसका उदाहरण उस समय के समस्त इतिहास में दूसरा नहीं मिलता । स्त्री होकर उसने वह काम कर दिखाया जो उस ''स्वतन्त्रता-संग्राम'' में कोई पुरुष न कर सका । उसके इसी अनुपम शौर्य को देखकर सामान्य जनता भी मुग्ध हो गई और उसने ''भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम'' के नेतृत्व का मुकुट उसी के सिर रखा । शत्रु-पक्ष के विजयी सेना नायक सर ह्यूरोज ने भी विद्रोह के समस्त कर्ता-धर्ताओं में ''सच्चा मर्द'' उसी को माना ।

भारतीय स्त्री जाति की दृष्टि से तो वर्तमान समय में इतना महान आदर्श दूसरा मिल नहीं सकता । यह सच है कि हर एक स्त्री को न तो उसके समान वीरांगना बनने के साधन मिल सकते हैं और न इस प्रकार युद्ध करने का अवसर मिलने की ही आशा की जा सकती है, पर रानी लक्ष्मीबाई के उदाहरण में जो कुछ अनुकरणीय है वह कर्त्तव्य मार्ग से किसी भी स्थिति में पैर पीछे न हटाना है । कर्त्तव्यनिष्ठा प्रत्येक स्त्री और पुरुष के लिये एक ऐसा गुण है, जिसके होने पर वह जीवन के किसी भी क्षेत्र में स्मरणीय कार्य करके अपना नाम चिरस्थायी कर सकता है ।

घर के शत्रुओं से युद्ध

यद्यपि विधवा होने के बाद लक्ष्मीबाई ने अपना रहन-सहन बहुत सादा बना लिया था और वह अपना अधिकांश समय धार्मिक कार्यों में ही व्यतीत किया करती थी, पर जब उसे शासन-संचालन की जिम्मेदारी उठानी पड़ी तो उसने उस कार्य को भी ऐसी संलग्नता और परिश्रम के साथ किया कि कुछ ही समय में झाँसी की रंगत ही बदल गई । उसका वर्णन करते हुए ''कानपुर के विद्रोही'' पुस्तक में कहा गया है—

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

"रानी लक्ष्मीबाई ने सैनिक महत्त्व के स्थानों की रक्षा पर पूरा ध्यान दिया था । नई तोपें ढाली गईं, नये सिपाही भर्ती किये गये, एक टकसाल खोली गई । शासन के प्रत्येक विभाग में रानी के दृढ़ चरित्र का प्रभाव पड़ा । २३ वर्षीय इस नारी ने अपने उत्साह, उद्योग एवं अध्यवसाय से अपने सभी साथियों और झाँसी के निवासियों के हृदय में मोहन-मन्त्र फूँक दिया । वह शासन-कार्य की देख-भाल स्वयं करती थी । सिर पर चमकदार लाल रेशम की टोपी लगाती थीं, जिसमें चारों ओर मोती और जवाहरात जड़े थे । एक बहुमूल्य मोतियों की माला उनके गले में रहती थी । उनकी कंचुकी सामने खुली रहती थी और कमर तक लटकती रहती थी । एक जरी के काम वाला कमरबन्द उसे बाँधे रहता था । इस कमरबन्द में दमिश्क की नक्काशी के चाँदी से मढ़े दो तमंचे खोंसे हुए थे । एक बहुत तेज धार का छुरा भी इसी में लटका रहता था । साड़ी के स्थान पर वे ढीला पायजामा पहनती थीं । इस तेजस्वी वेश का प्रभाव सब पर पड़ता था । प्रतिदिन महालक्ष्मी के मन्दिर में वे घोड़े अथवा पालकी पर सवार होकर दर्शन करने जाती थीं । घोड़े की सवारी का उनको बड़ा शौक था और अश्व-परीक्षा में वे अत्यन्त निपुण थीं ।"

कचहरी में काम करते समय उनको कोई नहीं देख पाता था, क्योंकि उनका स्थान सबसे अलग था । उसके दरवाजे पर दो सिपाही सुनहरी छड़ियाँ लेकर खड़े रहते थे । महारानी के पास दीवान लक्ष्मी राव कागज, कलम लेकर बैठे रहते थे और वे जो कुछ बोलती थीं उसे लिखते जाते थे । महारानी बहुत चतुर थीं और उनके सामने जो मामला आता उसकी खूब जाँच करके उचित फैसला करती थीं । इनके न्याय से समस्त प्रजा खुश थी, यह बात अंग्रेज लेखकों ने स्वयं लिखी है । महाराष्ट्रीय ब्राह्मण स्त्री होने के कारण वे पर्दा नहीं करती थीं और अपने पति की गद्दी पर बैठकर ही राज्य-संचालन करती थीं ।

रानी को राज्य-भार सँभाले कुछ ही समय हुआ था कि सदाशिव राव नारायण नामक व्यक्ति, जो गंगाधर राव का कोई दूर का सम्बन्धी था, उठ खड़ा हुआ और अपने को झाँसी की गद्दी का हकदार बतलाने लगा । वह कुछ सेना लेकर झाँसी को जीतने के लिये चला और शहर से तीन मील के फासले पर करेरा गाँव पर चढ़ाई की । उसने वहाँ से सरकारी थानेदार व तहसीलदार को मारकर भगा दिया और आस-पास के मनुष्यों को तंग करके कर वसूल करने लगा । उसने राजपुर के थानेदार के पास भी यह खबर भेजी कि सारे गाँव में यह ऐलान कर दो कि अब सदाशिव राव ही राजा है । जब थानेदार ने उसकी बात न मानी तो उसने उसकी सारी जायदाद छीनकर नौकरी से अलग कर दिया ।

जब इन घटनाओं की खबर रानी लक्ष्मीबाई को मिली तो उसने थोड़ी-सी सेना लेकर करेरा पर चढ़ाई कर दी । सदाशिव राव भागकर ग्वालियर के राज्य में चला गया और वहाँ से फिर तैयारी करके झाँसी की तरफ आया । इस बार गिरफ्तार करके उसे कैदखाने में बन्द कर दिया गया ।

इसके बाद ओरछा के दीवान नत्थेखाँ ने २० हजार फौज लेकर झाँसी पर आक्रमण किया । उसकी ताकत को अधिक देखकर कितने ही सरदार डर गये और झाँसी का शहर और किला नत्थेखाँ के सुपुर्द करने की सलाह देने लगे । यह सुनकर रानी को बड़ा क्रोध आया और उसने कहा—

"बड़ी लज्जा की बात है कि आप मर्द होकर ऐसी बात मुख से निकालते हैं । मैं स्त्री होने पर भी अपने हक से पीछे न हटूँगी । दुनिया में एक दिन तो सबको ही मरना है । यदि हम अपने न्यायपूर्ण अधिकार के लिये युद्ध में वीरता दिखाकर मर जायें तो हमको परलोक में भी सम्माननीय स्थान प्राप्त होगा । मैं तो युद्ध से हर्गिज पीछे नहीं हट सकती ।"

जब नत्थेखाँ की फौज झाँसी के किले के पास पहुँची तो उस पर तोपों से ऐसी गोलाबारी की गई कि वह सामने ठहर न सकी । तब उसने अपनी सेना को चार भागों में बाँटकर नगर के चारों दरवाजों पर हमला किया । यहाँ भी झाँसी की सेना ने बड़ी वीरता से उसका सामना किया । रानी स्वयं फाटकों पर घूमती हुई सिपाहियों का साहस बढ़ाती रहती थी । कई दिन बाद नत्थेखाँ का साहस टूट गया और वह हार मानकर अपने स्थान को वापस चला गया ।

इस प्रकार थोड़े ही दिन में रानी लक्ष्मीबाई ने अपनी योग्यता, वीरता और कर्मशीलता की छाप सब दरबारियों और आस-पास के बुन्देला शासकों पर लगा दी । उस कठिन समय में जबकि देश में भयंकर राजनीतिक भूचाल आया हुआ था और बड़े-बड़े राजभवन डगमगा रहे थे, झाँसी की रानी दृढ़तापूर्वक अपने राज्य में शान्ति और सुव्यवस्था कायम रखकर प्रजा को सुखी बनाने का प्रयत्न कर रही थी । उसकी आयु बहुत कम थी, राज्य संचालन का उसे कोई अनुभव न था, चारों तरफ नई-नई बाधायें उत्पन्न हो रही थीं, फिर भी उसके सुशासन की प्रशंसा झाँसी निवासी आज तक करते हैं । कारण यही था कि जहाँ अधिकांश शासक अपना ध्यान शान-शौकत और सुखोपभोग की तरफ लगाते हैं, लक्ष्मीबाई ने परोपकार

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

और कर्त्तव्य पालन को अपना धर्म समझ रखा था । अपने पति के स्वर्गवास और राज्य पर अंग्रेजों का आधिपत्य हो जाने पर जहाँ उनका पूरा समय पूजा-पाठ और धार्मिक कृत्यों में व्यतीत होता था, वहाँ अब परिस्थिति के बदल जाने से वे एक श्रेष्ठ शासनकर्ता और चतुर राजनीतिज्ञ का पार्ट अदा कर रही थीं । पूजा-पाठ वे अब भी करती थीं और देव-मन्दिर में दर्शनों के लिये भी नियमपूर्वक जाती थीं, पर इस समय उनका मुख्य ध्येय राज्य की सुरक्षा और प्रजा को अपनी न्याय-परायणता द्वारा सन्तुष्ट रखना और सुखी बनाना था ।

वास्तव में स्त्री हो या पुरुष उसकी श्रेष्ठता का आधार उसका उज्ज्वल चरित्र और सच्ची कर्त्तव्यनिष्ठा है । उस जमाने में मुसलमानी और अंग्रेजी शासन में पराधीन रहने से अधिकांश राजाओं का नैतिक स्तर गिर गया था और वे प्रजा की उन्नति और सुख-समृद्धि की अपेक्षा अपने वैभव और विलास की तरफ ही अधिक ध्यान देते थे । उस समय लखनऊ के वाजिदअली शाह जैसे शासक भी थे जिनका समस्त समय जनानखाने में ही व्यतीत होता था और सिवाय नाचने, गाने तथा तरह-तरह की रंगरेलियों के और कोई काम न था । ऐसे युग में यदि लक्ष्मीबाई ने एक प्रसिद्ध राज्य की अधिकारिणी बन जाने पर भी पूर्ण संयम और त्याग का जीवन व्यतीत किया और अपनी सम्पूर्ण शक्ति को प्रजा पालन में लगा दिया, तो यह निश्चय ही बड़े गौरव की बात थी । यही कारण है कि जहाँ उस समय के बहुत बड़े नरेशों का कोई जिक्र भी नहीं करता, झाँसी की रानी की गुण-गाथा और वीरता की कथा इतिहास और लोकगीतों का महत्त्वपूर्ण विषय बनी हुई है ।

भारतीय स्त्रियाँ, जो अपने को 'अबला' और 'असहाय' कहकर प्रायः कर्मठता और कठिनाइयों के जीवन से विलग रहती हैं, रानी लक्ष्मीबाई के उदाहरण से बहुमूल्य प्रेरणा ले सकती हैं, उस युग में एक पदस्थ नारी का आदर्श भी यही था कि संघर्ष के अवसर पर अपनी मनोवृत्तियों को संयत रखकर पति को कर्त्तव्य पालन के लिये प्रोत्साहित करे और किसी प्रकार की स्वार्थजनित निर्बलता प्रकट न करे, यद्यपि उस समय सती-प्रथा कानूनन बन्द कर दी गई थी, तो भी प्राचीन परम्परा की यह भावना अवश्य कुछ अंशों में शेष थी कि यदि कोई स्त्री पति का अन्त हो जाने पर स्वयं भी प्राणोत्सर्ग कर देती है, तो वह बड़े सम्मान की अधिकारिणी है । लक्ष्मीबाई ने अपने उदाहरण से सिद्ध किया कि पति के साथ जल मरने की अपेक्षा कहीं अधिक बड़ा और श्रेष्ठ आदर्श यह है कि स्त्री अपने पति के जीवन-कार्य को स्थिर रखे और आगे बढ़ावे । उन्होंने पति की मृत्यु के बाद उनके वंश और राज्य को कायम रखने की पूरी चेष्टा ही नहीं की वरन् अवसर आने पर ऐसा महान कार्य कर दिखाया जिससे उसके पति गंगाधर राव और झाँसी का नाम भी भारतीय इतिहास के पृष्ठों पर स्थायी रूप से अंकित हो गया ।

झाँसी का युद्ध

जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है, झाँसी का शासन भार रानी लक्ष्मीबाई ने विशेष परिस्थितियों में ही सँभाला था और वह शान्ति स्थापना के बाद उसे अंग्रेज अधिकारियों के सुपुर्द करने को तैयार थी क्योंकि उसे अच्छी तरह ज्ञात था कि भारत का बड़े से बड़ा राजा भी युद्ध में अंग्रेजी साम्राज्य के विरुद्ध अधिक समय तक नहीं टिक सकता, पर उस समय के उत्तेजनापूर्ण और अविश्वास के वातावरण में उसकी सद्भावनायें कुछ भी काम नहीं आईं और अंग्रेजों ने उसकी गिनती भी प्रधान विद्रोही नेताओं में कर ली । इसलिये जब आरम्भिक पराजय के पश्चात् अंग्रेज अधिकारियों के पैर कुछ सँभले और इंगलिस्तान से नई सेनायें आ जाने से उन्होंने विद्रोह के 'सरदारों' को एक-एक करके कुचलना आरम्भ किया तो सर ह्यूरोज और सर राबर्ट हैमिल्टन के नेतृत्व में एक सुदृढ़ सेना महू (इन्दौर) की छावनी से रवाना हुई और सीहोर, रोहतासगढ़, बरोदिया, सागर, सनोडा, गढ़ाकोटा, मदनपुर आदि स्थानों में विद्रोहियों को अधीन करती हुई १६ मार्च १८५८ को झाँसी से १४ मील के फासले पर चंचनपुर नामक स्थान में पहुँचकर उसने अपना कैम्प लगाया ।

२० मार्च को प्रातःकाल ही सरह्यूरोज अपनी सेना सहित झाँसी के समीप पहुँच गये । उनके सिपाहियों की संख्या तो कम थी, पर वे नये हथियारों से सुसज्जित, अनुभवी और अनुशासित थे । इधर रानी ने भी मुकाबला करने की जोरदार तैयारियाँ की थीं । झाँसी का किला एक छोटी पहाड़ी पर बना हुआ बहुत मजबूत था, उसकी पत्थर और चूने से बनी दीवारों की मोटाई १६ से २० फुट तक है । बीच-बीच में तोपों के रखने के लिये बुर्ज बने हैं । 'गरगज' नाम का बुर्ज सबसे बड़ा, २० गज लम्बा और चौड़ा तथा साठ गज ऊँचा था । उसके चारों तरफ तोपें लगी हुई थीं जिनमें 'कड़क बिजली', 'घनगर्ज', 'भवानी शंकर', 'नालदार' आदि नाम वाली कई तोपें बहुत प्रसिद्ध थीं । शहर के चारों ओर भी एक मजबूत परकोटा था जिसमें ५ बड़े फाटक थे और स्थान-स्थान पर बुर्ज भी थे जिन पर तोपें रखी थीं ।

जिस समय रानी और अंग्रेजों का युद्ध आरम्भ हुआ उस किले और नगर में कुल मिलाकर ११ हजार सेना थी । इसमें अंग्रेजी फौजों के बागी सिपाही, नये भर्ती किये

हुए जवान और पुराने नागा-सैनिक सभी सम्मिलित थे । रानी ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए झाँसी के आस-पास के इलाके में न तो अन्न का एक दाना और न एक पत्ता रहने दिया था, जिससे आक्रमणकारी सेना को सहायता मिल सके, पर ग्वालियर और ओरछा के राजाओं ने अंग्रेजी सेना के लिये रसद की पूरी व्यवस्था कर दी ।

झाँसी का युद्ध २३ मार्च से आरम्भ हुआ और १३ दिन तक रानी अंग्रेजी सेना का डटकर मुकाबला करती रही । जहाँ कालपी, कानपुर और ग्वालियर के प्रसिद्ध किले और विद्रोहियों के केन्द्र अंग्रेजी सेना ने पाँच-पाँच, सात-सात दिन में जीत लिये वहाँ झाँसी में अकेली रानी का इतने अधिक समय तक डटे रहना कम महत्व की बात नहीं थी । कारण यही था कि वह प्राणों की ममता त्यागकर निर्भयता से युद्ध कर रही थी । वह प्रत्येक महत्त्वपूर्ण स्थान पर स्वयं पहुँच कर युद्ध का संचालन करती थी और सिपाहियों को शाबासी और प्रेरणा देकर उनके उत्साह को बढ़ाती रहती थी । जब अंग्रेजी तोपों की गोलाबारी से किले की दीवार एक स्थान पर टूट गई तो रानी के नेतृत्व में स्त्रियों और बच्चों तक ने घण्टों तक परिश्रम करके उसकी मरम्मत कर दी । ये स्त्री बच्चे ही युद्ध-स्थान पर तैनात सिपाहियों को भोजन सामग्री पहुँचाते थे ।

रानी ने अपनी सहायता के लिये नाना साहब के सेनाध्यक्ष तात्याटोपे को बुलाया । वह एक बड़ी सेना और २८ तोपों को लेकर लड़ने भी आये, पर अंग्रेजी तोपों और बन्दूकों की अग्निवर्षा के सामने उनकी सेना के पैर कुछ घण्टों में ही उखड़ गये, और वे अपने केन्द्र स्थान कालपी को चले गये । झाँसी वाले फिर भी अंग्रजों का मुकाबला करते रहे । तारीख १ अप्रैल से सर ह्यूरोज ने अपना हमला तेज किया और दूसरी तारीख को किले की दीवार कई जगह से टूट गई । तब ३ तारीख को अंग्रेजी सेना ने किले पर अन्तिम धावा बोला और टूटी हुई दीवार पर सीढ़ियाँ लगाकर चढ़ने का प्रयत्न किया । रानी की सेना ने भी प्राणपण से इनका प्रतिरोध किया और इस अवसर पर जैसा विकट संग्राम हुआ वह अपने ढंग का अद्‌भुत संग्राम था । उसका वर्णन करते हुए अंग्रेजी सेना के एक अफसर डॉ. लो ने लिखा है—

"शत्रुओं की अग्नि की मार अत्यन्त प्रबल हो गई । बन्दूकों की गड़गड़ाहट, तोपों की गरज, अग्निबाणों की सरसराहट और भड़क, बड़े-बड़े पत्थरों के गिरने की धमक, शैतानी-चर्खों की खड़खड़ाहट तथा बड़े भारी वृक्षों के नीचे लुढ़कने की ध्वनि से ऐसी प्रलय काण्ड की-सी अवस्था उत्पन्न हो गई कि एक बार अंग्रेजी सेना के पैर उखड़ गये और वे पत्थरों के पीछे जा छिपे । कुछ देर बाद सँभलकर वे फिर आगे बढ़े और प्राणों की ममता त्यागकर सीढ़ियों द्वारा किले के ऊपर पहुँचने का प्रयत्न करने लगे । इनमें से बहुतों के प्राण चले गये । कुछ गोली के शिकार हुए, कुछ ढकेल दिये गये और कुछ की गर्दन उड़ा दी गई । दोनों ओर से अनुपम वीरता, बलिदान और साहस के दृष्टान्त देखने में आये । अन्त में अंग्रेजी झण्डा किले पर लगा दिया गया । तब अंग्रेजी सेना की एक टुकड़ी ने नगर स्थित राजमहल पर धावा बोला । सड़कों पर एक-एक कदम पर युद्ध हुआ और अंग्रेजी सिपाहियों को जलते हुए मकानों के बीच से गुजरना पड़ा । महल के द्वार, चौक और प्रत्येक कमरे में उनका डटकर मुकाबला किया गया । जब तक महल के सब रक्षक न मारे गये तब तक अंग्रेज महल पर कब्जा न कर सके । फिर अस्तबल में भी भयंकर संग्राम हुआ जिसमें रानी के ५० अंगरक्षकों ने वीरगति पाई ।"

इस समय रानी की वीरता को देखकर समस्त झाँसी अंग्रेजी सेना की विरोधी बनी थी और जनता के हजारों पुरुष, स्त्री, बच्चे भी किसी न किसी तरह इस संघर्ष में रानी का साथ दे रहे थे पर जब ३ अप्रैल को किले और महल दोनों पर शत्रु का अधिकार हो गया तो सरदारों और मन्त्रियों की सलाह से यह तय किया गया कि अब कालपी पहुँचकर अन्य विद्रोहियों के साथ मिलकर अंग्रेजों का मुकाबला किया जाये । ४ अप्रैल को दो सौ सिपाहियों को साथ लेकर रानी उत्तरी दरवाजे से बाहर निकली और कालपी की तरफ चल दी । इस तरफ अंग्रेज ठीक तरह नाकेबन्दी नहीं कर पाये थे । रानी ने इस समय मर्दानी पोशाक पहन रखी थी । शरीर पर अंगरखा, पैरों में पजामा, सिर पर साफा, कमर में तलवार धारण कर अपने सफेद घोड़े पर सवार वह एक नवयुवक की तरह ही जान पड़ती थी । अपने दत्तक पुत्र दामोदर राव को उसने अपनी पीठ पर पटके से बाँध रखा था ।

जब अंग्रेज अधिकारियों को रानी के बाहर निकल जाने का पता लगा तो उन्होंने कुछ सवार कप्तान बोकर की अध्यक्षता में उसे पकड़ने को भेजे । झाँसी से २१ मील की दूरी पर माँडेर के पास बोकर रानी के पास जा पहुँचा । रानी ने अपना घोड़ा लौटाकर उससे टक्कर ली और धराशायी कर दिया । झाँसी से कालपी की दूरी १०२ मील है । इसे रानी ने २४ घण्टे में पार कर लिया । उस समय नाना साहब के भतीजे राव साहब, तात्याटोपे, बाँदा के नवाब आदि वहीं पर एकत्रित थे । वे सब रानी को देखकर बहुत प्रसन्न हुए और सब मिलकर अंग्रेजों से लड़ने की योजना बनाने लगे । वानपुर, शाहगढ़, जिगनी आदि

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

के राजा भी अपनी सेनायें लेकर कालपी आ गये और उस समय वह विद्रोहियों का सबसे बड़ा केन्द्र बन गया ।

झाँसी की लूट

जब रानी कालपी चली गई तो अन्य सैनिक भी, जो शेष बचे थे वहाँ से बाहर निकलकर विभिन्न दिशाओं में चल दिये । इस प्रकार झाँसी नगर को सर्वथा अरक्षित पाकर अंग्रेज सैनिकों ने लूट-मार आरम्भ कर दी । जो नागरिक दिखाई पड़ जाता उसे मार दिया जाता और घरों में आग लगा दी जाती । महल में से तमाम कीमती वस्तुयें और आभूषण आदि लूट लिये गये । राजकीय पुस्तकालय को भी जला दिया गया । इस पुस्तकालय में बहुत से हस्तलिखित दुर्लभ ग्रन्थ दूर-दूर से इकट्ठे किये गये थे, उन सबको अविवेकी सैनिकों ने कुछ ही घण्टों में भस्म कर दिया ।

लूट के बहुत से माल को छावनी में लाकर प्रतिदिन नीलाम किया जाता था इसको लेने के लिये अंग्रेजों के खुशामदी राजा और रईसों की भीड़ इकट्ठी हो जाती थी । ग्वालियर वालों ने भी बहुत-सा सामान खरीदा । तीन दिन तक गोरे सैनिकों द्वारा लूट कराने के पश्चात् अंग्रेजी सेना में काम करने वाले भारतीय सिपाहियों को लूटने का आदेश दे दिया गया । उन्होंने भी प्रजा के घरों को मनमाना लूटा । सात दिन तक इस तरह लूटमार होने के पश्चात् फौज को नगर से हटा लिया गया । इस नर-संहार में हजारों निर्दोष नागरिक जान से मारे गये और घायल हुए ।

कालपी पर चढ़ाई और भयंकर युद्ध

कालपी में विद्रोहियों के एकत्रित होने के समाचार को जानकर सर ह्यूरोज भी उस पर आक्रमण की तैयारी करने लगे । उन्होंने अपनी सेना का पुनर्गठन किया, लड़ाई का नया सामान मँगाया और १५ मई को कालपी से ६ मील के फासले पर गुलौली गाँव में जा पहुँचे । जमुना के ऊबड़-खाबड़ कगारों पर बना यह किला प्राकृतिक रूप से ही बहुत सुरक्षित था फिर नगर के बाहर चौरासी गुम्बद नामक किलेबन्दी और सुदृढ़ परकोटे ने उसको और भी मजबूत बना रखा था । किले के भीतर सब प्रकार के अस्त्र-शस्त्रों तथा गोला-बारूद का विशाल भण्डार था और यहीं से आस-पास के समस्त विद्रोही केन्द्रों को युद्ध सामग्री भेजी जाती थी । उसके भीतर तोप, बन्दूक ढालने का कारखाना भी था और उनकी मरम्मत के सब औजार इकट्ठे किये गये थे । खाद्य-सामग्री का एक बड़ा गोदाम भी यहीं पर था ।

कालपी के इस महत्त्व को अंग्रेज अधिकारी और विद्रोही नेता—दोनों ही अच्छी तरह जानते थे । इसलिये राव साहब ने इसकी रक्षा के लिये चारों तरफ विभिन्न सेना दलों को नियुक्त किया था एक ओर की सेना के अध्यक्ष बाँदा के नबाब थे, दूसरी ओर बरेली से आई हुई रुहेलों की पलटन थी, तीसरी ओर 'बंगाल नेटिव इन्फैण्ट्री' की विद्रोही सेना को रखा गया था । रानी लक्ष्मीबाई के साथ लाल वर्दी वाले २५० घुड़सवार स्वतन्त्र रूप से उत्तर की तरफ रखे गये थे । तारीख १५ मई को विद्रोहियों के एक दल से अंग्रेजी सेना की मुठभेड़ गुलौली के पास ही हुई । आरम्भ में विद्रोही-सेना को कुछ सफलता प्राप्त हुई पर बाद में जब अंग्रेजी सेना की अग्नि वर्षा ज्यादा तेज हुई तो वे पीछे हट गये । लक्ष्मीबाई को जब अपनी फौज की पराजय का हाल मालूम हुआ तो वह अपनी लाल वर्दी— सेना के साथ युद्धभूमि की तरफ झपटीं और अंग्रेजी फौज पर बंगाल की तरफ से हमला किया । उसकी मार से अंग्रेजी सेना में हलचल मच गई । रानी स्वयं घोड़े की लगाम दाँतों के बीच दबाये दोनों हाथों से तलवार चलाकर शत्रुओं का सफाया कर रही थी । उसकी अभूतपूर्व वीरता को देखकर पीछे हटने वाली विद्रोही-सेना को अपनी निर्बलता पर लज्जा आई और वे दूने जोश से अंग्रेजी सेना पर टूट पड़े । अंग्रेजी सेना को संकट में देखकर सर ह्यूरोज और ब्रिगेडियर स्टुअर्ट ने ऊँट सवार फौज के एक दल को साथ लेकर कालपी की फौज पर भयंकर आक्रमण किया । उनकी गोली वर्षा को विद्रोही-सेना सहन न कर सकी और पीछे हटकर किले के भीतर चली गई । अब दोनों अंग्रेजी सेनापतियों ने एक-एक सेनादल के साथ दो तरफ से कालपी पर आक्रमण किया । विद्रोही सेना ने चार-पाँच दिन मुकाबला किया भी पर उनका साहस प्रथम बार ही टूट चुका था । अब कालपी में ठहरना ठीक न समझ कर राव साहब और लक्ष्मीबाई कुछ लोगों को साथ लेकर वहाँ से निकल गये और कुछ दूर जाकर गोपालपुर में ठहरे । दो चार दिन बाद तात्या टोपे भी जो कालपी से अपने पिता को देखने चले गये थे, वहाँ आ पहुँचे और सब मिलकर आगामी कार्यक्रम पर विचार करने लगे ।

विद्रोही नेताओं की भूलें

यह एक आश्चर्य की ही बात थी कि झाँसी में इधर-उधर के सिपाहियों को इकट्ठा करके रानी लक्ष्मीबाई सर ह्यूरोज की सेना का १३ दिन तक अच्छी तरह मुकाबला करती रही, पर कालपी में उससे कहीं अधिक सुशिक्षित सेनायें और कई राजाओं तथा सरदारों के होने पर भी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

लड़ाई का फैसला एक दिन में ही हो गया और किले के भीतर भी विद्रोही सेना एक सप्ताह से अधिक न टिक सकी । इसका असली कारण था नेतृत्व का अभाव और अनुभव की कमी । सच पूछा जाये तो कितनी ही विद्रोही-टुकड़ियाँ सेना नहीं थी वरन् केवल भीड़ थी । उनके संचालनकर्त्ता राजाओं और नबावों ने कभी युद्ध देखा भी न था । सब आराम की गोद में पले हुए और महलों में नर्म गलीचों पर पैर रखकर चलने वाले थे । उधर अंग्रेजी सेनापति तथा अन्य अफसर पक्के सिपाही और युद्ध-विद्या के पूरे जानकार थे । उनको अनेक रणक्षेत्रों का अनुभव था और वे सेना को पूर्ण नियंत्रण में रखना जानते थे । यही कारण है कि एक हजार सेना लेकर बीस हजार विद्रोहियों का मुकाबला करने को तैयार हो जाते थे और फौजी दाव-पेचों के बल पर सफल हो जाते थे ।

रानी लक्ष्मीबाई स्त्री होते हुए भी इन बातों को बहुत कुछ समझती थी । उसने कालपी आते ही राव साहब से कहा था कि—'बिना सुव्यवस्था और ठीक इन्तजाम के हमारी जीत कभी नहीं हो सकती । प्रबन्ध की उत्तमता से ही झाँसी में अंग्रेजी सेना की जीत हुई । उसके अफसर अपने काम में बड़े चतुर थे । उनके सिपाही युद्ध के मैदान में हमेशा जी खोलकर लड़ते थे । उन सब पर एक ही अफसर रहता था और उसी की आज्ञा से सब काम होता था । अतः जब तक आप अपनी सेना का इन्तजाम ठीक न करेंगे तब तक अंग्रेजों से कभी नहीं जीत सकते ।' राव साहब ने रानी की सलाह की सराहना की और सेना को कई भागों में बाँटकर अलग-अलग उनकी ड्यूटी नियत की, पर वे स्वयं इस सम्बन्ध में अनुभवहीन थे और फिर भी राजा रईसों के लड़कों की तरह अपनी योग्यता को बहुत अधिक समझते थे । इसी झूठे अहंकार के कारण वे एकाध जगह थोड़ी सफलता मिलते ही फूल जाते थे और पेशवाई के सपने देखने लगते थे । उन्होंने कई बार समय और साधन मिल जाने पर भी उनका प्रबन्ध और उपयोग न किया वरन् उस समय और साधनों को ऊपरी शान-शौकत दिखाने के लिये जलसे, उत्सव आदि में नष्ट कर दिया । इसीलिये उनको अधिकांश स्थानों पर असफलता का मुँह देखना पड़ा और एक विशेष, परिस्थितिवश देश में उत्साह और स्वतन्त्रता की जो लहर उत्पन्न हुई थी वह बहुत थोड़ा फल दिखाकर ही समाप्त हो गई ।

अब इस मौके पर भी किसी नेता को यह नहीं सूझ रहा था कि आगे कौन-सा कदम उठाने से हम अपनी स्थिति को मजबूत कर सकेंगे और एक बार फिर शत्रु का सामना करने की शक्ति प्राप्त कर सकेंगे । तब रानी लक्ष्मीबाई ने सम्मति दी कि "अब कालपी या झाँसी पर अधिकार कर सकने की बात तो स्वप्नवत् हो गई । फिर भी हमको किसी न किसी किले का आश्रय लेना ही पड़ेगा, इसके बिना युद्ध का संचालन कभी अच्छी तरह नहीं हो सकता । इसलिये सब बातों पर सोच-विचार कर मैं ग्वालियर के किले को हस्तगत करके अंग्रेजों का मुकाबला करना ठीक समझती हूँ । वह सबसे अधिक मजबूत किला है । वहाँ की फौज दिल से विद्रोही हो चुकी है, जैसे ही हम पहुँचेंगे वह ग्वालियर नरेश का पक्ष छोड़कर हमसे मिल जायेगी ।"

रानी ही यह सलाह सबको पसन्द आई और शीघ्र ही इसे कार्यान्वित करने के लिये सेना और युद्ध सामग्री एकत्रित करके विद्रोही १ जून को ग्वालियर के निकट मोरार तक जा पहुँचे । अब वहाँ के महाराज जियाजीराव तथा उनके दीवान दिनकर राव बड़े संकट में पड़े । अभी तक वे बड़ी चतुराई से विद्रोहियों के दबाव को टालते रहे थे । जियाजीराव तो एकाध बार विद्रोहियों से मिलने को तैयार भी हुए थे, पर दिनकर राव ने ही उनको सब कुछ ऊँचा-नीचा समझाकर रोक रखा था । अब विद्रोही-सेना के आक्रमण कर देने से उनको सामने आना पड़ा और सात-आठ हजार सेना लेकर मैदान में आये । ग्वालियर का तोपखाना प्रसिद्ध फ्रांसीसी सेनाध्यक्षों की देख-रेख में बनाया और संगठित किया गया था । उसकी शक्ति अब भी पर्याप्त थी । उसकी मार के सामने आरम्भ में राव साहब की सेना के पैर उखड़ने लगे । यह देखकर रानी लक्ष्मीबाई ने एक सेना-दल को लेकर ग्वालियर की सेना पर धावा किया और उसकी हिम्मत को तोड़ दिया । बहुत से सैनिक जो पहले ही ग्वालियर नरेश की अंग्रेजों की तरफदारी की नीति से नाराज थे उनका साथ छोड़ कर विद्रोहियों से आ मिले । यह देखकर जियाजीराव और दिनकर राव भाग खड़े हुए और आगरा पहुँच कर अंग्रेजी सरकार की शरण ली ।

अब राव साहब लक्ष्मीबाई, तात्याटोपे आदि का ग्वालियर पर सहज में अधिकार हो गया । वहाँ का खजाना और सैन्य-सामग्री विद्रोही-दल को मिल गई । ३ जून को राव साहब ने फूल बाग में बड़ी शान से दरबार किया । जिसमें सब सरदारों ने उनको पेशवा स्वीकार करके ताजीम की । इस अवसर पर उन्होंने खजाने का बहुत-सा धन लोगों को बाँटने में बर्बाद भी किया, पर इस अवसर पर भी उन्होंने पहले की गलती को दुहराया । लक्ष्मीबाई ने उनको बहुत समझाया कि अब जबकि ग्वालियर राज्य के

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

साधन प्राप्त हो गये हैं तो सब काम छोड़कर उन सबका उपयोग अपनी रक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में करना चाहिये क्योंकि अंग्रेज अधिकारी चुपचाप नहीं बैठे रहेंगे, वे शीघ्र ही हम पर हमला करेंगे और हम उनका मुकाबला तभी कर सकेंगे जब हर तरफ से तैयार रहें । पर राव साहब इस समय विजयोत्सव में मगन हो रहे थे । इस सलाह को सुनकर भी उन्होंने उस पर कुछ अमल नहीं किया ।

१६ जून को ही सर ह्यूरोज की सेना मोरार के निकट आ पहुँची । एक विद्रोही सैन्य दल उसका मुकाबला करने को भेजा गया, पर वह दो ही घण्टे में परास्त हो गया । ग्वालियर की विद्रोही सेना के कुछ अफसर रंग बदला देखकर फिर अंग्रेजों से जा मिले । यह दशा देखकर रानी जीवन-मरण का ध्यान छोड़कर रणक्षेत्र में कूद पड़ी । १७ जून को ग्वालियर से ५ मील के फासले पर 'कोटा की सराय' नामक स्थान पर भीषण-संग्राम हुआ । रानी ने अपनी सेना की व्यूह-रचना बड़ी चतुरता से की थी और वह मर्दाने वेश में घोड़े पर सवार होकर स्वयं ही उसका नेतृत्व कर रही थी ।

१७ जून की सुबह ही बिगुल बजा और घमासान युद्ध होने लगा । रानी की अलौकिक वीरता और अस्त्र संचालन की कला को देखकर सब वाह-वाह करने लगे पर उसके सब साथी अंग्रेजी सेना की गोली वर्षा से घायल होते या मरते जाते थे । रानी का घोड़ा भी कई गोलियाँ लगने से भाग खड़ा हुआ । भागता हुआ वह एक सूखे नाले के किनारे जा पहुँचा और उसे फाँदने की कोशिश करते हुए पैर फिसल जाने से गिर गया । एक सवार ने जो पीछा कर रहा था शीघ्रतापूर्वक पहुँचकर रानी पर तलवार का वार किया जिससे चेहरे का आधा भाग कट गया । फिर भी उसने साहस न छोड़ा और पीछे फिरकर ऐसा हाथ मारा कि वह भी उसी जगह गिरकर मर गया ।

रानी के घावों से बहुत खून बह रहा था और उसका शरीर बराबर शिथिल होता जाता था । यह देखकर उनका एक सरदार उनको उठाकर पास ही बनी एक झोंपड़ी में ले गया । उसमें बाबा गंगादास नाम के साधु रहते थे । रानी को प्यास लगी तो बाबाजी ने उन्हें गंगाजल पीने को दिया । कुछ देर बाद उन्होंने प्राण त्याग दिये । अगले दिन उनके शव को घास के एक बड़े ढेर में रखकर आग लगा दी गई जिससे वह भस्मसात हो गया । अंग्रेज अधिकारियों को उनके मरने की खबर कई दिन बाद मालूम हुई, जिससे वे मन मसोस कर रह गये अन्यथा इस वीरांगना ने उनको जिस प्रकार नाकों चने चबवाये थे और अकेले ही न मालूम उनके कितने वीरों को मौत के घाट उतारा था, उससे वे उसके ऊपर बड़ा खार खाये बैठे थे । यदि वह जीवित या मृतक किसी प्रकार उनके हाथ पड़ जाती तो वे उसकी अकथनीय दुर्दशा करते । पर वह सच्ची वीर और अपनी प्रतिज्ञा का पालन करने वाली थी । उसने शत्रुओं का सामना होने पर कभी अपने प्राणों का मोह नहीं किया, इसीलिये वह अन्त तक उनके चंगुल में न आ सकी ।

संस्कृत-सुभाषित का एक श्लोक है कि 'सिंह चाहे दो-चार वर्ष ही जीवित रहे, पर उसके शौर्य की प्रत्येक प्रशंसा करता है, पर कौआ सौ वर्ष जीने पर भी सिवाय झूठन के और किसी श्रेष्ठ वस्तु का अधिकारी नहीं होता ।' यह उक्ति रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर पूर्णतः लागू होती है । यद्यपि वह केवल २४ वर्ष जीवित रही और इसमें भी जनता के सामने उसकी कार्यवाही केवल एक वर्ष के शासनकाल में प्रकट हुई पर इसी बीच में उसने ऐसे काम कर दिखाये जिनकी याद आज १३८ वर्ष बीत जाने पर भी ताजा बनी है और लाखों स्त्री-पुरुषों को प्रेरणा दे रही है ।

उसकी प्रशंसा केवल इस बात के लिये नहीं है कि वह शस्त्र-संचालन में बड़ी निपुण थी अथवा अपूर्व साहसी थी । उससे बढ़कर तलवार चलाने वाले, युद्ध क्षेत्र के बीच अकेले लड़ने वाले हजारों क्षत्रिय और राजपूत पिछले दो-चार सौ वर्ष में हो चुके हैं । उसकी विशेष प्रशंसा इस बात में है कि उसने आरम्भ से ही अपने सामने आने वाले प्रत्येक कर्त्तव्य को निःस्वार्थ भाव से पूरा किया और अन्त में मातृभूमि के प्रति अपने कर्त्तव्य को पालन करने में स्वेच्छापूर्वक प्राणोत्सर्ग कर दिया । उनको अपनी अन्तिम विजय की तो आशा थी नहीं और इधर विद्रोह के प्रमुख संचालकों की योग्यता और महत्त्वाकांक्षायें भी उनको इस महान अभियान के लिये अपर्याप्त जान पड़ीं, इसलिये उन्होंने सर्वश्रेष्ठ मार्ग यही समझा कि इस विकट अवसर पर ही अपना बलिदान करके तत्कालीन और भावी देशवासियों के सम्मुख एक प्रेरणाप्रद उदाहरण उपस्थित कर दें । एक ऐसे जीवन की सराहना और कामना कौन नहीं करेगा जिसने जीवित और मृत दोनों अवस्थाओं में मित्र, शत्रु और उदासीन सबकी प्रशंसा पाई हो और अन्तिम क्षण तक कर्त्तव्य-पालन पर आरूढ़ रहकर पूर्ण आत्म-संतोष भी प्राप्त किया हो ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

तत्त्व ज्ञान की संदेश वाहिका : श्रीमती ऐनीबेसेण्ट

मानव-समाज का निर्माण-नारी के संयोग से हुआ है । समाज के स्थायित्व और संचालन के लिये जितनी आवश्यकता नर की है उससे किसी प्रकार कम नारी की नहीं है । केवल सन्तानोत्पत्ति और उसका पालन करने की दृष्टि से ही स्त्री का दर्जा महत्त्वपूर्ण नहीं, पर वास्तव में प्राचीन समय से उसने समाज के विकास और उसके संरक्षण में बहुत अधिक सहयोग दिया है । मानव-जाति के आदिकालीन इतिहास में एक समय तो ऐसा था जब पुरुष केवल शिकार ही करता रहता था और घर की समस्त देखभाल, व्यवस्था, रक्षा, पालन-पोषण एकमात्र स्त्री के ऊपर ही निर्भर था ।

पर इसके बाद जब निजी सम्पत्ति और जायदाद की प्रणाली बढ़ने लगी और उसके संरक्षण के लिये शक्ति के प्रयोग और संघर्ष की आवश्यकता बढ़ गई तो घर और समाज की बागडोर विशेष रूप से पुरुषों के हाथ में आने लग गई । स्त्री स्वभाव से निर्माणकर्त्री थी, लड़ने-भिड़ने का संहारक कृत्य उसकी प्रकृति के अनुकूल न था । इससे पुरुष के अधिकार और उसका नियंत्रण दिन पर दिन बढ़ने लगा और कुछ काल पश्चात् ऐसी परिस्थिति आ गई जब स्त्री को एक प्रकार से पुरुष की सम्पत्ति बना दिया गया । हमारे देश के बड़े पुरुष खासकर राजा-महाराजा अनेकों रानियाँ, दासियाँ रखने लगे । इसका परिणाम समाज के लिये हानिकारक सिद्ध हुआ । स्त्री बौद्धिक और व्यावहारिक दृष्टि से हीन मानी जाने लगी और घर की चहार-दीवारी में आबद्ध हो जाने से उसका सांसारिक ज्ञान घटने लगा । इस प्रकार पुरुषों ने आधी मानव जाति की शक्ति और उपयोगिता को बहुत कुछ नष्ट कर डाला । उच्च श्रेणी के समाज में तो स्त्री की स्थिति उपयोगिता के बजाय केवल शोभा की रह गई और वह एक भार-स्वरूप बन गई जिसकी हमेशा रक्षा करते रहना आवश्यक हो गया ।

यह स्थिति मानव-जाति की प्रगति की दृष्टि से अन्त में हानिकारक ही सिद्ध हुई । इससे करोड़ों स्त्रियों की उपार्जन-क्षमता नष्ट हो जाने के साथ ही सन्तान के लालन-पालन में भी दुष्परिणाम दिखलाई पड़ने लगे । घर में आबद्ध हो जाने के कारण स्त्री में जो संकीर्णता की भावना उत्पन्न हो गई थी, वह उसकी सन्तान को भी प्रभावित करने लगी और मनुष्यों में सामूहिक हित और सामाजिक एकता के बजाय व्यक्तिगत लाभ और पार्थक्य की वृत्तियाँ पनपने लगीं । इससे समाज, देश, राष्ट्र, संसार अनगिनत टुकड़ों में बँट गया और उनमें सहयोग के बजाय संघर्ष की प्रवृत्ति ने उचित से अधिक स्थान पा लिया ।

अब पिछले सौ-डेढ़ सौ वर्षों से जब विचारकों और समाज हितैषियों ने इस अवस्था की हानियों को अनुभव किया तो उन्होंने नारी-स्वाधीनता की आवाज उठाई, इससे स्त्रियों में कुछ जागृति के लक्षण प्रकट होने लगे, और अनेक महिलायें आगे बढ़कर समाज, देश, राष्ट्र सम्बन्धी मामलों में भाग लेने लगीं, उनमें से अनेक विद्या, बुद्धि, कर्त्तव्य, शक्ति की दृष्टि से उच्च स्थान पर पहुँच गईं और उन्होंने मानव-समाज को मार्गदर्शन कराने में प्रशंसनीय कार्य कर दिखाया । श्रीमती ऐनीबेसेण्ट की गणना ऐसी ही महिमामयी नारियों में की जाती है ।

श्रीमती ऐनीबेसेण्ट की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि, संकीर्णता की भावना बहुत काल से नारी-जाति की प्रधान त्रुटि हो गई है वे उससे सर्वथा पृथक थीं और इस दृष्टि से उनका उदाहरण नारी-समाज के लिये बहुत बड़ा प्रेरक है । वे इंग्लैण्ड में पैदा हुईं, पर उन्होंने भारतवर्ष को अपना घर बना लिया और उनका कार्य-क्षेत्र संसार के दूर-दूर के देशों तक फैला हुआ था । इसी प्रकार जन्म से वे ईसाई थीं, आरम्भ में उनको उस धर्म की शिक्षा भी दी गई, पर आगे चल कर वे हिन्दू-धर्म के नियमों का पालन करने लग गईं । अपने उद्योग से ही वे संसार के सब धर्मों की ज्ञाता बन गईं और उन्होंने एक ऐसे सार्वभौम धार्मिक-समाज का संचालन किया जिसने सभी मजहबों और देशों के व्यक्तियों में एकता और प्रेम भावना उत्पन्न करने में बड़ा काम किया ।

श्रीमती बेसेण्ट का जन्म सन् १८४७ में इंग्लैण्ड के एक मध्यम श्रेणी के गृहस्थ घर में हुआ । उनके पिता गणित शास्त्र के विद्वान थे और डॉक्टरी में भी उनको बड़ी रुचि थी । उनकी माता भी एक प्रसिद्ध वंश में से थीं जिससे उनको अपने परिवार के सम्मान का सदा ध्यान रहता था । वे आगे चलकर अनेक प्रकार की विपत्तियों में भी इसीलिये यथासम्भव स्वावलम्बिनी बनी रहीं और श्रीमती बेसेण्ट ने भी उनसे स्वावलम्बन का जो पाठ सीखा उसके सहारे बिना किसी बड़े साधन के वे अपने ही उद्योग से इतना आगे बढ़ सकीं कि संसार भर में एक सम्माननीय धार्मिक राजनीतिक नेता के रूप में उन्होंने ख्याति प्राप्त कर ली ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जब श्रीमती बेसेण्ट पाँच वर्ष की हुईं तो इनके पिता का देहान्त हो गया । इससे इनकी माता के ऊपर बहुत बड़ा भार आ पड़ा । घर में कोई बड़ी सम्पत्ति अथवा जायदाद न थी और ये अपने बच्चों को ऊँची शिक्षा दिलाकर सभ्य समाज के योग्य बनाना चाहती थीं । इसलिये वे "हैरो" नामक स्थान में जाकर रहने लगीं जो छोटा होने से कम खर्च का था, पर जहाँ एक ऐसा स्कूल था जिसका नाम शिक्षा-जगत में दूर-दूर तक प्रसिद्ध था । यहाँ उनको एक ऐसा व्यक्ति मिल गया जिसने इन्हें अपने लड़के की देखभाल और शिक्षा की व्यवस्था करने को नियुक्त कर दिया । इस प्रकार उसके लड़के के साथ इनके बच्चों की शिक्षा भी होने लगी । इसके पश्चात् हैरो स्कूल के हैडमास्टर डॉ. बोधम और उनकी पत्नी से इनका परिचय हो गया और उनकी सहायता से उनको एक ऐसे मकान में रहने को स्थान मिल गया जिसमें कुछ लड़के रहते थे । बेसेण्ट की माता उस 'होस्टल' की व्यवस्थापिका बना दी गईं । उसी मकान में एक अध्यापक भी रहने लग गये । इस तरह उनको जीवन निर्वाह का एक कार्य मिल गया और बच्चों की शिक्षा भी अधिक नियमित रूप से होने लगी ।

माता-पिता का सन्तान के प्रति सबसे बड़ा कर्त्तव्य यही है कि वे उनको शिक्षित और कर्मठ बना दें । यदि बच्चों में ये गुण आ गये तो आगे चलकर वे अपना रास्ता अपने आप बना लेंगे, लेकिन अभी तक हमारे देश की मातायें इस तरफ बहुत कम ध्यान देती हैं । वे स्वयं अशिक्षित होती हैं और इसलिये अपनी सन्तान की शिक्षा को भी बहुत कम महत्त्व देती हैं । वे बचपन में सन्तान को लाड़-दुलार करना और जहाँ तक बन पड़े उनके खाने-पहिनने की अच्छी व्यवस्था करना ही अपना कर्त्तव्य समझती हैं पर इस प्रकार के व्यवहार से बच्चों का अहित ही होता है । उनको आराम से, फैशन से रहने की आदत पड़ जाती है और परिश्रम तथा काम से वे जी चुराने लगते हैं । इसके परिणामस्वरूप उनको आगामी जीवन में तरह-तरह की कठिनाइयाँ सहन करनी पड़ती हैं और वे समाज का हित करने के बजाय उसमें प्रायः विकृतियाँ उत्पन्न करने के ही निमित्त बन जाते हैं ।

शिक्षा और देश भ्रमण

इस समय संयोग से कुमारी मेरियट नाम की एक धनी वृद्ध महिला हैरो में आईं और ऐनीबेसेण्ट की माता का उनसे परिचय हो गया । कुमारी मेरियट ने आजन्म विवाह नहीं किया था और अपना समस्त जीवन अपने परिचितों, कुटुम्बियों, दीन-दुःखियों की सहायता में ही लगाया था । उन्होंने जब ऐनीबेसेण्ट को देखा तो वे उसकी तरफ आकर्षित हो गईं और उनकी माता से कहा कि—"इस लड़की को मेरे साथ रख दो जिससे इसकी शिक्षा-दीक्षा की उचित व्यवस्था हो सके ।" पहले तो माता को अपनी पुत्री का वियोग कठिन जान पड़ा पर उन्होंने उसके भविष्य पर विचार किया तो वे राजी हो गईं ।

आरम्भिक जीवन में ऐनी को धार्मिक शिक्षा दी गई और 'पिलग्रिम्ज प्रोग्रेस' और 'पैराडाइज लास्ट' जैसी पुस्तकें पढ़ने से उनमें धार्मिक कार्यों के लिये बड़ा उत्साह उत्पन्न हो गया । परिवार की धार्मिक सभा में सबको अलग-अलग खड़े होकर प्रभु ईसा की प्रार्थना करनी पड़ती थी । पाँच वर्ष की ऐनी को जब कहा जाता तो पहले तो उनको भय लगता, पर जब मुँह खुल जाता तो ऐसे मधुर ढंग से बोलती कि सभी सराहना करने लग जाते । इस प्रकार उसी समय से इसमें भाषणकला का गुण विकसित हो गया तथा जिसके बल से आगे चलकर उन्होंने जीवन में बहुत बड़ी सफलता पाई और संसार भर में लाखों अनुयायी बना लिये ।

कुमारी मेरियट स्वयं बड़ी समझदार और परोपकारी महिला थीं, अगर कोई भूखा गरीब मनुष्य उनके पास आता तो वे उसे पैसा न देकर स्वयं भोजन करातीं । यदि वह स्वस्थ और कार्य करने लायक होता तो उसके लिये स्वयं दौड़-धूप करके कोई रोजगार तलाश कर देती थीं, उनके इन गुणों का प्रभाव ऐनी तथा अन्य लड़कियों पर भी पड़ा । जब वे लोग किसी दीन-दुःखी को देखकर उसकी सहायता की प्रार्थना करतीं तो कुमारी मेरियट उनको समझाती कि "तुम लोग एक सप्ताह तक चीनी न खाकर या कोई दूसरी आराम की चीज छोड़कर पैसा बचाओ और उससे इसकी सहायता करो ।" इस प्रकार वे उनको स्वयं त्याग करके दूसरों का उपकार करने की शिक्षा देती थीं ।

ऐनी जब पन्द्रह वर्ष की हुई तो कुमारी मेरियट इनको अन्य परिवार वालों के साथ विदेश यात्रा के लिये ले गईं । इससे इनका व्यावहारिक ज्ञान बहुत बढ़ गया और जर्मन तथा फ्रांसीसी भाषा का अभ्यास भी हो गया, पर अब कुमारी मेरियट ने धीरे-धीरे इनको पढ़ाना बन्द कर दिया और जब इन्होंने कहा कि "अब आप मुझे पढ़ाती क्यों नहीं ?" तो उन्होंने कहा कि—"मैं सदैव तुम्हारे साथ नहीं रहूँगी, इसलिये अब तुमको स्वयं अपने पैरों पर खड़े होने का अभ्यास भी करना चाहिये । जो लोग अन्त तक शिक्षकों और अभिभावकों के सहारे रहते हैं उनको शिक्षा समाप्त करने पर एकाएक मालूम पड़ता है कि अब क्या करें ? इसलिये तुमको अभी से स्वावलम्बन का अभ्यास करना चाहिये । तुमको आरम्भिक शिक्षा अच्छी तरह मिल चुकी है । अब उद्योग करोगी तो स्वयं इसको बढ़ाकर जो कार्य

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

करना चाहो उसके योग्य बन सकती हो ।" इस प्रकार कुमारी मेरियट ने इनके जीवन की सफलता का मार्ग खोल दिया, जिससे आगे चलकर वे हर तरह के संघर्ष में साहस रखकर आगे बढ़ सकीं । अपने लिये ही नहीं समाज के लिये भी बहुत कुछ करने में समर्थ हो सकीं ।

समाज सेवा का श्रीगणेश

इंग्लैण्ड वापस आकर ऐनी और उसकी माता मैनचेस्टर में रहने लगीं । यह उद्योग-धन्धों का नगर था और यहाँ मजदूरों की बहुत बड़ी बस्ती थी । इन लोगों की इस समय बहुत खराब हालत थी और उनको उद्योगपतियों के बड़े-बड़े अन्याय सहने पड़ते थे । ऐनी को यह बहुत बुरा लगता था और वह उनकी सहायता, सेवा का मार्ग ढूँढ़ने लगी । उस समय वहाँ 'राबर्ट' नाम का वकील इन अन्याय पीड़ितों की सेवा में संलग्न था । उन दिनों कोयले की खानों में काम करने वाली स्त्रियों की बड़ी बुरी हालत थी । दिन भर कठोर परिश्रम करने पर भी उन बेचारियों को न पूरा खाना मिलता था न तन ढकने को साबुत कपड़ा । वे ठण्ड सहती हुई अपने दूध-पीते बच्चों को गोद में सँभाले किसी प्रकार काम करती रहतीं । पाँच-सात वर्ष के बच्चों को दरवाजे पर रखवाली के लिये बैठा दिया जाता और जब वे सो जाते तो ठोकर मार पर उठाया जाता ।

दरिद्रों के वकील राबर्ट और उसके कुछ अन्य सहकारियों ने इन अन्यायों के विरुद्ध आन्दोलन उठाया । ऐनी भी उसमें शामिल हो गईं । राबर्ट कहा करता था—"मजदूर—गरीब ही काम करने वाली शहद की मक्खियाँ हैं, वे ही समस्त धन को पैदा करने वाले हैं । इनके साथ न्यायोचित व्यवहार होना चाहिये, स्वतन्त्र जीवन व्यतीत करने का अवसर दिया जाना चाहिये ।" ऐनी पर ऐसे उपदेशों का बड़ा प्रभाव पड़ता था और वह बड़े उत्साह से मजदूर-आन्दोलन का कार्य करती थी । यहाँ उन्होंने सार्वजनिक आन्दोलनों में भाग लेने की प्रेरणा प्राप्त की ।

ऐनी को राजनीति की तरफ आकर्षित करने वाला एक और कारण उसी समय पैदा हो गया, उस समय आयरलैण्ड में जोरों से स्वतन्त्रता-आन्दोलन चल रहा था और अंग्रेज सरकार बड़ी क्रूरता के साथ उसका दमन कर रही थी । ऐनी की माता भी आयरिश ही थी और इसलिये इनकी सहानुभूति आयरलैण्ड के साथ थी ।

आयरलैण्ड के दो नेता कर्नल केली और कप्तान डीजे मैनचेस्टर में गिरफ्तार कर लिये गये और उन पर राजद्रोह का मुकद्मा चलाया गया । इससे इंग्लैण्ड में रहने वाले आयरिश लोगों में बड़ा जोश फैल गया और एक दिन उन्होंने इकट्ठे होकर जेलखाने की गाड़ी पर, जिसमें दोनों नेताओं को अदालत से लाया जा रहा था, हमला कर दिया, यद्यपि उस समय एक कॉंस्टेबिल को मारकर दोनों कैदी छुड़ा लिये गये, पर बाद में पुलिस ने आकर भीड़ पर हमला किया और चार व्यक्तियों को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर लिया । ऐनी भी इनका मुकद्मा देखने जाती थी और जब उनको प्राण दण्ड दिया गया तब वह बड़ी दुःखी हुई । उसने बाद में इस सम्बन्ध में लिखा कि "यदि इन वीरों ने किसी अन्य देश की स्वाधीनता के लिये इसी प्रकार युद्ध किया होता तो इंग्लैण्ड वाले उनका स्वागत और सम्मान करते । परन्तु आयरलैण्ड की स्वाधीनता के लिये प्राण देने वालों को मामूली अपराधियों की तरह कब्रिस्तान में गाढ़ दिया गया । यह मनोवृत्ति स्वार्थपरता और संकीर्णता की ही परिचायक है ।"

विवाह और तलाक

सन् १८६६ में इनकी माता ने इनके जीवन का मार्ग बदलने के उद्देश्य से इनका विवाह रेवरेण्ड फ्रैंक बेसेण्ट नामक पादरी से कर दिया । ये उस समय यद्यपि धार्मिक स्वतन्त्रता की अनुयायी बनती जा रही थीं और 'ईसाई धर्म ही सच्चा है', इस विचार से हटती जा रही थीं, पर एक पादरी के साहचर्य में रहने से गरीबों की सेवा करने का अधिक अवसर मिलेगा यह सोचकर इन्होंने इस सम्बन्ध को स्वीकार कर लिया, पर यहाँ तो मामला उल्टा निकला । पादरी बेसेण्ट परम्परावादी पण्डित-पुजारियों की तरह केवल अपने धार्मिक-कृत्यों से सम्बन्ध रखने वाला व्यक्ति था, जबकि ये सत्य की दृढ़ जिज्ञासु थीं । इनका पति एकमात्र बाईबिल पर विश्वास रखने वाला था, पर ये संसार के सभी तरह के दार्शनिक और धार्मिक मतों की समीक्षा करके सत्य का निर्णय करना चाहती थीं । इनका कार्यक्षेत्र भी समाज सुधार तथा राजनीतिक आन्दोलनों में भाग लेने के कारण दूर-दूर तक फैला हुआ था । इस कारण विवाह के कुछ महीने बाद ही दोनों में मतभेद प्रकट होने लगा पर धीरे-धीरे ये इस गाड़ी को खींचती रहीं और इस बीच में इनके दो सन्तान एक लड़का और एक लड़की भी हो गई । इनको लेखों और व्याख्यानों आदि से जो आय होती थी उसको भी ये पति को ही दे देती थीं, इससे भी कुछ शान्ति बनी रहती थी ।

पर इनके धार्मिक-स्वतन्त्रता के विचार दिन पर दिन बढ़ते जाते थे और सभाओं में प्रायः बाईबिल और ईसाई धर्म के विरुद्ध बातें कह देती थीं । इस पर अन्य पादरी इनके पति पर आक्षेप करते थे और बदले में वह इनको जली-कटी सुनाता था । इसी बीच में इनके दोनों बच्चे बीमार हो गये और उनके बचने की आशा न रही । इससे

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

इनके मन को बड़ा धक्का लगा । वह कहने लगीं कि भगवान को इतना दयालु कहा जाता है तो कहाँ गई उसकी दया, कि वह इन अबोध बच्चों को इतना कष्ट पाते देख रहा है और कोई ध्यान नहीं देता । फिर उनको ध्यान आया कि "स्वयं वे और उनकी माता आरम्भ से पूर्ण धार्मिक जीवन बिताती रहीं, ईसामसीह में दृढ़ श्रद्धा रखती रहीं पर उनके ऊपर एक के बाद एक विपत्ति आती रही । असमय में पिता का देहान्त हो जाने से दरिद्रता की चक्की में पिसना पड़ा । दरिद्र माता को अकारण ही वकील ने ठग लिया जिससे उनकी इज्जत मुश्किल से बच सकी । अब इनके प्राण प्यारे बच्चे भी मृत्यु के मुख में पड़े हैं ।"

इस प्रकार के विचारों से इनके धार्मिक विश्वासों को और भी धक्का लगा और ये नास्तिकता की ओर झुकने लगीं । इन्होंने मजदूर आन्दोलन में भी परिश्रम की कमाई खाने वाले ईमानदार 'मजदूरों' को भूखों मरते और हर तरह के अत्याचार सहते देखा था । एक बार ऐनी अपने पति के साथ देहात में रहने गई, वहाँ देखा कि खेतों में काम करने वाले मजदूरों की और भी बुरी दशा है । एक छोटी कोठरी में परदादा से लेकर नाती, पत्नी तक आठ मनुष्य रहते थे । जगह इतनी कम थी कि एक पुरुष, उसकी स्त्री और दो बच्चे एक ही चारपाई पर सोते थे । एक दिन जब एक बच्चा रात के समय मर गया तो इतना भी स्थान न था कि उस मृतक को कहीं रख भी दिया जाये । उसकी माँ को रात भर बच्चे के पास ही सोना पड़ा ।

एक तरफ तो गरीब लोगों की यह बुरी दशा थी और दूसरी ओर धनी लोग सब तरह की बेईमानी से रुपया कमाते हुए भोग-विलास और दुराचारों में खर्च कर रहे थे । श्रीमती बेसेण्ट के चित्त में बार-बार यही प्रश्न उठता कि अगर ईश्वर होता तो संसार में इस प्रकार का अन्धेरखाता कैसे चल पाता ? और अगर ईश्वर है भी तो ऐसे अन्यायी ईश्वर को मानने से क्या फायदा जो ईमानदारों को ऐसे कष्ट देता है और जिसके राज्य में बेईमान और शोषण करने वाले मौज करते हैं । ऐसे विचारों के बढ़ने से ये दिन पर दिन धर्म से विमुख होती जाती थीं और इस कारण पति से सदा खट-पट होती रहती थी । जब इनकी मानसिक पीड़ा बहुत बढ़ गई तो एक दिन बहुत दुःखी होकर इन्होंने आत्महत्या का निश्चय कर लिया । पर जैसे ही जहर को मुँह से लगाया कि अन्तरात्मा ने कहा—

"हे कायर ! अभी कल तक तू गरीबों के हितार्थ, अन्याय के प्रतिकारार्थ शहीद बनने का सपना देख रही थी और आज थोड़े से मानसिक कष्ट से व्याकुल होकर व्यर्थ में प्राण देने को प्रस्तुत हो गई । जब तू घरेलू झगड़े को बरदाश्त नहीं कर सकती, तब अन्यायियों का विरोध करते हुए जिस अपमान, यातना, अमानुषिक यन्त्रणा का सामना करना पड़ेगा, उसे तू कैसे सहन करेगी ? इसलिये हिम्मत रख और अपने कर्त्तव्य-मार्ग पर अग्रसर होती जा, इसका जो भी परिणाम सहन करना पड़े उसे अनासक्त भाव से सहन कर, ऐसा करने पर ही तू संसार की सेवा का कुछ श्रेय प्राप्त कर सकेगी ।"

अब श्रीमती बेसेण्ट ने निश्चय कर लिया कि वे अपने विश्वास, सिद्धान्तों के अनुसार ही कार्य करेंगी, फिर इसका परिणाम कैसा भी क्यों न निकले । उन्होंने विचार किया कि जब यकायक पिता की मृत्यु हो जाने और माता की सम्पत्ति के डूब जाने पर भी निर्वाह होने पर और आगे बढ़ने का मार्ग निकल आया तो गृहस्थी अथवा जीवन-निर्वाह के कारण अन्तरात्मा के विरुद्ध अन्धविश्वास के सामने सर झुका देना कदापि उचित नहीं । जिस तरह अन्य दुनियादार मनुष्य सांसारिक वैभव, सम्पत्ति के लिये सब प्रकार के भय और आशंकाओं को त्यागकर परिस्थितियों से संघर्ष करने, लड़ने-मरने को तैयार हो जाते हैं उसी प्रकार सत्य के खोजी को भी उसके लिये हर अवस्था में संघर्ष करने और सब प्रकार के कष्टों, विघ्न-बाधाओं को सहन करने को तैयार रहना चाहिये । संसार के अधिकांश व्यक्ति तो रुपया-पैसा, आराम, शान-शौकत आदि को महत्त्व देते हैं पर सत्य के अन्वेषक को इन बातों की चिन्ता छोड़कर उसी मार्ग को अपनाना चाहिये जिसका आदेश अन्तरात्मा दे ।

अब श्रीमती बेसेण्ट ने अपने विचारों का खुले तौर पर प्रचार करना आरम्भ कर दिया । वे ईसा-मसीह को एक महापुरुष मानती थीं, वह 'ईश्वर' का पुत्र था, अथवा 'मानवों का मुक्तिदाता' था इस पर इनका विश्वास न था । इसके बजाय ये गरीबों, कष्ट पीड़ितों की सेवा को, उन पर होने वाले अन्यायों का विरोध करने को ही सच्चा धर्म बतलाती थीं और जहाँ तक बन पड़ता था, दीन-हीन मजदूरों तथा अन्य गरीब मनुष्यों की सहायता के लिये प्रचार करती थीं ।

सन् १८७३ में इन विचारों के कारण अपने पति से मतभेद चरम सीमा पर पहुँच गया । उसको संगी साथियों ने समझाया कि ऐसी स्त्री को रखने से क्या फायदा जो गिर्जाघर नहीं जाती और ईसा को 'पवित्र ईश्वरीय पुत्र' अस्वीकार करती है । इस प्रकार के विचारों के प्रकट होने से अपने साथियों में पादरी बेसेण्ट की बदनामी होती थी । अन्त में उसने श्रीमती ऐनी बेसेण्ट से कह दिया कि "या तो तुम अपने विचारों को बदलकर गिर्जाघर जाना और

ईसाई धर्म के विश्वासों को स्वीकार करना आरम्भ करो अन्यथा इस घर को छोड़ दो ।"

उस समय इनकी आयु २६ वर्ष की थी और मन में अपने सिद्धान्तों के लिये कोई विशेष कार्य कर दिखाने का उत्साह भरा हुआ था । इसलिये इन्होंने पति को छोड़ने का ही निश्चय किया । इस समाचार से इनकी माता को बड़ा दुःख हुआ और उसने समझा-बुझाकर पति के साथ रहने का आग्रह किया । पर इन्होंने सिद्धान्तों के विरुद्ध आचरण करना स्वीकार न किया ।

जीवन-निर्वाह की समस्या

मानसिक आवेश और युवावस्था के उत्साह के फलस्वरूप इन्होंने पति से तलाक मंजूर कर ली, पर जब जीवन-निर्वाह की समस्यां आई तो दिमाग चक्कर खाने लगा । अदालत ने छोटी लड़की को इनके साथ रहने का आदेश दे दिया था । अब अपनी बुड्ढी माता का और छोटी बच्ची का खर्च किस प्रकार चलायें ? यह एक बड़ी कठिन समस्या थी ।

अब ये कोई नौकरी तलाश करने लगीं । इसमें इनको कितनी दौड़-धूप करनी पड़ी, तकलीफ उठानी पड़ी और मान-अपमान सहने पड़े उन सबका वर्णन यहाँ कर सकना सम्भव नहीं । कई महीने तो सप्ताह में केवल तीन-चार रुपया का काम करके ही गुजारा करना पड़ा । फिर एक बड़े पादरी के घर में भोजन बनाने का काम मिल गया, पर वेतन में दोनों ही समय का भोजन और रहने का स्थान दिया गया । कुछ समय बाद पादरी का लड़का बीमार हो गया तो इनको खाना बनाने से हटाकर उसकी देखभाल करने को नियुक्त कर दिया गया । एक बच्चा ठीक हुआ तो दूसरे को ज्वर आ गया, उसकी देखभाल भी ये करने लगीं । इन्होंने परिश्रम करके दोनों की प्राण रक्षा की ।

एक साल बाद इनकी माता बीमार पड़ीं पर गरीबी के कारण इलाज की ठीक व्यवस्था नहीं हो सकी । मई सन् १८७४ में उसका देहान्त हो गया और श्रीमती बेसेण्ट का एक मात्र सहारा भी जाता रहा । अब इनका आधार छोटी बच्ची मैवेल पर ही था । इस समय दरिद्रता का संकट भी बहुत बढ़ गया था, मकान का किराया काफी चढ़ गया था इसलिये ये केवल एक बार भोजन करके ही उसे चुकाने का प्रयत्न करती थीं ।

सामयिक पत्रों में लेखन-कार्य

श्रीमती बेसेण्ट सामयिक पत्रों में अपने वैवाहिक-जीवन से ही लिखने लग गई थीं । सबसे पहले इनकी एक छोटी-सी कहानी 'फैमिली-हेरल्ड' नामक पत्र में छपी, कुछ समय बाद उसका पत्र आया जिसमें से लेख के पारिश्रमिक का ३० शिलिंग (२१रुपया) का चेक निकला । एक लेखक की हैसियत से यह इनकी पहली कमाई थी । इसके बाद इन्होंने और भी कई छोटी-छोटी सुन्दर कहानियाँ लिखकर उस अखबार में भेजीं और वे सब छप गईं । एक उपन्यास भी लिखकर भेजा, पर वह यह कहकर लौटा दिया गया कि इसमें राजनीति की चर्चा बहुत अधिक है ।

अब जीविका की समस्या उपस्थित होने पर उन्होंने फिर लिखने की तरफ ध्यान दिया और मि. स्कॉट नामक सज्जन के आश्रय से कई लेख लिखे, जिसमें से प्रत्येक के लिये २१ रुपये के हिसाब से पारिश्रमिक मिल गया । श्रीमती स्कॉट भी इनका बहुत ख्याल रखती थीं और जब बहुत कठिन अवस्था आती थी तब वे उनको भोजन करा देती थीं । कई साधारण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये इन्होंने अपने आभूषण और बढ़िया कपड़े पहले ही बेच दिये थे । अब पेट भरने का एक मात्र साधन लेखन कार्य ही था पर इस क्षेत्र में नवीन होने के कारण सदैव उसमें सफलता नहीं मिलती थी । तब भी यह साहस करके अपने मार्ग पर दृढ़ रहीं और इस स्थिति को अपनी एक परीक्षा समझकर परिश्रम करके और कठिनाइयाँ सहन करके अपने सिद्धान्तों के अनुसार अग्रसर होती रहीं । श्रीमती बेसेण्ट की जीवन घटनायें इस दृष्टि से बड़ी शिक्षाप्रद और रोचक हैं कि स्वावलम्बी व्यक्ति किस प्रकार आपत्तियों का मुकाबला करके बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त कर सकता है । क्या यह बात कम प्रेरणाप्रद है कि जिस श्रीमती बेसेण्ट को लेखन कार्य से सूखी रोटी खाने लायक भी आमदनी नहीं होती थी फिर उन्होंने इसी के द्वारा लाखों रुपया कमाया और सैकड़ों अन्य व्यक्तियों की रचनाओं को भी प्रकाशित करके उनको साहित्य-क्षेत्र में ठहर सकने में हर तरह से सहायता दी ।

श्री ब्रैडला से भेंट और मजदूर आन्दोलन

सन् १८७४ में ही इनकी भेंट इंग्लैण्ड के प्रसिद्ध अनीश्वरवादी प्रचारक चार्ल्स ब्रैडला से हो गई । ब्रैडला अपने स्वतन्त्र विचारों और ईसाई धर्म का जोरों से खण्डन करते रहने के कारण बहुत बदनाम हो चुके थे । वे किसी प्राचीन रूढ़ि और परम्परा को नहीं मानते थे और प्रत्येक सिद्धान्त को तर्क और विज्ञान की कसौटी पर कसकर स्वीकार करते थे । इसलिये कट्टर ईसाई उनका बहुत अधिक विरोध करते थे और उन पर तरह-तरह के झूठे-सच्चे आरोप लगाकर हमेशा उन्हें जनता की निगाह में गिराने की चेष्टा किया करते थे । जब श्रीमती बेसेण्ट

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

ने उनको अपने घर पर बुलाया तो उन्होंने साफ कह दिया कि खूब सोच-समझकर ऐसा काम करना । मैं तो काँटों पर चलने वाला आदमी हूँ, स्वयं मेरे भाई-बन्धु मुझसे घृणा करते हैं और जनता में भी मैं तरह-तरह से बदनाम किया जाता हूँ । मेरे साथ रहने से तुम्हारे विषय में ही लोग हर तरह की अफवाहें उड़ाने लगेंगे और उपेक्षा करेंगे । बाद में इससे घबड़ाकर तुम पछताने लगो या मुझे दोष देने लगो तो यह उचित नहीं । इस तरह के मार्ग पर चलने के पहले ही उसकी समस्त कठिनाइयों को समझ लेना चाहिये और यह भी विचार लेना चाहिये कि इतना आगे बढ़ सकने की शक्ति हमारे भीतर है या नहीं ।

पर श्रीमती बेसेण्ट भी कुछ ऐसी ही प्रकृति की थीं । केवल सिद्धान्त के कारण उन्होंने पतिगृह का त्याग करके रोटी-कपड़े के लिये भी बहुत अधिक कष्ट सहन किये थे । अपनी और अनेक लोगों की दुर्दशा तथा अकारण सहन किये जाने वाले अन्यायों को देखकर उनका ईश्वर और धर्म पर से विश्वास बिल्कुल हट गया था इसलिये उनको श्री ब्रैडला की बातों से किसी प्रकार का भय नहीं जान पड़ा और वे भी उनके साथ स्वतन्त्र विचारों का प्रचार करने में सम्मिलित हो गईं ।

श्री ब्रैडला ने इनको अपने सामायिक पत्र 'नेशनल रिफॉर्मर' में कुछ लिखने का काम दे दिया । यह गरीबों के लिये आन्दोलन करने वाला पत्र स्वयं बहुत गरीब था इसलिये श्रीमती बेसेण्ट को उससे थोड़ा-सा ही पारिश्रमिक मिलता था । थोड़ा-सा लेखन कार्य ये श्री स्कॉट के सहयोग से करती थीं । दोनों की आमदनी से किसी तरह स्वावलम्बी जीवन की गाड़ी चल जाती थी ।

बारह वर्ष तक स्वतन्त्र विचारों के आन्दोलन के सम्बन्ध में इन्होंने बहुत काम किया । पादरी और पुराने विचारों के लोग इनका हर तरह से विरोध किया करते थे, खरी-खोटी सुनाया करते थे, पर नये विचारों की लहर उनके रोके न रुक सकी । परिणाम यह हुआ कि धीरे-धीरे सर्व साधारण पर इसका प्रभाव पड़ने लगा और उनकी धर्म सम्बन्धी धारणाओं में पहले की अपेक्षा बहुत परिवर्तन हो गया । अब वे धार्मिक पाखण्ड और ढोंग के बजाय चरित्र और नैतिकता की वृद्धि करने वाले सिद्धान्तों का आदर करने लगे थे । लाचार होकर धर्माध्यक्षों और धर्म-प्रचारकों को भी बदलना पड़ा और इंग्लैण्ड का ईसाई धर्म बहुत कुछ निर्मल हो गया और अन्ध-विश्वास घट गया । इस सम्बन्ध में अपने विचारों को स्पष्ट करते हुए श्रीमती बेसेण्ट ने लिखा था—"जबर्दस्ती कानून अथवा सामाजिक दण्ड का भय दिखाकर धर्म में विश्वास पैदा करने की चेष्टा करना निरर्थक है । विश्वास अपने आप असलियत को देखकर उत्पन्न होता है, दण्ड से नहीं । ज्यादती और जुल्म करने से तो दृढ़ इच्छाशक्ति वाले पहले से अधिक धर्म-विरोधी बन जाते हैं और जो कमजोर होते हैं वे पाखण्डी हो जाते हैं । मुझे एक भी ऐसा उदाहरण नहीं मिला कि जोर जबर्दस्ती से कभी कोई ईमानदार विश्वास करने वाला बन सका हो ।"

राजनीति में भी स्वतन्त्र विचारों का प्रचार

अभी तक श्रीमती बेसेण्ट का अधिक ध्यान धार्मिक मामलों की तरफ था पर इंग्लैण्ड में धर्म और राजनीति में विशेष सम्बन्ध है । वहाँ उस समय तक राजा ही धर्म का भी सबसे बड़ा संरक्षक और सहायक माना जाता था । इसलिये स्वभावतः इनको राजनीतिक विषयों पर अपनी सम्मत्ति प्रकट करनी पड़ी और आवश्यकता होने पर उसकी बुराइयों के विरुद्ध प्रचार करना पड़ा । इसमें ईसाई धार्मिक जगत के साथ ही सरकार की दृष्टि भी इन पर हो गई ।

इन्होंने देखा कि अंग्रेजी साम्राज्य जितना बढ़ता जाता है उतना ही प्राचीन देशों और उपनिवेशों के साथ उसका व्यवहार कठोरता और दमन का होता जाता है । आयरलैण्ड के स्वाधीनता आन्दोलन को तो वह खूब कुचल ही रहा था और उसके कारण श्रीमती बेसेण्ट के मन में पहले से ही विद्रोह की भावना उत्पन्न हो चुकी थी । अफगानिस्तान और मिस्र जैसे स्वाधीन कहे जाने वाले देशों में भी वह अपना प्रभाव कायम रखने के लिये समय-समय पर बल प्रयोग करता रहता था । दक्षिण अफ्रीका में भारतीय तथा स्थानीय निवासियों पर मनमाने अत्याचार किये जा रहे थे । भारतवर्ष की पराधीनता की जंजीरें बराबर मजबूत की जा रही थीं और यहाँ की जनता विवश और निराश होती जा रही थी ।

स्वयं इंग्लैण्ड में भी मजदूरों तथा अन्य गरीब श्रेणी के लोगों की दशा बड़ी दयनीय थी । सरकार और बड़े लोगों की शान-शौकत बढ़ती जाती थी, उनका व्यय सामान्य जनता पर टैक्स बढ़ाकर पूरा किया जाता था । अमीरों की शासन सभा (हाउस ऑफ लॉर्डस) सुधार के प्रत्येक काम में भरसक रोड़ा अटकाती थी । शिक्षा और गरीबों की आर्थिक सुधार सम्बन्धी योजनाओं को भूलकर युद्धों की तैयारी में करोड़ों रुपया लगाया जा रहा था । जो कोई इसके विरुद्ध आवाज उठाता था तो वह सरकार और समाज का द्रोही बतलाया जाता था ।

इन विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने अपनी समस्त शक्ति इन अन्यायों का विरोध करने में लगा दी । जगह-जगह सभायें करके वे सरकार के दोषों का पर्दाफाश

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

करने लगीं । ईश्वर तथा धर्म के नाम पर ढोंग फैलाने वालों का खण्डन वे पहले से ही कर रही थीं । इस प्रकार इस जमाने में सरकार और ईसाई धर्म को अकाट्य मानने वाले मूढ़ व्यक्तियों की निगाह में तो वे समाज के ऊपर एक काले धब्बे की तरह थीं । अन्धविश्वासी समाज में उनकी निन्दा का बाजार गर्म हो उठा और उनके नाम पर तरह-तरह के लाँछन लगाने लगे पर श्रीमती बेसेण्ट इन बातों की तरफ से कान और आँखें बन्द करके अपने मार्ग पर चलती गईं जो लोग किन्हीं सिद्धान्तों के लिये शहीद होने का निश्चय कर लेते हैं वे ऐसी लोक-चर्चा, निन्दा-कुत्सा की परवाह कब करते हैं ?

श्री ब्रैडला का चुनाव संघर्ष

उस समय उच्च वर्ग के 'सभ्य' और 'विद्वान्' कहलाने वाले श्रीमती बेसेण्ट के सहायक श्री ब्रैडला की कितनी भी निन्दा क्यों न करते हों पर गरीब लोगों की बहुत बड़ी संख्या उनकी समर्थक थी । वे गरीबों के सच्चे मित्र थे और जहाँ कहीं अन्याय होता देखते थे, वहीं उसका विरोध करते थे । गरीब लोगों को तो वे अपने आत्मीय की तरह समझते थे और तन-मन-धन से जिस प्रकार हो सकता उनकी सहायता करने को तत्पर रहते थे । केवल इंग्लैण्ड ही नहीं संसार भर के पीड़ितों को अपना बन्धु मानते थे और जिस प्रकार बन पड़ता उनकी सहायता करते थे । भारतवर्ष पर भी उस समय अंग्रेजों का दमनचक्र चल रहा था और हर प्रकार से भारतीय जनता का शोषण किया जाता था । श्री ब्रैडला ने पार्लियामेण्ट में भारतवर्ष का पक्ष लेकर सरकार के अनुचित कार्यों की तीव्र आलोचना की जिससे बड़ी खलबली मची । सन् १८९० में उनको निमन्त्रित करके बुलाया गया और उन्होंने भारत की राष्ट्रीय कांग्रेस में इस देश की माँगों और अधिकारों का डंके की चोट पर समर्थन किया । उस अवसर पर हिन्दी के देशभक्त कवि स्वर्गीय प्रतापनारायण मिश्र ने उनके स्वागत में एक बड़ी कविता पढ़कर सुनाई थी जिसमें अनेक उपरोक्त गुणों का परिचय मिलता है । उसकी कुछ पंक्तियाँ नीचे दी जाती हैं—

स्वागत श्रीयुत ब्रैडला ! प्रेम प्रतिष्ठा पात्र ।
पलक पांवड़े करि रहे तव हित देशी मात्र ॥
स्वागत ! स्वागत !! स्वागत !!! श्रीभारत हितकारी ।
आवहु निज्रमन्याय निरत नित सत पथ धारी ॥
यद्यपि अनीश्वरवाद दोष सब तुमहिं लगावें ।
पै प्यारे तव मुख्य मर्म विरले कोउ पावें ॥
लाखन जन मुखते नित ईश्वर—ईश्वर करहीं ।
पै स्वारथ सनि पर—सरवस कहें हरतहिं रहहीं ॥
तुम सम पर-दुःख देख द्रवहिं सोई हरि कहिं प्यारे ।
का जानहि या परम धरम लघु मति मतिवारे ॥
जिन छलियन के हाथ सुमिरिनी बगल कतरनी ।
कछु न हानि जो शतधा निन्दहि तव करनी ॥
पै हमरे विश्वास माँहि तुम परम सुजाना ।
दीन दया विस्तरन वपुष श्री बुध भगवाना ॥

वास्तव में श्री ब्रैडला उन व्यक्तियों में से थे जो धर्म का आडम्बर न करके उसके सार को ग्रहण करते हैं । यद्यपि वे गिर्जाघर या मन्दिर-मस्जिद में जाकर ईश्वर को नहीं पुकारते, पर जिन दीन-दुखियों के भीतर आत्मारूपी परमात्मा को व्यथित होता देखते हैं वहीं उसकी सेवा-सहायता को दौड़ते हैं । इसके विपरीत जो मुकुट-तिलकधारी ईश्वर की पूजा के लिये बड़े आयोजन, उत्सव आदि करते हैं वे उल्टा उन दीनजनों को चूसते हैं, ठोकरें लगाते हैं । उनको थोड़े से धर्म व्यवसायियों के अतिरिक्त और कौन 'धर्म-मूरत' कहेगा ?

श्री ब्रैडला की जनप्रियता की परीक्षा उस समय हुई जब एक बार पार्लियामेण्ट के 'लिबरल' (उदार) और 'कंजरवेटिव' (अनुदार) दोनों दलों ने मिलकर तरह-तरह की चालें चलकर झूठे आक्षेप लगाकर श्री ब्रैडला को चुनाव में हरा दिया । इससे वहाँ की गरीब जनता इतनी उत्तेजित हो गई कि उसने विरोधी दल वालों के मकानों पर हमला कर दिया और खून-खराबे को रोकने के लिये ब्रैडला बहुत थके होने पर भी वहाँ आये और अपने अनुयायियों को बहुत डाँट-डपट कर बदमाशी करने से रोका और उसी रात को अमरिका के लिये रवाना हो गये । इसके पश्चात् क्रोधित जनता ने 'मरकरी' नामक एक लिबरल पार्टी के समाचार पत्र के दफ्तर पर हमला करके उसे पूर्णतः नष्ट-भ्रष्ट कर डाला । इस पत्र में श्री ब्रैडला के विरुद्ध बड़ा जहर उगला जाता था और उन पर ऐसे जघन्य आरोप लगाये जाते थे जिन्हें पढ़कर एक निष्पक्ष व्यक्ति को भी रोष आ जाता था, इस घटना के समय श्रीमती बेसेण्ट भी वहाँ मौजूद थीं । उन्होंने यहीं पहला बलवा अपनी आँखों से देखा और अनुभव किया कि प्रजातन्त्र के नाम पर होने वाले चुनावों में कितनी उत्तेजना और दलबन्दी हो सकती है ।

जब दूसरी बार सन् १८८० में ही ब्रैडला चुन लिये गये तो जनता प्रसन्नता के मारे नाचने लगी । पर अमीर लोग फिर भी कोई ऐसी चाल सोच रहे थे जिससे इस 'अनीश्वरवादी' और धनी लोगों के शत्रु को जड़ से उखाड़ डाला जाये । उनको ऐसा मौका शीघ्र मिल गया, 'पार्लियामेण्ट' की सदस्यता ग्रहण करते समय ईश्वर के नाम पर शपथ खानी पड़ती थी पर ब्रैडला ईश्वर के नाम पर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

शपथ खाने को तैयार न हुए । वे अदालत में भी ऐसा ही करते थे और वे केवल प्रतिज्ञा कर लेते थे, पर यहाँ उनके विरोधियों ने इस बहाने से लाभ उठाकर ऐसी कानूनी अड़चनें डालीं कि श्री ब्रैडला को सार्जेण्ट द्वारा बाहर निकलवा दिया और दो दिन तक कैद रखा । यद्यपि इस अन्याय के विरुद्ध कानून बन चुका था, पर उनके विरोधियों ने, जो बड़े-बड़े लॉर्ड थे धींगाधींगी करके उनके चुनाव को रद्द करा ही दिया । फिर दुबारा चुनाव कराया गया, पर उसमें ब्रैडला को पहले से भी ज्यादा 'वोट' मिले । अन्त में बड़े संघर्ष के पश्चात् उनको पार्लियामेण्ट में स्थान मिल सका । वहाँ भी वे गरीब और अन्याय पीड़ितों के पक्ष में ही भाषण करते रहते थे । भारतवर्ष, को उचित अधिकार दिये जाने के लिये इन्होंने वहाँ बहुत प्रयत्न किया ।

सार्वजनिक क्षेत्र में श्री ब्रैडला के साथ कार्य करने से श्रीमती बेसेण्ट को भी लोगों के द्वारा समय-समय पर अनादर, अपमान, अप्रतिष्ठा का व्यवहार सहन करना पड़ा । यह विरोध इतना अधिक बढ़ गया था कि अनेक बार प्राणों पर खतरा जान पड़ता था । स्त्री होने के कारण इनको और भी कठिनाइयाँ सहन करनी पड़ती थीं । एक बार ये रेलगाड़ी में यात्रा कर रही थीं, इनको अकेला देखकर एक शराबी डिब्बे में घुस आया । उसने पहले तो खिड़की बन्द कर दी और फिर हँसता हुआ इनकी ओर बढ़ा । इस विपत्ति को देखकर ये बहुत घबराईं और कोई उपाय न देखकर एक छोटा चाकू, जो इनके पास था, खोलकर हाथ में ले लिया । इतने में सिंगनल न होने से रेल खड़ी हो गई, इन्होंने गार्ड से सारा हाल कहा और उसी समय उस डिब्बे से उतरकर दूसरे में चली गईं ।

मैडम ब्लवटस्की से भेंट

कुछ समय पश्चात् संयोगवश इनके विचारों में परिवर्तन होने लगा । घटना इस प्रकार हुई कि इनके पास एक पुस्तक समालोचनार्थ आई जिसमें अध्यात्म, सिद्धान्त और 'थियोसोफी' समाज का वर्णन था । 'थियोसोफी' का अर्थ है 'दैवीज्ञान', इस पुस्तक में बतलाया गया था कि "मनुष्य परमात्मा का अंश है और उसके भीतर एक दैवी-तत्त्व विद्यमान है , जो लाखों योनियों में अनुभव प्राप्त करके और विकसित होकर वर्तमान अवस्था को पहुँची है । यह तत्त्व भौतिक पदार्थों से अलग है और इसी की वृद्धि करते-करते मनुष्य एक दिन नर से नारायण बन जाता है । हमारा यह पंच भौतिक शरीर भी उसी तत्त्व के विकास के अनुसार आकृति और गुण ग्रहण करता है । जिस प्रकार चित्रकार पहले अपने दिमाग में किसी चित्र की रूप-रेखा खींचकर फिर उसे कागज पर उतार लेता है, इसी प्रकार हमारी आत्मा के जैसे विचार, भावनायें होती हैं वैसा ही शरीर भी उसे मिल जाता है । जब किसी प्राणी की पर्याप्त उन्नति हो जाती है तभी उसको मनुष्य योनि प्राप्त होती है ।

दूसरी बात जो इस पुस्तक में श्रीमती बेसेण्ट को विशेष महत्त्व की जान पड़ी वह थी ब्रह्मचर्य । अभी तक वह इसे शारीरिक दृष्टि से ही मानती थीं, पर इस पुस्तक में ब्रह्मचर्ययुक्त जीवन पर एक नया प्रकाश डाला गया था । उसमें कहा गया था कि यदि किसी व्यक्ति में इसका अभाव है तो इसका कारण यही है कि पिछले जन्म में उसके विचार पशुतुल्य थे और इस जन्म में भी उनके शेष रह जाने से उसमें कामुकता की अधिकता पाई जाती है । भोग के लिये उसने मानो अपने विवेक को बेच दिया है और संसार की मुख्य-मुख्य खराबियों की यही जड़ है । इस दैवी गुण को खो देना मनुष्य के लिये महान् कष्टों का कारण होता है । इस कष्ट को मिटाने के लिये नकली उपायों का आश्रय लेना अनुचित है, इसका वास्तविक उपाय आत्मा को शुद्ध कर देना ही है । हमको समझ लेना चाहिये कि वास्तविक चिकित्सा मन की होनी चाहिये न कि शरीर की ।

श्रीमती बेसेण्ट को ये बातें बहुत सारयुक्त जान पड़ीं जिससे उनके विचारों में बड़ा परिवर्तन हो गया । वे अभी तक 'माल्थस-संघ' नामक संतान निग्रह का प्रचार करने वाली संस्था की सदस्या थीं और इसके कृत्रिम उपायों के सम्बन्ध में इन्होंने एक पुस्तक भी लिखी थी । पर अब मैडम ब्लवटस्की के आध्यात्मिक उपदेशों को पढ़कर इन्होंने इन कार्यों को त्याग दिया । उस पुस्तक के दूसरे संस्करण को प्रकाशित करने का अधिकार प्राप्त करने के लिये कई प्रकाशक इनको हजारों रुपये दे रहे थे पर अब जब इन्होंने उस रास्ते को ही गलत समझ लिया तो उसके प्रचार में कैसे सहयोग दे सकती थीं ?

मजदूर आन्दोलन में सक्रिय भाग

उस समय इंग्लैण्ड के मजदूरों की हालत बहुत खराब थी । पूँजीवाद उस समय यौवनावस्था पर था और कारखाने वाले अधिक से अधिक माल बनाकर संसार के बाजारों में अपना कब्जा करने की धुन में बहुत अधिक स्वार्थपरता से काम ले रहे थे । आज भारतवर्ष में भी नौ-दस घण्टे से अधिक किसी मजदूर से काम लेने का नियम नहीं है, पर उस समय इंग्लैण्ड में उनसे १४ घण्टे काम कराया जाता था और इसके बदले में जो मजदूरी मिलती थी उसमें पेट भर भोजन भी मुश्किल से मिल पाता था ।

इस अव्यवस्था को देखकर अनेक न्याय-परायण और मानवतावादी व्यक्ति इसका विरोध करने वाले निकल आये

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

थे । उनका कहना था कि सब अमीर लोग मजदूरों का खून चूसकर मौज उड़ाते हैं और करोड़पति बनते जाते हैं, तो मजदूर भी संगठन करके अपने अधिकार प्राप्त करने की चेष्टा क्यों न करें ? उनको आन्दोलन करके राज्य से अपनी रक्षा और न्यायोचित माँगों की पूर्ति कराने का प्रत्यन करना चाहिये ।

जस्ते के कारखाने में स्त्री-मजदूरों की हालत बड़ी दयनीय थी । उनको वहाँ चौदह घण्टे तक कठिन काम करके थककर चकनाचूर हो जाना पड़ता था । फिर वहाँ से आकर घर का काम भी करना पड़ता था । वे बड़ी दुःखी थीं और कारखाने के प्रबन्धकर्त्ताओं के व्यवहार की शिकायत करती थीं । उनको सलाह दी गई कि अपना संगठन बनाकर एक साथ अपनी माँग मालिकों के सामने रखनी चाहिये, अगर वे उस पर ध्यान न दें तो हड़ताल कर देनी चाहिये । जब उनका नुकसान होगा तो झखमार कर मजदूरों की माँगें स्वीकार करेंगे ।

इस प्रकार उदार और मानवीय अधिकारों से प्रेरित विचार उस समय अनेक न्याय-परायण और समतावादी सज्जन प्रकट करने लगे थे । इनमें हाइण्डमैन, बर्नार्ड शॉ, विलियम मोरिस आदि जैसे महानुभाव थे जिनका नाम आज समाजवाद की जड़ जमाने वालों के रूप में लिया जाता है । इन्होंने इंग्लैण्ड में 'फेबियन सोसायटी' नाम की संस्था खोल रखी थी जो जनता में साम्यवादी सिद्धान्तों का प्रचार करती थी और मजदूरों से आन्दोलन कराती रहती थी ।

श्रीमती बेसेण्ट भी गरीब मजदूरों की दुर्दशा को देखकर बड़ी दुःखी होती थीं और उनके लिये श्री ब्रैडला के साथ हर तरह का प्रयत्न करती रहती थीं । उन्होंने जब 'फेबियन सोसायटी' के कामों को देखा तो उसको मजदूरों के लिये अधिक हितकारी और दृढ़तापूर्वक काम करने वाला पाया । यद्यपि श्री ब्रैडला और उनके स्वतन्त्र दल वाले भी मजदूरों के हितैषी थे और समाज सेवा के रूप में उनकी अनेक प्रकार से सहायता करते रहते थे, पर 'फेबियन सोसायटी' वाले सोशलिस्ट (समाजवादी) इस कार्य को एक राजनीतिक आन्दोलन के रूप में करते थे और उनका मुख्य 'शस्त्र' हड़ताल था । इन लोगों में कई अराजकतावादी भी थे, जो मौजूदा सरकार को बिल्कुल हटाकर गरीब और अमीरों को समान अधिकार दिये जाने का प्रतिपादन करते थे । इस प्रकार 'स्वतन्त्र दल' वाले और 'सोशलिस्ट' दोनों ही मजदूरों की दशा सुधारने के लिये प्रयत्नशील थे, पर कार्यप्रणाली की भिन्नता के कारण एक-दूसरे के विरोधी बन गये थे ।

सन् १८८३ में श्रीमती बेसेण्ट का इस आन्दोलन से विशेष रूप से परिचय हुआ और उन्होंने निश्चय किया कि इसमें सम्मिलित होकर गरीबों की दशा सुधारने का प्रयत्न अधिक जोरों से करना चाहिये, पर अब तक ये श्री ब्रैडला के साथ काम कर रही थीं, वे 'सोशलिस्ट' नहीं थे वरन् अनेक बातों में उनका साम्यवादियों के साथ बहुत कुछ मतभेद था, इसलिये सोशलिस्टों के साथ मिलकर काम करने पर श्री ब्रैडला को छोड़ना पड़ता था । आरम्भ में तो इनको यह परिस्थिति बड़ी कष्टकर जान पड़ी, पर गरीबों का इनके हृदय में इतना अधिक स्थान था कि अन्त में ये श्री ब्रैडला से पृथक होने को भी तैयार हो गईं । 'फेबियन समाज' में जिस मनोभाव को लेकर आईं उसका वर्णन करते हुए उन्होंने स्वयं एक स्थान पर लिखा है—

"औरों के समान मैं भी इन दुर्दशाग्रस्त और उपेक्षित मजदूरों की सहायता करने लगी । इन अभागों के नाले-नालियों के समान गन्दे घरों में घुसकर मैं सोचती कि क्या इस रोग की कोई औषधि नहीं है ? क्या यह गरीब अमीर का भेद सदा ऐसा ही बना रहेगा ? मेरा विश्वास था कि ऐसा हर्गिज नहीं होना चाहिये । दरिद्रता का मुख्य कारण अज्ञान और दूषित सामाजिक संगठन है । यदि मजदूरों के बच्चों को रहने के लिये अच्छा स्थान मिले, शारीरिक व्यायाम, खेल-कूद, पढ़ने-लिखने की ठीक व्यवस्था की जाये, तो आगे चलकर ये भी सभ्य और सुशिक्षित नागरिक बन सकते हैं । पर इनको अपने माता-पिता के साथ ऐसी अत्यन्त गरीबी और गन्दगी में रहना पड़ता है कि उन्नति के सब रास्ते रुक जाते हैं और जो थोड़ी बहुत शिक्षायें प्राप्त कर लेते हैं वह भी प्रभावहीन हो जाती है ।"

पर 'फेबियन सोसायटी' के आन्दोलन का सफल होना भी सहज न था । उस समय सरकार में पूरी तरह अमीरों का बोलवाला था और सारा संसार उनकी मुट्ठी में रहता था इसलिये मजदूर-आन्दोलन में भाग लेने वाले राज्यद्रोही समझे जाते थे और उनके साथ बड़ा अनादरपूर्ण व्यवहार किया जाता था ।

फिर भी श्रीमती बेसेण्ट ने इस नये संगठन में शामिल होकर जोर-शोर से मजदूरों में काम करना शुरू किया । इनको आन्दोलन सम्बन्धी अनुभव पहले से ही था, इसलिये सभा-समाजों में इनके भाषण का प्रभाव बहुत अच्छा पड़ता था । उन्होंने मजदूरों को समझाया कि वे पार्लियामेण्ट के चुनावों में अपने साथ सहानुभूति रखने वाले व्यक्तियों को ही 'वोट' दें । जब कभी ऐसा अवसर आये तो भाषणकर्त्ता से यही प्रश्न करें कि वह गरीबों की दशा सुधारने को क्या

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

काम करेंगे ? मजदूरों को अपने हितैषियों को ही पार्लियामेण्ट में अधिकाधिक संख्या में भेजना चाहिये जिससे वहाँ वे उनकी दशा में सुधार करने वाले कानून बनवा सकें ।

उन दिनों रूस में भी मजदूर-आन्दोलन बहुत जोरों पर था और वहाँ की निरंकुश सरकार न्याय की माँग करने वालों का घोर दमन कर रही थी । रूस में राजनीतिक कैदियों पर राक्षसी अत्याचार किये जाते थे और उनको साइबेरिया के रेगिस्तान में ठण्ड में गलने के लिये भेज दिया जाता था । बहुतों को देश निकाला भी दे दिया गया था । इन अत्याचारों का समाचार फैलने पर इंग्लैण्ड में सहायता के लिये एक कमेटी बनाई गई । इस प्रकार के आन्दोलन में भाग लेना उस समय बड़े साहस का काम था । यह सभा श्रीमती बेसेण्ट के मकान पर ही की गई ।

मजदूर आन्दोलन में सहायता देने के लिये श्रीमती बेसेण्ट ने 'अबर कार्नर' नाम का अखबार निकालना आरम्भ किया जिसमें कारखाने वालों के अन्यायपूर्ण कार्यों और सरकारी दमन के समाचार रहते थे । इसमें इन्होंने मालिकों की दुरभिसन्धियों का भंडाफोड़ करते हुए बतलाया कि "कारखाने वाले जिस प्रकार बन पड़ता है मजदूरों की मजदूरी घटाने की चेष्टा करते रहते हैं । जो कोई उनका विरोध करने की हिम्मत करता है उसे उसी समय निकाल दिया जाता है । इससे देश में बेकारों की संख्या बढ़ रही है और देश भर में अशान्ति का वातावरण तैयार हो रहा है ।" उस समय एक मजदूर ने निराशा के भाव से इनसे कहा था—"अब हम इस दशा को सहन नहीं कर सकते । हम काम करते हुए भूखों मरते ही हैं, तो बिना काम किये ही क्यों न भूखों मर जायें ?"

सरकार भी इस काम में मालिकों का साथ देती थी, क्योंकि उस समय अमीरों की ही सरकार थी । 'फेबियन सोसायटी' इस सम्बन्ध में मजदूरों में पहले से ही आन्दोलन कर रही थी । परिणाम यह हुआ कि सब मजदूरों में ज्यादा जोश बढ़ गया तो पुलिस ने सोशलिस्टों की सभाओं को सार्वजनिक स्थानों में होना रोक दिया । ऐसी सभाओं में पुलिस डण्डे का प्रयोग करके दर्शकों को तितर-बितर कर देती थी ।

इस अवसर पर श्रीमती बेसेण्ट अद्भुत साहस का परिचय दे रही थीं । सरकार और 'स्वतन्त्र विचार दल' दोनों उनके विरोधी हो रहे थे । फिर भी वे निरन्तर मजदूर-संगठन का काम बढ़ाती रहीं । उन्होंने प्रत्येक शहर के कुछ लोगों की एक ऐसी नामावली तैयार की जिनका काम गिरफ्तार होने वाले मजदूर-नेताओं को जमानत देकर छुड़ा लाना था । इसके साथ ही मुकद्मा लड़ने के लिये एक दूसरी कमेटी बनाई गई । इस प्रकार की व्यवस्था हो जाने से मजदूरों में तेजी के साथ आन्दोलन बढ़ने लगा ।

इसी वर्ष (सन् १८८७) लन्दन में 'खूनी रविवार' की प्रसिद्ध घटना हुई । इंग्लैण्ड के गृह-विभाग के मन्त्री के यह आश्वासन देने पर कि मजदूर खुले स्थानों में सभा कर सकते हैं । १३ नवम्बर को ट्रेफलगार स्क्वायर में एक बहुत बड़ी सभा का आयोजन किया गया । यह निश्चित किया गया कि शहर की सभी मजदूर संस्थायें अपना अलग-अलग जुलूस बनाकर सभा-स्थल पर आवें और अगर पुलिस इस कार्य में हस्तक्षेप करे तो वे उसके विरोध में सत्याग्रह करें, पर जब सभा-स्थल पर भीड़ इकट्ठी हो गई तो एकाएक पुलिस के घुड़सवारों ने हमला कर दिया । अनेक व्यक्ति घोड़ों से कुचले और भालों से मारे गये । यह देखकर श्रीमती बेसेण्ट ने लोगों को लौट जाने की घोषणा कर दी तो भी कितने ही लोग मारे गये और सैकड़ों घायल हो गये ।

इस घटना को सभी न्यायाधीश लोगों ने 'जनता के साधारण न्याय' का युद्ध बतलाया और चारों तरफ सरकार और पुलिस की निन्दा होने लगी । जनता ने पुलिस का बहिष्कार करना आरम्भ कर दिया । पुलिस भी इनके साहस को देखकर दंग रह गई । अब सरकार को भी अनुभव होने लगा कि यदि यही दशा अधिक समय तक बनी रही तो स्थिति नियन्त्रण से बाहर हो जायेगी । इसलिये कुछ दमदिलासा की बातें कहकर उस घटना के जिम्मेदार पुलिस अफसर का तबादला कर दिया गया ।

अब 'फेबियन-समाज' ने अपने आन्दोलन को क्रियात्मक रूप देना आरम्भ कर दिया । उसकी एक सदस्या ने अपने भाषण में यह सुझाव पेश किया कि "हम सबको उन्हीं दुकानों से माल खरीदना चाहिये जहाँ मजदूरों को उचित वेतन देने वाले कारखानों का ही माल बेचा जाता हो ।" इसके पश्चात् दूसरे वक्ता ने बतलाया कि दियासलाई बनाने वाले 'ब्रिवोट एण्ड कं.' कारखाने में इतना अधिक मुनाफा होता है कि उसके ७५ रु. का शेयर इस समय २७० रु. का मिल रहा है । पर मजदूरों की ऐसी खराब हालत है कि एक मजदूर लड़की को सप्ताह में ३ रु. दिया जाता है जिसमें से १.५० रु. कमरे का किराया दे देना पड़ता है । शेष १.५० रु. में वह सात दिन कैसे खाती-पीती होगी यह विचारणीय विषय है ?

इन सब बातों को श्रीमती बेसेण्ट ने 'लन्दन में सफेद गुलामी' शीर्षक लेख में प्रकाशित कर दिया और लोगों से इस कम्पनी की दियासलाइयों को काम में न लाने की अपील की । इस पर कम्पनी ने मानहानि का मुकद्मा चलाने की

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

धमकी दी, पर श्रीमती बेसेण्ट ने इसकी कुछ परवाह नहीं की और अपने आन्दोलन को बराबर चलाती रहीं । इस बीच में उस कारखाने की तीन मजदूर औरतों ने आकर खबर दी कि "हम से कहा जाता है कि तुम कागज पर दस्तखत कर दो कि हमारी अवस्था सन्तोषजनक है, हमको कोई कष्ट नहीं है, श्रीमती बेसेण्ट की बातें झूठी हैं । आपने हमारे हित के लिये आवाज उठाई है, हम आपके विषय में झूठी बात कैसे कह सकती हैं ? कम्पनी वाले हमको इसके लिये बार-बार परेशान कर रहे थे । जब हमने उनकी बात मानने से इन्कार कर दिया तो उन्होंने हमारी मुखिया को बर्खास्त कर दिया ।" इस घटना के बाद यह आन्दोलन ऐसे जोर से भड़का कि कम्पनी की १४०० मजदूर स्त्रियों ने एक साथ हड़ताल कर दी ।

इस घटना को लेकर श्रीमती बेसेण्ट ने ऐसा धुँआधार आन्दोलन आरम्भ किया कि हड़तालियों की हर तरफ से सहायता की जाने लगी । श्री ब्रैडला ने भी इस सम्बन्ध में पार्लियामेण्ट में अनेक प्रश्न किये । हड़तालियों का एक प्रतिनिधि मण्डल पार्लियामेण्ट के अन्य उदार मेम्बरों से मिला । मजदूरनियाँ भी दृढ़ रहीं । इससे अन्त में कम्पनी को झुकना पड़ा और अधिक मजदूरी, काम करने का कम समय, जुर्माना की प्रथा बन्द आदि माँगें उसको स्वीकार करनी पड़ीं ।

स्वयं अभावग्रस्त स्थिति में रहकर भी गरीब और अन्यायों से पीड़ित व्यक्ति के लिये दिन-रात परिश्रम करना तथा सत्ताधारी लोगों के विरोध का खतरा भी उठाना बेसेण्ट जैसी निःस्वार्थ समाज-सेविकाओं का काम होता है । हम सबको भी सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में इसी प्रकार का मनोभाव रखकर प्रविष्ट होना चाहिये । इसमें लाभ, यश अथवा प्रभाव बढ़ने की भावना रखना स्वार्थयुक्त मनोवृत्ति का प्रमाण है । ऐसे व्यक्ति न तो जनता का विशेष हित कर सकते हैं न स्वयं कभी इस क्षेत्र में ऊँचा स्थान पा सकते हैं । इसलिये जनता के सेवकों को श्रीमती बेसेण्ट के चरित्र से यह शिक्षा अवश्य ग्रहण करनी चाहिये कि वे मार्ग की कठिनाइयों से कभी विचलित न हों और उद्देश्य की पवित्रता का सदैव पूरा ध्यान रखें । इस प्रकार काम करने वालों को अन्त में अवश्य सफलता मिलती है ।

थियोसोफिकल सोसायटी में प्रवेश

अब श्रीमती बेसेण्ट के जीवन में एक नया और बहुत महत्त्वपूर्ण मोड़ आया । इस पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने स्वयं ही लिखा है कि—"मजदूर आन्दोलन में काम करते हुए मेरे हृदय में यह भावना दृढ़ होती जाती थी कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने की कोई दूसरी औषधि भी होनी चाहिये । समाजवादियों के प्रयत्न से मनुष्य की आर्थिक दशा सुधर सकती है, पर सब लोग आपस में ऐक्य भावना रखने लगें, 'मानव बन्धुत्व' के सिद्धान्त को हृदयंगम करके आत्म-त्याग और आन्तरिक भक्ति के साथ सेवा करने लगें, इसके लिये किसी और बात की भी आवश्यकता है । मैं सोचा करती थी कि इससे अधिक उदार विचारों वाली सामाजिक-संस्था किस प्रकार बनाई जा सकती है । उस समय मैं बहुत निराश हो जाती थी जब इस असली सुधार का कोई साधन दिखलाई नहीं देता था ।

"धीरे-धीरे मेरी समझ में यह आने लगा कि मैंने संसार और जीवन के विषय में जो प्रत्यक्षवाद के सिद्धान्त ग्रहण कर रखे हैं वे अपूर्ण हैं । इस समय मन की विद्या (मेस्मरेजिम, हिप्नोटिज्म आदि) तेजी से बढ़ती जाती थीं । कृत्रिम निद्रा उत्पन्न करके दिमाग से दूर-दूर की बातें कहलवा देना एक आश्चर्यजनक बात जान पड़ती थी । मैं तो अभी तक शरीर को ही असली चीज समझती थी इसलिये यह रहस्य मेरी समझ में नहीं आया । मैंने इस सम्बन्ध में पता लगाने का निश्चय किया और इसके साहित्य का अध्ययन और मनन करने लगी ।"

श्रीमती बेसेण्ट को यह 'असली ज्ञान' १० मई, १८८९ को प्राप्त हुआ जब उन्होंने मैडम ब्लवटस्की की 'सीक्रेट डॉक्टरिन' (छिपा सिद्धान्त) नामक पुस्तक पढ़ी । उसी समय से इनके भीतर 'थिसोसोफी' या 'दैवी ज्ञान' का प्रकाश फैलने लगा । इसके एक दिन बाद ही इनकी भेंट मैडम ब्लवटस्की से हुई, जो उन दिनों लन्दन आई हुई थीं । उस भेंट के समय इनको ऐसा जान पड़ा कि मैडम के शरीर से एक ज्योति-सी निकल कर मेरे शरीर में प्रवेश कर गई । इनकी समझ में आ गया कि "दुनिया की सभी चीजों के पीछे एक अदृश्य आत्मा बैठी है । यही देवता या ईश्वर है, हम स्वयं भी ईश्वर ही हैं ।" इसके बाद ही वे मैडम ब्लवटस्की की शिष्या बन गईं । एक पक्की निरीश्वरवादी को आस्तिक बना देने में यूरोप भर के लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ और इसे मैडम ब्लवटस्की की एक बहुत बड़ी सफलता माना गया ।

भारत में शिक्षा प्रचार का कार्य

इसके कुछ समय पश्चात् सन् १८९३ में श्रीमती बेसेण्ट इसी खोज में अध्यात्म-विद्या की जन्म-भूमि भारत में आ गईं और यहीं से उन्होंने अध्यात्म तथा जन-सेवा के समन्वय का कार्यारम्भ किया । सबसे पहले उन्होंने शिक्षा की तरफ ध्यान दिया । उन्होंने देखा कि यहाँ पर अंग्रेजी सरकार तथा ईसाइयों की शिक्षा संस्थाओं में जिस ढंग से पढ़ाया-लिखाया जाता है, वह बड़ा त्रुटिपूर्ण है । उसके

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

फलस्वरूप यहाँ के युवकों का ध्यान अपने धर्म की तरफ से हटता जाता है और अपनी संस्कृति तथा पूर्वजों का सम्मान भी उनकी दृष्टि में कम होता जाता है । श्रीमती बेसेण्ट स्वयं लन्दन में स्कूल चला चुकी थीं और वहाँ 'स्कूल बोर्ड' नामक संस्था की सदस्या भी रह चुकी थीं । उस अनुभव के आधार पर इन्होंने इस देश में भी एक स्कूल खोलने का विचार किया जिसमें हिन्दू-धर्म तथा संस्कृति की शिक्षा देते हुए ऊँची से ऊँची आधुनिक शिक्षा भी दी जाये । इस उद्देश्य से काशी में 'सेण्ट्रल हिन्दू कॉलेज' की स्थापना की गई । इसके लिये उन्होंने समस्त भारत का दौरा करके चन्दा इकट्ठा किया । महाराजा बनारस ने नगर के बीच में एक काफी बड़ा स्थान दे दिया, यह कॉलेज बहुत वर्षों तक भारतीय युवकों को राष्ट्रीय दृष्टि से उपयोगी शिक्षा देता रहा और अन्त में इसी को श्री मदन मोहन मालवीय ने अपने प्रबन्ध में लेकर 'हिन्दू विश्वविद्यालय' के रूप में परिवर्तित कर दिया ।

स्त्री शिक्षा की महत्ता

लड़कों के लिये 'सेण्ट्रल हिन्दू-कॉलेज की' स्थापना करने के बाद आपने लड़कियों की शिक्षा की तरफ ध्यान दिया । उस समय लड़कियों को आधुनिक ढंग की शिक्षा दिलाना तो दूर साधारण हिन्दी पढ़ाने की भी व्यवस्था बहुत कम थी । अधिकांश लोग तो स्त्री-शिक्षा के विरोध करने वाले ही थे । श्रीमती बेसेण्ट ने लोगों की इस हानिकारक मनोवृत्ति की आलोचना करते हुए कहा—

"जब तक तुम लड़कियों को नहीं पढ़ाओगे तब तक भारत का उद्धार नहीं हो सकता । जब तक भारतीय मातायें अपने पूर्व गौरव को न जानेंगी तथा अपने बच्चों को पुरानी सभ्यता की बातें नहीं बतलायेंगी कि भारत पहले क्या था और क्या हो गया, जब तक वे प्राचीन समय की स्त्रियों के समान न हो जायें, जब तक वे अपनी मातृभूमि को हृदय से प्यार न करने लगें तब तक भारत उतना ही कमजोर रहेगा, जितना आज है । जब तक तुम्हारे पुत्रों और पुत्रियों की योग्यता भविष्य में काम करने के लिये नहीं बढ़ जाती है, तब तक तुम यह न समझ लो कि भारत के पुरुषों में ही याज्ञवल्क्य ऋषि जैसे विद्वान् नहीं थे । स्त्रियों में भी उनकी स्त्री मैत्रेयी जैसी पण्डिता थी, जब तक तुम यह न जान लो कि प्राचीन काल की भारतीय स्त्रियाँ वेद-मंत्रों की रचना किया करती थीं । जबकि आजकल स्त्रियों को उनके सुनने का भी अधिकार नहीं है—जब तक तुम इन प्राचीन आदर्शों पर ध्यान देकर आगे नहीं बढ़ोगे तब तक भारत कभी नहीं उठ सकता ।"

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये हिन्दू-कॉलेज में ही कन्याओं को पढ़ाने का एक विभाग खुलवा दिया । कुछ समय बाद थियोसोफिकल सोसायटी की तरफ से एक बड़ा लड़कियों का स्कूल खुलवाया जो अभी तक एक प्रसिद्ध शिक्षा संस्था मानी जाती है ।

सन् १९०७ में आप 'थियोसोफिकल सोसायटी' की प्रधान चुन ली गईं । तब से अनेक बार यूरोप, अमेरिका, आस्ट्रेलिया की यात्रा करके उस समाज का संगठन और प्रचार करती रहीं । इतनी लम्बी यात्रायें करना, साथ ही व्याख्यान देना और संगठन को मजबूत बनाना, बहुसंख्यक पुस्तकें और सामयिक पत्रों के लिये प्रतिदिन घण्टों लिखते रहना, भारत के राजनीतिक आन्दोलन में भी भाग लेते रहना—ये सब काम इतने बड़े थे कि लोगों को इनकी कार्य-क्षमता पर आश्चर्य होता था । ये अपना काम बड़ी फुर्ती से करती थीं और चलती हुई रेल में भी कुछ न कुछ लिखने-पढ़ने का काम करती रहती थीं । इनके नेतृत्व में 'थियोसोफी समाज' ने बहुत उन्नति की, भारत और अन्य देशों में शिक्षा की उन्नति के लिये इन्होंने 'थियोसोफिकल शिक्षण ट्रस्ट' की स्थापना की जो जगह-जगह नये स्कूल खोलकर शिक्षा का प्रचार करता रहता है ।

भारत में 'होमरूल' आन्दोलन

भारतवर्ष में राजनैतिक जागृति उत्पन्न करने के लिये श्रीमती बेसेण्ट ने सन् १९१३ में 'कामन वील' नामक साप्ताहिक पत्र अंग्रेजी में निकालना आरम्भ किया । इसका उद्देश्य अध्यात्म का समयानुकूल रूप में विवेचन करना तथा भारतवासियों में अपने राजनीतिक अधिकारों का ज्ञान फैलाना था । यह पत्र जब तक चला अपने उच्च विचारों के कारण इसका देश और विदेश में सर्वत्र सम्मान हुआ ।

इसके कुछ ही समय बाद आपने 'मद्रास स्टैण्डर्ड' पत्र को खरीद कर 'न्यू इण्डिया' के नाम से एक दैनिक पत्र प्रकाशित किया । श्रीमती बेसेण्ट स्वयं ही इसकी सम्पादिका थीं और इसका आदर्श (मोटो) था—"देश, नरेश, महेश के लिये संघर्ष ।" इसका आशय यह था कि श्रीमती बेसेण्ट भारतवर्ष को राजनीतिक अधिकार दिये जाने की पूर्ण समर्थक थीं, पर वे यह नहीं चाहती थीं कि भारत का सम्बन्ध इंग्लैण्ड से बिल्कुल ही टूट जाये । इस कारण बहुत से उग्रवादी भारतीय आपके 'होमरूल' आन्दोलन से सहमत नहीं थे, पर आज जब हमको पूर्ण स्वाधीनता का अधिकार प्राप्त हो चुका है तब भी 'ब्रिटिश कॉमन वेल्थ' से भारत का सम्बन्ध तोड़ा नहीं गया है और उसकी कॉन्फ्रेन्सों में यहाँ के प्रधानमन्त्री सदस्य के रूप में भाग लेते रहते हैं । इस दृष्टि से श्रीमती बेसेण्ट की सम्मति सर्वथा निस्सार नहीं

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

थी । 'न्यू इण्डिया' की एक विशेषता यह भी थी कि अंग्रेजी का दैनिक होने पर भी राष्ट्रीय-भाषा के नाते उसमें एक कॉलम हिन्दी का भी रखा जाता था ।

यद्यपि अनेक भारतीय राजनीतिज्ञों ने श्रीमती बेसेण्ट के आन्दोलन से असहमति प्रकट की, पर फिर भी भारतीय राजनीति में उसका काफी प्रभाव पड़ा । इनको आन्दोलन करने का जो अभ्यास इंग्लैण्ड में हो चुका था उसी का परिचय उन्होंने यहाँ भी दिया, कुछ ही समय में इन्होंने लेखों और पर्चों की झड़ी लगा दी । लन्दन में भी पर्चे बाँटकर भारतीय जनता की 'माँग' का संदेश प्रचारित किया जाने लगा । "भारत स्वाधीनता के लिये कैसे उद्यत हुआ ?" और "भारत एक राष्ट्र" जैसी पुस्तकें लिखकर जनता को उत्साहित किया जाने लगा । इसके साथ ही वे देश में चारों तरफ दौरा करके व्याख्यानों द्वारा भारत के राजनीतिक अधिकारों के लिये जोरदार आन्दोलन चलाने लगीं ।

इनके प्रचार कार्य का प्रभाव सरकार पर शीघ्र ही पड़ा और १० जुलाई सन् १९१६ को बम्बई के गवर्नर ने इनको बम्बई प्रान्त में आने और भाषण करने से रोक दिया । सितम्बर सन् १९१६ में मध्य प्रान्त की सरकार ने भी उनको अपने प्रान्त में आने पर रोक लगा दी—इन घटनाओं से जनता में काफी उत्साह फैला और श्रीमती बेसेण्ट का प्रभाव बढ़ने लगा ।

१६ जून, १९१७ को मद्रास के गवर्नर लॉर्ड पेण्टलैण्ड ने आपको बुलाकर कहा—"आप यह राजनैतिक आन्दोलन बन्द कर दें । इस विषय में हम भारतीय और अंग्रेज किसी में भेद नहीं कर सकते । अगर आपने हमारी सलाह को नहीं माना तो सरकारी हुक्म से आपके सब काम बन्द करा दिये जायेंगे ।"

आपने उत्तर दिया—"गवर्नर साहब ! आपको जो शक्ति मिली हुई है उससे आप जो चाहे कर सकते हैं, मैं तो निराधार हूँ । पर मैं इतना कह देना चाहती हूँ कि ऐसा करके आप ब्रिटिश-राज्य की सेवा नहीं करेंगे वरन् उसको एक घातक धक्का लगायेंगे ।"

श्रीमती बेसेण्ट ने अपने जीवन में कभी कायरता नहीं दिखाई थी । उन्होंने गवर्नर साहब का आशय समझ लिया और वे गिरफ्तारी के लिये तैयार हो गईं । वहाँ से वापस आते ही इन्होंने देशवासियों के नाम एक विदाई का संदेश लिखा, जिसमें कहा गया था—

मैं साफ लिख देना चाहती हूँ, क्योंकि ये मेरे अन्तिम शब्द हैं—"मैं एक जबर्दस्ती की खामोशी व गिरफ्तारी में भेजी जा रही हूँ । मेरा कसूर यही माना गया है कि मैं भारत को प्यार करती हूँ और जगाने की कोशिश कर रही हूँ, पर मेरा सिद्धान्त यह है कि इज्जत खोने से अच्छा आजादी खोना है ।"

"मैं बूढ़ी हूँ पर मुझे विश्वास है कि मरने से पहले मैं भारत को स्वराज्य प्राप्त करते देख सकूँगी । यदि इस शानदार भविष्य को प्राप्त करने में मैं कुछ भी सहायता कर सकी तो मुझे पूरा सन्तोष हो जायेगा । ईश्वर भारत को बचावे । वन्देमातरम् ।"

लाट साहब से मिलकर आने के घण्टे भर बाद ही इनको दो साथियों सहित नजरबन्द कर दिया गया । यह समाचार तुरन्त देश भर में बिजली की तरह फैल गया । चारों ओर विरोध सभायें होने लगीं और जो लोग श्रीमती बेसेण्ट से सहमत न थे वे भी सरकार को फटकारने लगे । इस घटना के फलस्वरूप अंग्रेजी माल के बहिष्कार का आन्दोलन जोर पकड़ गया और कितने ही लोग सत्याग्रह की चर्चा भी करने लगे । इसका प्रभाव सरकार पर भी पड़ा और २० अगस्त सन् १९१७ को भारत मन्त्री की तरफ से यह घोषणा की गई कि—"भारत में अंग्रेजी राज्य का उद्देश्य भारत को स्वराज्य का अधिकार देना है और इस सम्बन्ध में जाँच करने के लिये भारत मन्त्री मि. मॉण्टेग्यू शीघ्र ही भारत आवेंगे ।" इसके कुछ समय पश्चात् सरकार ने श्रीमती बेसेण्ट को छोड़ दिया और जनता ने भी उनकी सेवाओं का आदर करके भारत का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान उनको प्रदान किया । सन् १९१७ में कलकत्ता कांग्रेस की अध्यक्षा वे ही बनाई गईं ।

श्रीमती बेसेण्ट हमारे उन देश-भाइयों के लिये अत्यन्त प्रेरणाप्रद हैं जो गई-गुजरी परम्पराओं के नाम पर अपना और समाज का सुधार करने के महान् उद्देश्य से विमुख रहते हैं । इस प्रकार के लोग बड़ी संकीर्ण मनोवृत्ति के होते हैं और संसार के अन्य देशों की तो बात ही क्या अपने पड़ोसियों तथा अन्य प्रान्त वालों को भी 'गैर' या 'परदेशी' समझा करते हैं, पर श्रीमती बेसेण्ट ने सात-आठ हजार मील की दूरी पर बसे हुए और भाषा, वेश, आचार-विचार आदि सब दृष्टियों से भिन्न भारत-देश से आत्मीयता का सम्बन्ध स्थापित किया और इसकी इतनी सेवा की कि कितने 'भारतीय' होने का गर्व रखने वाले भी बहुत कम कर पाते हैं । इसमें जरा भी सन्देह नहीं कि संसार में भारतवर्ष और भारतीय धर्म का गौरव बढ़ाने में जितना परिश्रम श्रीमती बेसेण्ट ने किया उतना शायद ही हममें से किसी ने किया होगा ।

वे यद्यपि जन्म से ईसाई थीं और उनका विवाह एक पादरी से हुआ था, पर फिर भी उन्होंने अन्ध-परम्परा पर चलते रहने के बजाय 'सत्य' की खोज की और सब तरह

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

की हानि और कष्ट उठाकर भी जिस सिद्धान्त को सत्य समझा उसी का अनुसरण किया । इस प्रकार की परीक्षा प्रधान प्रवृत्ति और दृढ़ता पुरुषों में भी बहुत कम देखने में आती है ।

उन्होंने स्त्री होते हुए भी जो महान उपलब्धियाँ प्राप्त कीं वे भी कम प्रसंशनीय नहीं हैं । खासकर हमारे देश की महिलायें जो अब अपना कार्यक्षेत्र निज की गृहस्थी को ही मानती हैं और सार्वजनिक कार्यों में भाग लेना अनावश्यक—अनुपयुक्त बतलाती हैं, उनसे बहुत शिक्षा ग्रहण कर सकती हैं । श्रीमती बेसेण्ट ने तर्क और खोज का आश्रय लेकर धर्म और जन सेवा के सम्बन्ध में जो कार्य किया उसका महत्त्व चिरकाल तक स्थिर रहेगा । अन्य सत्कार्यों के साथ निःसन्देह उन्होंने नारी-जाति के उत्थान में भी अनुपम कार्य किया है ।

सन् १९२० से भारत देश के राजनीतिक क्षेत्र में महात्मा गाँधी का आविर्भाव हुआ । उनके सिद्धान्तों से मतभेद होने के कारण श्रीमती बेसेण्ट का प्रभाव भारतीय राजनीति पर से घटने लग गया तो भी ये अपने ढंग से जीवन के अन्तिम समय तक देश सेवा और जन-कल्याण के कार्य करती रहीं और सितम्बर सन् १९३३ में ८७ वर्ष की अवस्था में सार्वजनिक सेवा करते हुए ही आपका देहावसान हुआ ।

भारतीय संस्कृति की अनन्य आराधिका भगिनी निवेदिता

कुमारी मार्ग्रेट एलिजावेथ नोबुल का जन्म २८ अक्टूबर सन् १८६७ को आयरलैण्ड के एक प्रसिद्ध पादरी घराने में हुआ था । इनके पिता का नाम सैम्युअल रिचमण्ड तथा माता का नाम मेरी हैमिल्टन था जिनसे उन्हें धार्मिक प्रेरणा मिली । उनके नाना स्वाधीनता आन्दोलन के एक नेता थे जिनसे उन्हें स्वतन्त्रता के प्रति प्रेम उत्पन्न हुआ । इनकी शिक्षा भी धार्मिक वातावरण में हुई जिससे उनमें धर्म के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न हुई । साथ ही उन्हें ईसाई मत के प्रति कुछ शंका भी उत्पन्न हो गई अतः वे सत्य की तलाश में रहने लगीं । अध्ययन के बाद उन्हें १७ वर्ष की आयु में एक ऐसे क्षेत्र में अध्ययन का कार्य दिया गया, जहाँ गरीब मजदूरों की संख्या अधिक थी अतः उनके सम्पर्क से उन्हें गरीबों की दशा सुधारने तथा सेवा करने का भी अवसर मिला । बाद में उन्होंने बालकों के लिये रुस्किन स्कूल भी खोला, जिसमें खेल-खेल में शिक्षा देने का नवीन प्रयोग चलाया । जब सन् १८८५ में वे स्वामी विवेकानन्द के सम्पर्क में आईं, तब स्वामी जी ने उस स्कूल को देखकर उनकी बड़ी प्रशंसा की । अपनी जिज्ञासा पूर्ण करने के लिये स्वामी जी ने उन्हें पूरा अवसर दिया और उनकी ८ वर्षों की लालसा पूर्ण हुई । स्वामी जी का प्रथम भाषण सुनने के बाद उन्होंने अपनी डायरी में लिखा—

"ऐसे चिन्तनशील व्यक्ति का दर्शन मुझे आज तक कभी नहीं हुआ था ।" दूसरे दिन स्वामी जी के ये वाक्य उनके हृदय में प्रवेश कर गये । "जो अनन्त और असीम है वही अभूत है, वही शाश्वत है । उसे छोड़कर संसार की समस्त विषय वस्तु नाशवान है, अस्थायी है, दुःखयुक्त है । इतना होते हुए भी वे स्वामी जी के उपदेशों के बाद अपनी शंकाओं का समाधान कराती रहीं । उन्होंने इस विषय में लिखा—स्वामी जी के जीवन में ज्ञान, भक्ति और साधनों का जो प्रकाश है वह अनेकों पीड़ित, दुःखित और निराश व्यक्तियों को जीवन और आशायें प्रदान करने वाला है । इस तरह का धर्म और संस्कृति-युक्त जीवन ही सच्चा जीवन और कल्याण का मार्ग हो सकता है ।

जिस प्रकार श्रीकृष्ण को अर्जुन, बुद्ध को आनन्द, श्री रामकृष्ण को विवेकानन्द शिष्य रूप में प्राप्त हुए थे उसी प्रकार विवेकानन्द को भगिनी निवेदिता मिलीं । उनका असली नाम मार्ग्रेट नोबुल था और वे आयरलैण्ड के एक फौजी अफसर की कन्या थीं । जन्म के समय ही उनकी भक्तिमयी माता ने निश्चय कर लिया था कि इस कन्या को ईश्वर की सेवा में निवेदित कर दूँगी किन्तु यह कार्य स्वामी विवेकानन्द ने किया । जब वे विदेश यात्रा करते समय इंग्लैण्ड पहुँचे तब अन्य महिलाओं के समान मार्ग्रेट भी इनका भाषण सुनने पहुँची और इतनी अधिक प्रभावित हुई कि उनके साथ ही भारत आने का आग्रह करने लगीं । उसी समय से उन्होंने स्वामी जी को अपने गुरु के रूप में स्वीकार कर लिया ।

प्रथम दर्शन के साथ ही उनके भीतर छिपे हुए संस्कार जाग उठे । उन्होंने लिखा है—"मेरे गुरु ने मेरी उत्सुकता जागृत कर दी । उस समय भी मेरा मन आध्यात्मिकता से पूर्ण नहीं था बल्कि आधुनिक संस्कारों से युक्त था ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

उनके भाषण ने मेरे हृदय के तारों को नहीं छेड़ा किन्तु गुरु की कृपा से यह सब सम्भव हो सका ।" गुरु की अप्रतिम कृपा और प्रेम, शिष्य की नम्रता और भक्ति दोनों ने मार्ग्रेट को निवेदिता बना दिया । वे आयरलैण्ड में उत्पन्न हुई थीं किन्तु, उन्होंने भारत को अपनी जन्म-भूमि से भी अधिक प्रेम और सेवा अर्पण की । एक दृष्टि में विवेकानन्द ने पहचान लिया कि इस बालिका में कितनी प्रतिभा है, उसका क्या स्थान है और क्या भविष्य है ? जिस प्रकार श्री रामकृष्ण ने विवेकानन्द को तैयार किया था उसी प्रकार विवेकानन्द ने निवेदिता को अपने कार्य के लिये तैयार किया और केवल उनका नाम ही परिवर्तन नहीं किया किन्तु सम्पूर्ण जीवन को ही परिवर्तित कर यह सिद्ध कर दिया कि महापुरुषों के सम्पर्क में आकर अपनी प्रतिभा और योग्यताओं को अद्‌भुत ढंग से विकसित किया जा सकता है ।

भारत में गुरु और शिष्य का आध्यात्मिक सम्बन्ध सब सम्बन्धों से श्रेष्ठ होता है । अन्य सांसारिक सम्बन्धों से ऊपर उठकर दो आत्माओं का यह आध्यात्मिक सम्बन्ध जन्म-जन्मान्तर तक चलता रहता है । गुरु ईश्वर का रूप होता है । गुरु की आज्ञा शिष्य के लिये वेद-वाक्य के समान होती है । स्वामी विवेकानन्द के शब्दों में—"गुरु का स्थान माता-पिता से भी ऊँचा है । वह आध्यात्मिक शिक्षक और सर्वोपरि ईश्वर दोनों का सम्मिलित स्वरूप है । गुरु शिष्य के हृदय के गुप्त तन्तुओं और गहराइयों को समझता है ।" शिष्य के जीवन में प्राण और प्रकाश फूँकने वाला गुरु ही सच्चा है पर शिष्य में भी अनुरूप पात्रता आवश्यक है । जहाँ यह संयोग मिल जाता है । गुरु-शिष्य के सम्बन्ध सार्थक हो उठते हैं ।

कभी-कभी शिष्य इन सब बातों को न समझकर उनके प्रति संशय और अविश्वास कर बैठता है किन्तु गुरु अपनी कृपा और प्रेम के कारण शिष्य के अपराधों को क्षमा कर उसे सब आपत्तियों से बचाता है । गुरु कभी-कभी शिष्य के प्रति कठोर भी हो जाता है किन्तु वह कठोरता भी माता के समान उसके हित में ही होती है । विवेकानन्द और निवेदिता का सम्बन्ध इसी प्रकार का था । उन्होंने एक पत्र में अपनी प्रिय शिष्या को लिखा था—"मैं मृत्युपर्यन्त तुम्हारे साथ रहूँगा । चाहे तुम भारत के लिये काम करो या न करो, चाहे तुम वेदान्त को मानो या छोड़ दो ।" हाथी के दाँत एक बार निकल आने पर फिर भीतर नहीं जाते ।

मार्ग्रेट की आत्मा सदैव सत्य की खोज में रहती थी । उनकी प्रखर बुद्धि कभी आशा और कभी निराशा के बीच झूलती रहती थी किन्तु उन्हें कोई नहीं सूझ रहा था । चेतना की इस संकटमय और उत्तेजित स्थिति के समय वे स्वामी जी से मिलीं । उन्होंने प्रथम भेंट और विचार-विमर्श में यह अनुभव किया कि मनुष्य जो लक्ष्य लेकर धरती पर अवतरित होता है उसकी प्राप्ति में भारतीय अध्यात्म स्पष्ट सहायक हो सकता है । भारतीय धर्म, संस्कृति एवं उपनिषदों में वह सामर्थ्य है जो आत्मा को सन्तुष्टि और शाश्वत शान्ति प्रदान कर सकते हैं ।

उसी समय से मार्ग्रेट के मन में भारत के प्रति श्रद्धा और हिन्दू धर्म के प्रति आस्था उत्पन्न हो गई । उसका कारण बताते हुए वे लिखती हैं—"मैंने उनके मुख से किसी मत-विशेष का प्रतिपादन कभी नहीं सुना । समस्त मतों में निहित आधारभूत तत्वों को समझाने का प्रयास उन्होंने अवश्य किया था । उनके नाना ने एक बार भारत में ईसाइयत का प्रचार करने की प्रेरणा दी थी किन्तु स्वामी जी ने उन्हें भारत के निर्धनों की सेवा और निरक्षरों में ज्ञान की ज्योति जगाने तथा भारतीय नारियों को जागृत करने की प्रेरणा दी । इसके लिये मार्ग्रेट तुरन्त भारत जाने को उत्सुक थीं किन्तु स्वामी जी उनकी उत्सुकता को सुदृढ़ बनाने के लिये उन्हें रोकते रहे । एक पत्र में भारत से उन्होंने लिखा था—"यह निश्चित है कि संसार को एक बार झकझोर डालने की सामर्थ्य तुम्हारे अन्दर सुप्त रूप से विद्यमान है । स्वाध्याय और साधना द्वारा उसे जागृत करने की मेरी हार्दिक इच्छा है ताकि तुम भारतीय नारियों को वर्तमान कुण्ठाओं और रूढ़वादिताओं से बचाने में मेरे साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर काम कर सको । तुम्हें देखकर इस देश की महिलायें अपने आपको भीतर से झकझोरेंगी और कहेंगी "यदि कोई विदेशी नारी इस धर्म और संस्कृति से प्रेरित होकर सेवा के लिये अपना सब कुछ त्याग सकती है तो हम क्यों पीछे रहें ? भारतीय संस्कृति के अभ्युत्थान और भावी संतति को तेजस्वी बनाने के पुण्य मिशन में हम पीछे क्यों रहें ?"

भारत के कार्यों की कठिनाइयों की चर्चा भी स्वामी जी समय-समय पर किया करते थे जिससे मार्ग्रेट अपने मन को और भी पक्का करती जाती थीं । जब सब प्रकार से वे तैयार हो गईं तब उन्होंने उनकी परीक्षा लेने के लिये लिखा—"हम सभी के लिये तुम भारत आने की अपेक्षा इंग्लैण्ड में बैठकर उन्नति का कार्य कर सकती हो ।" किन्तु उससे निराश न होकर मार्ग्रेट भारत आने को बेचैन हुईं । उन्होंने लिखा—"मुझे स्पष्ट बतायें कि क्या मेरा जीवन भारत के काम आ सकता है ? मेरी इच्छा है कि भारत मुझे जीवन की पूर्णता की शिक्षा को प्रदान करे ।" इस उत्कृष्टता की भावना को देखकर अन्त में स्वामी जी ने लिख दिया—"अब मैं निश्चित इस मत का हूँ कि भारत में कार्य

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

की दृष्टि से तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है ।" आवश्यकता एक मनुष्य की नहीं वरन् एक महिला की है जो सिंहनी के समान हो ।

इसी पत्र में उन्होंने कठिनाइयों का भी जिक्र किया था किन्तु मार्ग्रेट रुकने वाली नहीं थी । उसके पिता ने मानो भविष्यवाणी ही कर दी थी—जबकि उनकी माता को निर्देश दिया था—"भगवान की ओर से मार्ग्रेट को एक आह्वान आयेगा । उस समय तुम बाधक न बनना बल्कि उसकी सहायता करना ।" उनकी माता ने मार्ग्रेट के जन्म के पहले ही प्रार्थना करली थी, "यदि सन्तान सकुशल हो तो तेरी इच्छा । मैं तो अपने बच्चे को तेरे समर्पित करती हूँ ।" और उन्होंने सच्चे हृदय से अपनी पुत्री को भारतवर्ष की सेवा करने की अनुमति प्रदान कर दी ।

पात्रत्व की परीक्षा

मार्ग्रेट ने अपने एक मित्र को लिखा—"कल्पना करो कि स्वामी जी मुझे न मिले होते ! वे केवल हिमालय पर ही ध्यानरत रहते तो मैं कभी यहाँ नहीं होती ।" स्वामी जी ने भी अपनी अन्तर्दृष्टि से समझ लिया कि भारत में मेरा कार्य करने के लिये यही महिला उपयुक्त है । बस उन्होंने अपना जीवन उनके कार्य में लगाने की इच्छा प्रगट की तब स्वामी जी ने शान्तिपूर्वक उत्तर दिया, "हाँ ! तुम्हारा स्थान भारत में ही है किन्तु अभी उसका समय नहीं आया । अभी तो उसके लिये अपने आपको तैयार करो ।" भारत लौटने पर स्वामी जी ने लिखा—"अब मुझे निश्चय हो गया है कि भारत में तुम्हारे लिये बहुत बड़ा भविष्य है । मुझे किसी पुरुष की नहीं किन्तु एक ऐसी स्त्री की आवश्यकता थी जो भारतवासियों और विशेषकर स्त्रियों के लिये सिंहनी के समान काम करे, भारत अभी महान् महिलाओं को उत्पन्न नहीं कर सकता । अभी उसे दूसरे देशों से उन्हें उधार लेना होगा । तुम्हारी शिक्षा, ईमानदारी, पवित्रता, प्रेम, निश्चय और सबसे ऊपर भारतीय संस्कृति के प्रति अडिग निष्ठा ऐसी आवश्यक महिला का रूप बना देता है जो भारत के लिये आवश्यक है ।"

स्वामी जी का यह कथन भी ध्वनित होता है और सत्य प्रतीत होता है । मार्ग्रेट बड़ी उत्साह और आशा के साथ भारत में आईं । अपने गुरु के सम्मुख रहकर वे कार्य में जी-जान से लग गईं किन्तु गुरु ने उन्हें कार्य के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट आदेश नहीं दिया । जब वे बहुत अधीर हो गईं तो गंगाजी को इशारा करते हुए उन्होंने कहा—"तुम्हारे चारों ओर जो कुछ हो रहा है उसे देखो, सुनो । कोई योजना मत बनाओ । पश्चिम के राजसी क्रिया-कलाप में पली हुई मार्ग्रेट को भारतीय गुरु की यह शान्ति पसन्द नहीं आई । भारतीय आध्यात्मिकता उनकी आत्मा में नहीं समाई । स्वामी जी तो अपनी शिष्या को दृढ़ आधार पर स्थापित कर रहे थे और भारतीय ढाँचे में ढाल रहे थे । उसकी तेज प्रतिभा और स्वतन्त्र आत्मा को भारतीय आदर्शों के अनुरूप परिवर्तित कर रहे थे । विदेशी संस्कारों और दोषों को निकालकर उनमें भारत की सेवा और जीवन के आदर्श भर रहे थे ।

मार्ग्रेट के लिये मुख्य बाधा स्वामी जी का व्यक्तिगत आकर्षण ही था । उनके लिये स्वामी जी का व्यक्तित्व ही मुख्य था, भारत की सेवा नहीं । स्वामी जी की सेवा को ही वे भारत की सेवा समझती थीं किन्तु स्वामी जी चाहते थे कि मार्ग्रेट इस संकीर्ण क्षेत्र से ऊपर उठकर अनन्त और अव्यक्त चेतना के स्तर पर पहुँचे । इसलिये उन्होंने निवेदिता को साधना के पथ पर धीरे-धीरे आरूढ़ किया और कहा—"तुमको अपने पैरों पर खड़े होना है । मेरी या किसी अन्य की छाया में नहीं चलना है । प्रेम की उत्कटता तो ठीक है किन्तु उसके साथ कोई बन्धन उचित नहीं । किसी एक के प्रति अपना सब कुछ अर्पण करते ही हमारा कार्य समाप्त हो जायेगा । हमारा मार्गदर्शक शरीर नहीं आत्मा एवं व्यक्त-अव्यक्त कोई विशेष नहीं ब्रह्म होना चाहिये ।"

स्वामी जी का दूसरा प्रयत्न यह था कि निवेदिता भारतीय नारी की तरह शिक्षित हो । पश्चिमी शिक्षा और जीवन के संस्कारों से मुक्त होकर वे भारत को अपनी जन्मभूमि के समान प्रेम करने लगे । अभी भारत को उन्होंने बाहर से देखा है, उसकी अशिक्षा, दरिद्रता आदि ने उन्हें दुःख अवश्य पहुँचाया था किन्तु उन्हें पश्चिमी सभ्यता के अनुसार ऊपरी तरीके से दूर करना चाहती थीं, किन्तु स्वामी जी चाहते थे कि पहले वे अपने हृदय में झाँककर अपनी आत्मा को पहचानें, उससे शक्ति ग्रहण करें और फिर कार्य क्षेत्र में निःस्वार्थ और फलाज्ञा रहित ईश्वर सेवा में परिणत हो । उनका पहला कदम है—गुरु की आज्ञा का पालन । इसी अनुशासन से उनमें कार्य करने की स्वतन्त्रता उत्पन्न होगी ।

उन्होंने आज्ञा दी कि हिन्दू स्त्री के समान रहो । वेश-भूषा, आहार-व्यवहार, रहन-सहन सभी में उनका अनुकरण करो । पुरुषों से सम्पर्क कम रखो, स्त्रियों से सम्पर्क बढ़ाओ । अपनी पश्चिमी धारणाओं और भावनाओं को नियन्त्रित रखो । अपने मन को ध्यान और एकाग्रता में लगाओ । मार्ग्रेट ने साड़ी पहनना, जमीन पर सोना और उँगलियों से खाना आदि सब भारतीय प्रथाओं का पालन करना प्रारम्भ किया । मार्ग्रेट ने सोचा—विलायत

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

में भाषण देने वाले स्वामी विवेकानन्द और भारत में तपस्या में विरत और प्रशान्त विवेकानन्द में कितना अन्तर है, किन्तु अपनी दृढ़ इच्छा-शक्ति और भक्ति के कारण वे सब कठोर साधनाओं का पालन कर स्वामी जी की कठिन कसौटी पर खरी उतरीं । दो माह बाद स्वामी जी ने मार्ग्रेट को अपनी शिष्या के रूप में दीक्षित कर उनका नाम निवेदिता रखा । उनकी माँ का संकल्प पूरा हुआ और वे सचमुच में निवेदिता बन गईं । गंगा के उस पार देखते हुए स्वामी जी ने कहा—"उस जगह मैं शिष्यों के लिये आश्रम बनाना चाहता हूँ, गुरुजन, शिष्यों की योग्यतायें परखते हैं फिर उन्हें विकसित करने का मार्ग दर्शाते हैं । सुषुप्त शक्तियों का जागरण इसी तरह होता है । उन्हें निवेदिता की वक्तृत्व शक्ति का पता था अतः उन्होंने निवेदिता को भाषण देने के लिये प्रेरित किया । जब पहले-पहल कलकत्ते के एलबर्ट हाल में भगिनी निवेदिता का सुन्दर और ऊँचा व्यक्तित्व भारतीय वेश-भूषा में जनता के सामने आया तब वह मन्त्रमुग्ध हो गई । स्वामी जी ने उनका परिचय कराते हुए कहा—"भगिनी निवेदिता भारत को इंग्लैण्ड की नई देन है ।" इसके बाद वे कालीघाट और ब्रह्म समाज की सभाओं में भाषण देने लगीं और पत्रों में लेख भी लिखने लगीं । वक्ता और लेखिका के रूप में उनकी कीर्ति चारों ओर फैलने लगी किन्तु इससे उनकी शान्ति तनिक भी भंग न हुई ।

अब स्वामी जी ने निवेदिता को भारत का परिचय कराना शुरू किया । स्वामी जी अपने शिष्यों के साथ हिमालय की ओर रवाना हो गये । वहाँ के प्राकृतिक दृश्यों, शान्ति तथा नीरवता से निवेदिता के मन पर गहरा प्रभाव पड़ा । स्वामी जी के अधिक निकट सम्पर्क में वे रहने लगीं किन्तु साथ ही उनके मन पर एक उदासीनता-सी छाने लगी क्योंकि स्वामी जी उससे बहुत कम बोलते और उनके काम में भी कोई रस न लेते थे । इससे उन्होंने अपने मन की व्यथा एक दिन स्वामी जी से कही । उसके उत्तर में उन्होंने कहा—"बात ठीक है, अब मैं वन में एकान्त सेवन के लिये जा रहा हूँ । लौटकर अपने साथ शान्ति लाऊँगा ।" तब निवेदिता की समझ में आया कि अपने साथ मोह तोड़ने के लिये ही स्वामी जी ऐसा कर रहे हैं । जब स्वामी जी लौटे तो उनके साथ निवेदिता की शान्ति भी लौट आई । अपने एक मित्र को उन्होंने लिखा—"मुझे आध्यात्मिकता की शिक्षा मिल रही है जो कि सबसे अधिक प्राप्तव्य वस्तु है । मनुष्य-प्रेम के समान ईश्वर-प्रेम प्राप्त करना आत्मा के लिये आवश्यक है ।"

इसी शिक्षा के लिये स्वामी जी ने यह सुशान्त स्थान और समय चुना था । निवेदिता को अपने पैरों पर खड़े होना आवश्यक है इसी विचार से उन्होंने ऊपर से यह कठोरता धारण की थी । हिमालय में उन्होंने जो शान्ति प्राप्त की थी वही वे अपने शिष्यों को प्राप्त कराना चाहते थे । अभी निवेदिता की परीक्षा पूरी नहीं हुई थी । तपस्या पूरी करने के लिये स्वामी जी ने अमरनाथ की कठिन यात्रा की ओर अपने पैर बढ़ाये । निवेदिता उनके पीछे-पीछे चलीं । गुरु प्रसन्न और आनन्दित, शिखा शान्त और थकित । अमरनाथ की तुषार-निर्मित अँधेरी गुफा में प्रवेश कर स्वामी जी ने शिवजी को प्रणाम कर निवेदिता के रूप में अपनी एकमात्र भेंट समर्पित की । इस सबका कोई अर्थ निवेदिता की समझ में नहीं आया कि उन्हें नंगे पैरों बर्फ पर चलकर ऊँचे पर्वतों को पार कराकर इस अँधेरी गुफा में क्यों लाया गया और उन्होंने गुरु से कड़े शब्दों में इसका प्रतिवाद किया । आँखों में आँसू भरकर स्वामी जी ने शान्त भाव से कहा—"निवेदिता मुझ में वह शक्ति नहीं कि जो तुम चाहती हो वह तुम्हें दे सकूँ । अभी तुम्हें यात्रा का महत्त्व नहीं मालूम होगा किन्तु बाद में इसका रहस्य प्रकट होगा । माँ काली को पुकारो वे तुम्हारे पास आकर तुम्हें शक्ति देंगी ।

वे शब्द कहकर स्वामी जी अज्ञातवास में चले गये । अब निवेदिता ने काली माँ का ध्यान शुरू कर दिया । तब उन्हें अपनी गलती अनुभव होने लगी और समझ में आया कि उनके गुरु किस प्रकार उनके दोष का निराकरण कर उन्हें अपनी ओर खींचते जा रहे हैं । अपने दोषों को देखना भी महत्त्वपूर्ण साधना है । इस साधना से पूर्वकृत पापों और मानसिक दुर्भावों का परिमार्जन होता है । आत्म-चिन्तन और शोध की यह प्रक्रिया ही व्यक्ति को आत्म-सत्ता की महत्ता और सान्निध्यता तक पहुँचा देती है । साधक अपने आपको शक्ति का अकूत भण्डार अनुभव करने लगता है । काली के ध्यान से निवेदिता की सब निराशा और दुःख दूर होकर हृदय में आनन्द भर गया । स्वामी जी के लौटने पर निवेदिता ने अपना सिर उनके चरणों पर रखकर कहा—"अब मैंने अपनी दिव्य माता को पहचान लिया । निष्कलंक हुई उनकी आत्मा ही माँ काली थी जिसे पाकर वे विभोर हो उठीं ।"

इस यात्रा में स्वामी जी अपने शिष्यों को धार्मिक ग्रन्थों का स्वाध्याय कराते । अपनी ज्ञान-दृष्टि से वे निवेदिता के हृदय में प्रवेश कर उनकी शंकाओं का समाधान करते और उनके पश्चिमी संस्कारों को उखाड़ कर भारतीय संस्कारों को जमाते रहते थे । एक दिन निवेदिता ने भारत से अपने देश की तुलना की तो स्वामी जी ने फटकारा । तुम इस प्रकार क्यों तुलना करती हो जो वहाँ के लिये उपयुक्त है वह यहाँ के लिये नहीं हो सकती । इस प्रकार की देश-भक्ति

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

एक पाप है । क्या यह हमारी संकीर्णता नहीं है कि हम केवल आयरलैण्ड, इंग्लैण्ड या भारतवर्ष को ही अपनी जन्मभूमि मानें ? विशाल पृथ्वी हमारी माता और सम्पूर्ण विश्व की आत्मा ही हमारा उपास्य है । उस महत्त्व की ओर उन्मुख होकर हमें देश, भाषा, भूमि की संकीर्णता का परित्याग करना ही उचित है ।

कुछ दिनों बाद निवेदिता ने लिखा—"मेरी शिक्षा अभी चल रही है । दृष्टिकोण साफ होता जा रहा है । गुरु की कृपा से मैं प्रकाश पा रही हूँ । मेरे जो भ्रम रास्ते को रोक रहे थे वे जागृत प्रतिभा के प्रकाश में दूर होते जा रहे हैं । आश्चर्य तो यह है कि गुरु केवल प्रकाश देते हैं अपने विचार लादते नहीं । यही उनकी शिक्षा का मुख्य सिद्धान्त है ।"

स्वामी जी का दूसरा उद्देश्य निवेदिता के राजनैतिक विचारों में परिवर्तन करना था । वे समझती थीं कि भारत अंग्रेजी साम्राज्य का स्थायी अंग है । इस विचित्रता और विविधतापूर्ण देश की एकता बाहरी शक्ति के द्वारा ही सम्भव है । अंग्रेजी राज्य ने भारत का बहुत उपकार किया है । भारत का स्वतन्त्रता चाहना स्वाभाविक है किन्तु उसे प्राप्त करने में सैकड़ों वर्ष लग जायेंगे । इसलिये उनके जीवन का उद्देश्य भारत और इंग्लैण्ड के बीच प्रेम सम्बन्ध स्थापित करना था । इस पर स्वामी जी ने कहा कि—"काम करो, अभीप्सा करो, शायद रास्ता मिल जाये । दो साल पहले भी मैं ऐसे ही विचार रखता था" और बहुत जल्दी इस विषय में निवेदिता का स्वप्न दूर हो गया । ज्यों-ज्यों निवेदिता भारत में अंग्रेजों के सम्पर्क में आती गईं त्यों-त्यों वे उनकी साम्राज्य लिप्सा को समझने लगीं । सबसे पहले धक्का तब लगा जब शासन ने विवेकानन्द द्वारा संस्कृत कॉलेज के लिये भूमि देने से इन्कार कर दिया । इससे अंग्रेजों का अभिमान स्पष्ट हो गया । साथ ही कारखानों के मजदूरों, रेल के यात्रियों आदि के साथ किये गये दुर्व्यवहार भी उनके सामने आये तब उनकी आँखें खुलीं ।

स्वामी जी का यह तो बाहरी शिक्षण था, वे तो निवेदिता के अन्तरंग को बदलना चाहते थे । भीतरी हृदय बदल जाने से बाहरी परिवर्तन में देर नहीं लगती । इसलिये उन्होंने आदेश दिया कि तुम्हें आन्तरिक और बाह्य जीवन में एक ब्राह्मण ब्रह्मचारिणी के समान रहना होगा और अपने जीवन को अपने भूतकाल और उसकी स्मृति को ईश्वर के चरणों में अर्पित करना होगा ।

यात्रा समाप्त होने पर निवेदिता कलकत्ता लौट आईं । वे श्री शारदामणि देवी के समीप रहने लगीं । उनकी साधुता, पवित्रता और मधुरता से वे बहुत प्रभावित हुईं । अब तो स्वामी जी ने उन पर और भी कठिन तपस्या के नियम लगा दिये और कहा—अब तुमको एक हिन्दू विधवा के समान जीवन-यापन करना होगा । तुम्हें किसी से मिलना-जुलना बन्द कर एकान्त में रहना होगा । अपने मन की चंचलता को नियन्त्रित करो और चेहरे पर कोई भाव प्रकट न होने दो । बिना किसी भावना के अपने आपको पहचानो ।

कुछ दिनों बाद लड़कियों के लिये पाठशाला खोली गई और निवेदिता को अपने मन का काम मिल गया । अब स्वामी जी ने उनसे कहा कि—तुम्हें अब कोई शिकायत नहीं करनी चाहिये कि प्रार्थना और ध्यान के लिये अब समय नहीं मिलता । कार्य ही को अपने जीवन का ध्येय समझो । इसी लक्ष्य की ओर तुम्हें ले जाना चाहता हूँ । मेरा ध्येय न तो रामकृष्ण का है, न वेदान्त का है वरन् जनता में मनुष्यता को जगाना है । विदेशों में यह कार्य स्त्रियों ने किया है । वह दिन कब होगा जब भारतीय नारियाँ अपनी कमजोरी को दूरकर अपना ध्येय पूरा करेंगी ।

इसी बीच कलकत्ता में भयानक प्लेग फैला और निवेदिता ने निर्भीकता, आत्मत्याग और एकाग्रता से जनता की सेवा की । उनकी व्यवस्था को देखकर एक शिष्य से स्वामी जी ने कहा—उस पर तरस मत खाओ अब वह सब बातों से ऊपर उठकर भारत के प्रति निवेदित हो गई है, मैंने उसे बनाने में इतना समय दिया है जितना किसी को नहीं दिया । अब निवेदिता पत्रों में लेख लिखने लगीं । उनके द्वारा लिखित प्लेग का हाल पढ़कर जनता स्तम्भित रह गई । वे ब्रह्म-समाज के साथ काम करने लगीं । रवीन्द्रनाथ ठाकुर के साथ भी इनका सम्पर्क स्थापित हो गया ।

भारत में स्त्रियों के लिये काम करने की प्रेरणा भगिनी निवेदिता को किस प्रकार मिली इस पर वे लिखती हैं कि—

एक बार बातचीत करते समय मेरी तरफ उन्मुख होकर उन्होंने कहा "अपने देश की स्त्रियों के लिये मैंने योजनायें बनाई हैं जिनसे मुझे बड़ी सहायता मिल सकती है ।" मैंने योजना के बारे में उस समय नहीं किन्तु कुछ दिन बाद जब मैंने उनसे 'नन्दन' को स्वच्छ बनाने की बात कही तब वे बोल पड़े "तुमने नगर को सुन्दर बनाने के लिये बहुत से नगरों पर बमबारी की है ।" ये शब्द अब तक मेरे कानों में गूँजते रहे । एक बार उन्होंने फिर कहा—"अंग्रेज लोग एक छोटे से द्वीप में पैदा हुए हैं और वे उसी में सुन्दर जीवन बिताना चाहते हैं ।" तब मुझे यह बात अपने सम्बन्ध में ठीक लगी कि मेरे विचार कितने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

संकुचित हैं । इसी के बाद मैंने स्वामी जी के कार्य में सहायता देने की इच्छा प्रकट की तो उन्हें कुछ आश्चर्य हुआ किन्तु वे बोले—"मैं तो अपने कार्य को पूरा करने के लिये २०० बार जन्म लेने को तैयार हूँ ।" अभी तक ये विचार मेरे मन में बैठे हुए हैं ।

नारी शिक्षा का श्रीगणेश एक कन्या विद्यालय से कराया गया । काली पूजा की पुण्य तिथि से बोसपारा लेन से इसका शुभ आरम्भ हुआ । माँ शारदा देवी ने आशीर्वाद दिया किन्तु कट्टरपंथियों ने इसका कम विरोध नहीं किया । एक विदेशी महिला को कोई मकान में प्रवेश देने को तैयार न था और उसके संरक्षण में अपनी लड़कियों को पढ़ाना कोई पसन्द न करता था । बड़ी कठिनाई से दो-चार विवेकशील अभिभावकों ने अपनी कन्यायें भेजीं पर जब लोगों ने नारी-शिक्षा के महत्त्व को समझना शुरू किया तो यह संख्या भी बढ़ने लगी किन्तु बड़ी बाधाओं को पार करके ही इस शाला की संख्या बढ़ी । इस प्रकार जिस दिन कालीघाट के काली मन्दिर में स्वामी जी ने निवेदिता को भाषण देने के लिये निमन्त्रित किया उस दिन कट्टरपंथियों का विरोध और भी बढ़ गया, किन्तु स्वामी जी के आदेशों के अनुसार जब उन्होंने नंगे पैरों से मंदिर में प्रवेश किया और अपने भाषण में महाशक्ति के प्रति अपने हृदय के भावों को व्यक्त किया तब कहीं लोगों का विरोध शान्त हुआ । बाद में चलकर "काली दी मदर" नामक पुस्तक की रचना की तो लोगों की श्रद्धा और बढ़ गई ।

प्लेग के समय निवेदिता ने अपने प्राणों को हथेली पर रखकर लोकसेवा की उसके सम्बन्ध में सर जगदीशचन्द्र बसु ने अपनी पत्नी को एक पत्र में लिखा था—

"अनेक लोगों को स्मरण होगा कि इस समय कितना भयंकर आतंक फैल गया था । रेलें तथा स्टीमर भागने वाले लोगों से भरे रहते थे । जिस समय आतंक अपनी चरम सीमा पर था उस समय भगिनी निवेदिता सहायता कार्य में जुटी थीं । उन्होंने नवयुवकों के एक दल का संगठन किया ।"

श्री रवीन्द्रनाथ ठाकुर उनके स्थान पर काव्य चर्चा करने आये, इसी बीच बैलूर मठ से उनके लिये बुलावा आया । हर्ष के साथ उन्होंने वह समाचार गुरुदेव को सुनाया । गुरुदेव ने मन में कहा····· निवेदिता को अपना चुना हुआ ईश्वर मिल गया । ब्रह्म-समाज के साथ उनका सम्पर्क अधिक समय तक नहीं चला इससे सुरेन्द्रनाथ, जगदीशचन्द्र बसु तथा अवनीन्द्रनाथ ठाकुर सरीखे मित्र अवश्य प्राप्त हुए जिनके द्वारा उनका सम्बन्ध स्वदेशी आन्दोलन से हो गया ।

अब तो निवेदिता को सार्वजनिक सभाओं में बोलने का निमन्त्रण मिलने लगा, इतने दिनों तक दबी हुई शक्ति एक प्रवाह के रूप में निकलने लगी । स्वामी जी ने आज्ञा दी कि तुम्हें माँ काली के विषय में बोलना है । शान्त भाव से निवेदिता ने भाषण दिया जिसकी श्रोताओं ने बड़ी प्रशंसा की, कालीघाट के पुरोहितों ने भी उन्हें बोलने के लिये बुलाया । स्वामी जी की अध्यक्षता में भाषण होना था किन्तु उन्होंने निवेदिता को अकेले ही जाने का आशीर्वाद देकर भेजा—"सदा याद रखना कि तुम माँ काली की सेविका हो, निवेदिता नंगे पैरों से चलकर कालीघाट पहुँची । उनके भाषण से जनता मन्त्रमुग्ध हो गई । निवेदिता को भी विश्वास हो गया कि काली की कृपा हमें प्राप्त हो गई है । इस प्रकार स्वामी विवेकानन्द ने बड़ी सावधानी, प्रेम और संयम के साथ निवेदिता का आन्तरिक और बाह्य संसार में भविष्य में अपना कार्य करने के लिये तैयार किया ।

ज्ञान-साधना और सेवा का श्रीगणेश

स्वामी जी अचानक बीमार पड़ गये । कार्य की अधिकता ने स्वामी जी को कमजोर बना दिया । निवेदिता को घर भेजना आवश्यक था किन्तु आर्थिक प्रश्न सामने था । इसी समय अमेरिका से उन्हें निमन्त्रण मिला और वे निवेदिता के साथ रवाना हो गये । उन्होंने कहा—"मैं तुम्हारा भूत और भविष्य दोनों देख रहा हूँ किन्तु इस समय तुम्हें नम्र और आज्ञाकारी बनना है ।" जाते समय निवेदिता ने दक्षिणेश्वर में श्री रामकृष्ण की प्रिय पंचवटी में बैठकर प्रार्थना की—"माँ स्वामी जी को शान्ति और आराम दीजिये और उनका कष्ट मुझे दीजिये मैं उनकी पूजा करती हूँ, उनसे प्रेम करती हूँ, उनके व्यक्तित्व से प्रेम करती हूँ, जीवन पर्यन्त मैं उनके लिये जीऊँगी और काम करूँगी ।"

समुद्र की स्वास्थ्यप्रद वायु के प्रभाव से स्वामी जी का स्वास्थ्य सुधरने लगा । शिष्या भी प्रसन्न मुद्रा में रहने लगीं, उनके घनिष्ठ सम्बन्ध से वे अपने को धन्य मानने लगे । चुपचाप उनके पास बैठने, उनके साथ डेक पर घूमने, उनके ज्ञान-भण्डार से अमूल्य रत्न संग्रह करने से निवेदिता को बड़ा लाभ हुआ उनका आध्यात्मिक प्रभाव अज्ञात रूप से निवेदिता पर पड़ता रहा जो कि मन और वाणी से कहीं परे था । स्वामी जी ने उनके हृदय में प्रवेश कर उनके दोषों को एक-एक कर निकालना और विदेशी संस्कारों के बदले भारतीय संस्कार भरने का काम शुरू किया, इससे उनके जो भी रहे-सहे दोष थे वे सब निकल गये, उनका मोह और वासनायें भी दूर हो गईं । यह स्वर्ण अवसर उनके लिये एक अलभ्य लाभ सिद्ध हुआ । स्वामी जी से वे बार-बार पूछतीं— अपूर्णता किस प्रकार दूर की जाये,

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पूर्णता कैसे प्राप्त की जाये, शान्ति का अवतरण किस प्रकार हो ? स्वामी जी का एक ही उत्तर था—बिना किसी भावना के अपने आपको पहचानने का प्रयत्न करो यही महान रहस्य है । कोई चिन्ता मत करो, अशान्ति को दूर कर अपनी शक्ति में प्रतिष्ठित हो । मुक्ति आप से आप आयेगी किन्तु उसके लिये त्याग अनिवार्य है ।

छः सप्ताहों के बीच निवेदिता ने अपने गुरु के असीम ज्ञान भण्डार को आत्मसात कर लिया । तत्त्व-ज्ञान, इतिहास, धर्म, संस्कृति, तपस्या, शिक्षा, मनुष्य और साधना कोई भी ऐसा नहीं था जिस पर गुरु-शिष्य में चर्चा न हुई हो । इन सबसे ऊपर गुरु की वाणी ध्वनित होती थी । "माँ मैं निर्भय बनूँ इसी उपनिषद् के मन्त्र का बार-बार उच्चारण किया है । यह आत्मा बलहीनों के द्वारा प्राप्त नहीं की जा सकती मेरा आदर इस योद्धा सन्त का है जिसने स्वतन्त्रता संग्राम में मरते समय कहा था·····तुम भी वही हो ।"

इस प्रकार जहाज लन्दन पहुँचा और वहाँ से स्वामी जी अमेरिका चले गये । निवेदिता कुछ दिन बाद इनकी सेवा में पहुँची वहाँ इनका काम धन संग्रह करना था । अपने भाषणों द्वारा काफी धन संग्रह भी किया । पश्चिमी जनता में इस बात की उत्सुकुता थी कि एक विदेशी महिला भारत को किस प्रकार देखती है । इस बीच स्वामी जी निवेदिता को अनेक विषयों की शिक्षा दिया करते थे । एक दिन उन्होंने कहा—देखो, एक तत्त्व है प्रेम और दूसरा तत्त्व है मिलन । मिलन, प्रेम से श्रेष्ठ है । जिसे हम प्रेम करते हैं वह कभी अपना नहीं बना है, यही ज्ञान और भक्ति में अन्तर है किन्तु निवेदिता एक ओर गुरु के वचनों से शक्ति संग्रह करती जाती थीं और दूसरी ओर उन्हें यह भय लगता था कि गुरु के बिना मैं कैसे रहूँगी ? अब उनका प्रेम गहन और शुद्ध हो गया था । उन्होंने कहा—अब वे मेरे सम्पूर्ण जीवन में हैं । मैं कम होने के बदले अपने प्रेम के अधिक समीप हो गई हूँ ।

अमेरिका में विविध कार्य-कलाप में व्यस्त रहने के कारण स्वामी जी का स्वास्थ्य फिर गिरने लगा था । वे भारत लौटने के लिये उत्सुक हो रहे थे उन्होंने एक दिन निवेदिता से पूछा—"और कितने दिन यहाँ रहोगी, अपना असली कार्य कब शुरू करोगी ?" प्रश्न सुनकर निवेदिता स्तब्ध रह गईं । उन्होंने शान्त स्वर में कहा—मैं आपकी आज्ञा से यहाँ आई थी । मैं तुरन्त चलने को तैयार हूँ । उन्होंने एकाएक श्रीमती बुल के कमरे में निवेदिता के साथ प्रवेश किया । सब शिष्यायें चकित हो गईं । उन्होंने दोनों हाथ पसार कर कहा—"मेरी पुत्रियों, मैं आ गया हूँ !" फिर श्री बुल की कमर में अपना शाल लपेटते हुए कहा—तुम संन्यासी हो । फिर दोनों के सिरों पर हाथ रखते हुए—"मैं अपनी सारी शक्ति जो मुझे गुरु से मिली तुम्हें दे रहा हूँ और मैं शान्ति से रहने जा रहा हूँ ।" निवेदिता उनके चरणों पर गिर गई उन्हें लगा कि एक सर्वग्राही शक्ति उसमें प्रवेश कर रही है । उनका शरीर तर्क, विवेक और चेतना सब लुप्त हो गई है । अपने सिर पर उन्होंने गुरु के गरम, भारी और शक्तिशाली हाथों का अनुभव किया मानो सर्वोपरि सूर्य के समान हाथ हों । उन्हें लगा कि वह सचमुच ब्रह्मचारिणी है, गुरु ने आदेश दिया था कि तुम्हें जीवन भर ब्रह्मचारिणी रहना है ।

इसी प्रकार एक दिन श्री रामकृष्ण ने विवेकानन्द के सिर पर हाथ रखकर कहा था—आज मैंने सब कुछ दे डाला है और मैं फकीर हो गया हूँ ।

निवेदिता हर्ष से विह्वल हो गईं किन्तु उनमें एक भय भी समा गया । इतनी शक्ति अपने शिष्य को देने के बाद श्री रामकृष्ण केवल डेढ़ वर्ष तक ही जीवित रहे थे । क्या मेरे गुरु भी ऐसा ही करना चाहते हैं ? मैं जानती हूँ कि वे कितने कष्ट में रहे हैं । यदि यही उनकी इच्छा है तो मैं कभी उनके रास्ते में न जाऊँगी । "मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि उनकी सेवा में कुछ धन अर्पण कर सकूँ ।" इस प्रकार निवेदिता अपने गुरु में तन्मय हो गई थी । उनकी इच्छा केवल उनके कार्यों में सहायता करने की थी । धन का संग्रह बहुत कठिनाई से हो रहा था । निराशा ने उन्हें घेर लिया, फिर गुरु के वचनों का उन्हें स्मरण हुआ "अपनी शक्ति पर भरोसा रखो, याद रखो जिसके पास कुछ मौलिक तत्त्व है उसे संसार अवश्य सुनेगा ।" धीरे-धीरे सब बाधायें दूर हो गईं । निवेदिता की कीर्ति चारों ओर फैलने लगी और धन एकत्रित होने लगा । निवेदिता के मुख से भारत की वाणी सुनकर गुरु का हृदय गद्गद् हो गया ।

अमेरिका में काम समाप्त कर निवेदिता फ्रांस गईं । वहाँ स्वामी जी के दर्शन हुए साथ ही प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीशचन्द्र बसु भी मिले जो विज्ञान परिषद् में भाषण देने आये थे । इस अवसर पर स्वामी जी ने एक ऐसी बात की कि जिससे निवेदिता को बहुत धक्का लगा । वे प्रसिद्ध गायिका ऐमा कालवे का गायन सुनने जा रहे थे । निवेदिता ने उसका विरोध करते हुए कहा— स्वामी जी यदि आप ओपेरा में जायेंगे तो लोगों को बहुत धक्का लगेगा और आपके विरुद्ध आन्दोलन कर बैठेंगे । स्वामी जी को बहुत आश्चर्य हुआ किन्तु कोई उत्तर न देकर केवल मुस्करा दिये । बाद में जब कालवे स्वयं स्वामी जी से मिलने आई तो उससे फ्रांस का राष्ट्रगीत गाने को कहा, निवेदिता ने फिर विरोध

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

किया । स्वामी जी यह तो युद्ध का गीत है, इसमें बन्दूकों की गड़गड़ाहट और योद्धाओं की चीख-पुकार के सिवाय और कुछ नहीं है । इस पर स्वामी जी ने उत्तर दिया—

"मैं तो इसी विचार का गीत चाहता हूँ । तुम नहीं देखतीं कि इस गीत में कितनी वीरता, कितना देश प्रेम और कितना त्याग भरा है, इसमें एक साहस की भावना है । देश प्रेम और त्याग की भावना भरी हुई है । मैं यह गीत अपने मठ के साधुओं को भी सिखलाऊँगा । यह बात निवेदिता को अनुचित लगी और वह अपने काम से उदासीन होने लगीं । स्वामी जी ने केवल यह कहा—अब मैं स्वतन्त्र हो गया हूँ । मैं जन्म-जात स्वतन्त्र हूँ, मैं फिर बालक बन गया हूँ ।"

गुरु और शिष्या के बीच मतभेद बढ़ता ही गया । एक दिन स्वामी जी ने कहा—तुम बहुत हठीली हो गई हो, तुम्हारे कार्यों में इच्छा-शक्ति प्रकट होती है, अब देवी माता तुम्हें सम्हालेगी । कुछ दिन एकान्त वास करो क्योंकि तुम अच्छे और बुरे का भेद करने लगी हो, तुम्हारे भीतरी रूप के सभी ढाँचे फूटने चाहिये तभी आध्यात्मिकता प्रवाहित होगी । इस फटकार से निवेदिता की आँखें खुलीं, गुरु-भक्ति और उसके पूर्वाग्रहों में क्या भेद है उसका उन्हें पता लगा । अपने कार्यों में वे ईश्वर प्राप्ति के बदले स्वयं अपनी सन्तुष्टि चाह रहीं थीं । गुरु को असन्तुष्ट करने के बजाय आत्मसन्तोष पाना चाहती थीं । उनका अहम् बहुत बढ़ गया था इस कारण गुरु के कार्य में भी गुण-दोष देखने लगी थीं । एक पत्र में उन्होंने अपनी भावना प्रकट की, उसके उत्तर में स्वामी जी ने लिखा—तुम समझती हो कि मैं तुम्हारे साथियों से ईर्ष्या कर रहा हूँ किन्तु तुम्हें मालूम होना चाहिये कि मैं बिना ईर्ष्या, लोभ और शासन की इच्छा के उत्पन्न हुआ हूँ । चाहे जो दोष मुझमें हों उनमें सिर्फ चुनाव कर सकती हो ।

प्रश्न यह था कि निवेदिता सरीखी शिष्या जो कि गुरु के प्रति इतनी अनुरक्त हो उनके गुण-दोषों को देख सकती है । वैसे गुरु ने उन्हें आत्म-विकास के लिये काफी स्वतन्त्रता दे रखी थी । अपने गुरु श्री रामकृष्ण ही के समान वे अपनी शिष्या को तैयार कर रहे थे । यह सच है कि मनुष्य बिना स्वतन्त्रता के आध्यात्मिक उन्नति नहीं कर सकता । वे कुछ राजनैतिक विचारों और शासन प्रणालियों के कट्टर विरोधी थे । दूसरे, निवेदिता का प्रेम और श्रद्धा चाहे जितनी अधिक हो उसकी चेतना ने गुरु से अभी तक एकरूपता प्राप्त नहीं की थी । श्री अरविन्द जिस बात को चेतना की एकता कहते हैं उसी को विवेकानन्द ज्ञान कहते थे—ऐसा ज्ञान जिसके द्वारा एक व्यक्ति की चेतना, दूसरे व्यक्ति की चेतना में मिल जाती है । निवेदिता की चेतना अच्छे और बुरे भावों से ऊपर नहीं उठ सकी थी । उसके परिवर्तन के बाद भी निवेदिता के स्वभाव में पुराने संस्कारों की छाप अवश्य थी ।

आधुनिक विचार वालों के लिये स्वामी जी के कुछ कार्य शिष्यों को युक्ति-युक्त नहीं जान पड़ते थे । निवेदिता ने अपने गुण-दोष स्वामी जी को बताये किन्तु उन्हें भी उसके दोष बताने चाहिये थे, न बताने का कारण यह हो सकता है कि उन्हें ऐसा भास होने लगा था कि उनका जीवन-कार्य समाप्त होने को है । इसलिये वे शिष्यों की मानसिक शुद्धि पर बल देते थे ।

स्वामी जी के पत्र ने निवेदिता को बहुत लज्जित किया वे पश्चाताप की अग्नि में जलने लगीं किन्तु इस तपस्या से उनका पुनर्जन्म ही हुआ । भारत लौटने के पहले स्वामी जी ने आशीर्वाद देते हुए कहा—"नेता को चाहिये कि जब कार्यकर्त्ता तैयार हो जायें तब उन्हें दूसरी जगह चले जाना चाहिये । अपने सामने वह उन्हें स्वतन्त्र नहीं बना सकता । अब मैं तुम्हारे लिये कुछ नहीं रहा, मैंने अपनी सारी शक्ति तुम्हें दे दी । संसार के सामने जाओ, यदि मैंने तुम्हें बनाया हो तो समाप्त हो जाओ और यदि दैवी माता ने बनाया है तो जीती रहो" यह कार्य निवेदिता का आज्ञा भंग करने का पहला उदाहरण था । इसके बाद निवेदिता एक मन्त्र-मुग्ध सर्प के समान बन गई । अब वे यूरोप में अकेली ही रह गईं, जगदीशचन्द्र बसु लन्दन ही में थे । रॉयल सोसायटी में अपना निबन्ध पढ़ना चाहते थे, निवेदिता का साथ उन्हें ईश्वर का वरदान सरीखा मिला । अपने कार्य के सम्बन्ध में उन्हें उत्साह और उत्सुकता थी । निवेदिता ने रमेशचन्द्र दत्त से भी सम्पर्क स्थापित किया और वे राजनीति में भी रस लेने लगीं । उनको अंग्रेजों के प्रति इसलिये घृणा हो गई कि वे भारतीयों के प्रति न्याय नहीं करते केवल धर्म और शिक्षा ही उनके रुचिकर विषय हैं किन्तु राजनीति मुख्य विषय बन गया । वह भारत लौटीं तब उन्होंने स्वामी जी की बीमारी का हाल सुना ।

निवेदिता को पाकर स्वामी जी बहुत प्रसन्न हुए । अपनी योगदृष्टि से उन्होंने निवेदिता की आत्मा का प्रकाश देख लिया । उस समय कलकत्ता में कांग्रेस का अधिवेशन हो रहा था और भारत भर के नेता एकत्रित थे । बीमारी का हाल सुनकर सब लोग उनके पास आते और मार्गदर्शन प्राप्त करते । इस समय निवेदिता को भारतीय नेताओं से परिचय प्राप्त करने का अच्छा अवसर मिला ।

अन्तिम दिवस निवेदिता बैलूर गई हुई थीं । स्वामी जी ने स्वयं उन्हें भोजन परोसा और हाथ धुलाये । उनकी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

आँखों से अनन्त प्रेम बरस रहा था । मन ही मन वे समझ गईं कि स्वामी जी अब विदा होने वाले हैं । दो दिन बाद स्वामी जी ने समाधि ले ली । समाचार सुनकर वे बैलूर लौटीं उसके पहले ही वे प्रकृति में उनका अनुभव कर चुकी थीं । दिन भर वे उनके पास रहीं । उनका सिर अपनी गोद में रखकर बैठी प्रार्थना करती रहीं प्रभु तेरी इच्छा पूर्ण हो । अग्नि-संस्कार के समय एक अद्भुत घटना घटी, स्वामी जी के गेरुए वस्त्र का अधजला टुकड़ा हवा में उड़ता हुआ आया और निवेदिता की गोद में गिर पड़ा मानो स्वामी जी का उत्तराधिकार ही उनको मिल गया ।

अब निवेदिता बिल्कुल अकेली रह गईं अब उनके सामने विस्तृत कार्यक्षेत्र था । गुरु अपने अपूर्ण कार्य का भार छोड़कर विदा हो गये थे । कितनी सावधानी, कितनी कोमलता, कितनी कठोरता, कितने प्रगट और कितने प्रच्छन्न रूप से, कितनी दूरी और कितने समीप से स्वामी जी ने उन्हें प्रशिक्षण दिया था । कभी वे कठोरता धारण करते और कभी उदासीनता और कभी परमप्रिय मित्र अथवा स्नेहमय पिता के समान बर्ताव करते । जिस प्रकार कोई शिल्पी किसी मूर्त्ति या भवन को तोड़ता-फोड़ता, उठाता-गिराता, उसका निर्माण करता है उसी प्रकार गुरु ने इस स्वतन्त्रचेता आधुनिक शिष्य का निर्माण किया था । आध्यात्मिकता के इतिहास में यह एक अद्भुत उदाहरण था ।

निवेदिता अकेली थीं किन्तु असहाय नहीं उनके विचार और व्यक्तित्व गुरु की शक्ति से ओत-प्रोत थे । उन्हें आदेश मिला था कि केवल भारतीय नारी जाति का उन्नयन ही नहीं किन्तु सारी जनता की सेवा और साथ ही आत्म-साधन उनका कार्य है ।

भगिनी निवेदिता लेखिका के रूप में

निवेदिता ने इंग्लैण्ड में ही बौद्ध-धर्म का अध्ययन शुरू कर दिया था । भारत में स्वामी स्वरूपानन्द जी को उन्हें हिन्दू शास्त्र और बंगला पढ़ाने के लिये नियुक्त किया गया । जिसको बाद में उन्होंने गीता के सम्बन्ध में अपनी पुस्तक में लिखा "इस छोटे से काव्य के विषय में जो माउण्ट पर दिये गये उपदेश की लम्बाई का केवल १।३ अथवा १।४ सेण्ट मार्क के उपदेश से कहीं छोटा है—केवल इतना ही इस क्षण कहा जा सकता है कि मानव रचित पवित्रतम रचनाओं में कोई भी इतनी संक्षिप्त एवं महान् नहीं है परन्तु वह केवल वैष्णवों की सम्पत्ति नहीं वरन् कश्मीर से कन्याकुमारी तक व्याप्त समस्त धार्मिक विचारों की आधार भूमिका है—

"वेव ऑफ इण्डियन लाइफ"

देश-दर्शन की यात्रा के सम्बन्ध में उन्होंने अपनी पुस्तक 'नोट्स ऑन सन् वाण्डरिंग विद स्वामी विवेकानन्द" में लिखा है—अल्मोड़ा से मुझे अनुभव होने लगा कि मानों मेरा स्कूल जाना आरम्भ हो गया है, ठीक इसी भाँति जैसे किसी छात्र को विद्यालय जाना अटपटा लगता है । यहाँ भी मुझे कष्ट की अनुभूति हुई, परन्तु दृष्टि का अन्धापन तो नष्ट होना ही चाहिये ।

तीर्थयात्रा के अन्त में उन्होंने एक पत्र में लिखा—"मुझे दिखाई पड़ता है कि मैं देवात्मा द्वारा उन्मुक्त कर दी गई तथा मुझे अनुभव होता है कि किसी विचित्र ढंग से ही क्यों न इस तीर्थ-यात्रा के परिणामस्वरूप मैं उनके (स्वामी) तथा भगवान् के अधिक निकट पहुँच गई हूँ ।"

स्वामी जी ने उन्हें शक्ति-साधना को आकर्षित किया । कश्मीर में क्षीरभवानी की उपासना के बाद जो परिवर्तन हुआ उसके सम्बन्ध में निवेदिता ने लिखा—

"आज उनकी भाव-भगिनी से आमूलचूल परिवर्तन था । शान्तिपूर्वक वे हम सभी के पास से आशीर्वाद देते हुए हमारे सिरों पर सुनहरे पुष्प रखते हुए चले गये । हममें से एक को पुष्पहार भेंट करते हुए उन्होंने कहा—"मैंने इनको माँ के चरणों में समर्पित कर दिया है ।" कहने की आवश्यकता नहीं कि यह "एक" निश्चय ही निवेदिता स्वयं ही थीं ।"

शिक्षा के सम्बन्ध में उन्होंने लिखा—"आधुनिकता का राष्ट्रीयकरण तथा पुरातन का आधुनिकीकरण और वह भी इस ढंग से कि इसमें सकल का दर्शन हो सके यही उनकी सुलझन थीं..... ।" स्वामी जी इस विचार-विमर्श में विशेष रुचि लेते थे । इन परिकल्पनाओं के सम्बन्ध में वे घण्टों विचार करते थे । इसी सागर मन्थन का परिणाम थी भगिनी निवेदिता की पुस्तक "हिण्ट्स ऑन एजूकेशन इन इण्डिया" जो इसी चर्चा का निष्कर्ष मात्र ही कही जा सकती है ।

बैलूर मठ के लिये धन संग्रह करने हेतु जब स्वामी जी ने कार्यक्रम बनाया तब निवेदिता को भी साथ ले जाना अनिवार्य हो गया । समुद्र यात्रा करते समय स्वामी जी से जो चर्चायें होती रहीं, उनके बीच वे अनेक उपाख्यान भी कहा करते थे । उनको अपनी भाषा में लिखकर निवेदिता ने एक पुस्तक भी तैयार कर दी जो कि "क्रेडिल टेल्स ऑफ हिन्दूइज्म' के नाम से विख्यात हुई । साथ ही डॉ. जगदीशचन्द्र बसु की प्रसिद्ध पुस्तक "लिविंग एण्ड नोन लिविंग" का सम्पादन किया ।

बंगाल के क्रांतिकारी जीवन के सम्बन्ध में उन्होंने एक पुस्तक लिखी" इसमें उन्होंने लिखा—"हमारा कार्य अब

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

केवल रक्षा करना नहीं बल्कि दूसरों को परिवर्तित करना है । एक-एक करके जो कुछ हमारे पास था उसका रक्षण नहीं वरन् जो हमारे पास कभी नहीं था उसको भी विजित करने का हमारा दृढ़ निश्चय है । प्रश्न यह नहीं कि दूसरे, हमारे विषय में क्या सोचेंगे वरन् यह कि हम, दूसरों के विषय में क्या सोचते हैं ? क्या हमने सुरक्षित रखा है, यह विचारणीय नहीं है वरन् क्या हमने छीनकर प्राप्त किया है ? अब हम शरणागति की कल्पना नहीं कर सकते हैं क्योंकि संघर्ष हमारी विजय का प्रथम चरण बन गया है ।"

उन्होंने नार्वे देश में एकान्तवास करके ईसाई मिशनरियों के प्रसिद्ध "लैम्ब एमंग वोल्वज" पुस्तक लिखी तथा दूसरी पुस्तक "वेव ऑफ इण्डियन लाइफ" लिखने का प्रयास किया ।

स्वामी स्वरूपानन्द के आकस्मिक निधन के कारण "प्रबुद्ध भारत" के सम्पादकीय लेख लिखने का भार निवेदिता पर आ पड़ा । श्री अरविन्द का "युगान्तर" भी निवेदिता" के सहयोग से चल रहा था । उनके "वन्दे मातरम्" पत्र में भी निवेदिता के लेख नियमित रूप से मिलते थे । मद्रास के श्री तेरूमलाचार्य ने भी अपने पत्र "बाल-भारती" के संचालन का आग्रह निवेदिता से किया था किन्तु वे उसे स्वीकार न कर सकीं । इस प्रकार पत्रकारिता के क्षेत्र में निवेदिता ने काफी यश प्राप्त कर लिया था, यहाँ तक कि श्री रामानन्द चटर्जी उन्हें अपना गुरु मानते थे ।

उड़ीसा के अकाल निवारण में अथक परिश्रम करने के कारण निवेदिता बहुत बीमार पड़ थीं किन्तु थोड़ा स्वस्थ होने पर उन्होंने अपनी लेखनी चलाना आरम्भ कर दिया । "दी मास्टर एज आई सौ हिम" तथा "क्रेडिल टेल्स ऑफ हिन्दूइज्म" नामक प्रसिद्ध पुस्तकें उनकी इसी काल की देन हैं । इसी के साथ श्री जगदीशचन्द्र की दूसरी पुस्तक "कम्पैरेटिव इलैक्ट्रिक फिजिओलॉजी" का सम्पादन भी उन्होंने किया । इसके बाद लन्दन की रॉयल सोसायटी के पत्र "ऐग्रेसिव हिन्दूइज्म" में उनके लेखों से सम्बन्धित लेख पुस्तकाकार रूप ग्रहण कर सके ।

श्री अरविन्द के पाण्डिचेरी जाने के बाद चलाये हुए पत्रों के सम्पादन के नाम से उन्हीं के लेख उनमें छपने लगे जिससे लोगों को उनका अभाव नहीं खटकने पाया । भगिनी निवेदिता का एक और महान् कार्य भारतीय कला का उन्नयन था । उन्होंने सर्वप्रथम भारतीय चित्रकला के मौलिक तत्वों के पुनरुज्जीवन की आवश्यकता अनुभव कर इस दिशा में प्रयास किया । वे उस समय के प्रसिद्ध चित्रकारों को बराबर प्रोत्साहित करती रहती थीं ।

उनकी साहित्य साधना बराबर चलती रहती थी । अपनी यात्राओं का वर्णन भी बड़े भावपूर्ण शब्दों में वे करती थीं । अपनी पुस्तक "केदारनाथ" और "बद्रीनारायण" में उन्होंने अपनी यात्रा का सजीव वर्णन किया है । अपने गुरु के प्रति अपने अन्तिम कर्त्तव्य का पालन उन्होंने स्वामी जी से सम्बन्धित पत्रों, भाषणों, लेखों आदि का संकलन किया जो कि "लाइफ ऑफ स्वामी विवेकानन्द बाय हिज ईस्टर्न एण्ड वेस्टर्न डिससिल्स" में संग्रहीत हैं ।

सन् १९११ में जबकि वे क्रियात्मक जीवन से विराम ले चुकी थीं तब भी उन्होंने अपनी लेखनी को विश्राम नहीं दिया और अपनी शेष पुस्तक "फुटफल्स ऑफ इण्डियन हिस्ट्री" तथा "स्टडीज फ्रॉम ऐन ईस्टर्न होम" में निमग्न रहती थीं इसके अतिरिक्त इसी समय रामकृष्ण वचनामृत को भी संकलित कर डाला ।

स्वतन्त्रता आन्दोलन में अग्रणी निवेदिता

निवेदिता का उदय धार्मिक पृष्ठभूमि में हुआ था किन्तु उन्होंने भारतीयों को धर्म और उनकी प्रसुप्त आध्यात्मिकता के लिये कुछ करने से पूर्व वातावरण को दुरुस्त करना अधिक उचित समझा । आवश्यकता इस बात की थी कि पहले भारतीय अपने स्वाभिमान को समझें, उनमें शिक्षा और संस्कृति का विस्तार हो । उनमें विचार आयें, संकल्प जागृत हों पर इसमें एक प्रमुख बाधा थी, वह थी राजनैतिक पराधीनता । इसलिये भारतवर्ष को स्वतन्त्र करना ही उस समय उनका मुख्य उद्देश्य बन गया और वे उसी में पूरी तरह व्यस्त हो गईं । ठीक भी था जो उत्तरदायित्व सामने हो उसे ही ठीक तरह पूरा कर ले तो एक महत्त्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो जाने की सम्भावनायें बढ़ जाती हैं । इसके बाद राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश किया और स्वतन्त्रता के आन्दोलन में भाग लिया और भारत में यात्रा करना प्रारम्भ किया, क्रान्तिकारियों से सम्पर्क स्थापित करतीं, धार्मिक मिशन छोड़कर उन्होंने राष्ट्रीयता और स्वतन्त्रता की साधना प्रारम्भ की ।

वेविन्सन ने लिखा है कि—वह भारतीयता से आप्लावित थे । स्वामी ब्रह्मानन्द ने कहा—विवेकान्द के सिवा किसी व्यक्ति ने भारत को प्यार नहीं किया । रबीन्द्रनाथ ने कहा—मैं निवेदिता को जनता की माता के रूप में देखता हूँ, अनेक रूप से उन्होंने हमारी सुप्त आत्मा को जगाया है । स्वयं स्वामी जी ने उन्हें राष्ट्रीयता के जागरण के लिये अपना समर्पण तथा अन्य साधकों को मना किया था कि निवेदिता की स्वतन्त्रता में बाधा न आने दें ।

हम देखते हैं कि कभी वे नरम दिल वालों के साथ हैं तो कभी राष्ट्रवादियों के साथ, कभी युवकों का साथ दे

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

रही हैं तो कभी पत्रकारों का । कभी स्वदेशी का प्रचार कर रही हैं तो कभी अकाल पीड़ितों की सहायता कर रही हैं । कभी वैज्ञानिकों के साथ अनुसन्धान में लीन हैं तो कभी अभावग्रस्त कलाकारों की सहायता कर रही हैं । कभी साहित्यिक आन्दोलन चला रही हैं तो कभी सांस्कृतिक । वे स्वयं एक संस्था बन गई थीं । उनकी अक्षय प्राण-शक्ति आत्म विस्तारक व्यक्तित्व आश्चर्यचकित करने वाला था । जान पड़ता था कि उन्होंने स्वामी जी के साथ तपस्या कर जो आध्यात्मिक शक्ति अर्जित की थी और जो अभी तक रुद्ध थी वह अचानक प्रवाहित हो गई है ।

गुप्त समितियों के साथ इनका सम्पर्क लोगों को आश्चर्य में डाल देता है । इस कार्य के लिये उन्होंने सारे भारत की यात्रा की । जब वे बड़ौदा आईं तब उनकी श्री अरविन्द से भेंट हुई । वे भी उस समय गुप्त समितियों के संगठन में लगे थे । दोनों एक-दूसरे से परिचित थे । अरविन्द ने निवेदिता की पुस्तक 'माँ- काली' पढ़ी थी और निवेदिता ने श्री अरविन्द के लेख इन्दु प्रकाश आदि पत्रों में पढ़े थे । निवेदिता ने सीधा प्रश्न किया—क्या आप काली के उपासक हैं ? अर्थात् क्या क्रान्ति में विश्वास करते हैं ? गायकवाड़ से भी उन्होंने क्रान्ति में सम्मिलित होने को कहा । निवेदिता खुले आम क्रान्ति का प्रचार करती फिरती थीं । उन्होंने श्री अरविन्द से भी बंगाल चलने को कहा किन्तु उन्होंने उत्तर दिया—अभी समय नहीं आया, मैं क्षेत्र तैयार कर रहा हूँ ।

उसके बाद निवेदिता ने श्री अरविन्द के राजनैतिक आन्दोलन को आगे बढ़ाना आरम्भ कर दिया । श्री अरविन्द में उन्होंने विवेकानन्द की छाया देखी । श्री अरविन्द भी राष्ट्रीयता को अपना धर्म समझते थे । इसलिये दोनों एक-दूसरे के समीप आकर सहयोगी बन गये । निवेदिता पूरी तौर से क्रान्तिकारी थीं । क्रान्ति ही उनका स्वधर्म बन गया था । "माँ काली" पुस्तक में उन्होंने बड़े खुले शब्दों में रक्तमय क्रान्ति का प्रतिपादन किया है ।

किन्तु आन्तरिक रूप से निवेदिता एक योगिनी और साधिका और कला-प्रेमी थीं । स्टेशन से आते समय धर्मशाला के भवन को देखकर वे कह उठीं कितनी सुन्दर है, और जब कॉलेज के भवन को देखा तो बोलीं कितना भद्दा है । इन्हीं परस्पर विरोधी गुणों का मिश्रण होने के कारण बड़े-बड़े लोग भी निवेदिता को नहीं समझ पाये । श्री अरविन्द ने उन्हें अच्छी तरह समझा था । एक दिन जब लोगों ने किसी क्रान्तिकारी नेता के विषय में कहा कि वे क्रान्तिकारी थे तब श्री अरविन्द चुप रहे किन्तु जब निवेदिता की चर्चा आई तब वे बोल उठे हाँ, वे जरूर अग्निस्वरूपा थीं । विवेकानन्द ने उन्हें सचमुच सिंहनी बना दिया था । साथ ही उनका सौन्दर्य भी अप्रतिम था । जहाँ भी वे जातीं लोग उनके शक्तिमय सौन्दर्य और प्रतिभा से प्रभावित हो जाते थे । उनके पवित्र सौन्दर्य के सामने बड़े-बड़े दरबारों और शासकीय भवनों की सजित सुन्दरियाँ भी लज्जित हो जाती थीं । उनका सौन्दर्य पार्थिव न था वरन् साधना एवं संयम की तेजस्विता दमदमाती थी । उस पर ज्ञान और वाणी के ओजस्व ने मिलकर उनके व्यक्तित्व को निखारा । वे कुछ ऐसी बन गईं कि जहाँ गईं वहीं लोगों ने प्रकाश की प्रेरणा पाई ।

इसके साथ ही वे जितनी नम्र और कोमल थीं सिद्धान्तों के प्रति उतनी ही कठोर थीं । वे भारतीय युवकों से कहती थीं इंग्लैण्ड, बमों की भाषा ही समझता है । तुम्हारी मिट्टी ने कितने वीरों को पैदा किया है । उन्हीं के समान तुम भी युद्ध करो । क्रान्तिकारी जब कारागार में बन्द थे, तब वे उनकी स्त्री और बच्चों को देखकर करुणा से द्रवित हो जाती थीं और उनको अपना सब पैसा दे डालती थीं । इन सब कार्यों के कारण वे शासन की कुदृष्टि से नहीं बच पाई थीं किन्तु वे न तो किसी शासन से भयभीत होती थीं और न किसी की कृपा से द्रवित । परमात्मा को पाकर किसी को संसार से भय क्यों होने लगा ?

एक ओर विवास्तर और वन्देमातरम् में श्री अरविन्द के क्रान्तिकारी लेख और दूसरी ओर निवेदिता के आग उगलने वाले भाषण, दोनों ने मिलकर बंगाल ही नहीं समग्र भारत को उत्तेजित कर दिया था । इसके कारण बहुत से निकट मित्रों से उनका मतभेद भी हो गया किन्तु उन्होंने देश के लिये इसकी कोई परवाह न की । वे युवकों को जगदीश बसु और प्रफुल्लराय के पास बम बनाना सीखने तथा विदेशों से अस्त्र-शस्त्र संग्रह को भेजती रहीं तथा इधर शासन का दमन-चक्र भी तीव्रगति से चलता रहा । श्री अरविन्द इस समय जेल में थे किन्तु शासन की इच्छा थी कि बाहर निकलते ही उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया जाये । इसका पता जैसे ही निवेदिता को चला तो इन्होंने उनको चन्द्रनगर जाने की सलाह दी । श्री अरविन्द को भी ईश्वरीय आदेश मिल गया था और वे कर्मयोगी का भार निवेदिता पर छोड़कर वहाँ चले गये । श्री अरविन्द के इस प्रकार विदेश जाने के कारण क्रान्तिकारी आन्दोलन भी धीरे-धीरे शान्त हो गया । निवेदिता में भी अब वह उत्साह नहीं रहा उनमें भी अपने गुरु के समान स्वतन्त्रता की अवैयक्तिक भावना उदय हो गई, उन्होंने भी आन्दोलन से अलग होकर अपनी आत्मा के मन्दिर में प्रवेश किया ।

ब्रिटिश शासन के दुष्कृत्यों एवं स्वाधीनता की लहर के कारण सन् १९०५ के प्रारम्भिक दिनों में ही बंगाल भी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

एक सुप्त ज्वालामुखी की भाँति हो गया था । तत्कालीन वायसराय की उद्दण्डता ने उस ज्वाला में घी डालने का काम किया । कलकत्ता नगरपालिका व विश्वविद्यालय बिल का उग्र विरोध चल रहा था । ऐसे ही काल में ११ फरवरी, सन् १९०५ को कलकत्ता विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में लार्ड कर्जन स्वयं पधारने वाले थे । हठवादी वायसराय ने अपने क्रोध को व्यक्त करने का यह अच्छा अवसर ढूँढ़ निकाला, अत्यन्त असभ्य, अपमानजनक भाषा में स्नातकों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा—"पश्चिम देश की तुलना में शारीरिक, बौद्धिक अथवा नैतिक दृष्टि से यदि पूर्व की प्रमुख विशेषता को यदि मुझे एक ही शब्द कहना पड़े तो मुझे उसके लिये गप्प मारना या डींग मारना शब्द को ही प्रयोग में लाना होगा । यह देशी प्रेस के लिये और भी अधिक उपयुक्त है ।"

विशाल मण्डप में न्यायाधीश बनर्जी के निकट बैठीं निवेदिता धर्म-प्रधान भारतीय जन-जीवन पर असत्य-वादिता के भीषण आरोप को सुनकर क्रोध से आग-बबूला हो उठीं, यह असहनीय था । कार्यक्रम समाप्त होते ही बाहर आकर झल्लाकर वे बोल उठीं—"मैं सिद्ध कर दूँगी कि लॉर्ड कर्जन स्वयं झूठा व्यक्ति है ।" विद्वत् मण्डली उनके तमतमाये हुए चेहरे को चकित होकर देख रही थी, किन्तु न्यायाधीश महोदय को विश्वास था कि तथ्यों के आधार पर बोलना निवेदिता का स्वभाव है । भगिनी उसी क्षण न्यायाधीश महोदय को लेकर इम्पीरियल लाइब्रेरी में गईं तथा अल्मारी से ढूँढ़कर एक पुस्तक निकाली और एक पृष्ठ खोलकर न्यायाधीश महोदय के हाथों पर रख दिया । श्रीयुत बनर्जी महोदय के आश्चर्य का ठिकाना न रहा । जब उन्होंने देखा कि उक्त पुस्तक 'प्रोबलम्स ऑफ ईस्ट" के लेखक लॉर्ड कर्जन स्वयं थे तथा पृष्ठ पर एक घटना का उल्लेख किया हुआ था जिसमें उन्होंने जान-बूझकर झूठ बोला था । मन ही मन न्यायाधीश महोदय भगिनी के प्रकाण्ड पाण्डित्य पर चकित थे । आज भगिनी में उन्होंने एक वीरांगना के दर्शन किये थे । दूसरे दिन अमृतबाजार पत्रिका में लॉर्ड कर्जन की पोल खोलते हुए "झूठा कौन" शीर्षक सम्पादकीय प्रकाशित हुआ जिसकी प्रेरणा भगिनी निवेदिता ने ही दी थी । इससे जनता की दृष्टि में लॉर्ड झूठे साबित हो गये ।

बंग-भंग के आन्दोलन में भगिनी निवेदिता ने अस्वस्थ होने पर भी खुलकर भाग लिया । इस विषय की प्रथम सभा में भाषण देते हुए उन्होंने कहा था—"हम अपने संघर्ष को उस समय तक जारी रखेंगे जब तक कि भारतीय वीरों के बलिदान, बंग-भंग की इस अपमानजनक दीवार को तोड़कर हमारे प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिये अंग्रेजों को बाध्य न कर लेंगे ।"

स्वदेशी के बारे में आपने एक बार कहा था कि—"एक समय आयेगा जब जो वस्तु स्वदेश में प्राप्त होती है उसे विदेश से खरीदने वालों की गणना गौ हत्यारों में की जायेगी क्योंकि दोनों अपराध नैतिक दृष्टि से समान प्रतीत होते हैं ।"

निवेदिता ने कलकत्ता कांग्रेस के अवसर पर बड़े परिश्रम के साथ स्वदेशी प्रदर्शनी का आयोजन किया था । जिसमें स्वदेशी हस्तकला के बहुत से नमूने संग्रहीत किये गये थे । इसी अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय झण्डे का एक रूप प्रस्तुत किया था । उसमें भगवे रंग के ऊपर वज्र का चिह्न अंकित किया था । राष्ट्रीय पताका का यह प्रारम्भिक रूप था जो विकसित होते हुए वर्तमान रूप में आया ।

सन् १९०५ में कांग्रेस के अध्यक्ष श्री गोखले ने भगिनी निवेदिता को विशेष रूप से आमन्त्रित किया था उस समय विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का प्रस्ताव विशेष रूप से विचारणीय था किन्तु गोखले जी की अनुमति से निवेदिता को उस समय अनुपस्थित रहना पड़ा । वे प्रारम्भ ही से क्रान्तिकारी मनोवृत्ति की थीं । अतः उन्हें कांग्रेस की शान्तिपूर्ण नीति पसन्द नहीं थी । देशभक्ति की प्रेरणा प्राप्त करने के लिये उन्होंने राजस्थान की यात्रा की और वीरों के बलिदान-स्थलों पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पण की ।

क्रान्तिकारी आन्दोलन का दमन-चक्र जोरों से चल रहा था किन्तु निवेदिता का निवास-स्थान उन सबके लिये आश्रय स्थान बन रहा था । उन्होंने न केवल क्रान्तिकारियों को क्रान्ति की दीक्षा दी थी किन्तु अनेक क्रान्तिकारियों को बम बनाने तक की शिक्षा दी थी । कई तरुणों को तो उन्होंने इसी निमित्त विदेशों में भेजा था । जब भूपेन्द्रनाथ दत्त (स्वामी जी के भाई) को दस हजार का दण्ड दिया गया तब निवेदिता ही उसे चुकाने में सहायक हुईं ।

सन् १९०७ में निवेदिता ने फिर इंग्लैण्ड की यात्रा की और वहाँ अपने परिवार वालों से पाँच वर्ष बाद मिलने पर भी अपने लेखन कार्य को जारी रखने के साथ ही संसद के प्रमुख सदस्यों से मिलकर उन्हें भारत का समर्थक बनाया । इतना ही नहीं अपितु वहाँ के प्रमुख पत्र-सम्पादकों को भी भारत के पक्ष में लिखने के लिये प्रेरित किया । इससे भी सन्तुष्ट न होकर इन्होंने पेरिस से "इण्डियन नेशनलिस्ट", बर्लिन से "तलवार" तथा जिनेवा से "वन्देमातरम्" पत्रों के प्रकाशन की प्रेरणा दी ।

इसके बाद उन्होंने अमेरिका में तीन मास निवास कर प्रमुख नगरों की यात्रा की । विशेष राजनीतिज्ञों और

पत्रकारों से मिलकर उन्होंने भारत का समर्थन करवाया । अमेरिका प्रवासी भारतीय क्रान्तिकारियों से भेंटकर उनके लिये चन्द्रनगर में निवास करने की व्यवस्था की । इसके अतिरिक्त अपने विद्यालय के लिये धनसंग्रह और स्वामी जी के पत्रों को एकत्र करने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया । भारत के आन्दोलन का उन्हें सदा ध्यान रहता था । अपनी मरणासन्न माता के दर्शन करने के लिये वे १९०९ में विलायत लौटीं, किन्तु उसी वर्ष जुलाई में भारत के लिये प्रस्थान कर दिया, यहाँ भारत में, कई क्रान्तिकारियों की हत्यायें हो चुकी थीं और क्रान्तिकारी जेलों में सड़ रहे थे । उनकी सेवा-सुश्रुषा के लिये निवेदिता ने अपने बन्धु-बान्धवों का मोह भी त्याग दिया ।

अमेरिका की श्रीमती बुल, स्वामी जी की अनन्यतम शिष्याओं में से थीं । उन्हीं की सहायता से 'बैलूर मठ', 'निवेदिता बालिका विद्यालय' तथा 'बोस अनुसन्धान संस्थान' स्थापित किये जा सके थे । उनको स्वामी जी धीरा माता कहा करते थे । इनकी बीमारी का समाचार पाकर निवेदिता सन् १९१० में बोस्टन नगर पहुँचीं और उन्होंने उनकी अथक सेवा की किन्तु वे उन्हें मृत्यु के मुख से न बचा सकीं । उसके पहले वे अपनी प्रिय संस्थाओं को सहस्रों पौण्ड अपने वसीयतनामे के द्वारा दान कर गई थीं । वहाँ से लौटकर निवेदिता ने भी अपने कार्य से विश्राम ले लिया । उनके देखते ही देखते एक के बाद एक स्वामी जी के सभी साथी उन्हें छोड़ते चले जा रहे थे । उन्होंने भी जलवायु परिवर्तन के लिये दार्जिलिंग की ओर प्रस्थान किया । वहाँ वे स्वास्थ्य लाभ न कर सकीं । धीरे-धीरे उनकी हालत बिगड़ती ही गई । मृत्यु के ४ दिन पूर्व उन्होंने एक बड़ा मार्मिक लेख लिखा जिससे आगामी घटना का स्पष्ट पता लगता है । उनके मुख से अन्तिम प्रार्थना निकली—

असतो मा सद्गमय ।
तमसो या ज्योतिर्गमय ।
मृत्यो मा अमृतं गमय ।

मृत्यु के पूर्व उन्होंने अपनी डायरी में ये चिरस्मरणीय शब्द लिखे—"मेरा प्रियतम वह चिरानन्द सर्वप्रिय है जो इस खिड़की से झाँक रहा है, जो इस द्वार को खटखटा रहा है । ओह प्रियतम ! मेरा सार सर्वस्व तुम्हारा ही है ।"

तेरह अक्टूबर को उनका प्रयाण दिवस आ गया । बैलूर मठ से श्री गानेन महाराज प्रसाद लेकर पहुँच गये । मानो निवेदिता के प्राण इसी के लिये अटके थे । प्रसाद पाने के बाद वह बोल पड़ीं—"टूटी नाव अब डूब रही है । परन्तु मेरा विश्वास है कि उदय होते ही दर्शन अवश्य करूँगी" और वह दिव्यवाणी सदैव के लिये मूक हो गई ।

सारे देश में इस समाचार के साथ शोक छा गया । बड़े समारोह के साथ उनका अन्तिम संस्कार सम्पन्न हुआ । उनकी समाधि पर ये शब्द अंकित मिलते हैं—

"यहाँ चिरशान्ति में लीन हैं—भगिनी निवेदिता" जिन्होंने भारत के लिये अपना सर्वस्व निछावर कर दिया ।"

एक बार किसी ने श्री अरविन्द से पूछा था कि निवेदिता ने अपना आध्यात्मिक कार्य छोड़कर क्रान्तिकारी आन्दोलन में क्यों प्रवेश किया ? श्री अरविन्द ने उत्तर दिया—अपने गुरु के आदेश से । निवेदिता की आध्यात्मिक साधना के विषय में पूछने पर उन्होंने कहा—उनमें समाधि लगाने की स्वाभाविक प्रवृत्ति थी ।

आज चाहे भारत भले ही निवेदिता को भुला दे किन्तु उनका अक्षय ऋण भारत के धर्म, राजनीति, शिक्षा नीति और समाज सुधार के क्षेत्र में सदा अमर रहेगा । विवेकानन्द के आदर्श के अनुसार, एक दिन भारत फिर से संसार के गुरु का स्थान ग्रहण करेगा । निवेदिता की प्रेरणा से उनके गुरु की दी हुई शक्ति से भारत की सुप्त कुण्डलिनी शक्ति जागृत हो गई । उन्होंने शिक्षा की नवीन पद्धति का प्रयोग किया, नारी जागरण को बल दिया, भारतीय चित्रकला तथा हस्तकलाओं के क्षेत्र में योगदान दिया, पत्रकारिता को नई दिशा दी, विदेशों को भारतीय संस्कृति का परिचय दिया तथा भारत को भक्ति की दिव्यवाणी से माँ काली के स्वरूप का ज्ञान कराया । स्वतन्त्रता आन्दोलन को नवीन शक्ति प्रदान की तथा अपनी लेखनी से अपार साहित्य का सृजन किया । इन कारणों से संसार में वे सदा अविस्मरणीय रहेंगी ।

इस सन्दर्भ में रवीन्द्रनाथ ठाकुर का एक चित्र सामने आता है, उसमें भारत माता के हृदय में निवेदिता खड़ी हैं । उनके सिर पर विवेकानन्द हैं और उनके ऊपर ध्यान मग्न रामकृष्ण हैं । निवेदिता के दोनों ओर जगदीश बोस और एक ओर स्वयं रवीन्द्रनाथ हैं और एक ओर रामानन्द, मोतीलाल तथा तिलक, गोखले आदि नेता हैं, यह चित्र प्रतीकात्मक है ।

यहाँ निवेदिता के सम्बन्ध में श्री अरविन्द का एक वाक्य उद्धृत करेंगे । 'भगिनी निवेदिता के प्रति हमारे ऋण का कोई अन्त नहीं है ।'

भगिनी निवेदिता अपने समय के जिन-जिन महापुरुषों के सम्पर्क में आईं उन सभी ने उनके प्रति उच्चभाव प्रकट किये हैं । श्री रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने लिखा—"वास्तव में निवेदिता जगत जननी थीं । हमने शायद ही कभी इतने मातृस्नेह के दर्शन किये होंगे जो अपने परिवार क्षेत्र से बाहर एक सम्पूर्ण देश को आत्मसात कर सकता

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

हो ।" श्री यदुनाथ सरकार के शब्दों में—"वे राष्ट्रवादियों में अग्रगण्य थीं ।" श्री विपिनचन्द पाल ने कहा—"वे हमारे मध्य आत्म-समर्पण के भाव से प्रेरित होकर आई थीं ।" श्री मोतीलाल बोस ने लिखा है—"वे दग्ध मानवता को सुख प्रदान करने के लिये मानव रूप में एक देवी थीं ।" श्री दिनेशचन्द सेन ने कहा—"निस्पृह व्यक्तित्व का केवल आज ही मैं दर्शन कर सका हूँ ।"

प्रसिद्ध दार्शनिक रोम्यां रोलाँ ने उनके सम्बन्ध में लिखा था—"जिस प्रकार सेण्ट क्लारा का नाम सेण्ट फ्रान्सिस से जुड़ा है, इसी प्रकार दक्षिणेश्वर की काली के साथ विवेकानन्द का तथा उनके साथ भगिनी निवेदिता का नाम सदैव जुड़ा रहेगा ।"

मानवमात्र में आत्मीयता की भावना, सेवा-धर्म की सर्वोपरिता और परोपकार के महान् आदर्श की प्रेरणा तो हम भगिनी निवेदिता के चरित्र से ग्रहण कर ही सकते हैं, पर उनकी एक बड़ी शिक्षा की तरफ अभी तक हमने थोड़ा ही ध्यान दिया है—वह यह है कि भारतीय नारी को ऊँचा उठने के लिये उचित अवसर और सुयोग प्रदान किया जाये । नारी क्या कर सकती है ? इसका एक बहुत बड़ा और अकाट्य उदाहरण उन्होंने अपने चरित्र और कार्यों से दिखाया । धार्मिक, शिक्षा सम्बन्धी, कला सम्बन्धी, राजनैतिक, आध्यात्मिक सभी क्षेत्रों में उन्होंने ऐसा काम कर दिखाया जिसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती ।

पीड़ित मानवता की सेविका : फ्लोरेन्स नाइटिंगेल

संसार के सामाजिक इतिहास में स्त्रियों की स्थिति सदा से प्रायः पराश्रित जैसी रही है । यद्यपि मानव सभ्यता की आदिम अवस्था में घर-गृहस्थी की बागडोर पूर्णरूप से उसी के हाथ में थी और अनेक प्रदेशों में पुरुष के बजाय उसी को परिवार का मुखिया माना जाता था, तो भी शारीरिक शक्ति में पुरुष से न्यून होने और प्रसवावस्था में कुछ समय तक सर्वथा असहाय हो जाने के कारण उसे प्रायः पुरुष का आधिपत्य स्वीकार करना ही पड़ा । फिर बीच के समय में तो ऐसी स्थिति आ गई जबकि स्त्रियों की दशा दास (गुलामों) जैसी हो गई । उस समय शक्तिशाली और सत्ताधीश व्यक्ति सैकड़ों स्त्रियों को पत्नी, रखैल और दासियों के रूप में रखा करते थे ।

स्त्रियों की ऐसी पराधीन अवस्था में यदि अधिकांश स्त्रियों का जीवन घर के चूल्हा-चक्की तक ही सीमित रहता है और सांसारिक अनुभव की दृष्टि से वे कूप-मण्डूक ही बनी रहती हैं तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है । विशेषकर हमारे भारतवर्ष में, जहाँ बड़े घरों और उच्च-जातियों की स्त्रियों को तो पर्दे के भीतर बन्द रखा जाता हो और छोटी जाति की स्त्रियाँ गाय-बैलों की तरह घर के काम-काज और खेतों में परिश्रम के लिये उपयोगी समझी जाती हों, वहाँ सामाजिक या राष्ट्रीय क्षेत्र में स्त्रियों का किसी रूप में आगे बढ़कर कोई उल्लेखनीय कार्य कर सकना कहाँ तक सम्भव हो सकता था ?

वैसे चरित्र, सेवा-भाव, त्यागमय-जीवन की दृष्टि से भारतीय स्त्रियाँ प्राचीनकाल से आज तक प्रसिद्ध रही हैं, पर उनके ये समस्त गुण और विशेषतायें परिवार के अत्यन्त सीमित क्षेत्र में ही समाप्त हो जाते हैं । कभी लाखों-करोड़ों स्त्रियों में से एकाध, अवसर पा जाने से अपनी योग्यता का परिचय दे सकीं तो उसे अपवाद की तरह मान लिया जाता है ।

ऐसी अवस्था में जब हम विदेशों की उन अनेक महिलाओं का वर्णन पढ़ते हैं, जिन्होंने मानव-सेवा और ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में पुरुषों के समान ही महत्त्व के कार्य किये हैं तो हमारे हृदय में उनके प्रति आन्तरिक श्रद्धा-भाव उत्पन्न होता है । जब हम यह देखते हैं कि इन देवियों ने स्वेच्छा से संसार के समस्त सुखों का त्याग करके कठिनाइयों का जीवन स्वीकार किया और आजीवन परिश्रम करके लाखों-करोड़ों व्यक्तियों के कष्टों को दूर किया तो उनको एक दैवी आत्मा मानकर भक्तिभाव से मस्तक झुकाना ही पड़ता है । ऐसी ही एक परम पूज्य देवी 'फ्लोरेन्स नाइटिंगेल' थीं, जिसके अद्भुत त्याग और अपूर्व सेवा-भाव की गाथा आज देश और विदेशों में लिखी और पढ़ी जाती है ।

नाइटिंगेल (सन् १८२० से १९१०) का जन्म इंग्लैण्ड के एक धनी परिवार में हुआ था । उस समय तक उस तरह के बड़े घरों की कन्यायें सिवाय संगीत, नृत्य और शानदार उत्सवों में भाग लेने के और कुछ नहीं करती थीं । उनके जीवन की सबसे-बड़ी सफलता यही मानी जाती थी कि वे किसी बड़े और मानवीय युवक को आकर्षित करके उसकी सहधर्मिणी बन जायें और जीवनभर 'भद्र-समाज' के सभा-समाजों और जलसों की शोभा बढ़ाती रहें । पर न जाने किस दैवी-प्रेरणा से नाइटिंगेल इस मार्ग से बाहर निकल गई । कहा जाता है कि जब वह ६ वर्ष की थी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

तभी कहा करती थी कि 'ईश्वर ने ७ फरवरी, सन् १८३७ में मुझे अपनी सेवा के लिये बुलाया है ।' वह ये शब्द ईश्वर पर दृढ़ विश्वास और बाल सुलभ प्रेरणा से ही कहती थी, पर वह नहीं समझती थी कि वह 'सेवा' क्या होगी और कहाँ तथा कैसे की जायेगी ? पर इस बात से हम यह अनुमान कर सकते हैं कि जैसे संसार की अनेक महान घटनाओं में एक प्रकार की 'दैवी प्रेरणा' दिखाई पड़ा करती है, वैसा ही कोई अदृश्य और अज्ञात प्रभाव नाइटिंगेल पर भी पड़ रहा था ।

नाइटिंगेल का ध्यान आरम्भिक अवस्था से ही गरीबों और दुःखियों की दुर्दशा की ओर चला गया था । वैसे उसके माता-पिता भी बड़े दयालु स्वभाव के थे । वे अपने गरीब पड़ौसियों की सहायतार्थ सदा प्रस्तुत रहते थे तो भी उनका व्यवहार वैसा ही था जैसे बड़े, छोटों के ऊपर कृपा करके किया करते हैं, पर नाइटिंगेल को केवल इतने 'परोपकार' से सन्तोष नहीं होता था, वह दूसरों का दुःख देखकर स्वयं दुःखी हो जाती थी । गरीब और साधनहीन लोगों की दीनावस्था देखकर उसे अपनी सम्पन्नता और सुख-सामग्री की बहुलता खटकने लगती थी । वह सोचती थी कि भगवान ने सब लोगों को सुखी और सम्पन्न ही क्यों न बनाया ? इस प्रकार की भावनाओं का परिणाम यह हुआ कि युवावस्था में ही वह त्याग और संयम का जीवन बिताने लगी । वह सदा ऐसे अवसर ढूँढ़ती रहती थी जब किसी अभावग्रस्त की किसी प्रकार की सेवा सहायता करने का अवसर प्राप्त हो सके ।

यद्यपि नाइटिंगेल सभी दीन-दुःखियों की सहायतार्थ तत्पर रहती थी, पर उसका विशेष ध्यान 'रोगी परिचर्या' की तरफ था । उस समय तक अस्पतालों का प्रचार कम ही हुआ था और उनकी व्यवस्था सन्तोषजनक नहीं थी । उनमें रोगियों की सेवा के लिये आजकल की तरह 'नर्सों' (दाइयों) की व्यवस्था नाम मात्र को ही आरम्भ हुई थी । इस कार्य को हीनता का कार्य समझा जाता था, जिससे केवल बहुत छोटे और सभ्यता-शिष्टता की दृष्टि से पिछड़े घरों की स्त्रियाँ हीं इस कार्य के लिये तैयार होती थीं । उनको वेतन बहुत कम दिया जाता था, इस कारण वे अपना काम भी बड़ी लापरवाही स करती थीं । उनका रहन-सहन बहुत गन्दा और चरित्र निम्न स्तर का था । इससे रोगियों को अस्पतालों में भी आराम नहीं मिलता था, घरों में तो नर्सों के आकर सेवा करने का रिवाज ही जारी नहीं हुआ था । इसलिये सभी श्रेणियों को बीमारी की दशा में बहुत कष्ट उठाना पड़ता था और मृत्यु का औसत भी वर्तमान समय की अपेक्षा कहीं अधिक था ।

नर्सिंग (धातृ-विद्या) की शिक्षा प्राप्त करना

जब सामान्य दर्जे के लोग भी अस्पताली नर्सों के धन्धे को नीची निगाह से देखते थे तो नाइटिंगेल के माता-पिता जो उच्चवर्ग के सम्मानित सदस्य थे, अपनी पुत्री को कैसे इस कार्य की अनुमति दे सकते थे, उन्होंने सैर-तमाशे और मनोरंजन के विविध साधनों द्वारा उसके विचारों को बदलना चाहा और एक मित्र के साथ उसे रोम की सैर करने को भेज दिया । उनका ख्याल था कि रोम की शानो-शौकत और शिल्प-सौन्दर्य को देखकर, उसका ध्यान उच्चकोटि की कलाओं की तरफ चला जायेगा पर वहाँ पहुँचकर नगर की शोभा और मूर्तियों की कला को देखने के बजाय वह 'रोमन कैथोलिक सिस्टर्स' के सेवा कार्यों का अवलोकन करने लगी और प्रत्यक्ष अनुभव करने की अभिलाषा से 'पवित्र हृदय मठ' नामक संस्था में दस दिन तक निवास करने चली गई । वहाँ रहकर उसने उक्त संस्थान के संगठन और कार्य-प्रणाली का अध्ययन किया ।

रोम में ही उसकी भेंट इंग्लैण्ड के भूतपूर्व युद्ध सचिव श्री सिडनी हर्बर्ट से हो गई । इन दोनों के सेवाभावी विचार एक-दूसरे से मिलते थे, इसलिये शीघ्र ही दोनों में घनिष्ठ मित्रता का सम्बन्ध हो गया । श्री हर्बर्ट एक धार्मिक प्रवृत्ति के और विवाहित सज्जन थे तथा उनकी धर्मपत्नी से भी नाइटिंगेल की गाढ़ी मित्रता थी । एक श्री हर्बर्ट ही क्या नाइटिंगेल की योग्यता, सद्व्यवहार, आकर्षकवाणी और शारीरिक सौन्दर्य के कारण उसके अनेक मित्र हो गये थे और अनेक उच्च पदस्थ व्यक्ति उससे विवाह करने को भी इच्छुक थे पर उसका ध्यान 'सेवा-कार्य' की तरफ इतना अधिक था कि उसने घर-गृहस्थी का भार अपने ऊपर लेना पसन्द ही नहीं किया ।

यात्रा और चिकित्सालयों का अनुभव

रोम में ६ मास बिताने के पश्चात् नाइटिंगेल अपने घर वापस आ गई । वह 'नर्स' के कार्य की व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त करना चाहती थी पर इंग्लैण्ड मे इसकी कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी । इसके लिये कुछ स्त्रियों को वहाँ के 'सेंटसबरी अस्पताल' में रखकर यह कार्य साधारण रूप से सिखा दिया जाता था । नाइटिंगेल ने वहीं जाने की इच्छा प्रकट की, पर एक तो वहाँ बहुत अधिक भ्रष्टाचार फैला हुआ था और दूसरे जो स्त्रियाँ वहाँ जाती थीं वे समाज के बहुत निम्न स्तर के परिवारों की होती थीं इसलिये नाइटिंगेल के माता-पिता ने उसको वहाँ जाने की अनुमति नहीं दी । तब वह इस उद्देश्य से यूरोप के अन्य देशों की यात्रा के लिये चल दी जहाँ उसे इस विषय की उपयुक्त शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा वहीं रहकर इसका

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

ज्ञान प्राप्त करेगी । सन् १८४६ में वह पेरिस पहुँची, वहाँ 'कैथोलिक मिशन' की दो 'सिस्टर्स' से उसकी पहचान हो गई । उनका परिचय-पत्र लेकर वह पूरा यूरोप पार करके मिस्र के 'अलैकजैण्ड्रिया' नगर में पहुँची जहाँ उक्त संस्था के कई अस्पताल और स्कूल चलाये जा रहे थे । यहीं उसने सबसे पहले अस्पतालों के प्रबन्ध में अनुशासन का सबक सीखा ।

मिस्र से वापस लौटते समय नाइटिंगेल जर्मनी के 'कैसरवर्थ' में ईसाई धार्मिक महिलाओं की धातृ-विद्या सम्बन्धी संस्था को देखने गई और वहाँ १५ दिन ठहर कर उनकी कार्यप्रणाली को देखा । उसे मालूम हुआ कि उसमें जो स्त्रियाँ कार्य सीखने आती हैं, वे वेतन के लोभ से नहीं आतीं वरन् उनके हृदय में दीन-दुःखियों की सेवा के भाव पूरी तरह मौजूद हैं और वे अपना धर्म-कर्त्तव्य समझकर ही इस कार्य को करती हैं । नाइटिंगेल ने इंग्लैण्ड लौटकर अपने माता-पिता को इस संस्था का हाल बताया । कुछ महीने बाद वह अपनी एक बहिन के साथ पुनः 'कैसरवर्थ' गई और चार महीने तक रहकर वहाँ की पूरी शिक्षा प्राप्त की । उसे एक पादरिन के कठोर नियन्त्रण में रहना पड़ता था, बड़े सवेरे उठकर अपना समस्त सेवा-कार्य स्वयं करना होता था, भगिनी-समाज का बहुत साधारण भोजन करना पड़ता था और तब धातृ-विद्या सम्बन्धी व्याख्यानों को कई घण्टे तक सुनना पड़ता था । एक बड़े घर की कोमल और सुकुमार प्रकृति की नारी के लिये इस प्रकार का जीवन निःसन्देह कठिन और आत्म-त्याग का था, पर उसकी 'सेवा-भाव' की लगन सच्ची थी इसलिये वह वहाँ प्रसन्नता पूर्वक ठहरी रही । उसे सन्तोष था कि यहाँ रहकर वह उस ज्ञान को प्राप्त कर रही है, जो उसके महान उद्देश्य की पूर्ति के लिये आवश्यक है ।

इसके अतिरिक्त नाइटिंगेल ने अन्य कितने ही ऐसे स्थानों की यात्रा की जहाँ रोगियों की सेवा का कार्य उत्तम रीति से चलाया जाता था । इसका वर्णन करते हुए 'पश्चिमी मानव सेविकायें' नामक पुस्तिका में बतलाया है—'नाइटिंगेल ने चेष्टा करके वे ही स्थान तलाश किये जहाँ दुःखियों और मोहताजों के लिये किसी प्रकार का अच्छा कार्य किया जा रहा था । कई बार उसने सोचा और अन्त में यही निश्चय किया कि उसे केवल वही काम चुनना चाहिये जिसकी उसके देश में आवश्यकता हो और जिसके वहाँ पूरा हो सकने की सम्भावना हो ।' उसका काम एक नेता की तरह केवल मार्ग प्रदर्शन और संकेत कर देना नहीं है, उसे तो अपना रास्ता स्वयं परिश्रम करने बनाना होगा । यूरोपीय महाद्वीप की यात्रा करने के पश्चात् वह उस मार्ग के अवलम्बन करने का दृढ़ निश्चय लेकर लौटी जिस पर चलना उसने अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था । वह जानती थी कि सारे दुराग्रहों और कड़े विरोधों को उसे स्वयं अपने हाथों से दूर करना होगा । उसने अपने आस-पास और लन्दन नगर में जीवन के उस खोखलेपन का अनुभव किया, जो सामाजिक रूढ़ियों के कारण उसे मानव-सेवा करने से रोक रहा था । ऐसी मनोभावना और परिस्थिति में उसने अपने एक मित्र को लिखा—

"इस वर्ष भी कुछ कार्य न हो सका और न मुझे विश्वास है कि आगे चलकर हो सकेगा । मुझे अपने युवावस्था के जीवन से इसके अतिरिक्त और कोई लाभ नहीं जान पड़ता कि मेरी आयु का एक-एक वर्ष निष्फल होकर न्यून होता जाता है । मैं कभी किसी कार्य के योग्य न हो पाऊँगी । मेरा जीवन धूल और राख से भी गया-बीता हो रहा है । हे ईश्वर ! मेरा क्या होगा ? इन सब बातों से मेरा निस्तार कैसे होगा ? मुझे कुछ करने का अवसर दीजिये ।"

नाइटिंगेल किसलिये दुःखित थी ? उसे भरा-पूरा परिवार, बहिन-भाई, दास-दासी सब कुछ उपलब्ध थे, और 'उच्च श्रेणी' के कहलाने वाले सांसारिक मनुष्य भी जो कुछ करते हैं उसका उद्देश्य इन्हीं वस्तुओं को प्राप्त करना होता है । अगर इस स्थिति को 'ईमानदारी' का व्यवहार करके प्राप्त किया जा सके तो आजकल की दुनिया में उसे कोई बुरा भी नहीं कहता पर फिर भी नाइटिंगेल अपनी आत्मा के भीतर एक व्याकुलता और घोर अभाव का अनुभव कर रही थी । उसे सदैव यही जान पड़ता था कि इस प्रकार खाने-पीने और सुखपूर्वक समय व्यतीत कर देने में जीवन की सार्थकता नहीं है, भगवान ने हमको केवल इन्हीं बातों के लिये संसार में नहीं भेजा है, मानव-जीवन का उद्देश्य इससे बहुत ऊँचा है । अच्छा भोजन, वस्त्र, मकान आदि तो भले-बुरे, सज्जन-दुष्ट, परिश्रमी, आलसी सभी को मिल सकता है पर यदि हमारा जीवन दूसरों के लिये उपयोगी सिद्ध नहीं होता, हम भगवान की सृष्टि को अधिक उत्तम, रहने योग्य बनाने में कुछ योगदान नहीं करते तो वह जीवन 'सार्थक' नहीं कहा जा सकता ।

हम समझते हैं कि ये विचार हमारे यहाँ अधिकांश नर-नारियों को कुछ अजीब से जान पड़ेंगे । यहाँ अधिकांश व्यक्ति तो अभी 'सामाजिकता' का अर्थ ही नहीं समझते । अपने छोटे से परिवार या अल्पसंख्यक बिरादरी (जाति) के घेरे के भीतर रहकर, उसके रीति-रिवाजों का पालन करते हुए, अगर वे अच्छी तरह कमा और खा सकते हैं तो वे इसको अपनी जीवन की पूर्ण सफलता मान लेते हैं । इससे यदि किसी का विचार आगे बढ़ता है और वह धर्म-कर्म

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

को भी जीवन में एक आवश्यकता मानता है, तो वह थोड़ी देर किसी तरह की पूजा-पाठ, देवोपासना, कथा-कीर्तन आदि कर लेता है और सन्तुष्ट हो जाता है कि उसने 'ईश्वर को प्रसन्न' कर लिया, पर दूसरे लोगों के कष्टों या अभावों को देखकर इतना दुःखी हो जाना कि उनको अपना 'सुखी-जीवन' भी भारी पड़ जाये—इसे वे एक भावुकता ही समझते हैं । वे ऐसे व्यक्ति की प्रशंसा में चाहे मुँह पर दो-चार बातें कह दें पर मन में और पीठ पीछे उसे मूर्ख या सनकी ही बतलायेंगे ।

खेद है कि जिस देश के मनीषियों ने सर्वप्रथम आत्मा की एकता और मनुष्यमात्र के भ्रातृ-भाव का संदेश संसार को दिया, जिन्होंने अपना समस्त धन-सम्पति, राजपाट ही नहीं वरन् अपनी हड्डियाँ तक दूसरे के हितार्थ अर्पण कर दीं, आज उन्हीं की सन्तानों को 'परोपकार' और 'सेवाधर्म' का महत्त्व समझाना कठिन हो गया है । एक पश्चिमी देशों के नर-नारी हैं जो प्रत्यक्ष में भौतिकवादी होने पर भी अपने आपद्ग्रस्त देशवासियों की सहायता के लिये तन-मन-धन अर्पण करने को तुरन्त तैयार हो जाते हैं और एक हमारे ये भाई हैं, जिन्हें इस प्रकार के कामों में सिवाय मूर्खता अथवा बहक जाने के अतिरिक्त और कुछ नजर ही नहीं आता !

अब नाइटिंगेल ने 'नर्स' के पेशे में पदार्पण करने का निश्चय कर लिया । उस समय वह समस्त इंग्लैण्ड में इस विद्या की सबसे बड़ी जानकार और सब प्रकार से सुयोग्य और चरित्रवान महिला थी । सच पूछा जाये तो 'नर्स' का पेशा उसके समान किसी त्यागमयी देवी की ही राह देख रहा था । यद्यपि इस कार्य की आवश्यकता और महत्ता को सब मन में अनुभव करते थे, पर जब तक कोई उच्चकोटि की महिला उसमें हाथ नहीं डालती तब तक उसका उचित विकास और उद्धार होना सम्भव नहीं था और किसी उच्च श्रेणी महिला का उसमें आना इसलिये कठिन था कि एक तो यह काम बड़ा परिश्रम साध्य और एक दृष्टि से अरुचिकर था, दूसरे उसका स्तर बहुत गिरा हुआ था, जिससे उच्च वर्ग की कोई भी महिला उसमें सम्मिलित होना अपने सम्मान की दृष्टि से हानिकारक समझती थी ।

अपने घर वालों तथा इष्ट-मित्रों की ऐसी विरोधात्मक भावनाओं के कारण नाइटिंगेल भी अभी तक अपने विचारों को कार्यरूप में परिणित न कर सकी थी । यह बात नहीं कि वह उस समय 'नर्सों' की पतित और हेय स्थिति को न समझती हो, पर इसी दुरावस्था का सुधार करने के उद्देश्य से तो वह इस कार्य को स्वयं आरम्भ करना चाहती थी । उसकी इच्छा थी कि इस पेशे का इस प्रकार सुधार किया जाये और सच्ची सेवा-भावना द्वारा उसे इतना पवित्र और सम्मानीय बनाया जाये कि किसी श्रेष्ठ स्त्री को उसमें भाग लेने में संकोच न जान पड़े । उसके शुभचिन्तक श्री सिडनी हर्बर्ट ने भी उसके इन विचारों का समर्थन किया और स्वयं मध्यस्थ बनकर उसके घर वालों से उसे अनुमति दिला दी ।

सबसे पहले नाइटिंगेल को जिस संस्था का कार्यभार ग्रहण करना पड़ा उसका नाम था 'अमीर महिलाओं का स्वास्थ्य निकेतन' (सैनीटोरियम) । यह सन् १८५३ की बात है जब वह ३३ वर्ष की हो चुकी थी । इस कार्य में भी उसे पुराने प्रबन्धकर्ताओं द्वारा अनेक कठिनाइयों और विरोधों का सामना करना पड़ा, पर वह अब इस सम्बन्ध में इतना अनुभव प्राप्त कर चुकी थी कि शीघ्र ही उसने सब स्त्री-पुरुष कार्यकर्ताओं को अधिकार में कर लिया । उसकी कार्यकुशलता से संस्था का नाम कुछ ही महीनों में इतना बढ़ गया कि पुराने मकान को छोड़कर एक नया मकान लेना पड़ा । इस सम्बन्ध में उसका सबसे मुख्य सिद्धान्त था 'सफाई' । इस काम के लिये स्वच्छ वायु की आवश्यकता थी । अभी तक रोगियों के कमरों की खिड़कियाँ बन्द रखने का नियम था, पर नाइटिंगेल ने उनको खुला रखने का आदेश दे दिया और इससे रोगियों का स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा शीघ्र सुधरने लगा । इस प्रकार के कितने ही सुधार उसने उक्त संस्था में किये, जिससे उसकी ख्याति चिकित्सा क्षेत्र में दूर-दूर तक फैल गई । इसी समय सन् १८५४ के सितम्बर मास में क्रीमिया का युद्ध छिड़ गया । वैसे तो यह रूस और टर्की के बीच आरम्भ हुआ था । पर इंग्लैण्ड ने टर्की का पक्ष लिया और अपनी सेना को क्रीमिया के युद्ध क्षेत्र में भेज दिया । उस समय वहाँ कितनी ही बातों की ठीक व्यवस्था नहीं हो सकी थी, जिससे सिपाहियों को तकलीफ उठानी पड़ती थी । खास कर घायलों और रोगियों की बड़ी दुर्दशा थी । साधनों की कमी और अधिकारियों की लापरवाही से उनकी स्थिति बड़ी असन्तोषजनक हो रही थी । इसके फलस्वरूप उनकी मृत्यु संख्या भी बहुत अधिक थी । इसका वर्णन करते हुए इंग्लैण्ड के प्रमुख पत्र 'टाइम्स' के युद्ध-क्षेत्र स्थित सम्वाददाता ने निम्नलिखित पत्र भेजा था—

"सर्व साधारण के लिये यह बड़े आश्चर्य और दुःख का विषय है कि यहाँ घायलों की रक्षा के लिये उचित प्रबन्ध नहीं है । न तो यहाँ सर्जनों की ही पर्याप्त संख्या है और न नर्स और पट्टी बाँधनेवाली स्त्रियों की ही । इस त्रुटि के लिये किसी को दोष न देकर यह समझ लेना चाहिये कि यह प्रचलित परिचर्या-प्रणाली का ही अपराध है । जहाँ घायलों के घावों पर पट्टियाँ बाँधने को वस्त्रों तक का अभाव हो, उसके सम्बन्ध में भला और क्या कहा जाये ? स्कूटारी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

(युद्ध क्षेत्र के पास का कस्बा जहाँ अस्पताल काम कर रहा था) के अभागे निवासियों के दुःख को देखकर लोगों के हृदय में करुणा का समुद्र उमड़ रहा है, प्रायः सब ही परिवार पट्टी आदि की आवश्यकता को पूर्ण करने के लिये अपनी पुरानी पोशाकें दे रहे हैं परन्तु यह समझ में नहीं आता कि इस आने वाली आवश्यकता का पहले ही ध्यान क्यों नहीं रखा गया ? कभी-कभी यहाँ तक होता है कि घायल लोग अलग पड़े घोर यन्त्रणा सहते हुए मृत्यु की प्रतीक्षा करते रहते हैं और उनके पास डॉक्टर झाँकने को भी नहीं आ पाते । जब रोगी एक विशाल भवन में लाये गये तो हमें आशा हुई कि वहाँ बेचारों की ठीक देख-भाल की जायेगी परन्तु जब पता लगाया तो देखा कि वहाँ तो किसी मामूली अस्पताल के समान भी औजार आदि का प्रबन्ध नहीं है । ऐसी बुरी दशा में यदि रोगी मरने लगें तो आश्चर्य ही क्या ? ब्रिटिश सेना के चिकित्सा विभाग की यह बड़ी भारी भूल है, जो वह अपने कर्त्तव्य की उपेक्षा करके मैले-कुचैले चिथड़ों की पट्टियों द्वारा अपने घायलों को स्वस्थ करने की आशा कर रहा है ।"

इस पत्र ने जनता में रोष की एक लहर फैला दी और सब विचारों के लोग सरकारी अधिकारियों पर दोषारोपण करने लगे । उस समय श्री सिडनी हर्बर्ट ही युद्ध सचिव का काम कर रहे थे । उनको तुरन्त नाइटिंगेल का ध्यान आया और उसे एक पत्र द्वारा सूचित किया कि 'घायलों के सम्बन्ध में सारे काम का निरीक्षण करने वाला वहाँ कोई नहीं है, क्या तुम जा सकती हो ?' इस पत्र को पढ़ते ही नाइटिंगेल को अनुभव हुआ कि बस 'ईश्वरीय बुलावे' का समय आ गया । उधर जनता की तरफ से युद्ध-क्षेत्र में लड़ने वाले सिपाहियों को सुख-सामिग्री एकत्रित करने के लिये एक 'निधि' स्थापित की गई और 'नर्सों (घायलों) के लिये एक अपील प्रकाशित की गई । बड़ी शीघ्रता के साथ सब बातें तय की गई और नाइटिंगेल को सरकारी तौर पर युद्ध-विभाग का एक पत्र मिला जिसके द्वारा वह टर्की में अंग्रेजी जनरल अस्पताल की 'स्त्री-सेवा-संस्था' की सुपरिन्टेन्डेण्ट नियुक्त की गई । दो दिन पश्चात् २१ अक्टूबर सन् १८५४ को वह 'स्कूटारी' के लिये रवाना हो गई । उसके साथ ३८ स्वयंसेविका 'नर्सों' का एक दल था, जिन्हें उसने उसी बीच जमा किया था और जिनकी वह परीक्षा कर चुकी थी ।

सरकारी आज्ञा द्वारा नाइटिंगेल को भेजे जाने की घोषणा होते ही उसका नाम भी चारों तरफ फैल गया । लोग कहने लगे कि 'देखो यह कैसी सज्जन और सेवाव्रती है जो धनवान, सर्वप्रिय और आकर्षक होते हुए भी अपना सुख और समृद्ध जीवन त्यागकर भय, त्रासदी और कष्टों का सामना करने को तैयार है ।' सेना के जिस प्रधान अफसर और रणक्षेत्र के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी द्वारा इस कार्य के लिये धन का प्रबन्ध करना था, उस पर धन और उपहारों की वर्षा होने लगी और समस्त जनता इस बात के लिये कटिबद्ध हो गई कि सामग्री के अभाव से एक भी घायल अंग्रेज सिपाही को न मरने दिया जाये ।

पर अब कुछ दुराग्रही लोगों ने एक नया ही राग छेड़ा । नाइटिंगेल ने जो दाइयाँ इकट्ठी की थीं उनमें रोमन कैथोलिक, एंग्लीकन और अन्य सम्प्रदायों की भी दाइयाँ थीं । चालीस दाइयों को भेजने की योजना बनाई गई थी, पर नाइटिंगेल बहुत प्रयत्न करके ३८ ही ऐसी योग्य दाइयाँ पा सकीं जो इस कठिन और असुविधाओं का जीवन स्वीकार करने के लिये आगे आईं । पर 'धर्म' के नाम पर दुराग्रह करने वाले और अन्धविश्वासी लोगों को वास्तविक कार्य से क्या मतलब ? वे तो नाइटिंगेल पर आक्षेप लगाने लगे कि उसने अपने सम्प्रदाय का पक्षपात किया है । जब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने 'नर्सों' की मुखिया को अपना आशीर्वाद दिया तब इस प्रकार के आक्षेपों का अन्त हो सका ।

इस घटना को पढ़कर हमें अपने देश के वे दृश्य याद आ जाते हैं, जहाँ परोपकार और सेवा के कार्यों में पंडित लोग और 'विद्वान' कहलाने वाले धर्मशास्त्र के नियमों के नाम पर बाल की खाल निकालने लगते हैं । वे सेवाकार्य करने वाले को प्रोत्साहन और सहायता देने के बजाय उल्टी इस प्रकार की नुक्ताचीनी करते हैं, जिससे कार्य में बाधा पड़ती है । ऐसे लोग उद्देश्य की महानता की चिन्ता न करके अपने व्यक्तिगत महत्त्व और प्रतिष्ठा के अधिक अभिलाषी होते हैं और उसी मनोवृत्ति से उत्तम पुण्य-कार्यों में भी रोड़ा अटकाने से बाज नहीं आते ।

कुछ सरकारी अफसरों ने भी इस योजना पर यह आक्षेप किया कि जो कार्य मुख्यतः पुरुषों का था, उसकी जिम्मेदारी एक स्त्री को क्यों दी गई ? उस समय तक इंग्लैण्ड में भी सार्वजनिक कार्यों और खासकर युद्ध सम्बन्धी कार्यों में स्त्रियों का प्रवेश नहीं हुआ था और इस कार्य का भार उठाने के लिये बड़े साहस की आवश्यकता थी, पर जब फ्लोरेन्स को महारानी का प्रोत्साहन वाला संदेश मिल गया तो उसने ऐसे स्वयंभू आलोचकों की कुछ परवाह न की और दृढ़तापूर्वक कर्म-क्षेत्र में पहुँचकर कर्त्तव्य-पालन में प्रवृत्त हो गई ।

घायलों की स्थिति में सुधार

जब फ्लोरेन्स अपने नर्स-दल के साथ 'स्कूटारी' पहुँची तो उसे अस्पताल के लिये तुर्कों की लम्बी-चौड़ी बारकें दे

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दी गई । यहाँ पर चार अस्पताल थे, जिनमें से एक पहले का बना 'जनरल हॉस्पिटल' था इसकी दशा कुछ अच्छी थी और उसमें घायलों तथा रोगियों की संख्या लगभग एक हजार थी । दूसरा यही बारकों वाला अस्पताल था । इनके अतिरिक्त दो और थे । जिस समय फ्लोरेन्स वहाँ पहुँची उस समय इनकी क्या दशा थी इस सम्बन्ध में कहा गया था—

"ये सब अस्पताल असाधारणरूप से अस्वास्थ्यकर तथा गन्दे थे और उनमें रोगियों का बुरी तरह जमघट था । जो जहाज क्रीमिया से रोगियों और घायलों को वहाँ लाते थे, उनमें चिकित्सा तथा सेवा सुश्रूषा की कोई व्यवस्था न थी । बालबलेवा के युद्ध क्षेत्र से स्कूटारी तक आने में जहाजों को ८$\frac{१}{२}$ दिन लगते थे । अव्यवस्था के कारण हर जहाज में एक हजार में से ७४ व्यक्ति रास्ते में ही मर जाते थे । रोगियों को जहाज से उतारने में भी बड़ा कष्ट होता था । जिन लोगों को चिकित्सा-शास्त्र का ज्ञान नहीं उन्होंने इन बारकों को ही अस्पताल के लिये यथेष्ट और पर्याप्त समझ लिया था । यहाँ तक कि वहाँ के प्रधान मेडीकल अफसर ने चूने से पुत जाने मात्र से उनको अस्पताल के योग्य बतला दिया, पर वास्तव में वे मकान 'रोग के घर' थे । उनमें दुर्गन्ध के मारे रोगियों का नाक में दम था । वायु के आवागमन के लिये पर्याप्त मार्ग न था । नालियों में इतना कीचड़ और कूड़ा-कर्कट भरा था कि पानी बीच में ही रुका सड़ा करता था । एक रोगी को जितना स्थान मिलना चाहिये उससे एक चौथाई ही मिलता था ।"

इन दूषित परिस्थितियों के सम्बन्ध में मिस फ्लोरेन्स ने कई वर्ष बाद रॉयल कमीशन के सामने गवाही देते हुए कहा था—"रात्रि में बारक के अस्पतालों की जो दुर्दशा रहती थी उसका वर्णन करना असम्भव है । मैंने यूरोप के अनेक बड़े-बड़े नगरों में गन्दे और भ्रष्ट मकान देखे हैं, पर इतना बुरा कोई नहीं देखा, जिसकी इस अस्पताल से तुलना की जा सके । रोगियों के लिये जिन वस्तुओं की आवश्यकता थी, उन सबकी वहाँ कमी थी । चारपाइयाँ और साधारण व्यवहार के बर्तन तक नहीं थे । पट्टी बाँधने का कपड़ा इतना मोटा और खुरदरा था कि उसकी पट्टी बँधवाने की अपेक्षा घायल कम्बलों में लिपटे रहना ही अधिक अच्छा समझते थे । वहाँ सोने के लिये कोई पृथक कमरा नहीं था और न किसी प्रकार का सामान (फर्नीचर) ही था । प्रकाश के लिये बोतलों में लगाई गई बत्तियाँ ही टिमटिमाया करती थीं और आवश्यकता पड़ने पर चीर-फाड़ के औजारों के लिये बगलें झाँकनी पड़ती थीं । ऐसी हालत में भला उन रोगियों की दीन-हीन दशा पर क्या प्रभाव पड़ सकता था जो घायल होकर या सर्दी खाकर अथवा दस्त आदि की बीमारी के कारण इतनी लम्बी कष्टप्रद समुद्री यात्रा के पश्चात आरोग्य लाभ करने के लिये वहाँ आते थे ।"

अपार कार्य-भार और सहनशीलता

जैसा ऊपर कहा गया है, सेना विभाग के कितने ही अधिकारी स्त्री होने के कारण फ्लोरेन्स को उपेक्षा की निगाह से देखते थे और उसकी आज्ञानुसार कार्य करना अपनी तौहीन समझते थे । इसका परिणाम यह हुआ कि उसे आरम्भ में बड़ा परिश्रम करना पड़ा, जिसकी एक सम्पन्न घराने की सुकुमार महिला से कभी आशा नहीं की जा सकती थी । इसका वर्णन करते हुए एक लेखक ने उसके अपूर्व गुणों के सम्बन्ध में जो कुछ लिखा उससे हमारे अनेक पुरुष भाई भी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं ।

जब फ्लोरेन्स को यह मालूम हुआ कि अधिकारी वर्ग उसकी व्यवस्थाओं के संचालन में सहायक न होंगे तो इस वीरांगना ने प्रतिदिन बीस घंटे तक काम किया, जिसमें उसे रसोइये, गृह प्रबन्धक, मेहतर, धोबी, गोदाम-रक्षक और सामान ढोने वाला आदि सबके कर्त्तव्य अकेली को पूरा करने पड़े । उसने अपना यह नियम बना लिया था कि चाहे रात को कितनी ही देर क्यों न हो गई हो, या सुबह अँधेरा ही हो तो भी अपना दफ्तर का सब काम समाप्त करके विश्राम करने से पूर्व अपने अस्पताल का अन्तिम दौरा कर आती थी । लम्बी, दुबली-पतली आकृति, काला ऊनी वस्त्र पहिने, भूरे बालों पर सफेद टोपी लगाये, हाथ में लैम्प लिये हुए वह रोगियों के बिस्तरों की कतारों के बीच में से हर रास्ते से होकर जाती और बीमार लोगों को सान्त्वना देती फिरती । इसलिये सिपाहियों में उसका नाम 'लैम्प वाली महिला' पड़ गया और इसी नाम से वह अमर हो गई ।"

जैसाकि सरकारी कामों में प्रायः देखा जाता है कि सब सामग्री होने पर भी कर्मचारियों की लापरवाही और विभिन्न स्थानों में लिखा-पढ़ी में देर कर देने से उसका उचित उपयोग नहीं होता । पुरुष कर्मचारी प्रायः परिस्थिति और किसी के सुख-दुःख पर ख्याल न करके 'लिखित नियमों' का पालन करना ही अपना कर्त्तव्य समझते हैं, चाहे ऐसा करने से वह सामग्री और उद्देश्य दोनों ही क्यों न नष्ट हो जायें । पर फ्लोरेन्स का मार्ग ही दूसरा था । वह किसी भी प्रकार जरूरतमन्दों के कष्टों को मिटाना चाहती थी, चाहे इसके लिये उसे किसी प्रकार के 'कानूनी एतराज' या ऊँचे अफसरों के विरोध का सामना ही क्यों न करना पड़े । 'स्कूटारी' में अस्पताल की व्यवस्था करते हुए उसने इस

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

प्रकार की समस्यायें किस प्रकार सुलझाईं इसके दो-एक उदाहरण निम्न दिये जाते हैं ।

एक बार मकान बनवाने का कार्य उसने अपने जिम्मे लिया । अस्पताल में कुछ कोठरियाँ ऐसी बेढंगी बनी थीं कि उनमें रोगियों को ले जाने में बड़ी अड़चन पड़ती थी । उधर सेना के कमाण्डर ने आज्ञा दी कि बहुत से नये रोगी तथा घायल शीघ्र ही अस्पताल में भेजे जायें परन्तु वहाँ जगह की कमी पहले से ही बहुत थी । जो मकान अभी खाली पड़े थे वे मरम्मत करके उन रोगियों के रहने लायक बनाये जा सकते थे । इस कार्य के लिये एक बड़ी रकम की आवश्यकता थी । जिसे और कोई उच्च सैनिक अधिकारियों के अतिरिक्त मंजूर नहीं कर सकता था, मिस फ्लोरेन्स ने इस विषय में सबसे पहले प्रयत्न आरम्भ किया । उन्होंने अस्पताल के प्रधान अधिकारी डॉक्टर ग्रेगरी की अनुमति लेकर मकान सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये लेडी स्टेट फोर्ड को लिखा । उन्होंने कार्य की आवश्यकता को ध्यान में रखकर प्रार्थना स्वीकार कर ली और उसे पूरा करने के लिये अपने चीफ इंजीनियर मि. गौर्डन को नियुक्त कर दिया ।

मकान बनाने का कार्य १२५ मजदूरों से आरम्भ किया गया । पर पीछे मजदूरों की संख्या थोड़ी देख कर फ्लोरेन्स ने २०० मजदूर अपने अधिकार से बढ़ा दिये, जिससे कार्य बहुत जल्दी समाप्त हो गया । अब अनुमतिदाता लेडी स्टेट फोर्ड ने तो अपना उत्तरदायित्व पहले के १२५ मजदूरों तक ही स्वीकार किया और शेष दो सौ के वेतन की जिम्मेदारी फ्लोरेन्स पर छोड़ दी, जिसको बाध्य होकर उसे अपने पास से चुकाना पड़ा, पर जब युद्ध विभाग के सर्वोच्च अधिकारियों को इसका पता लगा तो उन्होंने फ्लोरेन्स के कार्य को उचित स्वीकार करते हुए उस बिल का रुपया वापस कर दिया ।

एक और घटना का वर्णन करते हुए बताया गया है कि इंग्लैण्ड से २७ हजार कमीजों का एक चालान आया । मरीजों को उसकी तत्काल ही आवश्यकता थी, पर नियमानुसार उसे खोलने के लिये 'बोर्ड ऑफ सर्वे' की रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी थी । मिस फ्लोरेन्स ने अपनी जिम्मेदारी पर बण्डलों को खुलवा डाला और कमीजें रोगियों को दिलवा दीं । इसी प्रकार फर्श को रगड़कर साफ करवाने के लिये कड़े ब्रुशों और बोरों कि आवश्यकता हुई । यदि इन वस्तुओं के लिये सेना के 'परवेअर जनरल' (सामग्री जुटाने वाला अफसर) को लिखा जाता तो हफ्तों की देर लग जाती । अतः उसने 'टाइम्स' अखबार द्वारा प्रदत्त सहायता का उपयोग करके उसी समय काम पूरा करा दिया ।

रोगियों के कपड़े धोने का ठेका एक ठेकेदार को दे रखा था । वह फ्लोरेन्स के आने से पूर्व महीने भर में ५—६ कमीजें धोकर अपना कर्त्तव्य पूरा कर देता था । जिस अस्पताल में रोगियों की संख्या सैकड़ों तक हो, बहुत से लोग जहाँ विशूचिका, सड़न और अन्य संक्रामक रोगों से पीड़ित हों वहाँ महीने भर में ६ कमीजों की धुलाई—यह कैसे आश्चर्य की बात है ! फ्लोरेन्स से यह दुर्दशा न देखी गई । उसने एक मकान लेकर उसमें कपड़ा धोने की भट्टी बनवा दी और सिपाहियों की स्त्रियों को वहाँ कपड़ा धोने पर नियुक्त कर दिया । यह कार्य भी उसने 'टाइम्स' के कोष से प्राप्त होने वाली सहायता से पूरा किया । इतना ही नहीं वह अपना ७५०० रु. वार्षिक वेतन भी रोगियों की परिचर्या में ही व्यय कर देती थी ।

युद्ध-स्थल में सिपाहियों के लिये शराब पीना आजकल भी बहुत प्रचलित है । उस समय तो इसे एक मनोरंजन के रूप में भी समझा जाता था और सिपाही अपने वेतन का एक बड़ा भाग इस दुर्व्यसन में व्यय कर डालते थे । जो धन उनके स्त्री-बच्चों के पालन-पोषण में खर्च किया जाना चाहिये था, वह शराबखोरी जैसे जघन्य और हानिकारक कार्य में खर्च कर दिया जाता था । मिस फ्लोरेन्स नाइटिंगेल का विश्वास था कि जो लोग देश के गौरव की रक्षार्थ प्राण उत्सर्ग कर रहे हैं, वे युद्ध समाप्त होने पर अवश्य उन्नति कर सकेंगे । इस उद्देश्य से उसने सिपाहियों के मनोरंजन के लिये वहाँ एक वाचनालय तथा कॉफी की दुकान खुलवा दी । उसने एक मनीऑर्डर ऑफिस भी स्थापित करा दिया जिसके द्वारा सिपाहियों को अपना वेतन अपने परिवारों के पास भेजने की सुविधा हो गई । इस प्रकार ६ मास में ही सिपाहियों के घरों को १० लाख ६५ हजार रु. भेजे जा सके यह देख कर वे सब मुक्त कण्ठ से फ्लोरेन्स की प्रशंसा करने लगे । उसमें से एक ने अस्पताल का वर्णन करते हुए लिखा था—'फ्लोरेन्स के आगमन के पूर्व यहाँ बहुत अधिक दुराचार फैला था परन्तु अब यह स्थान एक गिर्जा के समान पवित्र प्रतीत होता है ।' फ्लोरेन्स सिपाहियों को धार्मिक ईसाई समझकर व्यवहार करती थी । वे लोग भी उसे 'धर्म की देवी' की तरह मानते थे ।

जब उसने ब्रिटिश सैनिकों की अन्य सामान्य आवश्यकताओं की व्यवस्था करना प्रारम्भ किया तो अनेक लोगों ने उसकी खिल्ली उड़ाई तो भी उसने रोगमुक्त सिपाहियों के लिये खेल, मनोरंजन की सामग्री और भोजनालय की व्यवस्था की । उस समय तो लोगों ने इन सुधारों का पूरा मूल्य नहीं समझा पर आज ये सब बातें सैनिक व्यवस्था का अनिवार्य अंग हो गई हैं । उस समय

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जितने अस्पताल फ्लोरेन्स की देख-रेख में थे, वे सब भी एक नवीनरूप धारण करने लगे थे ।

एक बार वह युद्ध के मोर्चे पर गई और उसने अनुभव किया कि सैनिकों की कार्यक्षमता के लिये ताजा भोजन और अन्य सुविधायें भी वैसी ही आवश्यक हैं, जैसी कि गोली-बारूद आदि । जिन स्थानों में घमासान लड़ाई हो रही थी उन स्थानों के उसने तीन बार दौरे किये और हर बार कुछ न कुछ सुधार किया पर वहाँ भी ईर्ष्यालु पुरुष डाक्टरों तथा अन्य कुछ अधिकारियों ने उसका विरोध किया और उसके काम में तरह-तरह से बाधायें डालीं । अगर उसके पास खर्च के लिये निजी कोष न होता तो उसे अपनी सहकारी नर्सों सहित बहुत दुःख भोगना पड़ता, क्योंकि उसके पास बड़े विलम्ब से रसद पहुँचाई जाती थी । यद्यपि वह युद्ध विभाग की आज्ञानुसार युद्ध क्षेत्र में गई थी, पर दस दिन तक किसी ने उस बेचारी की बात तक नहीं पूछी ।

युद्ध-क्षेत्र में दूषित जलवायु और उस प्रदेश के प्रतिकूल वातावरण में रहने से फ्लोरेन्स पर भी उसी ज्वर का आक्रमण हो गया जिससे अन्य हजारों सिपाही पीड़ित हुए थे और फ्लोरेन्स ने ही देखभाल, सेवा-सुश्रूषा करके जिनकी प्राण रक्षा की थी । ज्वर का आक्रमण ऐसा तीव्र था कि कुछ समय तक उसके जीवन की आशा ही जाती रही । वह किसी प्रकार बच तो गई पर उसके सुन्दर केश नष्ट हो गये और उसका स्वास्थ्य इतना गिर गया कि वह फिर कभी अपने सौन्दर्य को प्राप्त न कर सकी ।

शायद कुछ पाठक इस बात के महत्त्व को साधारण ही समझें, पर उनको जानना चाहिये कि प्रायः सभी महिलायें सबसे ज्यादा चिन्ता अपने सौन्दर्य की ही करती हैं और यूरोपियन स्त्रियाँ तो इसके लिये कितने ही खर्च और परिश्रम की भी चिन्ता नहीं करतीं । आजकल तो वहाँ ऐसी सौन्दर्य प्रेमी स्त्रियों की भी कमी नहीं, जो अपने केश, आँख, दाँत आदि का बीमा लाखों रुपये का कराती हैं, कि इनकी सुन्दरता को किसी प्रकार क्षति न पहुँचे । ऐसी दशा में फ्लोरेन्स का सेवा-धर्म के लिये सौन्दर्य का भी बलिदान कर देना साधारण बात नहीं थी ।

और समझने वालों ने उस समय भी इसके महत्त्व को स्वीकार किया । ब्रिटिश साम्राज्य की साम्राज्ञी महारानी विक्टोरिया ने फ्लोरेन्स को स्वयं लिखकर एक पत्र भेजा जिसमें कहा था—"मुझे उस समय बड़ा सन्तोष होगा जब तुम अपने देश में लौट आओगी । तुम्हारी मित्रता प्राप्त करके मुझे अत्यन्त हर्ष होगा, क्योंकि तुमने स्त्री-जाति के लिये एक उज्ज्वल उदाहरण उपस्थित किया है । मैं अपनी प्रत्येक प्रार्थना में तुम्हारे स्वास्थ्य की रक्षा को स्थान देती हूँ । तुम सदा मुझे अपना शुभाकाँक्षी समझो ।"

इस प्रकार फ्लोरेन्स की सच्ची सेवा भावना और निःस्वार्थता का यह परिणाम हुआ कि उसका नाम देश-विदेशों में प्रसिद्ध हो गया । आरम्भ में जो व्यक्ति उस पर आक्षेप करते थे, उसके त्याग और बलिदान को देखकर उन सबका मुँह बन्द हो गया और वे भी उसकी प्रशंसा करने को बाध्य हो गये । रह गये फौजी अफसर जो स्वार्थवश अथवा अपने अधिकारों में हस्तक्षेप होता समझकर उसकी योजनाओं का विरोध करते थे, उनको अन्त में चुप रह जाना पड़ा, क्योंकि फ्लोरेन्स की सुव्यवस्था और सुधारों के फलस्वरूप घायल होकर अस्पतालों में आने वाले सिपाहियों में से जहाँ पहले १०० में से ४२ की मृत्यु हो जाती थी, वहाँ अब २२ ही मरते थे । इस प्रत्यक्ष प्रमाण ने फ्लोरेन्स के कार्य की उपयोगिता और श्रेष्ठता सब पर प्रकट कर दी और किसी को नुक्ताचीनी करने की गुंजायश न रही ।

यद्यपि बीमारी के फलस्वरूप फ्लोरेन्स बहुत निर्बल हो गई थी और उसका स्वास्थ्य बहुत समय तक नहीं सँभला, तो भी अपने मित्रों तथा परिवार वालों के लगातार आग्रह को अस्वीकार करके वह उस समय तक क्रीमिया में ठहरी जब तक तमाम अंग्रेजी सेना इंग्लैण्ड वापस न लौट गई । जब वह अपने देश को वापस आई तो जनता ने उसके स्वागत की बड़ी तैयारियाँ कीं, पर उसने इसके लिये इन्कार कर दिया और एक दिन चुपचाप स्टेशन पर उतर कर पैदल ही अपने घर पहुँच गई ।

किन्तु शीघ्र ही महारानी विक्टोरिया ने स्वयं 'बाल मोरल' नामक स्थान में उसका स्वागत किया और उसके कार्य की सराहना की । उसकी सेवाओं के उपलक्ष्य में जनता ने ५० हजार पौंड (७$\frac{1}{2}$ लाख रुपया) का चन्दा एकत्रित किया पर उसने अपनी सेवा के लिये इस प्रकार का कोई धन लेना स्वीकार न किया । तब उसके मित्रों ने उस धनराशि से 'सेण्ट टामस अस्पताल' में "नाइटिंगेल ट्रेनिंग स्कूल फॉर नर्सिंग" (नाइटिंगेल धातृ शिक्षणालय) की स्थापना कर दी, जिसमें उपयुक्त नारियों को इस कार्य की उत्कृष्ट शिक्षा देने की व्यवस्था की गई थी । निःसन्देह इस योजना से नाइटिंगेल को हार्दिक सन्तोष हुआ, क्योंकि वह नर्सिंग (धातृ कला) को केवल एक पेशे का साधन ही नहीं मानती थी । वरन् चाहती थी कि नर्सें रोगियों की सेवा को एक धर्म-कार्य समझकर भी करें । जिन नर्सों ने उसके साथ क्रीमिया में काम किया था उनमें से कुछ के सम्बन्ध में उसने एक जगह लिखा है ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

"वे उत्कृष्ट एवं पवित्र तथा निःस्वार्थ भाव से काम करने वाली हैं । वे सदैव रोगियों को शान्ति और सान्त्वना देने के लिये कार्य करती रहती थीं ।"

फिर भी नाइटिंगेल ने अनुभव किया कि बिना उपयुक्त शिक्षा (ट्रेनिंग) के ऐसी सहृदय नर्सें भी चिकित्सा और सफाई का कार्य जैसा चाहिये वैसा नहीं कर सकतीं । 'सेण्ट टामस' वाले स्कूल में इन दोनों बातों पर लक्ष्य रखा गया था । यद्यपि नाइटिंगेल अन्य कार्यों की अधिकता के कारण उसमें स्वयं शिक्षा देने में कोई भाग न ले सकी, तों भी वह उस संस्था में शिक्षा पाने वाली नर्सों के काम में 'ट्रेनिंग' लेते समय तथा वहाँ से कार्य क्षेत्र में चले जाने पर भी गहरी दिलचस्पी लेती थी । उसने 'धातृ-विद्या' पर कई उत्तम पुस्तकें भी लिखीं जिनके द्वारा इस धन्धे को करने वाली महिलायें अपने यथेष्ट ज्ञान में वृद्धि कर सकती हैं । इन पुस्तकों में से 'नोट्स ऑन नर्सिंग' (धातृ-विद्या के सम्बन्ध में चुनी हुई बातें) अभी तक इस विषय की एक श्रेष्ठ पुस्तक मानी जाती है ।

उसकी संस्था में शिक्षा पाकर अनेक महिलाओं ने वैसी संस्थायें अन्य स्थानों पर खोलीं और इस प्रकार 'नर्सिंग' का धन्धा नये और लोकहितकारी रूप में इंग्लैण्ड ही नहीं यूरोप के सभी देशों में फैल गया । यद्यपि 'नाइटिंगेल धातृ शिक्षणालय' का पाठ्यक्रम केवल एक वर्ष का था पर उसमें छात्राओं की ज्ञान-वृद्धि तथा आचार-शुद्धि दोनों बातों की तरफ भरपूर ध्यान दिया जाता था । नाइटिंगेल इस विषय में प्रत्येक नर्स से सम्बन्ध बनाये रहती थी और जब वे स्कूल की पढ़ाई समाप्त करके नौकरी पर चली जाती थीं तब भी उनसे पत्र-व्यवहार करती रहती थी ।

इस प्रकार उसने इस पेशे को, जो थोड़े ही वर्ष पूर्व हीनता और दुश्चरित्रता की निगाह से देखा जाता था, निरन्तर प्रयत्न करके सम्माननीय और समाज के लिये कल्याणकारी बना दिया । अब आवश्यकता पड़ने पर शाही और सरदारों (लॉर्ड्स) घरानों की महिलायें भी नर्सों का काला लबादा और सफेद टोपी पहिन कर रोगियों की सेवा करने में संकोच नहीं करती । अवश्य ही वे इस कार्य को देश की रक्षा और मानवता की दृष्टि से करती हैं और इसके लिये किसी प्रकार का वेतन नहीं लेतीं । पर इससे नर्स के पेशे का सम्मान इतना बढ़ जाता है कि सब देशों के निवासी युद्ध और शान्ति, प्रत्येक स्थिति में उनकी मान-मर्यादा की रक्षा का पूरा ध्यान रखते हैं । सन् १९१५ में जब जर्मनी का फ्रांस और इंग्लैण्ड से युद्ध हो रहा था, बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में एडिथ कैवेल नामक 'नर्स' को जर्मन सैनिक अधिकारियों ने, कैदी अंग्रेज सिपाहियों को छिपाकर भगाने के अभियोग में गिरफ्तार किया । नर्स कैवेल ने अपना 'अपराध' स्वीकार किया और उसे गोली से उड़ा दिया गया । एक सेवा कार्यरत स्त्री और वह भी 'नर्स' का पवित्र पेशा करने वाली की, हत्या से संसार भर में हलचल मच गई और कुछ समय बाद अमेरिका ने जर्मनी के विरुद्ध जो युद्ध की घोषणा की उसका एक कारण नर्स कैवेल की 'हत्या' भी थी ।

जिस समय नाइटिंगेल क्रीमिया से वापस आई उसका स्वास्थ्य ठीक न था । दो वर्ष तक हजारों सिपाहियों की प्राण-रक्षा के लिये कठोर परिश्रम करने और अन्त में ज्वर के भीषण आक्रमण से उसकी निर्बलता बहुत बढ़ गई थी । इसलिये उसके सभी शुभचिन्तक यह सम्मति दे रहे थे कि अब कुछ महीनों तक वह पूर्ण विश्राम करके अपने स्वास्थ्य को ठीक कर ले । पर नाइटिंगेल के मन में विचार उठ रहा था कि उसका असली काम तो अब आरम्भ हुआ है । क्रीमिया के युद्ध से पहले तो उसे पता ही न था कि अस्पतालों की इतनी दुर्दशा है । यह तो ठीक है कि युद्ध-क्षेत्र में जाने पर अनेक सैनिकों को मरना ही पड़ता है, पर जो घायल बच सकते हैं उनको समय पर चिकित्सा, सेवा और स्वच्छता की कमी से मरने देना एक अन्याय अथवा दण्डनीय लापरवाही की बात है ।

सैनिक चिकित्सा विभाग की यही त्रुटि उसे बराबर खटकती रहती थी और इस सम्बन्ध में अधिक से अधिक सुधार कराने के लिये उसने इंग्लैण्ड लौटते ही प्रयत्न करना आरम्भ कर दिया । वह समझती थी कि अभी तो मामला गर्म है, जनता को युद्ध-क्षेत्र में सिपाहियों के कष्ट सहन की बात याद है, यदि इसी समय सैनिक-चिकित्सा विभाग में सुधार करने का प्रस्ताव और कार्यक्रम जनता के सामने पेश किया जायेगा तो उसका सुपरिणाम निकल सकता है ।

उसने समस्त सैनिक कागज-पत्रों तथा रिपोर्टों की जाँच सन् १८५८ में ही ८०० पन्नों की एक रिपोर्ट छपाकर प्रकाशित की जिसमें अंग्रेजी सेना के अस्पतालों के प्रबन्ध, उनकी सुव्यवस्था और सैनिकों के स्वास्थ्य पर प्रभाव डालने वाली अनेक बातों के सम्बन्ध में विचार प्रकट किये गये थे । इस रिपोर्ट का जनता पर इतना प्रभाव हुआ कि सरकार को उसकी इच्छा-पूर्ति के लिये उसी समय एक रॉयल कमीशन नियत करना पड़ा, जिसने सबसे अधिक सहायता नाइटिंगेल की रिपोर्ट से ही ली । उस कमीशन के सामने नाइटिंगेल ने जो गवाही दी वह भी बहुत महत्त्वपूर्ण थी । कहना न होगा कि 'रॉयल कमीशन' ने नाइटिंगेल के अधिकांश सुझावों का समर्थन और कुछ समय बाद वे सब सुधार कार्यरूप में परिणित हो गये । महारानी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

विक्टोरिया तो उसके सेवाकार्य से इतनी प्रसन्न थीं कि उन्होंने उसे सचमुच अपनी सखी बना लिया । महारानी की मित्रता भी उसके प्रभाव को बढ़ाने वाली सिद्ध हुई और इसका उपयोग भी उसने 'नर्सिंग' की वृद्धि और प्रचार करने के लिये ही किया ।

परोपकार की भावना की शक्ति कितनी अधिक है और अन्त में वह किस प्रकार सफलता प्राप्त करती है, नाइटिंगेल का जीवन इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है । इसका ध्यान करके हमको अपने उन देशवासियों पर तरस आता है जिनके मुहँ से सदा यही निकलता है—'अजी यह संसार बड़ा खराब है । यहाँ 'होम' करते हाथ जलता है ।' 'जिसके साथ भलाई करो वही उल्टा बुराई करने को तैयार होता है ।' हम जैसे लोग पहले तो बिना किसी प्रकार के अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष लाभ की आशा के किसी सार्वजनिक काम में हाथ ही नहीं डालते और यदि कभी कुछ करने को तैयार भी होते हैं तो फूँक-फूँक कर कदम रखते हैं और जरा-सा भी विरोध, कठिनाई या हानि की सम्भावना सामने आते ही भाग खड़े होते हैं । दरअसल हम कोई भी सार्वजनिक काम समाज का एक सदस्य होने के नाते अपना कर्त्तव्य समझकर नहीं करते, वरन् या तो किसी प्रकार के दबाव से करते हैं या भविष्य में धन अथवा यश प्राप्ति की भावना से करते हैं । इसलिये ज्यों ही परिस्थिति तनिक बदलती है, लोगों को अपने उद्देश्यों की पूर्ति में निराशा नजर आती है, त्योंही वे समस्त दोष का भार दूसरों पर डालकर अलग जा खड़े होते हैं ।

ऐसे लोगों को नाइटिंगेल के चरित्र से अवश्य कुछ शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये । उसने जो कुछ किया स्वेच्छा से, बिना किसी प्रकार के दबाव या आग्रह के किया । हमारे बन्धुगण तो इष्ट-मित्रों के आग्रह और बुजुर्गों के आदेश से भी किसी ऐसे काम के लिये प्रस्तुत नहीं होते, जिसमें कष्ट-सहने की सम्भावना हो या किसी प्रकार की हानि होती जान पड़े पर नाइटिंगेल ने इष्ट-मित्रों के लगातार मना करने और घर वालों के विरोध करते रहने पर भी ऐसा मार्ग ग्रहण किया जिसमें कष्टों और खतरों के सिवा किसी सांसारिक लाभ की तनिक भी आशा न थी । उसके विरोधियों ने उस पर मनमाने ढंग से काम करने का दोष तो लगाया, पर यह आक्षेप किसी ने नहीं किया कि उसने इस काम में कुछ कमाई कर ली है या कोई जमीन-जायदाद प्राप्त कर ली है । कोई करता भी कैसे—वह तो आवश्यकता पड़ जाने पर उल्टा अपनी गाँठ का रुपया भी सरकारी सिपाहियों की सुख-सुविधा के लिये खर्च कर डालती थी । उसे इस काम में केवल एक ही सुख मिलता था कि यह उसकी अन्तरात्मा के अनुकूल था । अपनी अन्तिम आयु में उसने अपनी डायरी में एक जगह लिखा था—"हे प्रभो ! आपने मेरा हृदय दीन-दुःखियों के दुःखों को दूर करने के लिये प्रेरित किया है, उसे मैं आपकी सेवा में समर्पित करती हूँ । आप जो सेवा चाहें उससे लीजिये ।"

लॉर्ड स्टेनली ने 'लैम्पवाली लेडी' की प्रशंसा करते हुए लिखा है—'मिस नाइटिंगेल के अतिरिक्त मैं और किसी व्यक्ति को नहीं जानता जिसने इंग्लैण्ड या यूरोप के अन्य देशों में पिछले सौ वर्ष में स्वेच्छा से आने वाले खतरों का मुकाबला किया हो और जिसने अरुचिकर पदों को स्वीकार करके एक महान और उपयुक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिये इतना कार्य किया हो ।'

भारत सम्बन्धी कार्य

क्रीमिया युद्ध की समाप्ति के एक वर्ष बाद ही भारत में गदर छिड़ गया । नाइटिंगेल की इच्छा हुई कि वह यहाँ आकर भी अपना सेवा-कार्य जारी करे, पर एक तो उस समय वह काफी अशक्त हो गई थी और दूसरे उसे सन्देह था कि इतने दूरवर्ती और सर्वथा अपरिचित देश में जाकर मैं कोई उपयोगी कार्य कर भी सकूँगी या नहीं ? आरम्भ में तो उसे यहाँ आने का विचार गोरे सिपाहियों की चिकित्सा और स्वास्थ्य-सुधार के लिये ही उत्पन्न हुआ था, परन्तु पीछे उसका दृष्टिकोण काफी विस्तृत हो गया और वह अस्वास्थ्यकर दशा में पड़े हुए लाखों-करोड़ों भारतवासियों की अवस्था और उनके सुधार के उपायों का बड़े ध्यान से अध्ययन करने लगी । उसने सोचा कि इस शिक्षा-प्रचार के विचार-प्रधान युग में यह कोई आवश्यकता नहीं कि हम मौके पर जाकर ही लोगों की सेवा करें । दूर रहकर भी हम उनकी अवस्था का पता लगा सकते हैं और लिखा-पढ़ी के द्वारा उनके हित की बातों में सहायक बन सकते हैं । इसलिये उसने भारत सरकार द्वारा प्रकाशित विभिन्न विषयों की रिपोर्टों का अध्ययन करना आरम्भ किया और भारतवर्ष से सम्बन्ध रखने वाले देशी-विदेशी मुख्य व्यक्तियों से मिलकर बातचीत और पत्र व्यवहार करने लगी । इसका परिणाम यह हुआ कि कुछ ही समय में उसने इस विषय में काफी अभिज्ञता प्राप्त कर ली । भारत की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं पर उसकी सम्मति बड़ी तथ्यपूर्ण मानी जाने लगी । उसकी चेष्टा से भारतवर्ष की स्वास्थ्य सम्बन्धी अवस्था की जाँच करने के लिये एक 'सैनेटरी रॉयल कमीशन' (स्वच्छता सम्बन्धी आयोग) नियुक्त किया गया, जिसने तीन-चार वर्ष तक पूरी छानबीन करके इस सम्बन्ध में २०२८ पृष्ठ की एक रिपोर्ट तैयार की । इसमें एक स्थान पर उन उत्तरों को भी प्रकाशित किया गया है जो भारतवर्ष के सैनिक अधिकारियों को भेजे गये प्रश्नों के सम्बन्ध में

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

प्राप्त हुए थे । इस विषय में जब नाइटिंगेल की सम्मति माँगी गई तो उसने २३ पृष्ठों में अपने विचार लिखकर दिये । उसने बताया कि 'सेना में जो रोग फैले हुए हैं उनका मुख्य कारण सैनिक-छावनियों के लिये अस्वास्थ्यकर स्थानों का निर्वाचन करना है । दूषित जल, गन्दी नालियाँ, दुर्गन्धयुक्त बाजार, वायु के आवागमन में रुकावट, थोड़ी-सी जमीन पर अनेक बारकें तथा रोगियों को घरों की अनुपयुक्त बनावट आदि अनेक बातें भी रोगों के फैलने में सहायक बनती हैं । मदिरा-पान की बुराई भी कम हानिकारक नहीं है । सिपाहियों को जैसी सुविधायें मदिरापान के लिये दी जाती हैं वैसी ही यदि नहाने-धोने के लिये होतीं तो भारतीय सेना स्वच्छता के विचार से संसार भर में अग्रसर रहती ।'

इस रिपोर्ट में भारतीय सेना की स्वास्थ्य-रक्षा के सम्बन्ध में जो सिफारिशें की गई हैं वे वास्तव में महत्त्वपूर्ण हैं, पर केवल रिपोर्ट में लिख देने से कोई योजना लाभदायक नहीं हो सकती, उसके लिये आवश्यकता है कि किसी सुयोग्य व्यक्ति को उसकी पूर्ति का भार दिया जाये । उस समय लॉर्ड लारेंस भारत के वायसराय होकर आ रहे थे । यह जानकर नाइटिंगेल उनसे मिली और भारतीय स्वास्थ्य-सुधार के सम्बन्ध में काफी विचार विमर्श किया । नाइटिंगेल की बातों का लाट साहब पर इतना प्रभाव पड़ा कि उन्होंने भारतवर्ष में आकर कुछ ही महीनों में 'सैनेटरी कमीशन' की सिफारिशों के अनुसार कार्य आरम्भ कर दिया । कमीशन के सदस्य सेना के स्वास्थ्य-सुधार के सम्बन्ध में उपयोगी परामर्श देने लगे और सभी फौजी अस्पतालों और अन्य सैनिक-संस्थानों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाने लगा ।

सेवा-धर्म की सच्ची अनुरागिणी होने के कारण नाइटिंगेल मानव-जाति को एक परम-पिता की सन्तान और आपस में भाई-भाई समझती थी और अवसर मिलने पर केवल इंग्लैण्ड ही नहीं, अन्य किसी भी देश के सम्बन्ध में स्वास्थ्य-सम्वर्धन की योजनाओं में सहयोग देने को तैयार रहती थी । यद्यपि क्रीमिया के युद्ध में कार्य करने के पश्चात् स्वास्थ्य के निर्बल हो जाने से दूर देशों की यात्रा और अधिक शारीरिक परिश्रम तो उसके लिये कठिन हो गया था, पर इस कमी को उसने अपने नियमित अध्ययन और पत्र-व्यवहार द्वारा पूरा कर लिया था । वह स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं पर सदैव विचार करती और संसार भर के विद्वानों के ग्रन्थों और वार्तालाप द्वारा सदैव इस विषय में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करती रहती थी ।

इस प्रकार इस विषय में उसका ज्ञान इतना बढ़ गया था और उसकी सम्मति इतनी उपयोगी हो गई थी, कि अस्पतालों के निर्माण और उनकी सुव्यवस्था के सम्बन्ध में अनेक देशों के कार्यकर्त्ता और अधिकारी भी उससे परामर्श लेते थे । कई सम्राटों तक ने इस विषय में उसकी सम्पत्ति ली और उसके आधार पर अपने यहाँ अनेक सुधार किये । वह भी इस सम्बन्ध में बड़ी तत्परता से काम लेती थी और बिना आलस्य अथवा प्रमाद के सब पत्रों का विस्तारपूर्वक उत्तर देती थी । सन् १८७० में जब फ्रांस और प्रुशिया (जर्मनी) का युद्ध छिड़ा तो दोनों ही पक्षों के प्रमुख सेनाध्यक्षों ने रोगी-सैनिकों की परिचर्या के विषय में उसकी सलाह ली और उसके आधार पर अपने घायलों की प्राण-रक्षा की व्यवस्था की । सेवा-धर्म वाले के लिये कोई भी शत्रु नहीं रहता । वह जीवमात्र से मैत्री-भाव अनुभव करता है । उसको दृढ़ विश्वास रहता था कि वह जो कार्य कर रही है वह ईश्वर की प्रेरणा से और उसी के आदेश के अनुकूल है । वह बाल्यावस्था से ही जिस 'ईश्वरीय-आज्ञा' की प्रतीक्षा करती रहती थी उसका आशय समाज-सेवा से ही था, क्योंकि ईश्वर की सेवा का एकमात्र मार्ग पीड़ित-मानवता और अन्य सभी प्राणियों के कष्टों को यथाशक्ति मिटाते रहने का प्रयत्न करना ही है ।

इसी दृष्टिकोण से वह भारतवासियों के जीवन-सुधार की अनेक समस्याओं पर गहरा अध्ययन और विचार करती रहती थी और उनके सम्बन्ध में योग्य अधिकारियों से वार्तालाप अथवा पत्र-व्यवहार करके अपने विचार को कार्यरूप में परिणित कराने का प्रयत्न किया करती थी । उसने भारतवर्ष के लिये स्वास्थ्य विषयक उपयोगी पुस्तकें तैयार कराके उनका प्रचार करने का सुझाव 'साहित्य-परिषद्' के अध्यक्ष डॉ. मरडक को दिया । उसने अपने एक पत्र में उनको लिखा—

"मुझे भारतवर्ष के सम्बन्ध में उपयुक्त पुस्तकें उपलब्ध करने में लगातार निराशा हो रही है । मुझे यह जानकर बड़ा दुःख हुआ कि 'लेडी डफरिन कमेटी', जिसका उद्देश्य भारत की रोगिणी और प्रसूता स्त्रियों की चिकित्सा और सेवा करने के कार्यक्रमों का प्रसार करना है, अंग्रेजी किताबों से काट छाँटकर ही भारतवासियों के लिये पुस्तकें संकलित कर रही है परन्तु मेरी सम्मति में भारतीय स्त्रियों तथा धायों (नर्सों) के लिये जो पुस्तकें लिखी जायें, उनके मूल लेखक वे लोग होने चाहिये जो भारतवर्ष में रहते हों अथवा वहाँ की स्त्रियों की प्रकृति तथा परम्पराओं से भली-भाँति परिचित हों ।"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

मिस फ्लोरेन्स ने डॉ. मरडक को जो अनेक पत्र लिखे, उनमें केवल स्वास्थ्य विषयक पुस्तकों का ही जिक्र नही होता था । उसने भारतवर्ष में वनस्पतिशास्त्र और प्राणिशास्त्र सम्बन्धी पुस्तकों के प्रचार करने की भी सलाह दी थी । उसको पशुओं से भी बड़ा प्रेम था और इस सम्बन्ध में उसने एक पत्र में लिखा था—

"यह जानकर कि भारतवासी अपने पशुओं, खासकर घोड़ों के साथ बुरा व्यवहार और लापरवाही करते हैं, मेरे मन में यह विचार उठा कि घरेलू तथा कृषि-कार्य में काम आने वाले पशुओं के सम्बन्ध में एक छोटी पुस्तक लिखकर वहाँ प्रचारित की जाये । जब मैं अपने घर में कुर्सी पर बैठी हुई पार्कलेन में घोड़ों को देखती हूँ तो मुझे प्रतीत होता है कि वे हमारी अपेक्षा अधिक उपयोगी हैं । किराये की गाड़ियों में जुते घोड़ों की टाँगों की उत्तमता और सुन्दरता को देखकर यह कहा जा सकता है कि वे बड़े आदमियों की सवारी के घोड़े थे, पर अब उनकी अवस्था में बड़ा अन्तर आ गया है । उनको हरी घास से सज्जित मैदान में दौड़ने की अपेक्षा पक्की सड़क पर चलना पड़ता है तो भी वे भरसक गाड़ियों को खींचने में लगे रहते हैं और इस प्रकार अन्त तक अपने कर्त्तव्य का पालन करते रहते हैं । मेरा विश्वास है कि ऐसे घोड़े अवश्य स्वर्ग को जायेंगे ।"

एक अन्य पत्र में उसने लिखा कि—"एक भारतवासी का अपने ग्राम के साथ कैसा सम्बन्ध होना चाहिये, इस सम्बन्ध में भी एक पुस्तिका लिखी जानी आवश्यक है । मेरी समझ में भारत के प्रत्येक ग्राम में प्रजा सत्तात्मक प्रणाली से मिलती-जुलती पंचायतों का किसी रूप में अस्तित्व होने और गाँव के किसी निवासी ही का उसका मुखिया होने के कारण यह कठिन नहीं है कि इस प्रणाली को फिर से प्रचलित किया जाये । ऐसा करने से आरोग्यता और राज्य-सम्बन्धी नियमों के पालन करने में इंग्लैण्ड की अपेक्षा भारत में अधिक सुविधा हो जायेगी ।"

इस प्रकार जिस समय जो भी समस्या उसके सामने आई, उस पर उसने गम्भीरतापूर्वक विचार किया और उसे निवारण करने के उपायों पर अपनी सम्मति प्रकट की । सन् १८७७ में भारतवर्ष में घोर अकाल पड़ा तो उसका ध्यान यहाँ के 'जल-कष्ट' की तरफ आकर्षित हुआ । उस समय उसने अपने एक परिचित सज्जन को पत्र में लिखा—"मैं १८ वर्ष से भारतीय स्वास्थ्य-सुधार सम्बन्धी कार्य और प्रचार कर रही हूँ, परन्तु गत चार वर्षों से मेरे मन में एक नवीन भावना उत्पन्न हुई है—वह यह कि जब लोगों के जीवन ही भयानक संकट में हैं, तब उनके लिये स्वास्थ्य विषयक प्रयत्नों से क्या लाभ ? बेचारे भारतीय कृषक अतिवृष्टि, अनावृष्टि, जमींदार और ऋण देने वाले बौहरों के कारण बुरी तरह मर रहे हैं, यदि इन लोगों के लिये जल का प्रबन्ध कर दिया जाये, तो फिर उनकी रोटी की चिन्ता मिट जायेगी ।" और वह सचमुच भारतीय किसानों की आर्थिक दशा का ज्ञान प्राप्त करने में संलग्न हो गई और थोड़े ही समय में उनकी खेती, शिक्षा, लेन-देन सम्बन्धी बातों का यथेष्ट ज्ञान करके उनके सुधार के सम्बन्ध में अधिकारियों से पत्र-व्यवहार करने लगी ।

उसके इन कार्यों को देखकर उसके एक मित्र उसे 'भारत के गवर्नर जनरलों' पर शासन करने वाली 'गवर्नरनी' कहा करते थे और उसकी वह 'उपाधि' एक प्रकार से ठीक भी थी । भारतवर्ष में ब्रिटिश सरकार द्वारा 'वायसराय' नियुक्त किये जाने की प्रथा सन् १८५७ के बाद ही उसके जीवनकाल में प्रचलित की गई, और तब से जितने भी वायसराय यहाँ आये वे प्रायः सभी इंग्लैण्ड से चलने से पूर्व नाइटिंगेल से भेंट करके स्वास्थ्य सुधार के मामलों पर उसकी सलाह अवश्य ले लिया करते थे, अन्य भारतीय अधिकारियों से भी, जो सभी उस समय इंग्लैण्ड से ही आते थे, वह इस सम्बन्ध में चर्चा करती रहती थी । यद्यपि उस समय वह यह नहीं जानती थी कि भारत की राजनीतिक समस्या कितनी कठिन है और उसके कारण आगे चलकर सुधार के कार्य में कैसी पेचीदगियाँ सामने आयेंगी, तो भी उसने भारतवर्ष में स्वास्थ्य एवं शिक्षा तथा कृषि सम्बन्धी सुधारों के लिये बहुत अधिक प्रचार और कार्य किया । आज चाहे हम उसकी इन अप्रत्यक्ष सेवाओं का हल न जानते हों, पर उन चालीस-पचास वर्षों में यहाँ जो सुधार हुए हैं, उनका कुछ श्रेय मिस नाइटिंगेल को भी अवश्य है ।

सेवा-धर्म की महत्ता

मिस नाइटिंगेल ने सामान्य विद्या-बुद्धि की और अनेक बन्धनों में जकड़ी हुई स्त्री होने पर भी केवल 'सेवा-धर्म' का पालन करके इतनी उच्च पदवी प्राप्त कर ली थी कि संसार के सबसे बड़े साम्राज्य की आदर्श माने जाने वाली अधीश्वरी विक्टोरिया तथा उनकी पुत्री—जो जर्मनी के कैसर की पुत्रवधू थी—उससे मित्रवत् व्यवहार करती थीं और अनेक सम्राट तथा सेनाध्यक्ष भी उसे बड़ी शिष्टता तथा विनयपूर्वक पत्र लिखते थे । यह एक महत्त्वपूर्ण तथ्य है और जो लोग समझते हैं कि संसार में किसी बड़ी सत्ता या बड़ी धनराशि का स्वामी होने पर ही मनुष्य उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर सकता है, उनकी आँखें खोलने वाला है । धन और सत्ता का भी महत्त्व अवश्य है पर तभी जबकि उन्हें सदाचार और सच्चाई के साथ प्राप्त

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

किया जाये, अन्यथा एक डाकू के पास भी दस-बीस लाख की सम्पत्ति होने से वह क्या लाभ उठाता है ? वेश्यायें भी लाखों की सम्पति इकट्ठी कर लेती हैं, पर आज तक उनमें से किसी की भी प्रशंसा सभ्य समाज में सुनी गई है ?

नाइटिंगेल ने अपने उदाहरण द्वारा दिखला दिया कि मनुष्य चाहे छोटे-से-छोटे काम में हाथ डाले, पर यदि वह उसे सच्चाई, ईमानदारी और निःस्वार्थ भाव से पूरा कर दिखाता है, तो वह अवश्य लोगों की प्रशंसा और सम्मान का अधिकारी बन सकेगा । इसके विपरीत जो केवल दिखावटी, चालाकी, धूर्तता के आधार पर आगे बढ़ने की चेष्टा करेगा और भीतर स्वार्थ की भावना रखकर ऊपर से निःस्वार्थता का ढोंग करेगा वह अगर लोगों के भ्रम में पड़ जाने से 'आदरणीय' बन भी जाये, तो उसकी यह सफलता क्षणस्थायी ही होगी ।

इस दृष्टि से जब हम अपने देश के सार्वजनिक क्षेत्र की दशा पर विचार करते हैं, तो बड़ी निराशा होने लगती है । हमारे यहाँ क्या राजनैतिक क्षेत्र और क्या सामाजिक अथवा धार्मिक—कहीं भी ठोस कार्यकर्त्ता ढूँढ़ने पर भी एकाध ही कठिनता से मिल पाता है । राजनैतिक क्षेत्र में तो जैसा भ्रष्टाचार फैला है और चोटी के नेता से लेकर साधारण कार्यकर्त्ता तक में जैसी स्वार्थ-भावना भरी पड़ी है, उससे सर्वत्र असन्तोष ही उत्पन्न हो गया है । आज जिसके मुँह से सुनो, राजनैतिक नेताओं की निन्दा ही सुनाई पड़ती है और कोई उन पर विश्वास करने को तैयार नहीं होता । सामाजिक क्षेत्र में यहाँ अधिकांश लोग लकीर पीटने वाले ही हैं ।

वे लोग कभी चाहें, तो सुधार सम्बन्धी लम्बी-चौड़ी बातें भले ही कर लें, पर जब उनको कार्यरूप में परिणित करने का अवसर आता है, तो वही 'ढाक के तीन पात' दिखाई पड़ते हैं । वे परिवार के, बुजुर्गों के या जातीय पंचों के विरोध का नाम लेकर पुरानी पद्धति का ही पालन करने लग जाते हैं । धार्मिक क्षेत्र में तो हालत सबसे अजीब है । जो लोग जितने ही अधिक धार्मिक बनते हैं, वे समाज से, पास-पड़ौसियों से, जनता से उतना ही दूर रहने की चेष्टा करते हैं । यद्यपि वे किसी-न-किसी प्रकार जनता के आधार पर ही जीवन निर्वाह करते हैं, पर सदा 'संसार' से अलग रहने का दावा किया करते हैं ।

इस प्रकार हमारे देश का सेवा-क्षेत्र एक प्रकार से निष्क्रिय पड़ा है । कहने को बहुत सी धर्म समाज, जातीय सुधार सभायें, सेवा समितियाँ, पशुरक्षिणी सभा आदि स्थापित हैं और उनमें से कितनी ही विभिन्न कार्यक्रमों पर लाखों रुपया खर्च भी किया करती हैं, पर वास्तविक उन्नति अथवा सुधारों के कोई चिह्न दिखाई नहीं पड़ते । जात-पाँत के झगड़े, विवाह में अपव्यय, मरण-भोज, भिखारियों को दान आदि के सम्बन्ध में बड़ी-बड़ी सुधार की बातें सुनने में आती हैं, पर वर्षों बीत जाने पर भी इनके प्रचलन में कोई कमी दिखाई नहीं पड़ती देखी जाती । बात यही है कि इनमें किसी भी क्षेत्र में कोई सच्चा कार्यकर्त्ता अपना तन-मन-धन लगाकर सुधार के लिये कृत संकल्प नहीं हुआ । अगर यहाँ भी फ्लोरेन्स नाइटिंगेल जैसे दस-पाँच कार्यकर्त्ता आगे बढ़कर सुधारों के लिये अपने आपको अर्पित कर देते तो सुधारों की गाड़ी अवश्य चल पड़ती और हमको प्रति-दिन इस दिशा में प्रगति होती दिखाई देती ।

पर मिस फ्लोरेन्स का मार्ग दूसरा था उन्होंने 'नर्स' जैसे समाजोपयोगी और परोपकार के पेशे की दुरावस्था देखी तो तत्कालीन नर्सों को उपदेश देने अथवा उनके संचालनों की नुक्ताचीनी करने के बजाय, स्वयं उस काम को पूरी तरह से सीखा और कठिन से कठिन अवसर आने पर भी ऐसी उत्तमतापूर्वक उसका निर्वाह किया कि आज तक लोग उसकी प्रशंसा करते हैं । आजकल होने वाले युद्धों का नक्शा पहले की अपेक्षा बहुत बदल गया है, नये-नये आविष्कारों के कारण युद्ध-कला में जमीन-आसमान का अन्तर पड़ गया है । इस समय यदि रण-क्षेत्र में कोई बात पूर्ववत् और आशायुक्त रूप में दिखलाई पड़ती है तो वह चिकित्सकों और नर्सों द्वारा बिना शत्रु-मित्र और छोटे-बड़े के भेद-भाव के घायलों और पीड़ितों की सेवा-सुश्रूषा किया जाना है और यह भी प्रत्येक को स्वीकार करना पड़ेगा कि इस आदर्श सेवा-संस्था का अधिकांश श्रेय फ्लोरेन्स नाइटिंगेल को ही है, जिसने पहले साहसपूर्वक हर तरह की कठिनाइयों द्वारा और खतरों को अपने ऊपर लेकर इसमें भाग लेने वाले आगामी व्यक्तियों का मार्ग प्रशस्त किया ।

स्वास्थ्य के निर्बल हो जाने पर भी फ्लोरेन्स ९० वर्ष की आयु तक जीवित रही । अन्तिम दिनों में उसको उन्निद्र का रोग हो गया था, जिससे उसे रात्रि के समय बहुत कम नींद आती थी । ऐसे समय वह सन्त पुरुषों के रचे भक्तिपूर्ण ग्रन्थों को पढ़कर आत्म-शान्ति प्राप्त किया करती थी । वह यह भी समझती थी कि जिस उद्देश्य को लेकर वह चली थी, वह अच्छी तरह पूर्ण हो गया और प्रतिदिन उन्नति करता जा रहा है इसी से उसे पूरा आत्मसन्तोष और प्रसन्नता मिलती रहती थी । इसीलिये १३ अगस्त सन् १९१० को जब उसका देहावसान हुआ तो वह यह विश्वास साथ लेकर मरी कि उसने 'ईश्वरीय आदेश' का पालन कर दिया ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

इस प्रकार के कार्यों में यह ख्याल नहीं करना चाहिये कि हम तो सामान्य मनुष्य हैं हमारी शक्ति और साधन बहुत कम हैं, हम दूसरों का क्या उपकार कर सकते हैं ? परोपकार के लिये मुख्यतः मन की शुद्धभावना और हृदय की सच्चाई आवश्यक होती है । यदि हम इनका आश्रय ग्रहण करके कार्यारम्भ कर दें, अकेले कुछ न कर सकें तो किसी संस्था या संगठन के सहयोग से ही कुछ करने लगें, तो धीरे-धीरे कुछ समय में ही हमको आशातीत सफलता प्राप्त हो सकेगी । इस सम्बन्ध में भारतीय स्त्रियों का कर्त्तव्य और उत्तरदायित्व और भी अधिक है, क्योंकि वे अपने को सार्वजनिक-सेवा के और भी अनुपयुक्त मानती हैं और इसलिये घर-गृहस्थी के धन्धे के सिवाय अन्य दृष्टियों से उनका जीवन सर्वथा निष्क्रिय रूप से व्यतीत होता है । उनको मिस फ्लोरेन्स नाइटिंगेल से अवश्य प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिये । फ्लोरेन्स के समय में इंग्लैण्ड के शिष्ट वर्ग की स्त्रियों की अवस्था भी भारतीय स्त्रियों के समान थी । पर उसे असामयिक समझ कर उसने मानव सेवा के मार्ग पर कदम बढ़ा दिया और हजारों लाखों का उपकार करने के साथ ही अपने नाम को भी अमर कर दिया ।

मातृभूमि की सच्ची सेविका : श्रीमती सरोजिनी नायडू

लगभग ७० वर्ष पूर्व की बात होगी कि इंग्लैण्ड की एक निजी गोष्ठी में एक १५-१६ वर्ष की भारतीय बाला उस देश के दो-चार प्रसिद्ध साहित्यिकों से वार्तालाप कर रही थी । अंग्रेजी साहित्य का प्रसिद्ध आलोचक एण्डमण्ड गोसे भी उनमें से एक था । कुछ सोच-विचार कर उसने अपनी कुछ काव्य-रचनायें गोसे के हाथ में दीं और कहा—"इनके विषय में अपनी सम्मति देने की कृपा करें ।"

गोसे ने बड़े ध्यान से उन रचनाओं को पढ़ा, उन पर विचार किया और फिर कहने लगा—"शायद आपको मेरी बात बुरी जान पड़े, पर मेरी सच्ची राय यही है कि आप इन सब रचनाओं को रद्दी की टोकरी में डाल दें । इसका आशय यह नहीं कि ये अच्छी नहीं हैं । पर तुम जैसी एक बुद्धिमती भारतीय नारी से, जिसने पश्चिमी भाषा और काव्य-रचना में दक्षता प्राप्त कर ली है, हम यूरोप के वातावरण और सभ्यता को लेकर लिखे गये काव्य की अपेक्षा नहीं करते । वरन् हम चाहते हैं कि आप हमको ऐसी रचनायें दें जिनमें हम न केवल भारत के वरन् पूरे पूर्व की आत्मा के दर्शन कर सकें ।"

अपनी रचनाओं की यह आलोचना उस कवयित्री को बहुत हितकर जान पड़ी और उसी दिन से उसने गोसे को अपना गुरु मान लिया । उसके पश्चात् उसने जो काव्य-रचना की उसमें यूरोप की नकल करने के बजाय भारत और पूर्व में अन्तर्निहित विशेषताओं के दर्शन ही यूरोप वालों ने किये और सर्वत्र उनका बड़ा सम्मान होने लगा ।

यह बाला और कोई नहीं 'भारत-कोकिला' के नाम से प्रसिद्ध श्रीमती सरोजिनी नायडू (सन् १८७६ से १९४९) ही थीं । वे एक जन्मजात कवयित्री थीं और अंग्रेजी भाषा पर उनका इतना अधिकार था कि उनकी बारह वर्ष की आयु में लिखी गई कविताओं की भी लोगों ने बड़ी प्रशंसा की । उनकी शिक्षा-दीक्षा भी विशेष रूप से यूरोप में हुई थी और वे वहाँ के शिष्टाचार और रहन-सहन के नियमों में पारंगत थीं । पर इतना होने पर भी वे भारतीय संस्कृति को ही सर्वश्रेष्ठ मानती थीं और उसके लिये उनको बड़ा गौरव था । इसका वे सदैव कितना अधिक ध्यान रखती थीं इसका कुछ आभास एक भारतीय पत्रकार के निम्न संस्मरण से हो सकता है—

"श्री रामकृष्ण नामक युवक को एक छात्रवृत्ति अमेरिका जाकर पत्रकारिता की उच्च शिक्षा प्राप्त करने को दी गई । विदेशों के रहन-सहन का कोई अनुभव न होने से उन्होंने श्रीमती नायडू से भेंट की और कहा—"मैं ऐसी सूचनाओं की तलाश में हूँ जिनसे अमेरिका की सही झाँकी मुझे मिल सके । इस सम्बन्ध में मैं कई लोगों से बातचीत कर चुका हूँ और पुस्तकें भी काफी संख्या में पढ़ डाली हैं । मेरी इच्छा है कि जब मैं वहाँ की जमीन पर पैर रखूँ तो कोई मुझे वहाँ की सभ्यता, संस्कृति से अनभिज्ञ न समझ पाये ?"

श्रीमती नायडू—"लेकिन खुद अपने देश के विषय में तुमने कितनी जानकारी संग्रहीत की है ? मुझे मालूम है, तुम्हें पढ़ने-लिखने का शौक है । गीता से लेकर गौतम और गाँधी तक सबको पढ़ चुके होगे तुम, इसका भी मैं विश्वास कर सकती हूँ । लेकिन अपनी उस धरती—उस धरती पर रहने वाले लोगों के बारे में तुम्हें कितनी जानकारी है, जिस पर तुम खुद पैदा हुए हो, पले, पनपे और बढ़े हो ? तुम्हें इस बात पर विश्वास है कि क्या तुम विदेश पहुँच कर अपने प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर सकोगे ?"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

यह थी श्रीमती सरोजिनी की विचारधारा जिसने उन्हें भारत माता की एक सच्ची पुत्री बना दिया था । वे कहती थीं कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं है और संकुचितता को त्याग कर संसार का सब तरह का जितना अधिक ज्ञान प्राप्त किया जा सके अच्छा ही है । पर यदि कोई विदेशी सभ्यता-संस्कृति की जानकारी की धुन में अपनी सभ्यता को भूल जाये तो यह एक अपराध होगा ।

श्रीमती नायडू यद्यपि बंगाली थीं पर उनके पूर्वज बहुत समय पहले हैदराबाद (दक्खिन) में आ बसे थे । सरोजिनी के पिता डॉ. अघोरनाथ चट्टोपाध्याय का जन्म हैदराबाद में ही हुआ था और वे वहाँ पर एक बड़े सरकारी पद पर काम करते थे । वे स्वयं बड़े विद्वान् थे और इंग्लैण्ड जाकर उन्होंने विज्ञान की सर्वोच्च उपाधि डी. एस-सी. प्राप्त की थी । इसलिये सरोजिनी को आरम्भ से ही अंग्रेजी भाषा और रहन-सहन से परिचित होने का सुयोग प्राप्त हो गया । कुछ बड़ी हो जाने पर तो अघोरनाथ जी ने उसे पढ़ाने के लिये अंग्रेज शिक्षिका रख दी थी । सरोजिनी पढ़ने में काफी परिश्रम करती थीं । इसके फलस्वरूप उन्होंने बारह वर्ष की आयु में मैट्रिक की परीक्षा पास कर ली । उसी समय उनकी एक रचना पर प्रसन्न होकर हैदराबाद के नबाव ने उनको विलायत जाकर अध्ययन करने के लिये एक बड़ी छात्रवृत्ति दे दी, जिससे वे चौदह वर्ष की आयु में ही वहाँ पहुँच कर 'किंग्स कालेज' में दाखिल हो गईं ।

देश-सेवा की लगन

इस तरह आरम्भ से ही विदेशी वातावरण में रहने से अनेक लोगों को यह आशंका होने लगती है कि ऐसा व्यक्ति अपनी जातीयता के प्रति उपेक्षा प्रदर्शित करने लग जायेगा । इसमें सन्देह नहीं कि यह आशंका सर्वथा निर्मूल नहीं है और गत सौ-पचास वर्षों में बहुसंख्यक व्यक्ति उच्च अंग्रेजी शिक्षा पाकर 'काले अंग्रेज' बन चुके हैं । पर यह आक्षेप सब लोगों पर लागू नहीं होता । वरन् अरविन्द, सरोजिनी नायडू और सुभाष बाबू के उदाहरणों से यह सिद्ध होता है कि जो प्रतिभाशाली वास्तव में ज्ञान की उच्च चोटी पर पहुँच जायेगा वह अपनी जातीयता का और भी अधिक सुदृढ़ अनुयायी बन जायेगा । श्रीमती सरोजिनी के सम्बन्ध में यह बात पूरी तरह से सत्य सिद्ध हुई । सन् १८९८ में इंग्लैण्ड से लौटने पर उन्होंने मेजर नायडू से विवाह कर लिया और इसके ४ वर्ष बाद ही उनका ध्यान भारतीय राजनीति की तरफ आकर्षित होने लग गया । सन् १९०८ में जब वे भारत के प्रसिद्ध नेता स्व. श्री गोखले से मिलीं तो उन्होंने इनसे कहा—

"यहाँ मेरे साथ खड़ी हो जाओ और इन तारों तथा पहाड़ियों को साक्षी बनाकर अपना जीवन, योग्यता, विचार, स्वप्न और सभी कुछ भारत माता को अर्पित कर दो । हे कवयित्री ! इस पहाड़ी की चोटी से महान् सत्य के दर्शन करके तुम भारत के सहस्रों गाँवों में बसे हुए किसानों तक आशा का सन्देश फैला दो । तभी तुम्हारी यह दैव प्रदत्त अनुपम काव्य-शक्ति सार्थक हो सकेगी ।"

और यही मार्ग है जिस पर चलकर किसी सच्ची आत्मा वाले और कर्त्तव्य-परायण व्यक्ति को सान्त्वना और शक्ति मिल सकती है । अगर कोई मनुष्य अपनी योग्यता और सामर्थ्य का उपयोग अपने ही लिये करता है, समाज के उत्थान और उपकार का ध्यान नहीं रखता, तो वह कभी वास्तविक सम्मान का अधिकारी नहीं हो सकता । ऐसे ही व्यक्तियों के विषय में इंग्लैण्ड के कविवर 'स्काट' ने लिखा है—

केवल स्वारथ साधन में ही सब समय गँवायो ।
मन स्वदेश हित साधन में कबहूँ न लगायो ॥
चाहे पदवी बाकी होय बहुत ही भारी ।
दुनिया बाको नाम बड़ो कर जाने सारी ॥
सुरपति के अनुकूल होय बाको अतुलित धन ।
कविता बाके हेत तऊ नहिं करहहिं कविगन ॥

श्रीमती नायडू ने इस तथ्य को आरम्भ से ही समझ लिया था और इसलिये एक सम्पन्न घराने की सुकुमार और सुसंस्कृत महिला होते हुए भी उन्होंने देश-सेवा के उस मार्ग को चुना जिसमें त्याग और तपस्या की अनिवार्य आवश्यकता होती है । जब उनसे यह प्रश्न किया गया कि आपने एक प्रसिद्ध कवयित्री होते हुए भी राजनीति के कार्य में भाग लेना क्यों स्वीकार किया, तो उन्होंने कहा—

"बार-बार लोगों ने मुझसे प्रश्न किया है कि तुम कवियों के स्वप्नलोक की हस्तिदन्त-निर्मित मीनार के उच्च शिखर को छोड़कर इस हाट-बाजार में क्यों उतर आई हो ? क्यों काव्य की गायिका और मुरलिया का रूप छोड़कर, उन लोगों की रणभेरी बनने के लिये अग्रसर हुई हो, जो कि युद्ध के लिये आह्वान कर रहे हैं ? मेरा उत्तर यह है कि कवि का कर्त्तव्य गुलाब की पुष्प-वाटिका में स्थित हस्तिदन्त-निर्मित मीनार के एकान्त में, दुनिया से अलग बैठे रहना नहीं है, बल्कि उसका स्थान सर्वसाधारण के बीच सड़क की धूलि में है । उसका भाग्य तो बँधा है, संग्राम के उतार-चढ़ाव के साथ ही । सच तो यह है कि उसके कवि होने की सार्थकता ही इसमें है कि संकट की घड़ी में—निराशा एवं पराजय के क्षणों में, वह भविष्य के निर्माण का स्वप्न देखने वालों को साहस और आशा का सन्देश दे

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सके । इसलिये संग्राम की इस घड़ी में जबकि देश के लिये विजय प्राप्त करना तुम्हारे ही हाथों में है, मैं एक स्त्री, अपना घर-आँगन छोड़कर आ खड़ी हुई हूँ इस हाट-बाजार में । और मैं, जो कि स्वप्नों की दुनिया में विचरने वाली रही, आज यहाँ खड़ी होकर पुकार रही हूँ—साथियों, आगे बढ़ो और विजय प्राप्त करो ।"

राजनीति के क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले श्रीमती सरोजिनी ने इसके उतार-चढ़ाव पर अच्छी तरह विचार कर लिया था । वे जानती थीं कि इस प्रकार का परिवर्तन हो जाने पर आज जो अंग्रेज उनके प्रशंसक और पुरस्कर्ता रहे हैं, विरोधी बन जायेंगे । खासकर भारत सरकार स्वराज्य के आन्दोलन करने वालों को जिस निगाह से देखती थी, उसको समझते हुए इस क्षेत्र में उस समय कठिनाई और हानि के अतिरिक्त और कोई आशा नहीं थी । फिर भी जब उन्होंने देखा कि हमारा देश दिन पर दिन गरीब बनता जाता है, जिससे करोड़ों लोगों को भरपेट अन्न और वस्त्र भी नहीं मिलते, लाखों बालक कूड़े में से उठाकर चाहे जो खा लेते हैं, स्त्रियाँ वस्त्राभाव से ठीक तरह लज्जा-निवारण भी नहीं कर सकतीं, ऐसी दशा में सुरम्य प्राकृतिक दृश्यों का अवलोकन करके मधुर कविता बनाते रहना निरर्थक ही नहीं कर्त्तव्यहीनता है । ऐसे समय में तो प्रत्येक नर-नारी का कर्त्तव्य है कि चाहे उसके विचार, रुचि, उद्देश्य कुछ भी हों, वह देश के उद्धार के लिये यथाशक्ति प्रयत्न अवश्य करे ।

यही विचार करके वे कांग्रेस में भाग लेने लगीं । धीरे-धीरे उनका प्रभाव देश की जनता पर बढ़ने लगा । स्त्री होने और स्वर-माधुर्य से श्रोतागण उनके भाषण सुनने को उत्सुक रहते थे, और कुछ समय बाद सभा-सम्मेलनों में उनकी इतनी माँग होने लगी कि उसकी पूर्ति कर सकना भी कठिन हो गया । सन् १९०७ से १९१५ तक कांग्रेस पर नर्म दल वालों का अधिकार रहा, जिसके नेता गोखले, फीरोजशाह मेहता, डी. वी. वाचा, तेजबहादुर सप्रू आदि थे । इसलिये वे उन्हीं के सिद्धान्तानुसार जनता की विविध माँगों को पूरा करने का आन्दोलन करती रहती थीं ।

फिर जब श्रीमती बेसेण्ट ने होमरूल आन्दोलन चलाया तो ये उनका साथ देने लगीं और इंग्लैण्ड जाकर भारतीय माँगों के पक्ष में जोरदार आन्दोलन किया । श्रीमती नायडू ने विशेष रूप से जाँच करने वाली कमेटी के सामने भारतीय स्त्रियों का पक्ष उपस्थित किया । इस कार्य को उन्होंने इतने उत्तम ढंग से किया कि कमेटी अध्यक्ष ने उनको धन्यवाद दिया और कहा—"यदि अनुचित न समझा जाये तो मैं यह कहूँगा कि आपके आने से हमारे 'नीरस साहित्य' में सरस कविता की एक रेखा मिल गई ।" उन्होंने भारतीय स्त्रियों के पक्ष में विलायत की सभाओं में अनेक प्रभावशाली भाषण भी दिये ।

असहयोग आन्दोलन में

वे अभी इंग्लैण्ड में काम कर ही रही थीं कि गाँधी जी ने भारतवर्ष में असहयोग का शंखनाद कर दिया । ऐसे अवसर पर उनको देश से बाहर रहना ठीक न जान पड़ा । बस वे तुरन्त भारत चली आईं और महात्मा गाँधी के सन्देश को चारों ओर घूमकर नगर-नगर में पहुँचाने लगीं । इस सम्बन्ध में उन्होंने इतना अधिक काम किया कि वे बीमार पड़ गईं । इसके बाद डाक्टरों की सलाह से उनको पुनः इंग्लैण्ड जाना पड़ा । पर वहाँ पहुँच कर भी वे चुपचाप नहीं बैठी रहीं । उन्होंने जलियाँवाला हत्याकाण्ड और पंजाब के अन्य नगरों में होने वाले अत्याचारों के सम्बन्ध में इतना अधिक प्रचार किया कि वहाँ की जनता सब बातों को समझकर सरकारी नीति के विरुद्ध हो गई । नतीजा यह हुआ कि पार्लियामेण्ट में इस सम्बन्ध में सवालों की झड़ी लग गई । अन्त में सरकार को अपनी भूल स्वीकार करके कहना पड़ा कि भारतीय अधिकारियों ने बड़ी गलती की है ।

इन्हीं दिनों भारतीय मुसलमानों का एक डेप्यूटेशन 'खिलाफत' के सम्बन्ध में विलायत गया था । उसने ब्रिटिश सरकार से कहा कि अगर वह 'खिलाफत' का अन्त करने की कोई कारवाई करेगी तो भारत के मुसलमान भी अंग्रेजों के विरुद्ध हो जायेंगे । श्रीमती नायडू ने भी इस डेप्यूटेशन को सहयोग दिया और कहा कि यदि 'खिलाफत' आन्दोलन आरम्भ किया गया तो वह केवल मुसलमानों का ही नहीं होगा वरन् हिन्दू भी उसमें भाग लेंगे, क्योंकि हम जिस प्रकार अपनी स्वाधीनता की माँग करते हैं उसी प्रकार दूसरों की स्वाधीनता की भी कदर करते हैं । हम इस बात को पसन्द नहीं करते कि सैनिक शक्ति की दृष्टि से बलवान देश किसी निर्बल देश को अन्यायपूर्वक दबाने की चेष्टा करे । संसार में छोटे-बड़े सभी को अपने घर में बिना किसी प्रकार के बाह्य हस्तक्षेप के रह सकने का अधिकार मिलना चाहिये ।

इस विदेश-यात्रा के अवसर पर यूरोप में होने वाले 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन' में भी आपने भाग लिया । आपके भाषण का वहाँ इतना अधिक प्रभाव पड़ा कि भारत के सम्बन्ध में सब प्रतिनिधियों की धारणा ही बदल गई । अभी तक तो अंग्रेज लेखक उनको यही बतलाया करते थे कि भारत एक पिछड़ा हुआ देश है और हम वहाँ के अर्द्धसभ्य लोगों को शिक्षा देकर सभ्य और सुसंस्कृत बना

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

रहे हैं । परन्तु जब उन्होंने श्रीमती सरोजिनी का विद्वतापूर्ण भाषण सुना और अनुभव किया कि उनका अंग्रेजी भाषा और साहित्य पर इतना अधिकार है जितना कि अनेक अंग्रेज विद्वानों का भी नहीं है, तो उनका भ्रम दूर हो गया । वे कहने लगीं कि जिस देश में ऐसी विदुषी महिलायें हो सकती हैं, वह 'असभ्य' कैसे कहा जा सकता है ? सम्मेलन में श्रीमती नायडू की भारतीय वेषभूषा का भी बड़ा प्रभाव पड़ा और यूरोप की स्त्रियों में भी इस देश में पहनी जाने वाली साड़ी के प्रति आकर्षण उत्पन्न होने लगा ।

भारत सरकार से संघर्ष

इधर श्रीमती नायडू विलायत में भारत के स्वराज्य-आन्दोलन का समर्थन करके वहाँ की जनता को उसके पक्ष में कर रही थीं और इधर भारत में असहयोग-आन्दोलन गम्भीर रूप धारण करता चला जाता था । यह देखकर वे शीघ्र ही वापस आईं और गाँधी जी द्वारा प्रस्तुत किये गये असहयोग के प्रतिज्ञा-पत्र पर सबसे पहले उन्होंने हस्ताक्षर किये । उसके अनुसार उन्होंने अपनी 'कैसरे हिन्द' की उपाधि, जिसको उस जमाने में एक बड़ी प्रतिष्ठा की चीज माना जाता था, त्याग दी और इस सम्बन्ध में भारत के वायसराय लार्ड चेम्सफोर्ड को एक पत्र में लिखा—

"इस समय कितने ही वर्षों में भारतीय जाति को असहाय समझकर अपमानित किया जा रहा है । उसका घोर दमन किया जा रहा है और उसके साथ जो प्रतिज्ञायें की गई थीं वे भंग की जा रही हैं । इन सब बातों के अतिरिक्त दो और बड़े पाप किये गये हैं । एक तो पंजाब का हत्याकाण्ड और दूसरा मुसलमानों को 'खिलाफत' के सम्बन्ध में दिये गये आश्वासन की अवहेलना । यह मेरे सम्मान और विचारों के प्रतिकूल बात होगी कि मैं इन अत्याचारों को देखती रहूँ और उस सरकार का, जो ब्रिटिश न्याय का तिरस्कार कर रही है, समर्थन करती रहूँ ।"

राजनीतिक क्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति के लिये यह सम्भव नहीं होता कि वह अन्यायी के विरुद्ध शस्त्र लेकर खड़ा हो जाये और उसे उचित दण्ड दे सके । पर उससे सम्पर्क न रखना, उसकी नीति का खुले रूप में विरोध करना प्रत्येक न्यायप्रिय और अपनी आत्मा के प्रति सच्चे मनुष्य के लिये सम्भव है । श्रीमती नायडू ने उसी मार्ग का अवलम्बन किया और भारत सरकार की अन्यायपूर्ण नीति के प्रति अपनी विरोधी-भावना उसकी प्रदान की हुई उपाधि को लौटा कर स्पष्ट कर दी ।

अब असहयोग ने एक घमासान आन्दोलन का रूप धारण कर लिया था और श्रीमती नायडू ने अपने लिये पूर्णतया इस कार्य के लिये अर्पित कर दिया था । वे विनोद में कहा करती थीं कि "मैं तो गाँधी रूपी कृष्ण की मुरली हूँ ।" और वास्तव में उन्होंने गाँधी जी के सन्देश को देश भर में फैलाने में और उनके प्रत्येक कार्य में सहायता पहुँचाते रहने में इतना अधिक परिश्रम किया कि उसका अनुमान किया जा सकना भी कठिन है ।

उसी समय विलायत से 'प्रिंस ऑफ वेल्स' भारत-यात्रा के लिये आये । कांग्रेस ने सरकारी दुर्व्यवहारों के विरोध में उनके स्वागत का बहिष्कार करने का निश्चय किया और इसमें बहुत बड़ी सफलता भी मिली । भारत सरकार इस पर बहुत अधिक नाराज हुई और कहा कि यह 'ब्रिटिश सिंहासन और सम्राट' का अपमान है । उसने कांग्रेस से बदला लेने के लिये बम्बई में हिन्दू-मुस्लिम दंगा करा दिया । इस भयंकर अवसर पर श्रीमती नायडू ने बड़े साहस के साथ खतरे के स्थानों में जाकर बलवे को शान्त कराया और दोनों सम्प्रदायों के लड़ने वाले नेताओं को समझा कर मेल कराया । इसके कुछ समय बाद ही सरकार ने लोगों को भड़का कर दक्षिण में 'मोपला-विद्रोह' करा दिया जहाँ पर हिन्दुओं पर अनेक अत्याचार किये गये । श्रीमती नायडू ने सरकार के इस षड्यन्त्र का प्रमाणों सहित ऐसा भंडाफोड़ किया कि मद्रास की सरकार की सर्वत्र बदनामी होने लगी । उसने इनसे अपना भाषण वापस लेने को कहा तो उत्तर दिया गया—"यदि सरकार मेरा बयान झूठ समझती है तो वह मुझ पर मुकदमा चलावे ।" पर सरकार तो वास्तव में दोषी थी इसलिये चुप रह गई ।

जब चौरीचौरा की दुर्घटना के पश्चात् सत्याग्रह स्थगित कर दिया गया और गाँधी जी पर मुकदमा चलाकर ६ वर्ष का कारावास दण्ड सुना दिया गया, तब भी श्रीमती नायडू उनके साथ थीं । जेल जाते समय गाँधीजी ने उनसे कहा कि—"साम्प्रदायिक एकता कायम रखने का काम मैं तुम्हारे जिम्मे छोड़े जाता हूँ ।" श्रीमती नायडू के उक्त आदेश का पालन इतने परिश्रम से किया कि लगातार भ्रमण और सभाओं में भाषण करते रहने से उनका स्वास्थ्य फिर गिरने लगा । तब डाक्टरों की सलाह से वे जलवायु परिवर्तन के लिये लंका चली गईं । पर वहाँ भी वे पूर्णतया निष्क्रिय न रहीं । अनेक सभाओं में उन्होंने महात्मा गाँधी के सिद्धान्तों का प्रचार किया और लंका के लोकमत को भारतीय आन्दोलन के प्रति सहानुभूतिपूर्ण बनाने की चेष्टा की ।

लंका से वापस आने पर आपको बम्बई कारपोरेशन की सदस्या और वहाँ की प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष बनाया गया । उसी समय आप कांग्रेस की वर्किंग कमेटी में सम्मिलित की गईं और अन्तिम समय तक उस पद पर बनी रहीं । भारत के राष्ट्रीय संगठन में यह पद बड़ा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

महत्त्वपूर्ण है, और इसमें योग्यता, सच्चाई और दूरदर्शिता आदि सभी गुणों की बहुत अधिक आवश्यकता पड़ती है ।

भारत के राजनीतिक-संघर्ष में भाग लेकर और बड़े-बड़े महत्त्वपूर्ण कार्यों में सफलता प्राप्त करके श्रीमती सरोजिनी ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि अवसर मिले तो भारतीय स्त्रियाँ भी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी योग्यता प्रदर्शित कर सकती हैं । देश की वर्तमान दशा को देखकर हम कह सकते हैं कि श्रीमती सरोजिनी का परिश्रम और उदाहरण व्यर्थ नहीं गया । यद्यपि अभी इस दृष्टि से सुयोग्य महिलाओं की संख्या अधिक नहीं है, तो भी भारत में स्त्रियों को जितने अधिकार मिल गये हैं उतने संसार के किसी बड़े देश में भी प्राप्त नहीं हो सके हैं । यहाँ स्त्रियों को वर्षों से राज्यपाल, राजदूत, मन्त्री, मुख्यमन्त्री, प्रधानमन्त्री आदि के पद दिये जा रहे हैं । इन्दिरा गाँधी तो देश की प्रधानमन्त्री भी रह चुकी हैं । इस प्रकार भारत ने, जो अभी तक सामाजिक प्रगति में बहुत पिछड़ा हुआ माना जाता था, स्त्रियों को समानता के अधिकार देने में सर्वोपरि आदर्श उपस्थित किया है । श्रीमती सरोजिनी के लिये यह कम गौरव की बात नहीं है कि इस दुर्लभ परम्परा को स्थापित करा सकने का श्रेय उन्हीं को है । यदि यह कहा जाये कि इस युग में स्त्री विद्या, बुद्धि, योग्यता तथा विविध प्रकार से राष्ट्रीय महत्त्व के कार्यों में श्रीमती सरोजिनी अद्वितीय रही हैं तो इसमें तनिक भी अतिशयोक्ति नहीं ।

अफ्रीका-यात्रा

कुछ महीने पश्चात् जब महात्मा गाँधी को विशेष आज्ञा द्वारा छोड़ दिया गया तो उन्होंने श्रीमती नायडू से अफ्रीका जाकर वहाँ के प्रवासी भारतवासियों की सहायता करने का अनुरोध किया । लोगों की समस्या दिन पर दिन कठिन होती जाती थी और वहाँ की सरकार उनको अधिकारच्युत करने के लिये तरह-तरह की चालें चलती रहती थी । यद्यपि महात्मा गाँधी ने उनके साथ न्याय किये जाने के उद्देश्य से कई बार सत्याग्रह किया था और अनेक कष्ट सहन करके उनको कुछ अधिकार दिलाये थे, पर अब उस बात को सात-आठ वर्ष बीत जाने पर वहाँ के प्रदेशों में फिर नये-नये अन्यायपूर्ण नियम बनाकर भारतवासियों को तंग किया जा रहा था । महात्मा गाँधी के कन्धों पर तो इस समय समस्त भारतीय आन्दोलन का बोझा था, इसलिये किसी अन्य प्रभावशाली व्यक्ति को ही वहाँ भेजना उचित समझा और इसके लिये श्रीमती नायडू ही सबसे अधिक उपयुक्त जान पड़ीं ।

जिस समय श्रीमती नायडू ने जहाज से उतरकर अफ्रीका की भूमि पर पैर रखा उसी समय सम्वाददाताओं ने उनको घेर कर तरह-तरह के प्रश्न करने आरम्भ कर दिये । एक सम्वाददाता ने कहा—"जनरल स्मट इज ए स्ट्रौंग मैन ।" (अर्थात् दक्षिण अफ्रीका का शासक जनरल स्मट बड़ा जोरदार आदमी है ।) इस पर श्रीमती सरोजिनी ने उत्तर दिया—"आई एम ए स्ट्रौंग वूमैन ।" (अर्थात् मैं भी बड़ी जोरदार औरत हूँ ।) इस पर उपस्थित जनों में बड़ी हास्य-ध्वनि हुई ।

दक्षिण अफ्रीका और कीनिया आदि प्रदेशों का दौरा करके आपने प्रवासी-भारतवासियों को हर प्रकार से आश्वासन दिया और बताया कि "अब भारत में भी काफी जागृति हो गई है । वह प्रवासी भारतवासियों का सब प्रकार से समर्थन करेगा और सक्रिय सहायता भी देगा ।"

श्रीमती नायडू को इन उपनिवेशों में भारतीयों के साथ किये जाने वाले दुर्व्यवहारों और खासकर वहाँ की भारतीय स्त्रियों की दुर्दशा का सदा से बड़ा ध्यान रहता था और जब कभी अवसर मिलता था वे इस सम्बन्ध में कुछ न कुछ प्रयत्न करती ही रहती थीं । जब मि. एण्डरूज ने फिजी टापू की कुली प्रथा को बन्द कराने का आन्दोलन शुरू किया था और वहाँ भेजी जाने वाली स्त्रियों के प्रति किये जाने वाले लज्जाजनक व्यवहार का रहस्योद्घाटन किया था तो श्रीमती नायडू ने एक सार्वजनिक सभा में कहा था—

"तुम लोग जो स्वराज्य आन्दोलन कर रहे हो, तुम लोग देश भक्ति के सपने देख रहे हो, यदि तुम समुद्र पार से सुनाई पड़ने वाली करुण पुकारों को नहीं रोक सकते, तो क्या तुम देश-भक्त कहला सकते हो ? यह करुण पुकार उन देशभाइयों की है, जिनकी दशा कुत्ते से भी बुरी है । यह पुकार उन बहिनों की है जिनके साथ जानवरों का-सा बर्ताव हो रहा है । तुम स्वराज्य आखिर किसके लिये चाहते हो ? क्यों चाहते हो ? क्या उन लोगों के लिये चाहते हो जो अपनी महिलाओं का क्रन्दन सुनकर हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं, जो घोरतम अपमान सहते हुए भी मौन रहते हैं । धन हमारे लिये क्या वस्तु है ? बल लेकर हम क्या करेंगे ? महिमा से हमें क्या प्रयोजन ? जब हम अपनी स्त्रियों के सतीत्व तक की रक्षा नहीं कर सकते तो ऐसे धन, बल, महिमा से क्या लाभ ?"

"आज मैं अपने भीतर उस यातना का अनुभव कर रही हूँ, जिसे वर्षों से वे बहिनें सहन करती रही हैं, जिनको अब मृत्यु से ही शान्ति मिल सकती है । मैं स्वयं कुली-प्रथा में निहित अकथनीय लज्जा और ग्लानि का अनुभव कर रही हूँ ।"

श्रीमती नायडू के भाषणों का देश और विदेशों में बड़ा प्रभाव पड़ा और कुली-प्रथा का आन्दोलन दिन पर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिन बढ़ने लगा । लोगों को मालूम हुआ कि हमारे लाखों भाई-बहिनों को दूर देशों में ले जाकर कितना कष्ट दिया जाता है और अपमानपूर्ण जीवन व्यतीत करने के लिये बाध्य किया जाता है । इन उपनिवेशों में सामाजिक कारणों से स्त्रियों को जिस प्रकार का निर्लज्ज जीवन बिताना पड़ता था, उसे जानकर प्रत्येक सहृदय मनुष्य का सिर शर्म से नीचा हो जाता था ।

सन् १९१७ में कलकत्ते में होने वाले कांग्रेस के अधिवेशन में भी उन्होंने अपनी इन समुद्र पार रहने वाली बहिनों का उल्लेख करते हुए कहा—

"तुम अपने हृदय के खून से उस अपमान को धो डालो जो तुम्हारी स्त्रियों को विदेशों में सहना पड़ता है । आज तुमने जो शब्द सुने हैं, उन्होंने अवश्य तुम्हारे हृदयों में भयंकर क्रोध की अग्नि उत्पन्न करदी होगी । भारत के पुरुषो ! इस आग को शर्तबन्द कुली-प्रथा की चिता बनाकर शान्त कर दो । आज आप मुझसे शब्दों की आशा रखते हैं ? नहीं, आज मेरे रोने का समय है । यद्यपि आप अपनी माँ-बहिनों का अपमान अनुभव कर रहे होंगे, पर मैं तो इस अपमान को अपनी जाति (स्त्री-जाति) के अपमान के रूप में अनुभव कर रही हूँ ।"

वास्तव में यह कुली-प्रथा लाखों स्त्री-पुरुषों के जीवन को किस प्रकार नष्ट-भ्रष्ट करने वाली थी, इसका अनुमान भी हम इतनी दूर बैठे हुए व्यक्ति नहीं कर सकते । चाहे जिस घर की भली स्त्री को बहका कर टापुओं में भेज देना और वहाँ उसे कई पुरुषों के साथ रहने को बाध्य करना एक ऐसी बात थी कि जिसे सुनकर प्रत्येक मनुष्य का खून गर्म हो उठेगा । पर उन टापुओं के गोरे मालिक अपने खेतों का काम सस्ते दामों में कराने के लालच से धोखा देकर भारतवासियों को पकड़ मँगाते थे और उनको हन्टरों तथा बेंतों की मार का भय दिखाकर पशुओं की तरह काम लेते थे । उनको इस बात का कुछ भी ख्याल नहीं था कि ऐसी परिस्थिति में रहने से उसका प्रभाव उनके चरित्र पर कैसा घातक पड़ेगा । इस प्रथा की जड़ उखाड़ने में सबसे अधिक परिश्रम एण्डरूज साहब ने ही किया था । उन्होंने इस सम्बन्ध में फिजी टापू के निवासी भारतीयों की अवस्था का वर्णन करते हुए एक भाषण में कहा था—

"फिजी में मैंने अपनी आँखों से भले घर की सम्माननीय हिन्दुस्तानी स्त्रियों को शर्तबन्दी की प्रथा की बजह से असह्य निर्लज्जतापूर्ण जीवन व्यतीत करते हुए देखा है । मैंने अपनी आँखों से अपवित्र और पापपूर्ण स्थानों में भोले-भाले छोटे-छोटे भारतीय बालकों को रहते देखा है, और इन्हीं आँखों से उन भारतीय पुरुषों को देखा है, जो वहाँ पशुओं से भी बुरा जीवन व्यतीत कर रहे हैं । "इसलिये मैं आप लोगों से मनुष्यता के नाम पर अपील करता हूँ कि आप अपनी आवाज इस शर्तबन्दी की प्रथा के विरुद्ध इतने जोर से उठावें कि भारत सरकार को फौरन ही यह गुलामी बन्द करनी पड़े । यह कुली-प्रथा केवल व्यापारिक हानि-लाभ का सवाल नहीं है वरन् यह स्त्रियों के सतीत्व का प्रश्न है, भोले-भाले नन्हें बच्चों की रक्षा का है, और मनुष्यों की स्वतन्त्रता का है । आज मैं यह बात स्पष्टतया कह देना चाहता हूँ कि मैं जो कुछ वर्णन कर रहा हूँ, वह इन दुराचारों को प्रत्यक्ष देख कर ही कह रहा हूँ । माताओं और सज्जनों ! अगर इन दुराचारों की बात जान लेने के पश्चात् एक भी भारतीय स्त्री इन टापुओं में व्यभिचारपूर्ण जीवन व्यतीत करने को भेजी जायेगी तो इसका अपराध भारत सरकार और भारतीय जनता के सिर पर होगा ।"

इस समस्या पर इसी पहलू से विचार करके श्रीमती नायडू ने इतने जोर के साथ चेतावनी दी थी । निःसन्देह यह प्रश्न केवल राजनीति और व्यापार का न था वरन् लोगों के चरित्र का था, जिसके नष्ट होने पर कुछ भी शेष नहीं रहता । जब इस सम्बन्ध में सब प्रमाण वाइसराय और भारतमन्त्री के सामने रखे गये तो उससे प्रभावित होकर उन्होंने तुरन्त ही इस प्रथा को रोकने का आदेश दे दिया ।

कांग्रेस की अध्यक्ष

उस पराधीनता के युग में अपने किसी सुपुत्र या पुत्री के लिये भारतवर्ष के पास सबसे बड़ा पुरस्कार या गौरव यही था कि उसे राष्ट्रीय महासभा (कांग्रेस) का अध्यक्ष बना दिया जाये । श्रीमती सरोजिनी की सेवाओं को देखते हुए सन् १९२५ में कानपुर में होने वाले कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्ष इन्हीं को चुना गया । कानपुर पहुँचने पर बड़ी धूमधाम से इनका जलूस निकाला गया और बड़े विशाल पण्डाल में अधिवेशन की कार्यवाही आरम्भ की गई । सदैव की प्रथा का अनुसरण करके श्रीमती सरोजिनी ने अपना भाषण छपवाकर पढ़ने की बजाय मौखिक ही दिया । आपने समस्त देशवासियों को देश के स्वाधीनता आन्दोलन में भाग लेने की प्रेरणा देते हुए कहा कि "स्वतन्त्रता के युद्ध में, कायरता सबसे अक्षम्य अपराध और निराशा सबसे भयानक पाप है । स्वतन्त्रता की देवी सदा बलिदानों से प्रसन्न होती है, और जो जाति इस मार्ग में जितने त्याग और कष्ट-सहन को तैयार होती है, वह उतनी ही शीघ्र लक्ष्य पर पहुँचती है । यह आवश्यक नहीं कि जाति का प्रत्येक व्यक्ति एक समान त्याग या एक समान कष्ट सहन कर सके । अपनी शक्ति और परिस्थिति के अनुसार इसकी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

मात्रा में अन्तर हो सकता है । पर जो कुछ यथा शक्ति किया जाये उसमें कायरता अथवा निराशा की भावना होना बड़ा घातक है । ये दो दोष ऐसे हैं कि जिनके कारण एक व्यक्ति दूसरे अनेक व्यक्तियों पर भी हानिकारक प्रभाव डालता है । उसका उदाहरण देख ऐसे अन्य व्यक्ति भी पीछे हटने लग जाते हैं, जिनमें थोड़ा-बहुत कच्चापन होता है । इसलिये मनुष्यों को सार्वजनिक संस्थाओं या आन्दोलनों में भाग लेते समय उतना ही उत्तरदायित्व ग्रहण करना चाहिये जिसका निर्वाह अच्छी तरह किया जा सके । और जब एक बार कदम बढ़ाया जाये तो डर या स्वार्थ हानि की सम्भावना से उसे पीछे हटाना नहीं चाहिये ।"

आगे चलकर श्रीमती सरोजिनी ने कहा—"मैं एक स्त्री ठहरी, इसलिये मेरा कार्यक्रम सीधा सादा और गृहस्थी से सम्बन्ध रखने वाला है । मैं तो केवल यह चाहती हूँ कि भारतमाता अपने घर की एक बार फिर स्वामिनी हो जाये । अपने अपार साधनों की एकमात्र अधिकारिणी वही हो और आतिथ्यसत्कार की सारी क्षमता भी उसी के हाथ में रहे । भारतमाता की आज्ञाकारिणी पुत्री की हैसियत से मेरा काम यह होगा कि अपनी माता का घर ठीक करूँ और उन शोचनीय झगड़ों का निपटारा कराऊँ, जिनके कारण उनका संयुक्त पारिवारिक जीवन, जिनमें अनेक जातियाँ और धर्म शामिल हैं, छिन्न-भिन्न न हो जाये ।"

साम्प्रदायिक एकता

भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन में श्रीमती नायडू की सबसे बड़ी सेवा साम्प्रदायिक एकता की स्थापना थी । इस देश का शासन करने वाली विदेशी सरकार ने बहुत समय पहले ही यह समझ लिया था कि अपनी सत्ता बनाये रखने के लिये यह आवश्यक है कि यहाँ की दो प्रमुख जातियों—हिन्दू तथा मुसलमानों में सदा वैमनस्य का भाव बना रहे । इसलिये जब राजनीतिक अधिकारों की माँग के लिये 'राष्ट्रीय महासभा' (कांग्रेस) की स्थापना की गई तो उसके कुछ समय बाद ही उसने सर सैयद अहमद खाँ तथा कई नबावों को प्रेरणा देकर मुस्लिम लीग की स्थापना करा दी जो जन्मकाल से ही मुसलमानों के लिये प्रत्येक क्षेत्र में पृथक् अधिकारों की माँग करने लगी ।

सन् १९१६ से जब कांग्रेस ने खुले आम 'स्वराज्य' आन्दोलन शुरू किया, तो कांग्रेस के प्रमुख नेता इस बात की कोशिश करने लगे कि विदेशी शासकों के विरुद्ध सभी भारतवासी, चाहे वे किसी धर्म या सम्प्रदाय के क्यों न हों, सम्मिलित होकर आन्दोलन करें । उस वर्ष लखनऊ में लोकमान्य तिलक, ऐनीबेसेण्ट, मुहम्मद अली जिन्ना जैसे विभिन्न दलों के नेताओं ने मिलकर समझौते की कोशिश की और उसके फल से कुछ वर्षों तक साम्प्रदायिक तनाव में कुछ कमी भी आ गई । फिर जब महात्मा गाँधी ने नेतृत्व सँभाला तो उन्होंने अपने आन्दोलन में खिलाफत के प्रश्न को भी शामिल करके, मुसलमानों की बहुत अधिक सहानुभूति प्राप्त करली । इस कार्य में उनको श्रीमती सरोजिनी से बहुत सहयोग मिला और जैसा पीछे लिखा जा चुका है वे जेल जाते समय इस कार्य का भार उन्हीं पर छोड़ गये थे । इसलिये यदि उन्होंने कानपुर में कांग्रेस अध्यक्ष-पद से भाषण करते हुए अपना मुख्य कार्य भारत के सब धर्मों और सम्प्रदायों में मेल-मिलाप बनाये रखना बतलाया, तो यह महात्मा जी के आदेश का पालन करना ही था । इनके धार्मिक और सामाजिक विचारों की समीक्षा करते हुए एक लेखक ने ठीक ही लिखा है—

"श्रीमती नायडू की अटूट श्रद्धा आर्य संस्कृति पर थी । वे हिन्दू धर्म के गहन तत्वों को समझती थीं और उसके दर्शन से भी पूर्णतया परिचित थीं, किन्तु उनमें संकीर्णता न थी । हिन्दू धर्म के साथ उन्होंने अन्य धर्मों का भी गहन अध्ययन किया था और इसके परिणामस्वरूप वे इस निष्कर्ष पर पहुँची थीं कि मूलतः किसी धर्म में विरोध नहीं है । जो विरोध दिखाई पड़ता है वह धर्म की शाखाओं और उपशाखाओं में है ।"

"इसलिये उन्हें किसी धर्म से द्वेष न था । फिर जिस परिस्थिति में उनका लालन-पालन हुआ था उसके प्रभाव से भी उनमें 'हिन्दू-मुस्लिम' दोनों मजहबों का समन्वय स्वाभाविक था । उनका जन्म एक उच्च ब्राह्मण कुल में हुआ था, पर उनका निवास हैदराबाद जैसे मुस्लिम संस्कृति प्रधान नगर में था । उनके पिता विदेशों में रहकर छुआछूत के संस्कारों से छूट गये थे और उनके यहाँ प्रायः मुसलमान नौकर काम करते थे । इसलिये उनकी धार्मिक संकीर्णता स्वभावतः दूर हो गई थी ।"

उन्होंने अपने इन विचारों को सन् १९१३ में मुसलमानों के एक विशाल सम्मेलन में प्रकट किया । एकता के लिये उनके इस भाषण का सब लोगों पर बड़ा प्रभाव पड़ा । जबसे वह सार्वजनिक जीवन में प्रविष्ट हुईं अनेक साम्प्रदायिक दंगे हुए पर इसका उन पर तनिक भी प्रभाव न पड़ा । वह सदा इन दंगों को गुण्डों, बदमाशों और सरकारी पिट्ठुओं की करतूत समझती रहीं । उन्होंने अपने प्रत्येक भाषण में यही बताया कि भारतीय मुसलमान किसी अन्य देश के निवासी नहीं हैं, वरन् उनकी भी मातृभूमि भारतवर्ष ही है । उन्होंने कहा—

"इस विशाल देश में मुसलमान अपना घर बनाने आये थे । वे यहाँ केवल इसलिये नहीं आये कि लूट-मार

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कर अपने घर चले जायें । उन्होंने इस भूमि को अपना स्थायी निवास स्थान बना लिया और इसको सब तरह से सम्पन्न बनाने के लिये उन्होंने पूरा उद्योग किया । तब वे इस भूमि के बच्चों से अलग कैसे हो सकते हैं ? इतिहास में भी यह सिद्ध नहीं होता कि वे हिन्दुओं से पृथक् रहते थे ।"

यद्यपि वर्तमान समय में बहुसंख्यक मुसलमानों की विचारधारा इन विचारों के अनुकूल नहीं है, और पाकिस्तान बनाकर तो उन्होंने 'मातृभूमि' के दो टुकड़े भी कर दिये हैं, तो भी हम संकीर्ण साम्प्रदायिकता को अच्छा नहीं बतला सकते । इससे प्रत्येक दल की हानि ही होती है और यह मानवता के भी विरुद्ध है । विकास सिद्धान्त के अनुसार मनुष्य ने जो कुछ प्रगति की है वह सहयोग और संगठन द्वारा ही सम्भव हो सकी है । अकेला मनुष्य जंगली अवस्था से शायद ही छुटकारा पा सकता । पर जैसे-जैसे सहयोग का क्षेत्र विस्तीर्ण होता गया, मनुष्य अपनी शक्ति को बढ़ाकर नये-नये क्षेत्रों पर अधिकार करता गया । इसलिये श्रीमती नायडू ने एकता के लिये जो विचार प्रकट किये वे वस्तुतः देश और समाज की दृष्टि से कल्याणकारी ही थे । यह दूसरी बात है कि एक तीसरी शक्ति की चालों से दोनों पक्षों का मतभेद बढ़ता गया जिससे अन्त में करोड़ों हिन्दू-मुसलमानों को हानि उठानी पड़ी ।

हिन्दू-मुस्लिम संस्कृतियों के समन्वय पर अधिक जोर देने से कुछ लोग श्रीमती नायडू पर मुसलमानों की पक्षपाती होने का आरोप लगाते हुए सुने गये हैं । पर यह उनका अज्ञान ही है । श्रीमती नायडू ने देश और विदेशों में सदैव भारत की प्राचीन संस्कृति की प्रशंसा की थी । वे बड़े गर्व के साथ कहा करती थीं—"मैं उस जाति की वंशजा हूँ जिसकी माताओं के समक्ष सीता की पवित्रता, सावित्री के साहस और दमयन्ती के विश्वास का आदर्श है ।" उनकी इस मनोभावना पर ध्यान देने पर कोई भी उन्हें हिन्दू-संस्कृति से प्रतिकूल अथवा उदासीन कहने का साहस नहीं कर सकता ।

साहित्यिक से राजनीतिक

यह तो पाठक जान ही चुके हैं कि श्रीमती सरोजिनी ने आरम्भ में एक कवयित्री के रूप में ही प्रसिद्धि पाई थी और अंग्रेज समालोचक एण्डमण्ड गोसे की सलाह से वे भारतीय दृष्टिकोण से काव्य-रचना करने लगी थीं । इसके पश्चात् उनकी तीन कविता पुस्तकें इंग्लैण्ड में प्रकाशित हुईं—

(१) 'गोल्डन थ्रेशोल्ड (सुनहरी देहरी), (२) 'बर्ड ऑफ टाइम (काल पखेरू), (३) ब्रोकन विंग (भग्न- पंख) । ये तीनों १६०५ से १६१७ तक रची गईं । इसके बाद राजनीतिक आन्दोलन में आपादमस्तक निमग्न हो जाने से कविकर्म समाप्त ही हो गया ।

पर इन तीन पुस्तकों ने उनका नाम इंग्लैण्ड और अन्य देशों में प्रसिद्ध कर दिया । वैसे इनकी और भी कई रचनायें हैं जिनमें भारतीय और पाश्चात्य जीवन के आकर्षक पहलुओं पर दृष्टि डाली गई है । इन सब में इन की फुटकर कविताओं का संग्रह है, पर उनमें ऐसी भावप्रवणता पाई जाती है कि अनेक बार उनको विश्व-साहित्य की कृतियाँ बतलाया गया है । इनके 'बर्ड ऑफ टाइम' की आलोचना करते हुए—इंग्लैण्ड के प्रख्यात् समालोचक एण्डमण्ड गोसे ने कहा था—"आलोचना की ऐसी कोई कसौटी नहीं जिस पर कि वह परिपूर्ण रूप से खरी न उतरी हो ।"

एक ऐसी सुकुमार और भावुक कवयित्री का, जिसको लोग प्रायः 'स्वप्न-देश की रानी' कहा करते थे, सक्रिय राजनीतिक संघर्ष के मैदान में उतर आना एक विशेष घटना है । प्रत्यक्ष में तो यह सुखी और सम्पन्न जीवन को स्वेच्छा से त्याग कर कष्टों और विपत्तियों का वरण करना ही था और इस कंटकाकीर्ण मार्ग पर चलते हुए वे कभी विचलित नहीं हुईं । जब महात्मा गाँधी ने नमक-सत्याग्रह के लिये 'डांडी' की प्रसिद्ध यात्रा की और ५ मई १६३० को वे गिरफ्तार कर लिये गये, तो श्रीमती सरोजिनी ने उनका स्थान ग्रहण किया । वे धरसाना के नमक-गोदाम पर धावा करने वाले स्वयंसेवकों का नेतृत्व करती हुई सरकारी फौज के घेरे में एक ही स्थान पर ७२ घंटे तक डटी रहीं । इस बीच में उन्होंने न अन्न-जल ग्रहण किया और न जेठ मास की भयंकर दोपहरी की परवाह की । इसके पश्चात् वे गिरफ्तार करली गईं । इसी प्रकार सन् १६४२ के 'भारत छोड़ो' क्रांतिकारी आन्दोलन में वे भी सबसे पहले गिरफ्तार करली गईं और महात्मा गाँधी के साथ आगाखाँ महल में कैद की गईं । वहाँ और भी कई प्रमुख नेता रखे गये थे । उस जेल के वातावरण में भी ये अपने विनोदपूर्ण और सरस वार्तालाप से प्रसन्नता का वातावरण बनाये रहती थीं ।

स्वाधीनता के पुण्य-पर्व पर

अन्त में जब दूसरा यूरोपीय महासमर समाप्त हुआ और इंग्लैण्ड के राजनीतिज्ञों ने समझ लिया कि अब भारत को पराधीन अवस्था में रखना सम्भव नहीं है, और वहाँ पर अधिक दमन करने से इंग्लैण्ड की बदनामी होगी, तो उन्होंने भारत को स्वाधीन बनाने की घोषणा कर दी । १५ अगस्त १६४७ को जिस समय यह 'पुण्य-पर्व' उपस्थित हुआ तो विश्व के करोड़ों व्यक्तियों ने आकाशवाणी (रेडियो)

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पर एक दैवीवाणी की तरह श्रीमती सरोजिनी का एक संदेश सुना—

"हे संसार के स्वतन्त्र राष्ट्रो ! आज स्वाधीनता के इस मंगल दिवस पर हम सब आपका अभिनन्दन करते हैं । हे दुनिया के परतंत्र राष्ट्रो ! अपनी आजादी की इस घड़ी में, हम आप सबके भावी-स्वातन्त्र्य की हार्दिक कामना करते हैं । हमारा यह 'मुक्ति-संग्राम' एक युगान्तरकारी-संघर्ष था, जो वर्षों जारी रहा और असंख्य प्राणों की आहुतियाँ हमें देनी पड़ीं । यह था एक नाटक जैसा रोमांचक संघर्ष, उन लाखों वीरों का जिनके नाम अज्ञात ही रहेंगे । यह उन वीरबालाओं का संग्राम था जो महाकाली की भाँति एकाएक शक्ति की प्रचण्ड मूर्तियाँ बन गईं, और यह था उन वीर युवकों का संग्राम जो आन की आन में ओजस्विता, बलिदान और उच्च आदर्श के सजीव प्रतीक बन गये । यह था युवा और वृद्ध, धनी और निर्धन, पण्डित और अपढ़ तथा दलित-दीन, साधु-सन्त सभी का एक सामान्य संघर्ष ।

"इस तरह हम, जो कि सदैव स्वर्ग लोक में विचरण करने वाले रहे—जिन्होंने उच्च कल्पना में ही अधिकतर समय बिताया, जो कि विवेक की राह और त्याग मार्ग के ही अनुगामी रहे—वही हम आवश्यकता पड़ने पर मातृभूमि की मुक्ति की लड़ाई के हेतु, वीर सैनिक प्रस्तुत करने में भी पीछे न रहे । आज मैं अपनी माँ भारत-भूमि के नाम पर—आप सबका अभिनन्दन करती हूँ । उस भारत-माता के नाम पर जिसके घर की छत हिम से मंडित है, जिसकी दीवारें गरजते हुए समुद्र हैं और जिसके द्वार आपके लिये सदैव खुले हैं । क्या आप शान्ति और विवेक की खोज में हैं ? क्या आप आश्रय और सहायता के इच्छुक हैं ? क्या आप सच्चे प्रेम अथवा ज्ञान की तृषा से तृषित हैं ? तो आइये ! पूरी आशा के साथ आइये !"

यह थी एक ऐसी महिमामयी नारी की वाणी जिसने अपने महान त्याग और तप द्वारा अपने को इस विशाल राष्ट्र की नेत्री की पदवी के योग्य सिद्ध किया था । जिसने रेशमी कालीनों से उतर कर स्वेच्छा से धूल भरे रास्तों में भ्रमण किया था और चमक-दमक वाले होटलों की 'डिशों' को छोड़कर ग्रामीणों की मोटी रोटियों का स्वाद चखा था । श्रीमती सरोजिनी की इसी महानता—सम्पत्ति और विपत्ति के समान भाव रखने से ही भारतीय जनता आपके गुणों पर मुग्ध थी और आपको 'दुर्गा-सरस्वती-लक्ष्मी' की त्रिमूर्ति के रूप में याद करती थी । इस तथ्य की व्याख्या करते हुए श्रीमती शचीरानी गुर्टू ने लिखा है—

"श्रीमती सरोजिनी नायडू अपनी विलक्षण प्रतिभा, काव्यकुशलता, वक्तृत्व-शक्ति, राजनीतिक-ज्ञान तथा अन्तर्राष्ट्रीय प्रभाव के कारण भारत में ही नहीं वरन् समस्त एशिया के नारी जगत में विशिष्ट स्थान रखती थीं । निःसन्देह, वे भारतीय-महिला-जागरण की मूर्तिमान प्रतीक थीं और उनका बहुगुण समन्वित रूप अत्यन्त विस्मयकारी था । वे एक सफल कवयित्री थीं, जो मधुर कल्पना-लोक की कोमल भावनाओं और करुण अनुभूतियों को हृदय में सँजोये एक दिन राजनीति के काँटों-भरे क्षेत्र में उतर पड़ी थीं । वे एक पटु राजनीतिज्ञ थीं, जिन्होंने विनाश और संघर्षों का सामना मुस्कान और गान के साथ किया था । वे एक कुशल वक्ता थीं, जिन्होंने अपनी वाणी के जादू से लाखों नर-नारियों के दिलों में घर बना लिया था । वे एक निःस्वार्थ देश सेविका थीं जो अन्धकार के बीच आशा की किरण लेकर आई थीं । वे एक सफल पत्नी थीं जो अपने पति और घर की एकछत्र स्वामिनी थीं । वे एक स्नेहमयी माँ थीं, जो हताश, पीड़ाकुल मानवता को सान्त्वना देने के लिये अवतीर्ण हुई थीं ।"

इतने गुणों का एक स्थान पर एकत्र हो सकना वास्तव में दैवी-संयोग ही है । देवी सरोजिनी ने कवि की मधुरता और राजनीतिज्ञ की कठोरता का जो समन्वय करके दिखाया वह अद्वितीय है । जिसका राजाओं और नबावों के महलों में अबाध प्रवेश था, घनिष्ठता थी और जो देश और विदेश में रईसों की शान से ही रही थीं, वह आवश्यकता पड़ते ही जेलखाने की तंग कोठरियों में रहने लगीं और वहाँ भी किसी तरह का विषाद अनुभव करने के बजाय सदैव प्रसन्न और प्रफुल्लित बनी रहीं, तो यह कोई साधारण बात नहीं है । सुख और दुःख, हर्ष और शोक, हानि और लाभ में समान भाव बनाये रहना जीवन्मुक्त व्यक्तियों का लक्षण बताया गया है । यद्यपि श्रीमती सरोजिनी प्रकट रूप में साधुनी अथवा तपस्विनी नहीं थीं, वरन् अपने घर में अन्तिम समय तक बड़े आदमियों की तरह ही रहीं, पर उन्होंने अपने कार्यों और व्यवहार से यह सिद्ध कर दिया कि वे वैभव अथवा सुख-सामग्री की भूखी नहीं हैं । उनके सामने सबसे प्रधान लक्ष्य 'कर्त्तव्य' का ही रहता था और उसके पालने के लिये उन्हें स्वर्ग या नर्क जहाँ भी जाना पड़े, वे खुशी से तैयार थीं ।

यों भारतीय नारी को त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति माना गया है, और समय-समय पर उसने बलिदान के अनुपम दृश्य भी उपस्थित किये हैं, पर अभी तक उसकी यह विशेषता अधिकतर परिवार के छोटे-से क्षेत्र तक ही सीमित रही है । उन्होंने अपने पतियों की रक्षा के लिये प्राण दे दिये हैं, अपनी सन्तान के लिये उन्होंने सर्वस्व त्याग

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिया है, अपने कुटुम्बियों के प्रति सेवा-भावना का भी अपूर्व परिचय दिया है । पर उनके इन गुणों का परिचय सार्वजनिक रूप से बहुत कम मिल पाता है, जिससे उनका महत्त्व भी अज्ञात रहता है । श्रीमती सरोजिनी ने इन सब गुणों का परिचय स्वदेश के एक विशाल परिवार में सम्मिलित होकर दिया । इसीलिये उनके त्याग और बलिदान को देखकर लोग चमत्कृत हो उठे । आज भी देश और विदेश में उनका नाम जिस सम्मान के साथ लिया जाता है उसका कारण यही है कि उन्होंने परिवार की संकीर्ण परिधि को छोड़कर अपनी सेवायें सर्वसाधारण के लिये, अत्याचार पीड़ितों और अभावग्रस्तों के लिये अर्पित कर दीं । उन्होंने स्वयं ही देशोद्धार के लिये इस प्रकार का त्याग नहीं किया वरन् उनकी प्रेरणा से और भी बहुसंख्यक उच्च पदस्थ नर-नारी मातृभूमि के सेवक बन गये ।

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के पद पर

जिस समय १५ अगस्त १९४७ को भारत स्वाधीन हुआ, उसी समय देश के ऊपर एक महान संकट आया । अंग्रेजों ने विवश होकर भारत का अधिकार छोड़ा तो सही, पर उन्होंने उसे भारत और पाकिस्तान दो भागों में विभाजित कर दिया । नतीजा यह हुआ कि १४ अगस्त की रात को जैसे ही १२ का घण्टा बजा कि पाकिस्तान के गुमराह तत्वों ने, जो पहले से ही तैयार बैठे थे, वहाँ के अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हमला बोल दिया और खुले तौर पर लूट-मार और हत्याकाण्ड आरम्भ कर दिया । इसकी प्रतिक्रिया तुरन्त ही भारत में भी हुई और जगह-जगह साम्प्रदायिक उपद्रव फैल गये । यद्यपि इसका सम्बन्ध तो पंजाब से था और वहीं की जनसंख्या की विशेष रूप से अदला-बदली हो रही थी, पर उत्तर प्रदेश पर भी इसका प्रभाव कम नहीं पड़ा । एक तो भारतीय राजनीति में इसकी स्थिति प्रमुख मानी जाती है और दूसरे हिन्दू संगठन, संस्कृति की दृष्टि से भी इसका महत्त्व अधिक माना गया है । इसलिये जैसे ही पाकिस्तान से भागने वाले शरणार्थियों के दल पंजाब और दिल्ली से आगे बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश में फैले, वैसे ही वहाँ भी आग लग गई । चारों तरफ अशान्ति और साम्प्रदायिक वैमनस्य के चिह्न दृष्टिगोचर होने लगे ।

ऐसे अवसर पर इस बड़े प्रान्त में शान्ति और सुव्यवस्था की स्थापना में सहायता देने के लिये श्रीमती सरोजिनी से कहा गया । उस समय उनकी आयु ६८ वर्ष की हो चुकी थी और वर्षों तक राजनीतिक क्षेत्र में कठोर श्रम करने से उनका स्वास्थ्य भी जर्जर हो गया था, तो भी देश के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करने की भावना से उन्होंने उस कार्य-भार को स्वीकार कर लिया । इसके पश्चात् यद्यपि वे डेढ़ वर्ष से भी कम जीवित रहीं, तो भी उन्होंने इस प्रान्त में शान्ति स्थापित करके सुख-सहयोग के जीवन की जो नींव डाली उससे इसकी प्रगति में बहुत सहयोग मिला । सन् १९४८ में दिल्ली में होने वाले एशियाई राष्ट्रों के विशाल सम्मेलन की सफलता के लिये भी उन्होंने बड़ा कार्य किया । सन् १९४९ के आरम्भ में उनकी अस्वस्थता अधिक बढ़ गई और २ मार्च सन् १९४९ को सत्तर वर्ष की आयु में उनका देहावसान हो गया ।

महान पुरुषों की श्रद्धांजलियाँ

महान व्यक्तियों का मूल्य उनके विदा हो जाने पर ही पूरी तरह विदित होता है । उनके जीवन काल में तो जहाँ अनेक व्यक्ति उनके गुणों की, सेवाओं की प्रशंसा करने वाले होते हैं, वहाँ कुछ निजी स्वार्थ, द्वेष, मतभेद या अन्य कारणों से दोष दिखलाने वाले भी मिल जाते हैं । पर जब उसके चले जाने पर वह स्थान खाली हो जाता है और कोई दूसरा उसे शीघ्र भरने वाला दिखाई नहीं पड़ता तो लोग उनके महत्त्व को अनुभव करने लगते हैं । श्रीमती सरोजिनी के देहावसान पर बड़े नेताओं ने भी उनके चले जाने से होने वाले घाटे को स्वीकार किया । श्री बल्लभभाई पटेल ने जो उनके साथ लगातार २५ वर्ष तक कांग्रेस वर्किंग कमेटी में काम करते रहे थे और जिन्होंने जेल में भी उनके साथ काफी समय बिताया था, उनकी महानता पर प्रकाश डालते हुए कहा—

"इस घाटे को भुला देना कितना कठिन है, यह कहा नहीं जा सकता । जहाँ जिस कमरे में सरोजिनी देवी पहुँच जाती थीं वहाँ अपने आप सैकड़ों बत्तियों का प्रकाश फैल जाता था । उनके व्यक्तित्व का आकर्षण, शब्दों का जादू किसे नहीं मोह लेता था । उनका भाषण, उनका रजत स्वर, उनकी भाव भरी आँखें, उनकी अर्थ भरी मुद्रा अपनी एक अलग विशेषता, रखती थीं । देश के लिये सन् १९२५ से जो कार्य उन्होंने किया वह स्वर्ण-अक्षरों में लिखने की चीज है । गाँधी जी की वह छाया थीं, उनमें गाँधी जी का पूर्ण प्रतिबिम्ब था । शोक है कि केवल तेरह महीने बाद ही हमें उस धागे का भी विछोह सहना पड़ा, जो महात्मा जी की आत्मा से जुड़ा हुआ था ।"

पं. जवाहरलाल नेहरू जी ने कहा—"वह सर्वप्रिय थीं । वह क्या नहीं थीं ? वह राष्ट्रीय ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय महिला थीं । हमारा और संसार का इतिहास इस तथ्य की साक्षी दे रहा है । वे स्वप्न की स्वप्न-दृष्टा, संगीत की गायिका और राष्ट्र की सेविका—सब कुछ थीं । जीवन में कभी जीवन विहीन नहीं हुईं । उनमें विद्युत की शक्ति थी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

और वह जिसे छू देती थीं । वही प्रमुख और प्रज्ज्वलित हो उठता था ।"

श्री राजेन्द्रप्रसाद जी ने श्रीमती नायडू की पुत्री श्रीमती पद्मजा को एक पत्र द्वारा संवेदना प्रकट करते हुए लिखा—"तुम्हीं ने नहीं, असंख्य भारतवासियों ने आज अपनी माता को खो दिया । परमात्मा हम सबको सहनशक्ति दे ।"

श्री राजगोपालाचारी ने, जो उस समय भारत के गवर्नर जनरल थे, कहा—"सरोजिनी देवी ने क्या नहीं किया और वह क्या नहीं कर सकती थीं ? उनके हृदय में संकीर्णता को स्थान न था । भारत को स्वाधीनता प्राप्त कराने में उनका कार्य चिरस्मरणीय रहेगा । काश, कि हम उसकी रक्षा करके उनके पदचिह्नों पर चल सकें ।"

इस प्रकार देश और विदेशों के सैकड़ों प्रसिद्ध पुरुषों ने उनके गुणों और कार्यों की प्रशंसा करते हुए जो भावनायें प्रकट कीं उनसे उनकी महानता पर काफी प्रकाश पड़ता है । एक ही व्यक्ति में अनेक गुणों का होना और फिर उनका उपयोग देश-सेवा तथा लोकापकार के निमित्त किया जाना एक बहुत बड़ी बात है । जबकि इस समय दुनिया में स्वार्थ का ही बोलबाला है और साधारण मनुष्यों की क्या बात प्रसिद्ध पुरुष और राष्ट्र-नेता तक अपनी शक्ति और सत्ता का प्रयोग आर्थिक लाभ के लिये ही करते हैं, तब श्रीमती सरोजिनी के समान निःस्वार्थ देश-सेविका की प्रशंसा कौन न करेगा ?

इस समय तो ऐसा अवसर आ गया है कि राजनीतिक क्षेत्र में निःस्वार्थ सेवा के दर्शन ही मुश्किल हो गये हैं और अधिकांश लोग इस बात पर विश्वास भी नहीं कर पाते कि श्रीमती सरोजिनी और उनके समय के अन्य कितने ही पूज्य नेता वास्तव में बिना किसी स्वार्थ भावना के देश की सेवा करते थे । पर इसके लिये हम किसी को विशेष रूप से दोषी भी नहीं कह सकते । इसमें परिस्थितियों का भी बड़ा प्रभाव है । उस समय उग्र राजनीतिक आन्दोलन में हाथ डालने पर सिवाय सरकार की अप्रसन्नता और दण्ड भोगने के अन्य किसी प्रकार की सम्भावना ही नहीं थी । इसलिये उन दिनों जो कोई इस क्षेत्र में पदार्पण करता था उसे स्वार्थ-त्याग की भावना को हृदय में स्थान देना ही पड़ता था । फिर अंग्रेज राजनीतिज्ञों तथा अनुभवी शासकों के मुकाबले में बिना उच्चकोटि की योग्यता के कोई कुछ सफलता भी प्राप्त नहीं कर सकता था । यही कारण है कि उस समय तिलक, गाँधी, अरविन्द, लाजपतराय, मालवीय जी जैसे महामानवों के दर्शन हो सके, जिन्होंने बड़ी से बड़ी पदवी और वैभव की सम्भावना को ठुकरा कर दण्ड और जेल का मार्ग ग्रहण किया । यद्यपि भारतीय महिलायें सामाजिक बन्धनों के कारण इतना आगे बढ़कर कार्य कर सकने की स्थिति में नहीं थी, तो भी श्रीमती सरोजिनी ने उनके प्रतिनिधि रूप में देश के सर्वोच्च नेताओं की पंक्ति में खड़े होकर और उसके उत्तरादायित्व को प्रशंसनीय ढंग से निभाकर, इस त्रुटि का बहुत कुछ मार्जन कर दिया । इसी प्रकार भारतमन्त्री मि. माण्टेग्यू के दौरे के समय उन्होंने 'अखिल भारतीय महिला डेप्यूटेशन' का नेतृत्व किया और नारियों के पक्ष को ऐसी कुशलता के साथ उनके सामने रखा कि उसकी प्रशंसा बड़े-बड़े सरकारी अधिकारियों ने भी की थी ।

श्रीमती नायडू ने भारत की माँगों का समर्थन प्राप्त करने के लिये अमेरिका और कनाडा का दौरा किया था, और वहाँ की जनता पर भी उनका उल्लेखनीय प्रभाव पड़ा था ।

उनके सुगृहिणी होने की विशेषता के सम्बन्ध में कहा गया है कि इतने राजनीतिक और साहित्यिक कार्यक्रम में भाग लेते रहने पर भी वे अपने गृहिणी कर्त्तव्य नहीं भूली थीं । वे बड़ा बढ़िया भोजन बनाना जानती थीं और घर की तमाम व्यवस्था बड़ी सावधानी से करती थीं । उनकी रुचि बहुत परिमार्जित तथा उच्चकोटि की थी । वह घर की कोई वस्तु अस्त-व्यस्त रीति से पड़ी रहना पसन्द नहीं करती थीं । वे अपने हाथ से उनको उपयुक्त स्थान पर सजाती और सँवारती थीं ।

उनके भाषण की एक बहुत बड़ी विशेषता यह थी कि तेजस्वितापूर्ण और प्रभावशाली होने के साथ ही वह सुन्दर, स्पष्ट और संगीतमय होता था । उसमें मोहकता होती थी, रूखापन नहीं । अपने समय में श्रीमती विजयलक्ष्मी भी राजनीतिक क्षेत्र की एक प्रसिद्ध वक्ता मानी जाती थीं, पर जिन लोगों ने इन दोनों के भाषण सुने थे उनका कहना है कि—जहाँ विजयलक्ष्मी जी के बोलने में ऐसा जान पड़ता था कि कोई पुरुष बोल रहा है वहीं श्रीमती नायडू के बोलने में आद्योपान्त स्त्रीत्व की छाप रहती थी और स्त्रियोचित शील और स्वाभाविक आकर्षण झलकता था । इसीलिये उनके भाषण सीधे हृदय में उतरने वाले होते थे और श्रोता उनको बार-बार सुनने की इच्छा करते थे ।

अन्तिम सार्वजनिक उत्सव, जिसमें श्रीमती नायडू ने भाग लिया वह लखनऊ यूनीवर्सिटी का स्पेशल-जुबली-कनवोकेशन था ।

'स्त्री-धर्म' सम्बन्धी विचार

श्रीमती नायडू अंग्रेजी की धुरन्धर विदुषी थीं और बड़े-बड़े अंग्रजों से उनकी मित्रता थी, यह सुनकर हमारे

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अधिकांश देश-भाई उनको विदेशी महिलाओं की तरह केवल फैशनपरस्त, अपने दाम्पत्य-कर्त्तव्यों से विमुख और उच्छृंखल समझ सकते हैं और उनके सम्बन्ध में बहुत से गप-शप करने वाले तरह-तरह के किस्से बनाकर कहते भी रहते थे । पर वास्तव में नारीत्व की दृष्टि से वे एक गम्भीर विचार रखने वाली महिला थीं, और सदैव भारतीय आदर्शों की श्रेष्ठता पर बल देती रहती थीं । एक महिला सभा में अपने विचार प्रकट करते हुए उन्होंने यूरोपीय नारियों की त्रुटियों के सम्बन्ध में कहा था—

"पाश्चात्य देशों की कौन-सी बात अनुकरणीय है और कौन-सी नहीं इस सम्बन्ध में हमारे यहाँ बड़ा भ्रम फैला हुआ है । इस समय मैं केवल उन्हीं बातों को कहूँगी जो महिलाओं के विषय में हैं । पाश्चात्य जगत की अन्य बातें चाहे भले ही कुछ सुन्दर और अनुकरणीय हों पर वहाँ की नारी-संस्कृति तो एकदम हेय और त्याज्य है । जिन बहिनों का यह ख्याल है कि विदेशों में स्त्रियों को बड़ी स्वाधीनता है, वह भ्रम में हैं । वहाँ स्वाधीनता नहीं है, वरन् प्रबल और कठोरतम पराधीनता है । जिसे आप स्वाधीनता कहती हैं वह स्वाधीनता नहीं है । वह तो उनके सामाजिक जीवन का एक पहलू है ।

"बाहर घूमना, हर किसी के साथ बात करना, किसी के भी साथ घूमने निकल जाना, दफ्तरों में काम करना और घर में पुरुषों के साथ ही पहुँच कर समान रूप से खाना, पीना और मनोरंजन करना—क्या इसी का नाम स्वाधीनता है ? कदापि नहीं । यह तो है मैत्री । दो मित्र जैसे एक साथ किसी घर में रह लेते हैं वैसे ही वहाँ का दाम्पत्य जीवन होता है । मित्रता में किसी भी कारण कटुता आते ही दोनों मित्र अलग-अलग हो सकते हैं । वहाँ के दम्पतियों में ऐसी कटुता आये दिन आती रहती है, क्योंकि ऐसे कारणों की सूची बहुत लम्बी है ।"

इस प्रकार श्रीमती नायडू ने बतलाया कि ऊपरी खेल-तमाशों और भोग-विलास के विषय में स्वतन्त्रता रखना कोई महत्त्व की बात नहीं है । दाम्पत्य सम्बन्ध तो हृदय और आत्मा का होता है । यही कारण है कि हमारे देश में करोड़ों दाम्पत्य सम्बन्ध अनेक त्रुटियों के होते हुए भी, आजीवन कायम रह जाते हैं, और उनमें कोई बहुत बड़ा दोष पैदा नहीं होता । चाहे इसको हम आदर्श न मानें, और कभी-कभी इसमें अनेक गम्भीर दुर्घटनायें भी हो जाती हैं, तो भी सब मिलाकर दोनों का मुकाबला करने से भारतीय नारी का जीवन कहीं अधिक सराहनीय है । यूरोप की दाम्पत्य कलह तो प्रायः अत्यन्त दुःखदाई परिणाम उत्पन्न करती है, जिसकी कल्पना भी हम अपने देश में नहीं कर सकते ।

श्रीमती सरोजिनी ने जिस प्रकार भारतीय नारी को हानिकारक बन्धनों को तोड़कर सार्वजनिक कल्याण के कार्यों में भाग लेने का मार्ग दिखलाया है, उसी प्रकार उन्होंने भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता सिद्ध करके अपनी बहिनों को यह भी प्रेरणा दी है कि वे परिश्रम के अन्धानुकरण की चेष्टा कभी न करें । यदि भारतीय नारियाँ उनकी दोनों शिक्षाओं पर ध्यान देकर उनका अनुसरण करेंगी तो अवश्य ही अपना और देश का मंगल-साधन कर सकेंगी ।

भारतीय नारीत्व का विकास और श्रीमती नायडू

श्रीमती सरोजिनी के समग्र जीवन पर जब हम विश्लेषणात्मक दृष्टि से विचार करते हैं तो उनमें प्राचीनता और नवीनता का एक अद्‌भुत समन्वय दृष्टिगोचर होता है । जिस समय उनका जन्म हुआ था उस समय भारतीय स्त्रियों की क्या चलाई पुरुषों तक में शिक्षा का बहुत कम प्रचार था और अंग्रेजी लिखने-पढ़ने को तो यहाँ के समझदार व्यक्ति भी धर्म और नीति की निगाह से हानिकर बतलाते थे । उस समय लड़कियों के स्कूल समस्त देश में गिनती के ही थे और जो साधन सम्पन्न व्यक्ति अपनी पुत्रियों को थोड़ी-बहुत शिक्षा दिलाना चाहते थे वे किसी 'मिशनरी' (ईसाई) शिक्षिका को अपने घर पर बुलाकर पढ़ाने की व्यवस्था करते थे । पर उस समय यहाँ की जनता में, खासकर स्त्रियों में स्कूली ढंग की शिक्षा के विरुद्ध ऐसे भाव फैले हुए थे कि वे जिस किसी लड़की या युवती को पढ़ते देखती थीं तो उसकी तरह-तरह से निन्दा करने लग जाती थीं । वे कहती थीं कि—"पढ़ने-लिखने से स्त्रियों की आँखों का पानी उतर जाता है ।" ग्रामीण औरतों में तो आमतौर से यह भावना फैली हुई थी कि "जो लड़कियाँ पढ़ती-लिखती हैं वे विधवा हो जाती हैं ।"

ऐसे वातावरण में जब कि प्रथम तो शिक्षा की कहीं ठीक व्यवस्था ही न थी और दूसरे स्त्री-शिक्षा को एक प्रकार का दोष समझा जाता था, किसी भारतीय स्त्री का अधिक अंग्रेजी लिखना-पढ़ना आश्चर्यजनक ही था । अगर कोई स्त्री ऐसा साहस करती थी तो उसके घर और पड़ोस की स्त्रियाँ ही उसका हर तरह से विरोध करने लगती थीं और चारों तरफ उसकी चर्चा और निन्दा होनी आरम्भ हो जाती थी । श्री महादेव गोविन्द रानाडे जैसे प्रसिद्ध पुरुष ने जब अपनी पत्नी रमाबाई को प्रेरणा देकर अंग्रेजी पढ़ाना प्रारम्भ किया तो उनके घर की अन्य स्त्रियों ने उन्हें इतना तंग किया कि वह परेशान हो गईं । वे उन पर तरह-तरह के

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

ताने मारतीं और कटु आलोचना करती थीं । एक दिन श्री रानाडे के आग्रह से रमाबाई ने एक सार्वजनिक सभा में अंग्रेजी भाषा में लिखा अभिनन्दन-पत्र पढ़कर सुना दिया तो उनकी ताई बहुत बिगड़ उठीं और रमाबाई से कहने लगीं—

"अबकी स्त्रियों की तो बात ही निराली है । वे पुरुषों के सामने नाचने में भी नहीं शर्मातीं । पहले की स्त्रियाँ तो पुरुषों के सामने जाने में भी लजाती रहीं । पर तुम्हारा भी क्या दोष है, समय ही ऐसा आ गया है । अब तो औरतें मर्दों की नाक काट रही हैं और उनके साथ-साथ कुर्सी पर बैठने में भी लज्जा का अनुभव नहीं करतीं । वे पुरुषों की तरह ही पढ़ती-लिखती और सब कुछ करती हैं । तुम्हें क्या सूझी थी ? हजारों पुरुषों के बीच में खड़ी होकर अंग्रेजी पढ़ने में तुम्हें लाज नहीं आई ?"

यह एक नमूना है जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि उस समय स्त्रियों का अच्छी तरह पढ़-लिख सकना कितना कठिन था । इसलिये उस जमाने में एक विदेशी भाषा में इतनी दक्षता प्राप्त कर लेना कि स्वयं उस देश के विद्वान् भी उसे देखकर चकित हों और प्रशंसा करने लगें, सामान्य बात नहीं थी । इसलिये आरम्भ से ही श्रीमती सरोजिनी का नाम देश भर में फैल गया और लोग अनुकूल अथवा प्रतिकूल भावनाओं से उनकी चर्चा करने लगे । देशहितैषी विद्वान् तो उनको भारतमाता का नाम उज्ज्वल करने वाली विदुषी के रूप में सम्मान की पात्र बतलाते थे और पुराने ढंग के लकीर के फकीर विदेशी भावापन्न और एक दृष्टि से भारतीय-समाज से च्युत स्त्री समझते थे । इसमें सन्देह नहीं कि यदि श्रीमती सरोजिनी देशोद्धार के आन्दोलन में भाग लेकर जनता की स्मरणीय सेवायें न करतीं और केवल अंग्रेजी में काव्य-रचना तक ही सीमित रह जातीं तो आज उनका नाम लेने वालों की संख्या उँगलियों पर गिनने लायक ही होती ।

पर वे वास्तव में एक सच्ची भारतीय नारी थीं, जिन्होंने आधुनिकता के क्षेत्र में महान सफलतायें प्राप्त करके भी अपनी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति के महत्त्व को नहीं भुलाया था । वे अपने श्रोताओं के सम्मुख सदैव सीता और सावित्री का उदाहरण ही पेश करती थीं और अपने को उन्हीं की वंशधर बतलाती थीं । यद्यपि हमारे देश में सामाजिक कारणों से अधिकांश स्त्रियों का कार्यक्षेत्र घर के भीतर ही रहा है, पर फिर भी यहाँ की नारियों ने अपने निकटवर्ती व्यक्तियों के हित-साधन और सेवा के लिये जिस प्रकार त्याग और तपस्या का परिचय दिया था, वही उनकी सबसे बड़ी विशेषता है । श्रीमती नायडू ने भी इस विशेषता को पूर्ण रूप से चरितार्थ किया और जब देश की पुकार उनके कानों में पड़ी तो उन्होंने बिना किसी प्रकार के संकोच के आधुनिक रहन-सहन और फैशन को त्यागकर यहाँ अति सामान्य जनता के बीच में रहना आरम्भ कर दिया ।

यदि हम यह कहें कि भारत के सार्वजनिक तथा राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करके भारतीय नारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली सर्वप्रथम और सर्वोच्च महिला श्रीमती सरोजिनी ही थीं तो इसमें कुछ भी अतिशयोक्ति नहीं । उनके पश्चात् इस क्षेत्र में श्रीमती विजयलक्ष्मी, राजकुमारी अमृतकौर, कमलादेवी चट्टोपाध्याय, सुचेता कृपलानी, अरुणा आसफअली आदि कुछ महिलाओं ने उल्लेखनीय कार्य किया, पर इन सब में प्राचीन भारतीय परम्परा का प्रभाव क्रमशः कम होता ही दिखाई पड़ता है । भारतीय नारीत्व और राजनीति के सम्बन्ध में श्रीमती नायडू के विचार हम पहले ही बता चुके हैं । अब उनके पश्चात् होने वाली विदुषियों के उद्‌गारों पर ध्यान देने से पाठक उपर्युक्त तथ्य की सच्चाई को स्वयं अनुभव कर सकेंगे ।

राजकुमारी अमृतकौर—"नारी-जीवन की समस्यायें आज के युग में सर्वतोमुखी हो उठी हैं । कारीगर जैसे टूटी दीवार का पुनर्निर्माण करता है वैसे ही हमें तो नारी-जीवन की सभी समस्याओं का एक ही हल दिखाई पड़ता है और वह है उसकी निर्माण-शक्ति । उन्हें प्रारम्भ से ही मानसिक और नैतिक अनुशासन की शिक्षा देना आवश्यक है । हमें उनमें काम की महत्ता जागृत करनी चाहिये, ताकि वे समाज पर बोझ न बन सकें ।"

श्री विजयलक्ष्मी पण्डित—"आज तक हमारा काम परदेशी नींव के भवन को गिराना रहा है । परन्तु अब हमें अपना भवन बनाना है, जिसकी ईंटें हम और आप हैं । हमें बड़े राष्ट्रों का मुकाबला करना है । हमें अपनी शक्ति और दुर्बलता की जाँच करनी चाहिये । हमारी स्वतन्त्रता, उस स्वतन्त्रता का अंग है जिसके लिये दुनियाँ के सब व्यक्ति तड़प रहे हैं । हम अपने द्वारा विश्व को लाभ पहुँचा सकते हैं । विश्व की आँखें हमारी क्रान्ति पर लगी हैं ।"

कमलादेवी चट्टोपाध्याय—"मानव-मस्तिष्क को एक गढ़े हुए काँच में ढालकर विशेष ढंग से सोचने और समझने को विवश नहीं करना चाहिये, वरन् उसे स्वतन्त्र विचारों को ग्रहण करने के लिये उत्साहित करना चाहिये । स्वतन्त्रता की भाँति लोकतंत्र भी केवल नारे लगाने से अनुभवगम्य नहीं होता, उसे जीवन में बरतना पड़ता है । पारस्परिक उत्तरदायित्व की सुदृढ़ परम्परा का विकास सर्वाधिक आवश्यक है ।"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

इसमें सन्देह नहीं कि भारतीय नारी का दृष्टिकोण गतवर्ष में निरन्तर विकसित और विस्तृत होता गया है, पर साथ ही प्राचीन सभ्यता तथा संस्कृति से उसका परिचय भी घटता जा रहा है इसका अन्त कहाँ और कैसा होगा यह तो कह सकना कठिन है, पर अभी तो हमारे देश को उन्हीं व्यक्तियों की आवश्यकता है जो प्राचीन और नवीन ज्ञान तथा संस्कृतियों में समन्वय करके यहाँ की सामान्य जनता को उपयोगी और व्यवहारिक मार्ग दिखला सकें । इस दृष्टि से श्रीमती सरोजिनी का स्थान निःसन्देह बहुत ऊँचा था । उन्होंने पश्चिमीय संस्कृति को पूर्णतया आयत्त कर लेने पर भी पूर्वीय संस्कृति का निरन्तर ध्यान रखा और उसकी महत्ता को बढ़ाने का अन्तिम समय तक प्रयास करती रहीं ।

सेवा व्रत का आदर्श उपस्थित करने वाली अवन्तिकाबाई गोखले

महात्मा गाँधी ने सन् १९१५ में अफ्रीका में भारतवर्ष आकर जब यहाँ के सार्वजनिक जीवन में भाग लेना आरम्भ किया तो उनको अनुभव हुआ कि इस समय सबसे अधिक आवश्यकता भारतीय किसानों की दुरवस्था का सुधार करने और उनमें जागृति उत्पन्न करने की है यद्यपि, उस समय देश में स्वराज्य आन्दोलन जोर पकड़ रहा था और लोकमान्य तिलक तथा मिसेज ऐनीबेसेण्ट जैसे प्रसिद्ध नेता राजनीतिक जागृति बड़े परिमाण में फैला रहे थे, पर उनके प्रयत्न अधिकांश में बड़े नगरों में रहने वाले शिक्षित-वर्ग तक ही सीमित थे । गाँवों में जाने का तो कोई साहस ही नहीं करता था, क्योंकि न तो वहाँ किसी तरह की सुविधायें मिल सकती थीं, और न वहाँ की अज्ञानान्धकार में डूबी जनता को उठा सकना ही सहज था । पर गाँधीजी की कार्य प्रणाली प्रत्येक कार्य को जड़ से आरम्भ करने की थी । भारतवर्ष की जड़ गाँवों में ही है । किसानों की संख्या सम्पूर्ण आबादी का ८० प्रतिशत थी और वे ही लोग समाज के 'अन्नदाता' थे । पर अशिक्षा, अज्ञान तथा विदेशी शासन ने उनको लुंज-पुंज बना रखा था । इस बात को समझकर गाँधीजी ने सबसे पहले खेड़ा और चम्पारन के 'किसान-सत्याग्रह' जैसे आन्दोलन ही आरम्भ किये ।

चम्पारन में कुछ अंग्रेज नील की खेती कराने का कार्य करते थे । वे बड़े स्वार्थी और अहंकारी थे और अपने सम्मुख किसी का कुछ भी महत्त्व समझते ही न थे । देहाती किसान तो उनकी निगाह में भेड़ बकरियों की तरह ही थे । इसलिये बात-बात पर धमकाना, दण्ड देना, तंग करना उनका स्वभाव हो गया था । लखनऊ कांग्रेस में किसानों के एक प्रतिनिधि श्री रामकुमार शुक्ल द्वारा जब ये बातें गाँधीजी तक पहुँची और किसानों पर होने वाले अत्याचारों की कहानियाँ सुनीं, तो उन्होंने उन पीड़ित लोगों की सहायता करने का निश्चय कर लिया । वे समझते थे कि यद्यपि "निलहे गोरे" इन लोगों पर अपने स्वार्थ की दृष्टि से ही जुल्म करते रहते हैं, पर इसमें किसानों के अज्ञान, निरक्षरता तथा कितनी ही हानिकारक रूढ़ियों का दोष भी कम नहीं है । इसलिये एक तरफ तो गोरों के अन्यायों के विरुद्ध आन्दोलन आरम्भ किया गया और दूसरी तरफ कुछ ऐसे चुने हुए कार्यकर्ताओं को गुजरात और महाराष्ट्र प्रान्तों से बुलाया गया जो केवल सेवा भाव से बिहार के पिछड़े गाँवों में रह कर, वहाँ की समस्त असुविधायें सहन करके, साथ ही गोरों की धमकियों की परवाह न करके किसानों में सुधार का कार्य करते रहे । इन्हीं कार्यकर्ताओं में से एक अवन्तिकाबाई गोखले भी थी ।

अवन्तिकाबाई बम्बई की रहने वाली सुशिक्षित, सुसभ्य महिला थी, जो विलायत जाकर अंग्रेजों की सामाजिक प्रथाओं का अच्छा अनुभव प्राप्त कर चुकी थी । उसका पति श्री बबनराव इंग्लैण्ड में ५ वर्ष तक एक अंग्रेज परिवार में रहा था, और वे लोग उसकी योग्यता और सज्जनता को देखकर उसके साथ अपनी एक लड़की का विवाह करने को तैयार थे । बम्बई में वे एक बढ़िया मकान में रहते थे जिसमें बिजली और गैस आदि की सब सुविधायें प्राप्त थीं, और बिहार के जिन गाँवों में उनको कई महीने रहना था उनमें एक अच्छी लालटैन का मिल सकना भी कठिन था । पर गाँधी जी का आदेश मिलते ही वे दोनों पति-पत्नी चम्पारन के लिये चल पड़े । अब तक वे सदैव सेकण्ड क्लास में सफर किया करते थे, पर इस बार गाँधी जी के बुलाने पर जा रहे थे, इसलिये थर्ड क्लास में ही सवार हुए । महात्माजी के पास पहले से ही खबर पहुँच गई थी, इसलिये उन्होंने कुछ लोगों को उनको लाने को भेजा, जिनमें देवदास गाँधी (महात्माजी के सबसे छोटे पुत्र) भी थे । वे कहने लगे कि अवन्तिकाबाई तो दूसरे दर्जे में आयेंगी । महात्माजी ने कहा—"अगर वे तीसरे दर्जे में आयेंगी तो

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

उन्हें यहाँ रखूँगा, वरना बम्बई को ही वापस भेज दूँगा ।" गाड़ी रात के एक बजे आती थी । देवदास ने अवन्तिकाबाई को दूसरे दर्जे के डिब्बे में ही ढूँढ़ा और जब वे न मिलीं तो कुछ देर बाद वापस चले आये । पर अवन्तिकाबाई अपने पति के साथ इससे पहले ही तीसरे दर्जे से उतर कर गाँधी जी के पास पहुँच कर एक कमरे में ठहर गई थीं । देवदास ने महात्मा जी से कहा कि "अवन्तिकाबाई तो इस गाड़ी से नहीं आईं ।" यह सुनकर सब लोग हँसने लगे और महात्माजी ने कहा—"मैंने तो पहले ही कहा था कि अवन्तिकाबाई तीसरे दर्जे में आयेगी ।"

महात्मा गाँधी में मनुष्य के अन्तःकरण को पहिचानने की विलक्षण शक्ति थी । इसी के बल पर उन्होंने उस "अंग्रेजियत" के दौरदौरा के युग में ऐसे व्यक्तियों को ढूँढ़कर निकाल लिया, जिन्होंने बिना किसी आनाकानी के तुरन्त अपने वैभवशाली जीवन क्रम का त्याग कर दिया और रेशम के स्थान पर मोटा खद्दर पहिन कर जन-सेवा के कार्य में संलग्न हो गये । अन्तिकाबाई भी गाँधीजी की इस कसौटी पर खरी उतरी । उसका जीवन उद्देश्य जन सेवा ही था और जब उसने गाँधी जी के सिद्धान्तों की वास्तविकता को समझ लिया तो स्वयं तदनुसार परिवर्तित होने में देर न लगाई ।

निरक्षर से विदुषी कैसे बनी ?

अवन्तिकाबाई का जन्म सन् १८८२ में इन्दौर में हुआ था । उस समय तक स्त्री शिक्षा का प्रचार बहुत कम हुआ था । उनके पिता श्री विष्णुपंत जोशी इन्दौर में रेलवे कर्मचारी थे । वे पक्के ईमानदार व्यक्ति थे । जिस कार्य में दूसरे लोगों ने लाखों रुपये की कमाई कर ली उसमें वे एक पैसा भी "ऊपरी आमदनी" का लेना बुरा समझते थे । पर वैसे वे पुरानी परम्परा के अनुयायी थे और उन्होंने अवन्तिकाबाई का विवाह नौ वर्ष की आयु में ही कर दिया । उधर अवन्तिकाबाई के पति बबनराव का घर सुधारक विचारों का था । इसलिये उस एक निरक्षर लड़की का सम्मानपूर्वक निर्वाह हो सकना कठिन ही था । मराठी तो कामचलाऊ उसकी सास ने ही पढ़ा दी । पर कुछ साल बाद जब बबनराव इन्जीनियरिंग कॉलेज में शिक्षा प्राप्त करके अधिक अनुभव प्राप्त करने के लिये विलायत गये तो उन्होंने कहा कि अगर मेरे प्रवास-काल में अवन्तिकाबाई ने अंग्रेजी न सीखली तो मैं विलायत से किसी अंग्रेज लेडी को विवाह करके ले आऊँगा । इस बात का प्रभाव अवन्तिकाबाई पर ऐसा पड़ा कि उसने एक-दो वर्ष में अच्छी तरह अंग्रेजी सीख ली ।

जब बबनराव इंग्लैण्ड और चीन में सात वर्ष काम करके भारत वापस आये तो एक मशीन सम्बन्धी दुर्घटना में अगूँठों को छोड़कर उनके हाथों के पंजे कट गये थे । इंग्लैण्ड की कम्पनी फिर भी उनसे काम करते रहने का बहुत आग्रह कर रही थी, पर घर वालों के कहने-सुनने से उनको रुक जाना पड़ा । वे यन्त्र-विद्या में बहुत होशियार थे और इसीलिये बम्बई रह कर भी काफी व्यवसाय चला सके । तो भी भविष्य का ख्याल करके उन्होंने अवन्तिकाबाई को नर्स की शिक्षा प्राप्त करने की सम्मति दी । तदनुसार बम्बई के "मोटलबाई अस्पताल" में उनको भर्ती कराया गया । यद्यपि 'शिक्षणालय' के नियमानुसार उनकी आयु दो-तीन वर्ष कम थी, पर किसी प्रकार अधिकारियों को राजी कर लिया गया । "नर्सिंग" कार्य उस समय विशेष रूप से यूरोपियन और ऐंग्लो इण्डियन स्त्रियाँ ही करती थीं । इसलिये शिक्षणालय में सिर्फ छः-सात हिन्दू लड़कियाँ थीं । हिन्दू लड़कियों को मराठी में और यूरोपियनों को अंग्रेजी में शिक्षा दी जाती थी । अवन्तिकाबाई को पहले "मराठी-विभाग" में ही रखा गया, पर कुछ समय पश्चात् उसकी योग्यता देखकर उसे "अंग्रेजी-विभाग" में बदल दिया । एक वर्ष तक ट्रेनिंग प्राप्त करके उसने परीक्षा दी और प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई । कुछ समय बाद ही घर में उसकी चचेरी सास को प्रसव हुआ और उस कार्य में उसने अपनी योग्यता प्रमाणित कर दी ।

भारतीय स्त्रियाँ इतना समय बीत जाने पर भी, अभी तक 'नर्स' के कार्य की महत्ता को नहीं समझ सकी हैं, और जो कोई इस कार्य को करती हैं उन्हें हीनता की दृष्टि से देखती हैं । विदेशों में मिस नाइटेंगिल जैसी विदुषी महिला ने सौ वर्ष से भी पहले अपने उच्च परिवार की शान-शौकत और बड़प्पन को त्याग कर 'नर्सिंग' के पेशे में पदार्पण किया था और हर तरह से स्वार्थ-त्याग करके उसे एक सम्माननीय कार्य का रूप दिया था । पर भारतवर्ष में सभ्य-समाज के कहलाने वाले अधिकांश स्त्री-पुरुष नर्सिंग का लाभ उठाते हुए भी उसे "इज्जत" का पेशा नहीं समझते । ऐसी दशा में बबनराव और अवन्तिकाबाई का कार्य निःसन्देह प्रशंसनीय था कि उन्होंने ब्राह्मण जैसे उच्च वर्ण और सम्पन्न परिवार के होते हुए भी आज से सत्तर वर्ष पूर्व नर्सिंग की शिक्षा प्राप्त की । यद्यपि घर की स्थिति के कारण उनको नर्स की नौकरी नहीं करनी पड़ी, पर उसने दीनजनों की सेवा में इसका बहुत उपयोग किया । चम्पारन में भी महात्मा गाँधी ने उसे सबसे पहले यही सोचकर बुलाया था कि वह ग्रामीण स्त्री-पुरुषों तथा बालकों की सेवा करके उनको स्वास्थ्य सम्बन्धी सहायता देकर अपनी तरफ

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

आकर्षित कर सकती है । फिर इस गुण के कारण वह बम्बई की सुप्रसिद्ध संस्था 'सेवा-सदन' की भी एक प्रमुख कार्यकर्त्ता बन गईं ।

इसमें सन्देह नहीं कि सेवा भावी महिलाओं के लिये 'नर्सिंग' की शिक्षा बहुत अधिक उपयोगी है । 'नर्स' का कार्य विदेशों में इतना सम्मानजनक समझा जाता है कि बड़े-बड़े लोग भी उनका आदर करते हैं और किसी भी सामाजिक समारोह में उनको प्राथमिकता दी जाती है । यदि जीवन निर्वाह के धन्धे के रूप में काम करने वाली नर्सों का इतना महत्त्व है, तो समाज सेविका निस्वार्थ भाव से, असहाय पीड़ितजनों के कष्टों का मोचन करने की भावना से इस कार्य को करेगी उसकी पूजा—कौन नहीं करेगा ।

सेवा कार्य का व्यावहारिक रूप

जिस समय अवन्तिकाबाई 'नर्सिंग' का कोर्स पढ़ रही थी उस समय बात-चीत होते-होते किसी डॉक्टर ने कहा कि "नर्सिंग कार्य में यूरोपियन महिलायें जितनी कुशल, साहसी और संलग्नता से कार्य करने वाली होती हैं, उतनी हिन्दू स्त्रियाँ हो ही नहीं सकतीं ।" अवन्तिकाबाई ने उसी समय उत्तर दिया कि यदि कोई अवसर आया तो मैं सिद्ध कर दूँगी कि इस दृष्टि से भारतीय महिलायें किसी प्रकार कम नहीं हैं । संयोग से एक ही वर्ष बाद बम्बई में चेचक की बीमारी बड़े भयंकर रूप से फैली और सैकड़ों मौतें होने लगीं । अस्पताल रोगियों से भर गये । अवन्तिकाबाई उस समय व्यारा नामक स्थान में जो बड़ौदा (गुजरात) में है, पति के साथ दियासलाई के सर्वप्रथम भारतीय कारखाने का संचालन कर रही थी । उस डॉक्टर ने वहीं पत्र भेजकर अवन्तिकाबाई को बम्बई आने और चेचक के मरीजों की सेवा करके अपने शब्दों को चरितार्थ करने के लिये सूचित किया । यद्यपि उस समय बम्बई में चेचक ने बड़ा भंयकर और घातक रूप धारण कर रखा था और उसकी छूत से बड़े-बड़े डॉक्टर घबड़ाने लगे थे । पर अवन्तिकाबाई निर्भय होकर कार्य क्षेत्र में पहुँच गई और छः महीने तक ऐसी तत्परता से चेचक के मरणासन्न रोगियों की सेवा करती रही कि अस्पताल के बड़े डॉक्टर भी दंग रह गये । उसके परिश्रम और कुशलता से बहुसंख्यक व्यक्तियों की प्राण रक्षा हो सकी । उसको चुनौती देने वाले डॉक्टर साहब का तो कहना ही क्या । उन्होंने मुक्त-कंठ से अपनी भूल और अवन्तिकाबाई की श्रेष्ठता स्वीकार की । इस प्रकार उन्होंने स्वयं अपने को संकट में डालकर भी भारतीय महिलाओं की कीर्ति को बढ़ाया ।

पति की सेवा

बबनराव ने दियासलाई का कारखाना उस युग में लगाया था जब भारत में स्वदेशी आन्दोलन आरम्भ नहीं हुआ था और छोटी बड़ी सभी चीजें विदेशों से बनकर आती थीं । पर बबनराव और बड़ौदा के महाराज सयाजी राव दोनों को देश से प्रेम था और वे भारतीय उद्योग-धन्धों की उन्नति की अभिलाषा करते थे । महाराज बड़ौदा बबनराव से मित्रवत् व्यवहार करते थे और कभी-कभी व्यारा आकर उनके कार्य का निरीक्षण करते थे । जब उनको मालूम हुआ कि व्यापार सम्बन्धी कार्य से बबनराव के बाहर चले जाने पर कारखाने की देखभाल और व्यवस्था अकेली अवन्तिकाबाई करती है तो महाराज बड़े प्रसन्न हुए और उन्होंने कहा कि "अगर भारतीय महिलायें इसी तरह अपने पति के कन्धे से कन्धा मिलाकर जीवन के हर क्षेत्र में काम करती रहीं, तो भारत थोड़े ही दिनों में स्वतन्त्र हो जायेगा और उसकी गुलामी दूर हो जायेगी ।"

बबनराव ने डाइनाइट का विस्फोट करके मछलियों को पकड़ने का एक नया तरीका निकाला था । एक दिन उसका प्रयोग करते हुए उनका हाथ बहुत घायल हो गया । खबर मिलते ही अवन्तिकाबाई उनके पास पहुँची और उसी समय अपनी साड़ी से कपड़ा फाड़कर घाव को बाँध दिया जिससे खून का बहना बन्द हो गया । फिर वह उनको लेकर सूरत गई और एक प्रसिद्ध डॉक्टर से हाथ का आपरेशन कराया । डॉक्टर ने अवन्तिकाबाई की कम उम्र को देखकर (वह उस समय लगभग २० वर्ष की ही थी) ख्याल किया कि यह आपरेशन होते देखकर घबड़ा जायेगी । इसलिये उन्होंने कहा कि आप इस समय बाहर जाकर बैठ जायें । पर अवन्तिकाबाई ने उत्तर दिया—"डॉक्टर, आप इसके लिये चिन्ता न कीजिये । मैंने नर्सिंग-कोर्स पूरा किया है । पिछले ४८ घंटों में मैंने ही इनकी मरहम पट्टी की है । आप ऑपरेशन का काम कीजिये, मैं इनकी नाड़ी देखती रहूँगी ।"

ऑपरेशन के बाद जब सब कोई घर आये और पहली बार अवन्तिकाबाई ने अपने हाथ से बबनराव को बच्चे की तरह खाना खिलाया, तो उनको यह ख्याल आया कि मैं कितना पराश्रित हो गया । चीन में हाथ की अंगुलियाँ कट गईं और अब दाहिना हाथ कलाई पर से अलग हो गया । इस पर अवन्तिकाबाई ने कहा—आपकी अंगुलियाँ चली गईं तो मेरी तो दसों अंगुलियाँ मौजूद हैं । मेरे रहते आपको किसी तरह की तकलीफ नहीं हो सकेगी ।"

हमारे देश के पुराने ख्यालात के लोग प्रायः कहते हैं कि अंग्रेजी पढ़-लिखकर स्त्रियाँ स्वच्छन्द हो जाती हैं और

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पतियों की परवाह नहीं करतीं । पश्चिमीय औरतों की तो वे सदा बुराई किया ही करते हैं । उनके कथनानुसार अंग्रेजी ढंग की पढ़ाई से स्त्रियों में से श्रद्धा, भक्ति, पति सेवा आदि का भाव मिट जाता है और वे भारतीय आदर्श से गिर जाती हैं । पर अवन्तिकाबाई ने अपने उदाहरण से सिद्ध कर दिया कि इस प्रकार का आक्षेप निराधार है । अंग्रेजी पढ़कर और विलायत जाकर भी स्त्री पूरी तरह पतिव्रता रह सकती है, और अपने सेवा भाव से घर के सब लोगों को सन्तुष्ट कर सकती है । शिक्षा और अनुभव के द्वारा किसी का पतन नहीं हो सकता । यदि कोई अनुचित मार्ग पर चलता है तो इसे उसका व्यक्तिगत दोष ही समझना चाहिये ।

आगे चलकर जब दियासलाई का कारखाना बन्द करके बबनराव बम्बई चले गये, तब अवन्तिकाबाई ने डेढ़ वर्ष तक नर्सिंग का कार्य करके उनकी आर्थिक चिन्ताओं को भी मिटाया । उस समय उसकी आमदनी ३०० रु. मासिक थी, जिसे आज कल के भावों से तीन हजार तो माना ही जा सकता है । जीवन के अन्तिम समय तक वे पति को अपने हाथ का भोजन बनाकर खिलाती रहीं । मृत्यु के कुछ पहले कैंसर के कारण रोग शैय्या पर पड़ जाने पर ही उनका कार्य बन्द हुआ ।

समाज-सेवा का व्रत

सन् १९१३ में इंग्लैण्ड यात्रा के अवसर पर प्रतिष्ठित घरों की महिलाओं के समाज सेवा के कार्यों को देखकर अवन्तिकाबाई ने अपना जीवन इसी उद्देश्य के लिये खर्च करने का निश्चय कर लिया था । वहाँ से स्वदेश आते ही "भारत सेवक समिति" (सर्वेण्ट्स ऑफ इण्डिया सोसायटी) के प्रसिद्ध कार्यकर्ता श्री देवधर की प्रेरणा से वे बम्बई की प्रसिद्ध संस्था "सेवा-सदन" में कार्य करने लगीं । उसी समय बड़ोदा की महारानी पद्मावती ने उनको अपने पास सहचरी की हैसियत से रहने को बुलाया था, पर सेवा व्रतधारी अवन्तिकाबाई ने इस "राजसी-जीवन" को दूर से ही नमस्कार कर लिया ।

सेवा-सदन में सबसे पहले वह स्त्री शिक्षा का कार्य करने लगीं । पढ़ाने की विधि उन्होंने देवधर जी से ही सीखी और कुछ समय बाद स्वतन्त्र रूप से स्त्रियों को अंग्रेजी पढ़ाने लगीं । पर उनका विशेष ध्यान मजदूरों की तरफ था । उन्होंने विलायत की मजदूर बस्तियों में इस प्रकार के सेवाकार्य को देखा था, इसलिये वे भी प्रति सप्ताह बम्बई की लाल बाग स्थित मजदूर बस्ती में जाकर तीन घंटे मजदूरों को सफाई और स्वास्थ्यप्रद रहन-सहन की शिक्षा देती थीं । वे स्त्रियों को शिशु-पालन का सही तरीका समझातीं । अछूतों की दुर्दशा उनको बड़ी दुःखदायी प्रतीत होती थी । इसलिये प्रायः उनके मुहल्ले में जाकर उनकी दशा का अवलोकन करतीं और जिस प्रकार होता उनकी सहायता को तत्पर रहतीं । मकर सक्रांति के त्यौहार पर, जिसे महाराष्ट्र में "हल्दी कूँक" कहते हैं, वे हरिजनों के मुहल्ले में जाकर उनकी स्त्रियों को हल्दी-रोरी देतीं और सबको तिल के लड्डू बाँटतीं ।

अछूतों की समस्या अभी तक सुलझ नहीं रही है । महात्मा गाँधी के अपार त्याग और कष्ट सहन के परिणामस्वरूप आजकल अछूतों को कुछ कानूनी अधिकार मिल गये हैं और छोटी बड़ी सरकारी नौकरियों में भी वे कुछ स्थान पा जाते हैं, पर अभी तक सामाजिक भेदभाव के व्यवहार में, जो उनके साथ पुराने समय से होता आया है, अधिक अन्तर नहीं पड़ा है । शिक्षित जनों का एक भाग चाहे छूआछूत की व्याधि से कुछ मुक्त हो गया है, ग्रामीण और अशिक्षित जनता जिसकी संख्या सौ में से अस्सी के लगभग है, अभी तक बहुत कम बदली है । अवन्तिकाबाई के लिये यह बड़े गौरव की बात थी कि उसने आज से पचास-साठ वर्ष पहले अछूतों के साथ भाई-चारे का व्यवहार करके, लोगों का ध्यान इस महत्त्वपूर्ण समस्या की तरफ आकर्षित किया ।

शिशु-पालन गृह की स्थापना

कारखानों में जाने वाली मजदूर स्त्रियाँ काम पर जाते हुए अपने छोटे बच्चों को अफीम खिलाकर घरों में बन्द कर जाती थीं, जिससे वे बीच में उठकर रोयें नहीं । यह प्रथा बड़ी हानिकारक थी और इससे बच्चे आरम्भ से ही सुस्त, निस्तेज और अकर्मण्य से हो जाते थे । अवन्तिकाबाई ने मजदूर स्त्रियों को समझाया कि इस प्रकार अपने हाथ से अपनी सन्तान का अनहित करना बड़ा अनुचित है । वे स्त्रियाँ भी इस बात को मान गईं, पर प्रश्न था कि वे यदि अफीम न दें तो पीछे से बच्चों की देखभाल कौन करे ? अवन्तिकाबाई ने इसका भार अपने ऊपर लिया और कुछ उदार सज्जनों की सहायता से एक "शिशु-पालन होम" स्थापित कर दिया । अनेक उच्च पदाधिकारी अंग्रेज महिलायें भी इस कार्य में सहयोग देती थीं । ऐसे "शिशु-पालन गृहों" को अंग्रेजी में "क्रेश" कहते हैं और विदेशों में सभी बड़े कारखानों में, जहाँ स्त्रियाँ मजदूरी करती हैं, इस प्रकार की व्यवस्था रहती है । यद्यपि अवन्तिकाबाई की योजना कुछ वर्ष ही चल सकी, फिर गाँधीजी के आन्दोलन में कूद पड़ने के कारण, उसे बन्द कर देना पड़ा, पर इसने अन्य कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और अब देश के बड़े कारखानों में ऐसे "शिशु-पालन-

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

गृह'' कारखानेदारों की तरफ से ही खोल दिये गये हैं । इनमें माताओं के काम पर चले जाने पर बच्चों की देखभाल, सफाई, खिलाना, पिलाना, उनके वस्त्रों को धोकर ठीक कर देना आदि सब कार्य वहाँ के कार्यकर्ताओं द्वारा ही किये जाते हैं । मजदूरों तथा अछूतों आदि के लिये छोटे नगरों में इस तरह के सहायता कार्य करने की अब भी बड़ी आवश्यकता है और सेवा भावी स्त्री-पुरुष इस पुण्य-कार्य में सहयोग देकर अपने जीवन को सार्थक कर सकते हैं ।

हिन्द महिला समाज

गाँधीजी के कार्यक्रमों में भाग लेने का एक परिणाम यह हुआ कि समाज-सेवा के सम्बन्ध में भी उनका दृष्टिकोण बदल गया यद्यपि वे आरम्भ से ही गरीबों की सेवा की अभिलाषा रखती थीं, क्योंकि सेवा के वास्तविक पात्र वे ही होते हैं, पर जिन संस्थाओं से वे सम्बन्धित थीं, उनकी अन्य सदस्याओं का दृष्टिकोण कुछ भिन्न था । उनमें से अधिकांश धनिक वर्ग की ही थीं, और वे इस ''सेवा कार्य'' को कुछ अंशों में एक फैशन के ढंग पर करती थीं । जिस प्रकार इंग्लैण्ड के महिला क्लबों में धनी घरों की स्त्रियाँ तरह-तरह के मनोरंजनों, खेल कूद और गप्पें लड़ाने में समय बिताया करती हैं, वही हालत प्रायः बम्बई की सेवा संस्थाओं की थी । गरीबों की तो बात क्या, मध्यम श्रेणी की स्त्रियाँ भी उनकी सदस्या नहीं बन सकती थीं ।

यह देखकर चम्पारन से वापस आते ही सन् १६१८ में अवन्तिकाबाई ने उद्योग करके ''हिन्द महिला समाज'' के नाम से एक नई संस्था की स्थापना की जिसका उद्देश्य मध्यम श्रेणी की महिलाओं को कार्य क्षेत्र में लाना था । चम्पारन की किसान और बम्बई के मजदूर-वर्ग की स्त्रियों में काम करने से उन्हें यह अनुभव हुआ कि यहाँ की सामान्य स्त्रियों का स्वभाव अपने परिवार और जाति के स्वार्थ तक सीमित रहता है । इससे आगे बढ़कर समाज और देश की समस्याओं को समझने या इसके लिये कुछ कर सकने की रुचि उनमें नहीं पाई जाती । इसलिये उन्होंने 'हिन्द महिला समाज' का संगठन इस तरह तैयार किया कि सभी वर्ग की महिलायें उसमें भाग ले सकें । जिस दिन इस संस्था की स्थापना की गई उसी दिन बम्बई की कई हजार मध्यम श्रेणी की महिलायें उसमें उपस्थिति हुईं और उन्होंने उसके कार्यों में सब तरह से सहायता देने की अभिलाषा प्रकट की । अवन्तिकाबाई ने श्री जयकर की माता सोनाबाई को 'समाज' की अध्यक्षा बनाने का विचार प्रकट किया, पर सोनाबाई ने कहा कि मेरे जैसी वृद्धा से यह काम ठीक ढंग से नहीं चलाया जा सकेगा, इसके लिये किसी कर्मठ और उत्साही युवती को ही चुनना चाहिये । उसने स्वयं अवन्तिकाबाई को ही अध्यक्ष बनाने का सुझाव दिया और सभा ने सर्वसम्मति से उसे स्वीकार किया । तब से जीवन के अन्तिम दिन तक वे ही उस पद पर काम करती रहीं । इस 'समाज' के कार्यक्रम का सारांश इन शब्दों में मिल सकता है—

''स्त्री-समाज में परस्पर स्नेह और सहयोग की भावना उत्पन्न करना, शिक्षा का प्रचार, स्त्री जाति के सम्मुख पारस्परिक सहायता तथा सद्भावना का आदर्श उपस्थित करना, महिलाओं में साहित्य के लिये प्रेम बढ़ाना और इसके लिये पुस्तकालय तथा वाचनालय खोलना, विद्वान वक्ताओं के व्याख्यान कराना, प्रवचन, कीर्तन आदि द्वारा ज्ञान का प्रसार करना, वाद-विवाद (डिबेट) की प्रतियोगिता की व्यवस्था करना, विविध कलायें सिखाना, स्वदेशी अर्थशास्त्र समझाना, इत्यादि ।''

पर जब 'समाज' की तरफ से एक वाचनालय खोला गया तो उसमें समाचार पत्र तथा पुस्तकें पढ़ने कोई स्त्री नहीं आती थी । उस समय यह एक निराली बात समझी जाती थी कि स्त्रियाँ वाचनालय में जाकर अखबार पढ़ें । उनके पति भी इसके विरुद्ध थे । अगर कोई स्त्री संयोगवश वहाँ चली जाती तो उस पर डाट-फटकार पड़ती थी । यह देखकर अवन्तिकाबाई ने एक नया तरीका यह निकाला कि वह मिशनरी महिलाओं की तरह 'चालों' (सामूहिक निवास स्थानों) में अखबार और पुस्तकें लेकर घूमतीं और स्त्रियों को पढ़ने को दे आतीं अथवा किसी कमरे में बैठकर आसपास की दस-बीस स्त्रियों को इकट्ठा कर लेतीं और उनको अखबार और पुस्तकें पढ़कर सुनातीं । इस प्रकार जो कार्य हम ''झोला पुस्तकालयों'' द्वारा आज कर रहे हैं, वैसी ही कार्य प्रणाली अवन्तिकाबाई ने पचास वर्ष पहले अपनायी थी और आरम्भ में निराशा हाथ लगने पर भी छः महीने में उसे सफल बनाकर दिखा दिया था ।

फिर एक ''व्याख्यान माला'' की योजना की गई उसमें स्त्रियों द्वारा राष्ट्रीय कार्य किये जाने के सम्बन्ध में प्रतिमास किसी बहुत बड़े विद्वान का भाषण कराया जाता था । इसमें लोकमान्य तिलक, महात्मा गाँधी, मालवीय जी जैसे महान् नेताओं के भी भाषण हुए । इनका प्रभाव महिलाओं पर बहुत अधिक पड़ा और उनमें से कई आगे बढ़कर असहयोग तथा सत्याग्रह आन्दोलनों में भाग लेने लगीं । सन् १६३० के कानून-भंग आन्दोलन में तो उन्होंने इतना काम किया कि देश में चारों ओर उनकी प्रंशसा होने लगी । इस दृष्टि से अवन्तिकाबाई का कार्यक्रम भी महात्मा गाँधी के स्वतन्त्रता-संग्राम का एक महत्त्वपूर्ण अंग बन गया ।

जब कांग्रेस की तरफ से लोकमान्य तिलक के स्मारक रूप में एक फण्ड जमा किया जाने लगा तो समाज की

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सदस्याओं ने ३६०० रु. जमा करके महात्माजी को दिया। उस समय गाँधीजी ने कहा कि "इस ३६०० रु. में से १६०० रु. तो मेरी बहन अवन्तिकाबाई ने ही दिये हैं। दानदाताओं की सूची में १०० रु. देने वाले नाम भी बहुत कम दिखाई पड़ते हैं। मैंने यह कभी नहीं सोचा था कि लोकमान्य के प्रति महाराष्ट्र में इतनी उदासीनता होगी।" महात्माजी के इतना कहते ही महिलाओं की तरफ से नोट और गहनों की वर्षा होने लगी और कुछ मिनटों में ४००० रु. इकट्ठा हो गया।

"हिन्द महिला समाज" ने कांग्रेस के सूत कातने तथा खादी बुनने के कार्य में भी अच्छी प्रगति करके दिखाई। इसमें कुछ सूत कात कर तैयार किया जाता था और कुछ साबरमती तथा बेलगांव आदि से भी मँगाया जाता था। अवन्तिकाबाई ने आरम्भ में दो तीन बुनाई के करघे स्वयं चलाये, बम्बई के कितने ही मुहल्लों में फेरी लगा कर खादी का प्रचार भी किया।

प्रत्येक सत्कार्य में सहायता

फिर भी "हिन्द महिला समाज" का मुख्य ध्येय स्त्रियों में शिक्षा प्रचार करना और सार्वजनिक सेवा के अवसरों पर उनमें यथाशक्ति सहयोग देना ही था। उसमें अंग्रेजी, मराठी और हिन्दी पढ़ाने की बहुत अच्छी व्यवस्था थी पर फीस नाम मात्र को ही ली जाती थी। वे लोग केवल बम्बई में ही शिक्षा कार्य नहीं करते थे, वरन् और भी अनेक छोटे नगरों में उनकी तरफ से साक्षरता प्रचार का कार्य बड़ी संलग्नता से किया जाता था। इसके द्वारा स्त्रियों को सिलाई, काढ़ना और चित्रकला का कार्य भी सिखाया जाता था और कुछ समय पहले तक इन कक्षाओं में एक हजार से भी अधिक महिलायें उद्योग-धन्धों की शिक्षा प्राप्त करके स्वावलम्बी जीवन व्यतीत करती थीं।

जब कभी कोई राष्ट्रीय या सामाजिक कार्य सम्मुख उपस्थित हुआ तो 'हिन्द महिला समाज' की सदस्याओं ने उसमें उल्लेखनीय सहयोग दिया। इसका वर्णन करते हुए उनके जीवन चरित्र में कहा है—

"जब कभी परोपकार या राष्ट्रीय कार्य के लिये आर्थिक सहायता की आवश्यकता होती थी तो अवन्तिकाबाई अपनी 'समाज' की बहिनों को साथ लेकर उस कार्य में अग्रसर रहतीं। "मालाबार सहायता-निधि", "गुजरात-जल प्रलयनिधि", "कमला नेहरू-निधि", "सावरकर-बन्धु-निधि", "शिवाजी-स्मारक निधि" में उन्होंने इस प्रकार हजारों रु. जमा करके दिये थे। गरीबों को कपड़े का प्रबन्ध, गरीब प्रसूता स्त्रियों को पौष्टिक खुराक की व्यवस्था आदि कार्य वह हमेशा करती रहती थीं। तलेगाँव के जनरल अस्पताल की स्त्रियों को दूध और बच्चों को कपड़े देने का कार्य उनके बाद भी वर्षों तक चलता रहा। हरिजन सेवा से तो उनको विशेष प्रेम था। इस काम में उन्होंने समाज की दूसरी महिलाओं को भी प्रेरणा दी। हरिजन बस्ती में जाकर भजन, कीर्तन, पुस्तक पाठ करना हमेशा का कार्यक्रम रहता था। "हिन्द महिला समाज" का पुस्तकालय भी अवन्तिकाबाई के प्रयत्न से निरन्तर प्रगति करता चला गया, जिसके परिणामस्वरूप आज उसकी गिनती बम्बई के बहुत बड़े पुस्तकालयों में की जाती है।"

जो लोग देश सेवा और समाज-हित के कार्यों में अपना जीवन अर्पण कर देते हैं, लोग उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिये किसी प्रकार का स्मारक निर्माण करने की योजना बनाते हैं। पर अवन्तिकाबाई "हिन्द महिला समाज" के रूप में एक ऐसी परोपकारिणी संस्था की स्थापना कर गई हैं कि वह जब तक कायम रहेगी उसके लिये एक बहुत उत्तम 'स्मारक' का काम करती रहेगी। 'समाज' के स्थायित्व और सुचारु संचालन के लिये उन्होंने कितना परिश्रम किया यह निम्न उदाहरण से विदित हो सकता है—

"अपने जीवन के अन्तिम १७ सालों में अपने राजनीतिक जीवन और अन्य कार्यों से निवृत्त होकर वह 'समाज' के कार्यों में ही विलीन हो गई थीं। उनके अथक परिश्रम से ही 'समाज' को आज गौरव पूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। 'समाज' के लिये आश्रयदाता ढूँढ़ना, दान प्राप्त करके फण्ड जमा करना आदि कार्य वे ही करती थीं। श्रीमती सोफिया वाडिया, यमुना बाई आप्टे और स्वयं के पति श्री बबनराव गोखले ने हजारों रुपया दान स्वरूप देकर 'समाज' की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाया। २०० रु. से अधिक देने वाले आश्रयदाता, १०० रु. से अधिक देने वाले आजीवन सदस्य और ५ से ५० रु. तक चन्दा देने वाले अन्य सदस्यों की संख्या अनगिनती थी। इस प्रकार स्त्री-पुरुषों के सहयोग से 'समाज' की उत्तरोत्तर वृद्धि होती गई।"

हमारी उच्च और मध्यम श्रेणी के घरों की जो महिलायें अपना समय अनेक प्रकार की निरर्थक बातों या फैशन और सजावट आदि में गँवाया करती हैं, अथवा आलस्यवश 'सोफा-सेटों' पर पड़ी रहती हैं, और शिकायत करती रहती हैं, कि उनके करने के लिये कोई काम ही नहीं है, वे अवन्तिकाबाई के उदाहरण से शिक्षा ग्रहण कर सकती हैं। उनको समझ लेना चाहिये कि आलस्य में पड़े रहना और समय गँवाना कोई सौभाग्य की बात नहीं है। जो पुरुष या स्त्रियाँ इस प्रकार के जीवन को बड़प्पन का चिह्न समझते हैं, वे बड़ी भूल में हैं। भगवान ने यह शरीर और

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

धन, सम्पत्ति आदि अन्य साधन कुछ उपयोगी कार्य करने के लिये ही दिये हैं । जो इस ईश्वरीय विधान का उल्लंघन करता है वह कभी सच्चा सुख नहीं पा सकता । यों तो ना समझ और कुबुद्धि वाले शराब, अफीम, भांग आदि जैसे दुर्व्यसनों में भी आनन्द मानते हैं, पर इनका जो अन्तिम परिणाम होता है वह किसी से छिपा नहीं है ।

इसलिये बुद्धिमान और अपना कल्याण चाहने वाला उसी को कहा जा सकता है जो अपने साधनों तथा सामर्थ्य को श्रेष्ठ कार्यों में खर्च करे । अवन्तिकाबाई का जीवन इसके लिये बड़ा प्रेरणाप्रद है । हमारे यहाँ की स्त्रियाँ किसी सार्वजनिक सेवा का प्रश्न उठने पर प्रायः घर वार की जिम्मेदारियों या सामाजिक परम्पराओं का बहाना पेश कर देती हैं । अवन्तिकाबाई भी अगर चाहती तो अपने पति और अपनी आमदनी से बंगलों और कोठियों में रहने वालों की तरह आराम और फैशन का जीवन बिता सकती थी । पर उसने समझ लिया कि जो लोग केवल इन बातों में ही लगे रहकर समाज का और विशेषतः दीन दुःखीजनों का कुछ भी हित साधन नहीं करते उनका जन्म व्यर्थ ही जाता है । यही सोच कर उन्होंने अपने सब साधन परोपकार और सेवा कार्यों में लगा दिये जिसके लिये आज तक उनका नाम सम्मान के साथ लिया जाता है ।

खादी प्रेम और प्रचार के लिये उद्योग

ऊपर लिखा जा चुका है कि अवन्तिकाबाई द्वारा स्थापित "हिन्द महिला समाज" में कताई और बुनाई का कार्य भी होता था और अवन्तिकाबाई उसमें स्वयं भाग लेती थीं । पर उन्होंने खादी को तुरन्त ग्रहण नहीं कर लिया क्योंकि, उनका स्वभाव किसी की नकल करना नहीं था, वरन् प्रत्येक बात के गुण-दोषों का विवेचन करके उसके सम्बन्ध में निर्णय करने का था । इसलिये महात्मा गाँधी द्वारा खादी प्रचार सन् १६१७ में ही आरम्भ कर दिये जाने पर और अवन्तिकाबाई से उनका निकटवर्ती सम्बन्ध रहने पर भी उन्होंने सन् १६२१ तक खादी पहिनना आरम्भ नहीं किया । एक दिन श्रीमती सरोजिनी नायडू, सरला देवी चौधरानी, अवन्तिकाबाई गाँधीजी के पास बैठी बातें कर रही थीं । उसी बीच में सरला देवी ने हँसते हुए महात्मा जी से कहा कि 'आप तो अवन्तिकाबाई की बड़ी प्रशंसा किया करते हैं, पर वह खादी तो नहीं पहनती ।' महात्माजी ने उत्तर दिया—'अवन्तिकाबाई ऐसे स्वभाव की नहीं कि मेरे कहने से ही वह सब कुछ करने लगे । जब तक खादी की महिमा उसे प्रतीत न होगी तब तक वह खादी नहीं पहिनेंगी । पर विश्वास रखो कि, जिस दिन वह श्रद्धा के साथ खादी को स्वीकार करेगी, तो आखिरी दम तक उसका त्याग नहीं करेगी ।'

इसके कुछ समय पश्चात् ही आंध्र का दौरा करते हुए महात्मा जी को हाथ से बहुत बारीक सूत की एक साड़ी भेंट में मिली । वह उन्होंने अवन्तिकाबाई को दे दी । जब उसने देखा कि चर्खा पर इतना बढ़िया सूत काता जा सकता है तो उसे एक नवीन प्रेरणा मिली और उसने स्वयं सूत कातना आरम्भ कर दिया । कुछ समय बाद उसने अपने हाथ के सूत की बनी साड़ी पहन ली और पहले की रखी सब सूती और रेशमी साड़ियाँ गरीबों को दे दीं ।

अपने हाथ की खादी की साड़ी पहिनने के साथ ही उन्होंने यह भी निश्चय किया कि वह अपने हाथ के सूत की बनाई दो धोतियाँ गाँधीजी को उनके जन्म-दिवस पर अर्पण किया करेंगी । उनका यह संकल्प अन्तिम समय तक स्थिर रहा । सन् १६४२ में जब गाँधी जी पूना में कैद थे तब भी उसने उनके पास भेंट की धोतियाँ भेजने का निश्चय किया । जब बम्बई के पुलिस कमिश्नर ने इसकी अनुमति देने से इन्कार कर दिया तो अवन्तिकाबाई ने उनको रजिस्टर्ड डाक से जेलखाने के इन्सपेक्टर जनरल कर्नल भंडारी के पास भेज दिया और लिखा कि "गाँधीजी के जन्म-दिवस पर दो धोतियाँ देने का मेरा व्रत है । कृपया इन्हें उनके पास पहुँचा दें ।" कर्नल भंडारी ने उस समय तो कोई उत्तर न दिया, पर २ अक्टूबर को वे स्वयं धोतियाँ लेकर गाँधीजी के पास पहुँचे और हँस कर कहने लगे । "बताइये, मेरी बगल में क्या है ?" गाँधी जी ने तुरन्त उत्तर दिया—"यह तो अवन्तिकाबाई का प्रसाद मालूम होता है ।" इसके पश्चात् कर्नल भंडारी ने अवन्तिकाबाई को धोतियाँ पहुँचा देने की सूचना दी, तो उन्हें बड़ा हर्ष हुआ ।

बम्बई कार्पोरेशन में सेवा कार्य

सन् १६२३ में अवन्तिकाबाई बम्बई कार्पोरेशन की सदस्या नियुक्त की गई और आठ वर्ष तक वे वहाँ रह कर जनता के हित के विभिन्न कार्य करती रहीं । उन्होंने देखा कि बालकों के स्कूलों में जो खोमचा वाले खाने पीने की चीजें बेचते हैं वे प्रायः अशुद्ध और हानिकारक होती हैं । इसलिये उन्होंने कार्पोरेशन में प्रस्ताव रखा कि उनको स्कूल के भीतर न आने दिया जाये, क्योंकि इससे अनेक बार कठिन बीमारियाँ उत्पन्न हो जाती हैं । अन्य सदस्यों ने भी इसकी युक्तियुक्तता को समझा और प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हो गया । इसी प्रकार चौपाटी पर खोमचे वालों के कारण बड़ी गन्दगी रहती थी । उनको रोकने को अवन्तिकाबाई ने प्रस्ताव किया । फिर कई सदस्यों के समझाने से उन्होंने उसे वापस ले लिया । उन्होंने बम्बई

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

नगर में कई जच्चाखाने खुलवाये और ऐसी व्यवस्था की कि उनमें गरीब वर्ग की महिलायें विशेष रूप से लाभ उठा सकें । गिरगाँव के जच्चाखाने के विषय में अनेक शिकायतें सुनने में आती थीं । अवन्तिकाबाई ने स्वयं उनकी जांच पड़ताल करके उनको दूर कराया ।

अवन्तिकाबाई को मातृभाषा के गौरव का भी सदा ध्यान रहता था इसलिये जब इन्होंने देखा कि कार्पोरेशन के विधान में अंग्रेजी में ही भाषण करने का कोई नियम नहीं है, तो उसकी बैठकों में मराठी में ही भाषण करना आरम्भ कर दिया । यह देखकर कई पारसी और गुजराती सदस्यों ने भी अपनी भाषा में भाषण करना आरम्भ किया, जिससे कई सदस्यों को उनके समझने में कठिनाई होने लगी । कुछ समय बाद कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्री जोसेफ बैप्टिस्ट चुने गये । उनका अवन्तिकाबाई के साथ स्नेह पूर्ण सम्बन्ध था और वे जानते थे कि वह अच्छी तरह अंग्रेजी बोल सकती हैं । इसलिये उन्होंने अवन्तिकाबाई से अंग्रेजी में ही बोलने का आग्रह किया । एक बार तो अवन्तिकाबाई ने यही उत्तर दिया कि मराठी में बोलने का उनका अधिकार है । पर जब बैप्टिस्ट साहब ने हँसते हुए उनसे कहा "यू मस्ट रेसपेक्ट दि चेयर" (अर्थात् आपको अध्यक्ष की बात का आदर करना चाहिये) तो उन्होंने अधिक हठ न की और तब से बराबर अंग्रेजी में ही भाषण करती रहीं ।

जब उन्हें स्थायी समिति का सदस्य नियुक्त किया गया, तो नियमानुसार प्रत्येक बैठक का ३० रु. भत्ता मिलने लगा । पहली बार जब इसके लिये उनके पास ३० रु. चेक आया तो वे उसे लेकर विट्ठलभाई पटेल के पास गईं और रुपया लेने से इन्कार किया । विट्ठल भाई ने उनको समझाया कि सर जमशेदजी भाई जैसे करोड़पति भी भत्ता का रुपया ले लेते हैं, तब आप उसे अस्वीकार क्यों करती हैं ? आप उसका उपयोग किसी भी अच्छे काम में कर सकती हैं । इस पर अवन्तिकाबाई रुपया लेकर उसे किसी सार्वजनिक संस्था को दान कर देने लगीं ।

स्वदेशी-प्रेम से प्रेरित होकर अवन्तिकाबाई ने यह प्रस्ताव पास कराया कि म्युनिस्पिल स्कूलों में तकली पर सूत कातना सिखाया जाये । नियमानुसार इसे स्कूल कमेटी में विचारार्थ भेज दिया गया । दूसरा प्रस्ताव यह रखा कि कार्पोरेशन के सब कर्मचारी स्वदेशी वस्त्र व्यवहार करें । अवन्तिकाबाई जानती थी कि कर्मचारियों से इसका पालन करा सकना बहुत कम सम्भव है, तब भी जब वह कुछ संशोधनों के साथ पास हो गया तो उनको बड़ी प्रसन्नता हुई, क्योंकि इस प्रकार कार्पोरेशन ने स्वदेशी का सिद्धान्त स्वीकार कर लिया, जो अंग्रेजी शासन के जमाने में एक कठिन बात थी ।

कार्पोरेशन में योग्यतापूर्वक कार्य करने का एक परिणाम यह हुआ कि सरकार की तरफ से उनको जे. पी. की उपाधि देकर आनरेरी मजिस्ट्रेट बनाने का निर्णय किया । पर अवन्तिकाबाई जानती थीं कि चाहे यह कार्य बिना वेतन के (आनरेरी) ही किया जायेगा, तो भी उन्हें सरकारी नियमों का पालन करना ही पड़ेगा और वे राष्ट्रीय आन्दोलन के कार्य स्वतन्त्रतापूर्वक न कर सकेंगी । इसलिये उन्होंने बम्बई के पुलिस कमिश्नर मि. केली को लिख भेजा कि वे इस सम्मान को स्वीकार करने में असमर्थ हैं ।

बम्बई कार्पोरेशन भारत की सबसे बड़ी नगरपालिका थी, जिसकी आय और खर्च करोड़ों का था । इसलिये जो लोग उसके सदस्य चुन लिये जाते थे वे अपने को बड़ा सौभाग्यशाली समझते थे और किसी न किसी रूप में उसका लाभ उठाते ही थे । अवन्तिकाबाई ने अपनी सदस्यता के आठ वर्षों में जितने प्रस्ताव पेश किये और वक्तव्य दिये वे सब जन सेवा की भावना से होते थे । जिस प्रकार अन्य सदस्य अपने सम्बन्धियों या मित्रों की सिफारिशें लेकर उच्च अधिकारियों के पास जाते हैं, वैसा उन्होंने कभी नहीं किया । किसी अवसर पर म्युनिस्पिल कमिश्नर मि. क्लेटन ने अपने भाषण में यह कहा कि "इस कार्पोरेशन का एक भी सदस्य ऐसा नहीं है, जो किसी न किसी सिफारिश के साथ मेरे पास न आया हो ।" यह सुनते ही अवन्तिकाबाई इसका प्रतिवाद करने को खड़ी हो गईं । तब क्लेटन साहब ने कहा—'अवन्तिकाबाई, आप ही एक अपवाद हैं ।' क्लेटन साहब ने एक अन्य अवसर पर भी कार्पोरेशन की बैठक में कहा था—'अवन्तिकाबाई के कारण यहाँ का वातावरण गम्भीर रहता है और समस्त चर्चा ऊँचे दर्जे की होती है । उनकी ईमानदारी और स्पष्टता लाजवाब है ।'

यद्यपि कांग्रेस के कानून भंग आन्दोलन में भाग लेने और ६ महीने की सजा दिये जाने के आधार पर सन् १९३१ में अवन्तिकाबाई को कार्पोरेशन की सदस्यता से हटा दिया गया, पर उसके सदस्य तथा अधिकारी सदैव उनका आदर करते रहे । सन् १९४९ में उनका देहान्त हो जाने पर उसके अध्यक्ष डॉ. भास्करेन्हास ने शोक-प्रस्ताव उपस्थित किया । स्थायी समिति और स्वास्थ्य-समिति ने शोक के प्रस्ताव पास किये । इस प्रकार अवन्तिकाबाई ने अपने व्यावहारिक आचरण से यह सिद्ध कर दिया कि यदि हम ईमानदारी और सच्चाई से काम लें तो हमारे विरोधियों को भी हमारी प्रशंसा करनी पड़ेगी ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

राष्ट्रीय आन्दोलन में जेल जाना

जब कांग्रेस ने पूर्ण-स्वाधीनता का प्रस्ताव पास कर दिया और २६ जनवरी सन् १९३० को समस्त भारत में "स्वतन्त्रता-दिवस" बड़े जोर-शोर से मनाया गया, तो देश में एक रंगत दिखलाई पड़ने लगी । प्रत्येक नगर में तिरंगा झंडा लिये राष्ट्रीय कार्यकर्ताओं तथा स्वयं सेवकों के दल फिरते हुए नजर आते थे और पुलिस वाले लाठियाँ लेकर उनके पीछे फिरते थे । यह वह जमाना था जब पं. मदन मोहन मालवीय, पं. मोतीलाल नेहरू, मौलाना आजाद, सरोजिनी नायडू, कमलादेवी चट्टोपाध्याय जैसे अखिल भारतीय नेता जलूसों में शामिल होकर पुलिस की लाठियों का सामना करते थे । पुरुष ही नहीं स्त्रियाँ और लड़कियाँ भी हजारों की संख्या में जलूसों में भाग लेती थीं और पुलिस की मार तथा जेल की सजा को सहन करके भी पीछे कदम नहीं हटाती थीं । बम्बई इस दृष्टि से बहुत आगे बढ़ा-चढ़ा था । वहाँ सरकारी आदेशों का उल्लंघन करके बहुत बड़े-बड़े जलूस हमेशा निकाले जाते थे और पुलिस के कठोर दमन के होने पर भी लोग हिम्मत नहीं हारते थे ।

अवन्तिकाबाई बम्बई के कांग्रेस आन्दोलन की एक प्रमुख नेता थीं ७ अप्रैल सन् १९३० को जब प्रथम बार नमक-कानून तोड़कर सत्याग्रह किया गया तो उस जलूस में अवन्तिकाबाई भी अनेक सत्याग्रही महिलाओं के साथ उपस्थित थीं । इन वीरांगनाओं को देखने के लिये पहले से ही महालक्ष्मी के मैदान में दस हजार व्यक्तियों की भीड़ इकट्ठी हो गई थी । इसके पश्चात् चौपाटी की सभा में भी अवन्तिकाबाई ने भाषण करते हुए महाराष्ट्र की वीरता का परिचय देकर जनता को आन्दोलन में अधिकाधिक भाग लेने की प्रेरणा दी । ४ मई को जब गाँधीजी को गिरफ्तार कर लिया गया तो बम्बई में एक दिन के बजाय तीन दिन हड़ताल रखी गई । श्रीमती सरोजिनी नायडू की अध्यक्षता में जो सार्वजनिक सभा हुई उसमें अवन्तिकाबाई ने विदेशी कपड़ों के बहिष्कार पर जोर दिया और दूसरे दिन से ही विदेशी वस्त्रों की दुकानों पर पिकेटिंग शुरू कर दी गई । सैकड़ों स्वयं सेविकायें प्रमुख कपड़ा मार्केटों के सामने खड़े होकर लोगों को उनके खरीदने से रोकने लगीं ।

कुछ समय बाद लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिये शराब की दुकानों पर भी पिकेटिंग की जाने लगी । यह कार्य कुछ खतरनाक भी था क्योंकि शराबी और शराब बेचने वालों में भले आदमियों की संख्या बहुत कम होती है । फिर भी अवन्तिकाबाई ने श्रीमती हंसा मेहता और अन्य स्वयं सेवकों को लेकर बम्बई के सबसे बदनाम मुहल्ले भिण्डी बाजार की एक शराब की दुकान पर पिकेटिंग आरम्भ कर दी । इस समय सरकारी आर्डिनेंस के अनुसार पिकेटिंग करना जुर्म हो गया था । पर कुछ सोचकर अधिकारियों ने इनको गिरफ्तार नहीं किया ।

जब कांग्रेस के अध्यक्ष पं. मोतीलाल नेहरू बम्बई के "आजाद मैदान" में व्याख्यान देने पहुँचे तो पुलिस कमिश्नर मि. हेली स्वयं सभा भंग करने को वहाँ मौजूद थे । उनके साथ ७०० पुलिस के सिपाही, ५०० सवार और ७५ सार्जेंट थे । भीड़ पर उनके हमला करने से सैकड़ों व्यक्ति घायल हुए । उन्होंने अपनी बदनामी से बचने के लिये सब महिलाओं को वहाँ से हट जाने को कहा । पर अवन्तिकाबाई ने कहा—"हम यहाँ पर हट जाने के लिये नहीं आई हैं, अपने भाइयों के साथ हम भी यहाँ डटी रहेंगी । आप चाहें तो हमें घोड़ों से कुचलवा दें ।"

इसी प्रकार लोकमान्य तिलक की पुण्य तिथि के अवसर पर जो जलूस निकाला गया और जिसमें मालवीय जी तथा सरदार पटेल भाई भी थे, उसको बोरी बन्दर पर रोका गया । कई हजार लोगों ने अपने नेताओं के साथ पूरी रात वहीं पर व्यतीत करदी, पर पीछे न हटे । अवन्तिकाबाई भी इसमें थीं । जब पुलिस ने लाठी चार्ज किया तो ५००-६०० व्यक्ति घायल हो गये, पर किसी ने हार नहीं मानी ।

अन्त में सरकार ने कांग्रेस कमेटी को ही गैरकानूनी घोषित कर दिया और कांग्रेस आफिस पर पुलिस का पहरा बैठा दिया गया । लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हजारों घरों पर 'कांग्रेस-कार्यालय' का साइन बोर्ड लगा दिया और ज्योंही एक अध्यक्ष गिरफ्तार किया जाता कि दूसरा अध्यक्ष आकर उसका काम सँभाल लेता । जब बारह अध्यक्ष गिरफ्तार कर लिये गये तो अवन्तिकाबाई तेरहवीं अध्यक्ष बनीं । उस समय कोई खास कार्यक्रम सामने न था । कांग्रेस कमेटी के साथ उसका झंडा भी गैर कानूनी करार दे दिया गया । इसलिये अवन्तिकाबाई के आदेशानुसार बहुसंख्यक राष्ट्रीय स्वयं सेवक सार्वजनिक स्थानों में 'झंडाभिवादन' करते हुए जेल चले गये ।

देशभक्त दम्पति

महात्मा गाँधी ने अवन्तिकाबाई से कहलाया था कि उसके पति बबनराव हाथ कट जाने से असहाय हैं, उनको सदैव सहायता की आवश्यकता रहती है, इसलिये उन्हें जेल नहीं जाना चाहिये । पर जब वह युद्ध-समिति की अध्यक्ष चुनली गईं तो उनके सामने यह समस्या आई कि अब क्या किया जाये ? पर बबनराव ने स्वयं उसे जेल जाने का आदेश देकर कहा कि उनकी जरा भी चिन्ता न करें, वे अपनी व्यवस्था स्वयं अच्छी तरह कर सकते हैं ।

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

२६ अक्टूबर को अवन्तिकाबाई अपने कुछ सहकारियों को लेकर जिनमें अधिक संख्या महिलाओं और लड़कियों की ही थी, आजाद मैदान में पहुँचीं । पुलिस ने उस पर पहले से अधिकार कर रखा था । सार्जेण्टों ने उनके हाथ से झण्डा छीनने की बहुत कोशिश की पर वे सफल न हो सके । हजारों व्यक्तियों के सम्मुख झण्डाभिवादन करके तथा स्वयंसेवकों तथा स्वयंसेविकाओं की सलामी लेकर वह घर चली गईं इसके बाद अन्य सब लोग अपने झण्डे फहराने लगे । पुलिस वाले झण्डे छीनते रहे और नये-नये झण्डे निकलते रहे । सार्जेण्टों ने अनेक स्वयंसेविकाओं को लारी में भर कर कई मील दूर ले जाकर एक जंगल में छोड़ दिया । वहाँ से बहुत रात बीत जाने पर वे बम्बई वापस आईं । उसी दिन शाम को एक मजदूर सभा को भंग करने के लिये पुलिस ने लाठी चार्ज किया । अवन्तिकाबाई ने पुलिस की बर्बरता के विरुद्ध एक वक्तव्य उसी समय समाचार पत्रों में निकलवाया ।

दूसरे दिन दोपहर के बाद एक पुलिस अफसर अवन्तिकाबाई की गिरफ्तारी का वारंट लेकर उनके घर पहुँचा । वहाँ पर उपस्थित बबनराव ने कहा कि वह कार्पोरेशन गई हैं । पुलिस वाले ने समझा कि वह उसे बहका रहे हैं, इसलिये उसने पूरे मकान की अच्छी तरह तलाशी ली । जब वहाँ वे न मिलीं तो कार्पोरेशन में रात के आठ बजे उनको गिरफ्तार किया गया ।

२८ अक्टूबर को ही अवन्तिकाबाई के मुकद्मे का फैसला कर दिया गया । अवन्तिकाबाई ने अपने बचाव में कुछ भी कहने से इन्कार किया । इस पर मजिस्ट्रेट ने उन्हें ६ मास की कैद और ४०० रु. जुर्माना की सजा दी । पर अवन्तिकाबाई ने जुर्माना देने के बजाय तीन महीने की सख्त कैद के दण्ड को पसन्द किया । इस प्रकार उनको कुल नौ मास की सजा दी गई । वह इस अवसर पर खूब प्रसन्न थीं और उन्होंने कहा—"जिस जेलखाने में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ और जिसमें आज जगत पूज्य महात्मा जी बन्द हैं, उस पवित्र स्थल में जाकर मैं एक अपूर्व आनन्द का अनुभव कर रही हूँ । विलायती कपड़ों तथा शराब की पिकेटिंग का कार्य महात्मा जी ने विशेष रूप से स्त्रियों के सुपुर्द किया है । हमारा कर्त्तव्य है कि हम उस कार्य को अच्छी तरह पूरा करें और प्रतिदिन एक घण्टा सूत भी काता करें ।"

अवन्तिकाबाई को यरबदा जेल भेजने की आज्ञा दी गई । बबनराव उस समय उपस्थित थे । यद्यपि वे पिछले ३० वर्षों में कभी पृथक् नहीं हुए थे, पर इस समय देश की पुकार को ध्यान में रखकर उन्होंने बिना किसी प्रकार के विषाद के इस निर्णय को स्वीकार किया । वास्तव में समाज सेवा और राष्ट्र सेवा का महत्त्व व्यक्तिगत सुख-सौख्य की अपेक्षा कहीं अधिक है और जब ऐसा अवसर आये तो देश, धर्म और समाज को प्रधानता देना ही हम सबका आदर्श होना चाहिये ।

इसके पश्चात् लार्ड इरविन के साथ गाँधी जी का समझौता हो जाने से सभी राजनैतिक कैदियों को छोड़ दिया गया और अवन्तिकाबाई को लगभग ४½ महीने ही जेल में रहना पड़ा । बाहर आने पर रचनात्मक कार्यक्रम में उनकी आवश्यकता समझी गई और महात्मा जी ने खादी और साक्षरता के प्रचार का काम विशेषरूप से उनके सुपुर्द किया । इसलिये विभिन्न स्थानों में महिलाओं की गोष्ठियाँ करके खादी के लाभ समझाया करती थीं । साक्षरता का कार्यक्रम वे पूर्ववत् "हिन्द महिला-समाज" के माध्यम से करती रहीं । पर सन् १९३२ में लार्ड विलिंगडन की नीति के कारण सत्याग्रह आन्दोलन पुनः उठाया गया । गाँधीजी को तो विलायत में होने वाली "राउण्ड टेबिल कॉन्फ्रेन्स" से लौटते ही गिरफ्तार कर लिया गया और ४ जनवरी १९३३ को ही एक आर्डिनेंस निकाल कर कांग्रेस को फिर गैर कानूनी संस्था घोषित कर दिया गया । इसके बाद देशभर में प्रमुख कार्यकर्ता धड़ाधड़ गिरफ्तार किये जाने लगे । अवन्तिकाबाई को भी अपनी गिरफ्तारी का अनुमान हो गया था । इसलिये उन्होंने अपने पति बबनराव की सब व्यवस्था ठीक कर दी और जैसे ही पुलिस की गाड़ी उन्हें गिरफ्तार करने आई वे तुरन्त चलने को तैयार हो गईं ।

इस बार वे नजरबन्द के रूप में दो महीने तक जेल में रखी गईं उसके बाद नजरबन्दों को एक शर्तनामे पर दस्तखत कराके छोड़ देने का आदेश था । पर उसकी शर्तें ऐसी खराब थीं कि कोई सच्चा कार्यकर्ता उसके लिये तैयार नहीं होता था । पर अवन्तिकाबाई को बिना किसी शर्त के ही रिहा कर दिया गया । इस प्रकार देशभक्त दम्पति ने अपने सुख-दुःख या विछोह की चिन्ता न करके राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्य का यथोचित रूप से पालन किया । उनका कार्य निःसन्देह अनेक दम्पतियों के लिये प्रेरणादायक है ।

पति की बीमारी के कारण कार्यक्रम में परिवर्तन

पर सन् १९३३ में बबनराव को हृदय की बीमारी हो गई । इसका आक्रमण आकस्मिक रूप से होता है, इसलिये अवन्तिकाबाई का उनसे थोड़ी देर भी अलग रहना

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

ठीक न था । कारण राजनैतिक आन्दोलन में भाग लेना असम्भव हो गया और महात्मा जी ने भी उन्हें स्पष्ट रूप से जब तक पति स्वस्थ न हो जायें पूर्ण रूप से उसकी सेवा में लगे रहने का आदेश दिया । यही कारण था कि सन् १९३७ में देश में कांग्रेसी-सरकार कायम होते समय श्रीमती सरोजिनी नायडू के बहुत जोर देने पर भी वे विधान सभा की सदस्यता के लिये खड़ी न हुईं । आगे चलकर १९४० के व्यक्तिगत सत्याग्रह और सन् १९४२ के "भारत छोड़ो" आन्दोलन में भी भाग न ले सकीं इसके बाद वे १५ वर्ष तक पति की पूरी तरह से देखभाल ही करती रहीं ।

पर इसका अर्थ यह नहीं कि उन्होंने सार्वजनिक कार्य को छोड़ दिया । महात्मा जी ने उनको खादी और साक्षरता प्रचार का आदेश दिया था, इसे वे "हिन्द महिला समाज" के माध्यम से करती रहीं । 'समाज' का कार्यालय एक प्रकार से उनके घर पर ही था । अपनी परिस्थिति को समझकर वे ऐसी व्यवस्था करने लगीं जिससे धन अथवा कार्यकर्त्रियों के अभाव से उसके मार्ग में रुकावट न पड़े । इसके लिये उन्होंने बहुत से नियमित आर्थिक सहायता देने वाले तैयार किये और बहुत-सी योग्य महिलाओं को "समाज" का कार्य संचालन करने के लिये प्रशिक्षित किया ।

पर "समाज" का कार्य करते हुए उन्होंने अपने को अधिकार और यश की लालसा से सदा दूर रखा । वे उसकी व्यवस्था कैसे करती हैं, और उन्हें इसके लिये कितना परिश्रम करना पड़ता है, इसकी चर्चा वे कभी किसी के सामने नहीं करती थीं । एक निष्काम कर्मयोगी की तरह वे चुपचाप अपना कर्त्तव्य पालन करके अलग हट जाती थीं और कार्य का यश दूसरों को ही देना पसन्द करती थीं ।

बीमारी और अन्तिम जीवन

अवन्तिकाबाई का स्वास्थ्य पहले काफी अच्छा था और उसी के आधार पर वह राष्ट्रीय और महिला आन्दोलनों में बहुत अधिक परिश्रम करके उनको सफल बना सकीं थीं । पर जेल जीवन का उनके स्वास्थ्य पर बहुत खराब प्रभाव पड़ा । वह घर गृहस्थी में रहने वाली और स्वास्थ्य के नियमों के अनुसार चलने वाली स्त्री थीं । जेलखाने के कठोर नियमों तथा वहाँ के अस्वास्थ्यकर खान-पान ने उनके स्वास्थ्य को सदा के लिये खराब कर दिया । डाक्टरों की सलाह से वह स्वास्थ्य-सुधार के लिये कुछ समय के लिये काश्मीर भी गईं, पर बिगड़ा हुआ स्वास्थ्य फिर पूर्ववत् दशा में न आया ।

सन् १९४७ में जब उनकी तबियत अधिक खराब रहने लगी तो बड़े चिकित्सकों से सलाह ली गई । मालूम हुआ कि उनको कैंसर का रोग हो गया है, जो असाध्य माना जाता है । अवन्तिकाबाई ने इसकी भी अधिक चिन्ता न की और होनहार को अनिवार्य समझ कर अपने कार्य में लगी रहीं । अब वह ज्यादा चल-फिर तो नहीं सकती थीं, पर बैठे-बैठे ही "हिन्द महिला-समाज" का कार्य करती रहती थीं । इसी समय बबनराव पर लकवा का आक्रमण हुआ जिससे उनकी दशा बहुत ही शोचनीय हो गई । अवन्तिकाबाई अपनी बीमारी को भूल कर रात-दिन उनकी सेवा में संलग्न रहने लगीं । उनकी सेवा-परिचर्या से बबनराव का प्राण-संकट टल गया और वे स्वस्थ्य हो गये । पर इस प्रकार बीमार होते हुए भी अतिरिक्त श्रम करने से अवन्तिकाबाई की हालत खराब हो गई और फिर उसी बीमारी में उनका अन्त हो गया ।

पर कैंसर जैसी घातक बीमारी से ग्रसित होने पर भी उनको अपने नियम तथा कर्त्तव्य का कितना ध्यान था, इसका पता इस बात से चलता है कि उस दशा में उन्होंने महात्मा जी के जन्म दिवस पर सदा की तरह दो धोतियाँ भेजने की पूरी चेष्टा की । उन्होंने सूत तैयार करके बुनने को भी दिया, पर धोतियाँ २ अक्टूबर तक न आ सकीं । महात्मा जी उस समय दिल्ली में थे, इसलिये उन्होंने वहीं पर पत्र भेज कर इस त्रुटि के लिये क्षमा-प्रार्थना की और अपनी बीमारी का हाल भी लिखा । महात्मा जी ने उस पत्र के उत्तर में कहा—

"तुम्हें कैंसर कहाँ से हुआ । मुझे तो तुम्हारे पत्र से ही यह समाचार मालूम हुआ । क्या वह ठीक हो सकता है ? पत्र द्वारा मुझे पूरी जानकारी देना । अब धोती भेजने का मोह क्यों करती हो ? तुमने तो बहुत वर्षों तक इस व्रत का पालन किया । अब यह मोह छोड़ दो ।"

इसके चार महीने बाद ही दिल्ली में महात्मा जी की हत्या कर दी गई । अवन्तिकाबाई पर इसका बुरा प्रभाव पड़ा । उसे अपना जीवन निःसार प्रतीत होने लगा । जहाँ गाँधी जी जैसे विश्व-हित के उपासक के प्रति ऐसा वीभत्स व्यवहार किया जा सकता है, ऐसी दुनिया में रहने से ही क्या लाभ ? उन्होंने अपनी दवा करनी भी छोड़ दी और यह कामना करने लगी कि मृत्यु शीघ्र ही आकर इस नश्वर जीवन का अन्त कर दे । मृत्यु के कुछ दिन पहले तो उनकी यह हालत हो गई कि कभी-कभी एकाएक चिल्ला उठतीं "बापू मुझे बुला रहे हैं ।" इस पर बबनराव उनसे कहते कि "बापू जी ने हम दोनों को हमेशा साथ देखा है । वह तुम्हें अकेली कैसे बुलायेंगे ?" अवन्तिकाबाई कहती—"हाँ, यह भी ठीक है, लेकिन मेरे जाने के बाद कुछ महीनों में आप भी वहाँ आ जावेंगे ।" इसी प्रकार की भावना करते-करते २६ मार्च १९४९ को उनका देहावसान हो गया ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अवन्तिकाबाई की विशेषतायें

यद्यपि महात्मा गाँधी के आन्दोलन ने लाखों व्यक्तियों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन कर दिये थे, पर स्त्रियों में अवन्तिकाबाई जैसे उदाहरण थोड़े ही थे । आरम्भ में उनका जीवन धनी श्रेणी की किसी महिला से ही मिलता-जुलता था । वह रेशमी और महीन साड़ियाँ पहिनती थीं और अंग्रेजी ढंग का रहन-सहन रखती थीं । पर सन् १९१७ में गाँधी जी के सम्पर्क में आते ही उनकी एक प्रकार से कायापलट हो गई । वैसे तो गाँधी जी की विचारधारा तथा कार्यों का विवरण समाचार पत्रों में पढ़कर वे उनके प्रति श्रद्धालु बन गई थीं और अपने को उसी ढाँचे में ढालने की चेष्टा करने लगीं थीं । यही कारण था कि गाँधी जी भी उनके प्रति बहुत शीघ्र आकर्षित हो गये और उन पर पूरा विश्वास करने लग गये ।

अवन्तिकाबाई ने केवल खादी और सत्याग्रह के विषय में ही गाँधी जी का अनुसरण नहीं किया, वरन् वह निजी जीवन में भी उनके पद चिह्नों पर चलना चाहती थीं । जब बबनराव की आयु ५० वर्ष की हो गई तो अवन्तिकाबाई ने उनसे प्रस्ताव किया कि "अब हम दोनों ब्रह्मचर्य का पालन करें ।" बबनराव ने कहा कि "५० वर्ष की आयु कोई ऐसी नहीं होती कि मनुष्य वैवाहिक-जीवन की प्रवृत्तियों का त्याग कर दे ।" अवन्तिकाबाई ने उन्हें समझाया कि गाँधी जी तो ३५ वर्ष की आयु से ही ब्रह्मचर्य का पालन करने लग गये थे । आपको ५० वर्ष की आयु में तो कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिये । "विलायत में शराब पीने की आदत को जब आपने सहज में ही छोड़ दिया था, तो इस तरह का संयम रखना आपके लिये साधारण बात है ।" अन्त में बबनराव भी उससे सहमत हो गये और वे घर में भाई बहिन की तरह रहने लगे ।

अवन्तिकाबाई एक नये विचारों की स्त्री थी । और धार्मिक अन्धविश्वासों से सर्वथा दूर ही रहती थीं, पर पति सेवा के मामले में वह अन्त समय तक पुराने आदर्श की ही अनुयायी बनी रहीं । उनके पति के दोनों हाथ युवावस्था में ही जाते रहे थे, उन्होंने उनकी आवश्यकताओं की सदैव इस प्रकार पूर्ति की कि बबनराव को कभी अपनी असहाय अवस्था का ख्याल नहीं आया । वह उनके छोटे-बड़े सभी कामों को पहले से ही पूरा करके रखती थीं, और उनके लिये अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल नहीं रखती थीं । पति के सम्बन्ध में वह इतनी भावुक थीं कि उससे सम्बन्धित सभी परम्परागत रूढ़ियों का वह पालन करती रहती थीं । महाराष्ट्र की सुहागिन स्त्रियों में काले काँच के दानों की एक माला गले में पहिनने का रिवाज है । इस सुहाग-चिह्न का वह मरते समय तक परित्याग न कर सकीं । जेल जाते समय वहाँ के कर्मचारी तमाम गहने उतरवा देते हैं । इस सुहाग-चिह्न को भी वे किसी के पास शेष नहीं रहने देते । इस बात को समझ कर अवन्तिकाबाई ने केवल पाँच दानों की छोटी-सी माला बनाकर छुपा कर रखली थी । इस प्रकार पति प्रेम के वशीभूत होकर उन्होंने सत्यवादिता के नियम की भी अवहेलना करदी और अपनी इस कमजोरी को महात्मा जी के सामने स्वीकार भी कर लिया ।

हो सकता है कुछ लोग इसे वास्तव में अवन्तिकाबाई की दुर्बलता और रूढ़िवादिता ही समझें, पर जीवन में ऐसे भी प्रसंग आते हैं जब मनुष्य जानबूझ कर भी एकाध त्रुटि कर देता है । पर इसका सम्बन्ध व्यक्तिगत जीवन से होता है और वह एक ऐसा गुप्त और पवित्र रहस्य होता है, जिसे प्रायः दूसरों के समक्ष प्रकट भी नहीं किया जाता । समाज को उससे कोई हानि लाभ नहीं होता । इस काले दानों की माला वाली बात को यदि अवन्तिकाबाई आत्मशुद्धि की दृष्टि से अपने "गुरु" महात्मा गाँधी से न कहतीं तो कभी उसकी चर्चा भी सुनने में न आती । पर अब जबकि वह किसी प्रकार प्रकाश में आ गई, तब भी हम अवन्तिकाबाई की प्रेम-प्रवणता की प्रशंसा ही कर सकते हैं । ऐसी छोटी-छोटी बातों से व्यक्ति के अन्तरतम प्रदेश का दर्शन हो जाता है ।

यूरोप-यात्रा के कारण उन्हें हर प्रकार के वातावरण में रहने का अवसर प्राप्त हुआ था । आन्दोलन में भाग लेने के कारण भारतवर्ष के प्रत्येक प्रदेश में भी वे अच्छी तरह घूम चुकी थीं । पर सब प्रकार के लोगों के संसर्ग में आने पर भी वह शाकाहारी ही बनी रहीं । पर उसके पति यूरोप और चीन में सात वर्ष रहने के प्रभाव से अन्तिम वर्षों में माँस खाने लगे थे । अवन्तिकाबाई ने उनसे कहा कि अगर आप आदेश देंगे तो मैं आपको माँस का भोजन बनाकर दे सकती हूँ, चाहे स्वयं कभी उसका व्यवहार न करूँ । पर कुछ समय बाद बबनराव ने स्वयं माँसाहार त्याग दिया और इस सम्बन्ध में अवन्तिकाबाई की परीक्षा का कोई अवसर ही नहीं आया ।

पर उसके पति-प्रेम सम्बन्धी ये दो-चार उदाहरण अवन्तिकाबाई की गम्भीर भावुकता का प्रदर्शन करने के साथ ही उन लोगों की आँखें खोलने वाले हैं जो, विदेशी शिक्षा प्राप्त महिलाओं को एक सिरे से पति की परवाह न करने वाली अथवा पतिव्रत से च्युत समझा करते हैं । विदेशों में भी ऐसी बहुसंख्यक महिलायें होती हैं जो कठिन से कठिन प्रसंग आने पर भी पति का साथ देती हैं और अपने प्राणों को अर्पण कर देती हैं । इटली के प्रसिद्ध

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

देशभक्त सेनानायक गैरीवाल्डी की पत्नी युद्ध क्षेत्र में भी सदा उसका साथ देती रही और उसने इसके लिये इतने संकट सहन किये कि उसका देहावसान अल्प आयु में हो गया । इसी प्रकार कहा जाता है कि सन् १९१२ में जब "टिटैनिक" नामक सुप्रसिद्ध जहाज बर्फ के पहाड़ से टकरा कर समुद्र में डूब रहा था तो पहले स्त्री और बच्चों को "लाइफ बोटों" (प्राण बचाने वाली नावों) में बैठाया गया । एक पति ने अपनी पत्नी को, जो राजी से नाव में नहीं बैठ रही थीं, गोद में उठाकर लाइफ बोट में पहुँचा दिया । पर जैसे ही लाइफ बोट चलने को तैयार हुई वह स्त्री उछल कर पुनः जहाज पर आ गई और पति से लिपट कर कहने लगी कि आप और मैं जन्म भर एक साथ रहे, तो अब अन्तिम समय में बिछुड़ने की क्या आवश्यकता है ? वे चुपचाप अपने कमरे में चले गये और वहीं शांतिपूर्वक उन्होंने सम्मिलित ही जल समाधि ले ली ।

अवन्तिकाबाई भी इसी श्रेणी की प्रेमिणी महिला थीं । उनके पति जिस प्रकार अपाहिज हो गये थे, उस दशा में अनेक स्त्रियाँ उनकी अवज्ञा करने लग जातीं अथवा स्वच्छन्दता का कोई मार्ग अपना लेतीं । पर अवन्तिकाबाई ने इसके विपरीत, जैसे-जैसे दुर्घटना ग्रस्त होकर बबनराव विकलांग होते गये उनसे अधिक प्रेम और सेवा करती गईं । ऐसे सच्चे प्रेमी जीव ही निजी परिवार का सीमा से आगे बढ़कर समाज और देश के सच्चे सेवक और स्वार्थत्यागी सहायक बनते हैं ।

अनुशासन सम्बन्धी कड़ाई और कर्त्तव्य पालन

विदेशों के उदाहरणों को देखकर अवन्तिकाबाई को अनुशासन का महत्त्व अच्छी तरह समझ में आ गया था और भारतवर्ष की उन्नति के लिये उन्होंने उसका यथाशक्ति प्रयोग भी किया था । 'हिन्द महिला समाज' से सम्बन्धित शिक्षा संस्थाओं तथा अन्य कार्यों में वह सख्ती से ही काम लेती थीं, जिससे अनेक बहिनें असन्तुष्ट भी हो जाती थीं ! पर अवन्तिकाबाई ने अन्त तक स्वयं अनुशासन का पालन किया और दूसरों से भी कराया । इसका अन्तिम परिणाम किस प्रकार शुभ सिद्ध हुआ इस सम्बन्ध में उनकी एक प्रमुख सहकारी श्रीमती कमलिनी गोखले ने अपने संस्मरणों में लिखा है—

"सन् १९३७ के जून मास में मैंने पहली बार "हिन्द महिला-समाज' में अंग्रेजी पढ़ाने के लिये आना आरम्भ किया । इस कारण अवन्तिकाबाई के साथ मेरा नित्य का सम्बन्ध रहने लगा और मैं उनको अपना गुरु मानने लगी । शुरू में मैं आशंकित थी, क्योंकि मैंने सुना था कि उनका अनुशासन बहुत कठोर है, किन्तु जैसे-जैसे मेरा परिचय बढ़ता गया, मुझे अनुभव हुआ कि अनुशासन में कठोर होते हुए भी वे प्रेम और आत्मीयता का व्यवहार करती हैं ।"

"हिन्द महिला समाज के लिये उन्होंने अपनी देह को अन्त तक खपाया । जब उनको कैंसर हो गया तो महिला-समाज सम्बन्धी उनके कार्यक्रम में बाधा पड़ी । पर वे शय्या पर पड़े-पड़े 'समाज' के कार्यों का निरीक्षण करती रहती थीं । उनकी हालत ज्यादा खराब हो जाने पर उन्हें तलगाँव के अस्पताल में ले जाने का विचार किया गया, क्योंकि वहाँ सब प्रकार की चिकित्सा सम्बन्धी सुविधायें थीं । परन्तु वे जाने को तैयार नहीं हुईं । 'समाज' में रहते हुए ही मृत्यु की इच्छा उन्होंने प्रकट की । वास्तव में उनकी ध्येय निष्ठा असाधारण थी ।"

बम्बई की एक प्रसिद्ध सार्वजनिक कार्यकर्त्री श्रीमती सोफिया वाडिया ने भी अपना अनुभव बतलाते हुए यही कहा था कि "वे स्वयं उत्साही और निश्चयात्मक वृत्ति की महिला थीं । अतः अपने सहकारियों से काम लेने में कठोर थीं, किन्तु उनके न्यायप्रिय और दयालु स्वभाव का परिचय उनके सहयोगियों को सदा ही मिलता रहता था ।"

बम्बई के मुख्यमन्त्री श्री बाला साहब खेर ने कहा कि "कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं कि उनकी आकृति से ही देखने वाले पर अनुकूल छाप पड़ती है । अवन्तिकाबाई उन्हीं में से एक थीं । "यह कौन है ?" यह जानने की सहज इच्छा होती थी । उनकी वृत्ति शुरू से ही राष्ट्रीय थी । वह चम्पारन गईं और तभी से सार्वजनिक कार्यों में प्रमुख रूप से भाग लेने लगीं । श्री बबन गोखले ने उनके सत्कार्यों में सदैव उनकी सहायता की । इन दोनों का मुख्य धन्धा देश सेवा ही था ।"

समाज और व्यक्ति के उत्थान के लिये इन्हीं गुणों की आवश्यकता होती है । यद्यपि हमारे और यूरोपियन समाज के रहन-सहन तथा आचार-विचारों में बहुत कुछ अन्तर है, तो भी अनुशासन, कर्त्तव्य पालन और समाज-सेवा आदि ऐसे गुण हैं, जिनका महत्त्व सर्वत्र एक समान है और जिनकी उपेक्षा नहीं की जा सकती । प्राचीन भारत में भी इनकी भावना पूर्ण रूप से मौजूद थी, चाहे उसका बाह्य रूप कुछ भिन्न प्रकार का था । उस समय इस देश में कर्त्तव्य पालन और परोपकार की भावना इतनी प्रबल थी कि अपना प्राण और सर्वस्व त्याग करने से भी लोग पीछे नहीं हटते थे । श्रीमती अवन्तिकाबाई में प्राचीन और नवीन भावनाओं का इस प्रकार मिश्रण हुआ था जिससे उनका व्यक्तित्व बहुत अधिक आकर्षक और कल्याणकारी बन गया था । उन्होंने सब प्रकार के सांसारिक प्रलोभनों और तृष्णाओं को त्याग कर अपना तन-मन-धन समाज

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सेवा और परहित साधन में लगा दिया, और इसके लिये अनेक प्रकार के कष्ट सहन किये और हानियाँ भी उठाईं। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उन्होंने अपने स्वास्थ्य और प्राणों की भी परवाह न की।

वास्तव में अवन्तिकाबाई का जीवन प्रत्येक भारतीय स्त्री-पुरुष के लिये मार्ग दर्शक है। जो लोग इन बातों को साधुओं और त्यागियों का ही कर्त्तव्य समझते हैं वे अवन्तिकाबाई के जीवन से शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं कि किस प्रकार उन्होंने अपने गृहस्थ्य-जीवन की उपेक्षा न करते हुए समाज-सेवा का इतना अधिक कार्य कर दिखाया। अवन्तिकाबाई के पति बबनराव तो संयोगवश ऐसी स्थिति को प्राप्त हो गये थे कि वे स्वयं समाज द्वारा सेवा किये जाने के अधिकारी थे। पर अपनी उद्योगशीलता और कर्त्तव्य-परायणता के आधार पर उन्होंने अपने जीवन को बदल डाला और आजन्म समाज की उपयोगी सेवा करते रहे। जीवन को धन्य और सार्थक बनाने का यही मार्ग है।

भारतीय नारियों के लिये आदर्श : राष्ट्रमाता कस्तूरबा

यह उस समय की बात है जब महात्मा गाँधी भारतवासियों पर किये जाने वाले अत्याचारों के विरुद्ध दक्षिण अफ्रीका में गोरों की सरकार से जूझ रहे थे। सरकार हिन्दुस्तानियों को पदावनत और दीन-हीन बनाने के लिये नये-नये कानून बना रही थी और गाँधी जी अपने अहिंसात्मक सत्याग्रह से उसके आक्रमण को व्यर्थ करने का प्रयत्न कर रहे थे। उन्हीं दिनों सरकारी अधिकारियों ने एक नियम यह बनाया कि भारतवासियों के अपनी धार्मिक पद्धति के अनुसार किये विवाह गैरकानूनी माने जायेंगे और उनकी स्त्रियाँ पत्नी नहीं 'रखैल' के दर्जे की समझी जायेंगी। गाँधी जी तो इसके विरुद्ध सत्याग्रह करने ही वाले थे, पर उन्होंने विचार किया कि इस प्रश्न पर यदि स्त्रियाँ भी सत्याग्रह में भाग लेकर जेल जायें तो ठीक रहेगा। साथ ही वे यह भी जानते थे कि स्त्रियों का जेल जाना खतरे का काम है। इसलिये उन्होंने विचार किया कि सबसे पहले अपनी पत्नी कस्तूरबा को ही इसके लिये तैयार किया जाये। वे जानते थे कि यदि वे बा से जेल जाने को कहेंगे तो वह इन्कार तो नहीं करेगी पर बाद में उसका कहाँ तक निर्वाह कर सकेंगी, इसका निश्चय न था। इसलिये वे ऐसा अवसर खोजने लगे जब सामान्य बातचीत करते हुए इसकी चर्चा कर ली जाये।

उस दिन जब बा "फीनिक्स-आश्रम" वालों के लिये रोटी बेल रही थीं, पास में बैठे गाँधी जी ने कोई अन्य काम करते-करते उनसे कहा—"तुझे नये कानून का पता चला या नहीं ?"

बा ने पूछा—"क्या ?"

गाँधी जी ने हँसते हुए कहा—"आज तक तू मेरी ब्याही हुई पत्नी थी। अब तू ब्याही पत्नी नहीं रही।"

बा ने भौहें चढ़ाकर पूछा—"ऐसा किसने कह दिया ? आप तो रोज-रोज ही नई समस्यायें खोज निकालते हैं।"

गाँधी जी बोले—"मैं कहाँ खोज निकालता हूँ ? वह जनरल स्मट्स कहता है कि ईसाई लोगों के विवाहों की तरह हमारा विवाह सरकारी अदालत के रजिस्टर में दर्ज नहीं हुआ है इसलिये उसे गैर कानूनी माना जायेगा। इस कानून के अनुसार तू मेरी ब्याही हुई पत्नी नहीं, लेकिन "रखैल स्त्री" मानी जायेगी।"

यह सुनकर बा का चेहरा तमतमा उठा। वे बोलीं—"उसका सिर ! उस निठल्ले को ऐसी बातें कहाँ से सूझती हैं ?"

गाँधी जी बोले—"लेकिन अब तुम स्त्रियाँ क्या करोगी ?"

बा—"आप ही बताइये, हम क्या करें ?"

गाँधी जी ने मुस्कुराते हुए कहा—"हम पुरुष जिस तरह सरकार से लड़ते हैं वैसे ही तुम स्त्रियाँ भी लड़ो। सच्ची ब्याही हुई पत्नी बनना हो और 'रखैल' न कहलाना हो, और अगर तुम लोगों को अपनी आबरू प्यारी हो, तो हमारी तरह तुमको भी सरकार से लड़ना चाहिये।"

बा—"आप तो जेल में जाते हैं !"

गाँधी जी—"तू भी अपनी आबरू को बचाने के लिये जेल जाने को तैयार हो बा।"

बा—"हाँ मैं जेल जाऊँ ! स्त्रियाँ भी कभी जेल जा सकती हैं ?"

गाँधी जी—"क्यों, स्त्रियाँ जेल में क्यों नहीं जा सकतीं ? पुरुष जो सुख-दुःख भोगें, उन्हें स्त्रियाँ क्यों नहीं भोग सकतीं ? राम के पीछे सीता गई थी। हरिश्चन्द्र के पीछे तारा गई थी, और नल के पीछे दमयन्ती गई थी और इन सबने जंगल में अपार दुःख सहन किये।

बा—"वे सब देवताओं जैसे थे। उनके कदमों पर चलने की शक्ति हम में कहाँ है ?"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

गाँधी जी ने गम्भीरता के साथ कहा—"इसमें क्या है ? हम भी उनके जैसा आचरण करें तो उनके समान बन सकते हैं, देवता हो सकते हैं । राम के कुल का मैं हूँ और सीता के कुल की तू है । मैं राम बन सकता हूँ तो तू भी सीता बन सकती है । सीता अपने धर्म का पालन करने के लिये राम के पीछे वन में न गई होती और राजमहलों में ही आराम से रहती, तो कोई उसे सीता-माता न कहता । तारामती, हरिश्चन्द्र के सत्य के लिये बिकी न होती तो हरिश्चन्द्र के सत्यव्रत में कमी रह जाती, तब हरिश्चन्द्र को कोई सत्यवादी न कहता और तारामती को कोई सती न कहता । दमयन्ती, नल के साथ जंगल के दुःख भोगने में शामिल न होती तो उसे भी कोई सती नहीं कहता । उसी तरह अगर तुझे अपनी आबरू बचानी हो, मेरी ब्याही हुई स्त्री कहलाना हो, तो तू सरकार से लड़ और जेल जाने के लिये तैयार हो जा ।"

बा थोड़ी देर चुप बैठी रही, फिर बोली—"तो आपको मुझे जेल भेजना है, है न ? अब इतना ही बाकी रहा है ! जाऊँगी, जेल में भी जाऊँगी । लेकिन जेल का खाना मुझे अनुकूल आयेगा ?"

गाँधी जी—"मैं तुझसे नहीं कहता कि तू जेल में जा । अपनी आबरू की खातिर जेल जाने का उत्साह तुझमें हो तो जा और जेल का खाना अनुकूल न आये तो वहाँ फलों पर रहना ।"

बा—"जेल में सरकार मुझे फल खाने को देगी ?"

गाँधी जी—फल न दे तब तक तू उपवास करना ।

बा (हँसते हुए)—"ठीक, यह आपने मुझे अच्छा मरने का रास्ता बताया ! मुझे लगता है कि जेल में गई तो जरूर मर जाऊँगी ।"

गाँधी जी इस पर बड़े जोर से हँस पड़े और कहा—"हाँ, हाँ मैं भी यही चाहता हूँ, तू जेल में जाकर मरेगी, तो मैं जगदम्बा की तरह तुझे पूजूँगा ।"

बा—"अच्छा तब तो मैं जेल जाने को तैयार हूँ ।"

गाँधी जी बा का निर्णय सुनकर बड़े प्रसन्न हुए । बाद में बा किसी काम से बाहर गई तो गाँधी जी ने वहाँ उपस्थित एक अन्य सज्जन से कहा—

"बा की खूबी यही है कि मन से या बेमन से मेरी इच्छा का अनुसरण करती है ।"

आरम्भिक जीवन

कस्तूरबा का जन्म पोरबन्दर (सौराष्ट्र) के उसी मोहल्ले में हुआ था जिसमें गाँधी जी का घर था । वे आयु में गाँधी जी से छः महीना बड़ी थीं, पर इन दोनों का विवाह सम्बन्ध (सगाई) उस समय की परम्परा के अनुसार सात वर्ष की आयु में ही निश्चित हो गया था और तेरह वर्ष की आयु में पाणिग्रहण संस्कार होकर वे पति-गृह में आ गईं । उस समय उनको अक्षर ज्ञान भी नहीं था । स्वयं गाँधी जी ने ही रात्रि के समय एकान्त में थोड़ा-थोड़ा समय देकर उन्हें इस योग्य बनाया कि वे साधारण चिट्ठी-पत्री पढ़ सकें और लिख सकें । इसके पश्चात् सार्वजनिक जीवन में रहने और देश के बड़े-बड़े नेताओं के सम्पर्क में आने से उनका ज्ञान काफी बढ़ गया, पर पुस्तकीय शिक्षा की दृष्टि से उनकी स्थिति अन्त तक सामान्य ही रही ।

इतनी छोटी अवस्था में विवाह हो जाने से गाँधी जी और बा का दाम्पत्य जीवन भी धीरे-धीरे और अनेक प्रकार के उतार-चढ़ावों में होकर विकसित हुआ । आरम्भ में तो वे इसके महत्त्व और विशेषताओं से सर्वथा अनजान ही थे । उस समय की स्थिति की चर्चा करते हुए गाँधी जी ने अपनी 'आत्मकथा' में लिखा है—

"मुझे याद नहीं पड़ता कि सगाई के समय मुझसे कुछ कहा गया था । इसी प्रकार ब्याह के वक्त भी कुछ पूछा नहीं गया । सिर्फ तैयारियों से ही पता चला कि ब्याह होने वाला है । उस समय अच्छे-अच्छे कपड़े पहिनेंगे, बाजे बजेंगे, जलूस निकलेंगे, अच्छा-अच्छा खाने को मिलेगा, एक नई लड़की के साथ हँसी-खेल करेंगे, ऐसी इच्छाओं के सिवा और कोई भाव मेरे मन में रहा हो ऐसा याद नहीं आता । ब्याह के समय मण्डप में बैठे, फेरे फिरे, "कंसार" खाया-खिलाया और वर-वधू दोनों साथ रहने लगे । दो अबोध बालक बिना जाने, बिना समझे संसार-सागर में कूद पड़े । कुछ ऐसा ख्याल आता है कि हम दोनों एक-दूसरे से डरते थे, एक-दूसरे से शरमाते तो थे ही । बातें किस तरह करना, क्या करना, सो मैं क्या जानूँ ? धीरे-धीरे एक-दूसरे को पहचानने लगे, बोलने लगे ।"

"मुझे अपनी स्त्री को आदर्श स्त्री बनाना था । वह साफ बने, साफ रहे, मैं जो सीखूँ वह भी उसे सीखे, हम एक-दूसरे में ओत-प्रोत रहें, यह मेरी भावना थी । मुझे याद नहीं पड़ता कि कस्तूरबाई की भी ऐसी भावना थी । वे निरक्षर थीं, स्वभाव की सीधी, स्वतन्त्र, मेहनती और मेरे साथ कम बोलने वाली । उनको अपने अज्ञान से असन्तोष न था । मैंने अपने बचपन में उनको कभी यह इच्छा करते नहीं पाया कि जिस तरह मैं पढ़ता हूँ, उस तरह वे खुद भी पढ़ें तो अच्छा हो । उन्हें पढ़ाने की मेरी बड़ी इच्छा थी लेकिन उसमें दो कठिनाइयाँ थीं । एक तो बा की पढ़ने की भूख खुली नहीं थी, दूसरे बा अनुकूल हो

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जातीं तो भी उस जमाने में भरे-पूरे परिवार में इस इच्छा को पूरा करना आसान नहीं था ।"

दक्षिण अफ्रीका में

पर यह स्थिति थोड़े ही दिन रही । इसके कुछ वर्ष बाद जब कस्तूरबा, गाँधीजी के साथ द. अफ्रीका गईं तो उनकी दुनिया ही बदल गई । कहाँ एक कट्टर वैष्णव सम्प्रदाय के नियमों का पालन करने वाली, अधिकांश विषयों में रूढ़ियों और परम्परा के अनुसार जीवन व्यतीत करने वाली भारतीय नारी और कहाँ यूरोपियन सभ्यता और वहाँ का बिल्कुल भिन्न प्रकार का रहन-सहन । यद्यपि द. अफ्रीका में भारतवासियों और विशेषतः गुजरातियों की संख्या बहुत अधिक थी, पर विदेशी वातावरण में रहने और वहाँ के बड़े लोगों का अनुकरण करने से उनके रहन-सहन में बहुत अन्तर आ गया था । सबसे पहली बात तो वहाँ की वेश-भूषा की ही थी । हिन्दुस्तान में जिस प्रकार स्त्रियाँ प्रायः नंगे पैर चलती हैं, यह वहाँ की सभ्यता के विरुद्ध है । दूसरी बात यह है कि ठण्ड ज्यादा पड़ने से वहाँ नंगे पैर रहना भी कठिन है । इसलिये गाँधी जी ने शुरू से ही बा को जूता और मोजा पहनने को कहा । यद्यपि इसमें कोई दोष की बात नहीं थी, पर फिर भी बा बड़ी कठिनाई से इसके लिये तैयार हुई ।

बा की परीक्षा

दक्षिण अफ्रीका में जिस मकान में गाँधी जी रहते थे वह भारतीय घरों की तरह नहीं था । यूरोपियन लोग कमरों में नालियाँ नहीं रखते । इसलिये वे पेशाब के लिये एक बर्तन रखते हैं । जिसे कोई नौकर या वे स्वयं उठाकर फेंक देते हैं । गाँधी जी के घर में उनके साथ ही उनके मुहर्रिर (क्लर्क) भी रहा करते थे । उनमें से कुछ तो अपने पेशाब का बर्तन स्वयं उठाकर साफ कर लाते थे, और जो ऐसा नहीं करते थे उनके बर्तन गाँधी जी या बा को उठाकर साफ करने पड़ते थे आरम्भ में तो बा को यह बुरा लगता था पर धीरे-धीरे आदत पड़ गई । पर कुछ समय बाद जब एक ईसाई क्लर्क आया, जिसका बाप सबसे नीची जाति का था, तो बा को उसका बर्तन साफ करना असह्य जान पड़ने लगा । पर वे स्वयं खड़ी रहकर यह भी नहीं देख सकती थीं कि गाँधी जी उस बर्तन को उठाकर ले जायें । बा उस बर्तन को उठाकर तो ले गईं पर उनकी आँखों से आँसू बहते जाते थे और वे लाल-लाल आँखों से गाँधी जी की ओर देखती जाती थीं । उनकी यह विरक्ततापूर्ण मनोवृत्ति गाँधी जी को बहुत खटकी । वे एक प्रेमी पति होने के साथ ही सिद्धान्तों के मामले में सदा से कठोर थे । इसलिये तुरन्त चिल्लाकर कहने लगे—"मेरे घर में यह बखेड़ा नहीं चलेगा ?"

कस्तूरबा भी रोष से भर कर बोल उठी—"तो अपना घर अपने पास रखो—मैं चली ।"

इस पर गाँधी जी परिस्थिति को भूलकर एकदम बा का हाथ पकड़कर दरवाजे तक खींच ले गये और उनको बाहर निकालने लगे । तब वह कहने लगीं—"तुम्हें तो शरम नहीं, पर मुझे तो है । मैं बाहर निकलकर कहाँ जाऊँगी ? यहाँ मेरे माँ-बाप भी नहीं जो उनके यहाँ चली जाऊँ । मैं औरत ठहरी इसलिये तुम्हारी चपत खानी ही पड़ेगी । अब जरा शरम करो और दरवाजा बन्द कर दो । कोई देखेगा तो दोनों की फजीहत होगी ।"

इस तरह बड़े संघर्ष के साथ बा अपने को कुछ अंशों में विदेशी वातावरण के अनुकूल बना पाईं । इसका आशय यह कि जहाँ तक बाहरी लोगों से सम्बन्ध पड़ता था, वहाँ तक वे इस प्रकार का व्यवहार करने लगीं जिससे कोई उनको सभ्यता के नियमों से अनजान या मूर्ख न समझे । पर निजी व्यवहार में और आन्तरिक भावनाओं में वे तब भी पक्की हिन्दू ही थीं । खानपान के विषय में भी वे बड़ी कट्टर थीं और कभी कोई ऐसी चीज ग्रहण करने को तैयार नहीं होती थीं जिसमें अण्डा या माँस आदि की मिलावट का सन्देह हो । इस सम्बन्ध में एक बार बड़ी गम्भीर घटना हो गई ।

कस्तूरबा को खूनी बवासीर की शिकायत पैदा हो गई थी । जिससे प्रायः रक्तस्राव होता था । गाँधी जी के एक डॉक्टर मित्र ने उसको ऑपरेशन करके ठीक करने को कहा, बा बड़ी कठिनाई से इसके लिये तैयार हुईं । वह बहुत कमजोर हो गई थीं, इसलिये उनको ऑपरेशन के बाद कुछ दिन डॉक्टर के घर पर ही रखने का निश्चय किया गया । डॉक्टर का घर डरबन में था और गाँधी जी उस समय फीनिक्स आश्रम में रहते थे । ऑपरेशन के बाद डॉक्टर और उसकी पत्नी द्वारा बहुत सेवा किये जाने पर भी बा की तबियत बराबर गिरती गई । एक दिन कमजोरी के कारण बेहोशी भी आ गई । इसलिये ताकत लाने को डाक्टर ने माँस का शोरबा देना आवश्यक समझा पर इसके लिये गाँधी जी से पूछना आवश्यक था । उसने टेलोफोन पर उनको अपना विचार बतलाया ।

गाँधी जी—मैं इसकी इजाजत नहीं दे सकता । पर कस्तूर बाई इस सम्बन्ध में स्वतन्त्र है । अगर वह स्वीकार करे तो आप अवश्य दे सकते हैं ।

डॉक्टर—रोगी से इस तरह की बात मैं पूछ नहीं सकता । आपको यहाँ आ जाना चाहिये । अगर आप मैं

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जो चाहूँ वह खिलाने की इजाजत नहीं देते तो मैं आपकी स्त्री के लिये जिम्मेदार नहीं हूँ ।

गाँधी जी उसी समय डरबन के लिये चल दिये । वहाँ पहुँचने पर डॉक्टर ने बतलाया—"मैंने तो उनको शोरबा पिलाकर ही आपको फोन किया था ।"

गाँधी जी—डॉक्टर, मैं इसको दगा समझता हूँ ।

डॉक्टर—इलाज करते समय मैं दगा-वगा कुछ नहीं जानता । हम डॉक्टर लोग ऐसे समय में रोगी को और उसके रिश्तेदारों को धोखा देने में पुण्य समझते हैं । हमारा धर्म तो किसी तरह भी रोगी को बचाना है ।

गाँधी जी—खैर जो हुआ सो हुआ, पर मैं जान-बूझकर अपनी पत्नी को उसकी इच्छा के बिना माँस नहीं लेने दूँगा । इससे उसकी मृत्यु हो जाये तो मैं उसे सहने को भी तैयार हूँ ।

डॉक्टर—आपकी फिलॉसफी मेरे घर बिल्कुल नहीं चलेगी । जब तक वह मेरे यहाँ है मैं उसको माँस या जो कुछ मुनासिब होगा जरूर दूँगा । अगर यह आपको स्वीकार न हो तो आप पत्नी को ले जाइये । अपने घर में जान-बूझकर मैं उनकी मौत नहीं होने दूँगा ।

गाँधी जी फिर कस्तूरबा के पास गये और सब बातें संक्षेप में समझा दीं । वह अत्यन्त कमजोर थी पर उसने दृढ़तापूर्वक कहा—मैं माँस का शोरबा नहीं लूँगी । मानुस-देह बार-बार नहीं मिलती । भले ही मैं आपकी गोद में मर जाऊँ, पर अपनी देह को भ्रष्ट नहीं करूँगी ।"

जब मैंने यह बात डॉक्टर को बतलाई तो वह कहने लगा—"तुम तो बड़े निष्ठुर पति मालूम होते हो । ऐसी बीमारी में उस बेचारी से ऐसी बात कहते तुम्हें शरम नहीं आई । मैं तुमसे कहता हूँ कि तुम्हारी पत्नी यहाँ से ले जाने लायक नहीं है । रास्ते में उसका प्राण छूट जाये तो आश्चर्य नहीं । इतने पर भी तुम हठवश नहीं मानोगे, तो तुम्हारी तुम जानो । अगर मैं उसे शोरबा नहीं दे सकता तो उसे अपने घर में रखने की जोखिम भी नहीं उठा सकता ।"

पर कस्तूरबा बराबर अपनी बात पर दृढ़ रही । गाँधी जी ने उसे उठाया तो देखा कि उस हड्डियों के ढाँचे में कुछ भी वजन नहीं रह गया है । गाँधी जी यह देखकर घबड़ाने लगे, पर कस्तूरबा ने उन्हें हिम्मत बँधाते हुए कहा—"मुझे कुछ नहीं होगा, आप चिन्ता न करें ।" अन्त में वह लम्बी यात्रा तय करके फीनिक्स पहुँच गईं और गाँधी जी के प्राकृतिक उपचार और सेवा-सुश्रूषा से स्वस्थ हो गईं ।

बा की त्याग वृत्ति

खान-पान और फैशन की दृष्टि से तो बा का जीवन आरम्भ से ही बहुत सादा था, अपरिग्रह के विषय में उसको गाँधी जी का दबाव सहन करना पड़ा । सन् १९०० में जब वे द. अफ्रीका से वापस आने लगे तो नेटाल के भारतवासियों ने उनकी विदाई के उपलक्ष्य में बहुत बड़ा समारोह किया और उनको सोने, चाँदी तथा जवाहरात के बहुत से पदार्थ भेंट किये । उसमें ५० गिन्नियों से बना एक हार कस्तूरबा के लिये था । इन भेंटों को पाकर गाँधी जी बड़ी चिन्ता में पड़ गये और उस रात उनको जरा भी नींद नहीं आई । हजारों रुपये के मूल्य के उपहारों को छोड़ देना कठिन जान पड़ता था, पर उनको रखना उससे भी कठिन लगता था । अन्त में वे इसी निर्णय पर पहुँचे कि अपनी सेवा का इस प्रकार का बदला लेना किसी प्रकार उचित नहीं । इससे कभी दूसरों को तथा अपने स्त्री-बच्चों को भी अच्छी प्रेरणा नहीं मिल सकती । इसलिये उचित यही है कि उनको कुछ ट्रस्टियों के सुपुर्द करके सार्वजनिक कार्यों में खर्च कर दिया जाये ।

गाँधी जी ने तो अपने दार्शनिक विचारों के अनुसार थोड़ी देर में यह निर्णय कर लिया, पर कस्तूरबा को इसके लिये तैयार करना सहज न था । वह कहने लगी—"चाहे तुमको जरूरत न हो और मुझे भी तुम गहने न पहनने दो, पर मेरी बहुओं को तो उनकी जरूरत होगी । इतने प्रेम से दी गई चीजें लौटाई नहीं जातीं ।"

गाँधी जी ने समझाने के ढंग से धीरे से कहा—लड़कों की शादी तो होने दो । हमें कौन बचपन में इन्हें ब्याहना है । बड़े होने पर वे जो चाहें सो करें, और हमें कौन गहनों की शौकीन बहुयें ढूँढ़नी हैं । फिर भी कुछ बनवाना ही पड़ा, तो मैं तो हूँ ही न ?

बा—"तुम्हें तो मैं जानती हूँ । तुम वही न हो जिसने मेरे गहने भी छीन लिये ? तुमने जब मुझे सुख से नहीं पहनने दिया तो तुम मेरी बहुओं के लिये क्या लाओगे ? बच्चों को तो तुम अभी से बैरागी बनाना चाहते हो और मेरे हार पर तुम्हारा क्या हक है ?"

गाँधी जी—"लेकिन यह हार तुमको तुम्हारी सेवा के लिये मिला है या मेरी सेवा के कारण ?"

बा—कुछ भी हो, तुम्हारी सेवा, मेरी भी सेवा हुई । मुझसे रात-दिन मजदूरी कराई, सो क्या सेवा नहीं माना जायेगा ? मुझे रुला-रुला कर हर किसी को घर में रखा और चाकरी कराई, उसका कोई हिसाब नहीं ?

उस समय तो गाँधी जी के दबाव से ही बा उन गहनों को वापस देने को राजी हुई, पर बाद में उन्होंने इसका

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

औचित्य समझ लिया कि सार्वजनिक सेवकों को निश्चय ही निस्पृह होना चाहिये, अन्यथा उनकी सेवा का मूल्य बहुत घट जाता है । आजकल तो हमारे देश में इस प्रकार के लोभ-लालच की हद हो गई है । लोग काम तो करेंगे छटांक भर पर उनका बदला चाहेंगे सेर भर । इससे सार्वजनिक जीवन की और विशेषकर राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करने वालों की मिट्टी खराब हो रही है और जनता की दृष्टि में वे सम्मान के बजाय उपेक्षा और निन्दा के पात्र हो रहे हैं । हम अपने पाठकों को बड़ी दृढ़ता के साथ यह सम्मति देंगे कि चाहे वे सार्वजनिक सेवा और जनकल्याण के कार्य अधिक न करें, उनके लिये अपनी कम से कम हानि सहन करें । पर जो कुछ करें वह निस्वार्थ भाव से अपना धर्म-कर्त्तव्य समझ कर करें । ऐसा करने से उनका वह थोड़ा-सा सेवाकार्य भी महान बन जायेगा । सेवाकार्य की महत्ता सब हमारी मानसिक भावना में है । अगर हम स्वार्थ की भावना रखते हुए कोई "परमार्थ-कार्य" करते हैं तो वह कभी श्रेष्ठ नहीं कहा जा सकेगा ।

पहली स्त्री सत्याग्रही

जैसा आरम्भ में लिखा जा चुका है जब दक्षिण अफ्रीका की गोरी सरकार ने हिन्दू-मुसलमानों के विवाह को गैरकानूनी बनाकर उनकी स्त्रियों को पत्नी के बजाय "रखैल" कहने का निश्चय किया तो गाँधी जी ने उसके विरुद्ध सत्याग्रह किया और उसमें स्त्रियों को शामिल करना उन्होंने आवश्यक समझा । पर यह एक खतरनाक काम था । जेलों का वातावरण दूषित होता है और वहाँ का व्यवहार भी अपमानजनक जैसा ही होता है, इसलिये घर के भीतर रहने वाली और तरह-तरह के छुआछूत और शुद्ध-अशुद्ध के जंजालों में फँसी हिन्दू स्त्रियाँ यदि जेल जीवन से घबड़ा कर दो-चार दिन में ही माफी माँग कर चली आवें तो इसमें समस्त सत्याग्रह आन्दोलन की बड़ी बदनामी और हानि थी । यद्यपि गाँधी जी ने बातों ही बातों में इसकी चर्चा बा से कर दी पर उन्होंने यह स्पष्ट आग्रह कभी नहीं किया कि वे सत्याग्रह करके अवश्य जेल जायें । इसके बजाय उन्होंने अन्य बहनों से इसके लिये पूछा । उन सबने अपनी रजामन्दी बतलाई और कहा कि चाहे जितना भी कष्ट सहन करना पड़े हम लोग जेल की सजा पूरी करके आयेंगी । बा ने जब ये सब बातें सुनीं तो उनको कुछ बुरा लगा और उन्होंने गाँधी जी से कहा—"मुझसे आप जेल जाने को क्यों नहीं कहते ? मुझमें ऐसी कौन-सी कमी है जिससे मैं जेल में न जा सकूँ ?"

गाँधी जी ने उत्तर दिया—"मैं न तो तुमको कभी दुःखी कर सकता हूँ, न तुम्हारे ऊपर अविश्वास कर सकता हूँ । तुम्हारे जेल जाने में तो मुझे बड़ा संतोष होगा, पर यदि मेरे मन में यह ख्याल बना रहे कि तुम मेरी आज्ञा-पालन करके जेल गई हो यह तो मुझे बुरा जान पड़ेगा । ऐसे काम सबको अपनी हिम्मत से ही करने चाहिये । तुम जेल के कष्टों से ऊब जाओ तो यह मुझे कैसे अच्छा लगेगा ?"

बा—"मैं हार मानकर जेल से बाहर चली आऊँ, तो मुझे अपने पास मत रहने देना । मेरे बच्चे तक सह सकें, आप सब सहन करते रहें और मैं अकेली ही उसे न सह सकूँ ऐसा कैसे हो सकता है ? ऐसा आप क्यों सोचते हैं ? मुझे इस सत्याग्रह की लड़ाई में भाग लेना ही होगा ।"

जेल में जाकर बा ने बहुत कष्ट सहन किये वहाँ का अशुद्ध ढंग से बनाया और गन्दे बर्तनों में रखा भोजन तो वे खा ही कैसे सकती थीं । इसलिये जेल में पहुँच कर उन्हें भूखा ही रहना पड़ा । पाँच दिन के बाद सरकार झुकी और उनको फल देने की आज्ञा दी । पर केवल तीन केला, चार प्रून्स, दो टमाटर और दो नीबू मिलते थे । इस प्रकार तीन महीना तक जेल के भीतर बा को आधा पेट भोजन पर ही रहना पड़ा । इसलिये जेल की सजा पूरी करके जब वे बाहर आईं तो हड्डियों का ढाँचा मात्र रह गई थीं । उस समय सब कोई उनको देखकर शोकाकुल हो गये । अफ्रीका के गोरे जैसे विदेशी और विधर्मी लोगों की जेल में एक धार्मिक विचारों की हिन्दू स्त्री का रहना वास्तव में बड़ा कठिन था, पर बा ने साहस करके सब संकटों को सहन कर लिया, यह एक ऐसा आदर्श था जिससे हमारी सब बहनें लाभ उठा सकती हैं ।

बा की परिश्रमशीलता

बा का जीवन आरम्भ से ही परिश्रम करते का रहा था । गाँधी जी सदा से ही बड़ी देख-रेख और जाँच-पड़ताल करने वाले पति थे । यह कस्तूरबा की निरालस्यता और सेवा-परायणता का ही परिणाम था कि वह उनकी पसन्द का कार्य करके उन्हें सन्तुष्ट रखती थीं । इसलिये वे रात को चाहे जल्दी सो गई हों या देर से, तीन बजे प्रार्थना होने के समय अवश्य जग जाती थीं । गाँधी जी तो प्रार्थना समाप्त हो जाने पर फिर थोड़ी देर के लिये सो जाते थे, पर बा उसी समय से उनके स्नान के लिये पानी गरम करने और जलपान के लिये शहद या वैसी ही कोई चीज तैयार करने में लग जाती थीं । वैसे अन्य अनेक व्यक्ति गाँधी जी की किसी प्रकार की भी सेवा करने को इच्छुक रहते थे । पर बा जानती थी कि गाँधी जी जिस प्रकार प्रत्येक विषय में गहरी छानबीन करते रहते हैं उसे देखते हुए अन्य लोगों के कार्य में कोई त्रुटि निकल आना

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

बहुत सम्भव है । इसलिये अगर किसी के आग्रह करने पर बा दूसरों को कोई काम करने का मौका दे भी देती थीं, तो भी बराबर यह निरीक्षण करती रहतीं कि उसमें कोई कमी तो नहीं रह गई । खासकर बर्तनों की सफाई की तरफ उनका बहुत ध्यान रहता था । जब वे देखतीं कि किसी लड़की के मले हुए बर्तनों में कुछ कमी रह गई है तो स्वयं उनको पूरी तरह साफ कर डालती थीं । वे प्रातःकाल से ही दिन भर किस प्रकार व्यस्त रहती थीं, इसका वर्णन करते हुए एक आश्रमवासी ने लिखा है—

बापू सवेरे लगभग ७ बजे घूमने निकलते उस समय बा अपने स्नान आदि कामों से निपट लेतीं और पूजा पाठ पर बैठ जातीं । लगभग एक घण्टा गीता और तुलसी-रामायण का पाठ करतीं । इसके बाद वे रसोईघर में पहुँच जातीं और वहाँ सब ठीक ढंग से चल रहा है या नहीं इसका पता एक निगाह में ही लगा लेतीं । कोई खाद्य सामग्री खुली पड़ी हो, शाक या फल बिगड़ने की हालत में हों तो वह तुरन्त उनको ठीक करने लगतीं । वे बहुत स्पष्टवक्ता थीं, इसलिये जिसको जो कहना होता था, साफ-साफ कह देतीं । मुँह से हाँ-हाँ कहने और अंगीकृत काम को भली-भाँति न करने वालों से बा बड़ी नाराज रहा करतीं । इसलिये नये आये हुए लोगों को कभी-कभी बा की बात बुरी भी लग जाती । वे प्रत्येक वस्तु को ठीक जगह सफाई से रखना पसन्द करती थीं और जो कुछ गिरा-पड़ा देखतीं उसे अपने हाथों से ठीक करने लग जातीं । अगर कभी किसी के नाराज होने की चर्चा गाँधी जी के पास पहुँचती तो वे कहते—"अगर बा के पास थोड़ा-बहुत कड़वा नीम है तो मीठी मिसरी तो बहुत ज्यादा है ।"

"गाँधी जी का भोजन बा स्वयं ही तैयार करती थीं । अगर कोई और बनाने लगता तो पास ही खड़ी हुई देखती रहतीं कि हर एक चीज ठीक बन रही है या नहीं, वे भोजन बनाने में बहुत निपुण थीं और गाँधी जी की रुचि के अनुकूल खाद्य पदार्थ बनाने का पूरा ध्यान रखतीं । भोजन की घण्टी बजने पर वे सब मेहमानों को भोजन परोस कर स्वयं भी गाँधी जी के पास ही खाने बैठ जातीं । उस समय भी उनकी एक आँख तो बापू की तरफ ही रहती । एक मक्खी को भी आते देखतीं तो उनका बाँया हाथ तुरन्त पंखे को सँभाल लेता । भोजन समाप्त होने पर वे बापू के साथ उनके कमरे में आतीं । वे अखबार पढ़ने लगते तो बा उनके तलवों में मालिश करने लगतीं । जब उनकी आँखें लग जातीं तो वह भी उठकर अपने कमरे में आतीं और १५-२० मिनिट के लिये लेट जातीं । उसके बाद उठकर अखबार पढ़ने लग जातीं ।"

यद्यपि बा ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं थीं तो भी अखबारों के जरिये देश की हालत का पता रखती थीं । वह "हरिजन बन्धु" को इसलिये पूरा पढ़ डालतीं कि विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में गाँधी जी के विचारों का पता चलता रहे । अखबारों में दुनिया की मुसीबतों और तकलीफों का हाल पढ़कर बा को बहुत दुःख होता । महायुद्ध का हाल पढ़कर वे कहने लगतीं "क्या यह लड़ाई दुनिया को तबाह करके ही बन्द होगी ?" बंगाल के भीषण अकाल की खबरें पढ़कर बा ने "आगाखाँ महल" के जेलखाने से एक पत्र में लिखा—

"बंगाल के समाचार पढ़कर तो दिल फटता है । वहाँ तो आसमान ही फट पड़ा है न जाने ईश्वर क्या करने वाला है ।"

पढ़ने की हार्दिक आकांक्षा

बचपन में तो बा को किसी ने पढ़ाया नहीं पर बड़ी उम्र में वातावरण बदल जाने पर उनको पढ़ने का शौक हो गया था । रोज एक-आध घण्टा वे किसी न किसी के पास कुछ न कुछ पढ़ा ही करती थीं । राष्ट्रभाषा होने के ख्याल से हिन्दी का अभ्यास वे प्रायः किया करती थीं । कभी किसी की मदद से तुलसी रामायण पढ़तीं और कभी गीता का अभ्यास करतीं । अपनी आयु के अन्तिम वर्षों में आगाखाँ महल में कैद रहते हुए वे गाँधी जी से गीता के श्लोकों का शुद्ध उच्चारण करना सीखती थीं । इन दोनों ७५-७५ वर्ष की आयु के "शिक्षक और विद्यार्थी" का दृश्य देखते ही बनता था । बा जो कुछ सीखना शुरू करती थीं, बड़ी श्रद्धा के साथ सीखतीं और इतनी उम्र में जाने पर भी एक विनम्र विद्यार्थी की तरह पढ़ने को बैठतीं । उन्हें कुछ लिखने को दिया जाता, तो उसे भी वे छोटे विद्यार्थी जिस प्रकार अपना सबक तैयार करके लाते हैं । उसी तरह दूसरे दिन लिखकर लातीं । लिखने में कितनी ही अधिक गलतियाँ क्यों न हुई हों सुधार कर दुबारा लिखने में वे कभी उकताती न थीं ।

बा के अंग्रेजी सीखने का वर्णन भी बड़ा मनोरंजक है । यह तो कहा ही जा चुका है कि आरम्भ में वे कुछ पढ़ी-लिखी न थीं । पर जब गाँधी जी के साथ दक्षिण अफ्रीका गईं तो वहाँ उनको लाचार होकर अंग्रेजी ही सुनना और बोलना पड़ा । उन्होंने दूसरों से सुनकर कुछ शब्द याद कर लिये थे और उन्हीं को बोलकर अपना भाव प्रकट कर देतीं थीं । कुछ समय बाद गाँधी जी के सहकारी मि. पोलक की पत्नी भी गाँधी जी के द. अफ्रीका स्थित "फीनिक्स-आश्रम" में रहने लगीं । उनकी संगत में रहने से उनको बोलने का इतना अभ्यास हो गया जिससे भारतवर्ष में वापस आने पर गाँधी जी से मिलने को आने वाले विदेशी

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

मेहमानों से सामान्य बातचीत कर लेती थीं । सन् १९३० में जब उनको सत्याग्रह में जेल का दण्ड दिया गया तो वहाँ उन्होंने अंग्रेजी लिखने और सीखने का भी प्रयत्न किया । इस सम्बन्ध में सौ. लाभु बहन ने जो उनके साथ जेल में थीं, एक संस्मरण में लिखा है—

"बा को पता चला कि मैं अंग्रेजी जानती हूँ, तो उन्होंने मुझसे अंग्रेजी पढ़ना शुरू किया । इतनी बड़ी उमर में, इतने बड़े पद को पहुँचने के बाद भी मेरे पास बैठकर अंग्रेजी सीखने में उनको न तो हीनता मालूम हुई, न शर्म । उन्हें तो एक ही धुन लगी थी कि स्वयं बापू का पता अंग्रेजी में लिख सकें । "ए-बी-सी-डी" पर लगातार कई-कई दिन तक मेहनत करने पर भी वे कभी उकतायी नहीं । एक ही नाम को २०-२५ बार लिखते हुए वे कभी थकी नहीं, और न जल्दी-जल्दी नये-नये शब्दों या वाक्यों को सीखने की उन्होंने कभी इच्छा की । वे कहा करतीं— "अंग्रेजी आ जाये तो बापू को जो पत्र लिखती हूँ, उसका पता तो किसी से न लिखवाना पड़े और उनके पास जो ढेर की ढेर डाक आती है उसमें से मेरा पत्र खुद ही पहचाना जा सके न !"

अंग्रेजी पढ़ी हुई न होने पर भी बा कभी-कभी बड़ी-बड़ी मार्मिक बात बोल देती थीं । सन् १९२२ से १९२४ तक जब गाँधी जी यरवदा जेल में थे तो उन्होंने किसी कैदी की खुराक के सम्बन्ध में कुछ माँगें पेश कीं, पर जब सुपरिण्टेण्डेण्ट ने उनको नामंजूर कर दिया तो गाँधी जी को बुरा लगा और उन्होंने केवल दूध पर ही रहने का निश्चय किया । इस तरह चार सप्ताह बीत गये और उनका वजन १०४ से घटकर ६० पौण्ड रह गया । जब बा के साथ परिवार के कुछ लोग उनसे मिलने गये और यह सब हाल मालूम हुआ तो उन्होंने आग्रह किया कि वे इस प्रयोग को छोड़कर फल लेने लगें ।

यह देखकर सुपरिण्टेण्डेण्ट ने बा से कहा—"मि. गाँधी यह जो सब करते हैं, उसमें मेरा कोई कसूर नहीं है ।"

बा ने जवाब दिया—"यस, आई नो माई हस्बैण्ड, ही आलवेज मिसचीफ ।" अर्थात् "ठीक है, मैं अपने पति को पहचानती हूँ । उन्हें रोज कुछ न कुछ शरारत ही सूझती है ।"

यद्यपि बा ने "मिसचीफ" (शरारत) शब्द का प्रयोग अन्य कोई शब्द न आने से ही किया था, पर यदि गहराई से देखा जाये तो वह गाँधी जी के चरित्र का बिल्कुल सही चित्रण था । उनका आशय यही था कि गाँधी जी कभी चुप बैठने वाले नहीं हैं, न वे कभी चुप चैन से बैठते हैं और न दूसरे को बैठने देते हैं । ऐसे व्यक्ति को यदि प्यार में "शरारती" कह दिया जाये तो कोई दोष नहीं ।

बा के इस उदाहरण से हमारी अन्य महिलायें बहुत प्रेरणा ले सकती हैं । यहाँ कुछ ही अधिक उमर हो जाने पर स्त्रियाँ कहने लगती हैं—"अब गृहस्थी के झंझट में पढ़ना-लिखना कैसे सम्भव हो सकता है ?" वे दिन में कई घंटे व्यर्थ की बातों में खर्च कर देती हैं पर केवल पढ़ना ही उनको पहाड़ नजर आता है । वास्तव में यह उनकी श्रद्धा और धैर्य की कमी ही होती है । जिससे वे शिक्षा जैसी जीवन की कायापलट करने वाली चीज से वंचित रह जाती हैं । बा के ऊपर गाँधी जी के रहन-सहन की व्यवस्था और आश्रम के कितने ही कार्यों का पर्याप्त भार था, तो भी वे पढ़ने-लिखने का कुछ समय नियमित रूप से निकाल ही लेती थीं । इसका यह परिणाम हुआ कि वे देश और विदेशों के माननीय पुरुषों से बात-चीत करने और महात्मा गाँधी जैसे महामानव को सहयोग देने योग्य बन गईं । अपने गुणों के कारण ही गाँधी जी के साथ उन्होंने अपना भी नाम अमर कर लिया । निश्चय ही उनका उदाहरण भारतीय नारियों के लिये अनुकरणीय है ।

सेवा का अद्भुत आदर्श

पढ़ने के अतिरिक्त दोपहर में ही सूत कातने का कार्यक्रम पूरा किया जाता था । वे प्रतिदिन काफी तादाद में बारीक सूत कातती थीं । चार बजे से फिर रसोई का काम शुरू हो जाता और ५ बजे वे गाँधी जी को खाना खिला देती थीं । वे स्वयं बहुत वर्षों से एकबार ही भोजन करती थीं । शाम को केवल थोड़ी-सी कॉफी पीती थीं । अन्तिम चार वर्षों में कॉफी भी छोड़ दी थी । तब वे दूध में तुलसी की कुछ पत्तियाँ और काली मिर्च उबाल कर उसी को पी लेती थीं ।

शाम को गाँधी जी जब घूमने जाते तो बा आश्रम में कोई बीमार होता तो उसके पास जाकर बैठतीं और तबियत का हाल मालूम करतीं फिर अन्य महिलाओं को लेकर स्वयं भी घूमने को जातीं और जहाँ गाँधी जी वापस आते हुए मिल जाते वहीं से उनके साथ लौट आतीं ।

संध्याकाल की प्रार्थना में बा सदैव उपस्थित रहती थीं और दूसरे लोगों के साथ रामायण का पाठ भी करती थीं । प्रार्थना समाप्त होने पर सब महिलाओं से थोड़ी देर बातें करतीं और फिर गाँधी जी के और अपने सोने की तैयारी करने में लग जातीं । सोने के समय गाँधी जी के सिर में तेल मलने का काम तो बा जीवन में अन्तिम समय तक नियमित रूप से करती रहीं । सुबह चार बजे फिर उठके आगामी दिन के कामों में लग जाना, यही उनकी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

नियमित दिनचर्या थी । यद्यपि अपने यहाँ करोड़ों स्त्रियाँ ऐसी हैं जिनको अपनी घर गृहस्थी में इससे अधिक परिश्रम करना पड़ता है, पर बा इस कार्य को जिस प्रकार श्रद्धा और कर्त्तव्य भावना से करती थीं, उसने उनकी सेवा को एक पवित्र पूजा या उपासना का रूप दे दिया था । इस सम्बन्ध में बा की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए मीरा बहिन (मिस स्लेड) ने लिखा है—

"मैंने भी कई सालों तक बापू की सेवा-चाकरी की है । इस बीच में मुझे बा के अद्‌भुत गुणों का दर्शन हुआ । प्रायः ऐसा होता कि बापू की निजी जरूरतों की खबरदारी रखने का काम सिर्फ हम दोनों पर आ पड़ता । बापू के तूफानी दौरों से तो बहुत-सी अड़चनें और कठिनाइयाँ रहतीं, पर बा अचूक नियमितता से, बिना थके, इस काम को बड़ी खूबी के साथ किया करतीं । बापू के लिये भोजन बनाने और उनकी मालिश करने का काम तो वे अपने ही हाथ में रखतीं । उसमें जहाँ-तहाँ थोड़ी मदद मुझसे भी ले लेतीं । कपड़े धोने और सामान बाँधने-खोलने का काम मेरे जिम्मे था । लेकिन उसमें भी बा की पैनी नजर बराबर मेरे काम पर बनी रहती । बा मानों कभी थकती ही न थीं । सभाओं और मुलाकातों में बापू को रात में कितनी ही देर क्यों न हो जाये, बा उनके सिर में तेल मलने और उनके थके-माँदे शरीर को दबाने के लिये उनकी राह देखती बैठी ही रहतीं । और फिर सुबह चार बजे की प्रार्थना में हाजिर रह कर पुनः बापू की सेवा में लग जातीं । वे गैर जरूरी बातें करके बापू का वक्त कभी खराब नहीं करतीं । बापू के आस-पास के सभी लोगों में वे बापू को कम से कम तकलीफ देतीं और उनकी ज्यादा से ज्यादा सेवा करतीं ।"

इस जीवनचर्या के महत्त्व को समझते हुए यदि हम बा को एक "योगी" की संज्ञा दें तो उसमें कुछ अनुचित नहीं है । "गृहस्थ योग" भी योगशास्त्र की एक शाखा माना गया है और पौराणिक कथाओं के अनुसार प्राचीन काल में अनेक नारियों ने इसी के द्वारा महान सिद्धियाँ प्राप्त की थीं । बा की सेवा और परिचर्या भी लगभग निष्काम कर्मयोग की श्रेणी में जा पहुँची थी । बा की मनोभावना के सम्बन्ध में हमारा अनुमान कहाँ तक ठीक है इसके सम्बन्ध में गाँधी जी के वक्तव्य की कुछ पंक्तियाँ यहाँ उद्‌धृत करना अप्रासंगिक न होगा—

"बा का जबर्दस्त गुण केवल अपनी इच्छा से मुझ में समा जाने का था । यह कुछ मेरे आग्रह से नहीं हुआ था, लेकिन समय पाकर बा के भीतर से ही इस गुण का विकास हो गया था । मैं नहीं जानता था कि बा में यह गुण छिपा हुआ था । मेरे शुरू-शुरू के अनुभव के अनुसार बा बहुत हठीली थी । मेरे दबाव डालने पर भी वह अपना चाहा ही करती । इसके कारण हमारे बीच थोड़े समय की या लम्बी कड़वाहट भी रहती, लेकिन जैसे-जैसे मेरा सार्वजनिक जीवन उज्ज्वल बनता गया, वैसे-वैसे बा खिलती गई, और दृढ़ विचार के साथ मुझ में यानी मेरे काम में समाती गई । जैसे दिन बीतते गये मुझमें और मेरे काम में—सेवा में—भेद न रह गया । बा धीमे-धीमे उसमें तदाकार होने लगी । शायद हिन्दुस्तान की भूमि को यह गुण अधिक-से-अधिक प्रिय है । कुछ भी हो मुझे तो बा की उक्त भावना का यही मुख्य कारण मालूम होता है ।"

बा की सेवा भावना

गाँधी जी की सेवा और देखभाल तो बा का मुख्य कर्त्तव्य था ही, पर वे स्वभाव से ही सेवा-भाव वाली स्त्री थीं । कुछ तो स्वभाव से ही और फिर गाँधी जी के सहवास तथा उदाहरण से उनका जीवन त्यागमय बन गया था । उनकी अपनी जरूरत कम थीं । जब कभी गाँधी जी अपने साथियों को लेकर बाहर जाते थे तो बा का बिस्तर सबसे छोटा होता था । वे बड़ी युक्ति और सुघड़ता से थोड़े से सामान से ही अपना सब काम चला लेती थीं । गाँधी जी अक्सर कहा करते थे कि मैंने भी अपनी जरूरतों को बहुत कम कर दिया है और तरह-तरह के कपड़े पहिनना भी बन्द कर दिया है, इस पर भी मेरा बिस्तर बा के बिस्तर से दुगुना होता है ।

इसी प्रकार जब कोई अन्य प्रान्त का युवक आश्रम में आया और उसने एक आलोचक की तरह गाँधी जी से कहा कि "आप सब किसी को तो चाय आदि पीने से रोकते हैं, पर बा तो प्रतिदिन दो बार कॉफी पीती हैं ।" तो गाँधी जी ने उसे उत्तर दिया—"तुमको मालूम है कि बा ने कितना अधिक त्याग किया है ? कितनी वस्तुओं और आदतों को छोड़ा है ? अब अगर मैं उसकी इस अन्तिम छोटी-सी आदत को भी छुड़ाने की कोशिश करूँ तो मुझ-सा निर्दयी पति और कौन होगा ?"

सन् १९३९ में गाँधी जी कलकत्ता से काफी बीमार होकर वर्धा आये । उस समय यह समस्या सामने आई कि वे कहाँ सोवेंगे ? पहले तो वे अनेक आदमियों के साथ एक बड़े हाल में सोते थे, पर अब आश्रम-वासियों ने विचार किया कि बीमारी की हालत में उनको कोई ऐसा स्थान दिया जाये जिससे वे शान्ति से रह सकें । इस उद्देश्य से मीरा बहिन ने अपना कमरा उनके सोने के लिये तैयार करके रखा था । पर गाँधी जी ने कहा—"मीरा ने तो वह कमरा अपने रहने तथा खादी के काम के लिये बनवाया

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

है । मैं उसमें कैसे रह सकता हूँ ? मैं तो अपने पुराने कोने में ही रहूँगा ।''

मगर उस कोने में भी जगह कहाँ थी । वहाँ पहले ही कई व्यक्ति सोते थे । अगर बीमारी की हालत में गाँधी जी वहाँ सोयेंगे तो उनको अवश्य तकलीफ होगी । यह देखकर बा ने आगे बढ़कर कहा—''मेरा कमरा है न ?'' इस पर गाँधी जी उसमें सोने लगे । पर वह कमरा छोटा था और उसमें भी एक-दो अन्य लोग गाँधी जी के साथ सोने को पहुँच गये । बा ने इस पर भी कोई एतराज नहीं किया, पर दूसरे दिन नाश्ता करते हुए गाँधी जी ने ही कहा—''मैंने खास तौर पर यह घर बा के लिये बनवाया था और अब मैं इस पर कब्जा किये बैठा हूँ । बा को आज तक कभी कोई अलग कोठरी मिली ही नहीं । मेरा और बा का जो कुछ था वह शुरू से ही सबके लिये था । पर इस ख्याल से कि बा को इस बुढ़ापे में थोड़ा एकान्त मिल जाये तो अच्छा हो, मैंने यह घर बनवाया । लेकिन बा ने कभी इसका उपयोग अकेले नहीं किया । उसने कई लड़कियों को इसमें अपने साथ रखा है । लेकिन मेरे आजाने से तो बा को यहाँ से बिल्कुल निकल जाना पड़ता है, क्योंकि मैं जहाँ रहता हूँ वहीं मेरे रहने की जगह धर्मशाला बन जाती है । मुझे यह खटकता है, पर बा ने कभी इसकी शिकायत नहीं की । मैं जो चाहता हूँ बा से ले लेता हूँ, हर किसी को बा के पास भेज देता हूँ, पर वह हमेशा इसके लिये रजामन्द रही है ।'' इसके बाद वे अपनी चारपाई के पास ही बैठी हुई बा से हँसकर कहने लगे—''होना भी तो यही चाहिये, न ? अगर मियाँ एक कहे और बीबी दूसरा तो जीवन खारा हो जाये । लेकिन यहाँ तो मियाँ की बात को बीबी ने सदा माना ही है ।''

एक अन्य अवसर पर जब कुछ हरिजनों ने गाँधी जी के खिलाफ सत्याग्रह किया तो पाँच व्यक्तियों की एक टोली सेवाग्राम में धरना देने और उपवास करने को पहुँची । गाँधी जी ने बजाय नाराज होने के उनका स्वागत किया और कहा कि आश्रम में बैठने के लिये जो स्थान उनको सुविधाजनक प्रतीत हो उसी को पसन्द करके ले लें । बा की झोंपड़ी में एक बड़ा कमरा और एक छोटा कमरा था । हरिजनों ने बा का बड़ा कमरा ही पसन्द किया । गाँधी जी ने बा को बुलाकर पूछा—''तू इन हरिजन भाइयों को अपना वह कमरा बैठने के लिये देगी न ?''

अपने खिलाफ उपवास करने के लिये आये हुए हरिजनों को बापू ऐसी सुविधायें दें और बा को नहाने के छोटे से कमरे में ही सब काम चलाना पड़े, यह उसे ठीक नहीं जान पड़ा । उसने ताना मारते हुए कहा—''आपने तो इन लोगों को अपने बेटे मान रखा है, तब आप इन्हें अपनी झोंपड़ी में ही क्यों नहीं बैठाते ?''

गाँधी जी—''हाँ ये मेरे बेटे हैं । पर मेरे बेटे तेरे भी तो बेटे हुए न ?''

इस शब्दों ने बा को लाचार बना दिया और उसने हरिजनों को अपने बड़े कमरे में बैठने की सुविधा कर दी । बा केवल उन लोगों की धाँधली ही सहन न करती थी, वरन् उनके लिये पानी आदि की भी व्यवस्था कर देती थी ।

आश्रम में सबका स्वागत-सम्मान

बा की यही सेवा भावना गाँधी जी के पास आने वाले सब मेहमानों के लिये प्रकट होती थी । वे लोग गाँधी जी के साथ तो केवल अपने काम की बातें ही करते थे, पर उनकी सब आवश्यकताओं की व्यवस्था बा ही करती थी । कोई भी परिचित या अपरिचित व्यक्ति आश्रम में आये बा उसका स्वागत बड़े प्रेम से करती—''कहाँ से आये हो ? सीधे यहीं आ रहे हो ? खाना खाया या नहीं ? गाड़ी में बहुत तकलीफ तो नहीं हुई ?'' ऐसी सभी छोटी-बड़ी बातें वह पूछ लेतीं और जिसने खाना न खाया होता तो उसकी व्यवस्था करतीं ।

आश्रमवासियों से भी वे प्रायः पूछती रहतीं— ''खाना तो तुम्हें पसन्द पड़ता है ? देखना, कोई तकलीफ न उठाना । किसी चीज की जरूरत हो तो मुझसे कहना ।''

मेहमानों की व्यवस्था करने में बा गाँधी जी के नियमों को भी ढीला कर देती थीं । दीनबन्धु एण्ड्रूज का काम चाय के बिना चल ही नहीं सकता था । पर गाँधी जी के पास तो किसी को चाय कैसे मिलती ! इसलिये बा उनको बुलाकर चाय पिलाती थीं । गाँधी जी अनेक बार बा को उलाहना देते ''बा, तू दीनबन्धु को बुरी आदत लगा रही है !''

बा भी उन्हीं की तरह उलाहने के स्वर में कहती— ''अब रहने भी दीजिये ! आप तो बस अपनी ही बात चलाते रहते हैं । सभी लोगों पर इस तरह सिरजोरी नहीं की जा सकती । मैं ही इसके लिये काफी हूँ ।''

बा के आश्रम में रहने से ही श्री राजगोपालाचार्य को चाय, कॉफी मिलती थी और जवाहरलाल जी भी खास स्वाद वाली चाय बा के कारण ही पा सकते थे । राजेन्द्रबाबू, सरदार पटेल, मोतीलाल जी नेहरू, मौलाना आजाद सभी के आराम का ध्यान बा ही रखती थीं । ये बड़े नेतागण भी गाँधी जी के साथ घंटों चर्चा करके चाहे जितने थक जाते हों, फिर भी वे बा से मिले बिना नहीं रहते थे ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

ये नेतागण भी बा से अलग-अलग ढंग से मिलते थे । सरदार पटेल तो उनके पास आकर छोटे कहाना को खूब चिढ़ाते और उसके साथ ऊधम करने में उन्हें आनन्द आता । मौलाना आजाद गम्भीर भाव से बा के पास आकर उनकी तबियत का हाल पूछते, जवाहरलाल जी जब मौज में होते तो कोई क्रान्तिकारी बात कह कर बा को चिढ़ाने का प्रयत्न करते और ज्यादा थके होते तो दोनों हाथ जोड़कर नमस्कार करते और चुपचाप चले जाते । इस तरह बा हर एक नेता की सँभाल रखती और सभी नेता बा का आदर करते थे । गाँधी जी के आश्रम को अगर किसी ने नीरस होने से बचाया था तो वह बा ही थी ।

साम्य-भाव की शिक्षा

सन् १९२४ की बात है । बा प्रतिदिन सोते समय गाँधी जी के सिर में तेल मालिश किया करती थीं । एक रात को वह कुछ देर से आईं तो उन्होंने देरी हो जाने कारण पूछा और कहा "तेरे पास अगर काम ज्यादा था तो किसी दूसरे से तेल मलने को कह देती ।"

बा—"सबको खिलाकर मैंने खाया, फिर बर्तन साफ किये । उसके बाद बम्बई जाने वाले रामदास (गाँधी जी का तीसरा पुत्र) के लिये रास्ते का खाना और दो चार दिन का नाश्ता बनाने बैठ गई । इसीलिये आने में देर हो गई, दूसरा ऐसा कोई दिखाई नहीं दिया जिसे तेल मलने का काम सौंप देती ।"

गाँधी जी—"तुझ पर काम का बहुत बोझ रहता है । यह सब तू कब तक चला सकेगी ? मेरे लिये भी नहाने और खाने-पीने की व्यवस्था तू ही करती है । मेहमानों की आवभगत की जिम्मेदारी भी तुझी पर होती है और मेहमान तो अक्सर आते ही रहते हैं । कपड़ों के लिये सूत कातने का भार भी तूने अपने सिर पर ले रखा है । यह ढेर-सा काम करने के लिये तू समय कहाँ से निकालती है, यही मेरे लिये तो अचरज की बात है । और इस भारी बोझ के होते हुए भी तू रामदास के लिये नाश्ता बना रही थी । ऐसा कितने दिन चलेगा ? कल रामदास बम्बई जायेगा, परसों तुलसी नेपाल जायेगा, तीसरे दिन सुरेन्द्र दिल्ली जायेगा—इस तरह कोई न कोई आदमी तो आश्रम से बाहर जाता ही रहेगा । क्या तू हर आदमी के लिये खाना और नाश्ता बना देगी ?"

बा—"नहीं । लेकिन रामदास मेरा लड़का है । इसलिये देर करके और आपके सिर में तेल मलना छोड़ करके भी उसकी पसन्द का खाना मैंने बना दिया । सारे आश्रमवासियों के लिये उनकी पसन्द का खाना या नाश्ता तो मैं कैसे बना सकती हूँ ? आप तो महात्मा ठहरे, इसलिये बाहर से आने वाले सभी लोग आपके लड़के हैं । लेकिन मैं अभी महात्मा नहीं बन पाई हूँ । फिर भी आप ऐसा न मानें कि आश्रमवासियों पर मेरा प्रेम कम है । लेकिन अपने सगे लड़के जैसा तो मैं दूसरों को कैसे मानूँ ? आप छोटी-छोटी बातों पर भी मुझ पर सदा सख्ती करते आये हैं ! क्या मैं अपने लड़के के लिये उसकी पसन्द की खाने की दो-चार चीज भी नहीं बना सकती ?"

गाँधी जी—"ठीक, यह सोचने जैसी बात है । लेकिन इस समय हम कहाँ बैठे हैं ?"

बा—"सत्याग्रह आश्रम में ।"

गाँधी जी—"हम अपना राजकोट का घर-बार छोड़ कर यहाँ क्यों बैठे हैं ?"

बा—"देश सेवा के लिये । सब भाई-बहन साथ मिलकर सच्चे रास्ते से देश की सेवा करने के लिये यहाँ आये हैं ।"

गाँधी जी—"जो भाई-बहन दूर-दूर से अपने माँ-बाप को छोड़कर हमारे पास आये हैं, वे हमें अपने जन्म देने वाले माँ-बाप से क्या कम मानते हैं ?"

बा—जरा भी नहीं ! आश्रम के सब लोग हम पर अपने माँ-बाप से ज्यादा प्यार रखते हैं । आपके लिये उनके मन में जो अपार भक्ति है, उसी से वे अपने माँ-बाप और घर-बार छोड़कर यहाँ रहते हैं ।

गाँधी जी—तो बा ! अब तू ही सोच कि हमारा क्या धर्म है ? सभी मातायें अपने बालकों पर ज्यादा प्रेम रखें यह स्वाभाविक है । इसलिये रामदास पर तेरे अधिक प्रेम को मैं साफ समझ सकता हूँ और अगर हम राजकोट के अपने घर में होते तो हमारी समूची जायदाद और सम्पूर्ण प्रेम के भागीदार रामदास, देवदास आदि हमारे लड़के ही होते । वहाँ तू दूसरों को अपने लड़कों के बराबर न मानती तो चल जाता । लेकिन यह आश्रम तो सभी सत्याग्रह सेवकों का है । इसलिये यहाँ तो दूसरे लोग जैसे रहें वैसे ही रामदास को भी रहना चाहिये । जो लोग तुझे अपनी माँ से भी ज्यादा मानते हैं, उन्हें तू रामदास से कम कैसे मान सकती है ? इस आश्रम पर आज सारे संसार की नजर लगी हुई है । इससे दुनिया बड़ी-बड़ी आशायें रखती है ।"

बा—"आपकी बात सच है । मेरी नजर में सभी रामदास जैसे होने चाहिये ।"

इस प्रकार बा ने क्रमशः अपना दृष्टिकोण विस्तृत करके साम्य भाव की शिक्षा ग्रहण की थी और वे जाति, धर्म, प्रान्तीयता के भेदों से ऊपर उठकर आश्रम में रहने वाले सभी के सुख-दुःख की सच्ची साथी बन गई थीं । इन्हीं

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

गुणों के कारण आज उनको 'राष्ट्र-माता" की उच्च पदवी दी जाती है ।

बा का सार्वजनिक जीवन

दक्षिण अफ्रीका से भारत में आकर गाँधी जी ने चम्पारन-सत्याग्रह से लेकर १९४२ में "अंग्रेजो ! भारत छोड़ो आन्दोलन तक जितने राजनीतिक कार्यक्रम आरम्भ किये उन सब में बा उनके साथ रहीं और प्रत्येक अवसर पर आन्दोलन में भाग लिया । अन्य सत्याग्रहियों की तरह उन्होंने जेल की सजायें भी भोगीं और अन्तिम स्वराज्य-संग्राम में तो सरकारी बन्धन में रहते हुए जान ही दे दी ।

चम्पारन में बा को एक ऐसे गाँव में रखा गया था जिसके समीप एक बहुत ही दुष्ट निलहे गोरे की कोठी थी । गाँव के लोगों में से बहुत से बीमार रहते थे, पर गरीबी के कारण इलाज नहीं करा पाते थे । बा को उनकी बुरी हालत देखकर तरस आता तो वे घर-घर में जाकर बीमारियों की देख-भाल करतीं और उनको अपने पास से दवा देतीं । यह कार्य भी उस निलहे गोरे को बहुत हानिकारक जान पड़ा और अखबारों में शिकायत छपवाई कि—"मि. गाँधी नंगे पैर घूमकर और कपड़ों में सादगी बरत कर लोगों में अन्धश्रद्धा पैदा करते हैं और उससे फायदा उठाना चाहते हैं । यही नहीं, जब वे दूसरी राजनीतिक हलचलों को चलाने के लिये बाहर चले जाते हैं तो श्रीमती गाँधी यहाँ लोगों को भड़काने को अपने पति का काम जारी रखती हैं ।"

जब सन् १९२२ में "चौरी-चौरा की दुर्घटना" के बाद गाँधी जी को गिरफ्तार करके छः साल की सजा दी गई तब बा ने देश के नाम एक संदेश में जनता को उत्साहित करते हुए कहा था—"आज मेरे पति को छः साल की सजा हुई है । इस जबरदस्त सजा से मैं थोड़ी बेचैन हुई हूँ । सो मुझे मंजूर करना चाहिये । लेकिन हम चाहें तो सजा की मुद्दत पूरी होने से पहले ही उनको छुड़ा सकते हैं । यह कार्य हमारे हाथ की बात है । इसलिये मैं मेरे दुःख में हमदर्दी रखने वाले सभी स्त्री-पुरुषों से प्रार्थना करती हूँ कि वे रात-दिन लगे रहकर रचनात्मक कार्यक्रम को सफल बनावें । गाँधी जी को दी गई सजा का यही सच्चा जबाव है ।"

सन् १९३० के नमक-सत्याग्रह में तो बा ने इतना काम किया कि सरकारी अफसर भी उनसे डरने लगे । डाण्डीकूच के समय जब आन्दोलन में भाग लेने वाली बहनों ने पूछा कि इस बार हमें क्या करना चाहिये, तो गाँधी जी ने बताया कि उनको नमक बनाकर जेल जाने की आवश्यकता नहीं । इसके बजाय विदेशी कपड़े का बहिष्कार और शराब बन्दी का काम करना है । शीघ्र ही गाँधी जी ने सूरत में स्त्रियों की एक बड़ी सभा की जिसमें बम्बई तक की स्त्रियाँ आईं और कुल चार-पाँच हजार स्त्रियों ने भाग लिया । उस अवसर पर "स्त्री स्वराज्य संघ" की स्थापना की गई और जिले भर में विदेशी वस्त्र बायकाट और शराब बन्दी के लिये स्त्रियों की छावनियाँ कायम की गईं । इसके बाद समस्त कार्य का भार बा और मीठुबहन पर छोड़ कर गाँधी जी नमक सत्याग्रह का संघर्ष करने आगे चल दिये । इन दोनों ने अन्य सैकड़ों बहनों को साथ लेकर इस खूबी से काम किया कि सूरत जिले की शराब की तमाम दुकानें सुनसान हो गईं ।

इस पर सरकार ने कानून और नियमों को उठाकर ताक पर रख दिया और फेरी लगा कर शराब और ताड़ी बेचने की इजाजत देदी । साथ ही यह भी कोशिश करने लगी कि स्त्रियों की छावनी के लिये मकान न दो । जब स्त्रियों ने छप्पर डालकर छावनियाँ बना लीं तो पुलिस वाले आकर उनके बर्तन-भाँड़े उठा ले गये और छप्परों में आग लगा दी । इस पर बा ने कहा—"अब हम चटाईतान कर रहेंगे और मिट्टी के बर्तन रखेंगी । फिर देखें वे क्या ले जाते हैं ?"

जब गाँधी जी की गिरफ्तारी के बाद स्वयंसेवकों पर लाठियाँ बरसाई गईं तो सैकड़ों व्यक्ति घायल अवस्था में अस्पताल में पहुँचाये गये । बा तुरन्त वहाँ पहुँची और उसकी हालत देखकर बड़ी दुःखी हुईं । एक सम्वाददाता के पूछने पर उन्होंने कहा—"बिछौनों पर पड़े उन भाइयों की मरहम पट्टी और बैंडेज वगैरह का वह करुण दृश्य देखकर मेरा दिल फटने लगा । पुलिस ने उन पर जैसा जुल्म किया, उसे सुनकर मैं काँप उठी । चारों तरफ से ऐसे ही जुल्मों की कहानियाँ आ रही हैं । इसलिये सब कोई इस काम में एक दूसरे की सहायता करें और साथ दें तभी हमारा काम सफल होगा । वायसराय के नये काले कानूनों का विरोध करने के लिये हमको अपना आन्दोलन अब दुगुने उत्साह से चलाना चाहिये ।" कहने की आवश्यकता नहीं कि बा ने इस काम को इतने जोर-शोर से किया कि सरकार ने उनको गिरफ्तार कर लिया और सन् १९३२ तथा १९३३ में उनका ज्यादा समय जेलखाने में ही बीता ।

सन् १९४२ की लड़ाई में तो बा को भी गाँधी जी की गिरफ्तारी के कुछ घंटे बाद ही पकड़ कर उनके पास आगाखाँ महल की जेल में पहुँचा दिया गया । यह जेल खासकर गाँधी जी और उनके कुछ आश्रमवासी साथियों के लिये ही बनाई गई थी और उसमें सरकार ने उनको सब

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

प्रकार की सुविधायें भी दी थीं । पर इस बार सरकार ने गाँधी जी को जिस प्रकार बिना आन्दोलन आरम्भ किये ही पकड़ा था, उससे बा का मन खट्टा हो गया । जेल में उनको एक प्रकार का खेद ही बना रहा, जिसने धीरे-धीरे उनके जीवन का अन्त कर दिया ।

बा का आदर्श गृहस्थ-जीवन

जिस तरह से पति सेवा, कर्त्तव्य-परायणता, सबके सुख-दुःख की चिन्ता, त्याग-वृत्ति आदि बातों में बा ने एक उच्च उदाहरण उपस्थित किया उसी प्रकार अपने गृहस्थ-जीवन में भी प्राचीन भारतीय आदर्श का पूरी तरह से पालन करके दुनिया को चकित कर दिया था । ३५ वर्ष की आयु में गाँधी जी ने यह निश्चय किया कि अब हम दोनों को काम वासना का त्याग करके भाई-बहन की तरह रहना चाहिये । वर्तमान समय की अधिकांश स्त्रियों की मनोवृत्ति को देखते हुए यह एक बड़ा कठिन और अस्वाभाविक-सा निश्चय था, पर बा ने इसे स्वीकार करने में कुछ भी आगा पीछा न किया और जीवन के पिछले ३७ वर्ष ब्रह्मचर्य-व्रत को मनसा-वाचा-कर्मणा पालन करते हुए व्यतीत किये इस सम्बन्ध में स्वयं गाँधी जी का यह कथन है—

"ब्रह्मचर्य-व्रत के पालन में बा ने कभी मेरा विरोध नहीं किया, या बा कभी उसे तोड़ने के लिये ललचाई नहीं । इसका फल यह हुआ कि हम दोनों का सम्बन्ध सच्चे मित्रों का-सा हो गया । मेरे साथ रहने में बा के लिये सन् १९०६ से, सच पूछा जाये तो सन् १९०१ से मेरे काम में घुल-मिल जाने के सिवा या उसके बाहर कुछ रह ही नहीं गया था । वह मेरे काम से अलग रह सकती थी, अलग रहने में उसे कोई कठिनाई न होती, लेकिन मित्र होते हुए भी उसने स्त्री के नाते और पत्नी के नाते मेरे काम में समा जाने में अपना धर्म माना । इससे मेरी निजी सेवा को बा ने अनिवार्य-अटल स्थान दिया । यही कारण है कि मरते दम तक मेरी सुख-सुविधा का उसने ध्यान रखा ।"

गाँधी जी का यह कथन निराधार नहीं था । २२ फरवरी को भी, जिस दिन बा का देहावसान हुआ, उन्होंने अपनी दौहित्री मनु बहन से कहा—"मनु, बापूजी की बोतल का गुड़ खत्म हो गया है । तू ने दूसरा तैयार किया ।"

मनु बहन ने कहा—"हाँ, मोटी बा, गुड़ सिगड़ी पर ही है । अभी तैयार हो जाता है ।"

बा ने कहा—"देख, मेरे पास तो कई लोग बैठे हैं । तू जा, बापूजी को दूध और गुड़ देकर तू भी भोजन कर ले ।"

इसी को कहा जा सकता है सच्ची और निःस्वार्थ सेवा-भावना । जब यह मालूम है कि अब हम कुछ घंटों में इस संसार को छोड़ने ही वाले हैं, तब भी अपनी चिन्ता न करके दूसरों का ख्याल रखना ही महानता का लक्षण है । बा ने आजीवन गाँधी जी के साथ ऐसा ही व्यवहार किया । यहाँ तक कि अपनी मृत्यु से ठीक एक वर्ष पहले उन्होंने अपने मरने की कामना करके गाँधी जी को मृत्यु के मुख से निकाला । इसका वर्णन करते हुए "बा और बापू" पुस्तक में कहा गया है—

"सन् १९४२ में जेलवास के समय बा की तबियत बहुत कमजोर थी, लेकिन जब गाँधी जी ने सरकार के अन्याय के विरुद्ध उपवास शुरू किया तो बा ने अपनी निर्बलता का ध्यान छोड़ दिया और उनमें एक नई चेतना भर गई । हमेशा की तरह इस उपवास के समय भी बा फलाहार करने लगी । २१ दिन तक उन्होंने अन्न का स्पर्श भी नहीं किया । उपवास के समय बा ने अनोखी हिम्मत रखी और खड़े पैरों बापू की सेवा की ।"

"उपवास ज्यों-ज्यों आगे बढ़ता गया बापू की स्थिति ज्यादा नाजुक होती गई । उपवास बढ़ने के साथ बा की तुलसी-पूजा और बालकृष्ण की पूजा का समय भी बढ़ता गया और वह पूजा अधिक भक्तिपूर्ण बनती गई । २२ फरवरी १९४३ के दिन बापू जीवन और मरण के बीच झूलने लगे । उस समय मीरा बहन चुपचाप डॉ. सुशील बहन को बुलाकर बाहर ले गईं । वहाँ बा तुलसी के आगे घुटने टेक कर प्रार्थना कर रही थीं । बा के चेहरे पर दिखाई देने वाले भाव इतने करुण, इतने दीन थे कि देखने वालों की आँखों में भी आँसू आ गये । अपने ध्यान में बा इतनी लीन हो गईं थी कि उन्हें इस बात का पता ही न चला कि कौन उनके पास आकर खड़ा हो गया ।

उस दिन दस मिनट तक प्रयत्न करने पर भी बापू आधा औंस पानी गले के नीचे नहीं उतार सके । अन्त में वे इतने थक गये कि बेसुध होकर बिस्तर पर गिर गये । उनकी नाड़ी कमजोर पड़ गई और शरीर पसीने से तर हो गया । उनमें बोलने की तो क्या हाथ से इशारा करने की ताकत भी नहीं रही ।

बा तो अपनी प्रार्थना में लीन थीं । सुशीला बहन ने डरते-डरते बापू जी के पास जाकर कहा—"बापूजी ! क्या अभी भी मुसम्मी का रस लेने का समय नहीं आया है ?" यद्यपि जब से उपवास शुरू हुआ था, बार-बार कहने पर भी गाँधी जी ने रस लेने से इन्कार कर दिया था । पर इस समय कई मिनट सोचने के बाद उन्होंने इशारे से 'हाँ' कहा । सुशीला बहन ने तुरन्त दो औंस रस और दो औंस

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पानी मिलाकर पिलाया । इसके शरीर में पहुँचते ही बापूजी के फीके और निस्तेज चेहरे पर जीवन की किरणें झलकने लगीं ।

इतने में बा भीतर आ गईं । भगवान ने उनकी प्रार्थना सुन ली थी और गाँधी जी की प्राण-रक्षा हो चुकी थी । इस घटना के ठीक एक वर्ष बाद २२ फरवरी १९४४ की महाशिवरात्रि के दिन बा का स्वर्गवास हुआ । इस घटना को याद करके किसी ने कहा—"गये वर्ष इसी दिन बापू यमराज के मुँह में थे । बा ने सावित्री की तरह उन्हें यमराज के मुँह से छुड़ाया होगा और उन्हें यह वचन दिया होगा कि अगले वर्ष इसी दिन मैं आपके साथ चलूँगी ।"

इस तरह पति के जीवन में समा जाना उनका पदानुसरण करना और उनके लिये सदा आत्म-त्याग करने को तैयार रहना बा का स्वाभाविक गुण था । यह बात उनमें सत्याग्रह आश्रम में निवास करने पर ही नहीं आई थी, वरन् बहुत पहले से मौजूद थी । सन् १९१३ में जब वे दक्षिण अफ्रीका में थीं, गाँधी जी के परिवार के एक आदरणीय सदस्य श्री कालीदास भाई उनके यहाँ आये । तब उन्होंने बा को रसोई की सफाई अपने हाथ से करते देखा तो वे गाँधी जी से कहने लगे—"भाई, तुमने अपने जीवन में भारी परिवर्तन कर डाला है, रहन-सहन बहुत अधिक सादा बना लिया है । पर इस बेचारी कस्तूरबाई ने तो कोई मौज शौक नहीं जाना ।"

गाँधी जी—"मैंने इसे मौज-शौक करने से कब रोका है ?"

बा—"तो बताइये मैंने आपके घर में क्या मौज-शौक किया है ?"

गाँधी जी—"मैंने तुझे गहने पहनने या अच्छी रेशमी साड़ियाँ पहनने से कब रोका ? और जब तेरी इच्छा हुई तब क्या मैं तेरे लिये सोने की चूड़ियाँ भी बनवाकर नहीं लाया ?"

बा ने कुछ गम्भीर होकर कहा—"आपने तो सभी कुछ मुझे ला दिया । लेकिन मैंने उसे कब काम में लिया ? मैंने समझ लिया कि आपका रास्ता अलग है । आपको साधु-संन्यासी बनना है । तब भला मैं मौज-शौक से रहकर क्या करती ? आपका मन जान लेने के बाद मैंने भी अपने मन को मोड़ लिया और दुनिया का रास्ता छोड़ दिया ।"

ऐसा था बा और बापू का दाम्पत्य-जीवन । गाँधी जी बा को एक सामान्य स्त्री से ऊँचा उठाने के लिये हर तरह से, बातों से, व्यवहार से, नरमी से, सख्ती से उच्च शिक्षायें देते गये और वह उन पर अविचल श्रद्धा रखते हुए बदलती गईं, आगे बढ़ती गईं । यद्यपि प्रकट में उनमें कुछ झगड़ा, कहा-सुनी होती जान पड़ती थी, पर आन्तरिक रूप से दोनों एक थे, एक-दूसरे के गुणों को समझते थे, इसीलिये जब किसी नई विचार वाली लेखिका ने बा को एक पत्र लिखा जिसमें गाँधी जी के व्यवहार को अनुचित बतलाते हुए उनके प्रति सहानुभूति दर्शाई गई तो बा को इस तरह का लिखना बहुत खराब जान पड़ा और उन्होंने तुरन्त ही उसको पत्रोत्तर में लिखा—

"तुम्हारा पत्र मुझे बहुत खटकता है । मेरी और तुम्हारी तो किसी दिन बातचीत भी नहीं हुई । तब तुमने कैसे जाना कि गाँधी जी मुझे बहुत दुःख देते हैं ? मेरा चेहरा उदास और उतरा हुआ रहता है, खाने पीने के बारे में भी गाँधी जी दुःख देते हैं, यह कभी तुम देखने आई थीं ?"

"मुझे जैसा पति मिला है वैसा तो दुनिया में किसी स्त्री को नहीं मिला होगा । वे अपने सत्य से सारे जगत में पूजे जाते हैं । हजारों लोग उनसे सलाह लेने आते हैं । मेरी गलती के बिना उन्होंने कभी मेरा दोष नहीं निकाला । हाँ मेरे विचार उदार न हों, मेरी दृष्टि ओछी हो तो जरूर वे मुझ से कहते हैं । लेकिन यह तो दुनिया में चलता आया है । पर अपने पति के कारण ही मैं सारी दुनिया में पूजी जाती हूँ । मेरे सगे सम्बन्धियों के मन में मेरे लिये खूब प्रेम है मेरे मित्र मेरा आदर करते हैं ।"

"तुम मेरे दुःख की जो गलत बात कहती हो उसे कोई मानेगा नहीं । हाँ, मैं तुम्हारी जैसी नये जमाने की नहीं हूँ । नये जमाने की स्त्री मानती है कि जीवन में खूब स्वतन्त्रता ली जाये, पति हमारे वश में रहे तो ठीक, वरना उसका और हमारा रास्ता अलग ! लेकिन हिन्दू स्त्री को ऐसा करना शोभा नहीं देता । पार्वती जी का प्रण था कि जन्म-जन्म में शंकर ही उनके पति रहेंगे वैसा ही मेरा समझो ।"

उधर गाँधी जी का भी यह कहना था कि "मेरी पत्नी के प्रति अपनी भावना का वर्णन यदि मैं कर सकूँ तो ही हिन्दू धर्म के प्रति मेरी क्या भावना है, उसे प्रकट कर सकता हूँ । मेरे पत्नी मेरे अन्तर को जिस प्रकार हिलाती है, उस प्रकार दुनिया की कोई दूसरी स्त्री उसे हिला नहीं सकती । उसके लिये ममता के एक अटूट बन्धन की भावना मेरे अन्तर में जागृत रहती है ।"

युग-पुरुष गाँधी को इतना प्रभावित करके नारी जाति का महत्त्व बढ़ाना कोई साधारण बात नहीं है । बा के इस गुण और महानता की प्रशंसा बड़े-बड़े विद्वानों और विचारकों ने की है । श्रीमती गोशी बहन कैपृिन ने बा के निकट रहकर और उनकी अन्तरंग भावनाओं का अध्ययन

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

करके यह लिखा था—"बा और सरोजिनी देवी को देखकर ही हमें इस बात का अन्दाज हो सकता है कि नारीत्व में कितना गौरव और कितना वैभव रहा है। कितनी विविधता, कितनी तेजस्विता और कितना सनातन यौवन ! इन दो स्त्रियों को देखने से क्या हमें इस बात का दिव्य दर्शन नहीं होता कि हमारी भारत भूमि नारियों की भूमि है ।"

स्वयं श्रीमती सरोजिनी नायडू ने, जो बा, और बापू के साथ प्रायः रहती थीं, बा का देहावसान होने पर लिखा—"भारतीय स्त्रीत्व के जीते-जागते प्रतीक-सी, उस नाजुक किन्तु वीर नारी की आत्मा को चिर शान्ति प्राप्त हो ! जिस महापुरुष को वे चाहतीं, जिसकी वे सेवा करतीं और अद्वितीय श्रद्धा, धैर्य और भक्ति के साथ जिसका वे अनुसरण करतीं, उसके लिये वे निरन्तर कुरबानी करती रहीं । जिस कठिन मार्ग को उन्होंने अपनाया था, उस पर चलते हुए उनके पैर एक क्षण के लिये भी लड़खड़ाये नहीं और न उनके दिल ने कभी कच्ची खाई । वे मातृत्व से अमरत्व में गईं और हमारी गाथाओं, गीतों और हमारे इतिहास की वीरांगनाओं की मंडली में अपना वास्तविक स्थान पा गईं ।"

आज भारतीय नारियाँ जिस प्रकार अविद्या और रूढ़ियों में ग्रस्त हो रही हैं और सार्वजनिक क्षेत्र में उनका नगण्य स्थान है, उसे देखते हुए सामान्य पाठकों को ये उद्‌गार अतिशयोक्ति जैसे लग सकते हैं । पर इन्हीं स्त्रियों में से वैदिक ऋचाओं की रचयित्री विश्ववारा, ब्रह्मवादिनी गार्गी, शंकराचार्य से शास्त्रार्थ करने वाली भारती, यमराज का सामना करने वाली सावित्री जैसी स्त्रियाँ भी हो चुकी हैं । चाहे निकटवर्ती होने के कारण सब लोग बा की इस महानता को अनुभव न कर सकें पर भावी इतिहासकार उनकी गिनती उसी परम्परा में करेंगे । अधिकांश लोगों का दृष्टिकोण बहुत सीमित-संकीर्ण होता है, वे हर एक को अपने छोटे से पैमाने से ही नाप सकते हैं । जैसा गोशी बहन ने अनुभव किया वे बा और सरोजिनी देवी के "गौरव" और "वैभव" को नहीं देख पाते । बा उनको रसोईघर में काम करती हुई एक सामान्य स्त्री और सरोजिनी देवी एक स्वच्छन्द फैशनेबिल महिला ही जान पड़ेंगी । पर अगर वे समाज की प्रगति और विकास का लेखा-जोखा लगाने में समर्थ हो सकें तो उनको विदित होगा कि गाँधी जी के बीस वर्ष व्यापी असहयोग आन्दोलन में भाग लेने वाली नारियों के त्याग और आत्म-बलिदान ने ही यह स्थिति उत्पन्न कर दी कि भारतीय स्त्री राजदूत, राज्यपाल (गवर्नर), मुख्यमन्त्री और प्रधानमन्त्री के सर्वोच्च पदों तक पहुँच सकी हैं ।

हम विदेशों की तरह घर का काम काज छोड़कर नारियों के पूरी तरह क्लर्क या कारखानों के कर्मचारी बन जाने के पक्ष में नहीं है । यह बात हमारे प्राचीन आदर्शों और संस्कृति के प्रतिकूल हैं और मानव समाज की वर्तमान स्थिति में कल्याणकारी भी नहीं मानी जा सकती । इसीलिये हम कस्तूरबा को एक ऐसी महान भारतीय स्त्री मानते हैं जिन्होंने अन्त समय तक गृहस्थी का संचालन और पति सेवा के आदर्श का पूर्ण रूप से पालन करते हुए, सार्वजनिक जीवन में भी अच्छी तरह भाग लेकर नारियों के अधिकारों के मार्ग को प्रशस्त बनाया ।

समाज-सुधार और जन-सेवा में संलग्न जानकी मैया

शहरों में रहने वाले और विशेषतया वे व्यक्ति जिनके घरों में नल लगे हैं, इस बात को जल्दी नहीं समझ सकते कि पानी के अभाव से भी करोड़ों लोगों को कितना कष्ट सहन करना पड़ता है । अमेरिका आदि आधुनिक देशों में तो, जिन स्थानों में पानी की कमी होती है, सरकार समुद्र के पानी को मीठा बनाकर या बाहर से पानी लाकर नागरिकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है । पर भारत के लाखों गाँवों में जहाँ कुएँ बहुत कम गहरे हैं, अथवा गर्मी में जिनका पानी सूख जाता है, वहाँ के निवासियों को थोड़े से पानी के लिये भी जितना परिश्रम और प्रयत्न करना पड़ता है, इसको भुक्त-भोगी ही जानते हैं । जहाँ मनुष्यों को भी पीने के लिये जल-कष्ट सहन करना पड़ता है, वहाँ गाय, बैल, घोड़ा आदि पशुओं की क्या दशा होती होगी, इसकी कल्पना से भी मन दुःख से भर जाता है ।

ऐसी ही दृश्य जब "जानकी मैया" ने महापुरुष विनोबा के साथ बिहार के गाँवों की पद-यात्रा करते समय देखा तो उसका हृदय करुणा से ओत-प्रोत हो गया । वह विचार करने लगी कि कैसे खेद की बात है कि ये गरीब लोग पूरा पानी भी नहीं पाते, अथवा दो-दो चार-चार मील से लाकर अपनी प्यास बुझाते हैं, जबकि नगरों में

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

लाखों व्यक्तियों के यहाँ चाय, शर्बत, कोको-कोला की ही भरमार होती रहती है । उन्होंने यह बात विनोबा जी के सम्मुख प्रकट की । उन्होंने भी इसकी गम्भीरता स्वीकार की और वे इस सम्बन्ध में किसी उपाय पर विचार करने लगे ।

उन्हीं दिनों उन्होंने "कांचन-मुक्ति" का सन्देश भी दिया था । इसका आशय यह था कि लोगों में सुवर्ण का जो मोह फैला हुआ है और स्त्रियाँ विशेष रूप से जेवरों के लिये घर के पुरुषों को परेशान करती रहती हैं, उस प्रवृत्ति का त्याग करना चाहिये । इसके कारण मनुष्य का आध्यात्मिक और मानसिक पतन होता है, अनेक प्रकार के संकट उत्पन्न होते रहते हैं । यह विचार एक महिला होने के नाते जानकी मैया को विशेष महत्त्वपूर्ण प्रतीत हुआ और वह स्त्रियों में इसका प्रचार करने लगीं । जब "चांदिल-सर्वोदय सम्मेलन" के अवसर पर महिला-सम्मेलन हुआ तो उसने वहाँ उपस्थित सब बहिनों से "कांचन-मुक्ति" की अपील की । उसने कहा कि अब युग बदल गया है और समझदार स्त्रियों को उचित है कि जेवर पहनने की इस असामयिक प्रथा को छोड़ दें ।

जानकी मैया के भाषण से प्रभावित होकर एक बंगाली लड़की ने अपनी अँगुली से अँगूठी उतार कर दे दी । इसके पश्चात् अन्य कितनी ही स्त्रियों ने भी एक-एक करके कितने ही जेवर दिये । अन्त में हिसाब लगाकर देखा तो मालूम हुआ कि इस प्रकार २८ तोला सोना प्राप्त हुआ है । जानकी मैया ने वह सब विनोबा जी के सामने लाकर रख दिया और पूछा कि इसका क्या किया जाये ? उन्होंने कुछ सोच कर कहा कि "बहनों के प्रेम पूर्वक दिये हुए इस दान का उपयोग ग्रामीण जनता के लिये जल की व्यवस्था के लिये किया जाना अच्छा है । मनुष्य तो जैसे तैसे पानी प्राप्त कर भी लेते हैं, लेकिन पशु बिना पानी के बहुत कष्ट पाते हैं । उनकी सेवा जगह-जगह कुओं का निर्माण किये जाने से अधिक होगी और भूमि भी हरी-भरी बनेगी । इसलिये 'कूप-दान' का कार्य आरम्भ करना उचित है ।"

अब जानकी मैया ने प्यासे ग्रामीणों के लिये कूप-निर्माण का व्रत ले लिया और घर-घर में जाकर महिलाओं में इस सम्बन्ध में प्रचार करने लगीं । वे जानती थीं कि माताओं में धर्म-भावना विशेष होती है और उसे यदि ठीक ढंग से मोड़ा जायेगा तो वे इस उपयोगी कार्य में भी सहयोग देने लग जायेंगी । इस आन्दोलन के आरम्भ में उनको क्या अनुभव हुआ यह उन्हीं के शब्दों में सुनिये—

"उस समय मैं गया में थी जहाँ मेरी कोई विशेष जान-पहचान नहीं थी । फिर भी बहनों के पास जेठ-बैसाख में भी घूमती । तीन-तीन, चार-चार मंजिल पर चढ़ती और अपनी बात समझाती । आजकल माँगने वालों से कोई खुश तो नहीं रहता, पर मुझे तो एक धुन लगी हुई थी । मेरे मन में विचार आया कि १०८ कुएँ हों । सूत की एक 'लटी' में तारों की इतनी ही संख्या होती है । पहले महीने में कोई सिलसिला नहीं जमा । निराशा-सी होने लगी । मन डगमगाने लगा कि १०८ की जगह ८ भी हो जायें तो बड़ी बात है । जब मैं कहती कि गायों के लिये पीने को पानी नहीं मिलता तब बड़े घरों की स्त्रियाँ कहतीं कि पानी तो बहुत है । मैंने कहा कि आप एक दिन देहात में चलकर देखो । गया के श्री भूपराजा बड़े भावना वाले जमींदार हैं । वह गान्धी के तथा विनोबा जी के बड़े भक्त हैं, लेकिन उनको या उनके घर वालों को यह कल्पना नहीं थी कि दरअसल कुओं के बिना गाँवों में पशु तथा मनुष्यों को कितना कष्ट है । इसलिये उन लोगों को देहात ले जाकर स्वयं देखने का कार्यक्रम बनाया । जब हम वहाँ पहुँचे तो जान पड़ा कि गर्मी के कारण सब जगह सूखा ही सूखा है, पशुओं की हड्डियाँ दिखाई दे रही थीं और बिना पानी चारे के वे बेहाल हो रहे थे ।

"गाँव वालों से बातें कीं तो मालूम हुआ कि पचास घरों के बीच केवल एक कच्चा कुआँ है, वह भी बरसात में भर जाता था । उन्हें हर साल नया खोदना पड़ता था । चूना, ईंट, सीमेन्ट से पक्का बनाने की शक्ति उनमें नहीं थी । यह हाल देखकर बहनों का हृदय पसीज गया । वे बोलीं—"सौ तोले की जगह हम दस तोले के ही आभूषण पहिन लेंगी, लेकिन कुआँ बनवायेंगी । गाँव वालों ने कहा 'हम कुआँ खोद लेंगे, ईंट बना लेंगे । हमें चूना और सीमेन्ट आदि ही चाहिये ।' हिसाब लगाने से मालूम हुआ कि यदि गाँव वाले श्रमदान से कुआँ बनालें, तो सामग्री में पाँच सौ रुपया से काम चल जायेगा । १०८ कुओं के लिये कम से कम पचास हजार रुपया चाहिये । गया में लक्ष्मीनारायण डालमिया रहते हैं । साधु-सन्तों के भक्त हैं । उन्होंने १० तोला (एक तोला = ११.६६४ ग्राम) सोना दिया और सत्य देवजी से भी मैंने १० तोला लिया । धीरे-धीरे वहाँ ३९ कुएँ खुदे और ३० के वचन मिले । जब एक दुकान से सीमेन्ट लेने लगे तो लारी वाले बिना किराये के सीमेण्ट पहुँचाने लगे, केवल पेट्रोल लेते थे ।

'विनोबा जी एक महीने का भ्रमण करके राँची पहुँचे तो मैं भी रेल से वहाँ पहुँच गई । राँची में भी घर-घर घूमकर समझाने लगी कि विनोबा जी आवें तो उनको कुओं की भेंट दी जाये । १३$\frac{1}{2}$ तोला सोना मिला और तीस कुओं के लिये पाँच-पाँच सौ रुपये के वचन मिले । वर्षा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

शुरू हो जाने से कुएँ बनाने का काम तो नहीं हो सकता था इसलिये सब रकम वहीं पंचों के पास रख कर मैं कलकत्ता चली गई । वहाँ ६१ कुओं के लिये तीस हजार पाँच सौ रुपये और ४½ तोला सोना मिला । यह रकम खादी-भण्डार में जमा करादी गई । कलकत्ते में सभी लोग परिचित थे । मैं इस तरह घर-घर घूमूँ, यह उनको अच्छा नहीं लगा । वे बोले आपको एक-दो जगह से ही रकम मिल जाये तो काम हो सकता है, फिर इस तरह क्यों घूमती हो ? मैंने उत्तर दिया—"पर मुझे तो स्त्रियों में प्रचार और देश की माँग की जानकारी कराने के लिये भी घूमना है ।" इसलिये मैं घर-घर जाती ही रही । जब मैं झील पर, जहाँ सबेरे लोग टहलने आते हैं, कुएँ माँगने पहुँचती तो घनश्यामदास जी बिड़ला हँसकर कहते—'आज मैया जी की झोली में कितने कुएँ पड़े ?' मैं कहती—"आज दो पड़े, आज बहुत कम मिला ।" मैं उनसे तो क्या माँगती ?"

इस तरह "कूप-दान" का आन्दोलन जगह-जगह फैलाकर उन्होंने धनिक-वर्ग में गरीबों की दशा के प्रति एक प्रकार की सहानुभूति उत्पन्न कर दी । जब वे दिल्ली पहुँची तो लोगों ने कहा कि यहाँ कुओं का काम नहीं हो सकेगा, यहाँ तो रोज ही चन्दे होते रहते हैं । पर उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और दो एक स्थानीय कार्यकर्ताओं का सहयोग लेकर घर-घर घूमना आरम्भ कर दिया । एक दिन बाबा राघवदास ने कहा—"पं. जवाहर लाल जी से कुआँ कौन लायेगा ।" जानकी मैया इसके लिये तैयार हो गईं और जवाहरलाल जी के पास पहुँची । उन्होंने कहा—"आज विनोबाजी का जन्म दिन है । भीष्म पितामह को अर्जुन ने पृथ्वी में बाण मार कर पानी पिलाया था, वैसे ही आप तीर मार कर पाताल फोड़िये जिससे विनोबा जी को पानी ही पानी मिल जाये ।" नेहरू जी खूब हँसे उन्होंने खुशी से एक कुआँ अपने नाम से दे दिया । जब राजेन्द्र बाबू से बात हुई तो उन्होंने भी दो कुओं का वचन दिया और दूसरे ही दिन एक हजार रुपया भिजवा दिया । राजघाट की प्रार्थना सभा में जानकी मैया ने कहा कि सबेरे तक दिल्ली में ७९ कुएँ हुए थे, एक जवाहरलाल जी का मिलकर ८० हुए । अब आप कृपया विनोबा जी के इस जन्म दिन पर १०८ की संख्या पूरी कर दीजिये । उसी समय एक सज्जन ने दस कुओं के लिये ५ हजार रुपया दे दिया और एक गुजराती भाई ने ८ कुओं का वचन दिया । इस प्रकार ९८ हो गये । पर जानकी मैया अपने उद्योग में लगी रहीं और रात्रि में तभी सोईं जब १०८ कुओं की संख्या पूरी हो गई ।

जन्म और बाल्यावस्था के संस्कार

पीड़ित और अभावग्रस्त जनता के लिये इस प्रकार की हार्दिक सहानुभूति और सेवा भावना रखने वाली जानकी मैया का पूरा नाम जानकी देवी बजाज है । वे भारत के स्वाधीनता संग्राम के एक सुदृढ़ स्तम्भ स्वर्गीय जमना लाल बजाज की पत्नी हैं । यद्यपि, जन्म से वे एक मारवाड़ी घराने की अपढ़, गहनों से लदी, परदे में रहने वाली, छुआछूत में बहुत अधिक ग्रस्त बालिका थीं । पर दैव ने उनको जमना लाल जी जैसे मनस्वी व्यक्ति की पत्नी बना दिया और महात्मा गाँधी तथा विनोबा जैसे युग-पुरुषों के सान्निध्य में वर्षों तक रहने का उनको अवसर प्राप्त हुआ । इससे उनकी कायापलट हो गई और वे एक रूढ़ि तथा परम्पराओं में ग्रस्त मारवाड़ी स्त्री के बजाय, नये से नये परिवर्तनों, सुधारों और आन्दोलनों की संचालिका बन गईं ।

जानकी देवी के पिता जावरा (मध्य भारत) के रहने वाले एक अच्छे व्यवसायी थे । वे पुराने विचारों के और श्रीवैष्णव सम्प्रदाय के अनुयायी थे । इसलिये आचार-विचार की दृष्टि से बड़े परहेज से रहते थे । उनके घर के चौके में अगर चिड़िया भी घुस जाती तो चौका फिर से धोया जाता था । मक्खी से बचाव करने के लिये परदे टाँगे जाते थे । बाल बच्चे वाली स्त्रियों का पानी अलग रहता था और रसोई उन पृथक रखे घड़ों से बनाई जाती थी जिनमें से ब्राह्मण नहाकर और रेशम अथवा सन की गीली धोती पहिन कर पानी निकालता था । इसी पानी से बनी रसोई से ठाकुर जी को भोग लगाया जाता था । घर में नल के पानी का उपयोग नहीं होता था । अगर मंदिर जाते समय ऐसे पानी का एक छींटा भी पड़ जाये तो फिर से स्नान करना पड़ता था ।

पर निजी आचरण में ऐसा परहेज रखने पर भी वे हृदय के परम उदार और दुःख-कातर व्यक्ति थे । कोई मिलने आता तो उसके सुख दुःख की बात पहले पूछते । जब मालूम होता कि किसी की लड़की का विवाह है, या घर में विशेष खर्च का कार्य होने वाला है, तो पूछते "खर्च वगैरह की व्यवस्था हो गई है ?" वह कहता "हाँ दादाजी ! सौ एक रुपया की तो तजबीज है, पर" वे समझते कि इसे सौ-पचास रुपये की अभी और जरूरत है । बस उसी समय एकाध बोरा अनाज और कुछ रुपया दिलवा देते । वे रुपये गिनकर नहीं देते थे । मुट्ठी भर के यों ही दे देते थे । ऐसी सहायता पाने वालों में ब्राह्मण, बनिया, किसान, मजदूर, मुसलमान सभी रहते थे ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

ऐसे वातावरण में रहकर जानकी देवी भी पूरी "धार्मिक" बन गई थीं । उसने अपनी जीवन कहानी में लिखा है कि "मैं बहुत छोटी अवस्था से ही एकादशी का व्रत करने लग गई थी । घर में जो पैसे खर्च के लिये मिलते थे उनको मंदिर में बैठे ब्राह्मणों को एक-एक दो-दो पैसा करके दे आती थी । एक दिन मैंने हमारे यहाँ शालिग्राम की पूजा करने वाले पुजारी से पूछा कि किस नाम का जप करने से भगवान प्रसन्न होते हैं ? पुजारी ने 'ॐ नमो नारायण' का जप करने को कहा । मैं छत पर जाकर यह किया करती । मैंने सुना था कि माला फेरने या जप की बात दूसरे को मालूम होने से पुण्य घट जाता है, इसलिये मैं यह जप चुपचाप ही करती । कोई अच्छा कार्य चुपचाप करना ही ठीक है, यह संस्कार बचपन से ही मुझमें ऐसा जम गया कि उसके सम्बन्ध में दूसरे से कहना या प्रचार करना मुझे अच्छा नहीं लगता ।

इस प्रकार जानकी देवी का पालन-पोषण एक ऐसे रुढ़िवादी पर सज्जन स्वभाव वाले परिवार में हुआ कि वह पुरातनतावादी बन गई । मारवाड़ी समाज की स्त्रियाँ प्रायः धार्मिक वृत्ति की होती हैं, पर उनका धर्मभाव अधिकांश में अन्धविश्वास पर आधारित होता है । वही, बात जानकी देवी में भी आ गई । जावरा, मुसलमानी राज था, इसलिये शासन के प्रभाव से वहाँ के हिन्दुओं में भी पर्दा-प्रथा का पालन कड़ाई के साथ किया जाता था । जानकी देवी के पिता पर्दे के विशेष रूप से पक्षपाती थे । जब एकाध बार उनके घर की स्त्रियाँ पैदल ही हनुमान जी के मन्दिर को चली गईं, तो पता लगने पर वे बहुत नाराज हुए । जानकी देवी को भी आरम्भ से ऐसा ही अभ्यास हो गया था और विवाह के उपरान्त वर्धा में भी पर्दे का पालन काफी मात्रा में करती रहीं ।

जानकी देवी का रंग सांवला था । चार साल की उम्र में उसको बड़े जोर से चेचक निकली, जिसके कारण वह कई महीने तक कष्ट पाती रहीं । उसकी जान तो बच गई, पर तमाम बदन पर चेचक के दाग पड़ गये और रंग और भी काला हो गया । एक प्रकार से वह बहुत-कुरूप हो गई । वे लिखती हैं कि विवाह हो जाने के बाद वर्धा में भी अपने रूप के कारण मैं किसी से मिलने में भी संकोच करती थी । यहाँ तक कि मुझे दर्पण में अपना मुख देखने में भी संकोच होता था । उधर जमनालाल जी काफी गोरे और सुन्दर थे । इसलिये विवाह का निश्चय होते समय इस बात की बराबर चर्चा होती रही कि लड़के-लड़की की जोड़ी तो ठीक नहीं मिलती । पर जमनालाल की दादी सद्दीबाई इस बात को कुछ भी महत्त्व नहीं देती थीं । जब जमनालाल की माँ ने कहा कि "हमारा लड़का तो गोरा और सुन्दर है, उसकी बहू भी सुन्दर लानी चाहिये, तो सद्दीबाई ने उत्तर दिया—"बेटी ! हम दोनों सुन्दर तो हैं, पर सन्तान के लिये तो तरसती ही रह गई (जमनालाल जी अन्यत्र से गोद लाये गये थे) । तेरी भाभी को देख कि है तो काली कुरूप पर उसने सात रतन (संतानें) दिये हैं । हमको तो ऐसी लड़की चाहिये जिससे वंश की वृद्धि हो । रूप में क्या रखा है ।"

आजकल की हालत देखकर सद्दीबाई का कथन याद आता है । इस समय रूप और उसके साथ नये से नये फैशन की ही पूछ है । चरित्र और गुणों पर कुछ भी ध्यान नहीं दिया जाता । लड़के स्वयं चाहे काले कुरूप हों पर पत्नी तो सिनेमा की अभिनेत्रियों के समान सुन्दर ही ढूँढ़ते रहते हैं । इस प्रवृत्ति के कारण वर्तमान समय में साँवले रंग की और सुन्दरता रहित लड़कियों के अभिभावक उनके विवाह के सम्बन्ध में कितने चिन्तित रहते हैं, इसे भुक्तभोगी ही जानते हैं । ऐसी लड़कियाँ प्रायः विधुर व्यक्तियों के साथ ही ब्याहनी पड़ती हैं, अथवा उनके साथ बहुत अधिक दहेज का लोभ देकर विवाह ठीक करना पड़ता है ।

विवाह और प्रगति के पथ पर

जानकी बाई का विवाह मारवाड़ी समाज की तत्कालीन प्रथाओं के अनुसार नौ वर्ष की आयु में ही हो गया था । उस समय जमनालाल जी तेरह वर्ष के थे । इतनी कम उम्र में विवाह होने के पश्चात् लड़की प्रायः चार वर्ष पिता के घर पर ही रहा करती है, जिससे दाम्पत्य-जीवन तेरह चौदह वर्ष की आयु तक आरम्भ हो पाता है । पर जमनालाल जी के बाबा बच्छराज जी को घर के सूना होने के कारण बहू को बुलाने की जल्दी पड़ी रहती थी । इसलिये विवाह के पश्चात् उसका पीहर में रहना कम ही हो सका । घर की बड़ी बूढ़ी स्त्रियाँ चाहती हैं कि इस तरह पास रहने से बाल पति-पत्नी में प्रेम उत्पन्न हो जायें जो आगे चल और भी सुदृढ़ हो सकेगा । पर जमनालाल जी और जानकी बाई भी बाल्यावस्था में बड़े संकोची और शर्मीले स्वभाव के थे, इसलिये सब तरह से कोशिश करने पर भी वे एक दूसरे से बोलने का साहस नहीं करते थे । धीरे-धीरे कई वर्ष बाद जब घर के सब वृद्ध-जन एक-एक करके मरते गये तब इनकी झिझक टूटी और गृहस्थी का सारा बोझ अपने ऊपर आ पड़ने से स्वमेव ही मिल-जुल कर सब व्यवस्था करने लगे । पर अब भी जानकी देवी का रूढ़िवादी स्वभाव कायम था । वह पतिव्रत धर्म का पूर्ण रूप से पालन करना चाहती थी, इसके लिये उसका तरीका वही पुराना रहा । पति की पूजा करना, उसका पादोदक लेना, उसकी जूठी थाली में भोजन करना

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

आदि । वह प्रायः "स्त्री धर्म" का वर्णन करने वाली पुराने ढंग की पुस्तकों को पढ़ा करती थी और समझती थी कि उनमें जो कुछ लिखा होता है, वह सब भगवान का ही लिखा हुआ है । इसलिये वह उन बातों का अक्षरशः पालन करने की चेष्टा करती थी । इस सम्बन्ध में उसमें जो कुछ है, उससे भारतीय नारी की स्वेच्छापूर्वक बन्धनग्रस्त स्थिति पर बहुत अच्छा प्रकाश पड़ता है ।

"पहली बात जिसका मुझ पर असर हुआ वह यह कि पति या बड़ों के बाद ही भोजन करना चाहिये । मैं ऐसा ही करने लगी । बच्छराज जी और जमनालाल जी प्रातःकाल बादाम का हलुआ और कुछ नमकीन खाकर काम में लगे जाते थे, और मेरे लिये भी ये चीजें ऊपर भेज देते थे । बच्छराज जी नौकरानी से पूछते भी रहते थे कि "बीनणी (बहू) ने कलेवा कर लिया क्या ?" मैं बिना कलेवा किये ही 'हाँ' कहला देती और अपने पूजा-पाठ तथा सीने-पिरोने में लगी रहती । जब बच्छराज जी तथा जमनालाल जी दोपहर को भोजन कर चुकते तभी मैं भोजन करती । इसमें दो बज जाया करते थे । नियम पालन का इतना ख्याल रखती कि कभी कोई चीज खाने की इच्छा भी हो जाती तो भी उसे मुँह में डालने से बचती । पीहर में तो मैं दिन भर में कई बार खा-पी लेती थी । पर अब तो खाना पीना पति-भक्ति की भावना के अनुसार होने लगा । दूसरे मैं पति की झूठी थाली में भोजन करने को पतिभक्ति समझती थी । इसलिये जमनालाल जी की थाली रखवा लेती और उसी में भोजन करती ।

"इस प्रकार अनियमित भोजन का मेरे शरीर पर खराब असर होने लगा । मेरे पेट में गाँठें बनने लगीं, जिससे टट्टी जाने में कष्ट होता था । शर्म के कारण यह बात किसी से कहने में संकोच करती थी और यह सोचकर रह जाती थी कि इसमें दूसरा कोई क्या करेगा ? परिणाम यह हुआ कि मुझे मस्से की बीमारी (बवासीर) हो गई जो बाद में बढ़ती ही गई ।

"जमनालाल जी अपने बगीचे में शिवजी की पूजा करते थे और रुद्राक्ष की माला गोमुखी में डालकर जप करते थे । उनके कमरे में योगियों के चित्र भी टँगे रहते थे । जब जमनालाल जी से मेरा परिचय बढ़ गया तब मैंने कहा कि पूजा घर पर ही किया करें । उन्होंने यह मान लिया और पूजा का सामान बगीचे से घर मँगवा लिया । वे स्नान करके पूजा पर बैठते और मैं उनकी धोती धोकर फिर उनकी पूजा भी करती । मैंने पढ़ा था कि पति का पादोदक, जैसे वैष्णवों में गुरु का लेते हैं, लेना चाहिये और सफेद फूल से पूजा करनी चाहिये । इसलिये मैंने एक गमला ऊपर रख लिया था । उसमें से नित्य एक फूल लेकर पति पर चढ़ाती और श्लोक का पाठ करते हुए चाँदी की कटोरी में उनके दाहिने पैर के अँगूठे को धोकर उस जल को पी जाती थी ।

जमनालाल जी को ये दोनों क्रियायें—जूठी थाली में भोजन करना और अँगूठे को धोकर पीना, अच्छी नहीं लगती थी। जूठी थाली में भोजन करना तो कुछ समय बाद बन्द ही कर देना पड़ा । एक तो उनको यह नापसन्द था और दूसरे जूठे थाल पर मक्खी आदि बैठती थीं सो मुझे भी ठीक नहीं लगता था । पर पादोदक का लेना मेरे आग्रह के कारण चलता रहा । अब वे जेल चले जाते तब भी मैं उनका पादोदक शीशी में भरकर रख लेती और जब कभी उनसे मिलने जाती चुपचाप पैर धोकर ले आती ।

"एक बार हम लोग चित्रकूट गये थे । वहाँ की मिट्टी का कण-कण पवित्र माना जाता है । वहाँ की मिट्टी मैं लाना चाहती थी । पर मिट्टी लाने में मेरा दूसरा उद्देश्य यह था जमनालाल जी के पैरों की रज और भी पवित्र रहेगी । इसलिये जब तक हम वहाँ रहे, मैंने एक काम यह किया कि जब भी वह बाहर से आते, उनका दाहिना अँगूठा धोकर उसे वहाँ की मिट्टी में मिलाकर पेड़े-से बना लिया करती । आज भी ये पेड़े मेरे पास रखे हैं । प्रतिदिन स्नान के बाद अब भी उसका एक कण मुँह में रख लेती हूँ ।

पतिभक्ति कोई बुरी चीज नहीं है, पर क्या उसका पालन ऐसी अविवेक पूर्ण बाह्य क्रियाओं से ही हो सकता है ? क्या करोड़ों हिन्दू और अन्य जातियों की स्त्रियाँ जो ऐसा नहीं करतीं, पतिव्रता नहीं हैं ? हमने सैकड़ों यूरोपियन स्त्रियों का हाल पढ़ा है जिन्होंने जीवन भर पति का हर तरह की कठिनाइयों में साथ दिया है और उसके साथ ही प्राण भी त्याग दिये हैं । हमको उस अंग्रेज महिला का किस्सा याद आता है जिसे "टिटैनिक" जहाज के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर पति ने जबर्दस्ती "प्राण रक्षक नौका" में बैठा दिया था, पर स्थान की कमी से वह स्वयं डूबते हुए जहाज पर ही ठहरा रहा । यह देखकर स्त्री से न रहा गया और जैसे नाव चलने लगी कि वह कूदकर पुनः जहाज पर आ गई और पति से कहने लगी जब हम आजीवन एक साथ मिले हुए रहे हैं तो अब मृत्युकाल में पृथक क्यों हों । बस, वे दोनों ही अपने कमरे में चले गये और शांतिपूर्वक जलराशि के भीतर समा गये ।

क्या इस तरह जीवन के अंतिम क्षण तक पति के प्रणय-सूत्र में बँधी रहने वाली अंग्रेज महिला इस कारण पतिव्रता नहीं कही जायेगी कि वह पति का अँगूठा धोकर पादोदक नहीं लेती ? इस प्रकार की बातों को सिवाय

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अन्धविश्वास के और कुछ नहीं कहा जा सकता । जानकी देवी भी जब गाँधी जी के साबरमती आश्रम में रहने लगीं और उनके उपदेश से उसने सभी गहनों का त्याग कर दिया तो वह इस सम्बन्ध में ऐसी लापरवाह हो गई कि अनेक बार चूड़ियों के टूट जाने पर एक-दो दिन बिना चूड़ियों के ही बिल्कुल खाली हाथ रह जाती थीं । इससे एकाध बार अन्य स्त्रियों को उसके पति का 'अमंगल' होने का सन्देह भी हो गया । गाँधी जी की पत्नी कस्तूरबा भी चूड़ियों से कभी खाली हाथ नहीं रखती थीं । वह कहा करती थीं कि जानकी देवी तो गाँधीजी को और भी बढ़ावा देती है । शायद किसी दिन वे कहने लग जायें कि "देखो, जानकी बहन तो चूड़ी भी नहीं पहनती, तुम इसके लिये क्यों इतना आग्रह करती हो ?"

सच्ची पतिव्रता वही है जो पति के अनुकूल चले और उसके कार्यों तथा विचारों को पूरा करने में सहयोग दे । जमनालाल जी की मृत्यु के बाद जब जानकी देवी ने सती होने की इच्छा प्रकट की तो गाँधीजी ने उनसे यही कहा कि पति के साथ जल मरना कोई बहुत बड़ी प्रशंसा की बात नहीं है । आवश्यकता इस बात की है कि तुम्हारे पति ने जिन कार्यों को पवित्र मानकर उनके लिये अपना जीवन अर्पण किया था, तुम उन अधूरे कामों को पूरा करने में अपना तन, मन, धन सब कुछ समर्पण कर दो, और उसकी पूर्ति में तिल-तिल करके अपने जीवन की आहुति दो । यही सच्चा पतिव्रत और सतीत्व है ।

सोना चाहे भगवान हो या शैतान, पर त्यागने योग्य है

एक बार जब जानकी देवी ने अपने घर पर आये एक मेहमान की कमर में सोने की तागड़ी (करधनी) देखी । मारवाड़ियों में यह भी धनवानों में प्रचलित है । जानकी देवी ने जमनालाल जी से कहा—"वे भी सोने की तागड़ी पहना करें उन्होंने उत्तर दिया—"सोना तो भगवान का रूप है, उसे कमर के नीचे नहीं पहनना चाहिये ।" इस पर वह चुप हो गई और उसके सामने यह प्रश्न खड़ा हो गया कि वह स्वयं क्या करे ? मारवाड़ी महिलाओं का गहनों का प्रेम प्रसिद्ध ही है । वे सर से पैर तक जेवरों से लदी रहती हैं जिनकी तोब प्रायः तो पहुँच ही जाती होगी । पर और सब गहनों की अपेक्षा भी तागड़ी का स्थान कुछ ऊँचा माना जाता है । जानकी देवी भी विवाह के बाद से ही तागड़ी पहनती आई थीं । पर अब पति के मुख से यह सुन कर कि सोना तो भगवान का रूप है क्योंकि भगवान का एक नाम 'हिरण्य गर्भ' भी है और 'हिरण्य' का अर्थ सोना ही है, उसकी "धर्मश्रद्धा" जागृत हो उठी । वह कहने लगी कि जब सोना भगवान स्वरूप है तो मैं भी उसे कमर के नीचे कैसे पहन सकती हूँ ? उधर तागड़ी का मोह भी जोर मारता था कि अपने समाज में सभी इसे पहनते हैं मैं इसके बिना न जाने कैसी लगूँगी । पर अन्त में "धर्म-भावना" की ही जीत हुई और उसने तागड़ी को सदा के लिये त्याग दिया ।

इसके कुछ समय बाद ऐसा समय आया जब गाँधी जी के कार्यक्रम ने जोर पकड़ा और उन्होंने उस सिलसिले में कहा—"सोना कलि रूप है । दूसरों में ईर्ष्या पैदा करता है, खो जाने का और चोरी का डर रहता है, शरीर पर मैल जम जाता है, नाक, कान से दुर्गन्ध आती हैं । इससे देश के मूलधन में भी कमी पड़ती है ।" जमनालाल जी गाँधी के अनन्य अनुयायी ही क्या उनके पाँचवें पुत्र बन चुके थे । इस निर्णय को सुनकर उन्होंने जानकी देवी को पत्र में लिखा—"बापू का आदेश है कि गहने त्याग दो ।" इस पत्र को पढ़कर उसकी क्या मनःस्थिति हुई इसका वर्णन करते हुए जानकी देवी ने स्वयं लिखा है—

"जमनालाल जी की चिट्ठी तो मेरे लिये वेद-वाक्य की तरह थी । अगर वह यह बात मेरे सामने कहते तो मैं शायद बहस भी करने लगती पर उन्होंने बापूजी का आदेश लिखकर भेज दिया तो मैं क्या करती । चिट्ठी मेरे सामने रखी थी और मैं एक-एक गहना उतारती जाती थी । मारवाड़ी स्त्रियों में पैर के कड़े कभी नहीं खोले जाते । गरीब से गरीब भी पैर में हलका भारी कड़ा पहनते हैं । पर मुझे जब कोई गहना पहनना ही नहीं तो इस झूठे मोह को भी त्याग दिया । कड़ा निकाल देने पर सबको आश्चर्य हुआ और कई स्त्रियाँ मुझे बिना कड़ों के देखने भी आईं ।

घूँघट कैसे हटा ?

वर्धा में अग्रवाल महासभा का अधिवेशन होने वाला था । उसके लिये जमनालाल जी ने भाषण तैयार किया उसमें पर्दा-प्रथा के विरोध में भी कुछ कहा गया था । वे जानते थे कि मैं, मेरी देवरानी तथा घर की अन्य स्त्रियाँ घूँघट निकालती हैं । जमनालाल जी जो कुछ कहते थे, उसकी शुरुआत अपने घर से करते थे । इसलिये उनकी नजर हम पर जाना स्वाभाविक था । हमारी स्थिति बड़ी विचित्र थी । घूँघट संस्कार एक-दो दिन या एक-दो पीढ़ियों का थोड़े ही था ? वह एकाएक कैसे छूटे ? घूँघट की प्रथा तो अभी तक बहुत जगह कायम है । राजस्थानी समाज में घूँघट प्रतिष्ठा, सभ्यता और कुलीनता का चिह्न माना जाता था ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

१.१२५ मरकर भी अमर हो गये जो

जमनालाल जी श्रीकृष्णदास जाजू को अपने बड़े भाई की तरह मानते थे । उन्होंने जाजूजी से कहा—"आपको घर की स्त्रियों से बात करनी चाहिये और उनमें संस्कार डालने चाहिये । वे निचली श्रेणी यानी नौकरों-चाकरों से ही बात-चीत करती हैं । इससे उनमें ऊँचे विचार कैसे आयेंगे ? आप जैसे लोगों को संकोच छोड़कर उनके संकोच को भी दूर करना चाहिये ।" पर जाजूजी इस तरह कहने से कब बोलने वाले थे । उनसे कोई स्वयं बोल सकते थे ।

"अंत में जमनालाल जी ने अपने जन्म-पिता कनी रामजी को तैयार किया और ऊपर आकर हमसे बोले—"अपने घर में घूँघट छोड़ते हैं । सो पहले काकाजी से ही शुरुआत करनी है । नीचे चलो, काकाजी को मैं तैयार करके आया हूँ ।" मैंने अपनी देवरानी से कहा "बीनणी, सुसराजी के पास चलणो है ।" उसने उत्तर दिया—"जिठाणी जी, आगे तो आपणों ही चालणों पड़सी ।" बड़ा संकट था । हम कैसे उनके सापने जातीं । हम तो यह सुनकर ही पसीना-पसीना हो गईं । खैर, किसी तरह हम दोनों उनके पास गईं । कुछ नहीं किया कि भाग आईं । उन्होंने हमको आशीर्वाद दिया "सुखी रहो बेटा ।" वह भी पसीने से तर हो गये थे । हमारे घर में यह प्राचीनता के अन्त और नवीनता के उदय का संधिकाल था । एक बार पहाड़ की चोटी पर चढ़ जाना भी सहज होता, समुद्र पार जाना भी सम्भव हो जाता, पर उस समय हमारे घर में ससुर के सामने बिना घूँघट किये बोलने को पहुँच जाना बहुत बड़ी बात थी ।

"इसके बाद माथे पर सोने का 'बोर' लगाना छूटा और तब घाघरे लँहगों में बदलने लगे । वे घाघरे चालीस से पचास गज तक के होते थे और उनमें तीन सौ से लगाकर चार सौ तक कलियाँ होती थीं । चार सौ कलियों का घाघरा तो मैं भी पहन चुकी हूँ । ऐसे बड़े घाघरे बहुत दिनों तक धुलते भी न थे ।

"मेरा घूँघट छूट गया तो मुझे दूसरी बहनों का घूँघट खुलवाने की धुन लग गई । कई बहनों को तो मैं घूँघट खुलवाकर सभाओं के मंच पर खींच लाई । जहाँ-जहाँ मैं गई वहाँ मेरा यही काम हो गया । इसके कुछ ही दिन बाद कलकत्ते में "मारवाड़ी महिला सम्मेलन हुआ । वहाँ वालों ने मुझे अध्यक्ष बनाया । उस अवसर पर बापूजी ने एक बड़ा सुन्दर संदेश पर्दा-प्रथा तोड़ने के लिये मेरे द्वारा भेजा ।

वर्धा २५-१०-३६

प्रिय भगिनि,

आप बहनों से पर्दा तुड़वाने कलकत्ता जा रही हैं, इसलिये धन्यवाद ।

पर्दा बहम ही नहीं है, मुझे उसमें पाप की गंध आती है । पर्दा किससे रखें ? क्या पुरुष-मात्र विषयासक्त रहते हैं ? क्या स्त्रियाँ अपनी पवित्रता बिना पर्दा के नहीं रख सकतीं ? पवित्रता मानसिक बात है, सभी स्त्री-पुरुषों में सहज होनी चाहिये । भाई इस बुद्धि-प्रधान युग में स्त्री धर्म की रक्षा करना चाहती है तो उसे दरिद्रनारायण की सेवा करनी होगी, शिक्षण लेना होगा । दरिद्रनारायण की सेवा का अर्थ है खादी का प्रचार, सूत कातना आदि । हरिजन-सेवा का अर्थ है अस्पृश्यता रूपी कलंक को धोना, ये दो बड़े भगवान के कार्य हैं, और विद्या पाने का कार्य भी पर्दा रखने से कभी नहीं चल सकता ।

क्या पर्दा रखकर सीता रामजी के साथ जंगलों में भटकी होंगी । सीता से बड़ी पवित्र स्त्री जगत में कभी हुई है ? बहनों में कहो, पर्दा तोड़ो और धर्म को रखो ।

आपका

मोहनदास गाँधी

इसके बाद भी जानकी देवी ने समय-समय पर अनेक बहनों का घूँघट खुलवाया । फिर जब एक बार लहर चल पड़ी तो एक से दूसरे में, दूसरे से तीसरे में यह विचार फैलता चला गया । आज मारवाड़ी समाज में पर्दा का प्रचार जो बहुत घट गया है उसका श्रेय जानकी देवी जैसी प्रचारिकाओं को ही है जिन्होंने आज से चालीस वर्ष पहले समाज और परिवार वालों के विरोध तथा लोगों की बुरी लगने वाली टीका-टिप्पणी को सहन करके इस कार्य को आरम्भ किया था । बाहर वाले तो क्या स्वयं जमनालाल जी की माता कहती थीं कि "जब पर्दा करती थी तो ऐसा, कि कोई एक नाखून भी न देख सके और अब छोड़ा तो ऐसा कि पुरुषों की सभा में मंच पर खड़े होकर व्याख्यान देने लगी ।" इसके उत्तर में जानकी देवी हँसकर कहती—"मैं क्या करूँ, जिसको आपने जन्म दिया है उसी अपने बेटे से कहो । जो वह कहें मुझे तो वही करना पड़ेगा ।" जानकी देवी का गहना उतार देना भी उनको अच्छा नहीं लगा । वह कहतीं—"इस लड़की ने तो सब गहना उतार कर रख दिया और मैं बूढ़ी पहनती रहती हूँ, यह क्या अच्छा दिखाई पड़ता है ?"

तो भी इनके त्याग का प्रभाव तो सब पर पड़ता ही था । इनके ससुर (जमनालाल जी के पिता) देवली में काम करते थे । एक बार जानकी देवी ने वहाँ की कांग्रेस द्वारा आयोजित सभा में व्याख्यान देते हुए कहा कि तम्बाकू, बीड़ी पीना अच्छा नहीं । जब इनके ससुर ने यह बात सुनी तो कहने लगे—"बहू तो लोगों को तम्बाकू पीने से रोकती

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

है, तब मैं उसे कैसे पीऊँ ।" बस उसी दिन से उन्होंने हुक्का आदि का त्याग कर दिया ।

पर रूढ़िवादी लोगों में से अनेक अपनी धुन के पक्के होते हैं । जमनालाल जी के पुरोहित और मन्दिर के पुजारी "जोशीजी" ने जब यह सुना कि सेठानी जी (जानकी देवी) ने पर्दा छोड़ दिया है और कांग्रेस के प्रचार कार्य में चारों तरफ घूमकर व्याख्यान देने लगी हैं, तो उनको बड़ा बुरा लगा । उन्होंने प्रतिज्ञा करली कि "सेठानी जी न तो मेरे सामने आवें, न मुझसे बात करें, नहीं तो मैं कुएँ में गिर कर जान दे दूँगा या वर्धा छोड़कर चला जाऊँगा !" जब वे जानकी देवी को इधर-उधर देखते तो कहीं अन्यत्र जाकर छिप जाते । वे परम्परावादी थे और घूँघट में प्रतिष्ठा समझते थे । जानकी ने स्वयं भी उनके सामने जाना छोड़ दिया था क्योंकि वे ऐसे "कट्टर" लोगों के कारण अपना समय या काम खराब करना नहीं चाहती थीं ।

जब गाँधी जी के आदेश से जमनालाल जी ने अपने मन्दिर का दरवाजा अछूतों के लिये खोल दिया तो जोशीजी ने मन्दिर जाना ही छोड़ दिया । पच्चीस वर्ष तक उन्होंने मन्दिर के भीतर कदम नहीं रखा । वे इसके लिये गाँधी जी की भरपेट बुराई करते रहते थे । अन्त में जमनालाल जी की ग्यारहवीं श्राद्ध तिथि के अवसर पर वे मन्दिर में आये । वे कहते थे कि "मुझे सेठजी की प्रेरणा ही मन्दिर में ले लाई ।" कुछ भी हो जानकी देवी उनके जीवन-निर्वाह की व्यवस्था निरन्तर करती रहीं ।

महात्मा गाँधी देश की नब्ज को सबसे अधिक पहिचानते थे और उन्होंने चुन-चुन कर ऐसे कार्यक्रम चालू किये थे जिनसे देश का सार्वजनिक विकास हो । वे जानते थे कि केवल राजनीतिक आन्दोलन से स्वराज्य नहीं मिलेगा और यदि वह किसी प्रकार मिल जाये तो उससे लाभ नहीं उठाया जा सकता । जब तक यहाँ के स्त्री-पुरुष में अनेक प्रकार के दोष बने रहेंगे, जब तक हानिकारक रूढ़ियों से उनका पिण्ड नहीं छूटेगा, तब तक वे प्रगति के पथ पर कदापि अग्रसर नहीं हो सकते । इसलिये उन्होंने महिलाओं की जागृति, अछूतोद्धार, सादा रहन-सहन, धार्मिक उदारता, श्रमजीवियों से सद्व्यवहार आदि अनेक लोक हितकारी प्रवृत्तियों को जन्म दिया था और उनके माध्यम से भारतीय जनता को सशक्त तथा कर्त्तव्य-परायण बनाने का प्रयत्न किया था ।

इन सब कार्यक्रमों में "महिला-जागरण" का आन्दोलन किसी दृष्टि से कम महत्त्वपूर्ण नहीं था । स्त्रियों के पिछड़े और संकीर्ण विचारों की होने के कारण हमारे अनेक आन्दोलन अकाल में ही समाप्त हो जाते थे । स्त्रियाँ स्वयं तो ऐसा कोई सार्वजनिक हित का कार्य करती हीं नहीं थीं, साथ ही घर के पुरुषों को भी ऐसे कार्यों में सम्मिलित होने से बराबर रोकती रहती थीं । वे सार्वजनिक कार्यों को व्यर्थ के काम समझती थीं और यह विचार करती थीं कि भाई पुरुष ऐसे कामों में पड़ गये तो धन और समय की 'बर्बादी' होगी । वे तो यही चाहती थीं कि पुरुष अपनी सारी शक्ति घर के कार्यों, स्त्री बच्चों को आराम पहुँचाने में ही खर्च करता रहे । देश और समाज के सभी कार्य उनकी दृष्टि में व्यर्थ ही थे ।

इसलिये असहयोग आन्दोलन के आरम्भ में ही महात्माजी ने "नारी-जागरण" का शंखनाद किया । उन्होंने कहा कि यदि देश की आधी जनसंख्या इस प्रकार स्वाधीनता संग्राम से सर्वथा पृथक और उदासीन बनी रहेगी, तो भारतवर्ष कभी सच्चे अर्थों में स्वाधीन न बन सकेगा । मातृभूमि के उद्धार का कार्य केवल पुरुषों का ही नहीं वरन् उनकी पत्नियों को भी अपना कर्त्तव्य पालन करना चाहिये । जब तक स्त्री अपने पतियों, भाइयों और पुत्रों के साथ बराबर कदम बढ़ाते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर न होगी तब तक हमारी कोई योजना पूरी तरह सफल नहीं हो सकेगी । नारी तो शक्ति का स्वरूप है, जब तक वह पुरुष का साथ नहीं देगी, उसे प्रोत्साहित न करेगी, विजयी होकर लौटने पर उसका प्रेमपूर्वक स्वागत नहीं करेगी तब तक पुरुष पूरे अन्तःकरण से स्वाधीनता समर में भाग न ले सकेंगे । अतएव नारी-जागरण बहुत ही आवश्यक कार्यक्रम है ।

इस कार्य में जानकी देवी उनकी बहुत बड़ी सहायिका सिद्ध हुईं । वह समाज में एक उच्च स्तर के घर की महिला थीं, स्वयं प्राचीन परम्परा की दृढ़ अनुयायी थीं और फिर गाँधी जी के उपदेशों से स्वाधीनता संग्राम की कार्यकर्त्री बनी थीं, इसलिये "महिला-मंडल" पर उसका खूब प्रभाव पड़ता था । उन्होंने वैसे तो सार्वजनिक रूप से जो कार्य किये वे सभी के लिये हितकारी थे, पर अपने जातीय सम्बन्धों के कारण मारवाड़ी स्त्रियों में उसका खूब प्रभाव पड़ता था । उन्होंने इसका उपयोग मारवाड़ी बहनों को जमाने में किया और यह बड़ा कल्याणकारी सिद्ध हुआ । इससे दूसरा लाभ यह भी था कि जेवर छुड़ाने के साथ ही, वह उन स्त्रियों से कांग्रेस के लिये चन्दा वसूल करने में भी अद्वितीय सिद्ध हुईं । इस प्रकार वे एक साथ दो उद्देश्य सिद्ध करती थीं । गहने की हानिकारक प्रथा का उन्मूलन और उसमें से बचने वाले पैसे में से कुछ का उपयोग देश और समाज सेवा के कार्यों के लिये करना । अपनी इस शक्ति का उपयोग करके ही उन्होंने "कूप-दान" के आन्दोलन को सफल बनाया था ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

साबरमती आश्रम में

पर यह शक्ति भी जानकी देवी को अनायास प्राप्त नहीं हो गई । इसके लिये उसे साबरमती आश्रम में रहकर काफी 'तपस्या' करनी पड़ी थी । उसने न तो पीहर में हाथ से कोई काम किया था और न वर्धा आकर उसे कोई काम करना पड़ा । सब काम नौकर ही करते थे । इसलिये जब जमनालाल जी ने बच्चों और स्त्री के सुधार और शिक्षण की दृष्टि से साबरमती में रहने का निश्चय किया, तो उन्होंने गाँधीजी से यह भी कह दिया कि आश्रम के नियमों के अनुसार जानकी देवी का निभाव कठिन होगा । इस बात को समझ कर गाँधीजी ने जमनालाल जी को आश्रम की हद के बाहर एक मकान रहने को दिया जिससे जानकी देवी आश्रम के समस्त नियमों का एकदम पालन करने से बची रहे, पर निकट सम्पर्क में रहने से धीरे-धीरे वहाँ के नियमों का पालन करना सीख जाये । तो भी जानकी देवी को अपनी अनुभवहीनता के कारण कितनी परेशानी उठानी पड़ी, इसका वर्णन करते हुए उसने लिखा है—'हमने सुन रखा था कि आश्रम में किसी प्राणी को—साँप-बिच्छू तक को नहीं मारा जाता है । वहाँ कुत्ते भी बहुत थे । हर क्षण उनके कारण परेशानी रहती । मेरी हालत तो और भी खराब थी । वर्धा में हम ऊपर बँगले में रहते थे, नीचे चौक में पहरा रहता था । दरवाजे आदि बन्द रखने की भी हमारी आदत न थी । आरम्भ में हम कोठार से सामान लाते, पर कुत्ते आते और सामान ले जाते । इस तरह वे हिल गये । एक दिन एकादशी का व्रत था, शहर आश्रम से चार मील दूर था । नौकर फल वगैरह लेने शहर गया । मैंने और मेरी ननद गुलाबबाई ने सोचा कि कुएँ से पानी ले आवें नहीं तो अँधेरा हो जाएगा । आश्रम की दौड़ धूप के कारण भूख भी जोरों से लगती थी । बरामदे में सब तैयारी करके रखी कि रामकृष्ण (छोटे पुत्र) पाबन्दी में चप्पल डाल दी । अब प्रश्न उठा कि अँधेरे में पानी लेने कौन जाये ? हम विचार कर ही रहे थे कि कुत्ता आकर दूध को 'लप-लप' पीने लगा । अब यह चिन्ता हुई कि दुबारा दूध कहाँ मिलेगा, इतने में दूसरा कुत्ता आकर अंजीर के माल उठाकर ले भागा और तीसरा पपीता उठा ले गया । इस प्रकार फलाहार की व्यवस्था गड़बड़ हो गई और उधर संध्या की प्रार्थना का समय हो चुका ।

"रसोई घर बन्द करके रखने की हमारी आदत नहीं थी । मक्खन निकाल कर तवेली में रखकर कोठार में दूसरा सामान लेने जाती कि कुत्ते आकर मक्खन ले जाते ।" एक दिन आश्रम की बेला बहनं खाना-पीना करके हमारे यहाँ आई । आते ही उसने कहा कि "अभी तक तुम लोगों का भोजन भी नहीं हुआ । चलो मैं रोटी बना देती हूँ । मैं बेसन पीस कर लाई तब कढ़ी बनी । बेला बहन रोटी बनाकर जाने लगी कि इतने में एक कुत्ता लपक कर, जितनी उसके मुँह में आई उतनी रोटी लेकर भाग गया । हम सब पहले दिन के भूखे थे, बची हुई रोटियाँ खाकर ही भूख बुझाई ।" बेला बहन ने ये सब बातें किशोरलाल भाई से कहीं । उन्होंने अपने धर्म गुरु केदारनाथ जी से कहा कि "जमनालाल स्वयं तो रसोइया और नौकर लेकर इधर-उधर चले गये हैं, और स्त्री-बच्चों को यों ही छोड़ गये हैं ।" मैं समझती थी कि जमनालाल जी जानबूझ कर ऐसा करते थे । वे प्रायः कहा करते थे कि स्त्रियों को अपने घर की रसोई बनानी आनी चाहिये । मुझे रसोई बनानी आ जाये इसी दृष्टि से वे रसोइया को अपने साथ ले जाते थे ।

"केदारनाथ जी ने आकर देखा कि दो कुत्ते एक कमरे मैं बैठे हैं बाकी सब बरामदे में हाजिर हैं । उन्होंने छोटे-छोटे पत्थरों का ढेर इकट्ठा किया और कुत्तों पर फेंकना शुरू किया । वे पत्थर इस तरह फेंकते थे कि कुत्तों को चोट तो नहीं आती, पर वे डर जाते थे, कुत्ते सचमुच उतना डर गये कि फिर वहाँ आना ही भूल गये । इससे हमने भी यह सबक सीख लिया । बाहर से कठोरता और भीतर से नम्रता का यह गुण हमने प्रत्यक्ष देख लिया ।"

जानकी देवी के अनुभव से मालूम पड़ता है कि जिन बड़े लोगों को बहुत सुखी और शान से जीवन बिताने वाला समझा जाता है उनकी दशा बड़ी असहाय और दयनीय होती है । कोई खास परिस्थिति आ जाने पर अथवा आवश्यकता पड़ जाने पर उनकी कैसी दुर्दशा होती है, यह उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट हो जाता है । इसी प्रकार जब वह बच्चों को साथ लेकर नदी में कपड़े धोने जाती है तो बड़ी लड़की कपड़ा गिराती जाती । कपड़े अधूरे ही धोये जाते तब तक आश्रम की कोई घंटी बज जाती और भागना पड़ता । कभी किसी गाय आदि से सामना पड़ जाता तो भागना पड़ता या दूसरे से सहायता माँगनी पड़ती । सारांश यह कि जो लोग अपने हाथ से काम करना नहीं सीखते, केवल नौकरों के भरोसे जीवन व्यतीत करते हैं, उनको तनिक सा परिवर्तन होने पर ही बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है, और रोना-झींकना पड़ता है । अनजान लोग समझते हैं कि "बड़ा आदमी" होने में बड़ा आराम और सुख है, पर वे केवल बाह्य दृष्टि से ही देखकर ऐसा कहते हैं । यदि वे अन्तःदृष्टि से भी देखना जानते तो उनको मालूम पड़ता कि "बड़े आदमी" वास्तव में छोटे लोगों की अपेक्षा भी असन्तुष्ट, अशान्त और भयभीत रहते हैं । ऐसे लोग सच्चे सुख के कभी दर्शन भी नहीं कर पाते ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

आश्रम-जीवन का प्रभाव और श्रम आदत

पर जानकी देवी की हार्दिक आकांक्षा थी कि वह गांधी जी के बतलाये सच्चे जीवन मार्ग पर चले इसलिये वह सब कठिनाइयों और परेशानियों को सहन करते हुए भी उत्साह से वहाँ के कार्यों में सहयोग देती रही और अपने हाथ से काम करने का ढंग सीखती रही । वहाँ के वातावरण के प्रभाव से उनका मन भी दूसरों की तरह पढ़ने-लिखने का हुआ । इस कार्य में भी आरम्भ में उसे कैसी असफलता हुई इस सम्बन्ध में उसने कहा है—

"जहाँ गीता का वर्णन चलता है, वहाँ मैं गीता लेकर पहुँच जाती । सितार सीखने के वर्ग में सितार ले जाती । बापू जी जब बहनों का वर्ग लेते तो उसमें भी पहुँच जाती। बापू जो रामायण आदि पुस्तकों में से शुद्ध लिखकर लाने के लिये कहते । मैं बड़े चाव से शुद्ध और सुन्दर लिखकर बताने का प्रयत्न करती । कापियाँ देखकर बापू जी निशान कर देते थे । लड़कियों के साथ साबरमती नदी में तैरना सीखने की भी कोशिश करती । मैं सीखने के हर स्थान पर पहुँचती, पर पूरी जानकारी किसी बात की न कर सकी । आश्रम की बहनें मुझ पर हँसती रहतीं और कहतीं कि जिस वर्ग में देखो जानकी बहन हाजिर रहती है । पर वे यह नहीं जानती थीं कि मैं जहाँ की तहाँ ही रहती थी । नया पाठ लेने से चूकती नहीं, पर पिछला भूलती चली जाती ।"

"आश्रम में पाखाना सफाई का काम आश्रमवासी ही करते थे । बापू ने जीवन-साधना की शुरुआत भंगी के काम से ही मानी है । जिसको इस काम से ग्लानि हो, भय हो उसका आश्रम में रहना सम्भव न था । हम लोग भी पाखाने में ही शौच जाते थे । मैंने देखा कि वहाँ तो ब्राह्मण, पण्डित सब बिना हिचक के पाखाने की सफाई करते हैं । मैं भी एक दिन हिम्मत करके गई । मन में उत्साह जो था । नाक पर साड़ी लपेट ली और चली गई । मैले की बाल्टी में एक बांस डाल कर दो आदमी पकड़ कर खाद के गड्ढे तक ले जा रहे थे । मैले पर काफी मिट्टी पड़ी होने से बास आने या ग्लानि होने की कोई बात ही नहीं थी । मैंने भी बाँस का एक छोर पकड़ा और डरते-डरते मुँह फेरकर उसे गड्ढे तक पहुँचा दिया । मैंने यह काम कर तो दिया, पर बाल्टी पहुँचाने के बाद लौट कर सिर से पैर तक रगड़-रगड़ कर स्नान किया और गोबर लगा कर हाथ पैरों की शुद्धि की । पाखाना सफाई का यह मेरा पहला ही मौका था ।"

पंजाब की प्रसिद्ध जननेत्री श्रीमती सरला देवी चौधरानी साबरमती आश्रम में बीमार हो गई । उनको टायफाइड हो गया । उनकी सेवा करने को महात्मा गाँधी ने जमनादास गाँधी को नियुक्त कर दिया । दो-तीन दिन बाद ही सरला देवी ने बापू जी से शिकायत की कि जमनादास उनकी सेवा ठीक तरह नहीं कर सकते । गाँधी जी ने अपने पुत्र देवदास से कहा कि "कल से तुम इस काम को करना ।" पर देवदास ने कहा कि "कल मेरी भी शिकायत होगी इसलिये मेरा न जाना ही ठीक है ।" इसके बाद श्रीमती सन्तानम की ड्यूटी वहाँ लगाई गई, पर उनकी भी शिकायत हुई । यह देखकर जानकी देवी के मन में यह बात आई कि मैं भी देखूँ कि सेवा में क्या कमी रह जाती है, जिससे शिकायत का अवसर आता है । साथ ही सेवा करने का तरीका भी सीख लूँगी । वहाँ जानकी देवी को जो अनुभव हुआ वह उन्होंने इस प्रकार प्रकट किया है—

"दूसरे दिन मैं उनकी सेवा में हाजिर हो गई । धूप और अगरबत्ती जलाकर मैंने उनके कमरे में सुगन्ध कर दी । झाड़ू भी धीरे-धीरे दी । उन्होंने पेशाब का डब्बा बाहर रखने को कहा वह भी मैंने रख दिया । फिर चोटी बनाने को कहा । मैंने चोटी बनाना शुरू किया । उनके बाल बड़े लम्बे थे । मैंने चोटी बहुत धीरे-धीरे की कि कहीं कोई बाल खिंच न जाये । मेरा काम उनको ठीक लगा ।

टट्टी पेशाब का कमोड तो मैं बाहर रख देती, पर भंगी के हाथ का धोया, गीला कमोड भीतर कैसे रखूँ । इस दुविधा को मैंने गोमती बहन के सामने रखा । उसने कहा कि आप वहाँ के काम के लिये जाती हो तो वहाँ के कपड़े अलग रखो और घर के कपड़े अलग । मैंने कहा "कपड़े बदलना तो ठीक पर सिर रोज-रोज कैसे धोऊँगी ? गोमती बहन ने समझाया सिर की बात छोड़ दो ।"

"जब सरला देवी को मालूम हुआ कि मैं जमनालाल की पत्नी हूँ, तो उन्होंने कहा कि पेशाब का बर्तन बार-बार मत निकाला करो । जब टट्टी हो तब दोनों एक बार ही निकाल दिया करो । इससे संतोष हुआ, क्योंकि इस प्रकार यह काम स्नान के पहले भी हो सकता था ।"

वातावरण और सत्संग के प्रभाव से मनुष्य में कितना परिवर्तन हो जाता है, इसके लिये जानकी देवी का उदाहरण बहुत प्रभावशाली है । कहाँ तो उसका यह हाल था कि नल के पानी का छींटा पड़ जाने पर भी स्नान करती थी, चौका-चूल्हे और छुआ-छूत के नियमों का कड़ाई के साथ पालन करती थी और कहाँ दूसरों की टट्टी और पेशाब उठाने में भी संकोच छोड़ दिया । गाँधी जी के आचरण और अन्य आश्रमवासियों के उदाहरण से उसने प्रत्यक्ष देख लिया कि छुआ-छूत की अपेक्षा बहुत बड़ा धर्म पीड़ितों और आपद-ग्रस्तों की सेवा करना है । जब वह विनोबा जैसे महापुरुषों को टट्टी की सफाई करती देखती थी तब

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

उसमें किसी प्रकार के दोष का विचार कैसे करती ? आश्रम में कुछ समय रहकर उसने समझ लिया कि असली धर्म छुआ-छूत और बाह्य शुद्धता के नियमों के पालन करने में नहीं है, वरन् उससे अधिक आवश्यकता आन्तरिक शुद्धि की—सद् विचारों और श्रेष्ठ भावनाओं की है । यदि हम अपने शरीर, मन और सामग्री का उपयोग दूसरों का उपकार करने में, किसी दीन-दुःखी की सेवा में करते हैं अपने हृदय में लोक-कल्याण की भावना रखकर सार्वजनिक हित के कार्य करते हैं, तो हमारी बाह्य-शुद्धि भी शोभा की बात मानी जा सकती है । पर यदि आचरण की दृष्टि से हम संकीर्ण और स्वार्थी ही बने रहे तो ऊपरी स्नान-ध्यान का कोई खास महत्त्व नहीं समझा जा सकता ।

असहयोग आन्दोलन में देश-सेवा

जमनालाल जी ने एक प्रकार से अपनी सम्पत्ति और सामग्री तो देशोद्धार के लिये अर्पित कर ही दी थी, पर एक देश सेवक की हैसियत से उन्होंने स्वयं बार-बार जेल जाकर कष्ट भोगने में भी कमी नहीं रहने दी । जेल में उनकी स्थिति को देखकर अदालत उनको 'ए' क्लास में रखकर बहुत-सी सुविधायें देने का आदेश देती थी, पर वे कहते हैं कि जब हमारे अन्य साथी 'सी' क्लास में रहकर असुविधा सहन करते हैं तो हम 'ए' क्लास में आराम के साथ कैसे रह सकते हैं ? "इसलिये वे जान बूझ कर 'सी' क्लास में आकर वैसी ही सूखी रोटी और घटिया साग-भाजी आदि खाते थे । इसका प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर खराब पड़ा और उनको कई प्रकार की शारीरिक शिकायतें पैदा हो गईं ।

जानकी देवी हर तरह से पति की अनुगामिनी थी । जमनालाल जी के जेल जाने के बाद वह स्वयं आन्दोलन में जोरों से भाग लेने लगती और सत्याग्रह के अवसर पर मौके पर पहुँचकर सहायता का कार्य करती । वह स्वयं भी सत्याग्रह करके जेल गई, और अपने पुत्रों को भी प्रेरणा देकर जेल भेजा । जेल में भी अपने आचार विचार सम्बन्धी नियमों पर दृढ़ रही, जिससे एक बार तो बीमार होकर मरते-मरते बची । इसका वर्णन करते हुए जीवन वृत्तान्त में एक स्थान पर कहा गया है—

"जब तक मैं वर्धा-जेल में रही तब तक खाने का डब्बा घर से आता रहा, इसलिये कोई मुश्किल मालूम नहीं हुई । कुछ दिन बाद नागपुर जेल में भेजने की आज्ञा आई । मुझे डर लगा कि हे भगवान ! अब कैसे होगा ? मेरा नागपुर जाना घर वालों को मालूम न हो सका । 'गाँधी जी की जय' के नारे लगाते हुए हम जा रहे थे । जब नागपुर जेल में पहुँची तो देखा कि वह तो एक बड़े महल की तरह है । एक के बाद एक तीन-चार दरवाजे लाँघने पर एक साफ कोठरी मिली । वहाँ दस कोठरियाँ थीं । एक कोठरी में जाली का पलंग, कुर्सी आदि सामान भी था । मैंने उसी में अपने साथ लाई चीजों को घर की तरह जमा दिया ।

"नागपुर जेल के सुपरिण्टेण्डेण्ट अनुशासन में बड़े कठोर थे और कैदी उन्हें "जालिम" कहा करते थे । मैं वहाँ 'ए' क्लास में थी । उन्होंने मुझसे आवश्यक सामान आदि के बारे में पूछा । मैंने कह दिया कि "और तो जो कुछ है उसी से चल जायेगा, पर मेरा गाय के घी-दूध प्रयोग करने का ही नियम है ।" उन्होंने कहा कि गाय का दूध तो यहाँ से दे दिया जाएगा, घी घर से मँगवा सकती हो । मैंने उबले हुए साग और रोटी के लिये ही कहा, क्योंकि मिर्च खाने की मेरी आदत न थी । जब मैंने देखा कि वहाँ कैदियों में स्टोव जलाने के लिये दियासलाई की भी खींचातानी चलती है तब मैं कच्चे दूध में ही नीबू डाल कर दही जमाने लगी । खाने के लिये बैंगन का शाक और रूखी रोटी आती थी । उसी पर बिना तपा हुआ घी रखकर खा लेती ठण्डे पानी से ही नहाती और कपड़े धो लेती । हमारे यहाँ टट्टी के लोटे को मिट्टी से माँजने का रिवाज है, पर महाराष्ट्र में इस पर इतना ध्यान नहीं दिया जाता । जब कोई टट्टी होकर आता और अपनी आदत के अनुसार मेरी बाल्टी में लोटा डुबो देता तब मैं बाल्टी को फिर मिट्टी से माँजती । इस तरह मेरा नाम बढ़ता ही जाता था ।"

इस तरह जानकी देवी को जेल का खाना पीना और व्यवस्था अनुकूल सिद्ध न हुई और वह बीमार हो गई । घर पर तो सब काम ठीक समय पर नौकर कर देते थे, पर यहाँ जेल में सब कुछ अनियमित हो गया । घर में गरम पानी से स्नान आदि की आदत थी, पर यहाँ ठण्डे से ही काम चलाना पड़ता था । इससे कुछ ही दिनों में बुखार आने लगा । डाक्टर ने दवा खाने को कहा तो उसके लिये इन्कार कर दिया । दिन में तीन-चार बार टट्टी और उल्टियाँ भी होने लगीं । रात में कोठरी के भीतर कमोड पर ही टट्टी जाना पड़ता था । सात दिन में ही तेईस पौण्ड वजन घट गया । बवासीर की शिकायत पहले से ही थी । अब खून की टट्टियाँ और खून की उल्टियाँ होने लगीं । एकाध दिन तो तबियत ऐसी खराब हो गई कि बाहर इनके मरने की खबर फैल गई । पहले यह खबर किशोरलाल भाई ने सुनी पर उन्होंने जमनालाल जी को बताया नहीं । बाद में सब को खबर लग गई कि इनकी हालत बहुत खराब हो गई है । इनको जेल से अस्पताल में ले जाने को स्ट्रेचर भी आ गया, पर साथी महिलाओं ने कहा कि अब शाम को जाने से तकलीफ होगी सुबह ले जाना । इसके बाद

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दुर्गाबाई जोशी ने कहा कि मैं एक दवाई बनाकर देती हूँ, यदि उससे रात भर में फायदा हो गया तो अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा । उन्होंने चावल का माड़ बनाकर उसमें नमक तथा जीरा मिलाया और घी का छोंक देकर चटा दिया । उससे वास्तव में काफी आराम हुआ । इसके पश्चात् दही और छाछ का सेवन बताया गया । पर दही जमाने के लिये जामन का जेल में मिल सकना कठिन था, क्योंकि वे शुद्ध गाय के दूध का ही जामन भी चाहती थीं। अन्त में वह वर्धा से ही मँगाया गया और तब दही तथा छाछ का सेवन करने से स्वास्थ्य ठीक हो सका । इस अवसर पर संग में जो अन्य सत्याग्रही महिला कैदी थीं उन्होंने इनकी दिल से सेवा की और उसी से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हो सका ।

असहयोग आन्दोलन में समस्त भारत में जहाँ जेल जाने वाले पुरुषों की संख्या लाखों थी वहाँ स्त्रियों ने भी हजारों की संख्या में जेल-यात्रा की थी । यद्यपि स्त्रियाँ राजनीतिक बातों को अधिक नहीं समझती थीं, पर गाँधी जी के ऊपर उनका भगवान की तरह ही विश्वास हो गया था, इसलिये उनके आदेश को सुन कर वे सब तरह के कष्टों को सहने को तैयार हो जाती थी । पर अधिकांश जीवन घर के भीतर ही बिताने और संसार में नित्य प्रति होने वाले संघर्ष से अपरिचित होने के कारण उनकी थोड़े से परिवर्तन में ही कठिनाई जान पड़ती थी । फिर जेलखाने की तो दुनिया ही दूसरी होती है । वहाँ तो हर एक व्यक्ति को अपराधी मनोवृत्ति का समझकर उसे हर तरह से दबा कर रखने की चेष्टा की जाती है यद्यपि असहयोग में जेल जाने वाली सभी स्त्रियाँ बड़ी सभ्य, सहृदय और प्रायः ऊँचे परिवारों की ही थीं और सरकार भी इस बात को समझकर उनके साथ अधिक कड़ाई नहीं करती थी, पर फिर भी जेल के भीतर कुछ तो सख्ती बरती ही जाती है । वहाँ के कायदे कानून ही ऐसे हैं जिनसे सामान्य मनुष्य घबड़ा जाता है फिर भी जानकीदेवी वहाँ शान्ति और बिना घबराहट के रही आई, गम्भीर बीमारी हो जाने पर भी अपने नियम पर कायम रही, यह कम साहस और प्रशंसा की बात नहीं है, वह बहुत बड़े घर की महिला थी, जिसे कभी किसी बात का अभाव सहन करना ही नहीं पड़ता था, उसने जेलखाने जाकर वहाँ छः महीने बिता दिये, इसे इसकी सच्ची देश भक्ति का प्रमाण ही मानना चाहिये ।

परेशानी में भी आत्म संयम

जानकीदेवी ने राष्ट्रपिता गाँधी के आदेशानुसार गहने और पर्दा ही नहीं छोड़ा, वह मारवाड़ी समाज की एक परम्परावादी स्त्री होते हुए जेल खाने जैसे अपावन स्थान में ही नहीं हो आई, वरन् हमसे भी बढ़कर उसने यह किया कि देशोद्धार के लिये अपने पति, पुत्रों का वियोग भी स्वीकार कर लिया । जेलखानों के जीवन से अभ्यस्त न होने के कारण वहाँ बार-बार जाने से जमनालाल जी का स्वास्थ्य भंग हो गया और उनका अल्प आयु में ही स्वर्गवास हो गया । उनके दोनों पुत्रों को सत्याग्रह और सन् ४२ के आन्दोलन में जेल में कठोर यातनायें सहन करनी पड़ीं और वे मरते-मरते बचे । खैर ये बातें तो कभी-कभी ही सहन करनी पड़ती थीं, पर जमनालाल जी असहयोग आन्दोलन में इतने अधिक व्यस्त हो गये थे कि उनको अपनी पत्नी से बातें करने के लिये दो-चार मिनट का समय नहीं मिलता था । यह भी उसके लिये कम खेद की बात नहीं थी । वह जमनालाल जी की सेवा करना चाहती थी, उनको कोई तकलीफ हो तो उनकी देखभाल करने को प्रस्तुत रहती थी, पर जमनालाल जी के पीछे एक के बाद दूसरा काम और एक व्यक्ति से बात खत्म होते ही दूसरे व्यक्ति का आ जाना इस तरह लगा रहता था कि घर के भीतर कुछ मिनट भी नहीं ठहर पाते थे । इससे जानकी देवी को कभी-कभी बड़ा खेद होता था । इसका उदाहरण देते हुए उसने कहा है—

"जमनालाल जी के कान में दर्द रहा करता था । बहुत इलाज कराया पर कोई लाभ न हुआ । उसका मेरे मन पर भी बोझ रहता था । मेरी झुँझलाहट इसलिये भी थी कि वे अस्वस्थ होते हुए भी निरन्तर कार्य में लगे रहते थे । मेरे कहने का कोई असर नहीं होता था । यदि वह घर पर रहते तो आने-जाने वालों का ताँता लगा रहता था । उन लोगों की आवभगत, व्यवस्था तथा कार्यों के सम्बन्ध में बातें होती रहती थीं । उनको अतिथि सत्कार और सार्वजनिक कार्य में ही आनन्द और सुख मालूम देता था । बाहर जाते तब भी कार्यों तथा कार्यकर्ताओं के साथ बातों में लगे रहते । मोटर में, रेल में भी काम की बातें चलती रहतीं । मैं चाहती थी कि वे थोड़ा आराम करें, पर उनकी बातें क्यों रुकने लगीं । बातों में वह इतना थक जाते कि मुझे उनसे बात करने में भी दया आने लगती । गुस्सा तो मन में रहता ही, पर क्या करती ? अति प्रेम की इन दो अवस्थाओं में मेरा शरीर अस्वस्थ और कमजोर तथा मन चिड़चिड़ा रहने लगा । बात-बात में बोलने के स्थान पर रोना आ जाता था ।

"मैं चाहती कि उन्हें थोड़ा आराम मिले । मुझे उनकी सेवा करने का थोड़ा मौका मिले, पर ऐसा कुछ बनता ही नहीं था । इसका मुख्य कारण था सार्वजनिक कार्य, मेहमानों का आना जाना, सेक्रेटरियों और नौकरों से माथापच्ची । मैं सोचती थी कि ये ही बातें हैं जिनके कारण आराम का अवसर नहीं मिलता और मैं भी सेवा करने से वंचित हूँ । आदमी मोह के कारण क्या-क्या नहीं सोच लेता ? सो मैं

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

उनको परेशान और व्यस्त रखने वाली इन सब बातों से चिढ़ने लगी । वह कोई सार्वजनिक बातें करते या दौरे में साथ चलने को कहते तो मुझे गुस्सा आ जाता । इसी बात पर हम दोनों में दिनों दिन खींचा-तानी बढ़ने लगी । वह स्वयं समाधान के लिये भरसक प्रयत्न करते थे और जानते भी थे कि दोनों में यह खींचातानी क्यों हो रही है, लेकिन उनका जीवन जो पूरी तरह से सार्वजनिक ही हो गया था । वह चाहते तो भी उससे कैसे छूट सकते थे ? वे तो उसमें सिर से पैर तक डूब चुके थे । यह तो मेरा ही काम था कि मैं उनके स्वभाव और रुचि को समझकर उनका साथ देती और उनके आनन्द में अपना आनन्द मानती ।"

यहाँ पर जानकी देवी ने पतिव्रत और स्त्री-धर्म की मूल बात कह दी । पतिव्रत धूपबत्ती अथवा दीपक जलाकर पति की पूजा करने में नहीं है, वह है उनकी अन्तरात्मा में अपनी अन्तरात्मा का योग कर देने में । इसी को शास्त्रों में "गृहस्थ-योग" कहा गया है । ऐसी पत्नी एक और एक ग्यारह की लोकोक्ति के अनुसार अपने पति की शक्ति को कई गुना बढ़ा देती है । इसके विपरीत जो स्त्री शरीर से और बाह्य रूप से तो पतिव्रत का पालन करती है पर अपने मन तथा अन्तरात्मा को पति के मन तथा अन्तरात्मा के अनुकूल नहीं बनाती, उसका पतिव्रत प्रशंसा के योग्य नहीं माना जा सकता है । हमें खेद से कहना पड़ता है कि आजकल हमारी अधिकांश महिलायें, चाहे शिक्षित हों या अशिक्षित, इसी श्रेणी में आती हैं । इसी कारण हजारों व्यक्ति समाज-सेवा की इच्छा और अभिलाषा रखते हुए भी उससे वंचित रह जाते हैं । इसलिये स्त्रियों को चाहिये कि वे पतिव्रत के वास्तविक तत्व को समझें और व्यवहार में लावें जिससे वे अपने पति की सच्ची सहकारिणी कही जा सकें ।

जानकी देवी विवाह के समय बिल्कुल अपढ़ और रूढ़िग्रस्त थी, परन्तु पति के विचारों और आकांक्षाओं के अनुकूल आचरण करके उसने उनका हार्दिक प्रेम ही प्राप्त नहीं किया वरन् स्वयं महत्त्वपूर्ण समाज सेवा करके अपना मानव-जन्म भी कृतार्थ कर लिया । गहनों का लालच और पर्दे के भीतर छिपकर रहना हमारे सामाजिक जीवन के दो बड़े अभिशाप हैं, जिनके कारण समाज का आधा अंग—महिला समाज गिरी हुई अवस्था में पड़ा है । यदि महिलायें इनसे छुटकारा पा सकें तो देखते-देखते उनकी कायापलट हो जाये । तब वे भी जानकी देवी की तरह "कूपदान" जैसे समाज सेवा के बड़े-बड़े काम करने में समर्थ हो सकेंगी ।

यह ठीक है कि शिक्षा की कमी बाह्य जगत से विशेष सम्पर्क न रहने के कारण भारतीय स्त्रियाँ एक सीमित दायरे में ही बनी रहती हैं । अपना निजी परिवार और अधिक हुआ तो नाते-रिश्ते के व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी के हित-अनहित ही तरफ ध्यान देना वे अनावश्यक समझती हैं । इसका एक कारण यह भी होता है कि भारतीय समाज में स्त्री का पर-पुरुषों से किसी भी प्रकार सम्पर्क में आना—साधारण बातचीत भी करना अच्छा नहीं समझा जाता । ऐसी दशा में उनसे सार्वजनिक जीवन में भाग लेने की क्या आशा की जा सकती है । जानकी देवी भी गाँधी जी तथा विनोबा जैसे महामानवों से प्रेरणा और प्रोत्साहन पाकर भी अधिकांश में महिला समाज में ही काम करती रहीं । उन्होंने पुरुषों में खुलकर काम किया हो, ऐसा उनके जीवन वृतान्त से प्रकट नहीं होता ।

फिर भी पुरुष चाहे तो अपनी पत्नियों को सार्वजनिक सेवा के लिये बहुत कुछ उपयोगी बना सकते हैं । जानकी देवी ने लिखा है कि उसका सार्वजनिक जो कुछ है वह जमनालाल जी की ही देन है, जिसे बाद में गाँधी जी और विनोबा जी से प्रेरणा मिलती रही—

"नौ बरस की उम्र में जावरे से वर्धा अपरिचितों के बीच में रहने को गई । छोटी-सी कच्ची उम्र में ही माता-पिता से जो संस्कार मिल सके उनको लेकर ससुराल गई । जब होश सँभाला तो सास और दादा-ससुर का साया उठ चुका था, तब जमनालाल जी से सम्पर्क और परिचय बढ़ने लगा और उन्होंने मेरा जीवन अपने विचारों के अनुसार ढालना आरम्भ किया । पर वे अपनी कोई भी इच्छा मुझ पर लादते नहीं थे । जो बात अच्छी होती थी, उस ओर इशारा मात्र कर देते थे । इस प्रकार जीवन चल रहा था कि गाँधी जी आये । उन्होंने तो हमारे जीवन में तूफान की तरह प्रवेश किया । सारा जीवन ही बदल गया । उसके बाद विनोबा जी से परिचय बढ़ा । इस प्रकार मेरा जीवन आज जो कुछ है, जमनालाल जी, बापू जी और विनोबा जी का बनाया है । बापू जी को अपनी जीवन-साधना में कठिन प्रयत्न करना पड़ा था । उन्होंने बड़े नियम से, दृढ़ता से, परिश्रम से अपने जीवन को बनाया । विनोबा के लिये सब सहज है । इस प्रकार इन तीन साधकों और महापुरुषों के निकट सम्पर्क में रहने और अपनी शक्ति भर प्रयत्न करते रहने से, जैसी मैं बन सकी हूँ, उसका परिचय पाठकों को मेरी जीवन-कथा से मिल सकता है ।"

निःसन्देह हमारे देश में अभी तक स्त्रियों को समाजोपयोगी बना सकना पुरुषों के ही हाथ में है । जिस घर में पुरुष स्वयं संकीर्ण विचारों के होंगे, या स्त्रियों के

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

समाज में मिलने-जुलने को शंका की दृष्टि देखते होंगे वहाँ की स्त्रियों से किसी प्रकार की आशा करना ही व्यर्थ है । सब कुछ परिवर्तन हो जाने पर भी भारतीय स्त्री अभी तक पुरुष की आश्रित है । हिन्दू धर्म के सिद्धान्तों ने तो उसे जन्म जन्मान्तर के लिये अपने पति की "दासी" बनकर रहने की भावना पैदा कर ही दी है । सामाजिक परम्परा के अनुसार भी स्त्री का पुरुष की इच्छा के अनुकूल चलना ही प्रशस्त माना गया है, अन्यथा उसकी चर्चा और निन्दा होने लगती है । इस प्रकार स्त्रियों को देश और समाज के लिये उपयोगी बनाना अधिकांश में पुरुषों का ही काम है । हाँ इस प्रकार की सुविधा मिलने पर आगे बढ़ना तथा स्वार्थ भाव को कम करके परोपकार के कार्यों में रुचि लेना स्त्री के निजी स्वभाव और प्रयत्न पर निर्भर है ।

जैसा अनेक विद्वानों का मत है गाँधी-युग ही भारतीय समाज की काया पलट करने वाला है । हिन्दू जाति में जो अनेक प्रकार की हानिकारक परम्परायें प्रचलित थीं । उनके निराकरण का सफल प्रयास गाँधी जी ने ही किया । अछूतोद्धार के लिये उन्होंने जिस प्रकार अपनी सारी शक्ति लगादी, और अपने प्राणों की बाजी लगाकर अस्पृश्य जातियों को हिन्दुत्व के दायरे में ही रखा, उसका हाल सभी जानते हैं । उन्हीं के आन्दोलन के प्रभाव से आज अछूत जातियों के व्यक्ति राज्य-मन्त्री से लेकर कलेक्टर, कमिश्नर तक बने हुए हैं । इसी प्रकार भारतीय नारियों को अशिक्षा, पर्दे, जेवर आदि की बुराइयों से छुड़ाकर सार्वजनिक जीवन में प्रविष्ट हो सकने योग्य बनाने का श्रेय भी महात्मा जी को ही है । यद्यपि उनसे पहले ही स्त्री शिक्षा का प्रचार हो चुका था । कितने की कन्या स्कूल खुलकर कुछ स्त्रियाँ बी. ए., एम. ए. की डिग्रियाँ प्राप्त कर चुकी थीं, पर सार्वजनिक जीवन में उनका प्रवेश न हो सका था । गाँधी जी ने स्त्रियों को असहयोग और सत्याग्रह आन्दोलन में सम्मिलित करके उनकी झिझक निकाल दी और वे समझ गईं कि घर-गृहस्थी का उत्तरादायित्व सर पर रहने पर भी उनको समय आने पर समाज और देश सेवा के कार्यों में सहयोग देना ही चाहिये । जानकी देवी ऐसी स्त्रियों का एक उदाहरण है । मारवाड़ी समाज में स्त्रियों की दशा जितनी पिछड़ी हुई थी और वे अन्धविश्वासों तथा मूढ़ परम्पराओं में जितनी अधिक ग्रस्त थीं उससे कोई जानकार व्यक्ति इन्कार नहीं कर सकता । पर महात्मा जी की प्रेरणा से जानकी देवी ने स्वयं उन सबसे मुक्त होकर अपने समाज की सैकड़ों स्त्रियों को बन्धन मुक्त करके समाज सेविका बना दिया यह कम महत्त्व की बात नहीं है ।

एक जानकी देवी ही नहीं महात्मा जी के आन्दोलन की प्रेरणा से और भी हजारों स्त्रियाँ उच्च श्रेणी की समाज सेविका और देश सेवा की व्रतधारी बन गईं । उदाहरण के लिये श्रीमती सरोजिनी नायडू महात्मा जी के सम्पर्क में आने से पूर्व केवल एक प्रसिद्ध कवियत्री ही थीं और कभी-कभी कांग्रेस, कॉन्फ्रेन्सों में देश सुधार सम्बन्धी विषयों पर साधारण भाषण दे लिया करती थीं । पर सहयोग आन्दोलन में भाग लेने के उपरान्त वे देश की एक कर्मठ नेता बन गईं और फैशन तथा सुख-विलास की जिन्दगी को त्याग कर जेलखाने की रोटियाँ खाने लगीं । नमक सत्याग्रह के समय उन्होंने घंटों तक खुले मैदान में खड़े रहकर जो सहिष्णुता का भाव प्रकट किया उससे सिद्ध हो गया कि कोमल से कोमल भारतीय नारी कर्त्तव्य की पुकार सुनकर त्याग और बलिदान का महान आदर्श उपस्थित कर सकती है । इसी प्रकार अवन्तिकाबाई गोखले ने गाँधी जी के कार्यारम्भ करते ही बम्बई के सुख-समृद्धि पूर्ण जीवन को त्याग कर चम्पारन (बिहार) के पिछड़े हुए गाँवों का रहन-सहन स्वीकार किया और वहाँ रहने वाले मैले-कुचैले बच्चों तथा स्त्रियों को अपनी सेवा के बल से एक नया जीवन प्रदान कर दिया ।

उसने चम्पारन-सत्याग्रह आन्दोलन में वह काम करके दिखा दिया, जो वहाँ के निवासियों द्वारा आज तक याद किया जाता है । जानकीदेवी का सौभाग्य था कि उसे भी इस प्रकार की त्यागी और सेवाभाव सम्पन्न महिलाओं तथा गाँधी जी का सानिध्य प्राप्त हुआ, जिससे वह अपने को दीन-दुखियों की सहायिका और सेविका बनाकर अपना जीवन सफल कर सकीं ।

जातीयता और संस्कृति की संरक्षक : गोल्डामेयर

सन् १९२१ की बात है । अमेरिका में रहने वाली एक यहूदी युवती अपने कुछ साथियों के साथ, जिनमें उसका पति और बहिन भी थी, 'पाकाहोन्टास' जहाज के द्वारा पैलेस्टाइन के लिये रवाना हुई । उन दिनों पैलेस्टाइन एक रेतीला और अधिकांश में उजाड़ प्रदेश था । सन् १९१५ तक वह टर्की के सुल्तानों के अधीन था, पर प्रथम महायुद्ध में हार जाने के कारण वह ब्रिटिश गवर्नमेण्ट के अधिकार में आ गया, और उसने घोषणा कर दी कि वहाँ पर उस

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

देश के पुराने वाशिन्दों—यहूदियों को बसाया जायेगा । पैलेस्टाइन किसी समय यहूदी जाति का मूल निवास स्थान था और वहाँ पर शाह सुलेमान जैसे जगत प्रसिद्ध बुद्धिमान सम्राट शासन कर चुके थे । पर इधर कई सौ वर्षों से तुर्कों ने उस पर अधिकार कर लिया था और वह प्रायः उपेक्षित दशा में पड़ा था । देश के भीतरी भागों में कुछ लाख अरब लोग निवास करते थे और कुछ पुराने यहूदी भी इधर-उधर पाये जाते थे । सन् १९०५ से यूरोप और अमेरिका के कुछ यहूदी भी वहाँ आकर नई बस्तियाँ बसाने लगे थे, जिनका वास्तविक लक्ष्य पैलेस्टाइन में एक "जातीय गृह" स्थापित करना था । इस आन्दोलन का नेता "बेन गुरियाँ" था, जो आराम की जिन्दगी को छोड़कर अमेरिका से वहाँ आकर बस गया था ।

जब पैलेस्टाइन में अंग्रेजों का "मेण्डेटरी" शासन स्थापित हो गया तो यहूदी आन्दोलनकारियों को अपनी योजना के सफल होने की सम्भावना जान पड़ने लगी और वे अमेरिका तथा यूरोप के यहूदियों को वहाँ आकर बसने तथा पूँजी लगाकर कृषि-फार्म तथा अन्य उद्योग-धन्धे स्थापित करने की प्रेरणा देने लगे । उपर्युक्त यहूदी युवती और उसके साथी, इसी प्रेरणा से प्रभावित होकर अपना घर बार छोड़ इस लम्बी यात्रा के लिये प्रस्तुत हुए थे ।

पर संयोगवश वह समुद्री-यात्रा भी बड़ी खतरनाक सिद्ध हुई । किसी कारणवश उस जहाज के कितने ही मल्लाह और इंजीनियर असन्तुष्ट थे और उन्होंने मार्ग में बार-बार हड़ताल करके जहाज को क्षतिग्रस्त करने की चेष्टा की । इंजन घर में पानी भरकर तथा आग लगाकर जहाज को डुबाने की कोशिश की गई, पर कप्तान की सावधानी और कड़ाई से जहाज चौदह दिन के बजाय अड़तालीस दिन में किसी तरह इटली पहुँच गया । वहाँ जाने पर पता चला कि ईसाई और मुसलमान तो पैलेस्टाइन जाने वाले जहाज पर यात्रा कर सकते हैं, पर यहूदियों को टिकिट नहीं दिया जाता । यहूदी केवल ब्रिटिश गवर्नमेण्ट से मंजूरी प्राप्त करके ही उस देश में प्रवेश कर सकते थे । दूसरी बात यह थी कि अरब लोग उनका विरोध कर रहे थे और वे अवसर मिलते ही उन पर आक्रमण करने को तैयार रहते थे ।

पर अमेरिका से आने वाले इस दल के सदस्य इन सब कठिनाइयों को समझते थे और इसलिये हर तरह के उपाय करके अपने "प्राचीन देश" में जाने को कटिबद्ध थे । जब पैलेस्टाइन का टिकट न मिला तो वे दूसरे जहाज द्वारा मिस्र चले गये और वहाँ से रेल द्वारा पैलेस्टाइन जा पहुँचे ।

इटली से मिस्र जाने वाले जहाज पर एक बड़ी दिलचस्प घटना हुई । जहाज पर अंग्रेज सरकार का एक अधिकारी भी था जिसका कार्य यात्रियों के "पासपोर्ट" की जाँच करना था । वह जानकर इन युवतियों को हतोत्साहित करने के लिये कहता—"तुम पैलेस्टाइन में क्या काम करके निर्वाह करोगी ? वहाँ तो केवल खेती किसानी का ही धन्धा है ।" इस तरह वह इनको बार-बार चिड़ाता । पर २८ वर्ष बाद एक दिन ऐसा आया कि जब वही युवती, जिसका नाम "गोल्डामेयर" था पैलेस्टाइन की श्रममन्त्री नियुक्त की गई, और उक्त अंग्रेज अफसर को, जो उस समय भी वहाँ के "ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्री डिपार्टमेण्ट" में नौकरी कर रहा था, उसी की आज्ञानुसार कार्य करना पड़ा ।

जन्म और शिक्षा

गोल्डा का जन्म सन् १८९८ में हुआ । उसके माता-पिता रूस के कीव नगर के निवासी थे । पिता लकड़ी की आलमारी बनाने का कार्य करता था, पर बड़ा परिवार होने से उसे बड़ी गरीबी में निर्वाह करना पड़ता था । साथ ही रूस में यहूदियों को क्रान्तिकारी मानकर विशेष रूप से कष्ट दिये जाते थे और चाहे जब उनके मोहल्लों पर आक्रमण करके उनको लूटा-मारा जाता था । इससे परेशान होकर वह भी अन्य हजारों रूसी यहूदियों की तरह अमेरिका चला आया और "मिलवायूकी" कस्बे में रह कर रेल्वे में बढ़ई की नौकरी करने लगा । गोल्डा की माता खाद्य पदार्थों की एक दुकान करने लगी पर अब भी उनकी आर्थिक स्थिति असन्तोषजनक थी और परिवार को गरीबी में ही दिन काटने पड़ते थे ।

आरम्भ से ही इस प्रकार की गरीबी और सामाजिक अन्याय का अनुभव करने से गोल्डा की मनोवृत्ति में दृढ़ता और प्रतिकार का भाव उत्पन्न हो गया था । सन् १९०३ में रूस के एक कस्बे में रहने वाले यहूदियों पर विधर्मियों ने आक्रमण किया जिसमें ४५ निर्दोष व्यक्ति मारे गये । इस घटना के लिये देश विदेशों के न्यायप्रिय व्यक्तियों ने रूस की निन्दा की, अन्य देश के शासनाध्यक्षों ने विरोध-पत्र भेजे और यहूदियों ने एक दिन नियत करके सर्वत्र अपने धर्म मन्दिरों में उपवास किया, यद्यपि उस समय गोल्डा की उम्र केवल ५ वर्ष की थी, पर जब उसने अपनी माता और बहिन को उपवास करते देखा तो वह सब लोगों के रोकने पर भी उपवास में सम्मिलित हो गई । दोपहर के बाद घर वालों ने उसे भूखी देखकर कुछ खा लेने के लिये बहुत समझाया, पर वह अपने निश्चय पर डटी रही और अन्य लोगों ने धर्म मन्दिर से वापस आकर भोजन किया तभी उसने भी खाया ।

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अमेरिका जाने पर उसे स्वाधीनता का अनुभव हुआ, जिसका रूस में पूर्ण अभाव था । जिस दिन गोल्डा ने स्कूल में "स्वाधीनता घोषणा-पत्र" पर हस्ताक्षर किये उस दिन उसकी समझ में आया कि वाशिंगटन और जैफरसन ने संसार में क्या काम करके दिखाया था । वहाँ के वातावरण में उसका स्वाधीनता प्रेम, न्याय का पक्ष, समर्थन और जातीयता की भावना दिन पर दिन बढ़ने लगी । उसके हृदय में सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में प्रविष्ट होने की भावना भी बलवती होने लगी । जब उसकी आयु दस वर्ष की ही थी उसने अन्य छोटी लड़कियों को संगठित करके "अमेरिकन यंग सिस्टर्स सोसायटी" (अमरीका की छोटी बहिनों की संस्था) की स्थापना की । इसका उद्देश्य बहुत अधिक गरीब बच्चों को स्कूल में पढ़ाई जाने वाली किताबें दिलाना था । यद्यपि वे अपने जेबखर्च में से कुछ आने ही बचा पाती थीं, फिर भी लोगों ने उनकी इस भावना की सराहना की । "मिलवायूकी" से प्रकाशित होने वाले स्थानीय समाचार पत्र ने इस कार्य की प्रशंसा में एक लेख प्रकाशित किया कि "यद्यपि यह बहुत अल्प प्रयत्न है, पर इससे यह प्रकट हो गया कि हमारे यहाँ छोटे बच्चों को बिना आवश्यक पुस्तकों के भी स्कूल जाना पड़ता है ।" अखबार में इस संस्था की सदस्यों का चित्र भी प्रकाशित किया गया जिसके नीचे लिखा था, "प्रेसीडेन्ट गोल्डी सबसे ऊपर की पंक्ति में दाहिनी तरफ से चौथे नम्बर पर खड़ी हैं ।"

सेवा और सेवार्थ त्याग की यही आरम्भिक भावना ही आगे चलकर बहुत बड़े रूप में प्रस्फुटित हुई । उसी भावना ने हाईस्कूल तक पढ़ी एक सामान्य बढ़ई की पुत्री को स्वेच्छा से अमेरिका का सुविधापूर्ण जीवन त्याग कर पैलेस्टाइन के रेगिस्तानी प्रदेश में जाने को प्रेरित किया और सैकड़ों प्रकार के कष्ट तथा खतरे उठाकर "इसराइल" के नवीन राष्ट्र की स्थापना में महत्त्वपूर्ण सहयोग देने लायक बना दिया । हमारे देश के बालकों में सार्वजनिक हित की ऐसी भावना प्रायः देखने में नहीं आती । यदि किसी को ऐसी प्रेरणा प्राप्त होती है तो वह अधिकतर संकुचित जातीय अथवा साम्प्रदायिक क्षेत्र तक ही सीमित रह जाती है । इसी कारण हमारे यहाँ के सार्वजनिक कार्यकर्त्ता भी जात-पाँत के फन्दे से नहीं निकल पाते और राजनीतिक क्षेत्र में भी वे इसी दूषित मनोवृत्ति से काम लेते रहते हैं । यदि वे सेवा के सच्चे भाव से कार्य करते तो हमारे देश की हालत बहुत सन्तोषजनक होती ।

जातीय आन्दोलन में

गोल्डा पढ़ने में हमेशा तेज रही और अपने दर्जे में उसका नम्बर सदा प्रथम रहा । पर उसके माता-पिता उसको अधिक पढ़ाना आवश्यक नहीं समझते थे और चाहते थे कि वे घर और दुकान का काम करके परिवार की आमदनी को बढ़ाने में सहायक हो । उनकी माँ तेज मिजाज की स्त्री थी और लड़कियों को खूब डाँटती-डपटती रहती थी । इस कारण सबसे बड़ी लड़की "शाना" वयस्क होते ही घर से अलग होकर एक दूसरे कस्बे में रहने लगी थी । गोल्डा भी जब छोटे स्कूल की पढ़ाई समाप्त कर चुकी तो उसकी माता ने उसे आगे पढ़ाने की अनिच्छा प्रकट की । इस पर वह भी १५ वर्ष की आयु में ही घर से निकलकर अपनी बड़ी बहिन के पास चली गई और वहाँ पर वह हाईस्कूल में शिक्षा प्राप्त करने लगी । साथ ही फुर्सत के समय अपने बहनोई की कपड़ा धोने की दुकान पर इस्तरी (प्रेस) करने का काम भी कर लेती थी ।

जिस "डेनवर" नामक कस्बे में इन दिनों गोल्डा पढ़ रही थी, वहाँ पर टी. बी. की चिकित्सा करने वाला अस्पताल भी था । उसमें दूर-दूर के व्यक्ति स्वास्थ्य को ठीक करने के लिये आते थे । वे प्रायः शाना के यहाँ आकर चाय और लेमन आदि पीते और इधर-उधर की बातचीत करते रहते थे । वे लोग अधिकांश में पूर्वी-यूरोप के देशों के निवासी थे और उसमें समाजवादी, मार्क्सवादी, जिनोइस्ट (यहूदी-राज्य के समर्थक) आदि विभिन्न विचारों के व्यक्ति पाये जाते थे । वे लोग अपने-अपने सिद्धान्त के समर्थन में प्रायः बड़े जोश के साथ वाद-विवाद किया करते थे ।

१५ वर्ष की आयु की गोल्डा को यह राजनीति विषयक बहस बड़ी रोचक और आकर्षक जान पड़ती थी । वे लोग स्त्रियों को स्वाधीनता, समान अधिकार, वोट देने का अधिकार आदि विषयों पर भी खूब चर्चा करते थे । गोल्डा के अर्द्ध-विकसित मस्तिष्क पर इन बातों का प्रभाव पड़ता रहता था और कुछ समय बाद उसकी स्वतन्त्र प्रवृत्ति के कारण अपनी बहिन शाना से भी उसका झगड़ा-सा हो गया । गोल्डा ने आरम्भ में एक धुलाई की दुकान में काम किया और फिर एक कपड़े बेचने की दुकान में काम करने लगी । इन कामों में उसे थोड़ा ही वेतन मिलता था और समय अधिक देना पड़ता था, तो भी वह स्वाधीनता का उपयोग करके प्रसन्न थी । अधिक लम्बी और स्वस्थ होने से अब वह पूरी युवती जान पड़ती थी और अमेरिकन समाज के अनुसार कितने ही विवाहेच्छुक युवकों से उसकी मित्रता होने लगी । इन युवकों में से एक मोरिस मेरीसन था, जो यद्यपि गोल्डा की तरह निर्धन था पर जिसे पढ़ने का बड़ा शौक था । उसने अपने परिश्रम और लगन द्वारा ही स्वयं को शिक्षित बना लिया था । वह गोल्डा से राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं पर बातें किया

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

करता और विभिन्न विषयों की पुस्तकें लाकर उसे पढ़ने को दिया करता ।

गोल्डा और मोरिस की मित्रता घनिष्ठ होती गई, पर इन दोनों की प्रकृति में बड़ा अन्तर था । जबकि गोल्डा खूब बातें करने वाली, मिलने-जुलने वाली और सदा आगे बढ़ने को तैयार रहने वाली थी, वहाँ मोरिस चुपचाप रहने वाला और किसी से विशेष सम्पर्क न रखने वाला था । इसके साथ ही वह सार्वजनिक कार्यों में स्त्रियों का अधिक भाग लेना भी पसन्द नहीं करता था । इसके विपरीत गोल्डा शुरू से ही राजनीति और सामाजिक कार्यों की तरफ रुचि रखने वाली थी और निरन्तर "जिनोइज्म" (यहूदी राष्ट्रवाद) की तरफ खिंचती चली जाती थी । पर इतना अन्तर होते हुए भी मोरिस, गोल्डा की सुन्दरता और बुद्धिमत्ता के कारण उस पर हृदय से अनुरक्त हो गया । वह स्वभाव से एक 'प्रेमी' था और जिसे एक बार प्रेम कर लिया उसके साथ हर तरफ से निर्वाह करना ही उसे आदर्श जान पड़ता था । गोल्डा भी उसकी विद्या और सादगी तथा सच्चाई के कारण उसकी तरफ आकर्षित थी । इसलिये यद्यपि उनके मार्ग में अनेक बाधायें आईं । पर अन्त में वे विवाह-सूत्र में बँध ही गये ।

जिस समय मोरिस से मित्रता चल रही थी, उसी समय गोल्डा की माँ का पत्र आया कि यदि वह उसके पास आना चाहे तो उसके हाईस्कूल में पढ़ने की व्यवस्था कर दी जायेगी और वह चाहेगी तो उसके बाद नॉर्मल स्कूल में ट्रेनिंग की परीक्षा भी दे सकेगी । इस पर गोल्डा, जो अब सोलह वर्ष की हो चुकी थी "मिलावायूकी" चली आई ।

"यहूदी राज्य" की भावना

इसी समय यूरोप में प्रथम महायुद्ध आरम्भ हो गया और रूस तथा आस्ट्रिया की सरकारें उन देशों में रहने वाले यहूदियों पर अकथनीय अत्याचार करने लगीं । उनकी सेनायें जहाँ कहीं पहुँचती थीं, वहाँ यहूदियों को या तो कत्ल कर देती थीं या देश निकाला दे देती थीं । इससे समस्त संसार के यहूदियों में एक हलचल मच गई और अमेरिका के धनवान यहूदी करोड़ों रु. चन्दा इकट्ठा करके उनकी सुरक्षा की व्यवस्था करने लगे । गोल्डा पर इन घटनाओं का बहुत अधिक प्रभाव पड़ा । उसने पीड़ितों के लिये चन्दा इकट्ठा किया और इस सम्बन्ध में बड़े जोरदार भाषण देकर लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देने लगी । इसी समस्या पर विचार करते-करते वह इस निष्कर्ष पर पहुँची कि यूरोप के पीड़ित यहूदियों का प्रश्न केवल आर्थिक सहायता और उनके पक्ष मे भाषण देने से हल नहीं हो सकता, वरन् उनके लिये एक ऐसे "स्वदेश" का होना आवश्यक है, जहाँ वे किसी भी समय और बिना किसी प्रकार की कानूनी रुकावट के जा सकें । यह निश्चय करके सन् १९१५ में ही, जब वह सत्तरह वर्ष की थी, "पोआले जिओन' नामक संस्था की सदस्या बन गई । यह एक छोटी, अल्प प्रभाव वाली संस्था थी, जिसमें अधिकांश "यीडिश" भाषा बोलने वाले श्रमजीवी सम्मिलित थे । इन लोगों का निश्चय था कि वे यथासम्भव शीघ्र पैलेस्टाइन जाकर वहाँ यहूदी राज्य की स्थापना का प्रयत्न करेंगे ।

उस समय अमेरिका में 'जिओनिज्म' की प्रचारक एक और बड़ी संस्था भी थी, पर उसमें भाग लेने वाले अधिकांश में बड़े लोग या पूँजीपति थे, जो केवल जातीयता के भाव से ही इस आन्दोलन का समर्थन नहीं करते थे, वरन् जिनका मुख्य उद्देश्य पैलेस्टाइन का औद्योगिक विकास करके स्वयं भी उससे लाभ उठाना था । इसमें तो कोई सन्देह नहीं कि वर्तमान युग के पूँजीपति धन के अतिरिक्त और किसी चीज या गुण को उससे बढ़कर अधिक महत्त्व नहीं दे सकते जिस प्रकार हमारे यहाँ के सेठ साहूकार 'दान-पुण्य' के कार्यों में हजारों, लाखों रुपया लगा देने पर भी मन में उससे अधिक धन पाने की अभिलाषा रखते हैं, वही बात अमेरिका के कितने ही यहूदी पूँजीपतियों के लिये भी कही जा सकती थी ।

पर गोल्डा की भावना इस सम्बन्ध में बहुत शुद्ध और त्याग तथा बलिदान की थी । वह स्वयं बहुत गरीब घर में पैदा हुई थी, रूस में उसने स्वयं यहूदियों की दुर्दशा देखी थी, अमेरिका में भी उसने निर्धनता के कष्ट सहन किये थे, इसलिये वह पैलेस्टाइन में "यहूदी-राज्य" का समर्थन गरीब यहूदियों की सुरक्षा और हित की दृष्टि से करती थी । वह पैलेस्टाइन जाकर बसना और उसके निवास के लिये प्रयत्न करना, इसलिये पसन्द नहीं करती थी कि वहाँ उसे कुछ आर्थिक लाभ हो सकेगा, या वह अधिक आराम से रह सकेगी । वरन् उसका उद्देश्य स्पष्टतः कष्ट और सब प्रकार की असुविधायें सहकर भी अपनी जाति के उद्धार के लिये प्रयत्न करना था और वास्तव में एक उच्च आत्मा का यही कर्त्तव्य होना भी चाहिये । हम भी अपने देश में आज तिलक, गोखले, गाँधी, मालवीय और चन्द्रशेखर आजाद, भगतसिंह, सुभाष बोस आदि की मरने के बाद भी प्रतिष्ठा करते रहते हैं, उनके स्मारक बनाते हैं, जबकि दस-बीस लाख का दान देकर मन्दिर, धर्मशाला आदि बना देने वाले अथवा किसी अन्य "धर्म कार्य" के नाम पर धन देने वाले सेठ साहूकारों के नाम भी कोई नहीं जानता ।

पीड़ित यहूदियों की सेवा में अपनी अल्प शक्ति को लगाते हुए गोल्डा ने पैलेस्टाइन जाकर वहाँ 'यहूदी-राज्य'

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

की स्थापना के लिये हर प्रकार का प्रयत्न और बलिदान करने का निश्चय कर लिया । पर उसके घर वाले, उसकी बहिन, उसका भावी पति तथा अन्य इष्ट-मित्र इस विचार के पक्ष में न थे और यह सलाह देते थे कि वह अमेरिका में ही रहकर पीड़ित यहूदियों की सेवार्थ उद्योग करती रहे । इसमें तो कोई सन्देह नहीं कि पैलेस्टाइन का देश उस समय हर प्रकार की असुविधाओं और खतरों से भरा था और अमेरिका का एक गरीब आदमी भी वहाँ की अपेक्षा सुख और सुविधाओं का उपभोग करता था । पर इन सब बातों को जानते हुए भी गोल्डा ने जो पैलेस्टाइन में निवास करने का निश्चय किया उसका कारण यही था कि उसके हृदय में जातीय-प्रेम हिलोरें मार रहा था और वह अपने दुर्दशाग्रस्त भाइयों के लिये कुछ सच्ची सेवा का कार्य करने को व्याकुल थी । यही कारण था कि उस अपरिपक्व आयु में ही उसके भाषण ऐसे हार्दिक भावनायुक्त और जीशीले होते थे कि उसकी गिनती नेताओं में होने लग गई और जातीय सभाओं और कॉन्फ्रेन्सों में वह प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने लगी ।

हमारे देश की स्त्रियों की तो क्या बात पुरुषों में भी ऐसी भावना बहुत अल्प परिमाण में दिखाई पड़ती हैं । प्रथम तो यहाँ बहुत कम लोगों का ध्यान व्यक्तिगत स्वार्थ से हटकर जातीय हित की तरफ जाता है और यदि कोई इस विषय में कभी विचार भी करते हैं तो वे सामान्य चर्चा या जवानी जमा खर्च करके ही अपने कर्त्तव्य की पूर्ति समझ लेते हैं । यही कारण है कि आजकल हमारे अधिकांश आन्दोलन असफल सिद्ध होते हैं और सार्वजनिक संस्थायें कुछ दिन चलकर समाप्त हो जाती हैं । गोल्डा के जीवन-वृतान्त को हम इसलिये इतना महत्त्व देते हैं ताकि हमारे भाई-बहिन उससे शिक्षा ग्रहण करें कि जब एक साधन रहित और बहुत सामान्य पढ़ी-लिखी लड़की ने, जातीय-हित के उद्देश्य से इतना त्याग किया और दृढ़तापूर्वक संलग्न रह कर समस्त जीवन उसी के लिये निछावर कर दिया तो हम बहुत कुछ साधन और सहायक होने पर भी कोई महत्त्व की जातीय-सेवा क्यों नहीं कर सकते ?

यहूदी-समाचार पत्र का प्रकाशन

सन् १९२० में 'पोआले जिओन' की तरफ से "यीडिश" भाषा में एक दैनिक पत्र प्रकाशित करने का निश्चय किया गया, जिसका नाम "डि जीट" (दी टाइम्स) था । एक सामान्य साधनों वाली संस्था के लिये यह बहुत बड़ा और खतरनाक कार्य था, क्योंकि दैनिक पत्र में हजारों, लाखों का घाटा हो जाना बिल्कुल साधारण बात है । इसलिये पत्र का संचालन करने के लिये एक कम्पनी बनाई गई और गोल्डा को उसके शेयर बेचने के लिये भेजा गया । इस कार्य के लिये प्रति सप्ताह १५ डालर और मार्गव्यय देने का निश्चय किया गया, वह पत्र की आर्थिक स्थिति को अच्छी तरह समझती थी, इसलिये कई महीने यात्रा करने पर भी कभी होटल में नहीं ठहरी और अपने खाने का व्यय भी यथाशक्ति कम ही करती थी । यहाँ तक कि अगर वह आइसक्रीम खाती तो उसका दाम भोजन में शामिल नहीं करती थी । उसका कहना था कि "संस्था से मैं आइसक्रीम नहीं माँग सकती ।"

इतनी मितव्ययिता करते हुए भी गोल्डा परिश्रम और कार्य में किसी तरह की कसर नहीं रखती थी । जो लोग इस अखबार की निर्बल आर्थिक स्थिति के कारण उसके चल सकने में सन्देह प्रकट करते थे उनको वह "जातीय हित" के नाम पर डाँट देती थी और लोगों को ऐसे हार्दिक विश्वास के साथ समझाती थी, कि वे पत्र की सहायतार्थ तैयार हो जाते थे । एक छोटे शहर में एक जूता बनाने वाला उसकी बातों से ऐसा प्रभावित हुआ कि उसने अपने परिवार को रूस से बुलाने के लिये जो रुपया जमा किया था, वह सब अखबार के शेयर खरीदने में लगा दिया । पर जैसी सम्भावना थी, तमाम पूँजी के खत्म हो जाने पर बीस महीने बाद अखबार बन्द हो गया । चालीस वर्ष बाद जब वह राष्ट्र संघ में इसराइल की प्रतिनिधि थी, इस पर गोल्डा ने कुछ मुस्कराते हुए कहा—"मुझे अब भी उसके रुपये डूब जाने का ख्याल आता रहता है ।" पर सन् १९२० में उसके मन में इस प्रकार की भावनायें नहीं उठती थीं ।

सबसे कठिन समस्या गोल्डा के पति मोरिस की थी । प्रेम के वशीभूत होकर उसने गोल्डा की सब बातें स्वीकार करके विवाह कर लिया था । पर उसके मन में यही ख्याल था कि जैसे-जैसे अनुभव होता जायेगा और पैलेस्टाइन की कठिनाइयों का पता लगेगा तो वह वहाँ जाने का विचार छोड़ देगी, पर चूँकि गोल्डा का निर्णय किसी बाहरी लाभ या स्वार्थ के कारण न था, वरन् वह उसकी आन्तरिक जातीय भावना और परोपकार की वृत्ति से उत्पन्न हुआ था, इसलिये जैसे-जैसे कठिनाइयों और विरोध की बात सामने आने लगी वह और भी दृढ़ होती गई ।

सन् १९२१ में पैलेस्टाइन से अरब लोगों के दंगों के समाचार आने लगे । अब रहन-सहन के कष्टों के साथ ही प्राणों का खतरा भी उत्पन्न हो गया । उस अवसर पर उसको बड़ी बहिन के पति "साम" ने बड़े आग्रहपूर्वक उसको खतरे से बचकर रहने को कहा तो गोल्डा ने उत्तर दिया—"तब तो मैं वहाँ अवश्य ही जाऊँगी ।"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पैलेस्टाइन में आरम्भिक जीवन

सन् १९२३ में जब गोल्डा पैलेस्टाइन में पहुँची तो वहाँ की हालत वास्तव में बड़ी गिरी हुई और कठिन थी। उस समय तक वहाँ केवल कुछ लाख ही यहूदी थे, जिनमें से कुछ तो वहाँ के प्राचीन निवासी थे और कुछ यूरोपियन देशों से अत्याचारी शासकों के दमन के कारण प्राण बचाने को आ गये थे। ऐसे लोगों की तादाद, जो "यहूदी-राज्य" का आदर्श और उद्देश्य लेकर आये थे कुछ हजार ही थी। इनमें सबके नेता "बेनगुरियाँ" थे जो १९०५ में ही एक यहूदी उपनिवेश बसाने के उद्देश्य से पैलेस्टाइन में पहुँचे थे और वहाँ अपने साथियों के द्वारा कितने ही "सहकारी कृषि फार्मों" की स्थापना और संगठन करके विभिन्न देशों का दौरा करके होनहार नवयुवकों को पैलेस्टाइन में आकर बसने की प्रेरणा देते रहते थे। सन् १९१५ में टर्की की सरकार ने उनको "यहूदी-राज्य" के लिये षड़यन्त्र करने के अपराध से देश निकाले का दण्ड दिया। तब वे अमेरिका में भ्रमण करके वहाँ अपने "मिशन" का प्रचार करने लगे। उसी समय गोल्डा की भेंट उनसे हुई थी और उन्हीं की बातों से प्रभावित होकर उसका पैलेस्टाइन में जाकर बसने का निश्चय अटल-अचल हो गया था। वह उसी समय पैलेस्टाइन चली जाती पर युद्ध के कारण उन दिनों वहाँ जाकर कार्य कर सकना असम्भव था, इसलिये महायुद्ध समाप्त होने के पश्चात् जाने का निश्चय करना पड़ा।

ऐसे विरोधी धर्म वालों द्वारा शासित और सैकड़ों वर्षों से उजाड़ पड़े हुए देश में जाकर बसना और उसको रहने लायक बनाना सहज न था। सन् १९०६ में कुछ धनवान यहूदियों द्वारा "एमेक" की घाटी की बहुत सी भूमि खरीदकर उसमें "सहकारी फार्म" स्थापित करने की योजना बनाई गई। यह जमीन जगह-जगह पानी और कीचड़ से भरी थी और इस कारण वहाँ मलेरिया का बड़ा प्रकोप रहता था। नये बसने वालों को बड़ा परिश्रम करके सर्वप्रथम वहाँ रुके हुए पानी को निकाल कर जमीन को खेती के लायक सूखी बनाना पड़ा। उसके पश्चात् वहाँ पर धीरे-धीरे सड़कें, मकान और बस्तियाँ बसाई गईं। यह कार्य कितना कठिन था और उन सबसे पहले आने वालों ने उसको किस प्रकार स्वार्थ त्याग के भाव से किया, इस सम्बन्ध में गोल्डा के पहुँचने के कुछ ही पहले "जैवनेली" नाम के प्रमुख कार्यकर्त्ताओं ने एक कॉन्फ्रेंस में बतलाया था—

"इस समय इस प्रदेश में जो चार हजार यहूदी कार्यकर्त्ता निर्माण कार्यों में व्यस्त हैं वे ही इस देश की कायापलट करेंगे। हम सब मध्यम श्रेणी के घरों के युवक हैं, जिनको शारीरिक श्रम के कार्यों से कभी काम नहीं पड़ा। पर अब वे पैलेस्टाइन आकर सब प्रकार के कामों को करने के अभ्यस्त बन रहे हैं। चाहे सड़क और "हाइवे" बनाना हो, चाहे मैदानों को हल से जोतना हो, चाहे पत्थरों को हटाना हो, चाहे पहाड़ों में खेती करनी हो—हर कार्य में हमने इस बात का प्रमाण दे दिया है कि अभी हमारी जाति का शक्ति-स्रोत सूख नहीं गया है। हमको ही "यहूदी-जगत" के सम्मुख यह घोषणा करनी है कि हम पोलैण्ड और रूमानिया के यहूदियों को बचाकर "इसराइल" राष्ट्र का निवासी बनायेंगे।"

गोल्डा भी पैलेस्टाइन पहुँच कर इन्हीं उत्साही देशभक्तों के दल में शामिल हो गई, यद्यपि कितने ही पुराने विचारों के व्यक्ति स्त्रियों को घरेलू कार्यों, भोजन बनाने और सन्तानपालन तक ही सीमित रखना चाहते थे, पर गोल्डा और उसके जैसे विचारों की अन्य स्त्रियों ने इसको स्पष्ट रूप से अस्वीकार किया और कहा कि हम भी राष्ट्र-निर्माण के लिये वे सब काम करेंगी जिनको पुरुष कर रहे हैं। इसलिये नाजुक युवतियों ने स्वेच्छा से चट्टानों को तोड़ने और सड़कें बनाने के कार्य में भाग लेना आरम्भ किया। यह सच है कि भारी पत्थरों के उठाने अथवा कुदाल चलाने के कार्यों में वे पुरुषों की समानता नहीं कर सकती थीं, फिर भी उन्होंने किसी प्रकार के परिश्रम से हार नहीं मानी। जर्मनी में रहने वाली एक सुन्दर लड़की, जो एक यूनीवर्सिटी में पढ़ रही थी, पैलेस्टाइन आकर दूसरे ही दिन से एक कृषि फार्म पर काम करने लगी। वहाँ की तेज धूप में बारह घण्टे काम करने और भोजन में केवल उबले हुए सेम या मटर आदि खाने से उसे पेचिश की शिकायत हो गई। जब उसने व्यवस्थापिका से दलिया देने की प्रार्थना की तो उसने उत्तर दिया कि "हमारे यहाँ रोगियों के लिये कोई व्यवस्था नहीं है।" फिर भी वह अपने निश्चय पर डटी रही और आगे चलकर "इसराइल" की एक प्रमुख कार्यकर्त्ता बन गई।

सहकारी कृषि-फार्म का रहन-सहन

गोल्डा को भी आरम्भ में काफी कठिनाइयाँ सहन करनी पड़ीं यद्यपि अब कृषि फार्म में खाने-पीने की सामग्री की उचित व्यवस्था हो गई थी, फिर भी सब लोगों को पूर्णरूप से परिश्रम करके ही काम चलाना पड़ता था। आरम्भ में लोगों का ख्याल था कि गोल्डा को अमेरिकन ढंग से आराम के साथ रहने की आदत है और वह कृषि फार्म के कार्य को न कर सकेगी पर वहाँ जब उसे बादाम तोड़ने का काम दिया गया तो उसने पूरी सफलता से पूरा कर दिखाया। यद्यपि खड़े-खड़े उसकी पीठ दर्द करने लगती थी और हाथ पीले पड़ जाते थे, पर वह कभी काम

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

से पीछे नहीं हटती थी । फिर भी कई महीने की परीक्षा के पश्चात् जब गोल्डा और उसके पति को सहकारी कृषि-संस्था का सदस्य बनाने का प्रस्ताव उपस्थित किया गया तो कुछ लोगों ने उसके सम्बन्ध में एतराज किया । उनका कहना था कि यद्यपि वह एक परिश्रमी और सहिष्णु कार्यकर्त्ता है, पर अभी तक उसमें अमेरिकनों के कितने ही शौक शेष रह गये हैं । वह काम करने के बाद कितनी ही बार शाम को रेशमी मोजे पहिन लेती है, कपड़ों में शिकन पड़ जाती है, तो वह उन पर अवश्य ही इस्त्री करती है, सामूहिक रसोईघर में काम करते समय वह मेज पर आयल क्लाथ बिछाने को कहती है, अगर खाने वाले उठते समय अपनी खाने की मेजों को साफ नहीं कर जाते तो वह शोर मचाती है । ये सब बड़े लोगों के "शौक" हैं और आगे चलकर इनके कारण ऐसी और बातें होने की सम्भावना है।

सफाई की प्रवृत्ति के विरुद्ध ऐसे आक्षेप सुनकर गोल्डा को बड़ा आश्चर्य हुआ । उसने आक्षेपकर्त्ताओं को उत्तर दिया कि "आप गायों तथा अन्य पशुओं की सफाई पर तो बड़ा जोर देते हैं, तो क्या मनुष्यों को उतना भी स्वच्छ नहीं रखना चाहते ?" उसने इस विषय में किसी की बात पर ध्यान न दिया और जब उसे 'फार्म' के पाँच पशुओं की देखभाल का काम सौंपा गया और उस समय वहाँ कोई छूत की बीमारी फैली तो उसने स्नान के 'टब' को "अल्कोहल" से धोकर साफ कर लिया । लोगों ने मजाक में उसका नाम ही गोल्डा से "ब्राण्डी बेबीज" (बराँडी वाले बच्चे) रख दिया ।

गोल्डा ने अपने सब कार्यों को इतनी योग्यता और लगन के साथ पूरा किया कि छः महीने में ही उसको "मुर्गी-पालन" की शिक्षा ग्रहण करने भेज दिया गया । वहाँ से लौटकर उसने फार्म में यह कार्य आरम्भ कर दिया और उसमें पूरी तरह से सफलता प्राप्त कर दिखाई । एक वर्ष बाद वह "कृषि फार्म" की तरफ से पैलेस्टाइन की "केन्द्रीय यहूदी श्रमजीवियों की यूनियन" में प्रतिनिधि बनाकर भेजी गई । वह अन्य प्रकार से भी आवश्यकता पड़ने पर फार्म निवासी स्त्री-पुरुषों की सहायता करती रहती थी और एक प्रकार से सर्वप्रिय बन गई थी ।

पर गोल्डा के पति मोरिस को कृषि फार्म का जीवन कुछ भी पसन्द नहीं आया । पहली बात तो यह थी कि उसका शरीर ऐसा न था कि वहाँ के कमरतोड़ कार्य को कर सके । इसलिये शीघ्र ही उसे मलेरिया हो गया, जिससे उसकी चिन्ता और भी बढ़ गई । उसकी हड्डी भी टूट गई, जो बिना आपरेशन के ठीक नहीं हो सकती थी । इन सबसे अधिक खराब बात उसे जान पड़ती थी कि यहाँ पर "प्राइवेसी" (एकान्त) और सामाजिकता का सर्वथा अभाव था । अन्य लोग तो इन बातों को "आदर्श" मानते थे पर मोरिस की दृष्टि में यह देहातीपन अथवा मूढ़ता ही थी ।

कुछ समय बाद गोल्डा के मन में भी परिवर्तन की भावना आने लगी, यद्यपि सहकारी कृषि फार्म में स्थान पाना बड़ा सौभाग्य माना जाता था और जो एक बार वहाँ पहुँच जाता था वह उसे छोड़ने का कभी विचार नहीं करता था, क्योंकि वहाँ जीवन निर्वाह की बहुत स्थायी व्यवस्था थी । पर गोल्डा केवल खाने- पहिनने की व्यवस्था के लिये पैलेस्टाइन नहीं आई थी । वह उस देश के राष्ट्रीय जीवन में कुछ महत्त्वपूर्ण काम करना चाहती थी । इसलिये जब उसने अपने पति को 'फार्म' के जीवन से असन्तुष्ट देखा और यह भी अनुभव किया कि इसके कारण उन दोनों में मनोमालिन्य उत्पन्न हो रहा है, तो उसने उस स्थान को बदल देना उचित समझा ।

सार्वजनिक जीवन में प्रवेश

कुछ समय तक गोल्डा "तेल अबीव" में रही और "पब्लिक वर्क डिपार्टमेण्ट" में कैशियर का कार्य करती रही । पर इसके पश्चात् गर्भवती हो जाने से उसने वह कार्य छोड़ दिया और जेरूसलम में जाकर रहने लगी । गृहस्थी का भार पड़ जाने से वह अपना अधिकांश ध्यान बच्चों की तरफ लगाने लगी । उस समय उसकी आमदनी और भी घट गई । उधर पति को भी कोई ठीक नौकरी न मिल सकी । इस कारण सन् १६२४ से १६२८ तक चार-पाँच साल का समय उसे बड़ी कठिनाइयों में काटना पड़ा । इस सम्बन्ध में उसके जीवन चरित्र में कहा गया है—

"अपने बड़े बच्चे को एक नर्सरी स्कूल में दाखिल करने के लिये उसने वहाँ के सब बच्चों के कपड़े धोने का भार अपने ऊपर लिया, पर वहाँ पर अमेरिका की तरह धुलाई करने की मशीन न थी और गोल्डा को सब काम अपने हाथों से ही करना पड़ता था । वह एक के बाद दूसरा डोल पानी गर्म करती जाती और कपड़ों को एक लकड़ी के तख्ते पर पीट-पीट कर साफ करती । छः महीने तक "धोबिन" का काम करने के पश्चात् उसे एक अन्य प्राइवेट स्कूल में अंग्रेजी पढ़ाने की नौकरी मिल गई । उसे अपने बच्चे को पैदल या गोदी में लेकर जाना पड़ता था, क्योंकि बच्चों की गाड़ी खरीदने लायक पैसा उसके पास न था । बच्चे के लिये दूध का प्रबन्ध करने में भी कठिनाई पड़ती थी और स्वयं तो प्रायः सूखी रोटी पर ही गुजारा करना पड़ता था । यद्यपि गोल्डा के माता-पिता भी गरीब थे और उसे अपना जीवन अभावग्रस्त स्थिति में ही व्यतीत करना पड़ता था, पर यहाँ जेरूसलम में उसे बच्चों के पालने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

में उससे भी अधिक कठिनाई सहन करनी पड़ रही थी । उसके किसी पड़ौसी ने दूध देने वाले से कह दिया कि मोरिस से दूध का रुपया वसूल कर सकना कठिन होगा, तो गोल्डा को दूध मिलना भी बन्द हो गया जो मिलता वह भी बड़ी कठिनाई से ।

उसके ऊपर थोड़ा-थोड़ा करके काफी कर्ज हो जाता था । यद्यपि वह बड़ी सावधानी और मितव्ययिता से पैसा बचाती रहती तो भी महीने का अन्त होने पर मकान का किराया और खाद्य सामग्री वाले का बिल चुकाने के लिये कमी पड़ ही जाती थी । उस समय गोल्डा ने अपने सम्बन्धियों और मित्रों को जो पत्र लिखे थे उनसे विदित होता है कि दुकानदार ने उसे रोटी और "मार्गेरीन" (नकली मक्खन) उधार देने से इन्कार कर दिया था क्योंकि उसे सन्देह था कि उसका पति मोरिस दाम चुका सकेगा या नहीं ? एक पत्र में उसकी बड़ी बहिन शाना ने लिखा था कि जब उसके पास पार्सल का किराया देने को पैसे आ जायेंगे तो वह उसको फलों तथा सब्जी का एक बॉक्स भेजेगी । इसके अतिरिक्त उन पत्रों में बच्चों को बुखार, खाँसी तथा बीमारियों के होने का भी जिक्र है ।

पर गोल्डा ऐसी कठिनाइयों से घबड़ाने वाली स्त्री न थी । वह इन सबका मुकाबला अपनी आन्तरिक शक्ति तथा योग्यता से अच्छी तरह कर लेती थी । वह एक सुयोग्य गृहिणी और भोजन बनाने में चतुर थी । इस गरीबी की दशा में भी उसकी सफाई में अन्तर नहीं आया था । अब भी उसको गन्दी या असावधानी से धोयी हुई रकाबियाँ, टेबिल पर बेढंगे तौर से रखी हुई चीजें, खराब तरह से इस्त्री किया ब्लाउज बहुत नापसन्द था । पर इन सब बातों से बढ़कर शिकायत उसे इस बात की थी कि घर के इस जंजाल ने उसको इतना अधिक फँसा लिया है कि सार्वजनिक जीवन से उसका पूर्णतया सम्बन्ध विच्छेद हो गया है ।

गृहस्थी का संचालन या सार्वजनिक सेवा

इस प्रकार अपने पति के अनुरोध पर उसने सब प्रकार के सार्वजनिक कार्यों को छोड़कर अपना पूरा समय गृहस्थी में लगा दिया । इस बीच में उसके एक पुत्र और एक पुत्री भी हो गये। मोरिस का ख्याल था कि इस प्रकार माता बन जाने और गृहस्थी का भार ऊपर आ पड़ने पर गोल्डा सार्वजनिक जीवन-से पृथक हो जायेगी । पर उसकी यह आशा पूर्ण न हो सकी । न तो सन्तान-पालन और न गरीबी में घर की व्यवस्था के लिये रात-दिन परिश्रम करने से गोल्डा की मनोवृत्ति में कोई परिवर्तन हुआ । इसके सिवाय घर की आर्थिक दशा को देखते हुए भी यह आवश्यक था कि वह कोई ठिकाने का कार्य करे । इसलिये मोरिस की इच्छानुसार अपने वैवाहिक कर्त्तव्यों का ध्यान करके उसने चार वर्ष घर के भीतर व्यतीत किये और इस अनुभव के आधार पर वह इसी निष्कर्ष पर पहुँची कि उसे "यहूदी राष्ट्र" के निर्माण की दृष्टि से कोई उपयोगी काम अवश्य करते रहना चाहिये ।

जब उसके साथियों को पता चला कि गोल्डा पुनः सार्वजनिक कार्यों में भाग लेने को प्रस्तुत है तो वे बहुत प्रसन्न हुए और शीघ्र ही उसे "स्त्रियों की श्रमजीवी सहायक समिति" की मन्त्री बना दिया गया । इस कार्य के लिये उसे प्रायः दौरे पर रहना पड़ता था और घर तथा बच्चों के देखभाल की कठिन समस्या उपस्थित होती थी । गोल्डा को अपने बच्चों से काफी प्रेम था और दूर रहने पर उसे उनकी चिन्ता लगी रहती थी पर साथ ही साथ वह अपने जीवन के उद्देश्य—जातीय उत्थान की भी उपेक्षा नहीं कर सकती थी । यह एक हृदयद्रावक समस्या थी और इसका वर्णन करते हुए उसने एक बार लिखा था—

"जो माता काम पर बाहर जाती है उसका आन्तरिक संघर्ष और नैराश्य इतना अधिक होता है कि उसका दूसरा उदाहरण ढूँढ़ सकना कठिन है । ऐसी स्त्रियों में से एक श्रेणी तो उनकी होती है जो केवल आर्थिक कारणों से काम पर जाती हैं । अगर वे ऐसा न करें तो अपने बच्चों को भोजन भी न दे सकें । इसलिये उनको तथा बच्चों को इस बात का सन्तोष रहता है कि वह घर की आवश्यकता पूर्ति के लिये ही काम पर जाती हैं । पर दूसरी श्रेणी उन स्त्रियों की भी होती है जो स्वभाव से ही कुछ और कार्य भी करना चाहती हैं, जो अपने को विशाल सामाजिक जीवन से अलग नहीं कर सकतीं । वे अपने कार्य क्षेत्रों को घर के भीतर रहकर ही संकीर्ण नहीं बना सकतीं । ऐसी स्त्रियों को अवश्य ही बेचैनी और अशान्ति में रहना पड़ता है ।"

यहाँ यह प्रश्न उठाया जा सकता है कि गृहस्थी के संचालन तथा सार्वजनिक सेवा के कार्यों में जब विरोध पैदा हो जाये तो स्त्री क्या करें ? भारतीय स्त्रियाँ अभी तक इस सम्बन्ध में एक ही उपदेश सुनती आई हैं कि स्त्री का एकमात्र कर्त्तव्य पति, पुत्र और घर की रक्षा तथा देखभाल करना है । किसी जमाने में—जबकि स्मृतियाँ और पुराण लिखे गये थे, अर्थात् डेढ़, दो हजार वर्ष पहले—यह बात ठीक मानी जा सकती थी । उस समय के कृषि-प्रधान समाज की आर्थिक व्यवस्था इसके अनुकूल थी, पर वर्तमान समय में उद्योग-धन्धों के प्रधानता वाले युग में हालात बहुत कुछ बदल गये हैं । अब सुयोग्य महिलाओं को अपनी समस्त प्रतिभा और योग्यता केवल घर के भीतर की व्यवस्था और सन्तान पालन में ही लगाते रहना उपयुक्त नहीं माना जा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सकता, विदेशों में तो यह साधारण बात हो गई है कि पत्नी भी किसी रोजगार या नौकरी द्वारा उतनी ही आमदनी कर लेती है जितनी कि पति करता है । हमारे देश में भी जब कोई व्यक्ति किसी कारणवश आर्थिक संकट में पड़ जाता है, तो उसकी पत्नी शिक्षक, नर्स अथवा अपने अनुकूल ऐसी ही नौकरी करके घर का काम चलाने लग जाती है । ऐसी अवस्था में यदि बच्चे छोटे हों तो उनको थोड़ी-बहुत असुविधा सहन करनी पड़ती है, पर आमदनी के अभाव में यदि उनको भूखा-प्यासा रहना पड़े तो उस दयनीय दशा से यह हालत ठीक ही मानी जायेगी ।

गोल्डा ने इन सब बातों पर विचार करके यही निष्कर्ष निकाला कि देश और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का पालन करने के लिये यदि गृहस्थी का भार कुछ अंशों में छोड़ना पड़े तो वैसा करना उचित ही है । इसमें भी माता को सदैव मानसिक चिन्ता बनी रहती है और उसके अन्तरंग में सदा एक संघर्ष होता रहता है, पर कर्त्तव्यपालन की दृष्टि से उसे सहन करना ही पड़ता है ।

गोल्डा ने उस समय अपने मोह को नियन्त्रण में लाकर सार्वजनिक जीवन में भाग लेना आरम्भ कर दिया, तो कुछ ही वर्षों में इतना काम कर दिखाया कि पैलेस्टाइन के निवासी ही नहीं इंग्लैण्ड और अमेरिका के हजारों प्रसिद्ध पुरुष भी उसके प्रशंसक बन गये और अन्त में वह दिन आया कि "इसराइल" राष्ट्र की बागडोर उसी के हाथ में सौंपी गई । आज उसके बच्चे ऐसी माता के कारण अपने को कितना सौभाग्यशाली समझ रहे होंगे ? गोल्डा का उदाहरण भारतीय नारियों के लिये अवश्य ही प्रेरणादायक है । हमारे देशवासी यूरोपियन और अमेरिकन, महिलाओं को केवल फैशन-परस्त और आरामपसन्द समझते रहते हैं, पर वहाँ लाखों की संख्या में ऐसी स्त्रियाँ मिल सकती हैं जिन्होंने देश और समाज की सेवा के निमित्त अनेक प्रकार के कष्ट सहन किये हैं । यह सभी जानते हैं कि अमेरिका में बिजली और मशीनों से घर-गृहस्थी के कार्य करने का इतना अधिक प्रचार है कि वहाँ की स्त्रियों को हाथ से बहुत थोड़ा काम करना पड़ता है, पर गोल्डा कर्त्तव्य की पुकार सुनकर उन सब सुविधाओं को छोड़कर स्वेच्छा से पैलेस्टाइन गई, जहाँ एक उजाड़ प्रदेश को निवास योग्य बनाने के लिये कड़ा परिश्रम करना अनिवार्य था । इसका सुफल उसके समाज को और उसे भी प्राप्त हुआ । हमारे देश में अभी तक इस प्रकार समाज-हित का ध्यान रखने वाली स्त्रियाँ इनी-गिनी निकली हैं, नहीं तो अधिकांश स्त्रियाँ ऐसी ही हैं कि यदि पुरुष देश, समाज, धर्म की सेवा करने की अभिलाषा रखता हो तो उसके मार्ग में भी अड़ंगा लगाती हैं । जबकि देश की आधी आबादी इस प्रकार समाज कल्याण से उदासीन है, तो प्रगति और उन्नति की आशा कैसे की जा सकती है ?

श्रमजीवी संगठन

महिलाओं का 'लेबर यूनियन' का कार्य आरम्भ करने के कुछ ही समय बाद गोल्डा का कार्य क्षेत्र बढ़ता गया और प्रधान श्रमजीवी संगठन में भी भाग लेने लगी । उसे श्रमजीवियों की प्रतिनिधि बनाकर लन्दन भेजा गया । उसके पश्चात् उसे अमेरिका में दो वर्ष रहकर वहाँ श्रमजीवी सहायक समिति में काम करने को कहा गया । इस तरह सात-आठ वर्ष में वह देश की एक प्रमुख नेता बन गई । वह अपनी बात को साफ शब्दों में कहती थी और किसी के प्रसन्न या अप्रसन्न होने की चिन्ता नहीं करती थी । इसलिये बहुत से नाजुक मामले उसी को सौंपे जाते थे । एक बार श्रमजीवियों में बेकारी फैल जाने से श्रमजीवी नेताओं का उत्तरदायित्व बढ़ गया और उन्होंने काम पर लगे हुए कर्मचारियों से अधिक चन्दा लेने का विचार किया । पर वे लोग पहले से ही कितने ही कार्यों के लिये इतना चन्दा दे रहे थे कि अधिक चन्दे के लिये कहने की किसी की हिम्मत नहीं पड़ी । तब गोल्डा को यह कार्य सौंपा गया और उसने एक-एक कारखाने में जाकर मजदूरों से कहा कि इस समय संघ के सामने ऐसी स्थिति आ गई है कि वह इस कार्य के लिये कहीं से रुपया नहीं पा सकता । यहूदियों की सर्वोच्च व्यवस्थापिका सभा तो इस कार्य का महत्त्व समझती नहीं । अमेरिकन सहायकों से छोटे-छोटे मामलों के लिये अपील करना एक गलती होगी । उनसे हम बहुत बड़ी-बड़ी समस्याओं के लिये सहायता प्राप्त करते हैं । ऐसी हालत में पैलेस्टाइन के श्रमजीवियों का ही यह कर्त्तव्य है कि वह अपने भाइयों को भूखों मरने से बचायें । गोल्डा की बात अनेक कर्मचारियों को अनुचित तो जान पड़ी क्योंकि वे पहले ही बहुत दबाये जा चुके थे, पर उसकी स्पष्टोक्ति से उन्हें विवश होकर उसकी सलाह स्वीकार करनी पड़ी ।

अंग्रेज अधिकारियों से मुलाकात

सन् १९३६ में अरब लोगों ने फिर से उपद्रव करना और यहूदियों को मारना आरम्भ कर दिया । सन् १९३९ में इंग्लैण्ड की सरकार ने पैलेस्टाइन की स्थिति के बारे में एक "श्वेत-पत्र" प्रकाशित किया । उससे जान पड़ा कि ब्रिटिश सरकार पैलेस्टाइन का शासन यहूदियों को देने के बजाय वहाँ पर वह उनको "माइनोरिटी" (अल्पसंख्या) में ही रखना चाहती है । इससे समस्त यहूदियों में हलचल मची और संसार भर के यहूदी प्रतिनिधियों की एक कॉन्फ्रेन्स जेनेवा (स्विट्जरलैण्ड) में की गई । उसमें प्रसिद्ध यहूदी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

राजनीतिज्ञ वेजमैन ने यह सुझाव रखा कि "ब्रिटिश सरकार ने हमको दिया वचन भंग कर दिया है, पर तब भी हमको अपना रचनात्मक कार्यक्रम जारी रखना चाहिये । हमको रंज अवश्य है पर इसमें शर्म की कोई बात नहीं । हम आत्म-रक्षा के सिवाय अन्य प्रकार से हथियारों के प्रयोग का विरोध करते हैं । हम अब भी इंग्लैण्ड के "श्वेत-पत्र" में दिये गये अधिकारों से जितना बन पड़ेगा लाभ उठाने की चेष्टा करेंगे ।"

पर कॉन्फ्रेन्स की दूसरी तरफ से इसके विपरीत आवाज सुनाई दी कि "अब यहूदियों को पैलेस्टाइन में इस तरह कार्य करना चाहिये मानो वे ही शासक हैं । उनको तब तक इस तरह काम करना चाहिये जब तक वहाँ नियमानुकूल "इसराइल राष्ट्र" स्थापित न हो जाये ।"

यह आवाज, पैलेस्टाइन के गर्म दल के नेता "बेन गुरियन" की थी और गोल्डा की भी यही सम्मति थी । वह पूर्णरूप से बेन गुरियन को अपना मार्गदर्शक मानती थी और उसी के दिखाये मार्ग पर चलती थी । अंग्रेज लोग यूरोप के यहूदियों को अधिक संख्या में पैलेस्टाइन में बसाने को तैयार न थे, उधर हिटलर भी जर्मनी के यहूदियों पर अत्याचार ढा रहा था । दो-तीन दिन बाद ही यूरोप में महायुद्ध की घोषणा हो गई और यूरोप तथा अमेरिका के नेता आगामी कठिनाइयों को समझ कर कुछ घण्टों के भीतर ही अपने देशों को भाग गये, पर गोल्डा तथा उसके साथी पैलेस्टाइन वाले वहाँ ठहरे रहे और उन्होंने विभिन्न देशों के युवक कार्यकर्त्ताओं को संगठित करके एक ऐसा संगठन बनाया जो युद्धकाल में भी विभिन्न रास्तों से उन यहूदियों को पैलेस्टाइन पहुँचा रहे थे, जो हिटलर के आतंक से अपने को बचाने के लिये इधर-उधर भाग रहे थे । उस समय यूरोप में बसने वाले यहूदियों की संख्या ७०-८० लाख के लगभग थी । इनमें से लाखों को ही हिटलर ने युद्ध आरम्भ होते ही गिरफ्तार करके असीम यंत्रणायें देकर मरवा दिया, लाखों ही युद्ध के चार-पाँच वर्ष के भीतर अन्य देशों में जर्मन सैनिकों और उनके सहकारियों द्वारा नष्ट कर दिये गये । फिर भी लाखों व्यक्तियों की रक्षा पैलेस्टाइन के जातीय नेताओं के प्रयत्नों से हो सकी ।

इन दिनों गोल्डा को निरन्तर अत्यधिक परिश्रम करना पड़ता था । वह निरन्तर गुप्त और प्रकट मीटिंग में भाग लेकर पैलेस्टाइन को अधिक संगठित और शक्तिशाली बनाने के लिये उद्योग करती रहती थी । विरोधी अरब लोगों के आक्रमणों से बचने के लिये भी सुरक्षा की व्यवस्था करनी पड़ती थी । इसके लिये युवकों का एक गुप्त संगठन बनाया गया था जो छिपे तौर पर हथियार इकट्ठे करके अवसर पड़ने पर आक्रमणकारियों का सामना करने को तैयार रहता था । सन् १९४३ में सिरकिन और रिचलिन नामक दो यहूदी सैनिक (स्वयंसेवक) अंग्रेजी सेना के हथियारों की चोरी के अभियोग में पकड़े गये । इस मुकदमे में गोल्डा को भी गवाह के रूप में बुलाया गया । उस अवसर पर उसने अंग्रेज अधिकारियों से जिस निर्भयता से बातचीत की उससे उसका प्रभाव अपने सजातियों में और भी अधिक बढ़ गया ।

जब फौजी अदालत के अध्यक्ष ने उससे कहा कि "आप तो एक शान्तिप्रिय, कानून मानने वाली महिला हैं ?" तो उसने कहा कि "मैं अभी तक किसी अपराध के लिये दोषी नहीं बनाई गई हूँ ।" तब अध्यक्ष ने उसके भाषण का एक अंश पढ़कर सुनाया जिसमें कहा गया था, हम श्रमजीवी पैलेस्टाइन में किसी प्रकार के "फासिज्म" (अत्याचारी सैनिक शासन) के फैलने का मुकाबला करेंगे । इस देश में यहूदियों का संगठन पूर्णरूप से "श्वेत-पत्र" का विरोधी है और जो लोग उसका समर्थन करेंगे हम बराबर उनका मुकाबला करते रहेंगे । पिछले बीस वर्षों से हम अंग्रेज सरकार पर विश्वास करते आये हैं कि वह हमारे साथ न्याय करेगी, पर उसने अन्त में धोखा दिया । हम अपने युवकों को आक्रमण के लिये नहीं वरन् आत्मरक्षा के लिये हथियार चलाना सिखाते हैं । अगर कोई उनको दोषी ठहराता है तो पैलेस्टाइन के सभी यहूदी दोषी हैं । इंग्लैण्ड की सरकार यदि यह सोचती है कि वे हमारे साथ कैसा भी व्यवहार करें, हम उसे सहन करते रहेंगे, तो यह उसकी भूल है । पैलेस्टाइन में इतने जेलखाने और कैदियों को रखने के "कंसैन्ट्रेशन कैम्प" नहीं हैं जिसमें आत्मरक्षा के लिये प्रस्तुत समस्त यहूदियों को बन्द किया जा सके ।

"गोल्डा ने अपने भाषण में कही इन बातों को अदालत के समक्ष भी स्वीकार किया और कहा कि निःसन्देह हम आत्मरक्षा के लिये हथियारों का प्रयोग करेंगे और जो यहूदी यूरोप से प्राण बचाने के लिये भाग रहे हैं और अंग्रेजी सरकार के रोकने पर भी गैरकानूनी ढंग से यहाँ आने की चेष्टा कर रहे हैं उनकी भी हम यथाशक्ति सहायता करेंगे।"

"एक दूसरे अवसर पर पैलेस्टाइन की समस्या की जाँच करने वाली 'ऐंग्लो-अमेरिकन कमेटी' के सदस्यों के सामने भी उसने स्पष्ट रूप से कहा कि हम पैलेस्टाइन में 'माइनोरिटी' (अल्पसंख्या) में रहने को तैयार नहीं हैं । मैं जानती हूँ कि इस संसार के विभिन्न देशों में यहूदियों पर जो अन्याय, अत्याचार हो रहे हैं उसका कारण उनका कोई व्यक्तिगत दोष नहीं है वरन् उनका दोष यही है कि वे सब जगह "अल्पसंख्य" हैं । इसलिये संसार में एक स्थान तो

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

ऐसा होना चाहिये, जहाँ वे 'अल्पसंख्य' न माने जायें और इच्छानुसार आ सकें ।''

जब गोल्डा से प्रश्न किया गया कि ''वह हिब्रू भाषा की शिक्षा पर जोर क्यों देती है ? किसी ऐसी भाषा को सिखाने का प्रस्ताव क्यों नहीं करती जिसे अन्य लोग भी समझ सकें ?'' तो उसने कहा, ''हिब्रू हमारी मातृभाषा है । क्या हम यह नहीं कह सकते कि जब इन्टरनेशनल कॉन्फ्रेन्सों में अन्य लोग विभिन्न भाषाओं में बोलते हैं तो हमको उनकी बात समझने में कठिनाई होती है । जिस प्रकार अंग्रेजी आपकी भाषा है, फ्रेंच फ्रांसीसियों की भाषा है, चाइनीज वहाँ के निवासियों की भाषा है, उसी प्रकार हमारी भाषा भी 'हिब्रू' है । अन्य देश वालों से तो कोई यह नहीं पूछता कि वह उस भाषा को क्यों बोलते हैं ? तब हम पर ही अपनी भाषा बोलने के कारण क्यों एतराज उठाया जाये ? वैसे अन्य देश वालों से व्यवहार करने के लिये हम अपने हाईस्कूलों में अरबी और अंग्रेजी की शिक्षा भी देते हैं ।''

इस प्रकार प्रत्येक महत्त्व के अवसर पर गोल्डा ने यहूदियों की जातीयता और उनकी भाषा तथा संस्कृति की रक्षा के लिये कार्य और विचारों के रूप में जो कुछ प्रयत्न किया, उससे उसकी लोकप्रियता निरन्तर बढ़ती चली गई । दूसरी ओर अंग्रेज सरकार के अधिकारी भी उसकी स्पष्टवादिता तथा न्यायानुकूलता के कारण उसका सम्मान करते थे । यद्यपि पैलेस्टाइन में होने वाले सभी गुप्त और प्रकट कार्यों में उसका सहयोग रहता था, कितने ही कार्यों का तो वह संचालन करती ही थी, पर अपनी योग्यता और वार्तालाप के ढंग से उसने न तो किसी बात का भेद खुलने दिया, और न आन्दोलन की किसी प्रकार अप्रतिष्ठा होने दी ।

गुप्त रेडियो और उपवास आदि

एक दिन गोल्डा ने अपनी एक अमेरिकन सहयोगिनी को सूचना दी कि अंग्रेजी सरकार की ''सेंसरशिप'' के कारण हमारे कार्यों और आन्दोलन के समाचार पैलेस्टाइन की जनता को नहीं मिल पाते, इसलिये हमने अपना एक गुप्त रेडियो स्टेशन खोलने का निश्चय किया है, जिसका नाम 'कोल इसराइल' (इसराइल की आवाज) होगा । उसमें तुम्हें अंग्रेजी में ब्रॉडकास्ट करना होगा । हिब्रू और अरबी में दूसरा व्यक्ति बोलेगा । जैसे ही ब्रॉडकास्ट समाप्त होगा रेडियो की मशीन को अलग-अलग करके वहीं छुपा दिया जायेगा और बोलने वाले भी तुरन्त ही वहाँ से बाहर चले जायेंगे । यह ब्रॉडकास्ट का कार्य प्रतिदिन किसी नये स्थान से किया जायेगा जिससे अंग्रेज अधिकारी उसका पता लगाकर रोक न सकें । उनके पास राडार और अन्य हर तरह के वैज्ञानिक यन्त्र हैं जिनके द्वारा वे इसके स्थान को ढूँढ़ सकते हैं । वैसे ब्रॉडकास्ट होते समय वह स्थान हमारे सैनिक जासूसों द्वारा घिरा रहेगा, जो कोई घटना होने पर तुरन्त सीटी बजाकर खबर दे देंगे । वे दो-चार मिनट में ही मशीन को छिपाकर छतों पर जाकर इधर-उधर कूद जायेंगे । उनको इस कार्य के लिये प्रशिक्षित किया गया है ।

यह रेडियो का कार्य काफी समय तक चलता रहा, पर अंग्रेजी गुप्तचर उसका पता कभी न लगा सके । गोल्डा ने भी ब्रॉडकास्ट करने वाली महिला से एक बार के सिवाय फिर कभी इस सम्बन्ध में शब्द नहीं कहा क्योंकि यह निश्चय कर लिया गया था कि ऐसे गुप्तकार्यों के सम्बन्ध में कभी चर्चा ही न की जाये और न उसमें भाग लेने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में कुछ पूछताछ की जाये, इसी उपाय से पैलेस्टाइन में 'यहूदी-राज्य' के संस्थापक अपनी योजनाओं को गुप्त रूप से पूरा करते हुए अन्त में लक्ष्य तक पहुँच गये ।

उन्हीं दिनों यूरोप से भागने वाले कई शरणार्थियों का एक जहाज अंग्रेजी सरकार के कहने पर इटली के बन्दरगाह पर रोक लिया गया । इस पर शरणार्थी भूख हड़ताल करने लगे । जब यह समाचार पैलेस्टाइन पहुँचा तो वहाँ भी बड़ी हलचल मची और गोल्डा ने प्रस्ताव किया कि हम लोगों को भी अपने विपदाग्रस्त भाइयों के साथ उपवास करना चाहिये । इस उपवास में केवल प्रमुख संघों के चुने हुए प्रतिनिधि ही भाग ले सकते थे । इसका आशय यह नहीं था कि प्रसिद्ध नेताओं के उपवास करने से इंग्लैण्ड की जनता पर विशेष प्रभाव पड़ेगा, वरन् यह बात भी दृष्टिगोचर रखी गई थी कि इस महत्त्वपूर्ण कार्य में उन्हीं को स्थान दिया जाये जो पर्याप्त जातीय सेवा करके उसके लिये अपनी योग्यता सिद्ध कर चुके हों । एक शर्त यह भी रखी गई थी कि उपवास करने वालों का स्वास्थ्य ऐसा हो कि वे शीघ्र ही असमर्थ न हो जायें । इसलिये उनमें से प्रत्येक को डॉक्टर का सर्टीफिकेट पेश करना भी आवश्यक था ।

जिस समय की यह घटना है उसी समय गोल्डा बीमारी से उठकर अस्पताल से अपने घर आई थी । अभी उसमें काफी कमजोरी थी, इसलिये उसके डॉक्टर ने सर्टीफिकेट देने से इन्कार कर दिया । इस पर गोल्डा ने हठपूर्वक कहा कि, सर्टीफिकेट नहीं मिलेगा तो मैं घर पर ही निजी तौर पर उपवास करूँगी, क्योंकि भूख हड़ताल का प्रस्ताव मैंने ही किया है । डॉक्टर उसकी हठीली प्रकृति को जानता था, इसलिये उसने विचार किया कि घर पर उपवास करने की अपेक्षा सुयोग्य डॉक्टरों के निरीक्षण में सबके साथ

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

उपवास करना ही ठीक रहेगा । तब उसने गोल्डा को सर्टीफिकेट दे दिया ।

उपवास "ज्यूइश एजेन्सी" के जेरूसलम स्थित भवन में आरम्भ किया गया, जिससे अंग्रेज अधिकारियों पर उसका पूरा प्रभाव पड़ सके । दो दिन तक तो उपवास करने वाले एक जगह इकट्ठे होकर विचार विमर्श करते रहे पर तीसरे दिन जब वे कमजोर पड़ने लगे तो अधिकांश रात्रि में अपने कमरों में ही पड़े रहने लगे । चौथे दिन प्रसिद्ध अमेरिकन लेखक हेरल्ड लास्की का तार रोम में आया कि शरणार्थियों के जहाज को छुड़ाने की व्यवस्था कर रहे हैं, उपवास बन्द कर दिया जाये । पर उपवास करने वालों ने उत्तर दिया कि जब तक इस सम्बन्ध में सरकार कोई वचन न दे उपवास का तोड़ना सम्भव नहीं । उसी दिन अमेरिका के भी कितने ही लखपती यहूदियों ने इस सम्बन्ध में सहानुभूति प्रकट करने के लिये उपवास करने की घोषणा की पर तब तक सरकार ने जहाज को छोड़ दिया और मामला समाप्त हो गया ।

सशस्त्र संघर्ष का आरम्भ

"ऐंग्लो-अमेरिकन" कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि इस वर्ष एक लाख यहूदियों को पैलेस्टाइन में जाने दिया जाये । पहले तो इंग्लैण्ड की सरकार ने इसे मान लिया पर महीने भर बाद वह कहने लगी कि यदि इतने यहूदी भेजे गये तो अरब लोगों का उपद्रव खड़ा हो जायेगा जिसे रोकने के लिये हमें एक "डिवीजन" सेना वहाँ भेजनी पड़ेगी । इंग्लैण्ड के इस पक्षपातपूर्ण रुख को देखकर पैलेस्टाइन के आन्दोलनकारी बिगड़ गये और उन्होंने निश्चय किया कि अब हम वह कार्य कर दिखायेंगे, जिससे इंग्लैण्ड को एक डिवीजन से भी अधिक सेना इस देश में भेजनी पड़ेगी । बस उन्होंने १६ जून, १९४६ को आधी रात के समय तमाम पुलों को उड़ा दिया, अन्य देशों को जाने वालों रास्तों को काट दिया और इस प्रकार पैलेस्टाइन ने अंग्रेजी हुकूमत को कुछ घण्टों में ही अपंग कर दिया ।

अंग्रेजी सरकार ने भी इसके उत्तर में जोरों से दमन आरम्भ किया और समस्त नेताओं तथा कार्यकर्त्ताओं को पकड़कर काँटेदार तारों से घिरे कैम्प में बन्द कर दिया । जब गिरफ्तारियाँ होने लगीं तो कुछ लोगों ने दौड़कर गोल्डा को खबर दी ताकि कहीं छुपकर वह गिरफ्तारी से बच सके, पर उसने ऐसा करने से इन्कार कर दिया । वह देश के लिये कष्ट सहन करने में किसी से पीछे नहीं रहना चाहती थी । पर अंग्रेज अधिकारियों ने कुछ सोचकर उसको नहीं पकड़ा । वह इससे जरा भी खुश नहीं हुई, क्योंकि जब सब नेताओं के पकड़े जाने पर उसी को "ज्यूइश एजेन्सी" का अध्यक्ष बनाया गया और तब अंग्रेज अधिकारियों से सब प्रकार की बातचीत और समझौता करने का भार उसी पर आ पड़ा । पहले तो लोगों को सन्देह था कि वह पुराने अध्यक्ष और नेताओं की तरह विद्वान और राजनीतिक मामलों में अनुभवी नहीं है । अभी तक लोग उसे एक प्रभावशाली भाषणकर्त्ता के रूप में ही जानते थे, इसलिये वे सोचते थे कि शासन सम्बन्धी पेचीदा समस्याओं और विभिन्न विभागों की व्यवस्था वह ठीक तरह नहीं कर सकेगी पर गोल्डा ने इस पद पर रहकर भी बड़ा काम कर दिखाया । वह यहूदी राज्य के लिये बराबर अंग्रेज अधिकारियों से संघर्ष करती रहती थी, पर उसका व्यवहार ऐसा सदाशयतापूर्ण रहता था कि वे कभी रुष्ट नहीं होते थे । पैलेस्टाइन के हाई कमिश्नर मि. कर्निंगहम उससे बहुत सन्तुष्ट थे और उसके सद्भावपूर्ण व्यवहार का परिणाम यह हुआ कि कितने ही अधिकारी यहूदियों की माँग के अनुकूल हो गये और सन् १९४९ में इसराइल को स्वराज्य का अधिकार दे दिया गया ।

पर सबसे अधिक कठिन समस्या "इसराइल" राष्ट्र के स्थापित होते ही आई । अरब लोगों ने घोर उपद्रव मचा दिया और आसपास के अरब शासक भी उस पर आक्रमण करने की तैयारी करने लगे । इसका मुकाबला करने के लिये सैन्य सामग्री खरीदना आवश्यक था और यह काम एक-दो करोड़ का नहीं, वरन् पचासों करोड़ रु. का था । तब गोल्डा कर्ज और चन्दे के रूप में धन इकट्ठा करने अमेरिका गई । यद्यपि स्वयं इसराइल के खजान्ची ने कहा था कि अमरीका से पचास-साठ लाख डालर से अधिक ऋण न मिल सकेगा पर गोल्डा ने ढाई महीने में ५ करोड़ डालर इकट्ठा करके दिखा दिया । उसी समय यूरोप में मौजूद दूतों ने टैंक, वायुयान और गोला-बारूद खरीदकर पैलेस्टाइन को रवाना कर दिया और वहाँ की सेना जोरों के साथ अरबों का मुकाबला करने योग्य बन गई । उस अवसर पर इसराइल राष्ट्र के सर्वप्रथम प्रधानमन्त्री बेनगुरियो ने कहा—"किसी दिन जब इसराइल राष्ट्र का इतिहास लिखा जायेगा, तो लोग जान सकेंगे कि एक ऐसी यहूदी स्त्री थी जिसने धन इकट्ठा करके दिया और उसी से राष्ट्र का स्थिर रह सकना सम्भव हुआ ।"

अरब लोगों से मार-काट आरम्भ हो जाने पर गोल्डा अरब स्त्री का वेश धारण करके जार्डन के बादशाह अब्दुल्ला के पास गई । अरबों के देश में इस प्रकार चालाकी से घुस जाना बड़ा खतरे का काम था, जिसमें कदम-कदम पर किसी की गोली का शिकार हो जाने का भय था, पर देश की खातिर वह अपने प्राणों की बाजी लगाने को तैयार हो गई । यद्यपि शाह अब्दुल्ला ने उसके प्रस्ताव को पूरी तरह

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

से स्वीकार तो नहीं किया, फिर भी आक्रमण में कुछ ढील आ गई और इसराइली अपनी तैयारियाँ कर सके ।

शाह अब्दुल्ला से बातचीत करते समय गोल्डा ने जिस कौशल का परिचय दिया उससे उसकी राजनीतिज्ञता तथा निर्भीकता पर अच्छा प्रकाश पड़ता है । सबसे पहले उसने अब्दुल्ला को उसके वायदे की याद दिलाई कि वह "इसराइल राष्ट्र" की स्थापना के लिये पहले जो वचन दे चुका है उसे अब पूरा करने चाहिये । अब्दुल्ला ने उस वायदे से इन्कार तो नहीं किया पर कहा कि "उस समय मैं समझता था कि अपना मालिक मैं स्वयं ही हूँ, पर अब परिस्थिति बदल गई है और मैं कोई कार्य अपनी मर्जी से करने को स्वतन्त्र नहीं हूँ । फिर भी अगर यहूदी स्वतन्त्र राष्ट्र स्थापित करने की घोषणा न करें और पैलेस्टाइन में बाहर के यहूदियों का आना बहुत समय के लिये रोक दें तो युद्ध का होना रोका जा सकता है । एक वर्ष के बाद मैं पैलेस्टाइन को जार्डन के साथ मिला दूँगा और यहूदियों को पार्लियामेण्ट में यथोचित प्रतिनिधित्व प्रदान करूँगा । मेरा व्यवहार यहूदियों के प्रति सदाशयता तथा उदारता का रहेगा । अगर यहूदी युद्ध आरम्भ कर दें और उसके फलस्वरूप उनके द्वारा अब तक की गई कृषि तथा उद्योग-धन्धों की उन्नति नष्ट हो जाये तो यह बड़े खेद की बात होगी । मैं नहीं समझता कि आप लोग स्वतन्त्र राष्ट्र की घोषणा के लिये ऐसी जल्दबाजी क्यों कर रहे हैं ।"

गोल्डा ने नम्रतापूर्वक उत्तर दिया—"जो जाति दो हजार वर्ष से अपने अधिकारों के लिये राह देखती रही है उसे जल्दबाज कैसे कहा जा सकता है ! मैं तो समझती हूँ कि यहूदी जरूरत से ज्यादा धैर्य धारण किये रहे, इसी से उन पर अन्याय किया जाता रहा ।" गोल्डा ने यह भी कहा कि अब्दुल्ला अरब लोगों को दी जाने वाली भूमि को अपने राज्य में शामिल करना चाहे तो उस सम्बन्ध में हम समझौते के लिये तैयार हैं । वैसे इस समय यहूदी कुछ महीने पहले की अपेक्षा बहुत शक्तिशाली हो गये हैं अगर उनको युद्ध में घसीटा ही गया तो वे किसी भी स्थान पर उसके लिये तैयार हो जायेंगे ।

अब्दुल्ला ने कहा कि—मैं यहूदियों की शक्ति को समझता हूँ कि वे आक्रमणकारी को हटा सकते हैं । मैं अपने पुराने वायदे को भी स्वीकार करता हूँ, पर तब से बहुत-सी नई बातें हो चुकी हैं । तब मैं अकेला कर्त्ता-धर्त्ता था पर अब मैं पाँच शासकों के गुट में से एक हूँ ।

गोल्डा ने मौका देखकर कहा कि "आप यह समझ लें कि केवल यहूदी ही आपसे मित्रता रखते हैं ।" इस पर अब्दुल्ला ने सर हिलाकर कहा कि "इस सम्बन्ध में मुझे किसी प्रकार का सन्देह नहीं है और मैं आपकी मैत्री-भावना में विश्वास रखता हूँ । मैं हृदय से यह विश्वास करता हूँ कि भगवान ही यहूदी लोगों को फिर से पैलेस्टाइन में वापस लाया है । आप लोग "सेमेटिक नस्ल" के विशेष व्यक्ति हैं और आपके ज्ञान तथा उत्साह के द्वारा ही इस प्रदेश की वास्तविक उन्नति हो सकती है । हम सब आपस में सहयोग का भाव रखकर ही प्रगति-पथ पर बढ़ सकते हैं । मैं इन सब बातों को अच्छी तरह जानता और समझता हूँ, पर परिस्थितियाँ बहुत कठिन हैं । इस समय बिना सोचे-समझे कोई कदम उठाना खतरनाक है और इसीलिये मैं आपसे धैर्य रखने को कहता हूँ ।"

गोल्डा, अब्दुल्ला की नीतिज्ञता को अच्छी तरह समझती थी इसलिये उसकी चिकनी-चुपड़ी बातों में न आकर उसने स्पष्ट शब्दों में कहा—"हम आपको इस विषय में भ्रम में नहीं रखना चाहते और इस बात को बिल्कुल स्पष्ट कर देना चाहती हूँ कि हम आपके इस प्रस्ताव पर किसी हालत में कभी विचार भी नहीं कर सकते । हमारे सामने बहुत-सी कठिनाइयाँ हैं, तो भी विजय हमारी ही होगी । सम्भवतः युद्ध के पश्चात् हम फिर मिलेंगे, जबकि "इसराइल" राष्ट्र की स्थापना हो चुकेगी ।"

इस प्रकार गोल्डा ने एक चतुर राजनीतिज्ञ की तरह अपने विरोधी अरब शासकों में मे एक प्रमुख व्यक्ति को प्रत्यक्ष नहीं तो अप्रत्यक्ष रूप से अपने अनुकूल बना लिया । इसके परिणामस्वरूप युद्ध कुछ समय रुका रहा और इस बीच में यहूदियों ने अपनी शक्ति अधिक से अधिक बढ़ा ली । युद्ध में गोल्डा ने भी अपनी कर्त्तव्यपूर्ण शक्ति को योग्यता से निबाहा और अन्त में उसके कथनानुसार यहूदियों की ही विजय हुई ।

इसराइल की स्थापना के बाद ही गोल्डा को राजदूत बनाकर रूस भेजा गया । वहाँ के यहूदियों ने उसका ऐसे उत्साह से स्वागत किया कि यहूदियों के "सिनागोग" (धर्म मन्दिर) में उसे देखने के लिये ४० हजार व्यक्तियों की भीड़ लग गई । इसके पश्चात् जब राष्ट्र संघ में अरब प्रतिनिधियों की बातों का उत्तर देने को उसे इसराइल का प्रतिनिधि बनाकर भेजा गया तो वहाँ भी उसने अपना प्रभाव अच्छी तरह जमा लिया । उसी वर्ष उसे इसराइल के 'श्रम मन्त्री' के पद पर नियुक्त किया गया । इस पद पर सात-आठ वर्ष तक कार्य करके उसने मजदूरों के लिये सस्ते और सुविधाजनक मकान बनाये जाने की व्यवस्था की । सन् १९५६ में वह विदेश मन्त्री बना दी गई । इन आठ वर्षों में उसने प्रयत्न करके चालीस देशों से इसराइल राष्ट्र का राजनीतिक सम्बन्ध स्थापित किया । सन् १९६५

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

में आपने विश्राम लेने के विचार से नये चुनावों में भाग नहीं लिया और दो वर्ष तक अपनी पुत्री के पास एक कृषि फार्म में निवास करती रहीं । जब इसराइल के प्रधानमन्त्री एशकोल का देहान्त हुआ तो मित्रों के बहुत अधिक आग्रह करने पर आप श्रमजीवी दल की तरफ से चुनाव के लिये खड़ी हुईं और १८ मार्च, १९६९ को देश की सर्वोच्च शासक चुन ली गईं ।

इस प्रकार एक महिला के चुनाव में सफल होने से इसराइल में एक नये युग के आगमन की सम्भावना है । अभी तक उसकी बहुत कुछ शक्ति और आर्थिक साधन विरोधी अरब राष्ट्रों से युद्ध की तैयारी करने में खर्च हो जाते हैं । गोल्डामेयर ने इसी अगस्त (१९७०) में स्वेज नहर आदि जीते हुए स्थानों से सेना हटाकर ऐसा कदम उठाया है, जिससे शान्ति की आशा हो गई है । यद्यपि संसार की राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए हम दीर्घकालीन स्थायी शान्ति की आशा तो अभी नहीं कर सकते, पर श्रीमती गोल्डा मेयर के इसराइल की संचालिका होने से यह विश्वास किया जा सकता है, वे जहाँ तक सम्भव होगा अपनी तरफ से युद्धाग्नि को भड़काने का कोई कार्य नहीं करेंगी और समझौते और शान्ति के लिये प्रयत्नशील रहेंगी ।

वर्तमान समय में गोल्डा मेयर का एक ऐसे राष्ट्र का प्रधान संचालक नियुक्त किया जाना, जो आकार और जनसंख्या की दृष्टि से छोटा होने पर भी विश्व की राजनीति को प्रभावित कर रहा है, एक बड़ी महत्त्वपूर्ण घटना है । वर्तमान समय में युद्ध से उकताया और भयभीत हुआ संसार चिरस्थायी शान्ति के लिये अनेक प्रस्तावों पर विचार विमर्श कर रहा है । उनमें से एक प्रस्ताव यह भी है कि अब शासन की बागडोर स्त्रियों के हाथ में दी जानी चाहिये । पुरुष शासनकर्त्ता बनकर बड़े अन्याय और जुल्म कर चुका, कत्लेआम की आज्ञा देकर लाखों निरपराध और निरीह व्यक्तियों के खून से भूमि को लथपथ कर चुका, धर्म के नाम पर असंख्यों व्यक्तियों को प्रज्ज्वलित अग्नि में झोंक चुका । अब उसका युद्धोन्माद यहाँ तक बढ़ चुका है कि वह एटम और हाइड्रोजन बमों द्वारा समस्त संसार में एक साथ महाप्रलय का दृश्य उपस्थित करने की धमकी दे रहा है । इस स्थिति को देखकर अनेक विचारकों का ध्यान इस तरफ आकर्षित हुआ है कि यदि शासन की शक्ति स्त्रियों के हाथ में दे दी जाये तो वे राजनीति की गतिविधियों को नया मोड़ देने में समर्थ हो सकती हैं । सभी स्त्रियों में मातृहृदय होता है और वह जहाँ तक सम्भव होगा खून-खराबे का अवसर कम से कम आने देंगी ।

गोल्डा मेयर ने भी शासन की बागडोर सम्भालते ही उपर्युक्त मार्ग का अनुसरण आरम्भ कर दिया है यद्यपि वह अपने राष्ट्र के सम्मान और सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देना चाहती तो भी उसने अपने आरम्भ के ही भाषण में यह घोषणा कर दी है कि—"I don't know when peace will come, but I have no doubt that it will come." (मैं नहीं जानती कि शान्ति कब तक हो सकेगी, पर इसमें मुझे कुछ भी सन्देह नहीं कि वह अवश्य आयेगी ।)

लेकिन इसराइल और अरब राष्ट्रों में इस समय जैसी तनातनी हो रही है और अरबों का एक दल इस छोटे से यहूदी राष्ट्र को जैसी धमकियाँ दे रहा है, उससे यही जान पड़ता है कि गोल्डा पसन्द करे या न करे, एक बार इन दोनों पक्षों में निर्णायक संघर्ष होकर रहेगा । कुछ उग्र अरब राष्ट्रवादियों ने "अल फतह" नाम का एक संगठन बनाया है, जिसका उद्देश्य प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सब प्रकार के हिंसक और आतंकवादी उपायों से काम लेकर इसराइल का जड़मूल से सफाया कर देना है । उसके मुखिया यासर अराफात ने कुछ समय पूर्व एक पत्र-सम्वाददाता से बातें करते हुए कहा था—

"इस समय हमारा उद्देश्य इसराइल के साथ एक खूनी और लम्बी लड़ाई करके उसकी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति को नष्ट-भ्रष्ट कर देना है । उस युद्ध में हमको सफलता प्राप्त करनी ही होगी ।"

अन्य अरब राष्ट्र, जिसका मुखिया मिस्र है इसराइल की सत्ता को मानने से इन्कार करता रहता है और कहता है कि "हम पैलेस्टाइन की भूमि पर, जहाँ सैकड़ों वर्षों से अरब लोग निवास कर रहे हैं, विदेशियों का शासन कायम नहीं रहने देंगे ।" उधर यहूदियों का कथन है कि "पैलेस्टाइन ही हमारे पूर्वजों का एकमात्र निवास-गृह है । मुसलमानों ने कुछ सौ वर्ष पूर्व अपनी विशाल सैनिक शक्ति द्वारा उस पर कब्जा कर लिया । पर वास्तव में वह हमारा है और हमारा ही रहेगा ।" इन दोनों प्रकार की मान्यताओं पर विचार करने और दोनों पक्षों की दृढ़ता को देखकर इस बात की सम्भावना बहुत कम जान पड़ती है कि यह समस्या अन्त में शान्तिपूर्वक हल हो सकेगी । लक्षणों से तो यही प्रतीत होता है कि कुछ ही वर्षों में यह संघर्ष भयंकर रूप में प्रकट होकर केवल इन दोनों पक्षों में ही सीमित नहीं रहेगा वरन् विश्वव्यापी संग्राम का भी कारण बन जायेगा । उस स्थिति में भी गोल्डामेयर इसराइल राष्ट्र की संरक्षिका सिद्ध होंगी, यह विश्वास किया जा सकता है ।

⌘⌘⌘

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

|| शौर्य और पराक्रम के कीर्तिस्तम्भ ||

वीर शिरोमणि : दुर्गादास

देश, धर्म और जाति की रक्षा के लिये समय-समय पर जिन वीरों ने भारत माता की गोद में जन्म लिया और अपने पावन कर्त्तव्य का पालन करने में सर्वस्व के साथ जीवन तक बलिदान कर दिया, उनमें वीर दुर्गादास का बहुत ऊँचा स्थान है । इतिहास में जो तलवार के धनी योद्धा, नायक आगे दिखलाई देते हैं उनमें वह संख्या उन्हीं की है जो या तो राजा थे या राजकुमार और अधिकतर अपने ही भू-खण्ड की रक्षा स्वतन्त्रता अथवा आन-बान-शान, यश, गौरव और अभिमान के लिये मैदान में आये और अपना जौहर दिखलाकर अस्त हो गये । उनके बलिदान अथवा वीरता की निष्पक्ष विवेचना की जाये तो उनके कर्त्तव्य के पीछे उनका आत्म-व्यक्तित्व किसी न किसी अंश में सक्रिय रहा दिखाई पड़ेगा ।

वीर दुर्गादास एक ऐसे नायक थे, जिनका सारा कर्त्तव्य और सम्पूर्ण जीवन परस्वार्थ, परसेवा और परोपकार एवं राष्ट्रहित की पवित्र वेदी पर बलिदान होता रहा । वे न राजा थे और न राजकुमार, न उनका कोई पैतृक राज्य था और न बाद में ही उन्होंने कोई भू-खण्ड अपने अधिकार में करके उस पर अपना राजतिलक कराया । जबकि उन्होंने अपने बाहुबल और बुद्धिबल से सम्पूर्ण मारवाड़ को स्वतन्त्र कराया, मुगलों से तमाम जागीरें छीन लीं और दिल्ली के बादशाह औरंगजेब को नीचा दिखाकर आर्य धर्म की पताका ऊँची कर दी । आगामी मुगल बादशाहों के होश इस सीमा तक ठिकाने कर दिये कि भारत में धार्मिक अथवा जातीय अत्याचार का चक्र बन्द हो गया और हिन्दू-मुसलमानों के बीच समान गौरव की स्थापना हो गई ।

वीर दुर्गादास एक साधारण सेनानायक के पुत्र थे और आजीवन, बड़ी-बड़ी विजय पाकर भी सिपाही बने रहे । न उन्होंने कभी राज्य का लोभ किया और न राजपद का । वे योद्धा होकर भी जनसेवक और नायक होकर भी अपने को नगण्य बनाये रहे । कार्य व्यस्तता और संघर्ष की आँधी में वीर दुर्गादास के जीवन में कभी कोई ऐसा समय आया हो, जब उन्होंने बैठकर विश्राम की सांस ली हो, इतिहास में ऐसा उल्लेख नहीं मिलता । घोड़े की पीठ ही उनका निवास एवं विश्राम स्थान था, तलवार ही उनकी परिचारिका और कर्त्तव्यनिष्ठा ही उनकी तृप्ति थी । आजीवन कृपाण-पाणि रहते हुए भी वे सघनतम घमासानों के बीच भी अपने उदात्त मानवीय चरित्र की रक्षा करते रहे । जहाँ उन्होंने परपीड़क अनाचारियों को धरा-धाम से उठा-उठा कर पृथ्वी का भार हल्का किया, वहाँ किसी शरणागत, असहाय अथवा निःशस्त्र शत्रु के प्रति दया-दाक्षिण्य का व्यवहार करने में भी संकोच अथवा संकीर्णता न दिखलाई । उनका युद्ध मुगलों के विरुद्ध राजपूतों का न होकर अनाचार के विरुद्ध मानवता का संघर्ष था । राजमद के विरुद्ध जन-ज्वाला और विस्तार के विरुद्ध स्वाधीनता की अभिव्यक्ति थी । दुर्गादास वीर होकर भी, विनम्र, योद्धा होकर भी दयालु और सिंह होकर भी साधु पुरुष थे । वे विजयी होकर भी निरभिमान और समर्थ होकर भी निस्वार्थ बने रहे । जीवन में जो कुछ किया दूसरों के लिये किया और जो कुछ पाया दूसरों के हित में दे दिया । आप आदि में जिस प्रकार एक सैनिक थे, उसी प्रकार अन्त में भी एक सामान्य मनुष्य की भाँति, अर्जित, यश, वैभव और मान-सम्मान का त्यागकर तीर्थाटन पर चले गये । वीर दुर्गादास का सम्पूर्ण जीवन भारतीय चरित्र का एक उज्ज्वल उदाहरण माना जा सकता है ।

दुर्गादास के पिता आशाकरण जोधपुर के महाराज जसवन्त सिंह की सेना में एक सामान्य नायक थे किन्तु अपनी वीरता और सत्यनिष्ठा के कारण महाराज जसवन्त सिंह के विशेष विश्वास पात्रों में से थे । उज्जैन की लड़ाई में आशाकरण के मारे जाने पर दुर्गादास, उनका छोटा भाई जसकरण और विधवा माता एक प्रकार से निराश्रित से हो गये । उस समय दुर्गादास की आयु केवल पन्द्रह वर्ष की थी और भाई बहुत छोटा था । घर में थोड़ी-सी जमीन के सिवाय कोई बड़ी जमीन-जायदाद नहीं थी ।

पिता के न रहने पर कल्याणगढ़ के दूसरे राठौरों ने दुर्गादास की माता को समझाया कि वे दुर्गादास को महाराज जसवन्त सिंह के पास भेजे, या स्वयं जाकर आशाकरण के स्थान के लिये प्रार्थना करे । माता अपने पुत्र के स्वाभिमान

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

को जानती थी तब भी उसने एक बार कह देखने का निश्चय कर लिया, और कहा भी—"न हो तो बेटा ! महाराज के पास जाकर प्रार्थना कर देखो, शायद तुम्हें तुम्हारे पिता का स्थान मिल जाये, उस पर तुम्हारा हक भी है ।"

दुर्गादास ने तुरन्त उत्तर दिया—"न माँजी, मैं महाराज के पास याचना करने न जाऊँगा । किसी से याचना करना मैं पुरुष के लिये लज्जा की बात मानता हूँ । जहाँ तक पिता के स्थान पर मेरे हक का प्रश्न है, उस पर मैं अपना हक नहीं मानता । पिता ने अपने गुणों से अपना स्थान बनाया । समय आने पर, अपने गुणों से, यदि वे मुझ में होंगे, तो मैं अपना स्थान बना लूँगा । पिता के नाम पर ही जीवन और जीविका चलाने वालों को मैं अधिक श्रेय नहीं देता । वैसे मेरी इच्छा जरूर है कि महाराज की सेवा में जाकर पिता के नाम को आगे बढ़ाऊँ, फिर भी मैं उनसे याचना करने नहीं जाऊँगा ।"

माता ने कहा—"तुझे यदि जाने में संकोच है तो मैं महाराज के पास जाकर निवेदन करूँ ।" दुर्गादास ने मना करते हुए कहा—यह तो और भी लज्जा की बात होगी । जिसका बेटा समर्थ हो और वह माँ किसी के पास जीविका की याचना करने जाये तो यह उस बेटे के लिये डूब मरने की बात है । तू चिन्ता क्यों करती है ? जितनी जमीन अपने पास है, वही बहुत है । जमकर खेती करूँगा, पसीना बहाऊँगा तो अपनी जमीन सोना उगलने लगेगी । कहीं किसी के पास प्रार्थना लेकर जाने की क्या जरूरत ? महाराज को मेरी सेवाओं की आवश्यकता होगी तो स्वयं संदेश भेजेंगे । माता, बेटे की बात सुनकर सन्तुष्ट हो गई ।

लेकिन तलवार के धनी दुर्गादास को हल उठाने का अवसर न आया । महाराज जसवन्त सिंह ने उन्हें अपने पास बुला लिया और अपने पुत्र के समान ही प्यार से रखने लगे । इस प्रकार जब महाराज जसवन्त सिंह ने उनके पिता की सेवाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तो वीर दुर्गादास ने भी महाराज की कृतज्ञता के प्रति आभार रूप में सर्वस्व तक बलिदान कर पात्रता प्रमाणित कर देने का संकल्प कर लिया । यह गुणों के प्रति गुणी की विनम्रता थी ।

महाराज जसवन्त सिंह जोधपुर के राजा ही न थे मुगल सम्राट औरंगजेब के प्रधान सेनापति भी थे । जिसे उन्होंने अपनी वीरता और बुद्धिमत्ता से निर्भय कर रखा था । महाराज जसवन्त सिंह ने पद, प्रतिष्ठा अथवा रक्षा के लोभ से औरंगजेब का सेनापतित्व स्वीकार नहीं किया था, बल्कि इस धारणा में उनका मन्तव्य यह था कि वे उस नाते दरबार में रहकर जहाँ हिन्दुओं के हित की देख-रेख कर सकेंगे, वहीं औरंगजेब की अत्याचारी मनोवृत्ति पर नियन्त्रण भी रख सकेंगे । साथ ही उसको हिन्दू राजाओं से युद्ध के स्थान पर सन्धिपूर्वक रखने का प्रयत्न कर सकेंगे । उन्होंने ऐसा किया भी । महाराज शिवाजी से युद्ध के लिये भेजे जाने पर भी उन्होंने अपने नीति कौशल से दिल्ली और पूना के बीच सन्धि का ही सम्पादन किया । अपनी इस गम्भीर राजनीति के कारण महाराज जसवन्त सिंह न केवल मारवाड़ के ही बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू जाति के आशा-केन्द्र माने जाते थे ।

किन्तु अनाचारी को सदाचार की नीति, अनीति जैसी ही लगती है । वह इसलिये कि आसन्न विनाश के कारण उसकी बुद्धि विपरीत हो जाती है । महाराज जसवन्त सिंह, औरंगजेब को उसके प्रपितामह अकबर की नीति पर लाकर उसका हित साधन करना चाहते थे किन्तु अभागा औरंगजेब विद्वेष की भूमि पर मुगल साम्राज्य के बीज बोने पर तुला था—और आखिर अपनी अनुचित धर्मान्धता के वशीभूत उसने अपने पर वह कलंक ले ही लिया । औरंगजेब के कुकृत्यों के फलस्वरूप बाबर का स्थापित किया हुआ और अकबर तथा जहाँगीर का पोषित किया हुआ मुगल साम्राज्य एक पीढ़ी भी आगे ठीक से न चल सका और जल्दी ही छिन्न-भिन्न होकर इतिहास के पृष्ठों पर अपनी छाया छोड़कर सदा सर्वदा के लिये समाप्त हो गया । एक ही कुपुत्र भूत, भविष्यत् की वंश परम्परा को किस प्रकार डुबा देता है औरंगजेब इसका एक अच्छा खासा नमूना है ।

औरंगजेब को महाराज जसवन्त सिंह सह्य न थे किन्तु उनका लोहा इतना गुरुत्तर, प्रखर तथा गौरवपूर्ण था कि विवश होकर उसे मान्यता देनी ही पड़ती थी । न तो वह, और न उसका कोई दूसरा सरदार, उनसे सीधी टक्कर लेने का साहस कर पाता था । कायर की जब वीर से विसाती नहीं तब वह गर्हित कुटिलता पर उतर आता है । इसीलिये तो साहसी शत्रु की अपेक्षा कायर शत्रु से अधिक सतर्क एवं सावधान रहने की नीति का निर्देश दिया गया है ।

किन्तु वीर तो स्वभाव से ही भोला और विश्वासी होता है । महाराज जसवन्त सिंह यह न समझ सके कि औरंगजेब अपने उस हितैषी को भी मिटा देना चाहता है, इसीलिये वे उसकी इच्छानुसार बड़े-बड़े भयानक और दुर्गम युद्धों में भी जाते और ईमानदारी से लड़ते रहे । औरंगजेब ने उन्हें इतने युद्धों में उलझाये रखा कि उनकी सेना के साथ उनका सारा शरीर ही जख्मी होकर जर्जर हो गया किन्तु औरंगजेब ने अपना कुटिल क्रम बन्द न किया । उन्हें दक्षिण की अशान्त स्थिति में नियुक्त किया । फिर लपटों से भरे लाहौर की ओर भेजा और जब देखा कि महाराज जसवन्त

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सिंह ने दोनों स्थानों पर सफलता पा ली तब काबुल के दुर्गम युद्ध पर भेज दिया ।

इस बार महाराज जसवन्त सिंह कुछ सोच कर अपने बड़े पुत्र पृथ्वीसिंह को जोधपुर की गद्दी सौंप गये थे । काबुल के पठानों के साथ महाराज जसवन्त सिंह का बहुत दिनों तक बड़ा भयानक संग्राम चला यद्यपि इस युद्ध में विजय महाराज जसवन्त सिंह की ही हुई तथापि यह विजय बहुत महँगी पड़ी । लगभग सारी सेना तो मारी ही गई साथ ही उनके दो वीर पुत्र भी खेल गये । आहत महाराज जसवन्त सिंह को यह आघात गहरा बैठा और वे उसे सँभालने के लिये पेशावर में रुक कर विश्राम करने लगे ।

कुटिल औरंगजेब ने इस विषमता का पूरा-पूरा लाभ उठाया और अपने षड्यन्त्र को आगे बढ़ाया । उसने पृथ्वीसिंह को अजमेर का विद्रोह दबाने के लिये भेज दिया । पृथ्वीसिंह ने पिता की आन का परिचय दिया और विद्रोह को दबाकर धूम-धाम से वापिस आ गया । औरंगजेब का मन्तव्य पूरा न हुआ । उसे आशा थी कि अनुभवहीन पृथ्वीसिंह अजमेर के युद्ध में अवश्य मारा जायेगा किन्तु आशा के विपरीत परिणाम देखकर उसका हृदय भय से भर उठा । वह सोचने लगा कि वह एक सिंह को तो जैसे-तैसे जर्जर कर निर्बल कर पाया था किन्तु यह दूसरा तरुण सिंह तैयार हो गया है । ऐसा लगता है कि न तो दरबार ही इन सिंहों की दहाड़ से खाली हो पायेगा और न जोधपुर का ही राज्य हाथ लगेगा । दो उत्तराधिकारी तो काबुल में मारे ही गये केवल एक यही बचा है । इसे भी किसी प्रकार यदि समाप्त किया जा सके तो जसवन्त सिंह के साथ उनके वंश का ही कंटक कट जायेगा । बस फिर तो पौ-बारह ही है ।

लोभी और दुष्ट-इन दो के लिये संसार में कोई भी तो घात अकरणीय नहीं होती । औरंगजेब ने षड्यन्त्र को पाप की सीमा तक बढ़ा दिया । उसने विजय के उपलक्ष्य में खिल्लत देने के बहाने पृथ्वीसिंह को बुलाया और विष बुझे कपड़े पहनाकर आदरपूर्वक विदा कर दिया । कुमार पृथ्वीसिंह दरबार से निवास स्थान तक भी न जा सका कि रास्ते में ही कपड़ों में लगे घातक विष ने अपना काम कर डाला । जसवन्त सिंह का दीप्तिमान अन्तिम दीपक भी अस्त हो गया और जोधपुर पर औरंगजेब ने अधिकार कर लिया ।

महाराज जसवन्त सिंह को सूचना मिली तो उनका आहत हृदय टूट कर टुकड़े-टुकड़े हो गया । अब वे कुछ भी कर सकने की स्थिति में न थे । औरंगजेब के इस विश्वासघात को ईश्वर पर छोड़कर उन्होंने अपने राजपूत सरदारों को बुलाया और एक संदेश देने से पूर्व एक छोटा-सा उपदेश दिया—"दुष्ट की भलाई और अनाचारी का संग करने वाले सज्जन पुरुषों का भी कल्याण नहीं होता ।" फिर वे गम्भीर होकर बोले—

"भाइयों ! मैंने जो कुछ औरंगजेब के साथ किया वह मेरे साथ है और उसने जो कुछ मेरे साथ किया वह उसके साथ है । इसका न्याय तो वह परमात्मा करेगा । उसी की इच्छा समझकर मैं इन सब बातों पर संतोष किये लेता हूँ किन्तु आप लोगों से जो कुछ कहना है वह यह कि अब मेरी कर्मलीला समाप्त हो गई है । मारवाड़ मुगलों के आधीन हो गया है । जोधपुर की गद्दी पर भी औरंगजेब ने अधिकार कर लिया है । गद्दी का उत्तराधिकारी भी अब कोई शेष नहीं बचा । तब भी मैं आप लोगों को अधिकार देता हूँ कि जो वीर पुरुष मातृभूमि को स्वाधीन कराने के लिये आगे बढ़े, आप सब लोग तन, मन, धन और जन से उसकी सहायता करें, और उसी को मेरा उत्तराधिकारी मानकर जोधपुर की गद्दी पर बिठायें जो उसे स्वतन्त्र कराये । वैसे मेरी भाटी और हाड़ी दो रानियाँ गर्भवती हैं यदि उनमें से किसी को कुमार हो तब तो उत्तराधिकारी की समस्या ही न रह जायेगी । आप सब लोग उसका पालन करें और रक्षा करते हुए जब वह योग्य और जोधपुर स्वतन्त्र हो जाये तब उसे गद्दी पर बिठायें ।"

"अब मेरी सारी शक्तियाँ प्रशमित हो गई हैं । जब तक शरीर ने साथ दिया मातृभूमि की सेवा में जो कुछ कर सकता था किया किन्तु अब कुछ भी कर सकने में असमर्थ हूँ । तथापि मैंने मारवाड़ की स्वतन्त्रता का जो दीप जलाये रखा, आशा है आप लोग उसे जलाये रखेंगे । साहस, बलिदान और त्याग में बड़ी शक्ति होती है । उसके आधार पर संसार का हर काम सम्भव बनाया जा सकता है । धरती वीरों और बलिदानी पुरुषों से रिक्त नहीं होती । आप लोगों में से या मातृभूमि के किसी कोने पर से कोई न कोई ऐसा वीर पुरुष जरूर उठेगा जो मारवाड़ को स्वाधीन करने में अपना सर्वस्व लगा देगा । इससे अधिक मुझे कुछ नहीं कहना है । अपने कर्त्तव्य से विमुख न होना, ऊँचे आचरण और आदर्श को नीचा न होने देना । संगठित और सम्मिलित शक्ति से शत्रु का मुकाबला करना । स्वार्थ, लोभ अथवा स्पर्धा के गड्ढों से बचे रहना । मेरा आशीर्वाद है तुम्हारे प्रयत्न, सफल होंगे । ईश्वर तुम्हारे साथ है ।"

इसके बाद महाराज जसवन्त सिंह ने सरदारों को एक लोहे की बन्द पेटी सौंपी और यह निर्देश करके सदा को आँखें बन्द कर लीं कि—"इस पेटी की रक्षा करना, कभी खोलकर यह देखने की जिज्ञासा मत करना कि इसमें क्या

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

है ? जिस समय जोधपुर स्वतन्त्र हो जाये और उसके उत्तराधिकारी का राजतिलक हो उस समय ही इसको खोलना और जो उचित हो वह करना ।"

महाराज जसवन्त सिंह की इस करुण कथा की परिसमाप्ति से दुर्गादास की वीरगाथा का प्रारम्भ होता है । दुर्गादास ने जब से होश सँभाला तब से वे मुगलों के अन्यायपूर्ण अत्याचार को देखते आ रहे थे । महाराज जसवन्त सिंह के पास आने पर तो वे उसका पग-पग पर अनुभव भी करते आ रहे थे । जो कुछ सुधार और न्याय के लिये प्रयत्न चल रहे थे उसमें वे साथ देते आ रहे थे । किन्तु अब जब उन्होंने कृतघ्न औरंगजेब के विश्वासघात को और उसके परिणामस्वरूप मारवाड़ की स्वाधीनता और महाराज जसवन्त सिंह का कारुणिक अन्त देखा तो उनके हृदय की भावनाओं में एक क्रान्ति जाग उठी । उन्होंने सोचा कि इस प्रकार के सहज प्रयत्नों से न्याय तथा स्वाधीनता की आशा नहीं की जा सकती । उसके लिये सम्पूर्ण शक्ति, साहस और संगठन के साथ अभियान चलाना होगा । अन्याय के विरुद्ध जमकर लोहा लेना होगा और वह हर बलिदान देना होगा, सफलता के लिये जिसकी अपेक्षा है । मैं अन्तरस्थ ब्रह्म की साक्षी में अपनी आत्मा की प्रेरणा से यह महनीय उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेता हूँ और प्रतिज्ञा करता हूँ कि देश, धर्म और जाति के मंगल और भारतवर्ष के पवित्र वातावरण में परिव्याप्त अन्याय और अत्याचार को मिटाने में अपना सर्वस्व बलिदान कर दूँगा । आज से हमारा घर कर्मभूमि होगी और हमारे कर्म ही हमारा जीवन होगा ।" सम्पूर्ण मन और आत्मा से पुण्य-प्रतिज्ञा करते ही दुर्गादास ने अनुभव किया कि उनके अन्तःकरण में प्रेरक देवत्व की स्थापना हो गई है और वे संसार के हर माया, मोह, लोभ, प्रलोभन, सुख-दुःख से रहित होकर जीवन मुक्त हो गये हैं । उनके मुखमण्डल पर एक अनिवर्चनीय दीप्ति आ गई और उनके बाहु-वीर विभूतियों से भर कर अन्याय तथा अत्याचार का उन्मूलन कर देने के लिये फड़क उठे । उन्होंने आगे बढ़कर बलिदान पथ पर सर्वांग स्थान अंगीकार किया और दूसरों ने सम, समान और सहर्ष भाव से उनका अनुगमन ।

समय पाकर भाटी और हाड़ी रानी के पुत्र उत्पन्न हुए । छोटे का नाम दलथम्भन और बड़े का नाम अजीत सिंह रखा गया । यह समाचार औरंगजेब को मिला तो उस स्वार्थी का हृदय जल उठा । उसने सोचा कि अब तो जोधपुर की गद्दी के दो-दो वारिस हो गये हैं, जोधपुर उन्हें सौंपना होगा और यदि ऐसा न किया तो इस प्रश्न पर पूरे भारत के राजपूत व राजपूतराजे एक मंच हो जायेंगे और तब उनको केवल दबाना ही कठिन नहीं हो जायेगा बल्कि इस बहाने वे सब संगठित होकर अजेय शक्ति बनकर सल्तनत के लिये खतरा पैदा कर देंगे । हिन्दुओं में फूट पड़ी ही रहनी चाहिये, इस बल पर तो मुगलिया तख्त और इस्लामी परचम हिन्दुस्तान में कायम है । यदि किसी वजह अथवा बहाने से हिन्दुओं की फूट दूर हो गई तो फिर यह अपनी जमीन का चप्पा-चप्पा आजाद करा लेंगे ।

इस दूरदर्शिता से सोचने के बाद उसने उन दोनों राजकुमारों को दिल्ली बुला भेजा । उसने कहलाया कि महाराज जसवन्त सिंह हमारे वफादार दोस्तों में थे । खुदा के फज़ल से उनके खानदान का बुझा चिराग फिर जल उठा है, इसलिये उनके इन बेटों की परवरिश और हिफाजत करना हम अपना फर्ज समझते हैं । मेरा ख्याल है कि दोनों बच्चों की देख-रेख पेशावर के बजाय दिल्ली में बहुत अच्छी तरह हो सकती है ।

औरंगजेब की इस सहानुभूति में कौन-सा घातक मन्तव्य छिपा हुआ है दुर्गादास इससे अनभिज्ञ न थे । औरंगजेब के स्वभाव के विषय में धोखा खाना अब दुर्गादास के लिये सम्भव न था । सन्देश पाते ही उन्होंने समझ लिया कि बादशाह बच्चों को अपने पास बुलाकर और अवसर पाकर उन्हें नष्ट कर देने के विचार में है तथापि उस समय स्थिति ऐसी नहीं थी कि औरंगजेब की इस कुटिल सहानुभूति की अवहेलना की जा सकती । दुर्गादास ने दूसरे साथियों के साथ परामर्श करके यह मत स्थिर किया कि बच्चों को दिल्ली ले जाकर रखा जाये और हर समय सतर्कतापूर्वक उनकी रक्षा में तत्पर रहा जाये । खतरा उत्पन्न होते ही जान पर खेलकर उन्हें दिल्ली से बाहर निकाल कर कहीं छिपा दिया जाये, जैसे पहले उदयपुर, मेवाड़ के उत्तराधिकारी उदयसिंह की रक्षा की गई थी ।

वीर दुर्गादास रानियों, राजकुमारों और विश्वस्त साथियों को लेकर दिल्ली की ओर चल दिये । पेशावर और पंजाब की भयानक सर्दी और यात्रा की असुविधा से बड़ा राजकुमार दलथम्भनसिंह ठण्ड खा गया और बहुत कोशिश के बाद भी बचाया न जा सका । शेष लोग दिल्ली पहुँचे और रूपसिंह उदावत नाम के एक राजपूत सरदार के आश्रय में ठहर गये । दुर्गादास सारे समाचार लेकर औरंगजेब के पास गये ।

बादशाह ने समाचार सुने और फिर गहरी सहानुभूति के साथ बोला ! भाई दुर्गादास ! तुम जानते ही हो कि जसवन्त सिंह मरहूम का बड़ा बच्चा रास्ते में ठण्ड खाकर मर गया । अगर मैं तुम्हारी मुस्तैदी और वफादारी को न जानता होता—तो शायद तुम पर लापरवाही का इल्जाम आता और तुम्हें सजा का मुस्तहक होना पड़ता । लेकिन

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

नहीं, तुम एक अच्छे और नेक आदमी हो, तुमने अपना फर्ज पूरी तरह अदा किया है । दलथम्भन खुदा की मर्जी से कुदरत का शिकार बन गया है । उसके लिये तुम्हें जिम्मेदार नहीं बनाया जा सकता है । तुमने, हिफाजत और रास्ते की सही-सलामती के लिये जो कुछ कर सकते थे किया । मैं तुम्हसे बहुत खुश हूँ और तुम्हारे लिये न सिर्फ एक बड़ा इनाम ही अदा करूँगा, बल्कि कुछ दिन ठहर कर जागीर भी बख्शूँगा ।"

इस मोहक भूमिका के बाद औरंगजेब अपने असली मतलब पर आया और बोला—"ठाकुर ! अब ऐसा करो—अजीत सिंह को मेरे पास छोड़ जाओ । मैं महाराजा जसवन्त सिंह के इकलौते नूर को अपनी आँखों के सामने रख कर शाही महल में उसकी परवरिश करना चाहता हूँ । वह हमारे शहजादों के साथ खेल-खाकर बड़ा होगा, उन्हीं के साथ सल्तनत का कारोबार और सियासत के दाँव-पेच सीखेगा । जब बालिग हो जायेगा तो उसे जोधपुर की गद्दी पर नशीन करा देंगे । इस तरह मैं अपने मरहूम दोस्त के लिये अपने फर्ज को पूरा कर सकूँगा और तुम नाहक जहमत से बचकर आजादी से अपना काम-काज देख सकोगे ।"

दुर्गादास बादशाह का कथन सुनता रहा और मन ही मन कहता रहा—रे मूर्ख आततायी ! मैं तेरी इस मधुर सहानुभूति में बसे विष को अच्छी तरह समझता हूँ । शायद तू मुझे अपने स्तर का ही व्यक्ति समझ रहा है जो इनाम और जागीर का लालच दिखा कर कर्त्तव्य-च्युत करने की आशा कर रहा है । लेकिन याद रख मैं आर्य वीर हूँ—संसार का कोई भी प्रलोभन, कोई भी भय और कोई भी परिस्थिति मुझे कर्त्तव्य भ्रष्ट नहीं कर सकती । जब तक शरीर में एक श्वास और रक्त की एक बूँद बनी रहेगी राजकुमार को तेरी हिंसालु छाया में न जाने दूँगा । और फिर प्रकट में कहा—

"बादशाह सलामत का ख्याल बड़ा नेक और गरीब परवर है, लेकिन मैं यहाँ पर इसी वक्त अपनी तरफ से कोई जबाव नहीं दे सकता । मुझे इसके बावत रानियों से पूछना होगा कुछ मोहलत दी जाये ।" औरंगजेब ने तीसरे दिन जबाव के लिये कहकर दुर्गादास को विदा कर दिया ।

"दुर्गादास निवास पर वापस आये और रानियों समेत सभी साथियों को पूरी बात बता दी । औरंगजेब का अनुरोध सुनकर राजपूतों के हाथ तलवार पर पहुँच गये लेकिन दुर्गादास ने समझा कर कहा कि यह समय उत्तेजना अथवा संघर्ष का नहीं है । हम सब राज-परिवार के साथ उस अजगर के मुँह में बैठे हैं । इस समय तो शान्ति और नीति से ही काम लेकर काम बनाना होगा । कल तक का समय है । किसी तरह राजकुमार को दिल्ली से बाहर निकाल कर सुरक्षित तथा गुप्त स्थान पर पहुँचाने का प्रबन्ध किया जाये और उसके स्थान पर कोई दूसरा बच्चा लाकर रखा जाये । बाद में मैं परसों जाकर बादशाह से सब बात कर लूँगा ।"

परस्पर परामर्श के बाद आनन्ददास खेची नाम का एक बुद्धिमान सरदार दूसरे दिन पौ फटने से पहले एक सपेरे को ले आया । सपेरे के साथ उसका अपना बच्चा था जो कि अजीत सिंह के बराबर ही होगा । सपेरे ने अपना बच्चा रानी को दे दिया और राजकुमार को साँप वाली पिटारी में छिपा कर आनन्ददास खेची के साथ चल दिया । चलते समय दुर्गादास ने सपेरे को धन्यवाद दिया और कहा—आशा है आप यह बलिदान खुशी-खुशी कर रहे होंगे और कभी भी यह रहस्य अपनी जुवान पर नहीं लायेंगे । सपेरे ने कहा—ठाकुर साहब, देश-धर्म और राजवंश की रक्षा में यह बलिदान तो क्या इससे भी बड़ा कोई बलिदान होता तो भी मैं खुशी-खुशी कर देता । मैं राजकुमार को यथा-स्थान पहुँचाकर दिल्ली से दूर, बहुत दूर किसी ऐसे स्थान पर चला जाऊँगा जहाँ न तो इस बात की कहीं चर्चा होगी और न कोई मुझे पहचान ही सकेगा ।

दुर्गादास सपेरे की बात सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और मोहरों का एक तोड़ा निकालकर सपेरे को देने लगे । सपेरा थोड़ी देर तो उनका मुँह देखता रहा फिर ग्लानिपूर्वक बोला—"राजा साहब ! क्या आप मेरी गरीबी देखकर मेरे बलिदान की कीमत देना चाहते हैं । जरा सोचिये तो कि क्या बेटे की कीमत अशरफियों से चुकाई जा सकती है ? शायद आपके अभी बेटा है नहीं, इसीलिये यह बात नहीं समझ पा रहे हैं । मैंने बेटे को धन के लालच में खतरे में नहीं डाला । मैं तो उसके मूल्य पर ठीक उसी प्रकार राजकुमार को बचाना चाहता हूँ जिस प्रकार दाई पन्ना ने अपने बेटे का बलिदान देकर मेवाड़ के उत्तराधिकारी की जान बचाई थी । यदि तोड़ा दिखला कर आपने मेरी भावना का अपमान न किया होता तो शायद मुझे दुःख न होता !" सपेरे की बात सुनकर वीर दुर्गादास की आँखें लज्जा से नीची हो गईं । उन्होंने क्षमा माँगते हुए कहा—बेशक कुछ जल्दी और परेशानी में मुझसे यह भूल हो गई है । मैं बहुत लज्जित हूँ, आशा है आप मेरी यह गलती क्षमा कर देंगे । कहते-कहते आदर्श वीर दुर्गादास की आँखें गीली हो गईं और आत्म-ग्लानि से उनका मुख मुरझा गया । सपेरे ने उनके हृदय की वेदना अनुभव की और हाथ जोड़कर बोला—नहीं मालिक, इसमें माफी की क्या बात ? हम सब आपकी रियाया सेवक हैं । अच्छा, अब आज्ञा करिये ! देर हो रही है ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

२.६ मरकर भी अमर हो गये जो

सपेरा खुशी-खुशी विदा होकर आनन्ददास खेची के साथ चल दिया और सबेरा होते ही दिल्ली की सीमा से बहुत दूर निकल गया । वहाँ पर एक सुरक्षित स्थान पर आनन्ददास ने सोते हुए राजकुमार को पिटारी से उठाकर गोद में ले लिया और सपेरे को छुट्टी दे दी । अनन्तर आनन्ददास खेची आबू की पहाड़ियों के रास्ते कई दिन की यात्रा और कठिनाइयों को पार करता हुआ मारवाड़ के भीतरी भाग में बसे डुगवा नामक गाँव में पहुँचा और वहाँ अपने एक मित्र जयदेव के यहाँ राजकुमार को रखकर स्वयं भी उसकी देख-रेख और पालन-पोषण के लिये रहने लगा ।

इधर परसों आया और दुर्गादास उत्तर देने के लिये औरंगजेब के दरबार में उपस्थित हुए । उन्होंने बादशाह से कहा—"जहाँपनाह ! आपका विचार हम सबको मंजूर है लेकिन रानी का कहना है कि बच्चा अभी दूध पी रहा है । अभी उसे अकेले नहीं छोड़ा जा सकता है और मैं उसको लेकर मुसलमानी हरम में नहीं रह सकती । यह हमारे पतिव्रत और हिन्दू धर्म दोनों के विरुद्ध है । एक साल तक, जब तक कि बच्चे को माँ का दूध जरूरी है मैं उसे लेकर यहीं रहूँगी, और जब उसका दूध छूट जायेगा तो उसके हित के लिये बादशाह को सौंप दूँगी ।" यद्यपि औरंगजेब को यह प्रस्ताव जरा भी पसन्द नहीं आया । लेकिन एक तो प्रस्ताव स्वयं उचित था, दूसरे दरबार के खास-खास आदमियों के समर्थन कर देने से वह अपना जी मार कर रह गया और स्वीकृति देकर दुर्गादास को विदा कर दिया । यह पशुता की बुद्धिमत्ता पर विजय थी । दुर्गादास खुशी-खुशी घर आये और जब सबको दरबार की घटना सुनाई तो सभी उनकी प्रशंसा करते हुए यह आस्था व्यक्त करने लगे कि वीर दुर्गादास के नेतृत्व में अवश्य ही मारवाड़ स्वतन्त्र होगा और अनाचार पर मनुष्यता की जीत होगी ।

तथापि दुर्गादास ने सबको समझाया कि निश्चिन्त रहने की जरूरत नहीं है । औरंगजेब किसी समय भी अपना फन फिर मार सकता है । हर समय, उसकी हर बात और कार्यवाही को ध्यान से देखते हुए सतर्क तथा सावधान रहने की जरूरत है । अपने कर्त्तव्यों तथा सावधानी में प्रमाद करने वाले बड़े-बड़े धीर-वीर और बुद्धिमान व्यक्ति भी शत्रु के चंगुल में फँस जाते हैं । इसलिये हम सबको प्रबुद्ध एवं सन्नद्ध रहकर आते और जाते हुए समय का अध्ययन करते रहना चाहिये । सभी साथी और भी अधिक सतर्क और सावधान हो गये ।

"भविष्य के गर्भ में पल रहे संघर्ष के लिये" दुर्गादास ने सोचा, "अभी एक वर्ष का समय है । इस अवधि के बाद जब औरंगजेब राजकुमार को माँगेगा तभी संघर्ष का सूत्रपात हो जायेगा ।" उन्होंने आगे विचार किया—"इस एक वर्ष के मूल्यवान समय को यों ही प्रमाद अथवा प्रतीक्षा में बिता देना बुद्धिमानी न होगी । इसका एक-एक क्षण भविष्य की तैयारी करने में ही लगाया जाना चाहिये । जो लोग वर्तमान में ही भविष्य की तैयारी नहीं करते वे अदूरदर्शी होते हैं और एक तरह से जीवन-पथ पर असफलता के बीज बोने जैसी भूल करते हैं ।"

दुर्गादास ने विचार निश्चित किया और जन-जागरण तथा संगठन के काम में लग गये । वे जब-तब बाहर किसी काम को लेकर निकल जाते और गाँव-गाँव घूम कर ऐसे लोगों की खोज करते जिनके हृदयों में अन्याय एवं अत्याचार के विरुद्ध शिखा जल रही होती । ऐसे लोगों को तलाश करते जो देश-धर्म के लिये कोई भी बलिदान कर सकने का साहस रखते थे । वे ऐसे प्रभावशाली व्यक्तियों से मिलते और उनसे विचार-विमर्श करते थे जो क्षेत्रों में अपना प्रभाव रखते थे, उसका जनहित में उपभोग भी करना चाहते थे किन्तु कोई पथ अथवा दिशा नहीं पा रहे थे । दुर्गादास ने गाँव-गाँव और घर-घर की यात्रा कर ऐसे लोगों को जगाया जो देश, धर्म की महती सेवा कर सकते थे किन्तु अविचार एवं अवज्ञा में पड़े संकीर्ण व्यक्तित्व की परिधि में समय तथा शक्ति को नष्ट कर रहे थे ।

वीर दुर्गादास ने ऐसे हजारों नौजवानों को खोज निकाला जो सही नेतृत्व के अभाव में उच्छृंखलतापूर्वक देश-धर्म के नाम पर प्राण दे देने के लिये कमर कस कर तैयार बैठे थे । अपने भ्रमण काल में दुर्गादास ने देखा कि देश का जनमत वर्तमान अव्यवस्था, अशान्ति, असुरक्षा और अत्याचार के विरुद्ध आकण्ठ भरा बैठा है, किन्तु कर्त्तव्याकर्त्तव्य के भ्रम में फँसा, अन्दर ही अन्दर दहक-दहक कर बुझ रहा है । उन्होंने उस शक्ति को आश्वासन दिया और विश्वास देकर विश्वास का विनिमय किया कि वह समय जल्दी ही आ रहा है जब उन्हें कर्त्तव्य पथ मिलेगा और तब वे उसके पालन में सर्वस्व देकर भी सन्तुष्ट न होंगे । वे राजाओं, राजकुमारों, सामन्तों, सरदारों, जमीदारों और जागीरदारों से भी मिले, और उन्हें जीवन का वह प्रकाश दिया जिसकी प्रेरणा मनुष्य को निकृष्ट वासनाओं से उछाल कर ऊपर उठा देती है । उन्होंने समाज के उस वर्ग में भी आशापूर्ण नव-जीवन का संचार किया, भय और आतंक से जिसका साहस मर चुका था और निराश होकर जो अन्याय और अत्याचार के प्रति भाग्यवादी बन गया था । उन्होंने आबाल, वृद्ध, नर-नारी में, यथासम्भव, साहस, शौर्य, संगठन, आशा और कर्त्तव्य-भावना का संचार करने में किसी भी उपाय का

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अनुपयोग नहीं किया । इस संगठन और प्रचार कार्य में उन्होंने दिन और रात, भोजन और भूख, श्रम और विश्राम, वीहड़, वन, पर्वत, नदी, नाले अथवा मरुस्थल किसी भी कठिनाई की परवाह नहीं की । इस देश-कार्य के लिये उन्होंने बड़ी लम्बी-लम्बी यात्रायें कीं, प्राणों का संकट उठाया । मान, सम्मान, और अभिमान को तिलांजलि दे दी और बलात् किसी से अनुगमन भी नहीं कराया, उनकी इस निःस्वार्थ एवं निरुक्त सेवा-काल में उनका घोड़ा और उनकी तलवार ही साथी और सम्बल बनी रही तथापि क्रिया की प्रतिक्रिया कर्त्तव्यशीलों पर हुए बिना न रही । दल के दल वीर स्वयं-सेवक मारवाड़ और राजस्थान के कोने-कोने में निकल गये और उन्होंने वीर दुर्गादास का संदेश तथा उद्देश्य आत्म-धर्म के समान जन-जन के हृदय में भर डाला । पुण्य परिवर्तन की एक जोरदार तैयारी हो गई जिसके परिणामस्वरूप आगे होने वाले संघर्ष में सफलता-दर-सफलता की परम्परा ही लगती चली गई । समय रहते पहले से तैयारी कर लेने पर निर्धारित योजनाओं में सौभाग्य का समावेश होना स्वाभाविक ही होता है । असफलता तो उन अदूरदर्शिता की दातव्यता होती है जो तैयारी के समय आलस्य एवं उपेक्षा में पड़े सपने देखा करते हैं और कर्त्तव्यकाल में व्यस्तता, व्यग्रता, त्वरा और अव्यवस्था के शिकार बनकर शक्ति तथा संतुलन को जीर्ण-शीर्ण करते रहने पर विवश होते हैं ।

दिन-दिन करके औरंगजेब ने वर्ष काटा और तत्काल राजकुमार को लेकर दुर्गादास के आने की प्रतीक्षा करने लगा । इधर दुर्गादास ने अपने सारे साथियों को इकट्ठा किया और कहा—"आज वर्ष व्यतीत हो गया । औरंगजेब राजकुमार को तलब करेगा लेकिन मेरा दृढ़ निश्चय है कि राजकुमार के स्थान पर पले इस बच्चे को भी बादशाह को सौंपना नहीं है । इस स्थिति में संघर्ष का सूत्रपात होना निश्चित है । अब आप लोगों में से जिनको प्राणों से मोह हो वे लोग प्रसन्नतापूर्वक कहीं जा सकते हैं । औरंगजेब की शक्ति बहुत है और हम गिने-चुने दो-ढाई सौ आदमी ही हैं । इस स्थिति में जरा भी विश्वास नहीं किया जा सकता कि हममें से कोई ऐसा भी बच जाये जो इसका समाचार लेकर अपने समर्थकों के पास जा सके । इसलिये मैं खुशी से अनुमति देता हूँ जो इस आसन्न संघर्ष से अपनी रक्षा करना चाहते हों, जा सकते हैं ।"

दुर्गादास का कथन सुनकर सभी एक स्वर में कह उठे—"हमें मृत्यु का भय नहीं है । हम सब एक अबोध बच्चे की रक्षा में अपने जीवन की आहुति दे देंगे । पापी औरंगजेब पालने के बहाने बच्चे को लेकर राजकुमार अजीत सिंह के धोखे में मरवा डालेगा । हम जीते जी उस भेड़िये के मुँह में इस छौने को नहीं जाने देंगे ।" वीर दुर्गादास ने हर-हर महादेव की गूँज के साथ सभी वीरों का अभिनन्दन किया और कहा—"यदि ऐसा एक मत और एक उद्देश्य है और बलिदान की ऐसी तीव्र भावना है, कर्त्तव्य के प्रति इतनी दृढ़ निष्ठा है तो निश्चय ही मैदान अपने हाथ रहेगा, हम अपने मन्तव्य में अवश्य सफल होंगे । हाँ, महारानियों की कुछ चिन्ता जरूर है ।"

हाड़ी और भाटी दोनों रानियाँ बोल उठीं—"दुर्गादास ! यह मत भूलो कि हम वीर बालायें हैं । जहाँ एक ओर हमारी सुकुमारिता सुख और सम्पत्ति में भी थक उठती है, वहाँ दूसरी ओर हमारी दृढ़ता पत्थरों से भी लोहा लेने में नहीं हिचकती । इस सुकुमार छौने, हमारे प्यारे पूत की रक्षा का प्रबन्ध कर दो, और फिर एक-एक तलवार हमें देकर निश्चिन्त हो जाओ । हम तुम्हारे योद्धाओं में चार भुजाओं की वृद्धि कर देंगी ।" दुर्गादास का हृदय करुणा और कृतज्ञता से सरावोर होकर आँखों में छलक पड़ा और योद्धाओं के मुख से अनायास ही रानियों का जयकार गूँज उठा । हवेली का वायुमण्डल बलिदान की भावना से भरकर स्थिर हो गया ।

रूपसिंह उदावत ने बच्चे को लिया और सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने के लिये न जाने हवेली के किस रास्ते गायब हो गया । दुर्गादास और उसके सहयोगी मोर्चों की रूपरेखा बनाते हुए रूपसिंह की प्रतीक्षा करने लगे । सभी किसी समय भी युद्ध के लिये तैयार बैठे थे ।

कुछ देर बाद रूपसिंह उदावत वापस आया और समाचार दिया कि, "बच्चे को ऐसे स्थान पर पहुँचा दिया गया है जहाँ शत्रुओं के देवता भी उसका पता नहीं लगा सकते और जल्दी ही वहाँ से वह अपने पिता के पास पहुँच जायेगा । अब बादशाह सलामत ले लें अजीत सिंह को ।" इस समाचार की झलक अभी किसी के चेहरे से जा न पाई थी कि हवेली के बाहर से आदमियों का कोलाहल, हथियारों की झनझनाहट और शहर कोतवाल फौलाद खाँ का कर्कश स्वर सुनाई पड़ा—"दुर्गादास, अजीत सिंह को लेकर फौरन मेरे साथ चलो । बादशाह सलामत ने अभी याद फरमाया है ।"

वीर दुर्गादास हँसते हुए उठे और सरदारों से यह कहते हुए बाहर की ओर चल दिये—"बहादुरो सँभल जाओ । चण्डी शृंगार कर चुकी है, अब ताण्डव होने वाला है । एक साथ ही दो-ढाई सौ तलवारें म्यान से बाहर निकल कर चमक उठीं ।

वीर बाहर, सिंह द्वार पर आया और देखकर बोला—"ओ हो ! कोतवाल साहब ! इतने ढेर आदमी हथियार

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

लेकर मुझे लेने आये । कितने होंगे ?" कोतवाल फौलाद खाँ ने बड़े गर्व से कहा—"दो हजार ।"

'दो हजार', दुर्गादास ने संख्या दोहराई और कहा—"फौलाद खाँ ! यह तो लड़ाई की चुनौती जैसी बात है—अब न मैं जाऊँगा और न राजकुमार अजीत सिंह । जाकर अपने बादशाह से कह दो ।"

फौलाद खाँ चीखा—"हमला करो ।" दो हजार मुगल सिपाही द्वार में उबल पड़े और दो राजपूतनी और ढाई सौ राजपूत उन पर व्याघ्र वेग से टूट पड़े । घमासान युद्ध प्रारम्भ हो गया । दोपहर आई, दिन ढला और शाम हो गई । एक घड़ी रात होने पर लड़ाई रुकी । आठ सौ मुगलों को मारकर दोनों रानियाँ और सारे राजपूत गिर गये थे । फौलाद खाँ ने हवेली का कोना-कोना छान मारा पर अजीत सिंह का पता न मिला । वह अपनी इस भयंकर हानि और असफलता से घबराकर बादशाह को समाचार देने के लिये भाग खड़ा हुआ । बचे हुए घायल मुगलों ने उसका पीछा किया ।

आधी रात के समय जब ज्योत्सना की शीतलता से परिपूर्ण वायु चलने लगी तब घायल पड़े दुर्गादास की चेतना लौटी । वे अपने को सँभाल कर उठ खड़े हुए और वहाँ पड़े राजपूत सरदारों को टटोल-टटोल कर यह देखने लगे कि क्या उनकी तरह कोई और भी आहत शरीर में प्राणों को रोके हुए है ? दुर्गादास के आशापूर्ण व्यवहार से उन ढाई सौ आहतों में से मोहकम सिंह, भोजराज, रूपसिंह, महासिंह और दूधोजी नामक पाँच राजपूतों ने आँखें खोल दीं । वीर दुर्गादास ने सबको सहारा देकर उठाया और कहा—"ईश्वर को लाख-लाख धन्यवाद है जो आप लोग फिर से चैतन्य हो गये । मेरे कारण आप सबको हताहत होना पड़ा है । इसका मुझे बड़ा दुःख है ।"

राजपूत सरदारों ने कहा—"दुर्गादास ऐसा मत कहो । हमारी इस सेवा और इस रक्तदान में तुम्हारी प्रेरणा तथा प्रकाश अवश्य है किन्तु इसका मुख्य कारण हमारी अपनी भावना है, हमारा देश-प्रेम और धर्म के लिये उत्सर्ग हो जाने का उत्साह है । हमारे रक्तपात के लिये अपने को उत्तरदायी मानकर दुःखी होने की आवश्यकता नहीं है । अब आगे का कार्यक्रम निश्चित करो और बताओ कि किस दिशा में क्या करना है ? शरीर में जब तक एक बूँद रक्त और प्राण-रक्षिणी एक भी श्वास बनी रहेगी हम अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध लोहा लेते रहेंगे ।

इसके पहले कि दुर्गादास कुछ कहते, वयोवृद्ध दूधोजी ने कहा—"अब रात ढलने वाली है । समय बहुत कम रह गया है । आप सब लोग तुरन्त दिल्ली से दूर चले जायें । सुरक्षित स्थानों पर रहकर अपने घाव ठीक करिये और संगठन तथा सद्भावना को आगे बढ़ाइये किन्तु मेरी चिन्ता जरा भी न करें । मुझे मर्मान्तिक घाव प्राप्त हुए हैं । मेरा जीव जल्दी ही शरीरान्तर के लिये चल देगा । निश्चय ही इस जीवन की मेरी देश-सेवाओं की इतिश्री हो गई है । अब जल्दी ही भगवान से दूसरा ऋण लेकर भगवत् धर्म की सेवा के लिये इसी भूमि, इसी धराधाम और इसी भारतवर्ष में आ जाऊँगा लेकिन आप लोग जल्दी निकल जायें । क्योंकि लाशों का प्रबन्ध करने के लिये औरंगजेब के सिपाही आते ही होंगे ।" कहते-कहते दूधोजी ने सबको राम-राम, जुहार की और उसी पवित्र भूमि पर लेटकर अनन्त यात्रा की ओर प्रस्थान कर दिया । जीवित राजपूतों की अश्रुमाला ने उस वृद्ध बलिदानी को श्रद्धांजलि देकर अपना कर्त्तव्य निश्चित किया ।

दो राजपूत सरदारों ने बैकुण्ठगामिनी रानियों के रक्तोचित शरीर निर्माल्य माला की भाँति आदरपूर्वक उठाकर माथे से लगाये और कन्धों पर धारण कर चलने को उद्यत हुए । युद्ध में पकड़ी हुई तलवारें रानियों की मुट्ठी में अब तक जकड़ी हुई थीं । एक सरदार उनको छुड़ाने का प्रयत्न करने लगा—वीर दुर्गादास ने निषेध करते हुए कहा—"रहने दो ठाकुर ! देवियों का दाह इस शृंगार के साथ ही शोभा देगा ।" अनन्तर सबने रणस्थली को नमस्कार किया और अभीष्ट दिशा की ओर पुरुषार्थ की भाँति वेगपूर्वक अग्रसर हो चले ।

प्रभात होते ही मुगलों ने हवेली में आकर अपने अनुरूप, जो कुछ करना था किया किन्तु घायल राजपूत सरदार मार्ग की प्रत्येक कठिनाई को सहते हुए उत्साहपूर्वक चलते ही रहे और अन्त में उन्होंने आबू की पहाड़ियों में ही जाकर अपनी प्रगति को पड़ाव दिया । वहीं उन्होंने रानियों के शरीर अग्निदेव को भेंट किये और बिना विलम्ब किये डुगवा ग्राम की ओर चल दिये । वहाँ पहुँचने पर आनन्ददास खेची और जयदेव ने उनका स्वागत-सत्कार किया । सभी ने यथाविधि पलते राजकुमार अजीत सिंह को देखा और एक-दूसरे से विदा लेकर अपने घरों की ओर स्वास्थ्य तथा संगठन के लिये चल पड़े ।

दुर्गादास अपने गाँव कल्याणगढ़ पहुँचे, अपनी माता की चरण-रज लेकर छोटे भाई जसकरण और पुत्र तेजकरण से मिले । सबको दिल्ली के संघर्ष, अपनी स्थिति और उनके कर्त्तव्य के साथ देश की परिस्थिति से अवगत कराया । फिर एक दिन विश्राम लेकर भाई और बेटे को आस-पास, जन-जागरण, संगठन तथा तैयारी के कर्त्तव्य पर लगाकर स्वयं घोड़े पर सवार होकर आवागढ़ कोट में शोनिंगजी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

चम्पावत से मिलने के लिये चल दिये, जिन्हें उन्होंने महाराज जसवन्त सिंह की दी हुई पेटी सौंपकर पेशावर से दिल्ली चलते समय घर भेज दिया था ।

देश में चारों ओर मुगलों का अत्याचार तथा आतंक छाया हुआ था । जिधर देखो उधर ही मुगल सैनिक हिन्दुओं को मारते और लूटते घूम रहे थे । मार्गों, घाटों और नाकों पर मुगलों की चौकियाँ बनी हुई थीं । कहीं पर भी किसी समय प्राणों का संकट आ सकता था किन्तु वीर दुर्गादास जंगलों, पर्वतों, नदी, नालों और औघट-घाट पार करते हुए अपना घोड़ा दाबे, हाथ में तलवार लिये चौकन्ने और चौकस बने चले जा रहे थे । देश और धर्म की रक्षा का भाव उनमें उत्साह और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का साहस स्फूर्ति बनकर उनकी नस-नस में बिजली के समान दौड़ रहा था । उन्हें अपने लक्ष्य के सामने न तो मार्ग की कठिनाइयाँ भारी लग रहीं थीं और न शत्रु का भय उन्हें रोमांचित करता था । एकनिष्ठ भाव से वे अवागढ़ कोट की ओर बढ़े चला जा रहे थे ।

आधी रात गये वे गन्तव्य पर पहुँचकर शोनिंग जी चम्पावत से मिले । देखते ही चम्पावत बोल उठे—"दुर्गादास ! तुम देश के लिये बहुत मूल्यवान हो, मारवाड़ की स्वतंत्रता के एक मात्र आशा केन्द्र हो । तुम्हें ऐसा साहस नहीं करना चाहिये जिससे प्राणों पर आ बने । मार्गों पर, स्थान-स्थान पर शत्रुओं की चौकियाँ बनी हैं । मुगल सिपाही भूखे भेड़ियों की तरह देश-भक्त राजपूतों की तलाश में चारों ओर घूम रहे हैं । मेरे लिये कोई संदेश था तो किसी दूसरे के हाथ भेज सकते थे । अपने को इस प्रकार खतरे में डालना ठीक नहीं था । तुमने आकर दर्शन दिये यह तो मेरा सौभाग्य है तब भी तुम्हारा इस प्रकार अकेले आना मुझे अच्छा नहीं लगा । तुम्हें रास्ते में कुछ हो जाता तो स्वतन्त्रता की यह शिखा निराधार हो जाती ।"

वीर दुर्गादास ने इस सहानुभूति और चिन्ता के लिये धन्यवाद देकर कहा—"भाई चम्पावत जी ! मैं अपनी ही तरह देश के लिये एक-एक राजपूत को मूल्यवान् समझता हूँ । अपना महत्त्व बढ़ाकर घर में बैठे रहना और दूसरों को संकटपूर्ण कर्त्तव्य सौंपते रहना मैं एक कायरतापूर्ण नेतृत्व मानता हूँ । जब देश, धर्म की पुकार पर सिर से कफन ही बाँध लिया और जीवन की मोह रंज को काट दिया है तब कर्त्तव्य पथ पर संकट की चिन्ता क्या करना ? इस समय घर-बाहर सब जगह ही संकट ही संकट छाया हुआ है । इस समय रक्षा की सम्भावना घर में नहीं, बलि पथ पर प्रतिक्षण प्रस्तुत रहने में है । अपना महत्त्व मानकर अपने को छिपाते फिरने का अर्थ है, कायरता, अकर्मण्यता और अयोग्यता को जीवन में अवसर देना । छिप-छिप कर रहने से कैसे तो देश की दशा का परिचय मिलेगा, कैसे उसकी सेवा करने का अवसर और कैसे संगठन के साथ शत्रुओं को यह बतलाने का संयोग मिलेगा कि अब अपना अत्याचार बन्द कर दो, वीरों का सोया साहस और शान्ति की प्रतीक्षा में साधुवाद में पड़ा उनका शौर्य उदीप्त हो उठा है और अब वह तभी विश्राम लेगा जब मारवाड़ स्वतन्त्र हो जायेगा और भारत पर छाये अन्याय और आतंक के बादल नष्ट हो जायेंगे ।"

दुर्गादास की इस वीर घोषणा से शोनिंग जी का मन-मयूर नाच उठा—वे बोले, "धन्य है वीर ! तुम्हें पाकर आज भारतीय वीरों की परम्परा कृतार्थ हो गई । यह बात ठीक है कि आज घर बैठकर शान्तिवाद की उपासना करते रहने से काम न चलेगा । धरती बलिदान माँग रही है । मैदान में ही निकलना होगा, शत्रु से लोहा लेने के सिवाय उपस्थित अपमान और लज्जाजनक परिस्थितियों से निस्तार पाना कठिन है । तुम्हारे दिल्ली से चले आने और राजकुमार अजीत सिंह के न मिलने पर औरंगजेब ने गाँव-गाँव राजपूत सरदारों को मारने और गिरफ्तार करने का आदेश जारी कर दिया है । आवागढ़ कोट पर कई बार बिजली टूट चुकी है । अभी और भी टूटेगी । मेरे जीवन का कोई ठीक नहीं । अपनी धरोहर वह पेटी ले लो और कल्याणगढ़ आज ही लौट जाओ । जिससे मैं जीवन से प्राणों का महत्त्व निकालकर संगठन और संघर्ष में लग जाऊँ ।

दुर्गादास पेटी लेकर जब कल्याणगढ़ की ओर सरपट घोड़ा भगाये चले जा रहे थे तभी रास्ते में उन्होंने देखा कि मुगलों का एक दल एक अकेले राजपूत पर टूट रहा है । पहले तो उन्होंने सोचा कि यह मूल्यवान धरोहर लेकर रास्ता बचा जाये और संघर्ष में पड़कर खतरा मोल न ले । आगे के बड़े संघर्ष के लिये जाकर तैयारी करें किन्तु तत्काल ही उनकी अन्तरात्मा बोल उठी—"छिः दुर्गादास ! विपत्ति में पड़े व्यक्ति की उपेक्षा कर तुम आगे की सोच रहे हो । जो प्रस्तुत छोटे से संघर्ष से कटकर निकल सकता है वह कैसे यह आशा कर सकता है कि वह बड़े संघर्ष के उपस्थित होने पर कोई दूसरा बहाना न निकाल लेगा ? आगे जाकर यदि तुम घोड़े से गिरकर या शत्रुओं से घिर कर भविष्य के लिये शेष न रहो तो क्या इस समय के इस पुण्य-परमार्थ से भी वंचित न रह जाओगे । संदिग्ध भविष्य का क्या भरोसा और क्या भरोसा इस अनिश्चित जीवन का ? आगे बढ़ो और इस आपत्तिग्रस्त व्यक्ति की रक्षा का पुण्य प्राप्त करो ।"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

विचार के साथ ही दुर्गादास की तलवार म्यान से बाहर आ गई । उन्होंने ललकारा—कायरो ! सँभल जाओ, एक अकेले पर तुम झुण्ड के झुण्ड जंगली कुत्तों की तरह क्या टूट रहे हो ?" आवाज सुनकर मुगलों का ध्यान उधर गया । युद्धरत राजपूत का साहस बढ़ा और उसने एक आन में ही अनेकों का सफाया कर दिया । किन्तु अब तक वह पूरी तरह से घायल और अशक्त हो गया था, गिर पड़ा । दुर्गादास की तलवार चमकी और उन्होंने जल्दी ही उन आततायियों का जंगल साफ कर दिया । केवल एक यह चिल्लाता हुआ भाग गया । दौड़ो-दौड़ो, दुर्गादास है, मदद करो । उसने कटालिया के सरदार और उसके पचासों सिपाहियों को मार डाला है ।"

अंधेरा हो चला था तब भी दुर्गादास ने पहचान लिया कि घायल पड़ा राजपूत महासिंह है । उन्होंने जल्दी से उसे घोड़े पर लिया और पवन वेग से चल पड़ा । घर पहुँचने पर जब माँ ने उन्हें रक्त से नहाया देखा तो आँसू रोककर कहा, क्या रास्ते में मुगलों से टक्कर हो गई ? दुर्गादास हँसे और बोले—यह तो अब कदम-कदम पर ही होना है माँ ! इस पर कहाँ तक ध्यान दिया जायेगा ?

अभी महासिंह को होश में ही कर पाया था कि सैकड़ों मुगलों ने आकर घर घेर लिया । माँ ने जबरदस्ती सबको एक अंधेरे कुएँ में छिपाकर दरवाजा खोला और बाहर आकर कहा—"क्या है तुम सब किसलिये यहाँ आये हो ?" मुगलों के सरदार शमशेर खाँ ने कहा—"बुढ़िया तेरा बेटा दुर्गादास कहाँ है ? मैं उसे गिरफ्तार करने आया हूँ, वह बागी और कातिल है ।" माँ ने दृढ़तापूर्वक कहा—"तुझे उसका पता नहीं मिलेगा, चला जा यहाँ से । बड़ा आया मेरे बेटे को हत्यारा बतलाने वाला ।"

शमशेर खाँ ने दाँत पीस कर कहा—"बुढ़िया सीधी तरह उसका पता बतला दे नहीं तो अभी मौत के मुँह में चली जायेगी ।" "सिंहनी को मौत का भय दिखलाता है कायर—नाथू, मेरी बरछी तो ला"—माता ने नौकर को आवाज दी । इससे पहले नाथू बरछी माता के हाथ में दे पाता, शमशेर खाँ ने वार कर दिया । माता का स्वाभिमानी शीश कटकर भूमि पर गिर गया । नाथू बरछी लेकर झपटा कि दस-बारह सिपाहियों ने उस पर एक साथ हमला करके उसका अन्त कर दिया । शमशेर खाँ यों ही मकान में इधर-उधर झाँककर यह सोचता हुआ चल दिया कि यदि दुर्गादास घर में होता तो वह माँ के मारे जाने पर छिपा नहीं बैठा रहता । राजपूत इतना बुजदिल नहीं होता ।

दुर्गादास अपने साथियों के साथ अन्धे कुएँ में यह सोचते बैठे रहे कि मुगल माँ से पूछताछ करके और ज्यादा से ज्यादा घर देखकर चले जायेंगे । उन्हें स्वप्न में भी यह शंका न थी कि बहादुरी का दावा रखने वाले मुगल सरदार किसी वृद्ध माता पर भी हाथ उठा सकते हैं किन्तु आर्य और अनार्य, वीर और बर्बर के आदर्शों में अन्तर होता है—यदि यह बात दुर्गादास समझ सके होते तो माँ को मरने के लिये अकेला छोड़कर कुएँ में न बैठे रहते । असाधु से यह साधु आदर्शों का आरोप करना भारी भूल है । यही भूल दुर्गादास से हुई और माता मारी गई ।

कोलाहल शान्त हो जाने पर जब बहुत देर तक सन्नाटा छाया रहा तब दुर्गादास ने समझ लिया कि मुगल चले गये हैं किन्तु माता या नाथू ने अभी तक आवाज क्यों नहीं दी ? दुर्गादास आशंका से सिहर उठे । वे जैसे-तैसे कुएँ के गड्ढों और कगारों का सहारा लेकर बाहर निकले, जल्दी-जल्दी सबको निकाला और आकर देखा । माँजी और नाथू दोनों मरे पड़े हैं । दुर्गादास पर बिजली टूट पड़ी, उन्हें अपनी समझ पर अपार दुःख हुआ । तभी नाथू ने अस्फुट स्वर में कहा—"मालिक—शमशेर खाँ—कटालिया का सरदार ।" बस उसके बाद उसकी न तो आवाज निकली और न कोई श्वास लौटी । उसके प्राण-पखेरू उड़ चुके थे । वीर दुर्गादास ने आँसू रोककर प्रतिज्ञा की—जब तक शमशेर खाँ को यमपुर न पहुँचा दूँगा—अन्न-पानी ग्रहण न करूँगा । जो मेरी बूढ़ी माता को मार सकता है । वह न जाने कितनी अबलाओं को और भी मार सकता है । शमशेर खाँ तुझे इस संसार में जीने का कोई अधिकार नहीं है ।"

दुर्गादास ने माता और नाथू का दाह संस्कार किया और भाई तथा बेटे को लेकर कटालिया की ओर चल पड़े । रास्ते में जब वे पटेलों की बस्ती में पहुँचे तो वहाँ के राजपूतों को ललकारा, कल्याणगढ़ की घटना बतलाई और देश की लाज के लिये कटिबद्ध होने के लिये प्रेरित किया । लगभग सौ-सवासौ राजपूत उनके साथ मरने-मारने को चल दिये । दुर्गादास, कटालिया पहुँचे । रात हो चुकी थी पर वे सीधे गढ़ी पर गये । कुल्हाड़ी के वार से द्वार तोड़ डाला और भीतर घुस गये । अन्य राजपूत गढ़ी पर खड़े हो गये । दुर्गादास घायल सिंह की तरह शमशेर खाँ के कमरे में गये । वह सो रहा था । उन्होंने उसे आवाज दी, "सरदार शमशेर खाँ उठो ! तुम्हारी मौत आई है ।" आवाज सुनकर शमशेर खाँ हड़बड़ा कर उठ खड़ा हुआ और भौचक्का-सा दुर्गादास की ओर देखने लगा । दुर्गादास ने फिर कहा—"पहचाना शमशेर खाँ ! मैं वही दुर्गादास हूँ जिसकी तुम्हें तलाश थी और जिसकी निरपराध माता को तुम तलवार से मार आये हो । अब अपनी वही तलवार निकाल लो ? राजपूत निहत्थे अथवा असावधान शत्रु पर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

वार नहीं करते । केवल कुछ क्षणों का समय है । तलवार ले लो । नहीं तो फिर तुम्हारे निहत्थे मारे जाने की जिम्मेदारी हम पर नहीं होगी ? हम ज्यादा समय नहीं दे सकते । धरती तुम्हारे बोझ से भारी हो रही है ।" लेकिन शमशेर खाँ खड़ा-खड़ा खोया-सा देखता ही रहा । मौत को सम्मुख देखकर कायर किंकर्त्तव्य-विमूढ़ हो गया था । दुर्गादास बोले—"मैंने चाहा था कि तू बहादुर की मौत मरे ? लेकिन, तेरा पाप तुझे कुत्ते की मौत मरने को मजबूर कर रहा है ।" कथन के साथ ही वीर दुर्गादास की तलवार चमकी, और शमशेर खाँ का सिर, उसकी मखमली मसनद पर, रंग-भरे लोटे की तरह लुढ़क गया । वीर की प्रतिज्ञा पूरी हुई ।

शमशेर खाँ की मृत्यु ने जहाँ दुर्गादास की वीरता की धाक चारों ओर फैला दी वहाँ औरंगजेब की नींद हराम कर दी । उसने राज्य-भर में दुर्गादास को जिन्दा या मुर्दा पकड़कर लाने की घोषणा करा दी । दुर्गादास अरावली की पहाड़ियों में अपने साथियों के साथ चले गये । वे वहाँ अगली योजनाओं पर विचार करते थे । कन्द-मूल-फलों पर गुजर करते थे, पहाड़ी रास्तों तथा गुफा, कन्दराओं की खोज की । इधर मुगलों के एक बड़े दल ने अरावली के चारों ओर घेरा डालकर निकलने के सारे रास्ते बन्द कर दिये ।

कुछ ही समय बाद राजपूतों के साथ दुर्गादास के सम्मुख भोजन की समस्या खड़ी हो गई । फल-फूलों का भी अभाव हो गया । बाहर जाने के रास्ते बन्द थे, कोई सहायता आने की सम्भावना नहीं थी । राजपूत सरदार भूखों मरने लगे । दुर्गादास के दुःख का ठिकाना न रहा । उन्हें निराशा के विचार घेरने लगे । एक दिन उन्होंने सारे साथियों को इकट्ठा किया और कहा—

"भाइयो ! अब हम पर ठीक वही संकट आ गया है, जो कभी मेवाड़ की स्वतन्त्रता में महाराणा प्रताप पर आया था । अब हम सबको भी उन्हीं की तरह घास की रोटियाँ खा-खा कर अपने मारवाड़ की स्वतन्त्रता के लिये प्राण दे देने होंगे । परिस्थितियाँ यह सोचने पर विवश करती हैं कि बाहर से कोई सहायता न मिल सकेगी । हो सकता है कि अरावली पर मुगल सेना का आक्रमण हो और तब हम इने-गिने लोगों को उनसे लड़कर बलिदान हो जाना पड़े । ऐसी दशा में मेरी बुद्धि काम नहीं देती कि क्या उपाय किया जाये ? ऐसा लगता है कि देश में संगठन और स्वतन्त्रता का सारा प्रचार तथा प्रयत्न व्यर्थ चला गया । राजपूत फिर मोह-निद्रा में निमग्न हो गये हैं । अब आप लोग जैसा ठीक समझें करने के लिये स्वतन्त्र हैं ।"

दुर्गादास की निराशा देखकर रामसिंह उदावत ने कहा—'वीर ! इस प्रकार की निराशा ठीक नहीं । जनहित के बड़े-बड़े कामों में कभी-कभी निराशाजनक परिस्थितियाँ आ जाती हैं, लेकिन पुरुषार्थी व्यक्ति उनसे प्रभावित नहीं होते । वे साहसपूर्वक धैर्य रख कर प्रयत्न तथा प्रतीक्षा करते और अन्त में मार्ग पा लिया करते हैं । देश में संगठन तथा स्वतन्त्रता की रक्षा का किया गया प्रयत्न तथा प्रचार कभी निष्फल नहीं जा सकता ? मुझे विश्वास है कि जल्दी ही कोई मार्ग निकलेगा और हम सब लोग पुनः उस पर चल कर लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकेंगे ।

रूपसिंह उदावत अभी निराशापूर्ण वातावरण में आशा एवं उत्साह का संचार कर ही रहा था कि तब तक लगभग सौ आदमियों के साथ एक अर्थी अरावली की पहाड़ियों पर चढ़ती दिखलाई दी । सभी लोग उसकी तरफ बढ़ गये । पास पहुँचने पर लोगों ने अर्थी उतारी और सभी ने दुर्गादास और उनके साथियों को राम-जुहार कर अर्थी खोल डाली । सबके हर्ष और आश्चर्य का ठिकाना न रहा । अर्थी पर मुरदे के स्थान पर एक राजपूत सरदार गम्भीर सिंह था और उसके साथ आये लोग राजपूत सिपाही ? उन्होंने बतलाया कि शमशेर खाँ के मारे जाने पर कैसे सब तरफ लोगों को हर्ष एवं उत्साह की प्राप्ति हुई और कैसे तमाम राजपूत कटालिया आपकी सहायता के लिये गये किन्तु जब पता चला कि आप अरावली की पहाड़ियों में चले गये हैं तो हम लोगों ने यह तरकीब निकाली और घेरा डाले पड़े मुगलों को मुर्दे का विश्वास दिलाकर आपकी तलाश में यहाँ आ गये । आप सब लोग सौभाग्य से मिल गये । अब चलिये स्थान-स्थान पर राजपूतों के दल के दल आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं । अत्याचारियों से खुला युद्ध छेड़ दिया जाये ।" तत्क्षण ही सारी निराशा उत्साहपूर्ण वीर भावना में बदल गई । सभी अपने-अपने हथियार सँभालकर हर-हर महादेव के घोष के साथ अरावली से उतरे और मुगलों को मार-काटकर राजपूत सेना में आ गये ।

वीर दुर्गादास ने अरावली की तलहटी में जमा राजपूत सेना का यथावत् संगठन किया और उत्साहपूर्ण भाषण के पश्चात् कहा—"अब इस प्रकार विशृंखलित रूप से युद्ध करने से काम न चलेगा अब तो कोई न कोई दुर्ग जीतकर अपना स्थायी स्थान बनाना होगा और तब वहाँ से आगे की योजनाओं पर चलना होगा ? सभी ने उनसे सहमत होकर पास के सोजीतगढ़ पर अधिकार कर लेने का परामर्श दिया । बस फिर क्या था एक संगठित सेना के साथ राजपूत वीर सोजीतगढ़ पर चढ़ गये और वहाँ के बर्बर मुगलों को परास्त कर गढ़ी पर राजपूतों का जयध्वज फहरा दिया ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

सोजीतगढ़ की विजय ने राजपूतों में वीरता, बलिदान तथा विजय के विश्वास का ज्वार भर दिया । चारों ओर से राजपूत सरदार, जागीरदार और रजवाड़े अपनी-अपनी सेनायें ले-लेकर आने और सोजीतगढ़ में एकत्र होने लगे । जोधपुर पर चढ़ाई की योजना बनी । तभी गम्भीरसिंह ने परामर्श दिया कि—"सोजीत के राजपूत परिवारों की स्त्रियाँ और बच्चे किसी सुरक्षित स्थान पर भेज दिये जायें । क्योंकि अब सोजीतगढ़ हम लोगों का मुख्य गढ़ ही नहीं शक्ति और संगठन का केन्द्र बनेगा । इस पर किसी समय भी मुगलों का आक्रमण हो सकता है ।"

बात उपयुक्त थी । सब की समझ में आ गई । वीर दुर्गादास अपने कुछ साथियों के साथ परिवार की महिलाओं को लेकर वाली की ओर इस मन्तव्य से स्वयं चल दिये कि उन क्षेत्रों के राजपूतों को स्थिति से परिचित कराकर युद्ध का निमन्त्रण भी देते आयेंगे । उधर दुर्गादास ने प्रस्थान किया और इधर देसुरी के राजपूत सोजीतगढ़ की विजय और स्वातन्त्र्य सेना में सम्मिलित होने के लिये उत्सव और उल्लास मनाने लगे । किन्तु वहाँ के शासक इनायत खाँ ने सारे मुख्य-मुख्य राजपूतों को बन्दी बनाकर मौत के घाट उतरवा दिया । देसुरी में अन्याय और अत्याचार का आतंक छा गया । दुर्गादास को वाली में यह समाचार मिला तो वह वहीं से अपने साथियों और उद्यत राजपूतों की एक टुकड़ी लेकर देसुरी की ओर चल दिये । देसुरी पहुँचने पर रात हो गई थी किन्तु वीर दुर्गादास ने विश्राम करना अपने लक्ष्य के प्रति विश्वासघात समझा और उन्हीं पैरों देसुरी के किले पर आक्रमण कर दिया । इनायत खाँ को यमपुरी भेजकर किले पर विजय का झण्डा फहरा दिया । देसुरी के सारे राजपूत दुर्गादास के अनुगामी हो गये ।

वीर दुर्गादास देसुरी का प्रबन्ध एक सरदार को सौंपकर और रक्षा के लिये दो हजार सेना रखकर बाकी सोलह-सत्रह हजार सेना लेकर सोजीतगढ़ आकर जोधपुर पर आक्रमण करने की तैयारी करने लगे । जोधपुर पर इस समय औरंगजेब की पूरी ताकत लगी हुई थी । उसके देखते हुए राजपूतों की यह सेना कम थी । तब भी वीर दुर्गादास न्याय, सत्य तथा विजय के अखण्ड विश्वास के साथ जोधपुर की ओर कूच करने को उद्यत हो गये ।

जोधपुर की ओर कूच होने ही वाला था, कि तब तक महाराज उदयपुर की तीस-चालीस हजार सेना राजकुमार जयसिंह के साथ आकर उपस्थित हो गई । जयसिंह ने दुर्गादास से मिलकर बताया कि "आपके इस देश-सेवा के कार्यों में अभूतपूर्व बलिदान देखकर सारे राजपूत रजवाड़े जाग उठे हैं । सभी आपके नेतृत्व में देश की स्वतन्त्रता के लिये बलिदान में भाग लेने को उत्सुक हो गये हैं । मुझे तुम्हारे जोधपुर अभियान का समाचार मिला और मैं तत्काल सेना लेकर उदयपुर से चल पड़ा । यथा शीघ्र जोधपुर पर धावा बोल ही देना चाहिये ।"

हर-हर महादेव की ध्वनि के साथ कूच का डंका बजा और पचास हजार की राजपूत-वाहिनी जोधपुर की ओर चल पड़ी । दुर्गादास ने सारी सेना पाँच भागों में बाँटकर उनका नायक जयसिंह, मानसिंह, करणसिंह, जसकरण और केसरीसिंह को बनाकर स्वयं प्रधान सेनापतित्व ग्रहण किया, एक दिन और एक रात की यात्रा के बाद राजपूत सेना जोधपुर की सीमा पर पहुँच कर रुक गई । चारों ओर से जोधपुर को घेर कर मोर्चाबन्दी कर दी गई और दूसरे दिन सबेरे ही लड़ाई का डंका बजा दिया गया ।

घमासान संग्राम शुरू हो गया । एक ओर अन्याय और अत्याचार की भावना थी और दूसरी ओर स्वतन्त्रता, देश-प्रेम तथा कर्त्तव्य का उत्साह था । विजय सत्य की ही होती है फिर चाहे उसके पक्ष में कम लोग ही क्यों न हों । कई दिन तक अविराम युद्ध होता रहा । अन्त में मुगलों के सेनापति दिलावर खाँ ने हथियार डाल दिये और कूटनीति से काम लिया । उसने वीर दुर्गादास के पास सन्धि का प्रस्ताव भेजते हुए कहलवाया कि अब लड़ाई बन्द करा दी जाये । मैंने बादशाह के पास सन्धि की स्वीकृति के लिये प्रार्थना भेजी है । आशा है मंजूर हो जायेगी । फिर भी यदि तीन दिन तक कोई उत्तर न आया तो मैं जोधपुर आपके हवाले कर दूँगा ।

दुर्गादास ने बात मानकर लड़ाई बन्द करा दी और थके तथा घायल राजपूत विश्राम तथा मरहम-पट्टी करने लगे । इधर दुर्गादास ने सरदारों को एकत्र कर संधि-प्रस्ताव पर विचार करना प्रारम्भ किया । सभी लोग विचार करते-करते इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि अन्यायी शत्रु पर विश्वास न किया जाये । हो सकता है कि उसने सन्धि की प्रार्थना के बजाय बादशाह के पास सहायता के लिये सन्देश भेजा हो । ऐसी दशा में यदि असावधान रहा गया तो धोखा हो सकता है और जीत, हार में बदल सकती है । अच्छा हो, कि दिल्ली से जोधपुर के सारे मार्गों और नाकों पर फौज लगा दी जाये जिससे यदि दिलावर खाँ ने छलपूर्वक हमको युद्ध से विरत कर कुमुक मँगाई हो तो उसे रास्ते में ही रोककर जोधपुर पर अपना कब्जा कर लिया जाये । सलाह सबको पसन्द आई और दिल्ली, जोधपुर के रास्ते रोककर राजपूत सेना पहाड़ियों में छिपा दी गई ।

अनुमान ठीक निकला । दिल्ली से सत्तर हजार सेना तीन भागों में जोधपुर की ओर आ रही थी । अगली

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

टुकड़ी का सेनापति सरदार मुहम्मद खाँ था, दूसरी का तहब्बर खाँ और तीसरी टुकड़ी शहजादा अकबर शाह के साथ आ रही थी । कुछ ही देर बाद मुहम्मद खाँ का दल बादशाही झण्डा लहराता हुआ आ पहुँचा । राजपूतों ने अवसर पाते ही आक्रमण कर दिया ।

युद्ध प्रारम्भ होते ही राजपूतों की तलवारें बिजली बनकर चमकने लगीं । भयानक मार से अन्याय का साथ देने लिये आई हुई मुगल सेना भाग खड़ी हुई । मुहम्मद खाँ, दुर्गादास की तलवार का आखेट बना । राजपूतों ने मुगल सेना को घेरकर अभी बन्दी ही बनाया था कि तहब्बर खाँ का दल आ पहुँचा । राजपूतों की ताजी टुकड़ी गुफाओं और कन्दराओं से निकलकर उस पर टूट पड़ी और जल्दी ही उसकी भी वही दशा कर दी जो पहले शत्रु दल की हुई थी । अन्तर केवल इतना रहा कि पहली टुकड़ी का सरदार मुहम्मद खाँ मारा गया था किन्तु इसका तहब्बर खाँ ने आत्म-समर्पण कर दिया वह बन्दी बना लिया गया ।

एक रात बीतने के बाद अकबर शाह का दल पहुँचा । उसे रास्ते में ही पहले दोनों टुकड़ियों की दशा का समाचार मिल चुका था । अस्तु उसने घेरा पड़ते ही आत्म-समर्पण कर दिया । अधर्म पर धर्म की और अन्याय पर सत्य की विजय हुई ।

वीर दुर्गादास लौटकर जोधपुर पर पुनः टूट पड़ा किन्तु अधिक युद्ध न करना पड़ा । जोधपुर के मुगल शासक दिलावर खाँ ने जोधपुर की सत्ता दुर्गादास को सौंप दी । इस प्रकार एक लम्बे संघर्ष और अकूत बलिदान के बाद परतन्त्र हुआ जोधपुर स्वतन्त्र हुआ । राजधानी से बादशाही झण्डा उतारकर राजपूती झण्डा फहरा दिया गया ।

सरदारों ने उत्सव और समारोह मनाने का उत्साह प्रकट किया । किन्तु दुर्गादास ने सबको धैर्य रखने के लिये कहकर सारा प्रबन्ध स्वयं किया और बादशाह से युद्ध की तैयारी करने लगे । उन्होंने कहा, अभी विजय अधूरी है । बादशाह का अन्तिम आक्रमण होना है, साथ ही पूरा मारवाड़ स्वतन्त्र कराना है, अभी उत्सव का समय नहीं आया है ।

वीर दुर्गादास का कथन चरितार्थ हुआ । कुछ दिनों बाद ही बादशाह औरंगजेब ने ढाई लाख सेना से जोधपुर पर चढ़ाई की । यह समाचार राजपूताने और सम्पूर्ण मारवाड़ में आग की तरह फैल गया । वहाँ के सारे राजे, महाराजे और देशभक्त दुर्गादास की सहायता के लिये आ-आकर जोधपुर में जमा होने लगे । देखते ही देखते राजपूतों की कई लाख सेना एकत्र हो गई । बादशाह औरंगजेब आया किन्तु राजपूत सेना ने उसे रास्ते में ही धर दबाया । बड़ा भयंकर युद्ध हुआ । पचास हजार सेना का बलिदान हो गया किन्तु राजपूत अपने प्राणों की बाजी लगा कर लड़ते रहे और अन्त में उन्होंने देववाड़ी की पहाड़ियों में मुगल सेना को धर दबाया और भयंकर युद्ध का मार्ग खोल दिया । औरंगजेब घबरा गया । उसने अपना झण्डा गिरा दिया और किसी प्रकार सारी सेना को अनाथ छोड़कर गुफाओं, कन्दराओं और जंगलों में छिपता हुआ कुछ सरदारों के साथ दिल्ली की ओर भाग गया । दुर्गादास की पूर्ण विजय हुई । उन्होंने मारवाड़ के सारे राज्यों को स्वतन्त्र कर जोधपुर में एक विशाल सभा की । उस सभा में देश के लगभग सभी हिन्दू राजा एकत्र हुए । सभा में दुर्गादास ने कहा—आज, अब थोड़ा-सा काम छोड़कर मेरा कर्त्तव्य पूरा हो गया है । मारवाड़ स्वतन्त्र हो गया अब शेष देश को स्वतन्त्र कराने की बारी है । यह बात सही है कि अब मेरा शरीर अधिक सेवा के योग्य नहीं रहा है तथापि देश में हजारों दुर्गादास पैदा होंगे और एक इस दुर्गादास से सैकड़ों गुना प्रयत्न कर मातृभूमि भारत को आततायियों से मुक्त करायेंगे ।

सारी सभा और राजाओं ने वीर दुर्गादास को एक ऊँचे आसन पर बैठाकर पूजा की और चाहा की जोधपुर की गद्दी पर उनका तिलक कर दिया जाये, तभी वे उठ खड़े हुए और हाथ जोड़कर बोले—इसका अधिकारी मैं नहीं । इसका अधिकारी महाराज जसवन्त सिंह का पुत्र अजीत सिंह है जो गुप्त रूप से डुगवा ग्राम में पाला जाता रहा है और अब जिसे मैंने यहाँ बुला लिया है । आप लोग उत्तराधिकारी राजकुमार का राज्याभिषेक करें ।

इतना कहकर वीर दुर्गादास ने अजीत सिंह को बुलाकर गद्दी पर बैठाया और विधिवत् राजतिलक कराकर महाराज जसवन्त सिंह की लोहे की पेटी खोली । उसमें से जोधपुर का पैतृक राजमुकुट निकाला, जिसे दुर्गादास ने अपने हाथों राजकुमार अजीत सिंह को पहना कर प्रणाम किया । सभी ने महाराज अजीत सिंह की जयकार की और एक स्वर से उसे जोधपुर का राजा और मारवाड़ का महाराज स्वीकार कर भेट दीं ।

वीर दुर्गादास ने पुनः हाथ जोड़कर सबसे कहा—आज मेरा व्रत, मेरी प्रतिज्ञा और मेरा कर्त्तव्य पूर्ण हुआ, इसके लिये भगवान् तथा आप सब लोगों के साथ दिवंगत वीरों को धन्यवाद तथा श्रद्धांजलि देता हूँ । अब इस संसार में मेरा कोई कर्त्तव्य शेष नहीं रह गया है । शेष जीवन भगवत् भजन में लगाकर परलोक का चिंतम करूँगा । मैं आज

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अभी ही काशी जा रहा हूँ । इतना कहकर वह विजयी वीर चल पड़ा ।

दुर्गादास ने देश-रक्षा के लिये जो आत्म-त्याग किया था और युद्ध-क्षेत्र में जो वीरता दिखलाई थी, वह तो इतिहास में प्रसिद्ध ही है और अनेक लेखकों ने उसका प्रेरणादायक वर्णन किया है, पर उनकी सबसे बड़ी विशेषता हमको यह निःस्वार्थता और निस्पृहता ही जान पड़ती है । जबकि वर्तमान समय के 'देशभक्त' कोई झूठ-मूठ का सेवा कार्य कर देने पर भी अपने नाम का डंका पिटवाना चाहते हैं और उसके बदले में किसी ऊँचे पद या धन-मान की अभिलाषा रखते हैं—अनेक बार तो उसके लिये निर्लज्जतापूर्वक दूसरों से लड़ते-झगड़ते और नीच कृत्य करने पर भी उतारू हो जाते हैं । ऐसे व्यक्तियों को वीर दुर्गादास के चरित्र से यह शिक्षा मिल सकती है कि परोपकार और सेवा का सच्चा महत्त्व तभी होता है जब निःशून्य भावना से किया जाये और किसी प्रकार के बदले की अभिलाषा न रखी जाये । ऐसा होने पर उनको स्थायी प्रतिफल प्राप्त हो सकेगा । यदि दुर्गादास अपनी सेवा के बदले कोई बड़ी जागीर या मारवाड़ की गद्दी प्राप्त कर लेते तो आज उनका नाम और यश उससे चौथाई भी सुनने में नहीं आता, जो उनको प्राप्त हो चुका है, यद्यपि वे महाराज जसवन्त सिंह के एक साधारण जागीरदार थे और जिन महाराज अजीत सिंह को उन्होंने गद्दी पर बैठाया था, उन्होंने भी उनका कुछ सम्मान न किया, पर आज उन दोनों महाराजाओं का नाम कोई नहीं लेता, पर दुर्गादास को एक राष्ट्र-रक्षक के रूप में पूजा जाता है । ऐसा स्थायी और सार्वजनिक सम्मान देश और समाज के सच्चे सेवकों को ही मिला करता है ।

स्वतन्त्रता के महान उपासक : महाराणा प्रताप

सन् १५७६ का वर्ष था । मेवाड़ (राजस्थान) के हल्दीघाटी नामक पर्वतीय प्रदेश में मुगलों और राजपूतों की सेनायें संघर्ष के लिये आमने-सामने डटी हुई थीं । दिल्ली के बादशाह अकबर ने एक छोटे से राज्य द्वारा अपनी आज्ञा की अवेहलना करने पर एक बहुत बड़ी सेना सुप्रसिद्ध सेनानायकों की अधीनता में उसे कुचल डालने को भेजी थी । उधर मेवाड़ के महाराणा प्रताप ने भी अपनी संस्कृति, जातीयता, धर्म की अवमानना सहन करने के बजाय स्वतन्त्रता देवी की वेदी पर बलिदान हो जाने का निश्चय कर लिया था । इसलिये वे अपने साधनों के अल्प होने तथा गृह-कलह की कठिनाइयों के होते हुए भी इतनी शक्तिशाली सेना से लोहा लेने को तैयार हो गये ।

आरम्भ में तो मेवाड़ी-दल यह प्रतीक्षा करता रहा कि मुगल सेना हल्दीघाटी के संकीर्ण भाग में आ जाये तो उस पर पहाड़ के ऊपर से हमला करके मार भगाया जाये, पर जब इस तरह बहुत समय बीत गया तो राजपूतों ने अपनी तरफ से आक्रमण कर दिया ।

यह तो कहा ही जा चुका है कि मुगलों की सेना महाराणा प्रताप की सेना की अपेक्षा कई गुनी थी । उसके सेनापति आमेर के महाराज मानसिंह थे जो युद्ध काल में बहुत बड़े-चढ़े माने जाते थे । स्वयं प्रतापसिंह के सगे भाई शक्तिसिंह और जगमल भी उनके सहायक थे । सैय्यद हशीम, सैय्यद अहमद खाँ, मुहब्बत खाँ आदि बड़े-बड़े मुसलमान सरदार सेना के संचालन में सहयोग दे रहे थे । फिर भी राजपूतों ने ऐसे जोश और वीरता से आक्रमण किया कि थोड़ी देर में ही मुगलों में भगदड़ मच गई । हजारों सिपाही काट डाले गये और बड़े-बड़े वीरों को मौत के घाट उतार दिया । उसी समय कुछ नई बादशाही सेना सहायतार्थ आ गई और मानसिंह ने तोपखाने को पूरी शक्ति से गोलावारी करने का आदेश दिया । इस पर पासा पलटने लगा और राजपूतों के दल के दल तोपों के गोलों से प्राण देने लगे । यह देखकर महाराणा बड़े रोष में आ गये और उन्होंने अपने सिपाहियों को तोपें छीन लेने का आदेश दिया । तुरन्त आत्म-बलिदानी वीरों के दल तोपों की तरफ दौड़े और मृत्यु का उपहास करते हुए उन्होंने तोपचियों का सफाया कर दिया । कई-सौ गज का मैदान मुर्दों से भर गया, पर उन्होंने केवल तलवार और भालों के बल पर आग उगलती तोपों का मुख अपने शरीरों से बन्द कर दिया ।

पर अब राजपूत सैनिकों की संख्या बहुत कम रह गई थी और मुगल सेना उनको चारों तरफ से घेर कर नष्ट कर डालने की कोशिश कर रही थी । यह देखकर महाराणा स्वयं उनके बीच में कूद पड़े और मुगलों को गाजर-मूली की तरह काटने लगे । वे खास तौर से मानसिंह को ढूँढ़ रहे थे, जिसने बादशाह अकबर को भड़का कर आक्रमण कराया था । अन्त में काफी दूर पर उनको सैनिक दलों से घिरे और एक बड़े हाथी पर सवार मानसिंह की झलक दिखाई दी । इतने बड़े सेना दल को चीरकर मानसिंह पर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

आक्रमण करना सहज तो न था, पर प्रताप ने प्राणों की परवा न करके अपने घोड़े चेतक को उसी तरफ दौड़ाया । चेतक भी उनकी मन्शा को समझ गया और कूदकर मानसिंह के हाथी पर जा पहुँचा । महाराणा ने अपना बरछा चलाया पर शीघ्रता में वह महावत के लगा और उसके मरते ही हाथी पीछे की तरफ भाग खड़ा हुआ । इस प्रकार मानसिंह के प्राण बच गये ।

इधर प्रतापसिंह दुश्मनों के अपार सेना दल में पूरी तरह घिर गये और उन पर चारों तरफ से अस्त्र-शस्त्र चलाये जाने लगे । वे पूरी ताकत से उनका मुकाबला करने लगे, पर इतनी देर में बहुत थक चुके थे । इस दृश्य को कुछ दूर से झाला सरदार ने देखा और समझ लिया अब प्रताप अधिक देर नहीं टिक सकेंगे । वह बिजली की तरह लपककर उनके पास पहुँचा और उनके सिर पर से राजकीय चिन्ह 'छत्र' को उठाकर अपने सर पर रख लिया । उसने कहा "महाराणा अब आप यहाँ से निकल जायें अन्यथा आपका अन्त हो जाने से मेवाड़ अनाथ हो जायेगा ।"

इधर तो मुगल सैनिक महाराणा समझ कर झाला सरदार पर आक्रमण करने लगे और उधर महाराणा युद्ध क्षेत्र से निकलकर नदी की तरफ चले । उस समय तक वे और घोड़ा घावों से चकना-चूर हो रहे थे, पर इस तरफ ध्यान न देकर ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी भूमि में तेजी से आगे बढ़े चले जा रहे थे । दो मुगल सिपाहियों ने उनको इस प्रकार जाते हुए पहचान लिया और वे भी उनको मारने के उद्देश्य से पीछे दौड़े । यह दृश्य एक तीसरे व्यक्ति—प्रताप के भ्राता शक्तिसिंह ने देखा । अब प्रताप की देशभक्ति और कर्त्तव्य परायणता देखकर उसका मन बदल चुका था, अतएव उन्होंने भी उनकी रक्षा के लिये घोड़ा उसी तरफ दौड़ा दिया । कुछ ही देर में महाराणा नदी के पास जा पहुँचे और चेतक बहुत घायल होने पर भी महाराणा को लेकर उस पार पहुँच गया । वे वहाँ से कुछ ही गज आगे बढ़े होंगे कि पीछे से आवाज आई—"ओ नीला घोड़ारा असवार" महाराणा ने पीछे मुड़कर देखा तो शक्तिसिंह को अपनी तरफ आते देखा, पहले तो उन्होंने यह समझा कि वह इस समय मौका देखकर पुरानी शत्रुता का बदला लेने आया है । पर जब शक्तिसिंह ने लड़ने के बजाय अपना मस्तक उनके चरणों पर रख दिया और बतलाया कि मैं आपका पीछा करने वाले उन मुगल सैनिकों को मारकर यहाँ आया हूँ तो दोनों के दिल का मैल धुल गया और वे प्रेमपूर्वक गले मिले ।

उसी समय महाराणा के घोड़े चेतक ने अपने स्वामी को सुरक्षित स्थान में पहुँचाकर उनके मुख की तरफ देखते हुए प्राण त्याग दिये । वह मानसिंह के हाथी पर आक्रमण करते समय मरणान्तक रूप से घायल हो गया था और हाथी के मस्तक पर लगी एक कील भी उसके पैर में गढ़ गई थी । अभी तक वह युद्ध की तीव्रता और जोश के कारण अपनी पूरी शक्ति से दौड़ता रहा था । पर अब महाराणा के नीचे उतर जाने पर उसका शरीर शिथिल होकर भूमि पर गिर पड़ा । अपनी रक्षा करने वाले चेतक को इस प्रकार परलोक जाता देखकर प्रताप का हृदय रो उठा और उन्होंने घोड़े के मस्तक को अपनी गोद में रख लिया । घोड़े की अपूर्व स्वामिभक्ति को देखकर शक्तिसिंह पर भी बड़ा प्रभाव पड़ा । वह भी उसके लिये रोने लग गया । कुछ दिन बाद राणा ने चेतक के प्राण त्याग करने के स्थान पर एक स्तम्भ स्मारक के रूप में बनवा दिया जो अभी तक मौजूद है । अपना कर्त्तव्य इतनी निष्ठा के साथ पालन करने से पशु होते हुए भी चेतक का नाम अमर हो गया ।

आरम्भिक जीवन

जिन महाराणा प्रताप ने अपने थोड़े से साधनों से स्वाभिमान और देश के गौरव की रक्षा के नाम पर भारत-सम्राट कहलाने वाले अकबर की विशाल सेना का मुकाबला किया उनका जन्म सन् १५४० में हुआ था । उनके पिता महाराणा उदयसिंह निर्बल प्रकृति के व्यक्ति थे और जब अकबर ने अपना विजय-ध्वज फहराने के लिये चित्तौड़ पर हमला किया तो वे अपने महान् पूर्वज महाराणा समर सिंह, कुम्भा और संग्रामसिंह (राणा सांगा) की कीर्ति पर कालिमा लगाकर पहाड़ और जंगलों में भाग गये । पहाड़ी प्रदेश में उन्होंने अपनी नई राजधानी उदयपुर बसाई और वहीं पर सन् १५७२ में उनका देहान्त हो गया । वे एक विलासप्रिय राजा थे । जिनके अनेक रानियाँ तथा २५ पुत्र थे ।

आश्चर्य की बात है कि जिन राणा उदयसिंह को मेवाड़ के समग्र राजवंश में निम्नश्रेणी का व्यक्ति माना गया, इतिहास में जिनका नाम उपेक्षा के साथ लिया गया और जिनके २४ पुत्र भी स्वार्थ की जिन्दगी बिताने में ही प्रवृत्त हुए, उन्हीं का पच्चीसवाँ पुत्र प्रताप इतना स्वाभिमानी, स्वाधीनताप्रिय और मातृभूमि के गौरव का रक्षक हुआ कि इतिहास में उनका नाम अमर हो गया और स्वर्णाक्षरों से लिखा गया । यद्यपि मेवाड़ के सिसौदिया वंश के शासकों में बप्पारावल जैसे विजयी वीर हुए जिनके विषय में किम्बदन्ती है कि काबुल, कंधार, ईरान-तूरान पर भी उनका झण्डा फहराया था । उसी वंश में राणा सांगा हुए जिन्होंने सर्वप्रथम मुगल आक्रमणकारी बादशाह बाबर के

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

छक्के छुड़ा दिये और जिनके विषय में "टाड राजस्थान" में लिखा है कि उनके शरीर पर घावों के अस्सी निशान उनकी वीरता के प्रमाणस्वरूप मौजूद थे । पर ऐसे महावीरों को भी इतिहास में वह स्थान न मिल सका जितना ऊँचा और श्रद्धायुक्त स्थान महाराणा प्रताप ने प्राप्त कर लिया । आधुनिक ढंग के आलोचक चाहे उनको "संकीर्णतावादी" सिद्ध करने में अपनी बुद्धिमत्ता समझें, पर प्रत्यक्ष तथ्यों के सामने उनके निरर्थक तर्क-वितर्क चल नहीं सकते । भारत के राष्ट्रीय वीरों में महाराणा प्रताप और शिवाजी ने अग्रगण्य स्थान प्राप्त कर लिया है और पिछले सौ वर्षों में हिन्दी तथा भारतीय अन्य भाषाओं में उनके सम्बन्ध में अनेक प्रशंसात्मक रचनायें प्रकाशित हुई हैं ।

भारतीय लेखकों ने ही नहीं कर्नल टाड और विंसेण्ट स्मिथ जैसे विदेशी इतिहासकारों ने भी राणा प्रताप की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है । विंसेण्ट स्मिथ ने अपने "अकबर का जीवन चरित्र" में लिखा है कि "अकबर की चढ़ाई के समय राणा प्रताप अपने प्राण अर्पण करने को पूर्णरूप से तैयार थे । उनका यह दृढ़ निश्चय था कि वे अपने वंश के रक्त को विदेशियों के संसर्ग से कभी दूषित न होने देंगे और उनका देश सदा स्वाधीन लोगों का निवास स्थान बना रहेगा ।" प्रताप की इन्हीं विशेषताओं ने इस देशभक्ति के युग में प्रताप को एक महान " राष्ट्रीय वीर" का दर्जा दिला दिया । इतना ही नहीं प्रताप सिंह के पूर्वजों ने बड़ी-बड़ी विजय प्राप्त करके विदेशी आक्रमणकारियों को मार भगाया था और उनके बाद महाराणा राजसिंह ने भी औरंगजेब जैसे प्रबल और अत्याचारी बादशाह को पदावनत कर दिया था, पर वे लोग भी उतनी प्रसिद्धि प्राप्त न कर सके जितनी कि अकबर की सेनाओं से बराबर हारते जाने और पर्वतों तथा वनों में छिपकर जीवन व्यतीत करने पर भी प्रतापसिंह को प्राप्त हो गई । इसका कारण यही है कि संसार में केवल सफलता को ही सम्मान नहीं मिलता बल्कि उससे भी ज्यादा मान्यता किसी ऊँचे आदर्श के लिये त्याग, बलिदान और समर्पण की भावनाओं को दी जाती है । महाराणा प्रताप में ये गुण इतनी अधिक मात्रा में थे कि अनेक लेखकों ने उनके जन्म को किसी महान दैवी-विधान का अंग मान लिया है ।

"पिता के अनुपयुक्त रहने पर भी प्रतापसिंह में यह असाधारण क्षमता कहाँ से आ गई ? कैसे वे स्वार्थ एवं त्याग की इतनी उज्ज्वल पराकाष्ठा दिखाने में समर्थ हुए ? किन कारणों से स्वदेशाभिमान उनके हृदय में जागृत हो उठा ? स्वदेश प्रेम की यह सुखद सरिता उनकी नस-नस में कैसे बहने लगी और किस तरह वे इतने भयानक कष्ट सहन करने में समर्थ हुए ? गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है—"धर्म संस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे-युगे ।" यह सर्वमान्य है कि ईश्वर की प्रेरणा से भिन्न इस संसार का कोई भी कार्य संसाधित नहीं होता और यह भी सभी मानते हैं कि अपने-अपने संस्कारानुसार मनुष्य का कर्म तथा ज्ञान भी होता है । उस समय क्षत्रिय जाति विलासिता में डूबने लगी थी, वह अपना धर्म त्यागकर यवनों से विवाह-बन्धन में बँधने लगी थी । कूटनीतिज्ञ अकबर इसी तरह अपना प्रभाव भारत भर में फैलाने के लिये राजपूतों से विवाह सम्बन्ध करने लगा था । उस समय एक ऐसे महापुरुष की आवश्यकता थी, जो उन्हें सावधान कर दे कि तुम अपना कर्त्तव्य भूल रहे हो, कुराह पर जा रहे हो ।"

इसमें सन्देह नहीं कि राणा प्रताप ने जातीय सम्मान और कर्त्तव्यनिष्ठा के क्षेत्र में जो आदर्श उपस्थित किया उसका प्रभाव बहुत समय तक जनमानस पर पड़ता रहा । तब यह कहना कुछ भी गलत नहीं है कि राजपूत नरेश जो एक-एक करके मुगलों के अनुयायी बन रहे थे, उन पर प्रताप के उदाहरण से रोक लग गई और आगे चलकर बहुसंख्यक राजपूत सरदारों ने विदेशियों से संघर्ष भी किया । महाराणा प्रताप के विरुद्ध राजा मानसिंह, भगवान दास, जगन्नाथ आदि के प्राणपण से लड़ने का एक उद्देश्य यह भी था कि उनको प्रताप के उदाहरण से अपने हीनतापूर्ण कर्म अर्थात् मुगलों से विवाह सम्बन्ध करने पर लज्जा आती थी । वे चाहते थे कि प्रताप भी उनके ही जैसे बन जायें या फिर उनको नष्ट कर दिया जाये । प्रताप ने इस चुनौती को स्वीकार किया और त्याग तथा कष्ट सहने के आधार पर वह काम कर दिखाया जिससे स्वाभिमान की रक्षा हो सकी और अस्तित्व भी बना रहा । उन्होंने यह दिखला दिया कि सांसारिक सुख और वैभव वहीं तक ठीक है जब तक उनका उपयोग धर्म, नीति, संस्कृति की रक्षा करते हुए किया जा सके । पर जिस सुख और सम्पत्ति के लिये मानवता के इन श्रेष्ठ गुणों का बलिदान करना पड़े उसको विष के समान त्याज्य समझना चाहिये ।

प्रताप के समय में देश की कुछ ऐसी ही हालत हो गई थी । एक समय था कि विदेशी आक्रमणकारी अपने देश, धर्म का नाश करने वाला समझा जाकर शत्रु-भाव से देखा जाता था। उनको पूरी शक्ति से नष्ट करने या हटाने की चेष्टा की जाती थी, पर अकबर ने एक नई चाल चली । उसने अनुभव किया कि इस देश में सदैव विदेशी और आक्रमणकारी की स्थिति में बने रहना लाभदायक नहीं है । यदि हमको सदा यहाँ के निवासियों से लड़ते-भिड़ते ही रहना पड़ा तो हम चाहे कुछ समय के लिये विजयी भी हो जायें तो भी हमारी स्थिति डाँवाडोल ही रहेगी । ऐसी हालत में डाकू और लुटेरे जिस प्रकार बहुत-सा-माल पा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जाने पर आराम की जिन्दगी नहीं बिता सकते, वरन् उनके भीतर धुकड़-पुकड़ ही लगी रहती है वही हालत एक विदेशी विजेता की भी बनी रहती है । इसलिये उसने बुद्धि से काम लेकर इस देश के रहने वालों, खासकर यहाँ की लड़ने वाली मुख्य जाति राजपूतों से मेल-जोल बढ़ाना आरम्भ किया और शीघ्र ही कितने ही लोगों को अपना साथी और अनुयायी बना लिया, जिनमें आमेर के राजा मानसिंह प्रमुख थे । ये अपने समय के बहुत बड़े सेनानायक थे और कुछ ही बरसों में उन्होंने बंगाल से अफगानिस्तान तक अनेक लड़ाइयाँ जीतकर मुगल साम्राज्य की बहुत कुछ वृद्धि की थी ।

अकबर की यह नीति सामान्य दृष्टि से तो राजा और प्रजा के लिये हितकारी थी । पर उस समय की परिस्थिति में जबकि मुसलमान विजेता और हिन्दू विजित समझे जाते थे और बहुत समय से उनके धर्म और जातीयता पर आक्रमण होते आये थे । मुसलमानों से एक दम मिल-जुल जाना भारतीय संस्कृति की दृष्टि से खतरनाक था । महाराणा प्रताप ने इस तथ्य को समझा और निश्चय किया कि राजपूती शक्ति साधनों का जो बहाव मुगल-सत्ता की वृद्धि के लिये बढ़ता चला जा रहा है उसको रोका जाये । यह प्रत्यक्ष था कि इस उद्देश्य की पूर्ति में अकबर जैसे साधन सम्पन्न और कूटनीतिज्ञ सम्राट का विरोध मोल लेना पड़ेगा और उसके कारण मेवाड़ जैसे छोटे और साधन रहित राज्य के अधिपति को बड़ी विपत्ति का सामना करना पड़ सकता है, पर प्रताप ने इस खतरे को स्पष्ट देखते हुए भी देश और धर्म की रक्षार्थ अपने सुख और वैभव का बलिदान करने में संकोच न किया, यही उनकी बहुत बड़ी महानता है, जिसके लिये चार सौ वर्ष पश्चात् आज भी हम उनका स्मरण और सम्मान करते हैं ।

मानसिंह से झगड़ा

महाराणा प्रताप और अकबर की लड़ाई के लिये महाराज मानसिंह को उत्तरदायी बतलाया जाता है । कहा जाता है कि जब वे शोलापुर को जीतकर दिल्ली वापस जा रहे थे तो रास्ते में महाराणा प्रताप से मिलने मेवाड़ के कमलमीर नामक—स्थान में ठहर गये । दिखाने को तो वे शिष्टाचार वश ही भेंट करने गये थे, पर उनका आन्तरिक उद्देश्य यही था कि महाराणा को अकबर के अनुकूल बनाने की कोशिश की जावे । यह भी सम्भव है कि स्वयं अकबर ने उनको ऐसा संकेत किया हो । पर महाराणा उस समय चित्तौड़ की परतन्त्रता को देखकर बहुत दुःखी और रोषपूर्ण हो रहे थे । उन्होंने प्रतिज्ञा कर ली थी कि जब तक मैं चित्तौड़ को स्वतन्त्र न कर लूँगा तब तक महलों को त्यागकर झोंपड़े में रहूँगा, पलंग के बजाय जमीन पर सोऊँगा और सोने-चाँदी के बर्तनों के स्थान पर पत्तल पर भोजन करूँगा । ऐसी भावना के कारण उनका मन मुगल बादशाह और उनके सहयोगियों की तरफ से बहुत विरक्त हो रहा था । फिर भी अतिथि-धर्म का ख्याल करके उन्होंने मानसिंह के स्वागत-सम्मान की उचित व्यवस्था कर दी थी और भोजन के अवसर पर कुँवर अमरसिंह को उनके साथ बैठने को भेज दिया । मानसिंह को इसमें अपना अपमान जान पड़ा और उसने कहा कि मेरे साथ भोजन करने को महाराणा को आना चाहिये । सरदारों के बहुत कुछ समझाने बुझाने पर भी जब वे न माने और क्रोध करने लगे तो प्रतापसिंह ने आकर स्पष्ट कह दिया कि जिस किसी ने मुसलमानों से विवाह-शादी का सम्बन्ध कर लिया है, उनके साथ हमारा खान-पान नहीं हो सकता । इस पर मानसिंह का गुस्सा और भी भड़क उठा और वह बिना भोजन किये ही बदला लेने की धमकी देता हुआ वहाँ से चला गया ।

इस घटना में कोई ऐसी बात नहीं है जिससे उसे असम्भव या असत्य कहा जाये, पर हमारी सम्मति में इतने बड़े और आजीवन चलने वाले संग्राम ऐसी सामान्य घटनाओं पर आधारित नहीं होते । फिर अकबर जैसा इतिहास प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ साथ में भोजन न करने की घटना को लेकर लाखों फौज और करोड़ों की सम्पत्ति को युद्ध में झोंक दे और दस वर्ष तक अपनी शक्ति को सौ-पचास मील के पहाड़ी और जंगली भू-भाग के लिये नष्ट करता रहे, यह कोई समझदारी का प्रमाण नहीं है, इसलिये मेवाड़ पर उसकी चढ़ाई का मूल कारण यह धारणा ही थी कि राणाप्रताप की टेक और प्रतिज्ञा का प्रभाव समस्त राजूपत जाति पर पड़ रहा था और भी कितने ही राजा मुगलों के विरोधी बनने लग गये थे । इस बात की आशंका थी कि जिस प्रकार अकबर ने अनेक राजपूत राजाओं को प्रलोभन देकर अपना एक दल बना लिया है उसी प्रकार देशभक्ति और जातीयता की रक्षा के लिये प्रताप के निकट भी अन्य राजपूत नरेशों का एक गुट बन जायेगा, जिससे निबटना बाद में कठिन होगा । इसलिये उसने आरम्भ में ही राणा प्रताप को 'सुधार' कर अपने पक्ष में मिला लेने या मटियामेंट कर देने का निश्चय कर लिया ।

हल्दीघाटी का युद्ध

राजा मानसिंह ने दिल्ली जाकर अकबर से प्रताप के सम्बन्ध में जो रिपोर्ट सुनाई उसका स्वाभाविक परिणाम था मेवाड़ पर जोर-शोर से चढ़ाई की तैयारियाँ । यद्यपि

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

भारतवर्ष के विस्तार को देखते हुए मेवाड़ का प्रदेश जरा-सा भू-भाग था, पर वहाँ के सिसौदिया वंश के शासकों ने विदेशी और विधर्मी आक्रमणकारियों से लोहा लेने और विजय प्राप्त करने की जो परम्परा कायम की थी, उससे हिन्दू संसार में उनका सम्मान बहुत किया जाता था, उनको 'हिन्दूपति' के नाम से पुकारा जाता था । इसी प्रकार चित्तौड़ का दुर्ग सबसे प्रमुख या शानदार नहीं था, पर उसने भी सैकड़ों वर्ष तक पठान और मुगलों का मुख्य लक्ष्य बने रहने के कारण देश भर में अपूर्व ख्याति प्राप्त कर ली थी । इसलिये मेवाड़ पर आक्रमण किसी छोटे-मोटे राज्य को जीतने का प्रश्न न था वरन् हिन्दू जातीयता के एक सुदृढ़ प्रतीक को नष्ट कर देना था । अकबर तथा अन्य सभी मुस्लिम शासक मन में तो यह भावना सदा ही रखते आये थे, पर हिन्दुओं को भी सन्तुष्ट रखने के ख्याल से उसे नग्न रूप में प्रकट नहीं करते थे । अब जब कि मानसिंह जैसे हिन्दू नरेश स्वयं ही कुल्हाड़ी के बेंट बनकर उसके लिये जोर दे रहे थे और राणा प्रताप पर चढ़ दौड़ने के लिये कटिबद्ध हो रहे थे, तो अकबर उसके लिये कैसे इन्कार कर सकता था ।

इस सेना का प्रमुख सेनापति मानसिंह ही बनाया गया था । उसके साथ राजा जगन्नाथ और प्रताप के ही सगे भाई शक्तिसिंह थे जो पारस्परिक झगड़े के कारण अकबर के यहाँ चले आये थे । इसके सिवा और भी कई मुसलमान सरदार थे । मानसिंह चाहते थे कि प्रतापसिंह उनसे लड़ने मैदान में आयें तो अपनी विशाल सेना से उनकी छोटी-सी सेना को पीस डालें, पर प्रताप भी ऐसे अनजान न थे । उन्होंने अपना मोर्चा हल्दीघाटी में जमाया जो उनकी सुरक्षा के लिये सर्वोत्तम स्थान था । इसकी दुर्गम स्थिति का वर्णन करते हुए एक स्थान पर कहा गया है—

"इस स्थान में जाने की राह भी बड़ी विचित्र है । संकीर्ण पतली-पतली पहाड़ी राहों के अतिरिक्त दूसरा मार्ग इनमें प्रवेश का नहीं है । यह हल्दीघाटी कुम्भलमेर के पास पड़ती है । अजमेर के प्रभृति स्थानों से आने वाली मुगल फौज इसी राह से पहाड़ी प्रदेश में घुस सकती है । इसलिये प्रतापसिंह ने वही स्थान मुगल फौज को रोकने के लिये उपयुक्त समझा और इसी स्थान पर वे अपनी फौज लेकर डटे थे । हल्दीघाटी के बगल में ही उनकी बाईस हजार सेना शत्रु की राह देख रही थी । इस पहाड़ी प्रदेश में मीना और भील ही अधिक संख्या में रहते थे । इनमें भील प्रमुख थे और वे राणा के पक्के भक्त थे । जिस समय प्रताप की सेना शत्रु का संहार करने के लिये हल्दीघाटी के निचले भाग में उपस्थित थी ये भीलगण अपने तीर-कमान लेकर पहाड़ियों के ऊपर डट गये । उनके पास बड़े-बड़े पत्थरों का ढेर भी था । उन्होंने निश्चय कर रखा था कि वे शत्रु सेना का तीरों और पत्थरों द्वारा संहार कर डालेंगे ।"

यह तो कहा जा चुका है कि मुगल सेना संख्या में प्रताप की सेना की अपेक्षा बहुत अधिक थी । कई इतिहासकारों ने उसकी संख्या दो लाख तक लिखी है । इस प्रकार वह मेवाड़ी वीरों की अपेक्षा आठ दस गुनी थी पर इसीलिये प्रताप ने युद्ध के लिये ऐसा स्थान चुना था जहाँ वह सेना मैदान के अभाव से चारों तरफ फैलकर छोटी सेना को घेर नहीं सकती थी । "अकबर नामे" के अनुसार यह युद्ध जून सन् १५७६ में खमनौर नामक स्थान में आरम्भ हुआ । प्रताप के सेनानायक बहुत समय तक शत्रु की राह देखते-देखते उकता गये थे । इसलिये वे एक बार तो मुगल सेना पर ऐसे टूटकर झपटे कि उसमें भगदड़ मच गई । राजपूतों की तलवार की मार को मुगल सैनिक सहन न कर सके । कुछ ही समय में हजारों मारे गये पर मानसिंह ने युद्धनीति के अनुसार कई टुकड़ियाँ इधर-उधर छिपा रखी थीं । इसलिये नई सेना के आने से पुनः मुगलों में हिम्मत आ गई, लेकिन राजपूत गण इससे भयभीत न होकर शत्रुओं का संहार कर रहे थे । स्वयं प्रताप ने इस अवसर पर जो वीरता दिखलाई उसका वर्णन करते हुए एक लेखक ने कहा है—

"प्रतापसिंह इस समय मानसिंह की तरह एक जगह बैठकर सैनिकों का युद्ध करना नहीं देख रहे थे, वे अपने घोड़े चेतक पर सवार होकर प्रबल वेग से युद्ध कर रहे थे । महाराणा का वीरभाव, उग्रमूर्ति और अतुलनीय साहस देखकर उनके सैनिक और भी उत्साहित हो रहे थे । वे सदा अपनी सेना के आगे ही दिखाई देते थे और जगह-जगह आक्रमण करके मुगल सेना के व्यूह को भंग करने का प्रयत्न कर रहे थे । वे विशेष रूप से मानसिंह को ढूँढ़ रहे थे । उसने उदय सागर के महल में भोजन सम्बन्धी विवाद में प्रताप से मिलने की इच्छा प्रकट की थी । प्रताप आज रणक्षेत्र में उससे मिलकर उस इच्छा को पूर्ण करना चाहते थे पर मानसिंह उनके सामने आते कैसे ? वे तो हजारों रक्षकों से घिरे ऊँचे हाथी पर बैठकर सेना के अन्तिम भाग से ही उनका संचालन कर रहे थे । पर आगे बढ़ते-बढ़ते वे प्रताप को दिखाई दे ही गये । इतने रक्षकों को मारकर मानसिंह के पास पहुँचना थोड़े से व्यक्तियों के लिये सम्भव न था, पर प्रताप तो एक बार उसका सामना करने का संकल्प कर चुके थे । इसलिये सबको काटते-छाँटते मानसिंह के हाथी तक पहुँच ही गये ।"

मानसिंह और प्रताप में कैसी निपटी इसका वर्णन तो हम आरम्भ में ही कर चुके थे । प्रताप भारतीय युद्धनीति

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

के अनुसार स्वयं युद्ध में भाग लेकर सैनिकों के सामने उदाहरण उपस्थित कर रहे थे । यही कारण था कि उनके बीस हजार सैनिक शत्रु के दो लाख सैनिकों के लिये भी भारी पड़े और उसकी बहुत अधिक हानि हुई । उधर मानसिंह स्वयं लड़ने से दूर रहकर अन्य सरदारों को इधर से उधर जाने का आदेश दे रहा था । वह सैनिक चालों द्वारा सफलता प्राप्त कर लेना चाहता था, जबकि प्रताप प्राणों की बाजी लगा कर लड़ रहे थे । यही कारण हुआ कि जब लड़ते-लड़ते अधिकांश मेवाड़ी सेना कट गई तो अपनी बची सेना के कारण जीत मुगलों की हुई, पर उस युद्ध का वर्णन तब से आज तक इसी प्रकार किया गया कि प्रताप की सेना हार कर भी जीत गई और सच्ची बात भी यही थी कि जब प्रताप की सेना युद्ध क्षेत्र से पीछे हटी ही नहीं, लड़ते-लड़ते वहीं पर मर मिटी तो उसको हारना कैसे कहा जाये ? ऐसे वीर लोग ही तो युद्ध और इतिहास ग्रन्थों में अमर पद पाते हैं, उन्हीं के कारनामे स्वर्णाक्षरों में लिखे जाते हैं । अनुमान से प्रताप के तीन चौथाई सैनिक उस कुछ घण्टों के युद्ध में ही मारे गये और शेष भी बहुत घायल अवस्था में जैसे-तैसे सुरक्षित स्थानों पर पहुँच सके । उनकी सेना में शायद ऐसा सैनिक तो एक भी नहीं बचा था जो शत्रु पर वार करता हुआ घायल न हुआ हो पर मानसिंह ने अपनी सेना कई जगह छिपा रखी थी, इसलिये उनके दुगुने सैनिक मारें जाने पर भी उनको सहायता मिलती रही और उन्होंने अपनी जीत का समाचार बड़ी शान के साथ दिल्ली भेज दिया ।

पर वास्तव में जीत किसकी हुई यह इतिहास के ग्रन्थों से पूछिये । उनका कहना है कि हल्दीघाटी जैसा युद्ध संसार में एक ही स्थान पर और हुआ था और वह था यूनान का "थर्मापोली" का संग्राम । यह घटना ईसामसीह से भी कई सौ वर्ष पुरानी है जब एक छोटे से यूनानी राज्य स्पार्टा के राजा 'लियोनिडाज' ने कुछ सौ सैनिक को लेकर फारस-सम्राट की एक विशाल सेना को 'थर्मापोली' की घाटी में रोक दिया था और आत्म-बलिदान देकर एक ऐसा उदाहरण उपस्थित किया था जिसकी चर्चा आज तक संसार के इतिहास में की जाती है । यदि तीन-चार सौ व्यक्ति एक लाख सेना का दो-चार दिन भी सामना करते रहें और हजारों को मारकर आत्म-बलिदानियों की गति पा जायें और इतिहास में अमर बन जायें तो उनको 'विजयी' ही कहा जाता है । उनके विरोधी की चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो, उपेक्षा की जाती है ।

यही परिणाम हल्दीघाटी संग्राम का हुआ । कहने को मैदान बादशाही फौज के हाथ रहा, उसने उदयपुर की भूमि पर अधिकार कर लिया, पर इससे क्या मिला ? आज तक राजा मानसिंह को किसी लेखक ने प्रशंसा के साथ याद नहीं किया । उल्टा प्रताप जैसे देशभक्त को नष्ट करने का बीड़ा उठाने के कारण सब उनके नाम पर घृणा ही प्रकट करते हैं । दूसरी तरफ महाराणा प्रताप की मूर्तियाँ बना-बनाकर उनको देश और संस्कृति का महान् संरक्षक घोषित किया जाता है। यद्यपि मानसिंह ने धन, वैभव और राजकीय सम्मान इतना अधिक प्राप्त किया कि उसके फलस्वरूप जयपुर का राज्य परिवार अभी तक राजस्थान के राजाओं में सबसे अधिक वैभवशाली माना जाता रहा है । उधर महाराणा प्रताप को उन्हीं दिनों जंगली फल-फूलों और वहीं पाये जाने वाले बीजों की रोटी खानी पड़ती थी, पर स्वतन्त्रता देवी की आराधना का परिणाम ऐसा आश्चर्यजनक होता है कि महाराणा प्रताप उसी समय से क्षात्र धर्म के आदर्श और मातृभूमि के उद्धारकर्त्ता के रूप में पूजे जाने लगे, उनके वंशधर धन-वैभव की दृष्टि से सामान्य रहने पर भी राजपूतों के सिरमौर माने जाते रहे, पर जयपुर वाले अपनी शान-शौकत और राजधानी की अनोखी सुन्दरता के होते हुए भी कभी जनता की निगाह में गौरव और सम्मान के पात्र नहीं बन सके । वास्तव में चाहे राजा हो या प्रजा, चिरस्थायी कल्याण और जीवन के सार्थक होने का एकमात्र मार्ग स्वार्थ का त्याग और कर्त्तव्य पर आत्म-समर्पण ही होता है ।

वनवास का जीवन

हल्दी घाटी की लड़ाई के पश्चात् राणा जी का २१ वर्ष का जीवन वन और पर्वतों में ही व्यतीत हुआ । उनकी सेना का एक बड़ा भाग और आर्थिक साधन हल्दीघाटी के युद्ध में समाप्त हो गये थे । बादशाही सेना सदैव उनके पीछे पड़ी ही रहती थी । ऐसी दशा में खुले मैदान में रहकर शत्रु का मुकाबला कर सकना कैसे सम्भव था ? यदि वे जरा भी झुकने को तैयार होते और अकबर को मुँह से ही "भारत-सम्राट" स्वीकार कर लेते तो वे बहुत सम्मान के साथ अपने देश में सुख से निवास कर सकते थे, पर उन्होंने जब अकबर को मातृभूमि का घातक और धर्म पर प्रकट या अप्रकट प्रहार करने वाला समझा तो वे उसका विरोध कैसे छोड़ सकते थे ? बस उन्होंने जंगलों में रहकर आधे पेट खाना या भूखा रह जाना स्वीकार किया, पर अकबर को विदेशी और विधर्मी मानकर, उसके सामने मस्तक झुकाने को तैयार न हुए । हल्दीघाटी के पश्चात् वे कैसे घोर जंगलों में जाकर जीवन-यापन करते थे, इस सम्बन्ध में एक खोज करने वाले अन्वेषक ने लिखा है—

"हल्दीघाटी से हटकर महाराणा अपनी बची हुई सेना और घायलों के साथ गोगुन्दा चले गये, जो घाटी से लगभग

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

२० मील दूर है । यहाँ से आगे बढ़कर वे गौहाणा के बीहड़ रास्ते से झाड़ोल होते हुए कोल्यारी नामक सुरक्षित स्थान पर पहुँच गये । यहाँ १५० घायलों की चिकित्सा की गई । कोल्यारी उस समय बहुत निरापद स्थान था । यह हल्दीघाटी से करीब साठ मील की दूरी पर दुर्गम पहाड़ी श्रेणियों के बीच में है । इसका एक तंग रास्ता गोगुन्दा की ओर से था, जिसमें बीहड़ जंगल तथा कठिन नदी-नाले आते थे । इन्हें पार करना सेना के लिये आसान नहीं था । दो रास्ते उदयपुर से भी आते थे पर वे ऐसे भयंकर थे कि कोई बड़ी सेना उस पर नहीं चल सकती थी । इन सबसे बढ़कर बात यह थी कि यह पूरा क्षेत्र शत-प्रतिशत आदिवासी ही था । वहाँ के भील राणा के पक्के सहायक थे और दूर की खबर राणा को बहुत शीघ्र पहुँचा देते थे, अतएव राणा ने कोल्यारी को ही निवास स्थान बनाया । उन्होंने अपनी सेना तो कोल्यारी ग्राम में रखी और स्वयं पहाड़ों के ऊपर बने सुरक्षित स्थान में आश्रय लिया, जहाँ आजकल कमलनाथ का स्थान है और मेला लगता है । वहाँ अब भी राणा के हाथियों के बाँधने के स्थायी-चिन्ह दिखाई देते हैं । यह स्थान करीब दो हजार फीट की ऊँचाई पर है ।"

यद्यपि मुगल सेना का राजपूतों की अपेक्षा बहुत अधिक नुकसान हुआ तो भी मानसिंह आगे बढ़े और उन्होंने गोगुन्दा पर अधिकार कर लिया । पर वहाँ सरदार श्रीचन्द्र के नेतृत्व में अल्प संख्यक राजपूतों ने उसका मुकाबला किया और कई गुना मुगल सैनिकों को मारकर आत्म-बलिदान कर दिया । उनकी मान्यता थी कि अपनी मातृभूमि को पराधीन देखने की अपेक्षा लड़कर मर जाना कहीं अच्छा है ।

मानसिंह चार महीने तक गोगुन्दा में ठहरे रहे और यह प्रयत्न करते रहे कि किसी प्रकार प्रताप पकड़ा या मारा जाये पर उस समय राणा ऐसे स्थान पर थे, जहाँ जाने का साहस मुगल सिपाही कर नहीं सकते थे । अब राणा के पास बहुत थोड़ी सेना थी, इसलिये वे खुलकर लड़ने की बजाय इधर-उधर मिल जाने वाले बादशाही सेना के किसी दल पर आक्रमण करके उसका सफाया कर देते या बादशाह के पक्षपाती किसी छोटे राजा या सरदार को लूट लेते । वे दिल्ली से सूरत (गुजरात) आने-जाने वाले शाही खजाने तथा व्यापारियों को लूटकर भी अपने खजाने की कमी को पूरा करते रहते थे ।

मुगल-राज्य में मानसिंह का बड़ा आदर था । उन्होंने अनेक प्रान्तों को दिल्ली के अधीन करके बड़ा नाम कमाया था । वे जहाँ कहीं गये, वहाँ से सफल होकर ही लौटे । किंवदन्ती तो यहाँ तक है कि उन्होंने लंका पर चढ़ाई करके उसे भी जीतने का विचार किया था । इस पर एक चारण ने उनको एक पद्य सुनाया जिसका आशय था कि "श्री रामचन्द्रजी ने विभीषण को ब्राह्मण समझ कर लंका नगरी दान के रूप में दे दी थी, तो फिर तुम उसी सूर्यवंश के वंशज होते हुए दिये गये दान को वापस लेने का विचार कैसे कर सकते हो ?" पर जब मानसिंह, राणा को पकड़ने में असफल हो गये तो अकबर उनसे बहुत नाराज हो गया और उसने उनको दरबार में बुलाना बन्द कर दिया ।

अकबर का मेवाड़ पर सैनिक अभियान

अब अकबर ने स्वयं ही राणा पर आक्रमण करने का निश्चय किया, जिससे उनकी हार में किसी प्रकार का सन्देह न रहे, वह एक बहुत बड़ी सेना लेकर अजमेर पहुँच गया । राणा प्रताप जैसे साधनहीन शासक के विरुद्ध इतना बड़ा अभियान देखकर लोग चकित रह गये । वे कहने लगे कि 'जिस प्रताप के पास न तो थोड़े से सैनिक हैं, न खाने के लिये अन्न है, न निवास करने के लिये सामान्य स्थान है, वह बादशाह अकबर के इस विशाल दल-बल का सामना क्या करेगा ?' पर अकबर और प्रताप दोनों एक-दूसरे को पहचान गये थे । अकबर को निश्चय हो गया था कि राणा अपनी आन और प्रतिज्ञा का पक्का है, वह सहज में कभी वशीभूत नहीं हो सकता । उधर राणा स्वयं अकबर को आया देखकर समझने लगे कि वास्तव में उनकी प्रतिज्ञा का भी कुछ महत्त्व है, वह साधारण बात नहीं है । इससे उत्साहित होकर वे फिर से अपनी सेना का संगठन करने लगे और आस-पास के शासकों में से अपने सहायक ढूँढने लगे । उन्होंने भी अकबर की चालों का जबाव कूटनीति से देने का निश्चय किया और ईडर, सिरोही, जोधपुर के शासकों को अकबर के विरुद्ध भड़का दिया । बूँदी का राजकुमार दुर्जनपाल अपने पिता को छोड़कर प्रताप का सहयोगी बन गया । इस प्रकार जब अकबर को प्रताप के सिवाय कई तरफ और भी विद्रोह दिखाई पड़ने लगे तो उसकी शक्ति बँट गई । उसे अपने कई सरदार फौज के साथ ईडर, सिरोही आदि भेजने पड़े और स्वयं गोगुन्दा की तरफ चला, जिस पर मानसिंह के हट जाने पर राणा ने फिर अधिकार जमा लिया था । वहाँ पर राणा के पास दो हजार से अधिक सेना न थी, पर उसने ऐसा विकट संग्राम किया कि दस हजार मुगल कुछ ही घण्टों में मारे गये । अन्त में राणा को वहाँ से भी हटना पड़ा, पर वीरता की कद्र करने वालों ने उनकी इस हार को भी विजय ही माना और वास्तव में वे मानसिक दृष्टि से अकबर से कब हारे थे ? वह तो सेना की कमी से उनको अवसर के अनुसार

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

इधर से उधर हट जाना पड़ता था पर शीघ्र ही अनुकूल अवसर हाथ आने पर वे फिर बादशाह की सेना और सामग्री पर आक्रमण करके उसे तंग करने लगते थे । अकबर ने बांसबाड़ा, डूँगरपुर, मोही आदि सभी रजवाड़ों को, जो प्रताप के सहायक थे, आक्रमण करके अपने अधीन कर लिया और अपनी सेना को समस्त मेवाड़ में मकड़ी के जाले की तरह फैला दिया । उसे आशा थी कि इस प्रकार चारों तरफ से घिरकर और साधनों से वंचित होने पर राणा उसकी शरण आ जायेगा । पर उसकी यह आशा कहाँ तक सफल हुई, इस सम्बन्ध में एक स्थान पर कहा गया है—

"राणा प्रताप न तो अकबर की शरण में आये और न कहीं छिपकर बैठे रहे । हाँ, अपने परिवार की रक्षा के लिये अनेक बार गरीब भीलों की झोंपड़ियों में रातें व्यतीत करनी पड़ीं । जंगल की झाड़ियों में विश्राम करना पड़ा, अरावली पर्वत की गुफाओं में भूखे-प्यासे रह कर समय बिताना पड़ा । पर फिर भी जब मौका लगता मुगल सेना की मेवाड़ भर में बिखरी टुकड़ियों में से किसी पर अचानक हमला कर देते थे । इनके पास न सेना थी, न किला था और न धन था । केवल इने-गिने साथी रह गये थे । उन्हीं की सहायता से वह मुगल सेना की नाक में दम किये हुए थे । दिल्ली से सूरत जाने का मार्ग भी सुरक्षित नहीं था । राजा भगवानदास और मानसिंह से लेकर मुगल सेना के बड़े-बड़े सरदारों ने मेवाड़ का कोना-कोना छान डाला, लेकिन वे राणा प्रताप को न पा सके ।"

"मेवाड़ से अकबर के चले जाने पर राणा ने फिर जोर पकड़ा । उन्होंने मुगलों द्वारा अधिकृत किलों पर फिर कब्जा करना प्रारम्भ किया । किलों में पड़ी हुई मुगल सेना को बड़ी परेशानी उठानी पड़ी । उसका रसदपानी बन्द हो गया । जब तक मानसिंह की राजपूत सेना रही तब तक मुगल किसी तरह बचे रहे । उसके अन्यत्र जाते ही मेवाड़ी वीरों ने आक्रमण कर दिया । मोही का मुगल सरदार मारा गया । गोगुन्दा तथा उदयपुर में तैनात सैनिक भी मारे जाने लगे । जब यह समाचार अकबर ने सुना तो वह बड़े तैश में आया और फिर एक बड़ी सेना शाहबाज खाँ के नेतृत्व में भेजी । राजा भगवान दास, मान सिंह, सैय्यद कासिम, सैय्यद हाशिम, मुहम्मद प्यादा खाँ, गाजी खाँ आदि अनेक शक्तिशाली सरदार भी साथ में भेजे । जब यह फौज मेवाड़ पहुँची तो राणा फिर जंगलों में चले गये ।"

राणा का सबसे मुख्य आश्रय स्थल था अरावली पर्वत का दुर्गम क्षेत्र, जो कई सौ मील तक फैला है । इसके बीच-बीच में राजपूतों ने छोटे-छोटे दुर्ग बना रखे थे । राणा प्रताप इन्हीं में से किसी में चले जाते थे । शाहबाज खाँ ने भी तैयारी करके उसी क्षेत्र में प्रवेश किया । उस समय राणा कुम्भलगढ़ के किले में थे जो बहुत सुरक्षित माना जाता था । इसका रास्ता ऐसा चक्करदार है कि वह जल्दी समझ में नहीं आता । शाहबाज खाँ ने इस पर आक्रमण किया और बहुत सी सेना कटवाकर अधिकार कर लिया, पर राणा गुप्त रूप से कमलमीर चले गये । शाहबाज खाँ वहाँ भी पहुँचा, पर वहाँ की बीहड़ और ऊँची पहाडियों पर चढ़ना और भी कठिन था । आस-पास के किसी देश-द्रोही सरदार ने लालचवश शाहबाज खाँ को सलाह दी कि कमलमीर में पानी की बहुत कमी है । कुछ पहाड़ी स्रोतों के पानी से ही वहाँ का काम चलता है । अगर उन स्रोतों में जहर डलवा दिया जाये तो राणा बेबस हो जायेगा । यह उपाय पसन्द आया और जल-स्रोतों में जहर डलवा दिया गया । इससे अनेक राजपूत मर गये । तब राणा उस स्थान को छोड़ कर बांसवाड़ा चले गये ।

शाहबाज खाँ शीघ्र ही बांसवाड़ा भी पहुँच गया तो राणा सूर्य महल के किले में जा पहुँचे । वहाँ आक्रमण होने पर वे भीषमगढ़ चले गये । पर शाहबाज खाँ तो राणा को पकड़ने की प्रतिज्ञा करके आया था, अतएव सब तरह की कठिनाइयाँ सहकर वह भी भीषमगढ़ जा पहुँचा और उसे घेर लिया । उस समय किले में केवल पाँच सौ राजपूत थे और मुगलों की संख्या कई हजार थी । अब राणा प्रताप के परिवार की रक्षा का प्रश्न बड़ा जटिल हो गया । भीषमगढ़ के सरदार तेज सिंह ने अपने पुत्र चन्दन सिंह से कहा—"बेटा, इस समय राणा की रक्षा करना हमारा कर्त्तव्य है । वे ही जाति और देश के लिये संघर्ष कर रहे हैं । इसलिये तुम आज रात्रि भर अपने साथियों को लेकर मुगलों का सामना करते रहो तो मैं राणा और उनके परिवार को गुप्त रास्ते से कहीं दूसरे स्थान में पहुँचा दूँ ।"

चौदह वर्ष के चन्दन सिंह ने उस रात मुगलों को उस किले में न घुसने देने की प्रतिज्ञा की । मुगल सेना किले की दीवार तोड़कर भीतर पहुँचने की कोशिश करती रही, पर चन्दन सिंह ने बार-बार उसे पीछे हटा दिया । प्रातःकाल होने पर चन्दन सिंह ने देखा कि किले के चारों तरफ मुगल सेना फैली हुई है । वह अपने साथियों को लेकर उस पर टूट पड़ा, बहुत थोड़ी संख्या में होने के कारण उसकी विजय हो सकनी तो असम्भव थी पर हजारों शत्रुओं को मारकर उसने अपने प्राण दिये । भीषमगढ़ पर शाहबाज खाँ का अधिकार हो गया, पर वह राणा को न पा सका । उस समय राणा चौंधपुर नामक स्थान पर बैठे थे । वह उस जगह भी पहुँचा तो राणा घोर जंगल में चले गये । वह जंगलों में भी उनके पीछे फिरता रहा, पर भीलों की

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सहायता से तुरन्त इधर से उधर निकल जाने वाले राणा का पता लग सकना वहाँ किसी प्रकार सम्भव न था ।

वन्य-जीवन के कष्ट

अन्त में राणा के पीछे फिरते-फिरते शाहबाज खाँ परेशान हो गया और इस बीहड़ जंगली प्रदेश से पीछा छुड़ाने का बिचार करने लगा । इस बीच में यद्यपि उसने अपनी मुस्तैदी से पचास किलों पर बादशाही झण्डा फहरा दिया था । इनमें कुम्भलगढ़ जैसा किला भी था जो इसके पहले कभी किसी शत्रु के कब्जे में नहीं आ सका था । यही तब तक राणाप्रताप का मुख्य आश्रय स्थान था । अब महाराणा के पास कोई भी किला न था, इसलिये उनको जंगली स्थानों में या पहाड़ों की गुफाओं में समय व्यतीत करना पड़ रहा था । वहाँ उनकी कैसी परिस्थिति थी इस सम्बन्ध में कहा गया है—

"जंगल में राणा और उनके बच्चों को कन्द-मूल के सिवाय कुछ नहीं था । वृक्षों के पत्ते शाक का काम देते थे । बाजरे की मोटी रोटी भी कभी नहीं मिल पाती थी । कितने ही दिन बिना खाये ही रह जाना पड़ता । भोजन बनाने का मौका ही नहीं लगता । कई बार बनाया हुआ भोजन छोड़ना पड़ा, क्योंकि शत्रु के आने का हर दम भय बना रहता था । सुख की नींद सोये बरसों यों ही बीत गये । घास-फूस ही गद्दे का काम देते । महारानी भी इन सब कष्टों को धैर्यपूर्वक सहन कर रही थीं । भोजन बनाना, पानी भरना तथा गृहस्थी सम्बन्धी सभी काम उनको अपने हाथों से करने पड़ते थे । चलते-चलते पैरों में छाले पड़ जाते, काँटे गढ़ जाते । जंगलों में राणा के सहायक भील ही थे । वे राणा को देवता मानकर उन पर प्राण निछावर करने को तैयार रहते थे । एक बार कई सौ मुगलों ने राणा पर आक्रमण कर दिया । उस समय वे बच्चों के साथ एक जगह बैठे थे । उनके पास दस-पाँच भीलों के अतिरिक्त और कोई न था । अपनी रक्षा की तो उनको कोई चिन्ता न थी पर बच्चों की समस्या ने उनको व्याकुल कर दिया । उस समय भील बच्चों को जंगल के भीतर ले गये और टोकरियों में रखकर पेड़ों की डालों में टाँग दिया । कुछ लोगों को वहाँ देख-भाल के लिये छोड़कर अन्य लोग राणा के पास आ गये उस समय राणा अकेले ही युद्ध कर रहे थे, बहुत से सैनिकों के मारे जाने पर मुगल दल भाग गया । महाराणा ने बच्चों का समाचार पूछा तो भीलों ने बताया कि महारानी और कुमार सकुशल हैं आप उनकी चिन्ता न करें । कहते हैं कि सैकड़ों वर्ष बीत जाने पर भी अभी तक उन पेड़ों में लोहे के कड़े और कीलें गढ़ी दिखाई पड़ती हैं ।"

इसमें सन्देह नहीं कि त्याग और बलिदान ही ऐसे गुण हैं जिनके आधार पर किसी व्यक्ति को महानता और स्थायी मान्यता प्राप्त हो सकती है । प्राचीन काल में भी जिन लोगों ने धन-वैभव के बल पर कीर्ति और मान्यता प्राप्त करनी चाही उनकी नामवरी उनके जीवन काल तक ही सीमित रही । जब तक वे अपना ठाठ-बाट दिखाते रहे और खुशामद करने वालों को रुपया पैसा देते रहे तभी तक बहुत से लोग "धर्म मूरत" और "अन्नदाता" कहकर उनको ऊँचा चढ़ाते रहे, पर जैसे ही उनका निधन हुआ या किसी कारणवश उनकी सम्पत्ति का अन्त हो गया तो लोगों ने भी उसी समय आँखें फेर लीं पर प्रताप जैसे महामानवों का यश, धन और वैभव से जरा भी सम्बन्ध नहीं, वे तो भूखों रहकर अपने कर्त्तव्य का पालन कर रहे थे, इसलिये इतना समय बीत जाने तथा उस समय के बहुसंख्यक बड़े कहलाने वालों का नाम निशान मिट जाने पर भी, प्रताप की कीर्ति और उनका महत्त्व निरन्तर बढ़ता जाता है । हमको अच्छी तरह समझ लेना चाहिये कि हमारा यश तभी टिकाऊ हो सकता है जब हम समाज के कल्याण को दृष्टिगोचर रखकर कुछ त्याग और बलिदान करेंगे ।

शाहबाज खाँ के चले जाने के बाद राणा कुछ समय तक स्वतन्त्रतापूर्वक रह सके और उन्होंने कुछ सैन्य-संग्रह भी किया । इसकी खबर पाकर अकबर ने उनको दबाने के लिये फरीद खाँ को सेनापति बना कर भेजा । यह भी बड़ा योग्य सेनापति था । इसकी सेना को देखकर प्रताप ने फिर पहाड़ी प्रदेश का आश्रय लिया । अब वे छप्पन नाम के प्रदेश में पहुँच गये जहाँ केवल भील रहते थे और जहाँ पहुँचना बाहरी सेना के लिये बड़ा कठिन था । पर फरीद खाँ पता लगाता-लगाता वहाँ भी जा पहुँचा । अब प्रताप के लिये कोई भी स्थान शेष न बचा था और इसलिये उनके कष्ट बहुत बढ़ गये थे । तो भी उन्होंने हार मानने अथवा अकबर का आधिपत्य स्वीकार करने का कभी ख्याल नहीं किया । इसके विपरीत वे छापामार युद्ध से शत्रुओं का नाश करने लगे । वे अकस्मात् किसी पहाड़ी की चोटी पर दिखाई देते और यह समाचार पाकर मुगल सेना उस तरफ बढ़ती । पर थोड़ी दूर पहुँचते ही भील अपने तीरों से सैकड़ों वीरों को मार डालते अथवा पत्थर लुढ़का कर दो-चार सौ को यमलोक भेज देते । राणा स्वयं भी अकस्मात् मुगलों पर आक्रमण करके और सौ-पचास को मारकर गायब हो जाते थे । मुगल सेनापति तो समझते कि अब प्रताप हार कर कहीं बाहर चले गये और इसलिये वे आनन्द मनाने लगते और बादशाह के पास भी अपनी जीत का सन्देश भेज देते । पर दो-चार दिन बाद ही

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

उनको पुनः राजपूत सेना का सिंहनाद सुनाई पड़ता और मुगल सैनिकों के रक्त से मेवाड़ की भूमि रंग जाती । एक बार तो राणा ने एक बड़ी सेना को ऐसी युक्ति से घेरा कि एक भी सैनिक बचकर न जा सका कि फरीद खाँ को समाचार तो दे सके ।

पृथ्वीराज का पत्र और महाराणा की दृढ़ता

वर्षा ऋतु में जब नदी-नालों के भर जाने से अधिकांश मार्ग बन्द हो जाते थे तो मुगल सेना का अधिकांश भाग दिल्ली वापस चला जाता था । पर जब बसन्त में मौसम बदल जाता तो फिर नई सेना आ जाती । इस प्रकार कई वर्ष तक राणा मुगल सेना के छोटे-बड़े आक्रमणों का मुकाबला अपने साहस और सहिष्णुता के बल पर ही करते रहे । उनके साधन नाम मात्र को रह गये थे, पर उन्होंने न तो कभी अपनी प्रतिज्ञा को छोड़ा और न मुगल सेना को चैन से रहने दिया । कहा जाता है कि एक बार उनकी छोटी कन्या के हाथ से एक जंगली बिल्ली आधी रोटी लेकर भाग गई, जिस पर वह बहुत रोने लगी । राणा का हृदय राजवंशीय बच्चों की ऐसी दीन-दशा देखकर व्यथित हो गया और उन्होंने उसी मानसिक स्थिति में अकबर के पास सन्धि का प्रस्ताव लिखकर भेज दिया । अकबर तो उसे पाकर फूला नहीं समाया, पर एक राजपूत सरदार पृथ्वीराज ने उस पत्र की सत्यता पर सन्देह किया और उसकी जाँच करने की इच्छा प्रकट की । अकबर के स्वीकार करने पर उसने एक पद्यबद्ध पत्र राणा को भेजा जिसके दो पद्य यहाँ दिये जाते हैं—

अकबर समद अथाह, सूरापण भरियो सुजल ।
मेवाड़ो तिन माह, रहियो राणप्रताप सी ॥
हिन्दू पति परताप, पत राखो हिन्द आणरी ।
सहो विपत सन्ताप, सत्य सपथ कर आपणी ॥

अर्थात्—"अकबर एक ऐसे समुद्र के समान है जिसमें राजपूतों ने अपने शौर्य-वीर्य को डुबो दिया है । केवल मेवाड़ के राणा ही उसमें कमल पत्रवत् बच सके हैं । हे हिन्दूपति ! महाराणा प्रताप—अब आप ही हिन्दुओं के सम्मान की रक्षा करने वाले हैं, हमको पूरा विश्वास है कि आप सब प्रकार की विपत्तियों को सहकर भी अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करेंगे ।"

कुछ लोग इस घटना को भ्रमपूर्ण मानते हैं और कहते हैं कि प्रताप ने अकबर को किसी तरह का पत्र कभी नहीं लिखा, वे तो उसकी तथा मानसिंह की बातों का उत्तर तलवार से ही दे रहे थे । वास्तव में यह एक बड़ा ही महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि जहाँ अकबर बड़े-बड़े राज्यों और सूबों को देखते-देखते अपने आधीन कर रहा था और राजपूताने के अनेक राजा उसके कृपा कटाक्ष के अभिलाषी बन रहे थे, अकेले प्रतापसिंह उसके मुकाबले पर डटे रहे और अन्त में उसी को पीछे हटने के लिये विवश कर दिया । इसी आधार पर प्रताप को वह गौरवशील और चिरस्थायी पद प्राप्त हुआ है जो आठ सौ वर्ष के मुस्लिम शासन में महाराज शिवाजी को छोड़कर किसी अन्य को नहीं मिला । इसमें सन्देह नहीं कि जहाँ प्रताप ने महान् कष्ट सहकर यह कीर्ति अर्जित की और बाह्य दृष्टि से वे अन्तिम समय तक भी असफल ही बने रहे, वहाँ शिवाजी ने अकबर की अपेक्षा कट्टर शत्रु औरगंजेब को नाकों चने चबबा दिये और उसके सामने ही एक नया शक्तिशाली राज्य स्थापित करके दिखा दिया । पर इसमें तत्कालीन वातावरण का भी बहुत बड़ा हाथ था । अकबर के समय तक हिन्दुओं में जागृति बहत कम आ पाई थी और वह सद्भावना द्वारा बहुसंख्यक हिन्दुओं को अपना साथी बनाकर अपनी शक्ति को बढ़ाता जा रहा था । इसके विपरीत औरंगजेब ने अपनी कट्टरता और धार्मिक पक्षपात को नग्न रूप से प्रकट करके केवल मराठों को ही नहीं वरन् सिख और दुर्गादास जैसे राजपूत नेताओं को भी अपना शत्रु बना लिया था । इस प्रकार जब देश भर के हिन्दू उसकी दुर्नीति से असन्तुष्ट होकर विरोधी बन गये तो उसकी शक्ति का घट जाना और शिवाजी का उसके मुकाबले में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर लेना कोई कठिन बात न थी ।

यदि गम्भीरतापूर्वक विचार किया जाये तो औरंगजेब के इस प्रकार के पतन में महाराणा प्रताप का कष्ट सहन भी बहुत काम कर रहा था । उन्होंने स्वाधीनता तथा देशभक्ति का जो आदर्श उपस्थित किया वह अप्रत्यक्ष रूप से अन्य हिन्दू शासकों तथा जनता को प्रभावित करता रहा और जब मुगल बादशाहों की नीति में परिवर्तन हुआ तो उनके प्रति भारतीय नेताओं और जनता का रोष प्रत्यक्ष रूप में प्रकट हो गया । राणा प्रताप ने राजा होते हुए भी देश के लिये एक त्यागी और तपस्वी का जीवन बिताया और दिल्ली की बादशाहत के सुख-सम्पत्ति के भारी प्रलोभनों को ठुकरा दिया । यह कोई साधारण बात न थी । ऐसा त्याग कभी व्यर्थ नहीं जा सकता । जनमानस पर उसका प्रभाव स्वयमेव पड़ता है और वह अज्ञात रूप में लाखों व्यक्तियों को अपना अनुयायी बना लेता है । वर्तमान युग में महात्मा गाँधी का व्यक्तिगत प्रभाव हम अपनी आँखों से देख चुके हैं । जब उन्होंने देशोद्धार के लिये सब प्रकार के कष्टों और प्राणों का भी भय बिल्कुल त्याग दिया और ब्रिटिश साम्राज्य की तोपों के सामने सीना खोलकर खड़े हो गये तो जनता पर उनका ऐसा जादू चला कि सारा देश एक साथ उनका अनुयायी बन गया । जिन

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

लोगों से किसी प्रकार के त्याग की आशा न थी वे भी अपना घर-बार और स्वार्थ त्यागकर हँसते हुए जेल चले गये । सामान्य लोगों ने अंग्रेजी रायफलों की गोलियाँ खाकर प्राण देने में जरा भी भय नहीं किया । यह एक असाधारण दृश्य था जिसकी कल्पना पर पहले कोई विश्वास नहीं करता था। उसी युग में क्रान्तिदल के वीरों ने भी अपूर्व साहस और आत्म-त्याग दिखलाया था, पर तत्कालीन परिस्थितियों के कारण उसका प्रभाव सामान्य जनता तक पहुँचने में अधिक समय लग गया ।

यही बात राणा प्रताप के सम्बन्ध में हुई । आरम्भ में तो लोगों को वे अपने राज्य के लिये संघर्ष करने वाले एक शासक मात्र ही जान पड़े, पर जैसे-जैसे वे अपनी प्रतिज्ञा की पूर्ति के लिये कष्ट-सहन करते गये और प्राणों का मोह पूरी तरह त्याग दिया तो लोग उनको एक महान देशसेवक के रूप में देखने लगे । क्योंकि राज्य और शासन का उद्देश्य तो सुख सम्पत्ति की प्राप्ति ही होता है । पर जब उसको सामने देखकर भी मनुष्य सिद्धान्त के पालन को प्रमुखता देता है और निःस्वार्थ भाव से प्राणों को होमने के लिये तैयार रहता है, वह भी एक दिन नहीं, जीवन के अन्तिम क्षण तक तो उसे एक महामानव या महापुरुष मान लिया जाता है । महापुरुषों का चरित्र सदैव अनुकरणीय होता है, वे जन साधारण के लिये प्रकाश-स्तम्भ का काम देते हैं । यह राणा प्रताप की महान तपस्या का ही परिणाम था कि उनके पास धन-सम्पत्ति का सर्वथा अभाव होने पर, इतना ही नहीं भोजन और वस्त्र का ठिकाना न रहने पर भी, उनको लगातार राजपूत और भील सहायक मिलते रहे, जो उन्हीं की तरह कष्ट सहकर बिना वेतन के सैनिक और कार्यकर्त्ताओं का कर्त्तव्य पूरा करते रहे । स्वामी-सेवक अथवा नेता और अनुयायी का इस प्रकार का निःस्वार्थ आत्मत्याग एक ऐसा स्वर्गीय दृश्य होता है, जो कभी-कभी ही संसार में दिखाई देता है ।

शाहबाज खाँ और फरीद खाँ के आक्रमणों से सुरक्षा को खतरा देखकर राणा चावण्ड के पहाड़ों में चले गये । यह स्थान उदयपुर से तीस-पैंतीस मील है पर इसका मार्ग ऐसा भयंकर है कि पैदल मनुष्य भी उसे कठिनाई से पार कर सकता है । उन दिनों केबड़े की नाल नामक स्थान को पारकर कर सकना सबसे मुश्किल था । राणा ने उसी स्थान पर शत्रु सेना को रोकने के लिये मोर्चेबन्दी की थी, जिसके चिन्ह अभी तक मौजूद हैं । अन्तिम दो वर्षों में जगन्नाथ कुछुआ बादशाही फौज के साथ उनका पीछा करता रहा । उस समय से राणा ने अपना स्थायी निवास चावण्ड में ही बना लिया और जीवन के अन्त तक वहीं रहे, बादशाही सेना का कोई सेनापति वहाँ नहीं पहुँच सका, क्योंकि उस तंग और चारों तरफ पहाड़ों से रुके रास्ते में पैर रखना जानबूझ कर मृत्यु को बुलाना था । वह एक ऐसा प्राकृतिक दुर्ग था जिसकी रक्षा बड़ी-बड़ी गिरिमालायें करती थीं । जब बादशाही सेनायें निराश होकर चली गईं और अकबर भी अन्य प्रदेशों की तरफ युद्ध में फँस गया तो राणा ने वहीं अपने निवास के लिये एक सामान्य भवन बनवाया और "चावण्ड माता" का एक मन्दिर भी निर्माण कराया । इतिहासकारों का कथन है कि अपने जीवन के अन्तिम ग्यारह वर्ष उन्होंने इसी स्थान पर शान्तिपूर्वक बिताये । उस समय सल्तनत के अन्य भागों में अशान्ति बढ़ जाने से अकबर का ध्यान मेवाड़ की तरफ से हट गया था । दूसरी बात यह भी कही जाती है कि महाराणा प्रताप की अप्रतिम देशभक्ति का प्रभाव अकबर के अनेक दरबारियों पर भी पड़ा था और उनके आग्रह पर मेवाड़ को अकेला छोड़ देने की नीति अपनाई गई थी । केवल चित्तौड़, मांडलगढ़ आदि दो-तीन किलों पर ही उसने अपना अधिकार जमाये रखा ।

भामाशाह की देशभक्ति

महाराणा प्रताप के चरित्र में भामाशाह का नाम भी स्वर्णाक्षरों में लिखा है और उसने वास्तव में एक ऐसा उदाहरण उपस्थित किया जिसकी तुलना भारतीय इतिहास में ढूँढने से भी नहीं मिलती । जब महाराणा प्रताप अपने को सर्वथा असहाय समझकर और अपने शत्रु का दबाव चारों तरफ से बढ़ता देखकर मेवाड़ को त्यागने का विचार कर चुके थे और उसकी सीमा पर पहुँच चुके थे तो यह समाचार भामाशाह ने सुना । वह जाति का वैश्य था तथा राज्य कार्य तथा व्यापार आदि के द्वारा उसके पूर्वजों ने पर्याप्त सम्पत्ति इकट्ठी कर रखी थी । राणा के कष्ट सहन तथा मेवाड़ की दुर्दशा का जब उसको ध्यान आया तो उसने निश्चय किया कि अपनी सम्पत्ति इस कार्य के लिये अर्पित कर दी जाये, अन्यथा देश के पराधीन हो जाने पर उसका क्या महत्त्व रहेगा ? इसलिये राणा के देश त्याग का समाचार सुनकर वह उनके पास पहुँचा और उनसे कहा कि वे उसकी सम्पत्ति के द्वारा पुनः सैनिक तैयारी करके शत्रु का सामना करें यदि सफलता मिल जाये तो ठीक अन्यथा जहाँ 'स्वामी' वहीं 'सेवक भी चलेगा । पराधीन मेवाड़ में रहने से क्या सुख और शान्ति मिल सकेगी ।' कहा जाता है कि भामाशाह के भण्डार में उस समय इतना धन था कि पच्चीस हजार सेना का खर्च बारह वर्ष तक चलाया जा सकता था । भामाशाह की प्रशंसा करते हुए एक लेखक ने सत्य कहा है—

"जिस तरह मेवाड़ की अन्य घटनायें अपूर्व हैं उसी तरह भामाशाह की यह स्वामिभक्ति भी अभूतपूर्व तथा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अतुलनीय है । उनके स्वार्थ त्याग ने उनका नाम अजर-अमर कर दिया । कर्त्तव्य का दायित्व बड़ा कठिन होता है । इस तरह जब देश के सभी प्राणी उसके लिये स्वार्थ त्याग करने को प्रस्तुत हो जाते हैं और अपनी सम्पत्ति धन-बल, जन-बल, सर्वस्व को देशसेवा के लिये अर्पण कर देते हैं तो वह देश परतन्त्र नहीं रह सकता ।"

वास्तव में भामाशाह का उदाहरण अद्वितीय है । उस जमाने में जबकि भारतवर्ष अनेक टुकड़ों में बँटा था और लोगों के सामने राष्ट्रीयता का कोई स्पष्ट रूप नहीं था, भामाशाह जैसे पहाड़ और जंगलों से घिरे क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति के हृदय में, देश-प्रेम की ऐसी उदात्त भावना का उत्पन्न होना, एक बहुत ही दुर्लभ बात थी । उस समय तो बहुसंख्यक व्यक्ति मुसलमान बादशाहों को ही देश का वास्तविक हितचिन्तक मानने लगे । हजारों ऊँची श्रेणी के हिन्दू उनका साथ दे रहे थे, स्वयं राजपूत राजा अकबर के सम्बन्धी बन गये थे, ऐसी दशा में महाराणा प्रताप की हारी हुई बाजी पर अपना सर्वस्व झोंक देना असाधारण देशभक्ति और स्वतन्त्रता प्रेम की परिचायक था । इसमें तनिक भी सन्देह नहीं कि भामाशाह का उदाहरण अभी सैकड़ों वर्ष तक लोगों को श्रेष्ठ कार्यों के लिये स्वार्थ त्याग की प्रेरणा देता रहेगा ।

मुगल सेना की पराजय

भामाशाह से आर्थिक सहायता प्राप्त होने पर राणा ने अपनी सेना के पुनर्संगठन का कार्य आरम्भ किया, मेवाड़ के राजपूत तो स्वयं ही अपनी मातृभूमि के उद्धार के लिये व्याकुल थे, पर मुगलों के लगातार आक्रमण से राणा जी के विवश हो जाने पर वे निराश होकर बैठ गये थे । अब नये साधनों की प्राप्ति से उत्साह की एक नवीन लहर फैल गई । थोड़े समय में एक बड़ी सेना शस्त्रास्त्र सहित खड़ी हो गई । पर एक जबर्दस्त शत्रु का सामना करना है यह सोचकर यह कार्य बहुत सावधानी और गुप्त रूप से किया जा रहा था । सैनिक अभियान में अकस्मात् आक्रमण का भी बड़ा महत्त्व होता है । इस समय भी कुछ ऐसी ही परिस्थिति बन गई थीं । इधर तो शाहबाज खाँ मेवाड़ के एक सुदृढ़ दुर्ग में बैठा विचार कर रहा था कि सम्भवत: महाराणा मेरे आतंक से मेवाड़ को त्यागकर कहीं चले गये इसी से उनका कोई समाचार नहीं आ रहा है । अगर ऐसी ही हालत रही तो मैं शीघ्र ही समस्त मेवाड़ को मुगल-सल्तनत के झण्डे के नीचे लाकर बादशाह के सामने अपनी वीरता का प्रमाण उपस्थित कर सकूँगा । उधर राणा जी बहुत धीरे-धीरे और कौशल के साथ उनके शिविर की तरफ बढ़ रहे थे कि उसे उनकी भनक भी सुनाई न पड़े ।

जब राजपूती सेना किले के निकट पहुँच चुकी तो उसने मुगलों पर अकस्मात इतने प्रबल वेग से आक्रमण किया कि उनके होश-हवास गुम हो गये । शाहबाज खाँ वीर सेनापति था, पर उसके सिपाही ऐसे घबरा गये कि उन्हें भागने के सिवा और कुछ न सूझा । तो भी वे भागकर कहाँ जाते । मेवाड़ के पहाड़ी प्रदेश में ऐसी सीधी सड़कें तो बनी नहीं थीं कि वे सीधे अपने किसी अन्य सैनिक-शिविर में चले जाते । वे इधर-उधर से निकलने का प्रयत्न करने लगे, पर चारों तरफ से राजपूत सेना ने घेर रखा था । परिणाम यह हुआ कि शायद ही कोई बच सका । एक प्रकार से महाराणा ने आज हल्दीघाटी के युद्ध का बदला पूरी तरह चुका लिया । इसके बाद तो राजपूत सेना दुगुने उत्साह से बढ़ने लगी और उसने एक के बाद एक बत्तीस किलों में से मुगलों को भगाकर अपना अधिकार जमा लिया ।

"इस बार सचमुच ही गिरि-निर्झरिणी की भाँति राजपूत सेना ऐसे प्रबल वेग से अग्रसर हुई कि मुगलों की फौज किसी भी तरह सम्भल न सकी । वह सम्भलने का उद्योग कर ही रही थी कि राणा प्रतापसिंह ने एकाएक कुम्भलमेर पर आक्रमण कर दिया । वहाँ की रक्षा का भार सिपहसालार अब्दुल्ला पर था । राजपूत सेना प्रबल धारा की भाँति अग्रसर होती हुई किले वालों पर टूट पड़ी । उनकी तलवारों के आघात से शत्रु के दल नष्ट होने लगे । सफलता मनुष्य के साहस को बराबर आगे बढ़ाती जाती है । इस बार प्रताप की सेना को जिस तरह लगातार सफलता प्राप्त होती जाती, उससे उसका साहस और बल भी खूब बढ़ता जाता था । इसी कारण जिस समय सिपहसालार अब्दुल्ला इनका मुकाबला करने को तैयार हुआ उस समय राजपूतों की प्रतिहिंसा ऐसी जाग्रत हो गई थी कि वे मुगल सैनिकों को देखते ही मार-मार कहकर इस तरह उन पर टूट पड़ते कि मुगलों का बचना कठिन हो जाता था । एक बार प्रताप ने जिस प्रकार मेवाड़ को उजाड़ कर दिया था, उसी प्रकार इस बार वे उसे बसाने के लिये शत्रुओं के रक्त से सींचने लगे । ..... प्रताप को जर्जरित, पीड़ित और गृहत्यागी देखकर इस समय मानसिंह मन ही मन प्रसन्न हो रहे थे, इस कारण उससे बदला लेने की इच्छा प्रतापसिंह के हृदय में भी जाग रही थी । अत: उसी अवसर पर उन्होंने अम्बर राज्य के वाणिज्य प्रधान नगर मालपुरा को छापा मारकर लूट लिया ।

यद्यपि इस समय भी राणा की सेना की अपेक्षा मुगल फौज की संख्या काफी ज्यादा थी और उसके पास साज-सामान तथा हथियार तो बढ़िया थे ही । पर दस-बारह वर्ष तक राणा प्रताप द्वारा की गई तपस्या तथा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

कष्ट सहन का परिणाम यह हुआ कि लोग हृदय से उनके भक्त और प्रशंसक बन गये । सच है किसी का भी त्याग और बलिदान व्यर्थ नहीं जाता । कम समझ लोग चाहे उसके प्रभाव को अनुभव न कर सकें और अदूरदर्शी भी तुरन्त उसका कोई परिणाम न देखकर उसे व्यर्थ बतलाने लगें, पर तत्त्ववेत्ता इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि इस जगत में छोटे से छोटे काम की भी प्रतिक्रिया अवश्य होती है । तब कोई महान त्याग अथवा निस्वार्थ बलिदान व्यर्थ चला जाये यह प्रकृति के नियमों के विरुद्ध बात है । इस नियम को दृष्टिगोचर रखकर और कर्म सिद्धान्त की वास्तविकता को समझकर हमारा कर्त्तव्य है कि हम सदा शुभ और श्रेष्ठ कर्मों में ही अपनी शक्ति खर्च करें । सुख-दुःख, हानि-लाभ, सफलता-असफलता का बहुत कुछ आधार तो तत्कालीन परिस्थितियों पर रहता है, पर हम जो कुछ कर्म करेंगे उसका फल शीघ्र या विलम्ब से मिलेगा अवश्य ।

महाराणा प्रताप यदि चाहते तो बादशाह अकबर से साधारण सन्धि करके आराम की जिन्दगी बिता सकते थे । उनके वंश की वीरता को समझकर सभी बादशाह तथा मुसलमान सरदार भी मन में उनके प्रति आदर का भाव रखते थे । इसलिये यदि वे केवल मुँह से भी बादशाह के प्रति सम्मान का भाव प्रकट कर देते तो अपने प्रदेश में निष्कंटक राज्य कर सकते थे । पर प्रताप ने अपने सुख या आराम की परवाह न करके भारतवर्ष अथवा राजपूत जाति के गौरव को स्थिर रखने के लिये संघर्ष के मार्ग को अपनाया । इसके लिये उन्होंने जैसा कष्टपूर्ण जीवन बिताया और प्राणों का कुछ भी मूल्य न समझा यह एक ऐसा दृश्य था जिससे मेवाड़ ही नहीं आसपास के राजपूत भी उनके प्रशंसक बन गये । हम भामाशाह के त्याग और थोड़े समय में बीस-तीस हजार की सेना एकत्रित हो जाने का श्रेय राणा के इसी त्याग और तपस्या को देते हैं । फिर समस्त जनता की सहानुभूति भी ऐसे स्वार्थत्यागी को ही प्राप्त हो सकती है और वह भी विजय का एक बड़ा कारण होता है ।

पर इसका यह अर्थ नहीं कि राणा स्वभाव से युद्धप्रिय थे अथवा वे मुसलमान जाति से द्वेष-भाव रखते थे । उनके चरित्र से यही विदित होता है कि वे एक उदात्त चरित्र और भावनाओं के महापुरुष थे और नीति तथा न्याय का सदैव पूरा ध्यान रखते थे । कुछ लोग राणा के चरित्र की समीक्षा करते हुए यह प्रतिपादन करते हैं कि अकबर का उद्देश्य तो भारतवर्ष को छोटे-छोटे टुकड़ों में बँटा रहने के बजाय उसका एकीकरण करके एक मजबूत साम्राज्य की स्थापना थी, जिससे इस समस्त भू-भाग में शान्ति की स्थापना होकर जनता प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो सके । पर महाराणा प्रताप ने अपनी टेक और क्षत्रियत्व अहंकार के वशीभूत होकर उसका विरोध किया, जिसके फलस्वरूप उनको तथा उनकी लाखों प्रजा को बहुत अधिक संकटों में होकर गुजरना पड़ा । सम्भव है अकबर की योजना सद्भावपूर्ण हो, पर इस प्रकार के कार्य तलवार के जोर से नहीं होते । अकबर ने आरम्भ में ही हमला करके चित्तौड़ पर अधिकार जमा लिया और यह बात मेवाड़ी वीरों के लिये एक बड़ी चुनौती की तरह थी, क्योंकि वे चित्तौड़ को केवल पत्थर और चूने से बना एक दुर्ग मात्र नहीं समझते थे, वरन् वह उनके आत्म-गौरव के प्रतीक की तरह था, यदि महाराणा प्रताप अपनी जनता की इस भावना को मान्यता देकर उसे सफल बनाने का प्रयत्न न करते तो वे अपने कर्त्तव्य से च्युत समझे जाते । इसलिये राणा का मेवाड़ की स्वाधीनता के लिये संघर्ष करना और उसके लिये सर्वस्व की बाजी लगा देना सब प्रकार से स्वाभाविक और शोभनीय था और इसी से वे क्षत्रिय जाति के आदर्श बन गये ।

जिस जमाने में महाराणा प्रताप तथा अकबर का संघर्ष हुआ था, तब मुसलमानों की संख्या काफी हो चुकी थी । लाखों मुसलमान तो यहाँ बाहर से आ गये थे और उससे भी अधिक यहाँ की निम्न वर्ग की जनता में से साम-दाम-दंड-भेद के द्वारा बना लिये गये थे । उस स्थिति में यह तो हो नहीं सकता था कि मेवाड़ के कस्बों में और आसपास की रियासतों में मुसलमान निवासी न हों । पर हमको इतिहास के किसी ग्रन्थ में यह नहीं मिलता कि राणा ने कहीं पर मुसलमान नागरिकों को मारा हो अथवा इन पर अत्याचार किया हो । इसके विपरीत हमको यह मिलता है कि हल्दीघाटी के संग्राम में जहाँ अकबर की सेना के अग्रगामी दल का नायक एक राजपूत था वहाँ राणा की सेना के अग्रभाग का नायक जालौर का शासक ताज खाँ था, जो राणा का पड़ौसी और मित्र होने के नाते उनका साथ दे रहा था । इसमें असम्भव कुछ भी न था, क्योंकि अकबर के पिता हुमायूँ ने शेरशाह के जिस वंशज को हटाकर दिल्ली पर कब्जा किया था, उसके द्वारा नियुक्त अनेक पठान शासक अभी देश के विभिन्न भागों में मौजूद थे और अकबर से संघर्ष कर रहे थे । मानसिंह ने पठान शासकों को हटाकर ही बंगाल, बिहार, गुजरात के कई भागों को अकबर के अधीन किया था । इस प्रकार महाराणा प्रताप की लड़ाई मुसलमान और हिन्दू कि दृष्टि से न थी वरन् भारतीय और विदेशी आक्रमणकारी की दृष्टि से थी । मुगल उस समय भारत् पर नये आक्रमणकारी के रूप में थे, इसलिये पठान भी, जिनको भारत में रहते पाँच सौ वर्ष बीत चुके थे, उनका प्रतिरोध करते थे ।

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अन्तिम समय तक देश की स्वाधीनता की चिन्ता

अब मेवाड़ का अधिकांश भाग पुनः राणा के अधिकार में आ गया था और मुगल सेना का कोई नया आक्रमण न होने से जनता शान्तिपूर्वक अपना काम-काज भी करने लग गई थी । पर चित्तौड़ के किले पर अभी मुगलों का अधिकार था और वह ऐसे ढंग का बना था कि घेरा डालने पर भी उस पर शीघ्र अधिकार नहीं किया जा सकता था । उसके भीतर भोजन और जल की पर्याप्त व्यवस्था थी जिससे हजारों सेना वर्षों तक उसमें रहकर लड़ सकती थी । वह तो राणा प्रताप के पिता उदयसिंह ने अपनी स्वाभाविक कमजोरी और आराम पसन्दगी की आदत के कारण उसे भयभीत होकर ही छोड़ दिया था, अन्यथा अकबर उस पर उतनी जल्दी अधिकार नहीं कर सकता था । अब जब वह मुगलों के कब्जे में था और उसके भीतर उनकी सेना जमी हुई थी तो राणा प्रताप का उसमें घुस सकना उतना ही कठिन था । फिर राणाजी लगातार बारह वर्ष तक शत्रुओं से अकेले लड़ते-लड़ते थक भी गये थे, न जाने कितनी बार वे शत्रुओं के आघात से घायल हो चुके थे, इसलिये अब नया युद्ध छेड़ने की उनमें शक्ति भी न थी । पर उन्होंने चित्तौड़ के उद्धार की जो प्रतिज्ञा की थी उसकी पूर्ति न होने से वे अशान्त और उद्विग्न अवश्य रहते थे । उन्होंने इस सम्बन्ध में जमीन पर सोने, पत्तल में खाने और बाल न बनवाने की जो प्रतिज्ञा की थी, उसका भी पालन वे कर रहे थे, उनकी इस विशेषता के कारण उनको मेवाड़ का ही नहीं राजस्थान का मान-रक्षक कहा गया था ।

महाराणा प्रतापसिंह का चरित्र आज भी उतना ही प्रेरणादायक है । यह संसार संघर्ष-भूमि है, प्रत्येक मनुष्य के जीवन में समय-समय पर कठिनाइयाँ, आपत्तियाँ आती ही रहती हैं । उस समय जो अपने सिद्धान्तों पर, डटे रहते हैं, वे ही लोगों की निगाहों में आदरणीय और माननीय होते हैं । दूसरी विशेषता है अपने स्वार्थ को त्यागकर या कम करके दूसरों के उपकार के लिये प्रयत्न करना । शास्त्रों में भी कहा गया है कि अपने हित के लिये तो सभी जीते और परिश्रम करते हैं, पर श्लाघनीय जीवन उन्हीं का है जो दूसरों के लिये जीते हैं, अन्य लोगों के हित का भी ध्यान रखते हैं । महाराणा प्रताप में ये दोनों विशेषतायें भरपूर मात्रा में थीं, इसी से सैकड़ों वर्ष व्यतीत हो जाने पर भी आज हम उनका गुणगान करके अपने जीवन को उच्च और श्रेष्ठ बनाने की चेष्टा करते हैं । महापुरुषों के कल्याणकारी कार्यों को स्मरण करने का यही सबसे बड़ा लाभ है ।

शौर्य और धर्म-निष्ठा के प्रतीक : वीर शिवाजी

शास्त्रों का यह वचन—कि 'बच्चे के संस्कारों का निर्माण गर्भकाल से ही होने लगता है'—सर्वथा सत्य एवं माननीय है । साथ ही इतना और जोड़ा जा सकता है कि वातावरण तथा परिस्थितियों का प्रभाव भी उस पर कम नहीं पड़ता । गर्भकाल में माता-पिता के और विशेष तौर से माता के आचरण विचार का प्रभाव, बच्चे के संस्कारों पर अपनी गहरी छाप छोड़ता है । जन्मोपरान्त वह उनके आचरण तथा विचार और चारों तरफ की परिस्थितियाँ एवं वातावरण से तद्नुसार तत्वों को ग्रहण करता रहता है । बच्चे को जिस आचरण, आचार-विचार और मनोभावों का बनाना अभीष्ट हो, माता-पिता को चाहिये कि वे स्वयं वैसे बनें और तद्नुकूल वातावरण बच्चे के आसपास उपस्थित रखने का प्रयत्न करें ।

कौन कह सकता है कि छत्रपति महाराज शिवाजी के निर्माण में उनके माता-पिता तथा तत्कालीन उनके आसपास का वातावरण और परिस्थितियों का सहयोग न रहा हो । उनकी माता एक वीर स्वभाव तथा धर्मपरायण महिला थीं । दृढ़ता, धैर्य और साहस उनके जीवन की अमूल्य निधि थी । उनके पिता एक साहसी सैनिक, सेनानायक और नीतिज्ञ राज्य-संचालक थे । उपस्थिति के प्रति प्रत्युत्पन्न बुद्धि और समयानुकूल सूझ-बूझ के साथ-साथ उन्होंने विवेक बल पर अपनी दूर दृष्टि, और भविष्य-भावना को एक अच्छी सीमा तक विकसित तथा प्रखर बना रखा था । गुणों के कारण ही तो वे एक साधारण कृषक से राजा और सामान्य मनुष्य से शाही दरबारों में ऊँचे मनसबदार बन सके थे ।

उस समय की परिस्थिति के वातावरण में चारों ओर यवन शासकों के अत्याचारों, धर्म संकट और हिन्दुओं, हिन्दु सभ्यता, संस्कृति, धर्म तथा प्रतिष्ठा की रक्षा की चिन्ता व्याप्त थी । चारों ओर युद्ध, ध्वंस, विनाश, रक्तपात, अस्थिरता, आतंक उत्थान तथा पतन की घटनायें हो रही थीं । राज्य बनते-बिगड़ते अधीन और स्वाधीन हो रहे थे । एक छत्र शासन के अभाव में देश भर में अराजकता पूर्ण मनमानी का दौर-दौरा था । सन्धि, विग्रह, संगठन

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

एवं विघटन एक सामान्य आचरण जैसा बन गया था । चातुर्य, चापल्य तथा चौकसी आवश्यक थी ।

शिवाजी के माता-पिता को भी वातावरण तथा इन्हीं परिस्थितियों के बीच संघर्ष एवं साहस का जीवन बिताना पड़ा था । ऐसे माता-पिता के माध्यम से और इन्हीं परिस्थितियों से प्रभावित वातावरण में छत्रपति शिवाजी का जन्म हुआ था । निदान, उनका साहसी, वीर, धीर, दृढ़ी, उत्साही, दूरदर्शी, सहिष्णु, सतर्क एवं हिन्दुत्ववान् होना कोई आश्चर्य अथवा संयोग की बात नहीं थी । उनके माता-पिता, उनकी परिस्थिति और तत्कालीन वातावरण उनके उस रूप का बड़ा कारण रहे हैं । इसके अतिरिक्त जो आवश्यक और शेष था उसका सृजन अपनी बुद्धि, विवेक और आत्मा से उन्होंने स्वयं कर लिया था ।

शिवाजी का जन्म चुनार के अन्तर्गत शिवनेरी दुर्ग में १० अप्रैल सन् १६२७ को हुआ था । उनके पिता शाहजी की जागीर तथा उनका स्थायी निवास पूना और सूया में था । किन्तु उस समय वे निजामशाही दरबार में मनसबदार थे और उसी की ओर से मुगलों के विरुद्ध युद्ध में संलग्न थे । शाहजी के श्वसुर लखूजी जादवराय भी पहले निजाम शाह के ही सहायक थे, किन्तु अपनी बेटी जीजाबाई के बलात् विवाह के कारण वे निजामशाह और अपने जामाताशाह जी दोनों से द्वेष मानता था । अपमे इसी व्यक्तिगत विद्वेष के कारण लखूजी जादवराय उस युद्ध संकट के समय निज़ामशाह और उसके यौद्धा शाहजी का साथ छोड़कर मुगलों से जा मिला था । वह इस अवसर का लाभ उठाकर शाहजी को बन्दी बनाना और अपने द्वेष को पूरा करना चाहता था । व्यक्तिगत हानि-लाभ और द्वेष-प्रेम से प्रभावित पुरुष इसी प्रकार तो देश का अहित कर इतिहास में कपटी और विश्वासघाती के नाम से कलंकित किये जाते हैं ।

अपने श्वसुर लखूजी जादवराय की इस अनीति के कारण शाहजी को माहुली का किला खोकर वहाँ से अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर भागना पड़ा था । शाहजी जीजाबाई को घोड़े पर बिठाल कर ले चले । पर गर्भ सम्भार के कारण उनको घोड़े पर कुछ दूर चलना भी असम्भव हो गया । शाहजी के सामने एक समस्या खड़ी हो गई । वैसे तो उनको किसी और साधन अथवा घोड़े से ही धीरे-धीरे ले जा सकते थे, किन्तु उस समय वे वैसा कर सकने की स्थिति में नहीं थे । लखूजी जादवराय बड़ी तेजी से उनका पीछा कर रहा था । दुश्मन के हाथ में पड़कर अपमानित होना उन्हें किसी प्रकार भी सह्य न था और गर्भवती जीजाबाई को क्षति अथवा कष्ट पहुँचना भी अयोम्य तथा अवांछित था । बड़ी विषम स्थिति थी । किन्तु साहसी व्यक्ति निराश अथवा हीन-हिम्मत हो जाने से विवेक मन्द हो जाता है और प्रत्युत्पन्न बुद्धि नष्ट हो जाती है । जिससे फिर न कोई उपाय सूझ पड़ता है और न तन-मन काम देता है । मनुष्य किंकर्त्तव्यमूढ़ होकर संकट की भेंट चढ़ जाता है । उन्होंने जीजाबाई को हिम्मत रखने को कहा और क्षण भर सोचकर बचाव तथा बनाव का मार्ग खोज लिया ।

चारों ओर के मार्गों और भौगोलिक भूमिका पर दृष्टिपात करते ही उन्हें स्मरण हो आया कि पास ही चुनार का किला है जिसका जागीरदार श्रीनिवास राव उनका एक मित्र है । बस फिर क्या था उन्होंने तुरन्त घोड़े की बाग चुनार की ओर मोड़ दी । कुछ ही देर में वे चुनार जा पहुँचे । श्री निवासराव अपने माननीय मित्र को अकस्मात् आया देखकर प्रसन्न हो उठा और उनके स्वागत तथा निवास विश्राम के लिये आदेश देने लगा पर शाहजी ने उसे तुरन्त रोकते हुए कहा—एक क्षण का भी समय नहीं है । लखूजी पीछा कर रहे हैं—बस यह अमानत तुम्हें सौंपता हूँ इसकी साज-सँभाल करना । इतना कह कर उन्होंने जीजाबाई को श्री निवासराव को सौंपा और तुरन्त किले से निकलकर अभीष्ट दिशा की ओर तिरोधान हो गये । श्री निवास राव ने जीजाबाई को सुरक्षित और साधनपूर्ण शिवनेरी के दुर्ग में भेज दिया ।

शिवनेरी में जीजाबाई अभी आश्वस्त भी न हो पाई थीं कि तब तक लखूजी जादवराय आ पहुँचा । लोगों ने सूचना दी कि शाहजी तो यहाँ से तत्काल चले गये । किले में केवल उनकी पत्नी जीजाबाई ही हैं । द्वेष मूढ़ पिता ने उस समय अपनी बेटी को केवल शाहजी की वंशधारिका पत्नी समझा और बोला मैं उसको ही अपने साथ ले जाऊँगा । निश्चय ही उस समय वैसा कहते हुए उसके मन में यह दुर्भाव रहा कि जब वह शाहजी की पत्नी को गिरफ्तार करके ले जायेगा और मुगलों की बन्दनी बनाकर यातनाओं की व्यवस्था करेगा तो शाहजी अपनी पत्नी तथा गर्भस्थ सन्तान की रक्षा-भावना से मेरी शरण अवश्य आयेगा और तब में उससे अपना प्रतिशोध ले लूँगा । धिक्कार है उस ईर्ष्या और द्वेष को जो मनुष्य को इस सीमा तक मूढ़ तथा क्रूर बना देता है और खेद है उस दयनीय व्यक्ति पर जो विवेक के शत्रु इन दुर्भावों को प्रश्रय दिया करता है ।

लोगों ने उसके कथन के पीछे प्रच्छन्न मनोभाव को समझ लिया और विनीत वाणी में आश्चर्यपूर्वक बोले—"लखूजी! आप यह क्या कह रहे हैं ? अपनी बेटी को बन्दी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

बनायेंगे ? शत्रु तो आपके शाहजी हैं । जीजाबाई तो सर्वथा निरपराधिनी हैं । उस बलात् विवाह में उनका क्या दोष है ? आपने उस रंग-पंचमी के दिन साथ-साथ खेलते-हँसते अबोध बालक-बालिका शाहजी और जीजाबाई को देखकर निवेदन में कह दिया कि कैसी सुन्दर जुगल जोड़ी है—जीजाबाई क्या तुझे यह दूल्हा पसन्द है ? आपके उस विनोद को पकड़ कर, शाहजी के पिता मालोजी ने, उपस्थित खम्भों के समर्थन से वाग्दान का स्वरूप दे दिया । आपने तब भी उसे विनोद ही समझा और यथार्थ में विवाह करने से इन्कार कर दिया । इसीलिये तो अनबूझ विनोद और अनावश्यक वक्तव्य का शास्त्रों में निषेध किया गया है क्योंकि यदा-कदा देशकाल और व्यक्ति के आधार पर बात का बतंगड़ और विनोद का विग्रह बन जाया करता है । मालोजी ने स्थिति का लाभ उठाकर वही किया और अन्त में निजाम शाह को प्रेरित कर आपके निषेध को विवश स्वीकृति में बदलवा दिया । आप निजाम शाह के अधीन और प्रभाव में थे न चाहते हुए भी अपनी पुत्री जीजाबाई को मालोजी के पुत्र शाहजी से व्याहना पड़ा । इसमें बेचारी जीजाबाई का क्या दोष ? आप तो बुद्धिमान् हैं । सोचना चाहिये कि आप जीजाबाई को बन्दी बनाकर शाहजी से जिस अपमान का बदला लेना चाहते हैं, मुगलों द्वारा अपमानित आपकी बेटी उस अपमान से लाखों गुने बड़े अपमान की साक्षी न बनेगी । ऐसी दशा में क्या आपकी आत्मा शान्त रह सकेगी ? आपका स्वाभिमान उस अपमान को सहन कर सकेगा ? आप जीजाबाई के पिता हैं, यह न भूलना चाहिये और फिर इसमें शाहजी का भी क्या दोष है ? बात तो आप और मालोजी के बीच की है । वह इस संसार से चले गये । अपना द्वेष भी निकाल फेंकिये और उस विवाह को दैवयोग अथवा ईश्वरीय इच्छा समझिये । जो होना था हो गया और सच पूछा जाये तो कुछ बुरा भी नहीं हुआ । हम लोगों का तो यही मत है आगे आप मालिक हैं जो ठीक समझें करें ।

बात उपयुक्त थी । जीजाबाई के प्रति लखूजी का द्वेष मिटा और उनका विवेक वापस आया । अब वे प्यार पूर्वक बेटी के पास गये और बोले—"जीजा चल मेरे साथ घर चल । वहाँ आराम से रहना । यहाँ असहाय की तरह पड़े रहने से, इस दशा में बड़ा कष्ट होगा । पर जीजाबाई तो पतिभक्ता वीर पत्नी थीं उन्होंने स्पष्ट इन्कार कर दिया । युद्ध के संकट में पड़े पति के कष्ट-क्लेशों का विचार न कर स्वयं अपने लिये सुख-सुविधा की इच्छा करना उन्होंने धिक्कार के समान समझा । लखूजी जादवराव विवश होकर वापस चले गये ।

इस स्थिति, परिस्थिति और मनःस्थिति के बीच शिवाजी का जन्म हुआ था । फिर भला क्यों न उनमें समयोपयुक्त संस्कारों का सृजन होता और वे क्यों न वैसे बन जाते ? आगे चलकर जैसे वे बने । शिवनेरी दुर्ग की अधिष्ठात्री देवी शिवाई के नाम पर ही माता ने उनका नाम शिवा रखा क्योंकि धर्मनिष्ठा जीजाबाई ने अपने बेटे को देवी का ही प्रसाद समझा ।

भविष्यानुकूल जन्म के साथ-साथ शिवाजी की शिक्षा-दीक्षा भी उसी के सामानान्तर होती चली गई । जीजाबाई एक सुशिक्षित महिला थीं और उन्होंने अपनी शिक्षा का उपयोग पुत्र के संस्कार ढालने में किया । उनकी इच्छा थी कि उनका बेटा धीर, वीर, साहसी और धर्म-रक्षक बने । निदान उन्होंने बालक शिवा को प्रारम्भ से ही वीर-गाथाओं और गीतों को लोरी के रूप में सुनाना प्रारम्भ कर दिया और जब वह कुछ बड़े हो गये तो स्वयं ही अक्षर ज्ञान कराया, आप ही अर्थ और यथार्थपूर्वक उनको रामायण, महाभारत तथा गीता आदि का पारायण कराया । इसके अतिरिक्त वे शिवाजी को धर्म के तत्व, उसकी वर्तमान दशा और उसकी रक्षा की आवश्यकता भी बतलाती रहती थीं । उन्होंने शिवाजी को भारत में एकछत्र स्वतन्त्र हिन्दू-राज्य का स्वप्न भी दिया । चरित्र और आचरण की शक्ति से सज्ञ बनाकर संगठन और रीति-नीति के महत्त्व से अवगत कराया । इस प्रकार जीजाबाई ने शिक्षा की ऐसी कोई दिशा न छोड़ी जो शिवाजी के अभ्युदय के लिये आवश्यक थी । ऐसी विदुषी तथा बुद्धिमती माता का पुत्र धीर, वीर, धर्म-रक्षक न बनकर और क्या बन सकता था ? शिवाजी की निर्विकार तथा अनुकूल मनोभूमि पर माता के बोये बीज जी भर कर प्रस्फुटित, पल्लवित और सफलीभूत हुए । जिनको चरितार्थ कर वे इतिहास के पृष्ठों में सदा-सर्वदा के लिये अमर तथा आदृत हो गये ।

मुगलों तथा बीजापुर की सम्मिलित शक्ति ने निजामशाही को परास्त कर दिया और शाहजी से सन्धि कर ली । सन्धि के अनुसार अहमदनगर का इलाका मुगल साम्राज्य में चला गया और शाहजी को अपनी पूना और सूया की जागीर के साथ बीजापुर के दरबार में मनसब मिल गया । उन्होंने अपने तीन वर्षीय पुत्र शिवाजी को और पत्नी जीजाबाई को पूना भेज कर वहाँ की जागीर का प्रबन्ध दादाजी कोणदेव नाम के वयोवृद्ध योग्य व्यक्ति को सौंप दिया । इस प्रकार शिवाजी अपनी माता के साथ दादाजी कोणदेव की संरक्षता में, और शाहजी स्थायी रूप से बीजापुर में रहने लगे ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

२.३० मरकर भी अमर हो गये जो

दादाजी कोणदेव बड़े ही दूरदर्शी तथा देशभक्त व्यक्ति थे । यवनों के धार्मिक अत्याचार देख-सुनकर उनको बड़ा दुःख होता था । वे चाहते थे कि भारत के हिन्दू राजा एक होकर देश से यवन-सत्ता को समाप्त कर एकछत्र हिन्दू-राज्य की स्थापना करें । इसके लिये उन्होंने यथासाध्य प्रयत्न भी किया । किन्तु पाया कि स्वार्थ और दम्भ ने हिन्दू नरेशों को न केवल निर्बल ही बना दिया है बल्कि हत्बुद्धि भी कर दिया है । उनका विवेक और धर्म-निष्ठा समाप्त हो गई है । उनकी इच्छा थी कि कोई ऐसा तेजस्वी नायक उत्पन्न करें जो देश-धर्म की रक्षा के लिये निःस्वार्थ भाव से प्रयत्न करे । टूटते हुए देवालयों और उतरते हुए शिखा-सूत्रों की रक्षा करे ।

तभी शिवाजी को अपने संरक्षण में पाकर उनके मन में आशा का संचार हो उठा और वे सोचने लगे कि क्यों न बालक को वैसे ही संस्कारों, आचरण तथा भावनाओं में ढाला जाये जिस प्रकार के चरित्र की इस समय आवश्यकता है । यदि चाणक्य एक सामान्य बालक को चन्द्रगुप्त मौर्य बना सकते थे तो उन्हीं प्रयत्नों द्वारा मैं क्यों बालक शिवा में उन योग्यताओं का विकास नहीं कर सकता ? सत्य से संचालित प्रयत्नों में अमोघ शक्ति रहती है । जन-कल्याण की ज्वलन्त भावनाओं में अनन्त सम्भावनायें । मुझे अपना कर्त्तव्य करना चाहिये और मैं करूँगा भी, आगे प्रभु की इच्छा । फलाफल का निर्णय उसके हाथ में है । निदान उन्होंने शिवाजी की शिक्षा-दीक्षा का शुभारम्भ उसी दिशा में कर दिया ।

माता जीजाबाई ने बीज बोये थे । दादाजी कोणदेव ने खाद-पानी देकर उन्हें विकसित करना प्रारम्भ किया । जीजाबाई ने वीरतापूर्ण गीत और गाथायें सुनाई थीं । दादाजी कोणदेव ने उनका अभ्यास कराया । सबसे पहले उन्होंने बालक शिवा को तलवार से परिचय कराया । एक छोटी-सी कृपाण देकर और एक खुद लेकर कहते, हाँ भाई हमारा-तुम्हारा द्वन्द्व-युद्ध हो जाये और वे इस प्रकार बहुत देर तक उन्हें तलवार का खेल खिलाते रहते । छोटी-सी कमान और छोटे-छोटे तीर देकर चलाना और निशाना मारना सिखाते । बर्छी की पकड़ और प्रक्षेपण का अभ्यास कराते । छोटे-से घोड़े पर चढ़ाकर उन्हें अपने साथ सैर कराने ले जाते और तभी उन्हें देश का इतिहास, भूगोल तथा राजनीतिक दशा को कहानी की तरह सुनाते और उनमें यह भावना प्रौढ़ करते कि आगे चलकर उनको अपने इस भारत भू-खण्ड को एकछत्र करना है और इसके इतिहास का कलंक धोना है । उसी अवसर पर वे तल्लीन बालक शिवा को राजनीति, राज्य-प्रबन्ध और राजनीतिक मोहरों और मोर्चों का स्वरूप ज्ञान भी कराते थे ।

दादाजी कोणदेव कभी-कभी उन्हें जंगल में ले जाते और अपनी सतर्कता में अकेला छोड़कर उनमें साहस, धैर्य तथा प्रत्युत्पन्नता उत्पन्न करते थे । उनमें जंगलों तथा पहाड़ों में रास्ता खोजने और बनाने की योग्यता का विकास करते । उनके समवयस्क साथियों को लेकर सेना संगठन, संचालन, विभाजन, नियुक्ति, व्यूह, आक्रमण तथा संग्राम के खेल खिलाते । दादाजी कोणदेव की इस शिक्षा का फल यह हुआ कि जब शिवाजी सयाने होकर आत्म-अस्तित्व के प्रति सज्ञान हुए तो उन्होंने अपने को घोड़े की पीठ पर स्थित एक शस्त्रदक्ष सैनिक तथा सेनापति के रूप में पाया । उन्हें ऐसा लगा मानो उन्होंने इसी सज्जा और इन्हीं योग्यताओं के साथ भूमि पर पदार्पण किया है । उनका आत्म-विश्वास शत सहस्र शाखाओं के साथ वट-वृक्ष की तरह स्थिर तथा स्थायी हो गया ।

तेरह-चौदह वर्ष की आयु में आते-आते दादाजी कोणदेव ने शिवाजी को तन, मन, बुद्धि और आत्मा से स्वस्थ, साहसी, सज्ञ तथा तेजस्वी बना दिया । अब वे उन्हें उनके पिता की जागीर के माध्यम से राज्य-प्रबन्ध, संचालन, शासन तथा प्रशासन की व्यावहारिक शिक्षा के साथ-साथ राजत्व के गुणों में दक्ष बनाने लगे और जल्दी ही इतना योग्य कर दिया कि वे स्वयं अपने आप सारी राज्य-व्यवस्था चला सकें ।

चौदह वर्ष की आयु में ही शिवाजी जागीर का बहुत-सा काम खुद करने लगे । वे प्रजा की दशा और उसकी आवश्यकतायें जानने के लिये गाँवों का दौरा करते, वहाँ दरबार लगाते और लोगों की शिकायतें सुनकर झगड़े निपटाते थे ।वे क्षेत्रों के प्रभावशाली व्यक्तियों से मिलते और देश-धर्म के प्रति उनका मनोभाव जानने का प्रयत्न करते । जागीर की आर्थिक तथा सामाजिक दशा का पता लगाते और उसके सुधार तथा विकास के लिये योजनायें बनाकर देते । इसके अतिरिक्त वे लोगों को जमा करते और उनमें संगठन, साहस तथा देश, धर्म के सेवा करने की प्रेरणा भरते । वे अपराधियों, अन्यायियों तथा आतंकवादियों को समझाते, उन्हें सुधरने का अवसर देते और आवश्यकता पड़ने पर दण्ड भी देते थे । वे प्रसंगों को सुनते और उन पर इतना निष्पक्ष निर्णय देते थे कि लोग आश्चर्य चकित रह जाते थे ।

निरालस्य, स्फूर्ति, उत्साह, तत्परता तथा श्रमशीलता जैसे जीवन-विकास में सहायक गुणों को शिवाजी ने अलंकारों की तरह धारण किया हुआ था । नियम, संयम और नियमित उपासना करना उन्होंने नित्यकर्म बना लिया था । कब, क्या और किस तरह करना है ? इस बात से

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

वे कभी अचेत न रहते थे । व्यवहार कुशलता के साथ वाक्पटुता का अभ्यास उन्होंने प्रयत्नपूर्वक किया था । परनिर्भरता और परमुखापेक्षण की दुर्बलता को वे मानव-जीवन पर एक कलंक के समान समझते थे । साथियों, सहायकों तथा सहयोगियों के साथ उनका उपयुक्त व्यवहार लोगों को उनका अभिन्न बना देता था । शिवाजी के इन गुणों को देखकर लोगों को आशा बँधने लगी कि शायद यह तरुण देश—जाति के लिये कुछ कर सके । शिवाजी ने लोगों की यह अपेक्षा कुछ ही नहीं बहुत कुछ करके चरितार्थ कर दिखाई ।

शिवाजी ने अपने इन्हीं गुणों तथा योग्यताओं के बल पर जागीर के सारे तरुण नवयुवक तथा किशोर अपने अनुयायी बना लिये थे । उन्होंने स्थान-स्थान पर इनके संगठन तथा स्वयं-सेवक दल बना दिये । समय-समय पर जाकर वे उनको शस्त्रों तथा देश-प्रेम की शिक्षा देते और धर्म की रक्षा में मर मिटने की प्रेरणा भी । जनता में धर्म तथा राष्ट्र भावना का प्रचार करते, समितियाँ तथा सभायें गठित कराते और सार्वजनिक संचय से जन-निधि की स्थापना कराते । उन्होंने स्थान-स्थान पर देश की रक्षा के लिये सामग्री एकत्रित करने के लिये भण्डार-भवनों की स्थापना कराई और उसके प्रबन्ध तथा व्यवस्था के लिये कार्यकारिणियाँ बनाईं । लोगों में शिक्षा तथा धर्म-ग्रन्थों के पठन-पाठन की रुचि पैदा की और उसके पालन के लिये आवश्यक प्रबन्ध भी किया । जगह-जगह उन्होंने गीता, रामायण, महाभारत तथा इतिहास की गोष्ठियाँ बनवाकर उनमें उनका पाठ प्रारम्भ कराया । अनेक प्रचारक तथा प्रवक्ता तैयार करके दूर-दूर तक भेजे जो प्रसुप्त हिन्दू-जाति में जागरण करते और देश-धर्म पर मर मिटने की प्रेरणा देते थे ।

शिवाजी ने बहुत से चुने हुए साथियों की एक स्वयं सैनिक सेना बनाकर युद्ध, व्यूह तथा उसके संचालन का व्यावहारिक अभ्यास कर लिया । वे लोगों को स्वयं शस्त्र तथा युद्ध की शिक्षा देते और सेना के लिये आवश्यक अनुशासन का अभ्यास कराते । इस प्रकार उन्होंने जागीर की लगभग सभी जनता में संगठन तथा सैनिक भावना का जागरण कर दिया । इन कार्यों तथा उसके पीछे सन्निहित देश, धर्म तथा जाति रक्षा के उद्देश्य ने शिवाजी को इतना लोकप्रिय बना दिया कि लोग उन्हें यों ही अपना नेता तथा नायक मानने लगे । क्षेत्र का युवक-वर्ग तो उनके लिये मर मिटने को सदैव तैयार रहने लगा । आगामी संघर्ष की यह एक विशाल तथा उपयुक्त तैयारी थी, जिसमें दूरदर्शी शिवाजी तन, मन और धन से जुटे हुए थे । आराम, आनन्द और विलास विनोद क्या होता है अव्यवसायी शिवा को इसका भान तक न था । जिसके सम्मुख इतना विशाल कार्य और इतना विस्तृत कार्य-क्षेत्र पड़ा हो व संसार के झूठे आनन्दों में पड़कर अकर्त्तव्य किस प्रकार कर सकता है ? इस प्रकार का अनुत्तरदायित्व तो वे ही किया करते हैं जो जन्म लेकर भी अपने समाज तथा देश की दुरवस्था से दुःखी नहीं होते । उनकी नाड़ियों का रक्त उनके उद्धार तथा सुधार के लिये तड़प नहीं उठता । शिवाजी को अपने देश धर्म से प्रेम था, वे समाज के सच्चे हितैषी तथा शुभचिन्तक थे । वे तृष्ण के समान सांसारिक भोगों को पवित्र कर्त्तव्य पर श्रेष्ठता किस प्रकार दे सकते थे ?

शिवाजी के विकास का समाचार उनके पिता शाहजी को बीजापुर में मिलता ही रहता था उन्होंने अब पुत्र को अपने पास बुलाकर राजनीतिक क्षेत्र में परिचित करा देना उचित समझा । निदान उन्होंने शिवाजी को जीजाबाई के साथ बीजापुर बुला लिया । गुणी की विशेषतायें प्रकट होते देर नहीं लगती । शिवाजी के रंग-रूप स्वास्थ्य, विनम्रता, अनुशासन, व्यवहार तथा आचरण के सौन्दर्य ने जल्दी ही सब पर जादू-सा कर दिया । शाहजी का जो भी दरबारी मित्र अथवा सम्भ्रान्त एक बार शिवाजी से बात कर लेता था, उसकी सारी सद्भावनायें उनकी ओर हो जाती थीं । बीजापुर के अमीर उमरा तो उनके व्यक्तित्व तथा गुणों से इतने आकर्षित हुए कि दरबार में भी उनकी चर्चा करने लगे । शिवाजी के विषय में सुनकर सुल्तान भी उन्हें देखने के लिये उत्सुक हो उठा ।

अपने मित्र मुरार जी पन्त के बहुत जोर देने पर एक दिन शाहजी ने शिवाजी को साथ में दरबार चलने को कहा और यह भी बतलाया कि दरबार में पहुँचते ही जमीन तक झुक कर बादशाह को कोर्निश करें, बतलाई हुई जगह पर बैठें और बिना पूछे कोई बात न करें । पिता ने समझा कि पुत्र को दरबारी तौर-तरीकों की शिक्षा दे रहा है और पुत्र ने उसे अपनी आत्मा का अपमान समझा । तुरन्त उत्तर दिया—पिताजी ! बादशाह विधर्मी और अत्याचारी है । वह हिन्दुओं और हिन्दू-धर्म का दुश्मन है । मन्दिर तुड़वाता है और हिन्दुओं को जबरदस्ती मुसलमान बनाता है । गौ-वध करवाता है । मैं गौ, जाति तथा धर्म का सेवक हूँ । यवन बादशाह को कोर्निश करना तो दूर है, मैं उसकी सूरत भी देखना नहीं चाहता ।"

शाहजी को शिवाजी की बातें सुनकर जरा भी आश्चर्य न हुआ । उन्हें पहले ही यही उत्तर पाने की आशंका थी । शिवाजी के विचार, विश्वास, भावनाओं तथा सिद्धान्त निष्ठा से वे भली प्रकार परिचित थे । उन्होंने शिवाजी से फिर आगे कुछ न कहा । जीजाबाई को समझाने का निर्देश

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिया । माता जीजाबाई ने भी शिवा को बहुत कुछ समझाया और पिता की आज्ञापालन करने को कहा तथापि शिवाजी दरबार जाने को तैयार न हुए । उन्होंने स्पष्ट कह दिया कि पिता की आज्ञा का पालन करना मेरा कर्त्तव्य जरूर है पर कोई अनुचित आज्ञा मानने को मैं तनिक भी तैयार नहीं हूँ । दरबार के लिये दी गई उनकी आज्ञा मेरे सिद्धान्त, स्वाभिमान तथा धर्म के विपरीत है । मैं दरबार जाकर उस म्लेक्ष शासक को कदापि कोर्निश नहीं कर सकता । जीजाबाई बेटे का यह स्वाभिमान तथा दृढ़ता देखकर ही मन ही मन प्रसन्न होकर पुलक उठीं । उन्हें इस बात का सन्तोष हुआ कि शिवा पर उनका प्रयत्न ठीक और वांछित दिशा में फलीभूत हुआ है । उन्होंने दिखावे के लिये एक-आध बार शिवा से दरबार के विषय में पिता की आज्ञा पालन करने को कहा और फिर मौन हो गईं । उन्होंने पति से कह दिया कि लड़का मेरे समझाये न मानेगा ।

शाहजी ने मुरार पंत से सारी बात बतलाई और कहा—मैं कहता था न कि शिवा बड़ा स्वाभिमानी है । वह दरबार में आने और बादशाह को सलाम करने को तैयार न होगा । उसने साफ कह दिया कि मैं उस विधर्मी बादशाह की सूरत भी नहीं देखना चाहता ।" मुरार पन्त ने कहा—"अभी लड़का ही तो है । हित-अनहित नहीं समझ सकता । मैं उसे समझा दूँगा ।"

दूसरे दिन मुरार पंत शाहजी के घर गये और शिवाजी को बुलाकर कहा—"बेटे ! तुम्हें दरबार में चलना ही चाहिये । वहाँ जाने से बड़ा लाभ होगा । बादशाह खुश हो जायेगा तो खिताब और ओहदा देगा, जागीर बख्शेगा । अपने बड़े लाभ के लिये बादशाह को एक बार सलाम कर लेने में क्या हर्ज है ? मतलब के लिये मनुष्य क्या नहीं करता ? इस दुनियाँ में तो ऐसे ही काम चलता है । इस समय तो सारे भारत पर ही यवनों की सत्ता छाई हुई है । ईश्वर की ऐसी इच्छा है तो हम लोग कर ही क्या सकते हैं ? सभी लोग उन्हें सलाम करते और लाभ उठाते हैं, तब तुम भी यदि अपनी उन्नति तथा सुख-सुविधा के लिये सलाम कर लोगे तो क्या घट जायेगा ? गौ-वध हमारे तुम्हारे बन्द कराये तो नहीं बन्द हो जायेगा । जब समय आयेगा और भगवान् की इच्छा होगी तो बन्द हो जायेगा । अवसर देखकर काम करना ही बुद्धिमानी है । मेरी मानो और दरबार में चलो । हम सब बादशाह से तुम्हारी सिफारिश करेंगे और तुमको ओहदा और जागीर मिल जायेगी । सुख से अपना जीवन-यापन करना । इन सब नाहक के विरोधों तथा खेदों में क्या रखा है ?"

मुरार पन्त की बात सुनकर किशोर शिवा बड़ी देर तक उनका मुँह देखते रहे और सोचते रहे कि ऐसे ही स्वार्थ तथा सुख लिप्सुओं के कारण ही देश व धर्म की यह दशा है । फिर बोले—"खेद है चाचा कि आप ऐसे विद्वान् तथा योग्य व्यक्ति होकर ऐसी ओछी बात कहते हैं । बादशाह से चाटुकारिता में पाये जिस पद और जागीर को लाभ बतलाते हैं, उसे मैं भिक्षा से भी अधिक गया गुजरा समझता हूँ । अपने बाहुबल और सत्कर्मों द्वारा उत्पादित सम्पत्ति को ही मैं ग्राह्य तथा वांछनीय मानता हूँ । देश और धर्म पर होते अत्याचार पर दृष्टिपात न कर केवल अपने स्वार्थ की ओर ही देखते रहना अमानवीय प्रवृत्ति है, जो किसी भी स्वाभिमानी आदमी को शोभा नहीं देती । यह बात सही है कि मनुष्य के जीवन में स्वार्थ का भी एक स्थान है किन्तु उस स्वार्थ को निकृष्टता ही कहा जायेगा जिसका सम्पादन अथवा जिसकी पूर्ति देश, धर्म अथवा समाज को जरा भी क्षति पहुँचाता है । यह यवन बादशाह हिन्दुओं को इसी प्रकार ही तो लालच में डालकर अपने अत्याचार में उनका विरोध और अनुमोदन पाते हैं । रोटी के टुकड़ों की तरह जागीरें सामने डालकर स्वानवृत्ति जगाते और भाई से भाई का गला कटवाते हैं । दुनियाँ में हेय तथा हीन बनकर ही तो काम नहीं चलता । यह तो मनुष्य की अपनी कमजोरी और सोचने का ढंग है कि अन्यायियों के तलवे चाटने से ही काम चलता है वैसे इतिहास, अनुभव, दृष्टान्त तथा उदाहरण साक्षी है कि संसार में एक से एक बढ़कर स्वाभिमानी तथा सिद्धान्त के धनी व्यक्ति हुए हैं जिन्होंने सिर दे दिया, जीवन दे दिया, पर स्वाभिमान नहीं दिया । उन्होंने यश पाया, गौरव पाया, मान और सम्मान पाया । लक्ष्मी तो ऐसे श्रेय-पुरुष के पीछे-पीछे चलती है । देश में यवनों की सत्ता को ईश्वर की इच्छा मानना कायरता ही नहीं नास्तिकता भी है । ईश्वर ऐसे अत्याचारी तथा धर्म-द्वेषी लोगों को सत्तावान देखने की इच्छा नहीं कर सकता । जल्दी ही वह इनको और इनके जोर-जुल्म को मिटा देगा । भारत में यवनों की सत्ता बिल्कुल असंगत है । यह और कुछ नहीं केवल हिन्दुओं की वीरता और धर्म-निष्ठा की कसौटी है, उनके स्वाभिमान के लिये एक परीक्षा, एक चुनौती है । ऐसी ही कायर भावनाओं वालों ने 'दिल्लीश्वरो वा जगदीश्वरो वा'—अश्रवणीय वाक्य जनता को देकर उसे यवन बादशाहों की गुलामी करने के लिये हतचेत बताया है ।"

"और आपका यह कहना कि हम लोग कर ही क्या सकते हैं ? एक दुर्भाग्यपूर्ण निराशा की सूचना है । आदमी क्या नहीं कर सकता ? जिस प्रकार आप विधर्मियों के पक्ष में युद्ध करते और कष्ट उठाते हैं क्या उसी प्रकार धर्म रक्षा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

के लिये संघर्ष नहीं कर सकते है ? जरूर कर सकते हैं । पर कमी यह है कि आप लोगों की आत्मायें कुधान्य खाते-खाते और दरबारों की चमक-दमक में रहते, तेजहीन हो चुकी हैं । विवेक पर मोह का आवरण आ गया है । अपने को हीन विधर्मियों को श्रेष्ठ समझने का अभ्यास हो गया है । तेतीस करोड़ हिन्दुओं के बीच यह मुट्ठी भर यवन सिंह की तरह शासन करें यह बड़ी लज्जाजनक बात है । पर यह असम्भव सम्भव इसलिये दिखलाई दे रहा है कि हिन्दुओं की जाति भावना और आत्म-गौरव अस्त हो गया है । पारस्परिक फूट, स्वार्थ तथा विश्रामपूर्ण जीवन की कायरता ने उन्हें तेजहीन बना दिया है ।"

यवन बादशाहों को सभी सलाम करते हैं इसलिये मैं भी करूँ यह बात तो कोई अर्थ नहीं रखती । निकृष्टताओं का अनुकरण करना श्रेयस्कर नहीं होता । यदि अनुकरण ही करना होगा तो संसार में श्रेष्ठताओं और श्रेष्ठ व्यक्तियों की कमी नहीं है । यवनों द्वारा दी हुई अपनी ही भूमि का एक टुकड़ा पाकर उसे अहोभाग्य मानने से बढ़कर ना समझी की कोई बात हो ही नहीं सकती—यह समग्र भारत भूमि अपनी है । इस पर यवनों का अधिकार एक बलात्कार है जो किसी प्रकार भी सह्य नहीं होना चाहिये । जिसका धर्म, जिसका इतिहास, जिसका स्वाभिमान और जिसका समाज संकट की स्थिति से गुजर रहा है, यदि उसको अन्यायियों की दी जमीन पाकर सुख-सुविधापूर्ण जीवन यापन की लालसा सताती और प्रेरित करती है तो निश्चय ही उसकी नाड़ियों से गंगा और यमुना का पानी सूख गया है । आर्यत्व उसे मृत मानकर छोड़ गया है । यह अवसर यवन बादशाहों के दरबारों में बैठकर चाटुकारी करने का नहीं है । यह समय है एक हाथ पर प्राण और एक हाथ में कृपाण लेकर देश-धर्म की रक्षा के लिये जूझने का । चाचा मैं तो उस दरबार में जाकर चाटुकारी न कर सकूँगा । मैं देश की धूल छानूँगा और धर्म रक्षा में अपने प्राण दे देने के लिये कटिबद्ध होकर दूसरों को भी बलिदान के लिये तैयार करूँगा । यही मेरा सुख है, यही मेरा कर्त्तव्य और यही मेरा जीवन लक्ष्य है । आशा है आप मुझे इस स्पष्टवादिता के लिये क्षमा करेंगे । मुरार पन्त शिवाजी की बातें सुनकर पहले तो कुछ अप्रसन्न हुए, फिर सोचने समझने पर वे उनके विचारों की प्रशंसा करने लगे और फिर समझाया कि चार-नीति के अन्तर्गत ही सही दरबार में चलो जरूर । ऐसा करने से वहाँ हिन्दुओं की आवाज में बल आयेगा । शिवाजी को मुरार पन्त का दृष्टिकोण बदलते देखकर प्रसन्नता हुई और उन्होंने विचार करने का वचन दे दिया ।

पर शिवाजी की आत्मा दरबार में जाना स्वीकार न कर सकी और वे बराबर बात टालते रहे । एक दिन शाहजी बड़े चिन्तित तथा उदास घर आये । कारण पूछने पर उन्होंने जीजाबाई को बतलाया—"दरबार में नित्य-प्रति शिवा की चर्चा चलते रहने से बादशाह उनको देखने के लिये बहुत उत्सुक हो उठा है । आज उसने आदेश की भाषा में शिवा को लाने के लिये कहा है और यह भी कहा कि यदि कल मैं उसे लेकर दरबार में न आऊँ तो यही समझा जायेगा कि मैं उसे दरबार में जानबूझ कर नहीं ले जाना चाहता । तुम्हारा हठीला बेटा तैयार नहीं और बादशाह जिद कर रहा है । वह इस बात में किसी दुरभिसन्धि की कल्पना करने लगा है । इस सब का परिणाम यह होगा कि जल्दी ही बात बिगड़ जायेगी और मैं बैठे बैठाये किसी संकट में पड़ जाऊँगा । समझ में नहीं आता क्या किया जाये ? एक बार भी यदि वह दरबार हो आता तब भी बात ज्यादा नहीं बिगड़ती ।"

जीजाबाई ने शिवाजी को पिता की पीड़ा तथा स्थिति बतलाई और एक बार दरबार में हो आने का पुनः अनुरोध किया । शिवाजी ने सोचा कि अब ऐसी दशा में मेरा सिद्धान्त दुराग्रह बन जायेगा और उसके पिता पर संकट आ जायेगा । यहाँ पर अवसरानुकूल मुझे कुछ नम्र हो ही जाना चाहिये । आगे बहुत काम करना है और उसके लिये तैयारी भी । अभी से अपने को आपत्ति में डालकर गतिरोध उत्पन्न कर लेना दूरदर्शिता नहीं होगी । उन्होंने निश्चय कर लिया कि कल पिता के साथ दरबार जायेंगे और देश काल के अनुसार जो उचित होगा वही करेंगे ।

शाहजी शिवाजी को रास्ते भर दरबारी रीति-रिवाज समझाते और व्यवहार की रूपरेखा बतलाते गये । फिर भी जब वे दरबार में पहुँचे तो सर्वोच्च आसन पर यवन बादशाह को बैठा देखकर उनका खून खौल उठा, आत्मा विद्रोह कर उठी । उनका विक्रान्त हाथ तलवार की मूठ पर गया पर पिता की स्थिति सोचकर सहसा रुक गया । उनकी दृष्टि-भंगिमा बदल गई और वे बिना कोर्निश दिये पिता के पास जाकर बैठ गये । बड़ा भयानक साहस था । दरबार सिहर उठा । पर शिवाजी को अपने ऊँचे स्वाभिमान के कारण उसमें कुछ भी अन्यथा अनुभव न हुआ । वे निडर दृष्टि से बादशाह की ओर देखने लगे ।

बादशाह की नजर घूमी, और उसने मुरार पन्त पर प्रश्नात्मक दृष्टि डाली । मुरार पन्त अदब के साथ खड़े हुए और दरबारी भाषा में बोले—'हुजूर ! यह शाहजी का ही लड़का शिवा है । आज पहले-पहले दरबार में आया है । दरबारी तौर-तरीकों से नावाकिफ है । आपको मुजरा न

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

करने की गुस्ताखी कर बैठा है । आलम पनाह ! बच्चे की इस पहली नाजानकारी को मुआफ फरमायें । आइन्दा ऐसी गलती नहीं करेगा । शिवाजी की इच्छा हुई कि वे अभी उठें और शेर की तरह दहाड़ कर पूरे दरबार और इस म्लेच्छ बादशाह को बतला दें कि मुरार जी का वक्तव्य गलत है । उन्होंने कोर्निश करनी ही नहीं चाही और न वे आगे ही करेंगे—क्योंकि वह अनुचित है और उनके स्वाभिमान के विरुद्ध है किन्तु वीर होने के साथ-साथ वे धीर भी थे और देशकाल के अनुसार अपने आवेगों को नियन्त्रित करना भी अच्छी तरह जानते थे । उनमें भावनाओं को वश में रखने की शक्ति थी । यही तो वह धीरता है जो ऊँची मनोभूमि और समतल धरातल वाले वीर पुरुषों की एक शोभा है । यही धीरता और विचार सन्तुलन की शक्ति सत्वान को आततायी अथवा शक्ति-मत्त हो उठने से रोकती है जिससे उनके उठाये हुए कदम ऊँचे-नीचे न पड़कर ठीक स्थान पर ठीक दिशा में पड़ते हैं । बादशाह ने मुस्कराकर सिर हिला दिया । बात टल गई । बादशाह ने एक कीमती खिलत और बहुत से वेश-कीमती जवाहरात शिवाजी को देकर अपनी प्रसन्नता तथा प्रेम प्रकट किया । शिवाजी अब प्रायः नित्य ही दरबार में जाने लगे ।

पर वे कोर्निश कभी नहीं करते । साधारण-सा नमस्कार करके अपने स्थान पर जाकर बैठ जाते थे । कई दिन देखते रहने के बाद आखिर एक दिन बादशाह पूछ ही बैठा—'शिवा क्या तुमको दरबारी तौर-तरीके बतलाये नहीं गये ? प्रत्युत्पन्न बुद्धि शिवाजी ने स्थिति समझ ली और बड़े सामान्य भाव से बोले—

"पिताजी ने मुझे दरबार के सारे रीति-रिवाज भली प्रकार बतला दिये हैं । पर मैं आपको बादशाह से अधिक अपना गुरुजन समझता हूँ । पिता के समान मानता हूँ । आपको कोर्निश करने में मुझे बनावट जैसी बात मालूम होती है । मैं आप में और अपने पिता में कुछ अन्तर समझूँ तो मुजरा अदा करूँ । मेरा निवेदन है कि आप मुझे मुजरे के बनावटी शिष्टाचार न करने की छूट देकर क्षमा करें ।" शिवाजी का उपयुक्त उत्तर सुनकर बादशाह और भी खुश हो उठा । उन्हें दरबार में कोर्निश न करने की छूट मिल गई । शिवाजी ने चतुर बुद्धि का प्रयोग कर साँप मारकर भी अपनी लाठी बचाली । यही तो बुद्धि का वह खेल है, राजनीति की वह चाल है जो छली, कपटी और दुष्ट दुरात्माओं से बचाती और पार लगाती हैं ।

पर यह स्थिति अधिक दिनों तक न रह सकी । सच्ची भावनाओं वाला तेजस्वी पुरुष चातुर्य अथवा कौटिल्य को अधिक प्रश्रय न दे पाता । दुरंगे दुपट्टे की नीति से उसे म्लानि होने लगती है और जल्दी ही वह अपना वास्तविक रूप उद्घाटित कर देता है । जिससे शत्रु अथवा मित्र कोई धोखे में न रहे और उसके उज्ज्वल कर्त्तव्य पर प्रवंचना का कलंक न लगने पावे । विडम्बनापूर्ण जीवन की तुलना में सच्चे सत्पुरुष मृत्यु को अधिक अंक दिया करते हैं ।

शिवाजी जिस रास्ते पिता के साथ राजदरबार जाया करते थे उस पर कसाइयों की बहुत सी दुकानें पड़ती थीं । उनमें गौ-मांस बिका करता था । कभी-कभी किसी गऊ का कटा हुआ सिर भी टँगा हुआ दिखाई देता था । एक दिन एक कसाई को उन्होंने गौ-वध करते हुए पीट दिया और दूसरे दिन से दरबार में जाना छोड़ दिया ।

शाहजी फिर धर्म संकट में पड़ गये । उन्होंने इस बार शिवाजी की बहुत कटु आलोचना की और कहा कि इस तरह सरेआम किसी आदमी को पीटना एक सरदार के लड़के को शोभा नहीं देता । तुम्हारी यह उद्धतता निश्चय ही हमारी इज्जत ले लेगी और हम भीख माँगने के योग्य हो जायेंगे ।

शिवाजी को पिता की बात सुनकर बड़ा दुःख हुआ और अनुमति लेकर पूना चले गये । पूना आकर उन्होंने स्वतन्त्र रूप से अपना संगठन बनाना तथा प्रचार करना आरम्भ कर दिया । सबसे पहले उन्होंने पूना के आस-पास जंगल तथा पहाड़ों में रहने वाली मवाली जाति के लोगों का संगठन किया । मवाली लोग बड़े वीर और विनम्र आदिवासी थे । उनमें किसी सदुद्देश्य के लिये मर मिटने की भावना थी । पर उनको अशिक्षा तथा शराब पीने का व्यसन निकम्मा और निर्धन बनाये हुए था । उनकी दशा बड़ी खराब थी । शिवाजी ने उनमें शिक्षा का प्रचार किया और धन से उनकी सहायता भी की । उनके अंधविश्वास तथा निरुत्साह को दूर किया । कुछ दिनों के प्रयत्न के बाद मवाली लोगों में चेतना आ गई । उन्होंने अपना सुधार किया और मानव-जीवन का मूल्य समझा । जल्दी ही वे सब शिवाजी के अनुयायी बन गये और शिवाजी ने उन्हें एक प्रशिक्षित सेना के रूप में बदल दिया ।

इधर दादाजी कोणदेव की मृत्यु हो जाने से पूना और सूया की जागीर के सारे अधिकार तथा उसका प्रबन्ध शिवाजी के हाथ में आ गया । जिससे उनकी शक्ति, प्रभाव तथा साधन और भी बढ़ गये । किन्तु उन्होंने अपना सर्वस्व देश, धर्म की रक्षा में ही अर्पण कर दिया ।

सेना का संगठन और जागीर पर अधिकार हो जाने के बाद शिवाजी ने स्वतन्त्र हिन्दू-राज्य की नींव डालने का श्रीगणेश कर देने का विचार बनाया और उसके लिये अपने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

मित्रों तथा सहयोगियों की एक सभा बुलाकर विचार विमर्श किया । शिवाजी के बाल्य-सखा तीन मवाली नौजवान एसाजी कंक, तानाजी मालसुरे और बाजी पालसकर, जो अपनी मवाल जाति के मुखिया-वर्ग में से थे, ने परामर्श दिया कि अभी राज्य स्थापना का काम प्रारम्भ न किया जाये । इसको कुछ समय के लिये स्थगित रखकर पहले सह्याद्रि पर्वत और जंगलों के रास्तों, गुफाओं, युद्ध के लिये उपयुक्त स्थानों और बचाव स्थलों की खोज और जाँच-पड़ताल कर ली जाये । शिवाजी को अपने इन सहयोगियों का परामर्श बहुत पसन्द आया और उन्होंने उतावली का त्याग कर सबसे पहले वही काम किया । मार्गों तथा मानचित्रों का ज्ञान न होना किसी भी सेना-संचालक के लिये एक हानिकर अयोग्यता मानी गई है । शिवाजी ने कई महीनों अपने विश्वस्त तथा अन्तरंग सहयोगियों के साथ सह्याद्रि तथा आस-पास के जंगलों को मथ डाला और चप्पा-चप्पा भूमि से परिचय प्राप्त कर लिया ।

इस प्रकार सभी ओर से सन्नद्ध होकर उन्हें मवाली क्षेत्र के रोहिद दुर्ग से अपने उद्देश्य का प्रारम्भ किया । इस किले में रोहिदेश्वर नाम का एक मन्दिर था । किला और मन्दिर दोनों बीजापुर के नबाव के अधिकार में थे । किलेदार और मन्दिर का पुजारी नबाव बीजापुर का आदमी था । शिवाजी ने उसे पृथक् कर उसके स्थान पर अपना आदमी नियुक्त कर दिया ।

समाचार बीजापुर पहुँचना ही था, पहुँचा भी । पर जब तक उस पर कोई कार्यवाही या जबाव तलवी हो, शिवाजी ने अपनी मवाली सेना तोरण के किले की ओर बढ़ा दी । आक्रमण करने से पूर्व शिवाजी ने एसाजी, तानाजी और बाजीजी को किलेदार के पास भेजकर कहलाया कि वह शान्तिपूर्वक किला हवाले कर देगा या उन्हें सैनिक कार्यवाही करनी होगी । शिवाजी की शक्ति और उनकी दृढ़ता देखकर किलेदार डर गया । तोरण पर शिवाजी का अधिकार हो गया । इसकी सूचना भी नबाव बीजापुर के पास पहुँची । उसका माथा ठनका और उसने शिवाजी के पिता को प्रेरित कर घटनाओं का जबाव मँगवाया । शिवाजी ने नीति से काम लिया । सीधे संघर्ष छेड़ देने के स्थान पर उन्होंने कहला भेजा कि दोनों किलों का प्रबन्ध ठीक नहीं चल रहा था । इसलिये उनको अपने संरक्षण में ले लिया है । इससे बीजापुर राज्य की ताकत बढ़ेगी और आय भी । जवाब पाकर नबाव खामोश हो गया ।

तोरण का किला पुराना और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था । शिवाजी ने उसका सुधार करने के लिये खुदवाना प्रारम्भ किया । संयोगवश उसमें उन्हें किसी पुराने नबाव का खाजना गढ़ा मिल गया । उन धनराशि को उन्होंने देवी की देन समझा और उससे सेना, अस्त्र-शस्त्र, गोला-बारूद, रसद आदि का प्रबन्ध किया और उसी से पाँच-छः मील दूर एक आवश्यक स्थान पर राजगढ़ नाम का नया किला बनवाकर उसे साज-सज्जा से समर्थ बना दिया । शिवाजी की इस उन्नति से जनता का ध्यान उनकी ओर अधिक हो गया और हजारों नौजवान कम से कम वेतन पर उनकी सेवा में उत्साहपूर्वक भरती हो गये ।

शिवाजी के विमातुल सम्भाजी मोहिते को शिवाजी की इस विकसित होती शक्ति से ईर्ष्या होने लगी और उसने उनके उत्थान को वहीं पर दबा देने की सोची । देश में जहाँ एक ओर शिवाजी जैसे लोग धर्म की रक्षा में अपने प्राणों की बाजी लगाये हुए थे, वहाँ सम्भाजी मोहिते देशद्रोही उस पुण्य प्रयास में बाधा बनने में अपना भला देख रहे थे । मोहिते ने बीजापुर शिकायत लिख भेजी । शिवाजी ने उस हानिकर तत्व को धर्म-मार्ग से हटा देना उचित समझा और उसके अध्यक्षता एवम् उपाध्यक्षता के चाकण और सूया नामक दो दुर्गों पर आक्रमण कर दिया और साथियों के साथ उसे कैदी बना लिया । शिवाजी के इस काम ने उनका प्रभाव इतना बढ़ा दिया कि आस-पास और दूर-दूर तक के किलेदार उनसे भयभीत होकर उन्हें अपना नायक मानने लगे । इस प्रतिक्रिया के आधार पर जल्दी ही उनका अधिकार चाकण, इन्दरपुर, बारामती, कोडावत और पुरन्दर आदि किलों पर हो गया ।

शिवाजी के इस विकास और विस्तार का समाचार जल्दी-जल्दी बीजापुर के नबाव के पास पहुँचने लगा जिससे वह बहुत ही चिन्तित हो उठा । उसने शाहजी पर जोर डाला कि वे शिवाजी को लिखें, उन्हें इस काम से रोकें और हथियाये हुए सारे किले राज्य को वापस दिलायें । शाहजी ने शिवाजी की भर्त्सना करते हुए उन्हें वैसा न करने को लिखा । किन्तु शिवाजी तो अब अपने स्वतन्त्र अभ्युदय की ओर पग उठा चुके थे । उन्होंने पिता को लिख दिया कि बीजापुर दरबार से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है और न मैं अपने को उसका मातहत ही मानता हूँ । मैं परमात्मा की आज्ञा से देश में स्वतन्त्र हिन्दू-राज्य की स्थापना का अपना कर्त्तव्य कर रहा हूँ । अपने इस पुण्य-कर्त्तव्य में अब मैं किसी का हस्तक्षेप स्वीकार करने को तैयार नहीं हूँ । शिवाजी का पत्र बीजापुर राज्य के विरुद्ध स्पष्ट विद्रोह और उसकी शक्ति को एक चुनौती था ।

शिवाजी का उत्तर जब तक पहुँचा और नबाव बीजापुर कोई कार्यवाही करने को तैयार हुआ तब तक

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

शिवाजी ने अपने एक सहयोगी आनाजी सोनदेव को कल्याण के किले पर अधिकार कर लेने का निर्देश दे दिया । आनाजी सोनदेव ने न केवल कल्याण के किले पर ही अधिकार कर लिया, बल्कि कल्याण के किलेदार अहमद को उसकी पुत्र-वधू के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

शिवाजी के सम्मुख मौलाना अहमद और उसकी पुत्र-वधू बन्दी के रूप में उपस्थित किये गये । अहमद की पुत्र-वधू एक अपूर्व सुन्दरी थी । उसका रूप देखकर सारा दरबार चकित रह गया । शिवाजी भी उसे एकटक होकर देखने लगे । अहमद और उसकी पुत्र-वधू दोनों के चेहरों पर उभरे भाव से यह आभास होता था कि जैसे वे समझ रहे हों कि शिवाजी नारी के रूप पर आसक्त हो उठे हैं । ऐसा ही कुछ विचार दरबारियों की भाव-भंगिमा से प्रकट होता था । आनाजी सोनदेव ने स्वयं यह चाहा कि शिवाजी शत्रु की स्त्री को अपनी सेविका बना लें जिससे कि यवनों द्वारा हिन्दू महिलाओं पर किये जाने वाले अत्याचार का प्रतिकार हो सके ।

पर शिवाजी कितने बुद्धिमान् और विवेकशील व्यक्ति थे इसका अनुमान वहाँ उपस्थित व्यक्तियों में से कोई न कर सका । सभी ने उन्हें उस तराजू पर तोलने का प्रयत्न किया जिस पर लोलुप और कामपुरुष तोले जाते हैं । शिवाजी के हृदय में अपने विचारों के अनुरूप ही संयम तथा चरित्र का प्रकाश मौजूद था जिसके आलोक में वे बड़े पवित्र भाव से उस नारी का दर्शन कर रहे थे ।

बड़ी देर तक देखते रहने के बाद वे बोले—'कैसा अनुपम तथा प्रशंसनीय रूप है । यदि मेरी माता भी इसी की तरह सुन्दर होती तो मैं भी आज कितना सुन्दर होता ?'

शिवाजी की बात सुनकर सभा के लोगों को अपने कुत्सित विचार पर बड़ी ग्लानि हुई और उनके मुख से सहसा ही 'धन्य-धन्य' के शब्द निकल पड़े । मौलाना अहमद तो श्रद्धा-विभोर होकर रो पड़ा और उसकी पुत्र-वधू कह उठी—'जो आदमी इतना नेक, ईमानदार और पाकचलन है, जो दुश्मन की औरत के साथ इतना इज्जत भरा सुलूक कर सकता है—वह एक दिन जरूर बड़ा आदमी होगा और दुनिया उसके नाम को सिजदा किया करेगी ।'

कोकण प्रदेश का राजापुर नामक एक नगर बहुत समय से हब्शियों के अधीन चला आ रहा था । वहाँ की जनता उनके आततायी शासन में बहुत पीड़ित थी । यह विदेशी हब्शी उनकी सभ्यता और संस्कृति पर आघात करते हुए उसे मिटाकर अनार्यता का समावेश करने की कोशिश कर रहे थे । वहाँ के समाज-चिन्तक और जन-हितैषी लोग यथासाध्य उसका विरोध करते हुए तलवार के घाट उतर रहे थे । परिस्थितियाँ अनानुकूल होने के कारण जन-आन्दोलन सफल नहीं हो पाते थे । इधर शिवाजी के अभ्युदय की सूचना सारे देश में फैलती जा रही थी । वह समाचार राजापुर भी पहुँचा । जनता को मानो डूबते हुए थाह मिल गई । उनके हृदय आशा से आलोकित हो गये । उन्होंने शिवाजी को अपनी यातनाओं का समाचार भेजा और उद्धार की प्रार्थना की । शिवाजी ने तुरन्त तैयारी करके राजापुर पर आक्रमण करके उसे अपने संरक्षण में ले लिया । शिवाजी की इस विजय से सारे देश में हर्ष की लहर दौड़ गई और सारा देश ही उनकी ओर आशा भरी दृष्टि से देखने लगा ।

कल्याण के किलेदार मौलाना अहमद और उसकी पुत्र-वधू को जब शिवाजी ने आदरपूर्वक मुक्त कर बीजापुर भेज दिया तो वह अपना स्पष्टीकरण देने वहाँ के नबाव आदिलशाह के दरबार में गया और सारी घटना कह सुनाई । दरबार में उपस्थित सारे लोगों ने शिवाजी के चरित्र की प्रशंसा की किन्तु आदिलशाह उस प्रशंसा में शामिल न हो सका । उसे अपने उन किलों की चिन्ता थी जिन्हें शिवाजी ने अपने अधिकार में ले लिया था । उसके स्वार्थी हृदय ने शिवाजी के पिता शाहजी को पुत्र कार्यवाहियों में सम्मिलित समझा । नबाव ने उन पर दबाव डाला के वे अपना दोष स्वीकार करें और जैसे भी हो शिवाजी की कार्यवाहियों को रोकें ।

शाहजी ने बहुत कुछ अपनी निर्दोषता का प्रमाण दिया और कहा कि लड़का मेरे हाथ से बाहर हो गया है । उस पर मेरे कहने का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है । पर नबाव के सहज अविश्वासी हृदय ने उनके कथन पर विश्वास नहीं किया । उसने खुद एक पत्र शिवाजी को लिखा और शाहजी से भी लिखवाया जिसका सारांश इस प्रकार था—तुम्हारी यह हरकतें बहुत आपत्तिजनक हैं । जिसका पिता बीजापुर दरबार का मनसबदार हो उसे ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिये जिससे दुश्मनी बढ़े । भलाई इसी में है कि सारे किले नबाव को लौटा दिये जायें और शिवाजी पहले की तरह ही बाजीपुर के दरबारी हो जायें ।

पर शिवाजी पर इन पत्रों का कोई प्रभाव न पड़ा । उन्होंने तो देश, धर्म और समाज की रक्षा के लिये स्वतन्त्र हिन्दू राज्य की स्थापना का संकल्प ही लिया था । किसी भय अथवा लोभ से विचलित हो सकना उसके लिये सम्भव न था । स्वार्थ अथवा भय से परे होकर ही तो देश धर्म की रक्षा की जा सकती है । शिवाजी ने स्पष्ट लिख दिया—

"मेरे पिता बीजापुर दरबार के मनसबदार हैं मैं नहीं । स्वतन्त्र अस्तित्व की स्थिति में यह आवश्यक नहीं

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कि पुत्र पिता की स्थिति के अनुसार कार्य करे । पिता जिसका मातहत हो पुत्र अपने को उसके अधीन समझे और उसकी आज्ञाओं का वैसे ही पालन करे जैसा कि उसका पिता । मैं बीजापुर दरबार में आ सकता हूँ । पर शर्त यह है कि मेरे जीते हुए किलों पर मेरा अधिकार स्वीकार किया जाये ।"

शिवाजी का स्पष्ट तथा निर्भीक उत्तर पाकर नबाब आदिलशाह आपे से बाहर हो गया और चिल्ला पड़ा कि शिवा बागी है । किलों पर उसका अधिकार नहीं माना जा सकता है । उसने उन पर नाजायज कब्जा किया है । मैं उसकी बढ़ती हुई ताकत को कुचल डालूँगा और हमेशा-हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर दूँगा ।

कहने को तो नबाव यह कह गया । पर सच्ची बात यह थी कि वह शिवाजी की ताकत, उसकी सच्ची धर्मनिष्ठा और साहसिक वीरता से मन ही मन डर रहा था । वह अच्छी तरह जानता था कि शक्ति के आधार शिवाजी को किसी प्रकार वश में नहीं लाया जा सकता । उसने कूटनीति और छल प्रपंच से काम लेने का निश्चय किया । स्वार्थी, अनीतिवान तथा कायर व्यक्ति के पास छल, कपट के सिवाय और सम्बल ही क्या हो सकता था ? उसने धोखे से शाहजी को कैद करा लिया ।

शाहजी को धोखे से गिरफ्तार करने वाले जाति द्रोही का नाम था—बाजी घोर पाण्डे बड़ा स्वार्थी तथा निकृष्ट व्यक्ति था । ऐसे व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिये शत्रुओं के प्रति तो बड़े सच्चे तथा वफादार रहते हैं, लेकिन अपने देश व समाज के लिये नहीं रह पाते । जिस सच्चाई और भक्ति का प्रमाण वे विपक्षियों का हित साधन में देते हैं, उसका प्रमाण यदि वे देश, धर्म तथा समाज के हित में दें तो उनका अधिक सम्मान और अधिक लाभ हो सकता है । उनका नाम इतिहास के उज्ज्वल पृष्ठों में लिखा जाये । पर जिनका जीवन गर्सित और संस्कार विकृत रहे होते हैं उनकी मनोगति इसी प्रकार विपरीत दिशा में रहती है । उन्हें शत्रुओं की चाटुकारी करने और अपनों को हानि पहुँचाने में ही सुख-सन्तोष अनुभव होता है । ऐसे ही दुर्भाग्य वाले व्यक्ति देश तथा धर्मद्रोही का अपनाम पाकर इतिहास के कलंकित पृष्ठों में लिखे जाया करते हैं ।

बाजी घोर पाण्डे ने शाहजी को छल से एक प्रीति भोज में निमन्त्रित कर अपने घर में उन्हें बन्दी बना लिया । चालक आदिलशाह ने इस विश्वासघात का कलंक अपने किसी जाति भाई पर न आने देकर एक हिन्दू पर ही लगवाया । शाहजी को उसने एक छोटी-सी कोठरी में बन्द कर दिया और उसका द्वार ईंटों से चुनवाकर थोड़ी सी सांस रहने दी । फिर उसने शाहजी को विवश किया कि यदि तुमने चिट्ठी लिखकर शिवा को उसकी हरकतों से रोक कर यहाँ न बुलाया या वह तुम्हारे बुलाने से न आया तो दरवाजे का यह बाकी हिस्सा भी बन्द कराकर तुम्हें इसी में जिन्दा दफन कर दिया जायेगा । इसलिये खैरियत इसी में है कि तुम शिवा को यहाँ आने के लिये लिखकर मजबूर करो ।

मजबूर शाहजी के पास और चारा ही क्या हो सकता था ? उन्होंने शिवाजी को सारी स्थिति लिखा भेजी । शिवाजी बड़े भयानक विचार संकट में पड़ गये । यदि वे पिता की रक्षा के लिये बीजापुर दरबार को आत्म-समर्पण करते हैं तो न केवल उनके यश को ही कलंक लगेगा बल्कि देश-धर्म की रक्षा के बोये अंकुर नष्ट हो जायेंगे और यदि वे अपने सिद्धान्त की रक्षा करते हैं तो निश्चय ही पिता से हाथ धोना पड़ेगा । वे दिन-रात चिन्तित तथा विमग्न रहने लगे ।

गहनतम मानसिक द्वन्द्वों तथा संकल्प-विकल्पों के बाद सार्वजनिक कल्याण भावना पर एक बार पिता के प्रति पुत्र का मोह विजयी हो गया और उन्होंने बीजापुर जाकर आदिलशाह से सन्धि करने का विचार बनाया । इस विचार का प्रतिपादन हिन्दुत्व के भविष्य का घातक था । यदा-कदा मनुष्य का मोह और मानसिक दुर्बलतायें प्रवंचना के जाल में फँसा कर उसको गलत दिशा की ओर प्रेरित कर देती है । इस मनोसंकट के समय मनुष्य को सावधानतापूर्वक विवेक का ही अवलम्ब लेकर और अपने को तटस्थ बना कर सदस्यता तथा परिणाम की महत्ता के प्रकाश में किसी निर्णय का निर्धारण करना चाहिये । किंचित कमजोरी से शिवाजी का व्यक्तिगत मोह 'सर्वजन-हिताय' की महानता पर आच्छादित हो गया । तथापि जो अपने जीवन में सच्चा होता है और जिसंका संग उत्तम होता है उसके डगमगाते कदम को रोकने वाले संयोग आ ही जाते हैं ।

शिवाजी की धर्मपत्नी साईबाई को उनके विचार का पता लगा । उन्होंने अवसर पाकर शिवाजी को उस दुविधा के अन्धकर में प्रकाश दिया । उन्होंने कहा—आपने यह विश्वास किस आधार पर कर लिया कि आपके बीजापुर जाने पर यवन आदिलशाह आपको भी बन्दी नहीं कर लेगा ? मेरा आत्मा कहती है कि बीजापुर जाने में कल्याण नहीं है । आदिलशाह पिताजी को तो नहीं छोड़ेगा साथ ही आप पर भी संकट लाकर हिन्दू-जाति का भविष्य ही नष्ट कर देगा । मेरा विनम्र परामर्श है कि आप इस समय दूरदर्शितापूर्ण राजनीति से काम लें । आप दिल्ली के मुगल बादशाह शाहजहाँ का पक्ष ग्रहण करें । उसे लिखें कि यदि वह इस समय पिताजी की रक्षा करने में आप की सहायता

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

करें तो उसके बदले में आप उसे दक्षिण के मुस्लिम राज्यों का दमन करने में सहयोग देंगे । दिल्ली का बादशाह अपने साम्राज्य विस्तार में दक्षिण के मुस्लिम राज्यों को सबसे बड़ा बाधक समझता है । वे बाधक हैं भी । मेरा विश्वास है कि साम्राज्य लिप्सु तथा स्वार्थी मुगल बादशाह आपको अपने पक्ष में लाने के लिये अवश्य ही आदिलशाह से पिताजी को मुक्त कर देने के लिये विवश करेगा ।

शिवाजी को जैसे आधार मिल गया । उनका मानी हृदय पत्नी को धन्यवाद दे उठा । उन्होंने शाहजहाँ को लिखा ! साईबाई का अनुमान ठीक निकला शाहजहाँ ने शिवाजी तथा शाहजी का पक्ष पाने के लिये बीजापुर के आदिलशाह को फरमान भेज कर शाहजी को मुक्त करा दिया ।

शिवाजी की सफल राजनीति से पराजित होकर बीजापुर का नबाव आदिलशाह और जल गया और अब उसने उनको छल से मरवा डालने की ठानी । उसने फिर किसी विश्वासघाती की तलाश की और बाजी घोर पाण्डे की तरह उसे एक बाजी श्यामराज नाम का जाति द्रोही मिल गया । आदिलशाह ने उसे धन और पद का लोभ दिया और वह उसी क्षेत्र में जाकर घात में लग गया जहाँ शिवाजी उस समय रह रहे थे । बाजी घोर पाण्डे के विश्वासघात और पिता के असावधान विश्वास से शिवाजी शिक्षा ले चुके थे । अस्तु उन्होंने किसी शत्रु पक्षीय अथवा अनबूझ व्यक्ति पर सहसा विश्वास कर लेना राजनीति में एक कमजोरी मान लिया था । निदान उन्होंने गुप्तचरों द्वारा बाजी श्यामराज के रंग-ढंगों का पता लगा लिया । जाति-द्रोही विजातियों से अधिक भयंकर तथा दण्डनीय होता है । शिवाजी ने तुरन्त ही उस दुष्ट श्यामराज पर हमला कर दिया । वह कायर शिवा की मार खाकर जवाली के राजा चन्द्रराव की सहायता से बच निकला और जगंलों की ओर भाग गया ।

राजा चन्द्रराव को चाहिये था कि वह उस धर्मद्रोही श्यामराज को बन्दी बनाकर शिवाजी के सुपुर्द कर देता । किन्तु वह स्वयं ही शिवाजी के अभ्युदय से मन ही मन जल रहा था । उसकी यह जलन श्यामराज को सहायता के रूप में प्रकट हो गई और वीर शिवा ने उसे भी धर दबाया । इसके पहले कि ऐसे स्वार्थी तथा अदूरदर्शी राजा को सत्ताविहीन कर दिया जाये, शिवाजी ने प्रयत्न किया कि वह भारत को यवन सत्ता से मुक्त कराने में उनके झण्डे के नीचे आ जाये पर जिसका विवेक स्वार्थ के विष से नष्ट हो चुका हो, ईर्ष्या की आग में जल चुका हो वह इस प्रकार की महानताओं को क्या समझ सकता था ? वह तैयार न हुआ । धर्म-युद्ध में संकट उठाने की अपेक्षा उसने निर्लज्ज भोग-विलास का कीड़ा बना रहना ही ज्यादा पसन्द किया । शिवा ने जवाली पर आक्रमण कर उसे राज्य च्युत कर कह दिया कि जिस देश के उद्धार में जो कायर राजा हाथ नहीं बटा सकता उसे कोई अधिकार नहीं कि वह उसके किसी भूखण्ड पर शासन करे । उन्होंने जवाली के किलों तथा महावालेश्वर के मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया और दो मील की दूरी पर प्रतापगढ़ नाम का एक नया किला और अपनी इष्ट देवी भवानी का मन्दिर स्थापित किया ।

इस प्रकार अपना बल तथा संगठन बढ़ाकर शिवाजी समय-समय पर परिस्थिति के अनुसार दक्षिण के मुसलमानी राज्य और दिल्ली के मुगल साम्राज्य के भाग भी जीतने और अपने हिन्दू साम्राज्य में मिला लेने लगे । उन्होंने जल्दी ही अहमदनगर, जुन्नार तथा पेड़ गाँव से मुगल-सत्ता का अन्त कर दिया और इस प्रकार चार सौ मील लम्बे-चौड़े स्वतन्त्र हिन्दू राज्य की स्थापना की ।

इसी समय शाहजहाँ की मृत्यु हो जाने से औरंगजेब जो उस समय कर्नाटक को जीतने, बीजापुर को बर्बाद करने के विचार से दक्षिण आया हुआ था, आदिलशाह से सन्धि करके तख्त के लिये अपने भाइयों से लड़ने दिल्ली वापस चला गया । औरंगजेब के वापस चले जाने के बाद शिवाजी ने कौकण तथा जंजीरा के इलाके मुसलमान सूबेदारों से छीन कर अपने अधिकार में कर लिये ।

आदिलशाह जो अब तक शाहजहाँ और शिवाजी की सन्धि के कारण चुप बैठा था, औरंगजेब से सन्धि हो जाने से, शिवाजी के विरुद्ध पुनः सक्रिय हो गया । उसकी आँख में शिवाजी तथा उनका अभ्युदय काँटे की तरह खटक रहा था । वह किसी भी मूल्य पर उनको बन्दी बनवाना या मरवा डालना चाहता था । निदान उसने भरे दरबार में शिवाजी को पकड़ने या मार डालने के लिये एक बहुत बड़े पुरस्कार तथा पदवी की घोषणा कर दी । हिन्दू या मुसलमान कोई भी सरदार अब शिवाजी के विरुद्ध जाने का साहस नहीं कर रहा था । पर कई दिन बाद मौत का मारा एक अफजल खाँ नामक सरदार उन पुरुष सिंह शिवराज को पकड़ने या मारने के लिये तैयार हो गया । ठीक ही कहा गया है कि लोभ मनुष्य के विनाश का कारण होता है । बेचारा अफजल बैठे बैठाये उसके जाल में फँस गया और मारा गया ।

अपनी यात्रा पर चलते समय वीर शिवा के तेज की कल्पना करके उसका हृदय दहल गया और उसे मरने की शंका होने लगी । उसने सोचा यदि मैं मारा गया तो मेरे पीछे बेगमों का क्या होगा ? "विनाश काले विपरीत बुद्धिः"—अफजल ने अपनी एक-सौ त्रेसठ बेगमों को चलते

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

समय अपनी तलवार से कत्ल कर डाला—ऐसा व्यभिचारी तथा इतनी निरीह नारियों का वध करने वाला एक पापी कामुक पुरुष धर्मनिष्ठ शूरमा को मारने या बन्दी बनाने के लिये पूना की ओर चला—इसे विधि की विडम्बना के सिवाय और क्या कहा जा सकता है ?

अपने सिर पर मौत की काली छाया लिये वह यवन सरदार एक बड़ी सेना और अस्त्र-शस्त्र लेकर तुलजापुर के रास्ते मार्ग के देव मन्दिरों, मूर्तियों तथा पवित्र स्थानों को नष्ट-भ्रष्ट करता, गायों तथा जनता को मारता और नगर गाँव लूटता हुआ पूना की ओर रवाना हुआ । उसके आने तथा अत्याचारों का समाचार पाकर शिवाजी ने जवाली आकर प्रतापगढ़ के किले में अपना डेरा डाल दिया । अफजल को जब पता चला तो वह मार्ग बदल कर जवाली से कुछ ही दूर बाई नामक स्थान पर जाकर ठहर गया ।

अफजल खाँ और शिवाजी में सम्वादों का आदान-प्रदान होने के बाद यह तय हुआ कि दोनों जवाली में मिलकर सन्धि की शर्तें तय कर लें । अफजल उन्हें उनके जीते हुए इलाके दिला देगा और शिवाजी बीजापुर की अधीनता स्वीकार कर लेंगे । पर दोनों अपनी-अपनी ओर से अपने लक्ष्य तथा मन्तव्य में सतर्क थे । अफजल शिवाजी को अपने निकट बुलाकर धोखे से मार डालना चाहता था और शिवाजी उसको, उसके विश्वासघाती इरादे को धूल में मिला देना चाहते थे ।

अनेक कटु अनुभवों ने शिवाजी को किसी भी शत्रु पर किसी भी मूल्य पर विश्वास न करने से दृढ़ बना दिया था । उन्होंने अफजल पर विश्वास तो नहीं किया तब भी अपने गुप्तचरों तथा अफजल के दूत कण्णजी भास्कर को चतुरतापूर्वक अपनी ओर मिला कर उसकी दुर्भावना को प्रमाणित कर लिया । वे सहसा ही किसी आशंका से प्रेरित होकर उसे हानि नहीं पहुँचाना चाहते थे । क्योंकि आशंकावश अच्छे इरादों का बुराई से बदला देना वे मनुष्यता के विरुद्ध समझते थे ।

निर्णय के अनुसार अफजल खाँ जवाली आया और एक अलग खेमे में शिवाजी उससे अकेले मिलने के लिये गये । शिवाजी को आया देखकर अफजल बड़ी उत्सुकता से दोनों हाथ फैला कर उनको भेंटने के लिये बढ़ा । शिवाजी भी बढ़ गये । बस भेंट होते ही अफजल ने उन्हें अपनी बगल में कसकर दबा लिया और पीठ के पीछे बँधी तलवार निकाल कर तुरन्त उसके सिर पर वार कर दिया । पर इस वार का कोई प्रभाव शिवाजी पर नहीं हुआ । उल्टे उसने देखा कि शिवाजी का बायां हाथ उसका पेट चीरता हुआ निकल गया । उसने फिर तलवार की नोक शिवाजी के पेट में घुसेड़ी । तब भी कोई असर न हुआ और शिवा की एक पैनी कटार उसकी कोख में घुस गई । अफजल की सारी आँतें बाहर निकल पड़ीं और वह विश्वासघाती यवन सरदार जमीन पर गिरकर ढेर हो गया ।

शिवाजी चलते समय शरीर में कवच और सिर पर पगड़ी के नीचे झिलम पहन कर गये । उन्होंने अपने कमाब्बरबी अँगरखे के नीचे एक कटार और बायें हाथ में वघनखा पहन रखा था । उनका इरादा अफजल को मारने का नहीं था । फिर भी उसके विश्वासघात का दण्ड देने के लिये वे यह सब प्रबन्ध करके ले गये । शत्रु से सतर्कता ही शूरवीरों को संसार में बड़े-बड़े काम करने के लिये सुरक्षित रखा करती है ।

अफजल की मृत्यु और उसकी सेना की पराजय के बाद बीजापुर का आदिलशाह तो ठण्डा पड़ गया पर मुगल बादशाह औरंगजेब के हृदय में आग लग गई । वह दक्षिण में शिवाजी के विस्तार को दिल्ली पर खतरा समझता था । निदान उसने भी उन्हें बन्दी बनाने का षड्यन्त्र रचा । उसने जयसिंह नाम के एक हिन्दू राजा को दूत बनाकर शिवाजी के पास भेजा । जयसिंह ने विश्वास दिलाया कि यदि वे उनके साथ चलकर औरंगजेब से मिल लें तो वे उनको उससे महाराजा की उपाधि, जीते हुए इलाके और दरबार में एक ऊँचा पद दिलवा देंगे । शिवाजी ने इसे दिल्ली के बादशाह के निकट रहकर अपने विशाल मन्तव्य के लिये एक अच्छा अवसर समझा और जयसिंह की बातों पर विश्वास कर लिया । सतर्कता से थोड़ा ही असावधान होते ही शिवाजी धोखा खा गये और आगरे में बन्दी बना लिये गये ।

जिस समय उनको चेत हुआ उन्होंने अपने को आगरे के किले में बन्दी पाया । किन्तु उस असहाय तथा बन्दी अवस्था में भी धीर-वीर शिवाजी ने आशा, उत्साह तथा विवेक का साथ नहीं छोड़ा और बराबर भय मानने के स्थान पर मुक्ति का उपाय सोचते रहे । सब पहले तो उन्होंने, व्रत, उपवास तथा उपासना के बहाने बहुत-सा दान-पुण्य प्रारम्भ किया । बहुत दिनों तक वे बड़े-बड़े टोकरे भर कर मेवा, मिठाई तथा फल दान करते और उपहार के रूप में दरबार में भेजते रहे । अन्त में उन्होंने अपने बीमार होने की घोषणा की और यह भी कहला दिया कि उनकी हालत बहुत खराब है । शायद ही बचें । साथ ही उन्होंने अन्तिम समय में बहुत-सा दान-पुण्य करने की बात भी कही । उनका पुत्र शम्भाजी जो कि आगरे में ही नजरबन्द था, पिता के दान-पुण्य की सामग्री का प्रबन्ध करने के लिये नियुक्त किया गया । वह बहुत-से फलों के तथा मिठाइयों के टोकरे पिता के पास ले जाता और उनका स्पर्श कराकर बाहर लाकर गरीबों को बाँट देता । कुछ समय तो बाहर-भीतर जाते-आते टोकरों की तलाशी होती

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

रही । पर जब यह क्रम रात-दिन चलने लगा तो पहरेदार भी थक कर लापरवाह हो गये । टोकरे यों ही बिना तलाशी के बाहर जाने लगे । तभी एक बार मौका पाकर शिवाजी तथा शम्भाजी फलों के टोकरों में बैठकर कैद से बाहर निकल आये और सीमा पर अपने लोगों द्वारा रखे घोड़ों पर बैठ कर आगरा से रास्ता बदलते हुए पूना जा पहुँचे । इस प्रकार पुरुष सिंह अपनी चतुरता से शत्रुओं के पंजे से बाहर निकल गये ।

उसके बाद शिवाजी ने मुगलों का और बहुत-सा इलाका जीत लिया और दिल्ली पर आक्रमण करने की योजना बनाई । किन्तु तभी देश के दुर्भाग्य से चैत्र शुक्ला नवमी, सम्वत् १७३७ को उनका स्वर्गवास हो गया । स्वर्गवास से पूर्व उनके राज्य की जनता तथा सरदार, सामन्तों ने उनका विधिवत् एक विशाल हिन्दू-राज्य के महाराजा के रूप में अभिषेक किया और वे छत्रपति महाराज शिवाजी के नाम से उस यवन-काल में एक स्वतन्त्र हिन्दू शासक तथा धर्म-रक्षक घोषित किये गये । अभिषेक के बाद उन्होंने पुर्तगालियों से वेसीन का क्षेत्र और अंग्रेजों से कर्नाटक छीनकर उनसे चौथ वसूल की ।

शिवाजी के बाद उनका पुत्र शम्भाजी राजा हुआ । वह एक विलासी तथा कायर व्यक्ति निकला । यदि शम्भाजी संयमपूर्वक अपने वीर पिता के पद चिह्नों पर चला होता, तो तब ही से भारत का इतिहास और ही तरह के नामों, कामों तथा घटनाओं के साथ लिखा जाने लगता ।

जिस समय विधर्मी शासकों ने हिन्दू-धर्म और भारतीय-संस्कृति को नष्ट करने का अभियान आरम्भ किया और उसके फलस्वरूप हिन्दुत्व की नींव खोखली होने लगी, तो देश के अनेक भागों में ऐसी स्वाभिमानी और स्वधर्माभिमानी आत्माओं का अविर्भाव हुआ था, जिन्होंने अपने स्वार्थ और कष्टों की चिन्ता छोड़कर अपनी समस्त शक्ति को जाति और देश की रक्षार्थ उत्सर्ग कर दिया । पर इन सबका मार्ग और कार्य-प्रणाली, अपनी प्रकृति और साधनों के अनुरूप ही थी । ऐसी वीरात्माओं में हम महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविन्दसिंह, दुर्गादास, महाराणा राजसिंह, महाराज छत्रसाल आदि के नाम ले सकते हैं । यद्यपि देशभक्ति और आत्म-त्याग की दृष्टि से इन सबका दर्जा प्रायः समान ही समझना चाहिये, पर उद्देश्य में सफलता प्राप्ति की दृष्टि से शिवाजी को प्रथम स्थान दिया जा सकता है ।

पहली बात तो यह थी कि शिवाजी के अतिरिक्त अन्य जितने भी देशभक्तों के नाम हमने गिनाये हैं वे पहले से किसी न किसी रूप में साधन सम्पन्न थे । वे उच्च स्थिति के घरों में जन्मे थे और उनके पूर्वजों की महिमा के कारण ही जनता उनके प्रति भक्तिभाव रखती थी । पर शिवाजी महाराज सर्वथा नगण्य स्थिति में से उठे थे और उनके पूर्वजों में भी कोई ऐसा न था जिसने महान कार्य करके ख्याति प्राप्त की हो । उनके पास धन-सम्पत्ति के नाम पर भी कोई बड़ी जायदाद या खजाना न था । विद्या, शिक्षा, अनुभव की दृष्टि से भी उनको कोई विशेष सुयोग प्राप्त नहीं हुआ था । पर इन सब अभावों के होते हुए भी उन्होंने केवल अपनी सूझ-बूझ और साहस के बल पर कई बड़े-बड़े राज्यों और दिल्ली की बादशाहत का मुकाबला किया और अपने अल्प साधनों से ही सबको पीछे हटाते हुए अपने राज्य की जड़ जमा दी । उनका शासन-संगठन इतना सुदृढ़ और कार्यक्षम सिद्ध हुआ कि कुछ समय बाद उनके प्रतिनिधि पेशवाओं ने मुगल सल्तनत को जर्जर कर दिया और एक दृष्टि से भारतवर्ष के एक बड़े भाग को विदेशी शासन के प्रभाव से मुक्त कर दिखाया । यद्यपि उसी अवसर पर अकस्मात् यूरोपियन लोगों का हस्तक्षेप हो जाने से नक्शा बदल गया पर महाराज शिवाजी की नीति की प्रशंसा और उनकी महानता आज तक अक्षुण्ण है ।

महाराज शिवाजी की इस अनुपम सफलता का एक प्रधान कारण उनकी समयानुकूल कार्य-प्रणाली और परिस्थिति के अनुसार चलने का गुण था । उस समय जहाँ क्षत्रिय वीर प्राचीन परम्परा का ध्यान रखकर अपनी कई गुनी बादशाही सेना का मुकाबला सामने आकर करते थे और क्षत्रियत्व की आन का पालन करने के नाम पर परिस्थिति का ख्याल न करके सब के सब वहीं पर कट मरते थे, वहाँ शिवाजी ने अपने साधनों को अल्प देखकर आरम्भ में छापा मार युद्ध की नीति का अवलम्बन किया । इसका परिणाम यह हुआ कि महाराष्ट्र के पहाड़ी इलाके में बड़ी-बड़ी सरकारी सेनायें भी शिवाजी के मुट्ठीभर सैनिकों से मात खा गईं । इससे उसके सहायकों का उत्साह बढ़ता गया और अन्य स्थानों के हिन्दुत्व के अभिमानी भी अप्रत्यक्ष रूप से उसके सहायक बनते चले गये, जिससे अन्त में शत्रु के हौसले पस्त हो गये और उसने शिवाजी के प्रभाव में इलाके को छोड़ देने में ही खैर समझी । दूसरी विशेषता थी उनकी पूर्ण निस्पृहता । जैसा हम जान चुके हैं कि उन्होंने अपना समस्त राज्य समर्थ गुरु रामदास की झोली में धर्म रक्षा के लिये अर्पण कर दिया था और स्वयं एक व्यवस्थापक के रूप में उसका संचालन करते थे । ऐसी निष्काम भावना तथा समय सूचकता से कार्य करने का ही परिणाम था कि वे मातृभूमि के उद्धार में इतनी अधिक सफलता प्राप्त कर सके ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पंजाब-केसरी : लाला लाजपत राय

भारतीय स्वाधीनता को मूर्तिमान करने में जिन शिल्पियों का आदरणीय योगदान रहा है उनमें पंजाब-केसरी लाला लाजपत राय का अन्यतम स्थान है ।

किसी चिरस्मरणीय जन-सेवा में सफलता पाने के लिये जिन गुणों की आवश्यकता होती है । उनका विकास करने के लिये उन्होंने कठोर साधना की थी । लाला लाजपत राय के अप्रतिम व्यक्तित्व के चार स्तम्भ थे । लगन, पुरुषार्थ, साहस और धैर्य ।

लाला लाजपत राय एक आत्म-निर्मित व्यक्ति थे । वे उन अवसर प्राप्त अग्रस्थों में नहीं थे जिन्हें पैतृक परम्परा से साधन और सुविधायें मिल जाया करती हैं । लाला लाजपत राय ने अपने को उद्योग की तपस्या में तिल-तिल तपा कर कण-कण गढ़ा था ।

लाला लाजपतराय का जन्म एक अत्यन्त निर्धन वैश्य परिवार में २८ जनवरी सन् १८६५ में पंजाब के जिला फीरोजपुर की मोगा तहसील के अन्तर्गत एक छोटे से गाँव ढोड़िग्राम में हुआ था । यह ग्राम उनका ननिहाल था । कुछ परम्परा और कुछ निर्धनता के कारण इनके पिता श्री राधाकृष्ण ने इनकी गर्भवती माता गुलाबदेवी को उनके पिता के घर भेज दिया था ।

लाला लाजपत राय के पिता श्री राधाकृष्ण एक साधारण अध्यापक थे । मात्र पच्चीस रुपये वेतन पाते थे । जो अन्त में जाकर पैंतीस रुपये मासिक हो गया था । ऐसे निर्धन पिता से ऐसी आशा कैसे की जा सकती थी कि वे अपने पुत्र को वकालत जैसी उच्च शिक्षा दिला सकते थे किन्तु लाला लाजपत राय ने अपने उद्योग और परिश्रम के बल पर वकालत की उच्च परीक्षा पास की और एक सफल वकील बने । उन्होंने अपनी उन्नति के लिये अपने अन्य भाई-बहनों के साथ अन्याय नहीं किया । कभी नहीं चाहा कि पिता परिवार का तन-पेट काट कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिये साधन दें । उन्हें तो अपनी लगन और पुरुषार्थ का भरोसा था । इसी का उन्होंने अवलम्ब लिया और वकील बनने की अपनी आकांक्षा पूरी कर ली ।

लाला लाजपत राय की इस आकांक्षा का भी एक आधार था । वे केवल वकील बनने के लिये ही वकील बनना नहीं चाहते थे और न यही चाहते थे कि वकील बनकर खूब पैसा कमायें और समाज में शान-शौकत से जीवन-यापन करें । यदि उनकी यह आकांक्षा इसी विचार तक सीमित होती तो उसकी कोई महत्ता न होती । न जाने कितने लोग वकालत पढ़ते और वकील बनते रहते थे । उन्हीं में से एक यह भी हो जाते । दूसरों की तरह खाते-कमाते और एक दिन इस भीड़ से भरी दुनिया से समाज पर बिना कोई छाप छोड़े चले जाते । उनकी इस आकांक्षा के पीछे एक महान् मन्तव्य निहित था और उसी मन्तव्य ने उन्हें एक साधारण व्यक्ति से असाधारण व्यक्ति बना दिया ।

वकील बनने की उनकी आकांक्षा केवल आकांक्षा नहीं थी, वरन् वह एक आवश्यकता थी । लाला लाजपत राय के हृदय में देश की पराधीनता और समाज की पतितावस्था की बड़ी गहरी कसक थी । उनका हृदय उसके उद्धार और सेवा करने के लिये व्याकुल रहता था ।

उन दिनों वकालत ही एक ऐसा क्षेत्र था, जिसमें प्रवेश लेकर आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक समस्याओं को सम्मानपूर्वक हल करने का अवसर रहता था । सुधार वृत्ति की हलचल उन दिनों उसी क्षेत्र में अधिक चल रही थी । जरूरी था कि जहाँ जिस बात की सम्भावना अधिक थी, वहीं जाया जाता । निदान निर्धनता का दोष मिटाने, जीवन की आवश्यकतायें पूरी करने और जन-सेवा द्वारा मनुष्यता को सार्थक बनाने के लिये उन्होंने वकालत को अपना आधार लक्ष्य बनाया और उसे प्राप्त करने के लिये अथक पुरुषार्थ किया ।

उस घोर निर्धनता की अवस्था में भी राधाकृष्ण अपने पुत्र के लिये जो कुछ भी कर सकते थे, उन्होंने किया । पहले तो उन्होंने लाजपत राय को स्वयं अपने आप ही घर पर पढ़ाया । इसके लिये वे अपनी व्यस्त दिनचर्या में से नित्य कुछ समय निकाल ही लेते थे । अनन्तर उन्होंने उन्हें रोपड़ में, जहाँ उस समय वे काम कर रहे थे, एक राजकीय मिडिल स्कूल में प्रवेश करा दिया । वह स्कूल केवल छठी कक्षा तक ही था । लाजपत राय ने क्रम से उसकी सारी कक्षायें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर लीं । आयु के देखते हुए उनकी यह सफलता सराहनीय थी । वे स्कूल में सबसे कम आयु के विद्यार्थी थे । लेकिन शुरू से ही अपने जीवन लक्ष्य के प्रति उत्सुक होने के कारण उस छोटी अवस्था में भी लाजपत राय अधिकतर अपनी पढ़ाई की ओर ही ध्यान देते थे । जब तक अपना पाठ याद नहीं कर लेते थे खेलना तो खेलना, खाने तक की ओर ध्यान न देते थे । कर्त्तव्य के प्रति इसी एकाग्र लगन ने उन्हें एक मेधावी छात्र का गौरव प्रदान कर दिया । क्या बालक और क्या प्रौढ़, क्या

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

नर और क्या नारी ? जो भी कर्त्तव्य के प्रति परिश्रम और पुरुषार्थ का अवलम्बन लेकर चलता है वह सफल हो ही जाता है ।

लाला लाजपत राय की अब अगली पढ़ाई के लिये अवरोध शुरू हो गया । रोपड़ में अब आगे कक्षायें नहीं थीं और पिता का भी स्थानान्तरण शिमला हो गया । पच्चीस रुपये मासिक के अल्प वेतन में सम्भव न था कि वे परिवार को अपने साथ ले जाते और शिमला में लाजपत राय को शिक्षा दिलाते । निदान उन्होंने हताश होकर बच्चे की शिक्षा के सम्बन्ध में छाती पर पत्थर रख लिया ।

पिता परिस्थितियों से जरूर हताश हो गये किन्तु पुत्र हताश न हुआ था । उदीयमान और अस्तमान भावों में यही तो अन्तर हो जाता है । परिस्थितियाँ जहाँ एक को उत्साहित करती हैं वहाँ दूसरे को निरुत्साह । इसीलिये तो कहा गया है कि परिस्थितियों से हार मानकर कभी आत्म-समर्पण मत करो । भविष्य के उज्ज्वल चित्रों की रक्षा के लिये वर्तमान से संघर्ष करते रहो और अतीत के उन संयोगों से शिक्षा तथा साहस प्राप्त करते रहो जो पहले भी इसी प्रकार गतिरोध बनकर आये थे और आपने जिनको विवेकपूर्वक जीत लिया था । किसी का अतीत गतिरोध के बिना पूरा नहीं होता । जीवन-यात्रा में समय-समय पर गतिरोध आना स्वाभाविक होता है । यदि ऐसा न हो तो पुरुषार्थ के कर्त्तव्य का कोई महत्त्व ही न रहे और न मनुष्य में प्रौढ़ता एवं परिपक्वता आये ।

पिता ने तो आगे पढ़ाने में विवशता प्रकट कर दी थी, किन्तु लाजपत राय को आगे पढ़ने की लगन लगी हुई थी । उन्होंने माता द्वारा पिता को कहलाया कि यदि उनको लाहौर भेज दिया जाये तो वे वहाँ अपने प्रयत्न के आधार पर शिक्षा का प्रबन्ध कर लेंगे और जो सहायता वे सरलतापूर्वक कर सकें कर दें ।

पिता को सन्देश मिला । उन्हें अपने बेटे के उत्साह में होनहार के लक्षण दिखाई दिये । उनका हृदय आनन्द और गौरव से भर गया । किन्तु आश्चर्य भी कम न हुआ । वे सोचने लगे कि यह छोटा-सा लड़का लाहौर जाकर वहाँ पढ़ाई के लिये क्या प्रबन्ध करेगा ? पहले तो उन्होंने उससे योजना पूछनी चाही फिर यह सोचकर नहीं पूछा—हो सकता है उसकी योजना किसी श्रम के रूप में हो, जिसे प्रकट करते हुए उसे संकोच हो । उत्साह पर संकोच का आघात किन्हीं नवोदित भावनाओं पर अनुकूल प्रतिक्रिया नहीं करता । निदान उन्होंने इस विषय में अपनी उत्सुकता पर नियन्त्रण कर लिया और अपनी सहमति कार्यान्वित कर दी ।

लाहौर में बालक लाजपत राय ने एक हाईस्कूल में प्रवेश लिया । प्रवेश में तो कठिनाई होनी ही क्या थी ? सारी पिछली परीक्षायें जिस परीक्षार्थी ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की हों उसे तो कोई भी स्कूल खुशी-खुशी लेने को तैयार हो जाता है । लाजपत राय का पिछला परिश्रम सार्थक हुआ और वे आगे भी उच्च शिक्षा के राजमार्ग पर आ गये किन्तु सबसे बड़ी कठिनाई थी आर्थिक । पढ़ाई और जीवन की अन्य आवश्यकताओं का खर्च कैसे पूरा हो ? पिता से अनुरोध किया जा सकता था । वह तो लाहौर अपने बल पर पढ़ाई का वचन करके आये थे । समस्या कुछ कम उलझन भरी नहीं थी किन्तु आशावादी बालक लाजपत ने उसका हल निकाल ही लिया ।

आर्थिक समस्या का यह हल तीन शाखाओं में था । मितव्ययिता, बच्चों की ट्यूशन और शिक्षा विभाग से छात्रवृत्ति । मितव्ययिता के सम्बन्ध में उन्होंने यह तक भुला दिया कि सूखी रोटी और दो जोड़े मोटे कपड़ों के अतिरिक्त जीवन की कोई और भी आवश्यकतायें होती हैं । उनमें भी घाटा पड़ने पर उपवास का लाभ और साहसपूर्वक ऋतु का अनुभव । ट्यूशन तो आप से आप आने लगे जब उन्होंने अपनी योग्यता का अंश देकर बहुत से कमजोर छात्रों को पढ़ने में तेज बना दिया । अब रही छात्रवृत्ति की बात, सो उसके लिये उन्होंने पूरी तैयारी की और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर शिक्षा-विभाग से छात्रवृत्ति वसूल कर ही ली । इस छोटी-सी उपलब्धि के लिये बालक लाजपत राय ने कितना परिश्रम किया था इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि संगी-साथियों की बात तो छोड़ दीजिये, अध्यापक तक कह उठते थे—"लाजपत बेटे ! कभी-कभी घंटा-आध घंटा खेल-कूद भी लिया करो । इस प्रकार पुस्तक रूप हो जाना तुम्हारी आयु के अनुरूप नहीं लगता ।" किन्तु उन आदरणीयों को क्या पता था कि उस बालक के नन्हें से हृदय में एक महापुरुष निर्माण पा रहा था; जिसकी मूर्तिमत्ता का यह प्रथम चरण था जो छात्रवृत्ति के लक्ष्य रूप में उसे पूरा ही करना था । पुरुषार्थ की अखण्ड साधना द्वारा ही तो अन्तर के उद्भाव्यों से महापुरुष में प्राण-प्रतिष्ठा की जाती है ।

कुछ दिन लाहौर में पढ़ने के बाद लाजपत राय दिल्ली चले गये । सोचा था कि दिल्ली भारत की राजधानी है, बड़ा नगर है, वहाँ पर रहकर आय में भी कुछ वृद्धि हो जायेगी और राजनीतिक हलचल से परिचय भी रहेगा । किन्तु बड़े नगरों में जो सबसे बड़ी कमी रहती है वह दिल्ली में भी थी । जनसंकुलता के कारण वहाँ का न तो जनजीवन ही शांत था और न वातावरण ही स्वास्थ्यदायक । लाजपत

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

राय वहाँ बीमार पड़ गये । पहले तो उन्होंने बहुत कोशिश की कि किन्हीं उपायों से दिल्ली के जलवायु से उनके स्वास्थ्य का सामंजस्य हो जाये किन्तु इसमें सफलता की सम्भावना न देखी तो प्रकृति से व्यर्थ का संघर्ष करना ठीक न समझा और दिल्ली से अपनी माता के पास यह सोचकर चले आये—कदाचित् इसमें भी किसी शुभ सम्भावना का रहस्य छिपा हो ।

उनकी शिक्षा की लगन ने उन्हें अधिक दिनों तक जरगाँव में नहीं रहने दिया । स्वस्थ होते ही उन्होंने लुधियाना जाकर मिशन हाईस्कूल में प्रवेश ले लिया और अधिकाधिक तन्मयता के साथ पढ़ने लगे, जिससे कि अध्ययन की पिछली क्षति पूरी हो जाये और वे कक्षा में अपना प्रथम स्थान बनाये रहें । स्कूल के अधिकारियों ने उनकी लगन, तत्परता और योग्यता के उपलक्ष में छात्रवृत्ति की भी सुविधा दे दी । अपने भाग्य के निर्माण में व्यस्त व्यक्तियों की कठिनाइयाँ तो यों ही प्रत्याशित तथा अप्रत्याशित रूप में हल होती ही रहती हैं ।

लेकिन अभी उनके स्थैर्य्य की घड़ी नहीं आई थी । यहाँ भी बीमार हो गये । निदान कुछ समय के लिये विद्यालय छोड़ देना पड़ा । इस गतिरोध को भी उन्होंने ईश्वर की किसी बड़ी इच्छा का रहस्य माना और अपने पास न तो कातरता आने दी और न निराशा । बीमारी से संघर्ष करते हुए भी वे बराबर पढ़ते थे । इस प्रकार विद्यालय छूट जाने पर भी उन्होंने शिक्षा की प्रगति न रुकने दी । उन्हें इस बात का ज्ञान था कि सम्पर्क विच्छेद कर देने से पढ़ी विद्या भी विस्मृत होने लगती है ।

उन्हीं दिनों उनके पिता शिमला से अम्बाला बदली हो आये और लाजपत राय अपनी माता तथा भाइयों के साथ पिता के पास अम्बाला चले गये किन्तु अभी उनके धैर्य की परीक्षा समाप्त न हुई थी । अम्बाला आकर वे फिर बीमार हो गये और अबकी बार उन्हें एक भयंकर फोड़ा निकल आया । किन्तु इस स्थिति में भी उन्होंने अध्ययन से मुँह न मोड़ा । इन्हीं आपत्ति के दिनों में ही उन्होंने एक बंगाली विद्वान की सहायता से अंग्रेजी और पिता के सहयोग से उर्दू, फारसी और गणित की अच्छी योग्यता प्राप्त कर ली । यह शिक्षा के प्रति उनकी लगन का ही प्रमाण था कि कष्ट और संकट के दिनों में भी उन्होंने उसका क्रम टूटने न दिया । जिनको कोई आन्तरिक अथवा बाह्य परिस्थिति अपने लक्ष्य की ओर प्रगति करते रहने से विरत कर देती है उनकी लगन में कमी होती है । ऐसी कच्ची लगन के लोग एक साधारण से कारण और छोटा-सा बहाना पाकर मन्द पड़ जाते हैं और तब न तो बड़ी सफलता पा पाते हैं और न उल्लेखनीय प्रगति ही कर पाते हैं । धैर्य, संयम, पथ्य और उपचार के बल पर लाजपत राय ने अपने स्वास्थ्य को, निरोग होकर जल्दी ही वापस कर लिया और यथासमय मैट्रिक की परीक्षा देकर सफल भी हो गये । सफलता तो तब संदिग्ध होती जब वे बीमारी के समय पराजय मानकर पड़े-पड़े—'अब कैसे क्या होगा ?' का ताना-बाना बुनते रहते । इसके विपरीत जब वे रोग को भी अन्य गतिरोधों की तरह हेय समझ कर उसका उपाय भी करते रहे और अध्ययन का क्रम भी चलाते रहे तो परीक्षा में असफलता की अनहोनी घटना हो भी कैसे सकती थी ? फिर भी उन्होंने इस संघर्ष पर विजय पाने में कुछ कम परेशानी न हुई । इसका जिक्र करते हुए उन्होंने स्वयं एक स्थान पर लिखा है—

"यों तो मेरी कठिनाइयाँ और परेशानियाँ जीवन भर मेरे माता-पिता के लिये कष्ट का कारण बनी रहीं किन्तु इस वर्ष जो मुझे और मेरे माता-पिता को कष्ट हुआ वह मैं आजीवन नहीं भूल सकता ।"

मैट्रिक की परीक्षा विशेष अंकों के साथ पास करने से उन्हें जो छात्रवृत्ति की सुविधा मिली उसके सहारे वे उच्च शिक्षा के लिये लाहौर चले गये और अरबी, उर्दू और भौतिक विज्ञान के साथ पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि ग्रहण की । किन्तु इससे उन्हें सन्तोष न हुआ । कारण यह था कि उन दिनों पंजाब विश्वविद्यालय की उपाधि कुछ अधिक महत्त्वपूर्ण न मानी जाती थी । कलकत्ता विश्वविद्यालय की डिग्रियों का उन दिनों बहुत मान था । इस अन्तर के कारण उन्हें अपना परिश्रम व्यर्थ जाता दिखाई देने लगा । किसी तपस्या की अपर्याप्त सिद्धि यदि थोड़ी-सी तपस्या और मिला देने से पूर्ण और प्रकाम हो सकती है तो धैर्यवान् साधक उससे पीछे नहीं हटते । वे कुछ समय और तप कर ऐसे कुन्दन बन ही जाते हैं जिसकी प्रतिभा और प्रभा फिर कभी आजीवन मन्द नहीं होती ।

शिक्षा में अपनी सफलता का असफल रूप देखकर लाजपत राय ने कोई सोच न किया और वे कलकत्ता विश्वविद्यालय की उपाधि के लिये कृत संकल्प होकर पुनः अध्ययन में जुट गये और इस बार उन्होंने फारसी के साथ उस विश्वविद्यालय का भी स्नातकत्व प्राप्त कर लिया । महान का सम्पर्क मध्यम को भी महान बना देता है । कलकत्ता विश्वविद्यालय की उपाधि मिलते ही उनकी पिछली डिग्री का भी महत्त्व बढ़ गया और लाला लाजपत राय एक-एक ग्यारह की तरह उन दोनों डिग्रियों से विशेष गुरुता युक्त हो गये । इस तपस्या में तन्मयता के कारण असावधान लाजपत राय पर रोग ने एक बार फिर आक्रमण

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

कर दिया । इस बार की बीमारी से उन्हें बड़ा क्षोभ हुआ । वे सोचने लगे यदि इसी प्रकार रोगों का यह शत्रु आगे भी उनके पीछे पड़ा रहा तो वे भविष्य के मनोनीत कर्त्तव्य किस प्रकार पूरे कर सकेंगे ? निदान उन्होंने एक दिन अपने जीवन क्रम का आमूल सम्पादन कर डाला । कमियों त्रुटियों और कृत्रिमताओं को निकाल फेंकने के साथ-साथ कठोर संयम, नियमित दिनचर्या और युक्ताहारविहार की ऊँची और अटूट प्राचीर से अपने स्वास्थ्य की किलेबन्दी कर दी जिसके फलस्वरूप उनका आरोग्य अपने शत्रु रोगों से सदासर्वदा के लिये निर्द्वन्द्व हो गया ।

अब लाला लाजपत राय शिक्षा के उस परिवेश में आ गये थे जहाँ से वे अपने लक्ष्य वकालत की ओर अभियान कर सकते थे । उन्होंने लॉ विद्यालय में प्रवेश ले तो लिया किन्तु अर्थाभाव के कारण लॉ की डिग्री लोहे के चनों से कम कड़ी सिद्ध न हुई । उनकी शिक्षा का वह अन्तिम दौर मानो उनके धैर्य, पुरुषार्थ और कष्ट सहिष्णुता की अन्तिम परीक्षा थी । उन्होंने इस समादृत सफलता को किस दरिद्रता का सामना करते हुए प्राप्त किया उसका परिचय उनके दिये इस विवरण से ही मिल जाता है—उन्होंने लिखा है—

"लॉ कॉलिज के मेरे प्रारम्भिक दो-तीन माह तो असहनीय कठिनाई में बीते । इन दिनों मेरी आँखों ने भी मुझे बड़ा कष्ट दिया । भोजन का अभाव तो जब-तब बना ही रहता था जिसे मैं दिन भर पानी पी-पी कर पूरा करने का प्रयत्न किया करता था । दिन भर भूखा रह कर रात को भी भूखे सो जाने का तो जैसे आदी हो गया था । मेरी पुस्तकें मेरी क्षुधा को बहुत कुछ बहलाये रहती थीं ।"

"भोजन का अभाव मेरी चिन्ता का उतना बड़ा विषय नहीं था जितनी कि चिन्ता मुझे कॉलिज की फीस और छात्रावास के शुल्क की थी । न तो ट्यूशन मिल रही थी और न उनके लिये समय ही मिल पाता था । वकालत का पाठ्यक्रम पूरा करने के लिये मेरा एक-एक क्षण जरूरी था । कई माह प्रयत्न और खोज करने के बाद एक मार्ग मिला । वह था विद्यालय की मात्र छः रुपये मासिक की छोटी-सी छात्रवृत्ति । मेरे लिये उस समय यह छोटी-सी धनराशि भी बहुत बड़ी चीज थी । वह भी सरलता से न मिल सकी । उसके लिये मुझे इतना संघर्ष और प्रयत्न करना पड़ा जितना कोई एक खजाने के लिये नहीं करता किन्तु इसके सिवाय अन्य उपाय भी तो न था । उस समय वह छोटी सी धनराशि, मेरे जीवन लक्ष्य का आधार होने के कारण, मेरे लिये बड़ी मूल्यवान थी । यदि उस संक्रान्ति समय में मैं उस समय प्रयत्न और प्राप्ति के अनुपात की तुलना करने की भावुकता में आ जाता तो निश्चय ही एक बड़ी भूल हो जाती । निदान मैंने प्रयत्न के एक बड़े मूल्य पर वह छोटी-सी धनराशि उत्साहपूर्वक प्राप्त कर ली । बड़ी प्रसन्नता हुई ।"

"उस छात्रवृत्ति में से दो रुपये कॉलिज की फीस देता था, तीन रुपये वकालत का शुल्क और एक रुपया मासिक छात्रावास का निवास शुल्क । अब मेरे भोजन तथा अन्य खर्च के लिये मेरे पास केवल एक रुपया बचता था जिसके सहारे मैं अपना शेष जीवन चलाने की कोशिश करता था ।"

"मेरे न बतलाने पर भी पता नहीं मेरे पिताजी को मेरी इस कठिनाई का पता कैसे चल गया । उन्होंने अपनी और परिवार की कठिनाइयाँ बढ़ाकर मेरी कठिनाई में हाथ बटाया । वे मुझे मासिक कभी आठ रुपये और कभी दस रुपये भेजा करते थे । मैंने अपने लिये यह उपकार बहुत समझा । इससे अधिक कुछ कर सकना उनके लिये सम्भव न था । मुझे उसी सीमा में रहकर अपना गुजर करना पड़ता था और मैंने साहसपूर्वक किया भी । वकालत की पुस्तकें बहुत मँहगी थीं किन्तु मैंने दौड़-धूप कर कुछ आवश्यक पुस्तकें सस्ते दामों में प्राप्त करली थीं । इस प्रकार जहाँ लॉ के अन्य छात्र अपने कमरों में नई-नई पुस्तकों की एक छोटी-छोटी लायब्रेरी रखते थे वहाँ थोड़ी-सी पुरानी पुस्तकों से ही काम चलता था । इसके अतिरिक्त जिन पुस्तकों की आवश्यकता होती थी और जो मेरे पास नहीं होती थीं उन्हें मैं अपने मित्रों से माँग लाता था और बड़ी सावधानी से काम निकाल कर निर्धारित समय पर वापस कर आता था । मैंने न तो किसी मित्र की कोई पुस्तक खराब की और न समय के बाद अपने पास रोकी । जिस प्रकार मैं स्वयं ही पुस्तकें ले आता था उसी प्रकार खुद जाकर सधन्यवाद वापस भी कर आता ।"

"मेरे पिता मेरे लिये ऋण लेने को भी तैयार हुए किन्तु मैंने उन्हें वैसा करने नहीं दिया और सीमान्त मितव्ययिता के साथ अपना गुजारा करता रहा किन्तु मेरी इन सारी मुसीबतों का सारा मूल्य मुझे एक साथ मिल गया जब मैं वकालत की परीक्षा में मन भाये अंकों में पास हो गया ।"

इस जीवन-निर्माण की कठोर गाथा के बाद लाजपत राय की सेवाओं का इतिहास प्रारम्भ होता है । रोहतक में वकालत प्रारम्भ करने के साथ ही उन्होंने लाहौर के डी. ए. वी. कॉलेज में काम भी करना शुरू कर दिया । कालेज नया-नया ही स्थापित हुआ था । उसके स्थायित्व और विकास के लिये बहुत काम करना था । उन दिनों निःस्वार्थ एवं निःशुल्क कार्यकर्त्ताओं की बड़ी कमी थी । लाला लाजपत राय ने कॉलेज को अपनी सेवायें प्रदान

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कीं । वे प्रायः कचहरी के बाद रोहतक से लाहौर चले जाया करते थे । वहाँ जाकर वे कॉलेज का काम और कागज देखते थे । अपने प्रस्ताव देते और अगली योजनाओं पर विचार विमर्श करते थे । अवसर मिलने पर वे एक दो कक्षाओं को या तो कोई महत्त्वपूर्ण विषय पढ़ाते थे या नैतिकता, आचरण, अनुशासन, जन-सेवा और देश-भक्ति के प्रेरक उपदेश दिया करते थे ।

अवकाश के दिनों में तो लाला लाजपत राय लाहौर में ही रहते थे और सारे समय कॉलेज के काम में ही लगे रहते थे । उन दिनों उनका मुख्य कार्य कॉलेज के लिये धन संग्रह करना रहता था । वे कॉलेज के लिये झोली लिये बाजार-बाजार, दुकान-दुकान और घर-घर घूमते थे । लोगों को शिक्षा की आवश्यकता और महत्त्व समझाते थे । कॉलेज का उद्देश्य और उसके विकास की अनिवार्यता बतलाते थे । विनम्रतापूर्वक लोगों से दान देने की प्रार्थना करते थे । बच्चों को स्कूल भेजने की प्रेरणा देते थे और जो कुछ मिलता था उसे लाकर कालेज की भेंट कर देते थे । इस प्रकार अपने प्रयत्नों द्वारा लाला लाजपत राय ने लाहौर के डी. ए. वी. कॉलेज को हजारों रुपये और सैकड़ों छात्र ही नहीं दिये बल्कि अपनी प्रतिष्ठापूर्ण याचना से उसका महत्त्व भी बढ़ा दिया । जिन जनकार्यों के लिये सम्मानित व्यक्ति अहंकार जन्य आत्महीनता का भाव छोड़कर झोली ले लेते हैं उन कल्याण कार्यों को सफल होते विलम्ब नहीं लगता । लाला लाजपत राय की इस बहुमूल्य सेवा से कॉलेज कुछ ही समय में अपने पैरों खड़ा हो गया और उनको सहारा देने वाले उन जैसे ही बहुत से स्तम्भ भी मिल गये ।

इस सक्रिय सेवा के अतिरिक्त लाला लाजपत राय जनता में विचार आन्दोलन के लिये विविध पत्र-पत्रिकाओं में लेख भी लिखते रहते थे । परिवर्तनकारी लेखों ने लाहौर में जन-जागरण का प्रभात उदय कर दिया । लाला लाजपत राय की उत्पन्न की हुई इस हलचल ने जहाँ उन्हें जनप्रिय बना दिया वहाँ सरकारी अधिकारियों को असहयोगी । परिणामस्वरूप उनकी वकालत मन्द पड़ती गई । सरकार के पिट्ठू अफसरों का असहयोग इतना बढ़ गया कि उन्हें जीविका के लिये रोहतक छोड़ देने पर विचार करना पड़ा । इसको भी उन्होंने अपनी एक सफलता ही माना । जन-सेवाओं का महत्त्व और जन-सेवक का प्रभाव प्रारम्भ में विरोध की तुला पर ही तुलकर अपना मूल्य प्रकट करता है यद्यपि कॉलेज ने उन्हें सहायता देने का प्रस्ताव किया किन्तु उन्होंने उसे अस्वीकार कर दिया और कहा—"किसी जनसंस्था को सहायता दी जाती है या उल्टे उससे सहायता ली जाती है । सेवा एवं साधन का क्षेत्र एक रोहतक ही तो नहीं है । पूरा देश पड़ा है, कहीं भी चला जाऊँगा ।" निदान वे रोहतक से हिसार चले आये ।

हिसार में आकर लाला लाजपत राय ने जल्दी ही जन-सेवा का क्षेत्र खोज निकाला उन्हें पता चला कि म्यूनिसिपेलिटी में मन्त्री का स्थान रिक्त है जिसके कारण उसका काम सुचारु रूप से नहीं हो पा रहा है । उन्होंने तत्काल अपनी अवैतनिक सेवायें उस स्थान के लिये समर्पित कर दीं । उनके अनेक मित्रों ने उनसे कहा कि जब वह स्थान वैतनिक है आप नियमित वेतन क्यों नहीं लेते ? मित्रों का परामर्श सुनकर लाला जी हँस उठते थे कहा करते थे कि मैं उस स्थान पर जन-सेवा के लोभ से गया हूँ, पैसे के लोभ से नहीं । पैसे की अधिक लिप्सा अच्छी नहीं होती । यह मनुष्य को हद दर्जे का स्वार्थी बना देती है । स्वार्थी व्यक्ति समाज का स्वाभाविक विरोधी होता है । मैं समाज का विरोधी नहीं हितैषी बनना चाहता हूँ और परामर्श देता हूँ कि आप लोग भी स्वार्थ की सीमा कुछ कम करके समाज की सेवा करें जिससे कि समाज उन्नति और देश स्वाधीनता की ओर बढ़े । उनके इस परामर्श और उस कार्य का अनेक अच्छे आदमियों पर अनुकूल प्रभाव पड़ा उन्होंने अपना सुधार किया, जन-सेवा की ओर अग्रसर हुए और उसके अभूतपूर्व आनन्द के लिये लालाजी को धन्यवाद दिया ।

लालाजी ने बहुत समय तक म्युनिसिपेलिटी के मन्त्री पद पर काम किया और इस अवधि में नगर में अनेक सुधार कराये । नगर की स्वच्छता और छोटी शिक्षा संस्थाओं की सहायता को उन्होंने स्थायित्व दिलाया । चुँगी चौकियों पर होने वाले भ्रष्टाचार को रोका और कर्मचारियों के लिये अनेक सुधारों का प्रयत्न किया । उन्होंने इस प्रकार म्युनिसिपेलिटी के एक आदर्श मन्त्री का उदाहरण लोगों के सम्मुख रखा ।

लालाजी अपने कर्त्तव्य में किस सीमा तक निःस्वार्थ और निस्पृह थे, इसका प्रमाण इसी बात से मिलता है कि, उन्होंने अवसर होने पर भी अपने पद और प्रभाव के आधार पर सस्ती जमीन जायदाद का लाभ नहीं उठाया । जबकि न जाने कितने निवास रहित परिवारों को स्थान-स्थान पर चुँगी की जमीन पर मकान बना लेने की अनुमति दिलवाई और किराया भी नाम-मात्र का स्वीकृत करा दिया । उनके सम्बन्धियों ने उनसे उस अवसर पर अपने पद का लाभ उठाने के लिये कहा और अपने लिये भी सस्ते दामों पर बड़े-बड़े प्लाट चाहे किन्तु लालाजी स्वयं तो लोभ में नहीं ही आये अवसरवादी सम्बन्धियों को भी अनुचित लाभ नहीं उठाने दिया । इस निस्पृहता और ईमानदारी के लिये लोगों

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

के कोप के साथ मूर्ख की उपाधि भी मिली जिसे उन्होंने निर्विकार भाव से स्वीकार कर लिया । बाद में जब लाला लाजपत राय की सेवा भावना और देश-भक्ति सर्वथा प्रमाणित हो गई तो स्वार्थी लोगों को अपने व्यवहार पर बड़ा पश्चाताप हुआ ।

अपनी इन सेवाओं और सद्भावनाओं के कारण लालाजी हिसार में बड़े लोक-प्रिय हो गये । लोग उन्हें स्वभावतः अपना नेता मानने लगे । लालाजी ने अपनी इस नेतृत्वपूर्ण लोक-प्रियता का लाभ उठाया किन्तु अपने लिये नहीं, जन-हित के कार्यों के लिये उन्होंने अपने समर्थकों की अनेक सभायें कीं । जिनमें लोगों का ध्यान अनाथों की दशा की ओर आकर्षित किया और उनके लिये एक अनाथालय और एक उद्योग स्थापित करने का प्रस्ताव रखा । जनता ने उनके इस प्रस्ताव का केवल समर्थन ही नहीं किया बल्कि हाथों-हाथ उसे कार्यान्वित भी कर दिया । जल्दी ही उसके लिये एक समिति गठित हो गई, एक कोष स्थापित हो गया, जमीन चुन ली गई और उद्योग का सरंजाम जुटने लगा ।

अनाथालय और अनाथों के लिये उद्योग की स्थापना ने समाज के न जाने कितने लालों को आश्रय दिया । उनके तन-पेट का जब पालन होने लगा तो उनकी दुःखी आत्माओं ने सुखी होकर लालाजी को जो मौन आशीष दी होगी उसका फल सौ साल की साधना से भी अधिक रहा होगा । कौन कह सकता है कि लालाजी के आगामी यशस्वी कामों की प्रेरणा और सफलता में अनाथों की मौन आत्माओं का योगदान न रहा हो परमार्थ के इस रहस्य को तो कोई उपकारी ही जान सकता है ।

हिसार में वे सभी जन-कल्याण की बहुत सी योजनाओं को कार्यान्वित करने के विषय में विचार कर रहे थे कि लाहौर की अनिवार्य आवश्यकताओं ने उन्हें फिर वहाँ बुला लिया । उनका पोषित डी. ए. वी. कॉलेज अव्यवस्था के कारण प्रगति से वंचित हो रहा था । उसके आधार पर आर्य-समाज में फूट पड़ जाने से जनहित की बड़ी हानि हो रही थी और लाहौर का जन-जागरण एक सच्चे नेता की माँग कर रहा था । यह थीं वे अनिवार्य आवश्यकतायें जिनके कारण हिसार छोड़कर उन्हें पुनः लाहौर जाना पड़ा ।

जाते ही जाते उन्होंने सबसे पहले कॉलेज-कमेटी का मन्त्रि पद का उत्तरदायित्व अपने कन्धों पर लिया । समिति की सम्मति और कॉलेज की व्यवस्था के लिये उन्होंने दिन और रात एक कर दिया । इसके लिये उन्हें जिसके पास जितनी बार जाना पड़ा वे गये, जिनकी खुशामत, मिनन्त करनी पड़ी की और जो भी परिश्रम करना पड़ा किया । इस सदाशयता के लिये उन्होंने स्वाभिमान, संकोच, पद और प्रतिष्ठा के सारे अलंकार उतार कर रख दिये थे और यह सिद्ध कर दिया था कि जन-सेवक का स्थान जनता जनार्दन के पैरों के पास होता है और नेतृत्व की सार्थकता, सहनशीलता तथा विनम्रता में है ।

खण्डित आर्य-समाज को अखण्ड करने के लिये उन्होंने कितना प्रयत्न और सदस्यों की बैठकों के साथ-साथ सार्वजनिक सभायें कीं इसकी कोई गणना नहीं है । सभाओं में लालाजी के सारपूर्ण भाषणों का बड़ा अनुकूल प्रभाव पड़ा जिससे आर्य-समाज की दशा सुधार की दिशा में गतिमान होने लगी । उनके इन भाषणों का सारांश कुछ इस प्रकार का होता था—

"स्वामी दयानन्द की आत्मा का सच्चा स्वरूप जिसे हम सब आर्य-समाज कहते हैं उन ईंट पत्थरों का नाम नहीं है जिन पर आप लोग झगड़ा करते हैं । आर्य समाज उन वैदिक सिद्धान्तों का नाम है जिनमें भारतीय समाज का जीवन सन्निहित है । हम सब जनता की सेवा और अपने जीवन का सुधार करने के लिये इसमें सम्मिलित हुए हैं । इन मकानों पर अधिकार करने के लिये नहीं और न उनके लिये लड़ाई-झगड़ा करने के लिये । इन सब बातों से स्वामी दयानन्द की आत्मा को कितना दुःख होता होगा और जनता की कितनी हानि होती है, क्या आप लोगों को इसका विचार कभी नहीं आता ? यह बात ठीक है कि आप लोगों ने काफी धन और समय लगाकर समाज-मन्दिर का निर्माण कराया है । फिर भी इस पर झगड़ा करना और पुलिस, अदालत का सहारा लेना समाज के महान् उद्देश्य के सर्वथा प्रतिकूल है । मुझे इस प्रकार के अधार्मिक और सिद्धान्तघाती आचरण जरा भी पसन्द नहीं हैं । मेरा आप लोगों से विनम्र आवेदन है कि इन आपसी झगड़ों को छोड़कर जन-सेवा की ओर ध्यान दें जिससे कि आर्य-समाज के पावन उद्देश्य पूरे हो सकें ।"

लालाजी के प्रयत्नों के फलस्वरूप कॉलेज कमेटी और आर्य-समाज के सदस्यों में टूट-फूट के तत्व कम हुए । आगे चलकर जनमत के दबाव से उन्हें दो संस्थाओं का सभापतित्व भी वहन करना पड़ा । इन महत्त्वपूर्ण उत्तरदायित्वों को निभाते हुए लालाजी 'दयानन्द-ऐंग्लो-वैदिक कॉलेज समाचार' नामक समाचार पत्र का सम्पादन भी करते थे और 'भारत-सुधार' तथा 'आर्य-मेसेन्जर' नामक समाचार-पत्रों का कार्य भी देखते थे । उनके लिये लेख लिखते और प्रकाशन का प्रबन्ध भी करते थे । इस जन-सेवा की वेदी पर उन्होंने जो व्यक्तिगत

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

त्याग किया था उसके लिये वे निश्चय ही नमस्कार के योग्य माने जा सकते हैं । हिसार से जिस समय वे लाहौर के लिये रवाना हुए थे उस समय उनकी वकालत की मासिक आय हजार रुपये से दो हजार रुपये तक थी । लाहौर में आकर वे जन-सेवा के कार्यों में इस सीमा तक संलग्न हो गये कि वकालत के लिये उस सीमा तक ही समय एवं ध्यान देते थे जिससे उनकी अपनी जीविका चलती रहे और परिवार को थोड़ी-बहुत सहायता मिलती रहे । जन-सेवा के सम्मुख उनकी दृष्टि में धन का कोई महत्त्व ही न रह गया ।

लाला लाजपत राय को दुबारा लाहौर आये अभी ज्यादा समय नहीं हुआ था । अभी उनकी लोक-सेवाओं का कार्य-क्षेत्र पंजाब के कुछ जिलों तक ही फैल पाया था, किन्तु उन्नीसवीं शती के अन्तिम तीन-चार वर्षों की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं ने उनका सेवा-क्षेत्र कई प्रान्तों तक बढ़ा दिया । सन् १८९६-९७ में लगभग पूरे भारत में सूखा पड़ गया, जिसने दुर्भिक्ष के रूप में सारे देश में त्राहि-त्राहि मचा दी । लोग उससे छूटने के उपायों में ठीक से लग भी न पाये थे कि तब तक प्लेग फूट पड़ी । प्रकृति के इस तेहरे प्रकोप से प्रलय का दृश्य उपस्थित हो गया । जनता और जन-नेताओं की कौन कहे सरकार तक के हाथ-पाँव फूल गये । ऐसे भयानक समय में लाला लाजपत राय ने जिस साहस, तत्परता और जन-सेवा की भावनाओं का प्रमाण दिया उससे देश की जनता ने उन्हें सिर-आँखों पर उठा लिया ।

लाला लाजपत राय तुरन्त लाहौर छोड़कर अनावृष्टि, अकाल और महामारी से पीड़ित क्षेत्रों के दौरे पर निकल पड़े । उन्होंने आपत्तिग्रस्त जनता की जो दशा देखी वह बड़ी हृदय विदारक थी । उन्होंने देखा कि प्लेग से प्रभावित लोग कीड़े-मकोड़ों की तरह मर रहे हैं । लोग भय से बाँध छोड़-छोड़कर भाग रहे हैं । परिवार के लोग तक अपने रोगियों के पास नहीं जाते । न कहीं दवा का प्रबन्ध है और न रोगियों की परिचर्या का प्रबन्ध । एक बड़ा समूह अनाथों और निराश्रितों की तरह मर रहा है । क्षेत्रों में श्मशानों जैसा दृश्य उपस्थित हो गया है ।

इधर अनावृष्टि जन्य अकाल से भी हजारों आदमी दाने-दाने को तरस कर अकाल मृत्यु मर रहे हैं । लोगों ने पेड़ों के पत्ते और छालों तक को खा डाला है । इतना ही नहीं उन्होंने यह तक देखा कि भोजन पाने के लिये लोग अपने बच्चों और स्त्रियों तक को बेच रहे हैं । क्षुधा-पीड़ित नारियाँ अपनी विभुक्षा विवश होकर शील तक दे डालने पर उतर आई हैं । समाज की यह दशा देख कर लाला लाजपत राय आँसुओं से रो उठे किन्तु उससे भी अधिक दुःख उन्हें यह देखकर हुआ कि उसी समाज में ऐसे नर-पशु भी थे जो मनुष्यों की उस पीड़ा से लाभ उठा रहे थे ।

ईसाई मिशनरी भूखी जनता को थोड़ा-सा भोजन देकर उनका धर्म परिवर्तन कर रहे थे । भ्रष्टाचारी, कालाबाजारिये और मुनाफाखोर भयंकर रूप से उस भूखी जनता का खून चूस रहे थे । जहाँ उन्हें उस समय अन्न और धन के भण्डार जनता के लिये बिना किसी मूल्य-मुआवजे के खोल देने चाहिये थे वहाँ वे एक के दस-दस बना रहे थे । थोड़े-से भोजन और कुछ सिक्कों पर नर-पिशाच विवश नारियों के शील का सौदा कर रहे थे । मानवता पर इस प्रकार का अमानवीय अत्याचार देखकर लाला लाजपत राय का हृदय टुकड़े टुकड़े हो गया । उन्होंने उस आपत्तिग्रस्त जनता की सहायता में अपने प्राण तक देने का संकल्प कर लिया ।

उन्होंने अकाल पीड़ित क्षेत्रों में अन्धाधुन्ध दौरे करने शुरू कर दिये । यदि उन्हें सूरज एक स्थान पर निकलता था तो शाम दूसरे स्थान पर होती थी । अपने इन दौरों में वे पीड़ित तथा रोगीजनों के पास जाकर उन्हें आश्वासन देते थे । उनके दुःख में सहानुभूति की शीतलता भरते थे । अनाथ स्त्री-बच्चों को उनके करुणा भरे आँसुओं ने बड़ा धीरज बँधाया ।

पीड़ितों के पास से वे जनता में आकर सभायें करते थे । अन्न, वस्त्र और धन-जन के लिये अपीलें निकालते थे । समाचार-पत्रों में सहायता के लिये प्रेरणा देने वाले लेख लिखते थे । साथ ही वे अकाल और आपत्ति से लाभ उठाने वाले नर-पिशाचों की निन्दा और आलोचना भी करते थे । वे कहते थे—धिक्कार है ऐसे मनुष्यों को, घोर धिक्कार है जो ऐसे आपत्ति काल में सहायता करना तो दूर, उल्टे पीड़ित लोगों का शोषण करते हैं । इस दुर्भाग्य को सुअवसर समझ कर मनमाना मुनाफा करते हैं । याद रखो तुम पाप की जिस कमाई को जमा कर-करके रख रहे हो वह सब एक दिन यहीं पर छूट जायेगी, लेकिन तुम्हारा पाप तुम्हारे साथ परलोक में जायेगा और तुम्हारे लिये रौरव नरक का कारण बनेगा । यह सब अपने पीड़ित भाइयों से मुनाफा कमाने का फल है । यह समय तो अपने भण्डार, अपने हृदय और अपनी मनुष्यता को उदारतापूर्वक खोल देने का है । यह समय अपनी व्यक्तिगत सुख-सुविधा और कामों तक को छोड़कर दुःखी लोगों की सेवा करने का है । धिक्कार है उन नर रूपी पशुओं को जो आपत्तिग्रस्त देशवासियों की उपेक्षा कर अपने मौज-मजे में लगे हुए हैं ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

असहयोगिनी जनता के साथ-साथ लाला लाजपत राय ने देश की सरकार और देश के नेताओं को भी कम आड़े हाथों नहीं लिया । उन्होंने उनकी किंकर्त्तव्यविमूढ़ता से उत्पन्न निष्क्रियता को एक बड़ी कमजोरी बताया और कहा—"इस समय निराशा अथवा निरुत्साह को प्रश्रय देकर न तो बैठे रहने से काम चलेगा और न केवल प्रस्ताव पास करने और सहानुभूतिपूर्ण लेख लिखने से । इस समय मनुष्यता आपत्ति में फँसी है । इस समय मैदान में आकर उसकी सक्रिय सहायता एवं सेवा करने की आवश्यकता है । धनवान्, बलवान्, स्त्री, पुरुष, शिक्षित, अशिक्षित, साधु, संन्यासी, नागरिक, ग्रामीण, शिक्षक, विद्यार्थी, साधारण-असाधारण जो भी स्वामी-सेवक, नेता और अनुयायी इस समय भगवान् की कृपा से प्रकृति के इस प्रकोप से सुरक्षित हैं, सब जाति, वर्ण, धर्म, सम्प्रदाय, वर्ग और श्रेणी का विचार छोड़कर मरती मानवता की रक्षा के लिये अपने-अपने साधन लेकर चल पड़ें और सहायता एवं सेवा कार्यों में लग जायें । सरकार को चाहिये कि वह भी अन्य सारे कार्यों को गौण करके पीड़ित प्रजा की रक्षा के लिये जनता का साथ दें और शासक होने का अपना कर्त्तव्य पालन करें ।" लालाजी की इन प्रेरक मार्मिक अपीलों ने देश भर में एक हलचल खड़ी कर दी । हृदय से निकली हुई उनकी बातें सीधे लोगों के हृदय पर चोट करती थीं । सोते हुए लोगों में जागरण का वातावरण छा गया और उनकी मनुष्यता अपने भाइयों की सेवा-सहायता करने के लिये मचल उठी ।

लालाजी ने इस प्रकार जनता को जगाकर स्थान-स्थान पर जन-सेवा समितियों का गठन किया । हजारों की संख्या में स्वयं-सेवक तैयार किये । आगरा, लखनऊ, सीतापुर, गोंडा, मिर्जापुर, इलाहाबाद आदि अकालग्रस्त क्षेत्रों के मध्य स्थानों में केन्द्रीय कमेटियाँ और बड़े-बड़े सहायता शिविर स्थापित किये । डॉक्टर, नर्सों और परिचारिकाओं का भी प्रबन्ध किया । उन्होंने न केवल सैकड़ों स्वयं सेवक ही सहायता संचय करने के लिये देश भर में भेजे बल्कि स्वयं भी झोली डालकर निकल पड़े । लालाजी जहाँ भी जाते थे वहीं से हजारों रुपये और मनों सामग्री की व्यवस्था कर लाते थे । उन्होंने अपने प्रयत्नों से अन्न, वस्त्र और उपकरणों के ढेर के ढेर इकट्ठे कर दिये । वे स्वयं सेवकों को साथ लेकर स्वयं पीड़ितों के पास जाते थे और अपने सामने उन्हें सहायता दिलाते थे । बीमारों की स्वयं अपने हाथ से परिचर्या करते और मृत लोगों को ठिकाने लगाते थे ।

लालाजी की इस तत्परता और सेवा-भावना का फल यह हुआ कि न केवल देश के कोने-कोने से बल्कि विदेशों से भी अकाल पीड़ितों के लिये सहायता समग्री आने लगी । पं. मदनमोहन मालवीय और गोखले जैसे चोटी के नेता भी जन-सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से उतर आये और उन्होंने लालाजी का नेतृत्व खुशी-खुशी स्वीकार किया । किन्तु देश की विदेशी सरकार अभी तक अपने कर्त्तव्य में उदासीनता बरत रही थी । लालाजी उसकी यह कर्त्तव्यहीनता सहन न कर सके । उन्होंने अपने लेखों और भाषणों में उस पर कठोर आघात करने शुरू कर दिये । सरकार की आँखें खुलीं और उसने सबसे पहला काम यह किया कि रेलगाड़ी से आने वाली सहायता सामग्री का भाड़ा आधा कर दिया । अनन्तर उसने अकाल की जाँच और सहायता का सुझाव देने के लिये एक कमीशन स्थापित किया । कमीशन की रिपोर्टों में लालाजी ने अपनी योजनाओं का समावेश कराया और सरकार से हर प्रकार की सहायता प्राप्त की । इस प्रकार अपने अथक परिश्रम द्वारा लाला लाजपत राय ने आपत्ति पीड़ित जनता की जो अभूतपूर्व सेवा की वह मानवता के इतिहास में आदरपूर्ण अक्षरों में लिखी रहेगी । इन दिन-रात के सेवा कार्यों में लालाजी ने न केवल अपने हजारों रुपयों की आय का ही उत्सर्ग कर दिया बल्कि स्वास्थ्य का भी एक बहुत बड़ा भाग बलिदान कर दिया । स्वास्थ्य की हानि पर खेद प्रकट करने वालों से लालाजी ने सन्तोषपूर्वक यही कहा—"अपनी थोड़ी-सी शारीरिक अथवा आर्थिक हानि करके यदि पीड़ित मानवता की सेवा जा सकती है तो मैं इसे सस्ता सौदा ही समझता हूँ । यदि परमार्थ में मेरे प्राण भी चले जाते तब भी मैं अपने को धन्य ही मानता ।"

मानवता का आपत्ति से अभी युद्ध किये लालाजी को कुछ भी समय न गुजरा था कि १८९९ में राजस्थान में पुनः अकाल पड़ गया । मित्रों, परिजनों तथा सम्बन्धियों ने बहुत कुछ समझाया और चाहा कि अब लालाजी उस विकट परिस्थिति में न पड़ें और दूसरे लोगों को सेवा करने दें किन्तु मानवता के सच्चे पुजारी लालाजी न माने और पहले की तरह पुनः सेवा क्षेत्र में कूद पड़े । हितैषी जनों के विरोध का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा—"जन सेवा के कार्यों में वाटी और पाटी का दृष्टिकोण रखना किसी जन-सेवक के लिये एक बड़े अधर्म से कम नहीं है । मैंने कितना किया और लोग कितना कर रहे हैं, आपत्तिकाल में इसकी नाप-तौल करना एक अहंकारपूर्ण प्रवंचना है । मेरा विश्वास है कि जो व्यक्ति सेवाओं का परिणाम लिये बिना जितनी अधिक जन-सेवा कर लेता है वह उतना ही बड़ा परमार्थी है और उसका जीवन उतना ही अधिक सार्थक होता है ।"

इस बार भी लालाजी ने राजस्थान के अकाल पीड़ितों की सेवा उसी तत्परता और उत्साह से की जिस तत्परता

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

से पहले की थी उनकी इन सेवाओं की प्रशंसा न केवल देश के बड़े-बड़े नेताओं ने की प्रत्युत् पंजाब सरकार ने उन्हें सच्चा जन-सेवक माना । यहाँ तक कि जब भारत सरकार ने अकाल के कारणों की जाँच करने के लिये 'दुर्भिक्ष-कमीशन' स्थापित किया तो लालाजी को उसके सम्मुख सबसे बड़ा साक्षी माना ।

राजपूताने के दुर्भिक्ष से निपटकर लाला लाजपत राय ने लाहौर में एक स्थायी सेवा-समिति की स्थापना की । उसमें उन्होंने स्वयं-सेवकों को आपत्तिग्रस्त मानवता की सेवा करने की विधियों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की । एक स्थायी सेवा-कोष की स्थापना के साथ-साथ अनेक अनाथालय और आश्रम-गृहों की भी स्थापना कराई । संकटकाल में धर्म रक्षा के लिये ईसाइयों की साल्वेशन आर्मी (मुक्ति सेना) की तरह एक धर्म-रक्षक सेना का संगठन किया ।

दैवयोग से, दूरदर्शी लाला लाजपत राय की इन संस्थापनाओं तथा संगठन की सामर्थता जल्दी ही सिद्ध हो गई । राजपूताना के अकाल के पाँच-छः साल बाद ही कांगड़ा जिले में भयंकर भूकम्प आ गया । जिसमें सैकड़ों मकान गिर गये, सैकड़ों आदमी मर गये और न जाने कितने परिवार बेघर-वार हो गये । लाला लाजपत राय तुरन्त अपनी पूर्व व्यवस्था के आधार पर भूकम्प पीड़ितों की सेवा में जुट गये । उन्होंने पुनः सहायता-संचय का अभियान चलाया । अन्न-वस्त्र और धन इकट्ठा किया । स्वयं-सेवकों का आह्वान किया और भूकम्प से ध्वस्त भू-भाग के पुनः निर्माण में लग गये । उन्होंने अनाथों एवं निराश्रितों को अनाथालयों और आश्रमगृहों में स्थान दिया । सैकड़ों तम्बू और झोंपड़ियों की व्यवस्था की । गरीब और निरुपाय लोगों के लिये लंगर चलवाये । इस प्रकार उन्होंने जल्दी भूकम्प-पीड़ित लोगों की स्थिरता और आत्म-विश्वास की स्थिति पैदा कर उनका बड़ा उपकार किया ।

इसी प्रकार जब १९०७–८ में उड़ीसा, संयुक्तप्रान्त और मध्यप्रदेश में अकाल पड़ा तो उस समय भी सेवा-कार्यों में लालाजी सबसे आगे रहे । लालाजी की इस महान मानवता ने उन्हें इक्कीस-बाइस साल की आयु में ही देश के बड़े-बड़े नेताओं की पंक्ति में खड़ा कर दिया । देश भर में स्थान-स्थान पर उनका स्वागत हुआ, मान-पत्र और थैलियाँ भेंट की गईं जिनको कि उन्होंने जन-सेवा के कार्यों में ही लगा दिया । वे पंजाब आर्य-समाज के सभापति बनाये गये और भारत सरकार द्वारा देश के प्रमुख जन-नेताओं में स्वीकार किये गये ।

अछूतों तथा हरिजनों के प्रति लाला लाजपत राय की सहानुभूति सदैव से रही थी । हिन्दुओं के इस वर्ग की दयनीय दशा को वे समाज पर एक कलंक मानते थे और चाहते थे कि उनकी दशा सुधरे और वे समाज का एक अच्छा अंग बनें । उन दिनों हिन्दू समाज के इस वर्ग को अपने-अपने सम्प्रदाय में मिला लेने के लिये ईसाइयों तथा मुसलमानों, दोनों के प्रयत्न चल रहे थे । ईसाई मिशनरी तो उन्हें उनकी गरीबी, अशिक्षा और अवहेलना से लाभ उठा कर उन्हें ईसाई बनाने में जुटे हुए थे और मुसलमान राजनैतिक आधार पर उन्हें हिन्दू-मुसलमानों के बीच आधा-आधा बाँट दिये जाने की पेशकश कर रहे थे । अछूतों के इस निष्काषन एवं विभाजन के पीछे हिन्दू-समाज के अस्तित्व के लिये एक भयंकर खतरा छिपा हुआ था । लाला लाजपत राय ने इस खतरे को स्पष्ट अनुभव कर लिया था । उन्होंने संकल्प कर लिया कि वे हिन्दू समाज के अस्तित्व के लिये अछूतों के उद्धार और उनकी रक्षा के लिये प्राणपण से प्रयत्न करेंगे । वे ईसाइयों और मुसलमानों के षड्यन्त्र को सफल न होने देंगे फिर चाहे इनके लिये उन्हें अपना सर्वस्व ही नहीं प्राण तक ही क्यों न देने पड़ें । निदान वे आर्य समाज के नेता की हैसियत से हरिजनों के कल्याण के लिये मैदान में उतर आये ।

लालाजी ने अछूतोद्धार का काम सबसे पहले पंजाब में प्रारम्भ किया । काफी दिन धैर्यपूर्वक प्रचार करने के बाद उन्होंने एक अछूतोद्धार कमेटी स्थापित की । इसका प्रधान भी लोगों ने उन्हीं को बनाया । इस कमेटी के सदस्य जनता को अछूतों की दशा से परिचित कराते थे और उनकी वर्तमान दशा से होने वाली सामाजिक हानि से परिचित कराते थे । लोगों को अछूतोद्धार कार्यक्रम में शामिल होने और सहायता करने के लिये प्रेरित करते थे । पंजाब की केन्द्रीय अछूतोद्धार कमेटी को दृढ़ करने के बाद लालाजी ने उसके विकास और विस्तार के लिये प्रयत्न किया । भारत के विभिन्न क्षेत्र में उसकी शाखायें प्रशाखायें स्थापित कीं और उनका सम्बन्ध मूल कमेटी से जोड़कर उसे अखिल भारतीय रूप दे दिया ।

वे अछूत-सुधार का प्रचार करने के लिये कमेटी के सदस्यों को बाहर भेजते थे । उनके लिये सारी व्यवस्था करने के लिये जनता से साधन एकत्र करते थे और आवश्यक निर्देश देते रहते थे । लाला लाजपत राय ने ऊँच-नीच और छुआछूत में विश्वास रखने वाले हिन्दुओं की आँखें खोलने के लिये भारत के बहुत से भागों का दौरा किया । विशेष तौर से वे इस प्रचार के लिये वाराणसी, इलाहाबाद, बरेली और मुरादाबाद के अधिक पिछड़े स्थानों पर गये ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

वहाँ उन्होंने लोगों को धर्म का सच्चा स्वरूप बतलाया और अपनी भावनाओं में सुधार करने की प्रेरणा दी ।

उन्होंने एक सुधरी हुई अछूत बस्ती के लिये दिल्ली में एक योजना चलाई और उसके लिये शहर से शाहदरा विभाग में जमीन का टुकड़ा भी खरीदा । लगभग सारे देश में प्रचार करने के बाद लालाजी ने गुरुकुल कांगड़ी में एक अखिल भारतीय अछूत-सम्मेलन किया और उसके अध्यक्ष पद से बड़ा ही मार्मिक और सारगर्भित भाषण दिया । इसी सम्मेलन में उन्होंने लोगों से अछूतों के सुधार के लिये तन, मन, धन से सहायता करने की अपील की और एक हरिजनों की स्वयं-सेवक सेना का संगठन किया ।

लाला लाजपतराय ने अछूतों में शिक्षा प्रचार के लिये अपने पास से चालीस हजार रुपये का नकद दान दिया और उसके लिये एक व्यावहारिक योजना भी । लालाजी की इस उदारता का लोगों पर बड़ा अनुकूल प्रभाव पड़ा । जनता का ध्यान अछूतों के सुधार की आवश्यकता की ओर गया और उसने जी-भर कर इस शुभ कार्य में सहायता की । लालाजी ने अपने तत्वावधान में अछूत-बच्चों की कई प्रारम्भिक पाठशालायें स्थापित कराईं । उनको चलाने में सहायता और विकास की योजना दी ।

इन सब कार्यों के अतिरिक्त लालाजी ने देश भर में घूम-घूमकर अछूतों की दयनीय दशा का जायजा लिया, उनकी उस दशा के कारण और उनके निवारण के उपाय खोजे और जनता को उससे अवगत कराने के लिये स्थान-स्थान पर भाषण दिये और समाचार पत्रों में लेख लिखे । अछूतों के लिये सरकार की सहानुभूति पाने के लिये वे संयुक्त प्रान्त के तत्कालीन लाट सर जेम्स मेस्टन से मिले हरिजनों की समस्या पर विचार करने के लिये प्रेरित किया । इस प्रकार शायद वे अछूतोद्धार की योजना में तब तक लगे रहते जब तक उसमें उल्लेखनीय सफलता न पा लेते किन्तु उस समय की राजनीतिक हचचलों और विशेषतया बंग-भंग के सरकारी षड्यन्त्र ने उन्हें उस राजनीति के मंच पर जाने के लिये विवश कर दिया और वे अछूतों का सेवा-कार्य जन-सेवक समिति के योग्य कार्यकर्ताओं को सौंप कर मातृभूमि की स्वाधीनता के लिये उस दिशा में चले गये ।

जिस समय लाला लाजपत राय कांग्रेस के इलाहाबाद अधिवेशन में शामिल होने गये, उस समय उनकी आयु केवल तेईस वर्ष की थी किन्तु इस छोटी-सी आयु तक ही वे जनता की इतनी सेवा कर चुके थे कि जब वे इलाहाबाद के स्टेशन पर पहुँचे तो पं. मदन मोहन मालवीय और अयोध्यानाथ जैसे महान नेताओं ने विशाल जन-समूह के साथ उनका स्वागत किया । उस अधिवेशन में लाला लाजपत राय ने दो भाषण दिये, जिनमें उन्होंने अंग्रेजों के पिट्ठू देशद्रोहियों की कड़ी आलोचना की और धारा-सभाओं में सुधार की माँग की । उनके ऐतिहासिक भाषणों ने देश में एक नई ज्योति, एक नई हलचल और एक नई राजनीतिक चेतना पैदा कर दी । लाला लाजपत राय के इस उल्लेखनीय प्रवेश द्वारा कांग्रेस में एक नई जान आ गई । लोगों ने उनका महत्त्व जाना और नेतृत्व स्वीकार किया । भारत के इस नवोदित ने उस अधिवेशन में जो सबसे महत्त्वपूर्ण और उल्लेखनीय काम किया वह यह कि अपना भाषण अंग्रेजी के बजाय हिन्दुस्तानी में दिया और इस प्रकार कांग्रेस की एक हीन परम्परा तोड़ कर आदर्श परम्परा का प्रवर्तन किया । उसके बाद से कांग्रेस का काम भारतीय भाषाओं में भी होने लगा ।

भारतीय शासन में सुधार के प्रस्ताव लेकर जब वे इंग्लैण्ड गये तब उन्होंने राष्ट्र के पक्ष में अन्तर्राष्ट्रीय जनमत का समर्थन पाने के लिये उन्होंने लगभग सारे यूरोप का दौरा किया । इसी क्रम में उन्होंने इण्डिया हाउस की स्थापना में सहयोग किया और मैन्चेस्टर, एडिन्वरा और लिवरपूल जैसे महत्त्वपूर्ण स्थानों और यूरोप के देहातों तक का भ्रमण किया । यूरोप का जनमत पाने के लिये उन दिनों उन्होंने अथक परिश्रम किया । विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में सैकड़ों लेख लिखे और एक-एक दिन में कई-कई भाषण दिये । जिस समय वे विदेश में देश सेवा का काम करके भारत लौटे तो अपने साथ इंग्लैण्ड की पार्लियामेंट का रोष, जनता की सद्भावना क्रान्ति की एक नई चेतना और अमेरिका की शिक्षा-पद्धति का ज्ञान लेकर आये थे । भारत आकर उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर स्पष्ट घोषणा कर दी कि भिक्षावृत्ति के आधार पर भारत को स्वाधीनता नहीं मिल सकती उसके लिये साहसपूर्वक अपने बल पर अपने ही पैरों खड़े होना होगा और देश में परिवर्तनकारी क्रान्ति का जागरण करना होगा । आगे चलकर लाला लाजपत राय की यह दूरदर्शिता चरितार्थ होकर संसार के सम्मुख आई ।

बंगाल उन दिनों सारे भारत की राजनीतिक चेतना का केन्द्र हो रहा था । बंगाली नौजवान देश की स्वाधीनता के लिये सब से अधिक उत्साह दिखला रहे थे । बंगाल का क्रान्तिकारी जागरण गोरी सरकार की एक समस्या बना हुआ था । बंगाल की शक्ति तथा संगठन कमजोर करने के लिये तत्कालीन वायसराय लार्ड कर्जन ने बंगाल को खण्डों में बाँट देने का कुचक्र चलाया । लार्ड कर्जन के इस अदूरदर्शी कुचक्र ने न केवल बंगाल में ही बल्कि सारे भारत में विरोध की भयानक आग फैला दी ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

लाला लाजपत राय ने बंग-भंग के विरोधी आन्दोलन में पंजाब को शामिल कर बंगालियों की माँग का बल बढ़ा दिया । उन्होंने सत्याग्रह का आधार बंगाल की अखण्डता, स्वराज, स्वदेशी और बहिष्कार बनाया । उन्होंने न केवल पंजाब ही बल्कि भारत के बहुत से भागों में घूम-घूम कर आन्दोलन का प्रचार किया । लोगों में स्वदेशी वस्त्रों के प्रयोग और विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार की भावना बढ़ाई । बंगाल की अखण्डता और स्वराज की माँग को ऊँचा कराया । आन्दोलन को सफल बनाने के लिये उन्होंने अथक परिश्रम किया और अपार कष्ट उठाये ।

विदेशी सरकार ने अपने हित में लाला लाजपत राय को एक भारी खतरा समझा और उन्हें उससे विरत करने के लिये बड़ा भय तथा लोभ दिखलाया और चाहा कि पंजाब का वह सिंह पुरुष किसी तरह कब्जे में आ जाये । पद और प्रतिष्ठा का लोभ जब काम न आया तो सरकार ने उन्हें विविध प्रकार के त्रास दिये और वकालत की डिग्री छीन लेने का भय दिखलाया किन्तु सिद्धान्त के धनी लालाजी जब इससे भी विचलित न हुए तो उसने उन्हें निर्वासन का दण्ड सुना दिया । निदान वे बिना मुकदमा चलाये भारत से माण्डले भेज दिये गये । वहाँ वे एक कष्टदायक एकान्त कोठारी में रखे गये । उनके घूमने-फिरने, पढ़ने-लिखने किसी से मिलने यहाँ तक कि समाचार पत्र पाने तक पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया । किसी भी सामाजिक, स्वतन्त्र विचार और अध्ययनशील रुचि वाले व्यक्ति के लिये यह प्राण दण्ड से भी अधिक कष्टदायक था । लाला लाजपत राय को भारत से ही नहीं, एक प्रकार से सारे संसार से ही पृथक् कर दिया गया । सरकार ने उनके इस कष्ट का लाभ उठाकर एक बार फिर उन्हें उनके विचारों, सिद्धान्तों तथा उद्देश्य से विरत करने का प्रयत्न किया । सरकार की कार्य-वाहियों का विरोध न करने के मूल्य पर मुक्त कर देने का लोभ दिखलाया । किन्तु जब उसने उन्हें अपने व्रत में चट्टान की तरह दृढ़ देखा तो परास्त होकर चुप हो गई और उनकी यातनाओं की मात्रा बढ़ा दी । छः-सात माह तक इस प्रकार पाशविक अत्याचार करने के बाद सरकार को जनमत के दबाव और संसार में लोक निन्दा के भय से उन्हें मुक्त करना पड़ा । लाला लाजपत राय माण्डले से पंजाब आये और फिर अपने पावन कर्त्तव्यों में लग गये ।

दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गाँधी ने जब प्रवासी भारतीयों के कल्याणार्थ सत्याग्रह छेड़ा तो लाला लाजपत राय ने भारत में उसका बड़ा प्रचार किया । उन्होंने प्रवासी भारतीयों की सेवा के लिये एक स्वयंसेवक दल संगठित किया और हजारों रुपयों की धनराशि एकत्र कर दक्षिण अफ्रीका भेजी ।

यह सब काम करते हुए भी उनका मन राजनीति की ओर विरत होता जा रहा था । उसका कारण था कांग्रेस में फूट पड़ जाना, इस दोष के कारण कांग्रेस निकम्मी होती जा रही थी । अब उसका ध्येय जन-सेवा न रह गया था । उसके सारे नेता अपनी विरोधी विचार धारा वालों की आलोचना करने और उन्हें अपदस्थ करने में अपना समय बर्बाद करने में लगे थे । लाला लाजपत राय का जीवन ध्येय जन-सेवा करना था । कोरी नेतागीरी से उन्हें घृणा थी । निदान उन्होंने उस समय कांग्रेस से हटकर अपना समय जन-हित के कार्यों में लगाना ही अच्छा समझा । उन्होंने वैसा किया भी ।

कांग्रेस से हटकर लाला लाजपत राय पुनः लाहौर के डी. ए. वी. कॉलेज की सेवा में लग गये । उन्होंने उसके लिये फिर धन संग्रह करना और लोगों में शिक्षा प्रसार का प्रचार करना आरम्भ कर दिया । इस बार भी उन्होंने कॉलेज को हजारों रुपये और सैकड़ों उत्साही छात्रों का लाभ पहुँचाया । कॉलेज में अनेक शाखायें तथा कक्षायें खुलवाईं और राष्ट्रीय तथा उपयोगी शिक्षाओं का समावेश कराया । इन सेवाओं के साथ-साथ वे कॉलेज में समय-समय पर अध्यापन कार्य भी किया करते थे ।

उन्हीं दिनों उन्होंने पुनः अछूतों की सेवा का कार्य अपने हाथों में लिया । इस बार उन्होंने हरिजन बच्चों की शिक्षा पर विशेष बल दिया । वे जानते थे कि बिना शिक्षा का प्रचार हुए इस वर्ग का उद्धार होना कठिन है । निदान जालंधर में उन्होंने एक अछूत पाठशाला खोली । उसका सारा खर्च स्वयं अपने पास से दिया । इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने ग्राम जरगाँव में एक स्कूल की स्थापना की और जल्दी ही प्रयत्न करके उसे हाईस्कूल करा दिया । इस स्कूल की स्थापना और विकास के लिये उन्होंने अथक परिश्रम किया और पास से धन भी लगाया ।

अपनी सेवाओं के श्रेय स्वरूप लाला लाजपत राय जनता द्वारा भारी बहुमत के साथ लाहौर म्यूनिसिपल बोर्ड के अध्यक्ष बनाये गये । उस पद का उन्होंने जनता के हित में बड़ा उपयोग किया । उन्होंने उन्हीं दिनों लाहौर की सड़कों का सुधार कराया । कच्ची गलियाँ, जिनमें कि दिन-रात गन्दगी सड़ा करती थी, पक्की कराईं और उनमें बिजली की रोशनी का प्रबन्ध कराया । नगर के हरिजन दस्तकारों के लिये चमड़े के लघु उद्योग प्रारम्भ कराये जिनमें सैकड़ों शिल्पियों की जीविका का प्रबन्ध हो गया । नगर में आर्थिक विकास के लिये उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक का विकास कराया और एक सहकारी जीवन बीमा कम्पनी की स्थापना कराई । इसके अतिरिक्त उदार मना लालाजी ने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

राजनीतिक कार्यकर्त्ताओं को सच्ची और ऊँची राष्ट्रीय शिक्षा दिलाने के लिये एक विशाल प्रशिक्षण संस्था स्थापित की । इस स्थापना में व्यय होने वाला सारा धन उन्होंने अपने पास से ही लगाया । पैसे की कमी पड़ जाने पर उन्होंने अपना 'पंजाबी-पत्र' और प्रेस बेच डाला ।

अपने उन दिनों के जन-कार्यों में लालाजी ने जो सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य किया वह था वेश्याओं का सुधार । समाज पर वेश्यावृत्ति का कलंक देखकर लालाजी का हृदय वेदना से तड़प उठता था । उनसे समाज की इन अभागी नारियों की नारकीय दशा देखी न जाती थी । वेश्याओं का अस्तित्व वे समाज की नैतिकता के लिये हलाहल के समान मानते थे और चाहते थे कि समाज का यह विष दूर हो जाये । निदान उन्होंने सबसे पहले उनको अनारकली के बाजार से हटाकर हीरा मण्डी मुहल्ले में बसाया । वेश्यावृत्ति के विरुद्ध प्रचार करने के लिये बहुत से स्वयंसेवक तैयार किये । अनाथ स्त्रियाँ जो प्रायः रोटी के लिये इस भयानक जीवन को अपना लेती थीं—उनके लिये लालाजी ने अनाथालयों में स्थान कराया और बहुत से ऐसे छोटे-मोटे शिल्पों का प्रचार कराया जिनके आधार पर वे सम्मानपूर्वक अपनी आजीविका कमा सकें । उन्होंने वेश्याओं में भी शिल्प तथा शिक्षा का प्रचार करने का प्रयत्न किया । लालाजी के इन प्रयत्नों से वेश्याओं में सुधार के लक्षण दृष्टिगोचर हो चले थे ।

लाला लाजपत राय ने स्पष्ट अनुभव किया कि अंग्रेज कूटनीतिज्ञों से प्रेरणा पाकर मुसलमान और ईसाई वर्ग धार्मिक विद्वेष से हतबुद्धि होकर राष्ट्रीय स्वाधीनता और हिन्दू जाति के हितों को गहरी क्षति पहुँचाते जा रहे हैं और इधर हिन्दी जाति-पाँति और ऊँच-नीच के भेद-भाव में फँसी दिन-दिन बिखरती और कमजोर होती जा रही है । अस्तु उन्होंने, राजनीति से पृथक हिन्दुओं के एक सामाजिक संगठन की बहुत बड़ी आवश्यकता समझी । जिसकी पूर्ति उन्होंने हिन्दू महासभा की स्थापना को प्रोत्साहन देकर की । इस स्थापना के विषय में स्पष्टीकरण देते हुए उन्होंने घोषणा की—

"अपने देश के अन्य धर्मावलम्बियों के प्रति मेरे मन में किसी प्रकार का भेद-भाव नहीं है । मै सभी की उन्नति और कल्याण में राष्ट्र का हित देखता हूँ । अपने सम्प्रदायों की दशा में सुधार करने और अपने धर्म बन्धुओं के लिये पद प्राप्त करने के जो भी प्रयत्न वे करते हैं उनसे मेरा कोई विरोध नहीं है । भारत की वर्तमान राजनैतिक अवस्था में उन्हें अपने सम्प्रदाय के हितों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है किन्तु इसके साथ शर्त यह है कि वे इसके लिये अभारतीयों के साथ कोई नापाक साँठ-गाँठ न करें और न हिन्दुओं के हितों को हानि पहुँचायें । अहिन्दुओं के मुकाबले में हिन्दुओं को और गैर-हिन्दुस्तानियों के मुकाबले में हिन्दुस्तानियों के लिये मेरा वही कहना है जो दुर्योधन के विरुद्ध मिलकर युद्ध करने का प्रस्ताव लेकर आने वाले शत्रुओं से युधिष्ठिर ने कहा था—"पाण्डव और कौरव आपस में तो एक दूसरे के विरुद्ध पाँच और सौ हैं—किन्तु किसी तीसरे शत्रु के विरुद्ध हम सब एक सौ पाँच हैं ।"

यों तो लालाजी एक प्रकार से राजनीति से संन्यास लेने जा रहे थे । तथापि उनके हृदय में भारतीय स्वाधीनता की आग यथावत जलती रहती थी । इसी शिखा ने उन्हें १९२१ के सविनय अवज्ञा आन्दोलन के समय पुनः राजनीतिक कार्यों से सम्बन्धित कर दिया । देश के इस महान आन्दोलन में लालाजी ने जमकर भाग लिया और पंजाब का सफल नेतृत्व किया । पुलिस के अत्याचार और जेल की सजा भुगती ।

२ फरवरी, १९२८ को जब साइमन कमीशन पहली बार भारत आया तो लाला लाजपत राय कतिपय कारणों से उसके बहिष्कार में कुछ अधिक सक्रिय भाग न ले सके । उनका ख्याल था कि कमीशन अपने वायदों के अनुसार भारत का कुछ हित साधन करेगा किन्तु जब वह बिना कुछ किये देश की राजनीतिक जासूसी करके इंग्लैण्ड चला गया और वहाँ से नया प्रपंच लेकर ११ अक्तूबर, १९२८ को पुनः भारत आया तो लालाजी ने उसके बहिष्कार का जोरदार नेतृत्व किया । ३० अक्टूबर को साइमन कमीशन लाहौर स्टेशन पहुँचा । लालाजी ने जनता के साथ वहीं जाकर उसका बहिष्कार किया लालाजी ने वहीं जुलूस को सभा में बदल दिया और अपने ओजस्वी भाषण से जनता के हृदय में जोश भर दिया । लालाजी बराबर बोलते गये और जनता सुनती तथा—'साइमन लौट जाओ' का नारा लगाती जाती थी । अन्त में जनता का उत्साह और लालाजी की दृढ़ता देखकर कप्तान सैण्डर्स से न रहा गया । उसने लालाजी पर लाठी चलाने की आज्ञा दे दी । पुलिस मे लालाजी पर लाठियाँ बरसानी शुरू कर दीं । जनता में भयानक विक्षोभ की लहर दौड़ गई किन्तु लालाजी ने उसे शान्त रहने का निर्देश करते हुए कहा—"आप सब लोग शान्तिपूर्वक मेरे ऊपर होते इस अत्याचार को देखें और विश्वास रखें कि—मेरे ऊपर होने वाली लाठी की एक-एक चोट ब्रिटिश साम्राज्य के कफन की एक-एक कील सिद्ध होगी ।" जनता शान्त सुनती रही, लालाजी बोलते रहे और पुलिस की लाठी चलती रही । लालाजी तब तक बराबर बोलते और लाठियाँ खाते रहे जब तक कि उन्होंने अपना भाषण पूरा नहीं कर लिया । लोगों को यह देखकर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

आश्चर्य होता था कि उन भयंकर प्रहारों से गिरना तो दूर लाला लाजपत राय अपने स्थान तक से भी विचलित न हुए—धन्य थे पंजाब केसरी लाला लाजपत राय ! लालाजी का भाषण पूरा हो गया और पुलिस की लाठियों का काम भी ।

शाम को उसी घायल अवस्था में पंजाब केसरी ने लाहौरी गेट पर जनसभा की और जनता को भारत की स्थिति से अवगत कराते हुए उसका कर्त्तव्य बतलाया । देश की स्वाधीनता के लिये अपनी तरह ही शान्ति तथा धैर्यपूर्वक अत्याचार सहन करने का निर्देश दिया । अनन्तर उनसे खड़ा न रहा गया और वे अपने निवास पर लौट आये । पुलिस की निर्दय लाठियाँ अपना काम कर गई थीं । लालाजी के कलेजे में सांघातिक चोटें आ गई थीं । वे चारपाई पर पड़ गये तो फिर उठ न सके और १० नवम्बर, १९२८ को देश-धर्म और समाज के लिये अपना तन, मन, धन और यहाँ तक जीवन देकर स्वर्ग सिधार गये । लालाजी की मृत्यु से देश भर में शोक-सा छा गया और कई दिन मातम मनाया गया ।

लाला लाजपत राय एक आदर्श पुरुष थे । उन्होंने अपने आदर्शों की व्याख्या करते हुए स्वयंमेव स्थान पर कहा है—"मेरा मजहब हकपरस्ती है । मेरी मिल्लत कौम परस्ती है । मेरी इबादत खलक परस्ती है । मेरी अदालत मेरा अन्तःकरण है । मेरी जायदाद मेरी कलम है और मेरा मन्दिर मेरा दिल है और मेरी उमंगें सदा जवान हैं ।"

लाला लाजपत राय ने अपनी सक्रिय सेवाओं के साथ-साथ साहित्य की भी कुछ कम सेवा नहीं की । उन्होंने मेजिनी, गैरीबाल्डी, शिवाजी, कृष्ण, दयानन्द तथा गुरुदत्त आदि महापुरुषों की बहुत सी शिक्षाप्रद जीवनियाँ लिखीं । 'आर्य-समाज और भारत का राजनीतिक भविष्य' नामक उनकी पुस्तकें बड़ी उपयोगी सिद्ध हुईं । उनके यंग इण्डिया (तरुण भारत) नामक ग्रन्थ ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम को एक विशेष गति दी थी और उनके दुःखी भारत नामक ग्रन्थ का तो जनता में अभूतपूर्व स्वागत हुआ । यह ग्रन्थ उन्होंने 'मिस मेयो' नामक एक अंग्रेज महिला की लिखी—भारतमाता नामक पुस्तक के उत्तर में लिखा था । यह भारत तथा उसकी तत्कालीन स्थिति पर एक प्रामाणिक ग्रन्थ माना जाता है । इसके अतिरिक्त उनके लिखे सामाजिक तथा राजनीतिक लेखों की संख्या अपरिमित है । इस प्रकार कदाचित ही कोई ऐसा क्षेत्र बचा हो जिसमें लाला लाजपत राय ने उपयोगी सेवा न की हो । उनका जीवन एक सफल एवं सार्थक व्यक्ति का जीवन था । उनके विषय में उनके एक जानकार श्री एलाबिलब्काक्स ने ठीक ही तो लिखा है—

"यौवन ने उन्हें बहादुर, समय ने राजनीतिज्ञ, प्रेम ने मनुष्य घोषित किया । मृत्यु ने उन्हें शहादत का ताज पहनाया इस प्रकार वे मंजिल तय करते हुए महानता की ओर बढ़ते गये । मानव-जीवन में सम्भव सब प्रकार की विभूति और यश का उन्होंने अनुभव किया । वे एक पवित्र और ऊँची आत्मा थे ।"

जिस युग में लाला लाजपत राय ने सार्वजनिक सेवा और देशोद्धार का कार्य किया था वह इतना विषम और कठिनाइयों से परिपूर्ण था कि आज हम उसकी कल्पना भी सहज में नहीं कर सकते । उस समय भारत में विदेशी शासन का सिक्का सोलहों आने जमा हुआ था । साम, दाम, दण्ड और भेद की नीति का अवलम्बन करके उन्होंने देश के सभी प्रभावशाली और शक्तिमान् लोगों को अपना अनुगत बना रखा था । किसी के दिल में यह ख्याल भी नहीं आता था कि भारतवासी ऐसी विश्वव्यापी शक्ति का विरोध करके अपने देश को स्वाधीन कर सकते हैं । जब सन् १९०६ में श्री दादाभाई नौरोजी ने 'स्वराज्य' को राष्ट्रीय आन्दोलन का अन्तिम लक्ष्य घोषित किया तो देश के अधिकांश जानकार व्यक्ति चौंक पड़े थे और उन्होंने इसको एक 'काल्पनिक विचार' ही समझा था । पर लाला लाजपत राय आरम्भ से ही सिद्धान्त के पूर्ण समर्थक थे और उन्होंने तत्काल ही इस सम्बन्ध में इतना जोरदार आन्दोलन छेड़ दिया कि सन् १९०७ के आरम्भ में ही सरकार को उन पर कानून का प्रहार करना पड़ा और गिरफ्तार करके देश के बाहर भेज देना पड़ा ।

देश की स्वाधीनता संग्राम में यद्यपि हजारों स्थानीय, प्रान्तीय और अखिल भारतीय नेताओं ने भाग लिया था और एक समय था कि उनमें से अनेकों का डंका बज रहा था, पर अब समय निकल जाने पर उनमें से दो-चार का नाम ही स्मरण आता है । इसका कारण यही था कि उनका काम केवल सामयिक था । जन-आन्दोलन के वेगवान प्रवाह में वे भी मैदान में आ गये और लोगों के जोश को बढ़ाने वाले भाषण करके उन्होंने लोकप्रियता प्राप्त करली । निःसन्देह उनका यह कार्य उस समय महत्त्वपूर्ण था और इसके लिये उन्होंने उस समय स्वार्थ त्याग और कष्ट भी सहन किया, पर उनके कार्य में विशेष स्थायित्व नहीं था । जन-आन्दोलन की ऐसी जोरदार लहरें ज्वार की तरह भीषण वेग से उठती हैं और कुछ समय पश्चात् जोश के कम पड़ जाने से भाटा की तरह नीचे उतर जाती हैं । आन्दोलन के सामयिक नेताओं की ख्याति का उतार-चढ़ाव

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

भी इसी के अनुसार होता है । आज जिस नेता को लोग कन्धों पर उठाकर जुलूस निकालते हैं, एकाध वर्ष बाद प्रायः उसका नाम भी भूल जाते हैं । कारण यही कि किसी विशेष आन्दोलन की तरह ऐसे नेताओं का जोश और सेवा भावना भी अल्पजीवी ही होती है, और कुछ समय पश्चात् वे अपने पुराने ढर्रे पर ही चलने लग जाते हैं ।

देश की स्वाधीनता के लिये उनकी हार्दिक लगन तथा उसकी पूर्ति के लिये सदैव प्रचारात्मक तथा रचनात्मक कार्यों में लगे रहना ही लालाजी का सबसे बड़ा गुण था जिनके कारण इतने वर्ष बीत जाने पर भी उनका नाम बड़ी श्रद्धा के साथ लिया जाता है और उनके स्मारक खड़े किये जा रहे हैं । देश में और अनेक नेताओं ने उनसे बढ़कर प्रचार-कार्य किया था और कई देशभक्तों ने रचनात्मक क्षेत्र में भी बहुत ठोस कार्य करके दिखलाया है । पर लाला लाजपत राय की तरह रचनात्मक और प्रचारात्मक दोनों क्षेत्रों में समान रूप से क्रियाशील रहने और अपने सिद्धान्तों पर आजीवन चलने वाले नेता कठिनता से दो-चार ही मिलेंगे । लालाजी के कुछ अनमोल वचन इस प्रकार हैं—

(१) देश सेवा से बढ़कर हमारा कोई धर्म नहीं है ।

(२) जिस व्यक्ति में जातीय-गौरव और आत्म-सम्मान का विचार नहीं वह नर पशु है ।

(३) मानसिक दासता से अधिक हानिकारक और किसी भी तरह की दासता नहीं होती और न मनुष्य जाति के सदैव के बंधन में जकड़ने से बढ़कर और कोई घोर पाप हो सकता है ।

(४) संसार में मातृ-शक्ति पवित्र और सबसे महान है । यह सृष्टि को रचती है और उसकी रक्षा करती है । माताओं में से सबसे बड़ी और सबसे अधिक पूजा के योग्य मातृभूमि है जो माताओं की माता है । इसलिये हमारा धर्म है कि हम इस मातृभूमि की सेवा से अपने जन्म को सफल करें ।

(५) हिन्दुस्तान की जातियों के वर्तमान संघर्ष में मैं पहले हिन्दू और पीछे हिन्दुस्तानी रहूँगा । किन्तु हिन्दुस्तान के बाहर और हिन्दुस्तान के भीतर भी किसी गैर-हिन्दुस्तानी के सामने मैं पहले हिन्दुस्तानी हूँ और रहूँगा, पीछे हिन्दू ।

www.awgp.org
www.vicharkrantibooks.org

भारत माता के निर्भय सेनानी : सरदार पटेल

सन् १९४८ का वर्ष भारत की राजनैतिक परिस्थिति की दृष्टि से बड़ा हलचल पूर्ण था । अगस्त, १९४७ में जैसे ही देश को स्वतन्त्रता प्राप्त हुई चारों तरफ अशान्ति का वातावरण दिखाई पड़ने लगा । सबसे पहले तो पचास-साठ लाख शरणार्थियों को सुरक्षापूर्वक लाने और बसाने की समस्या सामने आई । उसी के साथ-साथ अनेक स्थानों पर साम्प्रदायिक उपद्रव और मारकाट को भी नियंत्रण में लाना पड़ा । एक बहुत बड़ी समस्या देशी राज्यों की भी थी जिनको अंग्रेजी सरकार ने 'स्वतन्त्र' बनाकर राष्ट्रीय सरकार के साथ इच्छानुसार व्यवहार करने की छूट दे दी थी । इस प्रकार भारत के ऊपर उस समय चारों तरफ से काली घटायें घिरी हुई थीं और इन सबको सम्भालने का भार भारत सरकार के गृह मन्त्रालय पर था, जिसके संचालक थे—सरदार पटेल ।

देशी राज्यों की समस्या वास्तव में बड़ी विकट थी । अधिकांश राजागण अपने को प्राचीनकाल के बड़े-बड़े प्रसिद्ध राजा-महाराजाओं तथा 'चक्रवर्ती नरेशों' के वंशज समझ कर देश का वास्तविक स्वामी स्वयं को ही मानते थे । ऐसे राजाओं का भी अभाव न था जो मन ही मन अंग्रेजों के हट जाने पर 'तलवार के बल' से देश पर अपनी हकूमत कायम करने का स्वप्न देखते रहते थे । भारत के देशी और विदेशी 'शत्रु' भी समझते थे कि यह समस्या भारत की आन्तरिक अवस्था को इतना अधिक डाँवाडोल कर देगी कि वह सचमुच लुंज-पुंज हो जायेगा और तब हमको उस पर दाँत गढ़ाने का अच्छा मौका मिलेगा और तो क्या सामान्य लोगों की आमतौर से यह धारणा थी कि इस समय परिस्थितिवश अंग्रेज भारत को स्वराज्य देकर चले तो जा रहे हैं, पर वे जानते हैं कि पाकिस्तान और देशी राज्यों के कारण कांग्रेसी सरकार शासन को चला सकने में समर्थ न होगी और झकमार कर अन्त में उन्हीं को बुलाकर सुरक्षा करानी पड़ेगी ।

पर लोगों के ये सब मंसूबें, अटकलें और भ्रम उस समय हवा में उड़ गये जब सरदार पटेल ने चार पाँच महीने के भीतर ही अधिकांश राजाओं को अपनी रियासतें भारतीय राष्ट्र में सम्मिलित करने को राजी कर लिया । उन्होंने शुरूआत अपने प्रान्त से ही की और वहाँ की कई सौ छोटी-छोटी रियासतों को एक संघ में संगठित करके नवानगर के जाम साहब को उसका राज प्रमुख बना दिया ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

इसके पश्चात् क्रमशः मध्यभारत, पंजाब और राजस्थान की रियासतों के संघ बनाकर उनको भारतीय संघ में सम्मिलित कर लिया गया । जूनागढ़, भोपाल, बड़ौदा आदि तीन चार रियासतों के शासकों ने कुछ विरोध का भाव प्रदर्शित किया पर सरदार ने साम-दाम-दण्ड-भेद की राजनीति द्वारा बिना किसी प्रकार के बल का प्रत्यक्ष प्रयोग किये उनकी समस्या को हल कर दिया ।

हैदराबाद का विजय अभियान

पर सबसे बढ़कर कठिनाई उपस्थित हुई हैदराबाद के मामले में । वह भारत की सबसे बड़ी रियासत थी और मुसलमान उसे अपना गढ़ समझते थे । भारत विभाजन के पश्चात् वहाँ कितने ही कट्टर पन्थी मुस्लिम लीगी जा पहुँचे और कोशिश करने लगे कि हैदराबाद को पाकिस्तान में शामिल किया जाये । उत्तर प्रदेश के कासिम रिजवी नामक व्यक्ति ने वहाँ जाकर 'रजाकार' नाम से एक स्वयं सेवक-दल कायम कर दिया जिसमें दो लाख हथियार बन्द व्यक्ति सम्मिलित थे । हैदराबाद की ४२ हजार सरकारी सेना इसके अतिरिक्त थी । ये सब रियासत के हिन्दुओं पर ही अत्याचार नहीं करने लगे, वरन् आसपास के प्रदेशों की भूमि पर आकर भी लूटमार करने लगे । एक दो बार उन्होंने रेलगाड़ी को रोककर लूट लिया और कई आदमियों को भी मार डाला । सरदार तुरन्त ही हैदराबाद के विरुद्ध कार्यवाही करने को तैयार हो गये पर नेहरू जी तथा अन्य कई मन्त्रियों के राजी न होने से रुके रहे । पर जब हालात बिगड़ गई और कनाडा के राजदूत ने नेहरू जी से ईसाई स्त्रियों पर रजाकारों द्वारा आक्रमण करने की शिकायत की तब कहीं जाकर उसके विरुद्ध सैनिक कार्यवाही करने का निश्चय किया गया । सरदार ने फौज को आदेश दे दिया और मेजर जनरल जे. एन. चौधरी थोड़ी-सी सेना लेकर शोलापुर के रास्ते से आगे बढ़े ।

उस अवसर पर यद्यपि कासिम रिजवी ने यहाँ तक धमकी दी थी कि अगर भारतीय सेना ने हैदराबाद में प्रवेश किया तो उसको यहाँ डेढ़ करोड़ हिन्दुओं की हड्डियों के अतिरिक्त और कुछ न मिलेगा । पर सरदार ऐसी बातों की कब परवाह करते थे । उन्होंने निजाम ने प्रतिनिधि लायक अली से स्पष्ट कह दिया कि "हैदराबाद की समस्या भी उसी तरह सुलझेगी, जिस प्रकार अन्य रियासतों की सुलझी है । इसका दूसरा कोई मार्ग सम्भव नहीं है । हम किसी ऐसे स्थान को अपने देश में पृथक नहीं रहने दे सकते, जो हमारे उसी संघ को नष्ट कर देगा, जिसे हमने रक्त और परिश्रम से बनाया है । हम समस्या का मित्रतापूर्ण हल ही चाहते हैं और उसके लिये प्रयत्न कर रहे हैं, किन्तु इसका अर्थ यह नहीं कि हैदराबाद को पूर्ण स्वतन्त्र रह जाने देंगे । यदि वह स्वतन्त्र रहने की अपनी माँग पर अड़ा रहा तो उसे निश्चय ही असफल होना पड़ेगा ।"

यद्यपि हैदराबाद के रजाकार और अन्य धर्मान्ध मुसलमान बड़ा जोर-शोर दिखा रहे थे और समझते थे कि भारतीय सेना का हमला होने पर संसार के मुसलमान देश उनका साथ देंगे, पर भारतीय सेना को देखते ही वे सब बगल झाँकने लगे । कुछ रजाकारों ने दो तीन दिन तक जगह-जगह पर कुछ लड़ाई की, पर भारत की सुशिक्षित सेना के सामने वे भेड़-बकरियों की भीड़ से अधिक प्रभावशाली सिद्ध न हो पाये । तीन दिन के संघर्ष में लगभग एक हजार रजाकार मारे गये जबकि भारतीय सेना की मृत्यु संख्या नाम मात्र को ही थी । १७ सितम्बर, १९४८ को हैदराबाद के प्रधान सेनापति एल. एदरूस ने जनरल चौधरी के सामने बाकायदा आत्म-समर्पण कर दिया और १८ सितम्बर को जनरल चौधरी हैदराबाद के सैनिक गवर्नर नियुक्त कर दिये गये । फरवरी १९४९ में सरदार दक्षिण भारत की यात्रा करते हुए हैदराबाद पहुँचे तो निजाम ने स्वयं हवाई अड्डे पर आकर उनका स्वागत किया और भारतीय-प्रथा के अनुसार हाथ जोड़ कर उनका अभिवादन किया, जो उनके जीवन में एक सर्वथा नई और सर्वप्रथम घटना थी ।

हैदराबाद की समस्या को इस प्रकार ३ दिन में हल करके सरदार ने भारतीय सैनिक शक्ति और राजनीति की धाक समस्त देश में जमा दी । इससे वे सब 'तत्त्व' ठण्डे पड़ गये जो शासन बदलने के कारण जगह-जगह सिर उठा रहे और समझते थे कि हम इन 'अनुभवहीन शासकों' को डरा-धमका कर अपना उल्लू सीधा करते रहेंगे । हैदराबाद की इस शानदार विजय से भारतीय जनता में उत्साह की लहर दौड़ गई और शेष बची रियासतें बहुत शीघ्र भारतीय संघ के अन्तर्गत आने को तैयार हो गईं ।

छः-सात सौ रियासतों का भारतीय संघ में पूर्णतः विलय होकर अखण्ड राष्ट्र का निर्माण कुछ समय पहले तक एक असम्भव कार्य समझा जाता था । पर सरदार पटेल ने उसे ऐसी खूबी से पूरा करके दिखा दिया कि देश-विदेशों के समस्त राजनीतिज्ञ चकित रह गये । यह कहने में कुछ भी अतिशयोक्ति नहीं कि जो कार्य जर्मनी के एकीकरण में बिस्मार्क ने कर दिखाया और जापान को एक सुदृढ़ राष्ट्र बनाने में मिकाडो ने जो महान सफलता प्राप्त की, सरदार पटेल के कर्त्तृत्व का महत्त्व भी उससे कम नहीं है । जर्मनी और जापान तो उस समय चार-पाँच करोड़ की जनसंख्या के छोटे देश ही थे, पर सरदार ने तो उस भारत को एक

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कर दिखाया जिसको विविधता और विस्तार की दृष्टि से अनेक लोग एक 'महाद्वीप' की संज्ञा देते हैं ।

देशभक्तों का परिवार

सरदार बल्लभ भाई पटेल (सन् १८७५ से १९५०) यद्यपि गुजरात के एक साधारण किसान परिवार में उत्पन्न हुए थे, पर उनका घराना देशभक्ति की दृष्टि से अग्रगामी कहा जा सकता है । उनके पिता झवेर भाई जब बीस वर्ष के तरुण ही थे तो भारत में विदेशी सत्ता को उखाड़ फेंकने के लिये 'सत्तावनी गदर' फूट पड़ा । यद्यपि उसका प्रभाव गुजरात तक नहीं पहुँचा तो भी झवेरभाई के दिल में देशोद्धार के अभियान में भाग लेने की उमंग उठने लगी और वह बिना किसी से कहे घर से भाग निकले । उन्होंने उत्तर-प्रदेश में आकर नाना साहब और अंग्रेजों का तुमुल संघर्ष देखा और फिर स्वयं भी झाँसी की वीर रानी लक्ष्मीबाई की सेना में भर्ती होकर गोरों से खूब लड़े । गदर के ठण्डा हो जाने पर भी वे तात्या टोपे आदि विद्रोही नेताओं के साथ मिलकर स्वतन्त्रता संग्राम की ज्योति को जगाते रहे और अन्त में अपने ही देशवासी इन्दौर नरेश के द्वारा पकड़े गये । वहाँ से छुटकारा पाकर ३ साल बाद वे घर लौटे और जीवन-निर्वाह के लिये पुनः अपने गृह-व्यवसाय—कृषि कार्य में संलग्न हुए । उनका चरित्र हमको इटली के उन प्रसिद्ध देशभक्तों के तुल्य ही दिखाई पड़ता है जो साधारण समय में खेती-बारी करते रहते थे, पर देशरक्षा की पुकार सुनते ही सब कुछ छोड़ कर रणभूमि में पहुँच जाते थे ।

बल्लभ भाई भी छोटी सी आयु से काफी निडर और सहिष्णु थे । एक बार उनके बड़ा-सा फोड़ा हो गया । उस समय गाँवों के आसपास आपरेशन कर सकने वाले अस्पताल या डाक्टर तो थे नहीं, इसलिये उसे फोड़ने के लिये देशी तरीके के अनुसार लोहे की शलाका गर्म की गई । पर फोड़े का इलाज करने वाला इतने छोटे बालक पर उसका प्रयोग करने में हिचकिचाने लगा । यह देखकर बल्लभ भाई ने कहा—"वाह, तुम तो फोड़ा को फोड़ने में भी डरते हो ।" यह कहकर उन्होंने उस खूब गर्म सलाख को उठाकर स्वयं ही फोड़े में घुसा दिया । दर्शकगण छोटे बालक के साहस को देखकर आश्चर्य करने लगे ।

जिस समय वे स्कूल की छोटी कक्षा में पढ़ते थे, तो उन्होंने एक लालची मास्टर के विरुद्ध आन्दोलन खड़ा किया । बात यह थी कि मास्टर साहब ने स्कूल की नौकरी के साथ ही गाँव में पुस्तकों की दुकान भी खोल रखी थी और सब को इस बात के लिये विवश करते थे कि पढ़ाई की पुस्तकें अन्यत्र से न लेकर उन्हीं की दुकान से ली जायें । यह बात लड़कों को बुरी लगती थी, पर मास्टर के भय से वे कुछ बोल नहीं पाते थे । पर जब यह बात बल्लभ भाई के सामने आई, तो उन्होंने इसे अनुचित समझकर स्वीकार नहीं किया और सब लड़कों को उत्साहित करके स्कूल में हड़ताल करा दी । जब लड़के पाँच छः दिन तक स्कूल नहीं गये तो मास्टर को अपना दुराग्रह त्यागना पड़ा । इस पर बल्लभ भाई ने भी हड़ताल समाप्त करा दी ।

इस प्रकार सरदार पटेल आरम्भ से ही अन्याय के विरोधी रहे और साहस के साथ उसका मुकाबला भी करते रहे । उनका यह गुण जीवन के अन्त तक कायम रहा और इसी के बल से वे शक्तिशाली अंग्रेज शासकों से भी डटकर लोहा ले सके । उनकी बातचीत ही प्रायः इतनी स्पष्ट और निर्भीक होती थी कि अधिकांश मामलों में उनके विरोधी उनके सामने झुककर अन्याय से हट जाते थे ।

भाई के लिये त्याग

घर की आर्थिक अवस्था को देखकर बल्लभ भाई ने कॉलेज की पढ़ाई का विचार स्थगित कर दिया और मुख्त्यारी की परीक्षा देकर अदालत में मुकद्मों की पैरवी करने लगे । अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और परिश्रम के फलस्वरूप उनका काम शीघ्र ही जम गया और अपने कस्बे के नामी मुख्त्यार माने जाने लगे । कुछ समय बाद जब काम लायक रुपया इकट्ठा हो गया तो उन्होंने बैरिस्टरी की परीक्षा पास करने का विचार किया और इसके लिये 'पासपोर्ट' माँगा । उनकी अर्जी का जो उत्तर आया वह उनके बड़े भाई विट्ठल भाई के हाथ पड़ गया, क्योंकि दोनों ही मुख्त्यारी करते थे । पासपोर्ट के पत्र को पढ़ कर विट्ठल भाई ने कहा कि मैं तुमसे बड़ा हूँ इसलिये पहले मुझे बैरिस्टरी कर आने दो, तुम बाद में जाना । बल्लभ भाई को अपने बड़े भाई की बात युक्तियुक्त जान पड़ी और उनके खर्च का भी भार स्वयं अपने ऊपर लिया । जब सन् १९०८ में वे वापस आ गये तब सन् १९१० में वे स्वयं विलायत गये । वहाँ उन्होंने सब प्रकार के शौक और व्यसनों से दूर रहकर इतने परिश्रम से पढ़ाई की जिससे आरम्भिक परीक्षा में ही सर्वप्रथम उत्तीर्ण हुए । इस पर ५० पौण्ड (साढ़े सात सौ रुपया) का पुरस्कार मिला और पढ़ाई की फीस माफ हो गई । आपने बैरिस्टरी की परीक्षा सफलता के साथ उत्तीर्ण की । आपके उत्तरों को पढ़कर एक परीक्षक इतना प्रभावित हुआ कि उसने इन्हें ऊँची से ऊँची सरकारी नौकरी देने की सिफारिश की । पर इनको अपने देश की लगन लगी थी । इसलिये परीक्षोत्तीर्ण होने के दूसरे ही दिन इंग्लैण्ड से रवाना होकर अपने घर आकर बैरिस्टरी करने लगे ।

वर्तमान समय में अनेक परिवारों में भाइयों के बीच जैसा वैमनस्य देखने में आता है, पर सम्पन्न परिवारों में

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

तो प्रायः धन-सम्पत्ति के बँटवारे के लिये मुकद्मेबाजी होती रहती है, उसे देखते हुए सरदार पटेल का भ्रातृ-प्रेम और स्वार्थ-त्याग उच्चकोटि का ही माना जायेगा । जिन लोगों में इस प्रकार की मनोवृत्ति का अभाव होता है, वे संसार में कभी कोई परमार्थ का बड़ा कार्य नहीं कर सकते । आगे चलकर भी सरदार पटेल बैरिस्टरी का ऐश्वर्यशाली जीवन त्यागकर गाँधी जी के अनुयायी बने और असहयोग आन्दोलन में काम करते हुए उन्होंने हर तरह के संकट और कष्ट सहन किये । इन सबमें उनकी यही परोपकार वृत्ति काम कर रही थी । इसमें सन्देह नहीं कि यही मानव-जीवन को सार्थक करने का मार्ग है, अन्यथा जो व्यक्ति संसार में आकर अपनी तमाम शक्ति और समय केवल अपना तथा अपने परिवार के दो-चार व्यक्तियों का पेट भरने में ही लगा देते हैं उनका जन्म लेना न लेना बराबर ही है ।

सत्याग्रह आन्दोलन में

सरदार गाँधी जी के अनुयायी सन् १९१७ में ही बन चुके थे, और जलियाँवाला काण्ड के अवसर पर उन्होंने अहमदाबाद की हड़ताल और जलूस का नेतृत्व करके राजनीतिक आन्दोलन में भाग लेना भी आरम्भ कर दिया था । इसलिये सन् १९२० में जब कांग्रेस ने कलकत्ता और नागपुर के अधिवेशनों में "असहयोग" की घोषणा की तो सरदार ने तुरन्त बैरिस्टरी को त्याग दिया । अपने पुत्र-पुत्रियों को सरकारी शिक्षा-संस्थाओं में पढ़ाना बन्द कर दिया । उसी समय उन्होंने असहयोग करने वाले बहुसंख्यक विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा प्रदान करने के लिये "गुजरात विद्यापीठ" की स्थापना की और इसके लिये बर्मा तक का दौरा करके दस लाख रुपया इकट्ठा कर लाये ।

इसके कुछ ही समय बाद नागपुर झण्डा सत्याग्रह का अवसर आया । मध्यप्रदेश की सरकार ने नागपुर की सिविल लाइन्स में राष्ट्रीय झण्डे का जलूस निकालने पर प्रतिबन्ध लगा दिया । इस पर वहाँ के कार्यकर्ताओं ने सत्याग्रह आरम्भ कर दिया और प्रतिदिन सत्याग्रही स्वयं सेवकों के जत्थे 'झण्डा ऊँचा रहे हमारा' गाते हुए पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये जाने लगे । नागपुर के कार्यकर्ताओं ने उसके लिये समस्त देश से सहायता की अपील की । इस सम्बन्ध में सरदार पटेल के प्रभाव से गुजरात में बहुत कार्य किया और वे लगातार स्वयं सेवकों के जत्थे और रुपया भेजते रहे । फिर जब सरकार ने आन्दोलन के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को एक साथ पकड़ लिया तब सरदार स्वयं नागपुर पहुँचकर आन्दोलन का संचालन करने लगे । उन्होंने उसका इतना जोरदार संगठन किया कि सरकार घबरा उठी और गवर्नर ने सरदार को बुलाकर स्वयं समझौते की बातें की और बिना किसी शर्त के कैदियों को छोड़कर सर्वत्र झण्डा निकाल सकने की माँग को स्वीकार कर लिया ।

यह झण्डा-सत्याग्रह ऐसे अवसर पर आरम्भ किया गया था जब गाँधी जी ने चौरीचौरा हत्याकाण्ड हो जाने के प्रायश्चित स्वरूप समस्त असहयोग आन्दोलन स्थगित कर दिया था और इस कारण देश में एक अवसाद की-सी स्थिति पैदा हो गई थी । इसलिये क्रियाशील नेता, जिनमें सरदार पटेल अग्रगण्य थे, चाहते थे कि अगर सार्वदेशिक आन्दोलन सम्भव न हो तो कोई स्थानीय आन्दोलन ही ऐसा चलाया जाये, जिससे देश में जागृति बनी रहे । इसलिये यद्यपि नेहरू जी तथा श्री चित्तरंजन दास जैसे नेता 'झण्डा सत्याग्रह' के पक्ष में न थे, फिर भी श्री पटेल ने आरम्भ से ही उसका समर्थन किया और बाद में स्वयं उसका संचालन करके उसे सफल बनाया । इससे वास्तव में समस्त देश में जोश की एक लहर फैल गई और अनुत्साह की भावना कुछ अंशों में दूर हो गई ।

बोरसद का सत्याग्रह

बोरसद का सत्याग्रह अपने ढंग का अनोखा था । वहाँ पर देवर बाबा नाम का एक जबर्दस्त डाकू बहुत लूटमार करता था, पर पुलिस सब कुछ प्रयत्न करके भी उसे न पकड़ सकी । कुछ दिन बाद दूसरा डाकू, जो मुसलमान था उसी इलाके में आ गया । अब जनता की परेशानी और भी बढ़ गई और संध्या होते ही लोग घरों के भीतर ही रहने लगे । तब सरकार ने जनता पर ही इल्जाम लगाया कि गाँवों के लोग ही डाकुओं से मिलकर लूटमार कराते हैं । बोरसद निवासियों पर २ लाख ४० हजार रु. टैक्स लगा दिया, जिससे वहाँ पर तैनात पुलिस का खर्च निकल सके । सरकार की इस धींगा-धींगी की शिकायत कुछ लोगों ने श्री पटेल के पास जाकर की । वे बोरसद पहुँचे और वहाँ की परिस्थिति का निरीक्षण करके, लोगों को सलाह दी कि वे सरकार को एक पैसा भी टैक्स का न दें और दो सौ स्वयं सेवक भर्ती करके स्वयं अपने गाँवों में चौकी पहरा का इन्तजाम करें । आपने लोगों में इस बात का साहस भरा कि जब डाकू आवें तो भयभीत होकर भागने की अपेक्षा डटकर उनका मुकाबला किया जाये । दूसरी बात आपने यह की कि गाँव रक्षा के लिये तैनात पुलिस वालों की कारगुजारी के फोटो खिंचवाये । उनसे मालूम हुआ कि जब कोई डाकू दल गाँव में आता है तो पुलिस वाले उनका मुकाबला करने के बजाय या तो छिप जाते हैं या ताला लगाकर भीतर बैठे रहते हैं । इन फोटो के द्वारा उन्होंने पुलिस की कायरता का भण्डाफोड़ करके सरकार से कहा कि ऐसी हालत में उसको जनता से

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जुर्माना वसूल करने का क्या अधिकार है ? अन्त में सरकार को सच्चाई के सामने झुकना ही पड़ा और गाँव से पुलिस हटा ली गई । उसके बाद देवर बाबा का भी पता नहीं लगा कि कहाँ चला गया ।

भारत की थर्मापौली बारदौली

पर जिस महान कार्य के फलस्वरूप श्री पटेल को सरदार की उपाधि दी गई और जिसने भारतीय स्वाधीनता-संग्राम के इतिहास में अपने अमिट पदचिह्न छोड़ने का गौरव प्राप्त किया, वह था बारदौली का अहिंसक संग्राम । यूनान देश के इतिहास में "थर्मापौली" के युद्ध की एक घटना तीन हजार वर्ष बीत जाने पर भी आज तक अविस्मरणीय मानी जाती है । उसमें दो-तीन सौ देश-भक्तों की टोली ने एक तंग पहाड़ी मार्ग पर मोर्चा लगाकर आक्रमणकारी विशाल सेना का मुकाबला किया था और अपने वीरता तथा आत्म-त्याग से उसे नाकों चने चबवा दिये थे । भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के उस महान पर्व में गुजरात के छोटे से बारदौली तालुका ने भी संसार में सबसे बड़े साम्राज्य की स्वामिनी कहलाने वाली ब्रिटिश सरकार को ऐसी करारी हार दी कि सब कोई 'वाह-वाह' कहने लगे और तभी भारत के राष्ट्रकवि ने गाया—"धन्य बारदौली तू भारत की थर्मापौली ।"

बारदौली सूरत जिले का एक छोटा भूभाग है, जो जलवायु की निगाह से बहुत उपजाऊ माना जाता है । वहाँ के निवासी मुख्य रूप से 'कणवी' या 'कुनवी' नामक जाति के किसान हैं । वे स्वभाव से ही परिश्रमी होते हैं और अपना पसीना बहाकर उन्होंने अपने खेतों को खूब हरा-भरा और उपजाऊ बना रखा था । यह देख सरकारी अधिकारियों को लालच लगता था और वे भूमि का लगान क्रमशः बढ़ाते जाते थे । भारतीय किसान अशिक्षित और मूक होते ही हैं इसलिये डर कर सरकारी हुक्म को बराबर मानते चले आते थे । पर जब सन् १९२० में महात्मा गाँधी ने सत्याग्रह और असहयोग का शंखनाद किया तो देश के एक कोने से दूसरे कोने तक जागृति और उत्साह की एक लहर व्याप्त हो गई । गुजरात को उसने सबसे अधिक प्रभावित किया क्योंकि गाँधी जी और उनके प्रमुख सहयोगी वहीं रहते थे । इसलिये बारदौली के निवासियों पर उनका प्रभाव अधिक पड़ने लगा और आरम्भ से ही वे चर्खा चलाना, खादी का उपयोग, शराबबन्दी आदि कार्यक्रमों में आगे बढ़कर भाग लेने लगे ।

जब सन् १९२७ में सरकार ने बारदौली तालुका पर पुनः लगान बढ़ाने की घोषणा की तो उनमें असन्तोष की भावना उत्पन्न हो गई और उन्होंने अपने चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा बम्बई की विधान सभा में इसका विरोध किया । जब सरकार ने इस पर कुछ ध्यान नहीं दिया तो वे सरदार पटेल के पास पहुँचे और अपनी विपत्ति की कथा कह सुनाई । कांग्रेस के नेता पहले से ही "करबन्दी सत्याग्रह" आरम्भ करने की योजना बना रहे थे । बारदौली उनको इस प्रयोग के लिये सबसे उपयुक्त क्षेत्र जान पड़ा और इसलिये श्री पटेल शीघ्र ही वहाँ पहुँच गये । उन्होंने देखा कि बारदौली कि जमीन उत्तम है और वहाँ के नर-नारी भी काफी परिश्रम करने वाले हैं, फिर भी उनकी आर्थिक अवस्था और रहन-सहन बहुत सामान्य दर्जे का है । कारण यही है कि वे अशिक्षित और असंगठित होने के कारण सरकारी नौकरों, शराब का व्यापार करने वाले पारसियों और कर्ज देने वाले साहूकारों द्वारा तरह-तरह से लूटे जाते हैं । बल्लभ भाई ने इस अवसर को उनके जागरण और संगठन के लिये सर्वोत्तम समझा । पर वे बड़े स्पष्टवक्ता और अनुशासन प्रिय थे । उन्होंने आरम्भ में ही बारदौली की जनता से साफ-साफ कह दिया कि "अगर तुमको बढ़ा हुआ लगान रद्द कराना है तो उसके लिये जोरदार आन्दोलन करना और उसमें सब तरह के कष्टों और हानि को सहने के लिये तैयार होना पड़ेगा । मैं राजनीति का खेल नहीं करता और न किसी ऐसे साधारण कार्य में हाथ डालता हूँ जिसमें जोखिम-खतरा न हो । जो लोग जोखिम और कष्ट उठाने के लिये तैयार हों मैं उन्हीं का साथ दे सकता हूँ ।"

बल्लभ भाई का जन्म किसान के घर में हुआ था और छोटी आयु में उन्होंने अपने पिता के साथ कुछ खेती का कार्य किया भी था, इससे वे कृषक जीवन की सब कठिनाइयों और असुविधाओं को अच्छी तरह जानते थे । उन्होंने किसानों को सरकार से संघर्ष करने के लिये उत्साहित करते हुए कहा—"किसान क्यों डरे ? वह भूमि को जोतकर धन कमाता है, वह अन्नदाता है, वह दूसरों की लात क्यों खावे ? मेरा यह संकल्प है कि मैं दीन तथा निर्धनों को उठाकर उनके पैरों पर खड़ा कर दूँ, जिससे वह ऊँचा माथा करके चलने लगे । यदि मैं इतना कार्य करके मरा तो मैं अपने जीवन को सफल मानूँगा । जो किसान वर्षा में भीग कर, कीचड़ में सनकर, शीत-घाम को सहन करते हुए मरखने बैल तक से काम लेता है, उसे डर किसका ? सरकार भले ही बड़ी साहूकार हो, पर किसान उसका किरायेदार कब से हुआ ? क्या सरकार इस जमीन को विलायत से लाई है ?"

श्री पटेल के जोशीले भाषणों और उनकी अदम्य, निर्भीक वाणी को सुनकर बारदौली के किसान सोते से जाग पड़े । उन्होंने अन्त तक संघर्ष करने और उसके मध्य जितनी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

भी आपत्तियाँ आवें उन सबको दृढ़ता पूर्वक सहने की प्रतिज्ञा की । यह देखकर पहले तो श्री पटेल ने बम्बई के गवर्नर को लगान बढ़ाने का हुक्म रद्द करने के लिये एक तर्क युक्त और विनम्र पत्र लिखा, और जब उसे अस्वीकार कर दिया गया, तो उन्होंने सरकार के विरुद्ध करबन्दी आन्दोलन की घोषणा कर दी । उन्होंने किसानों का जैसा सुदृढ़ संगठन किया उसे देखकर बम्बई की एक सार्वजनिक सभा में किसी भाषणकर्ता ने उनको 'सरदार' के नाम से पुकारा । गाँधी जी को यह नाम पसन्द आ गया और तब से पटेल जनता के सच्चे 'सरदार' ही बन गये ।

अब सरदार सरकार के साथ लड़ने के लिये पूरी तैयारी करने लगे । पर वे तो महात्मा गाँधी के 'अहिंसाव्रतधारी' सैनिक थे । इसलिये उन्होंने किसानों को समझाया—"देखो भाई ! सरकार के पास निर्दयी आदमी हैं । उनके पास भाले, बन्दूकें, तोपें सभी कुछ हैं । वह संसार की एक बड़ी हथियारबन्द शक्ति है । तुम्हारे पास केवल तुम्हारा हृदय है । अपनी छाती पर इन प्रहारों को सहने का साहस तुममें हो तो आगे बढ़ने की बात सोचो । इस समय सबसे बड़ा प्रश्न स्वाभिमान का है । सरकार निर्दयता के साथ हम पर अत्याचार करना चाहती है और साथ ही अपमानित भी । देखो भाई ! अपमानित होकर जीने की अपेक्षा सम्मान के साथ मर जाने में अधिक शोभा है ।"

जब किसान उनके कार्यक्रम से पूर्ण सहमत हो गये और उन्होंने सब तरह का बलिदान करने की प्रतिज्ञा कर ली तो गाँव-गाँव में फिर कर लोगों को कर्त्तव्य पालन के लिये तैयार करने लगे । वे पुरुषों के साथ स्त्रियों को भी सत्याग्रह संग्राम में सम्मिलित करना आवश्यक समझते थे । इसलिये उन्होंने एक विशाल सभा में कहा—

"भाइयो ! बारदौली में आज मैं एक नवीन चमत्कार देख रहा हूँ । पिछले दिन मुझे स्मरण हैं । उन दिनों सभाओं में पुरुषों के साथ बहिनें भी होती थीं । पर अब तो पुरुष ही पुरुष गाड़ियाँ जोतकर सभाओं में आ जाते हैं । जान पड़ता है, बड़े-बूढ़ों के लिये आप ऐसा करते हैं । पर मैं कहता हूँ कि हमारी बहिनें, मातायें और स्त्रियाँ हमारे साथ न होंगी, तो हम आगे नहीं बढ़ सकेंगे । कल से हमारी वस्तुयें हमसे छीनी जाने लगेंगी । सरकारी कर्मचारी हमारी गाय, भैंस, बर्तन आदि लेने आयेंगे । यदि हमारी बहिनें इस युद्ध से परिचित न होंगी, हम अपने साथ-साथ उन्हें भी चेतावनी नहीं देंगे, तो वे उस समय क्या करेंगी ? आप स्वयं सोंचे कि जब जब्ती वाले आपके बैल खोलकर चलेंगे तो आपकी स्त्रियों के मन पर क्या बीतेगी ?"

जो लोग आजकल के धन कमाने वाले और मोटर तथा बंगलों के बिना निर्वाह न कर सकने वाले 'नेताओं' को देख रहे हैं, वे सहज में इस बात का अनुमान नहीं कर सकते हैं कि सरदार पटेल किस प्रकार के नेता थे । वे नाम के ही 'सरदार' न थे, पर उन्होंने वास्तव में बारदौली के किसानों का संगठन सैनिक ढंग पर किया था और उनमें मर मिटने की भावना फूँक दी थी । वे स्वयं दिन-रात चारों तरफ दौरा करके किसानों की सभायें करके उनके उत्साह को बढ़ाते रहते थे और अपना उदाहरण दिखाकर उनको प्रत्येक परिस्थिति में निर्भय रहने का उपदेश देते थे । वे कहते थे—

"चाहे कितनी ही आपत्तियाँ आयें, कितने ही कष्ट झेलने पड़े, अब तो ऐसी लड़ाई लड़नी चाहिये जिसमें सम्मान की रक्षा हो । सरकार चाहे जो करे, हम स्वयं उसको एक पैसा अपने हाथ से उठाकर नहीं देंगे, बस यही निश्चय कर लीजिये । अपने भीतर लड़ने का साहस बढ़ाइये और एकता को दृढ़ कीजिये । केवल बाहरी कोलाहल से कुछ न होगा । सरकार आपकी कड़ी से कड़ी परीक्षा लेगी । यदि उससे लड़ना हो तो गाँवों को जगाना होगा, सारे वातावरण को बदल देना होगा । अब उत्सव-मंगल की बेला भी नहीं है । अब तो युद्ध का मौका है । भला कहीं युद्ध में विवाह-मंगल का समय होता है ? अब तो हमें लड़ाई लड़ने वाले सिपाहियों जैसा जीवन बिताना होगा । कल से ही आप अपने घरों में ताले लगाकर दिन भर खेतों में घूमते रहें, बालक, बूढ़े, स्त्री सभी अपना काम समझ लें । धनी-दीन सब एक हो जायें और इस तरह काम करें जैसे एक ही शरीर हों । आप ऐसा काम कर दिखायें कि जब्तियाँ कराने को सरकार को एक भी आदमी न मिले । कोई सरकारी अधिकारी अपने सिर पर आपके बर्तन उठाकर ले जाये तो भले ही ले जाये । अधिकारी तो लँगड़े होते हैं । उनका काम गाँव में पटेल, मुखिया बहीवटदार, तलाटी आदि की सहायता से ही चलता है । पर अब ये कोई भी उनकी सहायता न करें । आप इन सबको बता दें कि हमारे गाँव और प्रान्त की प्रतिष्ठा के साथ ही हमारी प्रतिष्ठा है । जिसके कारण गाँव की प्रतिष्ठा नष्ट हो वह मुखिया कैसा ? आइये, हम ऐसी वायु बहा दें जिससे चारों ओर स्वराज्य की सुगन्ध छूट रही हो । प्रत्येक व्यक्ति के मुख पर सरकार के साथ लड़ने का दृढ़ निश्चय हो ।"

"मैं आपको चेतावनी देता हूँ कि अब एक क्षण भी आमोद-प्रमोद में बैठने का समय नहीं है । बारदौली की कीर्ति समस्त भूमण्डल में फैल रही है । अब तो हमें मर-मिटना है या पूर्ण सुखी होना है । अब तो रामबाण छूट ही गया है । हमारे गिर जाने में सारे देश की हानि

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

है, हमारे डटे रहने में ही बेड़ा पार है । इसलिये आप पूर्ण सावधान रहें, कोई भूल न कर बैठें । सरकार आपको गिराने में कोई बात उठा न रखेगी । वह आप में फूट डालने की चेष्टा करेगी, आपसी झगड़े भी पैदा करना चाहेगी और भी कई ढंग के जंजाल खड़ा करने की कोशिश करेगी, इसलिये आप अपने आपसी झगड़ों को भी इस समय भूल जाइये । बाप-दादों के समय की शत्रुता को त्याग दीजिये । जीवन भर जिससे कभी न बोले हों, उससे बोलना आरम्भ कर दीजिये । आज गुजरात की महिमा आपके ही हाथों में है । यदि आप में एका होगा तो कोई दूसरा मनुष्य आपके खेतों में हल नहीं चला सकता । जिस दिन ऐसा हुआ भी तो सारा गुजरात आपकी सहायता को दौड़ पड़ेगा और तमाम भारत आपका साथ देगा । आपस में कभी ईर्ष्या मत कीजिये । जहाँ एक को बिगड़ते हुए देखकर दूसरा हँसता है तो ऐसे देश का कभी भला नहीं हो सकता । अस्तु, युद्ध की घोषणा हो चुकी है । अब प्रत्येक गाँव को सेना की छावनी समझिये प्रत्येक गाँव के समाचार निरन्तर केन्द्र में आने चाहिये ।"

वास्तव में सरदार पटेल ने बारदौली के किसान-सत्याग्रह का संचालन ऐसी योग्यता और मुस्तैदी से किया कि सरकार की समस्त चालें और अनेक प्रकार का दमन प्रभावहीन हो गया । वहाँ जब किसी इक्का-दुक्का किसान को लगान देने के लिये दबाया जाता तो वह यही जबाव देता कि बिना पंचायत की आज्ञा के हम कुछ नहीं दे सकते । जब उनके गाय, बैलों, गृहस्थी के सामान को कुर्क करने की धमकी दी जाती तो भी वह जरा भी न घबराता, न भयभीत होता । अनेक किसानों का सामान सरकारी कर्मचारी उठा ले गये, पर उसको खरीदने वाला कोई न मिला । वह सरकारी दफ्तरों में ज्यों का त्यों पड़ा रहा । एक पटवारी ने एक गरीब किसान से कहा—

"अरे भले आदमी ! जब सारे गाँव में फूट पड़ जाएगी तब तू भी झख मारकर लगान देगा, तो अभी क्यों नहीं दे देता ?"

"ऐसी बात मुँह से न निकालिये साहब ! सारे जिले के लोग भले ही लगान दे दें, पर हम तो थूक कर नहीं चाटते ।"

पटवारी—"अरे भाई हमारी बात चाहे मत रख । जब बड़े अधिकारी आयेंगे तब उनकी बात तो मानेगा ।"

किसान—"उनका बड़प्पन हमारे किस काम का । अब तो बल्लभ भाई हमारे सरदार हैं, उनकी जैसी आज्ञा होगी वही मैं करूँगा ।"

एक तहसीलदार ने किसी किसान से लगान देने को कहा तो उसने उत्तर दिया—"पुराने हिसाब से लगान लेकर आप तमाम पुराने-नये लगान की रसीद दे दें और साथ ही यह भी लिख दें कि तीस वर्षों तक लगान नहीं बढ़ाया जायेगा तो अभी लगान चुका दिया जायेगा ।"

तहसीलदार ने इतना ही कहा—"भाई ! यह तो मेरे अधिकार की बात नहीं है ।" यह कहकर वे चले गये ।

बारदौली में नई दुनिया की रचना

उस समय बारदौली की स्थिति कहाँ तक गम्भीर हो गई थी, इसका कुछ अनुमान बम्बई के अंग्रेजी के मुख पत्र 'टाइम्स आफ इण्डिया' के निम्न लेखांश से हो सकता है—

"आर्य देश के बम्बई प्रांत में बारदौली नाम का एक मण्डल है । वहाँ महात्मा गाँधी ने बॉलशेविज्म का प्रयोग करना आरम्भ कर दिया है । प्रयोग सफल भी होता जा रहा है । वहाँ सरकार के सारे कल-पुर्जे मन्द पड़ गये हैं । गाँधी जी के शिष्य पटेल का बोलवाला है । वही वहाँ का 'लेनिन' है । स्त्रियाँ, बालकों और पुरुषों में एक नई ज्वाला धधक रही है । इस ज्वाला में राजभक्ति की अन्त्येष्टि क्रिया हो रही है । स्त्रियों में नवीन चैतन्यता भर गई है । बल्लभ भाई में वे असीम भक्ति रखती हैं । उनके गीतों में राज-विद्रोह की भयंकर आग सुलग रही है । उनको सुनते ही कान जलने लग जाते हैं । यदि ऐसा ही रहा तो वहाँ रक्त की नदियाँ बहने लगेंगी ।"

एक तरफ अंग्रेजों के पत्र इस प्रकार किसान आन्दोलन के विरुद्ध विष वमन कर रहे थे और अपनी समझ से बारदौली के किसानों को संसार की दृष्टि में विद्रोही और बागी सिद्ध करके वहाँ खून-खराबी होने का भय दिखला रहे थे, और दूसरी ओर बम्बई के पारसी नेता श्री नरीमैन, भड़ोंच जिला परिषद् के अधिवेशन में अपने भाषण में कह रहे थे—

"आज से दस-बीस वर्ष पहले जो किसान था वह किसान अब नहीं रहा । बारदौली में आज अंग्रेजों को पूछता कौन है ? आज मारपीट कर जबर्दस्ती ही किसान को वे कहीं ले जा सकते हैं । नहीं तो, वहाँ अब कौवे उड़ते हैं । लोगों की सच्ची कचहरी तो 'स्वराज्य-आश्रम' है और उनकी सच्ची सरकार है सरदार बल्लभ भाई । पर बल्लभ भाई के पास न तो तोप है और न भाले, बन्दूक । वह तो केवल प्रेम और सत्य के सहारे बारदौली में राज कर रहे हैं । अब तो सारे गुजरात को ही बारदौली बन जाना चाहिये । जब सारे भारत में यह भावना फैल जायेगी, तब स्वराज्य अपने आप हो जायेगा ।"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

इस प्रकार सरदार पटेल ने बारदौली में एक नई ही दुनिया की रचना करके दिखा दी । अंग्रेजों का राज और उनकी पुलिस, फौज सब कुछ होने पर भी वहाँ उनकी शक्ति बिल्कुल समाप्त हो गई थी । सरदार पटेल ने सब प्रकार की खबरों को प्राप्त करने के लिये गुप्तचरों और स्वयंसेवकों की ऐसी व्यवस्था की कि सरकारी कर्मचारी किसानों को दबाने के लिये जो कोई भी चाल सोचते उसकी खबर तुरन्त "स्वराज्य आश्रम" में पहुँच जाती थी और वहाँ से उसे उसी समय छापकर तमाम गाँवों में फैला दिया जाता था । आन्दोलन के सभी प्रमुख समाचार प्रतिदिन 'सत्याग्रह समाचार' में छापकर वितरित किये जाते थे ।

अब समस्त देश में बारदौली का नाम और यश छा गया । प्रत्येक समाचार पत्र के कालम वहाँ के समाचारों से भरे रहते थे । अंग्रेजों के समाचार पत्रों में वे समाचार यद्यपि निन्दा के रूप में छपते थे, पर उनके द्वारा बारदौली के आन्दोलन का नाम विदेशों में भी पहुँच गया । मालवीय जी और लाजपत राय जैसे भारत पूज्य नेता भी उसका समर्थन करने लगे । बम्बई विधान सभा के १५ भारतीय सदस्यों ने सरकार की दमन नीति के विरोध में त्याग-पत्र दे दिये । पं. हृदयनाथ कुँजरू, श्री अमृतलाल ठक्कर, जमनालालजी बजाज आदि ने बारदौली जाकर वहाँ की स्थिति को अच्छी तरह देखा उसकी जाँच की । सबने सरकार की निन्दा की और उसको चेतावनी दी कि उसे अन्याय बन्द करके किसानों की उचित माँगों को स्वीकार करना चाहिये, अन्यथा इसका परिणाम उसके लिये हितकर नहीं हो सकता ।

जब सरकार जब्ती, कुर्की, नीलामी, मार-पीट आदि सब उपाय करके थक गई और किसान टस से मस न हुए तो उसने अपनी हार स्वीकार कर ली और बम्बई के गवर्नर ने सरदार पटेल को समझौते के सम्बन्ध में बातें करने को बुलाया । सरकार की तरफ से यह वायदा किया गया कि सरकार उचित मामलों की जाँच करके बढ़े हुए लगान को माफ कर देगी । इसके बदले में सरकार चाहती थी कि सत्याग्रह आन्दोलन बन्द कर दिया जाये और लोग पहले की तरह स्वेच्छा से लगान देने लगें । सरदार ने जिन लोगों की जमीन और माल जब्त किया गया था उसको वापस करने की माँग की । साथ ही यह भी कहा कि प्रजा का साथ देने के कारण जिन पटेलों तथा तलाटियों (पटवारियों) को नौकरी से अलग कर दिया गया था उनको उसी पुरानी तारीख से नौकरी पर माना जाये । कहना न होगा कि ये सभी माँगे स्वीकार कर ली गईं । बारदौली की विजय का सम्पूर्ण देश में बड़ी धूमधाम से स्वागत किया गया और एक कवि ने 'गीता' के शब्दों में घोषित किया—

यत्र योगेश्वरो गाँधी वल्लभश्च धूर्धुरः ।
तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम ॥

सरदार पटेल का घर जेल में

पटेल साहब बड़े नामी बैरिस्टर और कानून की बारीकियों को जानने वाले थे । इसलिये उन्होंने इतने बड़े-बड़े आन्दोलन करके भी सरकार को इस बात का मौका न दिया कि वह उनके विरुद्ध कोई कानूनी कार्यवाई कर सके । इधर बारदौली सत्याग्रह ने उनको प्रांतीय नेता के पद से उठाकर अखिल भारतीय नेता के मंच पर खड़ा कर दिया और उधर गाँधी जी ने तैयारियाँ पूरी करके तथा सरकार को अपनी हठधर्मी पर कायम देखकर कानून-भंग सत्याग्रह का शंखनाद कर दिया । उन्होंने सरकार को चुनौती दी अगर सरकार भारतीयों की स्वराज्य की माँग के प्रति उपेक्षा का ही भाव प्रकट करती है तो वे भी उसकी सत्ता को न मानकर उसके बनाये कानूनों का उल्लंघन करेंगे । इसके लिये नमक-कानून चुना गया और गाँधी जी ने घोषणा की कि वे १२ मार्च, १९३० को अहमदाबाद से एक सत्याग्रही टोली के साथ पैदल रवाना होंगे और दाण्डी नामक स्थान में पहुँच कर सरकारी हुक्म के विरुद्ध नमक बनायेंगे । इस पर सरदार पटेल उनसे पहले ही दाण्डी-यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले गाँवों में प्रचार करने पहुँच गये, जिससे गाँधी जी की यात्रा पूर्ण सफल हो । सरकार बारदौली के अनुभव से जान चुकी थी कि गुजरात की ग्रामीण जनता पर पटेलजी का कितना प्रभाव है और किस प्रकार वह निःसंकोच उनके पीछे चलने को तैयार हो जाती है । इसलिये जैसे ही वे दो-चार दिन प्रचार करते हुए 'रास' नामक स्थान में पहुँचे तो जिला के कलक्टर ने उनके भाषण पर प्रतिबन्ध लगा दिया । पर अब तो सत्याग्रह की घोषणा हो ही चुकी थी, इसलिये उन्होंने सरकारी हुक्म मानने से इन्कार कर दिया और गाँधी जी की यात्रा आरम्भ होने के चार दिन पूर्व ही गिरफ्तार करके जेल भेज दिये गये । चार मास पश्चात् जब ये यरवदा जेल से अपनी सजा पूरी करके बाहर निकले तो देश में घोर सत्याग्रह संग्राम छिड़ा हुआ था और हजारों सत्याग्रही सैनिक जेलखानों को भर रहे थे । सरकार एक आर्डिनेंस निकाल कर कांग्रेस के समस्त संगठन को गैर कानूनी घोषित कर चुकी थी और कांग्रेस के अध्यक्ष होने के नाते पं. जवाहरलालजी और उनके पिता मोतीलालजी गिरफ्तार किये जा चुके थे । पं. मोतीलालजी जेल जाते हुए सरदार पटेल को अपना स्थानापन्न नियुक्त कर गये थे । इसलिये

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

२६ जून, १९३० को जेल से बाहर आते ही वे कांग्रेस संगठन को सुदृढ़ करने और सत्याग्रह-संग्राम को तीव्र करने में संलग्न हो गये । गुजरात के बारदौली और बोरसद तालुकाओं को उन्होंने सत्याग्रह की जो शिक्षा दी थी, वह इस समय काम आई । वहाँ के किसानों ने कर-बन्दी का ऐसा घोर आन्दोलन किया कि सरकार घबरा गई । उसने भी पुलिस और फौज द्वारा अन्धाधुन्ध दमन आरम्भ कर दिया । फलस्वरूप ८० हजार किसान ब्रिटिश भारत के गाँवों को छोड़कर आसपास बड़ौदा रियासत के गाँवों में चले गये, पर उन्होंने सरकारी आदेशों को नहीं माना ।

सरदार पटेल जानते थे कि वे भी ज्यादा दिन जेल से बाहर नहीं रह सकते इसलिये उन्होंने जहाँ तक सम्भव हो सकता था । कांग्रेस के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संगठन को मजबूत किया और अपने पश्चात् कितने ही अन्य नेताओं को नामजद कर दिया कि एक के गिरफ्तार होने के बाद दूसरा अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद का कार्य संचालन करता रहे । इसके पश्चात् १ अगस्त को लोकमान्य तिलक की सम्वतसरी के जुलूस का नेतृत्व करते हुए वे गिरफ्तार कर लिये गये और तीन महीने के लिये जेल भेज दिये गये ।

इस प्रकार वे राष्ट्रीय संग्राम के अग्रिम मोर्चे पर डटकर बार-बार सरकार के प्रहारों को झेलते रहे । यद्यपि जेल के कष्टों से उनका स्वास्थ्य खराब हो गया, पर बीमारी की दशा में भी उन्होंने बड़े-बड़े महत्त्वपूर्ण कार्यों को पूरा किया और अन्त में सन् १९३६-३७ में वह समय आ गया जब सरकार कांग्रेस की शक्ति के सामने बहुत झुक गई और भारत के अधिकांश प्रान्तों में कांग्रेस के चुने हुए प्रतिनिधि शासन-संचालन करने लगे । इस समस्त शासनों का सूत्र सरदार पटेल के ही हाथों में था और वे ही 'पार्लियामेण्टरी बोर्ड' के अध्यक्ष थे, जो विधान सभाओं के लिये कांग्रेसी उम्मीदवारों तथा मन्त्रिमण्डलों के प्रमुख मंत्रियों का निर्णय करता था । यद्यपि सन् १९३९ में द्वितीय यूरोपीय महायुद्ध आरम्भ हो जाने पर कांग्रेसी मन्त्रिमण्डलों ने इस्तीफे दे दिये पर इस ढाई वर्ष के बीच में ही उन्होंने राष्ट्रीय प्रगति की दृष्टि से जो विशेष कार्य किये उनसे कांग्रेस की सामर्थ्य का सिक्का देश और विदेशों में अच्छी तरह जम गया ।

सन् १९४२ का विद्रोह

कांग्रेसी मंत्रिमण्डलों के भंग किये जाने के बाद देश में फिर सरकार विरोधी आन्दोलन जोर पकड़ने लगा । अब कांग्रेस की शक्ति काफी बढ़ गई थी और अनेक लोगों की दृष्टि में वह भारत की अप्रत्यक्ष शासनकर्ता बन चुकी थी । भारतीय सरकारी कर्मचारी का भी मनोभाव बदलता जा रहा था वे जानते थे कि देश की जनता कांग्रेस के साथ है और वह किसी भी दिन शासन की बागडोर ग्रहण कर सकती है । इसलिये अब कांग्रेसी नेताओं के परामर्श और भावी कार्यक्रम इसी दृष्टिकोण को लेकर होते थे कि भारत का शासन भारतीय जनता के प्रतिनिधियों की दृष्टि से किस प्रकार चलाया जाये ? उन्होंने माँग की भारत सरकार को अपने युद्ध सम्बन्धी निर्णयों में भारतीय जनता के प्रतिनिधियों की सम्मति लेनी चाहिये अन्यथा हम युद्ध का विरोध करेंगे । जब ब्रिटिश सरकार ने इस बात पर कोई ध्यान न दिया तो कांग्रेस की कार्य-समिति ने "युद्ध विरोधी सत्याग्रह" आरम्भ कर दिया । इसमें गाँधी जी द्वारा चुने हुए व्यक्तियों को एक-एक करके युद्ध विरोधी भाषण करके जेल जाना था । सबसे पहला सत्याग्रही होने का गौरव बिनोवा भावे को दिया गया, क्योंकि गाँधी जी की दृष्टि में वे आदर्श अहिंसावादी और सत्याग्रह के मर्म को समझने वाले व्यक्ति थे । इस सम्बन्ध में गुजरात और सौराष्ट्र को विशेष रूप से तैयार करने के लिये सरदार पटेल विभिन्न स्थानों का दौरा करने लगे और जनता को अपने जन्मसिद्ध अधिकार 'स्वराज्य' के लिये पूर्ण रूप से तैयार हो जाने को समझाने लगे । उन्होंने कहा—

"राष्ट्रीय भावना को संसार की कोई शक्ति नष्ट नहीं कर सकती । ब्रिटिश सरकार पूछती है कि "यदि वे इस देश को छोड़ कर चले जायें तो हमारा क्या बनेगा ? निश्चय ही यह एक विचित्र प्रश्न है । यह ऐसा प्रश्न है जैसे चौकीदार अपने स्वामी से कहे कि 'यदि में चला जाऊँ तो आपका क्या होगा ?" इसका उत्तर यही होगा कि "तुम अपना रास्ता नापो । या तो हम दूसरा चौकीदार रख लेंगे या हम अपनी रखवाली आप करना सीख जायेंगे ।" पर हमारा यह चौकीदार जाता नहीं वरन् मालिक को धमकाता है ।"

सरदार पटेल ने १७ नवम्बर, १९४० को व्यक्तिगत सत्याग्रह करने की घोषणा की पर पुलिस ने दिन निकलने से पहले ही उनको गिरफ्तार कर लिया । पर जेल में वे बीमार हो गये और उनका आँतों का रोग ऐसे भयंकर रूप में उमड़ आया कि जीवन की आशंका होने लगी । सरकारी डाक्टरों ने इसका इलाज ऑपरेशन करना बताया । पर यह ऑपरेशन भी इतना भयंकर होने को था कि उसमें जान जोखिम का प्रश्न था । सरकारी अधिकारियों ने इस जिम्मेदारी से बचने के लिये सरदार को नौ-दस महीने बाद ही जेल से छोड़ दिया । बाहर आने पर जब उनके निजी डाक्टरों ने जाँच की तो उन्होंने ऑपरेशन के बजाय दवाओं का प्रयोग करने की सम्मति दी । कई महीने तक ऐलोपैथिक और हौम्योपैथिक चिकित्सक दवायें देते रहे पर किसी से विशेष लाभ न हुआ । तब गाँधी जी ने उनको सेवाग्राम

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

(वर्धा) बुलाकर प्राकृतिक चिकित्सा की सलाह दी । प्राकृतिक चिकित्सा से हालात में काफी सुधार हुआ, पर उस समय निरन्तर बदलने वाली राजनीतिक परिस्थितियों के कारण उनका एक स्थान पर जम कर कई महीने तक रह सकना असम्भव था । इसलिये दो महीने तक वर्धा में रहकर वे पुनः अपने कार्य क्षेत्र में आ गये ।

"अंग्रेजो भारत छोड़ो"

जब कांग्रेस के मुख्य नेताओं की दृष्टि में वह समय आ गया था, जब उनको अन्तिम रूप से स्वतन्त्र होने का निश्चय करके अंग्रेजों से खुले तौर पर कह देना चाहिये कि "आप यहाँ से चले जायें ।" जबान से तो इन शब्दों को कहना कोई कठिन काम न था और सभी उग्र राजनीतिज्ञ बरसों से यही कह रहे थे । पर इस बार केवल मुँह से कह देने की बात न थी, वरन् निश्चय किया गया था कि जो कुछ कहा जाये उसे कार्य रूप में भी परिणित किया जाये । इस सम्बन्ध में कांग्रेस कार्यसमिति की जो बैठक जुलाई १९४२ में हुई उसमें देश को एक नया आदेश देने का प्रस्ताव पास किया गया, जिसका सारांश था 'अंग्रेज चले जाओ !' यद्यपि इस उद्देश्य को किस विधि से पूरा किया जाये इस सम्बन्ध में सब नेताओं के मनोभाव एक से न थे, तो भी वर्धा में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया और यह निश्चय किया गया कि ९ अगस्त को बम्बई में 'अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी' की बैठक करके इसकी पुष्टि कराई जाये और देश भर में एक विशाल आन्दोलन खड़ा कर दिया जाये, जिसे सरकार सँभाल न सके । नेताओं में से कुछ के मन में अभी तक अहिंसात्मक सिद्धान्त की भावना काम कर रही थी, पर सरदार पटेल अब देशव्यापी क्रान्ति के लिये तैयार हो गये । उस समय देश का वातावरण ऐसा गर्म हो गया था कि किसी को यह भरोसा न था कि किस समय देश में अशान्ति का दौरदौरा हो जायेगा, अथवा किस समय सरकार का दमनचक्र चल पड़ेगा और सब राजनीतिक कार्यकर्ताओं को युद्ध सम्बन्धी आर्डिनेंस के अन्तर्गत एक ही दिन गिरफ्तार करके जेल के सीखचों में बन्द कर दिया जायेगा । सरदार पटेल अपनी मानसिक स्थिति के कारण इस बात को बहुत अच्छी तरह समझते थे, इसलिये उन्होंने एक दिन का समय भी न खोकर वर्धा से लौटते ही अहमदाबाद की एक लाख व्यक्तियों की विराट सभा में अपना सन्देश कह सुनाया—

"ऐसा समय फिर नहीं आयेगा । आप मन में भय न रखें । किसी को यह कहने का मौका न मिले कि गाँधी जी अकेले थे । जब वे ७४ वर्ष की आयु में हिन्दुस्तान की लड़ाई लड़ने के लिये, उसका भार उठाने के लिये निकल पड़े हैं, तब हमें भी समय का विचार कर लेना चाहिये । आपसे माँग की जाये या न की जाये, समय आये या न आये, किन्तु अब आपके लिये कुछ पूछने की बात नहीं रह जाती । सन् १९१९ में रौलट एक्ट के विरोध से लेकर अब तक जितने भी कार्यक्रम रहें हैं उन सबका समावेश इसमें हो जायेगा । "टैक्स मत चुकाओ आन्दोलन' कानून-भंग और इसी तरह की दूसरी लड़ाइयाँ जो सीधे रूप में सरकारी शासन के बन्धन तोड़ने वाली हैं, उन्हें कांग्रेस अपना लेगी । रेलवे वाले रेलें बन्द करके, तार विभाग वाले तार विभाग बन्द करके, डाकखाने वाले डाक का काम छोड़कर, सरकारी नौकर अपनी नौकरियाँ छोड़कर और स्कूल, कॉलेज बन्द करके सरकार के तमाम यंत्रों को स्थगित कर दिया जाये । यह लड़ाई इसी किस्म की होगी । इसमें आप सब भाई साथ दीजिये । इसमें आपका हार्दिक सहयोग होगा, तो यह लड़ाई थोड़े ही दिनों में खत्म हो जायेगी और अंग्रेजों को यहाँ से चला जाना पड़ेगा । काम करने वालों को सरकार पकड़ भी ले, तो हर एक हिन्दुस्तानी अपने आपको कांग्रेसी समझे और उसी तरह अपना फर्ज अदा करे । अगर वह पुकार होते ही लड़ने को तैयार हो जाये, तो स्वतन्त्रता हमारा दरवाजा खटखटाती हुई आकर खड़ी हो जायेगी ।"

इन बातों को सरदार पटेल ने कई सभाओं में दुहराया और इस प्रकार अपने साथियों और अनुयायियों को आगामी देशव्यापी विद्रोह का संकेत देकर वे एक अगस्त को ही बम्बई चले गये और वहाँ उन्होंने चौपाटी पर सार्वजनिक सभा में अपने अहमदाबाद वाले संदेश को और भी संक्षिप्त और स्पष्ट करते हुए कहा—

"आपको यही समझ कर यह लड़ाई छेड़नी है कि महात्मा गाँधी और नेताओं को पकड़ लिया जायेगा । गाँधी जी को पकड़ा जाये तो आपके हाथ में ऐसा करने की ताकत है कि २४ घण्टे में ब्रिटिश सरकार का शासन समाप्त हो जाये । आपको सब कुंजियाँ बता दी गई हैं, उनके अनुसार अमल कीजिये । सरकार का शासन चलाने वाले अगर सभी लोग हट जायें, तो सारा शासन भंग हो जायेगा ।"

७ और ८ अगस्त की कांग्रेस कमेटी की मीटिंग में तो गाँधी जी के 'अंग्रेज चले जाओ' प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सरदार पटेल ने जो कुछ कहा वह एक प्रकार से अगले दिन ९ अगस्त से आरम्भ होने वाले विद्रोह का श्रीगणेश करना ही था । उन्होंने कांग्रेस के अहिंसा सिद्धान्त का जिक्र करते हुए कहा—

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

"लड़ाई के समय हमारा कार्यक्रम हमेशा गाँधी ने तैयार किया है । जब तक वे बैठे हैं, वे जो हुक्म देंगे वहीं हम मानेंगे । नरम हो या गरम, जो वे कहें वही करना सिपाहियों का काम है । हमें बड़ी-बड़ी धमकियाँ दी जा रही हैं । हुकूमत का तरीका सबको मालूम है । वह सबको पकड़ेगी । बहुत-सी सूचियाँ और आर्डिनेंस तैयार किये गये हैं और तैयार किये जायेंगे । वह तो पिछली लड़ाइयों के समय से दफ्तरों में तैयार रखे थे, उनमें नई बात क्या है ? मगर हमें अपनी जिम्मेदारी सोच लेनी है, समझ लेनी है । जब तक गाँधी जी मौजूद हैं, तब तक वे जो हुक्म दें, जो हिदायत जारी करें, एक के बाद एक जो कदम उठाने को कहें, वही उठाना है, न जल्दबाजी की जाये, न पीछे रहा जाये । हर एक व्यक्ति को आज्ञा और अनुशासन का पालन करना है । लेकिन मान लीजिये सरकार ने ही कुछ किया, सबको पहले से ही पकड़ लिया, तो क्या किया जाये ? ऐसा हो, अगर सरकार गाँधी जी को पकड़ ले, तो ऐसे मौके पर कदम-कदम की बात नहीं हो सकती । फिर तो हर एक हिन्दुस्तानी का—जिन्होंने इस देश में जन्म लिया है उन सबका—यह फर्ज होगा कि अपने देश की आजादी तुरन्त हासिल करने के लिये उसे जो सूझे वही कर डाले । जो यहाँ बैठे हैं, वे सब इतनी बात यहीं से लेते जायें, जब तक गाँधी जी हैं, वे हमारे सेनापति हैं । परन्तु वह पकड़े जायें तो किसी की जिम्मेदारी किसी पर नहीं रहेगी । सारी जिम्मेदारी अंग्रेजों के सिर रहेगी । अराजकता की जिम्मेदारी भी उन्ही पर होगी । अराजकता का डर अब देश को नहीं रोक सकेगा ।"

अखबारों के साधारण पाठक सन् १९४२ के विद्रोह के समय समझते थे कि ये दुर्घटनायें नेताओं की गिरफ्तारी से उत्तेजित होकर की जा रही हैं । पर सरदार पटेल के ऊपर दिये उद्‌गार साफ बतलाते हैं कि विद्रोह की योजना पहले ही निश्चित कर ली गई थी और सभी नेताओं को उसका पता था । पर सरदार पटेल तो उसके लिये पूरी तरह तैयार थे और उनको आगामी सप्ताह में ही होने वाली तोड़-फोड़ और घोर अशान्ति का अच्छी तरह पता था । उन्होंने अपने अहमदाबाद के भाषण में जो रेल, तार, डाक आदि के बन्द हो जाने का संकेत किया तो लोगों ने भी विद्रोह के पहले दिन इन्हीं को रोकने की व्यवस्था की । उस दिन समस्त देश में सैकड़ों स्थानों पर रेल की पटरियाँ उखाड़ी गईं, तार काटे गये और डाकखाने जलाये गये । जनता के बड़े-बड़े दलों ने अनेक कस्बों तथा छोटे नगरों के कलक्टरी के कार्यालय और खजानों पर हमला किया और बहुत से स्थानों में दो चार दिन के लिये अपनी 'सरकार' भी कायम कर दी । पर सरदार पटेल को अपनी जनता की शक्ति का पूरा अनुमान था । इसलिये उन्होंने गिरफ्तारी से कुछ पहले ही कह दिया था "बस, हमारी क्रान्ति सात दिन की होगी । इसमें जो कुछ कर सकते हो बड़ी तेजी से कर डालो ।"

क्या यह एक आश्चर्य की बात नहीं है कि देश को स्वतन्त्र कराने का इतना बड़ा काम एक ऐसे व्यक्ति ने किया, जिसका स्वास्थ्य नष्ट हो चुका था, आन्तरिक अंगों में खराबी आ जाने से जो सदैव रोगी ही बने रहते थे ? अहमदनगर के जेलखाने में भी अपने जीवन से निराश थे । हमेशा परहेज करते रहने की जिन्दगी उनको पसन्द नहीं आती थी, तो भी देश की खातिर वे सब कुछ चुपचाप सहन करते रहे और उसी रोगी शरीर का भार ढोते हुए भारत को एक सुदृढ़ राष्ट्र बनाने का सर्वोच्च कार्य पूरा कर गये । महापुरुषों का यही लक्षण होता है कि वे परमार्थ के लिये स्वार्थ को छोड़ सकने की पूरी सामर्थ्य रखते हैं ।

जानकार लोगों का कहना है कि यद्यपि कांग्रेस कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से 'अंग्रेजो चले जाओ' वाला प्रस्ताव पास किया था, पर आपस के वाद-विवाद में मौलाना आजाद, डॉ. सैयद महमूद और आसफअली की राय यह थी कि महात्मा गाँधी और कांग्रेस को यह आन्दोलन आरम्भ नहीं करना चाहिये था । नेहरू जी और पंतजी भी कुछ अंशों में इस मत के समर्थक थे । इन लोगों का कहना था कि इस प्रकार के आन्दोलन से अमरीका और चीन, जो भारत को स्वतन्त्र किये जाने के पक्ष में हैं, हमसे सहानुभूति न रखेंगे । वे हमारे इस कार्य को इस निगाह से देखेगे कि मानो हम युद्ध-प्रयत्नों में बाधा डाल रहे हैं और इस प्रकार हिटलर की सहायता कर रहे हैं । पर सरदार पटेल का मत इसके विपरीत था और वे अन्त तक १९४२ के 'अंग्रेज चले जाओ' आन्दोलन का पूर्ण रूप से समर्थन करते रहे ।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात्

यद्यपि स्वतन्त्रता-संग्राम में सरदार पटेल ने जितने महत्त्वपूर्ण कार्य किये उनका महत्त्व देश के किसी अन्य नेता के कार्यों से न्यून न था पर स्वतन्त्रता प्राप्त हो जाने के पश्चात् कांग्रेस के सामने जो परीक्षा की घड़ी आई कि वह शासन-संचालन कर सकने की योग्यता रखती है या नहीं, उस समय लोगों ने उनकी वास्तविक शक्ति और योग्यता का अनुभव किया । पाकिस्तान के बनते ही वहाँ के हिन्दुओं पर जो आपत्ति आई और लाखों व्यक्ति घरवार छोड़कर प्राण बचाने के लिये भारत में चले आये उनकी सुरक्षा और पुनर्वास की व्यवस्था करना एक बड़ी विकट समस्या थी । एक तरफ देश में जगह-जगह हिंसा और खून-खराबा का

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

ताण्डव हो रहा था और दूसरी और लाखों बेघरबार के व्यक्ति स्त्री-बच्चों को लेकर नगर की सड़कों पर पड़े थे । चारों तरफ भयंकर और निराशापूर्ण दृश्य दिखाई पड़ रहे थे, और लोग सोचने लगे थे कि इससे तो अंग्रेजों का राज्य ही अच्छा था ।

पर सरदार पटेल, जिनके ऊपर गृह विभाग के मन्त्री की हैसियत से इन सब समस्याओं को सुलझाने की जिम्मेदारी थी जरा भी न घबड़ाये और उन्होंने अपने अदम्य साहस और विलक्षण बुद्धि कुछ ही दिनों में शान्ति और सुव्यवस्था स्थापित करके देश को प्रगति के मार्ग पर गतिशील कर दिया । जो पंजाबी बन्धु शरणार्थी के रूप में एक भार की तरह प्रतीत होते थे वे ही थोड़ी-सी आवश्यक सहायता और साधन मिल जाने पर 'पुरुषार्थी' के रूप में परिवर्तित हो गये । दूसरी काली घटा देशी रियासतों की तरफ से उठी, जहाँ सभी अपने को 'खुदमुख्तार' समझने लगे थे । वास्तव में अगर स्वतन्त्रता प्राप्त हो जाने के बाद भी भारत पूर्ववत् सात सौ हिस्सों में बँटा रहता तो उस स्वतन्त्रता का मूल्य कम बहुत हो जाता है और वे रियासतें कदम-कदम पर देश की प्रगति में रोड़ा अटकाने वाली ही सिद्ध होतीं । पर सरदार ने ऐसा चमत्कार कर दिखाया कि एक वर्ष के भीतर ही अधिकांश रियासतें स्वेच्छा से भारतीय संघ में विलीन होकर उसका एक उपयोगी अंग बन गईं ।

गाँधी जी की हत्या उस युग की सबसे अधिक सनसनी की घटना थी । कुछ लोगों ने उसके सम्बन्ध में सरदार पटेल पर भी दोष लगाया कि उन्होंने गाँधी जी की रक्षा में अकर्मण्यता दिखलाई । कुछ लोगों ने घुमा-फिराकर यहाँ तक शंका प्रकट की कि श्री पटेल ने जानबूझकर ऐसी घटना हो जाने दी, पर जो लोग गाँधी जी और पटेल के सम्बन्धों को जानते थे और उनके मनोभावों से परिचित थे, उन्होंने इस प्रकार की आशंका को भी 'शत्रुओं' का कार्य बतलाया । इसमें एक भेद की बात यह थी कि पटेल 'हिन्दुत्व' के समर्थक अवश्य थे और जवाहरलाल नेहरू 'असाम्प्रदायिकता' के जरूरत से ज्यादा पक्षपाती हो जाते थे, इससे इन दोनों में शासन सम्बन्धी मामलों में कुछ मतभेद बना रहता था । अनेक अवसरों पर मन्त्रिमण्डल के कुछ सदस्य, जिनमें मौलाना आजाद और हुमायूँ कबीर का नाम लिया जाता है, इस मतभेद को बढ़ाने और प्रधानमन्त्री को अपने अनुकूल करने की चेष्टा करते रहते थे । ऐसे ही लोग और उनके दल वाले सरदार पटेल पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में तरह-तरह के आक्षेप लगाकर उनके महत्त्व को घटाने की चेष्टा किया करते थे, पर जनता में सरदार का इतना अधिक प्रभाव था कि कोई उनका कुछ बिगाड़ न सका ।

इधर सरदार को किसी प्रकार के मन्त्री पद की कुछ परवाह भी न थी । उनकी खरी देशभक्ति और साहसपूर्ण कारनामों ने उनको इतना लोकप्रिय बना दिया था कि वे जिस स्थिति में रहते देश पर उनका प्रभाव अद्वितीय रूप में बना रहता । जब उन्होंने कुछ लोगों को अपने विरुद्ध जवाहरलालजी के कान भरते देखा, तो उसी ३० जनवरी, १९४८ को, जिस दिन सन्ध्या के ५ बजे गाँधी की हत्या की गई, दोपहर के समय गाँधी से भेंट की थी और अनुरोध किया था कि वे उनको मन्त्री पद से त्यागपत्र देने की अनुमति दे दें । उनकी यह बात सुनकर गाँधी जी ने उनके सामने अपना हृदय खोलकर रख दिया । उन्होंने कहा—"पहले मेरा विचार होता था कि नेहरू और पटेल में से कोई एक मन्त्रिमण्डल से पृथक हो जाये । पर अब स्थिति को देखते हुए मैं इस दृढ़ निश्चय पर पहुँचा हूँ कि मन्त्रिमण्डल में दोनों का रहना आवश्यक है । लार्ड माउण्टबेटन ने भी मुझसे जोर देकर कहा है कि राष्ट्रहित की दृष्टि से दोनों का रहना अनिवार्य है । मैं आज प्रार्थना के पश्चात् इसी विषय पर भाषण करूँगा ।" पर उनको उस सम्बन्ध में कुछ कहने का अवसर ही न मिला क्योंकि प्रार्थना सभा में घुसते ही एक आततायी ने उनको गोली मार दी । श्री पटेल ने बातचीत के अन्त में गाँधी जी का आग्रह देखकर यह वचन दे दिया था कि वे मन्त्री बने रहकर नेहरू जी को सदा पूर्ण सहयोग देते रहेंगे ।"

गाँधी जी की मृत्यु होने पर सरदार पटेल को इतना मानसिक धक्का लगा कि उनकी स्वाभाविक हँसी बिल्कुल गायब हो गई और बीस दिन के भीतर ही उनको हृदय रोग हो गया । यह देखकर उनकी पुत्री मणिवेन को महादेव भाई की डायरी के ये शब्द याद आने लगे कि—"सरदार ने गाँधी जी से कहा था कि आपके स्वर्गवास के पश्चात् मेरी भी जीने की इच्छा नहीं है । मैं भगवान् से प्रार्थना करता हूँ कि हम दोनों की मृत्यु साथ-साथ हो ।"

दो सच्चे और राष्ट्र-सेवक मित्र

नेहरू जी और सरदार पटेल के मतभेद की यह कहानी बड़ी दिलचस्प और साथ ही शिक्षाप्रद भी है । इसका विश्लेषण करने से हम जान सकते हैं कि गीता में भगवान् कृष्ण ने अर्जुन को अनासक्त कर्मयोग का जो उपदेश दिया था उसका पालन किस प्रकार किया जाता है । वास्तव में नेहरू जी और पटेल साहब दोनों ही इतने महान् व्यक्ति थे कि देश का शासन-संचालन करना उनके लिये कठिन न था । पर दोनों में एक-एक गुण की प्रमुखता थी जिसे देखकर महामानव गाँधी जी ने नेहरू जी को अन्तर्राष्ट्रीय और पटेलजी को राष्ट्रीय समस्याओं को सुलझाने के लिये

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अधिक उपयुक्त समझा । सरदार पटेल नेहरू जी से चौदह वर्ष बड़े थे और राष्ट्रीय संग्राम में उनकी सेवायें भी कम न थीं, पर गाँधी जी के भाव को समझकर उन्होंने नेहरू जी को प्रधानमन्त्री और स्वयं को उपप्रधानमन्त्री रहना स्वीकार किया । इन दोनों का यह सहयोग भारतीय इतिहास में ही नहीं संसार के इतिहास में भी महत्त्वपूर्ण माना जा सकता है । यदि हम चाहें तो इसकी तुलना 'गीता' के धनुर्धर अर्जुन और सारथी कृष्ण से भी कर सकते हैं । तभी इसका जिक्र करते हुए 'भारतीय कांग्रेस' के इतिहास लेखक तथा सुप्रसिद्ध राजनीतिक नेता डॉ. पट्टाभि सीतारमैय्या ने लिखा था—

"इस बात पर प्रायः आश्चर्य प्रकट किया जाता है कि यदि इन दोनों विरोधियों का सहयोग इतना सुखदायक, इतना उपयुक्त और इतना एकाकार न होता तो दिल्ली की केन्द्रीय सरकार की कैसी दशा होती ? यदि दो मित्र एक-दूसरे की बात को हमेशा काटते रहें तो उनका सहयोग आदर्श नहीं हो सकता । यदि दो साथी एक-दूसरे के ऊपर सदा आक्रमण करते रहें, तो वे कोई उन्नति नहीं कर सकते और न कोई निर्णय कर सकते हैं । पर हमारे यह दोनों नेता बिल्कुल भिन्न प्रकार के हैं । अतएव हमको उनकी पृथक-पृथक विशेषताओं को समझना चाहिये जिसके कारण वे एक दूसरे को उपयोगी सहयोग देते रहे ।"

यह कहना तो अतिशयोक्ति होगी कि "सरदार पटेल और नेहरू जी का दृष्टिकोण एक था किन्तु वे विभिन्नता में भी एकता के अद्‌भुत उदाहरण थे । एक हाथ की कोई भी दो अंगुलियाँ एक जैसी नहीं होतीं । एक माता-पिता की सन्तान कोई दो भाई एक जैसा न तो सोचते, न अनुभव करते और न कार्य करते हैं । एक-दूसरे से मतभेद रखना और भिन्न-भिन्न मार्ग पर चलना स्वाभाविक है । हमारे इन दोनों नेताओं के मतभेद केवल अपनी-अपनी प्रकृति के कारण ही नहीं थे वरन् भारत सरकार में अपने-अपने विभागों के कारण भी थे । गृहमन्त्री को आंतरिक सुरक्षा तथा शान्ति की उच्चतम भावना को बनाये रखना पड़ता है, जबकि परराष्ट्रमन्त्री को किसी विशेष मामले या स्वीकृत नीति के सम्बन्ध में विदेशों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखना पड़ता है । पर हमारे पूज्य सरदार और प्यारे नेहरू दोनों ने ही सहयोग कला में अपनी उच्च योग्यता का परिचय दिया ।"

इन दोनों महान् नेताओं का सहयोग व्यावहारिक रूप से किस प्रकार प्रकट हुआ, यह कांग्रेस के उच्च कार्यकर्ता तथा सभी नेताओं से सपर्क रखने वाले श्री हरिभाऊ उपाध्याय के इस लेखांश से विदित हो सकता है—

"पं. जवाहरलाल नेहरू तथा सरदार के मिजाज में बहुत अन्तर था यहाँ तक कि उन दोनों की कार्यप्रणाली भी एक-दूसरे से भिन्न प्रकार की थी, किन्तु भारत के स्वतन्त्र होने के पश्चात् सरदार, नेहरू जी को अपना नेता मानने लगे थे । इसके बदले नेहरू जी, सरदार को परिवार का सबसे वृद्ध पुरुष मानते थे । दोनों के मतभेद के विषय में प्रायः अफवाहें फैल जाती थीं और विभेदात्मक नीति वाले अत्यन्त प्रसन्न होकर उनमें फूट पड़ जाने की आशा करने लगते थे । किन्तु सरदार ने कभी पानी को सिर से ऊपर नहीं निकलने दिया । यदि कोई उन दोनों में से किसी की भी नीति पर आक्रमण करता तो उक्त आलोचक को वह दोनों फटकार देते । वे दोनों एक-दूसरे के कवच थे । एक कांग्रेसी कार्यकर्ता ने, जिसे सरदार का विश्वासपात्र समझा जाता था, बतलाया कि—"सरदार ने मुझसे अपनी मृत्यु शय्या पर गुप्त रीति से कहा था कि हमको नेहरू जी की अच्छी तरह देखभाल करनी चाहिये, क्योंकि मेरी मृत्यु से उनको बहुत दुःख होगा ।" इसी प्रकार की घटना नेहरू जी की भी है । सरदार पटेल अपने व्यंग के लिये प्रसिद्ध थे और एक दिन नेहरू जी भी उनके व्यंग के शिकार हो गये । उस समय उपस्थित एक मित्र ने इसका जिक्र नेहरू जी से कर दिया, तो नेहरू जी ने उत्तर दिया—"इसमें क्या बात है ? आखिर एक बुजुर्ग के रूप में उनको हमारी हँसी उड़ाने का पूर्ण अधिकार है । वे हमारी चौकसी करने वाले हैं ।" नेहरू जी के उत्तर से लाजबाव होकर वे सज्जन शीघ्र ही वहाँ से चले गये ।"

भारतीय राष्ट्र का निर्माण करने वाले इन दोनों महापुरुषों की महिमा इतनी अधिक है कि बहुत वर्ष बीत जाने पर भी लोग उनका स्मरण कहते रहेंगे । आज भी किसी राष्ट्रीय संकट के समय जनता सरदार पटेल की याद करती है । इसी प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं के गम्भीर हो जाने पर लोग नेहरू जी को याद करते रहते हैं । वर्तमान समय के खाने-कमाने वाले नेताओं से उनकी कोई तुलना नहीं की जा सकती । उनको राजनीतिक नेता के बजाय राजनीतिक तपस्वी कहना अधिक उचित होगा । उन्होंने देश के लिये कितना त्याग और कष्ट सहन किया इसे सब कोई जानता है । उनका बड़े से बड़ा विरोधी यह नहीं कह सका कि उन्होंने इन कार्यों से किसी प्रकार का निजी लाभ उठाया । यदि अन्य व्यक्तियों की तरह ये भी अपना धन्धा करते रहते तो सहज में धनीमानी बनकर खूब आराम का जीवन बिता सकते थे । पर इसके बजाय उन्होंने दिन-रात कठिन परिश्रम करके बदले में जेल का जीवन व्यतीत किया और जान-बूझकर हर तरह की हानि उठाई ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

प्रत्येक 'नेता' कहे जाने वाले को इस कसौटी पर किसी हद तक खरा उतरना ही चाहिये ।

सरदार पटेल राष्ट्रभक्त होने के साथ ही भारतीय संस्कृति के भी महान् पृष्ठपोषक थे । वे सदा अत्यन्त सादी देशी ढंग की वेशभूषा में रहते थे और घर का वातावरण प्राचीन ढंग का ही रखते थे । भारत का बँटवारा हो जाने के पश्चात् नवम्बर १९४७ में जब वे सौराष्ट्र का दौरा करने गये तो आरम्भिक मुसलमान आक्रमणकारियों द्वारा तोड़े गये सोमनाथ के मन्दिर को भी देखा । उसकी दुर्दशा देखकर उनको हार्दिक कष्ट हुआ और उसी समय उसके पुनः निर्माण का संकल्प कर लिया । सरदार की अपील पर बहुत थोड़े समय में ही देश के सभी भागों से एक बड़ी धनराशि इकट्ठी हो गई और सौराष्ट्र के राजप्रमुख जामसाहब की अध्यक्षता में ट्रस्टियों का एक बोर्ड मन्दिर के निर्माण कार्य की देखभाल के लिये नियुक्त कर दिया गया । कहना न होगा कि मन्दिर पुनः भारत के गौरव के अनुरूप तैयार हो गया, जिसकी मूर्तिप्रतिष्ठा के महोत्सव में भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्रप्रसाद ने भाग लिया ।

सन् १९४८ में जब सरदार एक भारतीय युद्धपोत में बैठकर गोआ के पास होकर गुजर रहे थे तो जहाज के कमाण्डिंग अफसर से कहा कि हमारे सामने अभी गोआ पर अधिकार कर लो.। जब कमाण्डर ने इस सम्बन्ध में कानूनी कठिनाइयाँ बतलाईं तो कहा—"खैर, अभी रहने दो, ऐसा करने से जवाहरलाल (नेहरू जी) इस पर एतराज करेगा ।"

सरदार पटेल का जीवन प्रत्येक मनुष्य के लिये एक बहुत बड़ा आदर्श उपस्थित करता है, वह यह कि मनुष्य को केवल कमाने-खाने की जिन्दगी ही व्यतीत नहीं करनी चाहिये, वरन् देश और समाज की रक्षा का प्रश्न उपस्थिति होने पर निजी स्वार्थ त्यागकर उसी को प्राथमिकता देनी चाहिये । यदि देश और समाज का पतन हो गया तो हमारी व्यक्तिगत उन्नति भी बेकार हो जाती है इसलिये जो कोई अपने मानव-जन्म को सार्थक करना चाहता है उसको अवश्य ही अपनी शक्ति और साधनों का एक अंश समाज सेवा के निमित्त लगाना चाहिये जो इसकी उपेक्षा करता है, वह एक प्रकार से बेईमानी करता है । हमारा जीवन-निर्वाह समाज के आश्रय से ही सम्भव होता है । यदि हम समाज-सेवा के कर्त्तव्य को पूरा नहीं करते तो इसका अर्थ यह है कि हम जीवन के अन्त तक समाज के ऋणी बने रहते हैं और उसका कुपरिणाम हमको आगामी जन्म में सहन करना पड़ेगा । इसलिये हमको अपने ही युग के महापुरुषों से, जिनमें सरदार पटेल का प्रमुख स्थान है, प्रेरणा लेकर देशभक्ति और समाज-सेवा के मार्ग पर चलना ही चाहिये ।

स्वातंत्र्य यज्ञ के हुतात्मा : वीर सावरकर

रत्नगर्भा भारत माता ने समय-समय पर जिन विभूतियों को उत्पन्न किया है, स्वनाम धन्य नर-शार्दूल सावरकर का स्थान उनमें बहुत ऊँचा है । सांसारिक अभ्युदय के लिये जिन साधनों, जिन योग्यताओं और जिन सुविधाओं की आवश्यकतायें हैं उन सबके होते हुए भी सावरकर जी ने अपनी जवानी में अपने उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि-सम्पन्न, सफल पारिवारिक जीवन, इष्टमित्रों, बन्धु-बान्धवों की सुनहरी आशाओं पर पानी फेर कर भारत माता की एक-एक आह पर अपनी अनेक अतृप्त चाहों को बलिदान कर दिया था ।

महाराष्ट्र के चिरपावन ब्राह्मणों का वंश भारत में प्रसिद्ध है । विगत दो शताब्दियों से इस वंश में निरन्तर ऐसे महापुरुष जन्म लेते रहे हैं, जिन्होंने अपनी प्रिय भारत-भूमि कि स्वतन्त्रता के लिये विदेशियों से जूझते हुए अपने प्राण तक देना गौरव का चिन्ह समझा है । १८५७ के क्रान्ति-युद्ध के नाना साहब पेशवा, ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह करने वाले वासुदेव बलवन्त फड़के, पूना के अंग्रेजी अधिकारियों को मारकर प्राण-दण्ड पाने वाले चापेकर बन्धु और रानाडे तथा लोकमान्य तिलक भी इसी वंश में पैदा हुए थे, इसी वंश में नासिक के समीप भगूर नामक गाँव में श्री दामोदर पंत सावरकर के यहाँ २८ मई सन् १८८३ को हमारे चरित्र-नायक श्री विनायक सावरकर का जन्म हुआ था, जो आगे चलकर क्रान्तिकारियों के अग्रणी बने जिनको विदेशियों ने 'हुतात्मा' कहकर सम्बोधित किया, जिसे यूरोपीय राजनीतिज्ञों ने मेजिनी, गैरीवाल्डी, वुल्फटोन आदि कहकर उसकी प्रशंसा की और जिसे अखिल भारतवर्ष ने 'स्वतन्त्र वीर' की उपाधि से विभूषित किया । सावरकर-बन्धु तीन भाई थे बड़े श्री गणेश, मझले हमारे चरित्र-नायक श्री विनायक और छोटे श्री नारायण ।

शैशव काल

किशोरावस्था में विनायक में ईश्वरप्रदत्त दैवी शक्तियाँ दृष्टिगोचर होने लगी थीं । इनके पिता इनमें ऊँची भावनायें

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

भरने के लिये महाभारत और रामायण की कहानियाँ तथा छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप आदि राष्ट्रीय वीर-पुरुषों की गाथायें सुनाया करते थे । इनके पिता स्वयं एक अच्छे कवि थे और वे अपने पुत्र में भी काव्य प्रतिभा पैदा करने के उद्देश्य से उन्हें मराठी के प्रख्यात कवि वापन, मोरोपन्त और सन्त तुकाराम की कवितायें सुनाया करते थे । इससे इनमें बचपन में ही ऐसी प्रेरणा पैदा हुई कि दस वर्ष की आयु में ही इन्होंने कविता करना आरम्भ कर दिया और मराठी के प्रसिद्ध पत्र उन्हें चाव से छापने लगे थे, यद्यपि वे यह न जानते थे कि इनका रचियता दस-बारह वर्ष का बालक है ।

घर में बहुत से ग्रन्थ एवं पत्र-पत्रिकायें पड़ी रहती थीं इनमें महाभारत का मराठी अनुवाद 'केसरी' पत्र की प्रतियाँ तथा मराठा वीरों की विजय गाथाओं से भरी पुस्तकें प्रमुख थीं । फुरसत के समय में विनायक इन्हें पढ़ा करते और अपने साथियों में राष्ट्रीयता के भाव भरा करते थे । इसके कारण वे अपने मित्रों में विद्वान्, देशभक्त और ओजस्वी वक्ता के रूप में पूजे जाते थे ।

अपने पिता के साथ विनायक प्रतिदिन देव-पूजा किया करते थे । घर में दुर्गा की एक भव्य मूर्ति थी । उन्हें विदित था कि शिवाजी देवी दुर्गा (भवानी) के एकनिष्ठ भक्त थे । इनके लिये भी दुर्गा प्रेरणा-शक्ति थी । वे घण्टों तक उसके समीप बैठे रहते और अपने देश को पराधीनता से मुक्त करने हेतु सहायता की याचना किया करते ।

सन् १८९७ में महाराष्ट्र में राजनीतिक जागरण का जोर था । राष्ट्रीय महासभा का शानदार सफल अधिवेशन, शिवाजी-जयन्ती और सार्वजनिक गणेशोत्सव आदि सम्मारोहों ने मराठा युवकों में एक अभूतपूर्व जोश पैदा कर दिया । पूना इस आन्दोलन का केन्द्र था । इस जोशीले राजनैतिक वातावरण से विनायक बहुत प्रभावित हो रहे थे । उसी समय पूना में भयानक प्लेग की बीमारी फैल गई और प्रतिदिन सैकड़ों व्यक्ति उचित चिकित्सा के अभाव में काल के ग्रास बन रहे थे । जिस पर अंग्रेज अफसरों ने प्लेग के चूहों का निर्मूलन करने के नाम पर घरों में घुसकर सम्भ्रान्त परिवारों की स्त्रियों के साथ में अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया था । अंग्रेजों के इस अशिष्ट एवं उद्दण्ड व्यवहार से कुपित होकर एक दिन चापेकर बन्धुओं ने एक अंग्रेज अधिकारी मि. रैण्ड को गोली से उड़ा दिया । यह समाचार बिजली की भाँति सर्वत्र फैल गया । धर-पकड़ आरम्भ हुई । चापेकर बन्धु निर्वासित किये गये । लोकमान्य तिलक गिरफ्तार कर जेल भेज दिये गये । चापेकर बन्धुओं को प्राण दण्ड दिया गया । जिस दिन चापेकर बन्धु यर्वदा जेल में फाँसी पर लटकाये गये, उसी दिन उन्होंने प्रातः उठकर प्रार्थना की और भगवद्गीता का पाठ करते हुए हँसते-हँसते फाँसी पर झूल गये । किशोर विनायक सावरकर पर इस घटना का गहरा असर हुआ । वे आप ही आप बोलने लगे—"चापेकर बन्धुओं ने मातृभूमि की प्रतिष्ठा के लिये अपने प्राण न्यौछावर कर दिये तो क्या मैं मौज-शौक में ही अपना जीवन बिताते हुए अंग्रेजों के अत्याचारों को केवल दर्शक बनकर देखता रहूँ ? चापेकर का कार्य अधूरा पड़ा है, मैं उसे पूरा करूँगा, अन्यथा उसके प्रयत्नों में अपनी प्राणाहुति दे दूँगा ।" वे तत्काल घर में प्रतिष्ठित दुर्गा के सम्मुख उपस्थिति हुए और थोड़ी देर तक आँखें मूँदकर शान्त खड़े रहने के बाद उन्होंने प्रतिज्ञा की कि "मैं भारत माता की दासता की जंजीरें तोड़ने के लिये अपना जीवन अर्पण करता हूँ । मैं गुप्त संस्थायें खोलूँगा, शस्त्र बनाऊँगा और समय आने पर हाथ में लेकर भारत माता की स्वतन्त्रता के लिये लड़ता-लड़ता मरूँगा ।"

उस दिन से विनायक ने अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिये नियमित कार्य आरम्भ कर दिया । उन्होंने सन् १९०० में नासिक में एक 'मित्र मेला' नाम से एक संस्था बनाई, जो आगे चलकर 'अभिनव भारत' के रूप में परिवर्तित हो गई थी । यह आरम्भ से ही एक क्रान्तिकारी संस्था थी, जिसका उद्देश्य सशस्त्र क्रान्ति द्वारा स्वतन्त्रता प्राप्त करना था । यह संस्था अपना कार्य गुप्त और प्रकट दोनों प्रकार से करती थी और धीरे-धीरे इसकी शाखायें सारे भारत में फैल गई थीं ।

इस संस्था द्वारा महाराष्ट्र के प्रमुख नगरों में शिवाजी जयन्ती और सार्वजनिक गणेशोत्सव मनाये जाते थे और इनके द्वारा जनता में राष्ट्रीयता की ज्योति जगाई जाती थी । आम सभाओं में क्रान्तिकारी विचार का प्रचार कर नवयुवकों को 'मित्र मेला' में भर्ती किया जाता था ।

यौवन काल

राजनैतिक आन्दोलनों में प्रमुख रूप से भाग लेते हुए उन्होंने अपने अध्ययन की कभी उपेक्षा नहीं की और न अपने साथियों को ही करने दी । यही कारण है कि विनायक परीक्षा में कभी भी अनुत्तीर्ण नहीं हुए । १९०१ में इन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और कॉलेज की शिक्षा के लिये नासिक छोड़कर पूना जाने का निश्चय किया । पूना के फर्ग्यूसन कॉलेज में प्रविष्ट होते ही उन्होंने निश्चय किया कि मैं महाराष्ट्र के कोने-कोने से पूना में विद्याध्ययन के लिये आने वाले छात्रों में राष्ट्रीय विचारों का प्रसार कर सारे प्रान्त को थोड़े ही समय में हिला दूँगा । ताकि यहाँ

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

से स्नातक बनकर निकले हुए विद्यार्थी अपने-अपने स्थानों में जाकर प्रान्त भर में क्रान्ति की लहर को फैला दें ।

कॉलेज के अध्ययन काल में वे लगातार इस दिशा में प्रयत्नशील रहे । इतिहास में इनकी स्वाभाविक रुचि थी और संसार की समग्र क्रान्तियों के इतिहास का उन्होंने गहन अध्ययन किया था । उनकी वक्तृत्व शक्ति अत्यन्त प्रभावोत्पादक थी, महाराष्ट्र के प्रसिद्ध नेता लोकमान्य एवं शिवराम पंत, परांजपे तक उनकी वक्तृता से प्रभावित हो गये थे । उस समय जबकि अनेक भारतीय नेतागण तक 'होमरूल आन्दोलन' चलाते हुए भी खुल्लमखुल्ला स्वराज्य की माँग करने में डरा करते थे, विनायक सावरकर खुलेआम स्वतन्त्रता और क्रान्ति के लिये जनता का आह्वान कर रहे थे । जब कॉलेज के आरामतलब और फैशनेबल लड़के सहभोजों और खेलों में व्यस्त होते थे, उस समय सावरकर की 'मित्र-मेला' के सदस्य रविवार की संध्या को पहाड़ियों के आँचल में छिपे हुए किसी जन-शून्य खण्डहर में एकत्रित होने और वहाँ स्वाधीनता के लिये लड़े जाने वाले स्वातन्त्र्य-युद्ध की योजनायें निर्धारित करते ।

सावरकर की इन उग्र प्रवृत्तियों से कॉलेज के अधिकारी सतर्क हो गये । वे इन क्रान्तिकारी विचारों को विद्यार्थियों के लिये हानिकारक समझने लगे । कुछ लोगों ने इन्हें नरम दल में लाने का काफी प्रयत्न भी किया परन्तु सभी प्रयत्न पूर्णरूप से विफल ही सिद्ध हुए । क्योंकि सावरकर के लिये मेजिनी, गैरीवाल्डी, शिवाजी और समर्थ रामदास ही आदर्श थे । सावरकर तथा उनके संगी-साथी सब एक जैसे कपड़े पहनते निर्धनता का जीवन बिताते, कठोर अध्ययन करते, नियमपूर्वक परीक्षाओं में उत्तीर्ण होते, स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करते, शारीरिक व्यायाम करते और साथ-साथ राजनैतिक विषयों पर विचार करते हुए सदा यह सोचा करते थे किस प्रकार अन्य पराधीन राष्ट्रों ने अपनी परतन्त्रता की बेड़ियाँ तोड़ीं और किस प्रकार भारत भी इन बेड़ियों को काटा जा सकता है ?

कभी-कभी ये अपने दल के साथ पूना के समीपस्थ पहाड़ी दुर्गों में जाया करते जहाँ उनके पूर्वजों ने अपनी वीरता की छाप अंकित की थी । कभी वे सिंहगढ़ को देखने जाते और उनके विजयी सेनापति ताना जी मालसुरे की वीरता का स्मरण करके ईश्वर से प्रार्थना किया करते थे कि वह उन्हें भी ऐसा बल दे ताकि वे अपने राष्ट्र के प्रति स्वकर्त्तव्य का यथोचित पालन कर सकें ।

१९०५-१९०६ में देश में स्वदेशी आन्दोलन का जोर हुआ । सावरकर इसमें उत्साहपूर्वक कूद पड़े । इन्होंने पूना, नासिक तथा महाराष्ट्र के अन्य स्थानों में स्वदेशी-प्रचार पर ओजस्वी भाषण दिये । ग्रीष्मावकाश में वे दिन में तीन-तीन, चार-चार जगह सभायें कर भाषण देते । इनके भाषणों का जनता पर इतना हृदयग्राही प्रभाव पड़ता था कि सहस्त्रों मनुष्य उन्हें मन्त्र-मुग्ध हो सुना करते । जनता में विदेशी वस्तुओं के प्रति घृणा उत्पन्न करने के लिये सावरकर-दल ने विदेशी वस्त्रों की एक बड़ी होली जलाने का निश्चय किया । यह विचार उस जमाने में इतना उग्र था कि स्वयं लोकमान्य तिलक भी ऐसा साहस करने में आगा-पीछा सोच रहे थे, परन्तु सावरकर ने इस काम को करने का बीड़ा उठा लिया और अनेक सभाओं में जोशीले भाषण देकर पूना की जनता को इसके लिये तैयार कर लिया । इस विषय में बुलाई गई अन्तिम सभा में सावरकर ने ओजस्वी वाणी से जनता को सम्बोधित करते हुए कहा—

"विदेशी वस्त्रों को घृणित और अपवित्र समझ कर अग्नि की भेंट कर दो और इस पवित्र अग्नि को साक्षी रखकर आज और अभी से स्वदेशी का व्रत धारण करो ।" इस आह्वान का जनता ने सहर्ष स्वागत किया और जिसने जो कुछ विदेशी वस्त्र धारण किया था—कुरता, पाजामा, पैन्ट, कोट, टोपी सब कुछ होली में फेंक दिया । भीड़ में से एक व्यक्ति ने आपत्ति करते हुए कहा—"वस्त्रों को जलाने से क्या फायदा ? यह तो उसका अपव्यय हुआ ।" इस पर विनायक ने बड़ी तेजी से उत्तर दिया—"इस विदेशी वस्त्रों की होली द्वारा उत्पन्न स्वदेश की भावना को पैसे से नहीं गिना जा सकता ।" विदेशी वस्त्रों की नहीं, विदेशी समर की होली का प्रतीक है । पूना शहर के मध्य एक भव्य मैदान में विदेशी वस्त्रों का विशाल ढेर लगाया गया, अग्नि प्रज्ज्वलित हुई और उसकी ऊँची-ऊँची लपटों से चारों ओर खड़ी जनता उत्साहित और प्रकाशित हो उठी । भारत में विदेशी वस्त्रों की यह सर्वप्रथम होली थी, जिसका सारा श्रेय सावरकर को था । इस अवसर पर स्वयं लोकमान्य तिलक उपस्थित रहे और उन्होंने भी अपने जोशीले भाषण से जनता को स्वदेशी-व्रत के लिये प्रोत्साहित किया ।

इस होली काण्ड से समाचार-पत्रों में बड़ी हलचल मच गई । 'केसरी', 'अमृत बाजार पत्रिका', 'बंगवासी' आदि पत्रों में यह समाचार प्रमुख रूप से प्रकाशित हुआ और उस पर कई दिनों तक टीका-टिप्पणियाँ होती रहीं । सरकार परस्त एवं अधगोरे पत्रों ने इसकी तीव्र आलोचना की, जिसके कारण कॉलेज के अधिकारी आतंकित हो गये और उन्होंने सरकारी कोप से बचने के लिये आन्दोलन के नेता सावरकर को दस रुपये दण्ड तथा चौबीस घण्टे के भीतर छात्रावास छोड़ने का आदेश दिया । इस पर 'केसरी काल' आदि महाराष्ट्र के अगण्य राष्ट्रीय पत्रों ने कॉलेज अधिकारियों की घोर निन्दा की । नासिक की जनता ने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

इसके उत्तर में सावरकर के समर्थन में वहाँ भी विदेशी वस्त्रों की प्रचण्ड होली जलाई । अनेक शहरों और कस्बों की सभाओं में सावरकर की प्रशंसा में प्रस्ताव पास किये गये और उनके लिये धनराशि एकत्रित की गई, जिससे सावरकर न केवल कॉलेज की—दण्ड राशि ही चुका सके बल्कि उन्होंने शेष धन सार्वजनिक निधि को दान दिया । बाद में बम्बई विश्वविद्यालय ने उन्हें बी. ए. की परीक्षा में सम्मिलित होने की आज्ञा दे दी और वे प्रथम श्रेणी में बी. ए. में उत्तीर्ण हुए ।

क्रान्ति का श्रीगणेश

सन् १९०५ में सावरकर ने स्नातक बनते ही अपना राजनैतिक आन्दोलन पुनः तीव्रगति से जारी करने की ठानी, उन्होंने अनेक राष्ट्रीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक सभा गुप्तरूप से बुलाई, जिसमें महाराष्ट्र के विविध संस्थाओं के लगभग दो-सौ प्रतिनिधि शामिल हुए । सबने खड़े होकर एक स्वर से देश की स्वतन्त्रता के लिये प्राणपन से लड़ने की प्रतिज्ञा की इसके पश्चात् सावरकर ने उसी सभा में 'अभिनव भारत' नाम से एक क्रान्तिकारी संस्था का संगठन किया और वे स्वयं इस संस्था की शाखायें सर्वत्र स्थापित करने हेतु महाराष्ट्र के विविध नगरों में घूम-घूम कर प्रचार कार्य करने लगे ।

यह सब करते हुए सावरकर बम्बई में वकालत भी पढ़ रहे थे । उन्हीं दिनों लन्दन में 'होमरूल सोसाइटी' के जन्मदाता डॉ. श्यामजी कृष्ण वर्मा ने भारतीय विद्यार्थियों को विदेश के स्वतंत्र वातावरण में राजनीति का अध्ययन करने के लिये एक छात्रवृत्ति देने की घोषणा की । सावरकर ने इसे प्राप्त करने के लिये लोकमान्य तिलक के प्रशस्ति-पत्र के साथ एक प्रार्थना-पत्र भेजा, जो स्वीकार हो गया । सावरकर के श्वसुर चिपलूनकर ने उन्हें विलायत यात्रा के लिये आवश्यक आर्थिक सहायता प्रदान की । सावरकर इस समय अंग्रेजों की निगाह में खतरनाक सिद्ध हो चुके थे और फलतः इन पर पुलिस की निगरानी भी आरम्भ हो गई थी । नासिक का उनका एक भाषण इतना क्रान्तिकारी था कि सरकार उन्हें गिरफ्तार करने की सोच ही रही थी पर उनकी विदेश यात्रा की खबर पाकर वह चुपचाप बैठ गई । ब्रिटिश राजनीतिज्ञ शायद यह सोचते होंगे कि इंग्लैण्ड जाकर सावरकर सम्भवतः ब्रिटिश साम्राज्य की महान शक्ति को देखकर अपना दृष्टिकोण बदल देंगे अथवा बैरिस्टर होने के बाद आर्थिक प्रलोभनों में पड़कर राजनैतिक आन्दोलन से हट जायेंगे परन्तु उनकी यह धारणा बिल्कुल भ्रमपूर्ण थी क्योंकि भारत से विदा होने के पूर्व की एक गुप्त सभा में अपने साथियों के समक्ष भाषण देते हुए उन्होंने स्पष्ट घोषणा की थी कि "अब तक मैं केवल महाराष्ट्र भर के युवकों में राष्ट्रीय भावना भरता रहा हूँ पर अब इंग्लैण्ड जाकर वहाँ मुझे भारत के विभिन्न प्रान्तों के होनहार विद्यार्थियों में प्रचार करने का सुअवसर मिलेगा ।" वे सब लोग बाद में बैरिस्टर, डाक्टर, प्रोफेसर आदि बनकर जब स्वदेश लौटेंगे, तब देश भर में क्रान्ति मचा देंगे । मुझे यह अच्छा स्वर्ण अवसर मिला है, जिसका मैं समुचित लाभ उठाऊँगा । मैं शत्रु के गढ़ में जाकर उसे भारत की अदम्य शक्ति का परिचय कराऊँगा ।

इंग्लैण्ड के लिये प्रस्थान

मई १९०६ में बाईस वर्ष की आयु में सावरकर ने लन्दन के लिये प्रस्थान किया । जहाज पर यात्रा में सावरकर खाली न बैठे । वे उसी जहाज से विदेश जा रहे थे अन्य भारतीय विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उनमें राष्ट्रीयता की भावना भरते थे । इंग्लैण्ड पहुँचने पर श्यामजी कृष्ण वर्मा ने इनका हार्दिक स्वागत किया । उन्होंने उस समय इंग्लैण्ड में भारतीय स्वतन्त्रता के लिये 'होमरूल लीग' की स्थापना की थी और उसके अन्तर्गत अपना आन्दोलन चला रहे थे । पर सावरकर ने लन्दन पहुँचने के एक वर्ष के भीतर ही वहाँ 'फ्री इण्डिया सोसायटी' नामक दूसरी उग्र संस्था खोली । इसके तत्वावधान में वे हर सप्ताह लंदन के विभिन्न क्षेत्रों में सभायें करते और उनमें इटली, फ्रांस, अमेरिका आदि देशों की क्रान्तियों पर ओजस्वी भाषण देते । इन सभाओं में काफी तादाद में भारतीय युवक सम्मिलित होते थे । इनमें से जो कुछ कर गुजरने की इच्छा प्रकट करते उन्हें सावरकर अपनी 'फ्री इण्डिया सोसायटी' का सदस्य बना लेते थे ।

श्री श्यामजी कृष्ण वर्मा भी सावरकर की प्रतिभा एवं प्रवृत्तियों से बड़े प्रभावित हुए और उन्होंने अपना 'होमरूल लीग' बन्द कर सावरकर की सोसायटी में सम्मिलित हो गये और अपना 'इण्डिया हाउस' नामक भवन सावरकर को सौंपकर स्वयं पेरिस चले गये । इसी समय लाला हरदयाल जी भी, जो आई. ए. एस. की परीक्षा पास करने लन्दन गये थे, सावरकर के सम्पर्क में आये और उन्होंने भी भारतीय स्वतन्त्रता के लिये जीवन अर्पण करने की प्रतिज्ञा की । उन्होंने सरकारी एवं विश्वविद्यालय से प्राप्त होने वाली छात्रवृत्ति त्याग दी और क्रान्तिकारी विचारों के कारण आजीवन भारत से निर्वासित रहे । इनके अतिरिक्त स्व. सरोजनी नायडू के भाई हरिन्द्र चट्टोपाध्याय, प्रसिद्ध क्रान्तिकारी भाई परमानन्द, श्री ज्ञानचन्द वर्मा, सेनापति जापट, पारसी समाज की प्रथम क्रान्तिकारी महिला भीकाजी कामा आदि लोग सावरकर के तेजस्वी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

व्यक्तित्व एवं प्रखर देश-प्रेम से प्रभावित होकर उनके सहयोगी बन गये ।

इसी समय भारत में 'बंग-भंग आन्दोलन' ने उग्र रूप धारण कर लिया और देश में खासकर बंगाल, पंजाब और महाराष्ट्र में हिंसात्मक कार्यवाही आरम्भ हो गई । पंजाब के लाला लाजपतराय और अजितसिंह निर्वासित किये गये । इस समस्या से इंग्लैण्ड के भारतीयों पर मानों बिजली कौंध गई । तत्काल भारत-सरकार की इस कुटिल कार्यवाही की निंदा करने हेतु लन्दन में एक आम सभा की जिसमें सावरकर ने ब्रिटिश सरकार की कटु आलोचना करते हुए भारतीय युवकों से अपील की कि वह इसका बदला चुकाने के लिये अपने सर्वस्व की बाजी लगा दें । सावरकर ने लन्दन में एक निर्वासित रूसी क्रान्तिकारी से बम बनाने की विधि सीख ली और उसे भारत में भी गुप्त रीति से भेजकर प्रचारित किया । सावरकर स्वयं भी बम बनाकर अपने साथियों को इसकी क्रियात्मक शिक्षा देते थे ।

इस समय लन्दन का 'इण्डिया हाउस' सावरकर की विविध प्रवृत्तियों का केन्द्र बन गया था । वहाँ प्रतिदिन हजारों पोस्टर और पैम्पलेट छापे जाते और उन्हें गुप्त रूप से भारत के विविध नगरों में प्रचारार्थ भेजा जाता था । साथ ही गुप्त सभायें भी हुआ करती थीं । इसी बीच सावरकर ने इटली के क्रान्तिकारी नेता जोजेफ मैजिनी की आत्म-कथा का मराठी अनुवाद प्रकाशनार्थ भारत भेज दिया, जो नासिक में प्रकाशित हुआ । जनता में इस पुस्तक की आशातीत बिक्री हुई । अनेक समाचार पत्रों ने इस पुस्तक पर सम्पादकीय लेख लिखकर उनकी प्रशंसा की । सरकार को यह असह्य हुआ और उसने उक्त पुस्तक को जब्त कर लिया । सावरकर जी का दूसरा ग्रन्थ '१८५७ का स्वतन्त्रता-संग्राम' था । मैजिनी के चरित्र द्वारा सावरकर भारतीयों को पश्चिमी ढंग की क्रान्ति का पाठ पढ़ाना चाहते थे और '१८५७ के स्वतत्रता संग्राम' द्वारा विषम परिस्थिति में भी क्रान्ति के लिये प्रेरित करना चाहते थे । सरकार ने इसे भी शीघ्र ही जब्त कर लिया ।

सावरकर द्वारा संस्थापित 'अभिनव भारत' संस्था की बढ़ती हुई ब्रिटिश विरोधी गतिविधियों से घबराकर ब्रिटिश सरकार ने इस संस्था को कुचलने का निश्चय किया । तदनुसार लन्दन का गुप्तचर विभाग भारतीय विद्यार्थियों की सभी गतिविधियों पर सतर्कता के साथ कड़ी नजर रखने लगा । इतना सब होते हुए भी 'अभिनव भारत' द्वारा मैडम कामा के सम्पादकत्व में लन्दन में 'वन्देमातरम्' नामक पत्र प्रकाशित होता रहा और इसके जोशीले लेखों से भरी हुई प्रतियाँ ब्रिटिश सरकार की आँखों में धूल झोंककर भारत के अनेक नगरों में पहुँच जाती थीं ।

लन्दन में सावरकर के 'इण्डिया हाउस' पर खुफिया पुलिस का सख्त पहरा था । जिस पर भी सावरकर-दल अपना कार्य सुचारू रूप से चलाता रहा । कुछ भारतीय युवक तो खुफिया विभाग में भी भर्ती हो गये थे और अपना वेतन 'अभिनव भारत संस्था' को दे दिया करते थे । कुछ दिनों बाद सरकार पर इसका रहस्य खुल गया और सावरकर की गिरफ्तारी के लिये वारण्ट जारी किया गया परन्तु ज्यों ही उन्हें पता लगा वे लन्दन छोड़कर अचानक वेल्स चले गये ।

वेल्स में भी राजनीतिक कार्यों में अत्यधिक लगन एवं चिन्ताओं से सावरकर का स्वास्थ्य निरन्तर गिरता गया, पर इनके मित्रों ने माता से भी बढ़कर इनकी परिचर्या की, रोग शय्या पर पड़े हुए भी ये क्रान्तिकारी पत्रों में लेख लिखते रहे । उन दिनों 'तलवार' नामक पत्र में इन्होंने जो लेख लिखा था, वह क्रान्तिकारियों की आन्तरिक भावनाओं का परिचायक है । लेख में क्रान्तिकारी आन्दोलन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा गया था—

"हमें गुप्त संस्थाओं और गुप्त तरीकों से लड़ने में कोई विशेष आनन्द नहीं आता । परन्तु जहाँ सच्चाई की बात दमन से दबा दी जाती हो, वहाँ गुप्त संस्थाओं का अस्तित्व अनिवार्य हो जाता है । जहाँ किसी राष्ट्र के राजनीतिक विकास एवं विचार को आतंक से कुचल दिया जाता हो, वहाँ सत्य को पुनः उसके उच्चासन पर प्रतिष्ठित करने के लिये विद्रोह ही एकमात्र प्रभावशाली साधन शेष रह जाता है । जिन देशों के लोग वैधानिक मार्ग से राज्य में अपना बहुमत स्थापित कर सकते हैं, जैसे इंग्लैण्ड, फ्रांस, अमेरिका आदि है, वहाँ गुप्त संस्थाओं द्वारा षड्यन्त्रकारी आन्दोलन चलाना अलबत्ता निन्दनीय हो सकता है । हमारे देश में भी जिस दिन वैध उपायों द्वारा अपने उद्देश्य को प्राप्त करना सम्भव प्रतीत होगा, उस दिन हम भी गुप्त एवं आतंकवादी मार्ग से मुँह मोड़ लेंगे । भारत को हमें हर हालत में स्वतन्त्र कराना है । हम हृदय से चाहते हैं कि हमारा यह उद्देश्य शान्तिपूर्ण और केवल शान्तिपूर्ण मार्ग से ही प्राप्त हो, परन्तु ब्रिटिश शासन के अमानुषिक अत्याचारों ने हमें मजबूर होकर इस आतंकवादी मार्ग को अपनाने के लिये बाध्य किया है । आज भारत में केवल बन्दूकों के बल पर शासन चल रहा है । ऐसी दशा में जब देश में कोई प्रजातांत्रिक विधान ही नहीं है तब वैधानिक आन्दोलन की बात करना मूर्खता है । हाँ, जहाँ वैधानिक मार्ग खुले हों,

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

वहाँ हिंसक क्रान्ति की बात सोचना मूर्खता ही नहीं, भयंकर अपराध भी है ।''

चूँकि आप बन्दूक रखने नहीं देते, इसलिये हम पिस्तौल उठाते हैं चूँकि ''आप प्रकाश में इकट्ठा होने से रोकते हैं, इसलिये हम भारत माता को दास्य-शृंखला से मुक्त करने के उपायों पर विचार करने के लिये अँधेरे में इकट्ठे होते हैं ।'' ये विचार उस परिस्थिति पर स्पष्ट प्रकाश डाल रहे हैं, जिनके कारण सावरकर को क्रान्तिकारी, षड्यंत्रकारी, मार्ग का अवलम्ब करना पड़ा था ।

सावरकर को वेल्स गये पन्द्रह दिन भी नहीं बीते थे कि एक दिन इन्होंने अखबार में आश्चर्यचकित हो यह समाचार पढ़ा कि अनन्त कान्हेरे नामक एक ब्राह्मण युवक ने सावरकर के बड़े भाई गणेश सावरकर को दिये गये आजन्म कारावास का बदला लेने के लिये नासिक के कलेक्टर जैक्शन को गोली से उड़ा दिया है । दूसरे दिन यह खबर मिली कि उनके छोटे भाई नारायण तथा अन्य अनेक मित्र हत्या, षड्यन्त्र और राजद्रोह के अपराध में पकड़े गये हैं ।

अंग्रेजी पत्र खुल्लमखुला भारत में जारी हिंसक उपद्रवों एवं जैक्शन की हत्या का सारा दोष सावरकर पर मढ़ने लगे और इन्हें गिरफ्तार करने पर जोर देने लगे । अंग्रेजों की यह मनोदशा देखकर इनके मित्रों ने इन्हें इंग्लैण्ड छोड़ फ्रांस जाने की सलाह दी । परन्तु सावरकर ने अंगीकृत कार्य को अधूरा छोड़कर फ्रांस जाना अनुचित समझा । इस पर 'अभिनव भारत' की कार्यकारिणी ने सावरकर से अनुरोध किया कि हमारे उचित मार्गदर्शन एवं आपके स्वास्थ्य की दृष्टि से आपका जेल से बाहर रहना अत्यन्त आवश्यक है अतः आप फौरन इंग्लैण्ड से फ्रांस चले जायें । पेरिस से इसी आशय के कई पत्र आये । श्यामजी कृष्ण वर्मा को भी पेरिस आने के लिये अत्यन्त आग्रहपूर्ण आमन्त्रण मिले । अतः दुःख भरे एवं भारी हृदय से वे लन्दन के अपने मित्रों से विदाई लेकर पेरिस के लिये रवाना हुए ।

पेरिस पहुँचने पर उनका भव्य स्वागत हुआ । वे वहाँ पारसी क्रान्तिकारी महिला मैडम कामा के यहाँ ठहरे । कामा ने माता के समान सावरकर की सब प्रकार से सेवा की, जिससे उन्हें शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ हो गया । श्रीमती कामा पेरिस से 'वन्देमातरम्' नामक एक पत्र प्रकाशित करती थीं, जिसमें वे इंग्लैण्ड, अमेरिका, जर्मनी आदि देशों में अंग्रेजों द्वारा भारत के बारे में फैलायी जाने वाली झूठी खबरों का निराकरण किया करती थीं । श्रीमती कामा ने भारतीय कांग्रेस के जनक दादाभाई नौरोजी को ब्रिटिश पार्लियामेण्ट का सदस्य निर्वाचित कराने में अथक प्रयत्न किया था । बाद में 'होमरूल आन्दोलन' में सम्मिलित हुईं और कुछ दिन पश्चात् वे सावरकर की क्रान्तिकारी संस्था 'अभिनव भारत' की सक्रिय सदस्या बन गईं । एक बार वे बर्लिन में आयोजित अखिल जर्मन समाजवादी सम्मेलन में सम्मिलित हुईं । साथ में वे सावरकर द्वारा स्वीकृत भारतीय तिरंगे राष्ट्रध्वज को भी ले गई थीं निकाल कर फहराते हुए बोलीं—

''यह है भारत का स्वतन्त्र राष्ट्रीय ध्वज, जो आपके सामने फहरा रहा है । भारतीय देशभक्तों के रक्त से वह पवित्र हो चुका है । अतः मैं उपस्थित सज्जनों से अनुरोध करती हूँ कि आप सब लोग खड़े होकर भारत की इस स्वतन्त्र पताका का सम्मानपूर्वक अभिवादन करें ।'' श्रीमती कामा के शब्दों का सदस्यों पर जादू-सा असर हुआ और तत्काल सभी लोगों ने खड़े होकर भारतीय ध्वजा की टोप उतार कर वन्दना की । इतिहास में यह प्रथम अवसर था जबकि किसी भारतीय ने विदेश में अपने राष्ट्र की स्वतन्त्र पताका फहराने का साहस किया था ।

जैक्शन हत्याकाण्ड की अदालती कार्यवाही के समाचार पेरिस पहुँचने लगे । अभियुक्तों ने न्यायालय में पुलिस द्वारा किये गये अमानुषिक अत्याचारों की रोमांचकारी कहानियाँ विस्तार से वर्णन की थीं । अपने मित्रों एवं सहयोगियों पर होने वाले अत्याचारों को सुनकर सावरकर सोचने लगे—''क्या यह मनुष्यता है कि मैं अपने साथियों को जो मेरी ही प्रेरणा से इस षड्यन्त्रकारी मार्ग को अपना रहे थे, आग में ढकेल कर स्वयं फ्रांस की इस सुन्दर राजधानी में आराम से बैठा तमाशा देखता रहूँ ? जब मैं स्वयं ही प्रत्यक्ष आन्दोलन से अलिप्त हूँ, तो अपने साथियों को मैदान में शत्रु से मोर्चा लेने का आदेश देने का मुझे क्या नैतिक अधिकार है ? मेरे मित्र श्यामजी वर्मा मुझसे कहते हैं कि तुम सेनापति हो, इसलिये तुम्हें सेना के साथ न चलकर पीछे रहना चाहिये परन्तु सेनापति भी सेना की अगली टुकड़ी में लड़कर वीरता दिखाने के बाद ही बनता है, अतएव मैं सेनापति कैसा ? यदि संकटों से घबराने वाला ही सेनापति बनने लगा, तो प्रत्येक सिपाही अपने को सेनापति समझकर घर बैठना पसन्द करेगा । तब मैदान में लड़ने कौन जायेगा ? फिर कायरों और वीरों में अन्तर ही क्या रहा ? तब तो कायरों को अपनी कायरता छिपाने का अच्छा साधन मिल जायेगा ।

इस प्रकार सोचते हुए सावरकर वायु सेवन को निकल पड़े । घूमते-घूमते इन्होंने जेब से ताजा अखबार निकाला । इसमें जैक्शन को गोली से उड़ा देने वाले कान्हेरे को प्राण-दण्ड का समाचार था, जिसे पढ़कर वे उत्तेजित हो आप ही कहने लगे—''एक वह कान्हेरे हैं, जो मेरे

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

उपदेश से प्रेरित होकर फाँसी पर झूलने जा रहा है और एक मैं हूँ जो यहाँ नदी के किनारे पक्षियों और फूलों की सुन्दरता में विहार कर रहा हूँ । एक वे हैं जो मेरे द्वारा कराई प्रतिज्ञाओं के कारण बेड़ियाँ और हथकड़ियाँ पहने भूखे और प्यासे कारावास की अन्धेरी कोठरियों में पड़े सड़ रहे हैं और एक मैं हूँ, जो यहाँ नदी तट पर आनन्द से घूम रहा हूँ । नहीं, मुझे अब कुछ कर गुजरना ही होगा । यदि मुझे भारत नहीं जाने दिया तो मैं पुनः इंग्लैण्ड जाऊँगा । मुझे वे सब कष्ट सहने चाहिये, जो मेरे साथी सह रहे हैं । मुझे संसार को बताना होगा कि में केवल दूसरों को प्रेरणा ही नहीं देता, स्वयं भी विपत्तियों का वरण कर सकता हूँ । यदि वहाँ मैं पकड़ा गया, तो और भी अच्छा होगा और यदि प्राणदण्ड मिला तो प्रसन्नता होगी । मातृभूमि की सेवा में प्राणार्पण करने की मेरी प्रतिज्ञा पूरी हो जायेगी । मैं अवश्य इंग्लैण्ड जाऊँगा और अपने को जानबूझ कर संकट में डालूँगा । कठिन से कठिन विपत्तियों को सहकर ही दूसरों को कष्ट-सहन करने की प्रेरणा देने का अधिकारी हो सकूँगा ।"

इन विचारों में डूबे हुए सावरकर जैसे-तैसे घर लौटे और अपने साथियों को लन्दन लौट जाने के अपने निश्चय से अवगत कराया । दूसरे ही दिन वे लन्दन के लिये जहाज से रवाना हो गये । पेरिस के सभी भारतीय इन्हें विदाई देने बन्दरगाह पर पहुँचे । जहाज पर चढ़कर सबसे अन्तिम विदाई लेते हुए सावरकर बोले—"अब तक मैंने केवल बातूनी कार्य किया है पर अब प्रत्यक्ष कार्य द्वारा विपत्तियों का सामना करने जा रहा हूँ । केवल भाषणों और लेखों से देश का उद्धार नहीं हो सकता ।"

लन्दन में गिरफ्तारी

जहाज फ्रांस से इंग्लैण्ड पहुँचा । बन्दरगाह से सावरकर लन्दन जाने वाली रेल पर सवार हुए यद्यपि वे गिरफ्तारी की आशंका अवश्य कर रहे थे, पर उन्हें यह कल्पना नहीं थी कि वे रेल से उतरते ही गिरफ्तार कर लिये जायेंगे । शुरू से ही उनके डिब्बे पर सशस्त्र पुलिस का पहरा था और ज्यों ही वे लन्दन स्टेशन पर डिब्बे से प्लेटफार्म पर उतरे, उन्हें वारण्ट दिखाकर तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया । यह घटना १३ मार्च, १९१० की है । दूसरे ही दिन संसार के प्रायः सभी समाचार-पत्रों में इनकी गिरफ्तारी का समाचार प्रकाशित हुआ । बाद में उन्हें अदालत में पेश किया गया । ज्यों ही सावरकर ने न्यायालय में प्रवेश किया, अदालत द्वारा इन पर राजद्रोह एवं हत्या के लिये प्रोत्साहन का अभियोग लगाकर इन्हें जेल में रखा गया और बाकायदा अदालती कार्यवाही भारत में चलाने का निश्चय किया गया । लन्दन की जेल से छुड़ाने के लिये इनके मित्रों ने कई षड्यन्त्र रचे पर वे उनमें असफल रहे ।

यद्यपि सावरकर को भारत ले जाने की आज्ञा हो चुकी थी । उन दिनों भारत आने के लिये जहाज से इंग्लिश खाड़ी को पार कर फ्रांस के किनारे उतरना पड़ता था और वहाँ से रेल द्वारा इटली होकर फिर जहाज द्वारा भारत आना पड़ता था । ब्रिटिश सरकार सावरकर को फ्रांस होकर भारत नहीं लाना चाहती थी क्योंकि उसे भय था कि फ्रांसीसी सरकार सावरकर को फ्रांस की भूमि पर छुड़ा लेगी और उल्टे ब्रिटिश सरकार पर सावरकर को बलपूर्वक कैद करने का दावा चलायेगी । इसलिये उन्हें इस मार्ग को छोड़ बिस्के की खाड़ी द्वारा ले जाने का निश्चय किया गया । इस प्रकार सावरकर २६ वर्ष की आयु में बैरिस्टर के स्थान पर कैदी के रूप में मातृभूमि के दर्शनों को चल पड़े । जहाज पर इनकी देख-रेख के लिये भारत से विशेष रूप से बुलाये गये हिन्दुस्तानी सिपाही तथा लन्दन के खुफिया विभाग के अधिकारी रखे गये थे । अंग्रेज सिपाही इस खुशी में फूले न समाते थे कि इस भयंकर क्रान्तिकारी को हमने किस चतुराई से बन्दी बनाया है । उधर सावरकर मन ही मन सोच रहे थे कि किस प्रकार जहाज से निकल भाग कर इन अंग्रेजों का घमण्ड चूर-चूर कर दिया जाये ।

सावरकर उचित अवसर की ताक में थे सौभाग्य से उन्हें ऐसा अवसर मिल गया । जहाज को किसी कारण वश फ्रांस के मार्सेलस बन्दरगाह पर लंगर डालना पड़ा । वीर सावरकर ने दूर तक नजर डाली पर कोई सहायक उन्हें नजर नहीं आया, जो उन्हें छुड़ाने या भाग निकलने में सहायता करता । अतः अब वे अपने ही बलबूते पर भाग निकलने की युक्ति सोचने लगे । पुलिस सिपाहियों की उन पर कड़ी नजर थी । वे उन्हें अकेला छोड़कर एक मिनट के लिये भी इधर-उधर नहीं जाते थे । स्नान, शौच आदि के समय भी सिपाही दरवाजे से अड़कर खड़े रहते और सामने लगे हुए शीशे में उनका प्रतिबिम्ब देखकर प्रत्येक हलचल पर कड़ी निगाह रखते थे । सुबह जहाज चलने का समय हुआ । सावरकर अपनी तंग कोठरी में बैठकर सोच रहे थे कि कुछ भी हो आज किसी प्रकार जहाज से निकलना है । पास में दो अंग्रेज अधिकारी सोये हुए थे और एक सिपाही खड़ा पहरा दे रहा था । उन्होंने पहरे वाले गोरे सिपाही से कहा—मुझे शौच के लिये जाना है, ले चलिये ।

सिपाही ने अफसर को जगाया और अफसर तथा सिपाही तीनों उन्हें पकड़कर शौचालय में ले गये । सावरकर ने देखा कि शौचालय की कोठरी के ऊपर एक छोटा-सा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

छेद (पोर्टहोल) है, जहाँ से समुद्र में कूदकर भागा जा सकता है उन्हें एक तरकीब सूझी, पहने हुए गाऊन को उन्होंने कोठरी के दरवाजे पर डाल दिया ताकि अन्दर का दृश्य बाहर दिखाई न दे सके और फौरन उचक कर खिड़की के रास्ते समुद्र में कूद पड़े । ज्योंही पुलिस अधिकारियों को इस अकल्पित घटना का भान हुआ, वे घबरा गये । एक भारतीय कैदी के इस प्रकार के अदम्य साहस एवं अनुपम् बहादुरी को देखकर गोरों ने आश्चर्य से दाँतों तले अँगुली दबाली । सावरकर तैरते हुए डुबकी लगाते हुए फ्रांस के किनारे की ओर तेजी से बढ़ते जा रहे थे और इधर गोरे सिपाही पीछे से सावरकर पर गोलियों की बौछार कर रहे थे किन्तु सावरकर एक विजयी सिंह की भाँति मीलों तैरने के बाद आखिर फ्रांस के किनारे पर आ पहुँचे । सागर तट फ्रांस की सीमा में था । अतः उन्होंने तट पर खड़े होकर फ्रांसीसी सिपाही से खुद को गिरफ्तार कर लेने को कहा पर सिपाही उनकी भाषा न समझ सका और उसने सावरकर को पीछा करने वाले अंग्रेज सिपाहियों को चुपचाप सौंप दिया । फलतः सावरकर पुनः बेड़ियों से जकड़कर जहाज की उसी तंग कोठरी में बन्द कर दिये गये ।

भारत की ओर प्रस्थान

सावरकर को लेकर जहाज पुनः भारत की ओर चला । अब उन पर पहरा इतना कड़ा रहने लगा कि कोठरी के बाहर की खुली वायु भी उनके लिये दुश्वार हो गई । दोनों अफसर भी उनकी कोठरी में ही रात-दिन रहने लगे । सावरकर मन ही मन सोचने लगे—"अब क्या किया जाये । मेरे इतने भयंकर साहस का भी कोई नतीजा नहीं निकला । स्वतन्त्र तो हो ही न पाया, उल्टे पाँव की बेड़ियाँ और ज्यादा मजबूत हो गईं खैर, मैंने अपनी शक्ति भर यत्न किया है । सफलता-असफलता तो ईश्वराधीन है । कर्त्तव्य करना ही मनुष्य के स्वाधीन है, फल की प्राप्ति नहीं ।"

२२ जुलाई को जहाज बम्बई बन्दरगाह पर पहुँचा और नंगी संगीनों के पहरे में सावरकर ने अपनी मातृभूमि पर पैर रखते हुए लौह जंजीरों से जकड़े हुए हाथों से इस पुण्य भूमि को भक्ति भावना से नतमस्तक हो नमस्कार किया । बन्दरगाह से वे बन्द मोटर में बिठाकर नासिक पहुँचाये गये और वहाँ उन्हें कड़े पहरे में नजरबन्द रखा गया । नासिक जेल में रहते हुए एक दिन एक अंग्रेजी पत्र में सावरकर ने पढ़ा कि फ्रांसीसी सरकार इन्हें ब्रिटिश सरकार से वापस माँग रही है, क्योंकि इन्हें फ्रांसीसी भूमि पर गिरफ्तार किया गया था, जो कि अन्तर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है । इन्हें सन्तोष हुआ कि आखिर उनका प्रयत्न विफल न गया । अंग्रेज अफसर चकित थे कि मार्सेलस की घटना पत्रों में कैसे छप गई । यह समाचार पहले पहल पेरिस से साम्यवाद के जनक कार्लमार्क्स के पौत्र के सम्पादकत्व में प्रकाशित होने वाले पत्र "लहमैनिटी' में छपा था उसे सावरकर से बहुत सहानुभूति थी । बाद में फ्रांस के दूसरे पत्रों ने भी इसके लिये तीव्र आन्दोलन किया पर ब्रिटिश सरकार ने सावरकर को फ्रांस लौटाने से साफ इन्कार कर दिया और विवाद को शान्त करने के लिये यह मामला हेग के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय को सौंपा गया ।

सावरकर ने नासिक जेल में रहते हुए फ्रांस की प्रतिष्ठा पर एक बड़ा ही हृदयस्पर्शी लेख लिखा जो गुप्तरूप से पेरिस के भारतीय क्रान्तिकारियों के पास पहुँचा । उन्होंने उसे छापकर यूरोप के अनेक प्रगतिशील देशों में वितरित किया । उधर यूरोप में इस प्रकार ब्रिटिश विरोधी आन्दोलन चल रहा था और इधर ब्रिटिश सरकार सावरकर को कठोर से कठोर दण्ड देने हेतु हेग के न्यायालय के लिये मामला तैयार कर रही थी । दूसरी ओर भारत में भी क्रान्तिकारियों को दण्ड देने के लिये 'स्पेशल ट्रिब्यूनल-एक्ट' बनाकर विशेष ट्रिब्यूनल नियुक्त किये जा रहे थे । इन पंच-फैसलों की अपील न हो सकती थी । हेग के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में अन्त में फ्रांस ने अंग्रेजों से दबकर सावरकर को मुक्त कर देने की माँग वापस ले ली ।

अब उनका मामला बम्बई के स्पेशल ट्रिब्यूनल के सामने पेश हुआ । सशस्त्र सिपाहियों से लैस बन्द मोटर में सावरकर को जेल से हाईकोर्ट पहुँचाया गया । न्यायालय में प्रवेश करते ही तालियों की गड़गड़ाहट ने सावरकर का स्वागत किया । चकित होकर जब उन्होंने दशकों की गैलरी की ओर देखा तो वहाँ एक भी दर्शक न था । तब उन्होंने नीचे नजर दौड़ाई, जहाँ ३०-४० अन्य अभियुक्त दिखाई दिये इन्हीं युवकों ने जंजीरों से जकड़े हुए हाथों से सावरकर का स्वागत किया था । ऐसे स्वागत शायद ही संसार के किसी नेता का आज तक हुआ हो । इन अभियुक्तों में से बहुतों का अपराध केवल सावरकर से सम्पर्क रखना ही था । इनका छोटा भाई नारायण भी इन्हीं अभियुक्तों में था । तीन मास तक मुकद्मा चलने के बाद २३ दिसम्बर, १९१० को ट्रिब्यूनल ने उन्हें आजन्म काले पानी की सजा सुनादी । सावरकर सजा सुनते ही 'वन्दे मातरम्' का नारा लगाकर पीछे हट गये । इसके बाद अन्य अभियुक्तों को भी चौदह से लेकर तीस वर्ष के लिये कठोर कारावास का दण्ड दिया गया ।

सावरकर पर सरकार ने दो गम्भीर अभियोग लगाये थे । पहला नासिक षड्यन्त्र में सहायता देने का और दूसरा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जैक्शन की हत्या के लिये प्रोत्साहन देने का । दोनों अभियोगों में उन्हें आजन्म कारावास का अर्थात् ५०—५० वर्ष की काले पानी की सजा सुनाई गई थी पर दोनों सजायें एक साथ चलने वाली थीं । सजायें सुनकर सावरकर जरा भी विचलित नहीं हुए और उन्होंने बड़ी गम्भीर और निर्भीक वाणी में न्यायाधीश को सम्बोधित करते हुए कहा—

"आपने कानून के अनुसार अधिक से अधिक कड़ी सजा मुझे बहाल की है, उसे मैं सहने के लिये सहर्ष तैयार हूँ क्योंकि मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि कष्ट-सहन और स्वार्थ त्याग के द्वारा ही हम अपनी प्रिय मातृभूमि का उद्धार कर सकेंगे । हमारी भारत माता अवश्य स्वतन्त्र होगी । कब होगी, यद्यपि आज नहीं बताया जा सकता पर वह स्वतन्त्र होगी, यह निश्चित है ।"

सावरकर को काले पानी की सजा सुनाने के बाद उन्हें कुछ दिन बम्बई के समीप डोंगरी नामक कारागृह में रखा गया । बाद में वहाँ से उन्हें अण्डमान भेजा जाना था । उस समय जिन्हें आजन्म कारावास की सजा होती थी, उन्हें भारत से ६०० मील दूर बंगाल के उपसागर में स्थित अण्डमान नामक द्वीप में रखा जाता था, जहाँ साल में करीब नौ महीने तक लगातार वर्षा हुआ करती है । चारों ओर घना जंगल, सर्द हवा और मच्छरों की भरमार, ऐसे नरक तुल्य स्थान पर कठोर यम-यातनाओं से भरे कारागार में सावरकर को भेजा जा रहा था । अण्डमान रवाना होने से पूर्व उन्हें एक बार अपनी पत्नी के भेंट करने की अनुमति मिली थी ।

उनकी पत्नी सजल नेत्रों से जब उनसे मिलने गई तब वे कैदियों के कपड़े पहिने हुए लौह सींकचों से बन्द खिड़की के पास खड़े हुए उन्हें दिखाई दिये । बैरिस्टरी की शानदार वेश में देखने की अभिलाषा से प्रेरित उनकी पत्नी ने जब उन्हें इस प्रकार जाँघियाँ और बनियान पहिने कैदी के भेष में देखा तो वे भावावेश में एक बारगी रो पड़ीं । धीरोदात वीर सावरकर अपनी पत्नी की तीव्र मनोव्यवस्था का अनुभव कर रहे थे पर वे स्थितप्रज्ञ हो गम्भीर वाणी से पत्नी को सांत्वना देने लगे । उन्होंने कहा—

"धीरज रखो ! केवल सन्तान पैदा करना और खाना-पीना, मौज करना यही मात्र मानव जीवन का उद्देश्य नहीं है । ऐसा जीवन तो पशु-पक्षी भी बिता रहे हैं । हमें तो समाज और देश की दुर्दशा को मिटाने और भारत माता की गुलामी की बेड़ियाँ चूर-चूर करना है । इसी उद्देश्य से हमने अपने व्यक्तिगत सुखोपभोगों का त्याग कर यह कंटकाकीर्ण मार्ग-स्वेच्छा से अपनाया है । हमने स्वयं अपने हाथों अपने व्यक्तिगत स्वार्थ को तिलांजलि दी है, ताकि भारत के करोड़ों लोगों के कष्ट दूर हों । इसलिये चिन्ता न करो और धैर्य के साथ आने वाली आपदाओं को सहर्ष सहन करो यही सच्ची मानवता है । इसी में सच्चा पुरुषार्थ है ।"

अण्डमान की काल-कोठरी में

मद्रास से 'महाराजा' जलयान द्वारा वीर सावरकर को अण्डमान द्वीप में लाया गया । सागर-तट से रवाना होते ही सावरकर के मन में एकबारगी यह विचार कौंध गया—"क्या मैं अपनी प्यारी मातृभूमि के पुनः दर्शन कर सकूँगा ? क्या मेरी मातृभूमि से यह अन्तिम विदाई है ?" इस विचार से वे क्षणमात्र को विह्वल हो गये ।

४ जुलाई, १९११ को सावरकर अण्डमान पहुँचे, जहाँ उन्हें नरकतुल्य कठोर कारागार में बन्दी बनाकर रखा गया । उन्हें वहाँ कैसी-कैसी असह्य यंत्रणायें सहनी पड़ीं, यह वर्णन करना असम्भव है । उन्हें वर्षों तक रस्सी कूटने, कोल्हू चलाने जैसे परिश्रम का काम करना पड़ा । आठ दिन तक उन्हें हाथों में हथकड़ियाँ पहनाकर टाँगकर रखा गया । एक महीना तक एकान्त काल कोठरी में उन्हें रहना पड़ा । इन असह्य यातनाओं से ऊबकर कई बार उनके मन में आत्महत्या तक के विचार आते थे । अनेक राजबन्दियों ने अण्डमान की यम-यातनाओं से ऊबकर के प्राण भी दे दिये थे और कुछ बन्दी पागल बन गये थे ।

अण्डमान के कारावास में रहते हुए भी वे राजबन्दियों के विषय में निरन्तर आन्दोलन करते रहे । इस समय तक इनका छोटा भाई नारायण जेल से मुक्त हो चुका था । उसे वर्ष में एक बार पत्र लिखने का इन्हें अवसर मिलता था । वे पत्र द्वारा भाई को आन्दोलन की प्रेरणा दिया करते थे । बन्दियों में से जो लोग अपनी सजायें समाप्त कर स्वदेश लौटते थे उन्हें सावरकर अपनी कवितायें तथा सन्देश कण्ठस्थ करा देते थे । जो लोग स्मरण न कर सकते थे, उन्हें लिखकर देते थे । साथ ही उन्हें पत्र छिपाने की विधि भी बता देते थे । इस प्रकार इनकी अनेक कवितायें और लेख ६०० मील की दूरी पार करके भारत पहुँचे और समाचार-पत्रों द्वारा जनता में वितरित हुए ।

करीब आठ वर्ष तक अण्डमान में सावरकर का स्वास्थ्य ठीक रहा और वे सब शारीरिक यातनायें चुपचाप सहते रहे परन्तु ऐसी बात सदा तो नहीं चल सकती थी । अतः इनका स्वास्थ्य निरन्तर गिरने लगा । संग्रहणी के रोग से शरीर अस्थिपंजर हो गया । इनका वजन ११९ पौण्ड से घटकर ९८ पौण्ड रह गया । फिर भी इन्हें अस्पताल न भेजकर कारागार की कोठरी में ही रखा गया । वे १९१९ से १९२१ तक लगातार दो वर्ष रोगशय्या पर ही पड़े

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

रहे । इस अवस्था में अपनी मृत्यु निकट देखकर इन्होंने मृत्यु का आह्वान करते हुए 'मरणोन्मुख शय्या पर' नामक एक मराठी कविता भी रची थी ।

यद्यपि सावरकर अपने देश से ६०० मील दूर अण्डमान की काल-कोठरी में बन्द थे, तथापि भारतीयों ने अपने इस वीर देश-भक्त को एक दिन के लिये भी नहीं भुलाया था । इनके साहसिक कृत्यों की जनता में सर्वत्र प्रशंसा की जाती थी और समाचार-पत्रों एवं सार्वजनिक सभाओं द्वारा इनकी शीघ्र रिहाई के लिये लगातार प्रयत्न किये जाते थे । इनके छुटकारे के लिये एक 'सावरकर सप्ताह' मनाया गया और करीब सत्तर हज़ार हस्ताक्षरों से युक्त एक प्रार्थना-पत्र सरकार के पास भेजा गया । उस समय तक किसी नेता की रिहाई के लिये इतना बड़ा आन्दोलन कभी नहीं हुआ था । अन्त में सरकार को विवश होकर सावरकर को १९२१ की मई में अण्डमान से कलकत्ता बुलाना पड़ा । वहाँ से उन्हें रत्नागिरी जेल भेज दिया गया । बाद में ६ जनवरी, १९२४ को उनकी जेल से मुक्ति हुई और उन्हें रत्नागिरी जिले में स्थानबद्ध करके रखा गया । केवल जिले भर में घूमने फिरने की स्वतन्त्रता इन्हें दे दी गई । इसका लाभ उठाकर इन्होंने रत्नागिरी में हिन्दू-संगठन का कार्य आरम्भ किया ।

यह कार्य इतनी लगन से किया गया कि नजर बन्दी के तेरह वर्षों का इतिहास हिन्दू-संगठन का ही इतिहास कहा जा सकता है । महाराष्ट्र के इस प्रदेश में छुआछूत उग्ररूप में फैली हुई थी । सावरकर ने सर्वप्रथम इसी बुराई पर कुठाराघात करने का निश्चय किया । इन्होंने घूम-घूमकर जिले के विभिन्न स्थानों पर व्याख्यान देकर धार्मिक, सामाजिक तथा राजनैतिक दृष्टि से छुआछूत को हटाने की आवश्यकता बतलाई । सावरकर की तर्कपूर्ण दलीलों से प्रभावित होकर अनेक शिक्षित नवयुवक इनके साथ हो लिये । अवकाश के दिन ये लोग दलित अस्पृश्य परिवारों में जाते, उनके साथ सहभोज करते, उन्हें उपदेश देते और उनसे साफ-सुथरा रहने एवं मद्य-माँस छोड़ने का आग्रह करते । इस पारस्परिक मिलाप से दलितों में अपने को हीन समझने की भावना धीरे-धीरे जाती रही । सावरकर की प्रेरणा से भागोजी नामक एक श्रीमान ने ढाई लाख रुपये व्यय करके रत्नागिरि में 'श्री पतित पावन मन्दिर' का निर्माण करा दिया । इसमें प्रत्येक हिन्दू-मात्र, चाहे वह अछूत जाति का ही क्यों न हो, पूजा कर सकता है । इस प्रकार सावरकर व इनके सहयोगियों के इस क्रान्तिकारी कार्य से सनातनी हिन्दुओं का कोप भड़क उठा । उन्होंने इसका न केवल विरोध ही किया, अपितु इसमें रोड़े अटकाने का भरसक प्रयत्न किया परन्तु सावरकर के साहस के सम्मुख विरोधी हार मान कर बैठ गये ।

सावरकर केवल अछूतोद्धार से ही अन्तुष्ट न हुए । ईसाई पादरियों और मुल्लाओं द्वारा भोले-भाले हिन्दुओं को बहकाकर किये जा रहे धर्मान्तरण के विरोध में सावरकर ने शुद्धि-आन्दोलन चलाने का निश्चय किया । रत्नागिरि में उन्होंने अपने निवास काल में लगभग ३५० धर्म-भ्रष्ट हिन्दुओं को पुनः हिन्दू-धर्म में दीक्षित किया । साथ ही उन्होंने इसी समय अखिल भारतीय हिन्दू संगठन के लिये भी अथक परिश्रम किया ।

सावरकर एक उच्चकोटि के कवि, वक्ता और साहित्यकार भी थे । नागरी लिपि में छपाई के कुछ दोष देखकर उन्होंने इसकी वर्णमाला में आवश्यक सुधार किया ताकि छपाई में अधिक सुविधा हो । आज तो उन सुधारों को प्रायः सभी मराठी पत्रों ने अपने टाइपों में परिवर्तन कर लिया है और हिन्दी प्रेसों में भी उनका तेजी से अनुसरण किया जा रहा है ।

सावरकर ने अपनी नजरबन्दी काल में अंग्रेजी और मराठी में अनेक मौलिक ग्रन्थ भी लिखे हैं, जिनमें मैजिनी, गैरीवाल्डी की जीवनियाँ, १८५७ का स्वातन्त्र्य-समर, 'मेरी कारावास कहानी', 'हिन्दुत्व' आदि मुख्य हैं । 'हिन्दुत्व' पुस्तक में उन्होंने 'हिन्दू' की अपनी स्वतन्त्र व्याख्या की है, जिसे आगे चलकर हिन्दू महासभा ने अधिकृत मान्यता प्रदान कर दी । 'हिन्दू' की परिभाषा इस प्रकार है—

आसिंधु सिन्धु पर्यंता यस्य भारतभूमिका ।
पितृभूः पुण्यभूश्चैव सवै हिन्दुरितिस्मृतः ।।

अर्थात्—"सिन्धु (नदी) से सिंधु (समुद्र) तक फैली हुई भारत भूमि को जो अपनी पितृ-भूमि और पुण्य-भूमि मानता है वह 'हिन्दू' है ।"

इस व्याख्या के अनुसार, वे सनातनी, आर्य-समाजी बौद्ध, सिख, जैन सभी सम्प्रदाओं को हिन्दू-धर्म के अन्तर्गत ही मानते हुए सबको 'हिन्दू' नाम से ही सम्बोधित करते थे ।

सावरकर के रत्नागिरि वासव्य-काल में महात्मा गाँधी भी महाराष्ट्र के दौरे के सिलसिले में रत्नागिरी गये थे और उन्होंने सावरकर से भेंट की थी । बाद में उनके तथा उस समय के बम्बई राज्य मन्त्रिमण्डल के मन्त्री श्री जमनादास मेहता के प्रयत्न से सरकार ने सावरकर पर से सारे निर्बंध हटा लिये और उन्हें ८ मई, १९३७ को बिना शर्त नजरबन्दी से मुक्त कर दिया ।

उनकी नजरबंदी समाप्त होते ही विभिन्न राजनैतिक दलों ने उन्हें अपने दल में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

किया । कांग्रेस के प्रमुख नेता पं. जवाहर लाल नेहरू ने भी एक विशेष वक्तव्य द्वारा सावरकर का अभिनन्दन किया और उन्हें कांग्रेस में सम्मिलित होने पर ऊँचा पद देने का प्रलोभन भी दिया पर उन्हें कांग्रेस के मुसलमानों को हर कीमत पर सन्तुष्ट करने की नीति पसन्द नहीं थी । अतः उन्होंने कांग्रेस में जाना स्वीकार नहीं किया ।

बाद में सावरकर ने हिन्दू-संगठन के कार्य को ही जीवन का एक मात्र उद्देश्य बनाया । वे हिन्दू महासभा के सक्रिय सदस्य बने । उन्होंने शस्त्र-बंदी कानून रद्द करने के लिये आन्दोलन कर १९३८ के जून में पूना में शस्त्र-बंदी के खिलाफ विशाल जलूस निकाला ।

हिन्दू-संगठन के लिये उन्होंने महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश आदि प्रान्तों में घूम-घूमकर जोरदार प्रचार किया । १९३९ में सावरकर कलकत्ता में आयोजित अ. भा. हिन्दू महासभा अधिवेशन के अध्यक्ष नियोजित किये गये । उसी वर्ष हैदराबाद में आर्य-समाज द्वारा सत्याग्रह आन्दोलन शुरू हुआ था । सावरकर ने सदल-बल इस सत्याग्रह में भाग लेकर उसे यशस्वी बनाया । इसके बाद सन् १९४१ में हिन्दू-महासभा का अधिवेशन सावरकर की अध्यक्षता में भागलपुर में निर्धारित किया गया था, बिहार सरकार ने उस पर पाबन्दी लगादी थी । इसके बाबजूद भागलपुर में अधिवेशन सम्पन्न हुआ । सावरकर को अधिवेशन के लिये जाते हुए मार्ग में ही गिरफ्तार कर लिया और उन्हें एक सप्ताह तक जेल में रखा गया । बाद में उनका अध्यक्षीय भाषण अधिवेश में पढ़कर सुना दिया गया था ।

सन् १९४२ में ब्रिटिश पार्लियामेण्ट के एक मन्त्री श्री स्टैफर्डक्रिप्स भारतीय स्वतन्त्रता के प्रश्न पर चर्चा करने हेतु भारत आये थे । उन्होंने देश के दलों के प्रमुख नेताओं को इस सम्बन्ध में चर्चा के लिये आमंत्रित किया था, हिन्दू-महासभा के अध्यक्ष के नाते सावरकर से भी उन्होंने भेंट की और उनके सम्मुख भारत के विभाजन की योजना रखी । सावरकर ने अखण्ड भारत पर जोर देते हुए क्रिप्स योजना का कड़ा विरोध किया । इसके बाद वायसराय ने भी सावरकर से इसी सिलसिले में दो-बार भेंट की पर वे अन्त तक अखण्ड भारत के ही पक्षपाती रहे ।

सन् १९४२ के क्रान्तिकारी आन्दोलन के बाद देश में स्वतन्त्रता की भावना तीव्र हो गई थी अंग्रेज अब भारत से शीघ्र ही विदा होंगे, यह धारणा जनता में दृढ़ हो चली थी पर भारत छोड़ने के पूर्व-देश का बँटवारा न कर जायें, इस आशंका से नेतागण बेचैन थे । मुस्लिमलीग पाकिस्तान की माँग पर अटल थी । ऐसे समय में सावरकर ने भारत-विभाजन के खिलाफ जोरदार आन्दोलन शुरू कर दिया पर अन्त में कांग्रेस नेताओं ने पाकिस्तान की माँग स्वीकार कर ली और १५ अगस्त, १९४७ को भारत का विभाजन होकर रहा । इस महान दुर्दैवी घटना से यद्यपि सावरकर के हृदय को गहरी ठेस लगी फिर भी वे इस बात से हर्षित थे कि किसी प्रकार भी भारत को चिरवांछित स्वतन्त्रता का लाभ मिल गया है । उन्हें भारत को स्वतन्त्र देखने का उनका जो स्वप्न था पूरा हो गया । उन्होंने १५ अगस्त, १९४७ को स्वयं अपने निवास स्थान पर भारत का तिरंगा राष्ट्र-ध्वज बड़े अभिमान के साथ फहराया था ।

भारत की स्वतन्त्रता-प्राप्ति से जहाँ आम-जनता में हर्षोल्लास का वातावरण फैला हुआ था, वहाँ अनेक लोग-देश-विभाजन से अत्यन्त दुःखी हो रहे थे । ऐसे लोगों को सांत्वना देते हुए सावरकर ने कहा था—"आज भारत का तीन चौथाई प्रदेश स्वतन्त्र हो गया है । इसलिये हमें हर्ष मनाना चाहिये आज सदियों के बाद हमारा इतना बड़ा प्रदेश परतन्त्रता से मुक्त हुआ है । हमें विभाजित एक चौथाई हिस्से से (पाकिस्तान से)—भयभीत होने की आवश्यकता नहीं । आज हमें जो कुछ मिला है उसी की प्राणपण से रक्षा करें और अपने देश की स्वतन्त्रता पर जरा भी आँच न आने दें । अब हमें अपने देश को प्रजातांत्रिक ढंग से समृद्ध और बलवान बनाना है ताकि निकट, भविष्य में हम अखण्ड-भारत के अपने अन्तिम साध्य को प्राप्त करने में समर्थ हो सकें ।"

स्वातंत्र्य-प्राप्ति से भारतीय जनता आनन्द से बेहोश थी पर उधर देश विभाजन के कारण पाक-अधिकृत प्रदेश में हिन्दुओं का जीवन ध्वस्त और बरबाद हो रहा था । लाखों व्यक्ति पाकिस्तान से अपनी जमीन-जायदाद, धन-सम्पत्ति छोड़कर निर्वासित बने भारत आ रहे थे । उनकी करुण-कहानी सुन-सुनकर भारतीय जनता में रोष की भावना प्रज्ज्वलित हो रही थी । पाकिस्तान में चल रहे अत्याचारों को रोकने के लिये भारतीय नेताओं ने भरकस कोशिश की पर उसका कोई नतीजा नहीं निकला । इधर महात्मा गाँधी भारतीय जनता की प्रखर भावनाओं को शान्त करने में जी-जान से जुटे हुए थे । इसी बीच ३० जनवरी, १९४८ की शाम को नाथूराम गोडसे नामक एक महाराष्ट्रीय ब्राह्मण युवक ने महात्मा गाँधी की अमानुष ढंग से गोली चलाकर हत्या कर दी । सारा देश इस महान दुर्दैवी घटना से शोकाकुल हो गया । गोडसे को घटनास्थल पर ही गिरफ्तार कर लिया गया । हत्याकाण्ड के षड्यन्त्र की अदालती जाँच शुरू हुई और इस षड्यन्त्र में सम्मिलित होने के सन्देह पर सावरकर को भी गिरफ्तार कर लिया गया पर अन्त में जाँच-पड़ताल के बाद सरकार ने उन्हें

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

निर्दोष घोषित कर फरवरी १९४९ में जेल से मुक्त कर दिया ।

२६ जनवरी, १९५० को भारतीय गणतन्त्र की वैधानिक रूप से घोषणा की गई और प्रथम राष्ट्रपति के नाते डॉ. राजेन्द्र प्रसाद निर्वाचित हुए तब सावरकर ने उनको तार भेजकर अभिनन्दन किया था । साथ ही राष्ट्र के लिये अपनी सेवायें अर्पण करने की इच्छा भी प्रदर्शित की थी पर दुर्भाग्य से उनकी सेवाओं का लाभ न उठाकर सरकार ने नेहरू—लियाकतअली समझौते के लिये अनुकूल वातावरण निर्माण करने के बहाने हिन्दू-महासभा एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेताओं को हिरासत में ले लिया, जिनमें सावरकर भी थे । इस सिलसिले में एक वर्ष तक उन्हें जेल में स्थानाबद्ध रखने के बाद मुक्त किया गया । बाद में १२ मई, १९५७ को १८५७ के स्वतन्त्रता-संग्राम का शताब्दी-समारोह सारे देश में मनाया गया । उसमें सावरकर जी ने प्रमुख रूप से योगदान दिया था और दिल्ली में हुए समारोह की उन्होंने अध्यक्षता भी की थी । उस समय सावरकर ने भारतीय जनता को सम्बोधित करते हुए कहा था—

"स्वतन्त्रता-प्राप्ति का महान ऐतिहासिक कार्य हमारी पीढ़ी ने सम्पन्न कर दिया है । अब स्वतन्त्रता की प्राणपण से रक्षा करने की जिम्मेदारी भारत की नई पीढ़ी को हिम्मत के साथ अपने कन्धे पर लेनी चाहिये । भारत के भाग्य-निर्माता हमारे नवयुवक ही हैं ।" इस स्फूर्तिदायक सन्देश को सुनकर उस प्रचण्ड सभा में उपस्थित लाखों व्यक्तियों ने तालियों की गड़गड़ाहट और स्वतन्त्र्य वीर सावरकर की जय के जयकारों से आकाश गुँजा दिया था ।

सन् १९६२ में भारत पर चीन के आक्रमण और सन् १९६५ में पाकिस्तानी आक्रमण के समय सावरकर बड़ी बेचैनी महसूस कर रहे थे । सन् ६५ के भारत-पाकिस्तान के संघर्ष के बाद उनका स्वास्थ्य दिन-प्रतिदिन गिरता गया और ताशकन्द समझौते से तो उनके हृदय को गहरा आघात लगा । तब से वे शीघ्र मृत्यु की कामना कर रहे थे । इसके लिये उन्होंने जानबूझ कर शरीर को प्राणहीन बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी । प्रथम कुछ दिनों तक उन्होंने अन्न त्यागकर चाय, दूध आदि पेय पदार्थों पर ही निर्भर रहने का व्रत लिया । बाद में सावरकर केवल जल पर ही रहने लगे । डाक्टरों ने अन्त तक उन्हें किसी रोग से पीड़ित नहीं बताया था । वह तो उनकी जीवित समाधी ही थी । इस प्रकार सावरकर दि. २६ फरवरी, ६६ को स्वेच्छा से इस नश्वर शरीर को त्यागकर स्वर्ग को सिधार गये ।

नर-शार्दूल सावरकर के क्रान्तिकारी जीवन का रोचक इतिहास भारतीय युवकों के लिये अत्यन्त प्रेरणास्पद है । आज हमारे राष्ट्र के सम्मुख राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय भीषण समस्यायें मुँह फैलाये खड़ी हैं, जिससे राष्ट्र का भविष्य धूमिल दिखाई दे रहा है । ऐसे समय में सावरकर जैसे दूरदर्शी, राजनीतिज्ञ का अभाव बेहद खटक रहा है । वे राष्ट्र को भावी संकट के समय पर सही चेतावनी देने वाले सावरकर थे । उन्होंने वर्षों पूर्व चीन और पाकिस्तान जैसे आततायियों के आक्रमण की चेतावनी देकर राष्ट्र के कर्णधारों को सचेत करने का प्रयास किया था । वे अन्त तक अखण्ड भारत के हामी रहे और उसकी रट लगाते-लगाते ही उनका प्राणोत्क्रमण हुआ था ।

हिन्दू और हिन्दुत्व की व्याख्या

हिन्दु और हिन्दुत्व की व्याख्या करते हुए उसकी प्राचीनता, श्रेष्ठता और उपयोगिता का श्री सावरकर ने बड़ी योग्यता और शोध (खोज) के आधार पर प्रतिपादन किया था । अनेक लोग इस शब्द को मुसलमानों की देन समझते हैं, अनेक इसका अर्थ 'दास' या 'गुलाम' बतलाते थे । श्री सावरकर ने इस प्रकार की मान्यताओं का जोरदार खण्डन किया और कहा—

"हिन्दू स्वयमेव एक राष्ट्र है । 'एक भौगोलिक निवास स्थान, एक संस्कृत भाषा, एक इतिहास, साहित्य का एक समान, आविष्कार और एकता'—ये पाँच कसौटियाँ लगाकर देखा जाये तो स्वयमेव एक राष्ट्र है, ऐसी धारणा तुरन्त बन जायेगी । जिनके पास एक निश्चित भोगौलिक निवासस्थान नहीं था वह यहूदी जाति भी आज इस्राइल राष्ट्र के रूप में हमारे सामने उपस्थित है । फिर हिन्दू-राष्ट्र की कल्पना कैसे असत्य हो सकती है ? हिन्दुओं के लिये निश्चित रूप से एक भौगोलिक आश्रयस्थान है और वह है भारतवर्ष । इतिहास बताता है कि जब-जब किसी हिन्दू पर आपत्ति आई तो वह इसी भूमि के हिन्दू नागरिकों की ओर आशा भरी दृष्टि से देखता रहा । यद्यपि भारत में अनेक भाषायें हैं, पर वे सब देव वाणी संस्कृत के वंश की हैं । यवन, हूण, शक, कुषाण, अरब, तुर्क, पठान, मुगल आदि जातियों के आक्रमण भारत पर हुए, लेकिन हम उनसे अपनी परम्परा की रक्षा के हेतु लड़ते रहे । विजय नगर के हिन्दू राज्य की, राजपूतों के बलिदान की, सिखों के उत्थान की तथा मराठा वीरों द्वारा स्वराज्य स्थापना की प्रेरणा एक ही थी । 'हिन्दुत्व' की रक्षा के अतिरिक्त उनका और कोई उद्देश्य न था ।

"इसी प्रेरणा-सूत्र को अपनाकर हमारे पूर्वज पोर्तुगीज, अंग्रेज, फ्रेंच आदि शासकों के साथ गोवा, भारत,

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पाण्डिचेरी आदि में लड़ते रहे । एक समय अखिल भारतवर्ष में इस्लामी आक्रमण की बाढ़ आ गई थी लेकिन उसको समाप्त करके महाराष्ट्रीय सेनाओं ने दिल्ली से आगे तक अपना झण्डा फहराया । राजा रणजीत सिंह और उनके सरदार हरीसिंह नलुआ ने भी उसी हिन्दू ध्वजा को समर्थ हाथों से काबुल तक फहराया । गुरु गोविन्दसिंह के शब्द स्पष्ट थे—"हिन्दू ही सदा कहलायेंगे । निजधर्म सदैव बढ़ायेंगे ।" साढ़े चार सौ वर्ष पुर्तगाली शासन से गोवा में हिन्दू लड़ते रहे । वहाँ के ईसाई शासकों ने इतने भयानक अत्याचार किये कि उनकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती । अंग्रेजों का आक्रमण विज्ञान के बल पर था । चतुराई के साथ वे इस देश पर अधिकार जमा कर बैठ गये थे, पर उनसे भी लड़कर हमने स्वतन्त्रता प्राप्त की, अंग्रेजों के साथ कौन लड़े ? उग्रवादी, क्रान्तिकारी, युवकों जिनके नाम लिये जाते हैं ? सुभाष की सेना में अधिकांश कौन थे ? कांग्रेस के नेतागणों में अधिकांश कौन थे ? सत्याग्रह आन्दोलन में अधिकांश कौन थे ? इसका एक उत्तर यही है कि देश के लिये बलिदान के हर एक कार्य में हिन्दू ही आगे आये । कारण यह कि हिन्दू ही सोचता है कि 'देश मेरा है, उसके लिये बलिदान करना मेरा कर्त्तव्य है ।' इस दृष्टि से जो कोई हिन्दुओं के पक्ष को निर्बल करता है, उनके साहस को घटाने का काम करता है वह अवश्य ही देश के साथ द्रोह करता है ।"

सावरकर का मत था कि हमारे देश का 'भारतवर्ष' नाम तो थोड़े ही समय का है, इसका प्राचीन नाम 'सप्त-सिन्धु' या 'सिन्धुस्थान' था । उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य के पौत्र शालिवाहन ने समस्त विदेशी आक्रमण-कारियों को हराकर आर्य-राष्ट्रीय सीमा सिन्धु नदी निश्चित कर दी और उसके आगे 'म्लेच्छा-देश' नियत किया । इस घटना के महत्त्व को बतलाते हुए उन्होंने लिखा है—

"राष्ट्र सम्बन्धी यह व्याख्या वैसे ही शाही फरमान द्वारा हो चुकी थी जैसे शाही फरमान 'सिन्धुस्थान' में होते थे । शक्तिशाली लोकमत के निर्णय का महत्त्व शाही फरमान से भी अधिक था । अटक नदी को 'सिन्धुस्थान' की पश्चिमी सीमा निर्धारित करने का निश्चय किसी महत्त्वाकांक्षी राजा के हृदय की अभिलाषा मात्र नहीं था । यह निश्चय शताब्दियों के इतिहास ने तथा राष्ट्रीय भावनाओं से भरी जनता ने सर्वसम्मति से किया था । सिन्धु को अपनी राष्ट्रीय सीमा निर्धारित करना और इस निर्णय को जी-जान से निभाना, बड़ी से बड़ी कठिनाई को इस निर्णय की रक्षा के लिये तुच्छ समझना किसी थोथी महत्त्वाकांक्षा का परिणाम नहीं हो सकता । आज भी ये शब्द असंख्य जनता के हृदय में देश-प्रेम का प्रवाह ला देते हैं । लाखों आदमी जो 'सिन्धुस्थान' (अब हिन्दुस्तान) शब्द के सच्चे अर्थ को नहीं समझते फिर यह उनको उनकी राष्ट्रीयता की याद दिला देते हैं । इस नाम को धार्मिक रंग देना भूल है, यह विशुद्ध राष्ट्रीय नाम है ।"

आगे चलकर उन्होंने बतलाया कि यद्यपि संस्कृत का प्रचार घटकर जनता में प्राकृत भाषा का प्रचार हो जाने से 'सिन्धुस्थान' का उच्चारण 'हिन्दुस्तान' किया जाने लगा । जितने भी प्राचीन से प्राचीन हिन्दी-ग्रन्थ' मिलते हैं उनमें 'हिन्दू' और हिन्दुस्तान शब्द का ही प्रयोग मिलता है । ये प्रमाण उस समय के हैं जब मुसलमानों का इस देश में आगमन भी नहीं हुआ था—

"हिन्दी में लिखे गये सब ऐतिहासिक ग्रन्थों में 'पृथ्वीराज रासो' जिसे चन्दवरदाई ने लिखा था, सबसे प्राचीन और प्रामाणिक माना जाता है । उसके पूर्व केवल एक काव्य ही और लिखा गया था । आश्चर्य की बात है कि उस सर्वप्रथम काव्य में भी हिन्दुस्तान' का स्मरण बड़ी श्रद्धा और राष्ट्रीय-भावना से किया गया है । वह काव्य चन्दवरदाई के पिता 'वेन' अजमेर के राजा पृथ्वीराज के पिता को सम्बोधन करके लिखा था—

अटल ठाट महिमाट, अटल तारागढ़ थाने ।
अटल नग्र अजमेर अटल हिंदव अस्थाने ॥

हिन्दी भाषा के आदि कवि चन्दवरदाई ने 'हिन्दु, हिन्दवान और हिन्द' शब्दों का प्रयोग इतनी बार किया है कि हमें इन शब्दों के उस समय अच्छी तरह प्रचलित और लोकप्रिय होने में कोई सन्देह नहीं रह जाता । पृथ्वीराज द्वारा शाहबुद्दीन की गिरफ्तारी और इस शर्त पर कि वह पुनः भारत पर आक्रमण नहीं करेगा—रिहाई का वर्णन करते हुए चन्दवरदाई ने लिखा है—

किय सलाम तिन बार जाहु अपन्ने सुथानह ।
मति हिन्दु पर साहि सज्जिआऔ स्वस्थानह ॥

पर शाहबुद्दीन पर इस उदार व्यवहार का कोई प्रभाव न पड़ा और बार-बार आक्रमण करता रहा । इन युद्धों के वर्णन में बार-बार 'हिन्दू' शब्द आया है—

जब हिन्दु दल जोर हुआ छुट्टि मीरधर भ्रम ।
असमय अरवस्तान चला करन उद्दसाक्रम ॥
जुरे हिन्दु मीरं बहे खग्ग तारं ।
मुखे मारमारं बहे सूरसारं ॥
आज भाग चहुआन घर आज भाग हिन्दवान ।
इन जीवित्त दिल्लीश्वर गंज न सक्कै आन ॥

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

हिन्दी प्राचीन कवियों में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय भावना रखने वाले महाकवि भूषण ने अपनी रचनाओं में जगह-जगह 'हिन्दवान' का उल्लेख किया है ।

हिन्दुन के पति सों न बिसात
सताबत हिन्दु गरीवन पाय के ।
लीजै कलंक न दिल्ली के बालक
आलम आलमगीर कहायके ।
राखी हिन्दुवानी, हिन्दुवान को तिलक राख्यौ ।
स्मृति औ पुराण राख्यौ, वेद विधि सुनि मैं ॥

इस प्रकार अनेक उदाहरणों से 'हिन्दुत्त्व' की प्राचीनता और महत्ता सिद्ध करके श्री सावरकर ने यही निष्कर्ष निकाला था कि हमको अपने समस्त देशवासियों में ऐसी भावना उत्पन्न करनी चाहिये और प्रत्येक व्यक्ति को ऐसी प्रेरणा देनी चाहिये जिससे हमारी राष्ट्रीय एकता सुदृढ़ बने और हम संसार के अन्य राष्ट्रों के सामने गौरव के साथ मस्तक ऊँचा कर सकें—

इस प्रकार हमने देखा कि 'हिन्दुत्त्व' की विशेषतायें ही हमारी राष्ट्रीय विशेषतायें हैं । हम इसी आधार पर विशाल राष्ट्र की इमारत खड़ी कर सकते हैं । शर्त यही है कि हम अपनी खूबियों को समझें और उनका उपयोग करें । इस जमाने में छोटे राष्ट्रों की कोई हैसियत नहीं, सम्मिलित राष्ट्रों का ही यह युग है । आज छोटे-छोटे राष्ट्र मिलकर अपना विशाल राष्ट्रों के रूप में सम्मान करा रहे हैं। पृथक रहने से उनका अस्तित्व संकट में पड़ जाता है । जिन राष्ट्रों को भौगोलिक, सांस्कृतिक सुविधायें प्राप्ति नहीं हैं वे भी अन्य राष्ट्रों के साथ संगठित होने का उद्योग कर रहे हैं और हम हैं जो राष्ट्र निर्माण की उत्कृष्टतम सुविधायें प्राप्त होने पर भी उनका उपयोग नहीं करते । आज हम हैं कि जाति, धर्म, प्रान्त आदि के नाम पर बने-बनाये संघ को तोड़ने में अपनी शक्ति खर्च कर रहे हैं । हम न केवल भविष्य में अपने को हिन्दुत्व से पृथक करके अलग जातीयता कायम करने का आन्दोलन कर रहे हैं बल्कि सदियों के सूत्र को भी तोड़ने में प्रयत्नशील हैं ।

वे यद्यपि हिन्दू राष्ट्र की कल्पना से अभिभूत थे पर उनकी हिन्दू की व्याख्या विस्तृत और मानवता की पर्यायवाची थी । जीवन के पूर्वार्द्ध में वे सशस्त्र क्रान्तिकारी एवं उत्तरार्द्ध में हिन्दू संगठन के वे प्रबल समर्थक रहे पर उनकी आन्तरिक भावना अत्यन्त उदार थी । अनेक अवसरों पर उनके मुख से ये उद्‌गार सुने गये थे—

हमारी सच्ची जाति मनुष्य है ।
हमारा सच्चा धर्म मानवता है ॥
हमारा देश अखिल विश्व है ।
और हमारा सच्चा शासक ईश्वर है ॥

आओ हम सब भारतवासी क्रान्तिवीर शार्दूल सावरकर की इस पुण्य-भावना से अभिभूत होकर उसे अपने आचरण द्वारा सत्य प्रमाणित करने का संकल्प करें ।

स्वाधीनता के पुजारी : सुभाषचन्द्र बोस

महापुरुषों की अनेक श्रेणियाँ होती हैं । कोई विद्या, बुद्धि की दृष्टि से अग्रगण्य होते हैं कोई, परोपकार के लिये सर्वस्व अर्पण करने वाले होते हैं, कोई धर्म-कर्त्तव्य और आदर्श चरित्र की दृष्टि से अनुकरणीय होते हैं कोई अन्याय के प्रतिकार निर्बलों की रक्षा के लिये आत्म-बलिदान करने वाले होते हैं । इस प्रकार महापुरुष अनेक क्षेत्रों में कार्य करके मानवता की सेवा, सहायता, मार्गदर्शन करके अपने जीवन को सार्थक करते हैं और अन्य लोगों के सम्मुख एक ऐसा उच्च उदाहरण—आदर्श उपस्थित करते हैं जिससे अनगिनती मनुष्य बहुत समय तक प्रेरणा प्राप्त करते रहते हैं ।

नेताजी श्री सुभाषचन्द्र बोस ऐसे ही महामानवों में से थे । उनको उच्च विद्या, बुद्धि, पदवी, पारिवारिक सुख, सार्वजनिक सम्मान सब कुछ प्राप्त था । अन्य अनेक माननीय और उच्च पदवी पर प्रतिष्ठित व्यक्तियों के समान सुख-सुविधा का सार्वजनिक जीवन बिता सकना उनके लिये कुछ भी कठिन न था, पर इस सबका त्याग कर उन्होंने स्वेच्छा से ऐसा जीवन मार्ग ग्रहण किया जिसमें पग-पग पर काँटे और खाई-खन्दक थे । उनका त्याग और साहस इतना उच्चकोटि का था कि इसे देखकर हजारों व्यक्ति उनके सामने ही अपने देशवासियों को मनुष्योचित अधिकार दिलाने के लिये तन, मन, धन सर्वस्व अर्पण करने को तैयार हो गये । किसी ने सच कहा है कि वास्तविक प्रचार भाषणों, लेखों, वक्तव्यों से नहीं होता, वरन् जो कुछ कहा जाये उसे स्वयं कार्यरूप में कर दिखाने का ही लोगों पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है और साधारण व्यक्ति भी असाधारण कार्य करने को तैयार हो जाते हैं ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जन्म और परिवार

सुभाष बाबू के वंश का मूल निवास स्थान बंगाल का '२४ परगना' जिला है, पर उनके पिता श्री जानकीनाथ बहुत वर्षों तक कटक (उड़ीसा) में काम करते रहे और वहीं २३ जनवरी, १८९७ को उनका जन्म हुआ । उनके पिता आधुनिक अंग्रेजी शिक्षा के विशेष पक्षपाती थे, इसलिये उन्होंने अपने सब बच्चों को आरम्भ से ही कटक के 'यूरोपियन स्कूल' में शिक्षा दिलवाई और बाद में यूरोप भेजकर उच्च शिक्षा की व्यवस्था की । सुभाष ने भी मैट्रिक तक की शिक्षा कटक में ही पाई । उसके पश्चात् कलकत्ता के प्रेसीडेन्सी कॉलेज में दाखिल होकर बी. ए. पास किया । इसी बीच में एक बार वे किसी आध्यात्मिक गुरु की खोज में घर से बिना कहे चले गये और हरिद्वार, वृन्दावन, काशी, बौद्ध, गया आदि स्थानों में घूम फिरकर वापस आ गये । इस यात्रा में उनको यही अनुभव हुआ कि इस समय देश में आध्यात्मिकता का ऊपरी ढाँचा मात्र रह गया है, उसका सार तत्त्व निकल गया है । जितने भी साधु-संन्यासियों से वे मिले, उन सबने उनको छोटे-बड़े ग्रन्थों में पढ़ी हुई बातें तोते की तरह सुनादीं । पर व्यावहारिक जीवन में उनका कोई लक्षण न दिखाई दिया और न देश, काल के अनुसार कोई महत्त्वपूर्ण कार्य करने की प्रवृत्ति किसी में जान पड़ी ।

घर लौटने पर माता को इन्होंने बड़ी दुःखित अवस्था में देखा । इनके बिना कुछ कहे-सुने चले जाने और बहुत ढूँढ़ने पर भी कुछ पता न लगने पर वह शोक से बीमार हो गई थी । उसने बड़े क्षोभ से कहा—"तूने मेरी मृत्यु के लिये जन्म लिया है ।" इन्होंने बहुत समझा-बुझाकर और फिर ऐसा काम न करने की प्रतिज्ञा करके उसे शान्त किया । पिता का व्यवहार बहुत सहानुभूति पूर्ण था । शोक तो उनको भी कम नहीं हुआ था, पर वे अपने पुत्र के उच्च विचारों और धर्म-भावना का मूल्य समझते थे । उन्होंने सुभाष के कार्य को बुरा नहीं कहा, पर उनकी सम्मति में धर्म-साधन संसार में रहकर भी हो सकता है । फिर यदि संसार-त्यागकर संन्यासी जीवन व्यतीत करना हो तो उसके लिये कुछ तैयारी भी करना आवश्यक है । अच्छा यही है कि पहले सांसारिक कर्त्तव्यों का पालन करके और जीवन का अनुभव प्राप्त करके संन्यास के मार्ग पर पैर रखा जाये । सुभाषचन्द्र ने पिता की बातों को बड़ी श्रद्धा और सम्मान के साथ सुना और फिर अपना मत इस प्रकार व्यक्त किया—

(१) संसार में रहकर भी धर्म किया जा सकता है, पर सबके लिये एक ही नियम काम नहीं दे सकता, क्योंकि सबका रोग और सामर्थ्य एक समान नहीं होती । अतएव प्रत्येक को उसकी प्रकृति के अनुसार ही मार्ग बतलाना पड़ता है ।

(२) त्याग के लिये अभ्यास और तैयारी की बात ठीक है, पर विभिन्न लोगों के संस्कार पृथक्-पृथक् होते हैं और त्याग का आधार मुख्यतः मनुष्य के संस्कारों पर ही होता है ।

(३) कर्त्तव्य का निर्णय भी सापेक्ष दृष्टि से करना पड़ता है । उच्च कर्त्तव्य-पालन की आवश्यकता उपस्थित होने पर निम्न कर्त्तव्य को दबा देना पड़ता है ।

पिता ने फिर पूछा कि—"शास्त्रों में जो कहा गया है कि 'ब्रह्म-सत्य जगत् मिथ्या'—इसके सम्बन्ध में तुमने क्या समझा है ?" सुभाष ने कहा—"जब तक यह बात केवल मुख से कही जाती है तब तक वह एक सिद्धान्त मात्र है, पर जब उसके अनुसार व्यवहार किया जाता है तब वह 'सत्य' और उसे व्यवहार में लाया जा सकता है । जिन्होंने इस वाक्य को प्रचारित किया था वे उसके अनुसार चलते भी थे और वे कह गये हैं कि अन्य सब लोग भी इस पर चल सकते हैं ।" जब पूछा गया कि—"इसको कौन व्यवहार में लाया था और उसका प्रमाण क्या है ?" तो सुभाष ने उत्तर दिया—"प्राचीन ऋषि इस सिद्धान्त के अनुसार आचरण करते थे । उन्होंने जो कहा है 'वेदाहमेतं पुरुषं महान्तम्' (मैं उस परम पुरुष को जानता हूँ) यही इसका प्रमाण है । इस समय भी विवेकानन्द ने इस आदर्श को कार्यान्वित किया और वही मेरा आदर्श है ।" इस प्रकार पिता ने उस नवीन अवस्था में ही पुत्र की आत्म-त्याग और आत्म-समर्पण की मनोवृत्ति का परिचय प्राप्त कर लिया ।

आध्यात्मिक-भाव की वृद्धि

इस प्रकार किशोरावस्था में ही सुभाषचन्द्र की मनोवृत्ति का झुकाव सांसारिक धन, वैभव, पदवी के बजाय जीवन की वास्तविकता को जानने और अपनी शक्ति तथा सामर्थ्य का उपयोग देश की प्रगति के लिये करने की तरफ होने लगा । उनके मित्र उनको 'संन्यासी' के नाम से पुकारते थे तो उनको इससे एक प्रकार की प्रसन्नता ही होती थी । इसी समय उन्होंने अपने जीवन के सम्बन्ध में विचार करते हुए एक पत्र में लिखा था—

"मैं दिन पर दिन अनुभव करता जाता हूँ कि हमारे जीवन का एक विशेष लक्ष्य या उद्देश्य है और उसी के लिये हम इस संसार में आये हैं । लोग तो इस सम्बन्ध में भला-बुरा कहते ही रहते हैं पर मैंने निश्चय कर लिया है कि मैं प्रचलित विचारधारा में कभी नहीं बहूँगा । मैं अपनी सूक्ष्म अन्तरात्मा में यह अनुभव करता हूँ कि मेरे ऊपर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

ऐसी भावना का प्रभाव नहीं पड़ सकता । यदि संसार के व्यवहार से प्रभावित होकर मैं अपने मन में दुःख, निराशा आदि का अनुभव करूँ तो मैं समझूँगा कि यह मेरी दुर्बलता है पर जिसकी दृष्टि आकाश की तरफ लगी है उसे इस बात का कुछ पता नहीं रहता कि सामने पहाड़ है या कुआँ है । इसी प्रकार जिसका लक्ष्य एक मात्र अपने उद्देश्य और आदर्श की तरफ होता है उसका अन्य विषयों की तरफ ध्यान नहीं जाता । कुछ भी हो अब मुझे यह अनुभव होता है कि हमको अपना मनुष्यत्व सार्थक करने के लिये तीन बातें करनी चाहिये—

(१) भूतकाल को साकार बनाना ।

(२) वर्तमान काल को उत्पन्न करना ।

(३) भविष्य काल का निर्माण करना ।

"इन तीनों बातों की व्यवस्था इस प्रकार कि (१) मैं प्राचीन काल के समस्त इतिहास और संसार की समस्त सभ्यताओं का अध्ययन करूँगा ।

(२) मुझे अपना अध्ययन भी करना चाहिये— अपने चारों तरफ की दुनिया को अच्छी तरह समझना चाहिये । मुझे भारतवर्ष और दुनिया की वर्तमान अवस्था की पूरी जानकारी प्राप्त करनी चाहिये और इसके लिये विदेशों की यात्रा करना आवश्यक है । (३) मुझे भविष्य संदेशवाहक (प्रॉफिट) होना है तो इसके लिये प्रगति के नियमों का पता लगाना आवश्यक है । पूर्वीय और पाश्चात्य दोनों सभ्यताओं की प्रवृत्तियों को समझना जरूरी है, जिससे मनुष्य-जाति के भावी लक्ष्य को निर्धारित किया जा सके । इस सन्दर्भ में जीवन-दर्शन का अध्ययन और मनन करना भी सहायक होगा । इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये हमको अपना कार्य भारतवर्ष से ही आरम्भ करना चाहिये ।"

"क्या यह एक महान् उद्देश्य नहीं है ? निःसन्देह इस विचार को कार्यान्वित करना बड़ा कठिन है । पर इसकी चिन्ता नहीं । हम सब मिलकर आगे बढ़ेंगे तो सिद्धि प्राप्त होगी ही । हम अपनी दृष्टि को जितनी अधिक ऊपर की तरफ उठायेंगे, उतना ही हम भूतकाल के कटु अनुभवों को भूलते जायेंगे और तब भविष्यकाल पूर्ण प्रकाशयुक्त रूप में हमारे सामने प्रकट होगा ।"

इससे श्री सुभाष की मानसिक अवस्था का बहुत कुछ पता चल जाता है । उनको छोटी आयु से ही यह अनुभव हो गया कि मानव-जीवन केवल खाने-पीने और भोग करने के लिये नहीं है, वरन् भगवान् ने हम सबको इस जगत् में किसी उच्च आदर्श की पूर्ति के लिये भेजा है । प्रायः यह कहा जाता है कि "मनुष्य संसार का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है"—पर यह सिद्धान्त उसी समय चरितार्थ हो सकता है जब हम धन-वैभव और सुख-सुविधा प्राप्त करने की सामान्य मनोवृत्ति को त्याग कर अपनी निगाह ऊपर की तरफ उठाते हैं । जब हम परमात्मा के आदेश का पालन करने के लिये अपने संकीर्ण स्वार्थ को छोड़ कर त्याग और तपस्या द्वारा मानव-प्रगति में सहयोग देने के लिये आगे बढ़ेंगे तभी हम इस स्वर्णिम भविष्य को प्राप्त करने में सफल मनोरथ हो सकेंगे । इनका मनन करते-करते जब अपने देश और यहाँ के निवासियों की स्थिति को समझा तो उन्होंने फिर एक अन्य पत्र में अपनी भावनाओं को प्रकट करते हुए लिखा—

"जीवन-सरिता में दो परस्पर विरोधी स्रोत बहते रहते हैं । एक स्रोत मंगल (कल्याण) की तरफ ले जाता है और दूसरा नीचे की तरफ बहा ले जाता है । इन दोनों के साथ संघर्ष करते रहना ही जीवन का पुरुषार्थ है ।"

"इस समय भारतवर्ष एक नये जीवन में प्रवेश कर रहा है । तमोमयी अँधेरी रात्रि का अवसान होकर मंगलमयी उषा का प्रकाश भारतीय गगन को सुशोभित कर रहा है । इस दृश्य को इस समय कौन भारतीय युवक नहीं देख रहा है और अनुभव कर रहा है ? हम लोग धन्य हैं जिन्होंने इस समय जन्म लिया है और वर्तमान 'अश्वमेध यज्ञ' की पूर्ति के लिये 'समिधायें' एकत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त किया है । एक बार नेत्र खोलकर देखो कि पूर्वीय आकाश में नवीन सूर्योदय की कैसी शोभा हो रही है । चारों तरफ भविष्य द्रष्टा महापुरुष उच्च स्वर से शंखनाद करके अगामी प्रकाशयुक्त भविष्य का आवाहन कर रहे हैं । क्या तुम इसमें भाग लेने के लिये अपनी अन्तरात्मा का स्वर नहीं मिलाओगे ?"

सुभाषचन्द्र के ये उद्गार निश्चय ही उनकी अन्तरात्मा से निकल रहे थे । तभी आगे चलकर उन्होंने देशोद्धार के लिये इतना त्याग और साहसपूर्ण कदम उठाया जिससे आज तक उनका यश देश भर में फैल रहा है । अपनी मातृभूमि और स्वदेश बान्धवों की कष्टपूर्ण अवस्था उनको उसी समय व्याकुल कर रही थी और उनका मन बार-बार कुछ करने के लिये उद्वेलित हो रहा था । पर वे समझते थे कि बिना पूरी तैयारी किये, बिना अपने को योग्य और शक्तिशाली बनाये हम कोई बड़ा काम नहीं कर सकते । इसीलिये आरम्भ में ही उन्होंने संसार भर के इतिहास और सभ्यताओं के उत्थान-पतन के कारणों का अध्ययन और मनन करने का निश्चय किया । वे जैसे-जैसे इस मार्ग पर आगे बढ़ते गये उनको अपने देश की वास्तविक दशा, उसके पतन के कारण और ऊँचा उठने के लिये भावी कार्यक्रम का ज्ञान होता गया । इससे उनकी अन्तरात्मा निरन्तर देश और समाज के प्रति अपना कर्त्तव्यपालन करने अपने स्वार्थ का

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

बलिदान करने के लिये छटपटाने लगी । वे बारम्बार अपने साथियों को समझाते हुए इस प्रकार के प्रेरणादायक उद्‌गार प्रकट करने लगे—

"तुम फिर से मनुष्य बनो" किसी कवि की यह बात मुझे अत्यन्त प्रिय जान पड़ती है, क्योंकि इसमें बड़े उच्च भाव का समावेश है । तुम्हारे मेरे—राम, श्याम, हरि, मोहन आदि के सम्मिलित होने से ही तो भारत बना है । यदि हम मनुष्य बन सकें तो भारत जागृत हो जायेगा । भारत की कंकाल मात्र देह के भीतर अब भी प्राण धक-धक कर रहा है—भारत के उच्चकोटि के विचारक बारम्बार यही बात हमको समझा रहे हैं । इसलिये अब सोच-विचार किस बात का है ? इतना अभाव, दुःख, दरिद्रता, पारस्परिक ईर्ष्या, द्वेष, कायरता आदि के होते हुए भी भारत के लिये मन में आशा का उदय होता है, इसका क्या कारण है यह कहा नहीं जा सकता ।"

"इसलिये अपने आपको पहिचान कर अपने कर्त्तव्य का पालन करो । तुमको जो शक्ति प्राप्त हुई है उसको और विकसित करो । अपने हृदय को नवीन उत्साह से भरो—अपनी कल्पना पर नवीन आशा का आधिपत्य स्थापन करो—यौवन के आनन्द और शक्ति को अपनी एक-एक नस में संचारित करो । इससे तुम्हारा आन्तरिक जीवन सूर्य की किरणों से प्रकाशित मार्ग के समान सुस्पष्ट और विकसित बन जायेगा । तुम जीवन की पूर्णता अनुभव करके धन्य बनो यही मेरी विनीत आकांक्षा और प्रार्थना है ।"

हमें तरस आता है आजकल के अधिकांश नवयुवकों पर जो जानते ही नहीं कि 'जीवन का उच्च आदर्श' क्या चीज होती है । सिनेमाओं के अश्लील गीतों और सिगरेट आदि ने उनके मनुष्यत्व को प्रायः नष्ट कर डाला है और वे 'लैला-मजनू' बनने में ही अपने जीवन की सार्थकता समझते हैं । अगर कुछ जोश आया भी तो वह गुण्डागर्दी करने में ही खर्च होता है और आपस में ही छुरे-बाजी करना बड़ी वीरता का चिह्न माना जाने लगा है । वे सुभाष चन्द्र के उद्‌गारों को पढ़ें और समझें कि नवयुवकों के मनोभाव कैसे होने चाहिये और उनको किस प्रकार अपने जीवन को ऊँचा बनाना चाहिये । जान पड़ता है आजकल के युवकों के सामने जैसे कोई श्रेष्ठ आदर्श रह ही नहीं गया है और उन्होंने इन्द्रिय-परायणता को ही सबसे बड़ा काम और जीवन का उद्‌देश्य मान रखा है । सुभाषचन्द्र का जीवन बतलाता है कि किस प्रकार उन्होंने घर में सब प्रकार की सुख-सामग्री होने पर भी, इन तुच्छ बातों की तरफ आँखें न उठाकर मानवता के लिये त्याग और बलिदान को ही मनुष्य जन्म का चरम फल माना और उसे कार्य रूप में परिणत कर दिखाया । वे स्वयं ही महानता के इस मार्ग पर अग्रसर नहीं हुए वरन् अन्य भी हजारों व्यक्तियों को प्रेरणा देकर देशभक्त और स्वाधीनता का सैनिक बना दिया ।

आज भी सुभाष के जीवन से हम अपने जीवन को उच्च और सार्थक बनाने की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं । उन्होंने विश्वविद्यालय की उच्च शिक्षा प्राप्त की, उस जमाने की सबसे बड़ी परीक्षा आई. सी. एस. पास की, पर अपना लक्ष्य सदा दूसरों के उद्धार और उपकार के लिये ही अपनी शक्ति और योग्यता का उपयोग करना मानते रहे और उसे बहुत अच्छी तरह पूरा करके दिखा दिया ।

विदेश-यात्रा और राष्ट्रीय आन्दोलन में योगदान

तीर्थ-भ्रमण से लौटकर घर वालों की इच्छानुसार सुभाषचन्द्र ने फिर पढ़ना आरम्भ कर दिया और इण्टरमीडिएट की परीक्षा पास करके प्रेसीडेन्सी कॉलेज में पढ़ने लगे । कॉलेज में पढ़ते उनको थोड़ा ही समय हुआ था कि वहाँ के एक अंग्रेज अध्यापक ने किसी भारतीय छात्र को गालियाँ दीं । जातीयता के अभिमानी सुभाष को यह सहन नहीं हुआ और उन्होंने समस्त विद्यार्थियों को संगठित करके कॉलेज में हड़ताल कर दी । इससे कॉलेज के अधिकारी, जो अधिकांश अंग्रेज ही थे, आपसे बहुत असन्तुष्ट हुए । आप पर गाली देने वाले प्रोफेसर को पीटने का दोषारोपण किया गया और कॉलेज से निकाल दिया गया । इस पर आप अपने पिता के पास कटक चले गये और वहीं दो वर्ष तक निवास करते रहे । अन्त में श्री आशुतोष मुकर्जी के प्रयत्न से, जो उस समय कलकत्ता यूनीवर्सिटी के वाइस चांसलर थे उनको फिर स्काटिशचर्च कॉलेज में पढ़ने की अनुमति मिली और सन् १९१८ में बी. ए. पास करके एम. ए. में दाखिल हो गये । पर घर वालों और पिता की इच्छा थी कि वे विलायत जाकर आई. सी. एस. (इण्डियन सिविल सर्विस अर्थात् उच्च सरकारी अधिकारी की परीक्षा) पास करें । सुभाषचन्द्र सरकारी नौकरी के लिये बिल्कुल तैयार न थे, पर घर वालों के बहुत दबाने से विलायत चले गये । इसमें उनका एक उद्‌देश्य यह भी था विदेश यात्रा करके अपने ज्ञान और अनुभव को परिपक्व करें । वे अच्छी तरह जानते थे कि जब तक हम संसार की दशा का निरीक्षण करके विदेशियों की शक्ति और अपनी निर्बलता का कारण न समझ लेंगे तब तक देशोद्धार का कोई प्रभावशाली उपाय किया जा सकना सम्भव नहीं । इस विषय में उनके मनोभाव क्या थे यह उनके अपने मित्र को लिखे एक पत्र से प्रकट होता है—

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

"मैं एक विषम समस्या में पड़ गया हूँ । कल ही घर से सम्वाद आया है कि मैं विलायत जाकर अध्ययन करूँ । मुझे इसी समय वहाँ की यात्रा करनी पड़ेगी, पर इस समय जाने से वहाँ की किसी नामी यूनीवर्सिटी में दाखिल हो सकने की आशा नहीं है । घर वालों की इच्छा तो यह है कि कुछ महीने पढ़ कर आई. सी. एस. (इण्डियन सिविल सर्विस) की परीक्षा में बैठ जाऊँ । मेरी अपनी इच्छा यह है कि विलायत जाकर किसी अच्छी यूनीवर्सिटी की उपाधि प्राप्त करूँ जिससे आगे चलकर मैं अपने देश के शिक्षा सम्बन्धी क्षेत्र में काम कर सकूँ । पर यदि मैं इस समय घर वालों से यह कह दूँ कि मैं 'सिविल-सर्विस" की परीक्षा नहीं दूँगा, तो फिर मेरी विदेश-यात्रा का प्रस्ताव सदा के लिये समाप्त हो जायेगा । इस अवस्था में मैं इस अवसर को छोड़ दूँ या किसी प्रकार उसे स्वीकार कर लूँ यह निश्चय नहीं कर पाता । फिर एक कठिनाई यह है कि यदि मैं 'सिविल-सर्विस' की परीक्षा में पास हो गया, तो क्या होगा ? सरकारी नौकरी कर लेने पर तो मेरा उद्देश्य ही समाप्त हो जायेगा ।"

इस प्रकार घर वालों के आग्रह और विदेशों का अनुभव प्राप्त करने के उद्देश्य से श्री सुभाष विलायत-यात्रा के लिये सहमत हो गये और इंग्लैण्ड पहुँचकर कैम्ब्रिज यूनीवर्सिटी में अध्ययन करने लगे । पर वहाँ भी आपका ध्यान 'सिविल सर्विस' की परीक्षा पास करने के बजाय भारतीय समस्याओं की ओर ही अधिक था । इस सम्बन्ध में अपने एक पत्र में बतलाया था ।

यहाँ पर 'इण्डियन मजलिस' नाम की भारतवासियों की एक संस्था है जिसका प्रति सप्ताह एक अधिवेशन होता है और बीच-बीच में बाहर के प्रसिद्ध वक्ताओं को भी बुलाया जाता है । एक बार श्रीमती सरोजिनी नायडू ने 'युवकों का साम्राज्य' विषय पर भाषण दिया था । पिछली बार श्री पियरसन का व्याख्यान सुनने में आया । मेरे आने से कुछ समय पहले ही तिलक महाराज भी इसमें पधारे थे । सरकार के इण्डिया आफिस ने उसमें बाधा डालने की चेष्टा की थी, पर सफलता न मिल सकी । यहाँ रहने वाले भारतवासियों के विचार बड़े उग्र हैं पर तिलक महाराज ने जब अपने विचार नर्मी के साथ प्रकट किये तो सबने उसका प्रतिवाद किया ।

"यहाँ के लोग बड़े उद्यमशील हैं । सब को समय की कीमत का ज्ञान है और काम करने का एक नियत ढंग है । ये लोग सब काम घड़ी की तरह नियत घण्टा-मिनट पर करते हैं । ये लोग पक्के आशावादी भी हैं । जब कि हम जीवन में दुःखों के विषय में ही अधिक विचार करते हैं, ये लोग अधिकतर जीवन के सुख और प्रकाश के विषय में ही सोचते हैं । इनका सामान्य व्यावहारिक ज्ञान बड़ा प्रशंसनीय है और अपने जातीय हित को ये खूब समझते हैं । हम लोग अपने शरीर और स्वास्थ्य की तरफ भी बहुत कम ध्यान देते हैं । हमारे यहाँ विद्वान् समझे जाने वालों के मुख से भी प्रायः ऐसे उद्‌गार सुनने में आते हैं—"शरीर की ज्यादा चिन्ता करने से क्या लाभ, यह तो दो दिन के बाद मिट्टी में ही मिलेगा ।" इस प्रकार का उदासीनता का भाव देश सेवकों के लिये तो कदापि उचित नहीं कहा जा सकता है । इस सम्बन्ध में हमारा आदर्श होना चाहिये—'शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्' अर्थात् शरीर ही समस्त धर्म साधन का आधार है ।"

शरीर की तरफ से लापरवाह रहना एक अपराध है । यह केवल अपने ही प्रति नहीं होता, वरन् देश के प्रति होता है । हमारे देश के युवकों की शारीरिक सामर्थ्य यदि छोटी उम्र में ही नष्ट हो जाये तो हमको समझना चाहिये कि उनके भीतर कोई गलती या संकीर्णता रह गई है । हममें से प्रत्येक को मन में यह भाव रखना चाहिये कि यह शरीर हमारा नहीं है, वरन् हम इसके एक 'ट्रस्टी' (संरक्षक) के समान हैं ।"

एक सच्चा समाज हितैषी और मानव-सेवा का व्रतधारी ही संसार के अग्रणी और महान् माने जाने वाले देश में पहुँच कर वहाँ की चमक-दमक और पचासों तरह के नये-नये आकर्षणों से बचकर अपने देश और छोटे-बड़े स्वदेशबान्धवों की इस प्रकार चिन्ता कर सकता है । सुभाषचन्द्र ने इंग्लैण्ड में अंग्रेज जाति की उन्नति के कारणों पर ध्यान दिया और उनमें जो बातें उनको लाभदायक जान पड़ीं उनके विषय में तुरन्त अपने भारतीय मित्रों को सूचित किया, ताकि कम से कम वे तो उनसे कुछ शिक्षा ग्रहण करके अपने को देश सेवा के अधिक उपयुक्त बनावें ।

उन्होंने स्वास्थ्य-रक्षा के सम्बन्ध में जो कुछ लिखा वह वास्तव में बहुत आवश्यक और उपयोगी है । देश-सेवा या समाज-सेवा केवल बातों से नहीं हो सकती और न मन में संकल्प या अभिलाषा करने से हो सकती है । जब तक हम में इस प्रकार की सेवा करने लायक योग्यता और शक्ति न होगी तब तक हम इस सम्बन्ध में कितनी ही चर्चा, परामर्श करें, उत्साह दिखलायें पर उसका कोई परिणाम नहीं निकल सकता । अगर मनुष्य का स्वास्थ्य ही ठीक नहीं है, वह रोगी बनकर चारपाई पर पड़ा रहता है या कोई परिश्रम का काम नहीं कर सकता, तो वह हार्दिक इच्छा रखने पर भी सेवा और परोपकार के मार्ग में कोई उल्लेखनीय कार्य कर नहीं दिखला सकता । शरीर यद्यपि

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

एक भौतिक चीज है, पर वह आत्मा का आवास है और हमारी आत्मा और मन बुद्धि भी अपनी अभिव्यक्ति के लिये उसी के आश्रित हैं । इसीलिये भारतीय ऋषियों ने 'धर्म-साधन' का एक प्रमुख उपकरण अथवा सहायक शरीर को भी बतलाया है । सुभाषचन्द्र के हृदय में देशभक्ति का जो सागर हिलोरें मार रहा था वह तब तक अपना कुछ प्रभाव नहीं दिखला सकता था, जब तक ये उसके लिये आवश्यक परिश्रम और कष्ट सहन करने की शक्ति न रखते हों ।

इसलिये वे निरन्तर इस तरफ दृष्टि रखते थे और अपने साथियों को भी सदा इसकी प्रेरणा देते रहते थे ।

नारी-जागरण का महत्त्व

सुभाषचन्द्र का ध्यान भारतीय नारियों के जागरण की तरफ भी जाता रहता था । वे जानते थे कि किसी समाज का उद्धार केवल पुरुषों की चेष्टा से नहीं हो सकता । पुरुष यदि क्रान्ति, सशस्त्र-संग्राम द्वारा स्वाधीनता प्राप्त कर भी लें, तो भी समाज की प्रगति, जो कि सब प्रकार की उन्नतियों का मूल मन्त्र है, बिना नारी जागरण के नहीं हो सकती । इसीलिये जिस दिन 'इण्डियन मजलिस' में श्रीमती नायडू का भाषण सुना, उसी दिन उन्होंने लिखा—"आज आनन्द से मेरा कलेजा दस हाथ फूल गया । मैंने देखा कि आज भी भारत रमणी में इतनी शिक्षा, दीक्षा, गुण चरित्र पाया जाता है कि वह पाश्चात्य जगत् के सामने खड़ी होकर आत्म-परिचय देने में समर्थ है । लन्दन में ही एक दिन श्रीमती मित्र से बात-चीत हुई । मैंने देखा कि उनके पति तो राजनीति में नर्म विचारों के हैं, पर श्रीमती मित्र पूर्ण रूप से उग्रवादी थीं । श्रीमती घर भी गर्म दल की हैं । यह सब देखकर मन में विश्वास होता है कि जिस देश की महिलाओं का आदर्श इतना ऊँचा है वह अवश्य उन्नति करेगा । यहाँ जितनी भारतीय महिलायें आती हैं, उन सबके हृदय में गम्भीर स्वदेश प्रेम पाया जाता है । कारण यही है कि मातृ-हृदय बड़ा कोमल और साथ ही गम्भीर भी होता है ।"

किसी भी देश तथा समाज के उत्थान के लिये नारियों का प्रगति क्षेत्र में अग्रसर होना एक अनिवार्य शर्त है । सन्तान-पालन के रूप में पुरुष-जाति का निर्माण तो उसका प्रत्यक्ष कार्य है ही, साथ ही गहरी निगाह से विचार करने पर यह भी स्पष्ट जान पड़ता है कि किसी जाति की संस्कृति और सभ्यता का विकास भी बहुत कुछ स्त्रियों पर निर्भर होता है । पुरुष तो प्रायः बाहर रहता है और शारीरिक श्रम करके जीवन-निर्वाह की सामग्री प्राप्त करता है, पर स्त्री घर में रहकर जीवन को सुन्दर और सुरुचिपूर्ण बनाने का उद्योग करती रहती है । भारतीय संस्कृति में नारी को आदि काल से बहुत ऊँचा पद दिया गया है उसको देवी और जगत्-जननी कहा गया है, वह इसी बात का प्रमाण है कि समाज में नारी की स्थिति वास्तव में बड़ी महत्त्वपूर्ण है और जब तक वह अपना कर्त्तव्य भली प्रकार पालन कर सकने योग्य न होगी तब तक समाज की उचित प्रगति हो सकनी सम्भव नहीं ।

राजनीति आन्दोलन में

सुभाषचन्द्र के घर वालों ने तो उनको विलायत इस आशा से भेजा था कि वे आई. सी. एस. की उच्च परीक्षा पास करके कोई बहुत बड़ी सरकारी नौकरी पायेंगे और अपने परिवार की समृद्धि और यश की रक्षा करेंगे । पर हुई इससे उलटी बात, विलायत जाकर वे अंग्रेजों की नौकरी करके उनको सहयोग देने के बजाय उलटे उनके कट्टर विरोधी बन गये । जिस समय वे विलायत में थे उसी समय अंग्रेजी सरकार के अन्यायपूर्ण नियमों के विरुद्ध गाँधी जी ने सत्याग्रह संग्राम छेड़ दिया और वकील, विद्यार्थी, सरकारी नौकर सबसे सरकार के साथ असहयोग करके उसका संचालन कठिन बना देने की अपील की । जब सुभाषचन्द्र को यह समाचार मालूम हुआ तो वे सोचने लगे कि जब गाँधी जी देश की मुक्ति के नाम पर देशवासियों का आह्वान कर रहे हैं, और उन्हें अन्यायी सरकार से असहयोग करने का आदेश दे रहे हैं तो मैं किस प्रकार सरकारी नौकरी करके उनका सहायक और सार्थक बन सकता हूँ ? यह बात अच्छी तरह उनकी समझ में आ गई और उन्होंने आई. सी. एस. की परीक्षा ऊँचे दर्जे में पास कर लेने पर भी और उसी समय एक बड़ी सरकारी नौकरी मिलने का निश्चय हो जाने पर भी, उससे त्यागपत्र दे दिया ।

आई. सी. एस. की परीक्षा पास करके भी सरकारी नौकरी को छोड़ देने वाले सबसे पहले व्यक्ति सुभाष ही थे । उनके उदाहरण से अन्य अनेक युवकों पर भी बड़ा प्रभाव पड़ा और उन्होंने आई. सी. एस. की परीक्षा में बैठने का विचार त्याग दिया । अनेकों ने नौकरी पाकर भी उसे अस्वीकार कर दिया । सन् १९२१ की मई में उन्होंने आई. सी. एस. की परीक्षा पास की और उसी समय उसे त्यागकर भारत के राजनैतिक संग्राम में भाग लेने चल दिये । अनेक इष्ट-मित्रों और स्वयं ब्रिटिश सरकार के भारत मन्त्री ने उनको ऐसा न करने के लिये बहुत समझाया पर आपने अंग्रेजी सरकार की सेवा करके कलेक्टर या कमिश्नर बनने की बजाय मातृभूमि का सेवक बनकर गिरफ्तारी और जेल का जीवन अधिक श्रेयस्कर समझा ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

उस समय बंगाल के नेता श्री चित्तरंजन दास थे । उन्होंने लाखों रुपये आमदनी की बैरिस्टरी को त्यागकर गाँधी जी के असहयोग आन्दोलन में भाग लिया था और इस समय बंगाल में राष्ट्रीय भावना का जोरों से प्रचार कर रहे थे । सुभाषचन्द्र के त्याग का समाचार जानकर उनको भी बड़ी प्रसन्नता हुई और उन्होंने उनको नव स्थापित नेशनल कॉलेज का अध्यक्ष और अपने दैनिक समाचार पत्र का संचालक नियुक्त कर दिया । देशबन्धु दास के त्यागमय जीवन से सुभाषचन्द्र और भी अधिक प्रभावित हुए और अपनी पूरी शक्ति के साथ आन्दोलन में कूद पड़े । उन्होंने बंगाल के गाँव-गाँव में जाकर सरकार के अन्याय अत्याचारों का वर्णन करना और लोगों को उसके साथ असहयोग की प्रेरणा देना आरम्भ किया । उनका भाषण ऐसा ओजस्वी होता था कि हजारों विद्यार्थियों, वकीलों और सरकारी नौकरों ने सब कुछ छोड़कर आन्दोलन में भाग लेना आरम्भ किया । समस्त बंगाल में एक नवीन जागृति का दृश्य दिखाई पड़ने लगा और युवकगण विशेष रूप से सुभाषचन्द्र के अनुयायी बनकर सरकार की जड़ उखाड़ने में प्रवृत्त हो गये ।

सुभाषचन्द्र के इस प्रकार बढ़ते हुए प्रभाव और आन्दोलन की तीव्रता को देखकर सरकार डर गई । उसके कुछ ही समय पश्चात् देशबन्धु दास और सुभाष दोनों को पकड़ कर मुकदमा चला दिया । अदालत ने इनको ६ महीने की सादी कैद की सजा दी । सजा का हुक्म सुनकर सुभाष ने हँसते हुए कहा "क्या मैंने मुर्गी की चोरी का अपराध किया है जो इतनी कम सजा दी गई ।" जेलखाने में सुभाषचन्द्र देशबन्धु दास के साथ ही रहते थे और स्वयं भोजन बनाकर उनको खिलाया करते थे । वे श्री दास को अपना राजनीतिक गुरु मानते थे और उनके प्रति अत्यन्त आदर और श्रद्धा का भाव रखते थे । दास बाबू भी उन्हें पुत्र की तरह स्नेह करते थे और उनको आगे बढ़ाने के लिये निरन्तर प्रयत्न करते रहते थे ।

सन् १८२३ की गया कांग्रेस के अवसर पर कांग्रेस के नेताओं में कौंसिल प्रवेश के प्रश्न पर मतभेद हो गया और देशबन्धु दास तथा पं. मोतीलाल नेहरू ने 'स्वराज्य-पार्टी' की स्थापना की । सुभाषचन्द्र यद्यपि कौंसिल प्रवेश को देश के लिये विशेष हितकर नहीं मानते थे, पर देशबन्धु दास के प्रधान सहकारी होने के कारण आपने उसमें भाग लिया और जब चुनाव का अवसर आया तो भाषणों और लेखों के द्वारा इतना अधिक प्रचार किया कि बंगाल में स्वराज्य पार्टी को बहुत अधिक सफलता मिली । इस समय 'फारवर्ड' और 'बाँगलार कथा' नामक दो दैनिक पत्रों की देखरेख का भार भी आप पर ही था । इन सब कार्यों में आपको इतना समय लगाना पड़ता था और परिश्रम करना पड़ता था कि कितने ही मित्रों के आग्रह करने पर भी वे स्वयं कौंसिल के लिये खड़े न हो सके ।

समाज-सेवा और किसान-संगठन

इस प्रकार परिस्थितियों के कारण सुभाषचन्द्र एक प्रसिद्ध राजनीतिक नेता बन गये, पर फिर भी उनका लक्ष्य केवल भाषण देना और लेख लिखना न हो सका । वे प्रत्यक्ष कार्यों में ही अधिक विश्वास रखते थे । इसलिये जब कांग्रेस की तरफ से एक वालंटियर सेना बनाई गई तो उसके अध्यक्ष सुभाषचन्द्र ही नियत किये गये । बंगाल के वालंटियर दल की तो पूरी व्यवस्था उन्हीं के हाथ में थी और जब उत्तरी बंगाल में भंयकर बाढ़ के कारण लाखों व्यक्ति बेघरवार हो गये और अपार कष्ट पाने लगे तो अपने वालंटियर दल द्वारा उन्होंने स्थान-स्थान पर जाकर सेवा कार्य आरम्भ कर दिया । ये लोग पानी से घिरे लोगों को बाहर निकाल कर लाते थे और उनके लिये भोजन वस्त्र का प्रबन्ध करते थे । स्वयं सुभाषचन्द्र एक स्वयं सेवक की तरह सब तरह के कामों को अपने हाथ से करते थे । अन्य कार्यकर्त्ताओं पर इसका बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता था और जनता भी उनके साथ पूरा सहयोग करने को तैयार रहती थी । उन्होंने बाढ़-पीड़ितों की रक्षा का कार्य इतनी योग्यता और परिश्रम से किया कि सरकारी अधिकारियों को भी उनकी प्रशंसा करनी पड़ी ।

सुभाष ने समाज-सेवा के विविध कार्यों को नियमित रूप से सदैव करते रहने के लिये एक 'युवक-दल' की स्थापना की थी, कुछ समय पश्चात् इस दल ने किसान आन्दोलन का कार्य आरम्भ कर दिया । यह प्रचार किया जाने लगा कि जमीन किसानों की है, जमींदारी प्रथा वर्तमान समय के अनुपयुक्त और अन्यायपूर्ण है । किसानों को अपनी जमीन में कुआँ खोदने, तालाब बनाने, मकान बनाने, पेड़ लगाने व काटने की स्वतन्त्रता होनी चाहिये । इस प्रकार के आन्दोलन से कांग्रेस के बड़े नेताओं को आपस में ही फूट पैदा हो जाने की आशंका हुई, इस कारण उन्होंने इसका विरोध भी किया । परन्तु सुभाषचन्द्र अपनी धुन के पक्के थे । वे अपने मार्ग से नहीं हटे और किसानों के अधिकारों के लिये लगातार चेष्टा करते रहे ।

इसी समय 'युवक दल' ने कलकत्ता कारपोरेशन के चुनाव में भाग लिया और सुभाषचन्द्र बोस बहुमत से उसके सदस्य चुन लिये गये । आपकी योग्यता को देखकर कारपोरेशन के एक्जीक्यूटिव अफसर का पद आपको प्रदान किया गया । इसका पद का वेतन उस समय तीन हजार रुपया प्रतिमास था, पर आपने केवल डेढ़ हजार लेना ही

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

स्वीकार किया । इस पद का कार्य सम्भालने पर आपने ऐसे अनेक युवकों को कारपोरेशन के दफ्तर में काम दिया जो अब तक अपने उग्र राजनीतिक विचारों के कारण सरकार के कोपभाजन बने रहते थे । आप इस बात का भी ध्यान रखते थे कि टैक्सों का भार गरीबों पर कम पड़े और उनको किसी प्रकार का कष्ट न हो । आपने नगर की स्वच्छता की तरफ विशेष रूप से ध्यान दिया, कम वेतन पाने वालों को तरक्की दी गई । यद्यपि आपको और भी अनेक कार्यों में थोड़ा-बहुत समय लगाना ही पड़ता था, तो भी कारपोरेशन का प्रबन्ध इतनी अच्छी तरह किया कि जनता को उनकी योग्यता और कर्मठता का पूरा विश्वास हो गया ।

देश निर्वासन और बीमारी

सुभाषचन्द्र के प्रभाव को इस प्रकार बढ़ते देखकर सरकार को उनसे बड़ा डर पैदा हो गया । वे बड़े निडर और साहसी थे और अपने भाषणों में सरकार की कड़ी आलोचना करने में जरा भी संकोच नहीं करते थे । इसके फल से भारतीय प्रजा में विद्रोही-भाव उत्पन्न होते थे और अंग्रेजी सरकार का प्रभाव क्षीण होता था । दूसरी बात यह भी थी कि सरकार को अपने सी. आई. डी. विभाग (जासूसों) से यह खबर मिली थी कि सुभाष केवल कांग्रेस और युवक-दल का ही आन्दोलन नहीं चलाते वरन् गुप्त रूप से बम और पिस्तौल चलाने वाले क्रान्तिकारियों से भी छिपे तौर पर सम्बन्ध रखते हैं और उनकी सहायता करते रहते हैं । कुछ समय तक कलकत्ता की जेल में रखकर आपको मांडले (बर्मा) की जेल में भेज दिया गया जहाँ इसमें सोलह-सत्रह वर्ष पूर्व लाला लाजपतराय और लोकमान्य तिलक को रखा गया था । वहाँ पर न तो कोई आपका परिचित था और न वहाँ के लोगों की भाषा आप समझते थे । इसलिये उस एकान्तवास में धार्मिक साहित्य पढ़ने लगे । आपका विचार पहले ही इन विषयों की तरफ था और आप लड़कपन में एक बार किसी संन्यासी गुरु की खोज में भटक भी चुके थे । इसलिये इस प्रकार के अध्ययन का प्रभाव आप पर बहुत कल्याणकारी सिद्ध हुआ ।

पर बर्मा का जलवायु आपके लिये अनुकूल सिद्ध नहीं हुआ और कुछ ही समय बाद अस्वस्थ रहने लगे । इसी समय देशबन्धु दास की मृत्यु हो गई और इसका प्रभाव भी आपकी मानसिक अवस्था और स्वास्थ्य पर बहुत खराब पड़ा । रहन-सहन और खान-पान में बहुत परिवर्तन हो जाने से आपको कई प्रकार की उदर-व्याधि हो गई और धीरे-धीरे निर्बलता इतनी बढ़ गई कि अधिकतर चारपाई पर ही पड़े रहने लगे । जब यह समाचार भारत में पहुँचा तो जनता में रोष की एक लहर व्याप्त हो गई और लोग सरकार पर दोषारोपण करने लगे कि वह देश के प्रसिद्ध नेताओं को इसी प्रकार जेल में घुला-घुला कर मार डालना चाहती है । सुभाषचन्द्र के घर वाले और इष्ट मित्र भी सरकार से लिखा-पढ़ी करने लगे । पर सुभाषचन्द्र के मन में उस समय भी एक आध्यात्मिक भाव प्रस्फुटित हो रहा था और साथ ही भारतीय जेलों के सुधार की योजना बन रही थी । उन्हों[illegible]र समय अपने एक मित्र श्री दिलीपकुमार को लिखा था—

"तुमको मेरे जेल में रखे जाने से मानसिक आघात लगा, यह मैं अच्छी तरह जानता हूँ । पर जब हम इस विषय में गम्भीर भाव से विचार करते हैं तो हमको यह एक आध्यात्मिक घटना की तरह जान पड़ती है । मैं यह तो नहीं कहता कि जेल में रहना मुझे पसन्द है । ऐसा कहना तो स्पष्ट ढोंग होगा । इतना ही नहीं मैं यह कह सकता हूँ कि कोई सज्जन और सुशिक्षित व्यक्ति जेल में रहना पसन्द नहीं करेगा । क्योंकि जेलखाने की सम्पूर्ण आवोहवा ही ऐसी होती है कि वह मनुष्य को विकृत—अमानुष बना देती है । मेरा यह कथन समस्त जेलों पर लागू होता है । मेरा विचार है कि अधिकांश अपराधियों की जेल में नैतिक उन्नति नहीं होती, वरन् वे और भी हीन हो जाते हैं । कितनी ही जेलों में रहकर और वहाँ की दशा का निरीक्षण करने से उनके सुधार की आवश्यकता मुझे स्पष्ट जान पड़ने लगी है । भविष्य में इस सम्बन्ध में आवश्यक कदम उठाना हमारा कर्त्तव्य होगा ।"

"इस व्यवस्था में सबसे आवश्यक बात है एक नवीन मनोभाव और अपराधी के प्रति एक सहानुभूति । अपराधी में दोष को एक प्रकार की बीमारी ही समझना चाहिये और उसी भावना से उसका उपाय करना चाहिये । अभी तक जेलों में दण्ड-विधान का आधार वास्तव में 'प्रतिशोध-मूलक' है, अब हमको उसे 'संस्कार-मूलक' बनाने का प्रयत्न करना चाहिये ।"

"मेरे मन में आता है कि मुझे स्वयं जेलों में रहना न पड़ा होता तो मैं जेल में रहने वाले किसी अपराधी को सहानुभूति की दृष्टि से नहीं देख सकता था । इसलिये मेरी ऐसी धारणा बनती जाती है कि हमारे साहित्यिकों तथा कलाविदों को यदि जेल-जीवन की कुछ जानकारी होती तो उनकी रचनायें इस दृष्टि से कहीं उच्चकोटि की हो सकती थीं ।"

"जब मैं इस समस्त घटना पर गम्भीरतापूर्वक विचार करता हूँ तो मेरे हृदय में यह धारणा उत्पन्न होती है कि मेरे इस समस्त दुःख और कष्ट सहन के पीछे एक महान् उद्देश्य छिपा है । प्रायः सभी सुशिक्षित व्यक्तियों की

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कारावास की दशा में इस प्रकार का एक दार्शनिक भाव उनके हृदय में शक्ति का संचार करता रहता है । मैं भी ऐसा ही कर रहा हूँ । अब तक मैंने जो पढ़ा और सुना है और जीवन के सम्बन्ध में मेरी जो धारणा है, उसके आधार पर अपने मनोबल को ऊँचा रख सकता हूँ । पर मेरा कष्ट केवल मानसिक अथवा आध्यात्मिक नहीं है, वह तो शरीर का कष्ट है । आत्मा तो प्रायः शक्तिशाली रहती है पर देह समय-समय पर दुर्बल हो जाती है ।"

"मैं अनुभव द्वारा इस निर्णय पर पहुँचा हूँ कि जेल में किसी लम्बी मियाद वाले कैदी के लिये सबसे बड़ी विपत्ति यही है कि अनजान में ही उसके ऊपर अकाल वार्द्धक्य (समय से पूर्व की वृद्धावस्था) का आक्रमण हो जाता है । तुम बाहर रहने वाले इस बात की कल्पना नहीं कर सकते कि लम्बी कैद के फलस्वरूप मनुष्य की देह और मन धीरे-धीरे कैसे अकाल-वृद्ध हो जाते हैं । इसके कितने ही कारण होते हैं, जैसे—खराब भोजन, व्यायाम अथवा चलने-फिरने का अभाव, समाज से दूर रहना, पराधीनता का बन्धन, इष्ट मित्रों का अभाव और संगीत आदि जैसे मनोरंजन का न होना ।"

"इनमें से कुछ अभाव ऐसे हैं । जिनकी पूर्ति मनुष्य अपने भीतर से कर सकता है और कई ऐसे हैं जो बाहर से ही पूर्ण हो सकते हैं । अलीपुर जेल में यूरोपियन कैदियों के लिये सप्ताह में एक बार संगीत की व्यवस्था थी, पर भारतवासियों के लिये वैसी कोई व्यवस्था नहीं है । वन-भोज, हास्य-विनोद, संगीतः-चर्चा, सभा-सम्मेलन, खुले मैदान में खेल-कूद, रुचि के अनुसार काव्य-साहित्य की चर्चा, ये समस्त हमारे जीवन को कितना सरस और समृद्ध बना देते हैं इस तथ्य को हम बहुत कम समझ पाते हैं । पर जब हमको जबर्दस्ती जेल में बन्द कर दिया जाता है तभी उनका वास्तविक मूल्य ज्ञात होता है । जब तक जेलों में स्वास्थ्यजनक और उच्च सामाजिकता के नियमों का प्रचार न होगा तब तक कैदियों का सुधार—संस्कार होना असम्भव है और तब तक जेलें उन्नति के पथ पर अग्रसर करने वाली के बजाय आजकल की तरह अवनति के केन्द्र स्वरूप ही बनी रहेंगी ।"

वास्तव में अपराध और अपराधियों की समस्या बड़ी दुरूह है । विचारशील लोग यह स्वीकार करते हैं कि अधिकांश अपराध आजकल की विपरीत, अन्यायपूर्ण सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण होते हैं । अन्यथा एक तुच्छ से तुच्छ व्यक्ति भी जेल में बन्द होकर तरह-तरह के कष्ट, यंत्रणा, असुविधा सहन करना पसन्द नहीं कर सकता । इसलिये जैसा सुभाषचन्द्र ने लिखा है अनेक सहृदय व्यक्तियों का यही मत है कि अपराधियों और जेल में बन्द कैदियों के साथ वैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिये जैसा किसी बीमार के साथ किया जाता है अर्थात् उसके साथ जो व्यवहार किया जाये उसमें दण्ड या प्रतिशोध की भावना बिल्कुल न रहे, पर उसने जिस कारणवश अपराध किया है उस कारण को दूर करके मानसोपचार द्वारा उसके स्वभाव को बदलने की चेष्टा की जानी चाहिये । आदर्श और सिद्धान्त की दृष्टि से इस विचार में कोई गलत बात नहीं है, और हमारा विश्वास है कि एक समय आयेगा जब यह सिद्धान्त पूर्ण रूप से व्यवहार में लाया जाने लगेगा ।

यह आशा करना कि यह उद्देश्य आज या शीघ्र ही पूरा हो सकता है, ठीक नहीं, इस समय अनेक व्यक्ति वर्षों से अपराध करते-करते इतने कट्टर और निर्लज्ज बन गये हैं कि वे इस प्रकार के सहृदयता के भावों से भी प्रभावित नहीं होते और सौ में से नब्बे के उदाहरणों में उपकारी के साथ भी अपकार करने में संकोच नहीं करते । ऐसे स्वभाव से ही दुष्ट और समाज के लिये वन्य-पशुओं के समान खतरनाक लोगों को क्षमा कर देने या कुछ मानसोपचार करके स्वाधीनतापूर्वक रहने का अधिकार देना हानिकारक ही हो सकता है, ऐसे अपराधियों का सुधार क्रमशः ही हो सकेगा । श्री बर्नार्ड शा ने एक बार लिखा था कि जो दुष्ट व्यक्ति समाज के लिये सर्प और भेड़ियों की तरह भंयकर और स्वभावतः हानि पहुँचाने वाले हों उनको वैज्ञानिक साधनों से शीघ्र से शीघ्र खत्म कर देना चाहिये जिससे वे स्वयं कष्ट पाने और दूसरों को कष्ट देने के बजाय शान्तिपूर्वक दुनिया से विदा हो जाये ।

कुछ भी हो, जेलों की समस्या निःसन्देह समाज की सुख-शान्ति और भावी प्रगति के लिये विशेष महत्त्वपूर्ण है और स्वयं बीमार रहते हुए भी उस पर इतनी गहराई के साथ विचार करना यह प्रकट करता है कि सुभाषचन्द्र ने वास्तविक रूप से अपना जीवन समाजोत्थान के लिये समर्पित कर दिया था और वे प्रत्येक दशा में उसकी समस्याओं को सुलझाने के सम्बन्ध में चिन्तन करते रहते थे । उसकी सम्मति थी कि 'जेल' जैसी संस्था को मनुष्य चाहे तो आध्यात्मिक विचारधारा द्वारा निश्चित रूप से सुधार और उत्थान का साधन बना सकता है—

"मैं इस निर्णय पर पहुँचा हूँ कि यदि जेलों में अत्याचार और अपमान का व्यवहार बन्द हो जाये तो वहाँ रहना बुरा न जान पड़ेगा । पर इनके अतिरिक्त जो मानसिक आघात जेल में अनुभव होते हैं, वे वास्तव में किसी अदृश्य शक्ति द्वारा ही प्रेरित होते हैं, जेल के

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अधिकारियों का जान-बूझकर उनमें कोई हाथ नहीं होता । यदि मनुष्य के भीतर आध्यात्मिक भाव जाग्रत कर दिया जाये तो वह इस प्रकार के कष्टों और अरुचिकर व्यवहार से आत्मसुधार की प्रेरणा ग्रहण कर सकता है । जेल-जीवन से उसे ज्ञात हो जाता है कि यह संसार केवल मौज मजा उड़ाने का स्थान नहीं है, वरन् इसका आन्तरिक स्वरूप बड़ा कठोर और आनन्द से रहित है । यह प्रेरणा मनुष्य को स्वार्थ से परमार्थ की ओर प्रेरित करने में बहुत उपयोगी हो सकती है ।"

संसार में प्रत्येक पदार्थ के दो पहलू होते हैं और वही बात जेलखानों पर लागू होती है । एक व्यक्ति उसे कष्ट, उत्पीड़न और अमानवता का घर समझकर भयभीत होता है अथवा वहाँ जाकर इसी प्रकार का नर-पशु बन जाता है । दूसरा व्यक्ति जो संसार के सब कार्यों में परमात्मा का हाथ देखता है जेल-जीवन का उपयोग बहुत अच्छी तरह से आत्म सुधार के लिये कर सकता है । बाह्य दृष्टि से देखने पर भी जेल में मनुष्य का जीवन जैसा नियमित, समयानुसार प्रत्येक कार्य करने का अभ्यस्त और संयमपूर्ण बन जाता है वैसा गृह-जीवन में बड़ी कठिनता से हो सकता है । यही कारण है कि जहाँ निर्बल मन और बिगड़ी हुई आदतों के व्यक्ति वहाँ जाकर रोते-धोते रहते हैं और किसी प्रकार मर-गिरकर वहाँ से निकलते हैं, वहाँ एक विचारशील व्यक्ति उसमें रहकर अपनी शारीरिक और मानसिक दशा को पहले से अधिक उन्नत बना लेते हैं और कितने ही उपयोगी कार्य सम्पन्न कर सकते हैं ।

जब तक मानव-प्रकृति जड़-मूल से बिल्कुल नहीं बदल जाती तब तक जेल जैसी संस्था की आवश्यकता सर्वत्र खत्म नहीं हो सकती । यह अवश्य है कि वर्तमान राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक नियमों में विचारशीलता तथा न्यायपरायणता का समावेश हो जाने से अपराधियों की संख्या बहुत घट सकती है, तो भी मानव-प्रकृति की त्रुटियों के कारण कुछ अपराध होते ही रहेंगे और जेल जैसी किसी संस्था की आवश्यकता बनी ही रहेगी । इसलिये जेलों की समस्या पर ध्यान देना और उनमें प्रचलित अन्याय और अनाचार को मिटाकर उन्हें वास्तविक सुधार का स्थल बना देना समाज हितैषियों का एक महत्त्वपूर्ण कर्त्तव्य है ।

देशबन्धुदास के प्रति श्रद्धांजलि

जैसा आरम्भ में लिखा जा चुका है श्री सुभाषचन्द्र को देश के राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रेरणा देने और बाद में मार्गदर्शन करके एक उच्च श्रेणी का नेता बनाने का श्रेय मुख्यतः देशबन्धु चित्तरंजन दास को ही था । इसलिये जब उनके आकस्मिक देहावसान का समाचार माँडले जेल में मिला तो सुभाषचन्द्र की दशा एक वज्राहत वृक्ष की सी हो गई । उस समय की अवस्था का वर्णन करते हुए उन्होंने एक पत्र में लिखा था—

"तुम जानते हो, आज के दिन हमारा मन किस भाव से आच्छन्न हो रहा है ? मेरा विश्वास है हम सब का ध्यान इस समय एक ही तरफ लगा है और वह है महात्मा देशबन्धु का देह त्याग । जब मैंने अखबार में यह दारुण समाचार पढ़ा तो आँखों पर विश्वास न कर सका । पर हाय ! वह समाचार निश्चय ही एक निर्मम सत्य था । इसके परिणामस्वरूप समस्त बंगाली जाति का भाग्य लुट गया, यही कहना पड़ता है ।"

"जो सब विचार इस समय मेरे मन में उथल-पुथल मचा रहे हैं, उनको प्रकट करके मन के शोक को कम करने का उपाय भी मेरे पास नहीं है । क्योंकि ये विचार इतने पवित्र—इतने मूल्यवान हैं कि उनको अनजान लोगों के सामने प्रकट नहीं किया जा सकता । पर मेरे सब पत्र तो सरकारी 'सेंसर' द्वारा पढ़कर ही भेजे जाते हैं, जो हमारे लिये एक अपरिचित व्यक्ति ही है ।"

"इसके अतिरिक्त आज मेरा मन इतना विचलित और शोकाकुल हो रहा है और साथ ही मानसिक जगत् में मैं अपने को उस स्वर्गीय महात्मा के इतना निकट अनुभव कर रहा हूँ कि इस समय उनके गुणों पर ठीक-ठीक विचार करके कुछ लिख सकना बिल्कुल सम्भव नहीं है । मैंने उनके अत्यन्त निकट रहकर आकस्मिक अवसरों पर उनकी जो छवि देखी है उसका कुछ आभास समय आने पर दे सकूँगा, ऐसी आशा है ।"

"साथ ही मैं यह भी स्वीकार करता हूँ कि इन बातों को अधिक कहने-सुनने से हमारे हृदय का शोक बढ़ता है । जीवन अधिकांश में एक 'ट्रेजेडी' (दुःखान्त नाटक) है, यह हमारे ऊपर आने वाली इस शोकपूर्ण घटना से सिद्ध होता है । हम किसी प्रकार इसको शान्त चित्त से सहन नहीं कर सकते । न तो हम इतने बड़े तत्वज्ञानी (दार्शनिक) हैं और न ऐसे ढोंगी हैं कि हम कह सकें कि चाहे कैसा भी कष्ट और दुःख आ जाये हम उसको सन्तुलित भाव से सहन कर सकते हैं । बरट्रैण्ड रसल ने कहा है कि 'जीवन निश्चय ही सम्पूर्ण रूप से एक ऐसा दुःखान्त दृश्य है कि जिससे सब कोई बचना चाहता है ।' मेरा विश्वास है कि केवल कोई निष्कलंक साधु अथवा साधुत्व का ढोंग करने वाला ही इस उक्ति का प्रतिवाद कर सकता है ।"

"पर ऐसे भी कुछ व्यक्ति होते हैं जो तत्वज्ञानी अथवा भावुक न होते हुए भी सब प्रकार की यन्त्रणाओं को शान्त

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

भाव से सहन कर लेते हैं । ऐसे तत्त्वज्ञान हीन व्यक्ति अपना एक पृथक् ही 'आदर्श' बना लेते हैं और उसे बड़ा महत्त्वपूर्ण और श्रेष्ठ मानकर उसी की उपासना करते रहते हैं । वे तरह-तरह के दुःखों और यन्त्रणाओं के साथ संघर्ष करते समय उसी 'आदर्श' से साहस और भरोसा प्राप्त करते हैं । यहाँ पर जेल में मेरे साथ अनेक ऐसे कैदी हैं जो भावुक अथवा दार्शनिक नहीं हैं, तब भी वीरों की तरह सब कष्टों को शान्त भाव से सहन कर लेते हैं । जेल के एक अधिकारी ने मुझे बताया कि फाँसी पाने वाले एक कैदी ने उसके सामने स्वीकार किया कि उसने वास्तव में एक व्यक्ति की हत्या की थी । जब उससे पूछा गया कि उस कार्य के लिये अब तुमको कुछ पश्चाताप होता है कि नहीं तो उसने कहा कि 'मुझे बिल्कुल खेद नहीं है, क्योंकि उस व्यक्ति के विरुद्ध मेरा दोषारोपण न्याययुक्त था ।' इसके बाद वह फाँसी के तख्ते पर खड़ा हुआ और प्राण दे दिये, पर उसके चेहरे पर एक शिकन भी नहीं आई । जेलखानों में ऐसे उदाहरण बहुत पाये जाते हैं ।"

यह सत्य है कि अपराध करने वाले और जेल जाने वाले व्यक्तियों में से अनेक ऐसे होते हैं जो अशिक्षित होने पर भी अच्छा चरित्र और ऊँचा मनोबल रखते हैं और किसी विशेष परिस्थिति में पड़कर ही वैसा दण्डनीय कार्य कर बैठते हैं । ऐसे अपराधियों के साथ यदि विशेष व्यवहार किया जाये तो वे बहुत अच्छे और उपयोगी नागरिक बन सकते हैं । सुभाषचन्द्र ने इस सम्बन्ध में देशबन्धुदास का एक उदाहरण दिया है । जब वे असहयोग आन्दोलन के सम्बन्ध में जेल जीवन व्यतीत कर रहे थे तो उनको सेवा-कार्य के लिये एक कैदी दिया गया था । देशबन्धु का हृदय बड़ा कोमल था, इसलिये उनका ध्यान इस कैदी की तरफ चला गया । वह कैदी एक 'पुराना पापी' था, आठ बार जेल की सजा काट चुका था । वह देशबन्धु के प्रभाव से अन्जान में ही बहुत कुछ बदल गया और अपनी इच्छा से ही उनके समस्त कार्यों को बहुत अच्छी तरह सम्पन्न करने लगा, और एक प्रकार से उनका भक्त बन गया । जेल से छूटते समय देशबन्धु ने उससे कहा कि जब वह अपनी सजा काटकर छुटकारा पावे तो अपने पुराने साथियों के पास न जाकर उनके घर चला आवे । कैदी ने इसे स्वीकार कर लिया और ऐसा ही किया । कुछ ही समय में उसका स्वभाव बदल गया और वह एक बहुत अच्छा कार्यकर्ता बन गया ।

बंगाल के प्रसिद्ध उपन्यासकार श्री शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय ने देशबन्धु दास के सम्बन्ध में एक लेख 'स्मृति कथा' 'वसुमती' (मासिक पत्रिका) में प्रकाशित कराया था । सुभाषचन्द्र ने उसे माँडले जेल में पढ़ा तो वह उनको बहुत पसंद आया और उन्होंने वहीं से एक पत्र चट्टोपाध्याय महोदय को धन्यवाद देने के लिये लिखा । श्री शरतचन्द्र ने देशबन्धु के जीवन प्रसंगों को प्रकट करते हुए लिखा था कि—"पराधीन जाति का एक बड़ा अभिशाप यह होता है कि हमको अपने मुक्ति-संग्राम में विदेशियों की अपेक्षा अपने देश के लोगों से ही अधिक लड़ाई लड़नी पड़ती है ।" सुभाषचन्द्र ने भी इसका समर्थन करते हुए कहा—"यद्यपि यह एक कठोर सत्य है, पर हमारा रोम-रोम इसका अनुभव अच्छी तरह कर चुका है और अब भी कर रहा है ।"

सन् १६२७ में गया कांग्रेस के समय देशबन्धु दास की स्थिति अकस्मात् बहुत बदल गई थी । जो व्यक्ति बैरिस्टरी में प्रति वर्ष लाखों रुपया कमाता था और उसे उदारतापूर्वक लोगों की सहायतार्थ खर्च कर डालता था, इस समय राजनीतिक आन्दोलन के सम्बन्ध में मतभेद हो जाने से छोटे-छोटे लोगों को भी उसकी निन्दा-कुत्सा करने का अवसर मिल गया था । श्री शरत्चन्द्र ने उस स्थिति का वर्णन करते हुए लिखा था—"कोई सहायक नहीं है, धन नहीं है, अपने अधिकार में कोई समाचार-पत्र नहीं है ! अत्यन्त छोटे लोग भी बिना गाली बात नहीं करते—देशबन्धु की यह कैसी दशा हो गई ? जब वे गया से लौटकर कलकत्ता आये तो बंगाल के सब अखबार असत्य और अर्द्धसत्य बातें लिखकर विरोधी प्रचार कर रहे थे । हमारे पक्ष की बात कहने वाला अथवा हमारे वक्तव्य को भी स्वेच्छापूर्वक स्थान देने वाला कोई समाचार-पत्र न था । जिस घर में एक समय बैठने को स्थान नहीं मिलता था, उसमें क्या मित्र और क्या शत्रु किसी के पैरों की धूल नहीं पड़ती थी । फिर जब समय बदला तो बाहरी लोगों और पद प्राप्त करने के अभिलाषियों की इतनी भीड़ वहाँ पर होने लगी कि अपने खास कार्यकर्त्ताओं को बात करने का मौका भी नहीं मिलता था ।"

स्वार्थ में डूबी हुई दुनिया का यह एक स्पष्ट चित्र है । जिससे किसी प्रकार के लाभ की आशा होती है, अपना कोई मतलब पूरा होता जान पड़ता है, उससे लोग अनेक बहानों से जान-पहचान निकाल कर ठकुरसुहाती बातें करने लगते हैं और जब मतलब निकल जाता है अथवा वह स्वयं शक्तिहीन हो जाता है तो कोई उसकी तरफ आँख उठाकर भी नहीं देखता । पर देशबन्धु दास इतने अधिक उदार और विशाल हृदय वाले महापुरुष थे कि लोगों की इस स्वार्थपरता को खूब अच्छी तरह समझते हुए और उसकी दुरंगी नीति को देखते हुए भी किसी को यथासम्भव निराश नहीं करते थे । वे तन-मन-धन से प्रत्येक आगन्तुक की अभिलाषा को परिस्थिति के अनुसार पूरा करने का प्रयत्न अवश्य करते थे । इस कार्य में उन्होंने प्रायः अपना सर्वस्व

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

लगा दिया था और इसीलिये लाखों रु. प्रतिवर्ष कमाने पर भी सदा सामान्य आर्थिक अवस्था में रहते थे ।

स्वदेश प्रेम और कर्त्तव्य-भावना

कलकत्ता की 'सेवक-समिति' के एक कार्यकर्त्ता श्री अनाथबन्धु दत्त ने माँडले जेल में श्री सुभाषचन्द्र को एक पत्र भेजा था । जिसमें अपनी श्रद्धा और सद्भावना प्रकट करते हुए लिखा था कि "आज आप देश से दूर कर दिये गये हैं इसलिये आपके प्रति हम सब लोगों का प्रेम पहले की अपेक्षा भी अधिक हो गया है ।" इसका उत्तर देते हुए सुभाषचन्द्र ने लिखा था—"मुझे माँडले जेल में रहते हुए ११ महीना हुए हैं । कभी तो मन में आता है कि ये ११ महीने देखते-देखते कट गये, और कभी ये कितने ही युगों के समान लम्बे जान पड़ते हैं । इस समय अपने घरबार की बात मुझे स्वप्न की तरह जान पड़ती है और ऐसा प्रतीत होता है कि यह लोहे का फाटक और पत्थर की दीवारें ही एकमात्र सत्य हैं । कभी-कभी मेरे मन में आता है कि जिसने जेलखाना नहीं देखा उसने दुनिया में कुछ नहीं देखा । मैंने तो निश्चय ही जेलखाने में आकर बहुत कुछ सीखा है । अनेक 'सत्य' जो किसी समय छाया की तरह थे, यहाँ आकर बहुत स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं । अनेक नवीन अनुभूतियों ने मेरे जीवन को सबल और गम्भीर बना दिया है ।"

"मुझे इस बात का तनिक भी दुःख नहीं है कि मुझे जेलखाने में रहना पड़ रहा है । 'माता' के लिये कष्ट सहना तो गौरव की बात है । कष्ट सहन करने में भी आनन्द है । अगर ऐसा न होता तो लोग पागल हो जाते । यही कारण है कि अनेक समय कष्ट होने पर भी—आनन्द से भरकर खूब हँसते हैं । जो चीज बाहर से कष्टप्रद जान पड़ती है, वही भीतर की तरफ से देखने पर 'आनन्द' बन जाती है । यह सच है कि साल के ३६५ दिन और एक दिन के २४ घण्टों में निरन्तर मेरा मनोभाव ऐसा ही नहीं बना रहता, तो भी जिस देश-सेवी जेल-यात्री में यह भावना न्यूनाधिक परिमाण में न होगी, वह न तो कष्ट-सहन द्वारा जीवन को परिपुष्ट कर सकता है और ऐसी अवस्था में मन को संयत रख सकता है ।

"पर यह ख्याल मुझे अवश्य आता है कि अगर इन ११ महीनों में मैं बंगाल की जेलों में रहता तो न मालूम आध्यात्मिक साधना में कितना अग्रसर हुआ जा सकता । पर वह तो होने वाला नहीं । इसलिये अब मैं भगवान से यही प्रार्थना करता हूँ—तुम अपनी पताका जिसको दो उसे उसके ले चलने की शक्ति भी दो ।"

"आज बंगाल से दूर रहने के कारण वह मुझे पहले से भी अत्यन्त सुन्दर और सत्य जान पड़ने लगा है । स्वर्गीय देशबन्धु ने अपनी एक रचना में कहा था—"बंगाल के जल, बंगाल की मिट्टी में एक चिरन्तन सत्य निहित है ।" अगर मैं एक वर्ष तक यहाँ माँडले की जेल में न रहता तो मुझे उक्त कथन की सत्यता का अनुभव नहीं हो सकता था । अब मुझे बंगाल की शस्यश्यामला भूमि, वहाँ के मधु-गन्ध से पूरित आम्रकानन, मंदिरों में धूप आदि का देना, संध्या काल की आरती सबका स्मरण होता रहता है और कल्पना में भी न जाने कितने सुन्दर लगते हैं ।"

"प्रातःकाल अथवा संध्या के समय जब मैं बादलों के छोटे-छोटे टुकड़ों को सामने से जाते हुए देखता हूँ, तो मन में आता है कि 'मेघदूत' के किसी यक्ष की तरह उनके द्वारा अपने हृदय की श्रद्धा-भावना बंग-जननी के चरणों में भिजवा दूँ ।"

जेल से रिहाई और पुनः गिरफ्तारी

माँडले जेल में बहुत अधिक बीमार हो जाने के कारण सरकार ने सुभाषचन्द्र को छोड़ने का हुक्म दे दिया । कलकत्ता कांग्रेस के अवसर पर (सन् १९२९) आप स्वयं-सेवक दल के कमाण्डर बनाये गये । उस समय वे फौजी पोशाक में थे और प्रेक्षकों का कहना है कि इतना संगठित और अनुशासित स्वयं-सेवक दल पहले कभी नहीं देखा गया था । इस अधिवेशन में सुभाषचन्द्र और जवाहर लाल नेहरू जी ने मिलकर यह चेष्टा की कि कांग्रेस में देश की पूर्ण स्वतन्त्रता का प्रस्ताव पास हो जाये । पर महात्मा गाँधी और कांग्रेस के सभापति पं. मोतीलालजी ने एक वर्ष की मुहलत सरकार को और देने का आग्रह किया, जिससे सुभाषचन्द्र का प्रस्ताव पास नहीं हो सका ।

इसी वर्ष लाहौर जेल में क्रान्तिकारी दल के कैदी श्री यतीन्द्रनाथ ने ६३ दिन तक भूख-हड़ताल करके प्राण दे दिये । इस पर कलकत्ते में बड़ा जोश पैदा हो गया और शहीद के शव का बड़ी धूमधाम से जलूस निकाला गया । इस अवसर पर सुभाषचन्द्र ने एक जोशीला भाषण दिया जिसके कारण आपको गिरफ्तार करके पुनः छः मास के लिये जेल भेज दिया ।

इस प्रकार कई बार मुकदमा चलाकर जेल भेजते-भेजते जब सरकार थक गई तो उसने इनको भारत-रक्षा कानून में नजरबन्द कर दिया । इस हालत में आपका स्वास्थ्य पुनः खराब हो गया । इस पर जनता ने जब आन्दोलन किया तो उन्हें पहले लखनऊ और बाद में भुवाली भेजकर इलाज कराया । पर जब इससे कोई फायदा न पड़ा तो सरकार ने प्रस्ताव किया कि वह आपको छोड़ने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

को तैयार है, बशर्ते आप जेल से निकलते ही इलाज कराने विदेश चले जायें । इष्ट-मित्रों के बहुत समझाने पर उन्होंने इसे स्वीकार किया और [illegible] द्वारा आपको स्विट्जरलैण्ड भेज दिया गया ।

विदेश में रहकर भी आपने अपना देश सेवा का कार्य बन्द नहीं किया और वहाँ की राजनीतिक हलचल पर बराबर निगाह रखे रहे । सन् १९३४ में जब महात्मा गाँधी ने सत्याग्रह आन्दोलन स्थगित कर दिया तो आपने उसके विरोध में एक तार महात्मा गाँधी के पास भेजा । आप इटली जाकर मुसोलिनी और आयरलैण्ड में डी. बेलेरा से मिले । ये दोनों अपने देश की स्वाधीनता के लिये लड़े थे । सुभाषचन्द्र ने इनसे अपने भावी कार्यक्रम के विषय में प्रेरणा ग्रहण की ।

इसी बीच में आपके पिता बहुत बीमार हो गये । उनकी इच्छा थी कि सुभाष को अन्तिम समय में देख लें । इधर सुभाष का हृदय भी उनके दर्शनों को आकुल हो उठा । पर बहुत कुछ प्रयत्न करने पर भी सरकार ने उनको भारत लौटने की अनुमति नहीं दी । अन्त में सरकारी आज्ञा का उल्लंघन करके भारत आ गये और जहाज से उतरते ही पकड़ लिये गये । तब पिता को देखने के लिये आप इस शर्त पर छोड़े गये कि जब तक देश में रहेंगे किसी राजनीतिक कार्य में भाग नहीं लेंगे । फिर भी छुटकारे में देर हो जाने से आप समय पर घर नहीं पहुँच सके और उससे पहले ही पिता का देहान्त हो गया । इससे सुभाष का हृदय सरकार के प्रति और भी विरोधी भावना से भर गया । पिता का क्रिया-कर्म हो जाने पर आपको फिर विदेश लौट जाना पड़ा ।

दो वर्ष बाद जब वे पुनः गिरफ्तार कर लिये गये और डेढ़ वर्ष तक जेल में रहे । अन्त में जब सब प्रान्तों में कांग्रेसी सरकारें बन गईं तब आपका जेल से छुटकारा हुआ । सन् १९३८ में हरिपुरा कांग्रेस के सभापति बनाये गये । सन् ३९ की कांग्रेस त्रिपुरी में हुई और इस बार भी सुभाषचन्द्र को ही सभापति चुना गया । पर गाँधी जी और कांग्रेस के अन्य प्रमुख नेता समझते थे कि सुभाषचन्द्र के विचार अधिक उग्र हैं, इधर यूरोपीय महायुद्ध प्रारम्भ हो गया है, इसलिये पूर्ण सोच-विचार कर कदम उठाना उचित है । सुभाषचन्द्र को यह स्थिति पसन्द नहीं आई और उन्होंने कांग्रेस को छोड़ दिया ।

सन् १९४० में रामगढ़ कांग्रेस के अधिवेशन के अवसर पर सुभाषचन्द्र ने 'समझौता विरोधी कॉन्फ्रेन्स' का आयोजन किया और उसमें बहुत जोशीला भाषण दिया । इसके बाद आपने 'ब्लेक-हाल स्मारक' को देश के लिये अपमानजनक बतला कर उसके विरुद्ध आन्दोलन छेड़ दिया । सरकार ने इनको पकड़कर फिर जेल भेज दिया । पर जब वहाँ पर उन्होंने भूख हड़ताल की तो छोड़ देना पड़ा । सरकार ने इनकी माँग को स्वीकार करके 'ब्लेक-हाल' को हटाना स्वीकार कर लिया, पर साथ ही इनको अपने घर में नजरबन्द रहने का आदेश जारी कर दिया, जिससे आपका किसी से मिलना जुलना बन्द हो गया ।

सन् १९४१ की २५ जनवरी को कलकत्ता की अदालत में सुभाष का मुकदमा पेश होने वाला था । पर उस समय मालूम हुआ कि वे घर को छोड़ कर न मालूम कहाँ गायब हो गये हैं । घर के बाहर पुलिस का पहरा बराबर लगा रहता था, पर सुभाषचन्द्र वेश बदल कर पहरेदार के सामने ही बाहर निकल गये और उसी वेश में पेशावर पहुँचकर काबुल पहुँच गये । वहाँ से स्थल मार्ग द्वारा ही यात्रा करते हुए जर्मनी पहुँच कर इंग्लैण्ड के कट्टर शत्रु हिटलर से भेंट की । फिर एक गोताखोर नाव द्वारा आप जापान पहुँचाये गये ।

उस समय जापान ने अंग्रेजों द्वारा अधिकृत बर्मा पर आक्रमण करके अपना शासन स्थापित कर लिया था । सुभाषचन्द्र ने वहाँ जाकर पकड़े हुए भारतीय सैनिकों तथा अन्य भारतवासियों की आजाद हिन्द सेना बनाई और एक 'आजाद हिन्द सरकार' भी स्थापित कर दी । इसकी तरफ से अंग्रेजों पर हमला किया गया और 'इम्फाल' (आसाम) में एक बड़ी लड़ाई हुई । कुछ समय बाद अंग्रेजों की कितनी ही नई सेनायें आ जाने से आजाद हिन्द सेना को पीछे हटना पड़ा । इस प्रकार सुभाषचन्द्र अंग्रेजों को भारत से हटाने की चेष्टा करते रहे, जिसका भारतवर्ष तथा संसार के अन्य देशों पर भी बहुत अच्छा प्रभाव पड़ा । पर अगस्त १९४५ में जब जापान ने हारकर आत्मसमर्पण कर दिया तो आजाद हिन्द सेना भंग कर दी गई और सुभाषचन्द्र एक हवाई जहाज में जापान जाते हुए जहाज के गिर जाने से मृत्यु को प्राप्त हुए ।

सुभाषचन्द्र का जीवन-व्रत

इस प्रकार देश के एक महान् आत्म-बलिदानी के जीवन का अन्त असमय में हो गया । इतनी अल्प आयु में और इतनी शीघ्रता से देशवासियों के हृदय में ऐसा उच्च स्थान प्राप्त करने का उदाहरण शायद ही एकाध मिल सके । सुभाषचन्द्र ने अठारह वर्ष की आयु में ही पिता से यह कहा था—"विवेकानन्द का आदर्श ही मेरा आदर्श है ।" और वास्तव में उन्होंने उसे कार्य रूप में चरितार्थ कर दिखाया । स्व. विवेकानन्द ने भी यौवन में प्रवेश करते ही अपनी समस्त शक्ति, विद्या, प्रतिभा देशवासियों के कल्याणार्थ

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

समर्पित कर दी थी । वे सन्यासी बने थे, पर उस संन्यास-ग्रहण का अर्थ वर्तमान समय के अधिकांश संन्यासियों की तरह बिना कुछ परिश्रम, परोपकार किये दूसरों की कमाई पर सुख का जीवन व्यतीत करना नहीं था । स्वामी विवेकानन्द ने देश के उच्च से उच्च पदवीधारी की अपेक्षा अधिक योग्यता और कर्मठता होते हुए भी उसका उपयोग अपने लिये न करके मातृभूमि के उद्धार—उत्थान के लिये किया । यही कारण है कि जहाँ देश अन्य असंख्यों संन्यासियों—स्वामियों को भूल गया वहाँ इस संन्यासी की शताब्दी समस्त भारतीय राष्ट्र ने अपूर्व उत्साह के साथ मनाई ।

सुभाषचन्द्र ने भी अपना जीवन पूर्ण रूप से इसी आदर्श के अनुकूल सिद्ध करके दिखा दिया । शिक्षा प्राप्त करने के क्षेत्र में अपने परिश्रम और प्रतिभा के बल पर उन्होंने ऊँची से ऊँची परीक्षायें सम्मान सहित उत्तीर्ण कीं, और इतनी योग्यता प्रदर्शित की कि लोगों को यह विश्वास हो गया कि अगर वे सरकारी नौकरी करें तो अंग्रेजी राज्य के ऊँचे से ऊँचे पद तक पहुँच सकते हैं । उस दशा में राजा- महाराजाओं जैसा जीवन व्यतीत करना उनके लिये सर्वथा सम्भव था । सुभाषचन्द्र ने उधर आँख भी न उठाकर अपना सर्वस्व—अपार योग्यता और कार्य-शक्ति मातृभूमि के चरणों में अर्पित कर दी । वे देशोद्धार के लिये कैसा पूर्ण आत्म-समर्पण कर चुके थे इसका कुछ अनुमान उनके उस "निवेदन" से मिलता है जो उन्होंने माँडले जेल में से 'उत्तरी कलकत्ता क्षेत्र' के मतदाताओं (वोटरों) के नाम लिखकर भेजा था । श्री सुभाष के राज-बंदी होने पर भी बंगाल की कांग्रेस ने उनको इस क्षेत्र से एक उम्मीदवार के रूप में खड़ा किया था और उसी सम्बन्ध में उन्होंने यह 'निवेदन' लिखकर भेजा था—

"मेरे इस अल्प और साथ ही घटनाओं से भरे जीवन के ऊपर होकर जो आँधी-तूफान गुजर चुका है उसी की कसौटी पर मैं अपने को कुछ मान पहिचान चुका हूँ । इससे मुझे यह निश्चय हो गया है कि युवावस्था के प्रभात काल में ही मैंने जिस कण्टकमय मार्ग की यात्रा आरम्भ की है उस पर मैं अन्त तक चल सकूँगा । अज्ञात भविष्य को सामने रखकर जो व्रत एक दिन ग्रहण किया था उसका उद्यापन किये बिना मैं इस मार्ग से पैर न हटाऊँगा । अपने समस्त जीवन के अनुभव और शिक्षा के द्वारा खोज करके मैंने इसी सत्य सिद्धान्त को प्राप्त किया है कि "पराधीन जाति का सब कुछ व्यर्थ है—उसकी शिक्षा-दीक्षा, धर्म-कर्म सब व्यर्थ है, यदि उसका उपयोग स्वाधीनता प्राप्त करने के लिये न किया जा सके ।"

सुभाषचन्द्र के उपर्युक्त आदर्श और जिस सचाई के साथ उन्होंने जीवन के अन्तिम क्षण तक उसका पालन किया उसे देख-समझकर हम भी अपने पाठकों से यही कहेंगे कि वर्तमान समय में यद्यपि 'देश की पराधीनता' की समस्या हल हो चुकी है, पर उससे भी बढ़कर दूसरी समस्या भारत के नर-नारियों में उनके कर्त्तव्य-पालन की, सत्य-व्यवहार की, आत्म-त्याग की भावना उत्पन्न करने की है । स्वाधीनता प्राप्त होने से जहाँ हमको इन सब सद्गुणों में उन्नति करके भारत को पुनः 'जगत्-गुरु' की प्राचीन पदवी के योग्य बनाना था, वहाँ निम्न कोटि की स्वार्थपरता और भ्रष्टाचार की दिन पर दिन वृद्धि होते देखकर थोड़े से सच्चे देशसेवकों को बड़ा परिताप हो रहा है । यद्यपि जबसे सुभाषचन्द्र का देहावसान हुआ है तबसे लोगों ने बार-बार उनके जीवित होने की चर्चा उठाकर उनके प्रति अपने प्रेम का ही परिचय दिया है, पर इस प्रेम की वास्तविकता को तभी स्वीकार किया जा सकता है जब हम उन्हीं की तरह अपना स्वार्थ त्यागकर अपनी शक्ति और साधनों को पूरा नहीं तो उसका कुछ भाग ही देशवासियों के उत्थान के लिये लगाते रहें ।

अमर बलिदान के उन्नायक वीर-शिरोमणि चन्द्रशेखर आजाद

सन् १६३१ के फरवरी महीने की सत्ताईसवीं तारीख थी । सुबह के आठ बजे के लगभग दो युवक इलाहाबाद के एलफ्रेड पार्क में टहल रहे थे और आपस में क्रान्तिकारी दल की तत्कालीन परिस्थिति पर विचार विमर्श करते जाते थे । उन दिनों दल के एक महत्त्वपूर्ण सदस्य कैलाशपति ने दिल्ली पुलिस को क्रान्तिकारियों की सभी नई पुरानी योजनाओं का रहस्य प्रकट कर दिया था और छोटे-बड़े अधिकांश सदस्यों का पता भी बतला दिया था । इससे तीन-चार महीने के भीतर एक-एक करके सदस्य पकड़े या मारे जा चुके थे और बचे हुए व्यक्तियों की खोज पुलिस

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

बड़ी सरगर्मी से कर रही थी । ऐसी परिस्थिति में उनकी रक्षा के लिये क्या उपाय किया जाये इस पर चर्चा की जा रही थी । एक सुझाव यह था कि कुछ लोग बर्मा के रास्ते चीन या रूस चले जायें और वहीं से क्रान्तिकारी आन्दोलन में सहयोग देते रहें ।

इन दोनों युवकों में से एक "हिन्दुस्तान समाजवादी प्रजातन्त्र सेना" के सेनापति चन्द्रशेखर आजाद थे और दूसरा उनके एक सहयोगी श्री सुखदेव राज । चन्द्रशेखर पिछले साढ़े छः वर्षों से फरार थे, उन पर कितनी ही भंयकर वारदातों के लिये वारण्ट जारी थे और गिरफ्तारी के लिये पाँच हजार के इनाम की घोषणा कर दी गई थी । यह निश्चय था कि पकड़े जाने पर उन्हें मृत्युदण्ड दिया जायेगा, पर इधर आजाद ने भी प्रतिज्ञा कर रखी थी कि कोई पुलिस वाला मेरे जीवित शरीर को हाथ नहीं लगा सकता और न मुझे जेलखाने में बन्द किया जा सकता है । मैं "आजाद" हूँ तो सदा आजाद रह कर ही दिखला दूँगा ।

घण्टा-पौन घण्टा तक इस तरह पार्क का चक्कर लगाने के पश्चात् वे थार्नहिल रोड से मिले हुए भाग में एक पेड़ के नीचे बैठ गये और क्रान्तिदल की वर्तमान समस्याओं पर विचार करने लगे । उसी समय एक पुलिस अफसर—ठाकुर विश्वेश्वर सिंह ने उनको देखा और अनुमान किया कि यह कदाचित् चन्द्रशेखर आजाद हैं । उसने तुरन्त पार्क की बगल में ही रहने वाले सी. आई. डी. के सुपरिण्टेण्डेण्ट नाट बाबर को खबर दी । वह अपनी मोटर पर बैठकर उस जगह पहुँचा जहाँ आजाद और सुखदेव राज बैठे बातें कर रहे थे । पार्क के भीतर होते हुए भी यह एक जंगल जैसा स्थान था, जहाँ अनेक पेड़ बेतरतीब उगे हुए थे और पास में ही एक छोटा-सा नाला बरसाती पानी के लिये बना हुआ था । नाट बाबर मोटर से उतर कर सीधा आजाद की तरफ चला । उसने अपनी पिस्तौल निकाल ली और पूछा—"तुम लोग कौन हो ।"

परिस्थिति को समझकर आजाद ने भी तुरन्त ही अपनी भरी हुई पिस्तौल निकाली और दोनों तरफ की गोलियाँ एक साथ छूटीं । नाट बाबर की गोली आजाद की जांघ में और आजाद की गोली नाट बाबर के दाहिने हाथ में लगी जिससे उसकी पिस्तौल छूटकर गिर पड़ी । नाट बाबर भाग कर एक पेड़ के पीछे खड़ा हो गया और आजाद भी सुखदेव राज के साथ दूसरे पेड़ की ओट में चले गये । उन्होंने सुखदेव राज को तो वहाँ से बचकर चले जाने को कह दिया और स्वयं उस घायल अवस्था में ही पुलिस वालों से युद्ध करने लगे । ठाकुर विश्वेश्वर सिंह ने दूर से बन्दूक चलाकर उनको गोली मारी तो आजाद ने पड़े-पड़े पिस्तौल से ही ऐसा निशान लगाया कि आक्रमणकारी का जबड़ा टूट गया । आजाद की इस अचूक निशानेबाजी की उनके शत्रुओं ने भी जी खोलकर प्रशंसा की ।

पर जब आजाद ने देखा कि वे चारों तरफ पुलिस वालों से घिरे हैं और घायल होने के कारण चल भी नहीं सकते तो अपने पिस्तौल की अंतिम गोली उन्होंने अपनी कनपटी में मार ली । एक महान् देशभक्त और वीरात्मा ने इस खुले संग्राम में शत्रुओं से जूझते हुए वीरगति पाई । आजाद का नाम सदा के लिये अमर हो गया ।

आरम्भिक जीवन

चन्द्रशेखर आजाद के पिता श्री सीताराम तिवारी उन्नाव (उ. प्र.) के बदरका गाँव के निवासी थे पर, जीविका के लिये झाबुआ (मध्य भारत) के भाँवरा नामक स्थान में जा बसे थे । वहीं पर २३ जुलाई सन् १९०६ को आजाद का जन्म हुआ । बचपन में घर की गरीबी के कारण उनकी शिक्षा बहुत कम हो सकी । अपने पिता के कठोर व्यवहार से असन्तुष्ट होकर १२-१३ वर्ष की अवस्था में ही ये बम्बई भाग गये और कुछ महीने मजदूरी करके अपना निर्वाह किया । फिर संस्कृत पढ़ने की मन में आई तो काशी जाकर एक पाठशाला में भर्ती हो गये जहाँ विद्यार्थियों की पढ़ाई और भोजन की व्यवस्था निःशुल्क की जाती थी । जब सन् १९२१ में महात्मा गाँधी के असहयोग आन्दोलन ने जोर पकड़ा और सरकारी स्कूलों के बायकाट की घोषणा हुई तो बहुसंख्यक लड़के पढ़ना-लिखना छोड़कर कांग्रेसी-स्वयं सेवक बन गये । आजाद भी अपनी उत्साही और निर्भीक प्रकृति के कारण उस दल में शामिल हो गये । प्रसिद्ध क्रान्तिकारी लेखक मन्मथनाथ गुप्त और श्री रघुनाथसिंह (बाद को एम. पी.) भी इनके साथियों में थे । ये सभी १५ वर्ष से कुछ कम आयु के थे ।

जब हड़ताल और जलूस के सम्बन्ध में वे गिरफ्तार किये गये तो मजिस्ट्रेट की अदालत में अंग्रेजी सरकार की अवहेलना के भाव से उन्होंने अपना नाम "आजाद" पिता का "स्वाधीन" और घर "जेलखाना" बताया । इससे गुस्सा होकर मजिस्ट्रेट ने उनको १५ बेंतों की सजा दी । उन बेंतों को खाकर आजाद सदा के लिये सरकार के पक्के दुश्मन बन गये ।

क्रान्तिकारी दल के नेता

असहयोग आन्दोलन से भी कई वर्ष पहले बनारस में क्रान्तिकारी दल की गतिविधियाँ चलती रहती थीं । उसके प्रधान नेता शचीन्द्रनाथ सान्याल थे जिनको सन् १९१६ में काले पानी का दण्ड दिया गया था । जब आजाद बेंत

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

खाकर काशी विद्यापीठ में दाखिल हो गये तो वहाँ उनका परिचय श्री मन्मथनाथ गुप्त और प्रणवेश चटर्जी से हुआ । वे दोनों क्रान्तिकारी दल से परिचित और सम्बन्धित थे । इन्हीं के द्वारा आजाद का परिचय पहले बनारस के क्रान्तिकारी राजेन्द्र लाहिड़ी आदि और फिर रामप्रसाद बिस्मिल से हो गया । राम प्रसाद शीघ्र ही आजाद की बहादुरी और सूझ-बूझ के कायल हो गये और दल में उनका एक महत्त्वपूर्ण स्थान बन गया । काम करने में उनकी तेजी को देखकर उनका गुप्त नाम "क्विइक सिल्वर" (पारा) रख दिया गया ।

यद्यपि आरम्भ में आजाद ने क्रान्तिकारी पर्चे बाँटने में भी अच्छा कार्य किया, पर उनका नाम विशेष रूप से तब प्रसिद्ध हुआ जब काकोरी रेलवे डकैती के सब अभियुक्तों के पकड़ लिये जाने पर भी वे फरार हो गये । उनकी गिरफ्तारी के लिये दो हजार के इनाम की घोषणा की गई । पर बड़े-बड़े चतुर गुप्तचर पूरा प्रयत्न करने पर भी उनका पता न लगा सके । इस रहस्य का वर्णन करते हुए मन्मथनाथ गुप्त ने लिखा है—"आजाद कहाँ डुबकी लगा गये, यह या तो वही जानते थे या ईश्वर । आजाद में यह गुण था कि मौके पर वह अकेला कदम उठा सकते थे और निर्णयात्मक रूप से उठा सकते थे । इसी कारण वह रेकार्ड समय तक पुलिस के चंगुल से बचते रहे ।"

आजाद अपने नाम वारण्ट और इनाम होने पर भी सक्रिय बने रहे । इतना ही नहीं उन्होंने छिन्न-भिन्न क्रान्तिकारी दल के पुनर्गठन का काम भी आरम्भ किया और झाँसी में जहाँ वे गुप्त रूप से निवास करने लगे थे, अनेक नवयुवकों को दल में भर्ती करके एक महत्त्वपूर्ण केन्द्र स्थापित कर दिया । इन नवयुवकों में से भगवान दास माहौर, सदाशिवराव मलकापुरकर, विश्वनाथ वैशम्पायन आदि आगे चलकर दल के प्रसिद्ध और सुदृढ़ कार्यकर्त्ता निकले । यद्यपि हम इस सम्बन्ध में बहुत छान-बीन तो नहीं कर सके पर अनेक क्रान्तिकारियों के लिखे वर्णन को पढ़कर यही जान पड़ता है कि जिन लोगों को आजाद ने शिक्षित किया और ट्रेनिंग दी उनमें से शायद ही कोई अविश्वस्त सिद्ध हुआ होगा, इसके विपरीत पंजाब तथा दिल्ली की तरफ के सदस्य बड़ी संख्या में इकवाली गवाह ही नहीं बने वरन् उनमें से "बड़े" कहलाने वालों ने भी प्रायः चालाकी से काम लिया और कमजोरी भी दिखाई ।

झाँसी में सबसे पहले वे मास्टर रुद्रनारायण के यहाँ ठहरे । मास्टर साहब भी रामप्रसाद बिस्मिल के दल से सम्बन्ध रखते थे और एक बार शाहजहाँपुर में आजाद से परिचित हो चुके थे । यद्यपि उन्होंने आजाद को भाई के समान घर में रखा और अपनी स्त्री का पर्दा करने का नियम भी उनके लिये हटा दिया । पर वे उनका वहाँ रहना खतरनाक समझते थे । उन पर सरकारी अधिकारियों को सन्देह था और इसलिये पुलिस का एक गुप्तचर उनके घर के सामने प्रायः बैठा रहता था । इससे सुरक्षा के ख्याल से उन्होंने झाँसी से कुछ मील के फासले पर ढिमरपुरा गाँव में, जो ओरछा रिसायत में पड़ता था, उनके रहने की व्यवस्था की । वहाँ हनुमानजी के मन्दिर में वे एक साधु के भेष में रहते थे और उनका नाम हरिशंकर ब्रह्मचारी प्रसिद्ध हो गया था ।

हरिशंकर बीच-बीच में झाँसी भी आ जाते थे, और उनके मित्र भी कभी ढिमरपुरा पहुँच जाते थे । इस बीच एक ऐसी घटना हो गई जो काफी खतरनाक थी, पर आजाद अपनी सूझ-बूझ के बल पर उससे सहज में छुटकारा पा गये । एक दिन वे किसी अन्य साधु के साथ झाँसी से वापस लौट रहे थे कि शहर के बाहर पुलिस के दो सिपाहियों को उन पर सन्देह हो गया और वे उनके पास आकर पूछने लगे "क्या तू आजाद है ?" आजाद ने तुरन्त हँसते हुए कहा—"हैं-हैं, बच्चा हम तो आजाद ही हैं । साधुओं को क्या बन्धन है बाबा ! महावीरजी के भक्त हैं, भजन करते हैं और मस्त रहते हैं । तो चलें बच्चा ! हनुमानजी को चोला चढ़ाने में देर हो जायेगी ।" पर पुलिस वाले उनको थाने ले जाने की जिद करने लगे । कुछ दूर तक तो आजाद उनके साथ चलते-चलते उन्हें समझाते रहे, पर जब देखा कि ये तो मानते ही नहीं, तो दृढ़ता से बोले-"तुम्हारे थाने के दरोगा से हनुमानजी बड़े हैं । मैं तो हनुमानजी का हुक्म मानूँगा, तुम मानों अपने दरोगा-फरोगा को ।" यह कह कर अपने रास्ते पर तेजी से चल दिये और सिपाही देखते ही रह गये ।

चरित्र सम्बन्धी दृढ़ता

ढिमरपुरा में ही एक ऐसी घटना हो गई जिससे आजाद की चरित्र सम्बन्धी दृढ़ता की छाप सभी परिचित व्यक्तियों पर पड़ गई । जिन ठाकुर मलखानसिंह के मकान में ये कुछ समय बाद रहने लगे थे, उनकी एक बहिन भी उसी में रहती थी, जिसे आजाद और उनके साथी जीजी कहकर पुकारते थे । किसी समय उसकी एक सहेली विवाह का निमन्त्रण देने वहाँ आई । वह आजाद के स्वास्थ्य और शरीर संगठन को देखकर आसक्त हो गई और मौका पाकर रात के समय अकेली इनके पास आकर चारपाई पर बैठ गई । आजाद चौंक कर खड़े हो गये और इस प्रकार के व्यवहार के लिये उसे डाँटने लगे । पर जब वह न मानी और इनके पास रहने की हठ करने लगी तो ये सीढ़ी के

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दरवाजे की तरफ गये । उसको जब बाहर से बन्द देखा तो वे छत से नीचे कूद पड़े और हनुमानजी के मन्दिर में जाकर सो गये । इसके पश्चात् सुबह वे शलखान सिंह के मकान पर गये और वहाँ चौपाल पर नियमित रूप से लड़कों को पढ़ाया, पर जब तक वह स्त्री वहाँ ठहरी रही वे भीतर नहीं घुसे और भोजन भी बाहर ही किया । अन्त में लज्जित होकर उस स्त्री ने इनसे अपनी गलती के लिये क्षमा प्रार्थना की और तब से ठाकुर तथा अन्य लोगों की दृष्टि में इनकी श्रेष्ठता और प्रामाणिकता और भी बढ़ गई ।

आजाद केवल किसी धार्मिक या नैतिक आदर्श को ध्यान में रखकर ही स्त्रियों के सम्पर्क से दूर नहीं रहते थे, वरन् वे इसको क्रान्तिकारी दल की सुदृढ़ता और सुरक्षा का एक मुख्य नियम मानते थे । इसमें सन्देह नहीं कि रमणी का प्रेम और वह भी अवैध-ढंग का, मनुष्य में कमजोरियाँ अथवा कई प्रकार के दुर्गुण उत्पन्न कर देता है । उच्चकोटि के क्रान्तिकारी इस सम्बन्ध में पूर्ण संयम से काम लेते आये हैं । रूस के क्रान्तिकारी अपनी वास्तविकता को छिपाने के लिये दल की किसी सदस्या को अपनी पत्नी बतलाकर गृहस्थ जीवन का अभिनय किया करते थे । लेनिन और क्रुपसकाया बरसों तक ऐसे ही दिखावटी पति-पत्नी बन कर रहे थे, पर उन्होंने कभी यौन-सम्बन्ध की बात नहीं सोची । लेनिन यही विचार करता था कि "यदि मैं ऐसी चेष्टा करूँगा तो क्रुप्सकाया समझेगी कि मैं परिस्थिति का अनुचित लाभ उठा रहा हूँ ।" बहुत वर्षों तक साथ रहते-रहते जब दोनों ने एक-दूसरे के मन की भावना समझ ली तब कहीं जाकर उनमें दाम्पत्य-सम्बन्ध स्थापित हुआ ।

पर हमारे यहाँ के क्रान्तिकारी दल के सदस्यों ने इस सम्बन्ध में कोई अच्छा उदाहरण उपस्थित नहीं किया । यशपाल और प्रकाशवती तथा कैलाशपति और चन्द्रावती का सम्बन्ध दल के लिये हानि का कारण बना । वीरभद्र यद्यपि विवाहित था पर उस पर भी कुछ इसी प्रकार का आरोप लगाया गया था । काकोरी-केस के बनवारीलाल से भी यही शिकायत थी । भोग की लालसा मनोबल को क्षीण कर देती है ।

आजाद इस विषय में बहुत सख्त थे और अनुशासन की दृष्टि से उन्होंने यशपाल को प्राणदण्ड देने का निर्णय किया था । कैलाशपति ने तो इस सम्बन्ध में बड़ी नीचता का परिचय दिया और पुलिस के सामने क्रान्तिकारी दल के समस्त रहस्यों का ऐसा भण्डाफोड़ किया कि पूरा संगठन छिन्न-भिन्न हो गया और अधिकांश सदस्य गिरफ्तार कर लिये गये । इस सम्बन्ध में उनके चरित्र लेखक वैशम्पायन ने लिखा है—

"आजाद का सबसे बड़ा सम्बल था उनका चरित्र । इसको उन्होंने सदा महत्त्व दिया और इस धारणा पर जीवन के अन्त तक दृढ़ रहे । चरित्रहीन व्यक्ति से वे सदा घृणा करते । कुछ साथियों ने उनके इस गुण की हँसी उड़ाई । पर वे अपने सिद्धान्त पर अटल रहे । विवाह उनकी दृष्टि में पाप नहीं था, परन्तु जब नारी दल के किसी सदस्य के कर्त्तव्य में बाधक होती दिखाई दी, अथवा किसी सदस्य ने दल की सदस्यता को विवाह का साधन बनाया और उसके लिये दल का दुरुपयोग किया, तो ऐसे सदस्यों को आजाद कड़ी से कड़ी सजा देने में न हिचके । उनके इस महान् गुण की कुछ स्वार्थी तत्त्वों ने खिल्ली उड़ाई, उसे आजाद की भूल बतलाया परन्तु स्वार्थियों का यह प्रयत्न अपने अवगुण छिपाने का प्रयास मात्र था । पार्टी के अनेक सदस्य विवाहित थे और आजाद की उनके प्रति पूर्ण श्रद्धा थी । भाई भगवतीचरण भी विवाहित थे । आजाद उन्हें बहुत मानते थे । उनसे परामर्श लिये बिना कोई योजना कार्यान्वित नहीं करते थे । परन्तु जिन लोगों ने प्रगतिशीलता के नाम पर दल को अपनी प्रेम-लीला का साधन बनाना चाहा उनको आजाद ने कभी क्षमा नहीं किया ।"

निःसन्देह चरित्र मनुष्य की श्रेष्ठता का बहुत बड़ा प्रमाण है । इसका सम्बन्ध केवल नारी से ही नहीं है, वरन् सचाई, ईमानदारी, नैतिकता आदि भी चरित्र के ही अंग हैं । चरित्रहीन व्यक्ति का सभी दृष्टियों से पतन हो जाता है । ऐसे व्यक्ति यदि विद्वान तथा प्रतिभाशाली हों और सांसारिक सफलतायें भी प्राप्त कर लें, तब भी विचारशील और निष्पक्ष व्यक्ति उनको सम्मान की दृष्टि से नहीं देख सकते ।

अन्याय का विरोध

आजाद स्वभाव से ही अन्याय और जोर-जुल्म के विरोधी थे । स्वयं खतरा उठाकर भी वे अन्याय पीड़ितों का पक्ष लेते थे और दुष्ट लोगों से भिड़ जाते थे । इस बात के उदाहरण उनके क्रान्तिकारी जीवन में ही नहीं मिलते, वरन् जब काशी में वे किसी संस्कृत पाठशाला के सामान्य विद्यार्थी थे तब भी यह विशेषता उनमें देखी जाती थी । वहाँ एक गुण्डा राह चलती बहू-बेटियों को छेड़ा करता था वह पुलिस से भी मिला रहता था, इसलिये लोग उससे डरते थे और उसकी जोर जबर्दस्ती सहन करते रहते थे । एक दिन उसने बाजार में एक युवती को छेड़ा और उसका हाथ पकड़ लिया । आजाद ने, जो उसी मार्ग से जा रहे थे यह दृश्य देखकर गुण्डे को डाँटा । वह हँसकर कहने लगा—"अपने रास्ते चला जा, एक रैपट (तमाचा) मारूँगा, तो बत्तीसों दाँत झड़ जायेंगे ।" आजाद यद्यपि

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

उस समय लड़के ही थे, पर संयम तथा व्यायाम की बदौलत उनका शरीर काफी तगड़ा हो गया था । साहस उनके स्वभाव में सदा से ही था । बस उन्होंने गुण्डे को ललकारा और जैसे ही वह इनकी ओर बढ़ा, उसे उठाकर जमीन पर दे मारा । वे उसकी छाती पर चढ़ बैठे और कहा कि "जब तक उस युवती को बहिन कहकर न पुकारेगा तब तक मैं नहीं हटूँगा ।" अन्त में उसे ऐसा ही करना पड़ा । उस दिन से उसका स्त्रियों को छेड़ना बन्द हो गया ।

ऐसी ही दो-एक घटनायें झाँसी में उन दिनों भी हुईं, जब वे ढिमरपुरा को छोड़कर, श्री रामानन्द के पास रहकर मोटर ड्राइवरी की शिक्षा ग्रहण कर रहे थे । रामानन्द के कारखाने के पास ही रामदयाल ढीमर रहता था, जो मास्टर रुद्रनारायण के यहाँ ड्राइवरी का काम करता था । वैसे तो वह दुष्ट या बदमाश नहीं था, पर शराब पीकर प्रायः अपनी स्त्री को पीटा करता था । रात को उसका रोना चिल्लाना सुनकर आजाद को बड़ा बुरा लगता था और पड़ौस के अन्य लोग भी उससे नाराज रहते थे । एक दिन सुबह वह टट्टी जाने के लिये निकला कि आजाद उससे मिल गये । उन्होंने उसे समझाया "भाई, तू बड़ा भला आदमी है, पर फिर भी शराब पीकर अपनी स्त्री पर ऐसा अत्याचार क्यों करता है ?" रामदयाल को अपने घरेलू मामलों में किसी का हस्तक्षेप बड़ा बुरा लगा और गुस्से से बोला—"हरीशंकर, मैं अपनी घरवाली को पीटता हूँ । मैं चाहूँ तो उसे जान से मार डालूँ, तुम्हारी वह क्या लगती है, जो उसकी तरफदारी कर रहे हो ?"

आजाद को ऐसी बातें कहाँ सहन हो सकती थीं । वे क्रोधित होकर कहने लगे—"अच्छा, आज रात को मारके देख, अगर उसी समय तेरा नशा न उतार दूँ तो कहना ।"

"अजी रात ही क्यों, और नशे की ऐसी-तैसी, अभी होश में हूँ उसको तुम्हारे सामने यहीं सड़क पर मारता हूँ, देखूँ कौन क्या करता है ?" यह कह कर वह घर में से अपनी स्त्री को बाल पकड़कर घसीट लाया और कहने लगा—"लो इस हरामजादी को मारता हूँ, देखूँ क्या करते हो ?" उसने जैसे ही मारने को हाथ उठाया कि आजाद ने उसको पकड़कर गाल पर ऐसे जोर का तमाचा मारा कि वह सिर पकड़ कर बैठ गया । हमको मालूम है कि इसके दो तीन वर्ष बाद ही कानपुर की "कच्ची डकैती" के अवसर पर वहाँ का मुनीम आजाद के एक थप्पड़ से मर ही गया था । बस रामदयाल भी एक तमाचे के असर से सीधा हो गया और उस दिन से स्त्री को पीटना बन्द कर दिया ।"

उसी समय की दूसरी घटना जो वैशम्पायन ने लिखी है, आजाद की गरीबों के प्रति हमदर्दी पर और भी प्रकाश डालती हैं । उनके मोहल्ले में एक धनीराम बढ़ई रहता था । एक बार वह पन्द्रह दिन तक बीमार पड़ा रहा । फिर जब उठकर काम पर जाने लगा तो, बड़े सबेरे ही एक पठान उससे अपना कर्ज वसूल करने आ पहुँचा । धनीराम ने कहा—"खान बाबा, मैं तुम्हारा रुपया जरूर लौटा दूँगा, पर अभी बीमारी से उठा हूँ, दस-पाँच दिन ठहर जाओ ।" पर खान गुस्सा होकर कहने लगा—"हम कुछ नहीं जानता । तुम सुअर का बच्चा हमारा रुपया इसी वक्त दो ।"

आजाद धनीराम का घिघियाना सुनकर बाहर निकल आये । वे इन काबुली लोगों के दुर्व्यवहार से अच्छी तरह परिचित थे । उन्होंने समझाया—"खान भाई, इसे छोड़ दो । इस तरह पकड़ने से क्या फायदा । अगर वह मजदूरी पर नहीं जायेगा तो न तो तुम्हारे पैसे मिल सकेंगे और न उसके बाल-बच्चों को खाना मिलेगा ।"

खान अपनी आदत के अनुसार जोर से बोला—"तुम कौन है इसका ?"

आजाद—"मैं इसका हूँ तो कोई नहीं, पर यह मेरा पड़ौसी है और मैं जानता हूँ कि यह ईमानदार आदमी है ।"

खान—"तुम अपना काम देखो । हम आज इससे पैसा वसूल करेगा । इसके लिये वह अपना बीबी-बच्चा बेच दे ।"

यह सुनकर आजाद को क्रोध चढ़ आया । उन्होंने खान के हाथ को एक जोर का झटका देकर धनीराम को छुड़ा दिया और कहा—"देखूँ, तू उसे काम पर कैसे नहीं जाने देता ।"

खान बड़ा लम्बा-चौड़ा और तगड़ा था । वह आजाद को मारने को बढ़ा तो उन्होंने एक ही दाव लगा कर उसे जमीन पर ऐसा फेंका कि पगड़ी, जूता इधर-उधर जा गिरे । लोगों की भीड़ जमा हो गई और खान को बुरा भला कहने लगे । खान ने समझ लिया कि वह हार गया, इससे चुप-चाप उठकर चला गया ।

इस प्रकार आजाद स्वभाव से ही अन्याय के विरोधी और गरीबों का पक्ष लेने वाले थे । अन्याय करने वाला कोई भी हो, ऐसी घटना पर उन्हें क्रोध आ जाता था । एक बार झाँसी के सदर बाजार में उन्होंने कुछ गोरे सिपाहियों को उपद्रव करते, औरतों को छेड़ते और लोगों को मारते तथा गालियाँ बकते देखा । इस पर उनको बड़ा गुस्सा आया । वे भगवानदास के पास आये और अपना पिस्तौल उसको देकर कहने लगे—"ले, इसे अपने पास रख ले । अगर गुस्से में आकर मैं कुछ कर बैठा तो यहाँ के

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

समस्त दल वालों पर आफत आ जायेगी । यों तो बदमाश और शरारती लोग कदम-कदम पर मिलते ही रहते हैं । पर आँखों के सामने बदमाशी देखकर क्रोध आ जाना स्वाभाविक है, इसी से तुम्हारे पास चला आया ।"

भूखे रहकर देश-सेवा

फरार अवस्था में आजाद को केवल पुलिस के दूतों का ही खटका नहीं रहता था, वरन् निर्वाह की समस्या भी बड़ी गम्भीर हो जाती थी । बनारस में भागते समय उनके पास कुछ रुपया-पैसा तो था नहीं । किसी से रेल भाड़े आदि के लिये कुछ रुपया लेकर चल दिये । झाँसी में आरम्भ में मास्टर रुद्रनारायण के यहाँ ठहरे तो वहीं भोजन करते । पर एक साधारण गृहस्थी में सदैव उचित व्यवस्था हो सकनी कठिन है । फिर आजाद का पहलवानी शरीर, अतएव उनको अनेक बार भूखों भी रह जाना पड़ता था । फिर जब मोटर ड्राइवरी की शिक्षा प्राप्त करने लगे तब भी उनको पैसे की तंगी बनी रहती थी । उस समय का वर्णन करते हुए वैशम्पायन ने अपनी पुस्तक—"अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद" में लिखा है—

"जिन दिनों रामानन्द जी के साथ आजाद रेलवे लाइन की गुमटी पर रहते थे उन दिनों उन्हें भीषण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता था । कई दिन तो केवल एक समय चबैना खाकर ही गुजारा कर लेते थे । एक बार उनके पास केवल एक आना ही बाकी था, जिससे एक दिन की भूख की समस्या हल हो सकती थी । यह भी विचार आता था कि आज यह एक आना खर्च हो गया तो कल क्या होगा ? फिर भी आज भूख की ज्वलन्त समस्या का हल करना आवश्यक था । इसलिये एक आने के चने ले आये और खाने लगे । खाते-खाते आखिरी मुट्ठी जो भरी तो उसमें कुछ गोल-गोल सा लगा । मुट्ठी खोलकर देखा तो वह इकन्नी थी । आजाद ने कहा—"उस इकन्नी को देखकर मुझे हँसी आ गई यह सोचकर कि चलो कल की भी व्यवस्था हो गई । पर फिर यह ध्यान आया कि यह तो उस गरीब चने वाले की गाढ़ी कमाई का पैसा है, उस पर मेरा कोई अधिकार नहीं ।" चबैना खाकर पानी पिया और इकन्नी उस चना वाले को लौटा आये, यह कहकर कि तुमने मुझे जो चने दिये थे उसमें यह इकन्नी आ गई थी । दुकानदार ने उस इकन्नी की ओर देखा और एक बार मेरी ओर देखकर मुस्करा दिया । मैं भी मुस्करा कर अपने रास्ते चल दिया । पर कल की भूख प्रश्न चिह्न बनी रही और ऐसे निराहार दिवस तो उनके संगी साथी ही थे । लगातार कई दिनों तक ठीक से भोजन मिलना उनके लिये अनहोनी बात थी ।

आजाद को उन दिनों सूखी रोटियों से पेट भरने में भी कितनी कठिनाई उठानी पड़ती थी, यह श्री भगवानदास माहौर के उस वर्णन से विदित होता है जो उन्होंने "यश की धरोहर" में लिखा है—

"श्री आजाद की भोजन व्यवस्था के लिये हम लोगों को घर से रोटियाँ चुरानी पड़ती थीं । भोजन मुझे माँ के हाथों चौके में बैठकर मिलना था । रोटियों के बर्तन तक तो मेरी पहुँच थी नहीं । चौके के अन्दर जो एक भीतरी चौका रहता है, उसकी रेखा तो मेरे लिये लक्ष्मण-रेखा थी । इस रेखा को लाँघ कर बर्तन में से दो-चार रोटियाँ चुरा लेने का साहस मैं नहीं कर सकता था । बस यही एक रास्ता था कि बहुत-सी रोटियाँ माँ से अपनी थाली में परोसवा लूँ, और थाली उठाकर अपने कमरे में चल दूँ । उनमें से कुछ मैं खालूँ और कुछ आजाद के लिये बचा लूँ । जब मैंने ऐसा किया तो माँ भंयकर रूप से नाराज हुई । एक रोज तो खाने को ही नहीं मिला । मगर मैं अपनी 'जिद' पर डटा रहा कि "चौका में धुँआ बहुत होता है और मेरी आँखों में रोहे हैं । कॉलेज के डॉक्टर ने धुयें से बचे रहने को कहा है । मुझे अंधा थोड़े ही होना है । खाना दो, चाहे मत दो, मैं धुयें में हर्गिज नहीं खाऊँगा ।" यह तर्क भी आजाद का सिखाया हुआ था । भला कौन माँ चाहेगी कि बेटे की आँखें खराब हो जायें ?"

"आजाद घर आये तो माँ ने उनसे शिकायत की । माँ को सुनाने के लिये आजाद ने भी मुझे झिड़का और चौका-विज्ञान पर एक लेक्चर दिया । जब मैंने अपनी आँखों का तर्क पेश किया तो आजाद निरुत्तर हो गये और कहने लगे 'आखिर अपना-धर्म भी तो होता है । कुछ कट्टर ब्राह्मण और आदर्श बेटा हरिशंकर ने जब मान लिया तो माँ के लिये तो मानो खुदा ने ही मान लिया और रोटियों की चोरी करने का मेरा मार्ग खुल गया । मुझे अधिक भूख लगती देख माँ और प्रसन्न होती । भाई सदाशिव और विश्वनाथ भी इसी प्रकार घर से रोटियाँ चुरा लाते । आजाद को इस प्रकार चुराई हुई रोटियों से पेट भरते देख एक बार मेरी भावुकता उमड़ी कि "हम सब तो बड़े आराम से तरह-तरह का भोजन करते हैं, और आपको प्रायः नित्य ही इसी प्रकार बासी सूखी रोटियों और अचार से पेट भरना पड़ता है ।" तो आजाद बोले—"अरे बेबकूफ हुआ है । तीन घर से तीन तरह की रोटियाँ आती हैं । किसी के यहाँ से आम का अचार, किसी के यहाँ से नीबू का । तेरे घर से करेले का अचार तो मुझे बहुत अच्छा लगता है । इतना विविध प्रकार का खाना खाता हूँ और क्या चाहिये ?"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

आप इस दृश्य की तुलना आजकल के "देश भक्तों" से करें जिन्हें खाने के लिये दूध मलाई ही नहीं फलों के रस की जरूरत पड़ती है । जिनकी नित्य प्रति होने वाली दावतों में सैकड़ों रुपये के खाद्य पदार्थ रकाबियों में ही छोड़ दिये जाते हैं । और वहाँ देश के लिये प्राणों की बाजी लगाने वाले आजाद के लिये बासी सूखी रोटियाँ भी नियामत थीं । उनका भी सदा मिलना कठिन होता था । इसी को सच्चा त्याग और तपस्या कहें तो क्या अनुचित है । देशोद्धार के लिये की गई इस तपस्या का ही परिणाम है, कि वह आज भी मरने के बाद पूजे जा रहे हैं ।

दल का पुनर्गठन

काकोरी-काण्ड में उत्तर प्रदेश के अधिकांश क्रान्तिकारी कार्यकर्त्ताओं के पकड़ लिये जाने और दल का संगठन छिन्न-भिन्न हो जाने पर, उससे निराश न हो आजाद ने अदम्य साहस और सूझ-बूझ से दल को फिर से संगठित करना आरम्भ कर दिया, यह उनके नेतृत्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण था । झाँसी में सातार नदी के तट पर हनुमान जी के मन्दिर में रहते हुए ही, जब कि देश में सैकड़ों गुप्तचर उनको खोजते फिर रहे थे, उन्होंने चुने हुए सदस्यों को अपने पास बुलाना और जंगल में निशानेबाजी की शिक्षा देना आरम्भ कर दिया था । इस भू-भाग में दतिया, खनियाधाना, ओरछा आदि देशी रियासतें थीं, जहाँ कानून और शासन-व्यवस्था का अधिक जोर न था । वहीं आजाद ने शस्त्र-शिक्षा के कई केन्द्र खोल रखे थे । इनमें झाँसी तथा ग्वालियर के सदस्य तो आते ही थे, कभी-कभी कानपुर के और पंजाब के कार्यकर्त्ता भी आ जाते थे, आगरे में बने बमों की परीक्षा भी यहीं के जंगलों में भगतसिंह ने स्वयं की थी ।

जब काकोरी-केस का फैसला हो चुका और पुलिस की दौड़-धूप कुछ कम हुई तो आजाद कानपुर तथा उत्तर प्रदेश के अन्य नगरों में भी जाकर नये-पुराने कार्यकर्त्ताओं से सम्पर्क स्थापित करने लगे । वे इसके लिये कैसी सावधानी से काम लेते थे और संगठन को सुदृढ़ बनाते थे, इसका एक संस्मरण सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी श्री शिव वर्मा ने अपनी पुस्तक "संस्मृतियाँ" में लिखा है—

"एक दिन जब सुरेन्द्र पाण्डे ने आकर धीरे से मेरे कान में कहा कि नम्बर दो (चन्द्रशेखर आजाद का उस समय का सांकेतिक नाम यही था) आ गये हैं और आज रात तुम्हें उनसे मिलना है, तो मेरे सारे शरीर में बिजली-सी दौड़ गई । दूसरों से आजाद के बारे में जो कुछ सुना था, उसके सहारे कल्पना के सहयोग से दिमाग में मैंने उनकी एक तस्वीर बना ली थी । सुरेन्द्र की बात से वह तस्वीर चलती-फिरती-सी लगने लगी ।"

"बिजय और सुरेन्द्र उस समय तक सी. आई. डी. की नजरों पर चढ़ चुके थे और उनकी गतिविधि पर पुलिस की कड़ी निगाह थी लेकिन मैं अभी उस अभिशाप से बरी था । फिर भी उस दिन शाम से ही मैंने अपने चारों ओर निगाह रखनी शुरू कर दी कि कहीं ऐन मौके पर कोई पीछा न कर ले । गर्मियों के दिन थे । निश्चित समय से काफी पहले ही कॉलेज से निकल पड़ा और यह जानने कि लिये कि कोई पीछा तो नहीं कर रहा है मैंने इधर-उधर के काफी चक्कर लगाये, कई पार्कों में बैठा, सुनसान से गुजरा और जब यकीन हो गया कि मैं अकेला ही हूँ तो रात के लगभग नौ बजे श्री राधामोहन गोकुल जी के मकान पर जाकर दरबाजा खटखटाया । राधामोहन जी ने दरबाजा खोला और बिन कुछ कहे ऊपर छत की ओर इशारा कर दिया । वहाँ खुली छत पर फैले चाँद के रुपहले प्रकाश में एक व्यक्ति चटाई पर उघारे बदन पाल्थी लगाये अकेला बैठा हम लोगों की प्रतीक्षा कर रहा था । सांवला रंग, गठा हुआ तगड़ा जिस्म, औसत लम्बाई से कुछ नाटा कद, छोटी तेज चुभती हुई आँखें, चेहरे पर चेचक के गहरे दाग । यह काकोरी केस के फरार अभियुक्त चन्द्रशेखर आजाद थे, जिसका नाम ब्रिटिश साम्राज्यशाही के लिये आतंक बन चुका था और जिनकी गर्दन के इन्तजार में अंग्रेजी सरकार के जल्लाद का फन्दा बेकरार था । उनके दाहिने घुटने के पास जिस्म से सटा हुआ उनका रिवाल्वर पड़ा था ।"

"मुझे सामने देखकर पास ही पड़ी दूसरी चटाई की ओर इशारा करते हुए 'आओ भाई' कह कर उन्होंने मेरा स्वागत किया, फिर प्रश्नवाचक स्वर में पूछा "प्रभात ?" उत्तर में संक्षेप-सा 'जी' कह कर मैं पास वाली चटाई पर बैठ गया । "बिजय और पाण्डे भी आ रहे होंगे, तभी बात करेंगे ।" फिर कुछ ठहर कर स्वयं ही बोले—"बिजय से मैं तुम्हारे काम के सम्बन्ध में सुन चुका हूँ । बिखरे सूत्रों को फिर से जोड़ कर नये सिरे से नया संगठन खड़ा करने का जो प्रयास तुम लोगों ने शुरू किया है, इससे लगता है कि अभी सब कुछ गया नहीं है और शीघ्र ही शायद हम लोग फिर से कुछ करने में समर्थ हो सकें ।" आजाद का वाक्य पूरा होते-होते विजय और पाण्डे भी आ गये ।

इस तरह आजाद ने पुराने और नये बिखरे सूत्रों को इकट्ठा करके एक नया संगठन तैयार करने का प्रयत्न आरम्भ कर दिया और कुछ ही दिनों में झाँसी तथा कानपुर ही नहीं ग्वालियर, सहारनपुर, देहरादून, इलाहाबाद, दिल्ली

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

आदि सभी नगरों में दल की शाखायें स्थापित करने की व्यवस्था की जाने लगी । इतना ही नहीं दूरवर्ती अजमेर, जयपुर, पूना आदि से भी सम्बन्ध हो गया । इस प्रकार उन्होंने दिखला दिया कि वे युद्ध में ही बढ़े-चढ़े नहीं हैं बल्कि एक कुशल संगठनकर्त्ता भी हैं ।

कुछ ही समय पश्चात् उनका सम्बन्ध भगत सिंह और सुखदेव आदि लाहौर के क्रान्तिदल वालों से भी हो गया । आगरा में एक 'केन्द्रीय समिति का कार्यालय' खोला गया, जहाँ विभिन्न स्थानों के सदस्यों को इकट्ठा करके दल की ट्रेनिंग दी जाने लगी । वहाँ की परिस्थितियों का जो वर्णन श्री भगवानदास माहौर ने किया है, वह पढ़ने योग्य है—

"सन् १९२८ में मैं ग्वालियर में विक्टोरिया कॉलेज में बी. ए. का विद्यार्थी था और वहीं होस्टल में रहता था । काकोरी केस के बाद पुनः संगठित क्रान्तिकारी संगठन के प्रमुख सदस्यों में से उस समय तक मेरा परिचय केवल श्री चन्द्रशेखर आजाद, कुन्दनलाल, विजयकुमार सिन्हा और सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय से ही था । एक रोज अचानक भाई विश्वनाथ गंगाधर वैशम्पायन मेरे पास होस्टल में आये और मुझे अपने साथ आगरा ले गये । यहीं मुहल्ला नूरी दरवाजा में एक मकान में दुमंजले में क्रान्तिकारी दल की 'छावनी' पड़ी हुई थी । भाई विश्वनाथ के साथ मैं उक्त कमरे के द्वार पर पहुँचा तो निश्चित संकेत करने के बाद किसी ने भीतर से टार्च जलाकर हम दोनों को सिर से पैर तक देखा और फिर साँकल खोलकर भीतर आने दिया । कमरे में घुसते ही सबसे पहले मेरा सामना एक अच्छे बड़े रिवाल्वर की नली से हुआ । उससे नजर हटा कर जो आगे देखा तो एक अच्छे बलिष्ठ और सुन्दर नौजवान सावधान और सतेज आँखों को अपनी ओर घूरता पाया । यह नौजवान ही भगतसिंह थे, जो इस समय रात के लगभग ग्यारह बजे शिविर के पहरे पर अपनी ड्यूटी दे रहे थे । कमरे में कुछ नौजवान जो देखने में विद्यार्थी जैसे ही लगते थे, जमीन पर धोती और अखबार बिछाये एक कतार में पड़े सो रहे थे । हमारे आने से जो आहट हुई उससे दो एक की आँख खुल गई । एक ने उठकर मिट्टी के तेल की कुप्पी के मन्द प्रकाश में हमें घूरा और इसके पहले कि मैं उसे पहचान पाऊँ उसने मुझे पहचान कर होस्टल के विद्यार्थियों की तरह निहायत बेतकुल्लफाना ढंग से पाद प्रहार करके और अपनी भावी पत्नी का एक निकट सम्बन्धी घोषित करते हुए मेरा स्वागत किया । इससे मुझे भाई विजयकुमार सिन्हा को पहचानने में आसानी हुई और फिर मैंने भी उत्तर में उनके सत्कार का समुचित उत्तर दिया ।"

क्रान्तिकारियों की 'छावनी' का यह वर्णन करने के पश्चात् माहौर जी ने दूसरे दिन का हाल लिखते हुए बतलाया है—"इसके बाद नहाने का कार्यक्रम शुरू हुआ । नहाने के पहले भगतसिंह ने आजाद की पीठ में तेल मला और आजाद ने भगतसिंह की । धीरे-धीरे दोनों एक दूसरे के हाथ मलने लगे । फिर जोर होने लगा तो आपस में हुँ-हाँ भी होने लगी । धीरे-धीरे यह नौबत आई कि दोनों भिड़ गये और भगतसिंह ने आजाद को अपने दोनों हाथों से उठाकर फर्श पर धर पटका । मैं आजाद की ताकत का लोहा मानता था और यह भी समझता था कि वे अपनी पूरी ताकत अभी नहीं लगा रहे हैं । फिर भी भगतसिंह के बल की धाक मेरे मन पर जम गई ।"

क्रान्तिकारियों की फाकामस्ती

ये तरुण क्रान्तिकारी, जो संसार के सबसे अधिक प्रतापशाली और प्रभावशाली ब्रिटिश-साम्राज्य के अधिकारियों से टक्कर लेने को खड़े हुए थे, कितने साधनहीन थे, इसको जानकर पाठकों को आश्चर्य हुए बिना न रहेगा । आगरे के जीवन के विषय में वैशम्पायन ने लिखा है-"एक बार आजाद, भगत सिंह बगैरह लाहौर में थे । उस समय उस मकान में मैं, विजय तथा जयदेव ही रह गये थे । घर में बिजली नहीं थी इसलिये लालटेन से प्रकाश की व्यवस्था थी । कमरे में केवल एक दरवाजा था जो सदा बन्द रहता था । जो भी बाहर से आता दरवाजे पर दस्तक देता । एक व्यक्ति जाकर दरवाजा खोलता और बाकी सचेत हो जाते । अपना साथी आया देख हथियार पर ये हाथ हट जाते । आर्थिक संकट इतना था कि भूख लगने पर सोचा जाता कि पास में कितना पैसा है और कम से कम कितने में गुजारा हो सकता है । जयदेव ने बताया कि इस घर में एक बार तो तीन दिन तक केवल एक-एक कप चाय पर ही गुजारा करना पड़ा था । मैं जिन दिनों था तब एक बार खाना बनता था । दो साथी बनाते, दो खाने को बैठते । हर खाने वाले का यही प्रयत्न रहता था कि वह कम खाकर बाद में खाने वालों के लिये बाकी छोड़ दे । कई बार आजाद तथा भगतसिंह 'भूख नहीं है' कह कर भूखे ही रह जाते ।"

"यही स्थिति काकोरी के समय भी थी । श्री शचीन्द्रनाथ बख्शी ने ऐसी ही एक घटना का वर्णन करते हुए बताया था कि एक बार सम्भवतः बनारस या शाहजहाँपुर में काफी सदस्य एकत्रित थे । उन दिनों लोग खिचड़ी पर ही गुजारा करते थे । खिचड़ी बन चुकी, सभी सदस्य बैठे खा रहे थे और सबको परोसने वाले थे कुन्दनलाल । सब खाना खा चुके । कुन्दनलाल वैसे ही

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

बर्तन मांजने लगे । उन्हें बर्तन मलते देख आजाद और बख्शी बाबू भी सहायता के लिये आ गये । बख्शी बाबू ने सहज ही कुन्दनलाल से पूछा—"तुमने भोजन किया या नहीं ?" इस पर कुन्दनलाल चुप ही रहे । बहुत पूछने पर उन्होंने बताया कि खाना बचा ही नहीं था । इस पर सभी को दुःख हुआ और कुन्दनलाल के लिये तुरन्त व्यवस्था की गई । आगरे में अनेक बार जितना आटा होता उसकी ही रोटियाँ बनाई जातीं और दाल की देगची बीच में रख कर सभी चारों ओर बैठकर एक साथ खाते । श्री माहौर ने इसे 'भक्षण-चक्र' के नाम से सम्बोधित किया है ।" बात यह थी कि इन लोगों के पास वर्तन थे ही नहीं, इसी तरह हाथ में रोटी लेकर खा लेते थे ।

इन सुशिक्षित और अच्छे घरों के नवयुवकों ने देश की खातिर केवल अपने जीवन को ही खतरे में नहीं डाला वरन् खाने-पीने तक का इतना कष्ट उठाया, यह एक ऐसी बात है कि जिससे आज भी सभी सार्वजनिक कार्यकर्त्ता प्रेरणा ग्रहण कर सकते हैं । सेवा के क्षेत्र में वही व्यक्ति कुछ ठोस कार्य कर सकता है जो सब तरह के शौकों और आराम का ख्याल छोड़ कर सादगी का जीवन बिता सकता है अन्यथा जो लोग ऐसे कार्यों में भाग लेकर भी भोग विलास की भावना रखते हैं वे सेवा और परोपकार का कार्य तो दूर रहा, उल्टा अपने और दूसरों के पतन तथा संकट के कारण सिद्ध होते हैं । क्रान्तिकारी दल में ही कैलाशपति का उदाहरण इस तथ्य को स्पष्ट कर देता है । वह कहता था कि एक क्रान्तिकारी के लिये चार-पाँच सौ रुपया मासिक खर्च को चाहिये । उसने अपने ही एक साथी की पत्नी को फँसा लिया था और उसके लिये पचास खद्दर की साड़ियाँ और ब्लाउज लाकर रख दिये थे । पकड़े जाने पर कैलाशपति सब से पहले मुखबिर बना । उच्च आदर्शों से अनभिज्ञ और भोग-विलास की अभिलाषा रखने वाले ऐसे महान् कार्यों में अगर भाग लेते हैं तो ऐसा ही नतीजा होता है । सार्वजनिक क्षेत्र में सेवा करने वालों को त्यागवृत्ति और कष्ट सहन की शिक्षा दी जानी अनिवार्य है । आजाद इसके प्रत्यक्ष उदाहरण थे ।

साथियों की सुरक्षा

आजाद को अपने साथियों की सुरक्षा का सदा पूरा ध्यान रहता था, चाहे उनको अपना कार्यक्रम कितनी ही बार क्यों न बदलना पड़े और चाहे इसके कारण कुछ लोग नाराज भी क्यों न हो जायें । इसी ख्याल से वे प्रायः सभी "एक्शनों" (डकैती, मार-काट आदि) में स्वयं भी उपस्थित रहते थे । अनेक सदस्य उनका महत्त्व और अनिवार्यता समझकर उनको छोटी-मोटी घटनाओं से पृथक् रखने की चेष्टा करते, पर आजाद जब तक स्वयं उसमें सम्मिलित न होते उन्हें सन्तोष ही नहीं होता । एक बार बहुत अधिक आर्थिक तंगी के कारण एक मन्दिर पर डकैती करने का निश्चय किया गया । उसमें भाग लेने को शिव वर्मा, राजगुरु और भगवानदास को चुना गया । इस पर आजाद नाराज होकर चुप हो गये । उन्हें यही शंका हो रही थी कि कहीं कुछ उल्टा-सीधा न हो जाये । शिव वर्मा ने इस बात को समझ कर उनसे भी साथ चलने के लिये कहा । इसका परिणाम यह हुआ कि सब लोग सकुशल वापस आ सके । यदि आजाद न होते तो इस बात की पूरी सम्भावना थी कि दो-चार व्यक्ति मारे जाते और हाथ भी कुछ न लगता ।

आजाद को क्रान्तिकारी दल की सम्मान रक्षा का भी सदा ध्यान रहता था, और वे कोई ऐसा काम न करना चाहते थे जिससे दल की बदनामी हो । यही कारण था कि सबसे पहली डकैती में ही जब वे रामप्रसाद बिस्मिल के साथ किसी गाँव में गये थे तो दो स्त्रियों ने उनसे पिस्तौल ही छीन ली और वे स्त्रियों पर हाथ न उठाने के सिद्धान्त के कारण उनका कुछ न कर सके । इसी प्रकार बुन्देलखण्ड में रहते समय एक घटना हुई जिसमें आजाद ने सिद्धान्त की रक्षा के लिये आर्थिक लाभ के प्रस्ताव को ठुकरा दिया । इसका वर्णन करते हुए वैशम्पायन ने लिखा है—

"बुन्देलखण्ड की एक रियासत के किसी सरदार का परिचय आजाद से कराया गया । उन्होंने प्रस्ताव किया कि आजाद वहाँ के राजा को मारने में सरदार को सहयोग दें । इस कार्य के लिये वे दल को काफी आर्थिक सहायता दे सकेंगे । दल के एक सदस्य इसके पक्ष में थे । उनकी दलील यह थी कि "आखिर डकैती के अवसर पर भी अनिवार्य परिस्थिति में हम को हत्या करनी पड़ती है, तो इस हत्या में क्या दोष है ?" आजाद ने एक दम इनकार न करके उनको मीठे शब्दों में समझाया—"ऐसा करना अनुचित है । मजबूरी में किसी को मारना और बात है और जान बूझकर हत्या करनी दूसरी बात । हमारा क्रान्तिकारियों का दल है, हत्यारों का नहीं । पास में पैसे हों या न हों, हम भूखे रह कर फाँसी पर भले ही लटक जायें, पर पैसे के लिये ऐसा घृणित कार्य नहीं कर सकते । यह सब हमारे सिद्धान्तों के प्रतिकूल है ।"

वैशम्पायन से ही सम्बन्धित दूसरी घटना इस प्रकार है कि "एक बार झाँसी के ही एक सदस्य ने, जो मुझसे अवस्था और अनुभव में बड़े थे, मेरे सामने एक प्रस्ताव रखा कि एक व्यक्ति के साथ डकैती में चला जाऊँ । वह व्यक्ति नकली सिक्के बनाता था और वह जिस प्रकार का

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

काम करने जा रहा था, वह डकैती नहीं चोरी थी । उसमें सोने के जेवर हाथ लगने की आशा थी । उन दिनों झाँसी में आजाद, भगवानदास या सदाशिव कोई नहीं थे, जिनसे मैं परामर्श करता । मैंने सोचा, पार्टी को पैसा मिल ही जायेगा, इसलिये इस कार्य के करने में क्या हानि है ? मैं उस व्यक्ति के साथ जाने को तैयार हो गया । दो दिन बाद जाने का निश्चय हुआ । इसी बीच आजाद झाँसी आ गये । उनका नियम था कि आते ही सब लोगों से मिल कर हाल-चाल पूछ लेते थे । बातों के सिलसिले में मैंने उनको इस "एक्शन" की चर्चा की और उसमें जाने के लिये सहमत होने की बात बताई । वे बड़े धैर्य से सारी बात सुनते रहे फिर हँसकर बोले—"आपको किसने यह सलाह दी ?" जब मैंने नाम बताया तो रुष्ट होकर बोले—'उस मूर्ख को मैं देखता हूँ । और खबरदार, अपने आप जो ऐसा मूर्खतापूर्ण कार्य किया तो । वहाँ पकड़े गये तो चोर कहलाओगे, दूसरे जेवर मिल भी गये तो उन्हें कहाँ बेचते फिरोगे ? और हम लोग क्या चोर उचक्के हैं ? इक्के-सिक्के डालना हमारा काम नहीं ।" बाद में उन सलाह देने वाले सज्जन की भी जोरदार खबर ली गई । वे मुझसे बहुत बिगड़े कि मैंने आजाद को यह सब क्यों बताया ? मैंने स्पष्ट कह दिया कि एक नेता के नाते मुझे उन्हें सारी बातें बताना आवश्यक था और ऐसे कामों में उनकी सलाह और नेतृत्व तो अत्यन्त आवश्यक था ही ।"

खतरे के समय सबसे आगे

इस सम्बन्ध में अपने अनुभव में आई एक घटना का वर्णन श्री शिव वर्मा ने किया है, जिससे अपने साथियों के प्रति आजाद के अगाध स्नेह का पता चलता है । वे एक कट्टर और शक्ति का प्रदर्शन करने वाले अफसर की तरह अपने सहकारियों को आग में झोंकना नहीं चाहते थे, वरन् उनकी रक्षा के लिये सदैव अपना बलिदान करने को तैयार रहते थे । यह घटना असेम्बली बम काण्ड के बाद की है । उस दिन शिव वर्मा दो नई योजनाओं (एक्शन) का प्रस्ताव लेकर आजाद के पास झाँसी गये थे । उस दिन झाँसी केन्द्र में सदस्यों का काफी जमघट था । झाँसी के तीन प्रमुख कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त राजगुरु और कुन्दनलाल भी आ गये थे । जब शिव वर्मा पहुँचे तो सबने घेर लिया और भगतसिंह तथा दत्त के समाचार पूछने लगे । कुछ देर बाद उन्होंने आजाद के सामने सहारनपुर केन्द्र में सोची गई दो योजनायें रखीं । एक देहरादून में शिकार खेलने के अवसर पर वायसराय पर बम फेंकने की और दूसरी दिल्ली से लाहौर ले जाते समय भगतसिंह और दत्त को छुड़ाने की । आजाद ने कैदियों को छुड़ाने की बात से तो सहमति प्रकट की, पर वायसराय पर बम फेंकने की योजना को बिल्कुल नामंजूर कर दिया । वे कहने लगे—"अब मैं अलग-अलग साथियों को एक्शन में नहीं झोंकूँगा । दल के सेनापति के नाते क्या मेरा यही काम है कि लगातार नये-नये साथी जमा करूँ, उनसे अपनापन बढ़ाऊँ, फिर योजना बनाकर उन्हें मौत के हवाले कर दूँ ? अगर चलना होगा तो इस बार सब एक साथ चलेंगे ।" आगे चलकर शिव वर्मा लिखते हैं—

"उसी दिन झुटपुटा होते ही कानपुर से सुरेन्द्र पाण्डे आ गये । वे काफी परेशान से लग रहे थे, उन्होंने बताया कि पुलिस को आजाद के झाँसी में होने का पता चल गया है और कानपुर का सी. आई. डी. सब-इन्सपेक्टर शम्भूनाथ उनकी तलाश में झाँसी आया है । वे कानपुर से यही सूचना देने आये थे और उन्होंने झाँसी स्टेशन पर शम्भूनाथ को गाड़ी से उतरते देख लिया था । सुरेन्द्र को यह सूचना कानपुर सी. आई. डी. आफिस में काम करने वाले पार्टी के किसी हमदर्द से मिली थी । पाण्डे का यह भी अनुमान था कि सम्भवतः उसी रात झाँसी में विभिन्न स्थानों पर आजाद की तलाश में पुलिस छापे मारेगी ।"

"उस समय वैशम्पायन को छोड़कर मकान में दोपहर वाली पूरी मण्डली मौजूद थी । उस सूचना के बाद पूरा अंधेरा होने के पहले किसी के मकान से बाहर निकलने का अब कोई प्रश्न नहीं था ।"

"जब रात का अँधेरा घना हो गया तो यह सवाल उठा कि कौन सबसे पहले बाहर निकले । इतने आदमियों के एक साथ निकलने से किसी को भी शक हो सकता था । हम चाहते थे हमारे रहते ही आजाद सही सलामत किसी सुरक्षित स्थान पर चले जायें । आजाद इसके लिये राजी न थे ।"

"मकान पर किसी भी समय पुलिस छापा मार सकती थी और जो जितनी देर तक वहाँ अटका रहेगा उसके लिये उतना ही अधिक खतरा भी होगा । इसलिये हम लोग जल्द से जल्द आजाद को वहाँ से हटा देना चाहते थे । उधर अन्य साथियों को छोड़कर केवल अपनी फिक्र करना आजाद के स्वभाव के विपरीत था । काफी देर तक इस मसले पर बहस होती रही, लेकिन आजाद पर हमारे तर्क, अनुनय-विनय, प्रार्थना आदि का कुछ भी असर न पड़ा ।"

उनको अकेला छोड़कर बाकी लोग वहाँ से हटने को राजी न हुए तो उन्होंने अपना आखिरी ब्रह्मास्त्र फेंका—"दल के सेनापति के नाते मैं तुम चारों को आदेश देता हूँ कि फौरन एक-एक करके मकान के बाहर हो जाओ ।" उन्होंने सदाशिवराव मलकापुरकर और भगवानदास माहौर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

को, जो एक मानी में उनके दाहिने और बायें हाथ थे, अपने पास रख लिया । बाकी लोगों में सबसे पहले मुझे निकलना था, फिर राजगुरु को, उसके बाद पाण्डे को, फिर कुन्दनलाल को । उनके फैसले से हम लोग काफी परेशान थे, लेकिन चलना तो था ही । आजाद भी उठकर खड़े हो गये । मैंने आँखें उठाकर उनकी ओर देखा । मेरी आँखें छलक आईं । राजगुरु भी अपने को सँभाल नहीं पाया । आजाद बोले "चिन्ता मत करो प्रभात, जीते जी कोई इस शरीर पर हाथ नहीं लगा सकेगा ।" फिर कुछ रुककर बोले—"और ये तीनों तो मेरे पास हैं ही ।"

"रास्ते भर हमें आजाद की चिन्ता लगी रही । बाद में पता चला कि हमारे निकलने के बाद दोनों साथियों के साथ आजाद भी सही सलामत बाहर हो गये और उसी रात प्रायः अँधेरे में जब पुलिस ने दल-बल के साथ आकर वह मकान घेरा तो आजाद की जगह कुछ पुराने अखबार ही उनके हाथ लगे ।"

यही कारण था कि आजाद के प्रमुख साथी उनके इशारे पर प्राण झोंकने को तैयार रहते थे और किसी प्रकार की 'गद्दारी' करने का विचार भी उनके मन में नहीं आता था । पर आज-कल 'नेता' का लक्षण यह हो गया है कि लच्छेदार भाषण देकर आराम कुर्सी पर लेटे रहें, और अपने अनुयायियों से सेवा कराने की अभिलाषा रखें । ऐसे स्वार्थी लोगों में परस्पर कभी सच्चा अनुराग नहीं हो सकता और न वे किसी बड़े सार्वजनिक उद्देश्य की पूर्ति कर सकते हैं ।

साण्डर्स काण्ड

लालो लाजपत राय की मृत्यु का बदला लेने का योजना जब क्रान्तिकारी दल ने बनाई तो उसमें आजाद का मुख्य हाथ था । लालाजी की मृत्यु का समाचार पाते ही वे स्वयं लाहौर पहुँच गये और भगतसिंह तथा सुखदेव के साथ मिलकर योजना के विभिन्न पहलुओं पर विचार करने लगे । पुलिस सुपरिण्टेण्डेन्ट पर गोली चलाने का काम भगतसिंह तथा राजगुरु को दिया गया था और उनको बचाकर वापस लाने भार आजाद ने अपने ऊपर लिया । इसलिये आजाद ने अपनी तैयारी लालाजी के मरते ही आरम्भ कर दी और कहते हैं कि जिस समय लालाजी की अर्थी निकल रही थी उस समय आजाद और भगतसिंह "एअर पिस्टल" से निशाना साधने का अभ्यास कर रहे थे । आजाद ने इस 'एक्शन' की योजना बड़ी पूर्णता से बनाई थी और प्रत्येक को अपने अपने कार्य को अच्छी तरह समझकर अभ्यास कर लेने का आदेश दिया था, जिससे किसी तरह की भूल की गुंजायश न रहे ।

१७ दिसम्बर, १९२८ को दोपहर के बाद जब वह बाहर निकले तो जयदेव को इशारा करने के लिये पुलिस दफ्तर की तरफ भेज दिया गया । कुछ देर पीछे राजगुरु पैदल तथा भगतसिंह और आजाद बाईसिकलों पर उसी तरफ रवाना हुए । साण्डर्स को मारने के बाद हैडकांस्टेबिल चननसिंह, जो साण्डर्स का अर्दली था अपना कर्त्तव्यपालन करने के लिये भगतसिंह आदि के पीछे दौड़ा । आजाद यथासम्भव किसी भारतवासी को मारना नहीं चाहते थे । उन्होंने चननसिंह को डाँटकर पीछे लौट जाने को कहा, पर जब वह गालियाँ देता तेजी से पीछे दौड़ता ही रहा तो उन्होंने एक गोली से उसका काम तमाम कर दिया । पर बाद में भी वे चननसिंह की प्रशंसा ही करते रहे । उन्होंने वैशम्पायन से इसकी चर्चा करते हुए कहा—"बच्चन ! एक हिन्दुस्तानी और एक अंग्रेज की निष्ठा का अन्तर देखो । फर्न (साण्डर्स हत्याकाण्ड के समय उपस्थित एक अंग्रेज इन्सपेक्टर) को गोली की आवाज सुनते ही प्राणों का मोह हो गया और चननसिंह ने अपने कर्त्तव्य के लिये गोली और मौत की परवाह न की । मैंने बहुत कोशिश की कि चननसिंह को गोली न मारनी पड़े, पर जब कोई चारा ही न रहा तो मारनी पड़ा ।" इससे प्रकट होता है कि जिन लोगों ने आजाद का चित्रण केवल एक कठोर अनुशासनकर्त्ता या मार-काट करने वाले खूनी व्यक्ति के रूप में किया है; वे वास्तविकता से अनजान थे । आजाद मानवता में बड़ी श्रद्धा रखने वाले थे और अकारण मानव-रक्त बहाना निन्दनीय समझते थे । केवल राष्ट्रोद्धार के महान् आदर्श के लिये ही वे ऐसा कोई काम करने को तैयार होते थे ।

असेम्बली बम काण्ड

यही बात असेम्बली बम-काण्ड के अवसर पर सामने आई । उस समय असेम्बली का अधिवेशन होते समय बम फेंकना ऐसा काम था जिसमें बहुसंख्यक व्यक्ति मारे जा सकते थे । इसलिये यह निश्चय कर लिया गया कि बम घातक न हों और उनको पूर्ण सावधानी से सब को बचा कर फेंका जाये । इस घटना के अवसर पर जो पर्चा असेम्बली भवन में फेंके गये थे उनमें भी "मानवता" की इस भावना को स्पष्ट कर दिया गया था—

"हम मनुष्य के जीवन को पवित्र समझते हैं । हम ऐसे उज्ज्वल भविष्य में विश्वास रखते हैं जिसमें प्रत्येक व्यक्ति पूर्ण शान्ति और स्वतन्त्रता का उपभोग करेगा । हम मानव-रक्त बहाने के लिये अपनी विवशता पर दुःखी हैं । परन्तु क्रान्ति द्वारा सबको समान स्वतन्त्रता देने और मनुष्य का शोषण समाप्त कर देने के लिये क्रान्ति में कुछ व्यक्तियों का बलिदान अनिवार्य है ।"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

इस अवसर पर यह भी प्रकट हुआ कि आजाद अपने साथियों को कितना अधिक प्यार करते हैं । उन्होंने असेम्बली में बम फेंकने के पश्चात् भगतसिंह के वहाँ जानबूझ कर पकड़े जाने का लगातार विरोध किया था, पर जब अन्य सदस्यों ने इस पर जोर दिया और खासकर सुखदेव ने भगतसिंह पर आक्षेप भी किये, तब वे चुप रह गये । फिर भी उनको भगतसिंह की गिरफ्तारी चिन्ता का कारण ही बनी रही । इस सम्बन्ध में "अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद" में लिखा है—

"भगतसिंह को आजाद केवल पार्टी के एक सदस्य के नाते ही नहीं देखते थे, बल्कि अपने भाई की तरह, अपने परिवार के व्यक्ति की तरह मानते और अत्यधिक स्नेह रखते थे । असेम्बली बम-काण्ड में वे भगतसिंह को नहीं भेजना चाहते थे । वे यह तो मानते थे कि उसके जाने और अदालत में वक्तव्य देने से पार्टी को देश की राजनीति में बहुत बड़ा स्थान मिलेगा—इतना ही नहीं, वरन् विश्व के लोग जान जायेंगे कि भारतीय क्रान्तिकारी देश की स्वतन्त्रता के लिये बड़ी से बड़ी कुर्बानी दे रहे हैं । पर साथ ही वे यह भी अनुभव करते थे कि पार्टी को इससे बहुत बड़ा धक्का भी लगेगा ।" वे कहा करते थे कि "काकोरी के बाद संगठन कार्य में जो साथी मिले उनमें भगतसिंह एक हीरा था ।" जब हम देखते हैं कि आजकल राजनीति में भाग लेने वाले परस्पर प्रायः प्रतिद्वन्द्विता का भाव ही रखते हैं और एक ही पार्टी में भी सत्ता के लिये बड़ी लागडांट होती रहती है, तब चन्द्रशेखर और भगतसिंह का यह भ्रातभाव हमारे लिये एक श्रेष्ठ आदर्श सिद्ध हो सकता है ।

उनको भगतसिंह और अपने अन्य साथियों से कितना प्रेम था इसका एक उदाहरण "यश की धरोहर" में मिलता है—"जब भगतसिंह और दत्त दिल्ली की असेम्बली में बम फेंककर गिरफ्तार हो गये तो दो-चार दिन बाद साथी शिव वर्मा उन दोनों के फोटो लेकर झाँसी आये । शिव वर्मा ने बड़ी भावुकता से सुनाया कि किस प्रकार वे पिस्तौल की नोक पर, अपने आपको खतरे में डालकर, फोटोग्राफर के यहाँ से ये चित्र लाये हैं । हम सभी भावुकतावश अपनी भीगी आँखों को पोंछ रहे थे । उस समय आजाद बिल्कुल "स्थित प्रज्ञ" की तरह अविचलित रहे । पर कुछ देर बाद वे अकेले में बैठे कुछ सोच रहे थे, ती मैंने देखा कि उनकी आँखों में आँसू हैं । मैं उनके पास जाकर सहानुभूति की बातें करने लगा तो आजाद बोले—"मुझे इसका दुःख नहीं है कैलाश ! कि भगतसिंह और दत्त चले गये । वह तो आगे-पीछे पकड़े जाकर या गोली खाकर हम सभी को जाना है । भगतसिंह को तो फाँसी होगी ही, पर उसको फाँसी होने से पहले हमको भी कुछ कर दिखाना है ।"

आजाद का बौद्धिक विकास

यद्यपि अपने दल में आजाद सबसे कम पढ़े-लिखे थे, तो भी बौद्धिक विकास की दृष्टि से वे किसी से कम न थे । हिन्दी के समाचार-पत्रों को नियमित रूप से ध्यानपूर्वक पढ़ते रहना उनका स्वभाव हो गया था । अंग्रेजी के पत्रों और पुस्तकों को भी वे किसी साथी से पढ़वाकर सुनते समझते रहते थे । इससे उनका सामान्य ज्ञान बहुत से लोगों से बढ़ा-चढ़ा था । इस तथ्य का विवेचन करते हुए श्री भगवानदास माहौर ने लिखा है—

"आजाद के साथियों में, उनके नेतृत्व में काम करने वालों में से शायद ही किसी को उनसे कम स्कूली शिक्षा मिली होगी । शायद ही कोई उनसे अधिक गरीबी की दशा में उत्पन्न हुआ होगा । उनके साथ उनके पिता, भाई या अन्य किसी सम्बन्धी की देशभक्ति, त्याग-तपस्या, वीरता या अन्य किसी प्रकार के बड़प्पन की छाया भी नहीं लगी हुई थी । अमर शहीद भगतसिंह आदि अपने साथियों में उन्होंने नेता का पद, पुस्तकीय ज्ञान के बल पर नहीं, वरन् अपनी व्यावहारिक सूझ-बूझ, अदम्य साहस और सर्वोपरि अपने साथियों और सम्पर्क में आने वाले लोगों के जीवन में केवल एक राजनीतिक मूल्य के रूप में ही नहीं, एक व्यक्तिगत भाव-मूल्य के रूप में घर कर लेने के अपने गुण में ही आजाद की सफलता निहित थी । उनके अकृत्रिम, स्नेहपूर्ण व्यवहार ने ही उन्हें साथियों का प्रिय नेता बना दिया था और उनके हृदय में ऐसा विश्वास उत्पन्न करा दिया था कि वे आजाद के संकेत मात्र पर प्राण देने को तैयार रहा करते थे । दल में आजाद के नेतृत्व को स्वीकार करने के सम्बन्ध में कभी कोई झंझट या झगड़ा नहीं हुआ ।"

श्री अर्जुन अरोड़ा ने आगरा में "श्री राधामोहन गोकुल जी स्मृति समारोह" के अवसर पर कहा था कि "चन्द्रशेखर आजाद ने मुझे दो पुस्तकें दीं—"ए. बी. सी. आफ कम्यूनिज्म" और "सोवियत रूस की पंचवर्षीय योजना" । उस समय एक बम के धड़ाके से हाथ घायल हो जाने के कारण मैं फरार था । आजाद ने तब कहा कि तुम अब पुलिस में हाजिर हो जाओ, मुकदमा चलेगा, सफाई दी जायेगी, ३-४ वर्ष की सजा हो जायेगी । उसे काट कर मजदूरों में काम करना । तुम्हारे पास तो अभी लम्बी जिन्दगी है ।"

इसमें कुछ भी सन्देह नहीं कि मनुष्य की महानता बहुत कुछ उसके हार्दिक भावों, सच्चे प्रेम और बिना माँगें सहयोग पर ही आधार रखती है । खेद का विषय है कि

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

आजकल राजनीतिक या सार्वजनिक क्षेत्र में ऐसे व्यक्तित्व का बहुत अभाव हो गया है । इस समय तो गुटबन्दी ही नहीं "दल-बदल" तक धूमधाम से चल रही है । स्वार्थपरता की लहर इतने वेग पर है कि किसी की आन्तरिक सचाई पर विश्वास करना कठिन हो गया है । इस परिस्थिति को देखते हुए घोर अभाव में पला हुआ, अपने त्याग, तपस्या और प्रेम के आधार पर महानता को प्राप्त करने वाला यह युवक-नेता सदैव हमारी श्रद्धा का पात्र बना रहेगा ।

अन्धविश्वास और पाखण्ड से दूर

अपनी इसी ज्ञान-ग्रहण करने की वृत्ति के कारण आजाद के विचार काफी प्रगतिशील और परिष्कृत बन गये थे, और वे अपने समाज में फैले हुए अन्धविश्वास तथा रूढ़िवादिता के दोषों से बहुत कुछ ऊपर उठ गये थे । एक बार ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज में जब वे भगवानदास से मिलने गये तो वहाँ के कुछ विद्यार्थियों ने रात के समय उनको 'भूत का करिश्मा, दिखला कर भयभीत करना चाहा । पहले तो आजाद हँसते रहे और कहा कि यह गुण्डों की शरारत है । पर जब विद्यार्थी उनको सचमुच भूत होने का विश्वास दिलाने लगे तो वे तुरन्त उठ खड़े हुए कि "चल मैं देखूँ कि कैसे भूत हैं ?" लड़के उनको डराते और रोकते रहे पर उन्होंने पास जाकर उन 'भूतों' पर ऐसी ढेलेबाजी की वे सब भागते ही नजर आये । हार कर लड़कों ने अपनी चालाकी की बात स्वीकार कर ली और वे आजाद के भक्त और प्रशंसक बन गये ।

इसी प्रकार एक बार झाँसी में दल के अर्थ-संकट को दूर करने के लिये मास्टर रुद्रनारायण ने यह सुझाव दिया कि ओरछा में बेतवा नदी के किनारे एक लक्ष्मीजी का पुराना मन्दिर है । लोग कहते हैं कि वहाँ एक स्थान पर धन गढ़ा है और उस पर एक साँप बैठा है । जो धन को छूने नहीं देता । आजाद ने हँसकर कहा—"अजी धन तो क्या होगा पर मैं यह देखना चाहता हूँ कि वह साँप धन को छूने कैसे नहीं देता ? यह भूत-प्रेत, भूमिया, साँप-वाप की बातें ढपोरसंखों की हैं ।" मास्टर ने कहा—"तो फिर चलकर देख क्यों नहीं लेते ?" बस एक दिन शाम के समय दो व्यक्तियों के साथ वे मौके पर पहुँचे और रात भर खूब खुदाई की । पर नतीजा कुछ न निकला । सवेरा होने पर तीनों व्यक्ति इस विषय पर वाद-विवाद करते झाँसी लौट आये ।

आजाद का अन्त

इलाहाबाद के अलफ्रेड पार्क में आजाद ने किस प्रकार सच्चे वीरों की तरह मृत्यु का आलिंगन किया इसकी झाँकी तो हमने पुस्तक के आरम्भ में ही करादी है । पर घटना में एक बहुत बड़ा रहस्य यह निहित है कि आजाद के दल के कुछ व्यक्तियों ने ही विश्वासघात करके पुलिस को सूचना दी और एक महान् देशभक्त की हत्या का कलंक अपने सिर पर लिया । यह वह अवसर था जब दिल्ली-षड़यन्त्र केस के मुखबिर कैलाशपति के बयान के आधार पर पुलिस चारों तरफ क्रान्तिकारियों के पीछे पड़ गई थी और आजाद के साथी एक-एक करके पकड़े या मारे जा रहे थे । यद्यपि आजाद अब भी अपनी चिन्ता न करके साथियों के बचाव के लिये प्रयत्नशील थे, पर उनके ऊपर 'होनहार' की काली छाया पड़ने लग गई थी । अपने ही साथियों के विश्वासघात और नीचतापूर्ण कृत्यों से वे दुःखी हो गये थे और उन्होंने दल को भंग कर दिया था । इन्हीं गद्दारों की सहायता से पुलिस आजाद को फँसाने का तानाबाना पूर रही थी । आजाद को पकड़ने का भार पुलिस इन्सपेक्टर शंभूनाथ को दिया गया था, जिसका वीरभद्र के साथ घनिष्ठ परिचय ही नहीं था वरन् घरेलू सम्बन्ध भी बतलाया जाता था । एक बात यह भी थी कि जिन सदस्यों के प्रति आजाद ने 'भ्रष्टाचार' या 'दुराचार' के लिये अनुशासन की कार्यवाही की थी वे उनके शत्रु बन गये थे और ऊपर से मिले रह कर भीतर ही भीतर उनके नाश की योजनाओं में भाग ले रहे थे ।

यह एक ऐसा गोपनीय और विरक्ति-कारक विषय है जिसका अधिक विस्तार करना हमें पसन्द नहीं । दूसरी बात यह कि हमारे पास उसका कोई विश्वस्त प्रमाण या विवरण भी नहीं हैं । क्रान्तिकारी दल के सब काम ऐसे गुप्त होते थे कि किसी अन्य व्यक्ति के लिये उनकी असलियत समझ सकना सम्भव न था । इसलिये हम अलफ्रेड पार्क की घटना के लिये क्रान्तिकारी दल के प्रमुख सदस्यों के वक्तव्यों के आधार पर ही कुछ अनुमान लगा सकते हैं ।

आजाद और पुलिस के संघर्ष के सबसे अधिक प्रत्यक्षदर्शी गवाह सुखदेव राज हैं, जो आक्रमण के समय तक उनके साथ बैठे बातें कर रहे थे और जिन्होंने दो-चार मिनट लड़ने में भाग भी लिया । उनका कहना है कि, जब हम पार्क में बातें कर रहे थे, तो आजाद ने एकाएक कहा कि "वह देखो सामने सड़क पर वीरभद्र जा रहा है, शायद उसने हमको देखा नहीं ।" वीरभद्र भी क्रान्तिकारी दल और उसकी केन्द्रीय समिति का भी सदस्य था, पर इन दिनों आजाद का विरोधी बन गया था । इस सम्बन्ध में सुखदेव राज ने लिखा है—"वीरभद्र को यशपाल द्वारा अपने प्राणदण्ड की सूचना मिल गई थी, इसलिये भैया (आजाद) और दल के विरुद्ध वह विद्रोही हो गया था । अंग्रेजों की पुलिस से उसके गठबन्धन की बात अब किसी से छिपी नहीं

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

थी । सत्याग्रह के सिलसिले में ही श्री रामचन्द्र मुसद्दी भी वीरभद्र के साथ फैजाबाद जेल में थे । उनका कथन है कि मेरा यह दृढ़ मत है और मेरे पास प्रमाण हैं कि वीरभद्र ही आजाद की शहादत के लिये जिम्मेदार है ।"

आजाद के परम विश्वासपात्र श्री वैशम्पायन ने लिखा है कि "वीरभद्र तिवारी आजाद की शहादत के दिन इलाहाबाद में ही था । वीरभद्र उत्तर प्रदेश में, विशेषकर कानपुर में क्रान्तिकारी दल का कोई ऐसा 'एक्शन' नहीं होने देना चाहता था जिससे पुलिस सतर्क हो उससे उत्तर माँगती, क्योंकि वह पुलिस का मुखबिर भी था । इसलिये आजाद जब उसे कानपुर के एक 'एक्शन' में ले जाना चाहते थे तो वह सत्याग्रह करके जेल चला गया परन्तु कैलाशपति मुखबिर ने जब यह बताया कि वीरभद्र केन्द्रीय समिति का सदस्य था, तो सी. आई. डी. का सुपरिण्टेण्डेण्ट नाट बावर उससे मिला और उसे धमकाया कि वह आजाद का पता बताये नहीं तो उसे फाँसी पर चढ़ा दिया जायेगा ।"

भगतसिंह के साथी और पुराने क्रान्तिकारी श्री काशीराम ने जो इस समय पाण्डेचेरी के अरविन्द आश्रम में रहते हैं, ६ अप्रैल, १९६७ के साप्ताहिक 'हिन्दुस्तान' में लिखा था "आजाद की शहादत का जिम्मेदार कौन ? यह प्रश्न दर असल बहुत गम्भीर है । वीरभद्र तो इसकी एक क्षुद्र कड़ी मात्र है । असली आदमी तो वह जान पड़ता है जिसने इलाहाबाद में पार्टी का रुपया हजम किया और पुलिस को भी आजाद के सम्बन्ध में इत्तला दी ।"

क्रान्तिकारी इतिहास लेखक श्री मन्मथनाथ गुप्त लिखते हैं—"चन्द्रशेखर आजाद की शहादत के बाद यह तर्क-वितर्क चालू रहा है कि वीरभद्र ने मुखबिरी करके उनको मरवाया । सभी क्रान्तिकारियों ने उसे ही दोषी माना है । केवल यशपाल ने वीरभद्र को दोषमुक्त करने की चेष्टा की है । इस सम्बन्ध में यशपाल का वक्तव्य इस कारण विशेष अर्थ नहीं रखता कि यशपाल को मृत्युदण्ड से वीरभद्र ने बचाया था, इस कारण शायद वह वीरभद्र के एहसान का बदला दे रहे हों ।"

इन सब वक्तव्यों को जान लेने के पश्चात् यदि कोई निष्पक्ष व्यक्ति वीरभद्र को न्यूनाधिक दोषी ठहराये तो इसे अन्याय नहीं कहा जायेगा । यह स्पष्ट ही है कि काकोरी-केस में पकड़े जाने के बाद से ही उसने क्रान्तिकारियों तथा पुलिस दोनों से मिले रहने की नीति अपनाई और इस प्रकार हर तरह से लाभ उठाने की कोशिश करता रहा । इस दृष्टिकोण से विचार करने पर हम सुखदेव राज के अन्तिम निष्कर्ष को अधिकांश में सही मान सकते हैं—

"वीरभद्र जन्मजात विश्वासघाती था । वह न पार्टी के विश्वास पर खरा उतरा, न पुलिस के और न नारी (खोकी) के ही । हर जगह और हर हालत में वह अपना ही उल्लू सीधा करता रहा ।"

अब इतने समय बाद यह विवाद उठाना एक प्रकार से असामयिक ही है कि आजाद को मरवाने में किस-किस का हाथ था और उनमें कौन प्रमुख और कौन गौण था ? कुछ भी हो परिस्थितियों को देखते हुए वीरभद्र को उसी समय अन्य क्रान्तिकारियों ने दोषी माना था और दो बार उसे गोली मारने की चेष्टा भी की गई थी । हम तो इतना ही कहेंगे कि आजाद जैसे भारतमाता के सपूत के साथ विश्वासघात करने वाला कोई भी हो, इस प्रकार के आचरण द्वारा उसने अपने मस्तक पर कलंक का अमिट टीका ही लगा लिया । ऐसा व्यक्ति सदा घृणा का पात्र रहेगा और लोक या परलोक कहीं भी सुखी नहीं रह सकेगा ।

मृत्यु का अन्तिम दृश्य

इस प्रकार चन्द्रशेखर आजाद ने शत्रु के दल-बल के साथ खुले तौर पर युद्ध करते हुए वीरगति पाई । वह समय घोर राजनीतिक अशान्ति का था । गाँधी जी का नमक सत्याग्रह चल रहा था और गिरफ्तारियाँ अथवा गोली चलना उन दिनों मामूली बात थी । कांग्रेस के प्रमुख नेता अहिंसात्मक आचरण की प्रतिज्ञा करने के कारण आजाद और भगतसिंह जैसे हिंसात्मक आन्दोलन वालों से सहयोग करने को तैयार न थे यद्यपि चन्द्रशेखर आजाद ने स्वयं प. जवाहर लाल नेहरू से भेंट करके भविष्य के लिये हिंसा का त्याग करने का विचार प्रकट किया था, जिसका वर्णन नेहरू जी की आत्मकथा में मिलता है, फिर भी आजाद की मृत्यु के दिन तक कांग्रेस और क्रान्तिकारियों के रास्ते अलग-अलग ही थे । इसलिये जब इलाहाबाद के कुछ देशभक्तों के प्रयत्न से आजाद की चिता की राख और अस्थियों का जलूस निकाला गया तो कांग्रेस वालों में से केवल श्री पुरुषोत्तमदास टण्डन और कमला नेहरू ने आगे बढ़कर उस कार्य में सहयोग देने का साहस किया । चन्द्रशेखर के अस्थि कलश का सम्मान करने की सभा पुरुषोत्तमदास पार्क में की गई, जिसमें सौभाग्यवश महान क्रान्तिकारी शचीन्द्रनाथ सान्याल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रतिमा भी उपस्थित हो गईं । उन्होंने सभा में कहा—"खुदीराम बोस की भस्मी को लोगों ने ताबीजों में भरकर अपने बच्चों को पहिनाया था ताकि उनके बच्चे भी खुदीराम की ही तरह बहादुर देशभक्त बनें । मैं उसी भावना से भाई आजाद की राख की चुटकी लेने आई हूँ ।"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

भगतसिंह के सच्चे सहयोगी श्री भगवतीचरण की धर्मपत्नी और स्वयं क्रान्तिकारी दल में रहकर शत्रुओं पर गोली चलाने वाली 'दुर्गा भाभी' ने आजाद के अन्तिम समय का वर्णन करते हुए 'नर्मदा' के विशेष अंक में लिखा था—

"भैया (आजाद) सरल स्वभाव के थे । दाव-पेंच और कपट की बातों से उनका दम घुटता था । उस समय पूरे देश में एक संगठन था और उसके केन्द्र आजाद थे । काम के लिये हम सभी सच्चे और ईमानदार थे किन्तु साधारण वातावरण दूषित होने लग गया था । क्रान्तिकारियों की संख्या बढ़ गई थी, पर हर तरह के व्यक्ति उसमें आने लगे थे और झगड़े-झंझट भी बढ़ रहे थे । भैया का जीवन इस प्रकार पैदा हुई समस्याओं से उलझने लगा, वे खिन्न और दुःखित रहने लगे । कोई ठोस काम हो न पा रहा था । समय ने भी इसमें योग दिया, मित्र ने उनके प्रतिघात किया और वह कलाकार संसार से रूठ कर चला गया ।"

श्री मन्मथनाथ ने ठीक ही लिखा है कि "शायद ही कोई अन्य क्रान्तिकारी सात साल तक खतरनाक से खतरनाक कार्य करते (कराते ही नहीं) हुए रंगमंच पर रहे हों । तथ्य यह है उनके पाँव में उनके युग के उत्तर भारत के सारे क्रान्तिकारियों के पैर आ जाते हैं ।"

"अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद" के लेखक के यह शब्द भी यथार्थ हैं कि "आजाद जिस सिद्धान्त को लेकर क्रान्तिकारी संघर्ष कर रहे थे, उसकी पूर्ति आज भी नहीं हुई है । वे समाजवादी शासन-व्यवस्था के पक्के समर्थक थे । उनके प्रति उचित श्रद्धांजलि तो यही होगी कि हम उनके स्वप्न को साकार करें ।"

निःसन्देह सच्चे क्रान्तिकारियों के मनोभाव और सिद्धान्त ही उनके सर्वस्व होते हैं । उन्हीं की खातिर वे हँसते-हँसते अपना बलिदान कर देते हैं । चन्द्रशेखर आजाद का वास्तविक सम्मान हम तभी कर सकते हैं जब देश और समाज के कल्याण के लिये अपने को खपा दें ।

मातृभूमि के सम्मान की रक्षा करने वाला क्रान्तिवीर भगतसिंह

सन् १९२८ (उन्नीस सौ अट्ठाईस) का अक्टूबर का महीना था, जब लाहौर नगर के जन-जीवन में एक घोर हलचल व्याप्त हो रही थी । जिधर देखो लोगों की छोटी-बड़ी टोलियाँ अंग्रेजी शासन के विरुद्ध चर्चा करतीं और बदनाम साइमन कमीशन के वायकाट के सम्बन्ध में रोष का भाव प्रकट करती नजर आती थीं । यह साइमन-कमीशन क्या था, भारतवासियों के स्वतन्त्रता संग्राम को कुचलने के लिये ब्रिटिश गवर्नमेण्ट का एक बड़ा कुचक्र था । इस समय महात्मा गाँधी के असहयोग तथा सत्याग्रह आन्दोलन ने एक ऐसी देशव्यापी जागृति उत्पन्न कर दी थी कि भारत की असंख्य जनता अंग्रेजी सरकार की शोषण नीति और दमन द्वारा अंग्रेजी शासन के विरुद्ध कटिबद्ध हो गई थी । देश में स्थान-स्थान पर अशान्ति उत्पन्न होती रहती थी, जिसमें अनेक व्यक्ति हताहत होते और हजारों जेलों में बन्द किये जाते थे । इससे देश-विदेशों में सरकार की बदनामी फैल रही थी और जो भारतवासी सरकार के सहायक और समर्थक थे, वे भी एक-एक करके उसको दोषी बतलाकर विरोधी पक्ष से सहानुभूति रखने वाले बनते जाते थे । साइमन कमीशन इसी उद्देश्य से यहाँ भेजा गया था कि वह अंग्रेजों के अत्याचारी शासन और दमन नीति पर लीपापोती करके भारतवासियों को दोषी और स्वराज्य के अयोग्य सिद्ध करे ।

यह कमीशन फरवरी के महीने में ही देश में पदार्पण कर चुका था और बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली, मद्रास आदि जहाँ भी गया था लाखों की भीड़ ने काले झण्डों से उसका 'स्वागत' करके 'साइमन गो बैक' के नारे लगाये थे । इससे कमीशन के सदस्य बहुत भड़कते थे और भारतीय अधिकारी यह प्रयत्न करते थे कि जहाँ तक सम्भव हो कमीशन के आगमन से पूर्व ही प्रदर्शनकारियों की भीड़ को तितर-बितर कर दिया जाये, जिससे साइमन साहब को यह अप्रिय दृश्य न देखने पड़ें । लाहौर के पुलिस सुपरिण्टेण्डेण्ट मि. स्काट इस सम्बन्ध में विशेष व्यग्र थे । पंजाब को "फौजी सूबा" माना जाता था और वहाँ की पुलिस जनता को दबाने में पशुबल का प्रयोग अधिक करती रहती थी । इस अवसर पर भी लाहौर स्टेशन के सामने जमा लोगों की भीड़ को हटाने के लिये वहाँ की पुलिस ने लोगों पर खूब डण्डे चलाये । इस पर भी जब मुख्य आन्दोलनकारियों का एक दल, जिसमें भगतसिंह और उसके सहकारी सम्मिलित थे और जिसका नेतृत्व लाला लाजपतराय कर रहे थे, अपने स्थान पर ही डटा रहा तो पुलिस का असिस्टेण्ट

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सुपरिण्टेण्डेण्ट साण्डर्स बड़े तैश में आकर उस पर अन्धाधुन्ध लाठी चलाने लगा । कई लाठियाँ लालाजी को भी लगीं, जिनसे काफी चोट आ गई इससे समस्त नगर में बड़ा रोष फैल गया । शाम को जो सार्वजनिक सभा हुई उसमें लाला लाजपतराय ने गर्जते हुए कहा—"मैं घोषणा करता हूँ कि मुझ पर जो चोटें पड़ीं हैं वे अंग्रेजी शासन के 'काफिन' (अर्थी) के लिये अन्तिम कीलें सिद्ध होंगी ।" इसके बीच पच्चीस दिन बाद ही (१७ नवम्बर, १९२८ को) लालाजी का देहान्त हो गया ।

इस घटना से देश भर में क्षोभ और रोष की एक लहर दौड़ गई । क्रान्तिकारी दल ने इसका बदला लेने का निश्चय किया । इस समय तक काकोरी के कैदियों को छुड़ाने, वायसराय की मोटर और साइमन कमीशन पर बम फेंकने की योजनायें असफल हो जाने से क्रान्तिकारियों के हौसले मन्द हो रहे थे । भगतसिंह ने इस अवसर पर दल की प्रतिष्ठा को ऊँचा उठाने और जनता का भी ध्यान उसकी तरफ आकर्षित करने के लिये बहुत उपयुक्त समझा । बस तैयारियाँ शुरू हो गईं । उद्देश्य तो था पुलिस सुपरिण्टेण्डेण्ट स्काट को गोली का निशाना बनाना, पर वह ठीक अवसर पर अन्यत्र चला गया, जिससे उसकी जगह साण्डर्स मारा गया, इसी साण्डर्स ने स्काट की सलाह से लालाजी पर लाठी चलाई थी । कुछ भी हो इस कार्य से भगतसिंह और उनके दल का नाम जनता में चमक उठा और सभी स्वतन्त्रताप्रिय व्यक्ति इस बात पर गर्व अनुभव करने लगे कि नवयुवकों ने राष्ट्रीय अपमान का बदला ले लिया ।

क्रान्तिपथ का पथिक

भगतसिंह (जन्म २८ सितम्बर, १९०७) आरम्भ से ही देशभक्ति और क्रान्ति के वातावरण में पला था । उसके चाचा अजीत सिंह का नाम सन् १९०७ में, जब उनको लाला लाजपतराय के साथ माण्डले (बर्मा) में देश निकाला दिया गया, देश के कोने-कोने में छा गया था । उसके पिता सरदार किशनसिंह आजन्म गर्म दल के आन्दोलनकारी रहे और अनेक बार जेल भेजे गये । छोटे चाचा स्वर्णसिंह भी उसी मार्ग पर चले और जेल में दुर्व्यवहार सहकर सन् १९१० में ही दुनिया से चल दिये । ऐसे वातावरण में जन्म लेने वाला और शैशवावस्था से उन्हीं बातों की चर्चा सुनने वाला भगतसिंह अगर देश का प्रमुख क्रान्तिकारी बन गया तो क्या आश्चर्य है ?

भगतसिंह की शिक्षा भी इसी आदर्श के अनुकूल हुई थी । आरम्भ में ही उनको डी. ए. वी. स्कूल में दाखिल कराया गया, जिसमें राष्ट्रीयता की भावना उत्पन्न कराई जाती थी । वह नौवीं क्लास में ही पहुँचे थे कि देश में असहयोग आन्दोलन का शंख बज गया । हजारों लाखों विद्यार्थी सरकारी और सरकार से सहयोग प्राप्त (एडेड) स्कूलों को छोड़कर आन्दोलन में भाग लेने लगे । ऐसे समय में भगतसिंह कैसे पीछे रहते । वे स्कूल से निकलकर मैदान में आ गये और जुलूस निकालकर विदेशी वस्त्रों की होली जलाने लगे । जलियाँवाला बाग के हत्याकाण्ड का समाचार सुनकर वे दूसरे ही दिन वहाँ पहुँच गये और अंग्रेज सिपाहियों का भय न करके शहीदों के खून से सनी मिट्टी शीशी में भरकर ले आये ।

कुछ समय पश्चात् उनका नाम लाहौर के नेशनल कॉलेज में लिखाया गया । इसकी स्थापना लाला लाजपतराय और उनके साथी कुछ प्रमुख नेताओं ने की थी और वहाँ पर आचार्य जुगलकिशोर, भाई परमानन्द, श्री जयचन्द्र विद्यालंकार जैसे क्रान्तिकारी और देशभक्त शिक्षक कार्य कर रहे थे । इस प्रकार यह नेशनल कॉलेज क्रान्तिकारी युवकों को ढालने की एक मशीन ही थी । इन देशभक्तों के सम्पर्क में आकर कॉलेज की लाइब्रेरी से क्रान्ति और विद्रोह का साहित्य पढ़कर भगतसिंह एक भारतीय क्रान्तिवादी के आदर्शानुसार बहुत कुछ दृढ़ हो गया ।

विवाह न करने के लिये गृह त्याग

अब जीवन में एक नया मोड़ आया । सन् १९२३ में भगतसिंह ने एफ. ए. पास कर लिया और बी. ए. के पढ़ाई की तैयारी करने लगे । उसी समय घर में उनके विवाह की चर्चा उठी पर जिसके मन में मातृभूमि के उद्धार के लिये प्राणों की बाजी लगाने की लौ लगी हो वह सोलह वर्ष की आयु में विवाह के खिलवाड़ को कैसे पसन्द कर सकता था । क्रान्तिकारी दल के संचालक शचीन्द्र नाथ सान्याल उन दिनों वहीं थे, उन्होंने भगतसिंह से कहा कि "यदि तुम शादी कर लोगे तो भविष्य में क्रान्तिकारी आन्दोलन में अधिक भाग नहीं ले सकोगे ।..... क्या तुम परिवार छोड़ने को तैयार हो ? मेरी इच्छा है कि घर छोड़कर मैं जहाँ कहूँ वहाँ रहने लग जाओ ।"

—(बन्दी जीवन, पृष्ठ २७७)

इस पर भगतसिंह चुपचाप घर छोड़कर चल दिये, लाहौर से वे सीधे कानपुर पहुँचे और प्रसिद्ध क्रान्तिकारी जोगेशचन्द्र चटर्जी के साथ काम करने लगे । कानपुर के मुख्य स्थानीय संचालक श्री सुरेशचन्द्र भट्टाचार्य तथा उनके साथ एक सिख युवक का रहना खुफिया पुलिस वालों की दृष्टि में सन्देहजनक हो सकता था, इसलिये श्री भट्टाचार्य ने, जो स्वयं पत्रकार का कार्य करते थे, क्रान्तिकारियों के सहायक श्री गणेश शंकर जी विद्यार्थी से कहकर "प्रताप" कार्यालय में काम करने की व्यवस्था करा दी । पर वहाँ

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

उनका नाम भगतसिंह की जगह "बलवन्तसिंह" प्रसिद्ध हुआ । इस तरह भगतसिंह कई महीने तक कानपुर में रहकर काम करते रहे, पर किसी को पता न लगा ।

नौजवान भारत-सभा

घर पर भी भगतसिंह चुपचाप बैठने वाले न थे । इसलिये "नौजवान भारत-सभा" की स्थापना कर डाली । इसका मुख्य उद्देश्य तो भारतीय युवकों में देशभक्ति की भावना उत्पन्न करना था, पर भीतरी मंशा यह भी थी कि इसके सदस्यों में से जो योग्य और कर्मठ प्रतीत हों उनको प्रेरणा देकर क्रान्तिकारी दल का सदस्य बनाया जा सके । इसी बीच में अकाली आन्दोलन भी छिड़ गया और उनके सत्याग्रही जत्थे जैतों (नाभा) जाने लगे । सरकार ने गाँवों के प्रमुख लोगों को आदेश दिया कि रास्ते के गाँवों में जत्थों को खाने-पीने की सामग्री बिल्कुल न दी जाये । सरकारी पिट्ठू ऐसी ही कोशिश कर रहे थे पर जब एक जत्था भगतसिंह के गाँव 'बंगा' के पास होकर गुजरा तो उसने अपने प्रचार और संगठन के बल पर सत्याग्रहियों के पास इतनी भोजन-सामग्री भिजवाई कि वह तीन दिन तक वहाँ टिके रहे । इससे विरोधी जल-भुन गये और उन्होंने झूठे-सच्चे दोषारोपण करके गिरफ्तारी का वारण्ट निकलवा दिया । ऐसे घर के विभीषणों से उलझना व्यर्थ समझकर वे दिल्ली जाकर 'दैनिक अर्जुन" में काम करने लगे । फिर सूचना मिलने पर कानपुर पहुँचे, जहाँ दल का खर्च चलाने के लिये उन्होंने एकाध राजनीतिक डकैती में भी भाग लिया पर यह कार्य उनको पसन्द न आया और फिर वे यथासम्भव इससे पृथक् ही रहे ।

इसी बीच अगस्त १९२५ में "काकोरी" की घटना हो गई और दल के अधिकांश प्रमुख कार्यकर्त्ता पकड़े गये लेकिन इससे निराश न होकर भगतसिंह और चन्द्रशेखर आदि दल के बचे हुए सदस्य दल का पुनर्गठन करने में लग गये । इस समय पार्टी का मुख्य कार्यालय आगरा में रखा गया । वहीं पर आस-पास के क्रान्तिकारी समय-समय पर आया करते थे और उनको बम-पिस्तौल आदि का चलाना सिखाया जाता था । बीच-बीच में चन्द्रशेखर और भगतसिंह इधर-उधर जाकर दल का प्रचार किया करते थे । इसी सिलसिले में २५ जुलाई, १९२७ को भगतसिंह अमृतसर पहुँचे । एक पुलिस वाले ने सन्देह करके पीछा किया तो वे भागकर एक वकील के घर में जा छिपे और अपनी पिस्तौल उसके यहाँ रख दी लेकिन लाहौर पहुँचते ही उनको गिरफ्तार कर लिया गया । अभियोग यह लगाया गया कि लाहौर में दशहरे के जुलूस पर जो बम फेंका गया था, उसमें ये भी शामिल थे । यह एक झूठा बहाना था, वास्तव में पुलिस उनसे क्रान्तिकारी दल का भेद मालूम करना चाहती थी । उनको लाहौर के किले में १५ दिन बन्द रखकर हर तरह से डराया, धमकाया और शारीरिक यंत्रणायें भी दीं, पर वे कोई कच्चे खिलाड़ी नहीं थे । पुलिस के नामी अफसरों ने हर तरह से कोशिश की पर कोई नतीजा न निकला। उधर उनके पिता सरकार की इस अन्धेरगिर्दी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर रहे थे अन्त में उनको मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना ही पड़ा । अभियोग साफ झूठ होने से हाईकोर्ट ने उनको बरी कर दिया पर पुलिस ने उनके खिलाफ ऐसे-ऐसे संगीन अभियोग लगाये थे कि छोड़ने की आज्ञा देते हुए चालीस हजार की जमानत माँगली गई जो उस समय एक बहुत बड़ी रकम थी ।

डेरी की आड़ में क्रान्ति की साधना

भगतसिंह की देशभक्ति से प्रभावित होकर दो प्रमुख नागरिकों ने जमानतें दे दीं तो वे भी उत्तरदायित्व के बन्धन में बँध गये ।'अब वे कोई क्रान्ति सम्बन्धी कार्य अपनी इच्छानुसार नहीं कर सकते थे । उनका समय ठीक तरह से निकलता रहे इसके लिये सरदार किशनसिंह ने एक डेरी खुलवा दी । भगतसिंह डेरी का बहुत-सा काम अपने हाथों से करते और सब ग्राहकों को सन्तुष्ट रखते लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि उन्होंने अपना मूल उद्देश्य क्रान्ति का प्रचार छोड़ दिया था । दिन में तो वहाँ दूध के व्यापार का काम धूमधाम से किया जाता और रात को अनेक क्रान्तिकारी इकट्ठे होकर आगामी कार्यक्रम की योजनायें बनाते । भगतसिंह साथियों को दूध भी पिलाते और हर तरह की चर्चा भी होती रहती ।

इधर समाचार पत्रों और सार्वजनिक क्षेत्र में यह आवाज उठाई जा रही थी कि अगर भगतसिंह का कोई कसूर हो तो उस पर मुकदमा चलाओ अन्यथा जमानत का हुक्म रद्द करो । पंजाब की व्यवस्थापिका सभा में भी श्री बोधराज और डॉ. गोपीचन्द ने यह प्रश्न पूछा कि सरकार इस मामले में कोई उचित निर्णय क्यों नहीं करती ? वह लोगों में यह गलतफहमी क्यों फैलने देती है कि उसकी पुलिस जानबूझ कर किसी निर्दोष व्यक्ति को तंग कर रही है । इसके फलस्वरूप भगतसिंह को सर्वथा मुक्त कर दिया गया और तब वह डेरी का धन्धा छोड़कर फिर क्रान्तिदल के संगठन में दत्तचित्त हो गये । संसार के सब लोग खाने-कमाने को ही जीवन का लक्ष्य समझते हैं, बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक कहलाने वाले परमार्थ की बातें करने पर भी स्वार्थ को त्याग सकने में असमर्थ रहते हैं पर एक भगतसिंह था जिसने एक अच्छे लाभदायक धन्धे को तिनके की तरह त्याग दिया । उसकी मनोवृत्ति देखकर जानकार

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

लोगों को यही लगता था कि इसका जन्म क्रान्ति की साधना के लिये ही हुआ है । जैसे कोई योगी संसार की तरफ से आँखें बन्द करके पारलौकिक लक्ष्य पर ही निगाह रखता है, वैसे ही भगतसिंह के लिये क्रान्ति ही जीवन का एकमात्र लक्ष्य प्रतीत होती थी ।

डेरी का कार्य करते हुए भी भगतसिंह को जब अवसर मिलता था क्रान्ति आन्दोलन के प्रचार और प्रसार के लिये कुछ लिखते रहते थे । अनेक व्यक्तियों की तरह वे केवल बम फेंकने अथवा पिस्तौल चलाने वाले क्रान्तिकारी ही नहीं थे, वरन् उन्होंने विद्यार्थी अवस्था से इस प्रकार के साहित्य का गहरा अध्ययन किया था और अनेक विदेशी लेखकों की रचनाओं को पढ़कर क्रमशः अपने ज्ञान को इतना बढ़ा लिया था कि दल में वे अपने साथियों में क्रान्तिकारी सिद्धान्त के मुख्य ज्ञाता माने जाते थे । उन्होंने बहुत परिश्रम करके भारतीय क्रान्तिकारियों के चरित्र और चित्र संग्रह किये थे । इन्हीं के आधार पर इलाहाबाद के "चाँद" फाँसी अंक (नवम्बर १९२८) में "विप्लव यज्ञ की आहुतियाँ" शीर्षक स्तम्भ तैयार किया गया था ।

क्रान्तिकारी दल का पुनर्गठन

अब भगतसिंह की दृष्टि में वह समय आ गया था कि अपने दल का पुनर्गठन और नवीनीकरण किया जाये और पुराने ढंग की आतंकवादी कार्यवाहियों के बजाय किसी उद्देश्य को सामने रखकर ऐसे काम किये जाये जिनसे एक तरफ अंग्रेजी सरकार भयभीत हो और दूसरी तरफ जनता में जागृति उत्पन्न हो । इसके लिये भगतसिंह ने समस्त प्रान्तों के कार्यकर्त्ताओं को दिल्ली में बुलाया और सितम्बर १९२८ की ८ और ९ तारीख को फीरोजशाह के पुराने किले में उत्तर भारत के क्रान्तिकारियों की एक गुप्त बैठक की गई । इसमें पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । चन्द्रशेखर आजाद परिस्थितिवश इसमें सम्मिलित न हो सके, पर उन्होंने कहला भेजा कि जो कुछ निर्णय किया जायेगा, वह मुझे मान्य होगा । इस कारण मुख्य रूप से भगतसिंह ही इसके संचालक रहे ।

इस गुप्त-सभा में दो-तीन बहुत महत्त्वपूर्ण निर्णय किये गये । सबसे बड़ी बात यह थी कि क्रान्तिकारी दल जो अब तक "हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोशियेसन" (हिन्दुस्तान प्रजातन्त्र संघ) कहलाता था, उसका नाम आगे के लिये "हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोशियेशन", (हिन्दुस्तान समाजवादी प्रजातन्त्र संघ) कर दिया गया । पहला नाम शचीन्द्रनाथ सान्याल का रखा हुआ था और इसलिये कितने ही सदस्यों ने प्राचीन नेता पर विशेष श्रद्धा रखने के कारण इस परिवर्तन का विरोध किया, पर भगतसिंह दल का आधार किसी ऐसे ठोस सिद्धान्त पर रखना चाहते थे जिससे उसकी नीति तथा सिद्धान्तों की युक्तियुक्तता सिद्ध हो और कार्यकर्त्ता तथा जनता यह समझ सकें कि वास्तव में दल किस आदर्श के लिये काम कर रहा है । यद्यपि साम्यवाद (कम्युनिज्म) के सिद्धान्त को शचीन्द्रनाथ सान्याल ने सन् १९२३ में ही ग्रहण कर लिया था और अपने दल के विधान में उसकी अधिक से अधिक बातों को शामिल भी किया था, तो भी वे भारत की प्राचीन धर्म और संस्कृति से विशेष प्रभावित थे । इसलिये इस दिशा में धीरे-धीरे ही कदम उठाना चाहते थे । भगतसिंह समय के अनुसार उनसे एक कदम आगे बढ़ा और उसने रूस के आदर्श से प्रेरणा लेकर "समाजवाद" पर चलने की स्पष्ट रूप से घोषणा कर दी ।

यद्यपि भगतसिंह ने लाहौर के नेशनल कॉलेज में पढ़ते हुए सन् १९२१-२२ में ही क्रान्ति और समाजवाद की बहुत-सी पुस्तकों को पढ़कर उस मत को स्वीकार कर लिया था, पर उस पन्द्रह-सोलह वर्ष की अवस्था में उसके गूढ़-तत्व को अच्छी तरह नहीं समझा जा सकता था । उन्हीं दिनों उत्तर-प्रदेश में क्रान्तिकारी दल के सर्वोच्च नेता शचीन्द्रनाथ सान्याल भी कम्युनिज्म की खोज कर रहे थे, क्योंकि रूसी क्रान्ति की सफलता से समस्त भारत के उग्रपंथी विचारधारा के व्यक्तियों का ध्यान उसकी तरफ था । उन्होंने इस सम्बन्ध में कुछ पुस्तकें पढ़ीं और समाचार पत्रों में प्रकाशित लेखों से भी ताजा जानकारी प्राप्त करते रहे, पर उससे उन्हें सन्तोष नहीं हुआ । उस समय अधिकांश लोग रूस के कम्युनिस्ट शासन को एक चौंकाने वाली घटना की तरह देख रहे थे, पर उसके स्वरूपों तथा सिद्धान्तों की स्पष्ट जानकारी उनको बिल्कुल न थी ।

शचीन्द्र बाबू को इस सम्बन्ध में पहली जानकारी सन् १९२२ में दिल्ली कांग्रेस के अधिवेशन के अवसर पर हुई । वहाँ उनकी भेंट कलकत्ते के श्री कुतुबुद्दीन अहमद से हुई जो रूस के साम्यवादी दल के सम्पर्क में आ चुके थे लेकिन धार्मिक और नैतिक विषयों पर इन दोनों में पूरा मतभेद बना रहा । इसके पश्चात् उन्होंने कानपुर में आकर इस विषय की खोज की ।

क्रान्तिकारियों की दो श्रेणियाँ

भगतसिंह ने दूसरा काम यह किया कि दल को मजबूती के साथ संगठित करने और उससे सम्बन्धित सभी व्यक्तियों को उनकी स्थिति और कर्त्तव्यों का ज्ञान कराने के लिये कार्यकर्त्ताओं का स्पष्ट रूप से श्रेणी विभाजन कर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिया । इस सम्बन्ध में श्री जितेन्द्रनाथ सान्याल ने अपनी पुस्तक "अमर शहीद सरदार भगतसिंह" में लिखा है—

"उक्त बैठक (दिल्ली की सभा) में यह भी निश्चय किया गया कि संगठन को मोटे तौर पर दो भागों में विभक्त कर दिया जाये । एक भाग सक्रिय कार्यकर्त्ताओं का हो और दूसरा समर्थकों का । सक्रिय कार्यकर्त्ताओं का कार्य शस्त्रास्त्र संग्रह करना तथा छोटे-छोटे गुटों में कार्य करते हुए सामूहिक कार्यक्रमों कि लिये जनता को तैयार करना था । संगठन के इस अंग का नाम "हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी" (हिन्दुस्तान समाजवादी प्रजातान्त्रिक सेना) रखा गया । चन्द्रशेखर आजाद इस सेना के सेनापति बनाये गये । समर्थकों का काम था सार्वजनिक दान तथा सार्वजनिक चन्दे आदि के रूप में आवश्यक धन संग्रह करना, सक्रिय कार्यकर्त्ताओं को आश्रय देना तथा प्रचार करना ।

यह एक बहुत बुद्धिमत्तापूर्ण कदम था । कोई भी गुप्त क्रान्तिकारी दल केवल एक प्रकार के सक्रिय कार्यकर्त्ताओं के द्वारा राष्ट्रोद्धार के कार्य में प्रगति नहीं कर सकता । उनका अन्तिम उद्देश्य तो जन-जागृति और जनवादी शासन व्यवस्था की स्थापना ही होता है । इसलिये उनके कुछ ऐसे सहायक होना आवश्यक होता है जो जन-सम्पर्क बनाने में उपयोगी सिद्ध हों । इसी दृष्टिकोण से शचीन्द्र बाबू ने भी "हिन्दुस्तान रिपब्लिकन दल" का जो 'कार्यक्रम' या विधान तैयार किया था उसमें 'प्रकाश्य कार्यक्रम' और 'गुप्त कार्यक्रम' ऐसे दो विभाग रखे गये थे । प्रकाश्य कार्यक्रम के अन्तर्गत पुस्तकालय, व्यायामशाला, सेवा समिति के रूप में विभिन्न संस्थाओं की स्थापना, किसान-मजदूरों का संगठन, साप्ताहिक पत्र प्रकाशित करना, कांग्रेस आदि सार्वजनिक संस्थाओं में प्रविष्ट होकर उनके क्रान्तिकारी दल को लाभ पहुँचाना आदि कितनी ही महत्त्वपूर्ण बातें सम्मिलित की गई थीं ।

यह स्पष्ट है कि प्रकाश्य कार्यक्रम को करने वाले लोगों को खुलकर काम करना पड़ेगा और सर्वसाधारण से सुपरिचित होने से वे दल के 'गुप्त कार्यक्रम' और "एक्शन" में भाग नहीं ले सकते पर शचीन्द्र बाबू आरम्भिक परिस्थितियों में इस बात को अधिक स्पष्ट नहीं कर पाये थे । भगतसिंह ने इस बात को समझा और दल की ओर से इसकी घोषणा करा दी । इसी विचारधारा के आधार पर कानपुर के जन-नायक श्री नारायण प्रसाद अरोड़ा ने, जो आजन्म क्रान्तिकारी दल के एक बड़े सहायक और समर्थक रहे, "कानपुर के विद्रोही" पुस्तक में मौलाना हसरत मोहानी, प्यारेलाल अग्रवाल, प्रो. मुन्शीराम शर्मा, मन्नीलाल पाण्डे, गंगासहाय चौबे, हमीद खाँ आदि कानपुर के प्रसिद्ध कांग्रेसी नेताओं और नागरिकों को क्रान्तिकारी दल का सहायक सदस्य लिखा है ।

दिल्ली की इस सभा में ही क्रान्ति-दल की व्यवस्था और कार्यक्रम की पूर्ति के लिये निम्न सात सदस्यों की एक "केन्द्रीय समिति" बनाई गई—भगतसिंह, चन्द्रशेखर 'आजाद', सुखदेव, शिव वर्मा, विजय कुमार, फणीन्द्रनाथ घोष और कुन्दनलाल । फणीन्द्रनाथ बिहार और कुन्दनलाल राजस्थान के प्रतिनिधि के रूप में थे । यद्यपि कुन्दनलाल फैजाबाद (उ. प्र.) निवासी थे, पर उन दिनों "काकोरी-केस" में फरार होकर अजमेर के "राजस्थान सेवा संघ" में ठहरे हुए थे ।

साण्डर्स वध और उसके बाद

इस प्रकार अपने दल को व्यवस्थित करके भगतसिंह और विजयकुमार उसको विस्तृत करने और सुदृढ़ बनाने के लिये दौरे पर निकले । उन्होंने अनेक नये सहायक बनाये और केन्द्र स्थापित किये । लाहौर, आगरा, सहारनपुर में बम बनाने की योजना तैयार की गई । इसके लिये श्री कमलनाथ तिवारी कलकत्ता गये और यतीन्द्रनाथ दास से सम्पर्क स्थापित करके बम के मसाले खरीदे गये । वहीं गन काटन तैयार कराई गई, जो बम का एक आवश्यक पदार्थ है और जिसको बहुत ठण्डे कमरे में ही बनाथा जा सकता है ।

लेकिन इस समय देश में जन-आन्दोलन की हलचल मची हुई थी और इतनी फुर्सत नहीं थी कि धीरे-धीरे दल को सुदृढ़ बनाया जाये । सितम्बर की सभा को दो महीने भी नहीं बीते थे कि साइमन कमीशन लाहौर पहुँचा और वहाँ लाला लाजपतराय पर प्रहार किये जाने की वह घटना घटी, जिसका वर्णन आरम्भ में किया जा चुका है । जब भगतसिंह और उसके साथियों ने इसका बदला साण्डर्स को गोली मारकर लिया तो समस्त देश में एक उत्साह और आत्म-गौरव की लहर फैल गई । छोटे-बड़े सब लोगों के भाव बदल गये और क्रान्तिकारी दल को जहाँ थोड़े से बिगड़े दिमाग और उच्छृंखल लड़कों की जमात कहा जाता था, वहाँ उसे देशभक्त और राष्ट्रीय-सम्मान का रक्षक समझा जाने लगा और तो क्या पं. जवाहरलाल नेहरू ने भी, जो प्रायः क्रान्तिकारी कार्यकर्त्ताओं की विपरीत आलोचना ही किया करते थे, इस सम्बन्ध में कहा—

"जब लालाजी मरे तो उनकी मृत्यु अनिवार्य रूप से, उन पर जो हमला हुआ था उसके साथ संयुक्त हो गई और इस दुःख से कहीं बढ़कर देश के लोगों में क्रोध भड़क उठा । इस बात को समझने की आवश्यकता है, क्योंकि इसे समझ लेने पर ही हम बाद की घटनाओं को, विशेष

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कर भगतसिंह और उत्तर भारत में उनकी आकस्मिक और अद्‌भुत ख्याति को समझ सकते हैं । किसी कार्य की नींव का कारण समझे बिना उसके करने वालों की प्रशंसा या निन्दा करना कुछ महत्त्व नहीं रखता । भगतसिंह को पहले बहुत लोग नहीं जानते थे, पर वे इसलिये प्रसिद्ध हुए कि लोगों को ऐसा जान पड़ा कि उन्होंने कम से कम उस समय तो लाला लाजपतराय की और इस प्रकार सारे देश के सम्मान की रक्षा की । इस प्रकार वह एक प्रतीक हो गये । लोग उस कार्य को तो भूल गये, पर यह प्रतीक कुछ महीनों के अन्दर फैल गया और पंजाब का हर गाँव और शहर तथा उत्तर भारत उसके नामों से गूँजने लगा ।"

साण्डर्स को दिन दहाड़े ठीक पुलिस के दफ्तर के सामने मारकर भगतसिंह अपने साथियों सहित साफ बचकर निकल गया और जब तक उसने स्वयं ही अपने को न पकड़वाया, तब तक पुलिस उसे हाथ न लगा सकी, यह एक अपूर्व सफलता मानी गई । साण्डर्स-वध के पश्चात् लाहौर का तमाम शहर खोज करने वाले जासूसों और अन्य छोटे-बड़े पुलिस वालों से भर गया था, गली-गली तथा कौने-कौने में मारने वालों की खोज की जा रही थी । हत्या के दूसरे ही दिन क्रान्तिकारी दल ने शहर भर में एक छोटा-सा लाल स्याही में छपा पोस्टर लगवा दिया था, जिसमें लाला लाजपतराय की हत्या के बदले साण्डर्स का खून करने की बात खुले शब्दों में स्वीकार की गई थी । पोस्टर में यह भी कहा गया था कि "अंग्रेजी सरकार सावधान रहे । वह चाहे जितना दमन कर ले, पर हम साण्डर्स जैसे कमीने लोगों को, जिसने देश के एक पूज्य नेता पर इस तरह हाथ उठाया, इसी प्रकार सजा देते रहेंगे ।" पोस्टर पर "बलराज सेनापति हि. स. प्र. स." के हस्ताक्षर थे । यह बलराज, चन्द्रशेखर आजाद के ही दल का नाम था ।

इस प्रकार की चुनौती दिये जाने से अंग्रेज सरकार की शान उस दिन धूल में मिल गई और भारतीय जनता गर्व से फूल उठी थी । क्रान्तिकारी दल का नाम चारों तरफ फैल गया और जो नवयुवक दल तक रूखी रोटी के लिये भी परेशान थे आज सैकड़ों लोग उन्हें सहायता देने को तैयार हो गये । इस प्रकार जहाँ एक तरफ देशभक्त भारतीय प्राणों की बाजी लगाने वाले इन क्रान्तिकारियों के लिये पुष्प-वर्षा करने को तैयार थे, अंग्रेज अफसर दाँत पीस रहे थे कि अगर उनको पा जाये तो जिन्दा ही चबा जाये । लाहौर से बाहर निकल सकने का हर एक रास्ता पुलिस ने घेर रखा था पर तारीफ है क्रान्तिकारियों की सूझ-बूझ और साहस की कि भगतसिंह तथा चन्द्रशेखर आजाद दोनों एक ही रेलगाड़ी से लाहौर स्टेशन से रवाना हो गये और पुलिस के हजारों जासूस खड़े देखते ही रह गये ।

पुलिस की आँखों में धूल झोंकने के लिये भगतसिंह ने उस दिन "साहब बहादुर" का वेश बनाया था । बहुत बढ़िया कोट, पैण्ट, हैट, साथ में ऊँची एड़ियों का जूता पहिने सुन्दर पत्नी और गोदी में ढाई साल का बढ़िया सूट पहिने बेटा लेकर वह सुबह के पाँच बजे कलकत्ता मेल के फर्स्ट क्लास के रिजर्व डिब्बे में जाकर बैठा । पीछे-पीछे नौकर का वेश बनाये दरी का बिस्तर बगल में दबाये राजगुरु चल रहा था । पत्नी का अभिनय करने वाली प्रसिद्ध क्रान्तिकारी भगवती चरण की बहू दुर्गा भाभी थी और वह बच्चा भी उसी का बेटा शची था । भगतसिंह और राजगुरु दोनों की जेबों में पिस्तौल थे और वे कोई भी खतरा सामने आते ही उसके लिये घोड़े पर उँगली रखे हुए थे । पर दुर्गा भाभी अपने पुत्र के प्राण इस संग्राम में झोंकने को उद्यत हो गई, इस कारण उसका नाम भी भारतीय-क्रान्ति-इतिहास में अमर हो गया । कलकत्ता स्टेशन पर उसके पति भगवती चरण ने, जो स्वयं सरकारी वारण्ट के कारण फरार अवस्था में थे, उनका स्वागत किया । अपनी पत्नी की इस वीरता और बुद्धिमत्ता को देखकर वह मुग्ध होकर बोल उठा—"वाह, मैंने आज तुम्हें पहचाना ।" इससे पहले वह उसे गाँव की लड़की समझकर क्रान्तिकारी कार्यों के अयोग्य ही बतलाया करता था ।

कलकत्ते में भी भगतसिंह निष्क्रिय नहीं रहे । दिन में तो वे प्रायः घर के भीतर ही रहते थे, पर शाम को बंगाली वेशभूषा धारण करके बाहर निकलते । उस समय वहाँ कांग्रेस का अधिवेशन हो रहा था, जिसके अध्यक्ष थे पं. मोतीलाल नेहरू । देश भर के नेता राजनीतिज्ञ और सरकारी गुप्तचर भी बड़ी संख्या में शहर में भरे पड़े थे पर भगतसिंह किसी बात की चिन्ता न करके अपना काम करते रहे । उन्होंने पूर्व परिचित यतीन्द्रनाथ के साथ सलाह करके, उत्तर प्रदेश और पंजाब के कुछ व्यक्तियों को बम बनाने का शिक्षण दिये जाने की योजना बनाई । उस समय तक यह कला बंगाल के कुछ व्यक्तियों को ही ज्ञात थी । भगतसिंह चाहते थे कि स्थानीय कार्यकर्त्ता बम बनाना सीख लें तो आगे चलकर वे आत्म-निर्भर हो सकेंगे ।

असेम्बली बम काण्ड

इस समय क्रान्तिकारियों का उत्साह बहुत बढ़ा हुआ था । उनको अनेक स्थानों से सहायता भी मिल रही थी, जिससे दल के शस्त्रागार में बम और पिस्तौलें पर्याप्त मात्रा में संग्रह कर लिये गये दल की केन्द्रीय समिति में यह चर्चा होती रहती थी कि अब कौन सा ऐसा काम किया जाये जिससे क्रान्ति दल का नाम प्रसिद्ध हो, नवयुवकों को देश पर बलिदान होने की प्रेरणा मिले और जनता की सहानुभूति

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

प्राप्त हो । कुछ मित्र यह सम्मति भी दे रहे थे कि भगतसिंह देश से बाहर चले जायें और वहीं रहकर भारतीय क्रान्ति दल को शस्त्र तथा धन की सहायता दिलाने का प्रयत्न करें, पर भगतसिंह इस प्रकार अपने साथियों को छोड़कर स्वयं सुरक्षित रहने के लिये किसी प्रकार राजी नहीं हुए । इस सम्बन्ध में मन्मथनाथ ने अपनी "भगतसिंह और उनका युग" पुस्तक में बतलाया है—

"जो कुछ भी बात हो भगतसिंह ने देश के बाहर जाने से इन्कार कर दिया और जब उनके सामने यह विचार आया कि यहाँ रहने का अर्थ फाँसी पर चढ़ना है, तो उन्होंने इस ढंग से सोचना शुरू किया कि जब मरना ही है, तो क्यों न और भी खतरनाक काम किये जायें । कहते हैं कि जब वह नेशनल कॉलेज में पढ़ते थे तभी उनके मन में क्रान्ति का विचार पैदा हो गया था । सम्भवतः यह विचार उन्हें फ्रांस की असेम्बली में बम फेंकने वाले फ्रांसीसी अराजकतावादी "वेलां" के किस्से से मिला था ।

"मौका भी बहुत अच्छा था क्योंकि उन दिनों दिल्ली में दो अत्यधिक दमनकारी कानून पेश थे और सरकार उन्हें पास करने पर कटिबद्ध थी । सरकार का उद्देश्य था कि जनता में क्रान्ति का जो बीज पनप रहा है, उसे अंकुरित होने के पहले ही समाप्त कर दिया जाये और जैसे भी हो भारत पर अपना शासन कायम रखा जाये । चन्द्रशेखर आजाद भी भगतसिंह की इस विचारधारा से पूर्णरूप से सहमत थे, क्योंकि भगतसिंह पर जितने इल्जाम थे वे सभी उन पर भी लागू थे । यही नहीं, जो दूसरे साथी थे वे भी लालायित थे कि कुछ न कुछ होता रहे । सिर पर कफन बाँधे लोगों की टोली थी । एक से एक अल्हड़ नौजवान थे जिनमें से प्रत्येक चाहता था कि मैं ही फाँसी पर पहले चढ़ूँ ।"

जब केन्द्रीय समिति द्वारा असेम्बली में बम फेंकने पर पूरी तरह से विचार कर लिया गया तब यह सवाल उठा कि इस कार्य के लिये किसको भेजा जाये ? वैसे तो सभी सदस्य इसके लिये तैयार थे, पर विचारणीय समस्या यह थी कि वह ऐसा व्यक्ति हो जो अदालत में क्रान्तिकारी दल के सिद्धान्तों और आदर्शों पर अच्छी तरह प्रकाश डाल सके । अभी तक क्रान्तिकारियों के कार्यक्रम में एक बड़ी त्रुटि यही थी कि छिपकर काम करने के कारण जनता उनको कुछ जोशीले अथवा हिंसाप्रिय युवकों का छोटा-सा समूह समझती थी । उनके आतंकवादी कार्यों के पीछे कोई गम्भीर विचारधारा और उच्च आदर्श भी है, इसका बहुत कम लोगों को पता था । इसलिये भगतसिंह ने इस कार्य के लिये स्वयं ही जाने और गिरफ्तार होकर अदालत में उपर्युक्त उद्देश्य के अनुकूल बयान देने का निश्चय किया । इस सम्बन्ध में भगतसिंह के मनोभाव का परिचय देते हुए उनके एक सहकारी डॉ. भगवानदास माहौर ने लिखा है—

"संकट के काम में तो वे (भगतसिंह) आगे रहने की जिद ही कर जाया करते थे । किसी सिपाही को संकट का काम करने भेज दिया जाये और नेता सुरक्षित बैठा हुक्म देता रहे, यह उन्हें कभी पसन्द नहीं था । यही कारण था कि असेम्बली में बम फेंकने कि लिये स्वयं ही जाने की और फिर वहाँ खड़े रहने की उन्होंने जिद की, जब कि दल का और कोई सदस्य भगतसिंह के इस प्रकार जाने को ठीक नहीं समझता था । आजाद भी हर काम में आगे रहते थे । दूसरा कारण यह विचार भी था कि नेता के रूप में उन्हें अपने आपको सबसे अधिक खतरे में डालना चाहिये, नहीं तो गुप्त-दल में 'दादागीरी' अपने बुरे अर्थ में आने से न रुकेगी और सिपाहियों का नेताओं में विश्वास न रहेगा ।"

इस वर्णन से हम समझ सकते हैं कि क्रान्तिकारी दल में सैकड़ों अन्य शहीदों के होते हुए भी भगतसिंह और आजाद की युगल-जोड़ी को ही सबसे ज्यादा प्रसिद्धि क्यों मिली ? भाई परमानन्द और जयदेव विद्यालंकार भी पंजाब में क्रान्तिकारी दल को संगठित करने वाले बहुत बड़े नेता माने जाते थे, पर सामने न आने की त्रुटि के कारण ही वे पीछे ही रह गये । इतना ही नहीं भाई परमानन्द का फैसला करने वाले जज ने यहाँ तक लिख दिया कि "भाई परमानन्द कायर क्रान्तिकारी हैं, जो दूसरों को तो प्रेरणा देकर आगे भेजते रहे पर स्वयं अपनी जान बचाते रहे ।" भगतसिंह इस तथ्य को समझकर सदा आगे बढ़कर खतरे में कूदे और इसलिये जनता की दृष्टि में वे क्रान्तिदल के प्रतीक ही बन गये । यही बात चन्द्रशेखर आजाद के विषय में सोलह आने सच है । उन्होंने अंग्रेजों की टुकड़खोर पुलिस के हाथों कभी न पकड़े जाने की प्रतिज्ञा की थी, उसको उन्होंने जिस शान से निबाहा और पचासों सिपाहियों तथा अफसरों से युद्ध करते हुए वीरगति पाई, उससे वे भी एक "अमर-गाथा" के नायक बन गये थे ।

राजगुरु के सम्बन्ध में कहा जाता है कि वह भगतसिंह से भी आगे बढ़कर खतरे में कूदने को तैयार रहता था । इस दृष्टि से भगतसिंह का "प्रतिद्वन्द्वी" बनने की कोशिश किया करता था । पर विद्या एवं बुद्धि की दृष्टि से बहुत कम होने के कारण उसने अधिक नामवरी हासिल नहीं की । फिर भी वह धुन का ऐसा पक्का था कि साण्डर्स काण्ड में उसी ने सबसे आगे दौड़कर एक ही गोली से उसका

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

ढेर कर दिया और फाँसी के तख्ते पर चढ़ने में भी भगतसिंह से एक कदम आगे ही चलता रहा ।

लाहौर षड्यन्त्र केस और भूख हड़ताल

असेम्बली में सरकार के "बहरे कानों" में भारतीय जनता की माँग की आवाज को पहुँचाने के लिये भगतसिंह और उसके साथी बटुकेश्वर दत्त ने जिस प्रकार बम का धड़ाका किया और फिर कैसी निडरता के साथ अपने को गिरफ्तार कराया, इसका हाल क्रान्तिकारी इतिहास के सभी पाठक जानते हैं । इन घटनाओं में भगतसिंह का उद्देश्य केवल एक सनसनी पैदा कर देना नहीं था, वरन् वह अंग्रेजों की अदालत में बयान देने के बहाने क्रान्तिकारी दल के सिद्धान्तों का प्रचार करना और भारतीय जनता की भावनाओं को ऊँचा उठाना चाहता था । वैसे तो सरकार अपने विरुद्ध कही गई किसी भी बात को तुरन्त राजद्रोह बतलाकर लेखकों और सम्पादकों पर मुकदमा चला देती थी, पर उन्हीं बातों को अदालत में कहने और फिर रिपोर्ट के रूप में समाचार पत्रों में छप जाने पर सरकार का कुछ बस नहीं चलता था । भगतसिंह और उनके साथी अच्छी तरह जानते थे कि इस तरह पकड़े जाने पर उनको फाँसी के फन्दे पर लटकना पड़ेगा, पर अपने विचारों के देशव्यापी प्रचार हो सकने का यह उपाय उनको इतना पसन्द आया कि उन्होंने खुले तौर पर बम फेंककर गिरफ्तार होने में कुछ भी संकोच नहीं किया ।

भूख हड़ताल द्वारा प्रचार

जेल में बन्द कर दिये जाने पर भी भगतसिंह इसी उद्देश्य को पूरा करने में लगा रहा । उसने इस बात की पूरी कोशिश की कि मुकदमा किसी प्रकार लम्बा होता जाये और वह अदालत में क्रान्तिकारी दल के सिद्धान्तों की व्याख्या और स्पष्टीकरण करके जनता में जोश तथा सरकार के प्रति अप्रियता की भावना को बढ़ाता रहे । इसके लिये क्रान्तिकारियों ने 'भूख-हड़ताल' के अस्त्र को अपनाया । सरकार तो इन युवकों से जली-भुनी बैठी ही थी, बस उसके मजिस्ट्रेट और जज इनको हर तरह से तंग और अपमानित करने का प्रयत्न करने लगे । इधर इन वीर युवकों ने शत्रु के बन्धनों में रहते हुए भी यह संग्राम छेड़ दिया कि जब तक उनके साथ जेलों में मानवोचित व्यवहार न किया जायेगा और अदालत में उनके सम्मान की पूरी तरह रक्षा न की जायेगी तब तक वे न तो जेल का भोजन करेंगे और न अदालत की कार्यवाही में भाग लेंगे । इससे चिढ़कर सरकार ने और भी अधिक सख्ती करने और जबर्दस्ती भोजन कराने का निश्चय किया । इस संघर्ष ने बड़ा भयंकर रूप धारण किया था और भगतसिंह तथा उनके साथियों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर सरकार को नीचा दिखाया था । उनका उद्देश्य केवल अपने लिये खान-पान की सुविधा या ऊँची क्लास का व्यवहार प्राप्त करना ही नहीं था । १४ जुलाई, १९२९ को भारत सरकार के पास इस सम्बन्ध में जो पत्र भेजा गया था, उसमें भगतसिंह ने लिखा था—

"हर एक जेल में राजनीतिक कैदियों का एक विशेष वार्ड होना चाहिये, जिसमें उन सभी आवश्यकताओं की पूर्ति की सुविधा होनी चाहिये जो यूरोपियनों के लिये होता है । उनके भोजन का स्तर भी यूरोपियन कैदियों के समान होना चाहिये ।"

यह भूख हड़ताल करते समय भगतसिंह की मानसिक स्थिति कैसी थी, यह इन वाक्यों से विदित होता है—

"बन्दी होने के पश्चात् हमारी संस्था के राजनीतिक कैदियों की दशा अत्यन्त दयनीय थी, हमने प्रयास आरम्भ कर दिया । मैं आपको पूरी गम्भीरता से बताता हूँ कि हमें यह विश्वास था कि हम बहुत कम समय के भीतर मर जायेंगे । हमें उपवास के दिनों में कृत्रिम रीति से भोजन दिये जाने (फोर्सफुल फीडिंग) का न तो कोई अनुभव ही था और न यह विचार ही कभी सूझा था हम तो मृत्यु के लिये तैयार थे ।"

यह "जबर्दस्ती भोजन" कराना कैसा भयंकर होता है, इसे भुक्तभोगी ही जानते हैं । चार-छः हट्टे-कट्टे सिपाही कैदी को दबा लेते हैं और तब डॉक्टर उसकी नाक में रबड़ की नली डालकर दूध को पेट में भरता है, पर ये क्रान्तिकारी युवक उस समय भी हिल-डुल कर या खाँसकर उस दूध को बाहर निकालने का प्रयत्न करते थे । ऐसा करते हुए वह दूध अमर शहीद यतीन्द्रनाथ दास के फेफड़ों में चला गया, जिससे उसे मरणान्तक कष्ट सहन करना पड़ा । भगतसिंह और उनके अन्य साथियों को भी इस संघर्ष ने इतना कमजोर कर दिया कि उनको "स्ट्रैचर" पर डालकर अदालत में लाना पड़ता था । सरकार ने उनका संकल्प तोड़ने के लिये उनकी कोठरियों में पानी की जगह दूध भरवा कर रखवा दिया, बढ़िया खाने भी रखे गये, पर उन लोगों ने सब चीजें बाहर फेंक दीं ।

अन्त में भगतसिंह और साथियों को कुछ सफलता मिली । सरकार ने एक "जेल कमेटी" नियुक्त कर दी और उसकी जाँच पूरी हो जाने पर राजनीतिक कैदियों के साथ ठीक व्यवहार किये जाने का वचन दिया तब कहीं जाकर अनशन भंग हुआ । इसका एक उद्देश्य जनता में अधिक से अधिक आन्दोलन होना और सरकार के प्रति रोष तथा घृणा उत्पन्न करना भी था । वह भी इस कष्ट के सहने से अधिकांश रूप में पूरा हुआ ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

भगतसिंह की साम्यवादी विचारधारा

भगतसिंह के लिये यह एक बड़ी प्रशंसा की बात है कि उसने बम और पिस्तौलों को ही मुख्य आधार मानने वाले क्रान्ति आन्दोलन को थोड़े ही समय में साम्यवाद का अनुयायी बना दिया, यद्यपि भगतसिंह से पहले बंगाल में और पंजाब में बड़े-बड़े साहसी और प्राणों को तिनके की तरह अर्पण कर देने वाले क्रान्तिवीर उत्पन्न हो चुके थे, पर उनके सामने क्रान्ति की सफलता के पश्चात् नवीन समाज की रचना का कोई स्पष्ट चित्र न था । अधिकांश लोग तो राजनीतिक और क्रान्तिकारी आन्दोलन का यही उद्देश्य समझते थे कि देश के शोषणकर्त्ता अंग्रेजों को हटाकर भारतीयों का शासन स्थापित हो जाये, पर वह शासन कैसा हो और उसमें जनता के क्या अधिकार हों इस सम्बन्ध में अधिकांश लोग कुछ सोचते ही न थे और यही विचार कर सन्तोष कर लेते थे कि जब विदेशी लोग हट जायेंगे और उनकी जगह भारतीय नियुक्त हो जायेंगे तो सब त्रुटियाँ और शिकायतें अवश्य ही दूर हो जायेंगी । यह एक बहुत ही अस्पष्ट और भ्रमपूर्ण विचार था और भगतसिंह ने इसे एक बड़ी हद तक दूर करने की चेष्टा की थी ।

यद्यपि भगतसिंह सन् १६२१-२२ में नेशनल कॉलेज में पढ़ते समय ही वहाँ की लायब्रेरी से क्रान्ति के साथ साम्यवाद की पुस्तकें भी पढ़कर इस तरफ आकर्षित हो गये थे । लेकिन उस पन्द्रह वर्ष की आयु में एकाएक साम्यवाद के रहस्य को हृदयंगम कर लेना सहज न था । इसी कारण जब एक वर्ष बाद वे कानपुर में आकर वहाँ के क्रान्तिकारी युवकों से मिले जो उन्हीं की उम्र के थे तो उनके विचार बहुत अपूर्ण थे । अजय घोष ने, जो बाद में भारतीय साम्यवादी दल (कम्युनिस्ट पार्टी) के सेक्रेटरी बने, लिखा है कि "उस समय भगतसिंह एक देहाती लड़के के नमूने थे । ये वे दिन थे । जब हम क्रान्ति के सपने देखा करते थे, लड़कों के से सपने, तो लगता था कि क्रान्ति अब कोई दूर नहीं हैं पर भगतसिंह क्रान्ति के आसन्न होने के बारे में उतने आश्वस्त न थे, इसी कारण मैं उनके निराशावादी दृष्टिकोण का मजाक उड़ाता था ।"

जैसे-जैसे समय बीतता गया भगतसिंह के क्रान्ति सम्बन्धी विचार परिपक्व होते गये और ८ सितम्बर, सन् १६२८ को दिल्ली के फिरोजशाह किले में की गई "हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन" (क्रान्तिकारी दल) की बैठक में उन्होंने जोर देकर उसके नाम में "साम्यवादी" शब्द शामिल करा दिया । इस घटना का वर्णन करते हुए श्री जितेन्द्रनाथ सान्याल ने लिखा है—

"इस प्रकार हम देखते हैं कि भगतसिंह ने उक्त बैठक में समाजवादी कार्यकर्त्ता की भूमिका अदा की तथा उनके जोरदार तर्कों के फलस्वरूप समाजवादी सिद्धान्तों के आधार पर कार्यक्रम तैयार किया गया ।"

(पृष्ठ ४३)

भगतसिंह की इस विचार धारा का सबसे महत्त्वपूर्ण प्रकाशन और स्पष्टीकरण उस समय हुआ जब उसने असेम्बली बम केस के अवसर पर दिल्ली की अदालत में अपने कार्य का औचित्य सिद्ध करते हुए कहा—

"समाज का वास्तविक पोषक श्रमजीवी है । जनता का प्रभुत्व मजदूरों का अन्तिम भाग्य है । इन आदर्शों और विश्वास के लिये हम उन तमाम कष्टों का स्वागत करेंगे, जिसकी हमें सजा दी जायेगी । हम अपनी तरुणाई को इसी क्रान्ति की वेदी पर होम करने लाये हैं, क्योंकि इतने गौरवशाली उद्देश्य कि लिये कोई भी बलिदान बहुत बड़ा नहीं है ।.....

"समाज का सबसे आवश्यक अंग होते हुए भी उत्पादन करने वालों या मजदूरों से शोषक गण उनकी मेहनत का फल लूट लेते हैं । एक ओर तो, सभी के लिये अनाज पैदा करने वाले किसानों के परिवार भूखों मरते हैं, सारे संसार को सूत जुटाने वाला बुनकर अपना और अपने बच्चों का तन ढकने के लिये पर्याप्त कपड़ा नहीं पाता, शानदार महल खड़ा करने वाले राज, लुहार और बढ़ई, झोंपड़ियों में ही बसर करते और मर जाते हैं और दूसरी तरफ पूँजीपति, शोषक अपनी सनक पर करोड़ों रुपये बहा देते हैं ।

"क्रान्ति से हमारा आशय यह है कि समाज में एक ऐसी व्यवस्था की स्थापना की जाये, जिसमें इस प्रकार के हड़कम्प का भय न हो और जिसमें मजदूर-वर्ग के प्रभुत्व को मान्यता दी जाये और उसके फलस्वरूप विश्व-संघ पूँजीवाद के बंधनों, दुःखों तथा युद्धों से मानवता का उद्धार कर सके ।"

जैसे-जैसे भगतसिंह कम्युनिज्म तथा साम्यवाद के अन्य सिद्धान्तों का अध्ययन करके उसके मूल तथ्य को हृदयंगम करते गये उनका यह दृढ़ मत होता गया कि क्रान्ति का वास्तविक मार्ग मेहनत पेशा लोगों को जागृत तथा संगठित करना ही है । थोड़े से युवक आतंकवादी कार्य करके इस महान् उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकते थे । अपनी फाँसी से कुछ ही पहले लाहौर सेन्ट्रल जेल के सुपरिण्टेण्डेण्ट के नाम लिखे गये एक पत्र में उन्होंने कहा था—

"यह मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमको बमों और पिस्तौलों से लाभ नहीं होगा, "हिन्दुस्तान साम्यवादी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

प्रजातन्त्रीय समिति" के इतिहास से यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है । बम चलाना निरर्थक ही नहीं, अक्सर हानिकारक भी होता है, हाँलाकि कुछ परिस्थितियों में उसकी अनुमति दी जा सकती है । हमारा मुख्य उद्देश्य मजदूरों और किसानों को संगठित करना ही होना चाहिये ।"

फाँसी की कसौटी पर

राजनीतिक क्षेत्र में भी ऐसे लोगों का अभाव नहीं होता जो आरम्भ में तो लम्बी-चौड़ी बातें करते हैं, बड़े साहसी और आत्म-बलिदानी बनने का दावा करते हैं, पर जब अवसर आता है तो हार मानकर आत्म-समर्पण करने में भी संकोच नहीं करते । साधारण आन्दोलनकारी लोगों की बात छोड़ दीजिये, क्रान्तिकारी दल में ही ऐसे लोग भरे पड़े थे । भारतीय क्रान्ति सम्बन्धी पुस्तकों को पढ़ने से अनुमान होता है कि लगभग आधे क्रान्तिकारी पकड़े जाने पर पुलिस के आज्ञाकारी मुखबिर बन गये थे और तो क्या वीरभद्र, कैलाशपति, फणीन्द्रनाथ, जयगोपाल, शिवचरनलाल, बनवारीलाल जैसे प्रमुख व्यक्ति थोड़े से भय या लालच के कारण गद्दार बन गये । यशपाल जैसे महत्त्वपूर्ण सदस्य का आचरण भी आक्षेप योग्य जान पड़ता है । ऐसी स्थिति में हम जब अन्य क्रान्तिकारियों के कारनामों पर विचार करते हैं तो हमको भगतसिंह, चन्द्रशेखर, राजगुरु, सुखदेव, यतीन्द्रनाथ दास, महावीरसिंह, विजयकुमार, आदि कुछ ही सदस्य ऐसे जान पड़ते हैं जो निर्भय होकर अन्त तक क्रान्ति-मार्ग पर दृढ़ रहे और जिन्होंने पुलिस के 'टार्चर' (कष्टों) और जेलखाने की कठिनाइयों की कुछ परवाह न करके एक ऊँचे लक्ष्य को सामने रखा । कम प्रसिद्ध सदस्यों में से भी अनेक हृदय से क्रान्ति के पक्के अनुयायी और हर तरह से दृढ़ थे । उदाहरण के लिये हमारे सामने शालिगराम का नाम है जिसने बीसियों सिपाहियों से घिर जाने पर भी बड़ी शान के साथ संग्राम किया और गोली लगकर गिर जाने पर भी बड़ी चतुराई से दो सिपाहियों को मार दिया पर इन सब में भगतसिंह को जो प्रमुख स्थान मिला उसका कारण यही है कि उन्होंने ढूँढ़-ढूँढ़ कर क्रान्ति के आन्दोलन को अग्रसर और लोकप्रिय बनाने के कार्य किये । यह भगतसिंह की सूझ-बूझ और चतुरता का ही परिणाम था कि लाहौर षड्यन्त्र केस लगभग डेढ़-दो वर्ष तक बढ़ता चला गया और इस बीच में क्रान्ति-दल को इतनी प्रसिद्ध मिल गई कि देश के सर्वोच्च नेता उसे कांग्रेस के मुकाबले का समझने लगे । इस कार्य की सिद्धि के लिये भगतसिंह अपने प्राण अर्पण करने का किस प्रकार अटल निश्चय कर चुके थे, यह उनके निकटतम सहकारी श्री विजयकुमार के एक लेख से प्रकट होता है, जो कुछ ही दिन पहले "पेट्रियट" में प्रकाशित हुआ है । उसमें लेखक ने बतलाया है कि जब भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव—तीनों को फाँसी का दण्ड सुनाया जा चुका तो दिसम्बर १९३० में एक दिन उस भगतसिंह की काल कोठरी में प्रिवी कौंसिल में अपील के सम्बन्ध में विचार करने को ले जाया गया । भाई से भी बढ़कर अपने प्रिय साथी के साथ इस अन्तिम भेंट के समय विजय कुमार के हृदय में एक तूफान उठ रहा था और भावावेश के कारण उसके मुँह से आवाज नहीं निकल रही थी । भगतसिंह भी उसकी दशा देखकर द्रवित होने लगा पर जेलर के चेतावनी देने पर उसने अपने को सँभालकर कहा—

"पं. मोतीलाल नेहरू ने अपनी बीमारी की हालत में शिमला से एक विशेष दूत हमारे पास भेजकर अत्यन्त आग्रह किया है कि हम फाँसी की सजा के विरुद्ध इंग्लैण्ड की प्रिवी कौंसिल में अवश्य अपील करें । इससे कुछ समय मिल जायेगा, जिसमें सरकार से समझौते की वार्ता कदाचित् सफल हो जाये और समस्त राजनैतिक कैदियों को क्षमा दान मिल सके । मोतीलालजी ने कहलाया है कि उनका यह आग्रह समस्त राष्ट्र की तरफ से समझा जाये ।" आगे चलकर विजयकुमार लिखते हैं—

"मुझे आज भी याद आते हैं भगतसिंह के वे शब्द जो उन्होंने अन्त में कहे—"भाई, ऐसा न हो कि फाँसी रुक जाये ।" यद्यपि भगतसिंह को सरकार द्वारा क्षमादान की जरा भी आशा नहीं थी, पर उसे यह ख्याल अवश्य था कि उनके मुकदमे में सरकारी पक्ष की गवाहियाँ कमजोर थीं और अदालत में एकतरफा कार्यवाही करके सजा दे दी गई थी, इसलिये अपील करने पर शायद फाँसी की सजा हटा दी जाये और इस प्रकार उसे अपने प्राण देकर क्रान्ति के उद्देश्य को आगे बढ़ाने का मौका न मिले । "उसने स्पष्ट कहा कि "इस अवसर पर अपनी मृत्यु द्वारा ही वह अपने दल के उद्देश्य की सबसे अधिक सेवा कर सकता है ।" जब कि दुनिया के सभी व्यक्ति सदैव दीर्घ जीवन के लिये ही हाथ-पैर मारते रहते हैं, तब भगतसिंह का दूसरों के लिये प्राणोत्सर्ग करने के लिये दृढ़ निश्चय बने रहना क्या हमारे लिये प्रेरणाप्रद नहीं है ? यदि हम समस्त समाज के हितार्थ अपना कुछ समय, श्रम, धन भी लगाने को तैयार न हों तो ऐसे मानव-जीवन का क्या महत्त्व समझा जा सकता है ?

"अपील की बातचीत पूरी हो गई यह देखकर जेलर ने मुझे वापस चलने का इशारा किया । एक क्षण के लिये मैं और भगतसिंह एक-दूसरे के आलिंगन में आबद्ध हो

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

गये । भगतसिंह फिर मुस्कराने लगा पर इस समय उसका मनोभाव स्पष्ट था कि यह हमारी आखिरी भेंट है । अपनी कोठरी में पहुँचने पर मेरा दिमाग पारस्परिक संस्मरणों से भरा हुआ था । मुझे याद आया कि किस प्रकार उसने, राजगुरु के साथ दिन दहाड़े पुलिस के दफ्तर के ठीक सामने साण्डर्स को गोली मारकर खत्म कर दिया । "उस समय हम सब सैकड़ों कारतूस साथ लेकर गये थे, क्योंकि हमारा अनुमान था कि पुलिस वाले हमको पकड़ने दौड़ेंगे और हम वहाँ उनके साथ खुला युद्ध करके प्राण देंगे ।" उस समय पुलिस के "वीरों" ने सामने आने की जरा भी हिम्मत नहीं की, जिससे मरने-मारने का मौका टल गया । पर अन्त में भगतसिंह ने अपना आत्म-बलिदान कर ही डाला । उसका यह कार्य इतना प्रभावशाली सिद्ध हुआ कि देश में हड़तालों, जुलूसों, विरोध-सभाओं का ताँता लग गया और सर्वत्र भगतसिंह का नाम गूँजने लगा । कांग्रेस के एक बहुत बड़े नेता श्री पट्टाभि सीतारमैया ने अपने कांग्रेस के सुप्रसिद्ध इतिहास में लिखा है कि "यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि भगतसिंह का नाम उस समय उतना ही लोकप्रिय था जितना गाँधी जी का ।" स्वयं गाँधी जी ने भी भगतसिंह के मृत्युदण्ड का समाचार पाकर अपने एक वक्तव्य में कहा था—

"हमारे देश में दबने और डरने का भाव कायरता की सीमा तक पहुँच गया है । इस कारण हम अपने यहाँ बहुत अधिक वीरता और आत्म-बलिदान की आशा नहीं रख सकते । ऐसी दशा में हमारे मस्तक भगतसिंह की बहादुरी और बलिदान के समक्ष झुक जाते हैं ।"

पं. जवाहरलाल नेहरू ने कहा था—"हम भगतसिंह को न बचा सके, हमारी इस असमर्थता पर देश दुःखी होगा पर जब इंग्लैण्ड हमसे समझौते की बात करेगा तो हमारे और उसके बीच भगतसिंह की लाश भी पड़ी होगी ।"

भगतसिंह को अन्तिम क्षण तक मृत्यु की भयंकरता का तनिक भी भय नहीं हुआ, जो मानव-मात्र को आतंकित कर देती है । मरने के दिन उसने अपने भाई को पत्र में ये अमर वाक्य लिखे थे—"एक दीपक की लौ की तरह मैं सुबह होने के पहले ही खत्म हो जाऊँगा । यह मुट्ठी भर खाक अगर नष्ट हो जाये तो इससे क्या हानि होगी ?" उसी समय उसने पंजाब के गवर्नर ओडायर के नाम एक पत्र लिखा जिसमें जोर देकर कहा था—

"हमारा युद्ध हमेशा नये जोश, अधिक सावधानी और अटल निश्चय के साथ उस समय तक चलता रहेगा, जब तक भारत में 'साम्यवादी प्रजातन्त्र' की स्थापना न हो जायेगी ।..... अब पूँजीवाद और साम्राज्यवाद के दिन इने-गिने रह गये हैं । यह संग्राम न तो हमने आरम्भ किया था और न वह हमारे प्राण-त्याग से समाप्त हो जायेगा । हमारा यह तुच्छ बलिदान तो उस शृंखला में केवल एक कड़ी की तरह है ।"

ऐसे निर्भीक और कर्त्तव्यपरायण युवकों पर भारतमाता जितना गर्व करे कम है । इतना ही नहीं वे समस्त मानवता के लिये श्रद्धा के पात्र हैं । उन्होंने जीवन के अंतिम समय तक अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया । हमारी हार्दिक अभिलाषा है कि आजकल के भारतीय युवक, जो अधिकांश में कुमार्ग अथवा अविवेकपूर्ण कार्यों की तरफ कदम बढ़ाते जाते हैं, जो अपनी शक्ति को गुण्डापन, अनैतिकता में लगाना अपनी तारीफ समझते हैं, वे भगतसिंह के आदर्श चरित्र से कुछ शिक्षा ग्रहण करें, जिसने अपनी भरी जवानी मातृभूमि की वेदी पर हवन कर दी । फाँसी का फन्दा हँसते हुए अपने गले में डालते समय उसकी उम्र पूरे चौबीस वर्ष की भी नहीं हुई थी । इन्हीं थोड़े से वर्षों में वह बिना किन्हीं विशेष साधनों के केवल अपने साहस और बलिदान के बल पर वह काम कर गया, जिसके लिये स्वतन्त्रता तथा न्याय परायणता के सभी प्रेमी उसके सम्मुख नतमस्तक होते रहेंगे । नित्यप्रति हजारों मनुष्य तरह-तरह से अकाल मृत्यु के मुँह में चले जाते हैं, पर जो भगतसिंह की तरह दूसरों के लिये जीवन अर्पण कर देता है वही इस नश्वर जगत् में अमर हो जाता है ।

भगतसिंह के आत्म बलिदान का प्रभाव

हमारे मतानुसार त्याग और बलिदान ही सच्चे धर्म और आस्तिकता की पहचान है । मन्दिर में पूजा करना, कण्ठी-माला-तिलक धारण करना, आसन पर बैठकर घण्टों जप करना आदि बाह्य क्रियायें अधिक महत्त्व नहीं रखतीं । इतना ही नहीं वर्तमान समय में तो यह दिखाई दे रहा है कि अधिकांश व्यक्ति इन कार्यों को केवल अभ्यासवश या एक अंधविश्वास के रूप में करते हैं । इस कारण विचारशील लोगों का विश्वास इन पर से हट रहा है । ऐसे लोगों की भी कमी नहीं जो इस प्रकार का पूजा-पाठ एक ढोंग के रूप में, दूसरों को ठगने कि लिये, अपने कुकृत्यों को छिपाने के लिये करते हैं, हमने ऐसे लोग भी देखे हैं जो प्रसिद्ध गुण्डे थे, जुआ खिलाने का रोजगार किया करते थे, पर नित्यप्रति गंगा-स्नान करके जल के भीतर आधा घण्टा खड़े रहकर भजन और जप भी करते थे । ऐसे ही लोगों ने "धर्म" को बदनाम कर दिया है, और उसी आधार पर बहुत से व्यक्ति उसकी निन्दा और विरोध करने में प्रवृत्त हो जाते हैं ।

हम कहना चाहते हैं कि धर्म और आध्यात्मिकता का स्वरूप वह नहीं है जो अशिक्षित अथवा अन्ध-विश्वासी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

जन-समूह में फैला है और जिसको लाखों पण्डा, पुजारियों और भिखारियों ने जीवन-निर्वाह का साधन बना रखा है । इसके विपरीत वास्तविक धर्म वह है, जिसे भगतसिंह अथवा लेनिन जैसे क्रान्तिकारियों ने अपने त्याग और बलिदान द्वारा सर्वसाधारण के सामने उपस्थित किया है । चाहे ये दोनों क्रान्तिकारी "नास्तिक" के नाम से प्रसिद्ध हो गये, पर यह निश्चित है कि वे सच्चे धर्म के खिलाफ न थे, वरन् उपर्युक्त श्रेणी के ढोंगी "धर्म-कर्म" वालों ने ही उनको वैसा बना दिया था । इस धर्म विरोधी विचारधारा के मुख्य प्रचारक कार्लमार्क्स और माइकेल बकुनिन जैसे महान् साम्यवादी थे, पर हम कह सकते है कि उनका यह वक्तव्य कि "धार्मिक लोगों के लिये अफीम है" वास्तविक मानव-धर्म से कोई ताल्लुक नहीं रखता । उनका आशय यही था कि पादरी, मुल्ला, पण्डा, पुजारी आदि धर्म के नाम पर सामान्य जनता को बहकाया करते हैं और "ईश्वरीय न्याय" तथा "भाग्य" आदि का भरोसा दिला कर अन्याय अत्याचार सहते रहने की प्रेरणा दिया करते हैं । धर्म के इसी विकृत रूप का वे विरोध करते थे ।

भगतसिंह को हम मानव-धर्म का एक श्रेष्ठ अनुयायी मानते हैं । जिस व्यक्ति ने कभी अपने आराम की तरफ ध्यान नहीं दिया और तन-मन-धन को परोपकार के कार्य में ही लगाया । जिसने अपनी स्वेच्छा से बुलाई मृत्यु को भी अधिकाधिक देश के हित के लिये उपयोग किया । उसकी महानता से कोई कैसे इन्कार कर सकता है । कोई उसे कैसे "अधार्मिक" कह सकता है ? सेवा धर्म सबसे बड़ा धर्म है ? जिसने उसके लिये अपने प्राणों को तिल-तिल करके जलाया, वह तो सबसे बड़ा 'धार्मिक' ही कहा जायेगा ।

जैसा हम ऊपर बतला चुके हैं कि इंग्लैण्ड की प्रिवी-कौंसिल में अपील करने की भगतसिंह की तनिक भी इच्छा न थी । वह अपनी मृत्यु द्वारा नवयुवकों को प्रेरणा देकर राष्ट्रोद्धार के कार्य में तेजी लाने का निश्चय कर चुका था लेकिन जब यह सुझाया गया कि इस उपाय से क्रान्तिकारी आन्दोलन की कई प्रकार से वृद्धि होगी तो वह उसके लिये तैयार हो गया । इस कार्य में जो लाभ सोचे गये थे, उनके सम्बन्ध में "अमर शहीद सरदार भगतसिंह" के लेखक का मत है—

"प्रिवी-कौंसिल में अपील के द्वारा भगतसिंह सभ्य संसार को यह बता देना चाहता था कि भारत में राजनीतिक बन्दियों के साथ किस प्रकार का अमानुषिक व्यवहार किया जाता है । दूसरा उद्देश्य, इंग्लैण्ड के शत्रु राष्ट्रों को इस अपील के माध्यम से यह सूचित करना था कि भारत में समाजवादी क्रान्तिकारी पार्टी भी अस्तित्व में है । तीसरी बात, यह थी कि फाँसियों को तब तक के लिये स्थगित कराया जाये जब तक इनका जनता पर सर्वाधिक प्रभाव पड़े ।"

मन्मथनाथ गुप्त ने भगतसिंह की इस मनोवृत्ति पर प्रकाश डालते हुए लिखा है कि, "साण्डर्स-काण्ड के पश्चात् कुछ मित्रों ने जब यह सुझाव दिया कि भगतसिंह देश से बाहर जाकर काम करें, तो उन्होंने इससे इन्कार कर दिया । जब उनके सामने यह विचार आया कि यहाँ रहने के माने फाँसी पर चढ़ना है, तो उन्होंने इस ढंग से सोचना शुरू किया कि जब मरना ही है, तो क्यों न और भी खतरनाक काम किये जायें ।"

स्वयं भगतसिंह ने जेल के भीतर अपने साथियों और वकील से प्रिवी कौंसिल में अपील करने के सम्बन्ध में यही विचार व्यक्त किये थे कि "फाँसी तब हो जब देश की जनता का जोश अपने पूरे उफान पर हो और उसका पूरा ध्यान इस ओर केन्द्रित हो ।"

अपने प्राणों के साथ इस तरह निस्पृह भाव से खिलवाड़ कर सकना और राजनीति की शतरंज में उसका इस प्रकार उपयोग करना जैसे वह कोई निर्जीव काठ का मोहरा हो, असाधारण, आत्मबल और त्याग-भावना का प्रमाण है । जब हम देखते हैं कि एक जर्जर काया वाला भिक्षुक भी मरने के नाम से काँपता है और यह इच्छा करता है कि किसी प्रकार अधिकाधिक दिनों तक सांस लेता रह सके, तब चौबीस वर्ष की मदमाती आयु में, दर्शनीय शरीर-सम्पत्ति रखते हुए, अपनी ही मृत्यु को इस तरह लापरवाही से ठुकराना किसी सच्चे आत्म-ज्ञानी के लिये ही सम्भव हो सकता है । बस यही सबसे बड़ी शिक्षा है जिसे हमारे भाई भगतसिंह के चरित्र से ग्रहण कर सकते हैं । कहने को मुँह से एक साधारण बाजार में बैठने वाला भी जीवन को "असार" और "दो दिन का मेला" कहा करता है, पर व्यवहार में शरीर या सम्पत्ति पर तनिक भी आँच आते ही ऐसी हाय-तौबा मचाई जाती है कि मानों वे युगों तक जीवित रहेंगे और सम्पत्ति को भी साथ में बाँधकर ले जायेंगे । एक तरफ "नास्तिक" कहे जाने वालों का ऐसा अद्भुत आत्म-त्याग और दूसरी तरफ दिन रात "ईश्वर की दुहाई" देने वालों की ऐसी स्वार्थपरता और भौतिकवादिता देखकर हमें यह कहने को विवश होना पड़ता है कि हमारा समस्त धर्म-कर्म और पूजा-पाठ दिखावटी है और हम झूठ-मूठ ही अध्यात्म की डींग हाँका करते हैं । अगर हम सचमुच ईश्वर और आत्मा की सत्ता में विश्वास रखने वाले होते तो अपना जीवन अथवा सम्पत्ति, सेवा और परोपकार के कामों में लगाने में एक हर्ष का

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अनुभव करते । हमारी यही अभिलाषा है कि चाहे हम सब भगतसिंह के समान निर्भीक और यमराज को चुनौती देने वाले न बन सकें, पर "सांसारिक माया मोह" में ऐसे लिप्त भी न हों कि समाज-सेवा और मातृभूमि के ऋण को चुकाने के उच्च आदर्श का यथाशक्ति पालन न कर सकें ।

हमारा कर्त्तव्य

यद्यपि आज विदेशी शासन हट जाने से भगतसिंह के युग के समान अपने ही खून से होली खेलने की परिस्थिति बदल गई है, पर त्याग और तपस्या का जीवन व्यतीत करने की आवश्यकता आज भी बनी हुई है । हम देख रहे हैं कि विदेशी शासन के विरुद्ध संघर्ष में लोगों ने स्वार्थ त्याग और कष्ट सहन का जो परिचय दिया था आज उसकी प्रतिक्रिया हो रही है । उस समय देश सेवा और राजनीति में भाग लेने का अर्थ होता था कुछ देना, अर्थात् देशहित के कार्यों में अपने शरीर, श्रम और सम्पत्ति का एक छोटा या बड़ा अंश उत्सर्ग करना । पर आज बिल्कुल उल्टी बात देखने में आ रही है कि "सार्वजनिक सेवा" अथवा राजनीति के कार्यों में भाग लेने का उद्देश्य है अपने स्वार्थ की पूर्ति करना या अधिकाधिक लाभ उठाना । यह स्थिति निश्चय ही बड़ी शोचनीय तथा घातक है । भगतसिंह के चरित्र से प्रेरणा ग्रहण करने या उसके पग चिन्हों का अनुसरण करने का नतीजा तो यही होना चाहिये कि "पुराने और नये क्रान्तिकारी" इस हीन मनोवृत्ति का डटकर मुकाबला करें और उसकी जड़ उखाड़कर ही दम लें ।

वर्तमान समय में भ्रष्टाचार का बाजार जैसा गर्म हो रहा है और बड़े-बड़े "देश सेवक" भी जिस प्रकार दोनों हाथों से सम्पत्ति बटोरने में व्यस्त हैं, उसको चुपचाप देखते रहना या सहन करना सच्चे क्रान्तिकारी सिद्धान्त वालों के लिये लज्जा और कलंक की बात है । यद्यपि आज बम और पिस्तौल के उपयोग का जमाना नहीं रहा, पर भ्रष्टाचारियों को राजी या गैर-राजी से निरस्त करना क्रान्तिकारियों का कर्त्तव्य है । यदि भगतसिंह जैसे आत्म बलिदानियों के उदाहरण से यह प्रेरणा ली जा सके तो हम उपर्युक्त लक्ष्य को निश्चय ही प्राप्त कर सकेंगे ।

स्वदेश और समाज के उद्धारकर्त्ता : डॉ. सनयातसेन

सन् १८९६ के अक्टूबर मास में एक दिन लन्दन निवासी अंग्रेजों ने बड़े आश्चर्य के साथ सुना कि इंग्लैण्ड में शरणागत के रूप में आये एक चीन निवासी व्यक्ति का जबर्दस्ती अपहरण कर लिया गया है । उसे चीनी दूतावास में कैद कर रखा है, और मौका लगने पर चीन भेज देने की योजना है । इस रहस्य के प्रकट होने से स्वाधीनता प्रिय अंग्रेजों में बड़ी खलबली मची और दो-तीन दिन तक उसी व्यक्ति की चर्चा सर्वत्र सुनाई पड़ती रही । अनेक लोग उसे बन्धन मुक्त कराने के लिये बल प्रयोग अथवा किसी प्रकार की चालाकी से काम निकालने की योजना भी बनाने लगे । जनता की उत्तेजना को देखकर इंग्लैण्ड के प्रधानमन्त्री लार्ड सेलिसबरी ने चीन के राजदूत को संदेश भेजा कि "उस व्यक्ति को इस प्रकार अवैध रीति से बन्द करके बहुत गलत काम किया गया है ।" ब्रिटिश सरकार के दबाव से चीनी राजदूत को लाचार होकर उसे छोड़ देना पड़ा ।

इस व्यक्ति का नाम सनयातसेन था । वह चीन का एक प्रसिद्ध क्रान्तिकारी था और अनेक वर्षों से जापान, हनोई, अमेरिका और यूरोप के विभिन्न देशों में घूम फिरकर चीन की निरंकुश सरकार के विरुद्ध विद्रोह का प्रचार कर रहा था । वह एक गरीब घर में उत्पन्न और सामान्य शिक्षा प्राप्त व्यक्ति था पर उसने आबादी की दृष्टि से संसार में सर्वप्रधान देश के "महामहिम" सम्राट के विरुद्ध बगावत का झण्डा उठाने का साहस किया था । इससे रुष्ट होकर सम्राट ने घोषणा की कि "जो व्यक्ति उसे जीवित या मृत पकड़कर लायेगा उसे दस हजार रुपया पुरस्कार दिया जायेगा ।" इसलिये धन के कितने ही गुलाम उसके प्राणों के भूखे हो रहे थे और इस कारण वह प्रायः एक मुल्क से दूसरे में छिपकर भ्रमण करता रहता था । जब वह अमेरिका से लन्दन के लिये रवाना हुआ तो उस देश में स्थित चीन के राजदूत ने इसकी सूचना तार द्वारा भेज दी थी । लन्दन में सनयातसेन अपने मित्र डॉ. कैण्टली के यहाँ ठहरे और उस नगर में रहने वाले चीनी लोगों से मिल-जुलकर चीन में विद्रोह किये जाने का प्रचार करने लगे । उनको यह पता नहीं था कि उनके पीछे इस दूर देश में भी "शत्रु" के दूत फिर रहे हैं और किसी युक्ति से जाल में फँसाने की योजना बना रहे हैं । इन दूतों ने भी चीन निवासी "देशभक्त" होने का बहाना करके सनयातसेन से जान-पहचान कर ली और एक दिन किसी बहाने से उनको एकान्त स्थान में पकड़कर चीनी दूतावास में लाकर बन्द कर दिया । वहाँ पर एक अंग्रेज नौकर उनको खाना देने आता था । सनयातसेन ने उसको अपनी तरफ मिलाया

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

और उसके द्वारा एक पत्र भेजकर इस घटना की सूचना डॉ. कैण्टली को दे दी । वे तुरन्त ही अपने मित्र के उद्धार के लिये दौड़-धूप करने लगे और इसकी पूरी रिपोर्ट समाचार-पत्रों में प्रकाशित करा दी । अभी तक इस रहस्य का पता चीनी राजदूत और उसके दो-चार सहायकों के सिवा किसी को न था । पर समाचार-पत्रों द्वारा ब्रिटिश जनता को सूचना मिल गई कि उनके जनतन्त्रवादी देश में किसी निरंकुश सम्राट के अनुचर गुप्तरूप से इस प्रकार कानून और नीति-नियमों की हत्या करके किसी व्यक्ति की स्वाधीनता का अपहरण कर रहे हैं । यह बात उनको बड़ी विचित्र जान पड़ी । उन दिनों इंग्लैण्ड स्वाधीनता की भूमि के रूप में विख्यात था और जैमिनी, गैरीवाल्डी, कार्लमार्क्स और लेनिन जैसे जगत प्रसिद्ध क्रान्तिकारियों को सब देशों से निकाले जाने पर वहीं शरण मिली थी । अंग्रेजों को इस प्रकार "स्वाधीनता के अग्रदूत" होने का गर्व था और इसलिये जब उनको मालूम हुआ कि उनकी राजधानी में ही किसी राजनीतिक आन्दोलनकारी को जबर्दस्ती पकड़कर उसके "शत्रुओं" के हाथों सौंपने का षड्यन्त्र रचा जा रहा है; जो उसको भयंकर से भयंकर यन्त्रणा देकर मार देंगे, तो उनके रोष का पारावार न रहा । इंग्लैण्ड में उस समय भी जनता की आवाज का पूरा आदर किया जाता था । इसलिये जहाँ कुछ लोगों ने समाचार-पत्रों में इस अन्याय का निराकरण करने की माँग की और उच्च अधिकारियों को इस प्रकार बेखबर रहने के लिये फटकारा तो सबके कान खड़े हो गये । चीनी राजदूत और उसका अंग्रेज सलाहकार तो भौचक्के रह गये कि उनका यह गुप्त भेद किस प्रकार खुल गया । पर उनको जनता के सम्मुख पदावनत होना ही पड़ा और सनयातसेन को छोड़कर उन्होंने अपनी गलती के लिये क्षमा याचना की ।

उस समय तो यह मामला दो-तीन दिन में समाप्त हो गया और इसके बाद लोग सनयातसेन को बिल्कुल भूल गये । पर २५ वर्ष बाद २६ दिसम्बर, सन् १६११ को ब्रिटिश समाचार एजेन्सी "रायटर" के चीन स्थित सम्वाद्दाता ने समाचार भेजा कि "वही शरणागत व्यक्ति जो अपने देश से भागकर हमारे देश में पहुँचा था और वहाँ भी जिसका पीछा दुश्मनों से न छूटा था, आज चीन के प्रजातन्त्र शासन का सर्वप्रथम प्रधान बनाया गया है और इस समय वही उस महादेश का कर्त्ता-धर्त्ता और सूत्रधार है ।" यह समाचार पढ़कर फिर लोग चकित हो गये और प्रश्न करने लगे कि इस बीच में ऐसी क्या बात हो गई कि वह भागा-भागा फिरने वाला और साधनहीन मनुष्य, इतने बड़े पद पर पहुँच गया ?

जन्म और बाल्यकाल

सनयातसेन का जन्म चीन के "क्वानटंग" प्रान्त में सन् १८६६ में हुआ था । उनके पिता "सन टोव्याचान" एक गरीब किसान थे इसलिये इनका बालपन मामूली ग्रामीण बच्चों की तरह ही व्यतीत हुआ । गाँव की पाठशाला में ही उन्होंने मामूली पढ़ना-लिखना सीख लिया, पर उसी समय वे बाहरी संसार के विषय में दिलचस्पी लेने लगे थे । उनके एक बड़े भाई भी थे जिनका नाम था "सन मी" । वे उस समय अनेक चीनी गरीब लोगों की तरह मजदूरी करने "हवाई द्वीप" में चले गये और वहाँ गन्ने के खेतों में काम करने लगे । यह द्वीप अमेरिका वालों के अधिकार में था और वे वहाँ के आर्थिक विकास के लिये बहुत प्रयत्न कर रहे थे । कुछ वर्ष वहाँ मजदूरी करके तथा कुछ धन कमाकर जब "सन मी" घर वापस आया तो "हवाई द्वीप" की समृद्धि तथा सम्पति के उन्होंने अनेक किस्से सुनाये । उन्होंने "सनयातसेन" को भी उस देश की यात्रा करने के लिये प्रोत्साहित किया । यद्यपि उस समय वे १३ वर्ष के ही थे, तो भी बाहरी संसार का निरीक्षण करने की लालसा से जाने को राजी हो गये और किसी प्रकार सन् १८७६ में चीनी मजदूरों के एक दल के साथ हवाई द्वीप की राजधानी "होनोलूलू" पहुँच गये ।

हवाई द्वीप पहुँच कर सनयातसेन को अनुभव हुआ कि वहाँ रहने के लिये उनको अंग्रेजी भाषा का सीखना आवश्यक है । इसलिये वे ईसाइयों के एक चर्च-स्कूल में भर्ती हो गये । इसके सब शिक्षक अंग्रेज थे और विद्यार्थियों को पूरी तरह नियन्त्रण में रखकर जीवनोपयोगी शिक्षा देते थे । वहाँ धार्मिक शिक्षा पर बड़ा ध्यान दिया जाता था और सुबह-शाम होने वाली 'प्रार्थना' में उपस्थित होना अनिवार्य था । सनयातसेन ने गाने का भी कुछ अभ्यास कर लिया था, इसलिये वे उस स्कूल में अच्छे विद्यार्थी समझे जाते थे ।

तीन वर्ष बाद जब वे अपने घर लौटकर आये तो उनके विचारों में बहुत परिवर्तन हो गया था । अब वे अपने समाज में प्रचलित रूढ़ियों और दासतापूर्ण मनोवृत्ति के विरुद्ध बहुत बातें करने लगे थे और विदेशों की तरह वहाँ नई सभ्यता का प्रचार होना पसन्द करते थे । पर गाँव के मुखिया लोग ऐसी चर्चा को कब पसन्द कर सकते थे, इसलिये उन्होंने सनयातसेन के विरुद्ध "अधार्मिक" का फतवा देकर गाँव से चले जाने का आदेश दे दिया । वे स्वयं भी अब दकियानूसी विचारों के लोगों में रहना पसन्द नहीं करते थे, इसलिये वे अपने पिता से पूछकर हाँगकाँग चले गये और एक स्कूल में विद्याध्ययन करने लगे । वहाँ

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पर इनका परिचय डॉ. हेजर से हुआ जो ईसाई चर्च की तरफ से कार्य करने को चीन भेजे गये थे । उनकी संगति के प्रभाव से सनयातसेन की इच्छा डॉक्टरी पढ़ने की हुई और कॉलेज की तीन श्रेणियाँ उत्तीर्ण करके कैण्टन के एक मिशन अस्पताल में चले गये । वहाँ काम सीखने के लिये प्रतिवर्ष बीस डालर फीस देनी पड़ती थी । सनयातसेन के पास इतना पैसा न था । इसलिये वे अस्पताल का कुछ काम करके अपनी फीस का एक हिस्सा चुका देते थे । छः वर्ष तक मेडिकल कॉलेज में अध्ययन करने के पश्चात् उनको डॉक्टरी की सनद मिल गई ।

मेडिकल कॉलेज में पढ़ते हुए सनयातसेन के क्रान्तिकारी विचारों में और भी वृद्धि हो गई । वहाँ इनको "लूहा चंग" और "चेंग शोह" नामक दो मित्र मिल गये जो ऐसे ही विचारों के थे । ये चीन के निरंकुश सम्राट का तख्ता उलटना चाहते थे और आपस में इसके लिये तरह-तरह की योजना बनाया करते थे । इस उद्देश्य से सनयातसेन और लूहा चंग ने उत्तरी चीन की यात्रा की और फिर पीकिंग में घूम फिर कर राजवंश की स्थिति और शक्ति का पता लगाया । उन्हें मालूम हुआ कि राजा और उसके अधिकारियों के भ्रष्टाचार और अन्यायों के कारण प्रजा में असन्तोष तो बहुत है पर मानसिक दासता के बन्धनों में बँधे रहने के कारण वह किंकर्त्तव्य विमूढ़ हो रही है । उसकी ठीक वही दशा थी जैसी भारतवर्ष में देशी राजाओं की प्रजा की । यहाँ के अधिकांश राजा अयोग्य थे और अपने भोग-विलास से लिये प्रजा का शोषण करने में उनको जरा भी संकोच नहीं होता था । उनके शासन में किसी की सम्पत्ति और इज्जत सुरक्षित नहीं थी, चाहे जब किसी को लूटमार सकते थे । फिर भी प्रजा उनको "सर्वशक्तिमान भगवान" का अंश समझकर पूजती ही रहती थी और अपने भाग्य को दोष देकर सब प्रकार के अन्याय, अपमान, कष्टों को चुपचाप सहन करती रहती थी । यही हाल चीन की जनता का था उसे परम्परा और पूर्वजों की भक्ति के नाम पर ऐसा अन्धविश्वासी बना दिया गया था कि राजा और उसके प्रधान अधिकारियों के विरुद्ध वह न तो कुछ सोच सकती थी और न कर सकती थी ।

सनयातसेन और उसके मित्रों ने इस स्थिति को अच्छी तरह सोच समझकर निश्चय किया कि जब तक चीन में किसी प्रकार की क्रान्ति करके लोगों का मार्गदर्शन न किया जायेगा तब तक उनमें जागृति न होगी और न वे अन्यायी शासकों के विरुद्ध खड़े हो सकेंगे पर इस कार्य के लिये अस्त्र-शस्त्र की आवश्यकता थी जो बिना रुपयों के प्राप्त नहीं हो सकते थे । इसलिये इनकी निगाह फिर हवाई द्वीप की तरफ गई और वहाँ जाकर इन्होंने "उन्नतिशील चीनी समाज" नामक समिति की स्थापना की । इसका उद्देश्य उन चीन निवासियों को संगठित करना था जो अपने देश की उन्नति की आकांक्षा रखते थे ।

उसी समय चीन और जापान में युद्ध छिड़ गया और चीन की हार पर हार होने लगी । सनयातसेन का विचार था चीन सरकार के हारने पर ही वहाँ पर क्रान्ति हो सकना सम्भव होगा । चीन की सेना के निकम्मेपन को देखकर उनको विश्वास हो गया कि यदि सुदृढ़ विचारों के थोड़े लोग भी क्रान्ति का झण्डा उठा दें और जनता को संगठित करके शासकों के खिलाफ खड़े हो जायें तो वह सेना उनका कुछ न कर सकेगी । यह सोचकर वे बड़े परिश्रम से जगह-जगह समिति की शाखायें खोलने लगे । उसी समय शंघाई से उनके चीन निवासी मित्रों का पत्र आया कि "क्रान्ति के लिये आपका आना आवश्यक है, चीन हार रहा है ।"

वे हवाई द्वीप से कुछ मित्रों को लेकर चीन आ गये । उस समय युद्ध समाप्त हो गया था । चीन ने जापान से हार मानकर फारमोसा को छोड़ दिया था और कोरिया की स्वतन्त्रता स्वीकार कर ली थी । सनयातसेन ने इस सन्धि को बहुत अपमानपूर्ण समझा और अपने साथियों की राय से निश्चित किया कि शीघ्र ही तैयारी करके विभिन्न प्रान्तों में विशेषकर "कैण्टन" में सरकार पर हमला कर दिया जाये । इस उद्देश्य के लिये पर्याप्त धन एकत्रित करके हथियार मँगाने का प्रयत्न किया गया और बहुत-सी रायफलें और पिस्तौलें खरीदी गईं पर जब उनको कैण्टन के बन्दरगाह पर लाकर उतारा जाने लगा तो भेद खुल गया और पुलिस ने ६०० पिस्तौलें बरामद कर लीं । उसी समय क्रान्तिकारियों के मुख्य कार्यालय पर भी धावा किया गया, जहाँ १७ आदमी पकड़े गये । इनमें से तीन को फाँसी दे दी गई । यह घटना सन् १८९५ की है ।

पर सनयातसेन उनके हाथ नहीं आये । वे वेश बदल कर बच निकले और हाँगकाँग में अपने मित्र डॉ. कैण्टली के पास जा पहुँचे । परन्तु वहाँ भी वे सुरक्षित नहीं रह सकते थे । अंग्रेजों के अधिकार में होने पर भी वह चीन का ही एक भाग है और वहाँ के अधिकांश निवासी चीनी ही हैं । उसी समय चीन सरकार की तरफ से उनकी गिरफ्तारी के लिये पुरस्कार की घोषणा कर दी गई थी । इसलिये वे कुछ मित्रों की सहायता से "काबी" नामक छोटे स्थान को चले गये । वहाँ उन्होंने अपने लिये जापानी पोशाक तैयार कराई और अपने बालों को भी उसी ढंग पर कटवाया । अब वे अपटूडेट जापानी दिखाई पड़ने लगे, जिनको पहचान सकना कठिन था ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

"काबी" से वे हवाई टापू को रवाना हो गये और वहाँ छः महीने तक रहे । वहाँ से अमेरिका गये और तीन-चार महीने अमेरिका प्रवासी चीनियों में घूम-फिरकर उनमें क्रान्ति की भावना भरते रहे । वहाँ से इंग्लैण्ड गये जहाँ अक्टूबर १८९६ में उनको धोखे से गिरफ्तार किये जाने की घटना हुई, जिसकी चर्चा आरम्भ में की जा चुकी है ।

सन् १८९६ से १८९८ तक वे यूरोप के विभिन्न देशों में भ्रमण करते रहे । यह समय उनके लिये बहुत कष्टकारक था । उनके मित्र उनको जो थोड़ी-बहुत सहायता करते थे, उसी से किसी प्रकार वे अपना निर्वाह करते थे, चाहे कभी पेट भर खाना मिल जाये अथवा आधे पेट ही रह जाना पड़े परन्तु इस बीच में उन्होंने राजनीतिक साहित्य का खूब अध्ययन किया । कार्लमार्क्स के ग्रन्थों को पढ़कर वे कट्टर साम्यवादी बन गये और जीवन के अन्त तक उसी मत का प्रचार करते रहे । इससे उनको संसार की राजनीतिक अवस्था और क्रान्तिकारी कार्यक्रम के लिये आवश्यक बातों का ज्ञान हो गया । लेकिन उस समय चीन की दशा इतनी गिरी हुई थी और वहाँ ऐसी अन्धेरगर्दी चल रही थी कि शीघ्र ही किसी सुधार की आशा, दुराशामात्र थी । सबसे पहली कठिनाई तो उस देश का महान विस्तार ही थी । उस समय चीन का राज्य समस्त यूरोप से भी बड़ा था । यों भी कह सकते हैं कि संसार में रहने लायक जितनी जमीन है उसका चौथाई भाग चीन के अधिकार में था । दूसरी बात यह है कि चीन निवासी घोर दकियानूसी थे । इस सम्बन्ध में कुछ लोग कहा करते थे कि "पाश्चात्य देशों के लोग दस वर्ष में जितना आगे बढ़ते हैं, चीन वाले उससे भी कम सौ वर्ष में आगे खिसकते हैं ।"

वे लोग हजारों वर्षों से संसार से पृथक् रहकर अपने ही कार्यक्रमों और रहन-सहन में संलग्न रहे । पश्चिमी देश कितनी तरक्की कर रहे हैं अथवा अपना विस्तार करते जाते हैं इसका उनको कोई पता न था । एक मुर्दा भाषा के ग्रन्थों को वे रट लेते थे और समझते थे कि हम ही संसार भर में सबसे अधिक ज्ञानी हैं । उनका देश अनेक प्रकार की नैसर्गिक सम्पदाओं और साधनों से भरा पड़ा था, पर उन्होंने कभी उससे उद्योग-धन्धों के स्थापित करने की बात नहीं सोची । एक जर्मन विद्वान ने बताया था कि चीन के एक प्रान्त में इतना कोयला है कि वह संसार भर के लिये एक हजार वर्ष तक काम दे सकता है पर उस कोयले को निकालने वाला कोई नहीं है । चीन में जो सबसे पहली रेलवे लाइन बनाई गई उसे सरकार ने शीघ्र ही खरीद लिया और पटरियों को उखाड़ डाला तथा इंजन को नदी में डुबा दिया । कारण यही था कि वहाँ के अधिकारी अपने देश में कोई ऐसी बात प्रचलित होने देना नहीं चाहते थे जिससे लोगों में नये विचार और जागृति के भाव उत्पन्न हों ।

सनयातसेन ने स्वयं चीन की दशा का चित्रण करते हुए एक स्थान पर कहा है—"राजनीति की पुस्तकों को छापने और रखने की चीन में आज्ञा नहीं है । दैनिक पत्रों की मनाही है । संसार तथा उसमें रहने वाले लोगों और राजनीति की गन्ध भी वहाँ नहीं पहुँची है । सातवें दर्जे के "मन्दारिन" (सरकारी अधिकारी) के नीचे किसी को चीन का भूगोल पढ़ने की आज्ञा नहीं है, विदेशों का भूगोल पढ़ना तो बहुत दूर की बात है । वर्तमान राजवंश के कानून सब लोग नहीं पढ़ सकते । वे केवल उच्च पदाधिकारियों को ही ज्ञात हैं । सामयिक पुस्तकों को पढ़ने की केवल मनाही नहीं है वरन् उसकी सजा प्राणदण्ड है । किसी को कोई नया आविष्कार करने की आज्ञा नहीं है । इस आज्ञा का उल्लंघन करने वालों को फाँसी तक दी जा सकती है । इस तरह लोग अन्धकार में रखे जाते हैं और जिन बातों को सरकार अपने लाभ की समझती है केवल उन्हीं को प्रकट होने देती है ।"

आध्यात्मिकता का झूठा अहंकार

चीन की प्रजा के इस प्रकार अन्धकार में रहने और सब तरह के अन्यायों को सहते रहने का एक और भी कारण था, शायद पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि वह हमारे देश की स्थिति से बिल्कुल मिलता-जुलता था । वह कारण था आध्यात्मिकता और प्राचीन सभ्यता का गलत अहंकार । यद्यपि उस समय चीन की दशा अत्यन्त शोचनीय हो रही थी, वहाँ के सभी श्रेणियों के लोगों में तरह-तरह के दोष भरे हुए थे और वे संसार में "अफीमची" के नाम से विख्यात थे, पर अपने मन में और अपने घर के भीतर वे अपने को संसार की सर्वश्रेष्ठ जाति, सर्वोत्कृष्ट मनुष्य समझते थे । इसका वर्णन करते हुए 'महापुरुष सनयातसेन' नामक निबन्ध में कहा गया है कि—

"इसका कारण यह था कि बहुत समय से चीन को आध्यात्मिक अहंकार का लकवा मार गया था और उसी अहंकार की बेड़ियाँ उसे अब तक जकड़े हुए थीं । जिस समय यूरोप के लोग बिल्कुल जंगली थे, उस समय चीन के लोग बड़े-बड़े मकान बनाना जानते थे । वहाँ बड़े-बड़े ज्योतिषी मौजूद थे, वे लोग बन्दूक चलाना जानते थे, बारूद बना लेते थे, मिट्टी के बर्तन, सरेस आदि अनेक पदार्थ बनाना जान गये थे । उन्होंने छापने की कला का आविष्कार किया था और यूरोप वालों ने उसके पाँच सौ वर्ष बाद उसका हाल सुनकर अपने यहाँ मुद्रणकला का प्रचलन

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

किया । चीन वालों ने १२०० मील लम्बी किलेबन्दी की अभेद्य दीवार, ६०० मील लम्बी एक नहर और रोमन लोगों की सी पहाड़ी सड़कें भी बहुत पहले बना डाली थीं।"

"इसलिये कोई आश्चर्य की बात नहीं कि उन्हें अपनी इस प्रकार की उन्नति पर और विशेष कर ऐसे समय में जबकि सभ्यता और प्रगति में उनका मुकाबला करने वाला उसके पड़ोसी भारत के अतिरिक्त और कोई न था, यह ख्याल पैदा हो गया कि संसार की सारी जातियाँ जंगली हैं और केवल हमारी जाति ही श्रेष्ठ कहलाने योग्य है । यदि हमारी जाति नष्ट हो जाये तो संसार का समस्त ज्ञान भण्डार भी लुप्त हो जायेगा ।"

इस झूठे अहंकार का नतीजा यह हुआ कि चीन दिन पर दिन प्रगति के मैदान में पिछड़ने लगा और उन्नीसवीं शताब्दी में अधिकांश यूरोपियन देश उससे आगे निकल गये किन्तु उसका घमण्ड और अपनी श्रेष्ठता का गुमान ज्यों का त्यों बना रहा । इसका एक हास्यास्पद नमूना उस समय देखने को मिला जिस समय ब्रिटिश पार्लियामेण्ट की आज्ञा से लॉर्ड नेपियर इसलिये केण्टन आये कि इंग्लैण्ड और चीन के बीच व्यापार की वृद्धि की जाये और उसकी शर्तें तय कर ली जायें । इस पर वहाँ के चीनी गवर्नर ने लॉर्ड नेपियर के पत्र के उत्तर में कहा—"मैं ऐसे जंगली जाति वालों से पत्र-व्यवहार भी नहीं करना चाहता, ऐसा करना हमारी शान के खिलाफ होगा । जंगली कौम के लोग आयें-जायें और सिवाय व्यापार के उन्हें किसी दूसरी बात से सरोकार न रहे । चीन के अधिकारी व्यापार जैसी तुच्छ बात की तरफ ध्यान भी नहीं देते, ऐसी छोटी-छोटी बातों का विचार करना भी हमारे लिये अनुचित है ।"

पाठक इन बातों को पढ़ें और अपने देश की हालत पर विचार करें कि हम लोगों के दिमाग भी क्या इसी प्रकार की विचित्र बातों से नहीं भरे पड़े हैं ? हम वैदिककालीन सच्चे अध्यात्म की चर्चा नहीं करते, जब भारतीयों ने जल-थल के कठिन से कठिन मार्गों से चलकर संसार के दूर देशों की यात्रा की, वहाँ के निवासियों को सभ्यता और ज्ञान का पाठ पढ़ाया तथा अपने देश को भी अधिक से अधिक साधन सम्पन्न बनाया लेकिन मध्ययुग में हमारे यहाँ जो विचारधारा फैली वह यही थी कि हम बड़े धर्मात्मा, ज्ञानी, विद्वान् और सभ्य हैं तथा अन्य देशों में प्रायः म्लेच्छ, यवन, दैत्य, व्रात्य, बर्बर आदि निम्नकोटि के मनुष्य भरे पड़े हैं । तभी से हमारे ऊपर विदेशियों के आक्रमण होने लगे और यूनानी, हूण, शक, सीथियन, तातार, पठान आदि अनेक जातियों ने भारतवर्ष के अनेक भागों को ध्वस्त किया, लूटा और आधीन भी बनाया, किन्तु हम सदा यही कहते रहे कि "ये सब असभ्य, राक्षस, तामसी, पापी हैं और ज्ञानी, ध्यानी, तपस्वी, सतोगुणी, त्यागी, पुण्यात्मा तो केवल हम ही है ।" जब पुर्तगाल और इंग्लैण्ड वालों ने व्यापारी के रूप में आकर अपने कदम इस देश में जमाये तब हमने भी यही कहा कि "इस प्रकार बेचने-खोचने के लिये हजारों कोस तक मारे-मारे फिरना तो छोटे लोगों का काम है, हमको इस तरफ ध्यान देने की कोई आवश्यकता नहीं ।" यह कोई काल्पनिक विचार नहीं है, सुप्रसिद्ध पर्यटक अलबरुनी ने भारतवर्ष की तत्कालीन स्थिति का अध्ययन और विवेचन करके यही निष्कर्ष निकाला था । उसने लिखा है—

"हिन्दू लोग समझते हैं कि उनके जैसा दूसरा देश नहीं है, उनके राजाओं जैसा दूसरा राजा नहीं है, उनके धर्म जैसा दूसरा धर्म नहीं है, उनके शास्त्रों जैसा दूसरा शास्त्र नहीं है । यदि तुम खुरासान और ईरान के शास्त्रों तथा विद्वानों के सम्बन्ध में उनसे बात करोगे तो वे तुमको मूर्ख ही नहीं, मिथ्यावादी भी समझेंगे । वे यदि प्रवास करें, दूसरों से मिलें-जुलें तो उनकी यह प्रवृत्ति नहीं रहेगी—कारण, उनके पूर्वज ऐसे संकुचित नहीं थे ।"

इतना ही नहीं जब मुसलमानों और उसके बाद अंग्रेजों ने इस देश पर अधिकार जमा लिया और हमको अपने आधीन बनाकर हर तरह से प्रताड़ित, अपमानित और लांछित किया तब भी हमारी वह मोह-निद्रा भंग नहीं हुई । तब भी हम अपने को धर्मात्मा और उनको म्लेच्छ कहते रहे । पुराने युग की बात छोड़ दीजिये वर्तमान युग में हमने अपनी आँखों से देखा है कि राजाओं और पण्डितों से लेकर सामान्य जन तक अंग्रेजों को 'हजूर'-'हजूर' कहते हुए अपना गला सुखाते रहते थे और उनकी थोड़ी-सी कृपा पाकर ही अपने को धन्य समझते थे, पर अपने घर में अथवा सभा-समाजों में बैठकर यही कहते थे कि हम "ऋषियों और चक्रवर्ती नरेशों" के वंशज हैं और ये तो टापुओं के रहने वाले "धर्महीन और पाप कर्म करने वाले" हैं । जिस समय हम दर्शन और शास्त्रों का मनन करके जीव और ब्रह्म की एकता का प्रतिपादन करते थे, रत्नजड़ित भवनों में निवास करते थे उस समय ये लोग रंग-बिरंगी मिट्टी से अपने शरीरों को पोतकर जंगलों में घूमते थे । लेकिन अन्त में उन्हीं के कदमों में बैठकर आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने वालों ने देश का उद्धार किया और वेद तथा शास्त्रों के अभिमानी "पण्डित" उस समय भी कापुरुष की तरह दूर रहकर व्यर्थ में ही गाल बजाते रहे ।

भ्रष्टाचार का बोलबाला

इस प्रकार देश का विस्तार और लोगों में प्रचलित भ्रमपूर्ण घटनाओं के अतिरिक्त सनयातसेन के मार्ग में

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

तीसरी बड़ी बाधा उस देश में फैला हुआ महा भ्रष्टाचार और सरकारी अधिकारियों का अन्धेर-खाता था । चीन का सम्राट "मंचू" वंश का था जिसे चीन के मुख्य निवासी विदेशी मानते थे । सम्राट ने शासन सम्बन्धी सब कार्य 'मंचू' वंश वालों को ही दे रखा था और वे सब परस्पर मिले-जुले होने के कारण प्रजा के साथ मनमाना व्यवहार करते थे । चीन की हुकूमत में छोटे से चौकीदार या चपरासी से लेकर गवर्नर तक यही चाहते थे कि वर्तमान अन्धेर-खाता जैसा है वैसा ही चलता रहे और जनता में किसी प्रकार के नये विचारों या कार्यों का प्रचार न हो सके । वहाँ के अधिकारियों को वेतन बहुत कम मिलता था और तमाम खर्च "ऊपरी आमदनी" से ही चलता था । इस सम्बन्ध में सनयातसेन ने इंग्लैण्ड में रहते हुए लिखा था कि "शायद अंग्रेज लोगों को इस बात का पता नहीं कि चीन में बड़े-बड़े पदाधिकारियों का निश्चित वेतन कितना कम होता है । उन्हें विश्वास नहीं होगा कि कैण्टन प्रान्त के वायसराय का वार्षिक वेतन ६० पौण्ड है, अर्थात् वह प्रतिमास ५ पौण्ड (अथवा ७५ रुपया) पाता है । जिस वायसराय की प्रजा संख्या की दृष्टि से समस्त इंग्लैण्ड की जनसंख्या से अधिक हो, उसकी तनख्वाह इतनी कम होना क्या आश्चर्य की बात नहीं है ? इससे आप समझ सकते हैं कि अपने पद की योग्यतानुसार ठाट-बाट से रहने और दौलत जमा करने के लिये वह कौन-सा अन्याय न करता होगा ? उसे मजबूरन लोगों पर अत्याचार करना पड़ता है और न्याय को बेचना पड़ता है ।"

"सरकारी दृष्टि में ऊँचा बनने के लिये शिक्षा की परीक्षाओं में अच्छी तरह उत्तीर्ण होना एक साधन है । मान लीजिये एक विद्यार्थी विशेष योग्यता के साथ पास होता है, वह सरकारी नौकरी की खोज करता है और "पीकिंग" (चीन की राजधानी) के अधिकारियों को घूंस देकर एक जगह प्राप्त करता है परन्तु उसकी तनख्वाह से उसका गुजारा नहीं होता । क्योंकि तनख्वाह के बराबर रुपया तो उसे प्रतिवर्ष अपने अधिकारियों को दे देना पड़ता है, ताकि वह अपने स्थान पर बना रहे । परिणाम यह होता है कि वह लूट-खसोट प्रारम्भ करता है, जब गवर्नमेण्ट उसकी पीठ पर हाथ रखे है, यदि तब भी वह काफी रुपया न कमाये, तो उससे बढ़कर बेवकूफ कौन होगा ? वह खूब रुपया कमाता है और अच्छी तरह घूंस देकर ऊँचे पद प्राप्त करता चला जाता है । ज्यों-ज्यों वह ऊँचे पद प्राप्त करता जाता है, त्यों-त्यों उसे धन कमाने में सुविधा होती जाती है । इस प्रकार जो मनुष्य खूब अच्छी तरह से लूट सकता है वही सबसे ऊँचा पद पाता है ।"

जासूसों का जाल

बहुत से लोग यह भी प्रश्न करते हैं कि "जब चीन में ऐसा अन्धेर-खाता फैल रहा था तो क्या वहाँ के समझदार और न्याय-प्रेमी व्यक्तियों के पास ऐसा कोई साधन न था जिससे वे संगठित होकर इस अन्याय को मिटाने का प्रयत्न करते ? यह कैसे सम्भव हुआ कि एक वंश के लोग इतने विशाल देश को अपनी शक्ति से काबू में रख सके ?" इसके उत्तर में इतना ही जान लेना पर्याप्त है कि 'मंचू' शासक चीन निवासियों को डराकर और उनका भेद लेकर ही अपना काम चलाते थे । सरकारी जासूस बड़े शहरों से लेकर छोटे गाँवों तक फैले थे । कारखानों में, होटलों में, रेलगाड़ियों में, निजी घरों तक में जासूस फैले हुए थे और प्रत्येक घटना की जानकारी अधिकारियों को देते रहते थे । वे प्रत्येक बात का तुरन्त पता लगा लेते थे पर ऐसी गुप्त रीति से कि किसी को जरा भी सन्देह न हो । इन जासूसों के लिये कोई काम असम्भव न था । वे अपने घनिष्ठ मित्रों का भी भेद सरकार को बतला देते थे । किसी काम पर पश्चाताप करना तो उनके लिये सम्भव ही न था । चीन के किसी भी गाँव में कोई भी नया आदमी आया कि उसकी खबर तुरन्त अधिकारियों के पास पहुँचा दी जाती थी । किसी भी व्यक्ति के मुँह से सरकार के विरोध में या क्रान्ति के पक्ष में एक भी शब्द निकल जाये तो उसकी आफत आ जाती थी । ये जासूस सम्राट के महलों तक में मौजूद रहते थे और वहाँ भी अगर कोई "सुधारों" की बात करता था तो उसको भी काल-कोठरी में या निर्वासन अवस्था में ही जीवन व्यतीत करना पड़ता था ।

बाक्सर-विद्रोह

पर ऐसा अन्यायी और भ्रष्टाचारी शासन सदैव एक गति से नहीं चल सकता । जब अन्याय का पलड़ा बहुत भारी हो जाता है तो दूसरी तरफ से कोई न कोई प्रतिक्रिया होती ही है । यदि उस देश की प्रजा भय से गूँगी और अपंग हो जाती है तो प्रकृति और किसी उपाय से उसका बदला चुकाने की योजना बनाती है । चीन सरकार तो अपने देश के आर्थिक विकास के लिये कुछ कर नहीं रही थी, पर अन्य देशों को उस देश के असीम साधनों तथा इतनी बड़ी जन-शक्ति को देखकर लालच लग रहा था । उन्होंने चीन सरकार को तरह-तरह से समझा-बुझाकर उससे अपने लिये कितनी ही रियायतें प्राप्त कर लीं । रूस ने साइबेरियन रेलवे के लिये मंजूरी ले ली, फ्रांस, हांकाऊ तक ट्रंक लाइन बनाने की तैयारी कर रहा था, जर्मनी को शनटुंग रेलवे का अधिकार मिल गया था और खानों की व्यवस्था भी उसके हाथ में थी । देश में विदेशियों की इस

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

प्रकार की घुसपैठ कितने ही परम्परावादी राजनेताओं को भी खटकती थी । कुछ लोग विदेशियों से इसलिये अप्रसन्न थे कि इन लोगों ने अपने धर्म का प्रचार भी आरम्भ कर दिया था । इनके पादरी सामान्य जनता को अनेक प्रकार के प्रलोभन देकर धर्म-परिवर्तन करने के लिये प्रेरित करते थे । साथ ही जो लोग ईसाई हो जाते थे उनकी सभी उचित-अनुचित बातों में वे सहायता करने लगते थे । ये बातें सभी श्रेणियों के देशभक्तों और देशाभिमानी व्यक्तियों को अनुचित जान पड़ती थीं । इस कारण सन् १९०० में कितने ही दलों ने मिलकर विदेशियों के विरुद्ध एक अभियान खड़ा कर दिया जिसका इतिहास में 'बाक्सर-विद्रोह' के नाम से उल्लेख किया गया है । उन लोगों ने कितने ही पादरियों को मार डाला और विदेशी दूतावासों को घेरकर मारने की धमकी देने लगे । वह तो चीन की साम्राज्ञी थे, जिनका शासन में बड़ा प्रभाव था, उन्होंने विद्रोहियों को ऐसा करने से रोका और सब प्रकार से कोशिश की, तब जाकर राजदूतों की जान बची ।

इसके कुछ ही समय बाद आठ देशों की सम्मिलित सेनायें अपने देशों के नागरिकों तथा राजदूतों की रक्षार्थ आ पहुँचीं और उन्होंने 'बाक्सर-विद्रोह' को पूरी शक्ति से कुचल दिया । बाक्सरों में अधिकांश पुराने ढंग के योद्धा थे जो तलवारों से लड़ते थे । यूरोपियन सेनाओं की रायफलों के आगे शीघ्र ही उनको भागना पड़ा । इस युद्ध में अंग्रेजों की तरफ से भारतीय सेना भी चीन में लड़ने गई थी । चीन के शासकों को हर तरह से हार मानकर और खुशामद करके अपनी रक्षा करनी पड़ी । फिर भी आक्रमणकारी देशों ने उस पर ३ अरब डालर का जुर्माना ठोक दिया और जब तक वह अदा न हो तब तक कुछ बन्दरगाह आदि पर पूरा या आंशिक अधिकार कर लिया । चीन कभी उस जुर्माने की रकम को न चुका सका क्योंकि अव्यवस्था और भ्रष्टाचार के कारण राष्ट्र का खजाना सदा खाली ही रहता था । इस कारण वहाँ विदेशियों का प्रभाव बराबर बढ़ता ही चला गया । चाहे पारस्परिक प्रतिस्पर्धा के कारण उनमें से कोई चीन पर अपना शासन तो कायम न कर सका पर व्यापार और उद्योग-धन्धों के विकास के नाम पर उन्होंने देश को काफी लूटा-खसोटा । विदेशियों की इसी स्वार्थ-साधन की नीति को देखकर चीन के नवयुवकों में राजनीतिक जागृति उत्पन्न हुई और वे सनयातसेन के नेतृत्व में निरन्तर अपने देश के उद्धार के लिये प्रयत्न करने लगे ।

इस सम्बन्ध में एक मजेदार बात यह थी कि यद्यपि चीन सरकार की इस घटना में बहुत अधिक छीछालेदर हुई और उसको पश्चिमी देशों के सम्मुख घुटने टेककर आत्म-रक्षा की भीख माँगनी पड़ी, परन्तु बाद में जब चीन में इस युद्ध का वर्णन रिपोर्ट और पुस्तकों के रूप में लिखा गया तो उसमें यही बतलाया गया कि "विदेशी लोग व्यापार और निर्वाह के लिये चीन आये और परम दयालु सम्राट तथा राजमाता ने कृपा करके उनको उपयुक्त धन तथा भूमि प्रदान करके उनका पालन-पोषण किया ।" इस घटना से हमको हाल ही में सन् १९६५ वाले पाकिस्तान-भारत युद्ध की याद आती है, जब भारतीय सेनाओं से हर प्रकार हारने और लाहौर तक अधिकार जमा लेने पर भी वह अपने देश में यही प्रचार करता रहा कि हमने भारतीय सेनाओं को खूब मारा है और उसे जगह-जगह से भगाकर वहाँ के अनेक नगरों पर कब्जा कर लिया है । युद्ध समाप्त हो जाने पर भी वहाँ की सरकार और समाचार-पत्र ऐसी ही डींगें मारते रहे । इस प्रत्यक्ष आत्म-प्रवंचना की कोई हद है ।

चीन की गुप्त सभायें

बाक्सर विद्रोह के प्रसंग में चीन की गुप्त सभाओं का वर्णन भी आवश्यक जान पड़ता है, क्योंकि बाक्सर-आन्दोलन और बाद में चीन की हार के फलस्वरूप सनयातसेन के स्वतन्त्रता-आन्दोलन की प्रगति का बहुत कुछ श्रेय इन गुप्त सभाओं को भी था । बाक्सरों की सेना में बहुत से व्यक्ति इन्हीं गुप्त सभाओं के थे । इतना अन्तर अवश्य था कि गुप्त सभाओं के रूप में ये लोग व्यक्तिगत अथवा छोटी-मोटी स्थानीय समस्याओं के लिये कार्य करते थे और बाक्सर-आन्दोलन राष्ट्रीय दृष्टिकोण से आरम्भ किया गया था ।

इस प्रकार की गुप्त सभायें चीन में बहुत वर्षों से कायम थीं और प्रत्येक बड़े गाँव या कस्बे में एकाध सभा अवश्य पाई जाती थी । बड़े-बड़े नगरों में तो छः-सात सभायें भी थीं । इन सभाओं का मुख्य उद्देश्य सभासदों में संगठन, मित्रता और पारस्परिक सहायता पहुँचाने का था । लेकिन विशेष परिस्थिति में वे राजनीति के मामलों में भी भाग लेने लगती थीं । जिस प्रकार प्रत्येक आन्दोलन या संगठन में अच्छे-बुरे दोनों प्रकार के व्यक्ति पाये जाते हैं, वही स्थिति इन गुप्त-सभाओं में थी । इनके कितने ही नासमझ सदस्य कभी ऐसे काम कर बैठते थे जिससे सभा की बदनामी हो जाती थी और उसकी प्रगति रुक जाती थी, परन्तु जिन सभाओं के नेता देशभक्ति और समाजोन्नति की दृष्टि से कार्य करते थे वे बहुत समय तक स्थिर रहकर उपयोगी सेवा करती रहीं ।

इन सभाओं के मुखिया को चीनी भाषा में "थाकू" कहते थे जो कोई सभा में सम्मिलित होना चाहता पहले अपना प्रार्थना-पत्र "थाकू" के पास ही भेजता था । वह

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सब सदस्यों को इसकी सूचना देकर किसी मन्दिर में सभा करता । रात के समय जब सब इकट्ठे हो जाते तो वह एक संक्षिप्त भाषण करके नये व्यक्ति का परिचय कराता । तब वह व्यक्ति सभा के सामने खड़ा होकर मुट्ठी बन्द करके तीन बार प्रणाम करता । इसको चीनी भाषा में "थाटिआ" कहते हैं । इसके उत्तर में सब सदस्य खड़े होकर "थाटिओ" कहते । इसके पश्चात् वे एक-दूसरे से "चीनचा"-"चीनचा" कहते । इसका आशय था कि आप बैठ जायें । चीन में दूसरों के बैठने के पहले अपनी जगह बैठ जाने को सभ्यता के विपरीत माना जाता है । इस तरह "चीनचा"-"चीनचा" कहते-कहते दस-पाँच मिनट गुजर जाते । इस शब्द को कहकर प्रत्येक व्यक्ति थोड़ा झुकता जाता और दूसरों को देखता जाता कि वे भी झुक रहे हैं या नहीं । अन्त में जब सब बैठ जाते तो "थाकू" नये सभासद को चीनी हुक्का देता । उसके एक हाथ में हुक्का रहता और दूसरे में कागज की बत्ती, जिससे हुक्का को पिया जाता है । हुक्का पी लेने पर "थाकू" एक पुस्तक में से सभा के नियम, उपनियम पढ़ने लगता, जिन्हें नये सदस्य को पूरी तरह स्वीकार करना होता था । इस नियमों का स्वरूप बहुत कुछ इस प्रकार का होता था—

(१) आज से मैं इस भ्रातृ-भाव की सभा का सभासद होता हूँ ।

(२) मैं गम्भीरता के साथ सच्चे हृदय से प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं सभा का कोई रहस्य प्रकाशित नहीं करूँगा । यदि मैं ऐसा करूँ तो "थाकू" को जो इच्छा हो वही दण्ड मुझे दे ।

(३) आज से मैं सभा के प्रत्येक सभासद को उसकी उम्र, विद्या और दर्जे के अनुसार अपना बड़ा या छोटा भाई समझूँगा ।

(४) आज से मैं "थाकू" को अपना सबसे बड़ा भाई समझूँगा और उसे अपना आध्यात्मिक पथ-प्रदर्शन भी मानूँगा । मैं प्रण करता हूँ कि उसकी आज्ञा का पूर्णतः पालन करूँगा और उसके आदेशानुसार कार्य करूँगा ।

(५) जिस समय सभा के किसी सभासद को आर्थिक या शारीरिक सहायता की आवश्यकता होगी उस समय मैं उसकी सहायता करने का प्रयत्न करूँगा । इस प्रकार की सहायता देने में यदि अपने प्राण भी देने पड़ेंगे तो भी मैं कुछ संकोच न करूँगा ।

(६) यदि किसी सभासद पर अदालत में कोई सच्चा या झूठा मुकदमा चलेगा तो मैं अपनी सामर्थ्य भर उसे छुड़ाने का प्रयत्न करूँगा । या तो मैं स्वयं उसका गवाह बन जाऊँगा या दूसरों को उसका गवाह बनने के लिये प्रेरित करूँगा ।

(७) मैं गम्भीरता के साथ प्रण करता हूँ कि मैं देश के शत्रुओं का जड़-मूल से सफाया करने का प्रयत्न करूँगा । चाहे यह कार्य मुझे अकेले करना पड़े या अन्य सदस्यों के साथ मिलकर ।

(८) यदि अपना कर्त्तव्यपालन करने में किसी सभासद की मृत्यु हो जाये तो मैं तन-मन-धन से उसके परिवार की सहायता करूँगा ।

(९) यदि मेरे सामने किसी सभासद पर कोई अन्य व्यक्ति आक्रमण करेगा तो मैं तुरन्त उस शत्रु के मुकाबले में अपने भाई का साथ दूँगा । अगर आवश्यक होगा तो उसका सिर काट लूँगा ।

(१०) यदि कोई मुझ पर या सभा के किसी सभासद पर चोट करेगा तो जब तक उसका पूरी तरह बदला न ले लूँगा तब तक मैं चैन से न बैठूँगा ।

(११) यदि सभा के नियमों के अनुसार मैं अपना कर्त्तव्यपालन न करूँ तो "थाकू" और अन्य सभासद मुझे मुनासिब सजा दें ।

फिर ये सब बातें एक कागज पर लिखकर उसे जला दिया जाता और उसकी राख एक शराब जैसे पेय पदार्थ के प्याले में डाल दी जाती । नया सभासद अपने वचनों के प्रमाणस्वरूप उसे पी जाता । अपनी सचाई के प्रमाणस्वरूप वह दूसरा कार्य यह करता कि अपनी उँगली को एक सुई से छेदता और उसमें से दस-बीस बूँद खून निकालकर चाय में मिला देता । उस चाय को वह तथा अन्य सब सदस्य मिलकर पीते ।

इसके पश्चात् अन्तिम परीक्षा की वारी आती । तीन-चार बहुत भारी तलवारें जो भुजाली की आकृति की होती थीं बहुत महीन डोरों से लटका दी जातीं, और नये सदस्य को उनके नीचे इस प्रकार खड़ा कर दिया जाता जिससे उनकी नौकें उसकी गर्दन से छूती रहतीं । "थाकू" एक मुट्ठी चावल लेकर कुछ मन्त्र पढ़ता फिर उनको बड़े जोर से तलवारों की ओर फेंकता । इससे वे तेजी से इधर-उधर हिलने लगतीं । यदि वह सभासद डर जाता या घबड़ा जाता तो सब लोग यह समझ लेते कि यह कच्चा आदमी है और जो प्रतिज्ञायें इसने अभी की हैं उनका पालन न कर सकेगा । इस कारण उसे भरती करने से इन्कार कर दिया जाता ।

कभी-कभी ऐसा भी होता कि एकाध डोरा टूट जाता और तलवार आदमी की पीठ पर गिर पड़ती । इससे उसको बहुत चोट लग जाती और कभी वह मर भी जाता ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

ऐसे अवसर पर अन्य सभासद उससे सहानुभूति दिखाने के बजाय उल्टा क्रोधित होते और कहने लगते कि इसका हृदय शुद्ध नहीं है । उनका विश्वास था कि सच्चे आदमी पर ऐसी विपत्ति नहीं आती । इसलिये वे तुरन्त उसे बाहर निकाल देते और यदि वह इस तलवारों की परीक्षा में अच्छी तरह उत्तीर्ण हो जाता, तो एक भोज होता । तब "थाकू" उसका एक नया नाम रखता और सभा के कुछ गुप्त संकेत उसे बताता, जिससे आवश्यकता पड़ने पर वह सभा के कार्यों में भाग ले सके । उपर्युक्त नियम और सभासद बनाने की प्रणाली सर्वत्र एक-सी नहीं थी । विभिन्न प्रान्तों में ऐसी सभाओं के नियमों में अन्तर होना सम्भव था ।

चीन में नवीन क्रान्ति का आरम्भ

बाक्सर विद्रोह में चीनी शासकों की गहरी हार और बदनामी हो जाने से सनयातसेन को अपने क्रान्तिकारी कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का मौका मिला । चीनी सरकार और हाँगकाँग के अंग्रेज अधिकारी तो उनको आने नहीं देते थे, इसलिये वे जापान में बैठकर ही चीन में विद्रोह खड़ा करने की तैयारी करने लगे । उन्होंने सहायता भेजकर क्रांगटन और फूकीन के समुद्री नगरों पर हमला करने की योजना बनाई । इसके अनुसार देशभक्तों के एक बड़े दल ने उक्त नगरों पर धावा किया पर कुछ असावधानी हो जाने के कारण सफलता प्राप्त न हो सकी ।

यद्यपि विद्रोहियों की प्रथम योजना असफल हो गई, परन्तु देश में चैतन्यता की एक नवीन लहर उत्पन्न हो गई । सरकार को भी कुछ होश आया और शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन किया गया । पीकिंग में एक विश्वविद्यालय की स्थापना की गई और चीनी विद्यार्थियों के लिये विदेशों में जाकर पढ़ने की व्यवस्था भी की गई । इस समय विद्यार्थियों में काफी उत्साह फैल गया था और कई कॉलेज देशप्रेमी नवयुवकों के केन्द्र बन गये । सन् १९०२ में नानकिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने हड़ताल की, जिसमें प्रोफेसर भी सम्मिलित थे । इनमें से जो सरकारी अधिकारियों के आदेश से निकाले गये उन्होंने अपना एक पृथक् कॉलेज स्थापित किया, जिसका नाम "देश प्रेम करो कॉलेज" था ।

डॉ. सनयातसेन इस बीच जापान में रहकर अपना प्रभाव बढ़ा रहे थे, ताकि दूसरी बार क्रान्ति का उद्योग अधिक कारगर तरीके से किया जा सके । सन् १९०३ में बहुत कुछ तैयारी करके वे विश्व-भ्रमण के लिये निकले, ताकि संसार के कुछ राष्ट्रों की सहानुभूति अपने कार्य के लिये प्राप्त कर ली जाये । सबसे पहले वे फ्राँसीसी दूतावास के निमन्त्रण पर अनाम पहुँचे । वहाँ कई बड़े अफसरों से उनका परिचय हुआ और धनी चीनी व्यापारियों से मित्रता करके उनको अपने संगठन का सदस्य बनाया । वहाँ से वे हवाई द्वीप गये, और छः मास तक चीनी जनता में क्रान्ति के अग्रदूत की हैसियत से उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया जाता था । जब वे हवाई द्वीप से अमेरिका के लिये रवाना होने वाले थे उसी समय रूस-जापान संग्राम छिड़ गया । जिससे यात्रा करने में रुकावट पड़ गई । परन्तु ये अपने को जापानी बताकर चालाकी से अमेरिका पहुँच ही गये । इनके अमेरिका आने की सूचना पहले ही समाचार-पत्रों में प्रकाशित हो चुकी थी, पर ये कई सप्ताह तक जनता की नजर से छिपे रहे । कारण यह था कि उसी समय चीन के राजकुमार किसी उत्सव के उपलक्ष्य में अमेरिका आये थे और चीनी व्यापारी बड़ी शान-शौकत से उनका स्वागत कर रहे थे । राजकुमार नहीं चाहते थे कि इस अवसर पर सनयातसेन उनके विरुद्ध कुछ कहने लगे । इसलिये जब राजकुमार अमेरिका से रवाना होने को जहाज पर बैठ गये तभी अमेरिकन अधिकारियों ने सनयातसेन को बाहर आने दिया ।

उस समय और भी एकाध चीनी नेता विदेशों में चीन के शासन-सुधारों के सम्बन्ध में आन्दोलन कर रहे थे, पर सनयातसेन का क्रान्तिवाद उनसे कहीं अधिक प्रभावशाली था । वे जहाँ कहीं जाते वहीं चीन के मंचू सम्राट के विरुद्ध जोर-शोर से प्रचार करते । अमेरिका स्थित चीनी राजदूत इनके आन्दोलन से घबड़ा गया और उसने सूचना प्रकाशित की कि जो कोई चीन निवासी सनयातसेन के संगठन में भाग लेगा उसके घर वालों को चीन में कैद कर लिया जायेगा । परन्तु लोग इससे भी न डरे और सनयातसेन का कार्य बराबर बढ़ता रहा ।

"रिवोल्यूशनरी ब्रदरहुड" की स्थापना

इस प्रकार अमेरिका और यूरोप के विभिन्न देशों में अपने विचारों तथा संस्था का प्रचार करते हुए और वहाँ पर निवास करने वाले चीनियों को अपना सहायक बनाते हुए सनयातसेन १९०५ में सिंगापुर के रास्ते जापान लौटे । उस समय जापान, रूस को हरा चुका था । चीन सरकार से देश निकाले की सजा पाकर चीन के हजारों नवयुवक जापान चले आ रहे थे । जापान की विजय से इन चीनी देश-भक्तों को भी बड़ा प्रोत्साहन मिला । सनयातसेन ने इन लोगों को संगठित करके "रिवोल्यूशनरी ब्रदरहुड" नाम की संस्था बनाई जो पूर्णरूप से क्रान्तिकारी थी । इसने अपने चार उद्देश्य निश्चित किये थे—(१) चीन से मंचू वंश के शासन को हटाना, (२) चीन को चीनियों के लिये

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सुरक्षित रखना, (३) प्रजातन्त्र स्थापित करना, (४) भूमि के वितरण में समानता का भाव रखना ।

इस संगठन ने कुछ समय पश्चात् चीन में क्रान्तियों की धूम मचा दी । सन् १९०६ में हूनन प्रान्त की सीमा पर विद्रोह हुआ । यद्यपि प्रधान कार्यालय ने इसके लिये आदेश नहीं दिया था, लेकिन लोगों ने जोश में आकर बगावत खड़ी कर दी । जब इसके लिये धन की आवश्यकता हुई तो सनयातसेन कैण्टन में चन्दा जमा करने लगे । सरकार को इसका पता लग गया और सनयातसेन को नदी के रास्ते से भागना पड़ा । वे अपने दो मित्रों के साथ अनाम चले गये । यहाँ फ्रांस सरकार इनकी सहायता करने लगी । फ्रांसीसी अफसर चीनी क्रान्तिकारियों को युद्ध की शिक्षा देने लगे । समिति की जापान स्थिति शाखा को हथियार भेजने का आदेश दिया गया । परन्तु वहाँ के कार्यकर्त्ताओं में आपस में फूट हो गई थी, इससे कोई उत्तर ही नहीं मिला । फिर भी सन् १९०७ और १९०८ में चीन में जगह-जगह विद्रोही युवक आक्रमण करने का प्रयत्न करते रहे । सनयातसेन के सहयोगी हुएनसींग ने युवकों में एक नारा चलाया, जिसका आशय था—"मरने के लिये साहस करो ।" कुछ समय बाद फिर क्रान्ति का उद्योग किया पर तब भी जापान से समय पर हथियार नहीं मिले और सरकारी सेना से मुकाबला होने पर विद्रोही पहाड़ों में जा छिपे ।

लेकिन अब क्रान्ति की आग अच्छी तरह भड़क उठी थी । सनयातसेन के बीस वर्ष के अनवरत उद्योग और कष्ट सहन ने चीन की करोड़ों जनता को उसका प्रशंसक और अनुयायी बना दिया था । प्रवासी चीनियों ने सदैव धन द्वारा उनकी भरपूर मदद की । सनयातसेन के प्रचार के फलस्वरूप अधिकांश चीनी जनता के हृदय में मंचू सम्राटों के विरुद्ध घोर घृणा पैदा हो गई थी और वह हर तरह की कुर्बानी करके भी उनके सिंहासन को उलट देने का निश्चय कर चुकी थी ।

सन् १९११ में हुएनसींग ने फिर एक क्रान्तिकारी सेना तैयार की जिसके सदस्यों ने देशोद्धार के लिये प्राण देने की शपथ ग्रहण की । इन्होंने कैण्टन पर हमला किया और सरकारी फौज के साथ पाँच घण्टे तक बड़ी वीरता से लड़ते रहे । उनके पास केवल पिस्तौलें और छोटे बम थे, इसलिये सरकारी सैनिकों की रायफलों से उनका काफी नुकसान हुआ । युद्ध समाप्त होने पर ४३ नवयुवक मरे पाये गये । हुएनसींग शेष साथियों को लेकर अन्यत्र चला गया । क्रान्तिकारियों ने अनेक सरकारी इमारतें नष्ट कर दीं । यह क्रान्ति २९ मार्च को हुई थी, इसलिये जब चीन में राष्ट्रीय प्रजातन्त्र शासन की स्थापना हुई तो इस दिन को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय छुट्टी की तरह मनाया जाने लगा । इसका आशय यह था कि चीनी-क्रान्ति का श्रीगणेश सनयातसेन के सहयोगी हुएनसींग ने किया, यद्यपि उसके सफल होने में कुछ समय लगा और आगे चलकर उसमें तरह-तरह के परिवर्तन भी होते रहे ।

इस दृष्टि से चीन वालों के लिये यह २९ मार्च का दिन वैसा ही है जैसा हमारे यहाँ २६ जनवरी का बन गया है, जबकि सन् १९३० में कांग्रेस की तरफ से देश की स्वाधीनता की घोषणा की गई और उसके लिये सैकड़ों छोटे-बड़े नेताओं ने जेल यात्रा की । यद्यपि स्वराज्य प्राप्त करने के लिये देश को सन् १९४२ में "अंग्रेजो भारत छोड़ो" आन्दोलन करना पड़ा जिसमें लाखों व्यक्तियों को अभूतपूर्व कुर्बानियाँ करनी पड़ीं, तो भी २६ जनवरी का महत्त्व बना ही रहा और उसे आज तक सम्पूर्ण राष्ट्र में "स्वाधीनता दिवस" के रूप में बड़े उत्साह से मनाया जाता है । महत्त्वपूर्ण अवसरों पर बाधाओं के होते हुए कर्त्तव्यपालन का ऐसा ही प्रभाव होता है, चाहे उस समय वह प्रकट में सामान्य ही क्यों न जान पड़े ।

सरकार का आत्म-समर्पण

चीन सरकार पर भी सनयातसेन के आन्दोलन का प्रभाव कम नहीं पड़ा था । यद्यपि वह उनकी गिरफ्तारी की आज्ञा देती रही, पर दूसरी ओर विवश होकर वह जनता को सन्तुष्ट करने के लिये सुधारों की घोषणा भी करने लगी थी । सन् १९०९ में विभिन्न प्रान्तों में व्यवस्थापिका सभायें बनाई गईं और १९१० में राष्ट्रीय व्यवस्थापिका सभा की पहली बैठक हुई । इसमें निश्चय किया गया कि सन् १९१३ तक एक पूर्ण अधिकार प्राप्त पार्लियामेण्ट का संगठन कर दिया जाये । पर सनयातसेन की पार्टी इन दिखावटी बातों से सतुष्ट नहीं हुई । उसका आन्दोलन जारी रहा । शीघ्र ही हैंकाऊ के सरकारी गुप्त-शस्त्रागार में बम विस्फोट हुआ, जिसके लिये उसी समय प्रान्तीय शस्त्रागार से हथियार चुराते हुए आठ सैनिक पकड़े गये जिनको तुरन्त प्राणदण्ड दे दिया गया । बस यही देशव्यापी क्रान्ति का सिग्नल था । सरकारी सेना ने क्रान्तिकारियों के साथ मिलकर खुल्लम-खुल्ला विद्रोह कर दिया । वायसराय का महल बम से उड़ा दिया गया और उसे राजधानी छोड़कर भागना पड़ा । दूसरे दिन शस्त्र तैयार करने वाले कारखाने पर कब्जा कर लिया गया । क्रान्तिकारी कमेटी ने घोषणा-पत्र निकाला कि इसी प्रकार समस्त प्रान्तों में विद्रोह करके वहाँ राष्ट्रीय शासन कायम कर देना चाहिये ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अब पीकिंग की सरकार घबड़ाई और उसने सुधारवादी नेता "युआन शिकाई" को वायसराय बनाकर देश को पूर्ण वैधानिक अधिकार देने तथा अपराधियों को क्षमा प्रदान करने की घोषणा की पर अब ऐसे वायदों का समय बीत चुका था और जनता में शासकों के प्रति रोष की भावना उमड़ रही थी । इसलिये क्रान्ति की लहर एक नगर से दूसरे नगर में बड़ी तेजी के साथ फैलने लगी । नानकिंग में दोनों दलों में बहुत बड़ा युद्ध हुआ और शीघ्र ही वह विद्रोहियों के अधिकार में आ गया । कुछ ही दिनों में १३ प्रान्त स्वतन्त्र होकर विद्रोहियों से मिल गये । इस पर नाबालिग सम्राट के पिता ने जो इस समय रीजेंट का कार्य कर रहा था अपना अधिकार त्याग कर युआन शिकाई को शासन का पूर्ण अधिकार दे दिया ।

इधर सनयातसेन के अनुयायी देशव्यापी क्रान्ति करके सरकार को स्थान-स्थान पर हरा रहे थे, उधर वे स्वयं अमेरिका में दौड़-धूप करके क्रान्तिकारी सरकार का संचालन करने के लिये धन इकट्ठा कर रहे थे । वहीं पर उनको तार मिला कि "हैंकाऊ में क्रान्ति हो गई शीघ्र ही रुपया भेजिये । बूचंग में बागी लोग तैयार हैं ।" जब तक उन्होंने आर्थिक सहायता भेजी तब तक संसार के समाचार-पत्रों में यह सम्वाद प्रकाशित हो गया—"चीन में सनयातसेन की आज्ञा से क्रान्ति हो गई । विद्रोही प्रजातन्त्र स्थापित कर रहे हैं जिसके प्रथम प्रेसीडेण्ट सनयातसेन होंगे ।"

यह समाचार पढ़कर सनयातसेन चुपचाप अमेरिका से इंग्लैण्ड के लिये रवाना हो गये, क्योंकि वे चीन के प्रजातन्त्र शासन को इंग्लैण्ड के नमूने पर ही बनाना चाहते थे । इंग्लैण्ड पहुँचते ही उनको अपने देशवासियों का संदेश प्राप्त हुआ—"चीन लौट आओ, तुमको चीनी प्रजातन्त्र का प्रेसीडेण्ट निर्वाचित किया गया है ।" वे ११ नवम्बर, १९११ को लन्दन से रवाना होकर २४ दिसम्बर को शंघाई पहुँच गये । दूसरे ही दिन संसार में यह खबर फैल गई कि सनयातसेन ने नियमानुसार प्रेसीडेण्ट पद की शपथ ग्रहण कर ली ।

पर इस समय चीन के दो भाग हो गये थे । दक्षिण के प्रान्तों ने तो स्वाधीनता की घोषणा करके सनयातसेन को राष्ट्रपति बनाया था, जिनकी राजधानी नानकिंग में थी । उधर उत्तरी चीन में अभी तक बालक सम्राट गद्दी पर बैठा था और वहाँ के बहुसंख्यक व्यक्ति तथा राजवंशीय नेतागण क्रान्तिकारी पद्धति तथा साम्यवादी आन्दोलन के विरुद्ध थे । इस समय शासन का भार युआनशिकाई को मिल चुका था, जो क्रान्तिकारियों से लड़ने के बजाय समझौता करके काम चलाना चाहता था । उसने तथा उसके साथियों ने यह प्रचार करना आरम्भ किया कि "सनयातसेन शासन कार्य से अनभिज्ञ हैं, इसलिये प्रेसीडेण्ट होने के योग्य नहीं माने जा सकते । वह तो एक गरीब डॉक्टर है जिसने पेट पालने के लिये किसी तरह चिकित्सा विज्ञान तथा औषधियों का सामान्य ज्ञान प्राप्त कर लिया है । वह शासन-संचालन, राजाओं, सम्राज्यों के विषय में क्या जान सकता है ?"

पर ऐसे लोग यह भूल जाते थे कि सनयातसेन वह व्यक्ति था जिसने तीस वर्ष तक देशोद्धार के लिये घोर परिश्रम तथा आत्म-त्याग करके क्रान्ति का मार्ग तैयार किया । उसने इस कार्य में कभी किसी प्रकार का स्वार्थ भाव नहीं रखा, न कभी प्राणों का मोह किया । उसने चीन में क्रान्ति की भावना फैलाने के लिये जितना कष्ट सहन किया है उसका दूसरा उदाहरण मिल सकना कठिन है । ऐसे महान् पुरुष जब राज्य के किसी उच्च पद के संचालक बनाये जाते हैं तो उनके लिये यह आवश्यक नहीं होता कि वे उस पद की ट्रेनिंग पहले प्राप्त करें । हमारे देश का उदाहरण भी इस सम्बन्ध में आँखें खोलने वाला है । यद्यपि पं. जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, बाबू राजेन्द्र प्रसाद ने कभी शासन कार्य नहीं किया था, पर जब उनको भारतवर्ष जैसे बड़े देश की बागडोर सँभालनी पड़ी तो उन्होंने आरम्भ से ही वे कार्य कर दिखलाये जिससे संसार के बड़े-बड़े राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ दंग रह गये ।

सनयातसेन का महान त्याग

लेकिन सनयातसेन के मार्ग में और भी कई बाधायें ऐसी थीं जिनसे चीन का शासन-संचालन कठिन था । एक तो अपने देश का दो हिस्सों में बँटा रहना ही उनको बड़ा हानिकारक और अशोभनीय जान पड़ता था, दूसरे राज्य-कार्य के लिये कोई नियत कोष (खजाना) न था । ऐसे अवसरों पर लोग प्रायः अन्य राष्ट्रों से कर्ज लेकर काम चलाया करते हैं, पर चीन की अस्थिर और डाँवाडोल दशा को देखकर कोई विदेशी कर्ज देने को तैयार न हुआ । इतने पर भी जब सनयातसेन ने देखा कि उन्हीं के कुछ देशवासी स्वार्थवश या अज्ञानता के कारण उनका विरोध कर रहे हैं तो उसका मन शासन-संचालन से हट गया । उन्होंने आज तक जो कुछ कार्य किया था देशसेवा के लिये परोपकार बुद्धि से किया था । स्वार्थपरायणता का उनमें लेशमात्र भी अंश न था अन्यथा वे सदा जो लाखों रुपया चन्दा आन्दोलन के लिये इकट्ठा करते रहते थे उसमें से यदि अपने लिये जमीन-जायदाद बनाकर आराम से जीवन गुजारने लग जाते तो उनसे कोई कुछ कहने वाला न था पर उनको तो

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

आरम्भ से ही एक ही धुन थी कि किसी प्रकार चीन को जागृत और स्वावलम्बी बनाकर संसार के अन्य प्रगतिशील देशों के समकक्ष खड़ा किया जाये । इसके लिये उन्होंने अपने समस्त सुख-सुविधाओं का ख्याल छोड़ दिया था और वर्षों तक एक देश से दूसरे देश में मारे-मारे फिरते रहे । उन्होंने अपने उद्देश्य के लिये जितना कष्ट सहन किया उतना बहुत कम राजनीतिक नेताओं ने किया होगा ।

पर जब युआनशिकाई ने यह कहा कि सनयातसेन शासन-कार्य चला सकने में असमर्थ हैं और उन्हें अपने पद से स्तीफा दे देना चाहिये, तो इस कथन का प्रतिकार करने के बजाय उन्होंने युआन को तार भेजा कि "आपके लिये मैं अपना पद छोड़ने को तैयार हूँ, पर इसमें शर्त यह है कि आप राजतन्त्र से सम्बन्ध त्याग कर प्रजातन्त्र की शपथ लें और सम्राट पर दबाव डालें कि वह राजगद्दी छोड़ दे ।"

युआन इसके उत्तर में कुछ दिन तक तो चुप्पी साधे रहा । पर जब उसने देखा कि चारों तरफ उपद्रव बढ़ता ही जाता है तो उसने एक तार सनयातसेन के पास भेजा कि "इन दिनों सम्राट की आज्ञानुसार मुझे शासन के पूर्ण अधिकार प्राप्त हैं, पर मैं उनको तुच्छ समझता हूँ, मेरी दृष्टि में भी प्रजातन्त्र ही शासन का सर्वश्रेष्ठ रूप है, जैसा कि सारा संसार मानता है । मैं राजतन्त्र के अधिनायक पद से त्याग-पत्र देता हूँ ।"

इस पत्र को पाकर सनयातसेन को हार्दिक प्रसन्नता हुई क्योंकि उनका लक्ष्य एक-मात्र देशोन्नति ही था । उन्होंने नानकिंग की शासन-सभा को अपना त्याग-पत्र भेजते हुए लिखा—"आज मैं अपना त्याग-पत्र इसलिये भेज रहा हूँ कि आप लोग एक अनुभवी व्यक्ति को प्रेसीडेण्ट चुनें । चीन-सम्राट के त्याग-पत्र तथा उत्तरी और दक्षिणी चीन की एकता का श्रेय श्री युआनशिकाई को है । उन्होंने प्रजातन्त्र में अपना विश्वास प्रकट किया है, इस कारण मैं चाहता हूँ कि वे ही राष्ट्रपति निर्वाचित किये जायें ।"

सनयातसेन की आज्ञा को शिरोधार्य कर दूसरे दिन लोगों ने युआन को प्रेसीडेण्ट चुन लिया । पर उनका विश्वास अब भी सनयातसेन पर था । वे जानते थे कि देश को गृह-युद्ध की विभीषिका से बचाने कि लिये उन्होंने यह महान त्याग किया है । इससे जनता की श्रद्धा उनके प्रति और भी बढ़ गई और उन्होंने अपने मन में समझ लिया कि चीन में अगर कोई सच्चा देश-भक्त नेता है तो वह सनायत सेन ही है ।

युआन की धोखेबाजी

परन्तु युआन पुराने तरीके का दकियानूसी व्यक्ति था । वह राजनीति में किसी प्रकार की धूर्तता, असत्य, बेईमानी को बुरा नहीं समझता था । आरम्भ में तो उसने सनयातसेन को पीकिंग बुलाकर उनका शाही ठाट-बाट के साथ स्वागत किया और राजमाता द्वारा उनका प्रीतिभोज दिलवाया । इस प्रीतिभोज के अगुवा वे ही राजकुमार पुलन थे, जिन्होंने अमेरिका यात्रा के समय सनयातसेन को तीन सप्ताह तक सेनफ्रांसिस्को में ही रुकवा दिया था जिस समय सनयातसेन ने युआन शिकाई से बातें कीं तो उनके दिमाग में सबसे बड़ी समस्या रेलवे मार्ग के विकास की थी । युआन ने भी इसे पसन्द किया और सनयातसेन को रेलवे-विभाग का प्रधान बना दिया ।

पर युआन तो स्वभाव से ही स्वेच्छाचारी शासक थे, और अब प्रजातन्त्र में उस स्वच्छन्दता पर रोक लग गई थी । प्रधान सचिव टाँग-वी से जो साम्यवादी था, बात-बात में उनका मतभेद हुआ करता था । इससे अप्रसन्न होकर प्रधान सचिव ने इस्तीफा दे दिया और युआन ने एक ऐसे व्यक्ति को सचिव बना दिया जो काम की दृष्टि से बिल्कुल निकम्मा था ।

रेल-विस्तार की योजना ठीक करके सनयातसेन जापान गये जहाँ ३००० चीनी विद्यार्थियों ने उनका स्वागत किया । कुछ समय बाद उनको समाचार मिला कि युआन शिकाई की स्वच्छन्दता के कारण चीन में गड़बड़ी फैल रही है और ऐसेम्बली उसके कार्यों का विरोध कर रही है । यांगटिसी प्रान्त से असन्तोष फैलने के समाचार मिले और फिर बूचंग नामक नगर में दंगा हो गया । युआन ने विपक्षी दल के तीन गवर्नरों को बर्खास्त कर दिया । यह सब देखकर सनयातसेन ने युआन को तार भेजा कि "आप अपने पद को त्याग दीजिये । आपने राष्ट्र का उत्तरदायित्त्व पूरा करने के लिये पद ग्रहण किया था, लेकिन आपके कारण देश में असन्तोष बढ़ता जाता है ।"

युआन पर ऐसी सच्ची बातों का क्या प्रभाव पड़ सकता था ? वह तो ऐसा राजनीतिक खिलाड़ी था जो फौरन रंग बदल लेते हैं । त्याग-पत्र देना तो दूर उसने सनयातसेन को रेलों का डायरेक्टर जनरल के पद से हटा दिया और स्वयं एकतन्त्र शासक बन बैठने की योजना बनाने लगा । युआन उनका विरोधी बन गया और इसलिये सनयातसेन को फिर देश से बाहर रहना पड़ा ।

कौमिंगटांग का संगठन

कौमिंगटांग चीन की एक पुरानी संस्था थी जो राजनीतिक कार्यों में भाग नहीं लेती थी लेकिन युआन के राष्ट्रपति होने पर इसके सदस्य राजनीतिक कार्यों की तरफ ध्यान देने लगे । वे मुख्यतः युआन के शासन के विरोधी थे । सन् १९१३ में उसने इस संस्था को गैर-कानूनी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

घोषित कर दिया और उसके ३०० सदस्यों को पार्लियामेण्ट से निकाल दिया । यह देखकर सनयातसेन ने जापान में कौमिंगटांग का नया संगठन किया और उसे पूरी तरह क्रान्तिकारी संस्था बना दिया । आगे चलकर यही कौमिंगटांग चीन की शासनकर्त्ता बनी और आज भी चांगकाई शेक की अध्यक्षता में फारमोसा पर उसी का शासन है ।

सन् १९१४ वाले यूरोपियन युद्ध में यूरोपियन राष्ट्र चीन को भी उसमें भाग लेने की प्रेरणा दे रहे थे पर सनयातसेन का विचार था कि चीन को इस समय अपने घर की भीतरी हालत का सुधार करना चाहिये, युद्ध में फँसने से उसका नाश हो जायेगा । इसलिये उन्होंने इंग्लैण्ड के प्रधानमन्त्री लायड जार्ज को एक पत्र लिखा कि "इंग्लैण्ड ने मेरे जीवन की रक्षा की थी, जिसके लिये मैं कृतज्ञ हूँ । मैं अपने देश का भक्त तथा इंग्लैण्ड का मित्र होने की हैसियत से यह कहना चाहता हूँ कि आपकी तरफ से चीन को युद्ध में शामिल कराने की जो कोशिश हो रही है, वह चीन और इंग्लैण्ड दोनों के लिये हानिकारक सिद्ध होगी ।"

सन् १९२१ में पीकिंग की सरकार ने इनको निमन्त्रण भेजा पर चीन की गन्दी राजनीति से असन्तुष्ट होने के कारण ये वहाँ नहीं गये । इस पर इनके ही अनेक सदस्य इनसे असन्तुष्ट हो गये । उसी समय मौका देखकर एक विरोधी जनरल ने इनकी शासन सभा पर हमला कर दिया । ये शहर से भागकर एक जहाज पर ५६ दिन तक छिपे रहे । उस समय एक मात्र चांगकाई शेक ही, जो उस समय एक नवयुवक सैनिक अफसर था, वह उनका सहायक बना रहा ।

जब रूस में क्रान्ति होकर लेनिन की अध्यक्षता में श्रमजीवी शासन की स्थापना हो गई तो उनका ध्यान कम्युनिज्म की तरफ गया और उन्होंने चीन को उसी मार्ग पर चलाने का निश्चय किया, पर राजनीतिक संघर्षों से वे ऊब गये थे और चीन में दलबन्दी से भी काम करने में बड़ी कठिनाइयाँ जान पड़ती थीं । इसलिये वे मुख्य रूप से लिखकर अपना प्रचार-कार्य करने लगे । चीन में प्रजातन्त्र की असफलता पर उन्होंने लिखा—"प्रथम क्रान्तिकारी लहर ने जब चीन को व्याप्त कर दिया था तब मेरे मन में कैसी हलचल मची थी, कितनी खुशी हुई थी ? पर जब क्रान्ति हो जाने पर मैंने देश को वैधानिक विकास की तरफ ले जाना चाहा तो मेरे मित्रों ने कहा—"कार्य करना कठिन होता है और कहना सरल ।" "लोगों की ऐसी मनोवृत्ति के कारण अभी तक चीन के पुनर्संगठन का कार्य कुछ भी आगे नहीं बढ़ सका है । इससे मेरे मनोभाव कुचल गये हैं, मेरी दृढ़ इच्छा शक्ति का हनन हो गया है ।"

सन् १९२३ में रूस का एक विशेष राजनीतिज्ञ "राडोल्फ जौफे" चीन आया । सनयातसेन के साथ उसकी बहुत बातचीत हुई और अन्त में दोनों इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि "चीन में अभी बोल्शेविक ढंग का संगठन सफल नहीं हो सकता, क्योंकि वह अभी साम्यवाद के लिये तैयार नहीं हो सका है । उसकी पहली समस्या एकता तथा पूर्ण स्वतन्त्रता की है ।" जौफे ने सनयातसेन को विश्वास दिलाया कि रूस की चीन के प्रति हार्दिक सहानुभूति है और वह रूस की सहायता पर विश्वास कर सकता है ।

उन्हीं दिनों हाँगकाँग विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सम्मुख भाषण करते हुए उन्होंने कहा—"ब्रिटिश और अमेरिकन जाति बड़ी चालाक होती है । परन्तु इन देशों में भी सामाजिक क्रान्ति की लहर फैली हुई है । सामाजिक क्रान्ति के लिये राजनैतिक क्रान्ति से अधिक त्याग की आवश्यकता है । समाजवाद, लोकतन्त्र तथा राष्ट्रीयता के अनुसार कार्य करने का समय आ गया है । इन्हीं सिद्धान्तों को कार्यरूप में परिणित करने से जनता की उन्नति होगी परन्तु इसके लिये जब बहुत अधिक त्याग किया जायेगा तभी सफलता मिल सकेगी ।"

सनयातसेन अब साठ वर्ष के लगभग हो चुके थे । यह आयु बहुत अधिक न थी, पर जीवन भर कठिन संघर्ष तथा अनेक प्रकार के कष्ट सहन करने के कारण अब उनके शरीर में थकावट आ गई थी और उत्साह भी क्षीण पड़ता जाता था पर उस हालत में भी उन्होंने अपनी सेना का संगठन रूस के आदर्श पर किया और चांगकाई शेक को सैनिक शिक्षा प्राप्त करने के लिये रूस भेजा । जब वे वहाँ से वापस आये तो उनके साथ कुछ रूसी अफसर भी थे । ली-याँग के नेतृत्व में मजदूर और किसान संघों का संगठन भी होने लगा ।

सन् १९२४ में राष्ट्रवादियों ने पीकिंग सरकार की नीति से असन्तुष्ट होकर बालक सम्राट को उसके पद से हटा दिया और सम्पूर्ण चीन को एक संगठन में लाने की बातचीत होने लगीं । सनयातसेन को भी इसमें बुलाया गया । वहाँ पर उनको नई सरकार के पुनर्संगठन की समस्याओं पर विचार करने में इतना परिश्रम करना पड़ा कि वे बीमार पड़ गये । तुरन्त ही उनको चीन के सर्वश्रेष्ठ अस्पताल "यूनियन मेडिकल कॉलेज" में भेज दिया गया । उनका ऑपरेशन करने पर मालूम हुआ कि जिगर में जहरीला फोड़ा हो गया है । डॉक्टर ने उनके मित्रों को सूचित कर दिया कि यह अच्छा नहीं हो सकता और

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सनयातसेन अधिक दिन जीवित न रह सकेंगे । अस्पताल में उनकी स्त्री, पुत्र तथा पुत्री ने यथाशक्ति सेवा की । मरते समय उन्होंने सबसे विदा लेकर यह आशा व्यक्त की कि "भविष्य में सोवियत संघ और चीनी प्रजातन्त्र मिलकर संसार के दलित वर्ग का उद्धार करेंगे ।"

सनयातसेन की मृत्यु के पश्चात् उनके उत्तराधिकारी चांगकाई शेक का प्रभाव निरन्तर चीन के राजनीतिक क्षेत्र में बढ़ता गया और कुछ ही समय बाद वह समस्त चीन का एकमात्र शासक बन गया । यद्यपि समय की गति को देखकर उसने अपने सम्बन्ध रूस की अपेक्षा अमेरिका से अधिक सुदृढ़ बनाये और उसकी सहायता से अपनी सैनिक शक्ति की निरन्तर वृद्धि करता रहा । वह युग रूस और अमेरिका की प्रतियोगिता का था और दोनों ही अपने प्रभाव क्षेत्र को बढ़ाने की चेष्टा कर रहे थे । चांगकाई शेक की पत्नी भी अमेरिका में शिक्षा प्राप्त कर चुकी थी और राजनीतिक क्षेत्र में उसका दबदबा था । इस कारण चीन का शासन नाम मात्र के लिये सनयातसेन द्वारा स्थापित "कौमिंगटांग" संस्था के अन्तर्गत रहते हुए भी अपने संस्थापनकर्त्ता के आदर्शों से बहुत दूर चला गया था ।

दूसरे महायुद्ध के आरम्भ होते ही जापान ने चीन पर आक्रमण किया । यद्यपि चांगकाई शेक ने उसका मुकाबला बड़े साहस से किया और अमेरिका ने भी उसकी अच्छी तरह मदद की, पर जापान की तूफानी चाल के आगे उसे बिल्कुल पीछे हट जाना पड़ा और सन् १९४१-४२ में चीन पर जापानी शासन हो गया लेकिन जब जर्मनी के हार जाने से अमेरिका और इंग्लैण्ड का पलड़ा भारी हो गया तो जापान को लाचार होकर चीन खाली कर देना पड़ा । दो-चार वर्ष तक उसकी स्थिति डाँवाडोल रही, पर फिर मंगोलिया के साम्यवादी दल ने, जिनका नेता माओत्सेतुंग था, चांगकाई शेक को हटाकर चीन पर अपना अधिपत्य जमा लिया ।

सनयातसेन न तो धनी थे और न अधिक विद्वान । इस दृष्टि से उनकी तुलना गाँधी जी से की जा सकती है पर उनमें निःस्वार्थता और देशभक्ति का गुण चरम सीमा पर पहुँच गया था । उन्होंने अनेक आन्दोलनों को सफल बनाया, पर स्वयं पद लेने की इच्छा कभी नहीं की । जब लोगों ने ही कोई दूसरा सुयोग्य व्यक्ति न देखकर कार्यभार उनके कंधों पर डाल दिया तभी उन्होंने कोई पद स्वीकार किया । यदि हम अपने मौजूदा पदलोलुप नेताओं से उनकी तुलना करें तो जमीन-आसमान का अन्तर जान पड़ता है । वास्तव में सच्चे देश और समाज सेवक में अलोलुपता का गुण होना परमावश्यक है, अन्यथा स्वार्थपरता का भाव सब करे-धरे पर पानी फेर देता है ।

भारतवर्ष में इस समय राजनीतिक स्वराज मिल जाने पर भी सामाजिक सुधारों की समस्या बड़ी कठिन सिद्ध हो रही है । यह कार्य मौजूदा पदलोलुप और कमाई करने वाले राजनीतिक नेताओं से नहीं हो सकता । इस उद्देश्य की पूर्ति वे ही कर सकते हैं जिन्होंने धर्मनीति और अध्यात्म को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया है । यदि हमारे यहाँ के नेता और कार्यकर्त्ता डॉ. सनयातसेन के जीवन से शिक्षा ग्रहण करके निःस्वार्थ भाव से देश सेवा करने लगें तो जनता का बड़ा कल्याण हो सकता है ।

जन-क्रान्ति के अध्वर्यु : महापुरुष लेनिन

रूस की राज्यक्रान्ति हो चुकी थी । वहाँ का सम्राट अपने परिवार सहित जेल के सींखचों में बन्द था । कई महीनों से वहाँ 'सोशल डैमोक्रेट दल' वालों का शासन कायम था जिसके हटाने की चेष्टा 'सोशल रिवोल्यूशनरी' (कम्युनिस्ट) पार्टी वाले कर रहे थे । अन्त में उनको सफलता मिली और ७ नवम्बर, १९१७ को उन्होंने कुछ सेनाओं को अपने पक्ष में करके रूस की राजधानी पैट्रोग्राड पर अधिकार कर लिया । पर यह बात कहने में जितनी सरल थी करने में वैसी न थी । देश में चारों तरफ अभी क्रान्ति विरोधी लोग भरे पड़े थे जो जरा-सा भी मौका पाने पर सिर उठाने और नई सरकार का तख्ता उलट देने को तैयार थे । ऐसी अवस्था में अपनी स्थिति को जल्दी से जल्दी मजबूत बनाना क्रान्तिकारी नेताओं का कर्त्तव्य था । इसलिये जिस दिन कम्यूनिस्ट पार्टी ने शासन-सत्ता अपने हाथ में ली उसी दिन शाम को उनके नेता लेनिन ने 'क्रान्सटेड' किले में रहने वाली सेना के अधिकारी से टेलीफोन द्वारा बातें कीं । इस बात-चीत को शार्टहैण्ड द्वारा उस समय ज्यों का त्यों लिख लिया गया था और वह क्रान्तियुग की कठिन परिस्थितियों को समझने का बड़ा अच्छा साधन है । जब लेनिन के सेक्रेटरी ने टेलीफोन को 'क्रान्सटेड' से मिलाया तो एक व्यक्ति की आवाज सुनाई दी जिसने अपने को 'सोशल रिवोल्यूशनरी' दल का मन्त्री बतलाया । सेक्रेटरी ने उससे कहा—"लेनिन नवीन क्रान्तिकारी सरकार की तरफ से आपसे बातें करना चाहते हैं ।"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

"बहुत अच्छा, वह क्या कहना चाहते हैं ?"

इस पर लेनिन ने रिसीवर अपने हाथ में लेकर कहा—"क्या आपको स्थल और जल सेना की डिस्ट्रिक्ट कमेटी की तरफ से बातचीत करने का अधिकार है ?"

क्रान्सटेड से बोलने वाले ने उत्तर दिया—"अवश्य ।"

"क्या आप शीघ्र ही समुद्र में सुरंग बिछाने वाले जहाजों और रणपोतों को पैट्रोग्राड भेज सकते हैं ?"

"इसका पता जल सेना के अधिकारी से लगेगा । मैं उनको आपसे बातें करने को बुलाता हूँ ।"

"हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक जितने सैनिक आप भेज सकते हैं, पैट्रोग्राड भेज दें । पर वे ऐसे हों जो हमारे दृढ़ पक्षपाती हों । ऐसे कितने आदमी आपके पास हैं ?"

"पाँच हजार, हम उनको इसी समय पैट्रोग्राड भेज सकते हैं ।"

"आपके पास जो कुछ आने-जाने के साधन मौजूद हैं, उनके द्वारा आप जल्दी-जल्दी किस समय तक सेना को यहाँ पहुँचा देने का वायदा करते हैं ?"

"चौबीस घण्टे में ।"

"क्या आपके पास लड़ाई का पूरा सरंजाम और भोजन सामग्री मौजूद है ?"

"हाँ हमारे पास खाने-पीने का बहुत-सा सामान है । यहाँ ३५६ मशीन गनें और कुछ बड़ी तोपें भी हैं जिनको हम आपके काम के लिये भेज सकते हैं ।"

लेनिन ने खुश होकर कहा—"तब मैं आपसे सोवियत सरकार के नाम पर कहता हूँ कि आप सेना को फौरन रवाना कर दें । आप जानते हैं कि यहाँ नई सरकार की स्थापना हो गई है । इस सम्बन्ध में 'क्रान्सटेड' की स्थानीय सोवियत का भाव कैसा है ?"

"वह इस खबर को सुनकर बड़ी खुश है ।"

"तब आप पैदल सेना को पूरे सरंजाम के साथ बिना देर लगाये रवाना करने का इन्तजाम करें ।"

दूसरे दिन ठीक समय पर 'क्रान्सटेड' की सेना पैट्रोग्राड आ पहुँची और उस समय से बराबर लेनिन की नई सरकार की सबसे बड़ी सहायक बनी रही ।

बड़े भाई को प्राणदण्ड

जिस लेनिन (जन्म १८७०) को रूसी राज्यक्रान्ति की रक्षा की इतनी अधिक चिन्ता थी और जिसको सफल बनाने में उसने अपना जीवन दे दिया, वह सच्चे अर्थों में रूस की श्रमजीवी क्रान्ति का निर्माता था । उसने जब से होश सँभाला निरन्तर जनता के अधिकारों और गरीबों के उद्धार की लगन उसको लगी रही । इसका एक कारण यह भी हुआ कि उसका बड़ा भाई अलेक्जैण्डर भी क्रान्तिकारी था और विद्यार्थी अवस्था में ही उसने कार्लमार्क्स की एक पुस्तक का रूसी भाषा में अनुवाद किया था । सन् १८८७ में उसने जार की हत्या के षड़यन्त्र में प्रमुख भाग लिया । पकड़े जाने पर उसने अदालत के सामने कहा—"रूस के वर्तमान निरंकुशतापूर्ण शासन में गुप्त हत्याओं के सिवाय और किसी उपाय से राजनीतिक सुधार नहीं हो सकता । मुझे मृत्यु का डर नहीं है । मेरे बाद अवश्य ही अन्य लोग आगे बढ़ेंगे और एक दिन जारशाही को जड़मूल से उखाड़कर फेंक देंगे ।" उस समय अलेक्जैण्डर को इस बात की कल्पना भी न होगी कि उसका छोटा भाई ही उसकी इस मनोकामना को पूरा करेगा ।

पर लेनिन उस सत्तरह वर्ष की अवस्था में भी जनक्रान्ति के महत्त्व और शक्ति को समझता था । अपने भाई का इस प्रकार असामयिक अन्त होने से उसके हृदय को बड़ा तीव्र धक्का लगा और वह सदा के लिये जारशाही का दुश्मन बन गया । पर साथ ही उसने यह भी अनुभव किया कि यह षड़यन्त्र और गुप्त हत्याओं का मार्ग सही नहीं है । उस अवसर पर उसके मुँह से निकला—"नहीं, यह रास्ता ठीक नहीं है, हम इस पर चलकर सफलता नहीं पा सकते ।" उसी समय से वह उस नवीन पथ का पथिक बन गया जो उसकी समझ में रूस को जार की निरंकुश सत्ता से मुक्त कराने के लिये कारगर था ।

इसमें सन्देह नहीं कि किसी भी देश के स्वाधीनता आन्दोलन में उचित मार्ग चुनने का भी बड़ा महत्त्व है । यदि ऐसा न किया जाये तो प्रकट में बड़ा परिश्रम, त्याग, कष्ट सहन करते हुए भी हम अपनी शक्ति को बर्बाद करते रहते हैं और प्रगति मार्ग पर बहुत ही कम अग्रसर हो पाते हैं । हमारे देश की हालत इस समय बहुत कुछ ऐसी ही दिखाई पड़ती है। सभी राजनीतिक कार्यकर्त्ता अपने-अपने रास्ते को सही और प्रभावशाली बतलाते हैं और उसके लिये एक नई पार्टी अथवा संस्था बनाकर अपनी ढाई चावल की खिचड़ी अलग पकाना ही महत्त्वपूर्ण मानते हैं। पर वास्तव में लेनिन के समान व्यक्ति समस्त राष्ट्र में दो-चार ही होते हैं जो समय की गति को बिल्कुल ठीक समझ सकते हैं और अनुकूल विधान बना सकते हैं। हमारे देश में महात्मा गाँधी इसी श्रेणी में थे और इसलिये उन्होंने असम्भव को सम्भव करके दिखा दिया ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जैसे ही लेनिन अपने नगर की पढ़ाई समाप्त करके काजन यूनीवर्सिटी में शिक्षा प्राप्त करने पहुँचा वह क्रान्तिकारी विद्यार्थियों की सभा का सदस्य बन गया । यूनीवर्सिटी के अधिकारी उससे पहले ही नाखुश थे, क्योंकि वह जार की हत्या की चेष्टा करने वाले का भाई था और यह उनकी दृष्टि में ऐसा अक्षम्य अपराध था जिसका कोई प्रायश्चित हो ही नहीं सकता । परिणाम यह हुआ कि उसे यूनीवर्सिटी में दाखिल हुए पूरा एक महीना भी नहीं हुआ था कि उसे समारा प्रान्त में निर्वासित कर दिया गया । इस प्रकार सत्रह वर्ष की आयु में वह पहली बार सरकार द्वारा दण्डित किया गया । समारा में उसे दो वर्ष तक रहना पड़ा और इस बीच में उसने अत्याचार पीड़ित किसानों की दशा और मनोभावों का अध्ययन किया, ग्रामों की समस्या पर मनन किया, कानून का कोर्स पढ़ा और कार्लमार्क्स के 'कैपिटल' तथा अन्य साम्यवादी ग्रन्थों का भी ध्यानपूर्वक अवलोकन किया ।

दो वर्ष व्यतीत हो जाने पर लेनिन समारा से वापस आकर पीटर्सवर्ग पहुँचा और वहाँ उसने प्राइवेट तौर पर कानून की परीक्षा पास की । उसने सरकारी नियम के अनुसार वकालत भी की—पर केवल दस-बीस दिन । इस समय उसके सामने एक तरफ वकालत से खूब धन कमाने और बड़े लोगों की तरह आराम से रहने का प्रलोभन था और दूसरी ओर क्रान्तिकारी आन्दोलन में पड़कर जन्म भर दरिद्रता, कष्ट और खतरे का जीवन व्यतीत करना था । ऐसा अवसर राजनीतिक कार्यकर्त्ताओं के सामने प्रायः आया ही करता है । बहुसंख्यक व्यक्ति ऐसे अवसर पर निर्बलता का परिचय देकर उच्च आदर्शों से पतित हो जाते हैं । पर लेनिन अपने जीवन का लक्ष्य बहुत पहले निश्चित कर चुका था, इसलिये उसको अपना कार्यक्रम बनाने में कुछ भी कठिनाई न पड़ी । उसने बिना किसी प्रकार की हिचकिचाहट के सुख-वैभव के मार्ग को लात मार दी और पूरी तरह से जन-आन्दोलन में कूद पड़ा ।

श्रमजीवी आन्दोलन

लेनिन का सम्बन्ध यद्यपि आरम्भ से ही क्रान्तिकारी दल से था और उसके बड़े भाई के बलिदान के कारण भी उस दल के प्रमुख व्यक्ति उसको अपना साथी मानते थे । पर जैसे ही उसने मजदूरों के संगठन की बात मुँह से निकाली उस पर चारों तरफ से आक्षेप होने लगे । वह जिस किसी क्रान्तिकारी से मार्क्स के सिद्धान्तों के अनुसार काम करने को कहता वही उसे मूर्ख और स्वप्न देखने वाला बनाता । ऐसे लोगों का कहना था कि रूस कृषि प्रधान देश है और यहाँ मजदूरों की तादाद बहुत थोड़ी है । इसलिये इस देश में मार्क्स के सिद्धान्तों के अनुसार काम किया जा सकना सम्भव नहीं ।

पर लेनिन इस प्रकार से न तो घबड़ाया और न अपने मार्ग से विचलित हुआ । उसने पीटर्सवर्ग के कुछ समझदार मजदूरों को तलाश करके उनको अपना साथी बनाया और 'श्रमजीवियों के उद्धारक संघ' की स्थापना की । इन्हीं दिनों उसने कारखानों में मजदूरों पर होने वाले जुर्माने के सम्बन्ध में एक पुस्तिका प्रकाशित कराई । इसमें बतलाया गया था कि किस प्रकार छोटे-छोटे इल्जामों पर मजदूरों की पूरे महीने की तनख्वाह जब्त कर ली जाती है । किस प्रकार दिन के समय फाटक से बाहर जाने, मालिक से रुपया माँगने, दस-बीस मिनट देर से आने पर भारी-भारी जुर्माने किये जाते हैं । लेनिन की यह पुस्तिका भी सदा की भाँति अत्यन्त सीधी भाषा में सरल ढंग से लिखी गई थी और अशिक्षित मजदूर भी उसे भली प्रकार समझ सकते थे । इसलिये सभी श्रमजीवियों ने उसे बहुत पसन्द किया और वे उसके प्रशंसक बन गये । लेनिन मजदूरों के अन्य कष्टों, जैसे ओवरसियरों द्वारा मजदूरों के पीटे जाने, पीने के लिये पानी की कमी, अधिक समय तक काम कराये जाने आदि के सम्बन्ध में भी आन्दोलन करता था । उसने ऐसी शिकायतों के पर्चे मिट्टी से बने लेथो प्रेस में छपवाकर गुप्त रीति से कारखानों में बाँटे । यद्यपि जमाने के बदल जाने से आज हमको ये बातें बहुत साधारण जान पड़ती हैं, पर उस समय इन्हीं उपायों से लेनिन ने एक बिल्कुल नये और विशाल आन्दोलन की जड़ जमा दी ।

कारखानों में दोपहर की छुट्टी के समय लेनिन नियमपूर्वक मजदूरों के क्लबों में जाकर व्याख्यानों द्वारा उनमें अपने सिद्धान्तों का प्रचार करता था । शाम के समय छुट्टी होने के बाद भी वह उनसे मिलता था और उनके कारखानों के हालचाल निजी जीवन और साथियों के सम्बन्ध में पूछताछ करता था । इस प्रकार वह सदा श्रमजीवियों की वास्तविक दशा का पता लगाने में सचेष्ट रहता था । मजदूरों के जीवन की नित्य-प्रति की घटनायें ही उसके लिये तर्कों और दलीलों का काम देती थीं और इनके द्वारा उसके व्याख्यानों का जो प्रभाव पड़ता था वह बड़े-बड़े ग्रन्थों के सैकड़ों प्रमाणों से भी बढ़कर होता था । वह अपने श्रोताओं से सदा उन्हीं की बोली में बातें करता था और अन्य व्याख्यानदाताओं की तरह लच्छेदार साहित्यिक भाषा से काम नहीं लेता था । इस कारण उसके श्रोताओं की संख्या दिन पर दिन बढ़ने लगी और वे उसे अपना सच्चा हितैषी मानने लगे ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कुछ समय पश्चात् लेनिन ने जर्मनी की यात्रा का निश्चय किया जिससे वहाँ के श्रमजीवी आन्दोलन और मजदूर-संगठनों के विषय में पूरी जानकारी प्राप्त कर सके और उसके आधार पर रूस में भी श्रमजीवी आन्दोलन को सुदृढ़ बना सके । जर्मनी में वह वहाँ के नेताओं से मिला, श्रमजीवियों की सभाओं में सम्मिलित हुआ, व्याख्यान सुने, संगठन-प्रणाली को अच्छी तरह समझा और अन्त में उसे विश्वास हो गया कि वह भी किसी दिन इसी प्रकार स्वतन्त्र रूप में रूस के श्रमजीवी दल का संचालन कर सकेगा ।

जर्मनी से जेनेवा जाकर वह रूस के निर्वासित श्रमजीवी नेता प्लेखनोव से मिला । वह रूस का सबसे पहला श्रमजीवी क्रान्तिकारी नेता था । उसने सबसे पहला क्रान्तिकारी भाषण जो ६ दिसम्बर १८७६ को पीटर्सवर्ग की एक सड़क पर दिया था । उसके हाथ में लाल झण्डा था जो उस समय वहाँ एक नई चीज थी । यह झण्डा क्रान्ति का सन्देशवाहक था । पुलिस नये रंग को देखकर चौकन्नी हो गई और उसने डण्डा चलाकर भीड़ को हटा दिया प्लेखनोव भी रूस के पुराने क्रान्तिकारी दल 'नैरोडार्नकी' का सदस्य था, पर उसके विचार गुप्त-हत्याओं के विरुद्ध थे । उसकी सम्मति में इस तरीके से थोड़े से फल के लिये बहुत बड़ा बलिदान करना पड़ता था । उपर्युक्त घटना के कुछ ही समय बाद वह विदेश चला गया और वहीं से एक पैम्फलेट प्रकाशित करके रूस में श्रमजीवी क्रान्ति का प्रतिपादन किया ।

प्लेखनोव से मिलकर लेनिन को बड़ा सन्तोष हुआ, क्योंकि इस समय रूस में उसके श्रमजीवी कार्यक्रम का समर्थन करने वाला कोई बड़ा नेता न था । इधर प्लेखनोव और उसके सहकारियों पर भी लेनिन के व्यक्तित्व का बड़ा प्रभाव पड़ा । उन्होंने उसमें वह सच्चाई और व्यावहारिकता देखी जो दूसरे लोगों में नहीं पाई जाती थी । प्लेखनोव के पास रूस के इस तरह के क्रान्तिकारी हमेशा आते रहते थे, पर वे सब या तो किताबों में लिखी बातों को तोते की तरह रट लेने वाले होते थे या मनमाने काल्पनिक सिद्धान्तों के मानने वाले । उस समय लेनिन को देख प्लेखनोव के मित्र मारटोव के मन में जो धारणा हुई, वह उसने किसी लेख में इस प्रकार प्रकट की थी—

प्लेखनोव और मैं बहुत दिनों से मार्क्स के सिद्धान्तों का प्रचार कर रहे थे, पर अभी तक हमको कुछ भी सफलता प्राप्त नहीं हुई थी । थोड़े से साम्यवादी हमसे भेंट करने को रूस से आया करते थे, वे ही हमारे समर्थक थे । पर उनका राजनीतिक ज्ञान इतना अल्प था कि उनसे किसी प्रकार की आशा रखना व्यर्थ था । इसलिये जब तक लेनिन से हमारा साक्षात्कार न हुआ तब तक हमको सदा चिन्ता ही बनी रही । इतने दिनों बाद उसे देखकर हमने आपस में कहा कि "अब रूस का श्रमजीवी आन्दोलन मजबूत हाथों में पहुँच गया । अब उसे एक ऐसा व्यवहार कुशल नेता प्राप्त हो गया जो उसके योग्य है ।" यह स्मरण रखना चाहिये कि उस समय लेनिन की अवस्था केवल २५ वर्ष की थी अर्थात् जिस आयु में हमारे नवयुवक प्रायः कॉलेज की साधारण पढ़ाई और फैशन, मनोरंजन, सैर-सपाटा अथवा अन्य हानिकारक व्यसनों में संग्लन रहते हैं, लेनिन ने देशव्यापी महत्त्व प्राप्त कर लिया था और भविष्य में उसकी महान् सफलताओं की सम्भावना बड़े-बड़े अनुभवी नेता भी प्रकट करने लगे थे । यद्यपि लेनिन को आगे चल कर बड़ी-बड़ी कठिनाइयों में जीवन व्यतीत करना पड़ा, पर अपनी सत्यनिष्ठा के बल से अन्त में उसने अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया ।

गुप्त प्रेस और अखबार

विदेश से लौटने पर अपने दल के प्रचार कार्य तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिये लेनिन को एक अखबार की आवश्यकता जान पड़ी । रूस की सीमा के भीतर ऐसा अखबार प्रकट रूस से निकाल सकना सर्वथा असम्भव था । इसलिये पीटर्सवर्ग के बाहर मजदूरों की बस्ती में एक गुप्त छापाखाना खोला गया । जिस मकान में यह छापाखाना था उसका बाहरी दुनिया से कोई भी सम्बन्ध न था । हम अपने देश के तपस्वियों की बातें सुनते रहते हैं जो गर्मी में कुछ घण्टे धूनी तप लेते हैं या व्रत आदि करके काया कष्ट सहन करते हैं । पर इस मकान में जो लोग रहते थे वे बिना किसी प्रकार के लाभ की आशा के दिन रात परिश्रम तो करते ही थे, उनको सदा उसी एकान्त स्थान में बन्द रहकर ही महीनों और वर्षों का समय गुजारना पड़ता था । वे न कभी सूर्य के प्रकाश के दर्शन कर पाते थे न प्रकृति के सुन्दर दृश्यों को देख सकते थे । उनको सदा सीसे के कणों से भरी गन्दी हवा में सांस लेना पड़ता था जिसका कुप्रभाव स्पष्टतः स्वास्थ्य पर पड़ता था । उनको इस बात का भी ध्यान रखना पड़ता था कि पड़ोसियों को उन पर किसी प्रकार का शक पैदा न हो जाये । इसलिये वे अपनी ऊपरी रहन-सहन भले आदमियों की तरह रखते थे । कागज के बंडल चुपके से मकान के भीतर खींच लिये जाते थे और छपे हुए अखबार भी उसी तरह बिना जरा भी शब्द किये सड़क पर पहुँचा दिये जाते थे । लेनिन अखबार की एक-एक लाइन को ध्यानपूर्वक देखता था । उसे इस कार्य में पड़ने वाली प्रत्येक कठिनाई का पूरी तरह ज्ञान था और वह उसको हल करने का उपाय करता रहता था ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सरकार से मुठभेड़

जिस समय लेनिन ने रूस के श्रमजीवियों के संगठन का कार्य आरम्भ किया उस समय इस आन्दोलन की क्या दशा थी और उसने किस प्रकार धीरे-धीरे उसकी शक्ति बढ़ाई इसका वर्णन लेनिन की पत्नी क्रुपसकाया ने जो स्वयं भी पहले से क्रान्तिकारी आन्दोलन की सदस्या थी, "लेनिन की स्मृतियाँ" नामक पुस्तक में बड़े रोचक ढंग से किया है—

"लेनिन सन् १८९३ में पीटर्सवर्ग आया । उस समय मेरा उससे परिचय न था । मैंने सुना था कि "बोलगा" प्रान्त से मार्क्स का एक शिष्य आया है कुछ महीनों बाद एक उत्सव में मेरी उससे भेंट हुई पर उस समय भी कोई विशेष बात नहीं हो पाई । सन् १८९४ के अन्तिम महीनों में वह पीटर्सवर्ग की श्रमजीवी बस्ती में जाकर प्रचार कार्य किया करता था । मैं भी वहीं पर एक स्कूल में अध्यापिका थी, इसलिये मुझे श्रमजीवियों के जीवन का काफी पता था । प्रत्येक रविवार को लेनिन अपने गुप्त-दल के सदस्यों के सामने भाषण देकर लौटते समय मेरे पास आता और हम लोगों में श्रमजीवी आन्दोलन के सम्बन्ध में बहुत सी बातें होती रहती थीं ।"

"हम लोगों को श्रमजीवियों के साथ अधिक मिलते-जुलते देखकर पुलिस को सन्देह हो गया और हम पर निगरानी रखने लगी । इससे बचने के लिये हमको भी चालाकी से काम लेना पड़ता था । लेनिन इस काम में बड़ा दक्ष था । उसे उन तमाम मकानों का पता था । जिनमें दो तरफ होकर निकलने के रास्ते थे । वह पुलिस के जासूसों की आँखों में धूल झोंकने की बीसियों तरकीबें जानता था । उसने हमको किताबों के भीतर अदृश्य स्याही से अथवा अक्षरों के नीचे बिन्दु लगाकर चिट्ठियाँ लिखना सिखलाया । उसी ने हम लोगों के नकली नाम रखे । जब पुलिस वाले हमारा पीछा बहुत अधिक करने लगे तो लेनिन ने कहा कि हममें से एक व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी के बाद काम करने को चुन लेना चाहिये, जिसे सब बातों का भेद मालूम हो । उस समय राजनीतिक दृष्टि से मैं सबसे अधिक विश्वस्त समझी गई और इसलिये लेनिन की सहकारी नियत की गई ।"

"सन् १८९५ के आरम्भ में जब लेनिन विदेश से लौटकर आया तो पुलिस के जासूस दिन-रात उसका पीछा करने लगे । मुझे इसका पता अपनी चचेरी बहिन से लगा और मैंने लेनिन को इसकी खबर दी । अब वह और भी सावधानी से काम करने लगा । विभिन्न स्थानों के आन्दोलन के लिये पृथक् दल बनाये गये । इसी समय मजदूरों में प्रचार के गुप्त पर्चे निकालने का निश्चय किया गया । आरम्भ में ये पर्चे हाथ से लिखकर निकाले जाते थे, जिनको मजदूरों ने बहुत पसन्द किया ।"

लेनिन की गिरफ्तारी

९ दिसम्बर, १८९५ को लेनिन गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस उसे बहुत दिनों से पहचानती थी, पर उसे उसका खानदानी नाम 'ब्लैडीमिर उलियानोव" ही मालूम था । नये नाम लेनिन का उसे पता न था । अन्त में कारखानों में यह अनुमान किया गया कि वहाँ जो असंख्यों पर्चे बाँटे जा रहे हैं उनका लेखक लेनिन और यह 'उलियानोव' एक ही व्यक्ति है । इसी आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया । पर उसने जेल में पहुँचकर भी अपना काम बन्द नहीं किया । हवालाती कैदियों को बाहर से इच्छानुसार पुस्तकें मँगाकर पढ़ने की सुविधा थी । वह जेल में पुस्तकें मँगाकर और उनके अक्षरों के नीचे बिन्दु लगा कर अपना सन्देश बाहर वाले कार्यकर्त्ताओं को भेजता रहता था । वह दूध से लिखी हुई चिट्ठियाँ भी भेजा करता था । जेल वालों को तो उनमें कुछ दिखाई न देता था पर उसके साथी उनको गरम पानी में डुबाकर मतलब की बात मालूम कर लेते थे । चिट्ठी लिखते समय पकड़ में न आ सके इसके लिये वह रोटी में दूध भरकर लिखा करता था । जैसे ही कोई वार्डर दरवाजा खोलता वह रोटी को मुँह में रख लेता था । उसने एक बार लिखा था कि आज मैंने छः रोटी निगलीं । कुछ दिनों बाद उसे छोड़ दिया गया । क्योंकि पुलिस उसके खिलाफ कोई अभियोग सिद्ध न कर सकी ।

साइबेरिया में निर्वासन

इसके कुछ समय बाद पीटर्सवर्ग के कपड़ा बनाने वाली मिलों के पैंतीस हजार मजदूरों ने अकस्मात् हड़ताल कर दी । उनकी माँग थी कि काम करने के घण्टे १३ से घटाकर १०·५ कर दिये जाये । एक बार तो पुलिस के दमन तथा अधिकारियों के झूठा वायदा कर देने से मजदूर काम पर लौट गये, पर जब वायदा पूरा न किया गया तो हड़ताल पुनः आरम्भ की गई । काम करने के घण्टे १३ से घटाकर १०·५ कर दिये गये ।

लेनिन और उसकी गुप्त सभा ने इस अवसर पर काफी प्रचार-कार्य किया और जोशीले पर्चों द्वारा मजदूरों के उत्साह को काफी समय तक कायम रखा । इसके परिणामस्वरूप एक हजार मजदूरों के साथ लेनिन को भी गिरफ्तार किया गया और कोई खास अपराध सिद्ध न होने पर भी तीन वर्ष के लिये उसे साइबेरिया में निर्वासन का दण्ड दिया । उच्च न्यायालय के जजों ने अपने फैसले में

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कहा कि ऐसे असाधारण विचार वाले व्यक्तियों का जनता के बीच रहना अवांछनीय है, उनके लिये उपयुक्त निवास स्थान साइबेरिया का बर्फिस्तान ही है । इस आदेश के अनुसार उसे शुसेनिस्क नामक गाँव में जाकर नजरबन्दी का जीवन बिताना पड़ा । यह स्थान पीटर्सवर्ग से कई हजार मील के फासले पर रूस और चीन की सीमा पर और सभ्य जगत् से बिल्कुल बाहर घोर जंगली और सुनसान इलाके में अवस्थित था ।

साइबेरिया उस जमाने में रूस का 'काला पानी' समझा जाता था । जारशाही का विरोध करने वाले राजनैतिक कैदियों को प्रायः वहीं सजा भोगने के लिये भेजा जाता था । निर्वाह सम्बन्धी कठिनाइयों और एकान्त में रहने के कारण सैकड़ों व्यक्ति पागल हो जाते थे । अनेक लोग जेलों में दिये जाने वाले कष्टों के कारण आत्महत्या की चेष्टा में अपने को घायल कर लेते थे, कितने ही जीवित जल जाते थे, कितने ही भूखों रहकर मर जाते थे और कितने ही जेल के अधिकारियों पर हमला करके उनके हाथों प्राण दे देते थे । इस प्रकार के असंख्यों बलिदानों और आन्दोलनों के पश्चात् इनकी दशा में कुछ सुधार हुआ और एक सीमित क्षेत्र के भीतर आने-जाने की अनुमति उनको दी जाने लगी ।

शुसेनिस्क के एक छोटे से घर में लेनिन नजरबन्दी का जीवन व्यतीत करने को पहुँचा । वहाँ ठण्ड इतनी अधिक पड़ती थी कि रात के समय शरीर का खून जम-सा जाता था । कुत्तों के भौंकने से अच्छी तरह नींद आ सकना असम्भव था । रास्ते सुनसान पड़े रहते थे और उनमें आदमियों के बजाय सूअर, बतखें और अन्य जानवर ही अधिक दिखलाई पड़ते थे । वहाँ के असली निवासी बिल्कुल जंगली थे और उनका जीवन अपरिवर्तनशील था । ऐसे एकान्त स्थान में जहाँ बात करने को एक भी प्राणी न हो और न जहाँ कोई सुख-दुःख का हाल पूछने वाला हो, एक शिक्षित और सभ्यता की गोद में पले व्यक्ति का जीवन असहनीय हो जाना स्वाभाविक ही था । पर लेनिन के दिमाग में इतने अधिक विचार भरे हुए थे और उसे अध्ययन की इतनी प्रबल आकांक्षा थी कि वह अपना तमाम वक्त इसी में खर्च कर देता था । इसलिये जिस प्रकार अन्य राजनीतिक कैदी वहाँ मर-खप जाते थे वैसी कोई घटना लेनिन के साथ नहीं हुई, वरन् उसने वहाँ रहते हुए दो उपयोगी पुस्तकें लिखीं जो आगे चलकर श्रमजीवी आन्दोलन के कार्यकर्त्ताओं के लिये बड़ी प्रेरणादायक सिद्ध हुईं । इस प्रकार उसने अपने उदाहरण से सिद्ध कर दिया कि मनस्वी और कर्मठ व्यक्ति किसी भी दशा में क्यों न रहे वह समाज-सेवा का कोई-न-कोई उपयोगी कार्य कर ही सकता है ।

निर्वासन में पत्नी का सहयोग

शुसेनिस्क में लेनिन के पहुँचने के कुछ समय बाद उसकी पत्नी क्रुप्सकाया भी अपनी माँ के साथ वहीं पर आ गई । हड़ताल के सम्बन्ध में उसको 'उफा' प्रान्त में तीन साल के निर्वासन का दण्ड दिया गया था, पर जब उसने कहा कि लेनिन के साथ मेरा विवाह सम्बन्ध निश्चित हो चुका है तो उसे शुसेनिस्क में रहने की आज्ञा मिल गई । रूस के अधिकांश क्रान्तिकारियों की भाँति इन दोनों की शादी भी हुई थी । क्रान्तिकारी दल में जिन दो युवक युवतियों के विचार परस्पर में मिलते हुए होते वे अपनी एक 'मण्डली' बना लेते थे । धीरे-धीरे उनमें घनिष्ठता होती जाती थी और एक दिन अकस्मात् उनको पता लगता था कि वे पति-पत्नी बन गये । अनेक क्रान्तिकारी युवक-युवतियाँ धोखा देने के लिये या घर वालों से छुटकारा पाने के लिये अपने को पति-पत्नी बतला देते थे, यद्यपि उनमें आजन्म इस प्रकार का कोई सम्बन्ध स्थापित नहीं होता था ।

क्रुप्सकाया के पहुँचने पर लेनिन का जीवन-क्रम अधिक व्यवस्थित हो गया क्योंकि ये दोनों माँ बेटी घर की व्यवस्था कर लेती थीं और लेनिन को अध्ययन और लिखने-पढ़ने का काम करने का पूरा अवसर मिल जाता था । वह यहाँ रहकर भी रूस के श्रमजीवी आन्दोलन और राजनीतिक परिवर्तनों का पता रखता था । वह गुप्त रूप से अपनी कमेटी वालों को हिदायतें देकर आन्दोलन को जीवित रखे हुए था, यद्यपि समय-समय पर कार्यकर्त्ताओं की गिरफ्तारी के कारण वह अव्यवस्थित ढंग से ही चल पाता था तो भी इसका यह परिणाम हुआ कि जब तीन वर्ष बाद वह निर्वासन से लौटकर आया तो उसे काम आरम्भ करने में अधिक समय बर्बाद न करना पड़ा । वहीं पर उसने रूस के श्रमजीवी आन्दोलन को ठीक से चलाने के लिये एक नियमित अखबार निकालने की योजना भी बनाई ।

लेनिन ने जो कानून का अध्ययन किया था वह 'शुसेनिस्क' में कार-आमद हुआ । वह फुरसत के समय में वहाँ के किसानों, मजूदरों आदि से मिलता रहता था और उन्हें मुकदमों तथा अन्य शिकायतों के सम्बन्ध में सलाह-मशविरा दिया करता था । इससे वह लोगों में 'वकील' के नाम से मशहूर हो गया और दूर-दूर के किसान उससे सलाह लेने के लिये आने लगे । इससे अनेक लोगों का बड़ा उपकार हो जाता था और वे सरकारी कर्मचारियों के अन्याय से बच जाते थे ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

विदेश से क्रान्तिकारी पत्र का प्रकाशन

सन् १६०० में जब लेनिन निर्वासन से लौटकर आया तो फिर श्रमजीवी आन्दोलन में लग गया । पर उसे उचित मार्गदर्शन के अभाव से चारों ओर मतभेद और दलबन्दी के दर्शन हुए । सब लोग बड़े जोरदार भाषण देते थे और तरह-तरह की योजनायें तैयार करते थे, पर इस बात का पता किसी को न था कि काम कैसे शुरू किया जाये ? पर लेनिन ऊपरी जोश से अलग रहकर परिस्थिति का ध्यानपूर्वक निरीक्षण कर रहा था । वह रात-रात भर षड़यन्त्रकारियों की मीटिंग में सम्मिलित होकर वाद-विवाद में भाग लेता था, पर सुबह जब वह वहाँ से बाहर निकलता तो पुलिस के किसी जासूस को उस पर जरा भी शक नहीं होता था क्योंकि उसमें उन चिह्नों में से एक भी दिखलाई नहीं देता था, जो प्रायः क्रान्तिकारियों में पाये जाते थे । उसके सर पर न तो बालों का गुच्छा-सा था, न उसके हाथ में कागजों से भरा हैण्डबैग लटकता रहता था, न वह लम्बा-सा चुगा पहिनता था और न उसमें कोई अन्य सनकीपन की बात देखने में आती थी । वह ठीक वैसा ही दिखलाई पड़ता था जैसा कि रूस का एक साधारण भला आदमी ।

थोड़े ही दिनों में लेनिन को मालूम हो गया कि वह पीटर्सवर्ग में रहकर कोई काम नहीं कर सकता । आपस का मतभेद और विभिन्न विचार वालों के नेतृत्व के झगड़े इतने बढ़ गये थे कि किसी उपयोगी आन्दोलन का चल सकना असम्भव था । इसलिये उसने उस क्रान्तिकारी अखबार को प्रकाशित करने की योजना में ही लग जाना ठीक समझा जिसकी योजना निर्वासन काल में उसके दिमाग में आ चुकी थी । इस प्रकार का अखबार रूस की सीमाओं के भीतर निकाला ही नहीं जा सकता था, क्योंकि यहाँ पग-पग पर सरकार और उसकी पुलिस की बाधा मौजूद थी जिससे कोई व्यक्ति निश्चित भाव से पत्र का कार्य कदापि नहीं कर सकता था ।

इसके पहले भी अनेक लोगों ने विदेश से ऐसे पत्र निकाले थे पर वे शीघ्र ही बेकार और बन्द हो गये । कारण यह था कि वे लोग रूस से अपना सम्बन्ध कायम रख सकने में असमर्थ हो गये । इसलिये लेनिन ने निश्चित किया कि पत्र को आरम्भ करने से पहले रूस में एक ऐसा संगठन बनाया जाये, जिसके द्वारा नियमित रूप से वहाँ की खबरें मिलती रहें और अखबार के बाँटे जाने का पक्का प्रबन्ध हो सके यद्यपि उसका विचार उसे विदेश में छपाने का था, पर उसके लिये ऐसी व्यवस्था बनाना चाहता था कि जिससे मालूम हो कि वह पीटर्सवर्ग से प्रकाशित होता है ।

इस उद्देश्य से 'स्कोव' नामक कस्बे में लेनिन के दल के लोगों की एक कॉन्फ्रेन्स की गई जिसमें पत्र को प्रकाशित करने का निश्चय किया गया । उसका नाम 'इस्क्रा' (चिनगारी) रखा गया । निश्चय हुआ कि उसकी नीति बिल्कुल स्पष्ट रहेगी और प्रत्येक अंक पर यह मोटो (आदर्श-वाक्य) छापा जायेगा—"फ्राम दी स्पार्क शैल स्प्रिंग दी फ्लेम" (चिनगारी से अग्नि की ज्वाला उत्पन्न होगी ।)

स्कोव से लौटकर लेनिन जैसे ही पीटर्सवर्ग के स्टेशन पर उतरा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया । उसके कोट के भीतरी गुप्त जेब से दो हजार रूबल के नोट और तमाम कागज पत्र बरामद हुए । पर यह कागज अदृश्य स्याही से लिखे हुए थे और उसके ऊपर उस चतुर क्रान्तिकारी ने पहले से ही एक धोबी खाना खोलने का हिसाब और बहुत-सी इधर-उधर की बातें पुलिस को धोखे में डालने को लिख रखी थीं । इसलिये उसके विरुद्ध कोई अभियोग न चल सका और उसे एक सप्ताह तक हवालात में रखकर छोड़ दिया गया । वह एक सप्ताह राजधानी और ठहरा और फिर नकली पासपोर्ट की सहायता से प्रेग (हंगरी) होता हुआ म्यूनिच (जर्मनी) जा पहुँचा । इस तरह रूस की निरंकुश सरकार की सख्तियों के कारण एक देश निकाला समाप्त होने पर लेनिन को स्वेच्छा से दूसरा देश निकाला लेना पड़ा ।

'इस्क्रा' का प्रथम अंक सन् १६०० के अन्तिम महीनों में बड़ी धूमधाम से निकला । उसके सम्पादक-मण्डल में प्लेखनोव आदि पाँच रूसी नेता और थे जो उसके लिये महत्त्वपूर्ण सामग्री तैयार करने में सहयोग देते थे । उसको रूस की सीमा के पास तक पहुँचाने में जर्मनी के क्लारा जेटकिन आदि कई श्रमजीवी नेताओं ने सहायता दी । वहाँ पर उनको दुहरे पेंन्दे वाले बक्सों में छुपाकर रखा गया और निर्दिष्ट स्थान तक पहुँचा दिया गया ।

जैसे ही 'इस्क्रा' रूस पहुँचा उसका प्रचार आग की तरह बढ़ने लगा और चारों तरफ उसमें प्रकाशित विषयों की चर्चा होने लगी । कुछ लोगों ने रूस के भीतर भी गुप्त छापेखानों से 'इस्क्रा' नाम से पर्चे प्रकाशित करने शुरू कर दिये जिसमें लेनिन के 'इस्क्रा' के लेखों के सिवा स्थानीय ताजा समाचार भी रहते थे । इस संगठन के समस्त सूत्र लेनिन की पत्नी क्रुप्सकाया के हाथ में थे । वह गुप्त पत्र-व्यवहार करती थी, सूचनायें भेजती थी, खबरों की फायल बनाकर के रखती थी और समस्त 'क्रान्तिकारी यूनियनों' का सम्बन्ध केन्द्रीय- संगठन से ही कायम रखती थी । इस प्रकार घोर परिश्रम करके उसने लेनिन की इस महत्त्वपूर्ण और पेचीदा योजना को कार्यरूप में परिणत कर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दिखाया । रूस में महिला क्रान्तिकारियों की संख्या अन्य देशों की अपेक्षा बहुत अधिक रही है, पर क्रुप्सकाया ने लगभग अज्ञात रहकर जितना महान् कार्य किया उसके उदाहरण थोड़े ही मिलेंगे ।

गरीबी का जीवन

जिस समय लेनिन ने विदेश यात्रा की, क्रुप्सकाया उसके साथ न जा सकी क्योंकि उसका निर्वासनकाल अभी पूरा नहीं हुआ था, इसलिये उसे 'उफा' में ही रहना पड़ा । जब उसने छुटकारा पाया तो अपनी माँ के साथ पीटर्सवर्ग के लिये रवाना हुई । रास्ते में मास्को ठहर कर उसने लेनिन की माँ से भेंट की जिसे वह हृदय से प्यार करती थी । पीटर्सवर्ग कुछ समय ठहर कर और वहाँ के काम की व्यवस्था जमाकर वह अकेली 'प्रेग' के लिये रवाना हुई । उसके पास लेनिन के जितने पत्र पहुँचे थे वे प्रेग के 'मोड्रक' नामक व्यक्ति द्वारा भेजे गये थे । इसलिये उसका ख्याल था कि वह उसी जगह छुपकर रहता होगा । प्रेग में उसे मालूम हुआ कि मोड्रक किसी अन्य व्यक्ति का नाम है और लेनिन रिटमियर के नाम से म्यूनिच में रहता है । वह म्यूनिच पहुँची और रिटमियर का पता लगाती हुई एक शराब के होटल में पहुँची और कहा कि अपने पति 'रिटमियर' से मिलना चाहती हूँ । होटल वाला बड़ा चकराया क्योंकि रिटमियर उसी का नाम था । इतने में होटल वाले की पत्नी आ गई और उसने सब बातें सुनकर कहा कि ये सम्भवतः मि. मेयर की पत्नी हैं जो पीछे की तरफ रहते हैं । वह उसे भीतर लिवाकर ले गई जहाँ एक छोटे से कमरे में बैठा लेनिन कुछ लिख रहा था । उसे देखकर क्रुप्सकाया की परेशानी दूर हुई और कुछ गुस्से में कहा—"भले आदमी ! तुमने कभी यह भी नहीं लिखा कि किस कोने में छिपे हुए हो ।

लेनिन ने कहा—"तुम क्या कहती हो ? मैं तुमको तलाश करने दिन में तीन बार स्टेशन जाता हूँ । तुम आई किस तरफ से हो ?" बाद में मालूम हुआ लेनिन ने म्यूनिच के पते से क्रुप्सकाया को कई पत्र लिखे थे, पर जिस व्यक्ति को पहुँचाने का भार दिया गया था उसने लापरवाही से उनको यों ही पड़ा रहने दिया ।

लेनिन और उसके दोनों साथियों—'मारटोव' तथा 'पैट्रोसोवन' ने म्यूनिच में नाम बदल कर गुप्त रूप से रहने का निश्चय किया था । इस उपाय से वे अन्य रूसियों से अलग रहकर अपना काम अधिक सुरक्षित रूप से कर सकते थे । लेनिन हर रिटमियर के होटल में 'मेयर' के नाम से रहता था । यह रिटमियर पक्का साम्यवादी था और लेनिन के भेद को हर तरह से गुप्त रखता था ।

अनेक लोगों की आदत होती है कि वे हर एक राजनीतिज्ञ पर जनता के धन पर मौज उड़ाने का आरोप लगाते रहते हैं और वास्तव में कुछ लोग सार्वजनिक धन का इस प्रकार दुरुपयोग करने वाले भी होते हैं । पर लेनिन ने आजीवन जन-आन्दोलन में घोर परिश्रम किया, फिर भी सदा गरीबी का जीवन बिताया । जब वह रूस जैसे महान देश का कर्त्ताधर्त्ता बन गया तब भी वह बहुत मामूली भोजन पर ही निर्वाह करता था । क्रान्ति के आरम्भिक दिनों में तो जब पैट्रोग्राड में खाद्य पदार्थों का अभाव होने से राशन-प्रथा जारी थी, लेनिन दूसरों के बराबर ही रोटी लिया करता था जिससे उसे महीनों तक भूखा रहकर ही जीवन निर्वाह के लिये सोलह और अठारह घण्टा प्रतिदिन काम करना पड़ता था ।

म्यूनिच में भी लेनिन को गरीबी का ही जीवन बिताना पड़ता था । होटल में उसे एक छोटा-सा कमरा मिला था जिसके पीछे एक लम्बा-चौड़ा और गन्दा आँगन था । उसमें सदा छोटे-छोटे लड़के चीखते-चिल्लाते रहते थे और गृहकार्य में व्यस्त मजदूर स्त्रियाँ इधर से उधर जाती रहती थीं । लेनिन दोपहर के समय एक जर्मन महिला के यहाँ भोजन कर लेता था, जो उसे प्रायः दलिया या इसी तरह की कोई दूसरी चीज खाने को दिया करती थी । सुबह और शाम के वक्त वह खुद अपने लिये चाय बना लेता था । शाम को सिर्फ चाय और डबल रोटी खाकर रह जाता ।

क्रुप्सकाया के आने के बाद लेनिन ने होटल छोड़ दिया और एक जर्मन श्रमजीवी के साथ साझे में किराये का मकान लेकर रहने लगा । क्रुप्सकाया 'इस्क्रा' का प्रबन्ध करने के सिवाय खाने-पकाने का काम भी स्वयं ही करती थी । लेनिन का अधिकांश समय "कहाँ से कार्यारम्भ किया जाये ?" (व्हिअर टू बिगिन) नामक पुस्तक के लिखने और 'इस्क्रा' का सम्पादन करने में खर्च होता था ।

लेनिन की कार्य प्रणाली

लेनिन की कार्य प्रणाली रूस के अब तक के अन्य क्रान्तिकारियों से भिन्न प्रकार की थी । वे लोग अधिकांश में छुपकर बम फेंकने अथवा जारशाही को बुरा-भला कहने में ही अपनी शक्ति गँवाया करते थे । पर लेनिन एक कुशल सेनापति की तरह शत्रु से खुले मैदान में युद्ध करने के लिये एक सर्वांगपूर्ण कार्यक्रम बना रहा था और साथ ही अपने सैनिकों की संख्या भी बढ़ाता जा रहा है । इसी उद्देश्य से उसने "कहाँ से कार्यारम्भ किया जाये ?" को लिखा था । यह इतनी महत्त्वपूर्ण पुस्तक थी कि लोग उसे रूस की राज्यक्रान्ति की प्राइमर कहने लगे थे । इस्क्रा के

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पहले ही अंक में लेनिन ने अपनी कार्य प्रणाली का निर्देश इन शब्दों में किया था—

"हमको ऐसे कार्यकर्त्ता तैयार करने चाहिये जो आन्दोलन सम्बन्धी कार्य में सिर्फ छुट्टी के समय ही भाग न लें वरन् अपना समस्त जीवन उसी में लगा दें । हमको एक ऐसे विशाल संगठन का निर्माण करना है जिसमें सब प्रकार के कार्य अलग-अलग व्यवस्थापूर्वक विभाजित कर दिये गये हों । इस समय तक जितनी राजनीतिक वृद्धि हो चुकी है, उससे हम भली प्रकार समझ सकते हैं कि बिना दस योग्य नेताओं के—योग्य नेता सैकड़ों की संख्या में उत्पन्न नहीं हुआ करते—जिनकी सच्चाई प्रमाणित हो चुकी हो, अपने कार्य का पूर्ण अनुभव रखते हों और जो वर्षों तक काम करने का अभ्यास कर चुके हों, कोई जोरदार आन्दोलन नहीं चलाया जा सकता ।"

उपर्युक्त कथन पर कुछ लोग यह आक्षेप कर सकते हैं कि इस प्रकार के थोड़े से नेताओं को पकड़ कर आन्दोलन को खत्म कर देना तो सरकार के लिये सहज होगा, अतः सिद्धान्त-जन आन्दोलन के विरुद्ध है । इसका समाधान करते हुए लेनिन ने लिखा था—

"सम्भव है कि साधारण बुद्धि के व्यक्ति इस एतराज को सच ही मान लेंगे । पर मैं विश्वासपूर्वक कह सकता हूँ कि दस योग्य मनुष्यों को पकड़ सकना जितना कठिन है उतना कठिन सौ मूर्खों को पकड़ना नहीं है । मैं सदा इस सिद्धान्त पर अटल रहूँगा चाहे दूसरे लोग इसको 'प्रजातन्त्र विरोधी' कहकर जनता को मेरे विरुद्ध कितना भी क्यों न भड़कावें । योग्य व्यक्तियों से मेरा आशय उन्हीं लोगों से है जो एक मात्र आन्दोलन सम्बन्धी कार्यों में ही संग्लन रहते हैं, फिर वे जन्म से चाहे विद्यार्थी हों या श्रमजीवी ।"

हमारा देश भी आजकल ऐसी ही परिस्थितियों में होकर गुजर रहा है । सार्वजनिक और राजनीतिक कार्यों में लोग योग्यता और अभ्यास की ओर बहुत कम ध्यान देते हैं । जो कोई जाति, सम्प्रदाय या किसी प्रकार के स्वार्थ के आधार पर कुछ लोगों को अपना साथी बना लेता है, वही नेता, शासन-संचालक बन बैठता है । इसी के फलस्वरूप हमारे जन-आन्दोलन में इतनी त्रुटियाँ, भ्रष्टाचार दिखाई पड़ता है । यदि सार्वजनिक कार्यकर्त्ताओं को पहले इस कार्य की नियमित शिक्षा दी जाये और वे लोग इस कार्य को जीवन का उद्देश्य समझ कर स्थायी रूप से करें तो स्थिति में बहुत कुछ सुधार हो सकता है ।

अन्य नेताओं से मतभेद

कुछ समय बाद 'इस्क्रा' को छापने वाले प्रेस ने उसका काम करने से साफ इन्कार कर दिया । क्योंकि षडयन्त्रकारी कामों में भाग लेने में उसे खतरा जान पड़ने लगा था । अधिकांश कार्यकर्त्ताओं की सलाह से उसे लन्दन से निकालने का निश्चय किया गया और लेनिन, प्लेखनोव आदि नेता वहीं जाकर रहने लगे इस समय 'इस्क्रा' का प्रभाव रूस में बहुत फैल गया था और सरकार ही उससे न घबड़ा रही थी वरन् अन्य राजनीतिक दलों के नेता भी उसका विरोध करने लगे थे । नर्म दल वाले राजनीतिज्ञों से तो उसका आरम्भ से ही विरोध था, पर अब गर्म विचारों के अन्य क्रान्तिकारी नेता भी उसके इसलिये विरोधी बन गये थे, क्योंकि जनता पर उसका प्रभाव बढ़ता ही जाता था । लेनिन के अन्य सहकारियों को भी ऐसा अनुभव होने लगा कि सर्वसाधारण की सहानुभूति उसकी ओर अधिक है । इन कारणों से क्रान्तिकारियों के दल में वैमनस्य का बीज पड़ गया जो आगे चलकर बहुत बढ़ गया और जिसके कारण लेनिन के कार्यों में बराबर अड़चन पड़ती रही ।

इस अनुभव के आधार पर लेनिन ने यही निश्चय किया कि अपने ही कार्यकर्त्ताओं का स्वतन्त्र संगठन हो और पुराने नेताओं से अधिक सम्बन्ध नहीं रखा जाये क्योंकि जब पुराने नेता किसी नये व्यक्ति को आगे बढ़ते देखते हैं तो उनको अपने प्रभाव के कम पड़ जाने की आशंका हो जाती है और वे उसको हटाने की प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष कोशिश करने लगते हैं । भारतवर्ष के राजनीतिक क्षेत्र में इस समय जो घोर विशृंखलता फैली हुई है और यहाँ की राष्ट्रीय कांग्रेस में जो भंयकर दलबन्दी उत्पन्न हो गई है, वह इस बात का बड़ा सुदृढ़ प्रमाण है कि राजनीतिक क्षेत्र की अनुचित महत्त्वाकांक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के पतन का कारण होती है । सार्वजनिक कार्यकर्त्ताओं को इस दृष्टि से बहुत सावधान होकर आगे कदम बढ़ाना चाहिये ।

वास्तव में अनेक नेताओं की तरह लेनिन का उद्देश्य अपनी योग्यता को पुस्तक में लिख देना ही न था । न वह केवल गर्मागर्म भाषण करके लोगों की वाहवाही से सन्तुष्ट होने वाला नेता था । उसने लिखने की मेज पर बैठे हुए जो स्वप्न देखा था, वह उसे निरन्तर आगे बढ़ने को प्रेरित करता रहता था । वह एक ऐसे दल के संगठन की अभिलाषा करने लगा जो उसकी योजना को कार्यरूप में परिणत कर सके । उस समय अत्यन्त साधारण और गरीबी की दशा में रहने पर भी लेनिन एक ऐसी शक्तिशाली संस्था के निर्माण के लिये प्रयत्नशील था जो रूस में उथल-पुथल मचा दे और जारशाही का तख्ता लौट दे । जिस प्रकार संसार के अन्य प्रसिद्ध विजयी योद्धा—सिकन्दर, शिवाजी, नेपोलियन आदि छोटी अवस्था से ही एक विशेष भाव से अभिभूत होकर अपने भावी साम्राज्यों की कल्पना किया करते थे, उसी प्रकार लेनिन भी, जिसने एक बड़ी भारी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सल्तनत को लौटने का प्रण किया था, लन्दन के हाईगेट कब्रिस्तान में कार्ल मार्क्स की कब्र के पास घण्टों तक बैठकर असीम शक्तिशाली भावी बोलशेविक दल का स्वप्न देखा करता था । अन्तर इतना ही था कि प्राचीनकाल के योद्धाओं ने देवताओं अथवा ईश्वर का नाम लेकर के तलवार उठाई थी और लेनिन के कार्यक्रम का आधार इतिहास और समाज-शास्त्र को लेकर बनाया था ।

सरकारी दमन नीति और उसका प्रत्युत्तर

रूस के सभी प्रधान अधिकारी अत्याचारी और कुटिल नीति के अनुयायी थे और अपने लाभ के लिये खराब काम करने में भी नहीं हिचकिचाते थे । जब लेनिन के प्रचार कार्य के फलस्वरूप मजदूरों में मालिकों की शोषण नीति और तरह-तरह के अन्यायों के प्रति असन्तोष भड़क उठा तो देश में जगह-जगह आन्दोलन, सभायें, प्रदर्शन, हड़तालें आदि होनी आरम्भ हो गईं । जब सरकार इनको सीधी तरह से नहीं रोक सकी तो जार के सलाहकारों ने उसे सलाह दी कि श्रमजीवियों और गरीबों को धर्म के नाम पर भड़का कर यहूदी लोगों से लड़वा देना चाहिये । इसमें उनका ध्यान शासन और सरकारी नियमों की बुराइयों की तरफ से हट जायेगा और उधर यहूदियों का भी सफाया हो जायेगा जिनमें क्रान्तिकारियों और आन्दोलनकारियों की संख्या सबसे अधिक है । जार के ये सलाहकार कितने निरंकुश और अत्याचारी थे इसका नमूना जार के प्रधान मित्र कप्तान जनरल ट्रैयोन के भाषण के एक अंश से जाना जा सकता है—

"वे आन्दोलन करते हैं, उनको गोली से उड़ा दो । वे बड़ी-बड़ी बातें करते हैं उनको संगीनों से छेद डालो । मजदूर लोग राज्यक्रान्ति करना चाहते हैं, उनमें थोड़े से पुलिस के भेड़ियों को नकली क्रान्तिकारी बनाकर शामिल कर दो और वे तुरन्त ही—तुम्हारे जाल में फँस जायेंगे ।"

इस योजना के अनुसार रूस में 'पोगरोम' की सृष्टि की गई । इसके कार्यकर्त्ताओं को "ब्लैकहण्डरैड" (कृष्ण घातक) के नाम से पुकारा जाता था । यह लोग ईसाइयों के धर्म चिह्न उठाकर, घण्टा बजाते हुए जलूस बनाकर के निकलते थे और गरीब यहूदियों के घरों में घुसकर उनके तमाम कुटुम्ब की हत्या कर डालते थे और जो कुछ मिलता था उसे लूट लेते थे । दूध पीते बच्चे और स्त्रियाँ भी उनके हाथों से नहीं बच सकती थीं । यद्यपि ये सरकारी नौकर नहीं थे तो भी जार उनकी प्रशंसा करता था और उनको राजभक्त बतलाता था, इससे उनके अत्याचार दुगने-चौगुने बढ़ते जाते थे । इससे भी सन्तुष्ट न होकर जार के अन्य मन्त्री ने किसी विदेशी शक्ति के साथ युद्ध छेड़ने की सलाह दी, ताकि जनता का ध्यान उधर आकर्षित हो जाये और इस बीच में क्रान्तिकारी आन्दोलन को खूब कुचल दिया जाये । इसके लिये राज्य अधिकारियों की एक गुप्त कमेटी बनाई गई जिसमें रात भर के वाद-विवाद के पश्चात् जापान के साथ युद्ध ठानने का निश्चय किया गया ।

इस प्रकार एक तरफ रूस के साम्राज्यवादी जारशाही की निरंकुश सत्ता की रक्षा के लिये हर तरह के कूटनीतिक उपायों का अवलम्बन कर रहे थे और दूसरी ओर साम्यवादियों का एक छोटा-सा दल जन साधारण के उद्धार और स्वाधीनता के लिये प्राणपण से कटिबद्ध हो रहा था । क्रान्तिकारियों की छावनी में बैठा हुआ लेनिन सोच रहा था कि किस उपाय से वह एक दिन नाश हो । पुलिस के थानों और खुफिया पुलिस के दफ्तरों को जलाओ । हमारा उद्देश्य जार की गवर्नमेण्ट को नष्टभ्रष्ट करके अपनी गवर्नमेण्ट स्थापित करना है ।

यद्यपि लेनिन इस समय रूस से सैकड़ों कोस की दूरी पर था, तो भी उसने क्रान्ति के पक्षपाती सभी दलों के व्यक्तियों को मिला कर विद्रोह की अग्नि को भड़काने की पूरी कोशिश की । उसकी निगाह किसानों पर भी थी, क्योंकि रूस उस समय तक मुख्य रूप से खेती किसानी का ही देश था । यह बात दूसरे साम्यवादी नेताओं को कम्यूनिज्म के विरुद्ध जान पड़ी, पर लेनिन ने कहा कि जब तक हम शक्ति प्राप्त नहीं कर लेते तब तक कम्यूनिज्म के सब सिद्धान्तों पर पूरी तरह अमल कर सकना सम्भव नहीं है । इस सम्बन्ध में एक बार उसने अपने एक मित्र से कहा था कि उसका विश्वास नेपोलियन की इस उक्ति में है 'पहले कुछ काम करके दिखलाओ, फिर उसके बाद इधर-उधर की बातें करो ।"

जब रूस के शहरों में हड़ताल फैल गई तो रेल तथा तार की व्यवस्था में भी ऐसी गड़बड़ी मच गई कि कहीं आना-जाना अथवा कहीं के समाचार पा सकना बड़ा कठिन हो गया । उस समय की भीषण अव्यवस्था को देख कर यही जान पड़ता था कि अब क्रान्ति होकर सरकार खण्ड-खण्ड होने में ज्यादा देर नहीं है । यह देखकर लेनिन ने लन्दन में बैठे रहना अनुचित समझा और किसी प्रकार के खतरे की परवाह न करके वह जाली पासपोर्ट की सहायता से पीटर्सवर्ग जा पहुँचा । वह श्रमजीवियों के घरों में छुपकर रहता था और वहीं से अपने साथियों द्वारा आन्दोलन का संचालन करता था । शीघ्र ही उसने पीटर्सवर्ग की 'वर्कर्स सोवीट' (श्रमजीवी पंचायत) पर कब्जा कर लिया । यह 'सोवीट' वास्तव में सरकार के पक्षपातियों ने मजदूरों को नियन्त्रण में रखने के लिये कायम की थी, पर क्रान्ति

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

के प्रभाव से उसकी कायापलट हो गई और अब वह सरकार की शत्रु बन कर हड़ताल का संचालन कर रही थी ।

लेनिन इस सोवीट की कार्यवाही पर बराबर निगाह रखता था । दो बार वेश बदलकर उनके अधिवेशनों में दर्शक के रूप में शामिल भी हुआ कि वह इस निरंकुश सत्ता को धूल में मिलायेगा । अपनी उस समय की स्थिति का वर्णन उसने इन शब्दों में किया है, जो प्रत्येक प्रगतिशील कार्यक्रम के अनुयायियों के लिये मनन करने योग्य है—

"हमारे छोटे से दल के पुरुष और स्त्रियाँ मजबूती के साथ एक दूसरे का हाथ पकड़ कर पथरीले और कठिन रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं । हम चारों तरफ शत्रुओं से घिरे हैं और प्रायः उनकी बरसती हुई गोलियों के बीच में होकर चलना पड़ता है । हमने स्वेच्छापूर्वक यह प्रतिज्ञा की है कि सदा सम्मुख डटे रहकर शत्रु से युद्ध करेंगे और अपने मार्ग से इधर-उधर हटकर पथभ्रष्ट न होंगे ।"

सन् १९०५ की क्रान्ति

लेनिन का यह उद्योग सन् १९०५ में रंग लाया । उस समय श्रमजीवी आन्दोलन काफी फैला हुआ था और अनेकों नर्म विचारों के राजनीतिज्ञ भी उसमें भाग लेने लगे थे । इन लोगों ने निश्चय किया कि उग्र आन्दोलन को छोड़कर जार से प्रतिज्ञा की जाये की प्रजा के संरक्षक के रूप में गरीब मजदूरों के कष्टों को दूर कराने का आदेश दें ।

२२ जनवरी, १९०५ के पीटर्सवर्ग से एक बहुत बड़ा जलूस, जिसमें ५० हजार के लगभग व्यक्ति शामिल थे—जार को एक प्रार्थना पत्र देने उसके महल की तरफ चला । इसके पास धार्मिक झण्डे थे और जार तथा ईसाई सन्तों के चित्र थे पर जार के अधिकारियों को इस धार्मिक और शान्त जलूस में भी राज्यद्रोह की गन्ध आई उन्होंने गोली चलाकर दो सौ व्यक्तियों को मार दिया और एक हजार से अधिक घायल हो गये । इस पर पीटर्सवर्ग में दंगा हो गया और लाखों मजदूरों ने हड़ताल कर दी । उसी दिन लेनिन के अनुयायियों ने एक पर्चा बाँटा जिसमें सरकार के कार्य की घोर निन्दा करते हुए मजदूरों तथा जनता को हथियार उठाने के लिये प्रेरित किया । उसमें कहा गया था "इस सरकार का अपनी पार्टी वालों के इनकार कर देने से वह इसके खुले अधिवेशन में तो कुछ बोल नहीं सकता था पर कार्यकारिणी कमेटी में वह बराबर वादविवाद में भाग लेता था । इस प्रकार छुपे रहकर काम करने से किसी बाहरी आदमी को लेनिन के काम का कुछ भी पता नहीं लगता था । ऐसे अवसरों पर ज्यादातर सार्वजनिक कार्यकर्त्ता ख्याति के लोभ को नहीं रोक पाते और किसी न किसी प्रकार अपने को जाहिर कर ही बैठते हैं, जिससे आन्दोलन की और उनकी भी हानि होती है । पर लेनिन ऐसी यश की लालसा से बहुत ऊँचा उठा हुआ था और वह बराबर एक अँधेरी कोठरी में बैठा हुआ गुप्त रूप से अपना काम करता रहा ।

साल भर के बाद जब सरकारी सेनाओं ने क्रान्ति को बहुत कुछ दबा दिया और भूखों मरने के कारण अधिकांश मजदूर भी काम पर लौट गये तो लेनिन पीटर्सवर्ग से हटकर फिनलैण्ड चला गया और दो वर्ष तक वहीं से दूर-दूर के नये स्थानों में विद्रोह कराता रहा । इसी बीच में रूस सरकार की जापान द्वारा भी युद्ध में पराजय हो गई । परिणाम यह हुआ कि सरकार को जनता को सन्तुष्ट करने या कम से सम ऊपर से बहकाने के लिये एक प्रजासत्तात्मक शासन संस्थापक—'डूमा' की स्थापना करनी पड़ी । यद्यपि आरम्भ में तो यह 'डूमा' नाममात्र की ही शासन-सभा थी क्योंकि इसका कोई भी प्रस्ताव बिना जार की स्वीकृति के अमल में नहीं आ सकता था, पर दस वर्ष बाद इसी ने जार के शासन का अन्त कर देने का एक प्रस्ताव पास किया था ।

इस दृष्टि से यह हमारे देश की राष्ट्रीय कांग्रेस से मिलती-जुलती ही थी जिसकी स्थापना कुछ अंग्रेजों ने प्रजा के असन्तोष को नियन्त्रण में रखने के लिये की थी, पर अन्त में उसी ने "अंग्रेजों ! भारत को खाली करो" का नारा लगाया और उनके शासन का अन्त करके ही छोड़ा । लेनिन इस प्रकार की व्यावहारिक राजनीति का पूर्ण ज्ञाता था और जब उसके कुछ साथियों ने 'डूमा' का विरोध किया और उसे निरर्थक बतलाया तो उसने अपने अधिक जोशीले साथियों को समझाते हुए कहा—

"मनुष्य को केवल उन शब्दों के पीछे नहीं पड़ा रहना चाहिये । जो किसी समय क्रान्ति के भड़काने के लिये उच्चारण किये गये हों । ऐसे अवसर पर जब कि क्रान्ति दम लेने के लिये ठहर गई हो हमारा कर्त्तव्य यही है कि हम अगली चढ़ाई के लिये तैयारी करें । इसके लिये हम उन क्रान्तिकारी नारों का लगाना बन्द कर दें, जो केवल संग्रामकाल में ही शोभा देते हैं ।"

सन् १९१७ की क्रान्ति

जब रूस सरकार ने सैनिक बल से क्रान्ति को कुचल दिया और पच्चीस हजार व्यक्तियों को पकड़ कर साइबेरिया भेज दिया गया और दो हजार को गोली से उड़ा दिया गया तो लेनिन को लाचार होकर फिर विदेश में रहकर आन्दोलन करने की आवश्यकता पड़ी । यद्यपि अपने अनेक सच्चे साथियों के मर खप जाने से वह बड़ा दुःखी था और हर तरह की आर्थिक कठिनाइयाँ भी उसके सामने थीं पर अपने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कर्त्तव्य पालन से वह पीछे नहीं हट सकता था । इसलिये जब उसके दल ने फिर 'प्रोलीटेरियट' (श्रमजीवी) नामक पत्र को निकालने का निर्णय किया और उसकी व्यवस्था का भार लेनिन को सौंपा गया तो वह फिर जेनेवा आकर उस कार्य का आरम्भ करने में जुट गया ।

दूसरी कठिनाई यह थी कि क्रान्ति के असफल हो जाने से आन्दोलनकारियों में भी मतभेद और फूट फैल गई थी और विपक्षी लोग लेनिन पर आक्षेपों की वर्षा कर रहे थे । पर उसने जिस प्रकार वीरतापूर्वक सरकारी दमन को सहन किया था उसी प्रकार राजनैतिक विरोधियों के वाक्य वाणों को भी सहन कर रहा था । उसका विश्वास था कि यदि वह सच्चाई के साथ कर्त्तव्य मार्ग पर डटा रहेगा तो अन्तिम विजय उसी की होगी । वह अपने साथियों को भी इस प्रकार के उद्‌गारों से उत्साहित किया करता था—"निराश मत हो । यह अन्धकार अवश्य दूर होगा और कुछ ही वर्षों में फिर श्रमजीवी क्रान्ति का बाल-रवि चमकने लगेगा ।"

निःसन्देह ये चार-पाँच वर्ष लेनिन के जीवन में सबसे अधिक दुःखदायी और शोचनीय थे । वह पिंजरे में पड़े शेर की तरह इधर-उधर करवट बदलता था और उसकी अटूट शक्ति निकम्मी पड़ी थी । रह-रहकर उसके भीतर काम करने का भाव जोर मारता था, पर उसके लिये कोई साधन मौजूद न था । तो भी उस कठिन समय में उसने क्रान्ति के झण्डे को बराबर ऊँचा उठाये रखा किसी स्वार्थी या नीच प्रकृति के व्यक्ति के हाथों उसे कलंकित न होने दिया । ऐसे ही अवसरों पर असली और नकली नेताओं की परीक्षा हुआ करती है ।

इस परीक्षा काल में लेनिन की पत्नी क्रुप्सकाया सदा लेनिन के साथ रही, जहाँ वह गया उसके साथ गई और प्रत्येक कार्य में उसका हाथ बँटाती रही । यद्यपि वह एक सुशिक्षित और सुन्दर रमणी थी, पर इन दिनों सब प्रकार के अभाव सहन करती हुई अत्यन्त सादगी का जीवन बिताती थी । वह सस्ते दाम के मामूली कपड़े पहनती थी और देखने में किसी रूसी मजदूर की स्त्री के समान जान पड़ती थी । उसे भोग विलास और सुख की आकांक्षा न थी और उसने जीवन भर लेनिन के साथ सब प्रकार के कष्ट तथा खतरा उठा करके श्रमजीवी आन्दोलन की अमूल्य सेवा की । जब उसका पति रूस जैसे महा-साम्राज्य का डिक्टेटर बन गया तब भी वह उसी प्रकार सादगी से रहती थी, वैसे ही सादे वस्त्र पहनती थी । श्रमजीवी आन्दोलन के सिवा वह राष्ट्रीय शिक्षा के प्रचार में भी बड़ा अनुराग रखती थी और इस सम्बन्ध में उसने बहुत काम किया है ।

यूरोपीय महायुद्ध और लेनिन

सन् १९१४ में जब यूरोपियन महायुद्ध आरम्भ हुआ यो लेनिन ने यह अवसर पुनः श्रमजीवी—संगठन को पुख्ता बनाने के लिये उपर्युक्त समझा और वह रूस के भीतर अपने अनुयायियों द्वारा प्रचार कार्य कराने लगा । सन् १९१५ में स्विट्जरलैण्ड में सब देशों के साम्यवादी नेताओं की एक कॉन्फ्रेन्स हुई जिसमें लेनिन ने महायुद्ध को पूँजीवादियों का एक अस्त्र बतलाकर जगह-जगह गृहयुद्ध कराने का प्रस्ताव किया । इस पर फ्रांस के नेता लैण्डेकर ने आक्षेप करते हुए कहा था कि "यहाँ विदेश में बैठकर गृह-युद्ध की बातें करना सहज है, पर जब रूस में रहकर ऐसी बातें करते तब तारीफ की बात होती ।" लेनिन ने शान्तिपूर्वक उत्तर दिया—"जब कालमार्क्स ने कम्यूनिस्ट मैनीफैस्टो लिखा तो वह विदेशों में ही रहता था, पर इसके लिये ओंधी तबियत के व्यक्ति ही उसकी निन्दा कर सकते हैं । मैं आज विदेश में इसलिये निवास कर रहा हूँ, क्योंकि रूसी श्रमजीवियों ने मुझे यहाँ पर भेजा है, पर जब समय आयेगा तो दुनियाँ देखेगी कि मैं और मेरे साथी कर्त्तव्य पालन से पीछे हटने वाले तो नहीं हैं ।

रूस में राज्यक्रान्ति

फरवरी १९१७ में जब जार के कुशासन के कारण रूस में विद्रोह का जोर बढ़ा और जार को राज्य सिंहासन से हटा दिया गया, तो अपने कथनानुसार लेनिन जल्दी-जल्दी रूस पहुँचा । आरम्भ में श्रमजीवी नेता के रूप में उसका बड़ा स्वागत किया गया, पर जब उसने युद्ध बन्द करके श्रमजीवी शासन कायम करने का प्रचार करना आरम्भ किया तो शासक दल उसका विरोधी बन गया । १६ जुलाई की क्रान्सटेड की समुद्री सेना ने विद्रोह कर दिया और टोरिडा पैलेस को घेर लिया जिसमें सरकार की कार्यकारिणी कमेटी का अधिवेशन हो रहा था । चूँकि इस विद्रोह में लेनिन का भी हाथ था इसलिये उसके विरुद्ध वारण्ट निकाला गया और उसकी गिरफ्तारी के लिये दो लाख रूबल का इनाम घोषित कर दिया गया । इसलिये लेनिन पैट्रोग्राड के पास एक गाँव में जाकर रहने लगा और किसान का वेश बनाकर फसल काटने और ढोने का काम करने लगा । जब पुलिस की सरगर्मी बहुत बढ़ गई और वहाँ भी खतरा जान पड़ने लगा तो वह फिर से नकली बाल लगाकर और वेश बदल कर फिनलैण्ड चला गया ।

पर इस बीच में उसने काम कभी बन्द नहीं किया । फिनलैण्ड में वह एक पुलिस अफसर के घर में ठहरा जो उसके दल का सदस्य था । वह अफसर प्रतिदिन स्टेशन जाकर पैट्रोग्राड से निकलने वाले सब अखबार खरीद कर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

ले आया करता था और लेनिन उनको पढ़कर रात में अपने दल के अखबार के लिये एक लेख तैयार कर देता था जिसमें लोगों को आगे के कार्यक्रम का सुझाव दिया करता था । जब रूस की दशा और भी गम्भीर हो गई और युद्ध में हार पर हार होने से वहाँ की सरकार की स्थिति डाँवाडोल होने लगी तो लेनिन फिनलैण्ड की राजधानी के एक छोटे कस्बे में आ गया, जो रूस की सीमा के बिल्कुल निकट था ।

अब लेनिन की सम्मति में वह समय आ गया था जब कि श्रमजीवी दल को अपनी संगठित शक्ति का प्रयोग करके रूस की अस्थायी सरकार का तख्ता पलट देना चाहिये । इस अस्थायी सरकार में नर्म विचारों के राजनीतिज्ञ और पूँजीवादियों से समझौता करने वाले समाजवादी लोग शामिल थे और उनका शासन बहुत कमजोर था इसलिये अब रूस के पूँजीवादी सेना को अपनी तरफ मिलाकर उस सरकार को हटाकर अपना सैनिक शासन कायम कर लेना चाहते थे जिससे क्रान्तिकारी श्रमजीवियों को दबाया जा सके । लेनिन ने योजना बनाई कि पूँजीवादियों की इस चाल के सफल होने से पहले श्रमजीवियों को शासन पर अधिकार कर लेना चाहिये । उसके दूसरे साथी ही स्थिति को अच्छी तरह न समझ सकने के कारण हिचकिचाने लगे और इस योजना को आगे के लिये टालने का विचार करने लगे ।

यह देखकर लेनिन सब तरह के खतरे का डर छोड़कर अपने छुपने की जगह से बाहर निकल आया और सीधा पैट्रोग्राड पहुँचा । उस समय सरकार उसकी गिरफ्तारी के लिये वारण्ट पर वारण्ट निकाल रही थी । पर इसकी कुछ भी चिन्ता न करके वह अपनी पूरी ताकत से विद्रोह खड़ा करने की कोशिश करने लगा । जो लोग आगा-पीछा कर रहे थे उनके साथ वादविवाद करके, जो डरते थे उनको साहस दिलाकर और साधारण जनता को गरमा-गरम लेखों द्वारा उत्साहित करके वह जोर-शोर से सुधारवादियों की सरकार को लौटने का आन्दोलन करने लगा । उसने अपने दल वालों को अच्छी तरह समझा दिया कि यदि तुम शासन पर अधिकार जमाने में एक सप्ताह की भी देर कर दोगे तो फिर तुम्हारे करे-धरे कुछ न होगा और पूँजीवादियों के हाथों कुत्ते की मौत मारे जाओगे । इसके बजाय अगर तुम इस समय थोड़ी भी कोशिश करोगे तो शासन सत्ता तुम्हारे हाथ आ जायेगी । बाद की घटनाओं ने सिद्ध कर दिया कि लेनिन का निर्णय बिल्कुल ठीक था और रूस में बोलशेविक शासन स्थापित हो सकने का वास्तविक श्रेय उसी को है ।

रूसी क्रान्ति को लेनिन ने किस प्रकार अपना सर्वस्व होम कर खड़ा किया और कार्यरूप में परिणित हो जाने पर किस प्रकार प्राणों की बाजी लगाकर उसकी रक्षा की—यह रूसी इतिहास की अमर गाथा है । शासन-सत्ता ग्रहण करने के कुछ ही दिनों बाद जर्मन सेना के आक्रमण से रूस की रक्षा करने की समस्या उपस्थित हो गई । उस समय अन्य नेता तो भावुकतापूर्ण भाषण करके जर्मनी से सन्धि करके अपनी पराजय स्वीकार करने को बहुत बुरा बतलाते थे, पर लेनिन ने कहा कि हमारी क्रान्ति जीवित रहेगी तो हम वर्तमान हानि का बदला आगे चलकर चुका लेंगे । पर यदि हम इस बिना तैयारी की हालत में शत्रु से भिड़ गये तो फिर रक्षा का कोई उपाय नहीं है । इसलिये लेनिन ने अपने सिर पर जिम्मेदारी लेकर जर्मनी की सन्धि पर हस्ताक्षर कर दिये । रूसी साम्राज्य का कुछ प्रदेश जो जर्मनी की सीमा से लगा था उसको दे भी दिया । फिर वह जर्मनी के खतरे से बचने के लिये अपनी राजधानी को पैट्रोग्राड से मास्को ले गया । इन सब कारणों से उसके बहुत से साथी भी उसके विरोधी बन गये और एक दिन कुछ मजदूर बन्दूक-पिस्तौल लेकर उससे जबाव तलब करने कार्यालय में भी पहुँच गये । पर अन्त में लेनिन की सचाई और उचित निर्णय के लिये सबको उसके सामने नतमस्तक होना पड़ा ।

श्रमजीवी क्रान्ति की रक्षा करने के कार्य में लेनिन की जान सदा खतरे में रहती थी । क्रान्ति के डेढ़ महीने बाद ही दिसम्बर १९१७ में उसकी मोटर पर कई गोलियाँ चलाई गईं जिनसे एक साम्यवादी नेता घायल हो गया । इसके बाद भी कई बार उसे मारने की कोशिश की गई । अन्त में अगस्त १९१८ में एक लड़की प्रार्थना-पत्र देने के बहाने उसके पास पहुँची और अकस्मात् पिस्तौल से तीन गोलियाँ चला दीं, जिनसे घायल होकर वह फर्श पर गिर गया । यद्यपि डॉक्टरों के प्रयास से उसकी जान बच गई पर उसका स्वास्थ्य भंग हो गया । इसके बाद भी वह बोलशेविक शासन की रक्षा के लिये देशी-विदेशी शत्रुओं से जझूता रहा जिससे क्रान्ति की रक्षा तो हो गई पर उसका स्वास्थ्य दिन पर दिन कमजोर पड़ता गया और २१ जनवरी, १९२१ को उसका देहान्त हो गया ।

जैसे कहा जाता है कि मनुष्य के वास्तविक महत्त्व का पता उसकी मृत्यु के बाद ही लगता है, जब कि वह संसार के रंगमंच पर से उठ जाता है और केवल उसके नाम तथा कारनामे पक्ष और विपक्ष के सामने निर्णय करने के लिये रह जाते हैं । यही बात लेनिन के सम्बन्ध में देखने में आई । जो लोग दलबन्दी और मतभेद के कारण उसे 'लुटेरा' और 'जर्मन जासूस' के सिवाय और किसी नाम से पुकारने को राजी न थे, वे उसे शोषित जनता का मसीहा बतलाने लगे । कार्लकौटस्की और ओटो बौर जैसे सुप्रसिद्ध साम्यवादी नेताओं ने जो सदैव बोलशेविज्म का

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

विरोध करते रहे थे, लेनिन की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की । उन्होंने स्वीकार किया कि "लेनिन श्रमजीवी दल का सच्चा नेता और शिक्षक था ।" कई पूँजीवादी नेताओं ने उसके असाधारण गुणों की चर्चा करते हुए कहा—"यद्यपि लेनिन का मार्ग हमसे भिन्न था तो भी इसमें सन्देह नहीं कि उसकी राजनीतिज्ञता, दृढ़ निश्चय और अगाध ज्ञान की तुलना मिल सकना कठिन है ।"

प्रसिद्ध मानवतावादी विद्वान रोमारोलाँ ने लिखा है—"लेनिन वर्तमान शताब्दी का सबसे बड़ा कर्मठ और साथ ही स्वार्थत्यागी व्यक्ति था । उसने आजीवन घोर परिश्रम किया पर अपने लिये कभी किसी प्रकार के लाभ की इच्छा नहीं की ।" विश्व शान्ति के महान् प्रचारक—बरट्रैण्ड रसल ने कहा—"लेनिन की मृत्यु से एक सच्चा महापुरुष संसार से उठ गया । संसार के पूँजीवादियों की दृष्टि में तो वह केवल एक विध्वंसकारी ही था पर उसे महापुरुष की पदवी विध्वंस के लिये नहीं दी गई है । वह एक महान् निर्माणकर्त्ता, दार्शनिक और विधायक भी था । मुझे तो वह एक अत्यन्त ईमानदार और अहंकार से शून्य व्यक्ति जान पड़ा ।

सच है निःस्वार्थ भाव से जनकल्याण के लिये किये गये कार्यों का परिणाम अन्त में अपने और दूसरों के लिये मंगलजनक ही सिद्ध होता है ।

धार्मिक और सामाजिक क्रान्ति के अध्वर्यु कमाल पाशा

टर्की की मुख्य शासन-कमेटी की बैठक हो रही थी । उसके सामने प्रश्न था कि अभी तक वहाँ के सुलतान को, जो राजनीतिक तथा धार्मिक दोनों क्षेत्रों का मुखिया माना जाता है, उसका अन्त कर दिया जाये । अब शासन में उसका कोई सम्बन्ध न रहे, चाहे धार्मिक दृष्टि से वह संसार के मुसलमानों का "खलीफा" बना रहे । इस प्रस्ताव को उपस्थित करने वाला मुस्तफा कमाल पाशा था, जिसने उन्हीं दिनों यूरोप अमेरिका के बड़े-बड़े राष्ट्रों का सशस्त्र मुकाबला करके टर्की की आंशिक स्वाधीनता की रक्षा की थी । पर वहाँ के मुल्ला-मौलवी समझते थे कि वह सामाजिक और धार्मिक मामलों में पूरा स्वतन्त्र क्रान्तिकारी विचारों का आदमी है और इस्लाम की परम्परागत अनेक बातों को नहीं मानता । इसलिये जब "खलीफा" को शासन सत्ता से हटाने का प्रस्ताव उपस्थित हुआ तो लम्बी दाढ़ी वाले मौलवी लोग एक के बाद एक मंच पर आने लगे और कुरान की आयतों के आधार पर खलीफा की सार्वभौम सत्ता को प्रमाणित करने लगे । मुस्तफा कमाल पाशा पहले तो एक तरफ बैठा उनकी बातें सुनता रहा, पर कुछ देर बाद वह क्रोध में आकर एक मेज पर खड़ा हो गया और कहा—"हमने शक्ति के द्वारा हुकूमत को अपने हाथ में लिया । धार्मिक सत्ता (खलीफा) को राजनैतिक अधिकार छोड़ने ही पड़ेंगे । चाहे आप इससे सहमत न हों, पर बात यही होगी । केवल कुछ और लोगों के मस्तक हमको उड़ाने पड़ेंगे ।

कमाल की गर्जना ने सारा दृश्य एक क्षण में बदल दिया । सभापति, जो स्वयं एक लम्बी दाढ़ी वाला मौलवी था, खड़ा होकर कहने लगा—"सदस्यो ! गाजी मुस्तफा कमाल ने इस सवाल को एक ऐसे पहलू से पेश किया है, जिस पर अभी तक हमने गौर नहीं किया था ।" बस कमेटी के सब सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में राय दे दी कि सुल्तान बहेउद्दीन को तख्त से हटाकर धार्मिक और राजनैतिक क्षेत्रों को अवश्य अलग-अलग कर दिया जाये ।

टर्की वाले तो मान गये पर भारत के अन्धविश्वासी मुसलमानों ने "खिलाफत" की रक्षा के लिये हाय-तौबा मचाई और इस्लाम की दुहाई दी । इस पर कमाल ने उनको फटकार कर कह दिया कि "वे पहले अपना घर तो सम्भालें, टर्की अपने नव-निर्माण में उनसे किसी तरह की सलाह लेना नहीं चाहता ।"

आगे चलकर जब वह टर्की की पुरानी सामाजिक और धार्मिक प्रथाओं का सुधार करने को तत्पर हुआ तो फिर उसे ऐसी ही दृढ़ता से काम लेना पड़ा टर्की के लोग एक खास तरह की टोपी जिसे "फैज" कहते थे पहना करते थे । कमाल उसे बदल कर यूरोपियों के टोप का प्रचार करना चाहता था, पर वह यह भी जानता था कि समस्त जनता उस टोपी को एक धार्मिक चिह्न की तरह मानती है, इसलिये मुल्ला-मौलवी और उनके इशारे पर चलने वाली मूढ़ जनता इसका बहुत अधिक विरोध करेगी । इसलिये आरम्भ में उसने अपने अंगरक्षकों को टोप पहनने को दिये और उसके बाद समस्त सेना में उन्हीं का प्रचार

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कर दिया । वह स्वयं भी सब जगह टोप लगाकर ही जाता था । एक स्थान पर भाषण करते हुए उसने यह कह भी दिया कि "अगर हम लोग सभ्य होना चाहते हैं तो हमको वैसे ही वस्त्र पहिनने चाहिये जैसे सभ्य देशों के निवासी पहिनते हैं ।" पर जब लोगों ने अपने प्राचीनता प्रेम के कारण इस पर ध्यान न दिया तो उसने शासन-सभा में एक प्रस्ताव पास कराके तुर्की टोपी पहिनना गैर कानूनी घोषित कर दिया । दो दिन बाद पुलिस को हुक्म दे दिया कि जो कोई तुर्की टोपी पहिने दिखाई दे उससे वह छीन ली जाये । जिन लोगों ने इसका विरोध किया वे गिरफ्तार कर लिये गये । इस पर मुल्लाओं ने लोगों को भड़काया और कई शहरों में उन्होंने सरकारी कर्मचारियों पर पत्थर फेंके पर कमाल ने इस परिवर्तन का दृढ़ निश्चय कर लिया और कहा—"क्रान्ति का आधार खून होना चाहिये जो क्रान्ति खून के आधार पर नहीं होती वह ज्यादा दिन नहीं टिक सकती । बस विरोध उपद्रव करने वाले धड़ाधड़ गिरफ्तार किये जाने लगे और उनको कड़ी सजायें दी जाने लगीं । सारा विद्रोह शान्त हो गया और प्रत्येक तुर्क टोप लगाने लग गया ।

इस प्रकार टर्की जैसे रुढ़िवादी देश की काया पलट करने वाले मुस्तफा कमाल का जन्म (सन् १८८१ से १९३८) एक मामूली लकड़ी के व्यापारी के घर में हुआ था । बचपन से ही वह स्वच्छन्द प्रकृति का और अनुशासनहीन था तथा स्वभाव का अक्खड़ होने के कारण उसकी किसी से बनती भी नहीं थी । इन्ही कारणों से वह किसी स्कूल में ज्यादा टिक भी नहीं सका और शिक्षा की दृष्टि से पिछड़ा हुआ ही रह गया । अन्त में उसे सैनिक स्कूल में दाखिल कर दिया गया । यह कार्य उसकी प्रकृति के अनुकूल सिद्ध हुआ और बीस वर्ष की आयु में सैनिक कॉलेज की परीक्षा पास करके वह फौज में नौकरी करने लग गया ।

जिस समय की यह बात है टर्की का शासन बहुत दूषित और भ्रष्ट हो गया था पुराने साम्राज्यों की तरह वहाँ के शासक स्वार्थी और ऐश पसन्द बन गये थे । वे देश की उन्नति और प्रजा की सुख-सुविधा के बजाय अन्यायपूर्वक धन प्राप्त करने और उसे भोग-विलास में खर्च करने के इच्छुक थे ऐसी अवस्था में प्रजा में तथा छोटे कर्मचारियों में असन्तोष फैलना स्वाभाविक ही था । तुर्की की सेना में भी यह असन्तोष जा पहुँचा था और वहाँ छोटे अफसरों ने "वतन" नाम की एक क्रान्तिकारी संस्था स्थापित कर ली थी । कमाल भी इस संस्था का एक उत्साही सदस्य था और सब तरह का खतरा उठा कर उसके संचालन में भाग लिया करता था । ये लोग राजकीय कुशासन के साथ ही "धर्म के नेता" माने जाने वाले मुल्ला-मौलवी लोगों के भी बहुत विरुद्ध थे, क्योंकि वे ही पुरानी रूढ़िवादी सामाजिक प्रणाली के समर्थक थे । ये "धर्म जीवी" अपने स्वार्थ के लिये भ्रष्ट शासन-कर्त्ताओं के भी सहायक थे । भ्रष्टाचार शासकीय और धार्मिक दोनों क्षेत्रों से व्याप्त था, इसलिये मुल्ला-मौलवी और शासकगण समान स्वार्थ होने से मिल कर काम करते थे और हर उपाय से जनता को दबी हुई तथा मूढ़ अवस्था में रखने का प्रयत्न करते रहते थे ।

कुछ समय पश्चात् क्रान्तिकारी गुप्त संस्था "वतन" का रहस्य खुल गया और अन्य अनेक साथियों के साथ कमाल को जेलखाने में बन्द कर दिया गया । यद्यपि टर्की में राजद्रोह के अपराधियों पर बड़ी सख्ती की जाती थी और उनको जेल में ही मार डाला जाता, था पर अपने कठोर प्रकृति और देशभक्ति की भावना के कारण कमाल को इन बातों की अधिक चिन्ता न थी ।

कुछ महीने बाद इस स्थिति में एकाएक परिवर्तन हुआ । सीरिया में उस समय विद्रोह फैल रहा था और उसे दबाने के लिये सुदृढ़ सैनिक अफसरों की आवश्यकता थी । कमाल इस कार्य में योग्य था इसलिये उसे वहाँ सैन्य-संचालन के लिये भेज दिया गया और चेतावनी दे दी गई कि यदि वह पुनः किसी राज्य-विरोधी कार्यवाही में भाग लेगा तो उसका बहुत बुरा परिणाम होगा । कमाल दमिश्क पहुँचकर सैन्य संचालन करने लगा पर क्रान्तिकारी कार्यों को उसने कभी नहीं छोड़ा, क्योंकि वह देश के सुधार और जनता के उद्धार के लिये इसकी आवश्यकता समझता था ।

सन् १९०८ में तुर्की में अनवर पाशा की अध्यक्षता में क्रान्ति की आग जल उठी । सरकार ने उसे दबाने को सेनायें भेजीं पर वे सब उसी में मिल गईं । सिपाहियों को बहुत समय से वेतन नहीं मिल रहा था । इससे वे असन्तुष्ट थे । शीघ्र ही कमाल भी उससे शामिल हो गया । पर अपने असहिष्णु स्वभाव के कारण उसकी दूसरे लोगों से बहुत कम बनती थी, इससे वह नये शासन में भी अधिक सफलता प्राप्त न कर सका । इस बीच में उसने त्रिपोली और बाल्कान के युद्धों में काम किया पर टर्की के शासन की कमजोरी और अयोग्यता के कारण इन सब अभियानों में वहाँ की सेना को हारना ही पड़ा । टर्की का विस्तृत साम्राज्य जो सैकड़ों वर्षों में लड़-झगड़ कर इकट्ठा किया गया था अब आन्तरिक निर्बलता और समय की गति के अनुसार न चल सकने के कारण नष्ट-भ्रष्ट होता जाता था । कमाल को यह स्थिति बुरी लगती थी । पर शासन के

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

मुख्याध्यक्ष अनवर पाशा से उसका मतैक्य न होने से वह अधिक कुछ न कर सका ।

सन् १६१४ में प्रथम यूरोपीय महायुद्ध शुरू हुआ और जर्मनी का साथ देने के कारण अंग्रेजों और फ्रांसीसियों ने टर्की पर आक्रमण किया । आरम्भ में तुर्की सेना ने कुछ वीरता दिखाई पर अन्त में उसे हारना पड़ा और उसका पूरा राज्य विदेशियों के अधिकार में चला गया । युद्ध समाप्त हो जाने पर जीतने वाले राष्ट्रों—इंग्लैण्ड, फ्रांस, अमेरिका आदि की जो शान्ति कॉन्फ्रेन्स पेरिस में हुई उसने टर्की का शासन-क्षेत्र दो छोटे प्रान्तों—स्मर्ना और अनातौलिया में सीमित कर दिया, और साथ ही यह भी निश्चय कर दिया कि अब टर्की की सेना, टैक्स, अर्थव्यवस्था, पुलिस आदि विभागों पर विदेशी अफसरों की पूरी देखभाल रहेगी । यह सन्धि-पत्र स्पष्टतः गुलामी के शर्तनामे की तरह था । तुर्की के सुल्तान और बड़े अधिकारियों ने तो अपने धन, मान को बचाने के लिये उसे स्वीकार कर लिया, पर जनता ने इसे राष्ट्र का बहुत बड़ा अपमान माना । अब उसने कमाल पाशा के महत्त्व को समझा । लोगों ने देखा कि और सब लोग इस बीच में मौका देखकर तरह-तरह के रंग बदलते रहे, पर कमाल पाशा सदा देश की स्वतन्त्रता तथा अखण्डता का पक्षपाती रहा और बड़े लोगों के सहमत न होने पर भी उसके लिये संघर्ष करता रहा । इस तथ्य को समझ कर अब लोगों ने उसी को अपना नेता बनाया । उसने सरकारी 'फर्मानों' की परवाह न करके विदेशियों से मोर्चा लिया और प्राणों की बाजी लगा कर उनको पीछे हटाकर स्वतन्त्रता पुनः प्राप्त करली ।

सेना की सहायता द्वारा देश की बागडोर हाथ में आने पर उसने टर्की का पुनर्निर्माण का कार्य आरम्भ किया । उसने देख लिया कि यूरोप के प्रगतिशील और सुसंगठित राष्ट्रों के पड़ोस में रहकर पुराने ढर्रे पर चलते रहने से टर्की का अस्तित्व अधिक समय तक स्थिर नहीं रह सकता । वह अन्य राष्ट्रों द्वारा सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जा सकता है । उसने सबसे पहला काम तो यह किया कि खलीफा "धर्मगुरु" का अन्त करके उसे देश से बाहर भेज दिया । उसने स्पष्ट शब्दों में घोषणा की कि "हमको अपने प्रजातन्त्र की सब तरह से रक्षा करनी है । तुर्की सरकार (ओटोमन ऐम्पायर) पुराना ढाँचा बहुत अनुपयुक्त है । क्योंकि वह साम्प्रदायिकता पर टिका हुआ है । इसलिये खलीफा को हटाना आवश्यक है । पुराने ढंग की आदालतों के स्थान पर नये कानून जारी करने चाहिये । जिससे सब को न्याय मिल सके । मौलवियों के मदरसों की जगह सरकारी स्कूल बनने चाहिये । राजनीति और धर्म को एक दूसरे से अलग करना बहुत जरूरी है ।"

शासन के मूल स्वरूप को बदलने के पश्चात् उसने टर्की की विचारधारा को ही बदलने का निश्चय कर लिया जिससे वहाँ के निवासी अपने पड़ोसी ईसाई लोगों के मुकाबले में खड़े हो सकें । उसने निश्चय किया कि प्राचीन विचार, स्वभाव, वस्त्र, आचार-विचार, व्यवहार, रहन-सहन सभी को बदलना आवश्यक है, क्योंकि मनुष्य का जीवन एक समग्र इकाई है । उसका एक पहलू गिरा रहना और दूसरे का ऊँचा उठ जाना अस्वाभाविक है । उसने यूरोप के विशेषज्ञों को बुला कर अपने यहाँ के लिये नये नियम निश्चित किये । तुर्की भाषा में से अरबी-फारसी के शब्दों को निकलवा दिया और कुरान का तुर्की भाषा में अनुवाद करके उसी को पढ़ने का आदेश दिया । मसजिदों में नमाज भी अरबी के बजाय तुर्की भाषा में पढ़ी जाने लगी । अभी तक तुर्की भाषा अरबी अक्षरों में लिखी जाती थी, उनके स्थान पर उसने लैटिन लिपि जारी कर दी । उसने तुर्की स्त्रियों को पर्दा त्याग कर सार्वजनिक जीवन में भाग लेने की व्यवस्था की क्योंकि वह जानता था कि जब तक स्त्रियाँ पर्दे में बन्द रहेंगी तब तक देश की ठीक तरह प्रगति नहीं हो सकती ।

इस तरह उसने थोड़े ही समय में टर्की की पूरी तरह काया पलट कर दी । आरम्भ में तो कट्टर मुसलमानों ने उसकी बातों को इस्लाम का विरोधी बतला कर बहुत बुरा माना और भीतर ही भीतर कुछ विरोध भी किया । पर जब जनता ने देखा कि कमाल के सुधारों के फलस्वरूप टर्की प्रगति के पथ पर बढ़ता जाता है और वहाँ की भूखी, नंगी जनता की हालत दिन पर दिन सुधरती जाती है, तो उन्होंने कार्यों के महत्त्व को स्वीकार कर लिया और वे उसे "अतातुर्क" (तुर्की का पिता) के नाम से पुकारने लगे ।

कमाल पाशा के जीवन की प्रमुख घटनायें इस प्रकार हैं—आधुनिक टर्की के निर्माणकर्त्ता मुस्तफा कमाल पाशा ने जब अपनी युद्धनीति के जोर से तुर्की के शत्रुओं को परास्त करके वहाँ पर प्रजातन्त्र शासन स्थापित कर दिया, तो सबसे पहले उन्हें यह आवश्यकता जान पड़ी कि तुर्की जनता को राष्ट्र के नव-निर्माण के लिये प्रेरणा दी जाये । उस समय अधिकांश लोग युद्ध में भाग लेने के कारण थक चुके थे और आराम चाहते थे । सामाजिक और आर्थिक सुधारों के लिये उनमें विशेष उत्साह न था ।

दूसरी बात यह भी थी कि तुर्की जनता इस्लाम की शिक्षाओं के कारण धार्मिक और सामाजिक प्रथाओं की दृष्टि से बड़ी रूढ़िवादी थी । वह इस सम्बन्ध में सबसे बड़ा निर्णायक मुल्ला और मौलवियों को ही समझती थी । ये धर्मजीवी लोग सदैव और सर्वत्र प्रगति-विरोधी होते ही

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

हैं । इसलिये वे लोगों को निरन्तर लकीर के फकीर बने रहने का उपदेश देते रहते हैं । प्राचीन प्रथाओं और रिवाजों में किसी तरह का परिवर्तन करना वे 'गुनाह' बतलाते हैं । इसलिये तुर्की में किसी प्रकार के सामाजिक या धार्मिक सुधारों की बात करना कठिन था । ऐसा करने वाले को निःसन्देह जनता के क्रोध का शिकार बनना पड़ता ।

कमाल पाशा अपने देश वालों की इस धार्मिक कट्टरता को जानते थे तो भी उन्होंने अनुभव किया कि वर्तमान समय में तुर्की तब तक कभी उन्नति नहीं कर सकता और न आधुनिक विज्ञान तथा कला-कौशल में अग्रसर यूरोपियन राष्ट्रों के मुक़ाबले में अपनी रक्षा कर सकता है, जब तक वह पिछड़े हुए विचारों, रहन-सहन और रीति-रिवाजों को त्यागकर समय के साथ चलने को तत्पर न हो । वे वहाँ के रहन-सहन, वस्त्र, ढंग, व्यवहार, शिष्टाचार आदि सब बातों को आधुनिक ढंग का बनाना चाहते थे, यह कार्य राजनैतिक परिवर्तन की अपेक्षा भी कठिन था । कमाल जानते थे कि मुल्ला-मौलवी तथा उनके संकेत पर चलने वाली मूढ़ जनता उनका घोर विरोध करेगी ।

इसलिये उसने इस कार्य को बड़ी सावधानी से आरम्भ किया और सबसे पहले अपने अंग-रक्षकों को तुर्की टोपी के स्थान पर एक विशेष प्रकार का टोप लगाने को दिये । इसके कुछ समय बाद उसने समस्त सैनिकों को वैसे ही टोप बनवा दिये । जब तक यह परिवर्तन सेना तक ही सीमित रहा तब तक उस तरफ जनता ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया और न कोई विरोध किया । फिर जब वह काले सागर की तरफ भ्रमण के लिये गये तो उन्होंने एक स्थान पर भाषण दिया कि "अगर लोग सभ्य होना चाहते हैं तो हमको वैसे ही वस्त्र पहिनने चाहिये जैसे सभ्य देशों के निवासी पहिनते हैं ।" वे स्वयं भी जहाँ कहीं गये टोप लगाकर ही गये । पर जनता ने इस बात को पसन्द नहीं किया और न इस परिवर्तन के लिये किसी प्रकार का उत्साह व्यक्त किया ।

तब कमाल ने इस विषय में शक्ति से काम लेने का निश्चय किया और शासन-सभा में एक कानून पास करके तुर्की टोपी पहनना नियम के विरुद्ध ठहरा दिया । दो दिन बाद पुलिस को हुक्म दे दिया गया कि जो कोई तुर्की टोपी पहिने दिखाई दे वह उससे छीन ली जाये । जिस किसी ने इसका विरोध किया वह गिरफ्तार कर लिया गया । जो किसान गाँव से आते थे नगर में पुलिस के सिपाही उनकी टोपियाँ उतार लेते थे और उनको नंगे सिर वापस जाना पड़ता था ।

इस पर जनता में विरोध की लहर फैल गई । मुल्ला लोगों ने उनको खूब भड़काया । कई शहरों में लोगों ने सरकारी कर्मचारियों पर आक्रमण किया और पत्थर फेंके । शासन-सभा में नूरी पाशा ने इस कानून का विरोध किया । मुस्तफ़ा कमाल ने भी सुधार करने का निश्चय कर लिया था और उसने क्रोधपूर्वक कहा—"क्रान्ति का आधार खून होना चाहिये । जो क्रान्ति खून के आधार पर नहीं होती वह बहुत दिनों तक नहीं ठहर सकती ।" उसने नूरद्दीन पाशा को शासन-सभा से निकाल दिया और विरोध करने वालों को कड़ी सजायें दीं । विद्रोह शान्त हो गया और प्रत्येक तुर्क टोप लगाने लग गया ।

यह एक ऐसे व्यक्तित्व की कार्य-प्रणाली का नमूना है । जिसकी गिनती यद्यपि शिक्षा, विद्या तथा चरित्र की निगाह से सामान्य श्रेणी में ही की जा सकती है, पर जिसने कर्मठता, साहस और निःस्वार्थता के बल पर एक राष्ट्र का नव-निर्माण करके अपना नाम इतिहास में अमर कर दिया । वह एक सामान्य लकड़ी के व्यापारी का पुत्र था । बचपन में गरीबी और पिता के मर जाने के कारण उसकी शिक्षा-दीक्षा भी नहीं हुई । बड़ा होने पर जब उसे पढ़ने को बैठाया गया तो अपने अक्खड़ और लड़ाकू स्वभाव के कारण स्कूल में टिक न सका । फिर जब फौज में भर्ती हुआ तो कुछ ही समय में अन्य सिपाहियों और अफ़सरों की तरह शराब और स्त्रियों के फेर में पड़ गया । सैनिक योग्यता अथवा राजनीतिक ज्ञान की निगाह से भी वह बड़ी ऊँची श्रेणी का न था तो भी देश-प्रेम, जातीय-उत्थान की लगन होने के कारण और लगातार अध्यवसाय के फलस्वरूप वह सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान का अधिकारी बन गया और उसने तुर्की के उद्धार का वह काम सम्पन्न करके दिखा दिया जिसे लोगों ने असम्भव समझ रखा था ।

भेड़ चराने वाले से सेनाध्यक्ष

कमाल का पिता चाहता था कि उसे अपनी ही तरह लकड़ी का सौदागर बना दे । उसकी माँ जुबैदा उसे एक मौलवी बनाना चाहती थी । सबसे पहले उसे एक मस्जिद के मदरसे में भेजा गया था जहाँ उसे कुरान पढ़ाई गई । फिर वह एक छोटे स्कूल में पढ़ने को बैठा दिया गया जहाँ उसने पढ़ाई में साधारण उन्नति की ।

इसी समय बाप की मृत्यु हो जाने से उसे अपने मामा के यहाँ रहना पड़ा । यहाँ वह अस्तबल की सफाई करता, भेड़ें चराता और खेतों की देखभाल करता । इससे उसमें स्वतन्त्रता का भाव बढ़ गया और स्वास्थ्य भी मजबूत हो गया । कुछ समय बाद वह अपनी मौसी की सहायता से स्कूल में दाखिल कर दिया गया । पर अपने स्वच्छन्द स्वभाव

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

के कारण वहाँ शिक्षकों के अनुशासन में रहना नहीं चाहता था और चाहे जब झगड़ने लग जाता था । इस पर एक दिन शिक्षक ने उसको बहुत पीटा और वह स्कूल को सदा के लिये छोड़कर चला आया ।

इसके बाद वह अपने मामा की सलाह से सैनिक स्कूल में दाखिल होने को चला गया, क्योंकि यह काम उसकी रुचि के अनुकूल था और उस स्कूल में किसी तरह का खर्च भी नहीं लगता था । वहाँ जाकर मुस्तफा कमाल काफी तरक्की करने लगा । वहाँ भी वह दूसरे लड़कों से प्रायः अलग रहता था । जब अन्य लड़के उससे साथ रहने को कहते तो वह फौरन यही जबाव देता—"मैं तुम लोगों की तरह रहना नहीं चाहता । मैं कुछ और होना चाहता हूँ ।" उस बारह-तेरह साल की आयु में ही न मालूम उसके भीतर कैसी महत्त्वाकांक्षा जागृत हो गई थी कि वह गरीब घर का होने और अभी तक भेड़ें चराने का काम करने पर भी अपने को औरों से श्रेष्ठ समझता था और सब जगह सर्वोच्च पदवी पर ही रहना चाहता था । ऐसी महत्त्वाकांक्षा मनुष्य को आगे तो बढ़ाती है, पर यदि वह नैतिक और चारित्रिक दृष्टि से उच्चकोटि का न हुआ तो उसमें अहंकार, द्वेष, ईर्ष्या आदि दुर्गुण भी पैदा कर देती है ।

सैनिक-स्कूल की पढ़ाई कमाल ने प्रशंसनीय ढंग से पूरी कर ली और सत्रह वर्ष की आयु में वह सैनिक- कॉलेज में भेज दिया गया । यहाँ पढ़ाई के अलावा उसे संसार और अपने देश की स्थिति का भी ज्ञान होने लगा । उसने देखा कि तुर्की का साम्राज्य अब अपनी आन्तरिक दुर्बलता के कारण लड़खड़ा रहा है । आसपास के ईसाई राज्यों ने उसको चारों तरफ से घेर कर दबा रखा है और उसके एक-एक भू-भाग को हड़प जाने की योजना बना रहे हैं । तुर्की सम्राट अब्दुल हमीद शक्तिहीन और ऐश-आराम में निमग्न व्यक्ति था । वह जितना विदेशियों से भयभीत हो रहा था, उतना ही प्रजा से भी डरता रहता था । वह जानता था कि जनता उसके कुशासन से ऊब उठी है और नवयुवकों में यूरोप के स्वाधीनता आन्दोलन के फलस्वरूप क्रान्ति की भावना घर करती जाती है । इसलिये उसने प्रत्येक नये विचार और सुधार के लिये रोक लगा दी और सब स्थानों में जासूस नियुक्त कर दिये थे । वह नागरिक अधिकारों की माँग को दबा देता था । जो लोग इन आदेशों का उल्लंघन करते थे उनको बिना विचार के जेलों में ठूँस दिया जाता था । अगर वे ईसाई होते थे तो उनको कत्ल कर दिया जाता था ।

ऐसे अन्यायपूर्ण शासन का परिणाम निश्चित रूप से क्रान्ति होती है । हम आज प्रजातन्त्र शासन में भी अनेक दोष देख रहे हैं, उसमें आर्थिक भ्रष्टाचार की सम्भावना बहुत अधिक रहती है । पर प्रत्येक व्यक्ति अपने मन की बात को स्वतन्त्रतापूर्वक कह सकता है और मन में उत्पन्न हुए रोष के भाव को तीव्र से तीव्र शब्दों में प्रकट कर सकता है, इससे वहाँ सशस्त्र क्रान्ति की सम्भावना बहुत कम हो जाती है । इंग्लैण्ड और अमेरिका इसके उदाहरण हैं । पर जहाँ निरंकुश बादशाहों का शासन होता है या 'डिक्टेटरशिप' (अधिनायकवाद) चलता है, वहाँ जन-भावनाओं को प्रकट करने का कोई अवसर नहीं मिलता और क्रान्ति का ज्वालामुखी प्रायः फूटा करता है ।

यही दशा उस समय तुर्की में हो रही थी । तुर्की का साम्राज्य जो दो-तीन-वर्ष पहले यूरोप में दूर-दूर तक फैला था और जिसने आसपास की अनेक जातियों को अपने अधीन कर लिया था अब अपनी आन्तरिक निर्बलता के कारण प्रतिपक्षियों का शिकार हो रहा था और वे उसके लिये एक-एक अंग को छीनते-झपटते जाते थे ।

जिस समय कमाल पाशा सैनिक कॉलेज में अध्ययन कर रहा था उस समय तुर्की के शासन की हालत ऐसी ही खराब हो रही थी और कॉलेज के विद्यार्थियों में भी क्रान्तिकारी विचार फैल रहे थे । जवानी के जोश में कमाल भी उस तरफ झुक पड़ा महत्त्वाकांक्षी और कल्पनाशील तो वह था ही, बस क्रान्ति करके विद्रोह का नेता बनने और सुल्तान के स्वेच्छाचारी शासन का अन्त करने का स्वप्न देखने लगा । इस प्रकार की कल्पनाओं में वे वह अपने को बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान देता था और तुर्की के भाग्य-विधाता के रूप में अनुभव करने लगता था । उसने फ्रांसीसी भाषा सीखी और फेथी नामक एक साथी के साथ रूसो और हाब्स की क्रान्तिकारी भावों में युक्त पुस्तकों को बड़े ध्यान से पढ़ने लगा । इंग्लैण्ड के जान स्टुआर्ट मिल के आर्थिक विचारों को भी उसने समझने की चेष्टा की । कॉलेज में ऐसे साहित्य को पढ़ने का निषेध था और जिसके पास ऐसी पुस्तकें मिलें उसको जेल की सजा दिये जाने का नियम था, तो भी वह इससे भयभीत नहीं हुआ और क्रान्ति के सम्बन्ध में उसके विचार दिन पर दिन दृढ़ ही होते गये ।

सैनिक अफसर के रूप में

बीस वर्ष की आयु में कमाल ने कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर ली और वह सेना में एक छोटा लेफ्टीनेण्ट बन कर तुर्की की राजधानी कुस्तुनतुनिया में भेज दिया गया । अभी तक तो उसका जीवन सालोनिका और मोनास्टिर जैसे साधारण कस्बों में बीता था, पर जब वह कुस्तुनतुनिया के विशाल और चमक-दमकपूर्ण नगर में पहुँचा तो उसकी आँखें चकाचौंध हो गईं । अभी तक उसे जीवन का कोई

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अनुभव न था । उसने किसी श्रेष्ठ पारिवारिक वातावरण में रहकर सभ्यता, नीति, धर्म की कुछ भी शिक्षा नहीं पाई थी । उसकी माता जुबैदा अवश्य एक धार्मिक विचारों की स्त्री थी, पर कमाल उससे हमेशा लड़ता-झगड़ता रहता था और जब से सैनिक स्कूल में पढ़ने लगा तब से उन दोनों का सम्पर्क भी बहुत कम हो गया था । इस बीच उसकी माँ ने मुसलमानी धर्म के नियमानुसार एक धनी सौदागर से पुनर्विवाह कर लिया था । यह कार्य कमाल को पसन्द नहीं आया और उसने अपनी माँ से मिलना-जुलना भी छोड़ दिया । कॉलेज में भी वह अक्खड़पन का व्यवहार करता रहा जिससे किन्हीं उच्च विचार के व्यक्तियों से उसका सम्बन्ध स्थापित न हो पाया ।

ऐसी अवस्था में जब वह कुस्तुनतुनिया के सर्वथा नये और आकर्षक वातावरण में पहुँचा तो उसकी जीवनधारा एकदम परिवर्तित हो गई । वह शराबी, जुआरी और वेश्यागामी सैनिकों की संगति में पड़ गया और इन दुर्गुणों को सीखने लगा । सैनिक-जीवन में प्रायः इन बातों को अधिक दूषित भी नहीं माना जाता, क्योंकि वे लोग प्रायः अविवाहित और परिवार से पृथक रहने वाले होते हैं, नीति और धर्म की चर्चा वहाँ कदाचित ही होती है । पैसा भी दूसरे लोगों से ज्यादा मिलता है, शरीर में पूरी ताकत होती है, वासनाओं के नियन्त्रण का कोई प्रश्न नहीं होता, बस, वे शीघ्र ही शराब और व्यभिचार जैसे दुर्गुणों में फँस जाते हैं ।

पर कमाल का यह हाल दो-चार वर्ष ही रहा । उसके भीतर जो सर्वोच्च पद पाने और तुर्की का सुधार करने की महत्त्वाकांक्षा थी उसने फिर जोर पकड़ा और दुर्व्यसनों की तरफ से ध्यान हटाकर सेना में उच्च स्थान प्राप्त करने का प्रयत्न आरम्भ किया । उस देश की तत्कालीन परिस्थिति में छोटे-बड़े वंश या धनी-निर्धन के भेद से कोई खास अन्तर नहीं पड़ता था । वहाँ वे स्वेच्छाचारी शासन में जो व्यक्ति शक्तिशाली होता और साहस करके आगे बढ़ने के लिये जोर लगाता वही ऊँचा चढ़ सकता था । कमाल का जन्म यद्यपि एक साधारण ग्रामीण परिवार में हुआ था, पर इससे उसकी प्रगति में कोई बाधा नहीं पड़ी और आगामी परीक्षाओं में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होकर वह सन् १९०५ में सेना में कप्तान के पद पर जा पहुँचा ।

'वतन' की सदस्यता और गिरफ्तारी

कमाल एक सिपाही था, तो भी उसका विशेष आकर्षण राजनीति की तरफ था । उसने यूरोप के स्वतन्त्रतावादी और क्रान्तिवादी लेखकों के जिन विचारों को पढ़ा था, उसके फलस्वरूप वह भी क्रान्ति का पक्षपाती बन गया था । इस प्रकार के विचार दूसरे अनेक सैनिक अफसरों में भी फैल रहे थे, क्योंकि सभी को यह अनुभव हो रहा था कि तुर्की का वर्तमान शासन अयोग्य और भ्रष्ट तरीके से चलाया जा रहा है, जिससे वह आसपास के अन्य राष्ट्रों के मुकाबले में पिछड़ रहा है और वह दिन दूर नहीं की यूरोपियन देश उसको आपस में बाँटकर हड़प जायेंगे ।

इस स्थिति को समझ कर सेना के अनेक छोटे दर्जे के अफसरों ने एक क्रान्तिकारी संगठन बनाया जिसका नाम 'वतन' था । वास्तव में यह संस्था उसी समय से स्थापित की गई जबकि मुस्तफा कमाल सैनिक कॉलेज में शिक्षा प्राप्त कर रहे थे । उसके सदस्य तुर्की की तत्कालीन राजनैतिक तथा सामाजिक अवस्था की आलोचना करते थे और सुल्तान के शासन तथा उसके अत्याचारों के बहुत विरुद्ध थे । यह संस्था मौलवियों को भी बहुत निकम्मा और हानिकारक मानती थी, क्योंकि ये ही लोग उन पुरानी रूढ़ियों और परम्पराओं को कायम रखने वाले थे, जिनके कारण देश और जाति की उन्नति में बाधा पड़ती थी । उस समय तुर्की के तमाम कानून कुरान पर आधारित थे और उनका निर्णय मस्जिदों में जमा होने वाले मौलवी और मुल्ला करते थे । पर ये कॉलेज के नौजवान सैनिक विद्यार्थी, जिनको यूरोपियन विचारों की हवा लग चुकी थी इसको बहुत बुरा समझते थे । उन्होंने प्रण किया था कि वर्तमान स्वेच्छाचारी शासन का अन्त करके जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों का पार्लियामेण्टरी शासन स्थापित करने का प्रयत्न करेंगे । वे लोग स्त्रियों की पराधीनता और पर्दा-प्रथा के विरुद्ध थे ।

मुस्तफा कमाल ने अब सेना में कप्तान बनकर फिर से 'वतन' की कार्यवाहियों को जारी किया । अब सरकारी आज्ञा से कॉलेज में उसे बन्द कर दिया था, पर वहाँ से पढ़कर सेना में काम करने वाले अफसरों ने उसके नये गुप्त केन्द्र स्थापित कर लिये । कमाल ने एक कमरा किराये पर लेकर उसमें 'वतन' का कार्यालय बनाया । वहाँ पर 'वतन' के सदस्यों की गुप्त बैठकें होती थीं जिनमें राष्ट्र की स्थिति पर विचार किया जाता था, साथ ही क्रान्ति द्वारा मौजूदा शासन को किस तरह पलटा जा सकता है, इस सम्बन्ध में भी तरह-तरह की युक्तियों पर परामर्श होता था । यह कार्य खतरनाक था और तुर्की जैसे स्वेच्छाचारी एकतन्त्र शासन वाले देश में राजविद्रोह की सजा बिना किसी प्रकार के मुकदमे के जेल में सड़ाकर मार डालना ही थी । मुस्तफा कमाल इस बात को खूब समझता था इसलिये इस संस्था का सब काम बड़ी सावधानी से किया जाता था । नये सदस्यों की सच्चाई की विशेष उपायों से जाँच की जाती थी, बातचीत के लिये संकेत नियत किये गये थे और अपनी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

रक्षा के लिये कितने ही गुप्त स्थान बना लिये गये थे । कमाल इन सब कार्यों में काफी निपुण हो गये थे ।

परन्तु सरकारी पुलिस को इस संगठन का पता था और वह समय-समय पर बड़े अधिकारियों को इसकी कार्यवाही की सूचना देती रहती थी । उच्च अधिकारियों ने आज्ञा दी कि उनके विरुद्ध पक्के प्रमाण इकट्ठे कर लिये जायें और उनको ऐसे समय गिरफ्तार किया जाये जब वे साजिश करने के लिये इकट्ठे हुए हों । 'वतन' के सदस्यों में जोश अधिक पर होश कम था । इसलिये खुफिया पुलिस का एक व्यक्ति उनके संगठन में धोखे से सम्मिलित हो गया और उसने उनको गुप्त-मीटिंग करते हुए गिरफ्तार करा दिया ।

इन गिरफ्तार होने वालों में कमाल भी था । उसके विरुद्ध पुलिस ने बहुत से सबूत इकट्ठे कर लिये थे । उसका अभियोग अधिक खतरनाक माना गया और इसलिये उसको अन्य सब लोगों से पृथक करके कालकोठरी में बन्द कर दिया गया । उसकी माता जुबैदा उससे मिलने को आई, पर उसे भेंट करने की स्वीकृति नहीं दी गई ।

कमाल को समय-समय पर जाँच पड़ताल के अवसर पर बाहर निकाला जाता था और फिर उसी अँधेरी गन्दी कोठरी में बन्द कर दिया जाता था । जेल का जीवन अवश्य ही कठिन था, पर कमाल को इस बात का सन्तोष था कि वह अपने देश और जाति के लिये कष्ट सहन कर रहा है । निरंकुश शासकों को हटाने के लिये कुछ लोगों को बलिदान के लिये तैयार होना ही पड़ता है । स्वतन्त्रता देवी कष्ट-सहन और रक्त-दान के बिना प्रसन्न नहीं होती ।

पर अकस्मात् स्थिति में परिवर्तन हुआ । एक दिन वह इस्माईल हकी पाशा के दफ्तर में बुलाया गया । उसने कहा—"तुमने अब तक सैनिक शिक्षा और कार्यों में बहुत योग्यता दिखाई है और तुम सच्चाई के साथ उस काम को करते रहो तो सरकारी सैन्य-विभाग में बहुत उन्नति कर सकते हो परन्तु तुमने ऐसा काम किया है जिससे तुम और तुम्हारी वर्दी कलंकित होती है । खराब साथियों में रहकर तुमने जुआ खेला है और शराब पी है । इससे भी अधिक दोष यह है कि तुम राजद्रोही बने । तुमने राजनीति में भाग लेकर अपने सुल्तान के विरुद्ध आन्दोलन किया और अपने साथियों को भी वैसा करने की प्रेरणा दी । फिर भी सुल्तान ने तुम्हारे ऊपर दया दिखाने का निश्चय किया है । तुम नौजवान और मूर्ख हो, शायद तुम खराब होने की अपेक्षा अधिक अक्खड़ और जंगली हो ।

"तुम दमिश्क में घुड़सवारों की रेजीमेण्ट में नियुक्त किये जाते हो । तुम्हारा भविष्य वहाँ से प्राप्त हुई रिपोर्टों पर निर्भर होगा । तुमको अब यह मूर्खता बन्द कर देनी चाहिये और अपने सैनिक कर्त्तव्यों का पालन करना चाहिये । ध्यान रहे तुमको दूसरा मौका नहीं दिया जायेगा ।"

उसी समय उसको बिना किसी से मिले सीरिया भेज दिया गया, जहाँ से उसके सैनिक दल को तुरन्त ही एक पहाड़ी जाति के विद्रोह को दबाने के लिये कूच करना पड़ा । उस काम को पूरा करके वह दमिश्क आया तो फिर 'वतन' की शाखा उस नगर में खोलने का प्रयत्न करने लगा । वह हृदय से सच्चा क्रान्तिकारी था जिसे किसी तरह की सजा और धमकी न दबा सकती थी । उसने देखा कि यहाँ के सभी नवयुवक अफसर सुल्तान के शासन से नाराज हैं और देश में क्रान्ति लाने के पक्ष में हैं । वह उनके संगठन में लग गया और थोड़े समय में सेना का बड़ा भाग उसके पक्ष में हो गया । उसको कुछ अनुभवी लोगों ने सलाह दी कि क्रान्ति का सबसे अधिक जोर 'बाल्कन-प्रदेश' में है, इसलिये उसको सालोनिका जाकर काम करना चाहिये । वह छुट्टी लेकर और वेश बदलकर सालोनिका जा पहुँचा और अपनी माँ के मकान में छुपकर क्रान्तिकारियों का संगठन करने लगा ।

किन्तु खुफिया पुलिस ने यहाँ भी उसका पता लगा लिया और कुस्तुनतुनिया से उसके नाम वारण्ट आ गया । परन्तु सालोनिका का पुलिस अधिकारी जेमिल स्वयं 'वतन' का सदस्य रह चुका था । उसने कमाल को सूचना दे दी कि वह दो दिन के भीतर यहाँ से भाग जाये । वह तुरन्त वहाँ से चलकर यूनान आया और वहाँ से जाफा पहुँचा गया । वहाँ भी उसकी गिरफ्तारी का हुक्म आ चुका था पर यहाँ भी जो अफसर उसकी गिरफ्तारी का हुक्म लाया वह विरोधी विचारों का था । उसने कमाल को गाजा भेज दिया और सुल्तान के पास रिपोर्ट भेज दी कि इस 'हुक्म में कोई गलती हो गई है । कमाल तो निरन्तर गाजा (सीरिया) में ही था । वहाँ अन्य सैनिक अफसरों ने भी इस बात का समर्थन कर दिया । इस प्रकार क्रान्तिकारियों के संगठन के प्रभाव से इस बार वह बाल-बाल बच गया ।

एक साल तक वह चुपचाप रहा, क्योंकि बड़े अधिकारियों को जो सन्देह हो गया था वह दूर हो जाना आवश्यक था । उसने अपना सैनिक-कर्त्तव्य इतने परिश्रम और सावधानी से पूरा किया कि वहाँ का सेनापति उससे प्रसन्न हुआ और उसने उसकी प्रशंसा की रिपोर्ट प्रधान सैनिक कार्यालय में भेज दी । फिर वह अपने तबादले की कोशिश करने लगा और अपनी चतुराई से सालोनिका ही जा पहुँचा ।

उस समय सालोनिका में एक बहुत बड़ा क्रान्तिकारी दल काम कर रहा था जिसका काम 'यूनियन और प्रोग्रेस'

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

था । सालोनिका में ऐसे बहुत से यहूदी रहते थे जो इटली की प्रजा थे, तुर्की की पुलिस न तो उनकी तलाशी ले सकती थी और न उनको गिरफ्तार कर सकती थी । इसलिये उक्त संस्था के सदस्य अपनी बैठकें यहूदियों के घरों में किया करते थे । कमाल भी उस संस्था में शामिल हो गया । यद्यपि वह संस्था अन्तर्राष्ट्रीय विषयों पर भी विचार किया करती थी, पर कमाल को उसमें रुचि न थी । वह एक तुर्क की हैसियत से अपने देश को विदेशियों तथा सुल्तान के पंजे से छुड़ाकर स्वतन्त्र और उन्नतिशील बनाना चाहता था । जब उसकी माँ को उसके गुप्त संस्था का सदस्य होने का हाल मालूम हुआ तो उसने कमाल को बुरा-भला कहा पर वह उससे भी लड़ने लगा । किसी का हस्तक्षेप सह सकना उसकी प्रकृति के अनुकूल न था । इसलिये उसने अपने रहने को पृथक् मकान ले लिया ।

'यूनियन' में भी उसने जाना कम कर दिया क्योंकि वहाँ पर वह अन्य सदस्यों की अपेक्षा नया समझा जाता था और इसलिये उसके हाथ में किसी प्रकार के अधिकार न थे और न वह अपनी पसन्द का कोई कार्यक्रम उसके द्वारा पूरा करा सकता था । वह कोई अवसर ढूँढ़ रहा था जबकि क्रान्ति असली रूप में शुरू की जा सके उसके द्वारा देश का कायाकल्प किया जा सके ।

'यंग तुर्क दल' की क्रान्ति

सन् १६०८ में तुर्की में एकाएक क्रान्ति की आग जल उठी । उसका प्रमुख नेता अनवर पाशा था । वह भी एक फौजी अफसर था और उसके विद्रोही-दल में अधिक संख्या सैनिक लोगों की ही थी । सुल्तान ने उसको दबाने के लिये कई सेनायें भेजीं, पर वे सब अनवर के साथ मिल गईं । सिपाहियों को बहुत दिनों से वेतन नहीं मिल रहा था, इससे वे असन्तुष्ट थे । कमाल कुछ समय तक तो क्रान्ति से अलग रहा, क्योंकि उसके संचालकों पर उसे भरोसा न था और उसके अनुयायियों की संख्या बहुत कम थी, परन्तु जब सरकारी कुप्रबन्ध और भ्रष्टाचार के कारण जनता और सेना स्वयमेव क्रान्तिदल वालों का साथ देने लगी तो कमाल भी उसमें सम्मिलित हो गया । जब सालोनिका के बड़े चौराहे पर खड़े होकर अनवर ने तुर्की के लिये नये शासन विधान की घोषणा की तो कमाल भी सैनिक अफसरों के साथ वहाँ था । यद्यपि इस समय क्रान्ति की बागडोर अन्य लोगों के हाथ में थी और जब देश की कायापलट का समय आ गया तो वह अलग नहीं रह सकता था । देशोद्धार के यज्ञ में प्रत्येक देशभक्त का आहुति डालना परम कर्त्तव्य था ।

अब तुर्की के वे राजनीतिक नेता भी विदेशों से वापस आने लगे जिनको सुल्तान अब्दुल हमीद ने देश से निर्वासित कर दिया था, वे लोग सेना को लेकर राजधानी में पहुँचे और शासन सत्ता को अपने हाथ में ले लिया । तुर्की की इस अव्यवस्था को देखकर पड़ोसी देशों ने भी लूटमार आरम्भ कर दी । आस्ट्रिया ने बोसेनिया और हर्जीगोविना के प्रदेशों पर अधिकार कर लिया । क्रीट के टापू को यूनान ने छीन लिया । बल्गेरिया, रूस की सहायता से स्वतन्त्र हो गया । अल्बानिया और अरब में विद्रोह होने लगे ।

इस प्रकार जिस साम्राज्य को तुर्की-सुल्तानों ने सैकड़ों वर्षों तक लड़-झगड़कर इकट्ठा किया था और जिसके निवासियों को अभी तक वे शक्ति द्वारा दबाकर रखे हुए थे, वह उस शक्ति के क्षीण होने से तीन-तेरह होने लग गया । इनमें से अधिकांश देशों के निवासी ईसाई थे, जिनके साथ तुर्की शासकों का व्यवहार सदा पक्षपात और निर्दयतापूर्ण रहा था । अब अवसर पाकर वे विधर्मी मुसलमानों के बन्धन से छुटाकारा पाने की कोशिश करने लगे और थोड़े ही समय में तुर्की साम्राज्य का बहुत-सा भाग दूसरे राज्यों के साथ मिल गया । कमाल इस स्थिति को ध्यानपूर्वक देख रहा था और गुण-दोषों को परख रहा था । यद्यपि वह कट्टर तुर्क था और अपने देश को विदेशियों के प्रभाव से मुक्त करने का दृढ़ पक्षपाती था, पर अन्य धर्म वालों को पराधीन बनाना भी उसे उचित नहीं जान पड़ता था । इससे वह इन आपसी झगड़ों में ज्यादा नहीं पड़ा । दूसरी बात यह भी थी कि अभी तक क्रान्तिकारी सरकार में उसका कोई भी न था । शासन-संचालन पुराने बड़े नेता ही कर रहे थे, तीस वर्षीय कमाल को अभी 'बड़ी कमेटी' में स्थान नहीं मिला था ।

इसके अतिरिक्त वह स्वभाव से ही अक्खड़ और किसी के भी दबाव को सहन न कर सकने वाला व्यक्ति था । कमेटी वालों की भी उसके सम्बन्ध में यही राय थी कि 'कार्य की दृष्टि से पर्याप्त योग्य है, पर अपने असहिष्णु स्वभाव के कारण दूसरों के साथ मिल-जुलकर काम नहीं कर सकता । उसमें प्रत्येक व्यक्ति की आलोचना करने का बड़ा दुर्गुण है ।' इसलिये उन्होंने उसको केन्द्रीय शासन में न रखकर इधर-उधर के कामों में लगा दिया । सन् १६१० में वह जनरल अली रजा के साथ सैनिक समझौता करने फ्रांस भेजा गया । वापस आने पर जनरल ने उसकी योग्यता और कर्त्तव्य-परायणता की बहुत प्रशंसा की । नई सरकार ने उसको सालोनिका के किसी सैनिक-स्कूल का अध्यक्ष बनाकर भेज दिया जिसमें उसने शिक्षा प्राप्त की थी ।

देशरक्षा के लिये संघर्ष

पर क्रान्ति हो जाने पर भी तुर्की की दशा में विशेष सुधार नहीं हुआ था । सुल्तान का स्वेच्छाचारी शासन हट गया था और पुराने दकियानूसी कानून भी बदल दिये गये थे, पर क्रान्ति के संचालकों में कोई ऐसा महान उद्देश्य वाला

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

प्रतिभाशाली नेता न था जो स्वार्थ छोड़कर केवल देशोद्धार के लक्ष्य में ही अपने को खपा दे । वहाँ पर अनवर, तालत, जमाल आदि जितने सैनिक नेता शासन कर रहे थे, वे सब एक-दूसरे को दबाकर स्वयं सर्वोच्च सत्ता हथियाने की फिकर में रहते थे । इसके फलस्वरूप विदेशी लोगों का दाँव लग रहा था और वे वहाँ के शासन में हस्तक्षेप कर रहे थे । खासकर जर्मनी ने अपने बड़े-बड़े राजनीतिज्ञ कुस्तुनतुनिया में काम करने को भेज दिये थे । वे वहाँ की सेना में भी अपना प्रभाव जमा रहे थे । वेतन, संगठन और सामान्य शासन की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो सका था और देश में सर्वत्र असन्तोष व्याप्त था ।

मुस्तफा कमाल भी अब सेना में एक बड़ा अधिकारी था और अन्य अनेक अफसर उसकी बातों को सुनते और मानते थे । अब वह स्वयं अपना एक दल बनाने लगा और अपने अनुयायियों को संगठित करने लगा । शीघ्र ही इसकी खबर युद्ध-सचिव महमूद शौकत पाशा तक पहुँची । उसने कमाल को सालोनिका की सेना का सेनापति बनाकर भेज दिया पर वहाँ भी वह अपने कार्यक्रम में संलग्न रहा । वह बन्द कमरों में गुप्त सभायें करने लगा । उसका कथन था कि "तुर्की तुर्कों के लिये है ।" वह चाहता था कि देश में से विदेशियों के प्रभाव को समाप्त करके एक सुदृढ़ सरकार स्थापित की जाये । जासूसों ने उच्च सरकारी अधिकारियों को इन सब बातों की खबर दे दी । इस पर उसे सैन्य संचालन के कार्य से हटाकर सेना के दफ्तर में भेज दिया गया । वहाँ पर वह छोटे राजनीतिज्ञों से मिलकर अपने विचारों का प्रचार करने की कोशिश करने लगा, पर किसी ने उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया । इससे वह बहुत असन्तुष्ट हुआ और राजनाति के पृथक होकर फिर पुराना खाने-पीने का जीवन बिताने लगा । फिर भी वह अवसर की खोज करता रहता था ।

सन् १९११ में इटली ने तुर्की के अधीनस्थ 'त्रिपोली' देश पर आक्रमण कर दिया जो उत्तरी अफ्रीका में है । तुर्की सरकार ने उसे त्रिपोली पहुँचकर काम करने का आदेश दिया पर जब वह मिस्र की सीमा पर पहुँचा तो मालूम हुआ कि अंग्रेजों ने इस युद्ध में मिस्र को तटस्थ करार देकर आगे जाने का रास्ता बन्द कर दिया है । यह बात कमाल को बहुत बुरी लगी, क्योंकि मिस्र तुर्की के आधीन माना जाता था, पर अंग्रेज वहाँ जबर्दस्ती हस्तक्षेप कर रहे थे । फिर भी उसने हिम्मत न हारी और वह अपने सब साथियों को छोड़कर एक अरब निवासी का-सा वेश बनाकर मिस्र में घुस गया लेकिन न तो वह अरबी भाषा ठीक तरह जानता था और न उसकी आँखें और बाल अरबों की तरह थे । इससे वह शीघ्र ही पहिचान लिया गया । वह हर तरह का खतरा उठाते हुए आगे बढ़ता गया और अन्त में तुर्क सेना के कैम्प में पहुँच गया । वहाँ सैन्य-संचालन करते हुए वह एक वर्ष तक इटली वालों से युद्ध करता रहा पर उनकी बहुत बड़ी सेना के कारण उसे अधिक सफलता न मिल सकी ।

कुछ समय बाद बाल्कान के कई देशों ने मिलकर तुर्की पर चढ़ाई कर दी । अब तुर्की को अपनी जान बचाना कठिन हो गया और इस कारण उसने अपनी दूर देशों में फैली हुई सेना को वापस बुलाकर घर की रक्षा करने का प्रयत्न किया । मुस्तफा कमाल भी कई देशों का चक्कर खाकर कठिनाई से कुस्तुनतुनिया पहुँचा । वहाँ पर उसने देखा कि देश की हालत बहुत खराब है और तुर्की सेना चारों तरफ हारती जा रही है । राजधानी घायलों से भरी हुई थी और अस्पतालों में जगह न होने से मस्जिदों तथा गिरजों में अस्थायी अस्पताल बनाकर घायलों को रखा गया था । खाने के पदार्थों का अकाल पड़ गया था और हजारों व्यक्ति भूखे मर रहे थे । हैजा भी फैल गया था और वह भी हजारों व्यक्तियों की भेंट ले रहा था । इससे तुर्की सरकार की हालत डाँवाडोल हो रही थी ।

ऐसे अवसर पर मुस्तफा कमाल तुर्की के राजनीतिज्ञों के भीतरी झगड़ों में न पड़कर देश-रक्षा के लिये युद्ध-क्षेत्र में पहुँचा और एक सेना की अध्यक्षता ग्रहण कर बल्गेरिया वालों का सामना करने लगा पर तुर्की की दशा दिन पर दिन कमजोर होती जाती थी इसलिये उसे विशेष सफलता न मिल सकी । उधर कई राजनीतिज्ञ देश का बहुत-सा भाग शत्रुओं को देकर सन्धि चाहते थे । अनवर पाशा सबको दबाकर अपनी नीति के अनुसार काम करना चाहता था । उसने सेना के नवयुवक अफसरों को मिलाकर कितने ही पुराने अधिकारियों को गोली से उड़वा दिया और स्वयं लड़ने लगा पर शत्रुओं की अधिकता के कारण तुर्की वालों को बीच में सामान्य जीत हो जाने पर भी अन्त में हारना ही पड़ा और देश का बहुत-सा भाग उनके अधिकार से निकल गया ।

वह जमाना ऐसी ही उथल-पुथल का था, न किसी व्यक्ति के हाथ में सत्ता के रहने अथवा चले जाने का भरोसा था और न विदेशों के आक्रमण और मित्रता का । चारों तरफ राजनीतिक चालें चली जा रही थीं, उनमें जहाँ किसी से चूक हुई कि फिर उसका ठिकाना नहीं लगता था । आज जिसको लोग झुक-झुककर सलाम करते थे, हर बात में 'जी हाँ'-जी हाँ' की धुन लगा देते थे, कल उसके दरवाजे पर आने पर भीतर घुसने भी नहीं देते थे । सब अपने-अपने स्वार्थ में मतवाले हो रहे थे और किसी तरह

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अपनी ताकत बढ़ाना चाहते थे पर उस समय हालत इतनी तेजी से बदल रही थी और संसार के राजनीतिक क्षेत्र में ऐसे दाँव-पेच चले जा रहे थे कि किसी के स्थायित्व का कोई ठिकाना न था । क्षण भर में राजा और क्षण भर में भिखारी की कहावत स्पष्ट रूप से चरितार्थ हो रही थी । तुर्की की जनता में सैकड़ों वर्षों से निरकुंश शासन के नीचे रहने का कारण राजनीतिक चेतना का अभाव था । वह जिसको सत्तारूढ़ और शक्तिशाली देखती उसी का अनुसरण करने लग जाती थी ।

उस समय अनवर पाशा का सितारा बुलन्दी पर था और वह धीरे-धीरे ऊपर उठते हुए अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुका था । जर्मनी की सरकार उससे मित्रता का भाव रखती थी और उसे आगे बढ़ाने में हर तरह की सहायता देने को प्रस्तुत थी । इसके विपरीत मुस्तफा कमाल तुर्की में विदेशियों का प्रवेश हानिकारक मानता था और जर्मनों को घृणा की दृष्टि से देखता था । अनवर पाशा के साथ मतभेद और कहा-सुनी होने का मुख्यतः यही कारण था । बाल्कन के झगड़े में तुर्की की कमजोरी देखकर अनवर ने सेना का पुनः संगठन करना आवश्यक समझा और इस कार्य के लिये सलाह-मशविरा देने और सेना की नवीन व्यवस्था को जमा देने के लिये जनरल वान सैण्डर्स को बुलाया । मुस्तफा कमाल को यह बात बहुत बुरी लगी कि अपनी सेना की बागडोर किसी विदेशी के हाथ में दे दी जाये । यद्यपि अनवर इस समय युद्ध-सचिव के पद पर काम कर रहा था और देश के शासन की बागडोर उसी के हाथ में थी, तो भी कमाल ने उसके काम की खुलकर आलोचना की और उस पर दोषारोपण किया । पहले तो उसने अनवर से मिलकर इन बातों को सामने ही कहने का प्रयत्न किया, पर जब उसने मिलने से इन्कार कर दिया तब उसने इन्हीं सब बातों को लेकर एक बहुत कड़ा पत्र लिखकर उसके पास भेज दिया । अनवर इस पर नाराज हुआ और उसने उसको सोफिया (बल्गेरिया) के दूतावास में सहायक अधिकारी बनाकर तुर्की से दूर भेज दिया ।

यद्यपि सोफिया में उसको बहुत काम करना पड़ता था, तो भी उसका मन नहीं लगता था । वह समझता था कि उसकी स्पष्टवादिता के कारण अनवर पाशा ने उसे तुर्की से निर्वासित कर दिया है । उसने बल्गेरिया के सेनापति से मित्रता कर ली और कुछ नया काम करता रहा । वह परिश्रमी और कर्मठ व्यक्ति था और इस तरह निष्क्रिय रहना उसे बहुत नापसन्द था । पर तुर्की के वर्तमान शासकों की नीति से मतभेद रखने के कारण विवश होकर उसे यह स्थिति स्वीकार करनी पड़ी ।

प्रथम यूरोपीय महासमर

इसी समय १९१४ के अगस्त में यूरोपीय महायुद्ध शुरू हो गया । कमाल की सम्मति थी कि इस अवसर पर तुर्की को तटस्थ रहना चाहिये । पर वहाँ के शासक बहुत पहले ही जर्मनी के साथ गुप्त-सन्धि कर चुके थे और लियान वान सैण्डर्स इसके लिये दो वर्ष से निरन्तर वहाँ की सेना को नये रूप में संगठित कर रहा था । इसलिये युद्ध को अनिवार्य देखकर कमाल उसमें भाग लेने के लिये उतावला होने लगा और उसने अनवर पाशा को इसके लिये तार भेजा, पर उसका यही उत्तर मिला कि 'अभी अपने स्थान पर ही बने रहो ।' उसने अपने मित्रों के लिये भी कई पत्र लिखे पर कोई इस विषय में उसकी सहायता न कर सका ।

आरम्भ में कितने ही लोगों का यह ख्याल था कि युद्ध एक-दो महीने में खत्म हो जायेगा, पर जब छः महीने बीत गये और युद्ध घटने के बजाय बढ़ता ही चला गया तो कमाल बेचैन होने लगा और उसने बल्गेरिया से चलने की तैयारी कर ली । इसी समय उसके पास कुस्तुनतुनिया से बुलावे का आज्ञा-पत्र आ गया । इस समय अनवर पाशा रूस की सेना से लड़ने के लिये काकेशश की तरफ चला गया था और उसके स्थान पर हकी पाशा काम कर रहा था । वह कमाल की योग्यता से भलीभाँति परिचित था । इसलिये जब अंग्रेजों के गैलीपोली पर सम्भावित आक्रमण को रोकने के लिये नये सेनादल का संगठन किया जाने लगा तो उसने कमाल को बुलाकर जर्मन सेनाध्यक्ष लियान वान सैण्डर्स का सहकारी बना दिया ।

अब संयोग ऐसा बना कि दो ऐसे व्यक्तियों को जो एक-दूसरे के विरुद्ध विचारधारा वाले थे एक साथ मिलकर काम करना अनिवार्य हो गया । वान सैण्डर्स तुर्की अफसरों को बहुत अयोग्य और घटिया मानता था और इधर कमाल को विदेशियों से घृणा थी । पर वान सैण्डर्स ने शीघ्र ही अनुभव कर लिया कि मुस्तफा कमाल तुर्की के अन्य अफसरों से बहुत भिन्न है और वह पक्का सिपाही और कर्त्तव्य में दक्ष है । उसके स्वभाव में अक्खड़पन का भी उसे अनुभव हो गया । क्योंकि एक दिन कमाल ने उसके सामने ही कह दिया कि युद्ध में जर्मनों की अन्तिम विजय होना कठिन है । लेकिन वान सैण्डर्स उसकी विशेषताओं को समझ चुका था और उस पर विश्वास रखता था । कमाल भी सैण्डर्स की वीरता और चतुराई को मानता था । एक बार उसने कहा—"वान सैण्डर्स में एक उच्च सेनाध्यक्ष के समस्त गुण हैं । यद्यपि उसके साथ अनेक बार मेरा मतभेद हो जाता है, पर जब वह मुझे किसी काम की एक बार आज्ञा दे देता है, तो फिर उसका भार पूरी तरह मेरे ऊपर छोड़ देता है ।"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जिस समय वान सैण्डर्स गैलीपोली की रक्षा की तैयारी कर रहा था, उसी समय खबर आई कि अंग्रेज आक्रमण के लिये मिस्र से अस्सी हजार सेना जहाजों में ला रहे हैं पर उस प्रदेश के बावन मील लम्बे किनारे पर वे कहाँ पर उतर पड़ेंगे इसका कोई निश्चय न था । इसलिये वान सैण्डर्स ने अपनी सेना को तीन भागों में बाँटकर तीन विभिन्न स्थानों पर नियुक्त कर दिया । मुस्तफा कमाल ने इस अवसर पर बड़ी बुद्धिमत्ता और दूरदर्शिता का परिचय दिया और वह अंग्रेजी सेना से ऐसी वीरतापूर्वक लड़ा कि उसने अंग्रेजों के मुख्य आक्रमण को थोड़े से सिपाहियों को साथ लेकर अकेले रोक दिया । उसे महीनों तक खाइयों में रहना पड़ा जहाँ लगातार अंग्रेजी तोपों के गोले पड़ते रहते थे, पर कभी भयभीत नहीं हुआ और बराबर आगे बढ़कर अपने सैनिकों का उत्साह बढ़ाता रहा । यद्यपि अब भी अनवर के साथ उसका झगड़ा होता रहता था, जिससे क्रुद्ध होकर उसने अपने पद से त्याग-पत्र भी दे दिया । पर जर्मन सेनापति उसके महत्व को खूब समझ गया था । उसने अपने ऊपर जिम्मेवारी लेकर अनवर के हुक्म को अमान्य कर दिया और कमाल अपने स्थान पर बना रहा ।

मुस्तफा कमाल को युद्ध में एक के बाद दूसरी सफलता मिलती गई और अन्त में अंग्रेजी सेनायें गैलीपोली से हट गईं । इस पर जनता में कमाल का यश फैल गया और वह "डार्डेनैलीज और राजधानी के रक्षक' के नाम से पुकारा जाने लगा, पर अनवर से उसका झगड़ा बना ही रहा और उसे उत्तर की तरफ रूस वालों का मुकाबला करने भेजा गया । उस कार्य में भी उसे सफलता प्राप्त हुई यद्यपि अब उसे 'पाशा की पदवी प्राप्त हो गई थी तो भी वह अनवर के व्यवहार से अप्रसन्न था, जो कमाल के मतानुसार 'सस्ती राजनीति' के आधार पर टर्की का सर्वेसर्वा बना बैठा था और उसके मार्ग में हर तरह रोड़े अटका रहा था । अन्त में मामला यहाँ तक बढ़ गया कि कमाल ने त्यागपत्र दे दिया और वह सेना का काम त्यागकर अपनी माता बहिन के पास कुस्तुनतुनिया में आकर रहने लगा । वह अब भी निरन्तर अनवर और जर्मनों को बुरा-भला कहता रहता था और अनवर के विरोधी अफसरों से मिलकर सलाह मशविरा किया करता था । इससे डर कर अनवर ने उसे राजकुमार वहेउद्दीन के साथ एक 'मिशन' में शामिल करके जर्मनी की यात्रा के लिये भेज दिया ।

जर्मनी की यात्रा से और वहाँ के मुख्य सेनाध्यक्षों से मिलकर कमाल पाशा ने यही निर्णय किया कि इस युद्ध में उनकी अन्तिम विजय नहीं हो सकती । जर्मनी से वापस आने पर वह कई महीने तक बीमार पड़ा रहा । फिर भी जब अंग्रेजी सेना का आक्रमण तुर्की के कई प्रदेशों पर जोर से होने लगा और वहाँ की सेनायें हारने लगीं तो वह फिर युद्ध क्षेत्र में पहुँच गया और देश के जितने भाग की रक्षा हो सके उसकी चेष्टा करने लगा । पर अब जर्मनी की शक्ति समाप्त हो चुकी थी और अंग्रेज समस्त युद्ध में अपनी शक्ति बढ़ाते जाते थे, इससे तुर्की की सरकार ने पराजय स्वीकार करके अंग्रेजों से सन्धि करने का निश्चय कर लिया ।

अब कमाल भी कुस्तुनतुनिया पहुँचा । इस समय पुरानी सरकार के मुख्य संचालक अनवर तालन तथा जमाल पाशा राजधानी से भाग चुके थे और राजकुमार वहेउद्दीन सुल्तान बनकर शासन कर रहा था पर अब टर्की का समस्त साम्राज्य छिन-भिन्न हो चुका था और वह किसी तरह अंग्रेजों से अपनी राजधानी और थोड़े से प्रदेश की रक्षा के प्रार्थी थे । कमाल पाशा अब भी सेना का अधिकार अपने हाथ में लेकर अंग्रेजी प्रभाव को बढ़ने से रोकने को तैयार था पर सुल्तान में इतना साहस न था, इसलिये कमाल को फिर उपेक्षित दशा में ही रहना पड़ा । कुछ समय पश्चात् राजधानी पर भी अंग्रेजी तथा फ्रांसीसी सेनाओं ने अधिकार कर लिया, कमाल चूँकि अंग्रेजों का विरोधी था, इसलिये इसका नाम खतरनाक लोगों की सूची में लिख लिया गया और उस पर निगरानी रखी जाने लगी ।

क्रान्ति का श्रीगणेश

कुछ समय पश्चात् अनातोलिया में विद्रोह हो गया और कमाल पाशा को इस कार्य के लिये सर्वथा उपयुक्त समझकर वहाँ की सेना का अधिकारी बनाकर भेजा गया । अंग्रेज अधिकारियों को उस पर विश्वास न था इसलिये वहाँ भी उन्होंने उसकी निगरानी की व्यवस्था रखी पर कमाल को इसकी कोई चिन्ता न थी । उसने अनातोलिया में अंग्रेजों के खिलाफ प्रचार और तुर्की की स्वाधीनता का आन्दोलन आरम्भ कर दिया । कुछ समय बाद उसने अपने विचार वालों को इकट्ठा करके उसकी एक गुप्त कॉन्फ्रेन्स की । कमाल ने लोगों को समझाया कि "शत्रु तुर्की का नाश करने पर तुला है । सुल्तान अंग्रेजों के हाथ में निस्सहाय है, परन्तु तुर्की को स्वयम् अपनी रक्षा करनी चाहिये । उनको नई राष्ट्रीय सेना में भर्ती होना चाहिये । केवल इसी उपाय से वे अपनी तथा अपने स्त्री-बच्चों की रक्षा कर सकेंगे ।" इस समय लोगों की हिम्मतें कई साल तक युद्ध सहने के कारण टूटी हुई थीं तो भी कमाल के लगातार प्रयत्न से उनमें जोश पैदा हो गया और वे शत्रुओं से बदला लेने को तैयार होने लगे ।

यद्यपि अंग्रेजों ने और उसका साथ देने वाले तुर्कों ने कमाल के प्रभाव को रोकने की बहुत चेष्टा की, पर अब जनता ने उसकी देशभक्ति और राष्ट्र-रक्षा की भावना को भली-भाँति समझ लिया था, इससे उसे लगातार सफलता

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

मिलती गई और एक दिन वह आया जब कि वह प्रजातन्त्रवादी दल का प्रमुख नेता बन गया । सुल्तान ने उसको राजद्रोही घोषित कर दिया और यह आज्ञापत्र निकाल दिया गया कि "जो लोग कमाल और उसके साथियों को मारेंगे उनको इस लोक में तथा परलोक में पुरस्कार मिलेगा ।"

उस समय यद्यपि कमाल, नाम के लिये एक नई सरकार का अध्यक्ष था पर उसके पास न तो कोष था न सेना थी फिर भी उसने हिम्मत न हारी और अपने नाम से टर्की के स्वतन्त्र होने का आज्ञा-पत्र निकलवा दिया । उसने खुले शब्दों में कहा कि कुस्तुनतुनिया की सरकार और उसका अध्यक्ष सुल्तान देश को अंग्रेजों के हाथ में बेच रहे हैं, इसलिये वे राष्ट्र घातक हैं । यद्यपि तुर्की जनता के धर्मान्ध व्यक्ति 'खिलाफत' के नाम पर अब भी सरकार के पक्ष में थे और इसलिये कमाल की जान के लिये हमेशा खतरा था, पर प्रजातन्त्रवादी दल के प्रचार से अब लोगों की आँखें खुलने लगी थीं और वे राष्ट्रीयता की भावना को ग्रहण करते जाते थे । थोड़े ही समय में कुस्तुनतुनिया की पार्लियामेण्ट के अनेक सदस्य भी, अंग्रेजों के विरोधी बनकर नई सरकार की राजधानी 'अंगारो' में चले आये और उन्होंने एक मत से वहाँ पर देश के शासन के लिये 'ग्राण्ड नेशनल असेम्बली' का निर्माण किया जिसका सभापति कमाल पाशा चुना गया ।

पेरिस कॉन्फ्रेन्स का फैसला

इसी समय पेरिस में 'शान्ति परिषद्' के नाम से प्रेसीडेण्ट विल्सन, लायड-जार्ज, क्लीमेंशो आदि अपने आज्ञा-पत्र निकाल रहे थे । उन्होंने जब तुर्की की इस नई सरकार और उसकी स्वतन्त्रता की घोषणा को सुना तो वे बड़े नाराज हुए और कहने लगे—"यह सब क्या बकवास है ? युद्ध में तुर्की परास्त हो चुका है, अब उसका कोई अस्तित्व नहीं रहा ।" उन्होंने अपने मन से तुर्की के लिये सन्धि का एक मसौदा तैयार कर दिया । जिसमें अनातोलिया और स्मरना पर तुर्की का अधिकार माना गया, पर उन पर विदेशी अफसरों की पूरी देखभाल रहेगी । उसकी अर्थव्यवस्था, सेना, टैक्स, पुलिस आदि पर पूरा नियन्त्रण रखा जायेगा । यह सन्धि-पत्र तुर्की के लिये स्पष्ट रूप से गुलामी व शर्तनामा था । इसकी शर्तों को सुनकर सभी तुर्क क्रोध से भर गये, क्योंकि वे पाँच सौ वर्ष से स्वतन्त्र रहते आये थे और अब अपनी स्वाधीनता को ऐसे सहज में नहीं छोड़ सकते थे ।

इस नई परिस्थिति में तुर्क लोगों की निगाह सबसे अधिक कमाल की तरफ ही जाने लगी । अन्य नेता तो अब तक तरह-तरह के रंग बदल चुके थे और जहाँ स्वार्थ पूरा होता देखते उसी तरफ लुढ़क जाते थे, पर कमाल निरन्तर तुर्की राष्ट्र की स्वतन्त्रता और अखण्डता का समर्थन ही करता आया था अब सर्वसाधारण ने उसकी इस विशेषता को पहचाना और इसलिये उसकी शक्ति और सत्ता दिन पर दिन बढ़ती गई । राष्ट्र संघ के इशारे पर यूनानियों ने तुर्की पर आक्रमण किया, गृह-युद्ध भी छिड़ गया, सुल्तान भी उसके विरुद्ध 'फरमान' निकालता रहा, पर वह अपने निश्चय पर दृढ़ रहा और परिस्थिति के अनुसार अपने लक्ष्य की तरफ कभी धीरे-धीरे और कभी तेजी से अग्रसर होता रहा । अन्त में वह अपने बाहरी और भीतरी समस्त विरोधियों को हराकर तुर्की का निर्विरोध शासक बन गया ।

धर्मान्ध मौलवी मुल्लाओं ने फिर उसका विरोध करने की कोशिश की, क्योंकि धार्मिक और सामाजिक मामलों में भी वह पूरा स्वतन्त्र विचारों का और क्रान्तिकारी था । इसलिये जब उसने कमेटी में प्रस्ताव किया कि खिलाफत का सम्बन्ध केवल धार्मिक मामलों से रखा जाये और शासन सम्बन्धी अधिकारों से वह पृथक् हो जाये तो मौलवी लोगों ने बड़ा शोरगुल मचाया । लम्बी दाढ़ी वाले मौलवी लोग एक के बाद एक मंच पर आने लगे और कुरान की आयतों के आधार पर खलीफा की सार्वभौम सत्ता को प्रमाणित करने लगे । मुस्तफा कमाल पहले तो एक कोने में बैठा सुनता रहा, पर कुछ देर बाद वह क्रोध में आकर एक मेज पर खड़ा हो गया और रोषपूर्वक बोला—"हमने शक्ति के द्वारा हुकूमत को अपने हाथ में लिया है । धार्मिक सत्ता (खलीफा) को राजनैतिक अधिकार छोड़ने ही पड़ेंगे, चाहे आप लोग इससे सहमत न हों, पर बात यही होगी । केवल कुछ लोगों के सर हमको उड़ाने होंगे ।"

कमाल की गर्जना ने सारा दृश्य एक क्षण में बदल दिया । सभापति ने जो स्वयं एक लम्बी दाढ़ी वाला मौलवी था उठकर कहा—"सदस्यों ! गाजी मुस्तफा कमाल ने इस सवाल को एक ऐसे पहलू से पेश किया है, जिस पर हमने गौर नहीं किया था ।" बस कमेटी के सब सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में राय दे दी और निश्चय कर दिया गया कि सुल्तान वहेउद्दीन को तख्त से हटाकर धार्मिक और राजनैतिक क्षेत्रों को अवश्य अलग-अलग कर दिया जाये ।

अब इस प्रस्ताव को 'असेम्बली' (शासन-सभा) के पूरे अधिवेशन में कानून का रूप देने के लिये पेश किया गया । मुस्तफा कमाल ने देखा कि अधिकांश सदस्यों के मत उसके विरुद्ध थे पर उसने निश्चय कर लिया कि जब तक धार्मिक-तन्त्र और शासन-तन्त्र को अलग न किया जायेगा, तब तक तुर्की के बन्धन कट नहीं सकेंगे और यहाँ की जनता कूप मण्डूक ही बनी रहेगी । इसलिये असेम्बली के अधिवेशन में उसने अपने साथियों को अपने चारों ओर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

इकट्ठा कर लिया । वे सब हथियार बन्द थे । जब वोट देने का समय आया तो उन्होंने रिवाल्वर हाथों में ले लिये । कमाल ने धमकी देने के स्वर में कहा—"मुझे विश्वास है असेम्बली मेरे प्रस्ताव से सहमत होगी । केवल हाथ उठकर वोट देना काफी होगा ।"

सभापति ने प्रस्ताव को असेम्बली के सामने मतदान के लिये रखा, कुछ हाथ उसके पक्ष में उठे । सभापति ने घोषित कर दिया—"प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हो गया ।" कुछ सदस्य विरोध करने को उठे पर उनको बैठा दिया गया । मुस्तफा कमाल का संकेत पाकर सभापति ने अपना निर्णय सुनाया—"तुर्की की 'ग्राण्ड नेशनल असेम्बली' के सदस्यों की सर्वसम्मति से खिलाफत का अन्त कर दिया गया ।" यह कहकर असेम्बली का अधिवेशन समाप्त कर दिया गया और कमाल अपने साथियों से घिरा हुआ वहाँ से चल दिया ।

चार-पाँच दिन के भीतर ही राष्ट्रीय सेना के एक मजबूत दल ने कुस्तुनतुनिया पहुँचकर सुल्तान को गद्दी पर से हटा दिया उसने अंग्रेजों से सहायता माँगी । अब कमाल का शासन अच्छी तरह जम चुका था इससे अंग्रेज और तो कुछ न कर सके एक अंग्रेजी जहाज पर बैठकर के सुल्तान चुपचाप देश से बाहर चला गया । इसके बाद उसके भतीजे अब्दुलमजीद को खलीफा बना दिया गया, परन्तु उसको शासन सम्बन्धी कोई अधिकार नहीं दिया गया । इस प्रकार कमाल ने एक सप्ताह के भीतर एक ऐसी धार्मिक क्रान्ति करके दिखा दी जिसने समस्त तुर्की समाज की कायापलट कर दी ।

"कमाल पाशा द्वारा की गई तुर्की की सामाजिक और धार्मिक क्रान्ति का यह पहला चमत्कार था । इसने सिद्ध कर दिया कि शताब्दियों से धार्मिक अन्धविश्वास और अज्ञानान्धकार में पड़ी हुई जनता को समयानुकूल नये मार्ग पर चलाने के लिये कभी जोर जबर्दस्ती करना भी आवश्यक हो जाता है । आज हमारे देश की रूढ़िग्रस्त जनता के सुधार के लिये भी किसी ऐसे ही उपाय की आवश्यकता प्रतीत होती है ।"

पर इस प्रकार सुल्तान को हटा देने पर भी कमाल के मार्ग में बड़ी कठिनाइयाँ थीं । देश के राजनीतिक नेता उसे 'डिक्टेटर' के रूप में देखना नहीं चाहते थे और न उसकी अधीनता में रहने को तैयार थे, क्योंकि वे अपने को उसकी अपेक्षा पुराना और अधिक अनुभवी तथा योग्य मानते थे । यह देखकर कमाल ने एक 'जनता पार्टी' की स्थापना की और गाँवों में उसकी शाखायें स्थापित कीं, जिनको कई प्रकार के स्थानीय शासन सम्बन्धी अधिकार दिये गये । इन कमेटियों के सदस्य मुख्यतया कमाल के सैनिक और किसान अनुयायी थे । इन कमेटियों की सहायता से उसकी स्थिति देश भर में बहुत मजबूत हो गई और वह अन्य राजनीतिज्ञों का मुकाबला करने को तैयार हो गया ।

जब असेम्बली ने उसके कार्यों का विरोध किया तो उसने मन्त्रिमण्डल से इस्तीफा दिलाकर शासन-कार्य को ठप्प करा दिया । असेम्बली ने पारस्परिक दलबन्दियों के कारण शासन की व्यवस्था कर सकने में अपने को असमर्थ पाया तो फिर कमाल से ही नया मन्त्रिमण्डल बनाने की प्रार्थना की । कमाल दो बार प्रार्थना करने पर इस शर्त के साथ असेम्बली भवन में आया कि उसका निर्णय पूरी तरह से स्वीकार कर लिया जायेगा । उसने कहा कि "हमारी सरकार का विधान ठीक नहीं है । असेम्बली कानून भी बनाती है और उनको जारी भी करती है । इस प्रकार की स्थिति में मन्त्री लोग शासन कार्य का संचालन नहीं कर सकते । इसलिये आवश्यकता है कि तुर्की में अन्य यूरोपियन देशों के समान प्रजातन्त्र राष्ट्र की स्थापना की जाये जिसका एक प्रेसीडेण्ट चुना जाये ।"

तुर्की के राजवंश का अन्त

कमाल प्रजातन्त्र का प्रेसीडेण्ट बन गया, पर उसके विरोधी नेता भी भीतर ही भीतर अपनी चालें चलते रहे । सारे देश में यह मशहूर हो गया कि कमाल को धर्म में कुछ भी विश्वास नहीं है और इस्लाम धर्म के एक बहुत बड़े आधार 'खिलाफत' को नष्ट कर डालना चाहता है । कमाल की स्त्री पर्दा नहीं करती थी और पुरुषों के से कपड़े पहन कर चाहे जहाँ घूमती थी, इससे पुराने विचारों के मुसलमान उसे इस्लाम विरोधी मानते थे । इसलिये शासन से हटाये गये नेता नये खलीफा अब्दुल मजीद से मिले और उसको फिर से शासन की बागडोर अपने हाथ में लेने को प्रेरित किया । मौलवी और मुल्ला उसके पहले से ही खिलाफ़ थे क्योंकि वह उनकी शक्ति को छीनकर यूरोपियन ढंग का सामाजिक जीवन प्रचलित करने के पक्ष में था । कमाल अपने विरुद्ध राजनीतिज्ञों और धर्मजीवियों के इस सम्मिलित संगठन को देखकर चिन्तित हुआ और इनको दबाने का कोई उपाय सोचने लगा ।

इसी समय संयोगवश हिन्दुस्तानी मुसलमानों की तरफ से आगा खाँ और अमीर अली ने तुर्की सरकार के पास एक पत्र भेजा जिसमें खलीफा की प्रतिष्ठा को कायम रखने का आग्रह किया गया था । कुस्तुनतुनिया के कुछ समाचार पत्रों ने इसे सरकार के पास पहुँचने के पूर्व ही प्रकाशित कर दिया बस कमाल को एक बहाना मिल गया और उसने आगा खाँ का पुराना इतिहास खोजकर यह प्रचार करना आरम्भ किया कि "आगा खाँ अंग्रेजों का खास एजेण्ट है । अब अंग्रेज प्रत्यक्ष रूप से तुर्की को नहीं दबा सकते तो वे

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

हिन्दुस्तानी मुसलमानों और आगा खाँ की सहायता से हमारे राष्ट्र में फूट उत्पन्न करना चाहते हैं और इसके लिये खलीफा को भड़का रहे हैं ।"

मुस्तफा कमाल की यह चाल कारगर हो गई और अंग्रेजों की नीयत पर सन्देह करके तुर्की के सब राष्ट्रवादी और देशभक्त एक हो गये । मुस्तफा कमाल ने अपने विरोधी अखबारों पर जिन्होंने आगा खाँ का पत्र छापा था मुकदमा चलवा दिया । साथ ही अपने पक्ष में पत्रों द्वारा उसने बड़े जोरों से यह प्रोपेगेण्डा कराया कि सुल्तान अब्दुलमजीद अंग्रेजों से मिल गया है और इसलिये वह देशद्रोही है । इससे प्रभावित होकर लोगों को यह विश्वास हो गया कि उनके देश की स्वाधीनता खतरे में है और कमाल ही विदेशियों के षड्यन्त्रों से उनकी रक्षा कर सकता है ।

इस तरह अपनी स्थिति को मजबूत करके उसने अपने विरोधियों को दबाना आरम्भ किया । उसी रात को उसने एक विरोधी को कत्ल करवा दिया और दूसरे को बुलाकर धमकी दी कि अगर वह उसके विरुद्ध भाषण करेगा तो इसी प्रकार कत्ल करा दिया जायेगा । एक सैनिक अधिकारी जो खलीफा के पक्ष में था उसको भी बुलाकर मारने का भय दिखाया और उससे वचन ले लिया कि वह प्रजातन्त्र और प्रेसीडेण्ट का विरोध नहीं करेगा । इस प्रकार विरोधी-दल में आतंक पैदा करके उसने ३ मार्च, १९२४ को असेम्बली में 'खलीफा' की पदवी को पूर्णतया हटाने के लिये एक बिल पेश किया । उसने भाषण करते हुए कहा—"हमको अपने प्रजातन्त्र की सब तरह से रक्षा करनी चाहिये, क्योंकि वह खतरे में है । तुर्की सरकार (औटोमन साम्राज्य) का पुराना ढाँचा बहुत खराब था, क्योंकि वह धार्मिक नीति पर टिका हुआ था । अब खलीफा को हटाना आवश्यक है । पुराने ढंग की अदालतों के स्थान पर नये कानून जारी करने चाहिये जिससे सबको न्याय मिल सके । मौलवियों के मदरसों की जगह सरकारी स्कूल बनने चाहिये । राष्ट्र और धर्म को एक-दूसरे से अलग करना बहुत जरूरी है ।"

यह बिल बिना बहस के पास हो गया । एक ही बार में कमाल ने पुराने ढर्रे के राजनीतिक और सामाजिक संगठन की जड़ काट डाली । उसी रात को उसने स्तम्बूल के गवर्नर को आदेश भेजा कि खलीफा अब्दुल मजीद को देश से बाहर निकाल दिया जाये । गवर्नर ने आधी रात को ही खलीफा को जहाज में बैठाकर स्विट्जरलैण्ड भेज दिया । दो दिन बाद सब शहजादे और शहजादियों को भी उसके पास रवाना कर दिया गया । समस्त तुर्की में किसी ने इस असम्भव समझे जाने वाले परिवर्तन का विरोध नहीं किया । कमाल ने बिना किसी तरह के रक्तपात के एक प्राचीन राजवंश की सत्ता समाप्त कर दी । जब भारत के अन्धविश्वासी मुसलमानों ने इस घटना पर हाय-तोबा मचाई और इस्लाम की दुहाई दी तो मुस्तफा कमाल ने उनको फटकार कर कह दिया कि वे पहले अपने घर सँभालें, तुर्की अपने नवनिर्माण में उनसे किसी तरह की सलाह लेना नहीं चाहता ।

सामाजिक प्रथाओं में परिवर्तन

इस प्रकार शक्ति के आधार पर कमाल तुर्की का 'डिक्टेटर' बन गया और उसने सम्पूर्ण सत्ता अपने हाथ में ले ली परन्तु वर्षों के युद्ध और आन्तरिक कलह के कारण देश की आर्थिक दशा बहुत खराब हो गई थी और सर्वसाधारण का जीवन बड़ा कष्टपूर्ण हो गया था । इस बहाने को लेकर कमाल के विरोधी जनता को भड़काने लगे कि सरकार तुम्हारे वास्ते तो कुछ करती नहीं, तमाम खर्च सेना के लिये ही कर रही है । इस आक्षेप में कुछ सच्चाई भी थी, क्योंकि कमाल के सब साथी फौजी आदमी ही थे और आर्थिक तथा उद्योग-धन्धों के विषय में बहुत कम समझते थे । इस परिस्थिति में कमाल ने टैक्सों में कमी करके लोगों को कुछ सुविधा देने का प्रयत्न किया । साथ ही उसने तुर्की के नवीनीकरण का भी निश्चय किया, क्योंकि पुराने ढर्रे पर चलते हुए देश की हालत का ज्यादा सुधर सकना सम्भव न था । इसके लिये उसने जनता को शिक्षित करना चाहा, पर लोगों में इसके लिये भी उत्साह दिखाई नहीं दिया । कमाल ने समझ लिया कि जब तक जनता में जागृति उत्पन्न नहीं की जायेगी तब तक राष्ट्र को प्रगति-मार्ग पर अग्रसर करने का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता ।

बस कमाल ने तुर्की की विचारधारा को ही बदलने का निश्चय कर लिया । प्राचीन विचार, स्वभाव, वस्त्र, आचार-विचार, व्यवहार, रहन-सहन सभी को बदलना आवश्यक था । मनुष्य का जीवन समग्र इकाई है । उसका एक पहलू गिरा रहना और दूसरे पहलू का ऊँचा उठ जाना अस्वाभाविक और असम्भव है । कमाल समझता था कि यह कार्य बहुत कठिन है और अधिकांश जनता इसका विरोध करेगी । इसलिये उसने यह परिवर्तन बहुत युक्ति से आरम्भ करने का निश्चय किया । सबसे पहले उसने तुर्की टोपी पहिनने का रिवाज बन्द किया । फिर उसने घोषणा कर दी कि "मजहब की मदद से शासन करना राष्ट्र की कमजोरी का चिह्न है । मजहब एक जातीय मामला है । प्रजातन्त्र का हर एक आदमी अपना मजहब अपनी पसन्द के माफिक चुन सकता है ।" उसने मस्जिदों, दरगाहों तथा अन्य धार्मिक संस्थाओं को राज्य से सहायता देना बन्द कर दिया और उसकी जायदादें जब्त कर लीं ।

अब वह नवीन ज्ञान के आधार पर तुर्की राष्ट्र का निर्माण करने लगा । उसने यूरोप के कितने ही विशेषज्ञों

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

को बुलाया—तुर्की के पुराने कानूनों को बिल्कुल हटाकर जर्मनी के व्यापारिक, इटली के फौजदारी और स्विट्जरलैण्ड के दीवानी कानूनों का प्रचार किया गया । तुर्की भाषा में से अरबी और फारसी के शब्दों को निकलवा दिया । कुरान का तुर्की में अनुवाद कराके उसी को पढ़ने की आज्ञा दी । मस्जिदों में नमाज भी तुर्की भाषा में पढ़ी जाने लगी । स्कूल, कॉलेज, दफ्तर, औद्योगिक संस्थान में सर्वत्र तुर्की भाषा का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया ।

टर्की का शासन जब कमाल पाशा ने सँभाला तो उसने अपने मन्त्रियों से पूछा—टर्की को राजभाषा बनने में कितना समय लगेगा ? बहुत सोच-विचार कर उन्होंने उत्तर दिया कम से कम दस वर्ष । कमाल पाशा ने मन्त्रियों की ओर नजर तरेरी और फैसला घोषित करते हुए कहा—'समझ लीजिये दस वर्ष पूरे हो गये और कल सवेरे से 'तुर्की राजभाषा हो गई ।' उन्होंने अपना फैसला तत्काल लागू करने की व्यवस्था उसी समय बना दी ।

फिर उसने तुर्की भाषा के लिपि का सुधार करने का निश्चय किया । अभी तक वह अरबी अक्षरों में लिखी जाती थी पर अरबी वर्णमाला बहुत कठिन थी और इस कारण तुर्की में शिक्षित व्यक्तियों की संख्या बहुत कम थी । मुस्तफा कमाल ने स्वयं तुर्की भाषा को लैटिन लिपि में लिखने की योजना बनाई और एक बहुत बड़ी सभा करके लोगों को उसके लाभ समझाये । उसने कुछ लोगों को स्वयं तुर्की भाषा को नई लिपि में लिखने की विधि समझाई । इस कार्य में उसे पर्याप्त सफलता मिली । लोगों ने इस परिवर्तन को पसन्द किया और उसका प्रचार बढ़ने लगा । मुस्तफा कमाल स्वयं लोगों को नई लिपि की शिक्षा देता था और जो लोग परीक्षा में पास होते थे उनको इनाम भी दिया जाता था । कैदियों के लिये हुक्म दिया गया कि जब तक वे नई लिपि को सीख न लेंगे तब तक उनको रिहा न किया जायेगा । इस कार्य के लिये उसने समस्त देश में भ्रमण किया और लोगों ने सर्वत्र उसकी समाज सेवाओं के लिये उसकी सराहना की ।

अनेक प्रकार के सुधार कार्य

अब कमाल ने निश्चय कर लिया कि उसका जीवन तुर्की को एक सबल और सुदृढ़ राष्ट्र बनाने के लिये ही है और इस काम में चाहे जितनी कठिनाइयाँ और खतरे आवें वह अपने देश को जो इस समय पिछड़ी हुई दशा में पड़ा है, यूरोप के अन्य प्रगतिशील देशों के मुकाबले खड़ा हो सकने योग्य बनाकर रहेगा । इसके लिये निरन्तर वह हर तरह के सामाजिक सुधार करने का प्रयत्न करता रहा । भाषा के सुधार के पश्चात् उसने स्त्रियों की स्वाधीनता की समस्या को हाथ में लिया । वह अच्छी तरह समझता था कि मुस्लिम देशों में पर्दा और हरम प्रथाओं के कारण ही वहाँ के समाज अप्रगतिशील बने हुए हैं । इसलिये उसने तुर्की की स्त्रियों को पर्दा त्यागकर सार्वजनिक कार्यों में भाग लेने को प्रोत्साहित किया । उसने उनको जनता पार्टी की कमेटियों का सदस्य बनाया । स्त्रियाँ डॉक्टर और वकील का धन्धा करने लगीं । दो स्त्रियों को जज का पद दिया गया । स्त्रियाँ म्युनिसपैलिटी के चुनावों में भी भाग लेने लगीं । कमाल पाशा द्वारा किये गये सुधारों का ही नतीजा है कि अब तुर्की में से हानिकारक पर्दाप्रथा सर्वथा खत्म हो गई है और स्त्रियाँ प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों की ही तरह प्रगति कर रही हैं और भी अनेक छोटे-बड़े सुधार कमाल पाशा ने किये । मुसलमानी धर्मशास्त्र के अनुसार मुल्लाओं ने तुर्की में मानवीय शरीर की तस्वीर या मूर्ति बनाने को धर्म-विरुद्ध बताकर निषिद्ध कर रखा था । चित्रकारी और संगीत जैसी कलाओं की भी वहाँ मनाही थी । ऐसे मूर्खतापूर्ण नियमों के कारण वहाँ की सामान्य जनता का जीवन 'साहित्य-कला-विहीन' अर्द्धसभ्य जातियों की तरह हो रहा था । कमाल ने अपनी कई मूर्तियाँ बनवाईं । अंगोरा में चित्रकला सिखाने वाला एक स्कूल कायम किया गया । उसने संगीत और नृत्यकला का प्रचार भी तुर्की में कर सकने की व्यवस्था की ।

अभी तक तुर्की में साप्ताहिक छुट्टी का कोई खास दिन नियत न था । मुसलमान शुक्र के दिन कारोबार बन्द रखते थे और यहूदी शनिवार तथा ईसाई इतवार को विश्राम का दिन मानते थे । कमाल को एक देश के भीतर यह विभिन्नता बुरी जान पड़ी और उसने सर्वत्र शुक्रवार को छुट्टी का दिन नियत कर दिया । तीन बार झुक-झुक कर सलाम करने की प्रथा उठा दी गई और केवल टोप उतार कर सलाम करना और हाथ मिलाकर अभिवादन करना पर्याप्त मान लिया गया । पहले घण्टों की गिनती सुबह से की जाती थी पर अब संसार के अन्य देशों की तरह रात के बारह बजे से नये दिन की गिनती की जाने लगी ।

उस समय तक तुर्की में भीख माँगने का रिवाज था और भारत की तरह वहाँ भी सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर भिखारियों के झुण्ड दिखाई पड़ा करते थे । नई सरकार की आज्ञा से भीख माँगना रोका गया और भिखारियों को सार्वजनिक स्थानों से हटा दिया गया । पागल तथा विकृत अंग—लँगड़े, लूले, काने आदि व्यक्तियों पर हँसना अपराध माना जाने लगा । विवाह के पहले वर-वधू के अच्छे स्वास्थ्य का डॉक्टरी प्रमाण-पत्र पेश करने का नियम बनाया गया जिससे जनता के शारीरिक विकास में सहायता मिले और रोगी तथा दूषित शरीर-सम्पत्ति वालों की संख्या घटती चली जाये । कमाल पाशा ने विवाह को धर्म की क्रिया

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

मानने के बजाय एक सामाजिक प्रथा घोषित कर दिया, जिसका उद्देश्य स्वस्थ और कार्यक्षम नागरिक उत्पन्न करना था ।

इस तरह कमाल पाशा ने दस-पन्द्रह वर्ष तक नवीन तुर्की के निर्माण के लिये तरह-तरह के समयानुकूल परिवर्तन किये और उसे राजनैतिक, आर्थिक, सैनिक दृष्टि से एक सबल राष्ट्र बनाने की कोशिश की जिससे वह संसार के अन्य प्रगतिशील राष्ट्रों के मुकाबले में ठहर सके । उसने विदेशी माल पर महसूल बढ़ाकर देश के उद्योग-धन्धों की वृद्धि की । समस्त देश में बिजली के उत्पादन की व्यवस्था की और विदेशी व्यापार की सुविधा के लिये एक जहाजी बेड़ा भी तैयार कराया ।

मुस्तफा कमाल के इन सब प्रयत्नों और सुधार-योजनाओं से तुर्की की काया-पलट हो गई और तुर्की का पुराने ढंग का आधा नंगा और अभावग्रस्त किसान आधुनिक राष्ट्रों के सुखी और सन्तुष्ट नागरिक के रूप में बदल गया । अब तुर्की जनता ने कमाल के इन सब उपकारों के महत्त्व को समझा और सच्चे हृदय से उसके आदेशों का पालन करके राष्ट्र-निर्माण के कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया । अब कमाल एक विद्रोही अथवा आन्दोलनकारी के बजाय राष्ट्र का महान निर्माणकर्त्ता माना जाता था और लोग उसे "अतातुर्क" (तुर्की का पिता) के नाम से पुकारने लगे थे ।

नवम्बर सन् १९३८ में अतातुर्क कमाल का देहावसान हो गया । मरने से पहले उसने अपने राष्ट्र को सब प्रकार से स्वतन्त्र और सुरक्षित देख लिया । संसार के बड़े-बड़े राष्ट्र—अमेरिका, रूस, इंग्लैण्ड, फ्रांस आदि उसे सम्मान की दृष्टि से देखते थे और उसके साथ सन्धि करके घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित करते थे । यद्यपि उसका व्यक्तिगत जीवन सदैव एक फौजी आदमी की तरह रहा और अपने खान-पान तथा भोजन विलास में उसने कभी कोई खास नियन्त्रण नहीं लगाया, पर उसने अपनी समस्त शक्ति का उपयोग देश, समाज और राष्ट्रवासियों के उद्धार तथा प्रगति के लिये ही किया । इसलिये तुर्की ही नहीं वरन् संसार के अन्य लोगों ने भी उसे एक महान पुरुष स्वीकार किया । निःसन्देह तुर्की राष्ट्र के लिये वह एक युग-निर्माण व्यक्ति था । केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नष्ट-भ्रष्ट होते हुए तुर्की की रक्षा नहीं की वरन् सामाजिक संगठन, शिक्षा, अर्थव्यवस्था आदि सब विषयों में उसकी काया-पलट करके उसे नवजीवन ही प्रदान कर दिया । इसके लिये तुर्की का प्रत्येक नागरिक आगामी सैकड़ों वर्षों तक उसे स्मरण करता रहेगा ।

महापुरुषों की अनेक श्रेणियाँ होती हैं । जिस दृष्टिकोण से हम महात्मा गाँधी, अब्राहम लिंकन, बुद्ध और क्राइस्ट (ईसा) को महापुरुष मानते हैं, उससे सिकन्दर, नेपोलियन और कमाल पाशा को महापुरुष नहीं कहा जा सकता । प्रथम श्रेणी के महापुरुषों ने संसार के उपकार के लिये महान कार्य ही नहीं किये वरन् उनका व्यक्तिगत चरित्र भी मनुष्य मात्र के लिये आदर्श रूप था, जिससे शिक्षा ग्रहण करके हम बहुत कुछ आत्मकल्याण कर सकते हैं पर दूसरी श्रेणी वालों का क्षेत्र सीमित था और उन्होंने जो कुछ किया वह अपने देश के उद्धार और उत्थान के लिये ही किया । साथ ही उनमें चरित्र-सम्बन्धी ऐसी कितनी ही त्रुटियाँ भी पाई जाती थीं जिनका अनुकरण करने की सलाह कोई समझदार व्यक्ति नहीं दे सकता परन्तु एक बात इन दोनों प्रकार के महापुरुषों में समान थी, वह यह कि उन्होंने जो कुछ किया, स्वार्थ छोड़कर समाज अथवा समष्टि के हित के लिये किया । जो कार्य परोपकारार्थ किया जाता है, जिस कष्ट सहन में अपना कोई स्वार्थ न होकर दूसरों की भलाई का लक्ष्य ही मुख्य होता है, वह तपस्या और परमार्थ का रूप धारण कर लेता है । फिर जब कोई व्यक्ति इस प्रकार के सेवा और परोपकार के कार्य के लिये प्राण देने को प्रस्तुत हो जाता है, अथवा अर्पण कर देता है तो उसको 'महापुरुष' का दर्जा देना हमारा कर्त्तव्य हो जाता है । कमाल पाशा कोई साधु-सन्त या त्यागी, दानी मनुष्य नहीं था पर उसने अपने अत्याचार पीड़ित भाइयों के अधिकारों की रक्षा के लिये अपने प्राणों को उत्सर्ग करने की प्रतिज्ञा करली और अनेक वर्षों तक घोर संघर्ष करके उस प्रतिज्ञा को पूरा कर दिखाया । इस कार्य में उसने न तो कभी प्राणों का मोह किया और न वह किसी प्रलोभन में फँसकर कर्त्तव्य विमुख हुआ । कमाल पाशा का चरित्र सिद्ध करता है कि जो व्यक्ति वास्तव में सेवा-भावना रखते हैं, परोपकार के मार्ग पर चलना चाहते हैं वे प्रत्येक परिस्थिति में बहुत कुछ कर सकते हैं ।

हमारे भारतवर्ष की सामाजिक और धार्मिक परिस्थितियाँ भी बहुत कुछ तुर्की से मिलती-जुलती हैं । जात-पाँत, छूआछूत, सम्प्रदायों की भरमार, भाषाभेद, मन्दिरों और तीर्थों में कुपात्रों को दान, भिक्षा-व्यवसाय मृत्युभोज, विवाह तथा अन्य अनेक संस्कारों में फिजूलखर्ची आदि ऐसी बातें हैं जिनके कारण, भारतीय समाज का उत्थान होने में बड़ी बाधायें पड़ रही हैं । यह देखकर यही प्रतीत होता है कि इस देश में भी कमाल जैसे किसी दृढ़ निश्चय तथा मजबूत हाथों वाले शासन का प्रादुर्भाव होने पर ही वास्तविक सुधार हो सकेगा ।

⌘⌘⌘

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

|| जनजागृति के प्रणेता - ज्ञानक्रान्ति के अग्रदूत ||

वन्दे मातरम् मन्त्र के प्रणेता : बंकिम चन्द्र

श्री बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय आज से सौ वर्ष पूर्व बंगाल के बहरामपुर जिले में डिप्टी मजिस्ट्रेट के पद पर कार्य कर रहे थे । डिप्टी मजिस्ट्रेट तो उस समय और भी कई भारतीय बना दिये गये थे, पर बंकिम बाबू में सरकारी नौकरी करते हुए भी जातीयता की रक्षा का जो भाव था, उसका उदाहरण बहुत कम देखने को मिलता है ।

बहरामपुर में अंग्रेजी फौज की एक छोटी छावनी थी । गोरे सिपाहियों की बारक के सामने ही एक लम्बा-चौड़ा मैदान था, जिसके चारों ओर सड़क बनाई गई थी । सरकारी कचहरी इस गोरा-बारक के पीछे बनी हुई थी । कचहरी के लिये जाने वालों को इस मैदान का चक्कर काटकर जाना पड़ता था, जिसमें काफी समय लगता था । मैदान के बीच में होकर भी एक पगडण्डी कचहरी तक गई थी, जिससे जल्दी ही वहाँ पहुँचा जा सकता था । पर गोरे सिपाही भारतवासियों का इस रास्ते निकलना पसन्द नहीं करते थे, इसलिये जब वे किसी को इस पर चलता देख लेते तो उसे रोक कर परेशान करते थे ।

बंकिम बाबू हमेशा पालकी गाड़ी में बैठकर इसी पगडण्डी से कचहरी आया-जाया करते थे । उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी होने के कारण कोई उनको रोकता न था । एक दिन जब कचहरी से लौटते हुए उनकी पालकी मैदान के बीच में पहुँची तो एक गोरे ने उसके दरवाजे पर जोर से धक्का मारा । कहारों ने भयभीत होकर पालकी को जमीन पर रख दिया । बंकिम बाबू जब बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि एक लम्बा-तड़ंगा अंग्रेज सामने खड़ा है । उसकी उद्दण्डता देखकर बंकिम बाबू बड़े क्रोधित हुए और गरजकर बोले—"शैतान, तू कौन है ?"

उस हट्टे-कट्टे अंग्रेज ने इनकी बात का कुछ उत्तर न देकर जोर से इनका हाथ पकड़ा और उसे मरोड़ कर दूसरी तरफ धकेल दिया । जिससे यह पगडण्डी से कुछ दूर चले गये । अंग्रेज के इस असभ्यतापूर्ण व्यवहार से, और यह देखकर कि वह एक सम्माननीय भारतवासी को जातीयता के अभिमान के कारण तुच्छ समझता है, बंकिम बाबू का क्रोध और भी भड़क उठा । शारीरिक शक्ति की निगाह से वे उस फौजी का कुछ नहीं कर सकते थे, इसलिये थोड़ी ही दूरी पर गेंद खेलते हुए अन्य अंग्रेजों के पास गये। उनमें एक बहरामपुर के जज मिस्टर वेंब्रिज भी थे । बंकिम बाबू ने उन्हीं से कहा—"महोदय ! क्या आपने देखा कि उस व्यक्ति ने अभी मेरे साथ कैसा व्यवहार किया है ?"

जज साहब ने कहा—"महाशय ! मैं दूर की चीजों को नहीं देख सकता । मेरी दृष्टि शक्ति कमजोर है, इसलिये मैंने कुछ नहीं देखा ।" इसके पश्चात् बंकिम बाबू ने अन्य अंग्रेजों से भी वही बात कही, पर सबने यही उत्तर दिया कि "हमने कुछ नहीं देखा ।"

साहब की उद्दण्डता का प्रतिफल देने के लिये बंकिम बाबू ने उसी समय उस पर मुकदमा चलाने का निश्चय कर लिया था और इसके लिये गवाह तैयार कर लेना चाहते थे । पर इन लोगों में से कोई गवाही के लिये तैयार नहीं हुआ । मिस्टर वेंब्रिज (जज) तो वास्तव में कम देखते थे, पर अन्य अंग्रेजों के सम्बन्ध में ऐसी बात नहीं थी । वे अपने सजातीय के विरुद्ध एक भारतवासी का पक्ष ग्रहण करने को तैयार कैसे होते ? पर यह सब देखकर बंकिम बाबू ने साहस न छोड़ा और अंग्रेजों को सावधान करते हुए कहा—"अच्छा आप लोग ऐसा ही अदालत में कहियेगा ।"

वह अंग्रेज भी कोई साधारण सिपाही न था, उस छावनी का प्रधान अध्यक्ष कर्नल डफिन था । उसकी सभी अंग्रेज अधिकारियों से मित्रता थी और सब लोग उसका रौवदाब भी मानते थे । सब बातें मालूम करके बंकिम बाबू अपने घर चल दिये, पर क्रोध के कारण उनका चेहरा अब भी लाल हो रहा था ।

दूसरे ही दिन बंकिम बाबू ने उन्हीं जज साहब (मिस्टर वेंब्रिज) की इजलास में कर्नल डफिन पर दावा कर दिया । जब कर्नल साहब के नाम सम्मन निकला तो तमाम अंग्रेजों में हलचल मच गई । पर अभी कर्नल डफिन को होश नहीं आया था । वह कहने लगा—"काले आदमी का यह साहस कि वह मेरे ऊपर नालिश करे ! मैं उसे दिखा दूँगा कि किसी अंग्रेज पर नालिश करना और उसमें सफल हो सकना सहज नहीं है ।"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

अन्य कितने ही अंग्रेज भी एक यूरोपियन की इज्जत इस प्रकार बिगड़ती देखकर उसकी सहायता को तैयार हो गये और बंकिम बाबू पर दबाव डालने लगे । जब इसमें सफलता न मिली तो उन्होंने बंकिम बाबू के विरुद्ध संगठित होकर कार्य करने का निश्चय किया ।

पेशी के दिन कर्नल साहब को अदालत में हाजिर होना पड़ा । उस दिन वहाँ नागरिकों की बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई । हिन्दुस्तानी लोग आश्चर्य कर रहे थे कि इतने बड़े अंग्रेज अफसर पर दावा करने का साहस किसने किया ? बंकिम बाबू कौन हैं ? जज साहब कहाँ हैं ? कर्नल साहब कहाँ हैं ? कोई कहते थे—"अंग्रेज-अंग्रेज आपस में मिल जायेंगे और अन्त में बंकिम बाबू को हारना ही पड़ेगा ।" दूसरे की सम्मति थी—"नहीं-नहीं, वेंब्रिज साहब बड़े ईमानदार हैं, न्यायमूर्ति हैं । वे कानून के विरुद्ध कभी सजातीय का पक्ष नहीं ले सकते ।"

पर अब एक नई ही समस्या पैदा हो गई । शहर के सभी वकील और मुख्तार भी इस मुकदमे को देखने जज साहब के इजलास में इकट्ठे हो गये थे, और वे सब बंकिम बाबू के पक्ष में थे । इसलिये जब कर्नल साहब वकील करने गये तो उनको एक भी वकील अपने मुकदमे की पैरवी करने को न मिला । फिर वे मुख्तारों के पास गये तो वहाँ भी सबने यही उत्तर दिया कि हमने "बंकिम बाबू के वकालत नामे पर हस्ताक्षर कर दिये हैं ।"

यह दशा देखकर साहब का नशा उतरा । अब वे कमिश्नर आदि बड़े अफसरों के पास दौड़े, पर उन्होंने अपने पद के कारण इसमें हस्तक्षेप करना उचित न समझा । अन्त में सब लोग जज साहब की ही शरण में गये । पर मिस्टर वेंब्रिज निसन्देह बड़े न्यायप्रिय निकले । उन्होंने मित्रों की खातिर भी अन्याय करना स्वीकार नहीं किया और स्पष्ट कह दिया—"जब तक कर्नल साहब बंकिम बाबू से क्षमा प्रार्थना न करेंगे तब तक मैं इन्हें छोड़ नहीं सकता ।"

अन्त में कर्नल साहब को अपनी शान छोड़कर 'काले आदमी' से क्षमा माँगनी पड़ी । बंकिम बाबू ने भारतीयता के गौरव की रक्षार्थ जो साहस दिखाया उसका अन्य लोगों पर भी अच्छा प्रभाव पड़ा और वे अंग्रेजों के मुकाबले में अपनी हीनता की वृत्ति को त्यागने लगे ।

बंकिम चन्द्र का जन्म (सन् १८३८ से १८९४) एक उच्च ब्राह्मण परिवार में कलकत्ता के निकट 'काँटाल पाड़ा' ग्राम में हुआ था । उनके पिता श्री यादव चन्द्र चट्टोपाध्याय भी डिप्टी कलेक्टर थे और अपने समय के एक बड़े तेजस्वी अधिकारी माने जाते थे । वे बंगाल के मिदनापुर जिले में काम करते थे, इसलिये बंकिम बाबू की प्रारम्भिक शिक्षा-दीक्षा वहीं पर हुई । आरम्भ में इनका मन अंग्रेजी पढ़ने में नहीं लगता था, एक दिन अध्यापक ने जब इनको इसके लिये डाँटा तो अपनी उदासीनता त्याग कर शीघ्र ही उसमें अच्छी प्रगति करके दिखा दी । यह बाल्यावस्था में ज्यादा खेलकूद भी पसन्द नहीं करते थे इसलिये शारीरिक दृष्टि से ये कभी अधिक शक्तिशाली न हो सके । वैसे संयम-नियम से रहने के कारण स्वास्थ्य साधारणतः ठीक ही रहता था ।

बंकिम बाबू आरम्भ से ही एक मेधावी और परिश्रमी विद्यार्थी थे, इसलिये इन्होंने पढ़ाई में शीघ्र ही अच्छी उन्नति कर ली । उस समय तक ऐन्ट्रेन्स, एफ. ए., बी. ए. आदि परीक्षायें आरम्भ नहीं हुई थीं । केवल 'जूनियर', 'सीनियर' नाम की परीक्षायें होती थीं । सन् १८५८ में जब बंकिम बाबू कॉलेज की पढ़ाई समाप्त कर चुके तो उसी वर्ष कलकत्ता विश्वविद्यालय का कार्यारम्भ हुआ और घोषणा की गई कि ५ अप्रैल को बी. ए. की परीक्षा ली जायेगी । उस समय केवल दो-तीन महीने का समय शेष था । इसलिये केवल १३ विद्यार्थी परीक्षा में बैठने को तैयार हुए । इनमें ग्यारह अनुत्तीर्ण हो गये । केवल दो पास हुए जिनमें बंकिम बाबू का नम्बर पहला था ।

पितृभक्ति का अपूर्व उदाहरण

उस युग में बी. ए. पास कर लेना बहुत बड़ी योग्यता का प्रमाण माना जाता था । इसलिये जब यह समाचार गजट में छपा तो बंगाल के छोटे लाट हालिडे साहब ने बंकिम बाबू को बुलवाया और इस सफलता पर बधाई दी । तत्पश्चात् इनसे डिप्टी मजिस्ट्रेट के पद पर काम करने को कहा, जो उस समय भारतवासियों के लिये बहुत बड़ा पद समझा जाता था । बंकिम बाबू ने इसे सुनकर गम्भीरतापूर्वक कहा—"मैं इस कृपा के लिये बहुत कृतज्ञ हूँ परन्तु अभी इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कह सकता । मैं इस सम्बन्ध में पहले अपने पिताजी से पूछ लेना चाहता हूँ । वे जैसा कहेंगे वैसा ही करूँगा ।"

लाट साहब ने बड़े आश्चर्य से कहा—"क्या डिप्टी मजिस्ट्रेट से बढ़कर आप किसी अन्य नौकरी की आशा रखते हैं ? यदि नहीं, तो आप इसे स्वीकार क्यों नहीं करते ?"

बंकिम बाबू—"आपका कथन ठीक है । पर मैं पिताजी की आज्ञा लिये बिना कोई काम नहीं करता । इसीलिये तुरन्त ही स्वीकृति देने में असमर्थ हूँ ।"

तब लाट साहब ने कहा—ठीक है, अपने पिता की आज्ञा ले लो परन्तु शीघ्र उत्तर देना ।

बंकिम बाबू के पिता यह समाचार सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और उनकी आज्ञा प्राप्त करके अगस्त १८५८ में ही वे इस पद पर काम करने लग गये । उनकी पितृ-भक्ति देखकर लाट साहब भी बड़े प्रभावित हुए ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

साहित्य-सेवा का व्रत

जिस समय बंकिम बाबू विद्यालय की शिक्षा समाप्त करके सरकारी नौकरी में प्रविष्ट हुए, उस समय देश की दशा बड़ी अस्थिर थी । सन् १८५७ के गदर के फलस्वरूप देश की शासन-प्रणाली बदल गई थी और ईस्ट इण्डिया कम्पनी को हटाकर समस्त शासन-भार महारानी विक्टोरिया ने अपने हाथ में ले लिया था । वे एक बड़ी सुयोग्य और सहृदय शासक थीं और भारतवर्ष को आधुनिक प्रगति के मार्ग पर चलाना चाहती थीं । इसलिये यहाँ शीघ्रतापूर्वक शिक्षा का प्रचार किया जा रहा था, प्रेस खोले जा रहे थे और समाचार पत्रों का प्रकाशन बढ़ने लगा था । इस प्रकार देश में एक सार्वजनिक जागृति का श्रीगणेश हुआ था और देश के कितने ही प्रबुद्ध व्यक्ति उसका लाभ उठाकर सामाजिक और व्यक्तिगत उत्थान के कार्यक्रमों में संलग्न होने लगे थे ।

इस अवसर पर बंकिम बाबू ने अनुभव किया कि सरकारी नौकरी होने के कारण वे किसी सार्वजनिक आन्दोलन में तो प्रत्यक्ष भाग ले नहीं सकते, इसलिये प्रेरणादायक सत् साहित्य की रचना करके ही जन-जागृति के उद्देश्य की पूर्ति की जाये ।

उस समय बंगला भाषा की दशा बहुत हीन थी । हिन्दी की तरह ही उसमें कुछ भक्ति और शृंगार सम्बन्धी कविता—पुस्तकों को छोड़कर कोई उत्तम साहित्य नहीं था । गद्य साहित्य का तो तब तक ठीक तरह से आरम्भ भी नहीं हुआ था । उस समय की स्थिति का वर्णन करते हुए महाकवि रवीन्द्रनाथ ने एक लेख में कहा था—

"उस समय बंगला भाषा को कोई श्रद्धा के साथ नहीं देखता था । संस्कृत के पण्डित उसे ग्राम्य-भाषा कहते थे, अंग्रेजी पढ़े-लिखे उसको 'मूर्खों' की भाषा मानते थे । बंगाल भाषा में ग्रन्थ-रचना करके यश प्राप्त करने की सम्भावना पर कोई स्वप्न में भी विश्वास नहीं करता था । केवल स्त्रियों और बालकों के लिये उसमें छोटी-छोटी पुस्तकें प्रकाशित की जाती थीं । असम्मानित बंगला भाषा उस समय अत्यन्त हीन और मलिन वेष में काल-यापन करती थी । उसमें जो सौन्दर्य और महत्त्वपूर्ण गुण छिपे हैं, वे दरिद्रता के आवरण को भेद कर प्रकट नहीं हो पाते थे ।"

बंकिम बाबू के समय में बंगला भाषा की ऐसी ही अवस्था थी । बहुत थोड़े व्यक्ति जो उससे अनुराग रखते थे वे किसी प्रकार उसकी सेवा किये जा रहे थे । नहीं तो सब कोई अंग्रेजी के पीछे पागल थे । स्वयं बंकिम चन्द्र ने आरम्भ में उसी में लिखने का विचार किया और "राजमोहन्स वाइफ" (राजमोहन की पत्नी) नामक एक उपन्यास भी लिख डाला । पर शीघ्र ही उनका यह भ्रम दूर हो गया । उन्होंने समझ लिया कि अपनी भाषा को हीनावस्था में छोड़कर अंग्रेजी के पीछे दौड़ना एक प्रकार का अपराध है । उसमें तो पहले ही एक से एक धुरन्धर लेखक मौजूद हैं । आवश्यकता तो इस बात की है कि अपनी शक्ति का उपयोग मातृभाषा के लिये करके उसे सभ्य-भाषाओं की पंक्ति में खड़े होने योग्य बनाया जाये । तब से वे मातृभाषा के इतने अनुयायी बन गये कि अपना समस्त निजी कार्य बंगला में ही करने लगे । एक बार उन्होंने अपने घनिष्ठ मित्र के पत्र का उत्तर इसीलिये नहीं दिया कि वह अंग्रेजी में था । उन्होंने अपने उस मित्र से एक ही प्रश्न किया कि "जब अंग्रेजी न तो तुम्हारी मातृ-भाषा है और न मेरी, तब उसमें पत्र लिखने की क्या आवश्यकता है ?"

यही कारण है कि आज बंकिम चन्द्र को बंगला भाषा की प्राणप्रतिष्ठा करने वाला माना जाता है । इस दृष्टि से वहाँ के साहित्यकारों में उनका वैसा ही महत्त्व माना जाता है जैसा कि हिन्दी वालों में भारतेन्दु बा. हरिश्चन्द्र का । इन्होंने भी हिन्दी के गद्य-साहित्य का निर्माण और प्रचार करने में अपनी पूरी शक्ति लगा दी थी और स्वयं ही नहीं अनेक विद्वानों को प्रेरणा और प्रोत्साहन देकर हिन्दी की जड़ जमाई थी । बंकिम बाबू भी सरकारी नौकरी का कार्य पूरा करके घर आने पर सिवाय साहित्य-सेवा और उसी का प्रचार करने के और किसी तरफ ध्यान नहीं देते थे । वे अन्य प्रतिभाशाली व्यक्तियों को प्रेरणा देकर भी बंगला-साहित्य की वृद्धि का प्रयत्न करते थे ।

यह प्रसिद्ध है कि बंगाल के विद्वान् और देशभक्त श्री रमेश चन्द्र दत्त को उन्होंने बंग-साहित्य की सेवा में लगाया था । दत्त महाशय अंग्रेजी शासन में उन पाँच भारतवासियों में से थे जिन्होंने सबसे पहले विलायत की आई. सी. एस. परीक्षा पास करके उच्च पद प्राप्त किया था । साथ ही वे भारतीय संस्कृति के भी इतने बड़े विद्वान् थे कि उनका लिखा "ऐन्शियेण्ट हिस्टरी आफ इण्डियन सिविलाइजेशन" (भारत की प्राचीन सभ्यता का इतिहास) अभी तक एक सम्माननीय ग्रन्थ माना जाता है और विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में स्थान पाता है । जब बंकिम बाबू ने रमेश चन्द्र दत्त से भेंट होने पर अनुरोध किया कि अंग्रेजी में लिखने के साथ मातृ-भाषा में भी कुछ लिखने की कृपा किया करें, तो उन्होंने उत्तर दिया "बंगला भाषा में कैसे लिखें ? उसमें तो लिखने की कोई निश्चित शैली ही नहीं है ।" बंकिम बाबू ने कहा—"अभी निश्चित शैली नहीं है तो कोई बात नहीं, आप जैसे विद्वान जिस प्रकार लिखेंगे वही शैली बन जायेगी ।" इस बात से प्रभावित होकर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

रमेश चन्द्र दत्त ने बंगला में कई पुस्तकें लिखीं जो अभी तक लोकप्रिय बनी हुई हैं ।

बंकिम चन्द्र और रवीन्द्रनाथ

महाकवि रवीन्द्रनाथ को महान् साहित्यकार बनाने में बंकिम बाबू का भी पर्याप्त सहयोग था । वे अपने मासिक पत्र 'बंग-दर्शन' में उनकी रचनाओं को स्थान देकर, उनकी आलोचना करके उन्हें प्रोत्साहित करते थे । कहा जाता है कि एक विवाह के उत्सव में बंकिम और रवीन्द्र दोनों उपस्थित थे । उस समय उनकी आयु पचास के लगभग थी और वे बंग-साहित्य के सम्राट माने जाते थे । लोगों ने स्वागत-सत्कार करके उनको फूल-मालाओं से लाद दिया, पर उन्होंने वे अपने हाथ से रवीन्द्रनाथ को पहना दीं । रवीन्द्र भी उनको अपना गुरु मानते थे । उन्होंने लिखा है—"बंकिम बंगला लेखकों के गुरु और बंगाली पाठकों के मित्र हैं । वे 'सुजलां, सुफलां, मलय शीतलां' बंग-भूमि की मातृवत्सल सन्तान हैं ।" बंकिम बाबू का देहान्त होने पर उन्होंने साधना (मासिक पत्र) में लिखा था—

"जिस दिन से बंकिम बाबू ने समालोचना करना छोड़ दिया, उस दिन से बंगला में कोई अच्छा समालोचक पैदा नहीं हुआ । बंकिम बाबू का स्थान इस दृष्टि से आज तक खाली ही है । अभी तक उसका कोई अधिकारी सम्मुख नहीं आ सका । उनकी समालोचनायें बंगला-साहित्य में अराजकता नहीं फैलने देती थीं । वे साहित्य जगत् के राजा थे । जो लोग बंकिम बाबू और आजकल की समालोचनाओं के बारे में सोचेंगे वे इस बात को मुक्त कण्ठ से स्वीकार करेंगे कि वैसा समालोचक आज तक पैदा नहीं हुआ । आज हमारे साहित्य—सिंहासन से राजा के उठ जाने से साहित्य-क्षेत्र में गड़बड़ी फैली हुई है ।"

जो लोग हमारे कितने ही हिन्दी-पाठकों की तरह 'समालोचना' का अर्थ केवल 'पुस्तक-परिचय' समझते हैं, वे गलती करते हैं । समालोचक का वास्तविक कर्त्तव्य एक चतुर माली की तरह 'साहित्य-वाटिका' की देख-भाल करना है कि उसमें किसी तरह के अनुपयोगी झाड़-झंकाड़ न उग आवें और न किसी प्रकार का कूड़ा-कचड़ा फैलने पावे । यह कार्य निःसन्देह बड़ा कठिन है और इसीलिये अनेक विद्वान् इस क्षेत्र में पैर रखते हुए डरा करते हैं । प्रथम तो निष्पक्ष और खरी समालोचना करना ही सहज नहीं है, क्योंकि उसके लिये पर्याप्त अध्ययन और परिश्रम की आवश्यकता होती है । फिर उससे भी बड़ी विपत्ति यह है कि जिस किसी की रचना के सम्बन्ध में खरी बातें कही जायेंगी, उसकी त्रुटियाँ दिखाई जायेंगी, वही नाराज होकर विरोधी बन बैठेगा । बंकिम बाब के साथ ऐसा ही हुआ । इसकी चर्चा करते हुए रवीन्द्रनाथ ने कहा था—

"बंकिम बाबू से कुछ लोग रुष्ट रहा करते थे और व्यर्थ में उनकी निन्दा किया करते थे । जो लोग दूसरों की नकल करके ही लेखक बन जाना चाहते थे, बंकिम बाबू उनकी खूब धज्जियाँ उड़ाते थे । इसीलिये अनेक लोग उनसे चिढ़ा करते थे । उनमें से कई तो उनको 'बहुत छोटा लेखक' सिद्ध करने का प्रयत्न करते थे । परन्तु इन बातों के होते हुए भी वे कभी समालोचक के कर्त्तव्य से विमुख नहीं हुए । उनकी आलोचनायें कभी-कभी अधिक कड़ी अवश्य होती थीं, परन्तु वे सत्य-पथ से कभी विचलित न होते थे । इन कड़ी समालोचनाओं के कारण कई बार उन्हें गालियाँ भी खानी पड़ती थीं ।"

हम बंकिम चन्द्र जैसे साहित्यकारों को केवल 'लेखक' ही नहीं वरन् उससे बहुत ऊँचा समझते हैं । मनोविनोद, ज्ञान-चर्चा अथवा अर्थोपार्जन के लिये पुस्तक लिखना और बात है, तथा समाज एवं देश की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर उनके उत्थान और नव-निर्माण के उपयुक्त साहित्य तैयार करना और दूसरों से कराना सर्वथा भिन्न बात है । पेशे के रूप में पुस्तकें लिखने वाले लेखक बहुत से मिल सकते हैं पर अपने हानि-लाभ, यश-अपयश का विचार छोड़ कर समाज को ऊँचा उठाने वाले साहित्यकार बिरले ही निकलते हैं । ऐसे साहित्यकार समाज के नेता और मार्गदर्शक होते हैं और उनका यश अनेक राजनैतिक नेताओं की अपेक्षा चिरस्थाई होता है । बंकिम बाबू इसी श्रेणी के सच्चे और सेवाभावी साहित्यिक थे ।

'बंग-दर्शन' का प्रकाशन

साहित्य-प्रचार और नये लेखकों को प्रोत्साहन देने के लिये बंकिम बाबू ने 'बंग-दर्शन' मासिक पत्र भी प्रकाशित किया । किसी अच्छे पत्र-पत्रिका का सफलतापूर्वक चला सकना वर्तमान समय में भी एक कठिन कार्य है, तो जिस समय छापेखाने शुरू ही हुए थे और अधिकांश पढ़े-लिखे लोग भी यह नहीं जानते थे कि 'अखबार' या 'सामयिक पत्र' किसको कहते हैं, उस समय एक अच्छा 'पत्र' प्रकाशित करना और उसका सफलतापूर्वक संचालन करना कितना कठिन होगा, इसे अनुभवी व्यक्ति ही समझ सकते हैं । फिर बंकिम बाबू एक उच्च पदस्थ राजकर्मचारी थे और इस प्रकार के 'सार्वजनिक कार्यों' में हाथ डालना उनके लिये 'लाभदायक' नहीं था । जानकार लोगों का कहना है कि देश और समाज की सेवा के कार्यों में इस प्रकार अधिक ध्यान देने से उस समय की सरकार उनसे कुछ असन्तुष्ट ही रहती थी, और इसीलिये वे जीवन के अन्त तक 'डिप्टी मजिस्ट्रेट' ही बने रहे । यदि वे अन्य सब सरकारी कर्मचारियों की तरह अपना लक्ष्य एक मात्र 'नौकरी' को

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

ही रखते तो अवश्य ही कमिश्नर या उससे भी बड़े पद पर पहुँच सकते थे ।

कुछ भी हो 'बंग-दर्शन' अपने समय का एक प्रतिनिधि मासिक पत्र था । यदि यह कहा जाये कि उसने ही लोगों को पत्र-पत्रिकाओं में लिखने और उनको चलाने की शिक्षा दी तो इसमें कुछ भी अतिशयोक्ति नहीं है । उसके सम्बन्ध में "भारत के गौरव" नामक ग्रन्थ में कहा गया है—

" 'बंग-दर्शन' उस समय एक मात्र साहित्यिक पत्र था और वह भी मामूली ढंग का नहीं था । उसके सम्पादक थे स्वयं बंकिम । उसमें अच्छे से अच्छे लिखने वालों के लेख रहते थे, और उसका सबसे बड़ा आकर्षण था बंकिम की अपनी रचनायें । उसमें उपन्यास, साहित्य, समालोचना और विभिन्न प्रकार के लेख-निबन्ध आदि प्रकाशित होते थे । लोग 'बंग-दर्शन' की राह देखा करते थे और जैसे ही वह आता, वैसे ही पढ़ डालते थे । उसकी समालोचना, व्याख्या तथा सामूहिक पाठ हुआ करता था । लोग बंकिम की रचनाओं की पंक्तियाँ याद कर लेते थे । बंकिम चन्द्र उस युग में कितने प्रसिद्ध हो गये थे, इसका कुछ पता इस बात से लग सकता है कि उनके उपन्यासों, निबन्धों के कुछ अंश याद कर लेना और समय आने पर उनको सुना सकना एक प्रशंसनीय बात मानी जाती थी । जो लोग उनकी भाषा-शैली का प्रयोग अपनी रचनाओं में या पत्रों में कर सकते थे, उनको विद्वान्, बुद्धिमान माना जाता था । आधुनिक बंग-साहित्य के जनक बंकिम चन्द्र ही थे । उनके पहले राजा राममोहनराय और ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने बंगला-गद्य को सँवारा था । बंकिम ने आकर उसे और हरा-भरा तथा सुन्दर बना दिया । उन्होंने बंगाल के घर-घर में साहित्य का सन्देश पहुँचाया ।"

बंकिम बाबू ने इस पत्र को न तो नाम कमाने के लिये निकाला था और न धन कमाने के लिये । उस समय पत्र-पत्रिका निकाल कर इस प्रकार का लाभ उठा सकना सम्भव ही न था, क्योंकि उनके ग्राहक बहुत कम होते थे । हमारे हिन्दी साहित्य के अग्रगामी मासिक पत्र 'हिन्दी प्रदीप', 'ब्राह्मण' आदि के इतिहास से हमको विदित है कि उनकी ग्राहक संख्या कभी दो-चार सौ से ज्यादा नहीं हो सकी और उनको सदा घाटे का ही रोना रहता था । ऐसी दशा में 'बंग-दर्शन' का उद्देश्य भी सिवाय देश सेवा और समाज-सेवा के और कुछ नहीं हो सकता था ।

बंकिम बाबू की रचनायें

बंकिम बाबू साहित्य-संसार में विशेष रूप से एक 'उपन्यासकार' की हैसियत से प्रसिद्ध हुए हैं । उनके पहले बंगला भाषा में या तो उपन्यास थे ही नहीं, और यदि दस-पाँच थे भी तो वे बाजारू किस्से-कहानियों की तरह थे । एक लेखक ने बतलाया है कि "सबसे पहले बंकिम बाबू ने ही बंगला-साहित्य में सुरुचि उत्पन्न की । उसके पहले गाली-गलौज का बाजार खूब गर्म हो जाता था, भ्रष्ट कहानियाँ निकलती थीं और निन्दा तथा अपमानजनक हास्य का बोलबाला था ।" बंकिम बाबू ने विदेशों के श्रेष्ठ साहित्य का अनुशीलन कर अपने देश की आवश्यकता और रुचि के अनुसार उच्चकोटि की पुस्तकें लिखीं । उनसे एक तरफ जन-मानस का परिष्कार हुआ और दूसरी ओर अन्य लेखकों को एक आदर्श प्राप्त हुआ ।

बंकिम बाबू का पहला उपन्यास 'दुर्गेश नन्दिनी' है, जिसमें अकबर के युग की सामाजिक तथा राजनैतिक परिस्थिति पर प्रकाश डाला गया है । इसकी भाषा में संस्कृत शब्दों की अधिकता है । पर जैसे-जैसे वे आगे लिखते गये उनकी भाषा सरल और स्वाभाविक होती गई, जिससे सामान्य पाठकों में उनका प्रचार सम्भव हो सका ।

दूसरा उपन्यास 'कपाल कुण्डला' सामाजिक कहा जा सकता है । यह है तो पूर्ण रूप से काल्पनिक पर इसका आधार बंकिम बाबू के एक व्यक्तिगत अनुभव पर है । जिस समय वे नगवा (मेदिनीपुर) में काम करते थे, एक रात को एक कापालिक ने उनके दरवाजे पर जोर से धक्का मारा । जब नौकरों के सूचना देने पर वे बाहर आये तो देखा कि एक लम्बा-चौड़ा मनुष्य दरवाजे पर खड़ा है । उसका चौड़ा मस्तक प्रकाशमान था । उसके हाथ में मनुष्य की खोपड़ी थी, गले में रुद्राक्ष की माला थी और एक नरमुण्ड भी था । उसकी दाढ़ी और मूँछ बहुत बड़ी थीं । उसने बाघम्बर पहन रखा था, माथे पर कोयले का टीका और शरीर भर में भस्म लगी हुई थी । उसे देखते ही बंकिम बाबू समझ गये कि यह कोई कापालिक है । उन्होंने आश्चर्य के साथ पूछा—"यहाँ आधी रात को क्यों आये हो ?"

कापालिक ने उनके प्रश्न का कुछ उत्तर न देकर कहा—"मेरे साथ चलो ।"

बंकिम बाबू—कहाँ ?

कापालिक—बालियाड़ी में समुद्र किनारे ।

बंकिम बाबू—नहीं, मैं ऐसा नहीं कर सकता ।

इस पर वह बिना कुछ कहे चला गया । दूसरे दिन भी इसी प्रकार वह आधी रात के समय आया और वे ही बातें दुहराईं । तीसरे दिन भी उसने ऐसा ही किया । इसके बाद फिर वह कापालिक कभी नहीं आया, इसके पश्चात् एक दिन बंकिम बाबू ने बलियाड़ी जाकर उस स्थान को अच्छी तरह देखाभाला था । 'कपाल कुण्डला' उपन्यास में

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

उन्होंने जो कापालिक के निवास स्थान का वर्णन किया है वह बलियाड़ी से बहुत मिलता-जुलता है ।

'आनन्दमठ' की रचना

बंकिम बाबू ने इसके पश्चात् 'मृणालिनी', 'विषवृक्ष', 'चन्द्रशेखर', 'इन्दिरा', 'राजसिंह' आदि कितने ही उपन्यास लिखे, जिनमें से कई कला की दृष्टि से भी इतने बढ़िया माने गये कि इंगलैण्ड में उनका अनुवाद अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित किया गया । पर जिस उपन्यास के कारण उनका नाम देशभक्तों में अमर हो गया है, वह है, उनका 'आनन्दमठ' । यह अन्य रचनाओं की अपेक्षा छोटा है और इसमें कला का परिचय भी कम मिलता है । पर इसमें देशभक्ति का एक ऐसा आदर्श उपस्थित किया गया है, जिसने सन् १९०५ से आरम्भ होने वाले राजनीतिक आन्दोलन में हजारों व्यक्तियों को पक्का देशभक्त और स्वाधीनता-संग्राम का निर्भीक सैनिक बना दिया । इसी उपन्यास में सबसे पहले 'वन्दे मातरम्' का शब्द और उसका गीत लिखा गया है, जो आज देश में 'राष्ट्रीय-गान' की तरह प्रचलित है । इस उपन्यास की प्रशंसा करते हुए 'भारत के गौरव' पुस्तक में कहा गया है—

"बंकिम का 'आनन्दमठ' उपन्यास जैसे एक नया राग सुनाने के लिये ही लिखा गया था । इस उपन्यास को सामाजिक भी कहा जा सकता है और एक हद तक ऐतिहासिक भी । पर इसका असली उद्देश्य कहानी की आड़ में लोगों को देशभक्ति का पाठ सिखाना था । विदेशी शासन से देश को मुक्त करने की जो भावना हमारे देशवासियों के हृदय में जगी, वह अंग्रेजी पढ़ने या यूरोप का इतिहास जान लेने से नहीं, वरन् अंग्रेजों के शासन में किये गये भारतीयों के अपमान और अत्याचार से ही उत्पन्न हुई थी । बंकिम बाबू का यह उपन्यास उसी भावना का उद्‌गार है । लगभग काल्पनिक इतिहास को साकार बनाकर बंकिम ने देश के सामने एक महान्, आदर्श खड़ा कर दिया । इस उपन्यास में एक मठ के संन्यासियों ने देश की रक्षा के लिये शत्रुओं से लड़ाई की और इसी आदर्श के लिये अपना प्राण होम दिया । इन साधुओं का मन्त्र था 'वन्दे मातरम्' ।

" 'आनन्दमठ' ही एक ऐसा उपन्यास है, जिसने सबसे पहले राजनीतिक विद्रोह की कहानी सुनाई । नवयुवकों के सामने विदेशी राज्यशक्ति के विरुद्ध खड़े होने का एक आदर्श प्रस्तुत किया । 'आनन्दमठ' का 'प्लाट' बहुत कुछ काल्पनिक है, पर उसके द्वारा भारतीय जनता के सामने स्वाधीनता की लड़ाई का एक इतिहास आया । इस उपन्यास की आड़ में भारतीयों के सामने स्वतन्त्रता के युद्ध का एक आदर्श रख दिया गया, उसका उपाय या साधन बताया गया और साथ ही एक मन्त्र दिया गया । उस जमाने के लिये यही बहुत था । इस उपन्यास के कारण बंकिम की नौकरी जाते-जाते रह गई ।"

'आनन्दमठ' यद्यपि एक मनोरंजक शैली पर लिखा उपन्यास ही है पर उसमें आदि से अन्त तक देश-प्रेम की भावना भरी हुई है । जगह-जगह वार्तालाप के द्वारा समाज-सेवा की प्रेरणा दी गई है । मठ का एक संन्यासी—भवानन्द, महेन्द्रसिंह नाम के बड़े जमींदार को देश-सेवा के लिये प्रेरणा देता हुआ कहता है—

"महेन्द्रसिंह, मेरी धारणा थी कि तुममें कुछ वास्तविक मनुष्यत्व होगा, पर अब देखता हूँ कि सब जैसे हैं, वैसे ही तुम भी हो । तुम भी जमींदारों के लड़कों की तरह केवल घी-दूध खाने में ही बहादुर हो । देखो, साँप जमीन पर छाती के बल रेंगता है, उससे ज्यादा नीच जीव दूसरा कौन होगा ? पर उस पर पैर पड़ जाने से वह भी फन उठाकर काटने को दौड़ता है । क्या तुमको किसी तरह धर्म और देश की दुर्दशा दिखाई नहीं पड़ती । तनिक मगध, मिथिला, कांची, काशी, दिल्ली, काश्मीर—किसी भी स्थान को देखो, सर्वत्र दुर्दशा ही जान पड़ेगी और किस अन्य देश के आदमी खाने के अभाव में घास, पत्तियाँ, लता, झाड़ी आदि को खाते हैं ? किस देश के आदमी सियार, कुत्ता, मुर्दा तक खाते हैं ? किस देश के आदमियों को घर में रुपया रहने से सुरक्षा का भरोसा नहीं; देव, धर्म की आराधना की सुविधा नहीं, घर में लड़की-बहू की लज्जा का ठिकाना नहीं ? सब देशों में राजा-प्रजा में पारस्परिक सम्बन्ध के कुछ नियम प्रचलित हैं । पर हमारे राजा कहाँ रक्षा करते हैं ? धर्म गया, जाति गई, मान गया, अब तो प्राण भी जा रहे हैं ।"

जिस 'संन्यासी-विद्रोह' की घटनाओं को लेकर 'आनन्दमठ' उपन्यास लिखा गया है, वह उस समय हुआ था जब सन् १७५७ का पलासी युद्ध होकर बंगाल में से नबाबी शासन निर्बल पड़ गया था और अंग्रेजी राज्य की जड़ क्रमशः जमती जाती थी । पर कुछ स्थानों में मुसलमानों और अंग्रेजों का मिला-जुला शासन चल रहा था, उसी अवसर पर बंगाल के मेदिनीपुर आदि स्थानों में संन्यासियों के एक संगठन का प्रादुर्भाव हुआ था जो अस्त्र-शस्त्र रखते थे और गाँव वालों से खाद्य सामग्री तथा धन वसूल करके अपना काम चलाते थे । इस कारण कभी-कभी राजकर्मचारियों से उनकी मुठभेड़ भी हो जाती थी जिसमें दोनों पक्षों के लोग हताहत होते थे । जब यह समाचार उस समय के गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स को मिला तो उसने कुछ अंग्रेजी सेना संन्यासियों को दबाने को भेजी ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

एकाध बार संन्यासियों को कुछ सफलता मिल गई पर शीघ्र ही उनका दल तितर-बितर होकर खत्म हो गया ।

इसी 'संन्यासी-विद्रोह' की घटना में कल्पना का पुट देकर बंकिम बाबू ने एक देशभक्तिपूर्ण कथा की सृष्टि की है, यद्यपि उस समय देश में नाममात्र को मुसलमानी शासन भी था पर असली कर्ता-धर्ता अंग्रेज ही थे । इसलिये संन्यासियों का वास्तविक संघर्ष अंग्रेज सरकार की सेना से ही होना था और उन्हीं के द्वारा संन्यासियों के संगठन का अन्त हो सका । पर यदि बंकिम बाबू अपने उपन्यास में मुसलमानों को विपक्षी न बतलाते तो वे बहुत शीघ्र अंग्रेज सरकार के विरोधी सिद्ध किये जा सकते थे । इसलिये उन्होंने आरम्भिक मुठभेड़ मुसलमानी नबाव से वर्णन की है और अंग्रेजों को उसके सहायक के रूप में ही प्रकट किया है ।

इतना ही नहीं ग्रन्थ के अन्त में उन्होंने 'अंग्रेजी राज्य' की स्थापना को 'दैवी-विधान' की तरह बतला कर, पुस्तक को राजद्रोही होने के दोष से बचाने की भी चेष्टा की है । जब अंग्रेजी सेना और संन्यासी-सेना का युद्ध समाप्त हो गया और समस्त सरकारी सिपाही मारे गये, तब संन्यासियों के नेता सत्यानन्द का अपने 'गुरुदेव' से जो एक योगसिद्ध महापुरुष थे जो वार्तालाप हुआ, उसमें गुरु ने यह कहा था कि "हिन्दू-धर्म पर अत्याचार करने वाले जो शासक थे, उसका अन्त हो गया । अब अंग्रेज देश में शान्ति स्थापित करके स्थाई शासन की व्यवस्था करेंगे, यही दैवी विधान है ।" जब सत्यानन्द ने 'हिन्दू-शासन' स्थापित न हो सकने पर शोक प्रकट किया तो 'गुरुदेव' ने कहा—

"सत्यानन्द ! दुःखी न होओ । तुमने जिस प्रकार लूटमार कर धन एकत्रित किया और उसके द्वारा सैन्य संगठन करके नबाव की सेना को पराजित किया, उससे देश का उद्धार नहीं हो सकता । इस युद्ध को बढ़ाने से व्यर्थ में नर-हत्या ही होगी । सनातम-धर्म के उद्धार के लिये अब अंग्रेजों का राज्य होना ही अवश्यम्भावी है । महापुरुषों ने इस बात को जिस प्रकार समझा है, उसी रूप में तुमको मैं उसे समझाता हूँ । तैतीस करोड़ देवताओं की पूजा 'सनातन' धर्म नहीं है । यह एक लौकिक और हीनकोटि का धर्म है । सच्चा सनातन धर्म अब लुप्त हो चुका है । वह धर्म 'ज्ञानात्मक' है । ज्ञान भी दो प्रकार का होता है—एक बहिर्विषयक और दूसरा अन्तर्विषयक । जो अन्तर्विषयक ज्ञान है, वही सनातन धर्म का प्रधान भाग है । लेकिन बहिर्विषयक ज्ञान हुए बिना अन्तर्विषयक ज्ञान होना भी असम्भव है । स्थूल क्या है, इसे जाने बिना सूक्ष्म को भी नहीं जाना जा सकता । इस समय इस देश में बहुत दिन से बहिर्विषयक ज्ञान लुप्त हो गया है, फलतः यथार्थ सनातन धर्म भी लुप्त हो गया है । सनातन धर्म का पुनरुद्धार करना हो तो पहले बहिर्विषयक ज्ञान का प्रचार आवश्यक है । इस समय हमारे देश में ऐसे व्यक्ति नहीं हैं, जो बहिर्विषयक ज्ञान की समुचित शिक्षा दे सकें । इसलिये हमको वह ज्ञान किसी दूसरे देश से ही ग्रहण करना होगा । अंग्रेज इस बहिर्विषयक ज्ञान और लोकशिक्षण में बहुत दक्ष हैं । इसलिये दैवी-शक्ति सम्पन्न महापुरुष इस अवसर पर अंग्रेजों का शासन ही आवश्यक समझते हैं । जब तक हिन्दू इस भौतिक ज्ञान-विज्ञान को प्राप्त करके शक्तिशाली नहीं बन जाते तब तक इनका ही शासन रहेगा ।"

सम्भव है बंकिम बाबू ने अपने उपन्यास को कानून के पंजे से बचाने के लिये, इस प्रकार की 'समझौते' की नीति से काम लिया हो । उनका मत है कि अंग्रेजों ने देश के आर्थिक स्रोतों का शोषण कर अपने देश की शक्ति को खूब बढ़ाया, यह तो सत्य है, पर उनके शासन के फलस्वरूप भारत में आधुनिक ज्ञान-विज्ञान का शीघ्रतापूर्वक प्रचार होकर वह एक संगठित राष्ट्र बन सका, इसको भी स्वीकार करना ही होगा । कुछ भी हो 'आनन्दमठ' जिस 'देशभक्ति' की भावना को उत्पन्न करने के अभिप्राय से लिखा गया था, वह उससे अवश्य पूर्ण हो गया । एक समय था जब अंग्रेज अधिकारी इस पुस्तक से ऐसे ही डरते थे जैसे बम के गोले से । उस समय स्वयं हम तथा हमारे मित्र इस पुस्तक को जिस प्रकार गुप्त रूप से पढ़ते थे । उसकी स्मृति ही इसकी श्रेष्ठता का अमिट प्रमाण है । आज भी उसके 'वन्दे मातरम्' गीत की कुछ पंक्तियाँ हृदय में गूँजती रहती हैं—

वन्दन करों सदा जननी को ॥
शोभित सुजल सुफल सों शीतल,
मलयानिल सों जुड़वत जी को ।
विमल-चाँदनी निशि सहराती,
प्रफुलित कुसुमति लता सुहाती ।
मधुर वचन हँसि वदन लखाती,
सुख वरदायिनि है सब ही को ।
वन्दन करों सदा जननी को ॥

कौन ऐसा भारत-सन्तान होगा जो ऐसी महिमान्वित और कल्याणमयी माता के चरणों की वन्दना करके पुलकित न हो जाये और उसकी पुकार सुनकर सेवा के लिये कर्त्तव्य क्षेत्र में कूद न पड़े ? बंकिम बाबू ने स्वयं उसी समय यह भविष्यवाणी कर दी थी कि "एक दिन 'वन्दे मातरम्' की ध्वनि से सारा भारत गूँज उठेगा ।" और हम उनके स्वप्न को अपनी आँखों से सत्य होते देख चुके हैं ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

धर्म-तत्त्व

बंकिम बाबू ने केवल उपन्यास ही नहीं लिखे हैं, वरन् वे गम्भीर और तथ्यपूर्ण निबन्ध लिखने में भी किसी प्रकार कम न थे । उनके मासिक पत्र 'बंग-दर्शन' में प्रकाशित बहुसंख्यक निबन्ध आज भी साहित्य की अमूल्य थाती समझे जाते हैं और पुस्तकों के रूप में प्रकाशित होकर लोकहित साधन कर रहे हैं । उनकी इस प्रकार की हास्य और व्यंग्य की रचनायें 'कमला कान्त का दफ्तर' नामक पुस्तक में प्रकाशित हुई हैं, जिसका साहित्य-जगत् में बड़ा नाम है । उसमें हमारी सामाजिक, साहित्यिक और राजनीतिक त्रुटियों की ऐसी मार्मिक समालोचना की गई है और मीठी चुटकियाँ ली गई हैं कि एक बार पढ़नी आरम्भ करने पर पुस्तक को हाथ से रखने को जी नहीं चाहता ।

पर उच्च कोटि के गम्भीर निबन्धों की दृष्टि से उनकी 'धर्म-तत्त्व' नामक पुस्तक बहुत महत्त्वपूर्ण है । उसमें उन्होंने किसी खास धर्म के सिद्धान्तों की विवेचना न करके 'मानव-धर्म' के प्रमुख लक्षणों का ही वर्णन किया है । उन्होंने बतलाया है कि मनुष्य में जो कई प्रकार की शक्तियाँ हैं, जिनको हम 'वृत्ति' के नाम से पुकार सकते हैं, उन्हीं का अनुशीलन, विकास और चरितार्थ करने का नाम मनुष्यत्व है । इसी को हम मनुष्य का 'धर्म' भी कह सकते हैं । इन सब वृत्तियों का परस्पर सामंजस्य करके उन्हें जीवनोपयोगी और समाजोपयोगी बना लेना ही अनुशीलन की सीमा है और उसी को हम सच्चा सुख भी कह सकते हैं । इसको अन्य शब्दों में यों भी कह सकते हैं कि जब हमारे 'मन, वचन और कर्म' में पूर्ण एकता उत्पन्न हो जाती है, तो हम उसे पूर्ण मनुष्यत्व का लक्षण मान सकते हैं ।

बंकिम बाबू ने लिखा है कि "जब ज्ञान में पाण्डित्य, विचार में दक्षता, कार्य में तत्परता, चित्त में धार्मिकता और सुरस में रसिकता आदि गुण एक स्थान पर पाये जायें तभी मानसिक वृद्धि की पूर्णता मानी जा सकती है । इसके साथ ही सब प्रकार की शारीरिक उन्नति भी होनी आवश्यक है अर्थात् शरीर बलिष्ठ, स्वस्थ तथा सब तरह के शारीरिक कार्यों में खूब दक्ष तथा अभ्यस्त होना चाहिये ।"

इस प्रकार 'धर्म-तत्त्व' में भारतीय जनता के सामने एक नया दृष्टिकोण उपस्थित किया गया है । हमारे देश में हजार व्यक्तियों में से दस-पाँच व्यक्तियों को छोड़कर शेष सब लोग बाह्य पूजा-पाठ, तीर्थ-व्रत, जप-तप, ज्ञान-चर्चा, शास्त्र, कथा-श्रवण आदि को ही पूरा 'धर्म' मानने लग गये हैं । ये बातें धर्म में सहायक अवश्य होती हैं, पर ऐसे लोगों की भी कमी नहीं जो इन सब बातों को करते हुए भी घोर दुष्टता के कार्य करने में संकोच नहीं करते । वे दूसरों का सत्व अपहरण कर सकते हैं, पूरे परिवारों की हत्या कर सकते हैं । गरीबों का नृशंसतापूर्वक शोषण और उत्पीड़न कर सकते हैं, अदालत में झूठे मुकदमे चला सकते और गवाही दे सकते हैं, खाद्य पदार्थों में हानिकारक वस्तुओं की मिलावट करके समाज को हानि पहुँचा सकते हैं, व्यापार में हर तरह की धोखाधड़ी कर सकते हैं, अनाज को गोदामों में छिपा कर लाखों व्यक्तियों को भूखों मारने का कारण बन सकते हैं, और इन सब कामों को करते हुए भी 'धार्मिक' ही नहीं 'धर्ममूर्ति' भी कहला सकते हैं । कारण यही है कि लोग धर्म के सच्चे स्वरूप को भूलकर ऊपरी क्रियाकाण्ड को ही 'धर्म-पालन' समझने लग जाते हैं, और अपने मन में सन्तोष कर लेते हैं कि हम धर्म-शास्त्रों के नियमों का पालन कर तो रहे हैं ! धार्मिक-कर्मकाण्ड भी सामान्य लोगों में तत्सम्बन्धी भाव उत्पन्न करने में सहायक होते हैं, पर इस तरह की बातों के बहुत अधिक बढ़ जाने का यह परिणाम होता है कि लोग कुछ समय में उन्हीं को 'धर्म-सर्वस्व' समझ लेते हैं और जिस मानसिक शुद्धता और श्रेष्ठ कर्मों के अनुष्ठान के लिये उनको किया जाता है, वे सब उनकी निगाह से ओझल हो जाते हैं ।

'कृष्ण-चरित्र' में धर्म का आदर्श

'धर्म-तत्त्व' में वर्णित धर्म के स्वरूप को समझाने, उदाहरण द्वारा उसे लोगों के हृदय में बैठा देने के उद्देश्य से बंकिम बाबू ने 'कृष्ण-चरित्र' की रचना की है । जब 'धर्म-तत्त्व' में वर्णित आदर्श धर्म के नियमों का पूर्णतः पालन कर सकना लोग असम्भव बतलाते हैं, और शंका करते हैं कि इस प्रकार मन-वचन-कर्म की उच्चता और एकता संसार में रहते हुए व्यवहार में नहीं लाई जा सकती, तो यह आवश्यक हो जाता है कि उनके सम्मुख कोई ऐसा उदाहरण उपस्थित किया जाये जिसकी सच्चाई में उनको विश्वास हो ।

बंकिम बाबू ने इस प्रकार के उदाहरण के लिये भगवान कृष्ण को चुना है । वास्तव में धर्म के उपर्युक्त आदर्श के उच्च शिखर पर थोड़े ही व्यक्ति चढ़ सकते हैं । उनकी संख्या कभी बहुत अधिक नहीं हुई । विशेषतः वर्तमान समय में तो, जब एक हजार वर्ष की गुलामी के कारण हिन्दुओं के चरित्र में अनेक प्रकार की निर्बलता और दोषों ने घर कर लिया है, वे किसी ऊँचे आदर्श पर शीघ्र विश्वास भी नहीं कर पाते । पर भगवान कृष्ण का उदाहरण ऐसा है जिसे वे पुराने समय से सुनते आये हैं और वर्तमान समय में भी उस पर श्रद्धा रखते हैं—चाहे वह 'अन्ध-श्रद्धा' ही क्यों न हो । इस श्रद्धा का उल्लेख करते हुए बंकिम बाबू ने अपने ग्रन्थ के आरम्भ में ही कहा है—

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

"भारतवर्ष के अधिकांश और बंगाल के समस्त हिन्दू श्रीकृष्ण चन्द्र को भगवान का अवतार मानते हैं । "कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्" इस पर सबका दृढ़ विश्वास है । बंगाल में प्रायः सब जगह कृष्ण की उपासना होती है । गाँव-गाँव में कृष्ण के मन्दिर हैं और घर-घर में कृष्ण की पूजा होती है । प्रायः प्रति मास कृष्ण का उत्सव होता है । प्रति उत्सव में कृष्ण की लीला होती है । सबके मुँह से कृष्ण के गीत और नाम सुनाई देते हैं । किसी के वस्त्र पर कृष्ण की नामावली है, तो किसी के शरीर पर ही कृष्ण के नामों की छाप है । कोई कृष्ण का नाम लिये बिना घर के बाहर पैर नहीं रखता, तो कोई कृष्ण का नाम लिखे बिना कुछ लिखता-पढ़ता नहीं । भिखारी कृष्ण का नाम लेकर भीख माँगते हैं । घृणा प्रकाश करने के समय भी 'हरे-कृष्ण—राधा-कृष्ण' कहते हैं । वन के पक्षी पालते हैं तो उन्हें भी राधाकृष्ण का नाम रटाते हैं ।"

भगवान कृष्ण के प्रति इस प्रकार की श्रद्धा-भक्ति रखना कभी अनुचित नहीं कहा जा सकता । खास कर जब हम यह भी दृढ़ विश्वास रखते हैं कि श्रीकृष्ण भगवान ही थे, उनमें और भगवान में कोई अन्तर है ही नहीं, तब तो उनका स्मरण जितना अधिक और जिस विधि से किया जाये वह कल्याणकारी ही होगा । पर इसमें कठिनाई यही उत्पन्न हो गई है कि भगवान कृष्ण के चरित्र में स्वार्थी कथा-वाचकों और शृंगारी कवियों ने बहुत-सी चमत्कारी और अश्लील कथायें गढ़कर मिलादी हैं । कहाँ तो भगवान का वह गीता-उपदेश जिससे बढ़कर स्पष्ट और व्यावहारिक धर्म-मार्ग दूसरा मिल ही नहीं सकता और कहाँ मक्खन चुराने और पराई स्त्रियों के साथ छेड़खानी करने की बातें । इसकी चर्चा करते हुए बंकिम बाबू लिखते हैं—

"भगवान को सदा स्मरण करते रहने की अपेक्षा मनुष्यों के लिये और कौन मंगलजनक कार्य हो सकता है ? यह प्रश्न यह है कि भगवान को हम लोग क्या समझने लगे हैं ? यही कि वे बचपन में चोर थे—दूध, दही, मक्खन चुरा कर खाया करते थे । युवावस्था में वे व्यभिचारी थे और अनेक पराई स्त्रियों का पातिव्रत धर्म उन्होंने नष्ट किया । प्रौढ़ावस्था में वे वंचक और शठ थे—उन्होंने धोखा देकर भीष्म और द्रोण जैसे पूज्य पुरुषों की हत्या कराई । क्या इसी का नाम 'भगवत्-चरित्र' है ? जो केवल शुद्ध-सत्त्व है, जिससे सब प्रकार की शुद्धियाँ होती हैं और जिसके नाम से अशुद्धि एवं पाप दूर होते हैं, उसका मनुष्य देह धारण करके इस प्रकार के समस्त पाप करना क्या भगवान को शोभा दे सकता है ।

"सनातन धर्म के द्वेषी यह आरोप लगाया करते हैं कि 'भगवत्-चरित्र' की ऐसी कल्पना करने के कारण ही भारतवर्ष में पाप का स्रोत बढ़ गया है । इस आरोप का अभी तक कोई सफलतापूर्वक खण्डन नहीं कर सका है । मैं स्वयं श्रीकृष्ण को भगवान मानता हूँ और उन पर विश्वास करता हूँ । अंग्रेजी शिक्षा से मेरा वह विश्वास और भी दृढ़ हो गया है । पुराणों और इतिहास में भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र कैसा वर्णन किया गया है यह जानने के लिये जहाँ तक बना इन ग्रन्थों का मन्थन किया । इसका फल यह हुआ कि उनके सम्बन्ध मे जो पाप-कथायें प्रचलित है, वे सर्वथा निर्मूल जान पड़ीं । कथाकारों और कवियों ने श्रीकृष्ण के विषय में जो मनगढ़न्त बातें लिखी हैं, उन्हें निकाल देने पर जो कृष्ण-चरित्र बचता है, वह अति विशुद्ध, परम पवित्र, अतिशय महान् मालूम हुआ । मुझे यह भी अनुभव हुआ कि ऐसा सर्वगुण सम्पन्न, सर्वपापरहित आदर्श चरित्र कहीं नहीं है । न किसी देश के इतिहास में है और न किसी काव्य में ।"

"कृष्ण-चरित्र" की भूमिका में ही लेखक ने यह स्पष्ट कह दिया है कि "श्रीकृष्ण के मानव-चरित्र की आलोचना करना ही मेरा उद्देश्य है । मैं उन्हें ईश्वर मानता हूँ, यह बात भी मैंने कहीं नहीं छिपाई है किन्तु सब पाठक भी मेरे उस विश्वास को स्वीकार कर लें इसके लिये मैंने कोई प्रयत्न नहीं किया है ।" बंकिम बाबू की इस नीति को कोई बुरा नहीं कह सकता । राम और कृष्ण के कार्यों में जगह-जगह अलौकिकता अथवा चमत्कारी घटना सम्मिलित कर देने का ही यह परिणाम हुआ है कि लोगों ने उनके प्रति मौखिक श्रद्धा तो रखी पर उनके उदाहरण से लाभ उठाना छोड़ दिया । जब कोई मौका आया तो लोग यही कहकर अलग हो गये कि "वे तो भगवान थे, हम उनका अनुकरण कैसे कर सकते हैं ?" यह एक बड़ी हानिकारक प्रवृत्ति है, जिससे हम अपने धर्म ग्रन्थों में वर्णित सभी श्रेष्ठ आदर्शों से लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं । सम्भव है कि किसी जमाने में कथा कहने वाले विद्वानों ने अवतार-कथाओं में ये चमत्कारी अंश इसलिये जोड़ दिये हों कि इनके प्रभाव से सामान्य और अपढ़ जनता धर्म कर्म में विश्वास बनाये रहेगी, पर इस समय तो उनका परिणाम विपरीत ही दृष्टिगोचर हो रहा है । इसलिये यह आवश्यक है कि इन दैवी महामानवों के चरित्र पर मानव-दृष्टि से ही विचार किया जाये जिससे लोग उनके द्वारा उपस्थित किये आदर्श पर अपनी सामर्थ्य और परिस्थिति के अनुसार न्यूनाधिक अंशों में चलने का प्रयत्न करने लगें । इन उदाहरणों की वास्तविकता और महत्ता का वर्णन करते हुए बंकिम बाबू ने लिखा है—

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

"यह सच है कि उपासक की प्रथम अवस्था में निराकार परमेश्वर उसका आदर्श नहीं हो सकता । वरन् ईश्वर के अनुरूप मनुष्य अर्थात् जिनमें गुणों की अधिकता के कारण ईश्वरांश मालूम होता है अथवा जो 'देहधारी ईश्वर' प्रतीत होते हैं, वे ही उनके आदर्श हो सकते हैं । इसीलिये ईसामसीह क्रिस्तानों के और गौतम बुद्ध बौद्धों के आदर्श हैं । पर धर्म में प्रवृत करने वाला जैसा आदर्श हिन्दू शास्त्रों में है, वैसा संसार के और किसी धर्म में नहीं है, न किसी जाति में है । जनकादि राजर्षि, नारदादि देवर्षि, वशिष्ठादि ब्रह्मर्षि सबके सब धर्म के परम आदर्श हैं । रामचन्द्र, युधिष्ठिर, अर्जुन, लक्ष्मण, भीष्म आदि क्षत्रिय भी सम्पूर्णता प्राप्त आदर्श हैं । ईसामसीह और गौतम बुद्ध केवल उदासीन, कोपीनधारी और मोहरहित धर्मवेत्ता थे । वह सर्वगुण सम्पन्न नहीं थे । पर हिन्दुओं के आदर्श पुरुषों का सर्वांगसुन्दर विकास हुआ है । यह सिंहासनासीन होकर भी उदासीन हैं । धनुर्धारी होकर भी धर्मवेत्ता हैं । राजा होकर भी पण्डित हैं । शक्तिमान होकर भी प्रेममय हैं । हिन्दुओं का एक आदर्श और है, जो इन सबसे भी बढ़ा-चढ़ा है । यह वही आदर्श है जिससे युधिष्ठिर ने धर्म सीखा, अर्जुन जिसका शिष्य हुआ, राम-लक्ष्मण जिसके अंश स्वरूप हैं और जिसके चरित्र के समान महामहिमामय चरित्र मनुष्य-भाषा में कभी वर्णित नहीं हुआ । वह आदर्श भगवान कृष्ण का है ।"

श्री कृष्ण चरित्र को चमत्कारी घटनायें निकाल कर आदर्श मानव की दृष्टि से लिखने पर कितने ही व्यक्ति बंकिम बाबू के विरोधी बन गये । उनके जीवन-चरित्र के एक लेखक ने लिखा है कि "बंकिम बाबू ने श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में प्रसिद्ध सभी कथाओं को स्वीकार नहीं किया । बहुत-सी घटनाओं को इन्होंने क्षेपक कहकर छोड़ दिया था । इसलिये 'कृष्ण-चरित्र' लिखने पर उनको खूब गालियाँ भी सुननी पड़ीं ।" पर हम जानते हैं कि इस प्रकार गाली देने वाले दो ही प्रकार के व्यक्ति हो सकते हैं । एक तो अज्ञानी अन्धभक्त और दूसरे कथा कहकर धन कमाने वाले पण्डितजी । ये लोग अपने अज्ञान अथवा स्वार्थ के कारण ही बिना सोचे-समझे और बिना किसी प्रमाण के सभी विवेकयुक्त बातों का विरोध करने लग जाते हैं । यदि वे धर्म-शास्त्रों का अच्छी तरह मनन करें तो उनमें भी श्रीकृष्ण और श्री राम आदि को ईश्वरावतार मानते हुए भी यह कहा गया है कि उन्होंने जो कुछ किया वह 'मनुष्य' की हैसियत से ही किया । यदि उनको अपनी दैवी शक्ति से ही काम लेना था, तो मनुष्य का रूप धारण करने की क्या आवश्यकता थी, वे अपनी इच्छा मात्र से ही हर तरह का परिवर्तन कर सकते थे । 'विष्णु पुराण' में इस सिद्धान्त का प्रतिपादन करते हुए कहा गया है—

मनुष्य धर्मशीलस्य लीला सा जगतः पतेः ।
अस्त्राण्यनेक रूपाणि यदरातिषु मुंचति ॥ १४ ॥
मनसैव जगत्सृष्टिं संहारंच करोति यः ।
तस्यारिपक्ष क्षपणे कोऽयमुद्यमविस्तरः ॥ १५ ॥
तथापि यो मनुष्याणां धर्मस्तमनु वर्तते ।
कुर्वन बलवता सन्धिं हीनैर्युद्धं करोत्यसौ ॥ १६ ॥
सामचोप प्रदानंच तथाभेद प्रदर्शयन् ।
करोति दण्डपातंच कंचिदेव पलायनम् ॥ १७ ॥
मनुष्य देहिनां चेष्टामित्येवमनु वर्ततः ।
लीला जगत्पतेस्तस्य छन्दतः संप्रवर्तते ॥ १८ ॥

—(अंश ५. अध्याय २२)

अर्थात्—"जगतपति होकर भी उसने शत्रुओं पर जो अस्त्र चलाये वह मनुष्य-धर्म के कारण उसकी लीला है । अन्यथा जो मन से ही जगत् की सृष्टि और संहार करते रहते हैं, वह विनाश के लिये इतना उद्यम क्यों करेगा ? पर वह संसार में आकर मनुष्य-धर्म का अनुसरण करता है, इसलिये वह बलवान के साथ सन्धि कर लेता है, और निर्बल से युद्ध करता है । वह साम, दाम, दण्ड, भेद से काम लेता है और कभी मौका देखकर भाग भी जाता है । इस प्रकार मनुष्य-धर्म का अनुसरण करने वाला वह जगतपति अपनी इच्छा से लीलायें करता है ।"

निःसन्देह विष्णुपुराणकार का यह कथन सर्वथा युक्तियुक्त है कि यद्यपि भगवान कृष्ण दैवी शक्तियों से युक्त थे, पर मनुष्य-समाज में रहकर वे उसी प्रकार का उदाहरण उपस्थित करना चाहते थे, जिसका अनुकरण अन्य मनुष्य भी कर सकें । दैवी-शक्ति से काम लेकर किसी कठिन समस्या को हल करने से मानवता के विकास में कोई सहायता नहीं मिलती, उल्टा लोग कहने लगते हैं कि यह तो ईश्वरीय शक्ति का कार्य है, हम उसे कैसे कर सकते हैं ? इसलिये बंकिम बाबू ने श्रीकृष्ण के प्रति भगवान के रूप में भक्ति रखते हुए भी उनके उन्हीं कार्यों का वर्णन किया है जो मानव-शक्ति से सम्भव हैं । उन्होंने कृष्ण भगवान की विविध शक्तियों का परिचय देते हुए ग्रन्थ के अन्त में यह निष्कर्ष निकाला है—

"भगवान कृष्ण समस्त मानव-गुणों के प्रकाश से पूर्ण तेजस्वी थे । वह अपराजेय, अपराजित, विशुद्ध, पुण्यमय, प्रेममय, दयामय, दृढ़कर्मी, धर्मात्मा, वेदज्ञ, नीतिज्ञ, धर्मज्ञ, लोकहितैषी, न्यायशील, क्षमाशील, निरपेक्ष, शास्ता, निरहंकार योगी और तपस्वी थे । वे मानुषी-शक्ति से कार्य करते थे, परन्तु उनका चरित्र अमानुषी था । अब पाठक

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अपनी बुद्धि से ही निर्णय करें कि जिसकी शक्ति मानुषी और चरित्र मनुष्यातीत था वह कौन हो सकता है ? जो श्रीकृष्ण को मनुष्य-भाव से देखते हों वे उनको कम से कम यूरोपियन विद्वान् राइस डेविड्स के मतानुसार गौतम बुद्ध के तुल्य तो मान ही लें । राइस डेविड्स ने बुद्ध को "हिन्दुओं में सबसे बड़ा ज्ञानी और महान् पुरुष" लिखा है और जिसको श्रीकृष्ण के कार्यों में 'भगवत्-चरित्र' की झलक दिखाई दे वे अन्त में हमारे साथ हाथ जोड़कर विनयपूर्वक कहें—

नाकृत्वात् करणादृवा कारणाकारणान्न च ।
शरीर ग्रहणं वापि धर्मत्राणाय ते परम् ॥

"जो न हो सकने योग्य कार्य को भी करने में समर्थ हैं और कारणों के भी कारण हैं वे धर्म की रक्षा के लिये मनुष्य शरीर को ग्रहण करके मानव-चरित्र करते हैं ।"

निःसन्देह बंकिम बाबू के इस कथन में कुछ भी अत्युक्ति नहीं कि भगवान श्रीकृष्ण के समान आदर्श चरित्र वाला कोई महापुरुष संसार में अब तक दूसरा नहीं हुआ यद्यपि मनुष्यों का मार्ग प्रदर्शन करने के लिये दैवी-आत्मायें सभी देशों और युगों में अवतीर्ण होती रहती हैं, पर अभी तक भगवान कृष्ण से बढ़कर अथवा उनके तुल्य दैवी-प्रकाश और किसी में देखने में नहीं आया । पर उनके चरित्र का वास्तविक मूल्यांकन करने के लिये आवश्यक है कि महाभारत और पुराणों में वर्णित कृष्ण-कथा में से अस्वाभाविक अंशों को निकाल कर उनके विशुद्ध परोपकार, दुष्ट दमन और सज्जनों की रक्षा के कार्यों का दिग्दर्शन कराया जाये । बंकिम बाबू ने 'कृष्ण-चरित्र' लिखकर इसी उद्देश्य की पूर्ति की है जिसके लिये वे निश्चय ही सभी सत्य, धर्मानुयायियों की प्रशंसा के पात्र माने जायेंगे ।

प्रशंसनीय साहस और आत्म-गौरव

बंकिम बाबू उन मनुष्यों में से नहीं थे जो बड़े-बड़े सिद्धान्तों को पुस्तकों में तो लिख देते हैं, पर स्वयं उनसे विपरीत आचरण करते हैं । इसी कारण अनेक विद्वानों की रचनायें और भाषण आदि लोगों पर कुछ प्रभाव नहीं डाल सकते । बंकिम बाबू ने 'धर्म-तत्त्व' और 'कृष्ण-चरित्र' में आदर्श मनुष्य के जो लक्षण बतलाये थे वे स्वयं उनके अनुसार आचरण करने की चेष्टा करते थे । वे सरकारी नौकरी करते थे, तो अपने उत्तरदायित्व का पूर्ण रूप से निर्वाह करने का प्रयत्न करते थे । उनके ३३ वर्ष के सेवाकाल में कितने ही अवसर बड़े खतरे के आये पर उन्होंने कभी कर्त्तव्य-पालन से पैर पीछे नहीं हटाया, और अपने साहस तथा सत्य-निष्ठा के बल पर उसे सफलतापूर्वक पार कर लिया ।

जिस समय बंकिम बाबू एक उच्च सरकारी पद पर कार्य करने लगे थे, उस समय की परिस्थिति आज से बहुत भिन्न थी । तब इंग्लैण्ड और भारत दोनों की सरकारों का यह उद्देश्य रहता था कि किसी भी तरह भारत में काम करने वाले अंग्रेज अफसरों के रौब-दाब में कमी न आने पावे । वे जानते थे कि भारतवर्ष में अंग्रेजों की संख्या बहुत थोड़ी रहती है, और वे उस देश पर तभी शासन कर सकते हैं जब उनका आतंक और योग्यता का सिक्का भारतवासियों पर जमा रहे । इस सम्बन्ध में अंग्रेजों और ऐंग्लोइण्डियन लोगों के विचार कैसे कट्टरतापूर्ण और संकीर्ण थे इसके लिये हम भारतभक्त एण्ड्रूज के जीवन-चरित्र से एक ऐसा उदाहरण देना पर्याप्त समझते हैं । वे सन् १९०४ में जब इंग्लैण्ड से भारतवर्ष आये और एक कॉलेज में प्रोफेसर का कार्य करने लगे तो उनके भारतवासियों के प्रति मित्रता के भावों को देखकर अनेक अंग्रेज उनको इस प्रकार समझाया करते थे—

"कभी किसी हालत में किसी 'नेटिव' (भारतीय) से मत दबना और न किसी 'नेटिव' के दिल में यह ख्याल आने देना कि वह तुमसे ऊँचा है । हम भारतवर्ष पर केवल एक ही उपाय से राज्य कर सकते हैं और वह यही है कि हम अपनी 'पोजीशन' (दर्जे) को ऊँचा बनाये रखें । यद्यपि आप 'मिशनरी' (पादरी) हैं, तो भी अपने आपको पहले अंग्रेज समझना होगा । इस बात को कदापि न भूलें कि आप 'साहब' हैं ।"

जब सन् १९०४ में यह दशा थी तो उससे चालीस वर्ष पहले, जबकि गदर होकर ही चुका था और उसमें अंग्रेजों ने बड़े-बड़े भारतीयों को बुरी तरह कुचला था, अंग्रेजों का आतंक देश पर कितना अधिक होगा इसका अनुमान कर सकना कठिन नहीं है । पर उस जमाने में भी बंकिम बाबू ने 'भारतीयता' के गौरव को किस प्रकार अक्षुण्ण रखा, इस सम्बन्ध में बहरामपुर की एक घटना हम अन्यत्र लिख चुके हैं । उसके अतिरिक्त भी उन्होंने अनेक बार अंग्रेजों से टक्कर लेकर जातीय-गौरव के भाव का प्रमाण दिया उनमें से एकाध घटना का वर्णन अप्रसांगिक न होगा ।

अंग्रेज लुटेरों का दमन

जिस समय बंकिम बाबू की बदली बंगाल के खुलना जिले में हुई तो वहाँ उन्होंने नील की खेती करने वाले किसानों पर अंग्रेजों को बड़ा अत्याचार करते देखा । इनमें सबसे मशहूर मारेल साहब था, जिसने मारेलगंज नाम का एक गाँव ही बसा लिया था । यहाँ पाँच-छः सौ लाठी चलाने वाले आदमी अपने पास रख छोड़े थे, जिनके बल पर वह अपना आतंक लोगों पर कायम किये हुए था ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पर एक गाँव 'बड़खाली' पर उसका बस नहीं चलता था, क्योंकि वहाँ के निवासियों में बड़ी एकता थी और वे मिलकर आतंककारियों का मुकाबला करते थे । एक बार किसी बात पर विशेष नाराज होकर मारेल साहब ने 'बड़खाली' गाँव पर धावा बोल दिया । दोनों पक्षों में बड़ा घोर संग्राम हुआ । जब मारेल साहब का दल दबने लगा तो उनके 'दलपति' हेली साहब ने बन्दूक चलाना शुरू किया और 'बड़खाली' के नेता रहीमुल्ला को मार दिया । बन्दूक के भय से गाँव वाले भाग गये तो मारेल साहब के दल ने गाँव को मनमाना लूटा, औरतों को बेइज्जत किया और घरों को जला दिया ।

जैसे ही इस 'गदर' का समाचार बंकिम बाबू को मिला, वे पुलिस का एक दल लेकर शीघ्रतापूर्वक 'बड़खाली' की तरफ चले । पर तब तक मारेल साहब की 'विजयी सेना' लूट का माल और स्त्रियों को भी लेकर अपने गाँव में पहुँच चुकी थी । बंकिम बाबू के आने का समाचार सुनकर मारेल साहब और हेली साहब अपने साथियों के साथ भाग निकले । तो भी बंकिम बाबू ने पीछा करके उनमें से कितनों को ही पकड़ा और एक को फाँसी तथा पच्चीस को काले पानी का दण्ड दिलाया । इस घटना से अंग्रेजों में बड़ी खलबली मच गई और लोगों में यह चर्चा होने लगी कि "अंग्रेजों ने उस आदमी को एक लाख रुपया इनाम देने की घोषणा की है जो बंकिम बाबू को जान से मार देगा ।" पर बंकिम बाबू ने कभी इस पर ध्यान न दिया और निर्भीकतापूर्वक अपना काम करते रहे ।

इसी प्रकार हबड़ा में एक गरीब बुढ़िया पर म्युनिसपैलिटी वालों ने व्यर्थ का मुकदमा चलाया और कहा कि उसने सरकारी आज्ञा की अवहेलना की है । बंकिम बाबू ने उसमें सरकारी अधिकारियों की ही भूल समझकर बुढ़िया को छोड़ दिया । इस पर हवड़ा के कलक्टर बकलैण्ड साहब बहुत असन्तुष्ट हुए और उन्होंने उस मिसिल पर बंकिम बाबू के फैसले के विरुद्ध एक नोट (टिप्पणी) लिख दिया । इस पर बंकिम बाबू भी बिगड़ उठे कि "आपने किस नियम से मेरे फैसले के विरुद्ध लिखा है ? आप एक महीने के भीतर मुझसे क्षमा माँगिये और सब कागजात कमिश्नर साहब के पास भेज दीजिये ।" बकलैण्ड साहब पहले तो अकड़े रहे, पर जब बंकिम बाबू लगातार उच्च अधिकारियों को लिखते रहे तो उसको क्षमा माँगनी पड़ी ।

इन घटनाओं में बंकिम बाबू का भाव किसी प्रकार के अहंकार अथवा हठवादिता का न था । वे समझते थे कि अंग्रेज जातीय दृष्टि से अपने को प्रत्येक भारतबासी से श्रेष्ठ समझते हैं और उनका अपमान कर देना साधारण बात मानते हैं । इसी मनोवृत्ति का विरोध करने के लिये वे किसी भी अन्याय को देखकर अंग्रेज अफसरों से लड़ जाते थे और अपनी योग्यता और सूझबूझ के आधार पर उनको परास्त भी कर देते थे ।

बंकिम बाबू की प्रतिभा और ख्याति

बंकिम बाबू ने अपनी अधिकांश रचनाओं में आदर्श चरित्र-चित्रण ही किया है । यद्यपि आज-कल 'उच्च श्रेणी' के साहित्यकार 'कला—कला के लिये' की आवाज उठाया करते हैं, पर कम से कम उस युग में अधिकांश श्रेष्ठ लेखक जो कुछ लिखते थे उसका उद्देश्य लोगों को सदुपदेश देकर सत्मार्ग दिखलाना ही होता था । जिन बुरे लोगों का वर्णन किया जाता था, उनका परिणाम सदा शोचनीय ही दिखलाया जाता था । वे लेखक अपने सामने यही लक्ष्य रखते थे कि उनकी रचनाओं द्वारा सत्प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन मिले और दुष्ट वृत्तियों को जहाँ तक सम्भव हो दबाया जाये ।

बंकिम बाबू के उपन्यासों में जितने स्त्री-पात्र आये हैं, उनका चरित्र उन्होंने प्रायः उच्च, पवित्र और अनुकरणीय दिखलाया है । यद्यपि बंगाल के पुरुष युद्ध-विद्या और तलवार चलाने में प्रसिद्ध नहीं हैं, पर बंकिम बाबू ने बंगाली स्त्रियों को भी तलवार चलाते और वीरता प्रकट करते दिखाया है । इसका उद्देश्य यही था कि बंगाली अपनी त्रुटि को दूर करके यथाशक्ति वीर बनने का प्रयत्न करें और जीवन-संग्राम में प्रशंसनीय ढंग से जूझना सीखें ।

सन् १८९१ में बंकिम बाबू ने बहुत चेष्टा करके पेंशन ली । उनकी इच्छा थी कि वे अपना समय और शक्ति साहित्य-सेवा में ही लगावें । उस समय तक उनकी रचनाओं का आदर समस्त भारत में ही नहीं होने लगा था, वरन् तीन-चार उपन्यास अंग्रेजी में अनुवादित किये जाकर इंग्लैण्ड में भी प्रकाशित किये गये थे । पर लगातार अधिक परिश्रम करते रहने से उनका स्वास्थ्य निर्बल पड़ गया । सन् १८९४ में उनकी बहुमूत्र की बीमारी जोर पकड़ गई और मूत्र नली में एक फोड़ा हो गया । इसका बहुत कुछ इलाज किया गया और आपरेशन भी हुआ । पर कोई चिकित्सा कारगर न हुई और उसी वर्ष उन्होंने समस्त साहित्य-जगत् को शोक संतृप्त छोड़कर परलोक प्रयाण किया ।

राष्ट्र निर्माता बंकिम

वर्तमान युग राजनीति-प्रधान है और इस कारण बहुत से लोग यह समझा करते हैं, कि समाज के मार्ग दर्शक

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

और उद्धारक राजनीतिक व्यक्ति ही हो सकते हैं । जो कोई सभा मंच पर खड़ा होकर जितने जोर से भाषण कर सकता है, देश के शासकों या विरोधी दलों पर तीव्र आघात कर सकता है, समाज सुधार और राष्ट्र-निर्माण की बड़ी-बड़ी योजनायें उपस्थित कर सकता है, वही उनकी दृष्टि में देशभक्त और समाज का नेता कहलाने का अधिकारी होता है ।

इस दृष्टि से यदि विचार किया जाये तो बंकिम बाबू एक लेखक मात्र थे और वह भी मुख्यतया उपन्यासों के । वर्तमान समय में लेखकों की कमी नहीं है, वरन् उनकी संख्या दिन पर दिन बढ़ती ही जाती है । छापेखानों और प्रकाशकों की वृद्धि होने के साथ-साथ नये-नये लेखकों का प्रादुर्भाव होना स्वाभाविक भी है । प्रेस वालों को छापने के लिये कुछ काम चाहिये और प्रकाशकों को भी अपना धन्धा जारी रखने के लिये बढ़िया या घटिया कैसी भी रचनाओं को प्रकाशित करना आवश्यक है । इसलिये यदि आजकल के पाठक लेखकों को सामान्य श्रेणी का मनुष्य अथवा अन्य धन्धे-रोजगारों की तरह एक पेशा करने वाला ही समझने लगें तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं ।

बंकिम बाबू की साहित्य-सेवा का लक्ष्य राष्ट्र को जागृत करके जातीयता के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देना ही था । सरकारी नौकर होने के कारण वे प्रत्यक्ष रूप से इस कार्य को नहीं कर सकते । अतः उन्होंने साहित्य-सेवा के मार्ग को अपनाया और ऐसे ऐतिहासिक और सामाजिक उपन्यासों की रचना की जिनसे देशवासियों को अपने कर्त्तव्य का बोध हो सके । अनेक व्यक्ति साहित्य की महान शक्ति को नहीं समझ पाते, यद्यपि इतिहास इस बात का साक्षी है कि संसार में अनेक युद्ध और क्रान्तियाँ साहित्यिक रचनाओं में सन्निहित उद्दाम प्रेरणाओं द्वारा ही जीते गये हैं । बंकिम बाबू ही नहीं, उनके अनुयायी के तुल्य महाकवि रवीन्द्रनाथ ने भी साहित्य द्वारा ऐसी मार्मिक भावनाओं को जन्म दिया है । उनकी अनेक कवितायें इसका ज्वलन्त उदाहरण हैं ।

इसमें सन्देह नहीं कि भारतवर्ष में इस प्राणोत्पादक विचार-धारा को जन्म देने वालों में बंकिम बाबू प्रथम और प्रमुख हैं, उनसे पहले भारतीय साहित्य में या तो प्राचीन ग्रन्थ थे, या अधिकांश में निरर्थक काव्य-साहित्य या साधारण कोटि की समाज सुधार सम्बन्धी रचनायें थीं । बंकिम बाबू ने ही सर्वप्रथम आधुनिक युग के अनुकूल प्रेरणादायक साहित्य का सृजन किया जो विविध रूपों में विकसित होकर आज तक भारतीय जनता को प्रभावित कर रहा है ।

स्वाधीनता के मंत्रदाता : लोकमान्य तिलक

उत्थान और पतन जगत का अटल नियम है । जो एक समय ऊपर उठता है उसे कुछ समय पश्चात् नीचे भी उतरना पड़ता है । फिर कुछ समय पश्चात् उसको पहले से भी अधिक ऊपर उठने का अवसर मिल सकता है, यदि वह अपनी आत्मा और परमात्मा में विश्वास रखे और अपना कर्त्तव्य पालन करता रहे । प्राकृतिक नियमानुसार इस प्रकार के परिवर्तन में कोई दोष नहीं माना जाता वरन् जीवन के विविध प्रकार के अनुभव प्राप्त करते हुए प्रगति का यही मार्ग माना गया है । इसी तथ्य को समझकर हमारे किसी कवि ने गाया है—"सब दिन जात न एक समान ।"

भारतवर्ष के इतिहास में हमको इस सिद्धान्त की सच्चाई का पूरा प्रमाण मिलता है । प्राचीन ऋषि-मुनियों ने धर्म और आस्तिकता के आधार पर भारतीय-संस्कृति के भवन का इतना सुदृढ़ निर्माण किया कि काल-चक्र के अनेक धक्के खाकर, उतार-चढ़ाव देखकर भी उसकी नींव मजबूत बनी रही । अनेक बार बाहरी शक्तियों ने उससे टक्कर ली, थोड़े बहुत समय के लिये आंशिक रूप से उस पर अपना प्रभाव भी जमाया, पर अन्त में आक्रमणकारियों को आत्मसात करके भारतीय-संस्कृति पुनः अधिक शक्तिशाली रूप में प्रकट हुई । महाभारत के गृह-युद्ध के पश्चात् देश में पर्याप्त शिथिलता आ गई और लगभग दो ढाई हजार वर्ष तक वह सामान्य रूप से जीवन-यापन करता रहा । तब सिकन्दर के आक्रमण के रूप में उसको एक धक्का लगा । यद्यपि सिकन्दर की गति लाहौर के आस-पास ही रुक गई, पर इसने भारत की संस्कृति और सभ्यता पर विशेष प्रभाव डाला । सिकन्दर यूनानी संस्कृति का प्रतिनिधि था, जिसको अपने भौतिक ज्ञान और शक्ति पर अभिमान है । भारत की आध्यात्मिक संस्कृति से उसका संयोग होने से एक नवीन ज्ञान-शक्ति प्रस्फुटित हुई । गौतम बुद्ध के रूप में इस देश को एक नया मार्ग-दर्शक मिला और उससे अनुप्राणित होकर भारतीय-संस्कृति नवीन शक्ति से प्रगति करने लगी और एशिया के एक छोर से दूसरे छोर तक छा गई ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

इसी प्रकार बाद में हूण, शक, सिदियन जातियों के छोटे-बड़े आक्रमण होते रहे, पर अप्रत्यक्ष रूप से वे इस देश की प्रगति में सहायक ही सिद्ध हुए । बाहर से आने वाली जातियाँ भारतीय-संस्कृति से प्रभावित होकर आर्य जाति में ही समाती चली गईं और अपनी कुछ विशेषताओं को देकर इस देश की स्थिति को अधिक दृढ़ बनाती गईं ।

भारत को दूसरा बड़ा धक्का मुसलमानी आक्रमण के रूप में सहन करना पड़ा । ये लोग यहीं पर स्थायी रूप से बस गये और अपनी विजातीय संस्कृति और धर्म को यहाँ के निवासियों पर जबर्दस्ती लादने का प्रयत्न करने लगे । मुसलमानों ने भौतिक दृष्टि से भारत के एक भाग को अवश्य पराभूत कर दिया, पर वे उसकी आत्मा को प्रभावित न कर सके । मुसलमानी शासनकाल में भी यहाँ चैतन्य, रामानन्द तुलसी, समर्थ रामदास जैसी दिव्य विभूतियाँ प्रकट होती रहीं जिन्होंने हिन्दू-जाति के मनोबल को ऊँचा उठाये रखा और समस्त देश में भारतीय-धर्म की एक नई लहर प्रवाहित कर दी जिसने अन्त में 'मुसलमानियत' को अधिकांश में निरस्त कर दिया ।

तीसरा धक्का 'ईसाइयत' का था । यूरोप की कितनी ही जातियाँ भौतिक ज्ञान-विज्ञान से शक्तिशालिनी बनकर संसार पर अधिकार जमाने के लिये दौड़ीं और उनमें से अंग्रेज भारत पर अपना व्यापक प्रभाव जमाने में सफल हो गये । उन्होंने केवल राजनीतिक दृष्टि से ही समस्त देश को अपने अधीन नहीं कर लिया, वरन् यह भी चेष्टा की कि धर्म और सभ्यता की दृष्टि से भी यहाँ के निवासियों को पराभूत करके पूर्णरूप से अपना अनुयायी बना लिया जाये । और वास्तव में एक बार 'ईसाई सभ्यता' की लहर देश के कितने ही भागों में, विशेषतः उस समय के प्रगतिशील बंगाल में इतने जोरों से फैली कि भारतीय संस्कृति के हितैषियों के हृदय शंकाकुल हो गये । पर फिर भी भारतीय संस्कृति की सुदृढ़ता ने अपना रंग दिखाया और राजा राममोहन राय, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द आदि के रूप में हिन्दू धर्म की पताका को संभालने वाले उत्पन्न कर दिये, जिन्होंने 'ईसाइयत' के आक्रमण को अधिकांश में विफल कर दिया ।

इस प्रकार धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से तो अंग्रेजों का प्रभाव बहुत कुछ रोक दिया गया, पर राजनीतिक दृष्टि से उनका 'शिकंजा' दिन पर दिन मजबूत होता जाता था । सन् १८५७ में एकबार देश ने उनके शासन को हटाने की चेष्टा की पर यहाँ के पुराने हथियारों के मुकाबले में उनके नये ढंग के अस्त्र-शस्त्र अधिक कारगर सिद्ध हुए । उसके पश्चात् तो उन्होंने 'आर्म्स एक्ट' द्वारा इस देश को पूरी तरह निःशस्त्र ही कर दिया, जिससे उनको किसी प्रकार के सशस्त्र विद्रोह का भय नहीं रह गया ।

स्वदेशी और स्वराज्य का शंखनाद

ऐसे संकट-काल में भारत के राजनीतिक क्षेत्र में लोकमान्य तिलक का आविर्भाव हुआ जिन्होंने शारीरिक शक्ति के बजाय मानसिक और भावना क्षेत्र में अंग्रेजों का मुकाबला करके उनके प्रभाव को कम करना आरम्भ किया । यह तिलक की ही महिमा थी कि अंग्रेजों के एक प्रधान गढ़ बम्बई में उन्नीसवीं शताब्दी के समाप्त होने के पहले ही स्वदेशी और स्वराज्य का शंखनाद सुनाई पड़ने लगा, जिससे समस्त देश चौकन्ना हो गया । बीसवीं शताब्दी आरम्भ होते ही एक नवीन रूप में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध विद्रोह खड़ा हो गया, जिसने अन्त में सन् १९४७ में उनको यहाँ से हटा कर ही छोड़ा ।

लोकमान्य का जन्म सन् १८५६ में महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में हुआ था । उनके पिता श्रीगंगाधर तिलक एक स्कूल में मामूली अध्यापक थे । उन्होंने अपने पुत्र का नाम 'बलवन्त' रखा था । पर प्यार से सब उसे 'बाल' पुकारते थे और आगे चलकर वही नाम समस्त संसार में प्रसिद्ध हो गया । उनकी प्रारंभिक शिक्षा पूना के स्कूल में हुई । सन् १८७६ में उन्होंने 'डेन कालेज' से बी. ए. की परीक्षा पास की और इसके तीन वर्ष बाद बम्बई विश्वविद्यालय से एल. एल. बी. की उपाधि प्राप्त कर ली ।

लोकमान्य तिलक की प्रतिभा और अध्यवसाय को देखते हुए उनके मित्रों को आशा थी कि वे वकालत के धन्धे में अपूर्व सफलता प्राप्त करके शीघ्र ही धन और वैभव के स्वामी बन जायेंगे । पर तिलक का ध्यान किसी और ही तरफ था । वे देख रहे थे कि भारतवासी केवल राजनीतिक दृष्टि से ही अंग्रेजों के अधीन हो गये हैं । वे पश्चिमी सभ्यता की चमक-दमक की चकाचौंध से भ्रमित होकर अपनी सभ्यता और संस्कृति को तिलांजलि देते जाते हैं और यदि यही स्थिति अधिक समय तक बनी रही, तो वे ही अंग्रेजी शासन के सुदृढ़ स्तम्भ बन जायेंगे । उस दशा में भारत के पुनः स्वाधीन और आत्मावलम्बी होने की आशा सदा के लिये क्षीण हो जायेगी । इसलिये उन्होंने वकालत की परीक्षा उत्तीर्ण करते ही लड़कों की शिक्षा कि लिये एक ऐसी शिक्षण संस्था स्थापित करने का उद्योग आरम्भ किया जहाँ पर जीवन निर्वाह की शिक्षा देने के साथ ही उनमें जातीय और राष्ट्रीय भावों की वृद्धि भी की जाये । जबकि सरकारी स्कूलों में लड़कों को केवल सरकारी क्लर्क बनने की निगाह से ही पढ़ाया-लिखाया जाता था । लोकमान्य उनको ऐसा भारतीय नागरिक

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

बनाना चाहते थे जो अपने धर्म, सभ्यता और संस्कृति की रक्षा के लिये भी सचेष्ट रहें ।

लोकमान्य तिलक के सार्वजनिक जीवन का सबसे पहला कदम पूना में सन् १८८० में 'न्यू इंगलिश स्कूल' की स्थापना करना था । इसमें उनके दो प्रधान सहयोगी श्रीविष्णु शास्त्री गोखले और अन्य अनेक देशभक्त विद्वान् भी सम्मिलित हो गये, पर इसकी जड़ जमाने वाले लोकमान्य तिलक ही थे इसमें सन्देह नहीं कि महाराष्ट्र में राष्ट्रीय भावों के प्रसार में इस संस्था ने बड़ा महत्त्वपूर्ण योगदान किया और पूना को तो राजनीतिक आन्दोलन का एक ऐसा जोरदार केन्द्र बना दिया कि अंग्रेज सरकार अन्तिम समय तक उससे भयभीत ही बनी रही ।

'न्यू इंगलिश स्कूल' स्थापना के ४-५ वर्ष बाद ही लो. तिलक ने पूना में ही फर्गुसन कालेज की नींव डाली और उसे भी एक आदर्श शिक्षा संस्था बना दिया । यह कहने में कुछ अतिशयोक्ति नहीं कि आज बम्बई प्रान्त में जो राजनीतिक जागृति दिखाई पड़ रही है उसका अधिकांश श्रेय 'फर्गुसन कालेज' में शिक्षा प्राप्त करके निकलने वाले विद्यार्थियों को ही है ।

समाचार-पत्र प्रकाशन

देश में नवीन राष्ट्रीय-चेतना और देश-सेवा की भावना उत्पन्न करने का कार्य स्कूलों द्वारा बहुत शीघ्र नहीं हो सकता था । इसलिये लोकमान्य का ध्यान आरम्भ से ही समाचार-पत्र प्रकाशन की तरफ था । जैसे ही उनकी शिक्षा-संस्था का काम कुछ जम गया और उनको उससे अवकाश मिला उन्होंने इस ओर भी ध्यान दिया । मराठी भाषा में 'केसरी' और अंग्रेजी में 'मराठा' नाम के साप्ताहिक पत्रों का श्रीगणेश तो उन्होंने सन् १८८१ में ही कर दिया था और सहकारियों की सहायता से उनका संचालन करते जाते थे । आगे चलकर उन्होंने शिक्षा-संस्थाओं का भार अन्य लोगों को दे दिया तो वे पूरी शक्ति इन्हीं में लगाने लगे । कहते हैं कि समय पड़ने पर वे इनका टाइप स्वयं ढोते थे, छपे कागजों को मोड़ने तथा पैकट बनाने आदि का काम भी स्वयं कर लेते थे । इस प्रकार उन्होंने सम्पादक से लेकर दफ्तरी और कुली तक का काम स्वयं करके इन पत्रों की जड़ जमाई । वह जमाना समाचार-पत्रों के अनुकूल न था । न तो सरकारी कानून के अनुसार उनको किसी प्रकार की स्वतंत्रता थी और न जनता उनका महत्त्व समझती थी । इसलिये उस समय जितने पत्र निकलते थे वे सब त्यागी और सेवाभावी व्यक्तियों द्वारा ही संचालित थे और उनको वे अपना तन-मन-धन लगाकर ही स्थिर रख पाते थे । अन्यथा १०० में से ६५ समाचार-पत्र जन्म लेने के साल-छः महीने के भीतर ही अपनी जीवन लीला समाप्त कर देते थे ।

यह तिलक महाराज की अपार विद्वता का परिणाम था कि कुछ वर्षों में ही ये दोनों पत्र पूर्ण स्वावलम्बी हो गये और उन्होंने महाराष्ट्र ही नहीं समस्त देश के सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन पर चिरस्मरणीय प्रभाव डाला । उस समय अधिकांश समाचार-पत्र सरकार की आलोचना करते समय विरोध का एक भी शब्द, लिखने में भयभीत न होते थे । अगर कभी किसी सुधार के लिये लिखना पड़ता था तो वह एक प्रार्थना के रूप में ही होता था । उस युग में केवल लोकमान्य तिलक 'केसरी' तथा कलकत्ते का 'अमृत बाजार पत्रिका' ही ऐसे पत्र थे जो निर्भय होकर सरकार की अनुचित कार्यवाहियों की बड़ी आलोचना करते थे और बड़े-बड़े अधिकारियों की चालों का भण्डाफोड़ कर देते थे ।

'केसरी' के मुखपृष्ठ पर ही आदर्श-वाक्य (मोटो) के रूप में एक पद्य छपा करता था, जिसका हिन्दी भाषान्तर किसी कवि ने इस प्रकार किया था—

रे गयन्द मतिअन्ध छिन्हु समुचित तोहि नाहीं ।
बसिबो अब यह विपिन घोर दुर्गम भुवि माही ॥
गज शिलानि सो जानि नखन सो विद्रापति करि ।
गिरि-कन्दर में पर्‌ये आज निद्रित यह केहरि ॥

इस पद्य में तिलक महाराज ने विदेशी शासकों को 'अन्योक्ति' अलंकार के रूप में चेतावनी दी है कि "यह भारत रूपी सिंह अभी निद्रित अवस्था में पड़ा है और इसी से निष्क्रिय जान पड़ता है । तुम्हारा हित इसी में है कि समय रहते ही इस देश को छोड़ जाओ अन्यथा जब यह जागृत होगा तो जान बचाना कठिन पड़ जायेगा ।"

उस समय हिन्दी में किसी राष्ट्रीय पत्र का बड़ा अभाव था, इसलिये तिलक महाराज की प्रेरणा से नागपुर से 'हिन्दी केसरी' निकाला गया, जिसमें लोकमान्य तिलक के मराठी लेखों का भाषान्तर प्रकाशित किया जाता था । पर वह थोड़े ही दिन तक चल सका, क्योंकि सन् १९०८ में तिलक महाराज पर राज विद्रोह का मुकदमा चल कर सजा हो जाने पर उसे बन्द कर दिया गया ।

कोल्हापुर के दीवान ने, जो अंग्रेजों का पिठ्ठू था, वहाँ के शासक को अपदस्थ करके राज्य के समस्त साधनों को स्वयं हथियाने का कुचक्र रचाया । लोकमान्य तिलक ने उसकी सब करतूतों को प्रकट करके ऐसे तीव्र प्रहार किये कि चारों तरफ हलचल मच गई । अंग्रेज सरकार के बलबूते पर उसने लोकमान्य तिलक तथा उनके मित्र 'भदाण' के सम्पादक श्री आगरकर पर मान हानि का मुकदमा चलाया,

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जिसमें जनता ने पूरी तरह से तिलक का साथ दिया और फीरोज शाह मेहता तथा तैलंग जैसे नामी वकीलों ने उनकी तरफ से अदालत में पैरवी की । पर सरकार उनके विरुद्ध थी, इसलिये दोनों को चार-चार महीने की कड़ी कैद की सजा सुना दी गई । जब सजा समाप्त करके वे बाहर निकले तो उनका बड़ी धूमधाम से स्वागत किया गया और उसी समय से उनकी लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ती चली गई ।

सामाजिक जागृति के त्यौहार

पर्व और त्यौहारों का भी जन-जीवन में बहुत प्रमुख स्थान होता है और हिन्दू जाति में तो इनको विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण माना गया है । यद्यपि आजकल त्यौहारों के मनाने में रूढ़िवादिता की प्रवृत्ति बहुत बढ़ गई है, इसलिये अनेक व्यक्ति उनको अनुपयोगी कहने लग गये हैं तो भी यह स्वीकार करना पड़ेगा कि पिछले जमाने में 'मुसलमानियत' और 'ईसाइयत' से हिन्दू जाति की रक्षा करने में पर्व और त्यौहारों ने विशेष रूप से योगदान किया है । इनके प्रभाव से अशिक्षित और अविकसित लोगों में भी अपने धर्म के प्रति आस्था बनी रही और अनेक कठिनाइयों तथा प्रलोभन आने पर भी वे अपने परम्परागत धर्म-विश्वासों पर दृढ़ रहे । लोकमान्य तिलक ने इस तथ्य को समझ कर जनता में ऐसे त्यौहारों का प्रचलन किया जो वर्तमान समय की दृष्टि से विशेष उपयोगी हों और लोगों में जातीयता के भावों की वृद्धि कर सकें ।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उन्होंने सन् १८९३ में 'गणपति-उत्सव' तथा १८९४ में 'शिवाजी-जयन्ती'—दो बड़े त्यौहार समारोहपूर्वक संगठित रूप में मनाने का प्रचलन किया । गणेश जी का पूजन और गणेश-चतुर्थी का त्यौहार यद्यपि प्राचीन समय से मनाया जा रहा था, पर लोकमान्य तिलक ने उसे जातीय-पर्व का रूप दिया । श्री शिवाजी महाराज की स्मृति को पुनर्जीवित करने और उसे हिन्दुत्व की रक्षा के लिये प्रेरणादायक रूप में मनाने का श्री गणेश उन्होंने किया । इसके फल से समस्त महाराष्ट्र में उत्साह की एक लहर व्याप्त हो गई और चारों तरफ जागृति के चिह्न दृष्टिगोचर होने लगे । इससे अंग्रेज अधिकारियों में भय और रोष उत्पन्न हो गया और वे इस जागृति को दबाने का प्रयत्न करने लगे ।

इसी समय पूना में और उसके बाद बम्बई में हिन्दू-मुस्लिम दंगे हो गये । अंग्रेज अधिकारियों ने इसका दोष लोकमान्य तिलक द्वारा प्रचारित 'शिवाजी जयन्ती' के उत्सव पर डालना चाहा । उसके संकेत पर कुछ मुसलमान नेताओं ने लोकमान्य के विरुद्ध ऐसे आक्षेप सार्वजनिक रूप से लगाये भी । सरकारी अधिकारियों का कहना था कि इन उत्सवों के कारण मुसलमान बहुत रुष्ट हो गये हैं इसी कारण दंगे भड़क उठे । पर तिलक जी ने इन आक्षेपों को सर्वथा असत्य बतलाते हुए दंगों का कारण सरकार को ही बतलाया और अपने पत्रों में स्पष्ट रूप से लिखा—

"मैं समझता हूँ कि इन सब झगड़ों का कारण सरकार ही है । उसकी पक्षपातपूर्ण नीति के कारण ही दंगों की शुरुआत होती है । देश में इस समय हिन्दू-मुस्लिम द्वेष के बीज बोये जा रहे हैं । लार्ड डफरिन की भेदनीति ही सब दंगों का मूल कारण है ।"

लोकमान्य ने उस समय जो कुछ लिखा था, वह बाद में अंग्रेजी सरकार के कारनामों से अक्षरशः सत्य सिद्ध हो गया । उसने मुसलमानों को विशेष रूप से बढ़ावा देकर कांग्रेस से अलग रहने और अपने पृथक अधिकार माँगने की मनोवृत्ति को भड़काया । इसी के फल से देश में समय-समय पर साम्प्रदायिक दंगे होते रहे, मुसलमान भारतीय राजनीतिक आन्दोलन से अलग होकर 'मुस्लिम लोग' पृथक अधिकारों की माँग करने लगे, जिसका अंतिम परिणाम पाकिस्तान की स्थापना हुआ । पर तिलक जी कभी सरकार के चक्कर में नहीं आये । उन्होंने हिन्दुओं को कभी मुसलमानों के प्रति शत्रु-भाव रखने की प्रेरणा नहीं दी वरन् कई दंगों में कट्टर मुसलमानों द्वारा कुछ लोगों के मारे जाने पर भी हिन्दुओं से बदले की भावना रखकर कोई अनुचित कार्य न करने की ही अपील की—

"यदि मुसलमान पशुता एवं अमानुषिक कृत्यों पर तुल गये हैं तो तुम्हें भी तत्काल रक्तपात और अनुचित उपायों का अवलम्बन नहीं करना चाहिये । अपने को संगठन द्वारा अधिक से अधिक दृढ़ बनाने का प्रयास करो । जब इस प्रकार शक्तिशाली हो जाओगे तो दंगे होंगे ही नहीं ।"

इस पर भी कुछ मुसलमान नेताओं ने उनको अपना कट्टर साम्प्रदायिक शत्रु बतलाया । पर यह उनकी भूल थी । लोकमान्य भारतीय स्वाधीनता के सच्चे उपासक थे और वे किसी भारतीय को धर्म के आधार पर शत्रु नहीं मानते थे । यही कारण था कि 'अलीबन्धु' जैसे प्रमुख मुसलमान नेताओं ने यह कहा कि "राजनीति में तिलक ही हमारे गुरु हैं ।" इसके अतिरिक्त 'आफताय' के सम्पादक सैयद तैदर रजा और मौलाना हसरत मोहानी जैसे धार्मिक मुसलमान विद्वान् उनके अनुयायी और भक्त थे ।

लोकमान्य तिलक ने इन बातों को केवल मुख से ही नहीं कहा वरन् स्थान-स्थान घूमकर इनका प्रचार किया और दंगे की भावनाओं को ठण्डा किया । फिर भी उनकी आलोचना तत्कालीन वायसराय लार्ड डफरिन को बहुत बुरी लगी और सरकारी अधिकारियों ने हर उपाय से उनको

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

बदनाम करने की चेष्टा की । पर नतीजा उल्टा ही निकला । जनता को सरकार पर कभी विश्वास न था, इसलिये उसके बुराई करने पर लोगों की श्रद्धा-भक्ति तिलक महाराज के प्रति और भी बढ़ गई । वास्तव में स्पष्टवादिता और प्रत्येक दशा में अपने सिद्धान्त पर दृढ़तापूर्वक टिके रहना ही महान् नेताओं के लक्षण हैं । जो लोग हवा के साथ रुख बदलते रहते हैं, और थोड़े से लाभ की खातिर एक पक्ष को त्याग कर दूसरे पक्ष में घुसते रहते हैं, उनका सार्वजनिक जीवन अधिक समय तक नहीं टिक सकता, और वे शीघ्र ही जनता की निगाह से गिर जाते हैं, हमको इस सिद्धान्त का पालन केवल राजनीति में ही नहीं करना चाहिये वरन् समाज, धर्म, व्यक्तिगत व्यवहार सर्वत्र इसका ध्यान रखना आवश्यक है । जो आदमी अपने सिद्धान्त पर दृढ़ रहना नहीं जानते अथवा जिनका कोई सिद्धान्त नहीं होता है वे कभी सम्मान के पात्र नहीं बन सकते ।

स्वाधीनता के लिये संघर्ष और कारावास

जिस समय तिलक महाराज ने लेखों और भाषणों द्वारा स्वाधीनता आन्दोलन छोड़ा था, वह ऐसा समय था कि लोग स्वराज्य और स्वतंत्रता का नाम लेते डरते थे । सन् १८५७ के गदर के अवसर पर किया गया घोर दमन लोगों को अभी तक आतंकित किये हुए था और अंग्रेजों की शक्ति को दिन पर दिन बढ़ते देख कर कोई सिर उठाने का साहन न करता था । पर लो. तिलक इस स्थिति को बदलने का निश्चय कर चुके थे, इसलिये वे सदा सरकार के सभी अनुचित कार्यों की तीव्र आलोचना करते रहे, और उसके लिये बार-बार 'दण्ड' का पुरस्कार सहर्ष ग्रहण करते रहे ।

उस समय तक कांग्रेस थोड़े से राजनीतिक व्याख्यान दाताओं की वाद विवाद-समिति की तरह थी । ज्यादातर नर्म विचारों के राजनीतिक ही उसमें भाग लेते थे और साल भर में एक जगह इकट्ठे होकर दस-पाँच विद्वतापूर्ण भाषण कर लेने और शासन-सुधार सम्बन्धी प्रस्ताव पास कर लेने में ही अपने कर्त्तव्य की इतिश्री समझ लेते थे । पर तिलक जी कांग्रेस को स्वाधीनता प्राप्ति का एक प्रभावशाली साधन बनाना चाहते थे, इसलिये वे उस समय भी जोरदार भाषण करते थे और लोगों को स्वाधीनता के लिये प्रयत्न करने की प्रेरणा भी देते थे । सन् १८८६ के कांग्रेस अधिवेशन में दिया गया भाषण माताओं ने बड़ा ओजस्वी माना और अनेक लोगों ने उसे सुन कर देश की स्वतंत्रता के लिये कुछ करने का निश्चय किया ।

सन् १८९६ में भारत में प्लेग का बड़ा प्रकोप हुआ जो एक वर्ष से ज्यादा समय तक विभिन्न भागों में आतंक पैदा करता रहा । पूना नगर में सरकार की ओर से जो 'रैंड' नाम का अंग्रेज अफसर नियुक्त किया गया था, उसका व्यवहार जनता के साथ बड़ा कठोर था और उससे जनता बड़ी आतंकित हो गई थी । इससे पूना के नवयुवक बड़े रोष में आये और चाफेकर नामक युवक ने पिस्तौल से रैंड की हत्या करदी । इस पर समस्त अंग्रेज अफसर क्रुद्ध हो उठे और चारों ओर दमन की धूम मचादी, जिससे जनता घबरा गई । लोकमान्य तिलक ने सरकारी अधिकारियों पर दोषारोपण करते हुए 'केसरी' में कई लेख लिखे । यद्यपि उनमें कानून के विरुद्ध कोई बात न थी, पर सरकार ने 'अदालत की मानहानि' के नाम पर तिलक जी को गिरफ्तार कर लिया । उल्टी-सीधी कार्यवाही करके १८ महीने की कड़ी कैद की सजा दे दी । जेल में उनके साथ बुरा व्यवहार किया गया और खराब भोजन दिया गया, जिससे वे बीमार पड़ गये । जब यह समाचार चारों तरफ फैला तो भारतीय जनता ही नहीं इंग्लैण्ड के अनेक प्रसिद्ध पुरुष सरकारी नीति की निन्दा करने लगे । मैक्स मूलर, सर विलियम हन्टर, विलियम केन और दादा भाई नौरोजी आदि प्रसिद्ध विद्वानों और नेताओं ने इंग्लैण्ड के उच्च अधिकारियों को बतलाया कि तिलक जैसे महान् विद्वान् के साथ इस प्रकार का व्यवहार किया जाना ब्रिटिश-शासन के लिये कलंक की बात होगी । इन सज्जनों के सम्मिलित प्रयत्न से अन्त में तिलक जी को एक वर्ष बाद रिहा कर दिया गया ।

जेल से छूटने पर जनता ने उनका जैसा स्वागत किया उसकी मिसाल उस समय तक कभी देखने में नहीं आई थी । एक प्रकार से तिलक महाराज ने स्वयं कष्ट सहकर 'जेल' को भी पवित्र कर दिया जिसके फलस्वरूप आगे चलकर देश सेवा का व्रत धारण करने वालों ने जेलों का भय ही त्याग दिया । जेल की सजा जो अभी तक अधिकांश में चोर-डाकुओं या अन्य नीच कार्यों के करने वालों तक ही सीमित थी, सेवा, परोपकार और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रतीक बन गई । समाचार पत्रों में जेल खाने का नाम 'कृष्ण-जन्म-मन्दिर' लिखा जाने लगा । जहाँ लोग गिरफ्तारी और जेल भेजे जाने को निन्दा और लज्जा की बात मानते थे वहाँ तिलक-महाराज की जेल यात्रा के पश्चात् उसे सम्मान और जन-सेवा का प्रमाण माना जाने लगा ।

कांग्रेस में गर्मदल की स्थापना

जैसा हम ऊपर कह चुके हैं "भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस" की स्थापना सरकार के सामने जनता की छोटी-बड़ी शिकायतें उपस्थित करने और सामान्य शासन सम्बन्धी सुधारों का प्रस्ताव पास करके उन्हें सरकार की सेवा में

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

भेजने के उद्देश्य से की गई थी, उसमें कई अंग्रेजों और राजभक्त सज्जनों ने भी भाग लिया था । केवल लोकमान्य तिलक जैसे स्वाधीनता प्रेमी नेता ही कभी-कभी उसमें 'गर्म भाषण' सुना देते थे । पर सन् १९०५ में 'बंग-भंग' का आन्दोलन छिड़ जाने पर देश में इतनी अधिक राजनीतिक उत्तेजना उत्पन्न हो गई और नवयुवक-वर्ग ऐसे क्रांतिकारी आन्दोलन के लिये उद्यत हो गया कि 'कांग्रेस' जैसी देश का राजनीतिक नेतृत्व करने वाली संस्था के लिये उससे अलग रह सकना कठिन हो गया । उस समय इस संस्था की बागडोर मुख्यतः ऐसे ही लोगों के हाथ में थी जो कुर्सी पर बैठकर एकाध देशभक्ति के विचारों का लेख देने या सजे हुए सभा मण्डल में खड़े होकर सुन्दर भाषण देने को ही राजनीतिक आन्दोलन का लक्षण मानते थे । पर इस समय देश में अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध जैसा गर्म-वातावरण उत्पन्न हो गया था, उसमें ऐसी ढीली और निष्क्रिय नीति से काम चल सकना कठिन था । जनता का एक बड़ा भाग कांग्रेस से कोई समयानुकूल जोरदार आन्दोलन की आशा करने लगा ।

तिलक महाराज उस समय गर्म-दल के सर्व प्रधान नेता थे । वे सरकार के अन्यायपूर्ण कार्यों के विरोध में अंग्रेजी माल का बहिष्कार और सरकारी स्कूलों के 'बायकाट' आदि का प्रचार कर रहे थे । देश के सभी स्वाधीनता-प्रेमी नेता के साथ थे । पर 'नर्म-दल' के राजनीतिज्ञ इससे डरते थे । वे विद्वान् और भाषण देने में कुशल अवश्य थे और सामान्य जन हितकारी कार्यों के भी समर्थक थे पर सरकारी अन्याय का खुल कर विरोध करने और उसके फलस्वरूप कष्ट सहन करने का साहस उनमें न था । साथ ही वे अपने 'नेता-पद' को भी छोड़ना नहीं चाहते थे । इससे दोनों दलों में बनारस कांग्रेस (१९०५) से ही तनातनी होने लग गई थी । सन् १९०६ का कांग्रेस-अधिवेशन कलकत्ता में हुआ और उसके अध्यक्ष वयोवृद्ध नेता दादाभाई नौरोजी बनाये गये, जिनको सभी दलों के व्यक्ति सम्मान की दृष्टि से देखते थे । उन्होंने अपने भाषण में कांग्रेस का लक्ष्य 'स्वराज्य' प्राप्त करना घोषित किया, जो उस समय एक बड़ी बात मानी गई । इसका अर्थ नर्मदल वालों ने 'औपनिवेशिक शासन' के अधिकार समझ लिया और गर्मदल वालों ने 'पूर्ण स्वाधीनता' की भावना से इसे ग्रहण किया । पर यह मतभेद उन लोगों के भीतर ही बना रहा, दादाभाई के प्रभाव से उनके सामने कोई अधिक बोल न सका ।

पर सन् १९०७ की सूरत कांग्रेस में यह मतभेद बड़े उग्र रूप में प्रकट हुआ । तिलक महाराज वहाँ पहले से ही पहुँच गये थे । वे भाषण देकर और अपने अनुयायियों से बातें करके अनुकूल वातावरण तैयार कर रहे थे । कांग्रेस के खुले अधिवेशन में उनकी नर्मदल के नेताओं से टक्कर हुई और बात यहाँ तक बढ़ी कि मार-पीट और कुर्सियाँ फेंककर मारने की नौबत आ गई । इस पर उस दिन का अधिवेशन भंग हो गया । दूसरे, दिन नर्मदल वालों ने श्री अरविन्द घोष की अध्यक्षता में अपनी 'कॉन्फ्रेन्स' अलग की और इस प्रकार कांग्रेस में दो दल हो गये जो अपने अधिवेशन आठ-नौ वर्ष तक अलग-अलग ही करते रहे ।

'बम' पार्टी और लोकमान्य तिलक को निर्वासन दण्ड

इस घटना के पश्चात् देश में राजनीतिक आन्दोलन का तूफान बड़ी तेजी से बहने लगा । बंगाल के युवकों ने अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिये सशस्त्र क्रांति का कार्यक्रम बनाया, और खुदीराम बोस ने एक अंग्रेज अफसर को मारने के उद्देश्य से बम फेंका, जिससे संयोग वश दो अन्य अंग्रेज स्त्रियाँ मारी गईं । इस पर अंग्रेज समाचार पत्रों ने बड़ा शोर मचाया और सब उग्रवादी नेताओं को एक साथ पकड़ लेने की सलाह दी । 'पायोनियर' (इलाहाबाद) ने तो यहाँ तक लिख डाला कि अब अगर किसी अंग्रेज की हत्या की जाये तो उसके बदले में दस भारतवासियों को फाँसी पर चढ़ा दिया जाये ।

पर तिलक महाराज इस घोर दमन-काण्ड को देखकर भी भयभीत न हुए । उन्होंने अपने पत्र में "कल्ट आफ बम" (बम का सिद्धान्त) शीर्षक लेख लिखा, जिसमें अंग्रेज स्त्रियों की मृत्यु पर बड़ा दुःख प्रकट करते हुए लिखा था कि भारतवर्ष में युवकों ने जो 'बम' का प्रयोग आरम्भ किया है इसका उत्तरदायित्व सरकार की भारत-विरोधी नीति ही है और इसका निवारण देश को न्यायपूर्ण अधिकार देने से ही होगा, केवल दमन के सहारे उसका रोका जा सकना कठिन है । "बम चलाना यद्यपि बहुत बुरा काम है, तथापि इसके मूल में सरकार की दमन नीति ही काम कर रही है । सरकार की इस गलत नीति के कारण ही 'बम' का आविर्भाव हुआ है ।"

सरकार ने इन लेखों के आधार पर ही तिलक जी को गिरफ्तार कर लिया और मनमाने ढंग से मुकदमा चलाकर ६ वर्ष की सजा दे दी । उस समय तिलक महाराज की आयु ५२ वर्ष की थी और उनका स्वास्थ्य भी कमजोर पड़ गया था, पर उन्होंने इस दण्ड को सहर्ष स्वीकार किया और बड़े साहस के साथ थोड़े से शब्दों में ही यह प्रकट कर दिया कि सरकार का यह कार्य बिल्कुल अन्यायपूर्ण है । वह इस प्रकार दण्ड देकर आन्दोलन को कुचल देना चाहती है, पर इससे तो वह उल्टा बढ़ेगा ही । उनके उस

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

बयान का सारांश उसी समय किसी कवि ने इस प्रकार प्रकट किया था—

मुझे आज यद्यपि जूरी ने अपराधी ठहराया है ।
तो भी मेरे मन ने मुझको निर्दोषी बतलाया है ॥
ईश्वर का संकेत मनोगत दिखलाई यह मुझे पड़े ।
मेरे संकट सहने ही से इस हलचल का तेज बढ़े ॥

सरकार ने लोकमान्य तिलक को भारतीय जेलों में रखना भी खरतनाक समझ कर माँडले (बर्मा) की जेल में भेज दिया । वहाँ की जलवायु भारतवासियों के अनुकूल नहीं थी, इससे उनका स्वास्थ्य और भी खराब रहने लगा तो भी उन्होंने अपना समय धार्मिक ग्रन्थों के अध्ययन में लगाया और सैकड़ों ग्रन्थों का सार इकट्ठा करके 'गीता-रहस्य' नामक अमर ग्रन्थ की रचना कर डाली । जेल में रहते हुए ही सन् १९१२ में पूना में उनकी धर्मपत्नी का देहान्त हो गया । पर उन्होंने किसी भी कष्ट के पड़ने पर धैर्य नहीं छोड़ा और ६ वर्ष पूरा करके सन् १९१४ में ही छूटकर घर आये ।

अपना लक्ष्य पूरा करने के लिये हमको किस प्रकार सब प्रकार की हानि और कष्टों की चिन्ता छोड़कर आगे कदम बढ़ाते जाना चाहिये यही भगवान तिलक के जीवन का सन्देश और आदर्श है, जो लोग कोई छोटी-मोटी कठिनाई आ जाने अथवा थोड़ी हानि होते ही मैदान से हट जाते हैं वे कोई बड़ा काम सिद्ध नहीं कर सकते । लोकमान्य तिलक के साहस और उत्साह को भंग करने के लिये सरकार ने उनको घर से दो हजार मील के फासले पर, जहाँ कोई इष्ट-मित्र न था और न कोई उनकी बात समझ सकता था, ले जाकर डाल दिया । पर वे अपने निर्धारित मार्ग पर डटे रहे और अन्त में पहले से भी अधिक तेजस्वी बनकर बाहर निकले । इसमें कुछ भी 'सन्देह' नहीं कि उनकी यह 'तपस्या' भारतवर्ष को स्वाधीनता प्रदान कराने में बहुत बड़ी सहायक सिद्ध हुई । यदि हम कोई भी बड़ा काम करने की अभिलाषा रखते हैं तो निश्चय ही वह तपस्या और कष्ट सहन के बिना सम्भव नहीं हो सकता ।

होमरूल (स्वराज्य) आन्दोलन

सरकार का तो ख्याल था कि तिलक महाराज को इतनी लम्बी और देश-निष्कासन की सजा देने से उनका साहस टूट जायेगा और उनके पीछे से उनका संगठन तथा पत्र आदि समाप्त हो जायेंगे, पर परिणाम उल्टा निकला यद्यपि माँडले की जेल में रहने से लोकमान्य का स्वास्थ्य अवश्य बहुत खराब हो गया था, पर उनके साहस में किसी प्रकार का अन्तर नहीं पड़ा था । स्वदेश लौटने के कुछ सप्ताह बाद ही उन्होंने अपना कार्य आरम्भ किया और श्रीमती ऐनीबेसेण्ट के साथ मिलकर 'होमरूल आन्दोलन' ऐसे जोर से चलाया कि चारों तरफ नई जागृति और हलचल उत्पन्न हो गई । श्रीमती बेसेण्ट स्वयं बहुत बड़ी व्याख्यान दाता और प्रचार-कार्य में निपुण थीं । लोकमान्य तिलक का सहयोग पाकर उनका कार्य दिन दूना बढ़ने लगा और शीघ्र ही देश के समस्त बड़े नगरों में 'होमरूल-लीग' की स्थापना हो गई और जनता बहुत बड़ी संख्या में इस आन्दोलन में भाग लेने लगी ।

इधर लोकमान्य भी जगह-जगह दौरा करके तथा भाषण देकर लोगों को स्वराज्य प्राप्त करने की प्रेरणा दे रहे थे । सन् १९१६ में बम्बई में उन्होंने अनेक भाषण देकर जनता में काफी जागृति उत्पन्न की । इस पर बम्बई सरकार ने उनसे चालीस हजार की जमानत माँग कर उनके काम में पुनः अड़ंगा लगाना चाहा । पर जब यह मामला मजिस्ट्रेट के सामने पेश हुआ तो उसने सरकारी आज्ञा को अवैध घोषित कर दिया । फिर जब वे इस कार्य के लिये दिल्ली और पंजाब में गये तो वहाँ की सरकार ने उनका प्रवेश अपने यहाँ रोक दिया । इसी समय सर वेलेंटाइन शिरोल नामक भारत के एक पेंशनयाफ्ता अंग्रेज अधिकारी ने 'इंडियन अनेटस' (भारत में अशक्ति) पुस्तक लिखकर यह दिखलाया कि भारत में समस्त अशक्ति और हलचल के कारण तिलक ही हैं । इस बात को पढ़कर लोकमान्य तिलक ने शिरोल साहब पर विलायत की प्रिवी कौंसिल में दावा दायर कर दिया और इस कार्य के लिये इंग्लैण्ड जाने का विचार किया । पर इस अवसर पर भी ब्रिटिश सरकार ने उनका पासपोर्ट रद्द कर दिया । जिससे उन्हें कोलम्बो से वापस लौटना पड़ा । इस तरह सरकार तिलक महाराज के कार्य में पग-पग पर रोड़ा अटकाती रही और वे भी उसका मुकाबला करते हुए भारतीय स्वतंत्रता-संग्राम को प्रतिदिन आगे बढ़ाते रहे ।

विदेश यात्रा और होमरूल आन्दोलन का प्रचार

सन् १९१८ में भारतवर्ष के शासन-सुधार के सम्बन्ध में 'मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड योजना' प्रकाशित की गई और ब्रिटिश पार्लियामेण्ट ने इस पर भारतीय लोकमत को जानने की इच्छा प्रकट की । इस प्रसंग में होमरूल लीग ने भी एक डेपुटेशन इंग्लैण्ड भेजने का निश्चय किया और इसके लिये लोकमान्य तिलक तथा श्रीमती बेसेण्ट को सदस्य चुना गया । तिलक महाराज का कहना था कि "इस योजना से यद्यपि कोई विशेष लाभ होने की आशा नहीं, फिर भी जो कुछ मिल जाये, उसका लाभ उठाना चाहिये और नवनिर्मित कौंसिलों में जाकर अपने अधिकारों को अधिक बढ़ाने के

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

लिये आन्दोलन करना चाहिये ।" इंग्लैण्ड पहुँच कर उन्होंने मजदूर दल के सदस्यों को, जो भारतवर्ष से सहानुभूति रखते थे भारत की वास्तविक दशा से परिचित कराया । उन्होंने इंग्लैण्ड में स्थापित कांग्रेस की शाखा का फिर से संगठन किया और उसे ऐसी प्रेरणा दी जिससे वहाँ भी भारतीय स्वतंत्रता के लिये जगह-जगह आन्दोलन होने लगे । जिस समय तिलक महाराज इंग्लैण्ड में ही थे और जगह-जगह घूमकर भारतवर्ष की माँगों को वहाँ की जनता के सम्मुख रख रहे थे, उसी समय भारतवर्ष में रौलेट एक्ट के विरुद्ध जोरदार आन्दोलन छेड़ दिया गया और जलियाँवाला बाग का भयंकर हत्याकाण्ड हो गया । लोकमान्य ने 'बम्बई क्रॉनिकल' पत्र के सम्पादक मि. हार्नीमैन के साथ, जो इंग्लैण्ड में उनके सहयोगी के रूप में काम कर रहे थे, इस अन्यायपूर्ण घटना का घोर विरोध किया, और भारतीय अधिकारों के दावे को दूने जोर से ब्रिटिश जनता के सामने उपस्थित किया ।

लोकमान्य तिलक भारतीय राजनीति के गुरु थे

तिलक महाराज की एक विशेषता यह भी थी कि जिस क्षेत्र में उन्होंने पदार्पण किया उसमें वे अगुआ बनकर ही रहे । उनकी योग्यता और प्रतिभा बहुत बढ़ी-चढ़ी थी और साथ ही वे समस्त भय और हानि-लाभ का ख्याल छोड़कर ऐसी तल्लीनता से काम करते थे कि उनका सबसे आगे बढ़ जाना निश्चित ही रहता था । लोग कहते थे कि तिलक तो 'यथा नाम तथा गुण' हैं । जैसे तिलक सदा मस्तक पर धारण किया जाता है उसी प्रकार तिलक महाराज भी सदा शीर्ष स्थान पर ही रहते हैं ।

साधारण राजनीतिक कार्यकर्ता और नवयुवक आन्दोलनकारी ही नहीं ला. लाजपतराय, महात्मा गाँधी और अरविन्द घोष जैसे महारथी भी उनको गुरु की तरह पूज्य ही मानते थे । वे आयु में इन सबसे अधिक थे और विद्या की निगाह से भी बहुत ऊँचे थे । साथ ही हृदय की सुदृढ़ता, आचरण में पवित्रता, धर्म में आस्था, वार्तालाप में स्पष्टता, उद्देश्य में अडिगता और सबसे बढ़कर देश के लिये सब कुछ न्यौछावर करने की मनोवृत्ति आदि अनेक सद्गुण उनमें ऐसे पाये जाते थे कि जो कोई उनके पास आता था, वही पूरी तरह प्रभावित हो जाता था । देश-सेवा तथा भारतीय जनता के उद्धार को उन्होंने अपने जीवन का एक व्रत मानो बना लिया था । कठिन से कठिन अवस्था में भी वे उससे पैर पीछे नहीं हटाते थे । जब उनके बड़े पुत्र विश्वनाथ का देहान्त छोटी आयु में ही हो गया तो वे उसकी अन्त्येष्टि क्रिया करके जैसे ही घर लौटे, वैसे ही सार्वजनिक कामों में लग गये । यह देखकर उनके एक मित्र ने कहा—"क्या आपको अपने पुत्र से प्रेम नहीं था ? कम से कम आज तो आपको यह काम-काज बन्द रखना चाहिये ।" तिलक महाराज ने उत्तर दिया—"मुझे विश्वनाथ बहुत अधिक प्रिय था, उसकी मृत्यु का मुझे बहुत शोक है । पर अभी मेरे अन्य लाखों पुत्र जनता के रूप में मौजूद हैं, उनकी हित-रक्षा, भलाई का काम भी तो मुझे निरन्तर करते रहना आवश्यक है ।"

पत्नी के वियोग के अवसर पर भी उन्होंने ऐसा ही धैर्य का परिचय दिया था । उस समय वे माँडले की जेल में थे और पत्नी की मृत्यु का समाचार उनको तार द्वारा भेजा गया । यदि तिलक महाराज चाहते तो उस अवसर पर सरकार से प्रार्थना करके घर आ सकते थे पर उन्होंने पूर्ण आत्म-संयम से काम लिया । उन्होंने उत्तर में लिखा कि—"इस समाचार से मेरे दिल और दिमाग को बड़ा धक्का लगा है और शोक हुआ है । ऐसे अवसर पर मैं उसके पास न रह सका, इसका मुझे जितना दुःख है उसे मैं लिख नहीं सकता । पर यहाँ भी मैं देश के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करने के लिये जेल की कोठरी में बैठा हुआ हूँ । यह भी भगवान का विधान है और उसे हमको स्वीकार करना ही पड़ेगा ।"

लोकमान्य तिलक का चरित्र हमेशा पवित्र और शुद्ध रहा । अन्य अनेक नेताओं की तरह उनके ऊपर कभी सार्वजनिक धन को अपना लेने अथवा सदाचार के विरुद्ध किसी प्रकार का कृत्य करने का आरोप नहीं लगाया गया । आचार-विचार की दृष्टि से वे पक्के भारतीय थे । उन्होंने अपनी धोती, अंगरखी और पगड़ी को कभी नहीं छोड़ा । विदेशों की बड़ी-बड़ी सभाओं में वे इसी तरह गये और इंग्लैण्ड के शासन-कर्ताओं से भी उन्होंने इसी वेष में भेंट की । सूरत कांग्रेस के अधिवेशन पर हमारे एक मित्र ने उनको देखा कि अन्य महाराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ नंगे बदन केवल धोती पहने और लम्बी चोटी फटकारते वे भोजन करने को इस प्रकार जा रहे थे कि उनमें और अन्य लोगों में कुछ भी अन्तर नहीं जान पड़ता था । भारत-पूज्य नेता होने पर भी सब में घुल-मिल कर रहने के इसी गुण ने उनको जनता के हृदय का हार बना दिया था ।

समाज-सुधार और तिलक

यद्यपि आचार और व्यवहार में तिलक महाराज कट्टर धार्मिक माने जाते थे, पर वे अन्ध-विश्वासी नहीं थे । वे जान बूझकर किसी धर्म सम्बन्धी नियम का उल्लंघन कभी नहीं करते थे, पर अपने कर्त्तव्य पालन में दिखावटी परम्परा की बातों को बाधक भी नहीं होने देते थे । जब अपने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

मुकदमे और होमरूल आन्दोलन के लिये उन्हें विदेश-यात्रा की आवश्यकता पड़ी तो यह प्रश्न उठा कि बहुसंख्यक हिन्दू, विदेश-यात्रा को शास्त्रानुसार वर्जित मानते हैं, इसलिये इंग्लैण्ड कैसे जायें ? लोकमान्य ने इस सम्बन्ध में काशी के पंडितों से व्यवस्था चाही । पर उन 'कलियुगी' पंडितों ने कहा कि हम विदेश-यात्रा की शास्त्रीय व्यवस्था दे सकते हैं, पर इसके लिये पाँच हजार रुपया भेंट देने होंगे । तिलक महाराज, जो स्वयं हिन्दू शास्त्रों के सबसे बड़े ज्ञाता थे, इस 'धर्म की दुकानदारी' को देखकर बड़े नाराज हुए और उन्होंने पंडितों की बात को तुरन्त ठुकरा दिया । वे स्वेच्छापूर्वक इंग्लैण्ड चले गये और वहाँ से वापस आने पर स्वयं ने ही शास्त्र विधि के अनुसार उसका प्रायश्चित कर लिया ।

वे बाल-विवाह की प्रथा के बहुत विरोधी थे । इस सम्बन्ध में अनेक लेखों और भाषणों द्वारा उन्होंने खूब प्रचार किया और सरकार से आग्रह किया कि वह इस कानून को रोक दे । यद्यपि सरकार उस समय कोई ऐसा कानून न बना सकी, पर लोकमान्य तिलक के स्वर्गवास के पश्चात् बाल-विवाह-निरोधक कानून पास हो गया ।

समाज-सुधार के सम्बन्ध में लोकमान्य तिलक का यही मत था कि इस कार्य में किसी प्रकार की जोर जबर्दस्ती करने की बजाय जहाँ तक सम्भव हो शिक्षा प्रचार से काम लेना चाहिये । अपने 'केसरी' और 'मराठा' पत्रों में वे इस प्रकार के लोक-शिक्षण सम्बन्धी लेख सदा प्रकाशित करते थे, और उनसे लाखों लोगों का मत परिवर्तन हुआ इसमें सन्देह नहीं ।

यद्यपि वर्तमान समय में लोकमान्य तिलक के जमाने की अपेक्षा स्थिति बहुत बदल गई है और सुधारों की गाड़ी बहुत तेजी से दौड़ रही है, पर देश अल्पशिक्षित जनता और बहुत से पढ़े-लिखे व्यक्ति अब भी लकीर के फकीर बने हुए हैं । वे समयानुकूल आवश्यकीय सुधारों को क्रियान्वित करने को भी तैयार नहीं होते । इसे हम न बुद्धिमत्ता कह सकते हैं और न कर्त्तव्य-परायणता । लोकमान्य तिलक का चरित्र हमको बतलाता है कि किस प्रकार मनुष्य अपने धर्म पर पूर्णतया दृढ़ रह कर भी हानिकारक रूढ़ियों के बन्धनों को तोड़ सकता है ।

लोकमान्य सच्चे धर्म का पालन करने वाले थे । वे अनेक बार जेल गये और वहाँ जाकर बहुत कष्ट-सहन भी किया, यह सब वे धर्म के आधार पर ही करते थे । 'तिलक जीवनादर्श' के लेखक ने इस सम्बन्ध में उनकी प्रशंसा करते हुए लिखा है—

"आत्मिक बल में अद्वितीय थे, इसलिये इंग्लैण्ड के "रिव्यू आफ रिव्यूज" के संसार प्रसिद्ध सम्पादक श्री डब्ल्यू. टी. स्टेड के सामने जेल जाना साधारण बात समझते थे । तिलक ने आत्मबल से गोरी नौकरशाही को हमेशा नीचा दिखाया । यह आत्मबल तिलक जी ने 'गीता' के कर्मयोग द्वारा ही प्राप्त किया था । उनके रोम-रोम में बिजली चमकती थी, वे जहाँ पहुँच जाते थे वही स्थान पवित्र हो जाता था और उनके दर्शन से पापी भी नम्र हो जाता था । उनकी प्रतिभा मुर्दे में जान डाल देती थी, जिस किसी के साथ वे वार्तालाप करते थे वह अपने को धन्य समझ लेता था । तिलक पक्के ईश्वर भक्त थे । ईश्वर में उनको पूरा विश्वास था, इसलिये कठिन से कठिन कार्य को अपने सिर पर ले लेते थे और कहते थे कि—"ईश्वरीय ज्योति ही मेरी मार्ग दर्शक है ।"

विद्वता और साहित्य सेवा

तिलक महाराज की कीर्ति भारत के कोने-कोने में फैलने का मुख्य कारण उनकी अकृत्रिम शक्ति ही थी, पर विदेशों में वे अपनी विद्वता के लिये ही विशेष रूप से प्रसिद्ध थे । सबसे पहले सन् १८९३ में उन्होंने 'ओरायन' नामक ग्रन्थ लिखा था । इसमें वैदिक ज्योतिष और गणित के आधार पर सिद्ध किया था, यूनान-भाषा का 'ओरायन' शब्द भारतीय वेदों के 'अग्रहायण' शब्द से निकला है । इस पुस्तक में यूनानी और आर्य सभ्यता की ऐसी तुलना की गई थी उसे पढ़कर वेदों के विद्वान् मैक्समूलर और जैकोदी भी मुग्ध हो गये । इस विद्वतापूर्ण ग्रंथ के द्वारा उनका नाम देश-विदेशों के विद्वत्-समाज में फैल गया ।

इसके पश्चात् डेढ़ साल की सजा होने के अवसर पर वैदिक-साहित्य का विशेष रूप से अध्ययन करके ज्योतिष, गणित और जीवशास्त्र के सिद्धान्तों के अनुसार उसके कितने ही तथ्यों की समीक्षा की और यह निष्कर्ष निकाला कि प्राचीन आर्य जाति ध्रुव प्रदेश के आस-पास निवास करती थी और वहीं से चलकर वह भारत तथा अन्य अनेक देशों में फैली थी । उनका यह "आर्किटिक होम इन दि वेदाज" (ध्रुव प्रदेशों में आर्यों का घर) नामक ग्रंथ, जो कई वर्ष के कठिन परिश्रम से लिखा गया था, बड़े-बड़े विद्वानों द्वारा बहुत खोजपूर्ण और पुरातत्त्व सम्बन्धी ज्ञान की एक अपूर्व कृति स्वीकार किया जाता है ।

ये दोनों ग्रंथ अंग्रेजी में लिखे गये थे, इसलिये इनका नाम विदेशों में अधिक हुआ । भारत के सामान्य पाठक इनसे बहुत कम परिचित हैं । तिलक महाराज के जिस ग्रंथ ने भारतीय जनता को विशेष रूप से आकर्षित किया, वह उनका लिखा 'गीता-रहस्य' है । यह महा-ग्रंथ माँडले के कारागार में लिखा गया था और उसमें भारतीय शास्त्रों तथा यूरोपियन दार्शनिकों की रचनाओं को मथ कर ऐसा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

'गीतामृत' खोज निकाला है जो आज भी अनेक वर्ष व्यतीत हो जाने पर भी अपनी गरिमा और महत्ता से अपूर्व जान पड़ता है ।

"श्रीमद्भगवद्गीता" का यह भाष्य और विशेषतः उसकी इन पृष्ठ की अध्यात्म-तत्त्व से परिपूर्ण भूमिका से युक्त ग्रंथ प्रकाशित होते ही देश भर में इतना अधिक प्रसिद्ध हो गया कि इसकी जो दस-पाँच हजार प्रतियाँ प्रथम बार मराठी भाषा में छपीं वह देखते-देखते कुछ सप्ताह के भीतर ही समाप्त हो गईं और माँग ज्यों की त्यों बनी रही । हम नहीं जानते कि गत सौ वर्षों में, जब से छपी हुई पुस्तकों का प्रचार होने लगा है, कोई इतना बड़ा ग्रंथ इतनी शीघ्रता से बिका हो । उसके बाद तो न मालूम अब तक इस ग्रंथ के कितने संस्करण हो चुके हैं । हिन्दी गुजराती आदि भारत की अन्य भाषाओं में भी अनुवादित होकर यह कितनी बार छप कर बिक चुकी है, उसका पूरा हिसाब बतला सकना कठिन है । इसके प्रकाशित होते ही भारत के धार्मिक जगत में भी इसकी चर्चा बड़े जोरों से शुरू हो गई और प्राची धार्मिक सम्प्रदाय के अनुयायी विद्वानों ने अपने सिद्धान्त की दृष्टि से तिलक महाराज के विचारों की विवेचना और आलोचना करते हुए कितने ही ग्रंथ 'गीता' की स्वतंत्र टीकायें करके प्रकाशित किये । इसमें कुछ भी सन्देह नहीं कि उस समय तिलक महाराज के राजनीतिक आन्दोलन के साथ-साथ उनका यह 'गीता-विवेचन' भी सार्वजनिक आन्दोलन के एक अंग की तरह बन गया था और साहित्य प्रेमी देश भक्तों में इसकी खूब चर्चा होती थी ।

और इसमें भी सन्देह नहीं कि देश के राष्ट्रीय-जीवन की निगाह से भी यह ग्रंथ एक महत्त्वपूर्ण प्रयत्न है । भारतीय जनता पर 'गीता' का बहुत अधिक प्रभाव है और सभी प्रकार के व्यक्ति इसका परायण और पाठ करते रहते हैं । लोकमान्य के इस भाष्य से पहले भी इसकी पचासों टीकायें और भाष्य हो चुके थे, जिनमें शंकराचार्य का भाष्य विद्वानों में बहुत प्रचलित था और सम्मानित माना जाता था । पर इन समस्त प्राचीन भाष्यों में 'गीता' का जो सार निकाला गया था, वह प्रायः वैराग्य और त्याग मूलक ही था । भारत की साधारण जनता 'गीता' को संन्यासियों और संसार त्यागियों के लिये ही उपयोगी मानती थी । अनेक अज्ञानी लोग तो समझते थे कि जो कोई 'गीता' का अध्ययन करेगा, वह घर बार त्याग कर 'साधु' बन जावेगा । लोकमान्य तिलक के सम्मुख यह समस्या उस समय प्रकट हुई जब सोलह वर्ष की आयु में उन्होंने मरणासन्न पिता को 'गीता' सुनाई । उसी समय 'गीता' का महत्त्व और गाम्भीर्य उनके हृदय पर अंकित हो गया और जैसे-जैसे उनकी आयु और ज्ञान की वृद्धि होती गई वे इस विषय पर समयानुसार विचार करते रहे । इस अध्ययन का क्या परिणाम हुआ यह तिलक जी के शब्दों में ही सुनिये—

"जब संस्कृत और अंग्रेजी का अभ्यास अधिक हो गया, तब हमने गीता के संस्कृत-भाष्य, अन्यान्य टीकायें और मराठी तथा अंग्रेजी में लिखे हुए अनेक पंडितों के विवेचन समय-समय पर पढ़े । परन्तु अब, मन में एक शंका उत्पन्न हुई और वह दिनोंदिन बढ़ती गई । वह शंका यह है कि, जो 'गीता' उस अर्जुन को, युद्ध में प्रवृत्त करने के लिये बतलाई गई थी कि जो स्वजनों के साथ युद्ध करने को बड़ा भारी कुकर्म समझ कर खिन्न हो गया था, उस गीता में ब्रह्मज्ञान से या भक्ति से मोक्षप्राप्ति की विधि का, निरे मोक्षमार्ग का, विवेचन क्यों किया गया है ? यह शंका इसलिये और भी दृढ़ होती गई, कि 'गीता' की किसी भी टीका में इस विषय का योग्य उत्तर ढूँढ़े न मिला । कौन जानता है कि हमारे ही समान और लोगों को भी यह शंका न हुई होगी । परन्तु टीकाओं पर ही निर्भर रहने से, टिकाकारों का दिया हुआ उत्तर समाधान कारक न भी जँचे, तो भी उसको छोड़कर दूसरा उत्तर सूझता ही नहीं है । इसलिये हमने गीता की समस्त टीकाओं और भाष्यों को लपेट कर रख दिया और केवल गीता के ही स्वतन्त्र विचार पूर्वक अनेक परायण किये । ऐसा करने पर टीकाकारों के चंगुल से छूटे और यह बोध हुआ कि 'गीता' निवृत्ति-प्रधान नहीं है, यह तो कर्म-प्रधान है ।"

इस प्रकार तिलक जी ने अपनी एक धार्मिक रचना द्वारा भी भारतीय जन-जीवन पर ऐसा प्रभाव डाला कि लाखों मनुष्य धर्म अध्यात्म के उपयोगी स्वरूप को समझ जाने से, अपने जीवन को अधिक उन्नतिशील और समाजोपयोगी मार्ग पर चला सकने में समर्थ हो गये । उस समय से 'गीता' का प्रचार इतना बढ़ा कि जो केवल थोड़े से संन्यासी और साधुओं के पाठ की चीज समझी जाती थी, वह विद्वानों और समझदार व्यक्तियों के अध्ययन और चर्चा का विषय बन गई । इस बीच में इस पर भारत के पचासों विद्वानों ने टीका और विवेचन लिखे हैं, जिनमें महात्मा गाँधी, अरविन्द घोष और श्री राधा कृष्णन (भू. पू. राष्ट्रपति) जैसे शीर्षस्थानीय नेताओं के नाम भी लिये जा सकते हैं । तिलक महाराज ने भारतवर्ष के धर्म-भावोपन्न सुशिक्षित व्यक्तियों का ध्यान 'गीता' के द्वारा जो समाज-सेवा और जन-कल्याण की तरफ आकर्षित किया यह उनकी असाधारण महानता है ।

आध्यात्मिक जीवन का उदाहरण

लोकमान्य तिलक ने अध्यात्म का विवेचन और प्रचार केवल 'गीता रहस्य' लिखकर ही नहीं किया वरन् अपने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जीवन द्वारा भी देशवासियों के सम्मुख व्यावहारिक-अध्यात्म का आदर्श रखा । वे 'गीता' के अनासक्त मार्ग के अनुयायी थे इसलिये एक वैभवशाली गृहस्थ का-सा जीवन बिताते हुए भी कभी उसमें लिप्त नहीं होते थे । उनके लिये परिवार और सेवकों से युक्त अपना विशाल घर और जेलखाने की तंग तथा अंधेरी कोठरी एक समान थी । इसी अनासक्त भावना के आधार पर वे अपनी पत्नी, पुत्र तथा अन्य स्वजनों का वियोग बिना दुःख-सागर में, निमग्न हुए, सहन कर सके । उनके 'जीवनादर्श' पर दृष्टिपात् करते हुए एक स्थान पर कहा गया है—

"लोकमान्य तिलक का जीवन मनुष्य को शिक्षा देता है कि निम्नलिखित तीन प्रश्नों का उत्तर मनुष्य को अपने कार्यों से देना चाहिये । मैं कहाँ से आया ? क्यों आया ? कहाँ जाना है ? इन तीन सवालों को कार्य रूप में परिणत करने के लिये ही परमात्मा ने हमें मनुष्य योनि में भेजा है । तिलक जी ने इनका उत्तर अपने जीवन द्वारा देकर प्रभु के सच्चे पुत्र होने का अधिकार प्राप्त कर लिया था । भगवान के कार्य को पूरा करने के लिये ही उन्होंने स्वर्ग का आनन्द परित्याग करके भारतवर्ष में जन्म लिया था । भारत को परतंत्रता की बेड़ी से मुक्त करने के लिये रात-दिन घोर प्रयत्न करते रहे । अन्त में उसी उद्देश्य को सिद्ध करने के लिये प्राण परित्याग किया । उनका जीवन संसार में यश-सौरभ फैलाकर भारतवर्ष में नव-जीवन का संचार करने वाला सिद्ध हुआ । इसलिये तिलक महाराज अजर-अमर हैं । उनके जीवन से दो शिक्षायें प्राप्त हो सकती हैं । प्रथम, कैसे जीना ? दूसरी कैसे मरना ? उन्होंने अपनी आत्मा के, ईश्वर के और जनता के प्रति कर्त्तव्य का पूर्ण रूप से पालन करके जीवन सफल बनाया था । इसी से उनको मृत्यु का भी भय नहीं था ।"

ता. ३१ जुलाई १९२० के दिन बम्बई के सरदार गृह में अपनी मृत्यु से कुछ घण्टे पहले ही उन्होंने डाक्टर देशमुख से कहा—"मैं अपनी इच्छा से ही जीवित रहा हूँ, और यदि मरना होगा तो केवल अपनी इच्छा से ही मरूँगा ।" यह लक्षण किसी "जीवन मुक्त" पुरुष का ही हो सकता है, और तिलक भगवान के जीवन-कार्यों पर दृष्टिपात करके हम कह सकते हैं कि वास्तव में वे संसार में रहते हुए भी सांसारिक विषयों में निर्लिप्त थे ।

राजनीतिक मतभेद और स्वाधीनता

भारतवर्ष के राजनीतिक-संग्राम में लोकमान्य तिलक का स्थान अद्वितीय था और इसी से उनको भारतीय स्वाधीनता का मंत्रदाता कहा जाता है । यह सच है कि भारतवर्ष को अंग्रेजों के चंगुल से छुड़ाने वाले महात्मा गाँधी ही हैं और उन्होंने शान्तिमय आन्दोलन को देश भर में फैलाकर इस कठिन समस्या को किसी प्रकार सुलझाया, पर यह भी सर्वथा सत्य है कि यदि गाँधी जी से पहले तीस वर्षों में लोकमान्य तिलक ने देश में राजनीतिक जागृति न फैलायी होती और लाखों व्यक्तियों के हृदय में देश के लिये आत्म-बलिदान की भावना उत्पन्न न की होती, तो महात्मा जी के लिये भी सफलता प्राप्त करना कहीं अधिक कठिन होता ।

लोकमान्य भारतवर्ष के लिये वास्तविक स्वतंत्रता के इच्छुक थे, इसलिये जो लोग राजनीतिक आन्दोलन में केवल इसलिये भाग लेते थे कि देश को कुछ अधिकार प्राप्त हो जायें और उनके द्वारा हम भी अपनी स्थिति को सम्माननीय बनालें, उनसे उनका मतभेद और संघर्ष हो जाता था । सूरत कांग्रेस अधिवेशन के समय यही स्थिति उत्पन्न हो गई थी । सर्वश्री रास बिहारी बोस, सुरेन्द्र नाथ बनर्जी, गोखले, फीरोजशाह मेहता, वाचा आदि नरम विचारों के राजनीतिक नेता, देश भर में घोर असन्तोष और स्वदेशी आन्दोलन होने पर भी वही पुराना राग अलापे जा रहे थे और सरकार से छोटे-मोटे शासन सुधारों की प्रार्थना करके ही सन्तुष्ट थे । पर लोकमान्य तिलक और उनके सहकारी श्री अरविन्द, लाला लाजपतराय, लाला हरदयाल आदि, जनता की जागृति और उत्साह को देखकर सरकार से स्वराज्य की माँग को जल्दी ही पूरा कराने पर जोर दे रहे थे । कांग्रेस-अधिवेशन में पहले दिन स्वागताध्यक्ष का भाषण हुआ और उस दिन की अन्य कार्यवाही भी निर्विघ्न समाप्त हो गई । पर दूसरे दिन नरम दल वालों ने सभापति पद के लिये श्री रास बिहारी का नाम पेश किया तो लोकमान्य तिलक ने बोलने का अवसर माँगा, क्योंकि वे इस प्रस्ताव में संशोधन करके लाला लाजपतराय का नाम रखना चाहते थे । यह कोई अनुचित या अनियमित बात न थी । प्रतिनिधियों का बहुमत जिसका समर्थन करता उसी का निर्वाचन किया जा सकता था । पर नरम दल वालों ने कांग्रेस कार्यालय और व्यवस्था पर अपना अधिकार होने के कारण लोकमान्य को बोलने का अवसर देने से इन्कार कर दिया । तिलक जी भी अपने बोल सकने के अधिकार पर अड़ गये । इसी पर पंडाल में अशान्ति और शोरगुल होने लगा और कुछ लोगों ने हाथापाई भी शुरू कर दी, जिससे अधिवेशन भंग हो गया ।

नरम दल वाले इसका दोषारोपण तिलक जी पर करते थे, पर उन्होंने जो कुछ किया वह देश को आगे बढ़ाने और स्वतंत्रता के विरोधियों से टक्कर लेने की भावना से ही किया था । उन्होंने उसी समय यह घोषणा कर दी कि—"शासनाधिकार प्रतिवर्ष प्रस्ताव पास कर लेने से प्राप्त

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

नहीं किये जा सकते ।" उनके लिये 'कर्म' करने की आवश्यकता होती है और बलिदान के लिये तैयार होना पड़ता है । साल भर में एक बार शानदार अधिवेशन कर लेना और कुछ प्रस्ताव पास करके फिर साल भर अपने खाने-पीने के धंधे में लगे रहने से सार्वजनिक सेवा के कोई बड़े काम पूरे नहीं किये जा सकते । हमारा तो कहना है कि यह सिद्धान्त केवल राजनीतिक सुधारों के लिये ही यथार्थ नहीं है, वरन् धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, नैतिक कैसा भी सुधार क्यों न करना हो उसके लिये सच्चे कार्यकर्ताओं को अपने हित का बलिदान करना ही पड़ता है । इसके लिये प्रेरणा देते हुए लोकमान्य ने कहा—

"हमारी मातृभूमि अपने हर एक पुत्र को उठकर काम करने को कह रही है और मैं नहीं समझता कि उसके पुत्र इस प्रकार की अवहेलना करेंगे । तो भी मैं अपना कर्त्तव्य समझ कर आप सबसे यह प्रार्थना करता हूँ, कि पारस्परिक मतभेदों को दूर करके राष्ट्रीय आदर्शों की पूर्ति के लिये जी जान से उद्योग करें । इस कार्य में प्रतिस्पर्द्धा, ईर्ष्या-द्वेष अथवा भय की कोई गुंजाइश नहीं है । भगवान् हमारे प्रयत्नों को सफल बनायेंगे और हम नहीं तो हमारी आगामी पीढ़ी इसके फलों का उपयोग करेगी ।"

सच्चे और निःस्वार्थी कार्यकर्ता का यही मार्ग है । जब तक वह भय और लालच को त्याग कर कार्यक्षेत्र में कूद न पड़ेगा तब तक सच्ची सफलता कोसों दूर रहेगी । ऐसे व्यक्ति चाहे जनता को धोखे में डालकर कुछ धन हथिया लें, चाहे सामान्य लोगों की भीड़भाड़ में क्षणिक वाहवाही प्राप्त करलें, पर इन बातों से न तो उनकी भलाई हो सकती है और न देश का कल्याण । राजनीतिक क्षेत्र की बात तो जाने दें, क्योंकि उसमें तो अनेक व्यक्ति चालाकी, धूर्तता और झूठ को खुल्लमखुल्ला आवश्यक बतलाते हैं, पर जो लोग धर्म और समाज के क्षेत्र में काम करते हुए 'कुनीति' का अवलम्बन करते हैं वे तो निश्चय ही स्वर्ग और मोक्ष के बजाय अपने लिये रसातल का मार्ग प्रशस्त करते हैं, हम नहीं समझते कि वे धर्म का नाम लेकर और उसके ज्ञाता, उपदेष्टा बनकर इस प्रकार के आचरण का साहस किस प्रकार करते हैं ? ऐसे लोग या तो ईश्वर को मानते ही नहीं अथवा दूसरों को दिखाने के लिये झूठ-मूठ उसका नाम लेते हैं । कोई सच्चा आस्तिक धार्मिक मामलों में ऐसी दुरंगी चाल नहीं चल सकता, क्योंकि वह सदैव ईश्वर को भले-बुरे कर्मों का निरीक्षण करने वाला जानता है ।

तिलक महाराज की शक्ति का रहस्य

भारतीय जनता पर लोकमान्य तिलक के इस असीम प्रभाव का क्या कारण था ? किस कारण सर्वशक्ति सम्पन्न ब्रिटिश गवर्नमेंट उनसे इतना डरती थी कि सदा उनके पीछे कोई न कोई मुकदमा, जेल, निर्वासन आदि की सजा लगाती ही रहती थी ? आर्थिक स्थिति की दृष्टि से वे सामान्य स्थिति के व्यक्ति थे, वंश की निगाह से भी कोई राजा या रईस नहीं थे, एक सामान्य स्कूल-मास्टर के पुत्र थे । फिर भी उनमें कोई ऐसी शक्ति उत्पन्न हो गई थी कि जिसके प्रभाव से भारत की जनता, यहाँ के सभी क्षेत्रों के नेता और राजपुरुष उनका लोहा मानते थे ।

वह रहस्य यही है कि लोकमान्य तिलक वास्तव में महान् आत्मा थे । उन्होंने अपने जीवन के आरम्भ से ही देश सेवा और भारतीय जनता के मार्ग-दर्शन का जो व्रत ग्रहण किया उसे अंतिम क्षण तक यथार्थ रूप में निबाहा और उसकी पूर्ति के लिये अपने तन-मन-धन को पूरी सच्चाई के साथ अर्पित कर दिया । उनके इस गुण की प्रशंसा करते हुए, उनके जीवन-चरित्र लेखकों ने मुक्त कण्ठ से उनके अदम्य साहस और निस्वार्थ सेवा भावना की अनेक घटनायें वर्णन की हैं और अन्त में सबका निष्कर्ष इस प्रकार निकाला है—

"भारत के लिये तमाम यातनायें, शान्ति और धैर्य के साथ उन्होंने सहन कीं । सिवाय फाँसी पर चढ़ाये जाने के भारत की नौकरशाही के पास कोई शस्त्र, ऐसा नहीं बचा जिसका प्रयोग उनके ऊपर न किया गया हो । उनको बार-बार कारागार में बन्द किया गया, हथकड़ियों के कंगन उनको पहनाये गये, जेल में सब तरह की सख्त मजदूरी कराई गई । वे बराबर अदालतों में रगड़े गये, खूब सताये गये पर एक तपस्वी की तरह ऐसी प्रचण्ड अग्निपरीक्षाओं में तप कर वे निरन्तर अधिक चमकते ही गये । कारागार की कोठरियों में भी तिलक ने भारत की स्वतंत्रता की माला जपी और सदैव ईश्वर से यही प्रार्थना की कि उनकी इस तपस्या के फलस्वरूप हमारी प्यारी मातृभूमि बन्धनमुक्त हो । जेल के निकृष्ट और अस्वास्थ्यकर भोजन को उन्होंने मोहनभोग समझ कर ग्रहण किया । उनको अपने शरीर से मोह नहीं था, क्योंकि वे इसे परोपकारार्थ प्रभु की दी हुई वस्तु मानते थे ।

'जिस समय सन् १९०८ में उन पर राजद्रोह का प्रसिद्ध मुकदमा चल रहा था, उस समय नौकरशाही यही चाह रही थी कि किसी प्रकार तिलक महाराज दब जायें और क्षमा माँग लें । पर वे इस प्रकार दब कर जान बचाना जानते ही नहीं थे । वे तो सच्चे शूरमा थे जो रणक्षेत्र में शत्रु पर चोट करने और उसके प्रहारों को सहने में ही आनन्द अनुभव करते हैं । उस मुकदमे में उन्होंने अपने कार्यों तथा विचारों को न्याययुक्त सिद्ध करने के लिये स्वयं ही पैरवी की और २१ घण्टे तक सिंह की तरह गर्ज कर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

भाषण करते रहे । उस समय जान पड़ता था कि एक तपस्वी अपने तपोबल से राजाओं का सिंहासन हिला दे सकता है । साधन और शक्ति सम्पन्न अंग्रेजी सरकार तिलक महाराज की इस दैवी शक्ति से घबरा गई और मनमाना फैसला करके उनको देश से बाहर भेज दिया, ताकि भारतीय जनता उनके उग्रतावादी विचारों की 'छूत' से बची रहे । पर परिणाम यह हुआ कि इस प्रकार आत्मसमर्पण करने से वे देश के बालक से लेकर वृद्ध तक सबके गले के हार बन गये ।

तिलक महाराज से सरकारी अधिकारी और पुलिस वाले कितना भयभीत होते थे इसका एक उदाहरण सन् १९१६ में सामने आया । "जब वे अपने सहकारी श्री खापर्डे के साथ कानपुर आये तो पुलिस ने ऐसा आतंक फैलाया कि कोई उनको अपने घर में ठहराने को तैयार न हुआ । तब एक धर्मशाला में उनके ठहरने की व्यवस्था की गई । उनकी सभा की घोषणा करते हुए भी लोग डरते थे और जिस देशभक्त ने साहसपूर्वक यह कार्य किया, उसे पुलिस ने कोई झूठा इल्जाम लगाकर पकड़ लिया और २७ दिन तक हवालात में रखा । जब सन्ध्या समय परेड के विशाल मैदान में तिलक महाराज के भाषण के लिये सभा का आयोजन किया गया तो अधिकारियों की नाराजगी के भय से कोई प्रसिद्ध पुरुष सभापतित्व करने को तैयार नहीं हुआ, तब एक रिटायर्ड प्रधानाचार्य को अध्यक्ष बनाकर काम चलाया गया । पर तिलक जी के भाषण को सुनने के लिये जनता की भीड़ इस प्रकार उमड़ पड़ी कि उस लम्बे चौड़े मैदान में तिल रखने की भी जगह न रही ।"

तिलक महाराज नवयुवकों को प्रोत्साहन देकर देश सेवा और राष्ट्रोत्थान की प्रेरणा देने के लिये सदा तैयार रहते थे । वे जानते थे कि यदि आरम्भ से ही सेवा और त्याग की भावनायें जागृत करके युवकों को सद्मार्ग पर प्रेरित कर दिया जायेगा तो वे निश्चय ही अपना जीवन सार्थक बना सकेंगे । इस दृष्टि से उनके लिये मि. चर्चिल की वह उक्ति पूर्णतया चरितार्थ होती थी जो उन्होंने इंग्लैण्ड के प्रसिद्ध नेता श्री बालफोर के सम्बन्ध में कही थी—

"उन्हें युवकों से प्रेम था । वे उनकी माँगें स्वीकार कर लेते थे और प्रोत्साहन देते थे । उनके हृदय में सदा तरुणों की-सी उमंग रहती थी, किन्तु साथ ही वह श्रोता में यह भाव भी उत्पन्न कर देते थे कि उनमें ज्ञान की अनन्त राशि संग्रहीत है । वह स्वयं तो कभी घबड़ाते ही न थे, बल्कि अपने आस-पास रहने वालों के साहस को स्थिर रखने में पूरा योग देते थे । वे अत्यन्त कष्टपूर्ण और परेशानी की परिस्थितियों में भी सब लोगों को शान्त रखते थे और अपने साथ लेकर उस कठिनाई से पार लगा देते थे ।"

एक अन्य लेखक के मतानुसार "जब हम तिलक जी का ध्यान करते हैं तो हमारा मस्तक गर्व से ऊँचा हो जाता है । जब उनकी ओर दृष्टिपात करते हैं तो हिन्दू-संस्कृति का सच्चा स्वरूप सामने आ जाता है । वे सत्य के विरुद्ध कभी किसी से नहीं डरते थे । यदि हम कहें कि भारत में स्वतंत्रता युग श्री तिलक से ही आरम्भ हुआ तो इसमें कुछ भी अतिशयोक्ति नहीं है । जिस समय लोग स्वतंत्रता का नाम भी लेने का साहस नहीं करते थे उस समय तिलक जी ने उच्च स्वर से यह घोषणा की कि—"स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम उसे लेकर रहेंगे ।"

उनको भारतीयता की वृद्धि का बड़ा ध्यान रहता था । उनकी वेशभूषा और घर के भीतर रहन-सहन भी पूरी तरह भारतीय ही नहीं था, वरन् वे स्वदेशी वस्तुओं के भी बड़े भक्त थे । बंगाल से आरम्भ होने वाले सन् १९०५ के प्रसिद्ध 'स्वदेशी आन्दोलन' के बहुत पहले ही उन्होंने स्वदेशी वस्तु व्यवहार का प्रचार करना प्रारम्भ कर दिया था । इस सम्बन्ध में उन्होंने अपने एक भाषण में कहा था कि—"स्वदेशी की जो ज्वाला दिन प्रतिदिन भड़क रही है वह अब दबाई नहीं जा सकती । यह तब तक स्थिर रहेगी जब तक हमारे समस्त बन्धन टूट नहीं जायेंगे और भारत विश्व की स्वतन्त्र जातियों के बीच अपना उचित स्थान प्राप्त न कर लेगा ।" लोकमान्य तिलक और उनके समकालीन पंजाब के नेता लाला लाजपतराय और बंगाल के श्री विपिनचन्द्र पाल के प्रयत्नों से बंग-भंग आन्दोलन के समय स्वदेशी-प्रेम की ऐसी लहर उठी थी कि सामान्य अशिक्षित जनता भी उससे अछूती नहीं बची । घर-घर में स्वदेशी की चर्चा सुनाई पड़ती थी और विदेशी वस्त्र, विदेशी चीनी, साबुन आदि को लोग 'अपवित्र' समझ कर त्यागने लगे थे । स्वदेशी के सम्बन्ध में अनेक भजन और गीत सार्वजनिक सभाओं में सुनाई पड़ने लगे थे । उसी जमाने में कानपुर में एक 'लावनी-दंगल' में किसी माली ने एक लोकगीत बना कर गाया था—

लाल बाल और पाल कहें यों तुम के खयाल न यों तानो ।
छोड़ो सब परदेशी चीजें, चलन स्वदेशी पहचानो ॥

तत्पश्चात् इसी स्वदेशी-व्रत को खद्दर-आन्दोलन के रूप में चलाकर महात्मा गाँधी ने पराकाष्ठा पर पहुँचा दिया । इस विषय में गाँधी जी लोकमान्य तिलक को अपना गुरु मानते थे और जब तक वे जीवित रहे तब तक उनकी सहमति से ही असहयोग आन्दोलन को चलाते रहे । लोकमान्य तिलक की तरह महात्मा जी माननीय गोखले को भी अपना राजनीतिक गुरु मानते थे, यद्यपि राजनीति में नरम और गरम दलों के प्रमुख नेता होने के कारण इन

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

दोनों में विरोध भी रहा करता था । फिर भी देश सेवा की दृष्टि से गोखले का महत्त्व तिलक जी भी स्वीकार करते थे और सन् १९१५ में श्री गोखले का स्वर्गवास होने पर लोकमान्य ने उनकी अर्थी को कन्धा लगाया और उसी समय अपने हृदयोद्‌गार इस प्रकार प्रकट किये—

"यह आँसू बहाने का अवसर है । माननीय गोखले के निधन से भारत की बड़ी क्षति हुई है । इस हानि की पूर्ति किसी प्रकार सम्भव नहीं । गोखले भारतमाता के अमूल्य रत्न थे, महाराष्ट्र के नेता और कर्त्तव्यनिष्ठ सेवक थे । उन्होंने अपना सारा जीवन देश के लिये समर्पित कर दिया । परमेश्वर के सम्मुख अपनी कर्त्तव्यनिष्ठा का जितना अच्छा हिसाब गोखले दे सकेंगे उतना शायद ही कोई दे सके । क्या आप लोग उनके इस रिक्त स्थान की पूर्ति कर सकेंगे ।"

इन्हीं दुर्लभ गुणों के कारण महात्मा गाँधी ने अपने राजनीतिक कार्य के आरम्भ काल में इन दोनों महान् नेताओं से प्रेरणा लेकर उनको अपना मार्गदर्शक मान लिया था । एक लेखक की सम्मति में "गाँधी जी को यदि तिलक हिमालय के समान अटल, अविचल दिखाई देते तो गोखले मन्दाकिनी की विमल धारा के समान अत्यन्त निर्मल और उदार प्रतीत हुए । तिलक में आत्म-गौरव की पराकाष्ठा थी तो गोखले में, आत्मसमर्पण की । तिलक स्वाभिमानी थे तो गोखले अतिशय विनम्र ।" महात्मा जी ने इन दोनों की ही विशेषताओं को ग्रहण करके भारतीय स्वाधीनता-संग्राम में पदार्पण किया और असम्भव समझे जाने वाले लक्ष्य को प्राप्त करके दिखा दिया ।

अंतिम समय और अमर कीर्ति

जिस समय तिलक महाराज विलायत से लौटकर आये उस समय भारतवर्ष का राजनीतिक वातावरण बहुत गर्म था । रौलेट एक्ट के विरुद्ध समस्त नेताओं और दलों ने प्रबल आन्दोलन छेड़ रखा था । जलियाँवाला बाग के हत्याकाण्ड के कारण युवकों में रोष की लहर व्याप्त थी और उसके उत्तरदायी जनरल डायर और माइकेल ओडायर से बदला लेने के लिये वे विलायत तक में पिस्तौलें लेकर उनका पीछा कर रहे थे । ऐसे समय में महात्मा गाँधी ने असहयोग आन्दोलन का शंखनाद किया । लोकमान्य ने भी एकाध भाषण देकर उसका समर्थन किया और देशवासियों को उसमें भाग लेने की प्रेरणा दी ।

पर अब उनका स्वास्थ्य विशेष निर्बल हो चुका था । ६४ वर्ष की आयु में बहुमूत्र की बीमारी अधिक कष्ट देने लगी थी और उन्होंने अधिक इधर-उधर जाना बहुत कम कर दिया था । बम्बई हाईकोर्ट में उनका एक मुकदमा था, उसके लिये वे बम्बई आये और पाँच-छः दिन तक मुकदमे के सम्बन्ध में बहस करते रहे । मुकदमे में तो उनकी जीत हो गई, पर अधिक परिश्रम करने से उनको ज्वर आने लगा । उसके कुछ समय बाद ही २२ जुलाई, १९२० को उनकी ६४वीं वर्षगांठ कोलाबा (बम्बई) में बहुत धूम-धाम से मनाई-गई । उसमें भाग लेने को उन्हें भी वहाँ जाना पड़ा । सार्वजनिक उत्सव के अनेक कार्यक्रमों में उपस्थित रहना आवश्यक होने के कारण स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा और बीमारी बढ़ गई । उनको बम्बई के 'सरदार गृह होटल' में लाकर रखा गया, जहाँ वे सदैव ठहरा करते थे । शहर के बड़े-बड़े डॉक्टरों ने इलाज किया और उनको बचाने की बहुत कोशिश की गई । पर कोई उपाय कारगर नहीं हुआ, बीमारी बढ़ती ही चली गई और ३१ जुलाई की आधी रात को उन्होंने अपनी इह लीला सम्वरण करके महाप्रयाण किया ।

धर्मप्राण-महामना : पं. मदनमोहन मालवीय जी

इलाहाबाद में चौक के निकट एक गली में एक बीमार कुत्ता पड़ा था । उसके चोट लगने से घाव हो गया था और उसमें कीड़े पड़कर उसे काटने लगे थे । इसी पीड़ा से वह छटपटाता हुआ बुरी तरह चिल्ला रहा था । उसके करुण शब्द सुनकर बहुत से राहगीर ठहर जाते थे, पर सिवाय तमाशा देखने के कोई और कुछ न करता था । बहुत हुआ तो कोई मौखिक सहानुभूति के दो-चार उद्‌गार प्रकट कर देता था । उसी समय एक दस-बारह वर्ष की आयु का बालक स्कूल से घर जाता हुआ वहाँ आया और कुत्ते की पीड़ा को देखकर दयार्द्र हो उठा । वह तुरन्त थोड़ी दूर पर रहने वाले डॉक्टर के यहाँ पहुँचा और कुत्ते की पीड़ा का सब समाचार उसे सुनाया । डॉक्टर भी सहृदय था, उसने बालक की सद्‌भावना देखकर बिना मूल्य कुछ दवा दे दी कि इसे घाव पर लगा दो । बालक कुत्ते के पास आया और उसके घाव पर दवा लगाने लगा । आरम्भ में दवा की तेजी से कुत्ते को पीड़ा अधिक जान पड़ने लगी तो

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

वह गुर्राने और दाँत दिखाने लगा । कई दर्शकों ने कहा—"अरे बच्चे, हट जाओ, वह तुमको काट लेगा । क्या पता यह पागल भी हो ।" पर वह बालक इस प्राणिदया के कार्य से विरत नहीं हुआ और कुछ परिश्रम करके उसने दवा लगा ही दी ।

इस बालक का नाम था—मदनमोहन जो आगे चलकर भारतवर्ष के एक महान् नेता 'महामना मालवीय जी' के नाम से प्रसिद्ध हुआ । उस छोटी अवस्था में भी उनके हृदय में दीन-दुःखी और पीड़ित जनों के प्रति इतनी करुणा की भावना थी कि वे स्वयं के हानि-लाभ अथवा कष्ट सहन की परवाह न करके उनकी सहायता के लिये तैयार हो जाते थे । जैसे-जैसे वे बड़े होते गये उनकी यह सद्वृत्ति विकसित होती गई और वह समस्त देश को ही आत्मीय की भाँति प्रेम करने लगे तथा उसके सभी निवासियों के अभावों तथा कष्टों को अनुभव करके उनकी सेवा में दत्तचित्त हो गये । उनमें इतनी प्रतिभा, इतनी योग्यता तथा साथ ही परिश्रमशीलता थी कि यदि वे अन्य लोगों की तरह खाने-कमाने में लगे रहते तो निश्चय ही बहुत बड़ी सम्पदा के स्वामी हो जाते और राजाओं की तरह महलों में रहकर स्वर्गीय सुखों का उपभोग कर सकते थे । पर उन्होंने उस मार्ग को छोड़कर सार्वजनिक सेवा का ही मार्ग अपनाया और इसलिये आजन्म साधारण स्थिति में रहकर स्वयं अनेक प्रकार के अभाव सहन करते रहे । देश और समाज के लिये उनका यह त्याग और आत्म-बलिदान इतना महान् था कि जनता ने उनको स्वयं 'महामना' की उपाधि दे डाली और स्वर्गवास हो जाने के पश्चात् आज भी वे समस्त राष्ट्र के श्रद्धाभाजन तथा पूजनीय बने हुए हैं ।

शिक्षा-प्रचार की लगन

सन् १८६१ में जन्मे मालवीय जी का बाल्यकाल और स्कूली जीवन उल्लास और खेलकूद में गुजरा क्योंकि ये स्वभाव से ही तेजस्वी और किसी की जोर-जबर्दस्ती सहन न करने वाले थे । पर घर में गरीबी के कारण खर्च की सदा तंगी ही बनी रहती थी । इनके पिता पं. ब्रजनाथ जी कथा बाँचने का कार्य करते थे और उससे जो आय हो जाती थी उसी से एक बड़े परिवार का भरण-पोषण करना होता था । उस समय स्कूल की फीस बहुत थोड़ी थी, पर उसको भी समय पर दे सकने की गुंजाइश नहीं थी । इसलिये इनकी माता समय-समय पर अपने कड़ों को गिरवी रखकर फीस और स्कूल के खर्च की व्यवस्था करती थीं और जब रुपया आ जाता था तो उनको छुड़ा लेती थीं । बड़े हो जाने पर भी मालवीय जी को अपने वे घन हीन अवस्था के दिन याद रहे और वे सदैव निर्धन विद्यार्थियों की फीस माफ कराके तथा अन्य प्रकार से सहायता करते रहे । हिन्दू विश्वविद्यालय में सैकड़ों विद्यार्थी स्वयं अथवा किसी अन्य के द्वारा मालवीय जी की सेवा में फीस माफ कराने की प्रार्थना करते थे और वे यथासम्भव किसी को निराश न होने देते थे । विद्या-प्रचार की लगन मालवीय जी में इतनी अधिक थी कि उन्होंने हिन्दू विश्वविद्यालय स्थापित करने से बहुत पहले ही शिक्षा-प्रचार का महत्त्व जनता को समझाना आरम्भ कर दिया था । अब से ६० वर्ष पहले जब उन्होंने प्रयाग से 'अभ्युदय' (साप्ताहिक पत्र) को प्रकाशित करना आरम्भ किया तो 'अभ्युदय' के एक-एक अक्षर की व्याख्या करते हुए लिखा था—

"इसका दूसरा अक्षर 'भ' हमको सबसे पहले उन्हीं भगवत् की भक्ति का स्मरण दिलाता है, जिन्होंने कहा है—'न मे भक्तः प्रणश्यति' । फिर यह हमको भूति (लक्ष्मी जी) का स्मरण दिलाता है । फिर यह सबको भगवद् गीता, भागवत, भागीरथी, भारती, भाषा और भारत का स्मरण दिलाकर आत्मा को आप्यायित करता है तथा यह उपदेश करता है कि यदि देश का, समाज का अभ्युदय चाहते हो तो भारत, भगवद्गीता भागवत का उपदेश कण्ठ में धारण करो, भगवान, भागीरथी, भारती भाषा, भारतवर्ष में भक्ति करो, भागीरथी के पवित्र तट पर भारती की उपासना का एक बहुत बड़ा मन्दिर है—एक विश्वविद्यालय बनाओ और संस्कृत एवं भाषा के द्वारा विद्या का प्रचार करो ।"

इसी प्रकार एक अन्य लेख में जो कुछ ही महीने बाद लिखा गया था उन्होंने देशवासियों की शिक्षा के प्रति उदासीनता पर बहुत खेद प्रकट किया और कहा—"भारतवर्ष की दशा ऐसी शोचनीय हो गई है कि नीची जातियों में शिक्षा-प्रचार के लिये क्या कहा जाये, उच्च जातियों में भी विद्या का अभाव है । इसका कारण हमारी सरकार की उदासीनता और सर्वसाधारण का उसकी ओर उचित ध्यान न देना ही है । सरकार इस देश में शिक्षा-प्रचार के लिये एक आना प्रति व्यक्ति के हिसाब से व्यय करती है । स्वयं इस देश के राजा महाराजा, सेठ-साहूकार धनी लोग जो अपना समय सुखपूर्वक व्यतीत करते हैं, वे भी अपने देशवासियों की शिक्षा के लिये बहुत कम ध्यान देते हैं । भाँति-भाँति के विषय-भोग अथवा अपनी शान-शौकत के लिये वे चाहे जितना धन फूँक दें, परन्तु अपनी सन्तान की शिक्षा के लिये भी आवश्यक धन खर्च करना उनको बहुत अखरता है । हम स्वीकार करते हैं कि सरकार हमारी शिक्षा के लिये बहुत ही कम व्यय करती है, पर क्या हम स्वयं अपनी शिक्षा का कुछ भी प्रबन्ध नहीं कर सकते ? सरकार जब कोई नया टैक्स हमारे सिर पर मढ़ देती है तो हम चाहे प्रसन्नता से अथवा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अप्रसन्नता से, वह धन देते जरूर हैं, हम क्यों देते हैं ? क्योंकि सरकार बहुत जबर्दस्त है । इसी प्रकार यदि हम शिक्षा-प्रचार के लिये अपने ऊपर टैक्स लगा लें और उसे नियमित रूप से शिक्षा-प्रचार के कार्य में लगाते जायें, तो क्या शिक्षा-क्षेत्र में हमारी उन्नति हो नहीं सकती ? क्या हम लोग, जो स्वतन्त्रता के पक्षपाती हैं, स्वराज्य पाने की इच्छा रखते हैं, थोड़ा-सा स्वार्थ-त्याग करके देश में शिक्षा का प्रचार बढ़ाने का साहस नहीं कर सकते ?"

मालवीय जी केवल लड़कों की शिक्षा के लिये ही प्रयत्नशील नहीं रहे वरन् लड़कियों की शिक्षा को भी वे उतना ही आवश्यक और महत्त्वपूर्ण समझते थे । उन्होंने अपने हिन्दू विश्वविद्यालय में लड़कों की शिक्षा की तरह कन्या-शिक्षा की भी उचित व्यवस्था की थी और उनको ऊँची से ऊँची शिक्षा प्राप्त करने की सुविधायें दी थीं । हमको याद है कि विश्वविद्यालय के एम. ए. संस्कृत-विभाग में पढ़ाने वाले एक अध्यापक ने एक लड़की को वेद पढ़ाने से इन्कार किया था, पर मालवीय जी ने इसका प्रतिवाद करके उसको पढ़ सकने की अनुमति दी । इसके बहुत समय पहले ही सुदृढ़ तर्कों के आधार पर स्त्री-शिक्षा का महत्त्व सिद्ध कर चुके थे । उन्होंने कहा था—

"हमारे जातीय जीवन में सैकड़ों वर्षों से अन्धविश्वास रूपी संस्कार इकट्ठे हो गये हैं जिनके कारण ही हमारी जाति प्राण-विहीन समझी जाती है । इन कुसंस्कारों को हटाने के लिये ब्रह्मचर्य और सच्चरित्र-रूपी पैने हथियारों का उपयोग करना जातीय-जीवन के उत्थान का एकमात्र मार्ग है । परन्तु हमारा सच्चरित्र होना, ब्रह्मचारी बनना अथवा अन्धविश्वास का परित्याग करना तभी हो सकता है जब हम अपने स्त्री-वर्ग का सुधार कर उसे अपने अनुकूल बना लें । जब तक हम इस वर्ग को अपने साथ लेकर नहीं चलते, तब तक हम कभी जातीय-जीवन की लहलहाती लता को देखकर आनन्दित नहीं हो सकते । क्योंकि मनुष्य-समाज का कल्याण अथवा अकल्याण, उच्च अथवा नीच होना स्त्रियों के ही हाथ में है । बाल्यावस्था से लेकर वृद्धावस्था तक पुरुष इन्हीं के हाथ की कठपुतली है । वे जिस प्रकार चाहें उसको चलावें । पुरुषों को सदा उनके अधीन रहना पड़ता है । यदि स्त्रियाँ पुरुषों के साथ रहकर उनके त्याग अथवा सुख की सहायक न हों, तो पुरुष कभी सुखी अथवा आनन्दित नहीं रह सकते । पुरुषों की अवनति तथा उन्नति वास्तव में स्त्रियों के ही हाथ में है । परन्तु ऐसा तभी हो सकता है जब उनको सब प्रकार की गूढ़ नीति समझाने और यथासमय उसका उत्तम रूप से उपयोग करने के लिये उपयुक्त शिक्षा दी जाये । हमारा तात्पर्य शिक्षा से हृदय और मन की सारी शक्तियों का सम्यक् रूप से विकास और उनकी पूर्ण पुष्टि से है । स्त्रियों को ईश्वर की दी हुई विपुल शक्ति को जीवन के उच्च आदर्श के सामने लाकर सुगठित करना और कर्मशील बनाना ही हमारा उद्देश्य है और यही हमारे जातीय जीवन का मूल और कर्त्तव्य-कर्म है ।"

मालवीयजी को यद्यपि अनेक लोग पुरातनवादी कहते थे, पर स्त्री-शिक्षा के सम्बन्ध में उन्होंने दकियानूसी लोगों की इस दलील को सर्वथा अग्राह्य कर दिया कि "यदि स्त्रियों को पुरुषों के समान शिक्षा मिलने लगेगी तो समाज में घोर विप्लव और घरों में महान् अनर्थ पैदा हो जायेंगे । स्त्रियाँ घरों से निकल कर सभा-समाज करती फिरेंगी, गृह-कार्य, सन्तान-पालन, पति की सेवा और कुटुम्बियों के आदर-सत्कार की ओर उनका लक्ष्य बिल्कुल न रहेगा ।" इसका उत्तर देते हुए उन्होंने लिखा—"हमें इस प्रकार के पाप का कोई कारण दिखलाई नहीं पड़ता । क्या कभी किसी ने यह भी सुना है कि विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करके पुरुष धन पैदा करने, अपने परिवार का पालन-पोषण करने अथवा गृह-कर्त्तव्य साधन के अयोग्य हो गया हो ? जिस शिक्षा द्वारा पुरुषों में मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक गुणों का प्रकाश होता है, जिसकी सहायता से जीवन उच्च हो जाता है, उसी शिक्षा को पाकर स्त्रियों के मन और हृदय उन्नत न होकर अधोगति की ओर आकर्षित होंगे—यह कैसे आश्चर्य की बात है । जो शिक्षा पुरुषों को प्रकाश की ओर ले जाती है वही स्त्रियों को अन्धकार की ओर घसीट ले जायेगी—यह कहाँ का विचित्र न्याय है ?"

शिक्षा के सम्बन्ध में मालवीय जी के विचार सदैव ऐसे ही उदार रहे और वे अपने अन्तिम समय तक हर तरह से विद्यार्थियों की सहायता करते रहे । हिन्दू विश्वविद्यालय में उस समय हजारों विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करते थे । उनमें से कितने ही गरीब घरों के होते थे जो कठिनाइयों के बीच जैसे-तैसे विद्याभ्यास को जारी रखते थे । मालवीय जी केवल शिक्षा और नियम सम्बन्धी त्रुटियों के हो जाने पर ही उनकी सहायता नहीं करते थे, वरन् उनके रहन-सहन, खान-पान और स्वास्थ्य आदि का भी ध्यान रखते थे । इस तरह की एक-दो घटनाओं का जिक्र करते हुए लेखक ने बतलाया है—

"मालवीय जी का प्रतिदिन का यह नियम था कि वे नित्य कर्म से निवृत्त होकर कभी आचार्य ध्रुव जी के साथ और कभी अकेले ही किसी छात्रावास या कालेज में जाकर निरीक्षण करते । छात्रावास में विद्यार्थियों का सुख-दुःख पूछते थे । वे पूछते थे कि व्यायाम करते हो या नहीं ? सन्ध्या-वन्दन करते हो या नहीं ? दूध पीते हो या नहीं

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

इत्यादि ? एक दिन एक छात्रावास में जा रहे थे कि एक लड़का आता हुआ दिखलाई पड़ा । मालवीय जी ने उसे देखकर पूछा कि दूध पीते हो या नहीं ? उसने उत्तर दिया कि वह बहुत गरीब है, दूध के लिये पैसे कहाँ से लावे । मालवीय जी जब घर लौटे तो उन्होंने उस लड़के के लिये दूध का प्रबन्ध करा दिया । ऐसी घटनायें आये दिन हुआ करती थीं ।"

"एक बार मालवीय जी रात्रि में किसी छात्रावास में गये । एक संस्कृत का विद्यार्थी चूल्हे पर दूध गरम कर रहा था । वे उस पर नाराज हुए और कहा, इससे गन्दगी फैलती है और कमरे के भीतर दमचूल्हा जलाना नियम के विरुद्ध है । यह कहकर उन्होंने उस पर पाँच रुपया जुर्माना किया । परन्तु घर आकर उन्होंने पाँच रुपया भेज दिये कि वह उस जुर्माने को जमा कर दे और भविष्य में ऐसा अपराध न करे ।"

"जयकुमार नाम का छात्र आचार्य के अन्तिम वर्ष की परीक्षा देने वाला था । पिता का स्वर्गवास हो जाने से वह अन्येष्टि के लिये घर गया । उसको लौटने में देर हो गई जिससे उपस्थिति में कमी पड़ गई और नियमानुसार परीक्षा में सम्मिलित होना असम्भव हो गया । उसने मालवीय जी के सामने जाकर अपना प्रार्थना-पत्र रखा और यह श्लोक पढ़ा—

या त्वरा द्रौपदी त्राणे या त्वरा गजमोक्षणे ।
मध्यार्ते करुणानाथ ! सा त्वरा क्व गताहिते ।

"द्रौपदी के उद्धार और गजराज की रक्षा में आपने जो शीघ्रता प्रकट की थी, हे करुणामय ! मेरी विपत्ति के समय वह शीघ्रता कहाँ चली गई ?"

इसे बोलते हुए उसके नेत्रों से आँसू बहने लगे । मालवीय जी के नेत्रों में भी आँसू आ गये और प्रार्थना-पत्र पर उसी समय लिख दिया—'ही शुड वी एडमिटेड ।' तत्पश्चात् वह छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हो गया ।"

इस प्रकार की सैकड़ों घटनायें मालवीय जी के जीवन की हैं, जिनमें उन्होंने तरह-तरह से सहायता देकर बहुसंख्यक युवकों के जीवन को बर्बाद होने से बचा लिया और उनको भावी जीवन में सफलता प्राप्त करने का अवसर दिया । हिन्दू विश्वविद्यालय की सफलता और वहाँ के छात्रों तथा अध्यापकों को कर्त्तव्यपरायण तथा उन्नतशील बनाने के लिये तो उन्होंने अपना जीवन ही अर्पण कर दिया ।

देश सेवा की लगन

मालवीय जी के हृदय में आरम्भ से ही देश-सेवा और समाजोत्थान की भावना प्रबल थी । यद्यपि घर की गरीबी और माता के आग्रह से उन्होंने बी. ए. पास कर लेने पर लगभग दो वर्ष तक गवर्नमेंट स्कूल में अध्यापकी की और बाद में कई वर्ष तक वकालत भी की पर उनका ध्यान सदा 'देश-सेवा', 'समाज-सेवा' और 'धर्म-सेवा' की तरफ आकर्षित रहता था । इसलिये दो-देढ़ वर्ष तक अध्यापकी करने के पश्चात् ही वे कालाकांकर के राजा रामपालसिंह के निमन्त्रण पर उसे छोड़कर 'हिन्दुस्तान' दैनिक पत्र का सम्पादन करने चले गये । यद्यपि राजा साहब ने उनको साठ की जगह दो सौ वेतन दिया था, पर वे मुख्यतया इसी ख्याल से गये थे कि अखबार के द्वारा वे अपने तीनों प्रकार के सेवा-कार्यों को अधिक अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे ।

मालवीय जी ने ढाई वर्ष तक 'हिन्दुस्तान' का सम्पादन बड़े उत्साह और योग्यता से किया । उस समय उनकी आयु यद्यपि २६ वर्ष की ही थी, पर वे भारतीय राजनीति में पूर्ण अभिज्ञता प्राप्त कर चुके थे और कांग्रेस के नेताओं में उनकी गिनती होने लग गई थी । कलकत्ता में होने वाले द्वितीय वार्षिक अधिवेशन में उनका भाषण सुनकर ही राजा रामपालसिंह ने उनको 'हिन्दुस्तान' का सम्पादक चुना था । 'हिन्दुस्तान' के लेख बड़े तथ्यपूर्ण और प्रभावशाली होते थे और उनके कारण थोड़े समय में उनका नाम देशभर में फैल गया । वह हिन्दी का पहला दैनिक था जिसका नाम देश-विदेशों तक फैला और जिसने राजनीति तथा साहित्य-क्षेत्र में कुछ कहने लायक काम कर दिखाया । ढाई वर्ष बाद उन्होंने किस प्रकार उसे छोड़ा इसकी कथा भी उनकी महानता तथा दृढ़ता की परिचायक है । उसे भी संक्षेप में सुन लीजिये ।

जब राजा रामपालसिंह ने मालवीय जी से 'हिन्दुस्तान' का सम्पादन करने को कहा तो उसे स्वीकार करने में उनको एक बड़ा संकोच हुआ । मालवीय जी कट्टर सनातनधर्मी ब्राह्मण थे और राजा साहब विलायत से लौटे हुए क्षत्रिय, जिनको मद्य-माँस से जरा भी एतराज न था । विलायत से वे एक यूरोपियन महिला को विवाह करके ले भी आये थे । मालवीय जी को किसी मदिरा पीये हुए व्यक्ति के पास बैठना कठिन जान पड़ता था । इसलिये उन्होंने राजा साहब से यह शर्त तय कर ली कि जब वे मद्य पिये हों तो उनको बातचीत के लिये न बुलावें, अन्यथा वे वहाँ कार्य न करेंगे । ढाई वर्ष तक यह व्यवस्था ठीक चली, पर एक दिन नशे में राजा साहब से भूल हो गई और उन्होंने उसी समय मालवीय जी को बुला लिया । ज्योंही मालवीय जी को यह मालूम पड़ा कि राजा साहब मद्य पिये हुए हैं, त्योंही वे बात समाप्त करके चले आये और उसी समय नाव में बैठकर प्रयाग वापस आ गये । बाद में राजा साहब ने अपनी भूल स्वीकार करके मालवीय जी से पुनः सम्पादन भार सँभालने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

के लिये अनुरोध किया, पर वे किसी तरह राजी न हुए । तब राजा साहब ने उनको वकालत पढ़कर वकील बनने की सलाह दी और उसका तमाम खर्च देने का वायदा किया । मालवीय जी ने बहुत इन्कार किया, पर वे बराबर २५०) महीना भेजते रहे जब तक कि मालवीय जी वकालत न करने लग गये ।

मालवीय जी की वकालत खूब चली और कुछ समय बाद उनकी आमदनी कई हजार रु. महीना तक हो गई । उस समय की एक घटना है कि राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रधानमन्त्री पं. अयोध्यानाथ ने ह्यूम साहब से शिकायत की कि जब से मालवीय जी वकालत करने लगे हैं तब से कांग्रेस के काम में ढिलाई करने लगे हैं । ह्यूम साहब ने कहा—"ठीक ही करते हैं, इन्हें कानून की ओर ही पूरा ध्यान लगाना चाहिये ।" फिर मालवीय जी की ओर देखकर बोले—"देखो मदनमोहन ! ईश्वर ने तुम्हें तीव्र बुद्धि दी है । अगर मन लगा कर तुम तुम दस वर्ष भी वकालत कर लोगे तो निश्चय ही आगे बढ़ जाओगे । तब तुम अपनी प्रतिष्ठा के कारण अधिक जन-सेवा कर सकोगे ।"

वकालत के पेशे में भी मालवीय जी ने सेवा-भावना का त्याग नहीं किया, जैसा वकीलों में प्रायः देखा जाता है । एक दिन वे काम समाप्त करके बाहर जा रहे थे तो एक व्यक्ति शोकाकुल-सा इनके पास आया और कहने लगा—"आज हाईकोर्ट में मेरा मुकदमा है । मुन्शी कालिन्दीप्रसाद मेरे वकील हैं पर वे कहीं चले गये हैं । मैं बहुत गरीब आदमी हूँ, मेरे पास किसी दूसरे वकील को देने के लिये रुपये नहीं हैं । जिस वकील के पास जाता हूँ, उनका मुन्शी पहले फीस माँगता है । समझ में नहीं आता क्या करूँ । आप धर्मात्मा हैं इसीलिये आपकी शरण में आया हूँ ।" मालवीय जी का हृदय उसकी बेवसी देखकर पसीज उठा । वे स्वयं तो उस समय दूसरे काम में लगे थे, पर उन्होंने अपने एक खास व्यक्ति के साथ मुन्शी गोकुलप्रसाद वकील के पास भेज दिया । उस आदमी का काम बिना कुछ खर्च किये हो गया । वे ऐसे असहाय लोगों की सहायता प्रायः कर दिया करते थे ।

यद्यपि मालवीय जी की वकालत अच्छी चली और ह्यूम साहब की शिक्षा के अनुसार उससे उन्हें पर्याप्त धन भी मिल गया, पर उनकी अन्तरात्मा उसकी तरफ आकर्षित नहीं होती थी । इसलिये जहाँ अन्य लोग आमदनी बढ़ने से उसी कार्य में तल्लीन हो जाते हैं, मालवीय जी आवश्यकतानुसार धन प्राप्त हो जाने पर उससे विरक्त होने लग गये और धीरे-धीरे उसे छोड़कर अपना पूरा समय समाज-सेवा तथा देशोत्थान के अन्य कार्यों में लगाने लगे ।

'अभ्युदय' का प्रकाशन

मालवीय जी सामयिक पत्रों को विशेष महत्त्व देते थे, क्योंकि उस जमाने में समाज-सेवा तथा देश-सेवा का प्रमुख माध्यम वे ही थे । 'हिन्दोत्थान' का कार्य बन्द कर देने के बाद वे इलाहाबाद से निकलने वाले 'इण्डियन ओपिनियन' पत्र के कार्य में सहयोग देने लगे थे । उसके लेख भी बड़े जोरदार हुआ करते थे । यहाँ मालवीय जी का ध्यान अपना एक निजी पत्र हिन्दी में प्रकाशित करने की तरफ लगा था, जिसके द्वारा वे जनसाधारण के निकट सम्पर्क में बने रहें । 'अभ्युदय' के प्रथम अंक में उसका उद्देश्य बतलाते हुए उन्होंने लिखा—

"अभ्युदय का अर्थ है सब ओर से उदय—ऊपर उठना । देश के अभ्युदय का अर्थ है—देश का, अर्थात् देश के निवासियों का सब ओर से उदय । स्थायी सुख, सम्पत्ति और प्रभाव उसी के परिणाम होते हैं । सुख धन से होता है, धन धर्म से—सदाचार, विद्या और बुद्धि से प्राप्त होता है । विद्या और बुद्धि धर्म के आवश्यक अंग हैं । मनु भगवान के समय से सभी तत्त्वदर्शी इस विषय में एक मत हैं । इसलिये विद्या और बुद्धि करना हमारा परम कर्त्तव्य है । बिना इसके धर्म नहीं हो सकता, धर्म के बिना धन नहीं हो सकता और धन के बिना सुख नहीं मिल सकता ।"

मालवीयजी ने यहाँ भारतीय शास्त्रों का सार-रहस्य थोड़े से शब्दों में प्रकट कर दिया है । धन मनुष्य को सुख मिलने का साधन अवश्य है, पर उसी अवस्था में जबकि वह धर्मानुकूल मार्ग से कमाया जाये । आजकल की तरह भ्रष्टाचार, रिश्वत, मिलावट, छीना-झपटी— किसी भी तरह से प्राप्त किया हुआ धन वास्तविक सुख का साधन नहीं हो सकता । हम ऐसे पाप की कमाई से 'धनी' बनने वालों को मूढ़तावश भले ही सुखी समझा करें, और चाहे वे स्वयं भी महलों और मोटरों में बैठकर बड़प्पन का प्रदर्शन करते रहें पर यदि उनके हृदय के भीतर घुसकर देखा जाये तो वहाँ सदैव अशांति और असन्तोष का हाहाकार ही सुनाई पड़ेगा । इसलिये मालवीय जी का यह लिखना सोलह आने सत्य था कि जो धन, धर्म (न्याय, ईमानदारी) द्वारा प्राप्त होगा वही सुख का साधन हो सकता है । इस बात को उन्होंने स्वयं ही आगे चलकर स्पष्ट किया था । उन्होंने अपने कथन की व्याख्या करते हुए कहा—

"देश के थोड़े से मनुष्यों को सुख प्राप्त होने से देश का अभ्युदय नहीं कहा जा सकता, जब कार्यपरायण और पाप से बच कर रहने वाले समस्त मनुष्यों को सुख प्राप्त हो और वह सुख स्थायी हो तभी उस देश के विषय में कहा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

जा सकता है कि उसका अभ्युदय हुआ है । सुख स्थायी तभी हो सकता है जब वह धर्म से उत्पन्न और धर्म से रक्षित हो । अधर्म से उत्पन्न या अधर्म से रक्षित सुख स्थायी नहीं होता और उसका परिणाम विष से भी अधिक कड़वा होता है । इसलिये अभ्युदय के लिये सर्वप्रथम धर्म, द्वितीय बिना धर्म के विरोध के उपार्जित धन, और तृतीय धर्म और अर्थ के विरोध बिना प्राप्त होने वाला काम, अर्थात् विषय-सुख आवश्यक हैं । इन्हीं तीन को प्राचीन आचार्यों ने त्रिवर्ग कहा है ।"

'अभ्युदय' के उच्च उद्देश्य और भारतवर्ष की महानता पर प्रकाश डालते हुए भी उन्होंने ठीक ही लिखा था—"पृथ्वी-मण्डल पर जितने पर्वत हैं, उनमें सबसे ऊँचा नगाधिराज हिमालय है । उसका सबसे ऊँचा धवल शिखर पृथ्वी के सब पर्वतों की धवल चोटियों के ऊपर आकाश को शोभित करता है । हमारी प्रार्थना और अभिलाषा है और परमेश्वर इसको पूर्ण करेगा, कि हमारे देश के अभ्युदय से किसी अंश में कम न रहे, वरन् बढ़ा-चढ़ा ही रहे जैसा कि हिमगिरि के शिखर और पर्वतों के शिखर से बढ़े-चढ़े हैं ।" समय ने सिद्ध कर दिया कि मालवीय जी की दूरदर्शिता और संकल्प बल साधारण न था । अन्त में वह सफल हुआ और सफलता में मालवीय जी का श्रेय कम न था ।

'लीडर' की स्थापना

दो वर्ष तक 'अभ्युदय' का सम्पादन करने के पश्चात् मालवीय जी को प्रांतीय कौंसिल का सदस्य बना लिया गया, जिससे उनको 'अभ्युदय' का सम्पादन भार श्री पुरुषोत्तमदास जी टण्डन के सुपुर्द कर देना पड़ा । पर इसके पश्चात् भी सार्वजनिक सेवा के लिये समाचार-पत्र निकालने की आवश्यकता को वे भुला न सके और कौंसिल के सदस्य बनते ही उन्होंने एक अंग्रेजी दैनिक पत्र निकालने का प्रयत्न आरम्भ कर दिया । इस विचारधारा ने उनको किस प्रकार प्रभावित किया इसका वर्णन करते हुए एक अवसर पर उन्होंने स्वयं कहा था—

'लीडर' के स्थापित होने के पूर्व एक दैनिक समाचार-पत्र की इलाहाबाद में बड़ी आवश्यकता थी । सन् १८७६ में स्वर्गीय पंडित अयोध्यानाथ जी ने 'इण्डियन हेरल्ड' निकाला था और उस पर बड़ा धन व्यय किया था । वह पत्र तीन वर्ष चल सका । 'लीडर' के स्थापित होने का एक यह कारण भी था कि मैंने वकालत छोड़ने का निश्चय कर लिया था, और यह विचार कर रहा था कि तमाम सार्वजनिक कामों से अलग हो जाऊँ, जिससे हिन्दू विश्वविद्यालय के लिये ठीक कार्य कर सकूँ । उस समय मेरे मन में आया कि यदि मैं बिना एक पत्र स्थापित किये सार्वजनिक जीवन से अलग होता हूँ, तब मैं अपने प्रान्त के प्रति अपने धर्म को निबाहता हूँ । आज उसकी आवश्यकता इतनी अधिक और अनिवार्य जान पड़ी कि मैंने विचार किया कि सार्वजनिक जीवन से पृथक होने के पहले एक पत्र यहाँ अवश्य स्थापित कर जाना चाहिये । मैंने इसका जिक्र छः मित्रों से किया और उन्होंने प्रसन्नता से उसके लिये धन दे दिया । आरम्भ में इसके लिये चौंतीस हजार रुपया इकट्ठा हुआ । इतना रुपया एक दैनिक पत्र निकालने के लिये बहुत कम था । लेकिन मुझे अपने मित्रों पर विश्वास था । जिन्होंने फिर सहायता करने को कह दिया था और यह आशा सफल भी हुई । 'लीडर' ने निःस्वार्थ भाव से देश और प्रान्त की बड़ी लगन से सेवा की है ।

जन्म होने के दो-डेढ़ वर्ष के भीतर ही 'लीडर' का मूल धन समाप्त होने पर आ गया । जब बैंक में केवल पाँच हजार रुपया बच रहा तो डायरेक्टरों ने उसकी अंत्येष्टि करने का इरादा कर लिया पर जब मालवीय जी के मुँह से ये शब्द निकले कि—'लीडर बिल नाट डाई' ('लीडर नहीं मरेगा') तो डायरेक्टरों में नई प्रेरणा और स्फूर्ति आ गई और वह फिर नये जोश के साथ चलने लगा ।

मालवीय जी की धर्म-भावना

हिन्दू-विश्वविद्यालय के एक बड़े समारोह में 'लीडर'—सम्पादक श्री सी. वाई चिन्तामणि ने भाषण देते हुए पहला वाक्य यह कहा था—

"यदि मोहनदास करमचन्द गाँधी को 'महात्मा मोहनदास करमचन्द गाँधी' कहा जा सकता है तो हम पण्डित मदनमोहन मालवीय को सच्चाई के साथ 'धर्मात्मा पं. मदनमोहन मालवीय' कह सकते हैं ।"

इसमें सन्देह नहीं कि श्री चिन्तामणि ने मालवीय जी के सम्बन्ध में जो मनोभाव प्रकट किये वे दिखावटी या प्रशंसा-सूचक न थे, पर जो कोई मालवीय जी को थोड़ा-बहुत जानता है वह अवश्य इन शब्दों की यथार्थता को अनुभव करेगा । मालवीय जी शास्त्र और परम्परा के दृढ़ अनुयायी होते हुए भी धर्म के वास्तविक मर्म को समझते थे और उनका पालन करते थे । वे धर्म का लक्षण यह बतलाते थे—

यत्तु आर्याः क्रियमाणं प्रशंसन्ति स धर्मः ।

अर्थात्—"जिसे आर्यजन कहें कि अमुक कार्य करना प्रशंसनीय है वही धर्म है ।"

इसकी विशेष व्याख्या करने के लिये वे प्रायः निम्नलिखित श्लोक कहा करते थे—

अनुगन्तुं सतां वर्त्म कृत्स्नं यदि न शक्यते ।
स्वल्पं यमनुगम्यत्वं मार्गस्थो नावसीदति ॥

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अर्थात्—"सत्पुरुषों व सज्जनों के मार्ग का यदि किसी कारणवश पूरी तरह अनुसरण न किया जा सके तो उस मार्ग पर थोड़ा-थोड़ा ही चले । यदि वह उस पर चलेगा तो उसको निराशा न होगी ।"

सन्मार्ग की विवेचना करने के लिये वे सामवेद के एक मन्त्र को प्रमाण मानते थे जिसका अर्थ है कि दान द्वारा कृपणता पर विजय प्राप्त करके अक्रोध द्वारा क्रोध को जीतो । श्रद्धा से अश्रद्धा का पराभाव करो । सत्य से असत्य को पीछे हटाओ । यही सन्मार्ग है, यही अमृत है, यही स्वर्ग और प्रकाश की ओर गमन करना है । मालवीय जी स्वयं इस पर आचरण करते थे । इसका प्रमाण कानपुर के कांग्रेस अधिवेशन में मिला, जब मालवीय जी मोतीलाल जी नेहरू के किसी प्रस्ताव का विरोध करने उठे । मोतीलाल जी का स्वभाव बहुत तेज था और वे अपना विरोध कभी सहन नहीं कर सकते थे । इसलिये मालवीय जी को खड़े होते देख कर कहने लगे—"निश्चिन्त होकर बैठ जाओ और पंडित जी से महाभारत और भागवत की कथा सुनो ।" मालवीय जी ने हँसकर उत्तर दिया—"भाई मोतीलाल जी ने यदि इन ग्रन्थों को ध्यान और श्रद्धा के साथ पढ़ा होता तो वे ऐसा न कहते ।" मालवीय जी की शान्ति ने मोतीलाल जी के क्रोध को जीत लिया ।

ब्राह्मण ही क्या प्रत्येक मनुष्य के लिये 'तप' एक आवश्यक धर्म-कर्त्तव्य है । गीता (१८-४२) में शम, दम, तप, शौच आदि नौ गुणों को सच्चे ज्ञानी का लक्षण बतलाया है । मालवीय जी ने 'तप' की व्याख्या के लिये नीचे लिखा पद्य रचा था—

घट-घट व्यापक राम जपं रे ।
मत कर वैर द्वेष मत भावै ॥
मत पर क्रोध हरष मत मद चावै ।
जीव मत मार पुण्य मत खोवै ॥
यह पर तिय सब यही तेरो तप रे ॥

अस्पृश्यता निवारण में सहयोग

मालवीय जी एक प्रसिद्ध सनातनधर्मी माने जाते थे और आचार-विचार पर इतने दृढ़ थे कि वे विलायत-यात्रा के समय अपने साथ गंगाजल और गंगा की मिट्टी ले गये थे और विदेश में निरन्तर उन्हीं का उपयोग किया । पर धर्म के बहाने वे किसी अन्यायपूर्ण प्रथा का समर्थन करने को तैयार नहीं थे । जब महात्मा गाँधी ने अछूतोद्धार का आन्दोलन उठाया तो मालवीय जी ने भी उसमें सहयोग दिया और शूद्रों को 'मन्त्र दीक्षा' देने का निश्चय किया । पर वे किसी धार्मिक कार्य में स्वेच्छाचारिता के व्यवहार को बुरा मानते थे । इसलिये इसको कार्य रूप में परिणत करने के पहले उन्होंने सनातन धर्म के अनेक प्रसिद्ध पंडितों का एक वृहत् सम्मेलन प्रयाग में किया और उसके सामने मनु तथा अन्य ऋषियों के वचनों का प्रमाण देते हुए एक प्रस्ताव रखा । इससे पुराने विचार के पंडितों में हलचल मच गई और एक पंडित ने उठकर यहाँ तक कह दिया कि—'मालवीय जी अपने को मनु आदि से भी अधिक समझते हैं । उनके कहने से शूद्रों को 'मन्त्र दीक्षा' नहीं दी जा सकती ।' पर इससे मालवीय जी तनिक भी विचलित न हुए और उन्होंने एक घण्टा तक संस्कृत में भाषण करते हुए अन्त में कहा—"मैंने आप जैसे विद्वानों के चरणों में मनु आदि ऋषियों के वचनों की समीक्षा, जैसी मेरी तुच्छ बुद्धि में आई, प्रस्तुत की है । निर्णय तो आप लोगों के हाथ में है । जैसा आप निर्णय करेंगे उसका मैं पालन करूँगा । उनकी मधुर तथा विनम्र वाणी तथा युक्तियुक्त समीक्षा का इतना प्रभाव पड़ा कि सब पंडितों ने एक मत से प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया और प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हो गया ।

इसके पश्चात् उन्होंने स्वयं काशी में गंगा तट पर बैठ कर चारों वर्णों के लोगों—यहाँ तक कि चाण्डालों को भी 'ॐ नमः शिवाय', 'ॐ नमो नारायण', 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' आदि मन्त्रों की दीक्षा देनी आरम्भ कर दी । इसके कुछ वर्ष बाद जब वे नासिक गये तो वहाँ गोदावरी के तट पर बहुत से हरिजनों को दीक्षा दी । प्रयाग तथा कलकत्ता में भी कई बार ऐसे ही दीक्षा-समारोह हुए । कहीं-कहीं धर्म के नाम पर अन्ध-श्रद्धा में ग्रस्त लोगों ने विरोध करके हुल्लड़ मचाया, कहीं पत्थर-ढेला भी फेंके गये, पर मालवीय जी अपना काम करते रहे और मीठी वाणी से विरोधियों को शान्त करते रहे । यही सच्चे धार्मिक जनों का लक्षण है ।

महानता तथा सर्वप्रियता

उनकी ऐसी महानता को देखकर ही एक बहुत बड़े सरकारी अधिकारी श्री बी. एन. मेहता ने, जो संस्कृत और पाश्चात्य साहित्य दोनों के प्रकाण्ड विद्वान थे, कहा था—

"वे (मालवीय जी) घोंघों और केकड़ों के समूह के बीच में दृढ़ चट्टान की भाँति खड़े हैं । उनका सुन्दर, साँचे में ढला-सा शरीर, जिसका प्रत्येक अवयव बाह्य-आन्तरिक सामंजस्य से दमक रहा है, उनकी निरन्तर तप की साधना, उनके उद्देश्य की महानता को समझकर, कौन ऐसा है जो बीसवीं शताब्दी के शंकर में समाविष्ट 'अति ब्राह्मण' को तुरन्त न पहचान लेगा ? कैलाश पर्वत के शिखर की भाँति वे उज्ज्वल वस्त्रों में आच्छादित होकर ऊँची मूर्ति के समान

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

खड़े हैं । वे सृष्टि के आरम्भ में होने वाले उस कमल की तरह हैं जिसे कोई चीज दूषित नहीं कर सकती ।"

महात्मा गाँधी भी मालवीय जी के महान गुणों के कारण उनका बड़ा सम्मान करते थे । सन् १६३१ में विलायत-यात्रा के अवसर पर उन्होंने कहा था—

"मैं तो मालवीयजी महाराज का पुजारी हूँ । पुजारी स्तुति के ठीक वचन कैसे लिख सकता है ? जो कुछ लिखेगा उसे अपूर्ण-सा प्रतीत होगा । मालवीय जी के दर्शन मैंने सन् १८६० की साल में चित्र द्वारा किये थे । वही छवि मैं आज भी देख रहा हूँ । जैसे उनकी वेशभूषा में, वैसे ही उनके विचारों में पूर्ण ऐक्य चला आया है । इस ऐक्य में मैंने माधुर्य और शक्ति को पाया है । आज मालवीय जी के साथ देश-भक्ति में कौन मुकाबला कर सकता है ? यौवन काल से लेकर आज तक उनकी देश-भक्ति का प्रवाह अविच्छिन्न चलता आया है ।"

मालवीय जी धर्म-भक्त, देश-भक्त और समाज-भक्त होने के साथ ही सुधारक भी थे, पर उनके सुधार कार्य में अन्य लोगों से कुछ अन्तर था । अन्य सुधारक जहाँ समाज से विद्रोह, संघर्ष करने लग जाते हैं वहाँ मालवीय जी समाज से मिलकर चलने की पक्षपाती थे । वे सुधार अवश्य करते थे, जैसा उनके हरिजनों के मन्त्र-दीक्षा देने के कार्य से प्रकट होता है, पर उन्होंने उस कार्य को लोगों को समझा-बुझा कर और राजी करके ही किया । उनका मत था कि समाज से विद्रोह करके अथवा उससे पृथक होकर अपने नये रास्ते पर चलने से कोई ठोस कार्य नहीं कर सकते । उस अवस्था में समाज हमारी बात की तरफ ध्यान ही न देगा वरन् उल्टा उसका विरोध करेगा । जिससे सुधार का उद्देश्य कुछ भी पूरा न हो सकेगा । यही बात उन्होंने अपने भतीजे श्री कृष्णकान्त मालवीय को लिखी थी जब उन्होंने विधवाओं की समस्या पर एक लेख 'अभ्युदय' में लिखा । उसकी कई बातें मालवीय जी को अपने सिद्धान्तों के विपरीत जान पड़ी और उन्होंने कृष्णकान्त जी को एक पत्र द्वारा उनकी भर्त्सना करते हुए लिखा—

"तुम समाज का हित करना चाहते हो, समाज की सेवा करना चाहते हो, किन्तु समाज कभी तुम्हारी सेवा स्वीकार न करेगा—तुमको सेवा का अवसर ही न देगा—यदि तुम मर्म की बातों में समाज की मर्यादा का पालन न करोगे और समाज को मर्मवेधी वचन प्रकट रूप में कहकर दुखित और लज्जित करोगे ! ..... सत्कार्य का उत्साह प्रशंसनीय है, किन्तु तभी जबकि वह मात्रा और मर्यादा के भीतर रहे । यदि उत्साह की बाढ़ में विवेक और विचार को बह जाने दोगे तो समाज का कुछ भी उपकार न कर सकोगे ।"

यही कारण था कि मालवीय जी ने सुधार के कामों में कभी जल्दबाजी नहीं की और जो कुछ किया वह समाज को समझा-बुझा कर और साथ लेकर ही किया । उनका कहना था कि जब हम समाज का सुधार करना चाहते हैं, उसके कल्याण के लिये प्रयत्न कर रहे हैं तो उसके साथ रहकर ही वैसा किया जा सकता है । समाज से लड़कर उसकी निन्दा, बुराई करके तो और भी बिगाड़ होगा, सुधार की आशा कैसे की जा सकती है ? उन्होंने अछूतों के साथ होने वाले अन्याय को बहुत पहले अनुभव कर लिया था । उन्होंने सन् १६०८ में ही लिखा था—

"वर्तमान समय में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य सभी अपने कर्मों और धर्म से गिर गये हैं और सभी किसी न किसी प्रकार से दास बने हुए हैं । दास वृत्ति शूद्रों का लक्षण है, इसलिये हम लोग सब प्रकार से शूद्र हो गये हैं । ऐसी व्यवस्था में वर्णाश्रम धर्म कहाँ रहा ? सामाजिक दृष्टि से देखने और विचार करने से यही जान पड़ता है कि वर्णाश्रम-धर्म समाज और देश की स्थिति को स्थिर रखने और उसको समृद्ध बनाने का एक नियम है । पाश्चात्य देशों में जिसे 'डिवीजन आफ लेबर' अर्थात् कर्म विभाजन कहते हैं उसी को ऋषियों ने वर्णाश्रम-धर्म के नाम से कहा था और इस प्रकार का कार्य-विभाग क्रम सभी देशों में प्रचलित था और वास्तव में इसके बिना देश का काम चल नहीं सकता ।"

जिस व्यक्ति के प्राचीन धार्मिक परम्परा के विषय में ऐसे बुद्धि और तर्कसंगत विचार हों, उसे किसी भी वर्ग या श्रेणी की उपेक्षा करने वाला अथवा घृणा करने वाला कैसे कहा जा सकता है ? यह हो सकता है कि अनेक गर्म विचारों के अथवा उतावले स्वभाव के व्यक्ति उनकी कार्यप्रणाली को पसन्द न करें अथवा उसे प्रभावशाली न मानें पर स्थायी और ठोस कार्य के इच्छुक उसके महत्त्व को अवश्य स्वीकार करेंगे । मालवीय जी स्वभाव से ही यथासम्भव समझौते से कार्य को सिद्ध करने की नीति में विश्वास रखते थे और इसका परिणाम यह हुआ कि सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में ही नहीं राजनीतिक क्षेत्र में भी उन्होंने बड़ी-बड़ी कठिन समस्याओं को सुलझा दिया । यही कारण था कि राजनीतिक आन्दोलन के सम्बन्ध में अनेक बार थोड़ा-बहुत मतभेद रहने पर भी प्रत्येक दल को सिद्धान्त के छोटे-बड़े नेता उनका सम्मान करते थे—उनसे प्रेम करते थे । यद्यपि लाला लाजपतराय और मालवीय जी के राजनीतिक विचारों में पर्याप्त अन्तर और मतभेद था, पर उन्होंने मुक्त कण्ठ से कहा था—

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

"आफ आल द इण्डियन लीडर्स आई लव मालवीय जी द मोस्ट, दो आई रेस्पेक्ट गाँधी जी द बेस्ट ।" (समस्त भारतीय नेताओं में मैं मालवीय जी को सबसे अधिक प्रेम करता हूँ, यद्यपि सबसे अधिक सम्मान मेरी दृष्टि में गाँधी जी का है ।) इस बँटवारे को लाला जी ने 'सम्मान का समुचित' विभाजन माना था ।

मालवीय जी भिक्षुक के रूप में

मालवीय जी को अनेक विद्वानों ने 'भिक्षुक-सम्राट' की पदवी दी थी । निःसन्देह अधिकांश लोगों को एक छोटी-सी संस्था या सार्वजनिक समारोह के लिये हजार-पाँच सौ रुपया चन्दा इकट्ठा करने में ही पहाड़ को उठाने जैसा भार प्रतीत होता है । यद्यपि वे जानते हैं कि यह कार्य हम लोक-कल्याण के लिये कर रहे हैं और हमारा इसमें किसी प्रकार का स्वार्थ नहीं है, तो भी किसी के सामने हाथ पसारना उन्हें संकोचजनक ही जान पड़ता है । यह मालवीय जी का ही साहस था जो उन्होंने अकेले ही 'हिन्दू विश्वविद्यालय' जैसी विशाल संस्था को खोलने का संकल्प कर लिया और उसके लिये कई करोड़ रुपया इकट्ठा कर दिखाया । उनकी इस विशेषता का जिक्र करते हुए सेण्ट जॉन्स कॉलेज (आगरा) के रसायन-विभाग के प्राध्यापक ने 'प्रिंस आफ बैगर्स' (भिक्षुओं के राजा) शीर्षक से लेख लिखा था जिसमें उन्होंने कहा था—

"बहुत लोगों ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया है कि पिछले बीस वर्ष में भारत ने संसार को दो सर्वोच्च भिक्षुक दिये हैं जिनके सामने अन्य सब बौने ही जान पड़ते हैं, जैसे हिमालय के सामने अन्य सब पर्वत नगण्य जान पड़ते हैं । ..... निःसन्देह उन दो में से एक तो महात्मा गाँधी हैं । हमारे ध्यान में उनके सिवा केवल एक ही व्यक्ति और है जिसे उनकी बगल में बिठाया जा सकता है, और वे हैं पंडित मालवीय जी । प्रत्येक कला के आचार्य की भाँति उनका अपना एक अलग ढंग और एक निराली पद्धति थी । वे छोटे आदमियों को परेशान नहीं करते थे, वरन् यह ध्यान रखते थे कि राजा, महाराजा, जगत-सेठ और करोड़पती उनकी तरफ आकर्षित हों ।"

"यह निश्चित है कि उनका ढंग और कार्यप्रणाली 'अर्द्ध नग्न फकीर' (महात्मा गाँधी) से भिन्न होगी । उत्तर प्रदेश के भिक्षुक के लिये यह स्वाभाविक था कि वह भिक्षा माँगने में अधिक शिष्ट और अधिक परिमार्जित ही नहीं अधिक शानदार भी हो । उनका यह ढंग उनके नितान्त निर्मल श्वेत वस्त्र, भव्य शरीर और मीठी मनोहारिणी वाणी से, बड़ी खूबी के साथ संतुलित जान पड़ता था ।" इसमें कोई सन्देह नहीं कि मालवीय जी के चन्दा माँगने पर यह प्राचीन दोहा पूरी तरह लागू होता था—

मर जाऊँ माँगू नहीं, अपने हित के काज ।
पर कारज हित माँगिबो, मोहि न आवै लाज ॥

मालवीय जी विश्वविद्यालय के निमित्त धन इकट्ठा करने में कहाँ तक आत्म-त्याग कर सकते थे इसका एक उदाहरण तब देखने में आया जब उन्होंने राजा बलदेवदास बिड़ला से एक बड़ी रकम प्राप्त की थी । बात यह हुई कि मालवीय जी ने सुना कि राजा बलदेवदास कुछ दान करना चाहते हैं, पर शर्त यह है कि कोई ब्राह्मण उसे गंगाजी में बैठकर ग्रहण करे । मालवीय जी इसके लिये तुरन्त तैयार हो गये । यद्यपि इष्ट मित्रों तथा काशी के पंडितों ने भी इसका विरोध किया पर मालवीय जी ने अपना विचार न बदला । जब राजा बलदेवदास जी को मालूम हुआ कि मालवीय जी जैसा सात्त्विक ब्राह्मण उनका दान लेने को तैयार है तो उनको आश्चर्य और प्रसन्नता दोनों हुए । उन्होंने दान की रकम भी काफी बढ़ा दी और गंगाजी के भीतर खड़े होकर दान की रकम का चैक कुशा हाथ में लेकर मालवीय जी को दान दे दिया । मालवीयजी ने भी उस एक लाख से अधिक रकम को कुछ रुपया अपनी तरफ से मिलाकर विश्वविद्यालय को दान कर दिया ।

विश्वविद्यालय के चन्दे के लिये मालवीय जी ने कहीं भी जाने और किसी से भी माँगने में संकोच नहीं किया । यद्यपि अलीगढ़ की मुस्लिम यूनीवर्सिटी के मुकाबले में 'हिन्दू-यूनीवर्सिटी' स्थापित होने की बात अनेक लोगों को बहुत 'अपील' करती थी, पर वह जमाना ऐसा था कि लोग सार्वजनिक कार्यों के महत्त्व को बहुत कम अनुभव करते थे और ऐसे कामों में प्राय. तभी भाग लेते थे जब सरकार को उसके अनुकूल समझ लेते थे । ऐसे लोगों में इलाहाबाद के ही एक रईस सॉवलदास जी कक्कड़ थे । वे अंग्रेजी सरकार के बड़े भक्त थे और उच्च सरकारी अधिकारियों के सम्पर्क में रहते थे । उस समय अधिकांश लोग स्कूल-कॉलिजों आदि की स्थापना और व्यवस्था सरकार का कार्य और अधिकार समझते थे । ऐसे लोग जहाँ तक हो सकता था सार्वजनिक कार्यों से दूर ही रहते थे, क्योंकि उनको सन्देह रहता था कि शायद इस तरह कोई काम सरकारी अधिकारियों को नापसन्द हो । पर मालवीय जी मुहल्ले का पुराना परिचय होने के आधार पर उनके पास भी पहुँच गये और उनसे चन्दा ले आये । इस घटना का जिक्र करते हुए एक बार सॉवलदास जी ने बतलाया था—

"एक दिन जब मैं दफ्तर के काम से जा रहा था, मालवीय जी मेरे पास चंदा के लिये आये और मैं उनकी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

मनमोहिनी वाणी से इतना बेबस हो गया कि बिना तनिक भी सोचे-समझे उन्हें तुरन्त चैक दे दिया । बाद में मैं अक्सर सोचता था कि मुझे उस पर विचार करने के लिये कुछ समय लेना चाहिये था और इतनी जल्दबाजी नहीं करनी चाहिये थी परन्तु पण्डित जी के माँगने में कुछ ऐसी जादू की शक्ति थी जो रोकी नहीं जा सकती थी । उनके विषय में किसी उर्दू शायर का यह कथन बिल्कुल सच था—

असर लुभाने का प्यारे ! तेरे बयान में है ।
किसी की आँख में जादू, तेरी जबान में है ॥

मालवीय जी का यह जादू वास्तव में उनकी निःस्वार्थ भावना ही थी । जो व्यक्ति अपनी अच्छी आमदनी और आराम के धन्धे को छोड़ कर सार्वजनिक कार्यों के लिये जगह-जगह दौड़ता फिरे और तरह-तरह की असुविधायें सहन करे उस पर कोई जल्दी स्वार्थपरता या चालाकी का सन्देह नहीं कर सकता था । जब लोग यह देखते थे कि मालवीय जी में इतनी योग्यता है कि वे वकालत द्वारा दस-पाँच हजार रुपया माहवारी पैदा करके ठाठ के साथ जीवन-यापन कर सकते हैं अथवा सरकार में कोई बड़ी पदवी पाकर यश और नामबरी का आनन्द भी उठा सकते हैं, पर फिर भी वे उस सबका त्याग करके तरह-तरह के झंझटों और कठिनाइयों से भरे मार्ग को अपना रहे हैं, तो निश्चय ही उन पर बड़ा प्रभाव पड़ता था । उनकी वाणी में जो ईश्वर प्रदत्त मधुरता और मोहित कर लेने वाली शक्ति थी । वह इस प्रभाव से मिलकर श्रोता पर एक अलौकिक प्रभाव डालती थी, जिससे सामान्य व्यक्ति ही नहीं बड़े-बड़े विद्वान् और मनीषी उनके अनुयायी बन जाते थे । उनकी इस विशेषता को लक्ष्य करके ही राष्ट्रकवि श्री मैथिलीशरण ने गाया था—

भारत को अभिमान तुम्हारा, तुम भारत के अभिमानी ।
पूज्य पुरोहित थे हम सबके, रहे सदैव समाधानी ॥
तुम्हें कुशल वाचक कहते हैं, किन्तु कौन तुम-सा दानी ।
अक्षय शिक्षा सत्र तुम्हारा, हे ब्राह्मण-ब्रह्म ज्ञानी ॥
स्वयं मदन मोहन की तुम में, तन्मयता है समा गई ।
कल्याणी वाणी जन-जन के, हित में धूनी रमा गई ॥

मालवीय जी की तुलना प्राचीन समय के उन मुनि-ऋषियों से की जा सकती है कि जो राजा-महाराजा और श्रीमन्तों से सुवर्ण सहित हजारों गायों का दान लेकर उनके द्वारा गुरुकुलों का संचालन करते थे यद्यपि देश-काल में परिवर्तन हो जाने से अब बड़े-बड़े दान बैंकों के चैक द्वारा दिये जाते हैं और गुरुकुलों का स्थान आलीशान इमारतों में चलने वाले विद्यालयों ने ले लिया है, पर तथ्य की निगाह से दोनों में कोई अन्तर नहीं । यह मालवीय जी के तप-त्याग, और आत्म-समर्पण का ही परिणाम था कि वे अकेले करोड़ों का चन्दा प्राप्त कर सके और उसकी एक-एक पाई उन्होंने विश्वविद्यालय के निमित्त खर्च कर दी ।

मालवीय जी और देश-भक्ति

हमने कभी-कभी किसी के मुँह से सुना है कि—"मालवीय जी राजभक्त थे, अंग्रेजों से मिलकर रहते थे, इसलिये उनको देश-भक्त नहीं कहा जा सकता ।" हम अच्छी तरह जानते हैं कि जो लोग ऐसी बातें मुँह से निकालते हैं वे स्वयं सिवाय बातें बनाने वाले के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं होते । वे सार्वजनिक हित के लिये कोई त्याग, कष्ट सहन नहीं करते, पर दूसरों की आलोचना करके ही वे स्वयं बड़े देश-भक्त अथवा राजनीतिज्ञ बनना चाहा करते हैं ।

मालवीय जी की देश-भक्ति उथली, दिखावटी अथवा सामयिक नहीं थी । वे आरम्भ से ही राष्ट्रीयता तथा देश-भक्ति के मूल तत्त्व को जानते थे और भारतवर्ष में उसका अभाव देखकर उसके प्रचार का प्राणपण से उद्योग करते रहते थे । इस सम्बन्ध में उन्होंने अब से साठ वर्ष पूर्व एक लेख में इस विषय पर विचार करते हुए लिखा था—

"राष्ट्रपिता किसे कहते हैं ? राष्ट्रपिता उस भाव का नाम है जो कि देश के सम्पूर्ण निवासियों के हृदय में देश हित की लालसा के साथ व्याप्त रहा हो, जिसके सामने अन्य सब भाव नीची श्रेणी में रहते हों । भारत में यह राष्ट्रीय भाव कैसे पैदा हो ? प्रत्येक भाव में भक्ति और प्रेम होते हैं । प्रकृति का यह नियम है कि मनुष्य जिस वस्तु से प्रेम रखता है उसका दास बन जाता है और उसके आगे अन्य वस्तुओं को तुच्छ समझता है । धन से प्रेम रखने वाले धर्म और यश की कुछ भी अपेक्षा नहीं करते । इसी प्रकार जिनको धर्म और यश प्यारा है, उनके आगे धन मिट्टी के समान है । एक युवक विद्या के उपार्जन में समस्त विषय-भोगों का परित्याग कर देता है और दूसरा खेल-कूद में ही अपना समय बिताता है । एक दयालु आत्मा को तो दूसरों के साथ इतनी सहानुभूति होती है कि उनके दुःख से वह प्रति क्षण व्यग्र रहता है, और दूसरी ऐसी भी आत्मा होती है जो 'आप मरै जग परलै होय' की कहावत पर ही चलती है । कुछ ऐसे पुरुष हैं जो गवर्नमेन्ट की खैरख्वाही के पुछल्लों के लिये सच-झूठ बोल, न्याय-अन्याय का विचार न कर, दिन-रात खुशामद में ही लगे रहते हैं, और दूसरे ऐसे भी हैं जिनके प्रेम और भक्ति का विषय अपनी मातृ-भूमि ही है । वे सच्चे सपूत दिन-रात कष्ट और हानियाँ उठाते हुए भी देश का हित करने में ही मग्न रहते हैं ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

"जब देश में इसी भाव की बहुत-सी आत्मायें उत्पन्न हो जाती हैं और उन सबका मन मिल जाता है तो वे एक ही उद्देश्य रखते हुए, अपने सच्चे प्रयत्नों से अपने आपको नमूना-अगुआ बनाते हुए, आपत्तियाँ झेलते हुए समस्त देशवासियों के हृदय में देश-भक्ति के भाव उत्पन्न कर देते हैं। थोड़े दिनों में देश की सब लोगों में प्रेम और भक्ति का विषय हो जाता है और मतभेद, वर्णभेद, जातिभेद के होते हुए भी राष्ट्रीयता का श्रेष्ठ भाव देशव्यापी हो जाता है। जापान राष्ट्रीयता की इस श्रेणी पर पहुँच चुका है। जापानियों में बौद्ध, ईसाई और अन्य मतावलम्बी भी हैं परन्तु यदि किसी से पूछा जाये कि आप कौन हो, तो वह अपने को बौद्ध, ईसाई अथवा अन्य मतावलम्बी नहीं बतायेगा, किन्तु कहेगा कि मैं जापानी हूँ। मेरा धर्म जापान है, मेरा कर्म जापान है, मैं जापान हूँ और मेरा सर्वस्व जापान है।"

आगे चलकर बतलाया है कि भारतवासी प्राचीन काल में धर्म को ही सब कुछ मानते थे। पर जैसा आजकल हो रहा है धर्म को एक तमाशा बना लेना मूर्खता है। धर्म की आड़ में अपनी काहिली, निर्बलता और मानसिक अधोम्यता को छिपाना नाश का कारण होता है। सच्चा धर्म वही है जो देश-भक्ति द्वारा प्राप्त हो। देश-भक्ति का संचार हमारे हृदय से स्वार्थ को निकाल कर फेंक देगा। हम अदूरदर्शी, स्वार्थी और खुशामदियों की तरह ऐसे कार्य कदापि न करें जिससे कि देशवासियों को हानि पहुँचे, बल्कि दूरदर्शी, परमार्थी, सत्यशील और वृहताप्रिय आत्माओं की भाँति असंख्यों कष्ट उठाते हुए भी वही करेंगे, जिसमें देश का भला हो, निर्धन धनवान, निर्बल बलवान और मूर्ख भी बुद्धिमान हो जायें। प्रत्येक प्रकार के सामाजिक दुःख मिटें और दुर्भिक्ष आदि विपत्तियाँ दूर होकर बिलबिलाती हुई आत्माओं को सुख पहुँचे। देश-भक्ति द्वारा इतने धर्मों का सम्पादन होता हुआ देखकर भी यदि कोई धर्म के आगे देश-भक्ति को कुछ नहीं समझता, तो जान लीजिये कि वह यह नहीं जानता कि 'धर्म' क्या वस्तु है। प्रायः हमारे देश-भाइयों का विचार है कि ईश्वर का भजन और उपासना करनी चाहिये जिससे परलोक सँभले, और झगड़ों में क्या रखा है! वास्तव में झगड़ों में कुछ नहीं रखा है, परन्तु देश-भक्ति उन झगड़ों में शामिल नहीं है। यह धर्म का एक साधन है, और जैसे कि गृहस्थाश्रम का पालन किये बिना संन्यास ग्रहण करना अधर्म है, उसी प्रकार बिना देश-भक्ति किये मत-मतान्तरों में पड़े रहना गलत है।

महामना मालवीय जी के हृदयोद्गार बतलाते हैं कि वे देश-भक्ति को साधारण कर्तव्य ही नहीं वरन् एक परम-धर्म मानते थे। जिसके बिना ठाकुरजी की कोरी भजन-पूजा या एकान्त स्थान में बैठकर मन्त्र जप करना निरर्थक हो जाता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि धर्म के लिये जीवन अर्पण कर देने वाले मालवीय जी जो बात साठ वर्ष पहले कह चुके हैं वह आज युग-निर्माण योजना के अन्तर्गत कही जा रही है। केवल मन्दिर में जाकर भगवान की मूर्ति के दर्शन कर लेने, उनकी पूजा या स्तुति करने, घर के एक कोने में बैठकर घण्टा-दो-घण्टा जप या पाठ कर लेने से ही धर्म का साधन नहीं हो सकता। ये सब धर्म की प्रेरणा देने वाली विधियाँ हैं। शास्त्रों में पुकार-पुकार कर कह दिया है 'परोपकाराय सतां विभूतयः'—बिना दूसरों के कष्ट में सहायता पहुँचाये, बिना नीचे गिरे हुओं को ऊपर उठाये धर्म की प्राप्ति नहीं हो सकती। मालवीय जी इस तथ्य को बहुत अच्छी तरह समझते थे। इसीलिये जहाँ वे शारीरिक शौच के लिये गंगाजी की मिट्टी लेकर विलायत जाते थे और रेल में यात्रा करते हुए भी ब्रह्म-मुहूर्त में स्नान, ध्यान, तिलक आदि कर लेते थे वहाँ वे देश के प्रत्येक आन्दोलन में, प्रत्येक कठिन समस्या के अवसर पर मैदान में आगे बढ़कर महत्वपूर्ण कार्य करने से भी कभी पीछे नहीं हटते थे। उनके इसी गुण को देखकर भारत के प्रधानमन्त्री श्री लालबहादुर शास्त्री ने लिखा था—

"मालवीय जी में अनेक गुण थे, किन्तु उनके जीवन में दो प्रधान धारायें थीं—पहली भारतीय सनातन धर्म-परम्परा में उनका गहन विश्वास, और दूसरी उनकी उत्कृष्ट देश-भक्ति। वस्तुतः ये दोनों उनमें मिलकर एक हो गई थीं—धर्म ही उनका देश था और देश ही उनका धर्म। एक से जुदा दूसरे को वे देख नहीं सकते थे। इसलिये अनेक समाज-सुधारकों और देश-नेताओं से उनका मत न मिलता था, परन्तु इस मतभेद के बावजूद गंगा की निर्मलता को लेकर चलने वाला उनका व्यक्तित्व देश को संकट में देखकर उस पर सर्वस्व न्यौछावर कर देने के लिये आतुर हो उठता था। अपने धर्म विश्वास में निष्ठा रखते हुए भी हृदय के ऐसे कोमल और उदार थे कि किसी को भी दुःख और कष्ट में देख नहीं पाते थे। अस्पृश्यता मानकर भी वे अस्पृश्यों के लिये रोते थे, अपने धर्म में अडिग रहते हुए भी वे दूसरे धर्मावलम्बियों का आदर और सम्मान करते थे। उपदेश देने के स्वभाव के बावजूद वह सेवा के लिये कष्ट सहने को आगे आ जाते थे।"

सच्चे महापुरुषों का यही लक्षण होता है कि उनके घर के या उनके दल वाले ही उनका गुणगान नहीं करते वरन् मतभेद रखने वाले, उदासीन और प्रतिपक्षी भी उनकी प्रशंसा करते हैं। कारण यही होता है कि वे जो कुछ करते हैं वह परोपकार की भावना से होता है, उसमें प्यार और

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

निःस्वार्थता का पूरा समावेश होता है । यही कारण है कि यद्यपि कांग्रेस के कर्णधार श्री जवाहरलाल नेहरू का मन मालवीय जी के धार्मिक और राजनीतिक विचारों से बहुत भिन्न था और उन्होंने कभी उनके साथ मिलकर काम नहीं किया, पर जब अवसर आया तो उन्होंने उनके प्रति पूर्ण श्रद्धा की भावना प्रकट की और उनके चरित्र को अनुकरणीय बतलाया । उन्होंने कहा था—

"हमारे सामने तो कई ऐसी मिसालें हैं जिनसे हम सीख सकते हैं—आजकल के लोग, आजकल के नौजवान बहुत कुछ सीख सकते हैं, मालवीय जी के जीवन से । उनके सामने जो लक्ष्य था, जैसे उन्होंने काम किया और सफलता पाई, इन सबसे हम मूर्तियाँ खड़ी करें, संस्था बनायें, यह तो ठीक है, लेकिन आखिर में सबक सीखें उनकी जिन्दगी से, उनके काम से और सीखकर उसी रास्ते पर चलें । आजकल के जमाने में उसको समझकर चलें और आगे बढ़ेंगे तो यही उनका सबसे बड़ा स्मारक हो सकता है । यह अच्छा है कि समय आया उनकी शताब्दी मनाने का, तो पुराने और नये लोग सब फिर सोचें, विचार करें, और सीखें कि वे क्या-क्या बातें थीं, जिनसे मालवीय जी इतने बड़े पुरुष हुए, कैसे उन्होंने भारत की आजादी के रास्ते में, अपनी संस्कृत का आदर करने के रास्ते में सबको बढ़ाया, और यह कि उनके बतलाये रास्ते पर चलकर हम भारत की सेवा किस तरह करें और आगे बढ़ें ?"

महान् पुरुषों के सम्मान का सच्चा मार्ग यही है कि उनके विचारों को समझा जाये और जितना सम्भव हो उनके अनुसार कार्य करके दिखाया जाये । केवल उनकी जय-जयकार करना, उनके चित्र और मूर्तियाँ स्थापित कर देना, उनके नाम पर सड़क, पार्क या अन्य कोई स्मारक बना देना, उनका वास्तविक सम्मान करना नहीं माना जा सकता । महान् पुरुष इस हाड़-माँस के सौ-पचास वर्ष स्थिर रहने वाले शरीर को अधिक महत्त्व नहीं देते । वे तो अपने सत्कार्यों और उनसे होने वाले जन-साधारण के हित को ही महत्त्वपूर्ण समझते हैं । उनका यह यश रूपी शरीर सैकड़ों-हजारों वर्षों तक स्थिर रहता है, इसलिये वे लोगों को उसी को अधिक महत्त्व देने तथा उससे प्रेरणा लेकर समाज और व्यक्तियों की सेवा करने का ही उपदेश देते हैं । पाठकों का कर्त्तव्य है कि वे जवाहरलाल जी के कथन का मर्म समझें और नेताओं तथा देशभक्तों का बाह्य सम्मान करके साथ ही उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में क्रियान्वित करके दिखलावें ।

परोपकार और उदारता

मालवीय जी का हृदय बड़ा कोमल और भावनायें अत्यन्त उदार थीं, इसलिये अनेक बार दोषी व्यक्तियों की भी सहायता करने को उद्यत रहते थे और यदि किसी से त्रुटि हो जाती तो उसे पुनः अवसर देने को शीघ्र ही तैयार हो जाते थे । वे देशभर में सबसे बड़े विश्वविद्यालय के कुलपति (वाइस चांसलर) थे और इस कारण उनके पास सदैव ही कोई न कोई छात्र किसी न किसी तरह की सहायता के लिये आया ही करते थे । जैसा हम अन्यत्र बतला चुके हैं उन्होंने अपने कार्यकाल में न जाने कितने विद्यार्थियों की फीस माफ कराके, कितनों को अपने पास से आर्थिक सहायता देकर विद्याभ्यास का अवसर दिया । इसके फलस्वरूप सैकड़ों युवक जीवन सफलता पाकर सन्मार्ग पर चलने योग्य हो गये । यदि उनकी उस समय सहायता न की गई होती तो वे असफल जीवन ही व्यतीत करते और अनेक कुमार्ग पर चलने वाले भी बन जाते । श्री कृष्णदास नामक सज्जन ने अपना स्वानुभव लिखते हुए मालवीय जी की उदारता का वर्णन इन शब्दों में किया था—

"मैं एम. ए. पास किस प्रकार हुआ ? आज तक सपने में जब उस घटना को देखता हूँ तो चौंक उठता हूँ । अगर मालवीय जी महाराज का विशेष अनुग्रह न होता, यदि उन्हें मेरी सत्यवादिता पर अटूट विश्वास न होता, तो मैं अकारण अपमानित होकर उस विश्वविद्यालय से निकाला जाता, जिसका जर्रा-जर्रा मेरे लिये शिवालय था ।"

"उन दिनों राजनीतिक संघर्ष की लहर तेजी के साथ बह रही थी । मैं उसमें आपाद-मस्तक डूबा हुआ था । मुझे कक्षा में जाने और पढ़ने-लिखने तक की फुर्सत न थी । अपनी समझ में मैं अपने जीवन का हर क्षण उस संघर्ष से जूझने में व्यतीत कर रहा था । नतीजा यह हुआ कि मेरा नाम कट गया, हाजिरी गायब हो गई । मैं जितने दिन कक्षा में जाकर बैठा उसका कोई लेखा-जोखा न रहा । परीक्षा में बैठने की मुझे अनुमति मिलेगी या नहीं, यह संदिग्ध हो गया । तत्कालीन रजिस्ट्रार मेरे सख्त विरोधी थे । मगर मेरे प्रोफेसर श्री मुकुटबिहारीलाल ने मेरी सारी बकाया फीस जमा कर दी । यह मेरी 'राजनीतिक कारगुजारियों' से बहुत ज्यादा प्रभावित थे । समस्या हाजिरी की आई । आचार्य गुरुमुखनिहालसिंह घनघोर देश-भक्त और विद्यार्थी वात्सल्य महानुभाव थे । उन्होंने मेरी हाजिरी की समस्या अपनी सिफारिश से हल कर दी । रजिस्ट्रार महोदय अब भी सन्तुष्ट न थे । मालवीय जी महाराज के सामने मेरा मामला पेश हुआ । उन्हें मेरी सारी राजनीतिक हरकतों का पूरा पता था । उन्होंने कहा—"ऐसे देश-भक्त नवयुवक को परीक्षा में बैठने का अवसर न देना सर्वथा अनुचित होगा ।" मुझे अनुमति मिल गई ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

"इसके बाद एक कठिन समस्या और आई । ऐच्छिक विषयों को फार्म में भरते समय मुझसे गलती हो गई और यह उस समय पकड़ी गई जब मैं परीक्षा देने को अपनी सीट पर पहुँच गया । अन्त में मेरा मामला मालवीय जी के सामने पेश हुआ । उस समय प्रो-वाइस चांसलर राजा ज्वालाप्रसाद, पण्डित बल्देवप्रसाद दुबे, पण्डित कन्हैयालाल, बा. शिवप्रसाद गुप्त आदि भी उपस्थित थे । मालवीय जी ने मुझे देखते ही कहा—"मुझे तुमसे ऐसी आशा न थी ।"

मैंने काँपते स्वर में कहा—"बाबू, आप मुझे बेईमान न समझें । मुझे एम. ए. की डिगरी न मिले न सही । आपकी नजरों से उतर जाना मेरे लिये असह्य होगा ।" उस समय मेरी आँखों से आँसुओं की अनवरत धारा प्रवाहित हो रही थी । यह देखकर भोले बाबा का आसन डोल गया । उन्होंने अपने सचिव पं. त्रिलोचन पंत को आदेश दिया—"इस लड़के को मेरी गाड़ी में ले जाओ और रसगुल्ला खिलाकर वापस ले आओ । उप-कुलपति की कार में अपराधी विद्यार्थी रसगुल्ला खाने को चल पड़ा ।"

सारांश यह है कि मालवीय जी ने नवयुवक की नेकनीयती पर विश्वास करके उसे क्षमा ही नहीं कर दिया वरन् एक विषय में फिर से परीक्षा लेने का आदेश देकर उसे सम्मान सहित उत्तीर्ण होने का अवसर भी दिया ।

जब श्री कृष्णदास परीक्षोत्तीर्ण होकर विश्वविद्यालय छोड़ने के पहले मालवीय जी के दर्शन करने गये तो उन्होंने कहा—"तुम्हारी शरारतों और बदमाशियों के कारण सभी लोग मुझसे नाराज रहते हैं । मगर मैं जानता हूँ कि तुम आगे चल कर अवश्य कुछ करोगे । अपनी माँ—मातृ-भूमि के ऋण को भूलना मत । उसे तुम जैसे तरुणों से बहुत आशा है ।" इसके पश्चात् जब कई बार राजनीतिक आन्दोलनों में जेल काटकर सन् १९४४ में वे पुनः मालवीय जी के पास पहुँचे तो मालवीय जी के पुत्र गोविन्द जी ने विनोद में कहा—"बाबू ! बदमशवा आ गया । कई वर्ष की सजा काट आया है ।" उस समय वे बीमारी और अत्यन्त कमजोरी के कारण बिस्तर पर ही पड़े रहते थे । तो भी उन्होंने श्री कृष्णदास को पास बुलाया और उनके सर पर हाथ फेरते हुए कहा—"गोविन्द, देखो मैंने कहा था न कि यह लड़का आगे चलकर कुछ करेगा । इसने मेरे मुँह की लाली रख ली ।"

इसी प्रकार एक अन्य नवयुवक जो विश्वविद्यालय के कार्यालय में नौकर था, कम वेतन में खर्चा न चला सकने के कारण अपने पास जमा होने वाले रुपये में से बीस रुपया महीना गुप्त रूप से निकालने लग गया । जब यह रकम दो हजार रुपया के लगभग हो गई तो भेद खुला । वह चुपचाप अपने घर चला गया और शर्म के मारे उसने विष खाकर आत्म-हत्या का प्रयत्न किया । पर वमन हो जाने से उसकी जान बच गई । विश्वविद्यालय के अधिकारी पुलिस में रिपोर्ट करके उसे गिरफ्तार कराने की व्यवस्था कर रहे थे, पर उसके एक सम्बन्धी ने मालवीय जी से मोहलत माँग कर उसका पता लगाने की चेष्टा की और अपराधी के मुख से सब कच्चा चिट्ठा सुनकर उसके घरवालों से दो हजार रु. विश्वविद्यालय को चुका देने को समझाया । विश्वविद्यालय के अधिकारी फिर भी पुलिस को इत्तला देने पर गौर दे रहे थे, पर मालवीय जी ने निर्णय किया कि इससे एक युवक का भविष्य नष्ट हो जायेगा न मालूम वह कौन-सा कुकृत्य कर बैठे । अन्त में उसे क्षमा कर दिया गया ।

एक बिगड़े हुए कश्मीरी परिवार के गुण्डा स्वभाव के छात्र ने एक दिन होस्टल में किसी वेश्या को बुलाकर अपने इष्ट-मित्रों के बीच में नाच कराया । समाचार मिलने पर मालवीय जी भी वहाँ पहुँच गये । कुछ लड़के वहाँ से भागने लगे, पर मालवीय जी ने सबको बैठने को कहा और कहने लगे—"बच्चो ! जिस मार्ग पर तुम चल रहे हो, इसका परिणाम बहुत बुरा है । बड़ी आशा करके तुम्हारे माता-पिता ने तुमको हमारे भरोसे यहाँ अध्ययन करने के लिये भेजा है । युवावस्था में कुसंगत में पड़कर प्रायः लड़के कुमार्ग में चले जाते हैं, पर जब उसका दोष समझ में आ जाये तो उसे छोड़ देना चाहिये ।" मालवीय जी के ऐसे स्नेहपूर्ण भाव से दिये गये उपदेश से वह लड़का संकोच से दब गया, सर नीचा करके इतना ही कह सका—"महाराज क्षमा कीजिये !" मालवीय जी ने कहा—"शाबास ! अच्छा हम जाते हैं ।"

मालवीय जी वाइस-चांसलर थे । वे उस विद्यार्थी को कैसा भी दण्ड दे सकते थे । उन्होंने पूरी उदारता और प्रेम-भावना से काम लिया । परिणाम यह निकला कि उन बिगड़े हुए छात्रों ने बुरे रास्ते को बिल्कुल छोड़ दिया और बाद में वह काश्मीरी लड़का परीक्षोत्तीर्ण होकर कहीं इन्जीनियर हो गया ।

मालवीय जी की इन्हीं विशेषताओं का नतीजा था कि धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक सभी क्षेत्रों में पचास-साठ वर्ष काम करने के बाद भी उनका कभी किसी से मनोमालिन्य अथवा द्वेष-भाव नहीं हुआ । मतभेद होने से अनेक लोग उनसे पृथक रहते थे, कभी-कभी उनके किसी काम का विरोध भी करते थे, पर उनकी मधुर वाणी, प्रेम-भावना और उदार-व्यवहार के कारण व्यक्तिगत रूप से उन सबका सम्मान ही करते थे । भारतवासी ही नहीं श्री सी. एफ. एण्ड्रूज जैसे भारत-भक्त अंग्रेज ने भी उनके सम्बन्ध में ऐसी ही सम्मति प्रगट की थी—

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

"जो लोग उनके निकट सम्पर्क में आये उन्होंने उनको अत्यन्त सौम्य और आकर्षक ही पाया । कोई भी व्यक्ति यहाँ तक कि स्वयं महात्मा गाँधी भी असंख्य हिन्दू जनता को इतने प्रिय नहीं जितने कि मालवीय जी ।"

मालवीय जी कितने अधिक लोकप्रिय और जनता के श्रद्धाभाजन थे इसका प्रत्यक्ष उदाहरण १२ नवम्बर, १९४६ को देखने में आया जबकि मालवीय जी का देहान्त होने पर काशी में उनकी अर्थी का इतना बड़ा जुलूस निकला कि जितना उससे पूर्व कभी देखने में न आया । उनके अन्तिम दर्शन करने को विश्वविद्यालय में ही इतनी अधिक भीड़ टूट पड़ी कि उसकी व्यवस्था कर सकना असम्भव हो गया । जिसे देखो वही शोकमग्न दिखाई पड़ता था, हजारों व्यक्ति आँसू बहा कर व्याकुल हो रहे थे ।

मालवीय जी का चरित्र सबके लिये यह शिक्षा देता है कि सामान्य धार्मिक या सामाजिक मतभेदों पर अधिक जोर देना या उनके कारण अपनी शक्ति और समय को बर्बाद करना बुद्धिमानी का चिह्न नहीं है । इन विषयों में लोगों के विचारों और व्यवहार में भिन्नता होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है । सब मनुष्य कभी एक विचार के नहीं हो सकते । पर यदि इस प्रकार के अन्तर को महत्त्व देकर हम स्वयं सत्य और न्याय सिद्धान्तों की रक्षा करते हुए अपने मार्ग के अनुसार ही लोगों की भलाई के कार्य करते रहें तो हमारा जीवन अवश्य सार्थक हो सकता है । सच्चे काम करने वाले और उदार चरित्र सज्जनों की प्रशंसा अपरिचित और उदासीन व्यक्ति भी करते थे ।

धैर्य और ईश्वर विश्वास

यद्यपि मालवीय जी का अधिकांश समय हिन्दू विश्वविद्यालय के संचालन तथा राजनीतिक कार्यों में लगता रहता था, आध्यात्मिक कर्त्तव्यों का पालन करने में उन्होंने कभी शिथिलता नहीं आने दी । वे हृदय से सच्चे आस्तिक थे और भगवान की कृपा पर पूरा विश्वास रखते थे । इसके परिणामस्वरूप उनको समय-समय पर ऐसे अनुभव होते रहते थे, जिनको परमात्मा के सिवाय कुछ नहीं कहा जा सकता । हिन्दू विश्वविद्यालय का काम बहुत बड़ा था और उसमें चाहे जब लाखों रुपया के खर्च की आवश्यकता पड़ जाती थी । पर उनका कोई काम रुकता न था और समय पर कहीं न कहीं से आ ही जाता था । ऐसे अवसर पर मालवीय जी के प्रेमाश्रु आ जाते थे कि भगवान उनके लिये कितना कष्ट उठाते हैं ?

हिन्दू विश्वविद्यालय के भीतर भगवान विश्वनाथ का एक मन्दिर बनाने का निश्चय किया गया था । यह एक बड़ा काम था, क्योंकि मालवीय जी इसे दस-बीस लाख रुपया लगाकर ऐसा दर्शनीय बनाना चाहते थे कि वह विश्वविद्यालय के अनुरूप समझा जाये । पर विश्वविद्यालय की आन्तरिक व्यवस्था का भार और व्यय इतना अधिक था कि कार्यारम्भ करने पर भी वह कई वर्ष तक ज्यों का त्यों पड़ा रहा । अपनी ७५वीं वर्ष-गाँठ पर आयोजित उत्सव पर उन्होंने इस सम्बन्ध में कहा—

"इस मन्दिर के लिये क्या कहूँ । यह अब तक क्यों नहीं बना इसलिये मुझे बड़ा दुःख है । पचास मील पैदल चलकर एक तपस्वी महात्मा आये और इसकी नींव रख गये, तब से यह अभी तक नहीं बन सका । पर इसका सब दोष मुझ पर ही है । आप घबराइये नहीं विदेशों में भी बड़े-बड़े भवनों के बनने में यों ही देर होती है । कुकुरमुत्ता तो यों ही उग आता है, पर बड़े वृक्ष के बढ़ने में समय लगता है । मैंने इसके लिये काफी समय नहीं दिया, इसकी मुझे बड़ी शर्म है । पर अभी मेरा दस वर्ष का कार्यक्रम है, आप विश्वास रखें, मैं अभी नहीं मरूँगा (इसके ठीक दस वर्ष बाद ८५ वर्ष की आयु में ही उनका देहान्त हुआ) । शरीर छूटने पर भी मैं नहीं मरूँगा, बल्कि हिन्दू विश्वविद्यालय में या यहीं कहीं जन्म लेकर हिन्दू जाति और देश की सेवा करूँगा ।" इस विशाल मन्दिर को मालवीय जी अपने सामने ही बहुत कुछ पूरा करा गये और मरते समय सेठ जुगलकिशोर बिड़ला से प्रतिज्ञा करा गये कि वे इसे पूर्ण करा देंगे ।

उनका यही धैर्य और भगवान पर अटल विश्वास उनके बड़े पुत्र श्री रमाकान्त मालवीय की मृत्यु के समय देखा गया । वृद्धावस्था में अपने पुत्र का निधन अपनी आँखों से देखना पड़े इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है ? पर विधि का विधान ऐसा ही था । जब मालवीय जी की आयु ८२ वर्ष की थी तो रमाकान्त बहुत बीमार हो गये और बड़े-बड़े चिकित्सकों द्वारा इलाज किये जा सकने पर भी उनकी प्राण रक्षा न की जा सकी । एक दिन जब उनकी हालत बहुत बिगड़ गई थी और वे भयंकर कष्ट पा रहे थे तो लोगों ने जाकर मालवीय जी से कहा—"महाराज, रमाकान्त जी इस समय घोर कष्ट में हैं । अब कुछ रह नहीं गया है, केवल प्राण अटके हैं । वे आपके आज्ञाकारी पुत्र हैं, बिना आपकी आज्ञा के प्राण नहीं छोड़ेंगे, आप उनका कष्ट से जल्दी उद्धार कीजिये ।" मालवीय जी तुरन्त लाठी टेकते हुए उनके सामने जाकर खड़े हो गये और कुछ क्षण देखने के पश्चात् कहा—'बेटा ! तुम्हें बड़ा कष्ट हो रहा है, अब तुम जाओ ।' रमाकान्त जी की आँखें ज्वर की तीव्रता से निकली पड़ती थीं सदा के लिये बन्द हो गईं ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

साहित्यिक-ऋषि : रवीन्द्रनाथ टैगोर

इंग्लैण्ड में बाहरी वस्त्र शीतल कितना कठिन और कष्टप्रद होता है इसे सुधन लोगी जानते हैं । मोटे-मोटे ऊनी कपड़े लाद लेने पर भी शीत से पीछा नहीं छूटता । ऐसे ही एक दिन महाकवि रवीन्द्र सन्दन की एक सड़क पर जा रहे थे । चलते-चलते उन्होंने देखा कि मार्ग के पास ही एक व्यक्ति खड़ा है । उसके फटे जूतों में से उसके पैर दिखाई पड़ रहे थे क्योंकि उसके पास मोजे नहीं थे । कपड़ों की कमी से शीत भी कुछ घुसा था । इंग्लैण्ड में शीत मौलता कानूनन दूर्ण माना जाता है, इसलिये उसने कुछ कहा तो नहीं पर एक क्षण के लिये अर्थपूर्ण दृष्टि से देखता रहा । रवि बाबू का हृदय उसकी दीनता पर द्रवित हो गया और उसके हाथ पर एक गिन्नी (सुवर्ण मुद्रा) रखकर आगे चल दिये । एक मिनट बाद ही दौड़ता हुआ वह इनके पास आया और कहने लगा—"महोदय, आपने भूल से मुझे गिन्नी दे दी है ।" यह कहकर वह उसे वापस करने लगा । जब रवि बाबू ने आश्वासन दिया तब वह उसे लेकर गया ।

इस छोटी-सी घटना से जहाँ महाकवि की दयार्द्र प्रकृति का पता लगता है वहाँ यह भी विदित होता है कि इंग्लैण्ड जैसे "रुपया परस्त" समझे जाने वाले देश के निवासी हम "संसार को नश्वर" कहने वाले लोगों की अपेक्षा कितने अधिक ईमानदार और सत्य-व्यवहार करने वाले हैं । एक गरीब भिखारी की तो बात क्या यहाँ के अधिकांश मध्यवर्गीय बाबू और धनी व्यक्ति भी भूल से किसी से कुछ अधिक पा जायें तो उसे चुपके से जेब के हवाले करते हैं । इतना ही क्यों हमने प्रायः सेठ साहूकारों को तरकारी मण्डी में तौदा तुल जाने पर छोटी के बदले बड़ी चीज लेने का प्रयत्न करते देखा है । भाव-ताव और लेन-देन में झूठ व्यवहार को यहाँ अधिकांश व्यक्ति एक बुराई के बदले 'चतुरता' समझते हैं । इतने पर भी हम अपने को संसार भर में सबसे अधिक धार्मिक और आदर्शवादी मानते हैं । इस दम्भ का कुछ ठिकाना नहीं है ।

रवि बाबू का यह अनुभव कुछ निराला नहीं था । एक अन्य अवसर पर उन्होंने जेब में छोटा सिक्का न होने पर स्टेशन के एक कुली को एक आने के बदले एक शिलिंग (१२ आना) दे दिया तो वह कुछ देर बाद उसे लौटाने आया, क्योंकि वह अपनी नियत मजदूरी के सिवाय और कुछ लेना बुरा समझता था । ऐसे ही अन्य अनेक उदाहरण भारतीय सज्जनों के पढ़ने को मिलते हैं, जिससे विदित होता है कि लेन-देन और व्यवहार में सत्यता का पालन करना उनका स्वभाव बन गया है, जबकि हमारे यहाँ बालकों को छोटेपन से ही ऐसी बातों में चालाकी और लिकदम बरतने की प्रेरणा दी जाती है । निःसन्देह यह एक शोचनीय मनोवृत्ति है, और हमको इस सम्बन्ध में रवि बाबू के जीवन वृत्तान्त में वर्णित इन घटनाओं से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये ।

इसी 'जीवन वृत्तान्त' में एक और ध्यान देने योग्य बात रवीन्द्रनाथ का स्वदेशी प्रेम और भारतीय होने का गर्व अनुभव करना है जैसे इनका अंकुर परिवार हर तरह से 'आधुनिक' था । इनके सबसे बड़े भाई सत्येन्द्र नाथ ठाकुर जो अहमदाबाद में जज थे, अंग्रेजीयत के इतने प्रेमी थे कि उनके स्त्री बच्चे प्रायः इंग्लैण्ड में ही रहते थे । उन्होंने रवीन्द्र को भी इसलिये अपने पास बुलाकर रखा था कि इंग्लैण्ड-यात्रा के पहले अंग्रेजों का सा रहन-सहन सीखलें । पर बड़ी कोशिश करने पर इनमें कोई परिवर्तन न हो सका और ये उस १७ वर्ष की युवावस्था में इंग्लैण्ड में भारतीय पोशाक में ही रहा करते थे । इस कारण अनेक बार उनको असुविधा भी उठानी पड़ती थी और रास्ते में बीसियों लोग एक तमाशे की तरह उनको देखने के लिये दौड़-दौड़ कर आते थे । स्कूल के बालक तो उनकी खूब हँसी उड़ाते थे और कभी कोई उद्दण्ड लड़का चिल्लाकर कहता—'अरे इस काले को देखो ।' पर रवि बाबू ऐसी बातों से कभी संकुचित, लज्जित नहीं हुए । उन्होंने किसी प्रकार के दबाव से विलायती कोट, पेन्ट और टाई धारण करना स्वीकार न किया ।

भारतवासियों में विदेशी शासन के प्रभाव से यह एक बड़ा दोष उत्पन्न हो गया है कि वे अपनी पोशाक की अपेक्षा विदेशी पोशाक पहनने में अधिक गौरव अनुभव करते हैं । अंग्रेजी पेण्ट उठने-बैठने में कितनी असुविधाजनक होती है यह किसी से छिपी नहीं । टाई का पहिनना स्पष्ट ही निरर्थक और मूर्खता की-सी बात जान पड़ती है । फिर भी लोग बड़े शौक से इनका व्यवहार करते हैं । खासकर आजकल पेण्ट का व्यवहार तो नवयुवकों में इतना अधिक बढ़ गया है कि उतना अंग्रेजी शासन काल में भी न था । तंग पेण्ट के पहनने से टाँगें कैसी भद्दी, बाँस की तरह लम्बी लगने लगती हैं यह भी प्रत्यक्ष ही है । हम देखते हैं कि हमारे देश में जितने विदेशी पर्यटक आते हैं उनमें से कोई अपनी पोशाक को नहीं बदलता । अंग्रेज हाकिम यहाँ पर बीस-बीस वर्ष रह जाते थे, पर सदैव अपनी भारी और

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

सुरुल पोशाक ही पहनते थे, चाहे वह यहाँ गर्मी के मौसम में कष्टदायक ही सिद्ध होती थी । इसका कारण उनकी जातीयता का भाव ही था । रवि बाबू ने भी इस तथ्य को समझा और इंग्लैण्ड में बड़े-बड़े लोगों से मिलता होने पर भी उन्होंने भारतीय वेशभूषा में परिवर्तन नहीं किया ।

जन्म और बाल्यावस्था

ऐसे स्वदेश और साहित्य के प्रेमी महाकवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्म सन् (१८६१-१९०६) कलकत्ता के भारत प्रसिद्ध ठाकुर वंश में हुआ था । ठाकुर का अर्थ हिन्दी प्रान्तों में क्षत्रियों से लिया जाता है पर रवीन्द्रनाथ ब्राह्मण थे । यद्यपि कुछ प्राचीनतावादी बादशाही जमाने की किसी घटना के आधार पर उनको "ब्राह्मणत्व" से हीन कहते थे, पर धन, मान, विद्या, पदवी सब बातों की दृष्टि से वह वंश बंगाल के सर्वोच्च घरानों में से एक समझा जाता था । रवीन्द्रनाथ के पिता महर्षि देवेन्द्र नाथ ठाकुर देश के एक माननीय धार्मिक और सामाजिक नेता थे और उनके सभी भाई बहुत ऊँचे पदों पर आसीन थे ।

रवि बाबू के पिता प्रायः बाहर रहते थे और माता बीमार रहा करती थीं, इसलिये इनकी देखभाल प्रायः नौकरों के ही जिम्मे रहती थी । घर का वह नौकर प्रायः इनको बैठाकर इनके चारों तरफ एक लकीर खींच देता और इनसे कहता है कि यदि तुम इस लकीर के बाहर पैर रखोगे तो बड़ी हानि उठाओगे । इस प्रकार इनको डराकर वह बाजार चला जाता और बड़ी देर में लौटकर आता । रवीन्द्र को उस घेरे में बैठे-बैठे बड़ा कष्ट प्रतीत होता, पर अबोध होने के कारण वे उससे बाहर नहीं निकलते । फिर कुछ बड़े होने पर जब उनको स्कूल भेजा गया तो वहाँ भी शिक्षकों का कठोर शासन, डाँट-फटकार और धमकाते रहना ही दिखाई पड़ा था । घर में अपने चौदह भाई बहिनों में सबसे छोटे थे, इसलिये सबसे दबना पड़ता । इस परिस्थिति में उनका स्वभाव अन्तर्मुख होने लगा और वे कल्पना-लोक में विचरण करके मन को प्रसन्न करने की चेष्टा करने लगे । सम्भवतः इसी परिस्थिति ने उनके भीतर निहित "कवि" को अपेक्षाकृत शीघ्र जागृत किया और १३ वर्ष की आयु से ही उनकी कवितायें मासिक पत्रों में प्रकाशित होने लगीं ।

ठाकुर परिवार के प्रयत्न से कलकत्ते में एक हिन्दू मेला प्रचलित किया गया था । इसमें देश की अनेक वस्तुओं और सूती, रेशमी वस्त्र आदि का प्रदर्शन होता था । अनेक कारीगर अपने गुण का परिचय देने को इसमें भाग लेते थे । संगीत, कविता और साहित्य चर्चा भी होती थी । उसी छोटी आयु में एक बार उस अवसर पर आपने स्वदेशी-प्रेम के सम्बन्ध में बड़ी सुन्दर कविता पढ़ी । इसे जनता ने बहुत पसन्द किया और उसे अमृत बाजार पत्रिका में प्रकाशित भी किया गया ।

रवि बाबू के घर में प्रायः श्रेष्ठ लेखकों और कवियों का आना-जाना लगा रहता था और साहित्य गोष्ठियाँ होती रहती थीं । इससे कविता की तरफ इनकी जन्मजात रुचि और प्रतिभा निरन्तर विकसित होती रही । सन् १८७३ में उपनयन संस्कार होने के पश्चात् वे अपने पिता के साथ भ्रमण करने को हिमालय पर्वत पर गये । उस प्राकृतिक वातावरण में इनकी जो प्रेरणा मिली उससे पर्वत जल स्रोतों के समान इनकी काव्य-रचना का प्रवाह भी वेग से प्रवाहित होने लगा । वे घण्टों पर्वतों के सुरम्य स्थानों, दृश्यावली, फलों से भरे बगीचों, नदी, नालों के किनारे आनन्द के साथ घूमते रहते और किसी पेड़ के नीचे कविता लिखने बैठ जाते ।

पहाड़ पर से घर वापस आने पर भी उन्होंने अपना वही साहित्यिक क्रम बनाये रखा और भाई तथा घर वालों के आग्रह पर भी स्कूली पढ़ाई में मन नहीं लगाया । अवकाश के समय जब घर की स्त्रियाँ उनकी माता के कमरे में जमा होतीं तो वे एक ऊँचे स्थान पर बैठकर भ्रमण की घटनाओं को सुनाया करते । उनकी शैली एक कहानी के ढंग पर होती थी, जिससे सब उसे बड़ी रुचि के साथ सुनते थे । यहीं से उनमें कहानी लिखने की प्रवृत्ति का जन्म हुआ । बंकिम चन्द्र चटर्जी का "बंग दर्शन" मासिक पत्र उनको बहुत पसन्द था । विशेष रूप से उसके साहित्यिक निबन्ध और आलोचनायें उनको बहुत पसन्द आती थीं । इनका प्रभाव उनके ऊपर स्थायी रहा और बहुत वर्षों बाद बंकिम बाबू का देहान्त हो जाने पर उन्होंने एक लेख में इसकी चर्चा करते हुए लिखा था—

"जिस दिन से बंकिम बाबू ने समालोचना करना छोड़ दिया, उस दिन से बंगला भाषा में कोई अच्छा समालोचक पैदा नहीं हुआ । बंकिम बाबू का स्थान आज तक इस दृष्टि से खाली ही पड़ा है । अभी तक उनका कोई उत्तराधिकारी पैदा नहीं हुआ । उनकी समालोचनायें बंगला-साहित्य में अराजकता नहीं फैलने देती थीं । बंकिम साहित्य-जगत् के राजा थे । आज हमारे साहित्य-सिंहासन के राजा के उठ जाने से हमारे साहित्य में गड़बड़ी फैली हुई है ।"

इस प्रकार रवि बाबू की साहित्यिक प्रवृत्तियाँ आरम्भिक जीवन में ही बढ़ती चली गईं । उनके भाई श्री ज्योतीन्द्र नाथ ठाकुर, "भारती" नामक मासिक पत्रिका प्रकाशित करने लगे । उसमें भी उन्होंने बहुत से विविध विषयक लेख प्रकाशित कराये । इसी में उन्होंने "भानुसिंहेर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पदावली" नाम की कविता पुस्तक क्रमशः प्रकाशित कराई जो बाद में पुस्तक रूप में छपने पर हाथों हाथ बिक गई ।

रवि बाबू का साहित्यिक-जीवन अनेक वर्तमान लेखकों को प्रेरणात्मक सिद्ध हो सकता है । उन्होंने दृढ़तापूर्वक साहित्य-साधना करके इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त की । उनके घर वाले उनको एक बड़ा बैरिस्टर अथवा सरकारी अफसर बनाना चाहते थे, पर उन्होंने उन उच्च पदों की तरफ आकर्षित न होकर अपनी समस्त शक्ति साहित्य सेवा के लिये ही अर्पित कर दी । यह सच है कि उनको कुछ विशेष साधन प्राप्त थे, पर तब भी उन्होंने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में पर्याप्त परिश्रम किया । आजकल अनेक व्यक्ति सामान्य प्रतिभा और साधनों के बल पर ही सुलेखक होने का स्वप्न देखा करते हैं और आश्चर्य यह कि वे इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये उचित परिश्रम भी नहीं करना चाहते । उनकी इच्छा यही रहती है कि वे आरम्भ में ही जो कुछ भला-बुरा लिखें वही छप जाये और उनकी प्रशंसा होने लगे । पर किसी भी कार्य में इस प्रकार थोथी इच्छाओं से सफलता नहीं मिल सकती । अगर वे रवि बाबू की तरह अपनी शक्तियों को लक्ष्य की पूर्ति में लगा दें और उसके लिये आवश्यक परिश्रम और त्याग करें तो वे अवश्य सफल हो सकते हैं ।

विलायत यात्रा और शिक्षा

जब घर वालों ने देखा कि रवि बाबू यहाँ पढ़ने में मन नहीं लगाते तो उनको विलायत भेजने का प्रस्ताव किया गया जिससे वे बैरिस्टरी या कोई अन्य उच्च परीक्षा पास कर लें । इंग्लैण्ड के विद्यालय में उन्होंने अपनी योग्यता का सच्चा परिचय दिया जिससे वहाँ के प्रधानाचार्य सन्तुष्ट रहने लगे, पर उनका अधिक समय मिल्टन वायरन, टेनीसन, शैली आदि विख्यात अंग्रेजी कवियों की रचनाओं के अध्ययन में ही जाता था । उन्होंने उसी समय इस सम्बन्ध में कई लेख भी "भारती" में प्रकाशित कराये ।

यूरोप में जाकर रवीन्द्रनाथ ने अपना समय केवल कॉलेज के भीतर ही नहीं लगाया वरन् वहाँ के सामाजिक और सार्वजनिक जीवन पर भी निगाह डालते और अपने देश के साथ उसकी तुलना करते रहे । यह सन् १८७६-८० की बात है जब भारतवर्ष का विदेशी संस्कृति से सम्पर्क होना आरम्भ हुआ था । इस विषय में उन्होंने अपने अनुभव का वर्णन करते हुए लिखा—

"यूरोप की भूमि में यह मेरा पहला ही चरण है । आप तो जानते ही हैं कि मैं कैसा कल्पनाशील हूँ । मैंने सोचा था कि वहाँ पहुँचते ही एक अपूर्व दृश्य मेरी आँखों को आकर्षित करेगा । परन्तु जैसा मैं लड़कपन से देखता चला आ रहा हूँ कल्पना और वास्तविकता में प्रायः मेल नहीं होता । इस नवीन देश में आने से पहले मैंने उसे जिस नये रूप में सोच रखा था यह बात देखने में न आई । इंग्लैण्ड आने पर सबसे अधिक मैंने क्या देखा ? लोगों में व्यस्तता का भाव । जो लोग रास्ते में चलते हैं उनका मुँह देखने में बड़ा मजा आता है । बंगाल में छड़ी लेकर "हुश-हुश" करते वे चला करते हैं । आस-पास के आदमियों के ऊपर दृष्टि जरा भी नहीं पड़ती । उनके मुँह पर एक घबराहट सी झलकती रहती है । वे हृदय से यही प्रयत्न करते हैं कि कहीं उनका समय व्यर्थ न बीत जाये । इस देश के लोगों का स्वभाव "दुलारा-लड़का" बनने का नहीं है, और न आराम से गद्दी पर पड़े रहना किसी को अच्छा लगता है ।"

जब वे पेरिस गये तो वहाँ का आडम्बरपूर्ण जीवन उनको बड़ा अटपटा जान पड़ा । उन्होंने लिखा—"यह एक सुहावना नगर है । मालूम पड़ता है मानो यहाँ कोई मनुष्य निर्धन है ही नहीं । मैंने सोचा कि तीन हाथ के मनुष्य के लिये इतने बड़े और सुसज्जित मकानों की क्या आवश्यकता है ? मैं एक होटल में जाकर ठहरा । उसके सभी कमरे इतने बड़े थे कि ढीला कपड़ा पहनने में जैसी असुविधा होती है, वैसी ही असुविधा मुझे इस होटल में जान पड़ने लगी । उस मकान में विस्तार का कोई ठिकाना न था । फाटक, दालान, बगीचा, अटारी, पत्थर के मार्ग, गाड़ी-घोड़ा और आदमियों का कोलाहल देखकर मैं दंग रह गया ।"

महाकवि रवीन्द्र भारत के शान्त वातावरण के अभ्यस्त थे । एक कवि के रूप में उनका प्रकृति की गोद में एकान्त चिन्तन और मनन प्रिय था । इसलिये ऐसे व्यस्तता और हलचलपूर्ण स्थान अगर उनको अपनी रुचि के प्रतिकूल प्रतीत हो तो कोई आश्चर्य नहीं । फिर भी हम जीवन के किसी एक पक्ष का ही अधिकाधिक विकसित होते रहना प्रशंसनीय नहीं समझते । यूरोप वालों की उद्योगशीलता निःसन्देह अनुकरणीय है, इसी से वे संसार में अपनी प्रधानता स्थापित करने में सफल हुए हैं । भारतवासियों में इस गुण की कमी है । प्रकृति के उदार और चित्तवृत्ति में सन्तोषी होने से वे प्रायः आलस्य और शिथिलता का जीवन व्यतीत करने लग जाते हैं । इस दृष्टि से यूरोप वालों से वे शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं ।

पर उस उद्योग के परिणाम को अधिकतर शान-शौकत और बाह्य आडम्बर में व्यय कर देने के हम पक्षपाती नहीं । मनुष्य यदि अधिक उपार्जन कर सकता है तो यह आवश्यक नहीं कि वह अधिक उपभोग भी करे

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

"अगर भगवान" ने हमको अधिक योग्यता और कार्य शक्ति दी है तो उसका लाभ कम विकसित शक्ति वाले अन्य मानवों की प्रगति में ही किया जाना चाहिये । यद्यपि रवि बाबू को शाही होटल में दो चार दिन ठहरने से वहाँ कोई निर्धन न दिखाई दिया, पर हम जानते हैं कि पेरिस और लन्दन जैसे महानगरों के भीतर और आस-पास लाखों व्यक्ति ऐसे रहते हैं जिनका जीवन अभावग्रस्त होता है और जिनके बच्चे को भरपेट भोजन और पर्याप्त वस्त्र नहीं मिलते । अगर व्यक्ति और समाज की समृद्धि बढ़ती है तो उसका उपयोग सबसे पहले समाज के इस दुर्भाग्यग्रस्त समुदाय की दशा सुधारने में ही किया जाना चाहिये ।

हमारे देश में तो स्थिति और भयंकर पाई जाती है । यहाँ किसी भी जगह भूखे और नंगों की टोलियाँ देखी जा सकती हैं । गरीब बालकों को ठण्ड से ठिठुरने पर भी सामान्य वस्त्र नहीं मिलते । आहार में पौष्टिक तत्त्वों का अभाव रहता है । घर के नाम पर उनको टूटे-फूटे और अस्वास्थ्यकर झोंपड़ों में नये-नये मकान और कोठियाँ खड़ी हो जाती हैं । वे विवाह-शादियों में लाखों रुपया फूँक देते हैं । यह स्थिति अवश्य ही बदली जानी चाहिये, तभी हम सच्ची प्रगति के दर्शन कर सकेंगे ।

बैलगाड़ी द्वारा देश-भ्रमण

पर रवि बाबू गरीबों की उपर्युक्त स्थिति से अनजान नहीं थे और अपनी विशाल सहृदयता के कारण उसमें हर तरह से सहायता करने को प्रस्तुत रहते थे । जब कभी ऐसा अवसर आ जाता था, वे किसी तरह के हानि-लाभ की चिन्ता छोड़कर कर्म क्षेत्र में खड़े हो जाते थे । जब वे विलायत से भारतवर्ष लौट आये तो देश के गरीबों की स्थिति का निरीक्षण करने के लिये कलकत्ते से पेशावर तक बैलगाड़ी में यात्रा करने का निश्चय किया । इस यात्रा का वर्णन करते हुए उनके एक जीवन चरित्र में कहा गया है—

"मार्ग में उनको अनगिनती गाँव और दीन कृषकों की झोंपड़ियाँ देखने का अवसर प्राप्त हुआ । उन्होंने देखा कि तरह-तरह के कष्टों में फटे-पुराने चिथड़े लपेटे हुए उनका जीवन व्यतीत होता है । गरीबों की दुर्दशा देखकर इनका चित्त दुःखी हो गया । वे सोचने लगे कि पंखों के नीचे सोने वाले अमीरों को क्या पता कि गरीबी कैसी होती है । इन दृश्यों को देखकर जो विचार मंथन हुआ उससे इन लोगों की दशा सुधारने के कितने ही उपाय उनको सूझे । जैसे कि ग्रामों में पंचायतें बननी चाहिये जो अपने गाँव के सुख-दुःख को समझकर उचित प्रबन्ध कर सकें । वायु रहित तंग कोठरियों में पशुओं के साथ बेढंगा जीवन व्यतीत करने वाले किसानों की अवस्था को महलों में निवास करने वाले धनी किस प्रकार समझ सकते हैं ? वे तो गरीबों का खून चूसना और खस की टट्टियों में आराम से रहना जानते हैं । उन्होंने देखा कि ग्रामों में शिक्षा का बड़ा अभाव है । पेट पालने के लिये छोटी अवस्था में ही बालकों को मजदूरी करनी पड़ती है । धनाभाव से वे प्रायः अशिक्षित रह जाते हैं ।"

इस प्रकार समस्त देश के किसानों की दशा को स्वयं देखकर उन्होंने अपनी रचनाओं में उसका यथार्थ चित्रण किया जिससे शिक्षित देशवासियों की आँखें खुल गईं । उन्होंने इन आवश्यकताओं की तरफ सरकार का भी ध्यान आकर्षित किया जिसके फलस्वरूप अनेक गाँवों में विद्यालय स्थापित किये गये और किसानों के लिये नहर तथा कुओं द्वारा सिंचाई की सुविधाओं में वृद्धि की गई ।

इस प्रकार रवीन्द्रनाथ ने एक ऐसा कार्य सम्पन्न किया जिसे प्राचीन समय से सभी सन्त महात्मा करते आये हैं । भारतवर्ष में तीर्थ यात्रा की सार्वजनिक प्रणाली पाई जाती है और सन्त-महात्माओं के लिये तो यह एक आवश्यक नियम माना गया है कि वे एक बार 'चारों धाम' की यात्रा कर आयें । इसका आशय यही कि वे एक बार समस्त देश का भ्रमण करके समाज की दशा की अच्छी तरह जानकारी प्राप्त कर लें और फिर अपनी शक्ति और साधनों के अनुसार उसकी प्रगति के मार्ग सोचें और तदनुसार कार्य करें । शंकराचार्य, चैतन्य, नानक, नामदेव, ज्ञानेश्वर, गो. तुलसीदास, समर्थगुरु रामदास, तुकाराम आदि धर्म तथा समाज के सभी प्रमुख सूत्रधारों ने इसी मार्ग का अनुसरण किया था । उस युग में यात्रा के साधन बहुत अल्प और श्रम साध्य थे । इसलिये इन सबने साधु रूप से पैदल ही यात्रा की थी ।

रवीन्द्रनाथ ने भी देश समाज की दशा का अध्ययन करने के लिये वही मार्ग अपनाया । उस समय रेलगाड़ी चल निकली थी, पर रेल-यात्रा से पिछड़े हुए गाँवों और भूखे-नंगे कृषकों की अवस्था का क्या पता लग सकता है ? वर्तमान परिस्थिति और अपनी सामाजिक स्थिति के कारण रवीन्द्रनाथ पैदल यात्रा नहीं कर सकते थे, इसलिये उन्होंने इसी से मिलता-जुलता साधन बैलगाड़ी द्वारा यात्रा करने का अपनाया । इससे उन्होंने जो अनुभव प्राप्त किया वह निःसन्देह अमूल्य था और यह स्वीकार करना पड़ेगा कि इस प्रकार वे समाज की अच्छी सेवा कर सके । आज भी मोटरों में यात्रा करने वाले 'नेता' अगर एकाध वर्ष इस प्रकार पैदल या बैलगाड़ी द्वारा देश भ्रमण करके अपने ज्ञान को परिपक्व कर लिया करें, तो वे वर्तमान समय की अपेक्षा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अधिक अधिक ठोस सेवा कर सकने में समर्थ हो सकें इसमें सन्देह नहीं ।

"बंग-दर्शन" का प्रकाशन

श्री बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा संचालित जिस "बंग-दर्शन" मासिक पत्र का ऊपर चित्र किया जा चुका है, वह उनके देहान्त के पश्चात् बन्द हो गया था । रवीन्द्रनाथ ने उसके महत्व और आवश्यकता को समझ कर सन् १९०१ में उसे पुनः प्रकाशित करना आरम्भ किया । इस सत्साहित्य द्वारा सामाजिक प्रगति का एक प्रधान साधन हो गया ही पर रवि बाबू उसके माध्यम से राजनीतिक अन्याय के विरुद्ध भी आवाज उठाया करते थे । सन् १८९९ में दक्षिण अफ्रीका निवासी, गोरों ने वहाँ की कोयला खानि का विध्वंस करना आरम्भ किया । वे दक्षिणवर्ती खानियों के काम की बहुत कीमती का समझदार करते थे । रवि बाबू ने उस अवसर पर गोरों के इस स्वार्थ मूलक कार्य की भर्त्सना करके उसके विरोध में कई लेख 'बंगदर्शन' में लिखे थे । इसी मासिक पत्र में महाकवि की कितनी ही रचनायें क्रमशः प्रकाशित हुई थीं । इन्हीं रचनाओं में से एक 'चोखेरबाली' है जिसका अनुवाद हिन्दी में 'आँख की किरकिरी' के नाम से हो चुका है । इस उपन्यास ने बंगाल साहित्य में एक नया आदर्श उपस्थित किया । इससे पहले अधिकांश उपन्यास घटना प्रधान होते थे, पर इसमें बहुत कम घटनायें देकर मनोविश्लेषण और अन्तर्द्वन्द्व को प्रधानता दी गई थी ।

"साहित्य भी सामाजिक जागृति और सुधार का एक बहुत बड़ा माध्यम है जो लोग इसे केवल मनोरंजन या विलासी जनों का साधन मानते हैं, वे इसके वास्तविक महत्त्व से अनजान हैं । वे 'रसज्ञ व्यक्तियों' और राजा-रईसों के प्रशंसक भले ही कहला सकते हैं पर सच्चे साहित्यिकों में उनकी गणना नहीं हो सकती । साहित्य का पहला उद्देश्य लोक-कल्याण है । जिस रचना से समाज या व्यक्तियों को किसी प्रकार की उच्च प्रेरणा प्राप्त नहीं होती, और वे अपने नित्य अभावग्रस्त जीवनों और समाज की सेवा के लिये उद्यत नहीं हो जाते, 'साहित्य' नहीं कहा जा सकता ।

रवि बाबू की समस्त साहित्यिक कृतियों, चाहे वे कविता हों या उपन्यास, कहानी, निबन्ध आदि, इसी उद्देश्य से लिखी गई हैं कि उनसे पाठकों का मानसिक स्तर ऊँचा हो और वे निम्न प्रवृत्तियों को त्यागकर समाज के उपयोगी सदस्य बन सकें । उनकी "बन-मन-धन अभिलाषा" वाली कविता तो देश के हर भली अनुभूति का भण्डार होने के कारण राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार कर ली गई है । [illegible] की भावना के समय लिखा गया था ।

उसमें जातीयता भावना को थोड़े से शब्दों में इतने प्रभावोत्पादक रूप में व्यक्त किया गया है कि श्रोता मन्त्रमुग्ध हो जाते हैं । इसी प्रकार उनके उपन्यास सामाजिक कुरीतियों तथा सामयिक त्रुटियों को दूर करके उच्च जीवन मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाले हैं । भारतीय साहित्यिकों के लिये महाकवि रवीन्द्रनाथ निश्चय ही आदर्श स्वरूप हैं ।

स्वदेशी समाज की स्थापना

सन् १९०५ का वर्ष बंगाल के लिये नहीं समस्त भारत के लिये एक नवीन युग के प्रवेश द्वार के समान था । उस समय देश पर लार्ड कर्जन का कूटनीतिपूर्ण शासन चल रहा था । वे पक्के भारत के बादशाह बनकर आये थे, बराबर जन-जागृति को दबाने की तरकीबें कर रहे थे । भारतवासियों की स्वाधीनता की भावनाओं से उनको चिढ़ थी । इसलिये उन्होंने अन्तिम प्रहार यह किया कि १६ अक्टूबर, १९०५ को बंगाल को दो भागों में बाँटने की आज्ञा दे दी । बंगाल के नेता इसका विरोध आरम्भ से ही कर रहे थे और श्री रवीन्द्र ने सन् १९०४ में ही इसका प्रतिकार करने के लिये एक 'स्वदेशी समाज' की स्थापना कर दी थी । इसके सदस्य प्रतिज्ञा करते थे कि वे स्वदेशी वस्तुओं का ही प्रयोग करेंगे । इतना ही नहीं शिक्षा, दीक्षा, साहित्य, समाज आदि सभी विषयों में 'निजत्व' की भावना को ही प्रधानता देंगे ।

यह संस्था बहुत शीघ्र सुदृढ़ होकर समस्त प्रान्तों में फैल गई हजारों व्यक्ति उसमें सम्मिलित होने लगे । पर जब 'बंग-भंग' के विरुद्ध किया गया सब आन्दोलन, विरोध और प्रार्थनायें आदि असफल सिद्ध हो गये तो लोगों ने १६ अक्टूबर को सरकारी आदेश के प्रचारित होते ही भारत की राजधानी कलकत्ता में एक विशाल जुलूस निकाला, जिसके प्रधान संचालक महाकवि श्री रवीन्द्र ही थे । वह सुप्रसिद्ध संगीत का "विधिर बन्धन काटिबे तुमि एमनि शक्तिमान" (क्या तुम ऐसे शक्तिशाली हो कि विधाता द्वारा निर्मित सम्बन्ध का भी विच्छेद कर दोगे ?) गीत गाता हुआ समस्त नगर में घूमा और लाखों व्यक्तियों ने गंगा स्नान करके हाथ पर राखी बाँधकर यह प्रतिज्ञा की कि ऐसे अन्यायपूर्ण आदेश को कदापि स्वीकार न किया जायेगा ।

स्वदेशी की भावना ने थोड़े ही समय में इतनी जड़ जमा ली कि देश का वस्त्र व्यवसाय और अनेक उद्योग-धन्धे पनपने लग गये और विलायती माल का आयात दिन पर दिन कम होने लगा । स्वदेशी स्कूल, स्वदेशी कॉलेज, स्वदेशी बैंक, स्वदेशी नेशनल फण्ड आदि की धूम मच गई और लोगों में स्वाधीनता की एक नई ही भावना फूट पड़ी ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

अंग्रेज अधिकारियों ने तो यह कार्य भारतवासियों में फूट उत्पन्न करके उन्हें निर्बल बनाने के उद्देश्य से किया था पर परिणाम उल्टा निकला । उसी दिन से जनता में जो नई चेतना उत्पन्न हुई और राजनीतिक आन्दोलन छेड़ा गया वह अन्त में भारत को विदेशियों के पंजे से मुक्त करा के ही समाप्त हुआ ।

वास्तव में स्वदेशी मन्त्र केवल किसी सामयिक आन्दोलन से सम्बन्धित नहीं वरन् यह मानव-जीवन को सुखी बनाने का राजमार्ग है । इसका असली तात्पर्य है—स्वावलम्बी होना । जो लोग इसे संकीर्णता का चिह्न समझते हैं, या इसका आधार किसी से द्वेष करना मानते हैं, वे भूलते हैं । 'स्वदेशी' का अर्थ है जीवन को सरल तथा आडम्बरशून्य बनाना । हम अपने जीवन-निर्वाह की सामान्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये जितने कम पराश्रित होंगे उतना ही हमारा जीवन सुखी हो सकता है । जो लोग प्रातःकाल उठते ही अपने नाश्ते के लिये दिल्ली की बनी डबल रोटी और डेनमार्क से आया मक्खन चाहते हैं और उसी के अभ्यस्त हो गये हैं, उनको समय-समय पर असुविधा उठानी पड़े तो क्या आश्चर्य है ? जो ग्रामीण अपने घर में तैयार होने वाली मोटी रोटी और छाछ को खाकर खेतों में परिश्रम करने को चल देता है, उसके लिये वैसा अवसर कदाचित ही कभी आये ।

महात्मा गाँधी ने इसी सिद्धान्त को समझकर लोगों से 'खद्दर' व्यवहार की प्रतिज्ञा करने को कहा था । उनका आशय यही था कि जीवन की दो सबसे बड़ी और दैनिक आवश्यकताओं—भोजन और वस्त्र के सम्बन्ध में मनुष्य पूर्ण स्वावलम्बी हो सके तो उसके कष्टों तथा परेशानियों का बहुत कुछ अन्त हो सकता है । हम जानते हैं कि महात्मा जी का उपदेश, इस विषय में एक सर्वोच्च आदर्श की भाँति था और प्रत्येक व्यक्ति उसे पूरी तरह पालन नहीं कर सकता तो भी एक मार्ग-दर्शन के रूप में उसे स्वीकार करना कल्याणकारी ही माना जावेगा । लोकमान्य तिलक ने भी स्वदेशी की महिमा को बहुत पहले ही समझ लिया था और बीसवीं शताब्दी आरम्भ होने से कई वर्ष पूर्व पूना में स्वदेशी आन्दोलन आरम्भ किया था । इससे हम समझ सकते हैं कि भारत के मूर्धन्य विद्वानों तथा जन-नेताओं ने भारतीय जनता की आर्थिक अवस्था के सुधार के लिये आरम्भ से ही व्यवहार की प्रेरणा दी थी । महाकवि रवीन्द्र ने भी इस तथ्य को अपनी दिव्य दृष्टि से शीघ्र ही जान लिया था और भारतीय समाज को स्वावलम्बी बनाने के लिये ही "स्वदेशी समाज" जैसी संस्था की कल्पना की थी । पर जब उसमें एक तीव्र आन्दोलन का समावेश हो गया और उसने क्षणिक उग्रता तथा हिंसा का रूप ग्रहण कर लिया तो वे उस 'आन्दोलन' से पृथक हो गये, और उसका संचालन अन्य नेताओं के लिये छोड़ दिया । उनकी कवि-प्रकृति इसके अनुकूल न थी ।

शान्ति निकेतन की स्थापना

रवि बाबू का 'ठाकुर' वंश स्वयं एक बड़ी जमींदारी का मालिक था और उसकी देखभाल करने के लिये उनको युवावस्था से ही समय-समय पर अपने 'शैलाइदह' गाँव में रहना पड़ता था । वहीं से उनको ग्रामीण जीवन का परिचय हुआ और दरिद्रता की मूर्ति तथा अभावों के बीच ही पलने वाले किसानों की दुर्दशा अपनी आँखों से देखने को मिली । इस अनुभव से प्रभावित होकर उन्होंने जो पत्र अपने मित्रों तथा स्वजनों को लिखे थे उनमें निरीह ग्रामीणों की दरिद्रता का बड़ा ही करुणाजनक चित्र खींचा गया है । उन्होंने एक ऐसे पत्र में लिखा था—

वे भोले-भाले किसान ! वे ईश्वर के निस्सहाय शिशु ! मैं नहीं जानता कि सम्पत्ति के समान वितरण वाला साम्यवादी सिद्धान्त यहाँ व्यवहार में लाया जा सकता है या नहीं ? पर यदि ऐसा सम्भव नहीं हो सकता तो सचमुच यह बड़ा कठोर विधान है और मानव उसके हाथों अत्यन्त दुःखी और असहाय रह जाता है ।

पर श्री रवीन्द्र केवल कल्पना में उड़ने वाले कवि न थे । वे सहानुभूति के दिखावटी आँसू बहाकर ही अपने हृदय को सान्त्वना देने वाले जीव नहीं थे । उन्होंने अपने इन 'अन्नदाताओं' की समस्या पर खूब विचार किया और निश्चय किया कि उनकी दुर्दशा का एक बड़ा कारण उनकी अविद्या और अशिक्षा भी है । पर वर्तमान समय के स्कूल और कॉलिजों की खर्चीली और 'पुस्तकीय' शिक्षा न तो उनके लिये सम्भव है और न विशेष कल्याणकारी सिद्ध हो सकती है ।

बहुत कुछ विचार करके वे इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि भारतीय किसानों की शिक्षा-समस्या को हल करने के लिये यहाँ ऋषियों की प्राचीन गुरुकुल प्रणाली ही फलप्रद सिद्ध हो सकती है, जिसमें कम से कम व्यय में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाता था । उसमें गुरु और शिष्य एक-दूसरे के इतने अधिक निकट रहते हैं और उनके जीवन में ऐसा 'साम्य' पाया जाता है कि वे परस्पर सच्चे शुभचिन्तक बने बिना रह ही नहीं सकते । उस प्रणाली की तुलना वर्तमान शहरी स्कूलों से नहीं की जा सकती जहाँ 'गुरु और शिष्यों' का कुछ घंटों के लिये अनिश्चित मिलन हो जाता है और वे एक-दूसरे को प्रसन्नदायक होने के बजाय 'भार स्वरूप' जान पड़ते हैं ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

इस उद्देश्य को सम्मुख रखकर उन्होंने शैलाइदह का निवास छोड़कर 'बोलपुर' को अपना केन्द्र बनाया जहाँ उनके पिता देवेन्द्रनाथ ठाकुर ने बहुत वर्षों पहले एक 'साधना कुटीर' बनाई थी । यह एक एकान्त स्थान है जहाँ की वन-सुषुमा और प्राकृतिक जलाशय आदि मनुष्य को आधुनिक कृत्रिमता से दूर ले जाते हैं । यहीं पर उन्होंने सन् १९०१ के लगभग दो छात्र और दो अध्यापकों को लेकर इस संस्था का श्रीगणेश किया । अनेक लोग तो इसे 'नाम बड़ा और दर्शन थोड़ा' वाला मामला समझकर हँसी करने लगे, पर श्री रवीन्द्र और उनकी सहधर्मिणी मृणालिनी देवी उसकी व्यवस्था में आन्तरिक निष्ठा से लगी हुई थीं । कुछ ही समय में छात्रों की संख्या यथेष्ट हो गई और कार्य भार तथा अर्थ व्यय भी काफी बढ़ गया । रवि बाबू को जो कुछ रुपया घर से मिलता था उसका एक बड़ा अंश इसी में लग जाता था, फिर भी खर्च पूरा नहीं पड़ता था । तब मृणालिनी देवी ने अपने आभूषण बेचकर उसका खर्च चलाया और जब उससे भी काम न चला तो श्री रवीन्द्र ने अपना एक निजी मकान और बहुत-सी पुस्तकें बेच डालीं । इस प्रकार दृढ़ संकल्प करके उन्होंने इस संस्था को चलाया । बीच-बीच में इस पर कठिन अर्थ-संकट आते रहे जिनका निवारण महाकवि ने अपूर्व कर्मवीरता और परिश्रम से किया, और लोगों को दिखा दिया कि वे कोरे कवि नहीं हैं वरन् भगवान कृष्ण के अनुयायी एक सच्चे 'कर्मयोगी' भी हैं ।

सच पूछा जाये तो महाकवि ने अपना सर्वस्व इसी संस्था को अर्पित कर दिया । अपनी अपार योग्यता और विश्वव्यापी ख्याति के द्वारा नोबेल पुरस्कार और अन्य देशों के भ्रमण आदि से जितना भी धन प्राप्त हुआ वह सब उसी में लगाया गया । समय आने पर इसी संस्था के अन्तर्गत विश्वभारती का निर्माण किया गया । उसमें विदेशों के शिक्षार्थी उसी प्रकार आकर सच्चा ज्ञान प्राप्त करने लगे जिस प्रकार प्राचीन काल में तक्षशिला और नालन्दा आदि के विश्वविद्यालयों में संसार भर के विद्यार्थी आकर भारतीय ज्ञानामृत से अपनी आत्मा को परिपुष्ट करते थे । पं. जवाहरलाल नेहरू ने इस संस्था के सम्बन्ध में ठीक ही कहा था—"जिसने शांति निकेतन को नहीं देखा उसने हिन्दुस्तान को ही नहीं देखा ।"

विश्व-भ्रमण और भारतीय संस्कृति का प्रचार

महाकवि रवीन्द्रनाथ ने अपनी रचनाओं द्वारा संसार में भारतीय संस्कृति का जो मान बढ़ाया वह भी उनकी एक महत्त्वपूर्ण सेवा है । अंग्रेजों ने हमारे देश को अपने अधीन करके केवल उसका आर्थिक शोषण ही नहीं किया था वरन् वे उसकी सभ्यता संस्कृति को अत्यन्त हीन साबित करके संसार को यह भी बतलाना चाहते थे कि वे भारत में शासन करके इन लोगों को 'सभ्य' बना रहे हैं । पर जिस समय महाकवि डेनमार्क की 'सहकारी शिक्षण पद्धति' का अध्ययन करने के उद्देश्य से इंग्लैण्ड पहुँचे और वहाँ उन्होंने अपनी 'गीतांजलि' की कुछ कविताओं का अनुवाद श्रेष्ठ अंग्रेज साहित्यकारों और कलाकारों को सुनाया तो विद्वानों में उनके नाम की धूम मच गई । तत्कालीन प्रसिद्ध अंग्रेज की योट्स के आग्रह पर "इण्डिया सोसाइटी" ने "गीतांजलि" का अंग्रेजी अनुवाद पुस्तकाकार सन् १९१२ में प्रकाशित किया । उसके आध्यात्मिक भावों की उच्चता और काव्य-सौन्दर्य से लोग इतने आकर्षित हुए कि सैकड़ों उनके दर्शनों को आने लगे और जगह-जगह उनके सम्मान में समारोह होने लगे । "गीतांजली" का सारांश एक लेखक के शब्दों में इस प्रकार प्रकट किया जा सकता है—

"गीतांजलि" में वैष्णव कवियों की प्रेम-भावना का अनुपम परिचय दिया गया है । साथ ही उसमें उपनिषदों के सर्वोच्च आध्यात्मिक विचारों का भी बड़ी मार्मिकता से समावेश है । कवि का यह अनूठा ग्रन्थ आध्यात्मिक गगन पर ज्ञान-सूर्य बनकर उदित हुआ है, जिसकी निर्मल ज्योति का प्रकाश समस्त विश्व का हृदय आलोकित कर रहा है । कवि लिखता है—"प्रभु की निकटता पाने के लिये बाह्य जप-तप-योग और वैराग्य की आवश्यकता नहीं । वह तो हृदय में स्पष्ट रूप से बैठा हुआ है और हम प्रत्येक क्षण उसके स्पर्श का अनुभव करके पुलकित हुआ करते हैं । कवि उस 'जीवन-देवता' को संसार में सभी ओर देखता है । इसी उद्देश्य से सब प्रकार के पापों और कुकर्मों से बचकर रहना चाहता है जिससे उसका शरीर भगवद्-स्पर्श योग्य रह सके । कवि को मृत्यु भी एक शत्रु की तरह नहीं, वरन् मित्र जान पड़ती है । एक गीत में वह कहता है—"मृत्यु दयामयी जननी है । जिस प्रकार माता बच्चे के मुँह से अपना एक स्तन छुड़ा लेती है तो वह दूसरा स्तन पाने के विश्वास से आश्वस्त रहता है; उसी प्रकार मृत्यु मानव रूपी शिशु को एक रिक्त जीवन से हटाकर दूसरे परिपूर्ण जीवन में प्रविष्ट कराती है ।"

इंग्लैण्ड से महाकवि अमेरिका गये । वहाँ भी उनका अपूर्व सम्मान हुआ और सैकड़ों संस्थाओं ने उनको भाषण के लिये निमन्त्रित किया । यूरोप और अमरीका में उन्होंने भारतीय ज्ञान को श्रेष्ठ और कमनीय रूप में प्रकट किया उससे हमारे देश का सम्मान बहुत बढ़ गया । वहाँ के निवासी कहने लगे कि जिस देश में रवीन्द्रनाथ के समान विचारक और विद्वान् उत्पन्न हो सकते हैं, उसे असभ्य और

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

असंस्कृत कैसे कहा जा सकता है ? उन्होंने समझ लिया कि भारत के विरुद्ध प्रचार करना अंग्रेज शासकों की स्वार्थपूर्ण नीति का ही एक अंग है । वेद और उपनिषदों के अध्यात्म-ज्ञान के प्रणेता, जिसका परिचय रवीन्द्रनाथ अपनी कविताओं में दे रहे हैं कभी असभ्य नहीं हो सकते ।

अमेरिका में महाकवि का जो अभूतपूर्व स्वागत-सम्मान हुआ, उसका बढ़ा-चढ़ा सचित्र वर्णन वहाँ के पत्रों में प्रकाशित होने से यूरोप के अन्य देश वालों में भी उनके सम्बन्ध में उत्सुकता पैदा हो गई और जगह-जगह से उनके पास निमन्त्रण आने लगे । इसलिये कुछ समय पश्चात् दुबारा उनको यूरोप यात्रा करनी पड़ी थी । डेनमार्क जाने का विचार तो वे बहुत पहले कर चुके थे । वहाँ की राजधानी कोपेनहेगेन में हजारों नगर निवासी उनके स्वागतार्थ आये । विश्वविद्यालय में उनका भाषण ऐसा पसन्द किया गया कि हजारों लड़कों और नागरिकों ने उनका जुलूस जलती हुई मशालों के साथ निकाला और इस प्रकार भारत की दार्शनिक और धार्मिक विचारधारा का हार्दिक सम्मान किया । स्वीडेन में भी उनका ऐसा ही सम्मान किया गया । वहाँ के जुलूस में सबसे आगे उस देश के लाट-पादरी (प्रधान धर्मगुरु) चल रहे थे । इतना सम्मान वहाँ किसी विदेशी विद्वान का कम ही देखने में आया था ।

जर्मनी वालों को तो आर्य संस्कृति पर विशेष अभिमान है और वेदों का सबसे अधिक प्रचार उसी देश में हुआ है । वहाँ के विश्वविद्यालय में रवीन्द्रनाथ का दर्शन करने और भाषण सुनने इतनी अधिक भीड़ हो गई कि सभा-भवन हॉल ही नहीं बरामदा और सीढ़ियाँ भी जन-समूह से भर गईं । दरबाजे और सीढ़ियों पर जन-समूह की अधिकता के कारण स्वयं महाकवि का सभा-मंच तक पहुँचना कठिन हो गया । उनके सम्बन्ध में लोगों ने जो बातें सुन रखी थीं उससे वे यही समझ रहे थे कि रवि बाबू भगवान ईसा मसीह के सदृश ही हैं और वास्तव में यूरोप में महाकवि को एड़ियों तक लम्बे लबादे, सफेद लम्बी दाढ़ी और सफेद सर के बालों ने एक ईसाई सन्त के रूप में ही परिवर्तित कर दिया था । जब वहाँ से कोई दर्शक हटने को राजी न हुआ तब एक अध्यापक बहुत-से लड़कों को लेकर बाहर चले आये और बाहरी दर्शकों को अपना स्थान देकर रास्ता साफ कराया । इस पर लड़के निराशा प्रकट करने लगे । महाकवि ने कहा—"तुम लोग खेद मत करो, कल मैं तुमसे अलग बातचीत करूँगा । उस सभा में चौदह-पन्द्रह हजार दर्शक इकट्ठे हो गये थे । जर्मनी में रवि बाबू की पुस्तकों का भी बड़ा आदर हुआ । तीन सप्ताह के भीतर उनकी एक पुस्तक की पचास हजार प्रतियाँ बिक गईं ।"

फ्रांस वालों ने भी स्वागत में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी । वहाँ के अधिकांश निवासी रोमन कैथोलिक सम्प्रदाय के अनुयायी हैं, जो भारतवर्ष के भक्ति-मार्ग से मिलता-जुलता है । महाकवि रवीन्द्र की पोशाक तथा आकृति पुराने ढंग के पादरियों से मिलती-जुलती जान पड़ती थी । इसलिये कितने ही लोग तो भक्तिपूर्वक झुककर उनके लबादे का किनारा चूमते थे और ताली पीटकर प्रसन्नता का भाव प्रकट करते थे ।

महाकवि जहाँ कहीं गये उन्होंने भारतीय अध्यात्म पर आधारित समानता तथा प्रेम का सन्देश ही दिया—"हम सब भाई-भाई हैं । अमीर-गरीब का भेद निरर्थक है । मनुष्य मनुष्य में कोई अन्तर नहीं । भाई के साथ द्वेष करना अथवा लड़ना धर्म नहीं है । सबसे प्रेम करना ही मानवता का सार है । प्रेम व भाई-चारे का व्यवहार संसार का सबसे बड़ा सत्य सिद्धान्त है ।"

नोबेल पुरस्कार की प्राप्ति

यूरोप के स्वीडेन देश में अल्फ्रेड नोबेल नाम के एक बहुत बड़े उद्योगपति हुए हैं, जिन्होंने अपनी सम्पत्ति का एक बहुत बड़ा भाग संसार के विद्वानों, वैज्ञानिकों और शान्ति प्रचारकों को पुरस्कार देने के लिये अर्पित कर दिया था । उसी संस्था की तरफ से प्रति वर्ष एक लाख बीस हजार रुपये का एक पुरस्कार संसार के किसी भी देश के ऐसे साहित्यकार को दिया जाता है, जिसकी रचना एक निर्णायक समिति द्वारा सर्वश्रेष्ठ स्वीकार करली जाये । सन् १९१३ में जब महाकवि यूरोप की यात्रा करके वापस आये तो कुछ ही सप्ताह में समाचार आया कि इस वर्ष का नोबेल पुरस्कार उनकी पुस्तक 'गीतांजलि' पर देने का निश्चय किया गया है । इस समाचार से समस्त भारत में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई । यह महाकवि की विद्वता और प्रतिभा का तो आदर था ही पर लोगों ने इसे एक राष्ट्रीय सम्मान भी समझा । महाकवि के सम्मान में वहाँ भी बड़ा समारोह किया गया । उस वर्ष लाट साहब की कोठी पर एक बड़ा दरबार हुआ तो उसी अवसर पर नोबेल पुरस्कार और एक तमगा उन्होंने अपने हाथ से महाकवि को प्रदान किया ।

संस्कृत भाषा में एक सुभाषित है कि 'धनवान अथवा राजा तो अपने देश में ही पूजा जाता है । पर विद्वान सर्वत्र पूजनीय होता है ।' यद्यपि उस समय भारतवर्ष पूर्ण रूप से अंग्रेजों के आधीन था और गोरी जातियाँ यहाँ के निवासियों को 'काला' कहकर उपेक्षा की दृष्टि से देखती थीं, पर उसी जाति का होने पर भी रवीन्द्रनाथ का सब जगह एक देवदूत अथवा राजा-महाराजाओं जैसा स्वागत किया गया । यह सब उनकी सरस्वती आराधना का ही

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

परिणाम था । उन्होंने स्कूल-कॉलेजों की सदोष शिक्षा-पद्धति से विरक्त होकर अपना मार्ग स्वयं ही बनाया और अपने अध्यवसाय से अपने को शिक्षित और ज्ञान सम्पन्न बनाया और फिर इस ज्ञान-साधना से स्वयं कोई लाभ न उठा कर उसका लाभ पूरी तरह अपने देशवासियों को दिया ।

कुछ समय पश्चात् भारत सरकार ने भी महाकवि के कार्य के महत्त्व को स्वीकार किया और उनको एक बहुत बड़ी पदवी प्रदान की । यह 'सर' अथवा 'नाइट' की पदवी सामान्यतः इंग्लैण्ड के रईसों और विशिष्ट देश सेवकों को दी जाती है । वही उन दिनों भारत के दो-चार गिने-चुने विद्वानों को दी गई, जिनमें रवीन्द्र भी एक थे । बंगाल के गवर्नर स्वयं शान्ति निकेतन गये और महाकवि के पास कई दिन तक अतिथि के रूप में ठहरे रहे । पर यह स्थिति थोड़े ही समय तक रही, क्योंकि भारतवर्ष में अंग्रेजों की शासन-नीति के विरुद्ध आन्दोलन चल रहा था और महाकवि को भी उससे पूरी सहानुभूति थी । वे भारतवासियों पर सरकारी अन्याय का खुलकर विरोध करते थे । जब रौलेट एक्ट के विरोध में आन्दोलन छिड़ा और अमृतसर के "जलियाँवाला बाग" की एक सार्वजनिक सभा में कई सौ व्यक्ति जनरल डायर द्वारा मशीनगन से भून डाले गये तो महाकवि ने भी उसका बड़ा विरोध किया और ऐसी सरकार से किसी प्रकार का सम्बन्ध रखना बुरा समझकर उसकी प्रदान की हुई 'सर' की पदवी को वापस कर दिया । इस अवसर पर समाज के वाइसराय लार्ड चेम्सफोर्ड को उन्होंने एक लम्बा पत्र लिखा, जिसमें कहा गया था—

"हमारी आँखें खुल गई हैं कि हमारी अवस्था कैसी असहाय है । अभागी भारतीय जनता को इस समय जो दण्ड दिया गया है उसका उदाहरण किसी सभ्य सरकार के इतिहास में नहीं मिल सकता । पर हमारे शासक इस कृत्य के लिये उल्टा अपने को शाबासी दे रहे हैं कि उन्होंने भारतवासियों को 'अच्छा सबक' सिखा दिया है । अधिकांश अधगोरे (ऐंग्लो इण्डियन) समाचार पत्रों ने इस निर्दयता की प्रशंसा की है और उनमें से कुछ ने तो पाशविकता की सीमा पर पहुँचकर हमारी यातनाओं का उपहास भी किया है । सरकारी अधिकारियों ने उन समाचार पत्रों पर तो किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं लगाया, उल्टा जनता के साथ सहानुभूति रखने वाले भारतीय समाचार पत्रों का ही गला दबाया । इस अवसर पर मैं कम से कम इतना तो कर ही सकता हूँ कि भारी से भारी दुष्परिणाम भोगने के लिये तैयार होकर अपने उन करोड़ों देशवासियों की विरोध भावना को व्यक्त करूँ, जो आतंक और भय के कारण चुपचाप सरकारी दमन को सह रहे हैं । समय आ गया है कि जब सरकार द्वारा प्रदत्त 'सम्मान के पट्टे' (पदवियाँ) राष्ट्रीय अपमान के साथ मेल नहीं खा सकते । वे हमारी निर्लज्जता को और भी चमका देते हैं । अतएव मैं विवश होकर सादर प्रार्थना करता हूँ कि आप मुझे सम्राट की दी गई 'नाइट' की उपाधि से मुक्त कर दें ।"

इस प्रकार महाकवि ने यह दिखला दिया कि जहाँ मानवता और राष्ट्रीयता का प्रश्न उपस्थित हो, वहाँ प्रत्येक क्षेत्र के व्यक्ति को आगे बढ़कर उसके विरोध में अपना दायित्व निभाना चाहिये । यद्यपि एक उच्चकोटि के कवि का दृष्टिकोण बड़ा व्यापक होता है और वह मानव मात्र को एक ही परमपिता की सन्तान मानकर सबको सम दृष्टि से ही देखता है, पर जब लोगों का एक समुदाय दूसरे समुदाय के साथ अमानवीय व्यवहार करे तो कवि का भी यह धर्म हो जाता है कि अन्याय के विरुद्ध स्वर ऊँचा करे । यद्यपि अपनी वृद्धावस्था और शान्त प्रकृति के कारण अंग्रेजों के विरुद्ध उग्र आन्दोलन में पूरी तरह भाग ले सकने में समर्थ नहीं थे, तो भी उन्होंने ब्रिटिश सम्राट द्वारा प्रदान की हुई इतनी बड़ी पदवी को ठुकरा कर और दण्ड के लिये प्रस्तुत होकर अपना असन्तोष अच्छी तरह प्रकट कर दिया । यही प्रत्येक स्वाभिमानी व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिये । अन्याय के सम्मुख सिर झुकाना बहुत बड़ी हीनता और कायरता की निशानी है ।

एशियाई देशों में सम्मान

यूरोप और अमेरिका के देशों में भ्रमण करने के पश्चात् महाकवि जापान, चीन, ईरान आदि एशियाई देशों में भी गये और वहाँ भी उनका राजसी स्वागत किया गया । जापान में वहाँ के एक बहुत बड़े राष्ट्र नेता ओकुमा ने उनकी प्रशंसा में जापानी भाषा में भाषण किया और रवि बाबू ने उसका उत्तर बंगला भाषा में दिया । जापान के विद्वानों ने महाकवि का बड़ा सम्मान किया । पर वहाँ भी उन्होंने अपनी न्यायप्रियता का परिचय दिया जिससे जापान सरकार उनसे नाराज हो गई । बात यह थी कि उन दिनों पड़ोसी चीन को निर्बल देखकर शक्तिशाली जापानी सरकार उस पर कब्जा करने की योजना बना रही थी । महाकवि को यह 'दस्युवृत्ति' कब पसन्द आ सकती थी । अतएव उन्होंने जापान में बैठकर ही वहाँ के शासकों की इस स्वार्थपूर्ण नीति की भर्त्सना की । निरंकुश और अधिनायकवाद में विश्वास रखने वाले शासनकर्ताओं को यह बात कैसे सहन हो सकती थी ? फिर भी महाकवि ने उनकी चिन्ता न करके अपनी निष्पक्ष सम्मति प्रकट कर दी और उनके देश से अपेक्षाकृत शीघ्र ही चले आये ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कुछ समय पश्चात् पीकिंग विश्वविद्यालय के निमन्त्रण पर चीन भी गये । रास्ते में बर्मा, सुमात्रा, बाली, जावा आदि में भी उनका स्वागत किया गया । चीन में तो उनका ऐसा स्वागत-समारोह किया गया जैसा राजा-महाराजाओं का ही किया जाता है । फौजी अफसर उनकी देख-भाल करते थे । प्रत्येक स्टेशन पर इस बात की पूछताछ की जाती थी कि उनको किसी बात की असुविधा तो नहीं है । चीन के विद्यार्थियों के आग्रह पर महाकवि को सम्राट के महल के पास ही ठहराया गया । चीन सम्राट ने यद्यपि उस समय प्रजातन्त्र स्थापित हो जाने से उन्हें शासन-भार से मुक्त कर दिया गया था, स्वयं अपने महल में उनकी बड़ी खातिर की । घन्टा भर तक बात-चीत की और एक बहुत पुरानी बहुमूल्य तस्वीर उन्हें भेंट स्वरूप दी । पर महाकवि इस राज्य सम्मान को पाकर भी सामान्य जनता को नहीं भूले । उन्होंने सार्वजनिक सभा में कहा—"भाइयो ! मैं एक सामान्य कवि हूँ । पर मैं एक मनुष्य हूँ और उसी हैसियत से तुम्हारे सामने खड़ा हूँ । मेरे हृदय में तुम सबके लिये ऊँचा स्थान है । तुमने भी मुझे बड़े प्रेम के साथ अपनाया है । इस प्रकार का प्रेम बराबर वालों में ही हो सकता है । मैं भी तुमसे बड़ा नहीं बराबर का ही हूँ ।

जिन दिनों महाकवि चीन में ठहरे थे, तभी उनकी वर्षगाँठ का अवसर आ गया । चीन वालों ने अपनी पद्धति के अनुसार समारोह मनाया और उनके लिये शानदार नीले रंग का पैजामा, नारंगी रंग का घीसा कुर्ता और बैंगनी रंग की सुन्दर टोपी तैयार की गई और लोगों के आग्रह से महाकवि को उस पोशाक को धारण करके उस समारोह में भाग लेना पड़ा । वहाँ के लोग उनको अपने जातीय स्वरूप में देखकर बड़े प्रसन्न हुए और उनको चु-चेनतांग का नया नाम दिया जिसका अर्थ होता है 'बड़' के समान शक्तिशाली भारत—पूर्व !'

ईरान भी प्राचीन काल से बड़े-बड़े कवियों की भूमि रही है । वहाँ के बादशाह ने स्वयं निमन्त्रण भेजकर विश्व-कवि का अपने यहाँ अपूर्व स्वागत किया । इटली पहुँचने पर वहाँ के तानाशाह मुसोलिनी ने कहा—"मैं आपकी रचनाओं को बड़े प्रेम से पढ़ता हूँ और मुझे वे पसन्द आती हैं ।" इटली में उनको सरकारी मेहमान की हैसियत से रखा गया और उसी तरह का सब इन्तजाम किया गया जैसा अन्य देशों के बड़े शासकों या राजाओं के आने पर किया जाता है ।

स्विट्जरलैण्ड का देश प्राकृतिक शोभा की दृष्टि से यूरोप का "नन्दन कानन" माना जाता है । ऐसी भूमि कवियों के लिये स्वभावतः आकर्षक और प्रसन्नता दायक होती है । वहाँ की शोभा देखकर महाकवि बहुत प्रसन्न हुए और यूरोप वालों को अपना सन्देश देते हुए कहा—"भारत की सभ्यता बहुत पुरानी है । इसकी मिट्टी के कण-कण में सत्य की भावना पाई जाती है । भारत ने ही उस समय यूरोप को शिक्षित बनाया था जिस समय यूरोप के लोग आदिम अवस्था में थे और ज्ञान-विज्ञान से अपरिचित थे, उस समय भारत एक महान् और सभ्य देश था । वहाँ के निवासी जलयानों द्वारा दूर-दूर के देशों में गये और वहाँ अपनी शिक्षा व संस्कृति का प्रचार किया ।"

महाकवि रूस भी गये, जहाँ की सभ्यता, संस्कृति सब एक नये साँचे में ढाली गई है । वहाँ अमीर-गरीब का भेद नहीं रखा गया है और सबको परिश्रम करके ही जीवन-निर्वाह करना पड़ता है । वहाँ का शासन प्रबन्ध सामान्य जनता के प्रतिनिधि चलाते हैं । वहाँ पर सब प्रकार के उद्योग-धन्धे तथा खेती सहकारी पद्धति पर चलाये जाते हैं जिसमें कोई एक व्यक्ति स्वामी नहीं होता । इस प्रकार की व्यवस्था को देखकर महाकवि बहुत प्रभावित हुए । उन्होंने रूस की प्रशंसा में कितने ही पत्र लिखकर अपने इष्टमित्रों और घर वालों को भेजे । जिस बात को वहाँ पर उन्होंने सबसे अधिक पसन्द किया वह थी वहाँ के लोगों में बराबरी की भावना । कोई किसी को छोटा-बड़ा नहीं समझता । हम भारतवासी भी मनुष्य मात्र को एक ही ईश्वर की सन्तान मानकर सबको बराबर बतलाते हैं । इतना ही नहीं हमने इससे भी आगे बढ़कर 'आत्मवत् सर्व भूतेषु' के सिद्धान्त की घोषणा की है । पर व्यवहार में हम 'महान् सिद्धान्तों' के प्रतिकूल ही चलते हैं । हम अपने ही समाज के एक अंग—अछूतों के साथ जैसा निकृष्ट व्यवहार करते हैं उसकी तुलना संसार के किसी भी देश में नहीं मिलती । महाकवि रवीन्द्र ने इस त्रुटि को बहुत अच्छी तरह समझा और इसीलिये रूस का उदाहरण दिखलाकर हमको समता का व्यवहार अपनाने की प्रेरणा दी ।

रवीन्द्रनाथ और गाँधी जी

महात्मा गाँधी के साथ रवीन्द्रनाथ का बड़ा प्रेम था, और इन दो महामानवों को निकट लाने का कार्य किया था तीसरे महामानव एण्ड्रूज ने । एण्ड्रूज साहब असली अंग्रेज थे और विलायत के ईसाई मिशन की नौकरी करके दिल्ली के एक क्रिश्चियन कॉलेज में पढ़ाने आये थे । पर अंग्रेजों की अहमन्यता तथा भारतवासियों के प्रति उनका दुर्व्यवहार देखकर उनका हृदय बड़ा व्यथित हुआ और वे भारतवर्ष को उसका न्यायपूर्ण अधिकार दिलाने के समर्थक बन गये । वे ईसाइयों के कॉलेज की नौकरी छोड़कर महाकवि रवीन्द्रनाथ के शान्ति निकेतन में चले आये और भारतीय

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

युवकों को शिक्षा देने के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर यहाँ के राजनैतिक आन्दोलन में भी भाग लेने लगे । महाकवि की अनुमति से वे महात्मा गाँधी के सत्याग्रह आन्दोलन में सहायतार्थ दक्षिण अफ्रीका गये । रास्ते में उनको अन्य गोरे यात्रियों ने बहुत डराया कि तुमको दक्षिण अफ्रीका का शासनकर्त्ता जरनल स्मट जहाज से उतरते ही गिरफ्तार कर लेगा । पर मि. एण्ड्रूज ने इन बातों की चिन्ता न करके दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह संग्राम में गाँधी जी की बड़ी सहायता की और उनकी अधिकांश माँगों को स्वीकार कराके दोनों पक्षों में सुलह करा दी । वे गाँधी के पुत्रों को लेकर शान्ति निकेतन में वापस आये और जब गाँधी जी अफ्रीका से भारत आये तो उनको भी शान्ति निकेतन में ठहराया । गाँधी जी महाकवि को 'गुरुदेव' कहकर सम्बोधित करते थे और विद्या तथा आयु की दृष्टि से वे इस पदवी के योग्य भी थे । रवीन्द्रनाथ भी गाँधी जी से अत्यन्त प्रेम रखते थे । जब यरवदा जेल में गाँधी जी ने सरकारी नीति के विरोध में आमरण अनशन किया तो महाकवि उनकी कुशलता के लिये चिन्तित होकर स्वयं पूना गये और गाँधी जी से मिलकर उनके छुटकारे के लिये विलायत की सरकार के पास तार भेजा उनके प्रयत्न से दोनों में समझौता हो गया और गाँधी जी ने अनशन छोड़ दिया । उस समय गाँधी जी का स्वास्थ्य बड़ा नाजुक हो गया था और महाकवि बराबर उनके बिस्तर के पास बैठकर देख-भाल करते रहते थे । गाँधी जी को रवीन्द्रनाथ का संगीत बहुत प्रिय था । अनशन छोड़ने के दिन उन्होंने महाकवि के मुख से ही एक सुन्दर गीत सुना ।

पर व्यक्तिगत रूप में ऐसा प्रगाढ़ प्रेम होने पर भी राजनीतिक आन्दोलन के सम्बन्ध में दोनों में बहुत कुछ मतभेद भी रहता था । जब गाँधी जी ने अपने आन्दोलन का आधार अहिंसा को बनाया तो वह उनको पसन्द आया । पर जब उन्होंने असहयोग की घोषणा करके लड़कों को स्कूल और कॉलेज छोड़ने के लिये कहा, विलायती कपड़ों की होली जलाने का कार्यक्रम आरम्भ किया तो महाकवि ने उसका विरोध किया । वे कहते थे कि इस प्रकार लड़कों को भड़काने से वे आवारा बन जायेंगे । वस्त्र बहिष्कार और चरखा के सम्बन्ध में वे कहते थे—"गाँधी जी मशीनों के खिलाफ हैं तो मेरी भी वही सम्मति है । पर हमारी बुराइयों की जड़ तो भीतरी कमजोरी है । हम चलने, बोलने और हँसने में भी डरते हैं । अंग्रेज सरकार के हुक्म पर उठते-बैठते हैं । हमारी अपनी ताकत कुछ भी नहीं । हम कायर हैं, सरकार से हर बात में डरते रहते हैं । इस जबर्दस्ती के मैं विरुद्ध हूँ । पर गाँधी जी भी लोगों पर ऐसी ही जबर्दस्ती कर रहे हैं । वह देश को स्वतन्त्र करना चाहते हैं पर लोगों के स्वतन्त्र-विचारों पर वह हुक्म चला रहे हैं । इस तरह अगर हमको स्वतन्त्रता मिल भी जायेगी, तो भी हम सच्चे अर्थों में स्वतन्त्र न हो सकेंगे ।"

'विश्व भारती' और 'श्री निकेतन' की स्थापना

रवीन्द्रनाथ केवल कवि और कलाकार ही नहीं थे वरन् जैसा हम अन्यत्र लिख चुके हैं वे एक सच्चे कर्मयोगी भी थे । जहाँ वे एक ओर शान्ति निकेतन में बालकों और युवकों को विद्या, कला, ज्ञान की शिक्षा देते थे, वहीं सन् १९१२ में ही उन्होंने शान्ति निकेतन से ३ मील पर बहुत-सी जमीन खरीद कर 'श्री निकेतन' की स्थापना की । इस संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि, उद्योग और व्यवसाय का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था । अब तक यहाँ से हजारों विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करके सफलतापूर्वक देश की प्रगति में योगदान कर चुके हैं ।

महाकवि ने यूरोप, अमेरिका के विद्वानों और विश्वविद्यालयों के निमन्त्रण पर उन देशों की आठ बार यात्रा की थी और वहाँ की प्रगति तथा परिस्थितियों का सूक्ष्म निरीक्षण किया था । उन्होंने इस तथ्य को भली प्रकार समझ लिया कि जहाँ भारत को यूरोप से पुरुषार्थ और भौतिक साधनों में प्रगति सम्बन्धी शिक्षा ग्रहण करने की आवश्यकता है, वहाँ यूरोप भी भारत से अध्यात्म विषयक ज्ञान प्राप्त करके अपनी स्थिति को सुदृढ़ कर सकता है । इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उन्होंने 'विश्व भारती' की स्थापना की । इसका आदर्श-वाक्य (मोटो) रखा गया "विश्व भवत्येकं नीडम्" अर्थात् "यहाँ सारे संसार को शरण मिल सकती है ।"

सचमुच वर्तमान युग में विश्व की सबसे बड़ी समस्या यही है कि वह भौतिकवाद और अध्यात्मवाद में समन्वय किस प्रकार करे ? अब तक विश्व की अधिकांश संस्कृतियों का विकास एकांगी हुआ है । कम से कम पिछले पाँच-सात सौ वर्ष से यूरोप भौतिक साधनों और शक्ति को बढ़ाने में लगा हुआ है और एशिया के देश इस बीच में प्रायः प्राचीनता के नाम पर आध्यात्मिक विषयों पर ऊहापोह में तल्लीन रहे । वास्तविक अध्यात्म तो बहुत उच्चकोटि का और चारों पुरुषार्थों को प्रदान करने वाला मार्ग है पर जब मनुष्य केवल उसके सैद्धान्तिक ढाँचे को ग्रहण कर लेता है और वास्तविक शक्ति से रहित होकर सांसारिक दृष्टि से उसका पतन हो जाता है और वह परमुखापेक्षी बन जाता है । इसी स्थिति को देखकर आज अधिकांश शिक्षित कहलाने वाले 'अध्यात्म' को एक निकम्मी चीज समझने लगे हैं और भारतवर्ष को ही इसका सबसे बड़ा उदाहरण बतलाते हैं ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

महाकवि ने इस समस्या को अच्छी तरह समझा था और इसी को हल करने के लिये आदर्श के रूप में 'विश्व भारती' की स्थापना की थी । उनका उद्देश्य यही था कि जिस प्रकार यूरोप अमेरिका की कुछ संस्थायें भारतीय छात्रों को विज्ञान और आधुनिक कला-कौशल की शिक्षा दे रही हैं उसी प्रकार भारत में भी कोई संस्था ऐसी होनी चाहिये, जहाँ सब देशों के ज्ञानाभिलाषी सम्मिलित हों । अध्यात्म के सिद्धान्त और व्यवहार को जानने की सुविधा प्राप्त कर सकें । इसीलिये उन्होंने संसार भर के देशों का कई-कई बार भ्रमण करके वहाँ के विद्वानों तथा संस्थाओं से सम्बन्ध स्थापित किया और उनके तथा अपने विचारों के आदान-प्रदान की व्यवस्था की । इसके परिणामस्वरूप वे 'विश्व भारती' का शिक्षाक्रम ऐसा आकर्षक और सर्वोपयोगी बना सके कि प्रत्येक देश और मजहब के विद्यार्थी उसमें अपनेपन की भावना को उपलब्ध करने लगे । इसी से भारत के अनेक हिन्दू-मुस्लिम शासकों, भारत सरकार, चीन सरकार, विदेशों के धनियों तथा संस्थाओं ने उसे सहायता और सहयोग दिया, उसमें संसार के सभी प्रमुख देशों के उच्च कोटि के साहित्य, इतिहास, धर्म और संस्कृति के अध्ययन की व्यवस्था है । इसमें उच्च शिक्षा प्राप्त व्यक्ति ही भाग लेते हैं । अन्य विद्यार्थियों के लिये 'शान्ति निकेतन' का शिक्षाक्रम इससे पृथक है । वह प्रातःकालीन प्रार्थना से आरम्भ होकर रात्रि में भी समस्त छात्रों के सामूहिक गायन से समाप्त होता है ।

ज्ञान-यज्ञ के सर्वहुत होता

जैसा पाठकों को अब तक के जीवन-वृतान्त से प्रतीत हुआ होगा महाकवि रवीन्द्र संसार के उन इने-गिने मानव तन धारियों में से एक महान आत्मा थे, जिनका जन्म किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिये ही होता है । इसलिये वे संसार में चाहे धन, मान, पदवी प्राप्त करके बड़े आदमी कहलायें, चाहे लँगोटी लगा और सूखी रोटी खाकर निर्धन अवस्था में रहें, पर वे कोई ऐसा महान् कार्य पूरा कर जाते हैं जिससे आगामी पीढ़ियाँ सैकड़ों वर्षों तक उनका गुणानुवाद करती रहती हैं । महाकवि रवीन्द्र वंशक्रम से उच्च पदस्थ और धनी व्यक्ति थे और तत्पश्चात् अपनी अप्रतिम योग्यता से भी उन्होंने बहुत कुछ कमाया । उनकी लिखी पुस्तकों की बिक्री भी देश-विदेश में इतनी हो जाती थी कि उससे भी काफी आय होती थी । पर इस सम्पत्ति को उन्होंने 'ज्ञान-यज्ञ' में समर्पित कर दिया ।

उनका यह 'ज्ञान-यज्ञ' 'शान्ति निकेतन' और 'विश्व भारती' के रूप में था । यद्यपि इसमें रहने वालों का रहन-सहन बहुत सादा और सात्विकतापूर्ण था, तो भी जब उसका अधिक विस्तार हो गया और उसमें एक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की योग्यता के शिक्षकों को रखने की आवश्यकता पड़ी तो उनके निजी साधन अपर्याप्त सिद्ध हुए । बाहर के धनिकों ने स्वेच्छा से जो सहायता दी वह भी इस व्यय की पूर्ति न कर सकी । इस पर भी महाकवि ने हिम्मत नहीं हारी और वे बहुत-सा काम अपने हाथ से ही करके उसका संचालन करते रहे । अन्तिम वर्षों में जब वे ८० वर्ष के लगभग हो चुके तो संस्था के लिये धन का ऐसा अभाव हुआ कि उन्होंने नाटकों में अभिनय करके उसके लिये धन एकत्रित करने का निश्चय किया । तदनुसार वे अपनी शिष्य मण्डली के साथ बाहर निकले और कई स्थानों में अभिनय किये । जब गाँधी जी ने यह सुना कि महाकवि को इस अन्तिम अवस्था में स्वास्थ्य के ठीक न होते हुए भी संस्था के व्यय-निर्वाह के लिये नगर-नगर भटकना पड़ रहा है, तो उन्होंने अपने एक धनिक अनुयायी को उनकी सहायता के लिये प्रेरणा दी और बम्बई पहुँचते ही महाकवि को ६० हजार का एक चेक प्राप्त हो गया । व्यय की समस्या हल हो जाने पर अपने आश्रम में वापस आ गये ।

महापुरुषों का यही लक्षण बताया गया है कि सम्पत्ति-विपत्ति में अपनी चित्तवृत्ति को सन्तुलित रखें और उद्देश्य से किसी दशा में पीछे पैर न हटावें । भला-बुरा समय सब पर आता है; सुख-दुःख, हानि-लाभ, सफलता-असफलता, मान-अपमान के द्वन्द्व से कोई बच नहीं सकता तो फिर अपनी निर्बलता प्रकट करने से, अपनी चित्तवृत्ति को हीन बनाने से क्या उपकार हो सकता है ? जो निर्बल चित्त पुरुष अपना दुःख चाहे जिसके सामने रोते रहते हैं, उनकी सहायता तो कोई करता नहीं, उल्टा सामने नहीं तो पीठ-पीछे हँसी उड़ाने वाले अनेक निकल आते हैं । इसलिये श्रेष्ठ मनुष्यों की कार्यप्रणाली यही होती है कि वे किसी भी परिस्थिति में धैर्य नहीं छोड़ते और फल की चिन्ता न करके अपने कर्त्तव्य-पालन में लगे रहते हैं । इसका परिणाम प्रायः यह होता है कि, ईश्वर उनकी सहायता करता है जो अपनी सहायता आप करते हैं, वाली कहावत के अनुसार किसी न किसी स्रोत से उनको सहायता भी मिल जाती है । यदि सहायता न भी मिले तो हृदय में यह सन्तोष रहता है कि हमने अपनी सामर्थ्य भर उद्योग कर लिया, सफलता-असफलता तो परमात्मा के अधीन है ।

इसी दैवी नियम को अपना आदर्श मानकर महाकवि दोनों संस्थाओं का संचालन अपने जीवन के अन्तिम वर्ष (१९४१) तक करते रहे । सन् ४० के सितम्बर से ही वे बीमार हो गये और मई १९४१ तक हालत खराब रही । इलाज के लिये उनको शान्ति निकेतन से कलकत्ता लाया गया जहाँ प्रसिद्ध डॉक्टर उनकी देख-भाल करते थे । उस

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

समय गाँधी जी ने अपने प्राइवेट सेक्रेटरी महादेव देसाई को उनका समाचार लेने वर्धा से कलकत्ता भेजा । गाँधी जी का प्रेमपूर्ण सन्देश सुनकर उनकी आँखों से आँसू बहने लगे । इसके पहले कभी किसी ने उनकी आँखों में आँसू नहीं देखे थे । गाँधी जी के हार्दिक प्रेम ने ही उनके हृदय को इस प्रकार द्रवित कर दिया ।

इसके बाद बीच में उनकी तबियत कुछ सँभली । महाकवि की वर्षगाँठ बैसाख महीने में बड़ी धूम-धाम से मनाई गई । सब आश्रमवासियों ने खूब सजावट की और महाकवि को अनेक वस्तुयें भेंट दी गईं यद्यपि सब लोग उनको देखकर यह नहीं जानते थे कि यही उनकी अन्तिम वर्षगाँठ है, पर वे स्वयं इस बात को अच्छी तरह समझते थे । उन्होंने उस अवसर पर जो कविता बनाई उसमें आने वाली मृत्यु का स्पष्ट संकेत था ।

वर्षा आरम्भ होने पर उनका स्वास्थ्य फिर बिगड़ने लगा और इलाज के लिये फिर कलकत्ता जाना पड़ा, वहाँ सात जून १९४१ को उन्होंने अन्तिम साँस ली और अपना कर्त्तव्य पूरा करके जहाँ से आये थे वहीं चले गये ।

रवीन्द्र का साहित्य और कला

भारतवर्ष में कवियों और ग्रन्थकारों की कमी नहीं है । सभी प्रदेशों में और भाषाओं में दो-चार ऐसे कवि और रचयिता अवश्य हुए हैं जिनका नाम और यश स्थायी हो गया है इन सबकी रचनायें उत्कृष्ट श्रेणी की और मानव-मन को श्रेष्ठता का मार्गदर्शन कराने वाली हैं । पर रवीन्द्र के काव्य और कथा-साहित्य में कई ऐसी विशेषतायें हैं जो उनको सच्चे अर्थ में विश्व कवि बनाती हैं ।

पहली विशेषता यह है कि उन्होंने जो कुछ लिखा है वह किसी एक देश या जाति के लोगों को लक्ष्य करके नहीं लिखा । एक सच्चे अध्यात्मवादी की तरह उनको मनुष्यों के बीच किसी तरह का अन्तर नहीं जान पड़ता, वरन् 'एकोऽहम् बहुस्याम' की वैदिक घोषणा के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति उनको एक ही स्रोत से निर्गत प्रतीत होता है । यद्यपि उन्होंने अपनी रचनायें बँग्ला भाषा में लिखीं, इस कारण उनमें जो नाम आदि आये और जिन प्राकृतिक वातावरण तथा दृश्यों का चित्रण किया गया, वह अधिकांश में वहीं से सम्बन्धित था, तो भी उनका लक्ष्य मानव मात्र को अपना सन्देश सुनाना रहा । उनके द्वारा रचित बहुसंख्यक पुस्तकों पर इसी दृष्टि से विचार करते हुए एक विद्वान् ने रवीन्द्र-साहित्य का विश्लेषण इन शब्दों में किया है—

'कबीन्द्र-रवीन्द्र की प्रतिभा सर्वतोमुखी थी । उन्होंने कविता की है, कहानियाँ लिखी हैं और नाटक निर्मित किये हैं, उपन्यास रचे हैं और निबन्ध लिखे हैं । कितनी विविधता है उनके साहित्य में, शायद ही उनके समकालीन किसी लेखक का 'केनवास' (क्षेत्र) इतना विस्तीर्ण हो । रवि ठाकुर का साहित्य किसी देश और काल का साहित्य नहीं वह साहित्य है समस्त विश्व का और सब कालों का । वह संसार की मानवता से सम्बन्ध रखता है और चिर-समस्याओं सम्बन्धी सन्देश देता है । प्यासी मानवता के लिये वह खारा समुद्र न होकर क्षीर-सागर है । वे मानव दुःखों के निवारणार्थ समाज की कटु या तीखी आलोचना करके अपने साहित्य द्वारा कोई व्याख्यान नहीं देते, पर जो कुछ कहते हैं मानव की निर्बलताओं को अत्यन्त सहानुभूतिपूर्वक देखते हुए कलात्मक ढंग से । फिर उनका कथन उस देवदूत के सदृश जान पड़ता है जो मानव के सामाजिक सम्बन्धों से जकड़ा हुआ नहीं है । वह उनसे कुछ दूर है, कुछ हटा हुआ, पर इतनी दूर और इतना हटा हुआ भी नहीं कि निस्पृह और सहानुभूति से रहित हो जाये ।

"उनका साहित्य ऐसी मनोदशा में रचा हुआ जान पड़ता है, जो मनोदशा उसी मन की हो सकती है, जो छोटे-से शरीर में रहते हुए भी अपने को समस्त सृष्टि में व्याप्त अनुभव करे । इसीलिये उनके साहित्य में अत्यधिक व्यापकता है । वह तर्क पर आश्रित नहीं श्रद्धा पर आश्रित है । वह श्रद्धा किसी प्रकार के अन्ध-विश्वासों की श्रद्धा नहीं है, पर यह ऐसी श्रद्धा है जो अनित्य और अस्थायी वस्तुओं से परे नित्य और स्थायी वस्तु पर ही रह सकती है । रवि ठाकुर के साहित्य में किसी प्रकार के सिद्धान्त की कट्टरता या हठधर्मी अथवा वाद-विवाद नहीं मिलेगा । उसका लक्ष्य है मानवता को हर दृष्टि से सच्चा मानव बनाने और उसे ऊँचा उठाने का । कवि सम्राट का इस प्रकार का साहित्य इसलिये हो सका कि उनके आस्तिक और आशावादी मन को मानव की निर्बलतायें आच्छादित नहीं कर पाईं ।"

"सत्य तो यह है कि महाकवि रवीन्द्र भारतवर्ष के प्राचीन महाकवियों की परम्परा में से थे और महाभारत तथा रामायण जैसी दैवी भावयुक्त रचनाओं से प्रेरणा ग्रहण करके वे उसी मार्ग पर चले थे । व्यास, वाल्मीकि, तुलसी आदि महाकवियों ने जो कुछ लिखा है, वह यद्यपि हिन्दूधर्म से सम्बन्धित माना जाता है, पर इस वैज्ञानिक-युग में भी यूरोप और अमेरिका के विद्वान् उसे अपनी भाषाओं में अनुवादित करके और अध्ययन करके उसे महत्त्व दे रहे हैं । इसका कारण यही है कि उन्होंने जो कुछ कहा है वह मानव मात्र को एक मानते हुए ही कहा गया है । महाकवि रवीन्द्र भी इसी मार्ग के अनुयायी थे और उनकी रचनायें किसी संकीर्ण घेरे में आबद्ध न होकर विश्व-मानव की एकता और श्रेष्ठता का ही सन्देश देती हैं ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन

उत्तर प्रदेश के अंग्रेज गवर्नर लखनऊ से प्रयाग आकर इलाहाबाद के गवर्नमेन्ट हाउस में कुछ दिन तक निवास करने वाले थे । यह शानदार इमारत उस समय बनाई गई थी जब इस प्रान्त की राजधानी इलाहाबाद ही थी और गवर्नर वहाँ स्थायी रूप से रहा करते थे । पर राजधानी के लखनऊ स्थानान्तरित हो जाने से यह 'लाट साहब की कोठी' प्रायः खाली पड़ी रहती थी, यद्यपि पुलिस का एक गारद अब भी उसकी रखवाली के लिये तैनात था । इसलिये साल में एकाध महीने के लिये जब गवर्नर उसमें आकर ठहरते थे, तो वहाँ बड़ी तैयारियाँ होतीं और हर चीज की सफाई की जाती । उसमें एक तालाब या बड़ा कुण्ड भी था, जो वैसे खाली पड़ा रहता था पर आवश्यकता पड़ने पर नल के पानी से भर दिया जाता था । एक वर्ष जिस समय 'गवर्नर साहब' इलाहाबाद पधारे, वहाँ पानी का बड़ा अभाव था । वर्षा की कमी से यमुना नदी की धारा क्षीण पड़ गई थी और नलों में इतना पानी भी कठिनता से आता था जिससे नगर-निवासी अपनी प्यास बुझा सकें । सार्वजनिक नलों के सामने सदा बर्तन हाथ में लिये स्त्री, पुरुष और बच्चों की भीड़ लगी रहती थी और पानी के लिये प्रायः कहा-सुनी और झगड़े होते रहते थे ।

ऐसे जल-कष्ट के समय गवर्नमेन्ट हाउस के तालाब में हजारों मन पानी केवल एक व्यक्ति के स्नान के लिये बर्बाद कर देना निश्चय ही घोर हृदयहीनता का परिचायक था । पर लखनऊ के आजीवन रंगरेलियाँ मनाने वाले 'नबावों के उत्तराधिकारी' गवर्नर साहब को गरीब भारतवासियों के प्यासे रहने की क्या चिन्ता हो सकती थी ? जब गवर्नमेन्ट हाउस में पदार्पण करने पर उन्होंने देखा कि तालाब सूखा ही पड़ा है तो उनके दिमाग का पारा कुछ ऊँचा चला गया और उन्होंने अपने प्राइवेट सेक्रेटरी को म्युनिसपैलिटी के चेयरमैन के पास जबाव तलब करने के लिये भेजा कि इस प्रकार की 'गलती' क्यों हुई और अब तालाब को तुरन्त भरा जाये । उस युग में अंग्रेज गवर्नर का पद 'भगवान के पद' से कुछ ही कम समझा जाता था और अधिकांश भारतीय पदाधिकारी उनकी अप्रसन्नता का ख्याल करके काँप उठते थे । पर अंग्रेज गवर्नर के अंग्रेज प्राइवेट सेक्रेटरी के आश्चर्य का उस समय ठिकाना न रहा जब इलाहाबाद म्युनिसपल बोर्ड के चेयरमैन ने उनको टका-सा जबाव दे दिया कि 'नगर की जनता को प्यासा मारकर गवर्नर साहब के स्नान के लिये नल के पानी से तालाब नहीं भरा जा सकता है ।' प्राइवेट सेक्रेटरी ने अपना अंग्रेजी रौब-दाब दिखाकर काम निकालना चाहा पर चेयरमैन की दृढ़ता के सामने उसकी एक भी न चली ।

उस युग में समस्त प्रान्त के कर्त्ता-धर्त्ता गवर्नर के आराम की उपेक्षा करके गरीब जनता के कष्टों और अभावों का ख्याल रखने वाले, और अपने आत्म-बल से अंग्रेज अधिकारी को फटकार देने वाले चेयरमैन थे—राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन । वे उन थोड़े से भारतवासियों में से थे जो उस अंग्रेज-प्रधान युग में भी अपने जातीय गौरव की रक्षा के लिये तत्पर रहते थे । वे उन कर्तव्यपरायण लोगों में से थे जो अपने वास्तविक उत्तरदायित्व का निर्वाह करने के लिये न पदवी की परवाह करते हैं, न धन की और न सुख-दुःख की । जनता के मध्य अन्य लोगों की तरह ही रहने के कारण वे अच्छी तरह जानते थे कि पानी की कमी के कारण नागरिकों को कितनी असुविधा सहन करनी पड़ रही है और गरीबों की स्थिति कैसी कष्टजनक हो रही है । ऐसे समय में एक व्यक्ति के मनोविनोद के लिये हजारों मन पेय-जल को तालाब के भरने में बर्बाद करना नैतिकता की दृष्टि से निःसन्देह एक अक्षम्य अपराध था । यदि और कोई सरकारी कृपा का भिखारी 'रायबहादुर' या 'रायसाहब' चेयरमैन होता तो वह सिर के बल चलकर गवर्नर की आज्ञापालन करता । पर खद्दर का फटा कुरता और टाट का जूता पहनने वाले टण्डन जी इन बातों को कैसे महत्त्व दे सकते थे ? उन्होंने गवर्नर की प्रसन्नता के बजाय सेवा-धर्म के पालन को ही उच्च माना ।

उसी 'चेयरमैन' के जमाने की दूसरी घटना भी उनकी महानता पर प्रकाश डालने वाली है । अपने पद का भार सँभालने के कुछ ही समय बाद म्युनिसपैलिटी का हिसाब-किताब देखने पर उनको जान पड़ा कि नल के टैक्स का कई हजार रुपया इलाहाबाद सैनिक छावनी के अधिकारियों के नाम वसूल होने को पड़ा है । यद्यपि टैक्स का बिल नियमित रूप से छावनी के बड़े अफसर के पास भेजा जाता था, पर वे उसकी तरफ ध्यान ही नहीं देते थे । इसके पहले अन्य चेयरमैनों को भी इसका पता था, पर फौजी अंग्रेज अफसर से कड़ा तकाजा करने का उनको साहस न होता था । टण्डन जी ने स्थिति को समझकर एक के बाद एक कई पत्र तकाजे के उनको भिजवाये और जब उन्होंने उस पर कुछ ध्यान न दिया, तब आपने उनको नोटिस दिया कि "यदि एक सप्ताह के भीतर रुपया जमा

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

नहीं किया तो फौजी क्षेत्र में पानी का जाना रोक दिया जायेगा ।" फौजी अफसर ने इसको भी कोरी धमकी समझा और टैक्स की रकम अदा न की । बस टण्डन जी ने पानी को रोकने की आज्ञा दे दी और एक ही दिन में सहाब लोगों के बँगलों में 'हाय-तोबा' मच गई । विवश होकर अफसर साहब दौड़े हुए आये और बकाया रकम का एक भाग जमा करके तथा शेष को शीघ्र ही भेजने का वायदा करके टण्डन जी से पानी को खोल देने की प्रार्थना की । इस प्रकार उन्होंने निरंकुश फौजी अधिकारियों से सार्वजनिक धन की एक बड़ी रकम वसूल करके उसे जनहितकारी कार्यों में लगाया ।

आरम्भिक जीवन

श्री पुरुषोत्तमदास टण्डन (सन् १८८१-१९६२) का जन्म इलाहाबाद के एक साधारण परिवार में हुआ था । आपके पिता श्री सालिगराम एकाउण्टेण्ट जनरल के दफ्तर में नौकरी करते थे और समय की परिस्थितियों में उनकी आर्थिक दशा सामान्य थी । टण्डन जी अपने स्कूली-जीवन में एक बुद्धिमान विद्यार्थी माने जाते थे, पर वे खिलाड़ी भी एक नम्बर के थे । साथ ही उनमें निर्भीकता भी कूट-कूट कर भरी थी । दस वर्ष की आयु में आप एक दिन सिविल लाइन की तरफ घूमने चले गये, वहाँ कुछ अंग्रेज लड़कों से कहा सुनी हो गई और इन्होंने उनको खूब पीटा । इतने में और कई अंग्रेज लड़के आ गये । इनके सब साथी भागने को तैयार हो गये, पर ये फिर भी साहसपूर्वक उनसे भिड़ गये और काफी मार खाने के बाद भी अन्त में उनको भगाकर ही छोड़ा । इस प्रकार वे बाल्यावस्था से ही अंग्रेजों से निडर रहने का अभ्यास कर चुके थे ।

कॉलेज में भी आपने इस निर्भीकता का परिचय दिया । जैसा कहा जा चुका है आप बड़े खिलाड़ी थे और कॉलेज की खेल कमेटी के सेक्रेटरी तथा क्रिकेट टीम के कप्तान थे । एक बार कॉलेज में प्रान्तीय टूर्नामेण्ट (खेल-प्रतियोगिता) हो रहा था । उसके प्रबन्धक मि. हिल ने, जो कॉलिज के ही एक प्रोफेसर थे, प्रबन्ध करने के लिये पुलिस बुला ली । यह बात विद्यार्थियों को नापसन्द हुई, क्योंकि वे इसे अपनी अप्रतिष्ठा समझते थे । खेल के समय किसी बालक को पुलिस के एक सिपाही ने धक्का देकर निकाल दिया । टण्डन जी ने पुलिस वाले को इस व्यवहार के लिये फटकारा तो बात बढ़ गई और मामला हिल साहब के सामने पहुँचा । साथियों ने टण्डन जी से कहा कि वे घर चले जायें जिससे हिल साहब से झगड़ा होने की नौबत न आवे । पर उन्होंने अपने उत्तरदायित्व से पीछे हटना स्वीकार न किया और हिल साहब के पास जाकर सारी घटना स्वयं ही सुना दी । हिल साहब ने निर्णय किया कि 'हमको इस मामले में कुछ कहना नहीं है, नगर पुलिस चाहे तो इनको हवालत भेज सकती है ।' पर टण्डन जी की तेजस्विता के सामने पुलिस वालों को दब जाना पड़ा । दूसरे दिन इसी घटना को लेकर कॉलेज के ३०० विद्यार्थियों ने हड़ताल कर दी और टूर्नामेण्ट में भाग लेना छोड़ दिया । इसके परिणामस्वरूप टण्डन जी को एक वर्ष के लिये कॉलेज से निकाल दिया गया और उतने समय तक इनकी पढ़ाई रुकी रही ।

ठीक ऐसी ही घटना देशभक्त सुभाष बाबू के सम्बन्ध में हुई थी । उन्होने भी अंग्रेज प्रोफेसरों के अनुचित व्यवहार के विरोध में कॉलेज में हड़ताल करा दी थी, जिसके लिये उनको निकाल दिया और दो वर्ष बाद बड़ी कठिनाई से अन्य कॉलेज में प्रवेश मिल सका । वास्तव में यह इन महापुरुषों की जातीय सम्मान की भावना का चिह्न था कि वे अंग्रेजों द्वारा भारतीयता की जान-बूझ कर उपेक्षा किया जाना तनिक भी सहन नहीं कर सकते थे और किसी तरह की हानि की परवाह न करके विरोध के लिये तैयार हो जाते थे । खेद है कि आज वैसी जातीयता की भावना बहुत थोड़े लोगों में दिखाई पड़ती है, अन्यथा प्रायः लोग व्यक्तिगत लाभ के सामने इस तरफ ध्यान ही नहीं देते । ऐसे लोग कभी जनता से सम्मानास्पद होने की आशा नहीं कर सकते ।

टण्डन जी अपनी इस मनोवृत्ति का परिचय देने से कभी पीछे नहीं हटे । जिस समय वे चेयरमैन थे, इंग्लैण्ड से प्रिंस आफ वेल्स भारत-यात्रा के लिये आये । इलाहाबाद के म्युनिसपल बोर्ड ने भी उनको अभिनन्दन पत्र दिया । नियमानुसार वह चेयरमैन द्वारा ही पढ़ा जाना चाहिये था । पर टण्डन जी ने इस बात को, जिसके लिये अन्य लाखों लोग लालायित होते अपने सिद्धान्त के विरुद्ध समझा और उसे पढ़ने से इन्कार कर दिया । बोर्ड के वाइस चेयरमैन (उपाध्यक्ष) ने उसे पढ़कर सुनाया ।

त्याग और कष्ट-सहन

देश-सेवा और मातृभाषा-सेवा के क्षेत्र में टण्डन जी के जमाने में और भी अनेक सज्जन प्रशंसनीय कार्य कर रहे थे, पर त्याग और निस्पृहता की मात्रा उनमें जितनी अधिक पाई जाती थी, उतनी गाँधी जी के अतिरिक्त और किसी में नहीं देखने में आई यद्यपि वे इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक अच्छे वकील थे और यदि अन्य वकीलों की तरह उस पेशे में पूरी शक्ति लगाकर काम करते तो सहज में लखपति बन सकते थे । पर उनका ध्यान वकालत की अपेक्षा सार्वजनिक सेवा के कार्यों में अधिक रहता था ।

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

यही कारण था कि उनकी आर्थिक स्थिति सदैव साधारण ही बनी रही और बीच-बीच में ऐसे भी अवसर आये जबकि घर में अच्छी तरह रोटी मिलना भी कठिन हो गया । सन् १९१४ में माननीय मालवीय जी के कहने से आपने नाभा राज्य में मंत्री पद पर काम करना स्वीकार कर लिया पर जब देखा कि उसके कारण उनको सार्वजनिक सेवा कार्य करने का समय नहीं मिलता और न हिन्दी साहित्य-सम्मेलन की वृद्धि के लिये उचित प्रयत्न कर सकते हैं, तो आपने उस उच्च पद को सब लोगों और नाभा नरेश के अत्यधिक आग्रह करने पर भी छोड़ दिया ।

जब गाँधी जी ने भारत में असहयोग आन्दोलन चलाया और लोगों से सरकारी अदालतों, नौकरियों और स्कूल आदि छोड़ने को कहा तो आपने बिना किसी संकोच के वकालत छोड़ दी और इस बात की भी चिन्ता न की कि फिर घर का काम कैसे चलेगा ? यद्यपि श्री जमनालाल आदि धनी कांग्रेसी नेताओं ने अन्य कार्यकर्ताओं के समान इनको भी आर्थिक सहायता देने का प्रस्ताव किया, पर आपने सदा यही उत्तर दिया कि मैं अपने सेवा-कार्यों के लिये इस प्रकार धन लेना कभी पसन्द नहीं कर सकता ।

जब लाला लाजपत राय को उनके आर्थिक कष्टों का पता चला कि कभी-कभी उनके घर में रोटी बनने की भी नौबत नहीं आती, तो वे उनको अपने साथ लाहौर ले गये और 'पंजाब नेशनल बैंक' में सेक्रेटरी के पद पर नियुक्त करा दिया । सन् १९२८ में लालाजी की मृत्यु के पश्चात् आपको ही उनके 'लोक सेवक मंडल' का अध्यक्ष बनाया गया । पहले तो उन्होंने इस पद को स्वीकार करने से इन्कार किया, क्योंकि इसके अध्यक्ष को अपनी समस्त कमाई तथा जीवन के अन्त तक समस्त समय मण्डल के कार्य में ही व्यय करने की प्रतिज्ञा करनी पड़ती थी । पर जब महात्मा गाँधी ने भी उनसे इस पद को स्वीकार कर लेने का आग्रह किया और घर वालों ने भी परिस्थिति को समझ कर अनुमति दे दी तो आपको उसे स्वीकार करना ही पड़ा ।

किसान संगठन

आप किसान संगठन का कार्य असहयोग आन्दोलन से भी पहले से कर रहे थे । पर बाद में गाँधी जी के कार्यक्रम में भाग लेने के कारण वह ढीला पड़ गया था । सन् १९२९ में आपने उसी कार्य को फिर आरम्भ करने का निश्चय किया और पंजाब नेशनल बैंक की नौकरी छोड़कर इलाहाबाद चले आये । यहाँ आपने जमींदारी-प्रथा के उन्मूलन और भूमि पर किसानों का अधिकार होने का आन्दोलन उठाया । इसके साथ ही कांग्रेस संगठन का कार्य भी करते जाते थे । जब आप इस कार्य के लिये काशी के श्री शिवप्रसाद गुप्त और आचार्य नरेन्द्र देव के साथ बस्ती जिले में गये तो वहाँ के कलक्टर ने इन पर निषेधाज्ञा लगाकर जिले से बाहर चले जाने का आदेश दे दिया । जब इस आदेश का उल्लंघन किया गया तो तीनों गिरफ्तार कर लिये गये और प्रत्येक को तीन-तीन सप्ताह की सजा दी गई । वहाँ से छूटने पर फिर गाँधी जी के नमक सत्याग्रह में सम्मिलित हो गये और उत्तर प्रदेश के कांग्रेस के अध्यक्ष के पद पर कार्य करते हुए आपको जेल जाना पड़ा ।

विधान सभा के अध्यक्ष

सन् १९३७ में जब कांग्रेस के चुनावों में भाग लिया और सभी प्रान्तों में कांग्रेस सरकारें स्थापित हो गईं तो टण्डन जी उत्तर प्रदेश की विधान सभा के अध्यक्ष चुने गये । पर इस पद को स्वीकार करते हुए आपने यह शर्त पेश की कि वे इस पद का कार्य करते हुए भी कौंसिलों के बाहर अपना राजनीतिक कार्य बन्द नहीं करेंगे । इससे कुछ लोगों को आशंका हुई कि आप अध्यक्ष का कार्य निष्पक्ष रूप से न कर सकेंगे, जिसकी कि उनसे आशा की जाती है । आपने उत्तर दिया कि "कुछ सदस्यों की यह आशंका सर्वथा निर्मूल है । मैं बाहर चाहे जिस दल का कार्य करता रहूँ, पर विधान-सभा के भीतर सदैव तमाम पार्टियों के सदस्यों के साथ एक-सा ही बर्ताव करूँगा । यदि कौंसिल के सदस्य मेरे कार्य से असन्तुष्ट होकर अविश्वास करने लगे तो मैं इस पद को त्यागने में जरा भी विलम्ब न करूँगा ।"

टण्डन जी के चरित्र की दृढ़ता, उनकी सत्यवादिता, तथा त्याग-वृति पर सभी दलों के व्यक्तियों को इतनी अधिक आस्था थी कि उनके कथन का प्रतिवाद करने का साहस कोई न कर सका । उन दिनों श्री वल्लभभाई पटेल बम्बई व्यवस्थापिका सभा के अध्यक्ष थे और उनकी निष्पक्ष नीति और कार्य संचालन की सर्वत्र सराहना की जाती थी । उनका एक प्रसिद्ध सिद्धान्त यह था कि "व्यवस्थापिका सभा के अध्यक्षों को किसी राजनीतिक दल से सम्बन्ध न रखना चाहिये ।" यद्यपि टण्डन जी ने इस सिद्धान्त के विपरीत सार्वजनिक रूप से कांग्रेस का कार्य करते रहने की घोषणा कर दी थी, पर उनके दो ढाई वर्ष के अध्यक्षता काल से एक भी ऐसी बात नहीं हुई, जिस पर कोई अँगुली उठा सके । यही थी, उनकी सत्यवृत्ति और आत्मबल की शक्ति ।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थापना

यद्यपि टण्डन जी का नाम हिन्दी-लेखक की हैसियत से प्रसिद्ध नहीं है, और न उन्होंने फुटकर लेखों और कुछ निबन्धों के अतिरिक्त कोई विशेष पुस्तक लिखी है, पर

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

हिन्दी-संसार में उनके नाम की जितनी धाक थी और उनको जितना सम्मान प्राप्त था उसका अन्य उदाहरण मिलना कठिन है । वे आरम्भ से ही मातृ-भाषा के अनन्य भक्त थे और स्वर्गीय बालकृष्ण भट्ट के 'हिन्दी प्रदीप' तथा मालवीय जी के 'अभ्युदय' में बराबर लेख भी देते रहते थे । अभ्युदय के तो वे एक वर्ष तक सम्पादक भी रहे थे । पर राजनैतिक क्षेत्र के एक प्रमुख कार्यकर्ता होने के कारण उनको अपने विचार अधिकांश में भाषणों और व्याख्यानों के रूप में ही प्रकट करने पड़ते थे, जिससे ग्रन्थ-लेखन का अवकाश ही नहीं रहता था ।

पर इतना होने पर भी टण्डन जी हिन्दी लेखक-समुदाय के 'सिरमौर' माने जाते थे । उनके परिश्रम तथा प्रभाव से जितने अधिक हिन्दी-लेखक बने तथा हिन्दी-ग्रन्थ कर्ताओं ने सहायता प्राप्त की, उनकी गिनती कर सकना सम्भव नहीं । उन्होंने हिन्दी-प्रचार की जड़ जमाने के लिये और हिन्दी को भारतवर्ष की राष्ट्रीय भाषा बनाने के लिये इतना अधिक कार्य और स्वार्थत्याग किया कि उनका नाम याद आते ही 'हिन्दी-सेवा' का भाव मूर्तिमान हो जाता है । उनकी चर्चा करते हुए बिहार के श्रेष्ठ साहित्यकार श्री शिवपूजन सहाय ने लिखा था—

"राजर्षि पुरुषोत्तम टण्डन हिन्दी के लिये जिये और हिन्दी के लिये मरे । हिन्दी उनकी जिन्दगी की साँस थी । हिन्दी उनकी आँखों की ज्योति थी । हिन्दी ही उनके मस्तिष्क की चिन्तनधारा थी । हिन्दी उनके रोम-रोम में रमी हुई थी । अपनी वाणी से उन्होंने हिन्दी की अपूर्व सेवा की है । 'अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन' के वह सजग प्रहरी थे । आप उन्हें सम्मेलन का जनक, प्रतिपालक, संरक्षक कुछ भी कहें, उनके लिये उपयुक्त ही होगा । उन्होंने उसके माध्यम से हिन्दी के हितार्थ जो प्रचारात्मक और रचनात्मक कार्य किये और कराये, वे ऐतिहासिक महत्त्व के हैं । टण्डन जी ने हिन्दी-भाषा के कल्पवृक्ष को अपने एक-एक रक्त बिन्दु से सींचकर पल्लवित, पुष्पित और फलित किया । आज भी प्रत्येक सहृदय साहित्यिक व्यक्ति हिन्दी हित साधन में उनके आदर्श आत्मोत्सर्ग, का स्मरण करके उनकी स्मृति में नत-मस्तक होता है । त्याग और तप की दृष्टि से वे हिन्दी-जगत के "महात्मा गाँधी ही थे ।"

निसन्देह सच्चा सेवक और त्यागी वही है जो अपने लक्ष्य के लिये सर्वस्व अर्पण कर दे । इसके बिना संसार में कोई महत्त्वपूर्ण कार्य पूरा नहीं हो सकता । जो लोग सार्वजनिक आन्दोलनों में शौक या कुछ नाम कमाने के लिये भाग लेने लगते हैं, अथवा जिनका उद्देश्य सार्वजनिक संस्थाओं में घुसकर रुपया पैदा करना होता है, वे टण्डन जी जैसे त्यागवीरों की महिमा को अनुभव नहीं कर सकते । वे उन व्यक्तियों में से थे जिनकी प्रशंसा वे लोग भी करते हैं जिनका उनके साथ मतभेद रहता है । यद्यपि टण्डन जी और पं. जवाहर लाल नेहरू एक ही नगर के निवासी होने और एक साथ कांग्रेस आन्दोलन में सम्मिलित होने के कारण परस्पर घनिष्ठ मित्रता का भाव रखते पर हिन्दी-प्रचार के सम्बन्ध में उनमें कई बातों में मतभेद भी था । जहाँ टण्डन जी ने सम्मेलन द्वारा संस्कृत शब्दों से युक्त भाषा को प्रधानता दी, वहाँ नेहरू जी ने हिन्दू-उर्दू शब्दों के मेल-जोल से बनी हिन्दुस्तानी भाषा के प्रयोग को देश की एकता की दृष्टि से अधिक हितकर माना । इसलिये इन दोनों नेताओं में अनेक बार वाद-विवाद भी छिड़ जाता था । पर जब टण्डन जी का स्वर्गवास हुआ तो नेहरू जी ने कहा—

"वह मेरे सबसे पुराने मित्रों और साथियों में से थे, जिनके प्रति मेरे दिल में बहुत प्यार और आदर था । उन्होंने देश के हित के लिये अपना पूरा जीवन लगाया, वे एकता तथा सादा जीवन के प्रतीक थे ।"

हिन्दी को राष्ट्रभाषा के पद पर आसीन कराने के सम्बन्ध में भी उनका अनेक प्रसिद्ध पुरुषों से मतभेद और विरोध हुआ था । सन् १९२५ में ही कांग्रेस की विषय निर्धारिणी समिति में उन्होंने यह प्रस्ताव रखा था कि उसका सारा कार्य अंग्रेजी के बजाय 'हिन्दुस्तानी' भाषा में किया जाये । चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य और पं. मोतीलाल नेहरू ने इसका विरोध किया तो भी टण्डन जी का प्रस्ताव पास हो गया और हिन्दी को कांग्रेस के विधान में सम्मिलित कर लिया गया । इसी प्रकार हिन्दी-शैली के सम्बन्ध में आपका महात्मा गाँधी से भी मतभेद होता रहा । वे भी भारत की अनेक जातियों तथा मजहबों की एकता के ख्याल से उर्दू मिली-जुली भाषा का प्रचार करने के पक्ष में थे । जब हिन्दी साहित्य सम्मेलन के कार्यकर्ताओं से उनका मत न मिल सका तो उन्होंने सम्मेलन से त्याग-पत्र दे दिया । टण्डन जी ने उसका उत्तर देते हुए लिखा—"यदि आप मेरे दृष्टिकोण से सहमत नहीं हैं और आपकी आत्मा कहती है कि सम्मेलन से अलग हो जाऊँ, तो आपके अलग होने पर बहुत खेद होने पर भी मैं नतमस्तक होकर आपके निर्णय को स्वीकार करूँगा ।"

उन दिनों गाँधी जी की सम्मति से विरोध प्रकट करना सार्वजनिक जीवन की दृष्टि से एक घातक बात थी, क्योंकि समस्त राष्ट्र बहुत बड़े बहुमत से उनके पीछे चल रहा था । पर मातृभाषा की सेवा का प्रश्न उठने पर टण्डन जी ने उस खतरे को भी उठा लिया । इसमें सन्देह नहीं कि इसके

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पश्चात् राजनीतिक क्षेत्र में उनका प्रभाव कम हो गया, पर हिन्दी-प्रचारकों के वे आराध्य बन गये । उनका यह कार्य किसी प्रकार की अन्धश्रद्धा अथवा हठधर्मी के कारण न था, वरन् उनका हार्दिक विश्वास था कि भारतीय राष्ट्र की एकता और प्रगति के लिये हिन्दी की अधिक से अधिक प्रगति और उसे सर्वोच्च पद दिया जाना अनिवार्य है । टण्डन जी के इस दृष्टिकोण की विवेचना करते हुए हिन्दी के प्रसिद्ध लेखक सेठ गोविन्द दास जी ने लिखा है—

"टण्डन जी का लक्ष्य यही था कि देशवासियों के सतत् संघर्षों और बलिदानों की सार्थकता के रूप में जो स्वाधीनता हमें मिली है, उसके सभी सूत्रों को प्राप्त करके हम भारतीय आत्मा को सौंप दें । इन सूत्रों में उनका प्रधान सूत्र था राष्ट्र-भाषा को राष्ट्र-भाषा के रूप में व्यवहार में लाना । इसके साथ ही उनकी यह भी आकांक्षा रही कि भारत जिस श्रेष्ठ संस्कृति के कारण प्राचीनकाल में संसार का सिरमौर रहा है, अपनी उस विरासत को अक्षुण्ण रखे । आज के प्रगतिशील युग में जब बड़े-बड़े राष्ट्र विज्ञान की घुड़-दौड़ में पड़े हैं, टण्डन जी, विज्ञान और उसकी उपलब्धियों के प्रशंसक होते हुए भी, पुरातन और नूतन के सामंजस्य के समर्थक थे । हो सकता है कि कुछ लोगों की दृष्टि में वह रूढ़िवादी हों अथवा उनकी विचारधारा किसी वर्ग-विशेष के अनुयायियों की दृष्टि में फीकी जँचती हो, पर टण्डन जी प्रगतिशीलता के नाम पर भारतीय संस्कृति की छाती पर यूरोपीय ढंग का कोई नया वृक्षारोपण करने के विरुद्ध थे । उनकी मान्यता थी कि हमारा संस्कृति रूपी यह वट-वृक्ष, जिसकी शाखायें और टहनियाँ न केवल समस्त देश पर आच्छादित हैं, वरन् जिसकी शीतल वायु के झोंके बाहरी देशों तक भी सुरभि का वातावरण बनाये रखने में समर्थ हैं, उसका पोषण और अधिक विकास करने में ही हमारा कल्याण है ।"

पर टण्डन जी की इन भावनाओं में किसी भी प्रकार का द्वेष, अहंभाव अथवा स्वार्थ न था वरन् वे एक-मात्र राष्ट्रहित को ही लक्ष्य रखकर हिन्दी को राज्य-भाषा घोषित कराने का आन्दोलन कर रहे थे । इस सम्बन्ध में नवभारत टाइम्स (दिल्ली) के एक लेख में कहा गया है—

"वे राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी के लिये सारे जीवन आन्दोलन करते रहे और उसकी चिन्ता करते-करते ही उनका निधन हुआ । किसी अन्य भाषा से द्वेष रखकर या प्रान्तीयता की सीमा में बँधकर उन्होंने हिन्दी का आन्दोलन नहीं किया, वरन् उनका सदा यह विश्वास रहा कि भारत में जन-सम्पर्क की भाषा होने और समस्त देशवासियों को एक कड़ी में पिरोने की शक्ति हिन्दी में ही है । इसलिये मैं केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं वरन् समस्त भारत में इसके लिये आन्दोलन करते रहे । वे सदैव कहा करते थे कि यदि कभी हिन्दी के कारण राष्ट्र की एकता में बाधा उपस्थित हुई तो मैं सबसे पहले उसका विरोध करता दिखाई दूँगा ।"

इतना ही नहीं जब भारतीय संविधान-सभा में हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के सम्बन्ध में समस्त देश के प्रमुख व्यक्तियों के सम्मुख विचार किया गया तो टण्डन जी ने अपने उपयुक्त दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए कहा था—

"अत्यन्त विनम्रतापूर्वक मैं यह निवेदन करता हूँ कि राष्ट्र भाषा हिन्दी के प्रश्न पर जनमत गणना की बात मुझे सहर्ष स्वीकार है । यदि कोई प्रान्त हिन्दी को स्वीकार नहीं करता तो मैं वहाँ के लोगों पर हिन्दी को कभी नहीं लादूँगा । मैं तत्काल कहूँगा कि हिन्दी को राष्ट्र-भाषा नहीं होना चाहिये । हिन्दी को किसी प्रान्त पर क्यों थोपा जाये ? यह तो प्रान्तों को निर्णय करना है कि वे हिन्दी को स्वीकार करते हैं या नहीं । वे चाहें तो अंग्रेजी को ही चालू रख सकते हैं अथवा वे 'एसपरैन्टो' जैसी किसी कृत्रिम भाषा को अपना सकते हैं । यदि उनका ऐसा ही विचार हो तो मैं उसे स्वीकार कर लूँगा किन्तु जनता की इच्छा को जानने का कोई मार्ग तो निकालना चाहिये । यहाँ मेरे मित्र चाहे कुछ भी कहें, मुझे तो आशा है कि मद्रास की बहुसंख्यक जनता भी हिन्दी को चाहेगी ।"

शायद कुछ लोग यह समझते हों कि टण्डन जी हिन्दी-भाषी और उसके ज्ञाता होने के कारण ही उसका पक्षपात करते थे, तो यह शंका ठीक न होगी । उनका विद्यारम्भ उस समय की परिस्थितियों के कारण उर्दू, फारसी में ही हुआ था और उनके सर्वप्रथम 'गुरु' एक मुसलमान मौलवी ही थे जिनका सम्मान और सहायता वे अन्तिम समय तक करते रहे । उर्दू और फारसी साहित्य के वे अच्छे जानकार थे । इसी प्रकार अंग्रेजी और संस्कृत पर भी उनका पर्याप्त अधिकार था । पर भारतीय संस्कृति की विशेषता और यहाँ की जनता की मनोवृत्ति का अध्ययन करके ही वे हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में सर्वत्र प्रचलित करने के लिये प्रयत्नशील थे और उन्होंने अपना जीवन इसी कार्य में लगा दिया ।

हिन्दी प्रचार के लिये सच्ची लगन

टण्डन जी जो कुछ हिन्दी के सम्बन्ध में कहते थे उस पर उनकी हार्दिक आस्था कितनी अधिक थी इसका एक उदाहरण श्री रामप्रताप त्रिपाठी शास्त्री ने अपने लेख में दिया है । शास्त्री जी वर्षों से हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रमुख कार्यकर्ता हैं और उनको सदा टण्डन जी के निकट सम्पर्क में रहने का अवसर मिला है । आयु और पदवी

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

की निगाह से भी वे उनको अपना एक पूज्य गुरुजन मानते रहे हैं ।

टण्डन जी का हिन्दी-प्रेम कितना अगाध था इसका एक ही उदाहरण पर्याप्त होगा । वे भारतीय संस्कृति के बहु-विश्रुत अनन्य जन-नायक थे और संस्कृत भाषा की उन्हें अच्छी जानकारी थी । भारतीय समाज में ऐसी कोई कुल-परम्परा नहीं जिसमें संस्कृत भाषा के बिना काम चल सके किन्तु टण्डन जी ने धार्मिक कृत्यों में भी हिन्दी को प्रवेश दिलाने का सच्चा प्रयत्न किया था । उन्होंने अपने कई पुत्रों के विवाह हिन्दी विवाह-पद्धति के अनुसार कराये थे । न केवल विधियों का ही अपितु वैदिक मंत्रों का भी हिन्दी अनुवाद कराया था ।

उक्त प्रसंग उस समय हुआ जब टण्डन जी के पुत्र डॉ. आनन्द कुमार का विवाह होने को था । टण्डन जी के पास एक पुरानी हिन्दी में अनूदित हस्तलिखित विवाह-पद्धति थी जो असावधानी से कहीं रख देने के कारण दीमकों द्वारा चट की जा चुकी थी । परिवार के विवाह के अवसरों पर ही उसकी झाड़-पौंछ की जाती थी । टण्डन जी ने जब देखा कि उससे काम चलना असम्भव है और विवाह हिन्दी में ही कराना है तो उन्होंने मुझे यह काम सौंपा कि पुनः विवाह-पद्धति का मन्त्रों सहित हिन्दी अनुवाद यथाशीघ्र कर दूँ । मैंने कार्य आरम्भ तो कर दिया किन्तु जन्मना ब्राह्मण और वह भी संस्कृत परम्परा में पालित-पोषित होने के कारण इस कार्य में उचित मनोयोग न कर सका, परिणाम यह हुआ कि दो तीन दिन यों ही बीत गये और काम नाम मात्र को ही हुआ । जब विवाह के दस-बारह दिन ही रह गये तो मैं बुलाया गया । मैंने कुछ लज्जित होकर क्षमा-याचना के भाव से कहा—"बाबूजी, वैदिक मन्त्रों को तो आप उसी भाषा में रहने दीजिये, क्योंकि अनुवाद होने पर उनका प्रभाव नष्ट हो जायेगा ।"

"अपने कथन की पुष्टि में मैंने महावैयाकरण पाणिनि का एक वाक्य भी उपस्थित किया कि 'मन्त्रों का वर्ण और स्वर विपर्यय अनर्थकारी होता है ।' टण्डन जी ने कहा—"भाषा तो विचारों को प्रकट करने का माध्यम है । जिसको हम समझेंगे ही नहीं उसका भला हम पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?" विवाह के मन्त्रों में अनेक माँगलिक एवं समाज-हितकारी भावनायें व्यक्त की गई हैं । वे उस युग के लिये तो ठीक थीं जब लोग उस भाषा को समझते थे किन्तु आज का समाज उससे बहुत दूर हो गया है । तोता के 'राम-राम' रटने की भाँति कोरे मन्त्रों के पाठ से तो कोई फल न होगा । मुझे आश्चर्य है आप जैसे लोग भी ऐसी बात क्यों नहीं समझते ?"

अन्त में उन्होंने शास्त्री जी को अपने पास बैठाकर और स्वयं भी मिलकर पाँच-छः दिन विवाह-पद्धति का अनुवाद कराया और बाद में उसे छपा कर प्रकाशित भी करा दिया । उनके घर में सभी विवाह इसी के अनुसार किये गये । कई बार पुरोहित का कार्य उन्होंने स्वयं ही किया, पर किसी भी विघ्न-बाधा से विचलित होकर वे अपने ध्येय से हट न सके ।

बात यही थी कि उनको हिन्दी की शक्ति पर अटूट श्रद्धा थी और जैसे अनेक प्राचीन सन्तों ने पंडित पुरोहितों के विरोध के होते हुए भी अपनी सम्पूर्ण शक्ति देश भाषा द्वारा धर्म-प्रचार में लगा दी थी, उसी प्रकार टण्डन जी ने युग-पुरुष गाँधी के मतभेद को सहन करके हिन्दी को राष्ट्रभाषा के पद पर विराजमान कराने के लिये अपनी समस्त शक्ति और व्यक्तित्व तक अर्पित कर दिया । यदि उनके कार्य में किसी प्रकार के स्वार्थ की गन्ध तक होती, या उन्होंने अपने आन्दोलन द्वारा किसी तरह का निजी लाभ उठाया होता तो गाँधी जी से विपरीत दृष्टिकोण रखने पर सार्वजनिक क्षेत्र में उनका अस्तित्व निश्चय ही समाप्त हो जाता । पर वे तो शुद्ध-भाव और देश हित की दृष्टि से कार्य करने वाले थे, अतएव इस अग्नि-परीक्षा में होकर भी पहले से अधिक निर्मल रूप में जनता के सामने प्रकट हुए, उनके इन्हीं गुणों से प्रभावित होकर हिन्दी साहित्य के सुप्रसिद्ध विद्वान गुलाबराय जी ने लिखा था—

"टण्डन जी उन विरले व्यक्तियों में से थे जिनकी कथनी और करनी में अन्तर नहीं था । इस विषय में वे महात्मा गाँधी और सन्त विनोवा की श्रेणी में रखे जा सकते हैं । गाँधी जी द्वारा प्रचारित 'एकादश व्रत' उनमें जीवित रूप में दिखाई देते थे—वह गृहस्थ होते हुए भी सच्चे त्यागी थे । जब वे प्रान्तीय विधान सभा के अध्यक्ष थे तो भी अपने कपड़े अपने हाथ से धोकर शारीरिक श्रम का नियम पालन करते थे । सुना है कि एक बार इन्कमटैक्स अफसर उनके हिसाब में कुछ भूल कर गये, जिससे उनको कम रुपया देना पड़ता था । टण्डन जी ने भूल सुधारने के लिये स्वयं ही सब कागजात उनके पास पुनः भेज दिये । ऐसी सत्यनिष्ठा मुश्किल से ही देखने में आती है ।"

"वह सत्य और स्वतन्त्रता के अनन्य उपासक थे । सत्य के उद्घाटन में वह निर्भीक रहते थे । दूसरे के पक्ष को पूर्ण महत्त्व देते हुए भी वह अपने पक्ष को कुशल वकील की तरह ही नहीं वरन् वीर सेनानायक की भाँति अग्रसर करने में आना-कानी नहीं करते थे । सच्चे देश-भक्त होते हुए उन्होंने निर्भीकतापूर्वक हिन्दी का पक्ष लिया । वे हिन्दी का समर्थन देश के सर्वोच्च हितों के लिये आवश्यक समझते

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

थे । वे हिन्दी को राष्ट्रीय एकता का मूलमन्त्र मानते थे । इसी राष्ट्रीय-दृष्टि से उन्होंने कांग्रेस के अनेक प्रमुख नेताओं के विरुद्ध हिन्दी-पक्ष बड़े जोर-शोर से सामने रखा । हिन्दी के राष्ट्रभाषा घोषित हो जाने पर भी अंग्रेजी अंकों की 'पूँछ' बाकी रह गई थी, उसके लिये वह आजीवन विरोध प्रकट करते रहे ।"

अन्य लोग भी उनके इस महान गुण की पूर्ण कदर करते थे । सन् १९५१ में आप अखिल भारतीय कांग्रेस के ५६वें अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गये । यद्यपि राष्ट्रभाषा सम्बन्धी मतभेद के कारण बड़ी-बड़ी शक्तियों ने इस चुनाव को रोकने का प्रयत्न किया । पर त्याग और तपस्या के बल पर वे पर्याप्त बहुमत से चुन ही लिये गये । उस अवसर पर भारत के सुप्रसिद्ध अंग्रेजी दैनिक पत्र 'हिन्दुस्तान टाइम्स' ने उनकी प्रशस्ति में एक कालम का हिन्दी लेख प्रकाशित किया । यह एक सर्वथा नई बात थी । पर अपने भाषा सम्बन्धी विचारों के कारण जब आपने उस पद पर अन्य नेताओं के साथ मिलकर काम कर सकना कठिन देखा, और स्वयं पं. जवाहरलाल जी ने कांग्रेस-कार्यकारिणी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया तो आपने अध्यक्ष पद को सवेच्छापूर्वक छोड़ दिया । पर कांग्रेस को उन्होंने कभी नहीं त्यागा और जीवन के अन्त तक जैसा अवसर आया उसकी सेवा करते ही रहे । प्रत्येक सार्वजनिक कार्यकर्ता के लिये उनका यह उदाहरण अनुकरणीय है । जो लोग लोक-हितकारी या जातीय संस्थाओं में अपना कुछ विरोध होते देखकर हट ही नहीं जाते वरन् उसके मुकाबले में दूसरी संस्था खड़ी करने का प्रयत्न करने लगते हैं, या अन्य किसी प्रकार से उसे हानि पहुँचाने की चेष्टा करने लगते हैं, वे उपर्युक्त घटना से अवश्य ही शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं ।

सत्य के सच्चे पुजारी

वास्तव में टण्डन जी का मूलमन्त्र प्रत्येक अवस्था में सत्य का अनुसरण करना था । वे इस सम्बन्ध में "एकहि साधे सब सधै' सिद्धान्त के अनुयायी थे । परिस्थिति और देश की आवश्यकतानुसार उनको विविध क्षेत्रों में काम करना पड़ता था, पर वे इस बात को सदा दृष्टिगोचर रखते थे कि कहीं भी उनसे अनुचित बात अथवा अन्याय का समर्थन न हो जाये । उनकी इस मनोवृत्ति का जो परिचय उनके एक अन्तरंग सहकारी श्री वियोगी हरि ने दिया था उसमें सार रूप में कहा गया था—

"जब टण्डन जी के आदर्श जीवन की ओर हमारी दृष्टि जाती है तब उनके विविध लोक-सेवा कार्य सामने आ जाते हैं । वे कार्य हैं—राजनीतिक, सामाजिक, साहित्यिक और धार्मिक । अपनी-अपनी रुचि, और दृष्टि के अनुसार हम उनके जीवन के किसी एक पहलू को लेते हैं और उसी को प्रधानता देने लगते हैं ।

"जब जन-सेवा के सच्चे क्षेत्र से राजनीति वालों के पैर काँपा करते थे, उस समय टण्डन जी ने उत्तर प्रदेश के अन्याय-पीड़ित किसानों के अन्दर प्राण फूँके थे, किसान सभाओं का मजबूत संगठन किया था । तत्कालीन शासकों ने भी इस संगठन को राजनीति का एक पुख्ता कदम माना था । समाज के उपेक्षित और आखिरी पंक्ति में खड़े हुए उस अंग ने, जिसे छूने से भी परहेज किया जाता है, टण्डन जी में उनके प्रति स्नेह की भावना पाई थी । जो समाज और जो घराना अस्पृश्यता पर जोर देता था, उसे उन्होंने ललकारा, उसके खिलाफ विद्रोह किया । यहाँ तक कह दिया कि भंगी को मलमूत्र उठाने का पेशा सदा कि लिये छोड़ देना चाहिये । अपना कमोड (शौच का पात्र) उन्होंने कई बार अपने हाथ से साफ किया । समाज में प्रचलित और भी अनेक कुरीतियों को मानने से उन्होंने स्वयं तो इन्कार किया ही दूसरों को भी उनके विरुद्ध विद्रोह खड़ा करने की सलाह दी ।

"जहाँ कोई संकट आया, वहाँ टण्डन जी तत्काल पहुँचे । उसके निवारण का कार्य स्वयं किया तथा अपने साथियों से भी कराया । उनको भारतीय संस्कृति का उद्धारक भी माना जाता है । 'राजर्षि' की उपाधि से उनको इसीलिये अलंकृत किया गया । हिन्दू-संस्कृति में वह निःसन्देह गहरी रुचि रखते थे, पर अनेक लोग इसका आशय समझने में गलती कर बैठते थे । हिन्दू-धर्म की कुछ घिसी-पिटी मान्यताओं या परम्पराओं पर विश्वास करना, इसी को बहुतेरे लोग 'संस्कृति' मानते हैं । टण्डन जी ऐसे विश्वासों से बहुत दूर थे । जो कृति सम्यक् हो, सच्ची हो, समीचीन हो, सुन्दर हो उसी को वह भारतीय संस्कृति मानते थे । कई प्रशंसकों ने टण्डन जी को धार्मिक पुरुष के रूप में भी देखा है । यह सही है कि उनके पिता राधास्वामी मत के एक प्रमुख अनुयायी थे, पर उनकी व्यापक दृष्टि पंथों और सम्प्रदायों से बहुत परे थी । सभी धर्मों की बुनियादी सच्चाइयों के प्रति उनके हृदय में पूरा आदरभाव था । अर्थहीन रूढ़ियों के वे कभी कायल नहीं थे ।"

इस प्रकार वियोगी हरि जी ने टण्डन जी के विविध जीवन-कार्यों पर दृष्टिपात करके यही निष्कर्ष निकाला है कि "टण्डन जी की राजनीतिक, समाज-सेवा, सांस्कृतिक प्रवृत्तियाँ, साहित्य और हिन्दी के प्रति गहरी निष्ठा और उनकी सतत् धर्मप्रियता, इन सभी के मूल में हम उनका एक ही लक्ष्य पाते हैं । वह लक्ष्य था 'सत्य' और उसकी साधना का मार्ग था नैतिकता । इसी नीति का हाथ पकड़

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

कर टण्डन जी ने सत्य तक पहुँचने का अनेक क्षेत्रों द्वारा प्रयास किया था ।''

खेद का विषय है कि आज इसी 'नैतकिता' को भूल जाने के कारण हमारे देश की इतनी दुर्दशा हो रही है । लोग 'भगवान' का, 'धर्म' का, 'परलोक' का नाम तो दिन भर लेते रहते हैं, पर उनका व्यवहार, आचरण इससे बिल्कुल उल्टा दिखाई पड़ता है । आप किसी भी पेशे या धन्धे की जाँच कीजिये, उसमें 'ईमानदार' कहे जा सकने लायक आदमी ढूँढ़ने पर नाममात्र को ही मिलेंगे । नहीं तो नौकरी में रिश्वत और भ्रष्टाचार, व्यापार में मोल-भाव, मिलावट और कम तोलना, नापना, मजदूरी में जहाँ तक सम्भव हो ढीलेपन से काम करना, हरामखोरी करना ही आमतौर से दिखलाई पड़ते हैं । इन बातों के कारण अपने देश में ही पारस्परिक विश्वास का अभाव नहीं पाया जाता वरन् विदेशों के निवासी भी यहाँ वालों की ईमानदारी पर सन्देह करते हैं, और उनसे व्यवहार करते समय बहुत चौकन्ने रहते हैं ।

यह अनैतिकता अथवा बेईमानी की प्रवृत्ति हमारे जातीय-जीवन के लिये एक भयंकर अभिशाप की तरह है । खेद है कि किसी समय जिस देश के निवासी 'सच्चाई' की निगाह से आदर्श माने जाते थे, जिनके लिये विदेशी पर्यटकों ने लिखा था कि 'यहाँ कोई व्यक्ति अपने मकान में ताला नहीं लगाता और कोई चीज अगर कहीं गिर जाती है तो वहीं पड़ी रहती है' वहाँ आज चोरी, ठगी, धोखेबाजी के कारण भले आदमियों का जीवन-निर्वाह कठिन हो गया है । टण्डन जी का जीवन और आचरण इस दृष्टि से हम लोगों के लिये एक उदाहरण है । वे वकालत के पेशे में चले गये थे, जिसको अधिकांश लोग झूठ और चालाकी का भण्डार समझते हैं, पर उसमें भी उन्होंने सदा सत्यनिष्ठा का ही परिचय दिया । उसके पश्चात् भी उन्होंने जिस किसी क्षेत्र में कार्य किया, अपनी इसी प्रवृत्ति का परिचय दिया । ऐसे व्यक्ति के लिये 'राजर्षि' की पदवी दी जानी उचित ही थी ।

स्वभाव और चरित्र की दृढ़ता

देश और मातृभाषा की अधिकाधिक सेवा के साथ ही टण्डन जी की एक बहुत बड़ी विशेषता उनकी अभूतपूर्व सादगी और अति सामान्य स्तर का रहन-सहन भी थी । उनको अकेले देखकर कोई अनजान व्यक्ति यह अनुमान नहीं लगा सकता था कि ये देश के प्रथम श्रेणी के नेता और हिन्दी-साहित्य सम्मेलन जैसी देश-विदेशों में विख्यात संस्था के निर्माता हैं । इसका एक मुख्य कारण यही है कि आप अपनी कथनी और करनी में एकता रखने वाले व्यक्ति थे, इसलिये जो कुछ मुख से कहते थे, या दूसरों को जैसा उपदेश करते थे, वैसा ही आचरण स्वयं करते थे । सन् १९०५ में स्वदेशी आन्दोलन के समय यह कहा गया कि विदेश से आने वाली दानेदार चीनी कभी नहीं खानी चाहिये, क्योंकि उसे गाय-बैलों की हड्डियों की राख से धोया जाता है । उस समय अन्य अनेक लोगों के साथ आपने भी उसके व्यवहार में न लाने की प्रतिज्ञा की । अन्य लोग तो भारतवर्ष में ही वैसी दानेदार चीनी बनना आरम्भ होने पर उसे खाने लग गये, पर टण्डन जी ने जो एकबार उसके बजाय देशी खाँड़ अथवा गुड़ खाने की प्रतिज्ञा की तो जीवन के अन्त तक उसे पूरी तरह निबाहा । इस प्रतिज्ञा के फलस्वरूप उन्होंने कभी चीनी या उससे बनी मिठाइयाँ चखी ही नहीं ।

इसी प्रकार जब गौ-रक्षा के लिये यह आन्दोलन उठाया गया कि बूट जूतों के लिये लाखों गायें काटी जाती हैं और बढ़िया क्रोम चमड़े के लिये तो जीवित गायों का चमड़ा उनको घोर कष्ट देकर उतारा जाता है, तो आपने चमड़े के जूते का भी त्यागकर दिया । तब से आजन्म आप सुतली के तले के जूते (रोप सोल) या अन्य प्रकार के बिना चमड़े की चप्पल आदि पहनते रहे । हाईकोर्ट में एक बड़े वकील की हैसियत से जाते हुए भी आप वही भदे से चप्पल आदि पहनते थे, जबकि अन्य वकील, बैरिस्टर वहाँ बड़े कीमती और चमचमाते बूट पहनकर जाते थे ।

स्वदेशी आन्दोलन में विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की प्रतिज्ञा करने पर आपने स्नान के साबुन का व्यवहार भी छोड़ दिया था और उसके स्थान पर मुलतानी या पिंडोल मिट्टी का व्यवहार करते थे । उस समय स्नान के साबुन प्राय: इंग्लैण्ड से आते थे और उनमें चर्बी डाली जाती थी । आज भी सुनने में आता है कि बढ़िया किस्म के भारतीय साबुनों में भी चर्बी का कुछ भाग मिलाया जाता है । टण्डन जी का धर्म-भाव ऐसी अशुद्ध चीज का प्रयोग करना कैसे सहन कर सकता था ? इसलिये आप स्वच्छता के लिये भारतीय प्रजा के अनुसार स्वयं मिट्टी का प्रयोग करते थे और दूसरों को भी उसका उपदेश देते थे । एक बार शांतिनिकेतन के डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी उनके यहाँ आकर ठहरे । भोजन करने के पश्चात् उन्होंने हाथ धोने के लिये साबुन माँगा तो एक बच्चे ने उनको एक मिट्टी का टुकड़ा लाकर दे दिया और कहा—

"बाबूजी साबुन की जगह इसी को काम में लाते हैं ।" 'सुरुचि' का अधिक ध्यान रखने वाले द्विवेदी जी को यह बात सुनकर झेंप जाना पड़ा ।

वैसे तो आपकी पोशाक हमेशा साधारण ही रही थी और आप आरम्भ से ही स्वदेशी वेश-भूषा के पक्षपाती थे । फिर भी अदालत में वकील का कार्य करते हुए या

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

नाभा-राज्य में मंत्री पद पर काम करते हुए आप अचकन, पायजामा का व्यवहार करते रहते थे । अन्य अंग्रेजी पढ़े-लिखे लोगों या वकीलों आदि की तरह आपने कोट, पैण्ट, टाई आदि विलायती पोशाक का प्रयोग कभी नहीं किया । फिर जब से गाँधी जी के अनुयायी बनकर राष्ट्रीय आन्दोलन में सम्मिलित हो गये तब से बहुत मामूली खद्दर के धोती कुरते के सिवाय आपने कभी कुछ पहना ही नहीं । वह कुरता और धोती भी चाहे जब फटे-पुराने हों तो इस बात की भी चिन्ता उन्होंने कभी नहीं की ।

एक समय आपने देखा कि गाय को दुहते समय उसका बछड़ा दूध पीने के लिये बेहद कोशिश कर रहा है, परन्तु अपनी माता का दूध नहीं पी पाता । यह दृश्य देखकर आपके हृदय में इतना कष्ट पहुँचा कि आँखों से आँसू बहने लग गये । उस दिन से आपने घी, दूध, मक्खन आदि का व्यवहार भी बन्द कर दिया । अगर कभी आवश्यकता होती तो केवल छाछ ले लेते थे । शहद को प्राप्त करने के लिये जिस प्रकार सैकड़ों मक्खियों की हत्या की जाती है, उसके पापांश से बचने के लिये उसका व्यवहार भी आपने छोड़ रखा था ।

आप प्राकृतिक विधि के अनुकूल रहन-सहन के प्रेमी थे, इसलिये बजाय पके हुए खाद्य-पदार्थों के भिगोया हुआ गेहूँ, चना, मटर खाकर महीनों रह जाते थे । एक बार इसके कारण एक बड़ी मनोरंजक घटना हो गई । सन् १९२८ में आप कलकत्ता गये और वहाँ हिन्दी साहित्य की जड़ जमाने वाले विद्वान स्वर्गीय बालकृष्ण जी भट्ट के पुत्र श्री लक्ष्मीकान्त भट्ट के यहाँ पधारे । लक्ष्मीकान्त जी ने उनके भोजन के लिये पूरी-कचौड़ी, कई तरह के साग, रायता बनवाये और बाजार से मिठाई भी मँगवाई । जब यह सब सामान एक थाल में सामने रखा गया तो आपने कहा—'और कोई चीज तो नहीं है ?' भट्ट जी ने कहा—'हाँ, खीर भी बनवाई है, पर मैं चाहता था कि उसे मैं पीछे लाता ।' आपने हँसते हुए कहा—'पर मुझे तो कुछ नई तरह की चीजें खाने का अभ्यास है ।' भट्ट जी ने उत्तर दिया—'बहुत ठीक है, ये सब मिठाइयाँ कलकत्ते की मशहूर दुकानों की हैं, और इनका बड़ा नाम हैं ।'

तब आपने बताया—'ये सब चीजें मेरे काम की नहीं । मुझे चाहिये थोड़ा-सा भीगा हुआ गेहूँ, बिना नमक की दाल, मक्खन निकाली छाछ और गुड़ की एक डली ।' इस पर भट्ट जी भी उनके सुर में सुर मिला कर कहने लगे—'एक मुट्ठी घास और एक डलिया जौ का भूसा ।' इस पर चारों ओर हँसी का वातावरण व्याप्त हो गया । आपने अपने बतलाये भोजन के पदार्थों के लाभों पर एक घण्टा व्याख्यान दिया । पर भीगा हुआ गेहूँ तो तुरन्त कैसे मिलता, तोते के लिये भिगोये हुए चने रखे थे । उनको गुड़ की एक डली के साथ खाकर टण्डन जी प्रसन्न हो गये ।

टण्डन जी के घर में भोजन की सादगी के साथ ही ईमानदारी के नियम का पालन भी किया जाता था । जब सरकारी नियम के कारण बाजार में गेहूँ और चावल मिलना बन्द था तो अन्य जितना राशन मिलता उसी से काम चलाया करते, अन्य लोगों की तरह ब्लैक मार्केट (चोर बाजार) से खरीद कर कोई चीज प्राप्त नहीं करते थे, क्योंकि उनकी निगाह में यह बेईमानी को बढ़ावा देना था । जब अनाज की कमी पड़ती तो खुले बाजार से जौ-चना लेकर काम चलाया जाता । एक बार बिहार प्रान्त के कुछ मन्त्री आपके यहाँ आकर ठहर गये । घर में गेहूँ का आटा नहीं था । इसलिये रसोइया चिन्ता में पड़ गया कि क्या करे । जब आपको इसकी खबर लगी तो आपने कहा कि सब लोग जौ चने की रोटी ही खायेंगे । मन्त्रीगण इतने प्रसिद्ध नेता की इस निरभिमानिता और ईमानदारी को देखकर चकित रह गये ।

एक अन्य अवसर पर घर में थोड़ा-सा चावल था और कुछ अतिथि आ गये । उन्होंने आलुओं के साथ उन्हीं चावलों को पकवा कर सबका सत्कार कर दिया । वैसे आप अतिथि-सेवा को अपना धर्म-कर्त्तव्य मानते थे और उनके खाने, पीने, स्नान आदि की सुव्यवस्था का पूरा ध्यान रखते थे । पर उनके लिये भी आप चोर बाजार से कोई सामान खरीदने को तैयार नहीं होते थे क्योंकि सभी लोग प्रकट में इसकी निन्दा करते थे और इसे भ्रष्टाचार का कारण बतलाते थे । पर जहाँ अधिकांश व्यक्ति मुँह से ही इसकी निन्दा करके रह जाते थे, टण्डन जी सचमुच उसका बहिष्कार करते थे ।

इस सम्बन्ध में उनकी 'नैतिकता' यहाँ तक पक्की थी कि जब एक बार अपने पुत्र के यहाँ गये और भोजन के समय उनको मालूम हुआ कि इसके यहाँ अधिकांश खाद्य पदार्थ चोर-बाजार से ही आते हैं, राशन का घटिया अन्न उनको पसन्द नहीं, तो वे उसके यहाँ से बिना खाये ही लौट आये ।

श्री गोविन्ददास जी ने उनके संस्मरण लिखते हुए बताया है कि 'जब टण्डन जी दिल्ली में ठहरे थे तो पैन्सिलें बनाने के एक भारतीय कारखाने का प्रतिनिधि अपने कारखाने की कुछ पैन्सिलें उनको भेंट करने लाया । टण्डन जी बहुत देर तक पैन्सिलों को देखते रहे और उनमें से कुछ को छाँटते भी रहे । जब उन्होंने पैन्सिलों को छाँट लिया तो उनकी कीमत पूछी । प्रतिनिधि तो पैन्सिलें भेंट करने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

आया ही था, वह उनकी कीमत क्या बताता ? पर टण्डन जी बिना कीमत चुकाये पैन्सिलों को लेने के लिये राजी नहीं हुए । बड़ी बहस के बाद उन्होंने उनकी कीमत दो रुपये दे ही दी ।' कुछ उपस्थित लोगों को यह कार्य कुछ अटपटा सा लगा । पैन्सिलें भेंट करने वाला व्यक्ति जिस श्रद्धाभाव से उनको भेंट करने आया था, सामान्य दृष्टिकोण से उनको स्वीकार करने में कोई दोष नहीं माना जाता, सभी नेताओं और उच्च अधिकारियों के पास ऐसी भेंट की वस्तुयें कभी-कभी भेजी जाती हैं और उनको स्वीकार कर लेना शिष्टाचार का एक अंग माना जाता है । पर सत्य और ईमानदारी के कट्टर उपासक टण्डन जी जानते थे कि इस प्रकार के शिष्टाचार में भी गुप्त अभिप्राय कुछ अप्रत्यक्ष लाभ उठाने का होता है । फिर कितने ही बार तो देने और लेने वाले इसी बहाने हजारों रुपये का माल दे दिला देते हैं, जिसका वास्तविक उद्देश्य अप्रत्यक्ष रूप से रिश्वत देना ही होता है । इसलिये इस आदर्श की छाप दूसरों पर डालने के लिये यदि सामान्य भेंट को भी अस्वीकार कर दिया जाये तो वे इसे दोष नहीं मानते थे ।

आप इस प्रकार के नियमों की कठोरता का व्यवहार बाहरी लोगों के साथ ही नहीं करते थे अपने घर के भीतर भी आप इस तरह की बातों का पूरा ध्यान रखते थे । आपके बड़े लड़के जब मैट्रिक में पढ़ रहे थे उस समय यह नियम था कि १६ वर्ष से कम आयु का लड़का परीक्षा में नहीं बैठ सकता था । आपके पुत्र की आयु १६ वर्ष से कुछ कम होती थी । यदि आप लिख देते कि परीक्षा में बैठने के समय उसकी आयु १६ वर्ष की हो जायेगी तो उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति मिल जाती । पर आपने कोई गलत बात लिखना स्वीकार न किया और कहा—'यदि वह इस वर्ष परीक्षा में नहीं बैठ सकता तो अगले वर्ष दे लेगा । किन्तु मैं झूठ नहीं लिख सकता ।' पुत्र को एक वर्ष तक घर में बैठना पड़ा ।

हम यह जानते हैं कि इस प्रकार के सिद्धान्त और ऐसा त्यागी स्वभाव इस जमाने में 'प्रशंसनीय' नहीं समझा जाता । अगर दो व्यक्ति उनको 'आदर्श ईमानदार' बतलायेंगे तो अट्ठानवे 'सनकी' या 'बेअकल' कहने वाले मिलेंगे । ठीक है जो लोग दूसरे के धन को मार लेने में ही होशियारी समझते हैं और जब तक दस-बीस बार तकाजा न हो तब तक देने का नाम नहीं लेते, उनके लिये तो ऐसी निस्पृहता एक निकम्मी चीज ही जान पड़ेगी । इस प्रकार के व्यक्ति 'छोटे' और अशिक्षित लोगों में ही नहीं पाये जाते, वरन् साधन-सम्पन्न और समाज में बड़े बनने वालों में और भी ज्यादा पाये जाते हैं । छोटे व्यक्ति को तो यह भय भी रहता है कि अगर भेद खुल गया तो उसकी लोग भर्त्सना करेंगे और शायद कुछ दंड भी सहन करना पड़े । पर बड़े आदमियों को भरोसा रहता है कि उन पर जल्दी कोई सन्देह नहीं कर सकता और करेगा भी तो जल्दी कहने का साहस नहीं कर सकेगा और अन्त में कोई ऐसा मामला पैदा हो भी गया तो वे साम-दाम-दंड-भेद से किसी प्रकार निबट ही लेंगे ।

ऐसी भ्रष्टाचारी दुनिया में जिसमें 'भले' या 'सफेदपोश' कहलाने वाले निर्लज्जतापूर्वक रुपया कमाने के लिये धोखा-धड़ी का व्यवहार करने में संकोच नहीं करते, टण्डन जी जैसे जीवनमुक्त पुरुष ही प्रकाश-स्तम्भ का काम करते हैं । उनको देखकर लोगों को स्मरण होता रहता है कि संसार में सच्चाई का भी कुछ महत्त्व है । वह ऐसी चीज है जो चिथड़ों में लिपटी रहने पर भी दूर-दूर तक सम्मान की पात्र समझी जाती है जबकि किसी बेईमान को धन होने पर भी दूसरों से निगाह चुरानी पड़ती है वहाँ 'सच्चाई का धनी' सदैव मस्तक ऊँचा करके चलता है । इस समय संसार में धन की कितनी ही पूजा क्यों न होती हो पर उससे शान्ति और संतोष की प्राप्ति नहीं हो सकती । ये 'महान सम्पदायें' पराई वस्तु को हराम समझने वाले को ही प्राप्त होती हैं ।

भारतीय संस्कृति के उन्नायक

"टण्डन जी का स्वप्न था कि स्वाधीन भारत में पश्चिम का अन्धानुकरण न किया जाये, बल्कि अपने देश की संस्कृति की सुरक्षा और उसे पुनर्जीवित करने का काम सरकार को करना चाहिये । वे चाहते थे कि देश में ऐसा वातावरण तैयार किया जाये जिससे भारत की प्रतिष्ठा संसार में पुनः स्थापित की जा सके । इस आशा को लेकर उन्होंने 'भारतीय-संस्कृति सम्मेलन' की स्थापना कराई ।

"भारतीय संस्कृति के सम्बन्ध में वे सदैव बुद्धिवादी दृष्टिकोण के समर्थक थे । उनका कहना था कि भारतीय संस्कृति बौद्धिक ही है । जहाँ बुद्धि नहीं, वहाँ युक्ति नहीं और जहाँ युक्ति नहीं वहाँ भारतीय संस्कृति नहीं तथा धर्म भी नहीं । इस सम्बन्ध में वे बहुत बार बृहस्पति स्मृति का एक श्लोक पढ़ा करते थे जिसका अभिप्राय यह था कि 'शास्त्र-निर्णय की अपेक्षा युक्ति द्वारा धर्म का निर्णय करना चाहिये । जिस धर्म का निर्णय शास्त्र-मात्र से किया जाता है । वह ठीक नहीं । उनकी दृष्टि में शास्त्र-सम्मत और बुद्धि की कसौटी पर आँका गया धर्म ही सही धर्म हो सकता है ।"

वास्तव में बीच में अन्धकार-युग में और खास कर मुसलमानी-काल में हिन्दू धर्म के अस्त-व्यस्त हो जाने पर कुछ स्वार्थी लोगों ने हिन्दू-धर्म और संस्कृति में कितनी ही

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

हानिकारक प्रवृत्तियाँ सम्मिलित कर दी हैं । 'शास्त्राज्ञा' को आँखें बन्द करके मानने का उपदेश भी ऐसे ही लोगों ने दिया है । सच्चाई को जाँच-पड़ताल का भय कब हो सकता है ? फिर दूसरी बात है कि कोई धार्मिक नियम ऐसा नहीं जो सब अवस्थाओं और प्रत्येक समय में एक-सा रह सके । लोकमान्य तिलक ने 'गीता रहस्य' में बतलाया है कि साधारण सामयिक नियमों की तो क्या बात सत्य, अहिंसा, क्षमा, दया भी ऐसे धर्म हैं जिनमें कभी श्रेष्ठ व्यक्ति को भी विपरीत आचरण करना पड़ता है, और उसी को धर्मानुकूल माना जाता है । पर इसका निर्णय तभी किया जा सकता है जब हम समस्त परिस्थिति पर स्वतन्त्र बुद्धि द्वारा व्यापक रूप से विचार करके कर्त्तव्य का निर्धारण करें । इसलिये यदि टण्डन जी ने धर्म का निर्णय करने के लिये बुद्धि का प्रयोग आवश्यकीय बतलाया तो उनका यह कथन हिन्दू-शास्त्रों में वर्णित उच्च सिद्धान्तों के अनुसार ही है ।

वर्तमान शिक्षा पद्धति में भारतीय संस्कृति का अधिकांश में अभाव होने के कारण वे उसे उपयुक्त नहीं मानते थे । विशेषकर आजकल के विद्यार्थियों के फैशन-प्रेम और विलासितापूर्ण आदतों को देखकर वे इसके और भी विरोधी बन गये थे । वे चाहते थे कि प्राचीन गुरुकुल प्रणाली और आधुनिक शिक्षा का समन्वय करके भारतवर्ष में उपयुक्त शिक्षा-विधि का प्रचार किया जाये । इसके परीक्षण के तौर पर उन्होंने प्रयाग में नगर से बहुत दूर 'विद्यापीठ' की स्थापना भी की थी, जिसमें सम्मेलन की परीक्षाओं की पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों द्वारा खेती, फलोत्पादन, ग्रामोद्योग आदि का कार्य करते हुए स्वावलम्बी जीवन व्यतीत करने की व्यवस्था की गई थी । यद्यपि टण्डन जी पर कार्यभार की अधिकता और साधनों की कमी से यह संस्था अधिक समय तक ठीक-ठीक कार्य न कर पाई, तो भी इसने एक उत्तम आदर्श जनता के सामने रखा । वर्तमान शिक्षा-पद्धति की त्रुटियों की आलोचना करते हुए टण्डन जी ने जो विचार समय-समय पर प्रकट किये थे उनका सारांश इन शब्दों में मिल सकता है—

"वर्तमान शिक्षा-पद्धति में शिक्षक और विद्यार्थियों में अच्छे सम्बन्ध स्थापित नहीं हो सकते । जब तक शिक्षक इस बात पर विचार न करें कि विद्यार्थी के प्रति उसका क्या नैतिक कर्त्तव्य है, तब तक शिक्षा सफल नहीं हो सकती । इस समय ऋषि-मुनियों की तरह शिक्षा-क्षेत्र में आदर्श उपस्थित करने वाले विशिष्ट-शिक्षकों तथा आचार्यों की आवश्यकता है, जो विद्यार्थियों से यह कह सकें कि जो अच्छे काम हमने किये हैं उनसे शिक्षा लो और उन कामों की तरफ ध्यान मत दो जो भूल में हमसे हो गये हैं । विद्यार्थी अवस्था से छात्रों को अपना जीवन विलासी बनाने के बजाय कठोर साधना और तपस्या का बनाना चाहिये । केवल अपनी माँग संवारते रहने और हैट-बूट की चिन्ता करने में सारा-समय बर्बाद कर देने वाले विद्यार्थी कभी देश के गौरव नहीं बन सकते ।"

विद्यार्थी और युवक ही देश की प्रगति के आधार होते हैं । आज संसार के विद्यार्थियों के साथ भारत का छात्र वर्ग भी जागृत हो रहा है, पर उचित दिशा का ज्ञान न होने से वह ऐसे अनेक कार्यों में अपनी शक्ति का अपव्यय कर रहा है, जिनसे न उनका हित हो सकता है और न समाज का । विद्यार्थियों में सिनेमा, धूम्रपान आदि की बुराई दिन पर दिन भयंकर वेग से प्रविष्ट हो रही है और इसके परिणामस्वरूप उनमें अश्लीलता और चरित्रहीनता की भी लगातार वृद्धि होती जा रही है । खेद है कि वे विदेशी युवकों के दोषों की नकल करने को तो तत्पर रहते हैं, पर उनके सत्साहस आदि गुणों की तरफ ध्यान नहीं देते । टण्डन जी ने इस त्रुटि को बहुत पहले पहचान लिया था, और इसीलिये सम्मेलन की परीक्षाओं और तत्सम्बन्धी विद्यालयों की स्थापना द्वारा इसे यथाशक्ति दूर करने का प्रयत्न किया था । पर विद्यार्थियों की वर्तमान उच्छृंखलता और सच्चरित्रता का कोई मूल्य न समझने की प्रवृत्ति को देखकर विवश होकर कहना पड़ता है कि इस सम्बन्ध में टण्डन जी जैसे महानुभावों के प्रयत्न बहुत कम कारगर हुए हैं । इसलिये अब भी देश और समाज के हितैषियों का यह परम कर्त्तव्य है कि वे अपनी शक्ति और साधनों का प्रयोग भारतीय संस्कृति के अनुकूल शिक्षा विद्यार्थियों को दिलाने के लिये करें ।

साम्प्रदायिकता का मिथ्या दोषारोपण

भारतीय संस्कृति और देश की अखण्डता के अनन्य उपासक होने के कारण आप कुछ मुस्लिम लीगी नेताओं की आँखों में खटकने लगे थे । सन् १९१६ की लखनऊ कांग्रेस में जब हिन्दू-मुसलमानों के लिये पृथक निर्वाचन-क्षेत्रों का प्रस्ताव पास किया गया, तभी आपने उसका जोरों से विरोध किया । उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह भारतीय राष्ट्रीयता के लिये हानिकारक है । जब लार्ड माउन्टबेटन ने देश को हिन्दुस्तान तथा पाकिस्तान—इन दो भागों में बाँटने की योजना बनाई तब भी आपने उसके विरुद्ध आवाज उठाई और कहा—"इस योजना से हमारे पवित्र आदर्शों और उद्देश्य को गहरा आघात पहुँचेगा । अगर अभी तक हिन्दुस्तान ने अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतन्त्रता की ज्योति प्रज्ज्वलित रखी है, तो कोई कारण नहीं कि हम पंजाब तथा नोआखाली के मुट्ठी भर गुण्डों के डर से अपने

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

देश को बट जाने दें ।" जब मुसलमान नेताओं ने उत्तर प्रदेश में भी अपने अनुयायियों को पंजाब और बंगाल की सी गुण्डागर्दी करके अपनी धाक जमाने को भड़काया तो आपने सार्वजनिक भाषणों में कहा—"उत्तर प्रदेश को पंजाब या बंगाल बनाने का कुचक्र रचने वाले मुस्लिम नेताओं के कारनामों के प्रति प्रादेशिक सरकार पूर्ण रूप से सावधान है । वह उनके षड़यन्त्रों का दमन करने के लिये हर समय सन्नद्ध है ।"

टण्डन जी के इन निर्भीक उद्‌गारों को सुनकर, उनकी हिन्दी-प्रचार की तत्परता तथा ऋषियों का-सा वेश देखकर कट्टर मुसलमानों में यह भावना पैदा हो जाती थी कि टण्डन जी साम्प्रदायिक पक्षपात करने वाले हैं और वे अपने मन में मुसलमानों के प्रति विरोध-भाव रखते हैं । पर टण्डन जी ने कभी ऐसे आक्षेपकर्त्ताओं की बातों पर ध्यान नहीं दिया और वे अपना काम बिना लड़े-झगड़े करते चले गये । अन्त में परिणाम यह हुआ कि विरोधी स्वयं ही चुप हो गये, क्योंकि टण्डन जी ने मुसलमान जाति का कभी विरोध नहीं किया । उन्होंने उन्ही मुसलमान प्रचारकों की निन्दा की और विरोध किया जो हिन्दुओं के विरुद्ध विष वमन करके देश में फूट फैलाया करते थे ।

'आधुनिक प्रगतिशीलता' के पक्षपातियों का विरोध

एक और अन्य विचारधारा के लोग भी टण्डन जी की सांस्कृतिक गतिविधियों पर संकीर्णता अथवा साम्प्रदायिकता का दोष लगाया करते थे । पर वे ऐसे व्यक्ति हैं जो भारतीय समाज की वास्तविक स्थिति पर ध्यान न देकर केवल कुछ 'नये विचारों' की दुहाई देते रहते हैं । हम दूरदर्शी मनीषियों की भावी संसार सम्बन्धी कल्पनाओं से परिचित हैं और यह पूर्णतः स्वीकार करते है कि संसार में से 'धर्म', 'भाषा', 'राजनीति', 'अर्थनीति' के भेदभाव जितने अधिक मिट सकें और इन सभी विषयों में एकता और साम्य की जितनी अधिक वृद्धि हो सके उतना ही मानव-जाति के लिये कल्याणकारी है । टण्डन जी अथवा मालवीय जी जैसे महापुरुष इस तथ्य को न समझते हों यह भी कदापि नहीं कहा जा सकता, पर वे वस्तुस्थिति को आँखों से ओझल नहीं कर सकते थे । भावी संसार की एकता का चित्र अभी मुट्ठी भर व्यक्तियों को छोड़कर कल्पना लोक की ही चीज है और भारत के मुसलमान ही नहीं यूरोप और अमेरिका की वैज्ञानिक-सभ्यता वाली जातियाँ भी अभी दूसरों का शोषण और अपहरण करने में ही प्रयत्नशील दिखाई पड़ती हैं । ऐसी स्थिति भारतीय-संस्कृति की रक्षा के लिये टण्डन जी के विचारों को स्पष्ट करते हुए सेठ गोविन्ददास जी ने ठीक ही लिखा है—

"आजकल दो नये शब्द निकले हैं—'प्रोग्रेसिव' (प्रगतिवादी) तथा दूसरा 'नान प्रोग्रेसिव' (अप्रगतिवादी)। उनके अनुसार अगर अपनी संस्कृति, अपनी भाषा से किसी को प्रेम हो और जो भारत को इसके अनुरूप देखना चाहता हो, वह 'अप्रगतिवादी' कहलाता है । अपने देश की मिट्टी से, उसकी सभ्यता से, संस्कृति से, उसके धर्म और उसकी भाषा से प्रेम रखना यदि अप्रगतिवादी विचारधारा है, तो मैं जानना चाहूँगा कि आखिर स्वाधीनता और स्वदेश-प्रेम का अर्थ क्या है ? यह सब नहीं तो फिर भारत ही क्या, किसी भी देश का आज के स्वतन्त्र-विश्व में अस्तित्व ही नहीं रहना चाहिये । प्रगतिशीलता के नाम पर जो लोग हमारी सभ्यता, भारत की पुरातन संस्कृति के विरोधी हैं, वे ही सम्प्रदायवादी हैं । यदि भावी भारत का निर्माण भारतीय आदर्शों को स्थिर रखकर करना है तो हमको अपनी संस्कृति की विशेषताओं की रक्षा करना होगी और यही प्रयत्न टण्डन जी आजीवन करते रहे ।"

यद्यपि सेठ गोविन्ददास जी ने जो कुछ लिखा है, वह भारतीय जनता के बहुमत के अनुकूल ही है, फिर भी विद्वानों और नेताओं का एक ऐसा दल संसार में मौजूद है जो इस प्रकार की जातीयता को बढ़ावा देने के विरुद्ध है । उनका कथन है कि भावी जगत का निर्माण मानव-मात्र की एकता के आधार पर होगा और जब तक संसार भर में धर्म, जाति, भाषा, आचार-विचार, शिष्टाचार आदि के नियमों में अधिक से अधिक एकरूपता न लाई जायेगी तब तक शान्ति, सुरक्षा, प्रगति की आशा सर्वथा निर्मूल है ।

इसलिये साधारण व्यक्तियों की बात छोड़ भी दें तो संसार की गतिविधि को समझने वाले विद्वानों और सार्वजनिक कार्यकर्त्ताओं को तो धर्मों और संस्कृतियों के मतभेदों पर जोर नहीं ही देना चाहिये । उनको तो जन-समुदाय की मनोवृत्ति को हर प्रकार से विश्व की एकता, शान्ति और सहयोग की ओर ही आकर्षित करने का प्रयत्न करना चाहिये ।

"राष्ट्रीयता और अन्तर्राष्ट्रीयता में समन्वय करने की यह समस्या वास्तव में टेढ़ी है । हमारे ऋषि-मुनियों ने तो आदिकाल से "वसुधैव कुटुम्बकम्" के सिद्धान्त की घोषणा कर रखी है । साथ ही वे 'आत्मवत् सर्वभूतेषु' कहकर मनुष्य मात्र को अपना आत्मीय भी बतलाते थे । किसी-किसी भावुक विद्वान् ने तो यहाँ तक लिख दिया है कि 'भ्रातरो मानवा सर्वे स्वदेशो लोकत्रयम्' मनुष्यमात्र हमारे भाई हैं और तीनों लोक हमारा राष्ट्र है ।"

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पर आज तक कोई भी शासक अथवा राष्ट्र इस सिद्धान्त के अनुसार व्यवहार न कर सका । यद्यपि भारत जैसे दो-चार राष्ट्र अन्याय, अत्याचार और पारस्परिक कलह के विरुद्ध हैं और वे अपनी तरफ से सबके साथ भाई-चारे का ही व्यवहार करना चाहते हैं, पर उनको भी विवश होकर आक्रमणकारी के विरुद्ध शस्त्र-ग्रहण करना पड़ता है । इसलिये जब तक किसी उपाय से या संयोगवश परिस्थितियाँ बदल नहीं जातीं, तब तक आपत्ति धर्म के रूप में ही सही हमको अपनी जनता को आत्म-रक्षा के लिये प्रेरणा देनी ही पड़ेगी । टण्डन जी का भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना इसी मनोवृत्ति का परिचायंक था, जिसका विरोध हम वर्तमान दशा में नहीं कर सकते ।

टण्डन जी के चरित्र पर ध्यान देने से मालूम होता है कि वे ऐसी सस्ती वाह-वाही से लाभ उठाने की भावना से बहुत दूर रहते थे । वे अच्छी तरह देख रहे थे कि इस संक्रान्ति काल में 'पुरातनवादी' बनने से अनेक बड़े नेताओं के विरुद्ध खड़ा होना पड़ेगा और उसके परिणामस्वरूप अपनी स्थिति और ख्याति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ना सम्भव है । फिर भी उन्होंने जिस बात को सत्य समझा उसका पालन करना और उसकी रक्षा के लिये हानि-लाभ की परवाह न करना अपना परम कर्त्तव्य माना । जिस प्रकार उन्होंने अपनी आवश्यकताओं को कम से कम करके धन का सदैव त्याग किया उसी प्रकार ख्याति के लोभ से भी बराबर बचते रहे । सन् १९६१ में जब भारत सरकार ने उनको एक उच्च उपाधि प्रदान की तो उन्होंने अपने एक मित्र को लिखा था—

"मुझे उतार-चढ़ाव की उपाधियाँ देने का सरकारी क्रम अच्छा नहीं लगता । सुमित्रानन्दन पन्त को छोटी उपाधि दी गई और मुझे ऊँची उपाधि मिली । यह सच है कि मैं आयु में बड़ा हूँ और पुराना कार्यकर्त्ता भी हूँ परन्तु यह मैं जानता हूँ कि मुझे जब लोग भूल जायेंगे तब भी सुमित्रानन्दन पन्त की कविता पढ़ी जायेगी । जनता अपने आदर के पात्रों को समय-समय पर स्वयं पहचान लेती है ।"

ऐसे निर्लोभी थे टण्डन जी सांसारिक धन और मान की तरफ से । वास्तव में यही भारतीय संस्कृति के स्थापक ऋषि-मुनियों की परम्परा थी । इस दृष्टि से उनको दी गई 'राजर्षि' की पदवी सार्थक ही जान पड़ती है । वे आजन्म इसी आदर्श का पालन करते रहे और भारतीय संस्कृति एवं हिन्दी भाषा की हित-कामना करते हुए १ जुलाई, १९६२ को शरीर त्याग के अवसर तक उन्होंने ये ही शब्द कहे—

"आज हिन्दी संविधान द्वारा राज्य-भाषा बन जाने पर भी अपने मौलिक अधिकारों से वंचित है । पर वह दिन भी आयेगा जब काशी से कन्याकुमारी तक और गुजरात से नेफा की पहाड़ियों तक उसकी गरज सुन पड़ेगी, क्योंकि वही ऐसी भाषा है जिसमें हमारे विशाल देश के कोटि-कोटि निवासियों को एक सूत्र में बाँधने की शक्ति है ।"

⌘⌘⌘

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org

परमपूज्य गुरुदेव की अभिनव पाँच स्थापनाएँ

युगदृष्टा के स्तर की अवतारी सत्ता के रूप में परमपूज्य गुरुदेव ने अपने अस्सी वर्ष के जीवन काल में जितना भी कुछ किया, उसकी मिसाल कहीं देखने को नहीं मिलती। करोड़ों व्यक्तियों के मनों का निर्माण उनके सोचने के तरीके में बदलाव एवं युगनिर्माण की पृष्ठभूमि बनाकर रख देने का कार्य इन्हीं के स्तर की सत्ता कर सकती थी जो लाखों वर्षों में कभी-कभी धरती पर आती है। उनके द्वारा की गयी स्थापनाओं का जब प्रसंग आता है तब ईंट-गारे-चूने-सीमेंट से बने भवनों से पहले उनकी स्नेह-संवेदना से सिक्त हुए, ममत्व में स्नानकर उनके अपने हो गये लाखों व्यक्ति दिखाई पड़ते हैं जिनने उनके एक इशारे पर अपना सब कुछ उनको अर्पित कर दिया। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में कभी ऐसा ही वातावरण भारत के कोने-कोने में दिखाई देता था, जब हर घर से सत्याग्रही निकलकर आ रहे थे। भावनाओं का आवेग चिरस्थायी नहीं रहता। वे ही लोग जो कभी राष्ट्रनिर्माण के लिए अपना सब कुछ छोड़ पढ़ना-लिखना छोड़ देश को आजाद बनाने के लिए कूद पड़े थे, कभी गड़बड़ाने न पाएँ, उसी के लिए बापू ने आजादी के बाद कांग्रेस भंग कर देने व सभी को एक आदर्श स्वयं सेवक की तरह दरिद्र नारायण का उत्थान कर राष्ट्र निर्माण में लग जाने की सलाह दी थी।

सभी इस तथ्य को जानते हैं कि ऐसा नहीं हुआ, राष्ट्र का कीर्ति स्तम्भ रूपी वह महापुरुष भी एक वर्ष के अंदर ही शहादत को प्राप्त हो चला गया। गिने-चुने उनके आदर्शों पर चलने वाले रह गये, अवसरवादियों को राजनेतृत्व भाने लगा एवं राष्ट्र आजाद होकर भी उनके हाथ में आ गया जो ब्रिटिश तो नहीं थे किन्तु, उसी रंग में रंगे सत्ता के उन्माद में काम करने वाले शासक थे- सृजेता नहीं। जिंदा रहा तो मात्र बापू का दर्शन बुनियादी आधार पर टिका-मानव को बनाने का तंत्र-आश्रम तंत्र जो सेवाग्राम-साबरमती आश्रम के रूप में कार्य करता रहा और वह भी शीर्ष-पुरुष के न रहने, बिनोबा जी के चले जाने के बाद अस्तित्व व महत्व की दृष्टि से गौण हो गया। परमपूज्य गुरुदेव ने अपनी दिव्य-दृष्टि से यह सब पूर्व में ही देख लिया था कि कोई भी भव्य निर्माण आश्रम या तंत्र बनाने से पूर्व राष्ट्र को सांस्कृतिक भौतिक, आध्यात्मिक आजादी दिलाने वाले अगणित व्यक्ति तैयार करने पड़ेंगे। १९११ में आज से ८४ वर्ष पूर्व वि. संवत् २०६८ में जन्में राष्ट्र की आजादी में उन्मत्त बने श्रीराम मत्त कहलाने वाले, आचार्य श्री ने पहले स्वयं को तपाया, वैचारिक क्रांति के निर्माण का आधारभूत तंत्र स्वयं व परमवंदनीया माता जी के रूप में खड़ा किया, 'अखण्ड ज्योति' पत्रिका-अपनी लेखनी से लिखी ममत्व भरी चिट्ठियों व छोटी-छोटी एक आने की किताबों से जन-जन के मन को छुआ, तब जाकर अपने एक लक्ष के २४ गायत्री महापुरश्चरणों की पूर्णाहुति पर उनने गायत्री तपोभूमि, मथुरा की स्थापना की बात १९५२-५३ में सोची। सबसे पहली मंत्र दीक्षा वहीं पर १९५३ में दी व यह मानते हुए कि बिना आध्यात्मिक आधार बनाये, मनोभूमि में, भावनाओं के स्तर पर बदलाव लाये कोई क्रांति सफल नहीं हो सकती, धीमी खुराक देते हुए हर व्यक्ति को गायत्री व यज्ञ के तत्व दर्शन से जोड़ते हुए चले गये। गायत्री परिवार रूपी विराट वट वृक्ष का मूल आधार वह स्थापना है जो जन-जन के मनों में पहले हुई- उनकी भाव संवेदनाओं के उदात्तीकरण के रूप में संपन्न हुई व उनके अंदर अपनी गुरु सत्ता को देखकर त्याग करने की यज्ञीय जीवन अपनाने की प्रेरणा बलवती होने लगी। उनने सर्वमेध के रूप में अपना सर्वस्व बलिदान एवं नरमेध के रूप में अपने आप को समाज के हित न्यौछावर करने की भावना से दो यज्ञ किये। अपनी जमींदारी के बाण्ड बेचकर एवं परमवंदनीया माताजी के कीमती सोने के जेवर (ढाई सौ तोले) बेचकर जो स्वेच्छा से संपन्न हुआ, एक स्थापना भवन के रूप में जो हुई- वह थी **गायत्री तपोभूमि, मथुरा** जो वृन्दावन रोड पर ऋषि दुर्वासा की जन्मस्थली पर बनी आज से ४२ वर्ष पूर्व १९५३ में। प्रारंभिक स्थापना यों अखण्ड ज्योति संस्थान को माना जा सकता है जहाँ अखण्ड दीपक आँवल खेड़ा से अपनी जन्मभूमि से जो वहाँ से मात्र ४० मील दूर थी, स्थापित किया गया था एवं प्रारंभिक तप-तितिक्षा वहीं पर १९४१ से, तपोभूमि की स्थापना से भी 12 वर्ष पूर्व आरंभ हो गयी थी। इस प्रकार जन-जन के मनों का निर्माण उनके अंत: स्थल में प्रवेश कर उनके अंदर दैवत्व के जागरण की ललक पैदा करने वाली पृष्ठभूमि पर स्थापनाओं का क्रम बना। किराये की ऐसी हवेली जिसे भुतहा

हवेली कहा जाता था, में अखण्ड दीपक की स्थापना, उसके समक्ष तप, **अखण्ड ज्योति संस्थान, घीयामण्डी, मथुरा** के रूप में विकसित हुआ एवं एक और दूसरा निर्माण मथुरा में ही गायत्री तपोभूमि के रूप में हुआ जोकि ३ मील दूर वृन्दावन रोड पर १९५३ बनाई गई। १९५३ में एवं क्रमशः सुसंगठित गायत्री परिवार के बनने की प्रक्रिया चल पड़ी।

इस प्रारंभिक भूमिका को समझने के बाद ही परमपूज्य गुरुदेव की पाँच मूल स्थापनाओं एवं बाद में देश के कोने-कोने में बनी भव्य इमारतों के रूप में शक्तिपीठों- प्रज्ञा संस्थानों भारत व विश्वभर में घर-घर में स्थापित स्वाध्याय मण्डलों व गायत्री परिवार की शाखाओं, प्रज्ञापीठों-चरणपीठों का महत्व समझा जा सकता है। नहीं तो जैसे अन्यान्य आश्रम-संस्थान बनते हैं ऐसे इनका भी वर्णन किया जा सकता था व यह कहा जा सकता था कि यह वैभवपूर्ण स्थापनाएँ पूज्यवर ने कीं। उनमें यदि प्राण फूँके गये हों, प्राणवान व्यक्ति वहाँ रहते हों व उस शक्ति के महा-अवसान के बाद भी वे सतत उसी दिशा में चल रहे हों तो माना जाना चाहिए कि प्रारंभिक पुरुषार्थ जो किया गया, वह औचित्य पूर्ण था। ***परम पूज्य गुरुदेव की महत्वपूर्ण पाँच स्थापनाएँ, इस प्रकार हैं-***

(१) युगतीर्थ आँवलखेड़ा (२) अखण्ड ज्योति संस्थान, घीयामण्डी, मथुरा (३) गायत्री तपोभूमि, मथुरा (४) शांतिकुंज, गायत्री तीर्थ, सप्तसरोवर, हरिद्वार तथा (५) ब्रह्मवर्चस शोध संस्था., सप्तसरोवर, हरिद्वार।

युगतीर्थ आँवलखेड़ा का नाम सबसे पहले इसलिए लिखा कि यहीं पर वह युगपुरुष जन्मा संवत् १९६८ की आश्विन कृष्ण त्रयोदशी तिथि के दिन ब्राह्म मुहूर्त में, जो अँग्रेजी तारीख से २० सितम्बर १९११ के दिन आती थी। एक श्री मंत ब्राह्मण परिवार में, जहाँ धन की कोई कमी नहीं थी, पूरा परिवार संस्कारों से अनुप्राणित-पिता भागवत के प्रकाण्ड पंडित बहुत बड़ी जागीर के मालिक। आज जहाँ पूज्यवर की स्मृति में एक विराट स्तंभ की, एक चबूतरे की तथा उनके कर्तृत्व रूपी शिलेखों की स्थापना हुई है- वहीं पूज्यवर ने शरीर से जन्म लिया था। समीप बनी दो कोठरियाँ जो काल प्रवाह के क्रम में गिर सी गयी थीं, जीर्णोद्धार कर वैसी ही निर्मित कर दी गयी हैं- जैसी उनके समय में थी। जन्मभूमि का कण-कण उस दैवीसत्ता की चेतना से अनुप्राणित है। उनके हाथ से खोदा कुआँ जिसे पूरे गाँव का एक मात्र मीठे जल वाला कुआँ माना गया- वह अभी भी है, उनके हाथ से रोपा नीम का पेड़ एवं वह बैठक जहाँ स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में सब बैठकर चर्चा करते थे, आज भी उन दिनों की याद दिलाते हैं। पास में ही दो कोठरियाँ हैं जिनमें से एक कक्ष में वह स्थान है जहाँ दीपक के प्रकाश में से सूक्ष्म शरीर धारी गुरुसत्ता प्रकट हुई थी तथा जिसने उनके जीवन की दिशा धारा का १९२६ के बाद के क्रम का निर्धारण कर दिया था। यह सब देखकर मस्तिष्क पटल पर वह दृश्य उभर आता था, जिसे गुरुसत्ता ने कभी देखा था व जो गायत्री परिवार की स्थापना का मूल आधार बना। आँवलखेड़ा में ही उनकी माताजी की स्मृति में स्थापित माता दानकुँवरि इंटर कालेज है जो उनके द्वारा दान दी गयी जमीन में प्रदत्त धन राशि द्वारा विनिर्मित्त है। १९६३ से चल रहे इस इंटर कालेज से कई मेधावी छात्र निकल कर आत्म निर्भर बने हैं व उच्च पदों पर पहुँचे हैं।

१९७९-८० में गायत्री शक्तिपीठ-एवं कन्या इंटर कालेज की स्थापना का ताना-बाना बुना जाने लगा एवं एक विशाल शक्तिपीठ तथा आसपास के दो सौ ग्रामों की बालिकाओं के पठन-पाठन की व्यवस्था करने वाले, उन्हें सुशिक्षित संस्कारवान आत्मावलम्बी बनाने वाले कन्या महाविद्यालय का अब रूप ले चुका है। प्रथम पूर्णाहुति हेतु इसी भूमि को जो शक्तिपीठ-जन्मभूमि-ग्रामीण क्षेत्र के चारों ओर है, इसीलिए चुना गया कि यहाँ से उद्भूत प्राण ऊर्जा से यहाँ आने वाला हर संकल्पित साधक अनुप्राणित होकर जाए व राष्ट्र के नव निर्माण की सांस्कृतिक-भावनात्मक क्रांति की पृष्ठभूमि रख सके। यहाँ पूज्यवर १९३६-३७ तक ही रहे, कुछ दिन आगरा रहकर १९४०-४१ में मथुरा चले गये जहाँ दो-तीन मकान बदलने के बाद वर्तमान मकान किरायें पर लिया जिसे आज **अखण्ड-ज्योति संस्थान** कहते हैं।

अखण्ड ज्योति संस्थान, घीया मण्डी, मथुरा में स्थित हैं। परमपूज्य गुरुदेव सीमित साधनों में अपने अखण्ड दीपक के साथ यहीं रहने लगे एवं यहीं से क्रमशः आत्मीयता विस्तार की जन-जन तक अपने क्रांतिकारी चिंतन के विस्तार की प्रक्रिया 'अखण्ड ज्योति' पत्रिका, जो आगरा से ही आरंभ कर दी गयी थी, की 'गायत्री चर्चा' स्तंभ व अन्यान्य

लेखों की पंक्तियों के माध्यम से संपन्न होने लगी। व्यक्तिगत पत्रों द्वारा उनके अंतस्तल को स्पर्श कर एक महान स्थापना का बीजारोपण होने लगा। यहीं पर अगणित दुखी, तनाव ग्रसित व्यक्तियों ने आकर उनके स्पर्श से नये प्राण पाये तथा उनके व परम वंदनीया माताजी के हाथों से भोजन-प्रसाद पाकर उनके अपने होते चले गये। हाथ से बने कागज पर छोटी टेण्ड्रिल मशीनों द्वारा यहीं पर अखण्ड ज्योति पत्रिका छापी जाती थी व छोटी-छोटी किताबों द्वारा लागत मूल्य पर उसे निकालने योग्य खर्च निकलता था। बगल की एक छोटी सी कोठरी में जहाँ अखण्ड दीपक जलता था, आज पूजा घर विनिर्मित है। पूरी बिल्डिंग को खरीद कर उनके सुपुत्र ने एक नया आकार व मजबूत आधार दे दिया है किन्तु यह कोठरी अंदर से वैसी ही रखी गयी है जैसी पूज्यवर के समय में 1942-43 में रही होगी। तब से लेकर आगामी ३० वर्ष का साधनाकाल-लेखनकाल पूज्यवर का इसी घीयामण्डी के भवन में छोटी-छोटी दो कोठरियों में गहन तपश्चर्या के साथ बीता। तपोभूमि निर्माण की पृष्ठभूमि यहीं बनी, १९५८ सहस्र कुण्डीयज्ञ की आधार शिला यहीं रखी गयी, यहीं सारी योजना बनी एवं विधिवत-गायत्री परिवार बनता चला गया। रोज आने वाले पत्रों को स्वयं परम वंदनीया माताजी पढ़ती जातीं एवं पूज्यवर इतनी ही देर में जवाब लिखते जाते, यही सूत्र संबंधों के सुदृढ़ बनने का आधार बना। हर परिजन को तीन दिन में जवाब मिल जाता, शंका-समाधान होता चला जाता एवं देखते-देखते एक विराट गायत्री परिवार बनता चला गया। गायत्री महाविज्ञान के तीनों खण्ड, युग निर्माण परक साहित्य, आर्ष-ग्रन्थों के भाष्य को अंतिम आकार देने का कार्य यहीं संपन्न हुआ। जन सम्मेलनों छोटे-बड़े यज्ञों एवं १००८ कुण्डी पाँच विराट यज्ञों में पूज्यवर यहीं से गये एवं विदाई सम्मेलन की रूपरेखा बनाकर स्थायी रूप से इस घर से १९७१ की २० जून को विदा लेकर चले गये। इस संस्थान के कण-कण में जहाँ आज १० लाख से अधिक संख्या में हिन्दी सहित सभी भाषाओं में अखण्ड ज्योति पत्रिका के प्रकाशन विस्तार डिस्पैच आदि का एक विराट तंत्र स्थापित है, परमपूज्य गुरुदेव की चेतना संव्याप्त अनुभव की जा सकती है। भले ही बहिरंग का कलेवर बदल गया हो, अंदर प्रवेश करते ही परमपूज्य गुरुदेव व परम वंदनीया माताजी की सतत विद्यमान प्राणचेतना के स्पन्दन वहाँ विद्यमान हैं, यह प्रत्यक्षतः देखा जा सकता है।

गायत्री तपोभूमि, मथुरा को परमपूज्य गुरुदेव की चौबीस महापुरश्चरणों की पूर्णाहुति पर की गयी स्थापना माना जा सकता है, जिसे विनिर्मित ही गायत्री परिवार रूपी संगठन के विस्तार के लिए किया गया था। इसकी स्थापना से पूर्व चौबीस सौ तीर्थों के जल व रज को संग्रहीत करके यहाँ उनका पूजन किया गया, एक छोटी किन्तु भव्य यज्ञशाला में अखण्ड अग्नि स्थापित की गयी तथा एक गायत्री महाशक्ति का मन्दिर विनिर्मित किया गया। चौबीस सौ करोड़ गायत्री मंत्रों का लेखन जो श्रद्धापूर्वक नैष्ठिक साधकों द्वारा किया गया था, यहाँ पर संरक्षित कर रखा गया है। पू० गुरुदेव की साधना स्थली व प्रातः काल की लेखनी की साधना की कोठरी यदि अखण्ड ज्योति संस्थान में थी तो उनकी जन-जन से मिलने, साधनाओं द्वारा मार्गदर्शन देने की कर्म-भूमि गायत्री तपोभूमि थी। यहीं पर १०८ कुण्डी गायत्री महायज्ञ में १९५३ में पहली बार पूज्यवर ने साधकों को मंत्र दीक्षा दी। यहीं पर १९५६ में नरमेध यज्ञ तथा १९५८ में विराट सहस्रकुण्डी यज्ञायोजन संपन्न हुए। श्रेष्ठ नररत्नों का चयन कर गायत्री परिवार को विनिर्मित करने का कार्य यहीं व्यक्तिगत मार्गदर्शन द्वारा संपन्न हुआ। हिमालय प्रवास से लौटकर पूज्य आचार्य श्री ने युग निर्माण योजना के शत सूत्री कार्यक्रम एवं सत्संकल्प की तथा युगनिर्माण विद्यालय के एक स्वावलम्बन प्रधान शिक्षा देने वाले तंत्र के आरंभ होने की घोषणा की। यह विधिवत् १९६४ से आरम्भ किया गया एवं अभी भी सफलतापूर्वक चल रहा है। जिस कक्ष में परमपूज्य गुरुदेव सभी से मिला करते थे, अभी भी यहाँ देखा जा सकता है। भव्य निर्माण परमपूज्य गुरुदेव की १९७१ की विदाई के बाद यहाँ हो गया है किन्तु, कण-कण में उनकी प्राणचेतना का दर्शन किया जा सकता है। विराट प्रज्ञानगर, युग निर्माण विद्यालय, साहित्य की छपाई हेतु बड़ी-बड़ी ऑफसेट मशीनें तथा युगनिर्माण साहित्य जो पूज्यवर ने जीवन भर लिखा, उसका वितरण-विस्तार तंत्र यहाँ पर देखा जा सकता है।

शांतिकुंज, हरिद्वार- ऋषि परम्परा के बीजारोपण केन्द्र के रूप में १९७१ में स्थापित किया गया था, जब परमपूज्य गुरुदेव मथुरा स्थायी रूप से छोड़कर परमवंदनीया माताजी को अखण्ड दीपक की रखवाली हेतु यहाँ छोड़कर हिमालय में चले गये। गुरुसत्ता के निर्देश पर वे पुनः एक वर्ष बाद लौटे व तब शांतिकुंज को उनने एक बड़ा विराट रूप देने,

सभी ऋषिगणों की मूलभूत स्थापनाओं को यहाँ साकार बनाने का निश्चय किया। इससे पूर्व परमवंदनीया माताजी ने 24 कुमारी कन्याओं के साथ अखण्ड दीपक के समक्ष २४० करोड़ गायत्री मंत्र का अखण्ड अनुष्ठान आरंभ कर दिया था। पूज्यवर ने प्राण प्रत्यावर्त्तन सत्र जीवन साधना सत्र, वानप्रस्थ सत्र आदि के माध्यम से विभिन्न क्षेत्र में सक्रिय कार्य करने वाले कार्यकर्त्ता यहीं गढ़े। यह सत्र श्रृंखला कल्प साधना, संजीवनी साधना सत्रों के रूप में तब से ही ९ दिवसीय सत्रों व एक माह के युग शिल्पी प्रशिक्षण सत्रों के रूप में चल रही है, अभी भी अनवरत उसमें आने वालों का तांता लगा रहता है। पहले से ही सब अपनी बुकिंग इसमें करा लेते हैं।

शांतिकुंज को गायत्री तीर्थ का रूप देकर सप्त ऋषियों की मूर्त्तियों की स्थापना १९७८-७९ में की गयी, एक देवात्मा हिमालय विनिर्मित किया गया एवं यहाँ सभी संस्कारों को संपन्न करते रहने का क्रम बन गया जो सतत चल रहा है। नित्य यहाँ दीक्षा, पुंसवन, नामकरण, विद्यारम्भ, यज्ञोपवीत, विवाह, श्राद्ध-तर्पण आदि संस्कार संपन्न होते हैं। इस बीच परम वंदनीया माताजी ने जागरण सत्र श्रृंखलाएँ संपन्न करना आरम्भ रखा। देव कन्याओं को प्रशिक्षित कर पूरे भारत में जीप टोलियों में भेजा गया। इनके माध्यम से तीन वर्ष तक भारत के कोने-कोने में तुमुलनाद होता रहा।

शांतिकुंज का गायत्री नगर जो आज एक विराट स्थापना के रूप में, एक अकेडमी के रूप में नजर आता है व जिसमें एक बार में एक साथ दस हजार व्यक्ति एक साथ ठहर सकते हैं १९८१-८२ में बनना आरम्भ हुआ। विलक्षण, दुर्लभ जड़ी बूटियों के पौधे यहाँ लगाये गये तथा प्रखर प्रज्ञा-सजल श्रद्धा रूपी तीर्थ स्थली का पूज्यवर ने अपने सामने निर्माण कराया। यहीं उनके निर्देशानुसार उनके शरीर छोड़ने पर दोनों सत्ताओं को अग्नि समर्पित की जानी थी। स्वावलम्बन विद्यालय से लेकर एक विशाल चौके का निर्माण एवं गायत्री विद्यापीठ से लेकर भारत के सभी सरकारी विभागों के प्रशिक्षण के तंत्र की स्थापना यहाँ पर की गयी है एवं यह एक जीता जागता तीर्थ अब बन गया है, जहाँ पर उज्ज्वल भविष्य की पूर्व झलक देखी जा सकती है। कम्प्यूटरों से सज्जित विशाल कार्यालय से लेकर पत्राचार विद्यालय जहाँ नित्य हजारों पत्रों के द्वारा पूरे तंत्र का मार्गदर्शन किया जाता है, यहाँ की विशेषता है।

ब्रह्मवर्चस शोध संस्थान परम-पूज्य गुरुदेव की अभिनव पाँचवी स्थापना है, जहाँ पर विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय का अभिनव शोध कार्य चल रहा है। इसे १९७९ की गायत्री जयंती पर आरम्भ किया गया था। वर्तमान शांतिकुंज-गायत्री तीर्थ से आधा किलोमीटर दूरी पर गंगातट पर स्थित यह संस्थान अपनी आकर्षक बनावट के कारण सहज ही सबके मनों को मोहकर आमंत्रित करता रहता है। इसमें तीन मंजिलों में प्रथम तल पर एक विज्ञान के उपकरणों से सुसज्जित यज्ञशाला विनिर्मित है तथा चौबीस कक्षों में गायत्री महाशक्ति की चौबीस मूर्त्तियाँ बीजमंत्रों व उनकी फल-श्रुतियों सहित स्थापित हैं। द्वितीय तल पर एक वैज्ञानिक प्रयोगशाला है, जहाँ ऐसे उपकरण स्थापित हैं जो यह जाँच पड़ताल करते हैं कि साधना से पूर्व व पश्चात्, यज्ञादि मंत्रोच्चारण के पूर्व व पश्चात् क्या-क्या परिवर्त्तन शरीर-मन की गतिविधियों व रक्त आदि संघटकों में देखने में आये। इनके आधार पर साधकों को साधना संबंधी परामर्श दिया जाता है। यहाँ पर वनौषधियों का विश्लेषण भी किया जाता है तथा यज्ञ ऊर्जा-मंत्र शक्ति का क्या प्रभाव साधक की मस्तिष्कीय तरंगों-जैव विद्युत आदि पर पड़ा यह देखा जाता है। विभिन्न प्रकार के मनोवैज्ञानिक परीक्षण भी यहाँ किये जाते हैं। तृतीय तल पर एक विशाल ग्रंथागार स्थापित हैं, जहाँ विश्वभर के शोध प्रबंध वैज्ञानिक अध्यात्मवाद पर एकत्रित किये गये हैं। यहाँ प्रायः ४५००० से अधिक ग्रंथ हैं, जिनमें कई पुरातन पाण्डुलिपियाँ हैं। यह अपने आप में एक अनूठा संकलन है जो और कहीं एक साथ देखने में नहीं मिलता।

परमपूज्य गुरुदेव की उपरोक्त पाँच स्थापनाएँ किसी को भी यह परिचय दे सकती हैं कि किस विलक्षण दृष्टास्तर की वह महासत्ता थी जो हम सबके बीच अपना लीला संदोह रचकर चली गयी। प्रत्यक्ष तो यह केन्द्रीय पाँच स्थापनाएँ नजर आती हैं किन्तु ४८०० से अधिक अपने भवनों वाले प्रज्ञा संस्थान २४००० से अधिक प्रज्ञा मण्डल व स्वाध्याय मण्डल तथा अगणित गायत्री परिवार की शाखाएँ यदि इनमें मिलाई जायें तो इनका मूल्य राशि में आँका नहीं जा सकता। यही वह सब है जो उस महापुरुष को एक अवतारी स्तर की सत्ता के रूप में प्रतिष्ठापित करता है व जिसके कर्तृत्व पर श्रद्धावनत होने का मन करता है।

□□□

www.awgp.org www.vicharkrantibooks.org

पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का जीवनदर्शन : समग्र वाङ्मय

परमपूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने जीवन भर जो अपनी लेखनी से लिखा, औरों को प्रेरित कर उनसे सृजनात्मक लेखन करवाया, पुस्तकों-पत्रिकाओं में जो प्रकाशित हुआ, समय-समय पर उनने अमृतवाणी के माध्यम से जो विचारों की अभिव्यक्ति की, विचारसार व सूक्तियाँ जो वे लिख गये या अनायास कभी कह गये तथा पत्रों के माध्यम से जो अंतरंग स्पर्श जन-जन को दिया, वह समग्र इस वाङ्मय के खण्डों में है । जिनके नाम इस प्रकार हैं :-

१. युगद्रष्टा का जीवन-दर्शन
समग्र वाङ्मय का परिचय
२. जीवन देवता की साधना-आराधना
३. उपासना-समर्पण योग
४. साधना पद्धतियों का ज्ञान और विज्ञान
५. साधना से सिद्धि-१
६. साधना से सिद्धि-२
७. प्रसुप्ति से जाग्रति की ओर
८. ईश्वर कौन है, कहाँ है, कैसा है ?
९. गायत्री महाविद्या का तत्वदर्शन
१०. गायत्री साधना का गुह्य विवेचन
११. गायत्री साधना के प्रत्यक्ष चमत्कार
१२. गायत्री की दैनिक एवं विशिष्ट अनुष्ठान-परक साधनाएँ
१३. गायत्री की पंचकोशी साधना एवं उपलब्धियाँ
१४. गायत्री साधना की वैज्ञानिक पृष्ठभूमि
१५. सावित्री, कुण्डलिनी एवं तंत्र
१६. मरणोत्तर जीवन : तथ्य एवं सत्य
१७. प्राणशक्ति : एक दिव्य विभूति
१८. चमत्कारी विशेषताओं से भरा मानवी मस्तिष्क
१९. शब्द ब्रह्म-नाद ब्रह्म
२०. व्यक्तित्व विकास हेतु उच्चस्तरीय साधनाएँ
२१. अपरिमित संभावनाओं का आगार मानवी व्यक्तित्व
२२. चेतन, अचेतन एवं सुपर चेतन मन
२३. विज्ञान और अध्यात्म परस्पर पूरक
२४. भविष्य का धर्म : वैज्ञानिक धर्म
२५. यज्ञ का ज्ञान-विज्ञान
२६. यज्ञ : एक समग्र उपचार प्रक्रिया
२७. युग-परिवर्तन कैसे और कब ?
२८. सूक्ष्मीकरण एवं उज्ज्वल भविष्य का अवतरण-१
२९. सूक्ष्मीकरण एवं उज्ज्वल भविष्य का अवतरण-२
(सतयुग की वापसी)
३०. मर्यादा पुरुषोत्तम राम
३१. संस्कृति-संजीवनी श्रीमद्भागवत एवं गीता
३२. रामायण की प्रगतिशील प्रेरणाएँ
३३. षोडश संस्कार विवेचन
३४. भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्त्व
३५. समस्त विश्व को भारत के अजस्र अनुदान
३६. धर्मचक्र प्रवर्त्तन एवं लोकमानस का शिक्षण
३७. तीर्थ सेवन : क्यों और कैसे ?
३८. प्रज्ञोपनिषद्
३९. नीरोग जीवन के महत्त्वपूर्ण सूत्र
४०. चिकित्सा उपचार के विविध आयाम
४१. जीवेम शरदः शतम्
४२. चिरयौवन एवं शाश्वत सौन्दर्य
४३. हमारी संस्कृति : इतिहास के कीर्ति स्तम्भ
४४. मरकर भी अमर हो गये जो
४५. सांस्कृतिक चेतना के उन्नायक : सेवाधर्म के उपासक
४६. भव्य समाज का अभिनव निर्माण
४७. यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता
४८. समाज का मेरुदण्ड सशक्त परिवार तंत्र
४९. शिक्षा एवं विद्या
५०. महापुरुषों के अविस्मरणीय जीवन प्रसंग-१
५१. महापुरुषों के अविस्मरणीय जीवन प्रसंग-२
५२. विश्व वसुधा जिनकी सदा ऋणी रहेगी
५३. धर्मतत्त्व का दर्शन व मर्म
५४. मनुष्य में देवत्व का उदय
५५. दृश्य जगत् की अदृश्य पहेलियाँ
५६. ईश्वर विश्वास और उसकी फलश्रुतियाँ
५७. मनस्विता प्रखरता और तेजस्विता
५८. आत्मोत्कर्ष का आधार- ज्ञान
५९. प्रतिगामिता का कुचक्र ऐसे टूटेगा
६०. विवाहोन्माद : समस्या और समाधान
६१. गृहस्थ : एक तपोवन
६२. इक्कीसवीं सदी : नारी सदी
६३. हमारी भावी पीढ़ी और उसका नवनिर्माण
६४. राष्ट्र समर्थ और सशक्त कैसे बने ?
६५. सामाजिक, नैतिक एवं बौद्धिक क्रान्ति कैसे ?
६६. युग निर्माण योजना-दर्शन, स्वरूप व कार्यक्रम
६७. प्रेरणाप्रद दृष्टान्त
६८. पूज्यवर की अमृतवाणी (भाग एक)
६९. विचारसार एवं सूक्तियाँ (प्रथम खण्ड)
७०. विचारसार एवं सूक्तियाँ (द्वितीय खण्ड)

वाङ्मय के आगे प्रकाशित होने वाले ३८ खण्ड निम्न विषयों पर होंगे—

७१. मनोविकारों की मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि
७२. तनाव के कारण एवं उनके निवारण के उपाय
७३. चिन्तन का विधेयात्मक-निषेधात्मक स्वरूप
७४. पुरुषार्थ और मानवी जिजीविषा
७५. संकल्प बल का अनूठा प्रभाव
७६. बाल-विकास के विविध सोपान
७७. बाल मनोविज्ञान का सही उपयोग
७८. पारिवारिकता में सुसंस्कारों का योगदान
७९. पारिवारिक पंचशील और परिवार-निर्माण
८०. व्यक्तित्व के विकास की प्रक्रिया
८१. विचार-विज्ञान का महत्त्व
८२. सामाजिक समस्याएँ और उनका समाधान
८३. समाज-निर्माण के विभिन्न चरण
८४. सामाजिक जीवन में सद्गुणों की भूमिका
८५. नर-नारी की सामान्य समस्याएँ और उनका समाधान
८६. नारी जागृति की बाधाएँ एवं उनके निराकरण के उपाय
८७. पारिवारिक जीवन: एक तप-साधना
८८. दाम्पत्य जीवन के संयुक्त दायित्व
८९. नीति-विज्ञान और नैतिकता
९०. कृषि, व्यवसाय और उद्योग की उन्नति के आधार
९१. पूज्य गुरुदेव के स्फुट विचार
९२. पूज्यवर की अमृतवाणी-२
९३. पूज्य गुरुदेव की दिव्य अनुभूतियाँ
९४. पूज्य गुरुदेव के लिखे स्मरणीय पत्र
९५. तंत्र महाविज्ञान विवेचन
९६. मंत्र महाविज्ञान विवेचन
९७. महापुरुषों के प्रेरक जीवन-प्रसंग
९८. प्रेरणाप्रद कथा एवं गाथाएँ
९९. हृदयस्पर्शी विविध कथाएँ
१००. शान्तिकुंज का प्रज्ञा अभियान
१०१. युग निर्माण मिशन का क्रमिक इतिहास
१०२. वेद-सार-चिन्तन
१०३. पुराण-शोध-सार
१०४. उपनिषद् और आरण्यकों की दार्शनिक विषयवस्तु
१०५. काव्य-गीत-मंजूषा
१०६. मिशन के रचनात्मक कार्यक्रमों का क्रमिक इतिहास
१०७. मिशन की लोक-व्यवहार संहिता
१०८. गुरुदेव की अपने आत्मीय जनों से अपनी बातें

Complete work of Yugrishi Pt. Sriram Sharma Acharya (Founder of All World Gayatri Pariwar, Shantikunj, Haridwar) www.awgp.org
Free Download Life Chaning 3000+ Books, Magazines, Articles, Stories, Great Personalities, Poems and Many More www.vicharkrantibooks.org